चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
(प्राच्यभारती के प्रकाशक एवं वितरक)
३८ यू. ए., बंगलो रोड, जवाहरनगर
पो० बा० नं० २११३
दिल्ली ११०००७
दूरभाष : २३६३९१

सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण १९९०
मूल्य २००-००

अन्य प्राप्ति-स्थान
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन
पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी २२१००१
दूरभाष : ५७२१४

*

प्रमुख वितरक
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे)
पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी २२१००१
दूरभाष : ६३०७६

मुद्रक
श्रीजी मुद्रणालय
वाराणसी

VRAJAJIVAN AYURVIJNANA GRANTHAMALA
10

ĀYURVEDĪYA
PAÑCAKARMA CIKITSĀ

Editors
Acharya Mukundilal Dwivedi
Ayurvedacharya
D. I. M., D. H. M. S., F. N. A. I. M.
Director
and
Dr. Tarachanda Sharma
Ayurvedacharya, M. D. (Ay.)
Senior Research Officer
Dr. Bhairava Mishra
Pranacharya, Vidyavaridhi
Research Physician
Shri Mulchanda Khairatiram Hospital &
Ayurveda Research Institute, Delhi

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A., Bungalow Road, Jawaharnagar
DELHI-110007

(*Oriental Publishers & Distributors*)
38 U. A. Bungalow Road, Jawaharnagar
Post Box No. 2113
DELHI 110007
Telephone : 236391

ISBN 81-7084-039-2
First Edition

Also can be had of
CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
K. 37/117, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1129
VARANASI 221001
Telephone : 57214

Sole Distributors
CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
CHOWK (Behind The Benares State Bank Building)
Post Box No. 1069
VARANASI 221001
Telephone : 63076

भारतीय संस्कृति, संस्कृत एवं आयुर्वेद

के

परम पोषक

एवं

श्रीमूलचंद खैरातीराम न्यास

के

मानद सचिव

श्री सरदारीलाल जी तलवार

के

कर-कमलों

में

सादर समर्पित

*

सम्पादक

प्राक्कथन

किसी भी विज्ञान की समृद्धि का मूल्याङ्कन उसके साहित्य एवं उपलब्धियों से किया जाता है। 'आयुर्वेद' जीवन का विज्ञान है। आदिकाल से आजतक इस साहित्य की समृद्धि निरन्तर होती रही है। आयुर्वेद के प्रत्येक अंग एवं उपाङ्गों पर लिखे गये अनेक ग्रन्थ मुद्रण, संरक्षण एवं राज्याश्रय की उपेक्षा के कारण गत शताब्दियों से अप्राप्य एवं दुर्लभ होते जा रहे हैं। आज बहुत-सी संहिताओं एवं टीकाओं के उद्धरण मात्र ही प्राप्त होते हैं। अतः आयुर्वेद में निदान-चिकित्सकीय अनुसंधान तथा आयुर्वेद-वाङ्मय की समृद्धि एवं रक्षा हेतु कठिनता से प्राप्त ग्रन्थों एवं टीकाओं को अनुसंधाताओं, अध्यापकों चिकित्सकों एवं छात्रोपयोगी बनाने हेतु आज से लगभग १५ वर्ष पूर्व श्री मूलचन्द खैरातीराम ट्रस्ट ने हॉस्पिटल के साथ आयुर्वेद-अनुसंधान-संस्थान का कार्य भी प्रारम्भ किया; जहाँ आयुर्वेद की संहिताओं एवं संग्रह-ग्रन्थों से ही नहीं अपितु संस्कृत-साहित्य एवं वैदिक-वाङ्मय से प्राप्त आयुर्वेद-सूत्रों को एकत्र कर विषयानुसार व्याख्यात्मक टिप्पणी के साथ पृथक्-पृथक् खण्डों में प्रकाशित कराने की योजना आरम्भ की गई। प्रारम्भ में यह कार्य केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद् की सहायता से आरम्भ हुआ, किन्तु २ वर्ष के पश्चात् उन्होंने इस योजना को स्थगित कर दिया।

तत्पश्चात् श्री मूलचंद खैरातीराम अस्पताल एवम् अनुसंधान-संस्थान के तत्कालीन निदेशक पं० हरिदत्त जी शास्त्री ने इस कार्य को ट्रस्ट के मानद सचिव श्री सरदारीलाल जी तलवार की अनुमति से निरन्तर जारी रखा। फलस्वरूप आयुर्वेद ग्रन्थों से सूत्र-संकलन के कार्य के साथ-साथ वैदिक एवं संस्कृत साहित्य के सूत्र एकत्र किये जा रहे हैं, जिन्हें लगभग ३० खण्डों में विषयानुसार विभाजित किया गया है। उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत प्रकाशित यह प्रथम पुष्प 'आयुर्वेदीय पंचकर्म-चिकित्सा' आपके कर-कमलों में प्रस्तुत है।

'पंचकर्म' आयुर्वेदीय चिकित्सा का अभिन्न अंग है। इसका आयुर्वेदीय संहिताओं तथा संग्रह-ग्रन्थों में आवश्यक विवरण प्राप्त होता है। इस चिकित्सा के अन्तर्गत आने वाले विविध कर्मों अथवा प्रक्रियाओं को औषध चिकित्सा के साथ-साथ अथवा स्वतन्त्र रूप से भी अनेक रोगों में प्रयोग कराया जाता है। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को प्रायोगिक दृष्टि से प्रमुख तीन कर्मों में विभाजित किया गया गया है—पूर्व कर्म, प्रधान कर्म तथा पश्चात् कर्म। आतुर

एवं स्वस्थ दोनों प्रकार के व्यक्तियों को दोष, देश, काल, मात्रा, बल एवं प्रकृति तथा विकृति के अनुसार पञ्चकर्म का प्रयोग अभीष्ट है।

पूर्वकर्मान्तर्गत प्रायः स्नेहन एवं स्वेदन इन दो प्रक्रियाओं का ग्रहण किया जाता है। इन दोनों ही प्रक्रियाओं द्वारा क्रमशः दोषों का विलयन एवं विष्यन्दन होता है। जब कफादि दोष अपने स्थान को छोड़ देते हैं, उसी अवस्था में प्रधान कर्म किये जाते हैं। प्रायः यह भी देखा जाता है कि व्याधि की प्रथमावस्था में एवं दोष के अल्पबल होने पर पूर्व कर्मों द्वारा ही रोग का उपशमन हो जाता है। इन्हीं विशेषताओं के कारण कुछ विद्वान् इन्हें प्रधान कर्मों में भी परिगणित कर लेते हैं। प्रत्येक प्रधान कर्म से पहले इन दोनों पूर्व कर्मों का प्रयोग आवश्यक होता है। कहीं-कहीं पश्चात् कर्म के रूप में भी इनका प्रयोग किया जाता है। अतः पंचकर्म-प्रक्रिया में इनका बहुशः प्रयोग होता है।

आत्रेय-सम्प्रदाय के आचार्यों ने प्रधान कर्मों में—वमन, विरेचन, निरूह, अनुवासन एवं शिरोविरेचन की गणना की है[1]। धन्वन्तरि-सम्प्रदायानुयायियों[2] तथा परवर्ती संग्रहकारों ने वमन, विरेचन, निरूह (निरूह एवं अनुवासन दोनों का अन्तर्भाव), शिरोविरेचन तथा रक्तमोक्षण या विस्रावण—इन पांच कर्मों का ग्रहण किया है। यद्यपि पंचकर्म शब्द कमल के लिए पंकज के समान योगरूढ अर्थ में ग्रहण किया गया है, तथापि व्याख्यात्मक दृष्टि से रक्तमोक्षण, कवल, गण्डूष, धूमपान आदि का भी इसमें समावेश हो जाता है।

इन पाँच कर्मों में वमन का प्रयोग श्लेष्मज व्याधियों में किया जाता है, जहाँ ऊर्ध्वमार्ग द्वारा दोषों का निर्हरण कराया जाता है। पित्तज विकारों के अधोमार्ग द्वारा निर्हरण करने की प्रक्रिया को विरेचन-कर्म कहा जाता है। वातज विकारों की उपशान्ति बस्ति द्वारा होती है। अधोवायु (अपानवायु) विकृति में विविध प्रकार की बस्तियों का प्रयोग कराया जाता है। उत्तरबस्ति भी इसी का एक प्रकार है। इनके अतिरिक्त शोधन, शमन, बृंहण तथा वाजीकर आदि विविध कर्मोक्त बस्तियाँ भी यथावश्यक प्रयोग में लायी जाती हैं। ऊर्ध्वजत्रुगत रोगों में दोषानुसार शोधन हेतु अनेक प्रकार के नस्यों का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार इन पाँचों कर्मों के दोषानुसार रोगी की अवस्था, बल एवं काल के अनुसार प्रयोग किये जाने पर दोषों का निर्हरण होकर रोग का उपशमन हो जाता है।

धन्वन्तरि-सम्प्रदाय में रक्तमोक्षण को भी प्रधान कर्म की संज्ञा दी गई है। उन्होंने रक्त को भी स्वतन्त्र दोष माना है। रक्त के द्वारा दोष शरीर के

१. वमनं रेचनं नस्यं निरूहश्चानुवासनम्।
२. निरूहो वमनं कायशिरोरेकोस्रविस्रुतिः।

विभिन्न स्थानों में गति करते हैं। अतः स्वाभाविक रूप से वे रक्त को भी विकृत करते हैं। सुश्रुतानुसार विस्रावण एक पूर्ण चिकित्सा है। इसमें शृंग, जलौका, अलाबू तथा शिरावेध द्वारा दुष्टरक्त का निर्हरण कराया जाता है।

प्रधान कर्म के पश्चात् रोगी को जिन आहार-विहारों एवं आचार-विचारों का पालन करना होता है, वे सभी पश्चात् कर्म में आते हैं, अथवा किसी कारणवश असावधानी होने पर कोई उपद्रव हो तो उसकी चिकित्सा भी पश्चात् कर्म में ही परिगणित है। प्रत्येक कर्म के पश्चात् एवं अन्य कर्मों से पूर्व यथावश्यक संसर्जन कर्म भी इसी के अन्तर्गत आते हैं।

कायचिकित्सा का एक अंग होते हुए भी पंचकर्म को सम्पूर्ण अथवा अर्ध चिकित्सा के रूप में कहा जाना रोग एवं कर्म विशेष की क्रियाकारिता पर आधारित है। आचार्य अग्निवेश ने कायचिकित्सा में बस्तिकर्म को सम्पूर्ण चिकित्सा का आधा भाग बतलाया है। इसकी उपयोगिता एवं विविधता को देखते हुए कुछ आचार्यों ने इसे सम्पूर्ण चिकित्सा भी कहा है। इसी प्रकार शल्यचिकित्सा में रक्त-विस्रावण को सम्पूर्ण चिकित्सा स्वीकार किया गया है। बस्ति एवं रक्तमोक्षण दोनों ही पंचकर्म-चिकित्सा के प्रमुख अंग होने से पंचकर्म-चिकित्सा समग्र चिकित्सा या परिपूर्ण चिकित्सा समझी जाती है।

कायचिकित्सा में रक्तमोक्षण को संशोधन में ग्रहण करते हुए भी पंचकर्मान्तर्गत स्वीकार नहीं किया गया है। तथापि अन्य आचार्यों द्वारा स्वीकार किये जाने से प्रस्तुत पुस्तक में रक्तविस्रावण, कवल, गण्डूष, तर्पण, पुटपाक तथा धूमपान का भी यथा स्थान वर्णन किया गया है।

यद्यपि पंचकर्म विषयक कतिपय पुस्तकें हिन्दी, अंग्रेजी तथा कुछ प्रान्तीय भाषाओं में प्रकाशित हुई हैं; तथापि उनमें आयुर्वेद-ग्रन्थों के मूल सूत्रों एवं उनकी टीकाओं के उद्धरण बहुत कम हैं, जो एक अध्यापक, अनुसंधानकर्ता, चिकित्सक एवं छात्र के लिए पर्याप्त नहीं है। प्रस्तुत पुस्तक में संहिताओं एवं संग्रह-ग्रन्थों के समस्त मूल सूत्रों के साथ उपलब्ध संस्कृत टीकाओं के उपयोगी अंशों का भी उल्लेख किया गया है। सम्पादन में यह ध्यान रखा गया है कि चरक एवं सुश्रुत के सूत्रों को सर्वप्रथम ग्रहण कर अन्य आचार्यों के वचनों को उनके साथ उद्धृत किया गया है। प्रायः संग्रह-ग्रन्थों में उपलब्ध सूत्र या तो चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट के हैं अथवा उनका गद्य-पद्य रूप में परिवर्तित स्वरूप है। अतः पुस्तक का कलेवर विस्तृत न हो, इस कारण उनके सन्दर्भ-संकेत चरक, सुश्रुत के सूत्रों के साथ ही लगा दिये गये हैं। किन्तु इनके टीकाकारों ने जहाँ सूत्र को स्पष्ट करते हुए जो व्याख्या की है, उसे ग्रहण

किया गया है। जहाँ उनमें दी गई शब्दावली का भाव स्पष्ट है, उसे मूल सूत्र के साथ उद्धृत नहीं किया गया है।

इस प्रकार संहिताओं के मूल सूत्रों का उल्लेख यथावश्यक उपलब्ध संस्कृत टीका के साथ किया गया है। प्रत्येक सूत्र के साथ शीर्षक भी दिये गये हैं। द्रव्य-गणना, कर्म-गणना, योग तथा उपकरणादि की तुलनात्मक विविध तालिकाएँ भी दी गई हैं। इस प्रकार प्रस्तुत पुस्तक में संहिताओं एवं संग्रह-ग्रन्थों के पंचकर्म विषयक सूत्रों को एक साथ उपलब्ध कराया गया है, जिससे यह पुस्तक अध्यापकों, अनुसंधाताओं, चिकित्सकों एवं छात्रों के लिए अतीव उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसा हमारा विश्वास है। इस ग्रन्थ के परिशीलन से पञ्चकर्म से सम्बन्धित किसी भी विषय को अन्य ग्रन्थों में देखने का श्रम नहीं करना पड़ेगा। जैसा कि वृद्धवाग्भट के ग्रन्थ के सन्दर्भ में कहा गया है—

'अष्टाङ्गसङ्ग्रहे ज्ञाते वृथा प्राक् तन्त्रयोः श्रमः।
अष्टाङ्गसङ्ग्रहेऽज्ञाते वृथा प्राक् तन्त्रयोः श्रमः॥'

इस पुस्तक को केवल संस्कृत भाषा में ही प्रकाशित करने का विचार था किन्तु वर्तमान में अधिकांश अध्यापकों एवं छात्रों को संस्कृत भाषा का सामान्य ज्ञान होने से विषय को स्पष्ट करने में कठिनाइयाँ होती हैं, साथ ही अन्य भाषा-भाषी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के लिए गूढ एवं सूत्र रूप में लिखित आयुर्वेद के स्थल दुरूह प्रतीत होते हैं; अतः उनकी सुविधा के लिए सूत्रों की हिन्दी व्याख्या भी साथ में दी गई है।

प्रस्तुत पुस्तक को १७ अध्यायों में निबद्ध किया गया है; यथा—

१. विषय-प्रवेश,
२. स्नेहन-प्रकरण
३. स्वेदन-प्रकरण
४. सामान्य संशोधन-प्रकरण
५. वमन-प्रकरण
६. विरेचन-प्रकरण
७. सामान्य वस्ति-प्रकरण
८. निरूहवस्ति-प्रकरण
९. अनुवासनवस्ति-प्रकरण
१०. उत्तरवस्ति-प्रकरण
११. शिरोविरेचन (नस्य) प्रकरण
१२. रक्तमोक्षण-प्रकरण
१३. जलौका-प्रकरण
१४. शिरावेध-प्रकरण
१५. कवल-गण्डूष-प्रकरण
१६. तर्पण-पुटपाक-प्रकरण
१७. धूमपान-प्रकरण।

श्री मूलचन्द खैरातीराम ट्रस्ट के न्यासियों में विशेषकर मानद सचिव श्री सरदारीलाल जी तलवार महोदय के हम विशेष आभारी हैं, जिन्होंने उदार हृदय से इस कार्य को चलाते रहने की अनुमति प्रदान की; साथ ही इस कार्य के सम्पन्न होने में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं आने दिया।

यह भारतीय संस्कृति, संस्कृत-साहित्य तथा आयुर्वेद के प्रति इनकी अगाध आस्था का प्रतीक है।

इस कार्य को प्रारम्भ कराने का श्रेय श्री मूलचन्द खैरातीराम हॉस्पिटल एवं आयुर्वेदानुसन्धान-संस्थान के भूतपूर्व निदेशक आदरणीय श्री पं० हरिदत्त जी शास्त्री को है, जिन्होंने संकलित संहिता-ग्रन्थों के सूत्रों को समुचित शीर्षक प्रदान करने तथा दुरूह एवं विवादात्मक विषयों को स्पष्ट करने में हमारा मार्ग-निर्देशन किया है। उनके प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

वरिष्ठ अनुसंधान-अधिकारी डॉ० ताराचन्द्र शर्मा विशेष रूप से धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने उपलब्ध आयुर्वेदीय संहिताओं तथा अन्य ग्रन्थों एवं उनकी विभिन्न संस्कृत टीकाओं से सूत्रों का संकलन कर उन्हें विषयानुसार विभाजित किया तथा पुस्तक के सम्पादन, हिन्दी अनुवाद तथा पाण्डुलिपि तैयार करने में विशेष सहयोग प्रदान किया है। हॉस्पिटल के प्रशासनिक एवं चिकित्सा-कार्य में मेरी व्यस्तता के होते हुए भी ये समय-समय पर पुस्तक के सम्पादन एवं प्रकाशन हेतु मुझसे परामर्श एवं निर्देश लेते रहे। अपने सहयोगियों के प्रति उनके उदार तथा सौहार्द पूर्ण व्यवहार के कारण ही यह ग्रन्थ प्रकाश में आ सका है।

कनिष्ठ अनुसंधान अधिकारी डा० भैरव मिश्र ने भी इस पुस्तक के लिए आवश्यक सामग्री एकत्र करने, हिन्दी अनुवाद करने तथा पाण्डुलिपि तैयार करने एवं प्रूफ-संशोधन में आवश्यक परिश्रम किया है। अतः वे भी धन्यवाद के अधिकारी हैं।

मूलचन्द खैरातीराम हॉस्पिटल के वरिष्ठ पंचकर्म-चिकित्सक डॉ० श्री विशाल त्रिपाठी के भी हम आभारी हैं, जिन्होंने पाण्डुलिपि का अवलोकर कर अनेक मूल्यवान् सुझाव दिये हैं।

सूत्रों के संकलन में और प्रतिलिपि आदि तैयार करने में समय-समय पर नियुक्त कतिपय अनुसंधान सहायकों ने भी हमें सहयोग प्रदान किया है, अतः वे भी हमारे आशीर्वाद एवं धन्यवाद के पात्र हैं। उनमें डा० सुरेन्द्र मलिक, डा० अमरपाल चिकारा, डा० नरेन्द्र भटनागर, डा० संजीव भार्गव, डा० शरणजीत सिंह, डॉ० शुचि गावा, डा० शिवकुमार शर्मा, डा० सुचिता टल्लु के नाम उल्लेखनीय हैं।

हम उन महर्षिवृन्द संहिताकारों, प्रतिसंस्कर्ताओं, संग्रहकारों और टीकाकारों के विशेष रूप से ऋणी हैं, जिनके आप्त एवं उपयोगी वचनों के संग्रह के

आधार पर इस पुस्तक की रचना की गई है। हम उन पुण्यश्लोक महान् आत्माओं का स्मरण करते हुए उनके समक्ष श्रद्धावनत हैं।

'आयुर्वेदीय पंचकर्म-चिकित्सा' को आयुर्वेद के अध्यापकों, चिकित्सकों एवं छात्रों के लिए यथासम्भव उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। मुद्रण में यत्र-तत्र दृष्टिदोषवशात् अनेक त्रुटियाँ रह गई हैं, अतएव ग्रन्थान्त में शुद्धिपत्र संलग्न कर दिया गया है। मुद्रण-दोष के लिए उदार-हृदय विद्वज्जन क्षमा करेंगे। आगामी संस्करण में उनका सुधार अवश्य किया जावेगा।

पुस्तक के प्रकाशन में चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान के अध्यक्ष भाई श्री बल्लभदास जी ने विशेष अभिरुचि एवम् उदारता प्रदर्शित की है, अतः वे विशेष रूप से धन्यवादार्ह हैं। ईश्वर उन्हें सद्ग्रन्थों के प्रकाशनार्थ दीर्घायुष्य प्रदान करें।

धन्वन्तरि त्रयोदशी
सं० २०४६ वि०

मुकुन्दीलाल द्विवेदी

सम्मतियाँ

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई है कि श्री मूलचन्द खैरातीराम ट्रस्ट के आयुर्वेद-अनुसंधान-संस्थान द्वारा प्रारम्भ किये गये आयुर्वेदीय विश्वकोश स्तर के कार्य का प्रथम पुष्प 'आयुर्वेदीय पंचकर्म-चिकित्सा' नामक ग्रन्थ अपनी सर्वांगीण उपलब्धियों एवं विशेषताओं से सुसज्जित होकर प्रकाशित हो गया है। वस्तुतः आज इस प्रकार के ग्रन्थ की अत्यन्त आवश्यकता थी, जिसकी सम्पादकों के अथक प्रयास से पूर्ति हो गई है। पंचकर्म आयुर्वेद का एक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ रूप आवश्यक अंग है। विश्व में महान् कष्टदायी रोगों से ग्रसित मानव आयुर्वेद की ओर बड़ी आशामयी दृष्टि से देख रहा है। पंचकर्म असाध्य रोगों, विशेषकर वातव्याधियों के लिए उपयोगी एवं निरापद विधान है। इसकी गुणवत्ता विश्वविख्यात है।

लगभग १० वर्षों से मैं विश्व के आधुनिक वैज्ञानिकों, शिक्षकों, चिकित्सकों तथा सार्वजनिक संगोष्ठियों में आयुर्वेद की इस महान् देन को प्रस्तुत करने हेतु प्रयत्नशील हूँ। मुझे यह कहते हुए गौरव होता है कि बड़ी उत्सुकता तथा श्रद्धा से इसे अपनाया जा रहा है।

पंचकर्म चिकित्सा विश्वव्यापी रूप ले चुकी है। विदेशों में अनेक पंचकर्म केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उपलब्ध आयुर्वेद शास्त्रों में से एकीकृत यह ग्रन्थ शिक्षकों, चिकित्सकों तथा छात्रों के लिए सर्वोपयोगी सिद्ध होगा।

मैं पुनः पंचकर्म-चिकित्सा ग्रन्थ के सम्पादकों की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूँ, जिनके समुद्र-मंथन रूप से यह ग्रन्थ-रत्न प्राप्त हुआ है। जिसके आधार पर वैद्य सफल चिकित्सा की प्रतिज्ञा करता है।

श्री मूलचन्द खैरातीराम ट्रस्ट भी धन्यवाद का पात्र है, जो आयुर्वेद साहित्य में मौलिक आवश्यकताओं का अनुसंधान करने में रुचि रखता है। आशा है, अन्य विषयों में भी ऐसे जो शोध हो चुके हैं, वे भी ग्रन्थ रूप में शीघ्र ही प्रकाश में आयेंगे।

वृहस्पतिदेव त्रिगुणा

अध्यक्ष : अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन
सदस्य : गवर्निंग बॉडी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
: केन्द्रीय अनुसंधान परिषद् आयुर्वेद एवं सिद्ध, दिल्ली
डाइरेक्टर : इंडियन फार्मास्युटिकल (भारत सरकार)

आयुर्वेदीय चिकित्सा-विधियों में 'पंचकर्म-चिकित्सा' शीर्षस्थान पर है। 'ये तु संशोधनैः सिद्धा न तेषां पुनरुद्भवः' की प्रशस्ति और समस्त व्याधियों के निराकरण के लिए पूर्ण चिकित्सा की गरिमा से युक्त यह पद्धति पिछले कुछ दशकों में, विशेष रूप से उत्तर भारत में, उपेक्षित-सी रही है। पूर्वकर्म और पश्चात् कर्म की विधियों सहित पाँच प्रधानकर्म के लिए उपकरण और औषधियाँ जुटा पाना कठिन हो जाता है और साथ ही बहुत खर्चीला है। इसके साथ ही इनके प्रयोग की विधि एवं व्यापत्ति-निवारण के ज्ञान का अभाव भी इसके ह्रास का प्रमुख कारण रहा है। 'नानातन्त्राविहीनानां भिषजामल्पमेधसाम्' के युग में संहिता-ग्रन्थों का अध्ययन कर इस ज्ञान की प्राप्ति करना कठिन कार्य था, क्योंकि विषय-प्रधान स्वतन्त्र ग्रन्थ का अभाव रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में इस चिकित्सा का प्रचार-प्रसार न केवल अपने देश में अपितु विदेशों में भी हुआ है। अनेक देशों के लोग पंचकर्म-चिकित्सा के लिए भारत आते है और विदेशों में भी पंचकर्म केन्द्र स्थापित किये गये हैं। स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भी इस विषय का महत्त्व बढ़ा है और इसके विशेषज्ञों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। इन कारणों से पंचकर्म-चिकित्सा से सम्बन्धित प्रामाणिक साहित्य के संकलन एवं सम्पादन की अत्यन्त आवश्यकता थी।

श्री मूलचंद खैरातीराम अस्पताल, लाजपत नगर, नई दिल्ली के न्यास के अन्तर्गत चल रहे आयुर्वेद-अनुसंधान-संस्थान की ओर से वेद, उपनिषद्, पुराण, धर्मशास्त्र एवं आयुर्वेद की संहिताओं से आयुर्वेद साहित्य का विषयानुसार संकलन और सम्पादन का कार्य आयुर्वेद के आधुनिक ऋषि पं० श्री हरिदत्त शास्त्री जी ने प्रारम्भ किया था। इस महान् संकल्प को मूर्त्त रूप देने का श्रेय संस्थान के वर्तमान निदेशक और गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर के पूर्व कुलपति आचार्य श्री मुकुन्दीलालजी द्विवेदी को है। यह ग्रन्थरत्न आयुर्वेद-जगत् की एक महान् उपलब्धि है। इस पुस्तक को इस विषय के पाठ्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सन्दर्भ ग्रन्थ के रूप में शीघ्र मान्य करना चाहिए। संस्कृत-उद्धरणों की सरल हिन्दी व्याख्या छात्रों के लिए उपयोगी और व्यावहारिक सिद्ध होगी, क्योंकि इसमें न केवल शब्दानुवाद है, अपितु मूलचन्द खैरातीराम अस्पताल के पंचकर्म-विभाग में अनेक वर्षों के प्रयोग से प्राप्त व्यावहारिक ज्ञान का सार-संक्षेप भी है। सत्तरह अध्यायों और प्रायः बारह सौ पृष्ठों का यह अनुपम ग्रन्थ एक महान् उपलब्धि है और पूर्णतया प्रामाणिक भी।

आयुर्वेद-जगत् को इस उत्तम उपहार के लिए माननीय श्री द्विवेदी जी के साथ अन्य सम्पादकगण डा० ताराचंद शर्मा एवं डा० भैरव मिश्र भी बधाई के पात्र हैं। ग्रन्थ के प्रकाशन लिए चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान की प्रशंसा भी अपेक्षित है।

दिनांक १२।२।१९९०
सलाहकार : आयुर्वेद एवं सिद्ध
स्वास्थ्य एवं परिवार-कल्याण मन्त्रालय
नई दिल्ली

शिवकुमार मिश्र

आचार्य मुकुन्दीलाल द्विवेदी, निदेशक, श्री मूलचंद खैरातीराम हास्पिटल तथा आयुर्वेदानुसंधान संस्थान, दिल्ली के स्तुत्य प्रयास से इस उपयोगी ग्रन्थ का प्रकाशन चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली द्वारा वर्ष १९९० में हुआ है। आदरणीय द्विवेदीजी के सहयोगी संपादक डा० ताराचंद शर्मा और डा० भैरव मिश्र रहे हैं। इस ग्रन्थ को संपादित कर इसे लगभग बारह सौ पृष्ठों में प्रस्तुत करना यह सिद्ध करता है कि विद्वान् संपादकों ने इस दिशा में कितना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। इस कार्य से सम्बन्धित उत्प्रेरक, संकलनकर्ता, शोधकर्ता, प्रकाशक तथा मुद्रक सभी प्रशंसा के पात्र हैं।

आयुर्वेद में निदान-चिकित्सकीय अनुसंधान तथा आयुर्वेद-वाङ्मय की रक्षा एवं समृद्धि हेतु दुर्लभ ग्रन्थों एवं टीकाओं को अनुसंधाताओं, अध्यापकों, चिकित्सकों एवं छात्रों की सुविधा हेतु उपयोगी बनाने और प्रकाशित करने की योजना आज से १५ वर्ष पूर्व ही श्री मूलचंद खैरातीराम ट्रस्ट द्वारा आरम्भ की गयी थी। प्रारंभ में यह कार्य केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद् की सहायता से चला, किन्तु दो वर्ष के पश्चात् इस योजना को समय की अवधि को ध्यान में रखकर तथा अन्य कारणों से स्थगित कर दिया था।

तत्पश्चात् श्री मूलचंद खैरातीराम अस्पताल के तत्कालीन निदेशक पं० हरिदत्त शास्त्री जी के प्रयासों से यह कार्य ट्रस्ट द्वारा जारी रखा गया। फलस्वरूप आयुर्वेदीय ग्रन्थों से सूत्र-संकलन के साथ-साथ वैदिक एवं संस्कृत साहित्य से भी संकलन का कार्य अद्यावधि होता रहा है।

संपूर्ण संकलन को लगभग ३० खण्डों में विषयानुसार विभाजित किया गया है। तथा इसी योजना के अन्तर्गत यह प्रथम पुष्प 'आयुर्वेदीय पंचकर्म-चिकित्सा' पाठकों के कर-कमलों में प्रस्तुत किया गया है। आदरणीय शास्त्री जी के सतत प्रयास और लगन का यह एक विशिष्ट उदाहरण है।

यह पुस्तक अपने विषय में एक अपूर्व संकलन सिद्ध होने की क्षमता रखता है। पंचकर्म-चिकित्सा में प्रयोग में आनेवाले विविध कर्मों में बस्तिकर्म प्रमुख है। आयुर्वेद के कायचिकित्सा नामक अंग में 'बस्ति-चिकित्सार्धमिति ब्रुवन्ति सर्वा चिकित्सामपि बस्तिमेकम्' (च० सि० १।४०)। अर्थात् आधी चिकित्सा या किसी-किसी के मत में संपूर्ण चिकित्सा भी बस्ति ही मानी जाती है, जैसे कि शल्यचिकित्सा में सिराव्यध महत्त्वपूर्ण माना जाता है। प्रस्तुत पुस्तक में कुल १७ अध्याय हैं, जिनमें सप्तम, अष्टम, नवम एवं दशम अध्याय बस्तिकर्म पर आधारित हैं। इस प्रकार चार अध्यायों में केवल बस्ति के विषय संकलित किये गये हैं। तथा पृष्ठ ५७० से लेकर ९३४ तक (कुल ३६४) अर्थात् लगभग एक तिहाई भाग में इसी विषय का वर्णन किया गया है। संपूर्ण पुस्तक में विषयानुसार अध्यायों का विभाजन अत्यन्त रोचक तथा बोधगम्य सिद्ध होता है। फलस्वरूप आस्थापन, अनुवासन और उत्तरबस्ति पर आधारित अष्टम, नवम और दशम अध्याय इसी बात की पुष्टि करते हैं। सप्तम अध्याय सामान्य बस्ति-प्रकरण पर आधारित है।

पंचकर्म की प्रक्रिया में आत्रेय मतानुसार वमन, विरेचन, शिरोविरेचन, नस्य, निरूहबस्ति और आस्थापनबस्ति का अंतर्भाव होता है। किन्तु वाग्भट धन्वन्तरीय मत को मानते हुए 'निरूहो वमनं कायशिरोरेकोऽसृग्विसृतिः' (अ० हृ० सू० १४।८) अर्थात् वमन, विरेचन, शिरोविरेचन और रक्तमोक्षण तथा सिराव्यध को 'पंचकर्म' मानते हुए निरूहबस्ति में ही आस्थापनबस्ति का भी अन्तर्भाव किया है। सिराव्यध जिसे शल्यशास्त्र में बस्ति के समान महत्त्व-पूर्ण माना जाता है, उसका अन्तर्भाव करके पंचकर्म को एक विशिष्ट स्थान दिया है।

वमन और विरेचन के पूर्व स्नेहन और स्वेदन को अनिवार्य माना गया है। अतः पंचकर्म का पूर्वकर्म, प्रधानकर्म और पश्चात्कर्म इन तीन प्रमुख प्रयोगिक-प्रक्रियाओं में वर्णन किया जाता है। प्रस्तुत पुस्तक में पंचकर्म-विषयक सभी स्रोतोभूत सूत्रों को प्राचीन आर्ष-संहिताओं से संकलित किया गया है। यथोचित रूप से उनके टीकाकारों के संदर्भों को देकर उनके भावार्थ भी हिन्दी में दिये गये हैं। इससे संपूर्ण विषय सुबोध एवं सरल बनकर छात्रों, अध्यापकों, अनुसंधानकर्ताओं व जिज्ञासुओं के लिए अत्यन्त उपयोगी बन गये हैं।

वस्तुतः पुस्तक का कलेवर अत्यन्त सुसज्जित दृष्टिगोचर होता है। चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान से प्रकाशित होकर यह ग्रन्थ पाठकों को सुलभ हो हो सका है। अतः में मैं प्रकाशक की हृदय से प्रशंसा करते हुए उत्तरोत्तर इस प्रकार के अन्य प्रयासों के लिए भी अपनी शुभकामना प्रकट करता हूँ।

दिनाङ्क १२।२।९०
केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद्
सी १०, ग्रीनपार्क एक्स्टेंशन
नई दिल्ली १६

विवेकानन्द पाण्डेय

आचार्य मुकुन्दीलाल द्विवेदी एवं उनके विद्वान् सहयोगियों द्वारा संपादित तथा चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित 'आयुर्वेदीय पञ्चकर्म-चिकित्सा' शीर्षक ग्रन्थ का आद्योपान्त अवलोकन करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह ग्रन्थ श्रीमूलचन्द खैरातीराम आयुर्वेदानुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में तत्कालीन निदेशक पं० हरिदत्त शास्त्री द्वारा प्रारंभ की गयी आयुर्वेदीय साहित्य अनुसंधान परियोजना का प्रतिफल है। इसके पूर्व भी इस संस्थान से 'देहधात्वग्नि विज्ञान' नामक मौलिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुका है। पंडित हरिदत्त शास्त्री की भावना के अनुरूप ही संस्थान के वर्तमान निदेशक आचार्य मुकुन्दीलाल द्विवेदी ने इस परियोजना को गति प्रदान की और उसके परिणामस्वरूप आज पञ्चकर्म विषयक यह ग्रन्थ हमारे सामने है।

आयुर्वेदीय पञ्चकर्म-चिकित्सा पर प्रकाशित अब तक के सभी ग्रन्थों में यह सर्वोत्तम है। यह संभवतः पञ्चकर्म सम्बन्धी साहित्यिक ज्ञान का पूर्ण संकलन है। सभी संहिताओं तथा संग्रह-ग्रन्थों के पञ्चकर्म सम्बन्धी साहित्य तथा उन पर प्रमुख टीकाकारों की टीकाएँ मूल रूप से एकत्रित करके उन पर हिन्दी में भी भाषान्तर व विमर्श लिख कर इस ग्रन्थ को अपने विषय के संपूर्णात्मक ग्रन्थ का स्वरूप दे दिया गया है। यह ग्रन्थ विद्यार्थियों तथा चिकित्सकों के लिए तो उपयोगी है ही, स्नातकोत्तर छात्रों, अनुसंधानकर्त्ताओं तथा अध्यापकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। इस ग्रन्थ के अवलोकन के बाद पाठकों को मूलस्रोत ग्रन्थों के अध्ययन तथा संदर्भ-संकलन की आवश्यकता नहीं रह जायेगी। इससे उनके समय की बचत होगी और उन्हें पूर्ण मार्ग-दर्शन प्राप्त होगा।

संपादकों ने अत्यन्त परिश्रमपूर्वक साहित्य-संकलन, शीर्षकीकरण तथा व्यवस्थित एवं व्याख्यात्मक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इस नवीन ग्रन्थ की रचना की है। वे इस मौलिक कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं। ग्रन्थ की भाषा शुद्ध तथा भाषान्तर सरल एवं सुबोध है। मुद्रण सम्बन्धी अशुद्धियाँ भी नगण्य हैं। आशा है, यह ग्रन्थ शीघ्र ही पाठकों के बीच पहुँचेगा और अपना उचित स्थान प्राप्त करेगा।

इस ग्रन्थ के प्रमुख संपादक आचार्य मुकुन्दीलाल जी द्विवेदी आयुर्वेद की जानी-मानी हस्तियों में से रहे हैं। उन्हें आयुर्वेद के प्रत्येक क्षेत्र का अनुभव रहा है। वे लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश सरकार में आयुर्वेद व यूनानी सेवाओं के निदेशक रहे तथा उत्तर प्रदेश में आयुर्वेदीय सेवाओं तथा शिक्षण संस्थाओं को मानक स्वरूप देने के लिए उन्हें सर्वदा याद रखा जायेगा। वे गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति तथा वर्षों तक अन्य संस्थाओं में अध्यापन कार्य किया है। वे सिद्धहस्त चिकित्सक तथा आयुर्वेद के अग्रगणी विद्वान् थे। उनकी इस योग्यता का पूर्ण लाभ प्रस्तुत ग्रन्थ को मिला है।

जैसा कि हम अन्यत्र भी कह आये हैं कि आयुर्वेदीय चिकित्सा के संदर्भ में 'पञ्चकर्म' तथा 'षट्कर्म' ये दो प्रकार के उपक्रम विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। महर्षि चरक ने कायचिकित्सा को षट्कर्मसिद्धि माना है। षट्कर्म के अन्तर्गत लंघन, बृंहण, रूक्षण, स्नेहन, स्वेदन एवं स्तम्भन ये छः कर्म आते हैं। इन छः कर्मों को कार्मुकता की दृष्टि से दो प्रधान वर्गों में अन्तर्भूत किया जाता है—१. अपतर्पण तथा २. संतर्पण। इसी प्रकार संपूर्ण आयुर्वेदोक्त चिकित्सा कर्म दो प्रकार के होते हैं—१. संशोधन, २. संशमन—'शोधनं शमनं चेति समासादौषधं द्विधा'। साथ ही यह भी कहा गया है कि शरीरिक दोषों के निवारण के लिए बस्ति, विरेचन एवं वमन परम औषधि हैं। इस प्रकार शोधन को शमन चिकित्सा की अपेक्षा अधिक महत्त्व दिया गया है। क्योंकि संशोधन द्वारा बाहर निकाले गये दोष पुनः प्रकुपित नहीं होते। पञ्चकर्म-चिकित्सा मूलतः संशोधन चिकित्सा ही है।

दोषाः कदाचित् कुप्यन्ति जिता लङ्घनपाचनैः।
जिताः संशोधनैर्ये तु न तेषां पुनरुद्भवः॥ च० सू० १६।२०

चरकोक्त षट्कर्म की क्रियाएँ सिद्धान्ततः दो प्रकार की हैं—१. संतर्पण, २. अपतर्पण। वे अधिकांश क्रियाएँ भी पञ्चकर्म सिद्धान्त के अन्तर्गत आ जाती हैं। उदाहरणार्थ लङ्घन के विषय में आचार्यों ने कहा है कि वमन, विरेचन, शिरोविरेचन तथा निरूहबस्ति ये चार शोधन तथा पिपासा, मारुत, पाचन, उपवास एवं व्यायाम ये लङ्घन हैं। इस संदर्भ में चार प्रकार के ही शोधन बतलाये गये हैं और उपवास, व्यायामादि लङ्घन के अन्य भेदों का प्रभाव सामान्य के कारण संशोधन के साथ वर्णन किया गया है। अनुवासनबस्ति बृंहणकारक होने से उसका इनके अन्तर्गत वर्णन नहीं किया गया है।

इस प्रकार लङ्घन एवं बृंहण अर्थात् अपतर्पण एवं संतर्पण के सिद्धान्त भी पञ्चकर्म की व्यवस्था में अन्तर्भूत हो जाते हैं। स्नेहन तथा स्वेदन पञ्चकर्म के पूर्वरूप हैं। वमन-विरेचनादि पञ्चकर्म की प्रधान क्रियाओं के सम्यग् योग की प्राप्ति हो जाने पर अतियोगजनित उपद्रवों से रक्षा हेतु पश्चात्कर्म के अन्तर्गत स्तम्भन आदि कर्म भी कराये जाते हैं। इस प्रकार पञ्चकर्म तथा षट्कर्म के सिद्धान्तों में कोई विरोध नहीं है। कायचिकित्सा की दृष्टि से पञ्चकर्म के अन्तर्गत वमन, विरेचन, निरूहबस्ति, अनुवासनबस्ति, शिरोविरेचन ये पाँच कर्म आते हैं। शल्य-चिकित्सा की दृष्टि से वमन, विरेचन, बस्ति, शिरोविरेचन एवं रक्तमोक्षण का पञ्चकर्म के अन्तर्गत ग्रहण किया गया

है। प्रत्येक कर्म के संपादन के पूर्व एवं पश्चात् कुछ प्रधानकर्म के सहायक कर्म किये जाते हैं। उन्हें महर्षि सुश्रुत ने 'अग्रोपहरणीय' नाम से ग्रहण किया है। इसी प्रकार महर्षि चरक ने स्नेहन-स्वेदन के पश्चात् उपकल्पनीय अध्याय का वर्णन किया है। यहाँ उपकल्पना से तात्पर्य तय्यारी से है। इसमें वमन-विरेचनादि कर्म में उपयुक्त सामग्री से लेकर उपद्रवों के शमनार्थ द्रव्यादि की कल्पना की गयी है।

आयुर्वेद के मूल सिद्धान्त के अनुसार दोष अपने स्थान से चलकर स्रोतो-वैगुण्य के माध्यम से रोग उत्पन्न करते हैं। स्रोतोवैगुण्य को दूर करना तथा दोषनिर्हरण ही चिकित्सा है। इसके लिए दोषों को उपयुक्त कोष्ठ में लाकर शोधनकर्म करते हैं। आचार्य ने दोषवर्धन, विष्यन्दन, पाक, स्रोतोमुख-विशोधन तथा वायुनिग्रह ये पाँच उपाय बतलाये हैं, जिनके द्वारा दोषों को शाखा से कोष्ठ में लाया जा सकता है—

वृद्धया विष्यन्दनात् पाकात् स्रोतोमुखविशोधनात्।
शाखां मुक्त्वा मलाः कोष्ठं यान्ति वायोश्च निग्रहात् ॥ च० सू० २८।३३

पञ्चकर्म केवल कायचिकित्सा का सहायक विषय न होकर आयुर्वेद के आठों अंगों में प्रयोज्य है। यह आयुर्वेदीय चिकित्सा का आधारभूत कर्म है। बिना संशोधन के आयुर्वेदीय चिकित्सा अपूर्ण है। पञ्चकर्म तथा अन्य संशोधन कर्म संशमन चिकित्सा की पूरक चिकित्सा होने के अतिरिक्त अनेक अवस्थाओं में स्वयं पूर्ण चिकित्सा भी है। संशोधन, संशमन तथा निदानपरिवर्जन के यथायुक्ति प्रयोग द्वारा सभी रोगों का निराकरण संभव है। स्वस्थवृत्त तथा जनपदोध्वंस के प्रसंग से लेकर रसायन-वाजीकरण, शल्य-शालाक्य, कौमार-भृत्य, बालरोग तथा भूतविकारों की चिकित्सा व्यवस्था तक पञ्चकर्म विधान का महत्त्व है। बालरोगों में स्तन्यदुष्टिजन्य रोग तथा बालग्रहों की चिकित्सा में शोधन-चिकित्सा का स्पष्ट निर्देश है। इसी प्रकार विषतन्त्र में भी शोधनकर्म का अतीव महत्त्व है। इस प्रकार पञ्चकर्म तथा तत्सम अन्य संशोधन कर्मों का अत्यन्त व्यापक प्रयोग आयुर्वेद में निर्दिष्ट है। इसका यथा-योग्य युक्तिपूर्वक प्रयोग करना चाहिए। युक्ति का महत्त्व तो है ही, परन्तु सर्वोपरि है युक्तिज्ञ वैद्य, जिसकी सूझ-बूझ ही सिद्धि प्रदान करती है—

मात्राकालाश्रया युक्तिः, सिद्धियुक्तौ प्रतिष्ठिता।
तिष्ठत्युपरि युक्तिज्ञो द्रव्यज्ञानवतां सदा ॥ च० सू० २।१५

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
कायचिकित्सा विभाग : आयुर्वेद संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
रामहर्ष सिंह

आयुर्वेदीय-पंचकर्म-चिकित्सा

विषयानुक्रमणिका

प्रथमोऽध्यायः

विषयप्रवेश	पृष्ठाङ्काः		पृष्ठाङ्काः
पंचकर्म चिकित्साया आधारः	१	शोधनप्रयोग प्रकार वर्णनम्	१५
द्विविधचिकित्सोपक्रमः	४	पञ्चकर्म-निरूपणम्	१७
बृंहणलंघन परिभाषा	४	कानि पञ्च-कर्माणि	१७
लङ्घनचिकित्सा भेदो	५	पञ्चकर्मप्रकारमधिकृत्य विशेष	
किंनाम संशोधनम्	५	ज्ञानार्थं पुनर्वसुसविधे अग्निवेशकृतानां	
पञ्चविधशोधनोदाहरणानि	६	द्वादशप्रश्नानाम् ऐतिहासिकं	
किंनाम संशमनम्	७	सूचनम्	१८
संशमनचिकित्सापेक्षया संशोधनमहत्त्वे		यथाक्रम-विविध प्रश्नोत्तराणि	१९
युक्तिः	७	का कल्पना पञ्चसुकर्मसूक्ता	१९
यथाकालं संशोधन प्रयोग फलानि	९	क्रमश्च कः	२१
संशोधन गुण निर्देशः	९	किं च कृताकृतेषु	२२
शोधन वृक्षाः	९	बस्ति संख्या का	२२
संशोधन योग्यानां वर्णनम्	११	किं गुणो बस्तिः	२३
संशोधनयोग्यरुग्णानां विचारणीय		केषु कश्च बस्तिः	२४
विषयाः	११	कृते कियान् वा परिहारकालः	२५
संशोधनायोग्यानां वर्णनम्	१२	प्रति कर्म काले किं वर्जनीयम्	२६
पञ्चकर्म साध्यव्याधि संकेतः	१३	प्रणीयमानश्च न याति गुचिराच्च	
अवस्थाविशेषे व्याधि विना दुर्बलेऽपि		केन	२६

पृष्ठाङ्काः

केनेति शीघ्रम् २७
के साध्या गदाः २७
संशोधनप्रारम्भात् प्राक् तदुपकरण संकलनं रोगीचयनं च कर्तव्यम् २८
आतुरालयस्वरूपम् २९
आतुरालये चिकित्सासाधनरूप-लावकपिञ्जलशशहरिणादि पालनम् ३०
आतुरालय सम्बद्धगोपालन प्रकारः ३०
आतुरालय प्रयोज्यौषध कल्पना सामग्री निर्देशः ३०
आतुरालये प्रयोज्यविविध चिकित्सानुपानादि सामग्री संकलन समुल्लेखः ३१
शोधनात्प्रागुत्पन्नात्ययिक रोग चिकित्सासम्पादनाय काल नियमः ३१
व्यापत्सामग्रीसाधारणसेवासामग्री संकलनं च ३१
आतुरालयप्रयोज्यविविधपात्रादी-नामुल्लेखः ३२
आतुरालये प्रयोज्यशयनासनादि सामग्री समुल्लेखः ३२
आतुरालये चिकित्सा कर्मसाधक द्रव्याणां सूची ३२
आतुरालये भोज्यसामग्री संकलन संकेतः ३३
शोधनार्थोत्तम पात्रता संकेतः ३३
आतुरमनोविनोदार्थं कुशल विविध परिषद्य स्थापनम् ३३
योग्यपरिचारकलक्षणम् ३४
आपत्सु स्वल्पसाधनैरपि संशोधन विधानम् ३४

पृष्ठाङ्काः

संशोधनमधिकृत्य संवत्सर विभाग विधानम् शोधनयोग्य कालवर्णनं च ३५
आत्ययिक रोगे संशोधनार्थं ऋत्वौ-षधिविकल्पना ४१
संशोधनार्थं शमनार्थंवौषधिप्रयोगा-यातुरावस्थाकाल परीक्षणम् ४२
वातपित्तकफानां प्रावृडादिऋतु विभागेन शोधनविधानम् ४३
स्नेह स्वेदौ बिना शोधने विकारो-त्पतौ युक्तिः ४४
संशोधनात्पूर्वं स्नेहस्वेदक्रमनिर्देशः ४५
मलानां कोष्ठाद् शाखासु गतौ कारणानि ४५
शाखागतमलानां कोष्ठं प्रत्यानयन-कारणानि ४६
स्नेहस्वेदयोरूपयोगित्वम् ४७
वातादिदोषशान्तये परमौषधि वर्णनम् ४७
दुर्बलरुग्णस्य प्रभूतालपदोषेषु शोध-नस्य शमनस्य वा विधानम् ४८
मन्दाग्नेः क्रूरकोष्ठस्य च संशोधन विधिः ४८
सूक्ष्मदोषदूष्यादिविचारे बुद्धेराकुली भावः ४८
आशय भेदेन दोषविशेषस्य रोगो-त्पादने सम्बन्धः ४९
दोषभेदेन संशोधनोपक्रमः ०५
स्वस्थान प्रच्युतानां दोषाणां शोध-नाऽभावे कष्टकारित्वम् ५०
संशोधनान्ते प्रकृतिं प्राप्तस्य पुरुषस्य लक्षणानि ५०

पृष्ठाङ्काः

संशोधनान्ते सर्ववर्ज्यानि ५१
अष्टविध-कुपथ्यानां मध्ये उच्चैर्भाष्यातिभाष्यजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५२
रथक्षोभादिसकलशरीरक्षोभक कुपथ्यजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५३
अतिचङ्क्रमणजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५३
अत्यासनजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५४
अजीर्णाध्यशनजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५४
विषमाहिताशनजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५५
दिवास्वप्नजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५५
व्यवायजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम् ५५
उच्चैर्भाष्यातिभाष्यजन्योपद्रवे चिकित्सा सूत्रम् ५६
रथक्षोभातिचङ्क्रमणात्यासनजन्या-नामुपद्रवाणां चिकित्सा सूत्रम् ५७
अजीर्णाध्यशनजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सा सूत्रम् ५७
विषमाहिताशनजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सा सूत्रम् ५७
दिवास्वप्नजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सा सूत्रम् ५८
व्यवायजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सा सूत्रम् ५८
सम्यगासम्यगविहित संशोधित प्रश्नाः आत्रेयप्रदत्तोत्तराणि च अनैकान्तिकं चिकित्साफलमिति पूर्वपक्षः ५९
निश्चितफला सम्यग्ज्ञानपूर्वा चिकित्सा ५९
संभाव्यमानव्याप्रतिकारायोचितं तत्साधन संकलनम् ५९
पञ्चकर्मप्रयोगे सम्यक् पथ्यपालना-वश्यकतायां युक्तयः ६०
पथ्यपालने पेयादिक्रम प्रयोगे प्रथमतः स्वाद्वम्ललवणरसप्रधान-द्रव्याणां परतः स्वादु-तिक्त कषायकटुक रसानां प्रयोग सूचनम् ६१
पञ्चकर्म प्रयोगे तर्कयुक्तिविचारा-वश्यकता ६२

द्वितीयोऽध्यायः

पूर्वकर्म-परिचयः ६४
पूर्वकर्म महत्त्वम् ६५
स्नेहनस्वेदनशोधनानां परस्परोप-कारकतया शरीरमलशोधने दृष्टान्त सूचनम् ६५
स्नेहन शब्दस्य निरुक्तिः ६६
स्नेह लक्षणम् ६६
स्नेह प्रयोगस्योपकारः शतायुः प्राप्तिश्च ६६
स्नेहकार्यम शरीरे प्रभावश्च ६७
व्याधिपीडिते पुरुषे स्नेहपानफलम ६८
स्नेहन स्वेदनयोः शोधनानुकूलतायाः युक्तिः ६९
स्नेहनद्रव्य लक्षणम् ६९

	पृष्ठाङ्काः
स्नेहन विरुक्षणद्रव्यलक्षणम्	६९
अग्निवेशकृताः पञ्चविंशतिः प्रश्नाः	७०
स्नेहयोनयः	७१
स्नेहसंख्या परिगणनम्	७२
स्थावरस्नेहोदाहरणानि	७३
विविधकर्मोपयोगिस्थावर स्नेह द्रव्याणि	७४
विरेचनोपयोगि स्थावरस्नेह वर्णनम्	७४
वमनोपयोगि स्थावर स्नेह वर्णनम्	७४
शिरोविरेचनोपयोगि स्थावर स्नेह वर्णनम्	७४
दुष्टव्रणोपयोगि स्थावर स्नेह वर्णनम्	७४
महाव्याधौ प्रयुज्यमानस्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
मूत्रसंगोपयोगि स्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
शर्कराश्मरीषु प्रयुज्यमान स्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
प्रमेहोपयोगिस्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
पित्त संसृष्टवातोपयोगिस्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
कृष्णीकरणोपयोगिस्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
पाण्डुकरणोपयोगि स्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
दद्रुकुष्ठकिटिभोपयोगि स्थावर स्नेह वर्णनम्	७५
दशेमानि स्नेहोपगानि द्रव्याणि	७८
संस्कारस्यानुवर्तनाद् घृतस्य योग-वाहित्वे प्राधान्यम्	७८
स्नेह गुणानां वर्णनम्	७९
घृतगुण-विशेषाः	७९
तैलगुण-विशेषाः	८१
मज्जागुण विशेषाः	८१
वसागुण-विशेषाः	८२
स्नेहानां प्रयोगप्रकाराः	८२
महास्नेह फलम्	८२
चतुर्णा स्नेहानां प्रवरावरविचारः, यथाक्रमदोषघ्नत्वं च	८३
स्थावरस्नेहेषु तिलतैलयोः वैशिष्ट्यम्	८३
एरण्डतैलविशेषगुणाः	८४
संयुक्तनेहनद्रव्याणां पारिभाषिक नामानि	८४
स्नेहार्थं तिलतैलघृतप्रयोग संकेतः	८४
स्नेह महत्वं विविध प्रयोग भेदाश्च	८५
कस्य स्नेहस्य कः कालः	८५
प्रवरावरस्नेहन प्रयोग कालः	८७
तैलसेवनकालो, घृतसेवनकालश्च	८८
सामान्यतः संशमनस्नेहपान कालः	८८
सामान्यतः शोधन स्नेहपान कालः	८८
वातपित्तकफदोषानुसारं स्नेहपान कालः	८९
विपरीतकाले स्नेहपानजन्योपद्रवाणां वर्णनम्	८९
स्नेहपाने कोष्ठविचारः	९१
उत्तमस्नेहमात्रा प्रयोगस्थलानि	९२
उत्तम स्नेह मात्रा पानगुणाः	९४
त्रिविध स्नेह मात्रा फलानि	९४
दोष कालवयोवह्निबलानुसारिणी स्नेहमात्रा	९४
उत्तममध्यमह्रस्वस्नेहमात्रा वर्णनम्	९५
अच्छस्नेहनस्य प्रयोगकाल विचारः	९६

	पृष्ठाङ्काः
मध्यम स्नेहमात्रा प्रयोग स्थलानि तत्र युक्तिश्च	९७
ह्रस्वस्नेह मात्रा प्रयोगस्थलानि	९८
ह्रस्वस्नेहमात्रापान गुणाः	९८
अच्छपान स्नेहमात्रा कालयोः संकेतः	१००
अज्ञातकोष्ठे पुरुषे कनीयस्याः स्नेहमात्रायाः प्रयोग निर्देशः	१००
चतुर्विंशतिस्नेह प्रविचारणोदाहरणानि	१०५
त्रिषष्टिरसभेदेन प्रविचारणाया उदाहरणानि	११०
सात्म्यदेशकालव्याधि प्रभृति सापेक्षः प्रविचारणाप्रयोगः	१११
अच्छपेय स्नेहे तु विचारणाभावः	१११
स्नेहस्य अच्छपानगुणमहत्त्वम्	११२
प्रविचारणा केभ्यो हिता, इति वर्णनम्	११२
स्नेह्यानां वर्णनम्	११३
कुष्ठादिरोगविशेषे स्नेहन योगः	११५
घृतपानं केभ्यो हितम्	११५
वातपित्तकफदोषानुसारं घृत प्रयोग भेद वर्णनम्	११६
स्नेहने तैलपानं केभ्यो हितम्	११६
स्नेहने वसापानं केभ्यो हितम्	११७
स्नेहने मज्जपानं केभ्यो हितम्	११८
अस्नेह्यानां वर्णनम्	११९
अच्छपान निषेध स्थलानि	१२२
आत्ययिकदशायां घृत तैल प्रयोग संकेतः	१२२
नियम विपरीत स्नेह प्रयोगे हानि संकेतः	१२३
स्नेहनादिकर्मणः प्रारम्भात् प्रागेव तदुपकरण संभारसंग्रहावश्यकता	१२४
स्नेहपानात्पूर्वं पथ्यम्	१२४
त्वरिताधिक स्नेहपान निषेधः	१२५
अतिमात्र स्नेहपाने दोषाः तत्र चिकित्साक्रमश्च	१२५
स्नेहपान क्रमः	१२६
सम्यक् स्निग्ध लक्षणम्	१२७
अतिस्निग्धलक्षणम्	१२७
अस्निग्धलक्षणम्	१२८
स्नेहजीर्ण-स्नेहाजीर्ण लक्षणानि	१२९
स्नेहपानोत्तरं वमनकालनियमस्तत्र पथ्यं च	१३०
स्नेहपानोत्तरं पथ्यापथ्यः	१२९
स्नेहपानोत्तरं विरेचन काल नियमस्तत्र पथ्यं च	१३१
स्नेह मिथ्योपचारात् दारुण रोगभयम्	१३१
सामे पित्तेकेवलसर्पिपानात् व्यापत्तिः	१३२
मिथ्याचारात् ज्वरोपद्रव संकेतः तत्र लंघन विधानं च	१३३
अतिस्निग्धोपद्रवाः	१३३
सामान्य चिकित्सोपक्रमः	१३३
मिथ्याप्रयुक्तस्नेहोपसर्ग भूततृष्णायाः सम्प्राप्तिस्तत् चिकित्सा सूत्रं च	१३४
मूर्धतैल विधिः तस्य भेदाः प्रयोग स्थलानि च	१३६
मूर्धतैलधारण सामान्य गुणाः	१३७
स्नेहने कतिचिद् विरुक्षणीय व्याधि संकेतः	१३८

	पृष्ठाङ्का
अग्निसंयोगकृत चतुर्विध स्वेद भेदाः	१७७
दोष विशेषे स्वेद चतुष्टयानां विषय निर्देशः	१७८
ताप स्वेद वर्णनम	१७८
तापस्वेदोपकरणानि	१७८
बालकस्य अवस्था विशेषे हस्त-स्वेदपटस्वेदादिविधानम्	१७९
उपनाह स्वेद वर्णनम्	१८०
उपनाह शब्दस्यनिरुक्तिः परिभाषा च	१८०
उपनाहस्वेदद्रव्य प्रयोगः	१८०
उपनाहस्वेद द्रव्याणि	१८३
काकोल्यादिगणः	१८३
एलादिगणः	१८४
सुरसादिगणः	१८४
उपनाहस्वेदे बन्धमोक्षविधि भेदः	१८६
उपनाहस्वेदस्य प्रकारान्तरेण बन्धनविधि वर्णनम्	१८६
उपनाहे साल्वण स्वेद वर्णनम	१८८
द्रव स्वेद भेदाः	१९०
अवगाह स्वेदानां परिषेकस्वेदानांच वर्णनम्	१९०
द्रवस्वेदवर्णनम् तत्र परिषेक स्वेदः	१९१
द्रवस्वेदोपकरणानि स्वेदनविधिश्च	१९२
ऊष्मस्वेदस्य विविध प्रकाराणां वर्णनम् स्वेदविधिश्च	१९३
उष्मस्वेद भेदाः	१९४
दशविधं अनग्निस्वेदनिरूपणम्	१९८
अनुपवास्याः	२०२

	पृष्ठाङ्का
केचिदातुराश्चप्युवासार्हाः	२०२
प्राणाविरौधिना लङ्घनोपदेशः	२०३
कुत्र अनग्निस्वेदः कर्तव्यः	२०५
स्वेदन द्रव्यगुणाः, लक्षणम्	२०६
विविधस्वेदोपयोगी द्रव्याणिः	२०७
स्वेदोपगद्रव्याणि दशेमानि	२०६
प्रदेहस्वेदोपयोगी द्रव्याणि	२०७
प्रस्तर स्वेद द्रव्याणि	२०७
चतुर्विध स्वेदोपयोगि द्रव्याणि उपकरणानि च	२०७
श्लैष्मिकरोगिभ्यः स्वेदसामग्री संकेतः	२०८
स्वेदनाय घृतक्षीर तैल कोष्ठ प्रयोगः	२०९
स्वेद्यास्वेद्यानाम वर्णनम्	२०९
स्वेद्यानां वर्णनम्	२०९
मुख्य कर्मणः प्राक् पश्चात् आदौ अन्ते च स्वेदन योग्यानां वर्णनम्	२०९
अस्वेद्यानां वर्णनम्	२११
स्वेदनकाले विचारणीय विषयाः	२२१
स्वेदफलप्राप्तये रोगर्तुव्याधितादीनां परीक्षणम्	२२१
बालकस्य शरीरे स्वेदमात्रा प्रयोग भेदे युक्तिः	२२१
हृदयादि शरीरांगविशेषाणां मृदु-स्वेद विधानम्	२२२
सर्वांगस्वेदे नेत्रयोः हृदयस्य रक्षा-संकेत	२२२
स्वेदन समये हृदयोत्क्लेशनिवारणोपचारः	२२३
सम्यक् स्विन्नस्य स्वेदप्रयोगकालावधेश्च वर्णनम्	२२४

	पृष्ठाङ्का
विरूक्षण कर्मणः योगातियोग लक्षणः	१३९
असात्म्यस्नेहोपद्रवाः	१३९
शिरोबस्ति विधि	१३९
सद्यः स्नेहनार्थं योगानां वर्णनम्	१४१
रोग विशेषे सद्यः स्नेहन योग निषेधः	१४५

तृतीयोऽध्यायः

स्वेदन प्रकरणम्	१४८
किन्नाम स्वेदनम्	१४८
स्वेदन शब्दस्य निरुक्तिः	१४९
स्वेदन लक्षणम्	१४९
स्वेदनकर्मणः सामान्यगुणाः	१४९
स्नेहनानन्तरं स्वेदप्रयोगे युक्तिः	१४९
स्नेहोत्तर स्वेदकार्य वर्णनम्	१५०
विविध स्वेद भेदाः	१५१
स्वेदद्वैविध्यम्	१५१
सर्वाङ्गैकाङ्गभेदेन स्वेद प्रयोगः	१५२
डल्हणोक्त द्विविध स्वेदनस्य कार्मुक भेद	१५२
त्रिविध भेदाः	१५२
महान् दुर्बल मध्यम स्वेदवर्णनम्	१५२
तापादि चतुर्विधः स्वेदः	१५३
सप्तविध स्वेदनम्	१५३
बालके अष्टविधस्वेद प्रयोगः	१५३
संकरादि भेदेन त्रयोदश स्वेद-प्रकाराः	१५६
दोषानुसारेण स्वेद निर्देशः	१५६
रुक्षास्निग्धभेदेन स्वेदयोग्यता संकेतः	१५८
साग्नि स्वेदनस्य त्रयोदशविध प्रकाराणाम् वर्मनम्	१५९
पिण्डस्वेद व्यवहारोदाहरणानि	१६०
वातविकारेषु पिण्डस्वेद सामग्री संकेतः	१६०

	पृष्ठाङ्का
कस्य स्नेहस्य किमनुपानमिति प्रश्नस्योत्तरम्	१४६
उष्णजलनिर्माण प्रकारः तद् गुणाश्च	१४७
दोषानुसार स्नेहानुपानानि	१४७
प्रस्तरस्वेद निरूपणम्	१६१
प्रस्तर स्वेदोपयोगी द्रव्याणि	१६२
प्रस्तर स्वेदेऽपि पिण्ड स्वेदसमग्री प्रयोज्या	१६२
नाडीस्वेदनिरूपणम्	१६२
वातविकारेषु नाडीस्वेदयोगः	१६५
वातकफविकारेषु नाडीस्वेद प्रयोगः	१६५
पितानुबन्धी वात विकारेषु नाडीस्वेद संकेतः	१६५
परिषेक स्वेद निरूपणम्	१६६
अवगाह स्वेद निरूपणम्	१६६
द्रोण्याम् अवगाह स्वेदः	१६७
जलावगाहस्वेदः	१६७
कटाहद्वाराऽवगाह स्वेदः	१६८
अवगाह स्वेद विधिः	१६८
जेन्ताकस्वेद निरूपणम्	१६९
नाडीस्वेदद्रव्याणां जलकोष्ठक अवगाहस्वेदेऽपि प्रयोगनिर्देशः	१७१
अश्मघनस्वेदनिरूपणम्	१७१
भूस्वेदनिरूपणम्	१७२
कर्षूस्वेदनिरूपणम्	१७२
कुटीस्वेद निरूपणम्	१७३
कुम्भीस्वेद निरूपणम्	१७५
कूपस्वेद निरूपणम्	१७६
होलाक स्वेद निरूपणम्	१७६

	पृष्ठाङ्क
मन्द स्विन्न लक्षणानि तत्र चिकित्सा च	२२५
अतिस्विन्न लक्षणम् तस्य चिकित्सा च	२२५
स्वेदनान्ते आहार-विहारादि वर्णनम्	२२८

चतुर्थोऽध्यायः

संशोधन-प्रकरणम्	२३०
ऊर्ध्वाधः शोधन भेदेन वमन विरेचन संकेतः	२३०
दोष निर्हरणे वमन विरेचनयोः महत्व सूचनम्	२३१
संशोधनस्य महत्वम्	२३२
संशोधन द्रव्य (परिभाषा) लक्षणम्	२३२
संशोधन-योग्यायोग्यानाम् वर्णनम्	२३३
संशोधन योग्याः	२३३
संशोधन अयोग्याः	२३३
वमन विरेचने श्रेष्ठ द्रव्य संकेतः	२३४
षट् शोधनार्थाः वृक्षाः	२३४
अर्क क्षीर गुणाः	२३५
शोधनद्रव्याणां कामुंकत्वम्	२३५
वमन विरेचन द्रव्याणां रसवीर्य विपाकप्रभावादि विचारपूर्वकं तत्तदनुपानादि भेदेन षड्विरेचन योगशतानां संकेतः	२३७
ऊर्ध्वाधः शोधन द्रव्याणां यथायथं विरेचकत्वे वामकत्वे च युक्ति विचारः	२३९
उभयतोभागहर भेषजानि	२४१
कल्पस्थाने प्रोक्तानां वमनविरेचन योगानां षट्शतानि	२४१
यथावश्यकासंख्ययोगकल्पना संकेतः	२४२
चिकित्सा सिद्ध्यर्थं वमन विरेचन विविध कल्पज्ञानस्यावश्यकता	२४२
संशोधन प्रधानद्रव्येन सह विरुद्ध वीर्याप्रधानद्रव्य संयोगे युक्तिः	२४५
मुख्यद्रव्यानुसारं योगनामकल्पनायां तथा प्रधानद्रव्य गौणद्रव्ययोः परस्परं सहायकत्वे युक्तिश्च	२४६
प्रयोजनानुसारं तीक्ष्णमन्दमध्य कार्यकर भेषज योग कल्पना संकेतः	२४७
मध्य मृदुवीर्य भेषजयोग प्रयोग स्थल संकेतः	२४७
तीक्ष्णवीर्य भेषजयोग प्रयोगस्थल संकेतः	२४७
शोधितदुर्बलेऽपरिज्ञात कोष्ठे च मृदुशोधकद्रव्य प्रयोगः	२४७
शोधनद्रव्यकल्पनानिर्देशः	२४८
दुर्बले बहुदोषे रुग्णे शोधन निर्देशः	२४८
आशय भेदेन शोधनम्	२४९
दोषानुसार संशोधनयोग्यावस्था संकेतः	२४९
संशोधन योग्य काल निर्देशः	२५६
यथर्तु द्रव्य सेवन फलम्	२५१
मलशोधनकाल विचारः	२५१
शोधन कर्मणि स्नेह स्वेदयोः प्रयोगकाल संकेतः	२५३
स्नेहस्वेदौ विनाशोधने विकारोत्पत्तौ युक्तिः	२५३
संशोधने क्रम निर्देशः	२५४
स्नेहस्वेदानन्तरंसंशोधनविधानम्	२५४

	पृष्ठाङ्क
दोष संशोधन काले ब्रह्मचर्य पालने युक्तिः	२५५
वमन विरेचनकर्मणः प्राक् दोषो क्लेशक भोजन संकेतः	२५५
वमनात् प्राक् कफोत्क्लेशावस्थायां विरेचनात् प्राक् कफ न्यूनतावस्यकतायां युक्तिः	२५५
वमनात् प्राक् तथा वमनादनंतरं प्रयोज्य विरेचनात् प्राक् च कर्तव्य विधि संकेतः	२५६
वमनविरेचनयोः पूर्व दिने पथ्य पालन संकेतः	२५७
शोधन भेषज प्रयोगकाले मानस शान्त्यावश्यकता	२५८
वमनविरेचन कर्मणि विशेषदशायां कर्तव्यम्	२५८
शोधनौषध प्रयोगक्रमः	२६१
दोषानुसार वमनविरेचन भेषजपान संकेतः	२६१
अवस्थाविशेषे मृदु स्वल्पमात्र भेषज योगे युक्तिः	२६१
शोधन भेषज मात्रा निर्देशः	२६२
मध्यबले साधारणतः शोधन भेषज मात्रा संकेतः	२६२
प्रस्थमानम्	२६२
स्नेहनोत्तर शोधन प्रयोग काल मर्यादा तत्र कर्तव्यानि च	२६३
शोधन भेषज जीर्णता लक्षणानि	२६३
शोधन भेषज सावशेषता लक्षणानि	२६४
वमनविरेचनादीनां प्रयोगादनन्तर निःसृतमलमात्रादि ज्ञान द्वारा उत्तम शुद्ध्यादि ज्ञान संकेतः	२६४
वमने विरेचने च दोषाणां यथाक्रम निर्गम ज्ञानम्	२६६
संशोधनार्थं सम्यक् योगः कदा कल्पते सम्यक् शुद्धि लक्षणानि च	२६६
संशोधन भेषजानां योगातियोगा योगलक्षणानि	२६७
वमन विरेचनातियोग विपर्ययः	२६७
अतियोग वर्णनम्	२६९
शोधन भेषजस्य अयोग लक्षणानां कारणम्	२६९
अयोगावस्थायां पुनः औषधपान निर्देशः	२७०
अतियोग कारणानाम् वर्णनं तत्र जातानां उपद्रवाणां वर्णनं तेषां चिकित्सा विशेषश्च	२७१
वमनविरेचने अतियोगोपद्रव सन्तापारुचितृष्णा शमनाय दध्यारनालादि प्रलेपः	२७२
अयोग कारणविशेषे चिकित्सा विशेष वर्णनम्	२७३
वमन विरेचन भेषजस्य अयोगे चिकित्सा क्रमः	२७३
वेगानां अयोग लक्षणानि	२७४
अयोग लक्षणे चिकित्सासूत्रम्	२७४
वमनविरेचनायोगजनक कारण संकेतः तदुपद्रव चिकित्सासूत्रं च	२७४
वमनातियोग लक्षणानि चिकित्सा च	२७६
संशोधनानन्तरं पेयादि संसर्जन क्रमवर्णनम्	२७८

पृष्ठाङ्का

शोधनचिकित्सानन्तरं प्रायः प्रयोज्यानां आहारद्रव्याणां संकेतः २७९

लङ्घनादिद्वाराजाठराग्निमन्दतायामपि पेयादिक्रमप्रयोग सूचनम् २८०

अवस्थाविशेषे पेयादिकमपवादः तर्पणप्रयोगश्च २८०

शोधन प्रक्रियायां प्रसङ्गात् पेयादि प्रयोगक्रमवर्णनम् २८१

शोधनातियोगेऽपि पेयादिक्रम पालनावश्यकता २८३

शोधनोपक्रमजन्य कायाग्निमन्दता तत् सन्धुक्षणे युक्तिश्च २८३

संसर्जनक्रमस्त एक द्वित्रिवारं प्रयोगे युक्तिः २८४

संशोधनोत्तरं संसर्जनक्रमे मधुरादिरसानां यथायथं क्रमशः प्रयोगे युक्तिः २८५

निः सारितमलपरिमाणानुसारं हीन मध्य उत्तम शोधन परिकल्पनं तदनुसारं यवागू परिमाण विधानं च २८५

यवागू प्रयोगानन्तरं विलेपी कृताकृययूषयोः यथाक्रमं प्रयोग विधानम् २८६

शोधन कर्मणि सद्वैद्यस्य सुखहेतुत्वम् २८८

शोधनकर्मणि मूर्ख वैद्यस्य दुःख हेतुत्वम् २८९

पुनः पुनः शोधनप्रयोग संकेतः १२९

वमन विरेचन प्रयोग सफलतायाः अभावे पुनः शोधक भेषज प्रयोग संकेतः २९०

पृष्ठाङ्का

क्वचित् शोधकभेषज प्रयोगे स्तब्धदोषावस्थायां स्वेदन प्रयोग सूचनम् २९०

आम विरेचन प्रयोग पाक काल विचारः २९०

पुनः पुनः वमनविरेचनौषध प्रयोग निषेधा २९१

शोधननन्तरम् अल्पावशिष्ट दोष शेष शमनाय संकेतः २९१

क्वचित् सम्यक् शोधनं विनैव भैषज जीर्णतायां द्वितीय दिने पुनः शोधक भेषजपान सूचनं तथा दुर्बल शरीरे मृदु शोधन भेषज योग सूचनम् २९२

शोधन भेषजानाम् अयोगात् अतियोगाच्च जायमानानां दश व्यापदां नामानि तत्र कारण संकेतश्च २९२

शोधन भेषज व्यापत्ति कारणानि २९७

शोधन भेषजजन्यस्याध्मानोपद्रवस्य सम्प्राप्तिः तत्र चिकित्सा सूत्रं च २९७

संशोधनोपद्रवस्य परिकर्तिकारूपस्य सम्प्राप्ति वर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च २९९

परिकर्तिकानन्तरं आमानुबन्ध शमनार्थं चिकित्सा सूत्रम् ३००

वमने जायमानस्य शुष्कोद्गाररूपस्योपद्रवस्य विरेचने जायमानस्य प्रवाहिका रूपस्योपद्रवस्य वर्णन तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३०१

पृष्ठाङ्का

प्रवाहिका-परिस्राव- परिकर्तिका व्यापचिकित्सा निर्देशः ३०२

ग्रथितत्व पाक गौरव व्यापत्सूचनम् तस्य चिकित्सा च ३०२

शोधनोपद्रवस्य परिस्रावरूपस्य सम्प्राप्तिवर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३०४

धातुस्राव व्यापत्सूचनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३०५

संशोधनोपद्रवस्य जीवादानरूप रक्तक्षय सम्प्राप्ति वर्णनं विकृतरक्तज्ञानोपायाः, तथा तदुपद्रवाणां वर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३०९

संशोधनोपद्रवस्य गुदभ्रंशस्य सम्प्राप्तिः तदुपद्रवाणां वर्णनं चिकित्सा सूत्रं च ३११

संशोधनोपद्रवस्य मलस्तम्भस्य सम्प्राप्तिकोपद्रवाणां वर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३१२

संशोधनोपद्रवस्याङ्गमर्दस्य सम्प्राप्ति वर्णनं तदुपद्रवाणां वर्णनं तत्र चिकित्सा च ३१४

रूक्षसंशोधनजन्योपद्रवाणां वर्णनम् तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३१४

अयोगजव्यापत् वर्णनम् चिकित्सा सूत्रं च ३१५

वमनविरेचनायोगे उपक्रमः ३१६

अतियोगजव्यापच्चिकित्सा ३१७

तत्रोपक्रमसूत्रम् ३१९

वमन विरेचनातियोगोपद्रवानाम् सामान्य चिकित्सा सूत्रम् ३२१

पृष्ठाङ्का

वमनविरेचनयोः (अनुत्पाद्यैव-वेगं) जीर्णावस्थायां जायमानानां उपद्रवाणां वर्णनं तत्र-चिकित्सासूत्रं च ३२१

संशोधनोपद्रवस्य क्लमरूपस्य सम्प्राप्तिः चिकित्सा सूत्रं च ३२२

संशोधन काले ब्रह्मचर्य परित्यागे जायमानाः व्यापदः ३२२

अपक्वमलानां शोधने जायमानोपद्रवाणां संकेतः ३२२

रूक्ष संशोधनजन्योपद्रवाणां वर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३२३

अस्निग्धास्विन्नस्य वमन विरेचन प्रयोगात् जायमानस्य वातशूलो प्रद्रवर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३२३

वमन विरेचनयोः भेषजस्य अल्पयोगावस्थायां केवलं दोषोत्क्लेशजन्यानां उपद्रवाणां वर्णनम् तत्र यथायथं चिकित्सा सूत्रं च ३२४

वमनविरेचनयोः सशेषभेषजरूपव्यापदां वर्णनं तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३२५

व्यापदां चिकित्सायां आरोग्यार्थम् आवश्यकता ३२५

वमनस्य कदाचित् अधोगमनरूप व्यापत्ति कारणम् तत्र चिकित्सा सूत्रं च ३२६

पंचमोऽध्यायः

	पृष्ठाङ्का
वमन प्रकरणम्	३२८
वमन परिभाषा	३२८
वमन शब्दस्य निरूक्तिः	३२९
वमन सामान्य गुणाः	३३०
विरेचनात् प्राक् वमन विधानस्य सयुक्तिकं महत्वम्	३३०
वमनयोग्यानां संकेतः	३३२
अवस्थाः	३३५
निषिद्ध वमनानामपि अवस्था विशेषे वमन विधानम्	३३८
वामकद्रव्य निरूपणम्	३४१
दशेमानि वमनोपगानि	३४३
एकोनविंशति प्रयोगस्थलनिर्देशः	३४४
वामकद्रव्याणां प्रयोज्याङ्गनिर्देशः	३४४
वामकगणगुण संकेतः	३४५
वामकद्रव्येषु मधुसैन्धव प्रयोगस्य महत्वम्	३४६
दोष भेदेन वामक द्रव्य संकेतः	३४७
वामकद्रव्येषु मदनफलस्य महत्व सूचनम्	३४९
मदनफलस्य पर्यायः	३४९
मदनफल संग्रहकाल संकेतः	३४९
संग्रहणीय मदनफल संकेतः	३४९
मदनफल संस्कार प्रकारः	३४९
मदनफल बीज रूप पिप्पली संग्रह प्रकारः	३५०
मदन फल पिप्पली सुरक्षा प्रकारः	३५०
मदन फल पिप्पली संस्कारपूर्वक सहपानानुपान भेदेन प्रयोग प्रकाराः	३५१
मदनफल प्रयोग विधिः	३५४
वमनद्रव्याणां पेयलेह्यभोज्यादि रूपेण प्रयोगाय संकेतः	३५५
मदनफलमज्जायाः अनुपान भेदेन विविधाः प्रयोग प्रकाराः	३५६
मदनफल प्रयोगाणां संख्या संकेतः	३५६
पाडवराग इत्यादिभेदेन फलपिप्पली प्रयोग संकेतः	३५७
रक्तपित्तहृद्दाहे च फलपिप्पली प्रयोगः	३५७
बलवत् श्लेष्मप्रसेकग्रन्थिज्वरादिषु प्रयोज्य फलपिप्पलीनां विशेष योगः	३५८
श्लेष्मज्वरादि रोगादिविशेषेषु वामकौषध प्रयोगः	३५९
कफाभिभूताग्नौ शुष्कदेहे च प्रयोज्य फलपिप्पली योगः	३६०
मदनक्वाथस्य सर्वश्लेष्मव्याधिहरत्वम्	३६१
सुकुमाराणां कृते वामको गन्ध योगः	३६२
बालवृद्ध सुकुमाराणां कृते निरुपद्रव वामक योगः	३६३
वामक शष्कुलीकल्प पूपकल्पश्च	३६३
वामकफल पिप्पली गुटिका निर्माण प्रकारः	३६४
वामकफलपिप्पली अवलेह योगः	३६५
उत्कारिका, मोदकरूपेण फलपिप्पली प्रयोग	३६५
वामक द्रव्येषु कृतवेधन प्रयोगः	३६६
कृतवेधन नामानि प्रयोगयोग्याः रोगाश्च	३६६

	पृष्ठाङ्का
कृतवेधन प्रयोगाणां संख्याः (जीमूतकप्रयोग संख्या समानम्)	३६७
कृतवेधनस्य मदनफलवत् नव कषाय योगः	३६७
कृतवेधनस्य त्रयोदश कषाय योगाः	३६७
कृतवेधनस्य दशपिच्छा योगाः	३६८
कृतवेधनस्य मदनफलवत् षट्वर्तिक्रिया योगाः तथा कृतवेधन फलस्यमदनफलस्य मदनफलवत् एको घृत योगः	३६८
कृतवेधनफलस्य अष्टौ अवलेह योगाः	३६९
कृतवेधनस्य सप्तमांसरस योगाः	३६९
कृतवेधनस्य एका इक्षुरस योगा	३७०
कृतवेधन योगानां संख्या सूचनम्	३७०
कुटजफल वामक प्रयोगाः	३७१
वत्सक भेदाः नामपर्यायाश्च	३७१
वत्सक प्रयोगस्थलानि	३७१
वत्सक चूर्ण योगाः	३७२
वत्सक प्रयोग संख्या सूचनम्	३७३
जीमूतक नामानि	३७३
जीमूतक सामान्य गुणाः	३७३
जीमूतकस्य अंगप्रत्यंगानां सहपानानुपानभेदेनप्रयोग प्रकारः	३७४
रोगविशेषे जीमूतकासव प्रयोगः	३७६
पित्तश्लेष्मज्वरे अनुपान भेदेन जीमूतकस्य विविधाः प्रयोगाः	३७७
मदनफलकल्पप्रोक्तमात्रा भेदेन प्रयोज्या जीमूतकस्य अष्टौ प्रयोगाः	३७७
वातपित्तज्वरे जीमूतकस्य अनुपान भेदेन चत्वारो योगाः	३७७
जीमूतकस्य घृत योगः	३७७
दोषानुसार जीमूतकफलचूर्णकल्प	३७८
जीमूतक योगसंग्रह श्लोकः	३७८
इक्ष्वाकु पर्याय नामानि	३७८
इक्ष्वाकु प्रयोग योग्याः	३७८
कफज्वरे इक्ष्वाकु साधित क्षीर योगः	३७९
चत्वारः क्षीर योगाः	३८०
कफनाशक इक्ष्वाकु फल स्वरस प्रयोग	३८०
इक्ष्वाकुसाधित दधि योगः	३८०
इक्ष्वाकु बीज साधित क्षीर प्रयोगः	३८१
इक्ष्वाकु फल तक्र योगः	३८१
इक्ष्वाकु फलरसपुष्पभावित घृत योगः	३८२
इक्ष्वाकुफलमध्य प्रयोगः तथा इक्ष्वाकुफलबीज तैल सिद्ध घृत योगः	३८२
इक्ष्वाकुफलबीजानां क्रमवृद्धया मदनफलादि कषायानुपान भेदेन षड्योगाः	३८३
इक्ष्वाकुबीज प्रयोगः	३८३
इक्ष्वाकु बीजानां मात्रा योगाः	३८३
इक्ष्वाकु फलबीजावलेह पञ्च योगाः	३८४
इक्ष्वाकुफलबीजसक्तु मन्थ योगः	३८५
इक्ष्वाकुफल कल्क मांसरसानुपान योगः	३८५
इक्ष्वाकुफलस्य योगसंख्या	३८६
धामार्गव पर्यायाः	३८६

	पृष्ठाङ्क
धामार्गव प्रयोज्य रोगाः	३८६
धामार्गवस्य प्रयोज्यांगप्रत्यंगानि	३८७
धमार्गवपत्रस्वरसप्रयोगः	३८७
धामार्गवपुष्पादियोगः सुरायोगाश्च	३८७
धामार्गवस्य पक्वफलबीज प्रयोगः	३८८
धमार्गवसंयुक्तान्न प्रयोगः	३८८
धामार्गवस्य क्षेप योगः	३८८
धमार्गवचूर्ण गुटिका योगाः	३८९
धामार्गवसाधिताः दशलेह योगाः	३८९
धामार्गवस्य विषनाशको योगः	३९०
मनोरोगेषु धमार्गव वमन योगाः	३९०
धामार्गवस्य योग संख्या	३९१
यष्टीमधुकादि वामक योगः	३९१
वमनार्थं ताम्र प्रयोगः	३९२
प्रियङ्ग्वादिकल्क प्रयोगः	३९२
पञ्चकषायः	३९३
कृष्णादिकल्कः	३९३
अंकोलादिवामक योगः	३९४
अश्मन्तक गुणाः	३९४
वामक योगः	३९४
वामकभेषजमात्राप्रमाणं प्रतिपुरुषापेक्षम्	३९५
वमनादौ प्रस्थमानस्य विशेष परिभाषा	३९६
स्नेहस्वेदोत्तरं संशोधन भेषज प्रयोगः रुग्ण सज्जीकरण प्रकारश्च	३९८
वमन कर्मणः पूर्वदिने दोषोक्लेशनावश्यकता	३९९
रुग्णस्य विविधशरीरांगानां वमनानुकूलचेष्टार्थमनुमता परिचारक क्रिया	३९९
वमनकर्मण्युपवेष्टुं समुचितासन विधानम्	४००
स्नेहपानोत्तरं वमनकाल नियमस्तत्र पथ्यञ्च	४००
वमनकर्मणः पूर्वकर्मक्रमः	४००
द्वंदन प्रयोगविधिः	४००
वान्तमलवेगदर्शने वैद्यस्य सावधानताऽऽवश्यकता	४०७
वमनवेगसम्प्राप्तिः	४०७
सम्यक् वमनकालमर्यादा	४०९
वेगानां योगलक्षणानि भेदाश्च	४१०
वमने दोषनिर्गमक्रमः	४१०
सम्यग्वमितलक्षणानि	४१०
असम्यग्वमितलक्षणानि	४१२
वमनाति योगलक्षणानि	४१३
अतियोगायोगोपद्रवाः	४१५
वमनातियोग सामान्य चिकित्सा सूत्रम्	४१६
वमनायोग(हीनवेग) चिकित्सा	४१७
वमनस्यातियोगे सोद्गारमूर्च्छोपद्रव चिकित्सा	४१७
वमनातियोगे निःसृतजिह्वोपद्रव चिकित्सा	४१८
वमनातियोगे अन्तः प्रविष्टजिह्वोपद्रव चिकित्सा सूत्रम्	४१८
वमनातियोगे वाग्ग्रहोपद्रव चिकित्सा	४१८
वमनातियोगोपद्रव व्यावृत्ताक्षि चिकित्सा सूत्रम्	४१९
वमनातियोगे उपद्रवरूप तृष्णा विसंज्ञकता चिकित्सा	४१९

	पृष्ठाङ्क
वमनातियोगे रक्तष्ठीवनोपद्रव चिकित्सा	४१९
निषिद्ध वमनानां वमितेसति उत्पन्नानामुपद्रवाणां निर्देशः	४२०
वमनातियोग दुःसाध्यता लक्षणानि	४२१
वमनोत्तर कर्म	४२१
वमनोत्तरविशेषदिनरात्रिचर्या विधानम्	४२२
वमनोत्तरमासप्तरात्रं पेयादि क्रमः	४२३
पीतस्नेहस्य वान्तस्य वा लघुभोजन काल मर्यादा अपथ्य संकेतश्च	४२५

षष्ठोऽध्यायः

विरेचन प्रकरणम्	४२६
विरेचन शब्दस्य निरुक्तिः	४२६
विरेचन सामान्य गुणाः	४२७
कुत्र विरेचनं हितम्	४२८
वमनोत्तरं विरेचन प्रयोगक्रम वर्णनम	४२९
वमनानन्तरं विरेचन प्रयोगः	४२९
विरेचन योग्याः	४३२
अविरेच्याः	४३४
अवस्थाविशेषे निषिद्धविरेचनेष्वपिमन्दविरेचन विधानं तत्र सावधानतावश्यकता च	४३७
स्नेहविरेचने समशीतोष्णकालव्यवस्था	४३८
स्नेहविरेचनाङ्ग स्नेहपान काल मर्यादा	४३८
विरेचन प्रयोगेषु मध्यकोष्ठ वयोबलविचारानुसारं मात्रा निर्देशः	४३८
अतिस्निग्धस्य स्नेह विरेचन निषेधे युक्तिः	४४०
क्रूरकोष्ठस्य सम्यग्विरेचनाय दशदिन पर्यन्तं मलोत्क्लेशक स्नेहन स्वेदन विधानम्	४४३
अविज्ञातकोष्ठस्य मृदुविरेचने युक्तिः	४४४
अतितीक्ष्णस्यापि शोधकस्यौषधस्य कदाचित् न सम्यक् विरेचकत्वे कारणानां निर्देशः	४४४
विरेचन प्रयोगात् पूर्व दिने तथा अपरेऽह्निकर्तव्यम्	४४५
वमनानन्तर विरेचनात् प्राक् आस्थापन विचारः	४४५
कतिपय रोगेषु विरेचनात् प्राक् स्नेहन प्रयोग निषेधः	४४६
स्नेहविरेचनस्य रूक्षविरेचनस्य च प्रयोगस्थलानि	४४६
दुर्बलस्य मृदुविरेचन योगदाने युक्तिः	४४७
स्नेह सात्म्यस्य किंचिद्विरूक्षण पूर्वकं स्नेहनोत्तरं विरेचन विधान म्	४४७
हिन्दी व्याख्या—चिकित्सा के प्रमुख दो उपक्रमों का वाग्भट ने वर्णन किया है, इनमें प्रथम 'अपतर्पण' तथा द्वितीय को 'सन्तर्पण' चिकित्सा कहा गया है। लंघन एवं बृंहण भी इन्हीं के पर्याय हैं।

वक्तव्य—प्रायः आमप्रदोषज व्याधियों में तथा सन्तर्पणोत्थ और अपतर्पणोत्थ व्याधियों में इन दोनो उपक्रमों का क्रमशः उपयोग होता है। चरक संहिता सू०अ० २२ में जिन षड्विधोपक्रमों का वर्णन किया गया है उनका भी इन्हीं दो उपक्रमों में अन्तर्भाव हो जाता है यथा—बृंहण, स्नेहन और स्तम्भन का संतर्पण में तथा लंघन, स्वेदन और रूक्षण का अपतर्पण में।

बृंहणलंघनपरिभाषा

बृंहणं यद् बृहत्वाय लंघनं लाघवाय यत् ॥
देहस्य भवतः प्रायो भौमापमितरच्च ते ।

अ० सं० सू० २४।४
अ० हृ० सू० १४।१-२

बृंहण—इसे सन्तर्पण भी कहते हैं। जिस कर्म से शरीर के मूलभूत उपादान पुष्ट होते हैं उसे बृंहण कर्म कहा जाता है। बृंहण-द्रव्य पृथ्वी और जलमहाभूत भूयिष्ठ होते हैं।

लंघन—इसे अपतर्पण और कर्षण भी कहा जाता है। जिस कर्म से शरीर में लघुता उत्पन्न होती है उसे लंघन कहा जाता है। लंघनद्रव्य अग्नि, वायु और आकाश महाभूत-भूयिष्ठ होते हैं।

वक्तव्य—चरक संहिता में षड्विधोपक्रम का वर्णन किया है। वाग्भट ने इन सभी का द्विविधोपक्रम में ही अन्तर्भाव कर दिया है। यथा—

स्नेहनं रूक्षणं कर्म स्वेदनं स्तम्भनं च यत् ।
भूतानां तदपि द्वैध्याद् द्वितयं नातिवर्तते ॥

अ० सं० सू० अ० २४।५
अ० हृ० सू० अ० १४।३, ४ क

१. अष्टाङ्ग संग्रह में द्वैविध्यात् पाठ आया है।

हि० व्या०—यद्यपि स्नेहन और रूक्षण तथा स्वेदन और स्तम्भन कर्म भी चिकित्सार्थ पृथक् उल्लिखित है। तथापि सभी महाभूत आग्नेय और सौम्यरूप दो भागों में विभक्त होने से सभी कर्म बृंहण और लंघन से पृथक् नहीं है यथा—स्नेहन और स्तम्भन सौम्य होने से बृंहण में तथा रूक्ष और स्वेदन आग्नेय होने से लंघन में अन्तर्भावित हो जाते हैं।[1]

लङ्घनचिकित्साभेदौ

शोधनं शमनं चेति द्विधा तत्रापि लङ्घनम् ।

अ० सं० सू० २४।६
अ० हृ० सू० १४।४

हि० व्या०—लंघन चिकित्सा भी दो प्रकार की है। (१) शोधन और (२) शमन

किंनाम संशोधनम्

शोधनपरिभाषा, पञ्चविधत्वं च :—

यदौरयेद्बहिर्दोषान् पञ्चधा 'शोधनं' च यत् ॥

अ० हृ० सू० अ० १४।६ (क) अ० सं० सू० २४।७ क

यदौषधं दोषान् वातादीनन्तः स्थितान् बहिरीरयेत् क्षिपेत्तच्छोधनम्। तच्च पञ्चधा पञ्चविधम् ॥ अरुणदत्तः ॥

तथा भेदकथनार्थमिदमाह-यदौषधं बहिर्दोषान् अन्तः शरीरस्थानीरयेत् प्रेरयेत् विद्यात्तच्छोधनम्। तच्च पञ्चधा पञ्चप्रकारं निरूहादिभेदेन ॥

चन्द्रनन्दनः ॥

हि० व्या०—उस उपक्रम को शोधन कहा जाता है जिससे दोष, धातु एवं मलों आदि के विकारी भावों को शरीर से बाहर निकाला जाता है। यह पांच प्रकार का है।

स्थानाद्बहिर्नयेदूर्ध्वमधो वा मलसंचयम् ॥
देहसंशोधनं तत्स्याद्देवदालीफलं यथा ।

शा० पू० ख० अ० ४ भावप्रकाश प्र० ख० मिश्रवर्ग श्लो० २२९

स्थानादिति। यद्द्रव्यं प्रकुपितस्थानात् मलसंचयं दोषादीनां स्वस्थानादूर्ध्वमधो वा बहिर्नयेत् बहिः करोति तद्देहे शरीरे शोधनं कथितम्। यथा देवदालीफलम्। देवदाली वल्लीसंज्ञा। ऊर्ध्वं मुखनासिकाभ्यामधः पायुमेढ्रमार्गेण। देहग्रहणेन शोणितावसेचनमपि गृह्यते शोधनत्वात्। यतः शोधनं

१. यद्यपि चरके (लङ्घनं बृंहणं काले रूक्षणं स्नेहनं तथा। स्वेदनं स्तम्भनं चैव जानीते यः स वै भिषक्) च० सू० २२।४ षड्विधोपक्रमाः अपि वर्णिताः परन्तु तेषामपि उपक्रम-द्वय एवं अन्तर्भावः।

द्विविधमाचक्षते बहिराश्रयमभ्यन्तराश्रयं च । तत्र बहिराश्रयं शस्त्रक्षाराग्नि-प्रलेपादयः । अभ्यन्तराश्रयं तु चतुःप्रकारं वमनरेचनास्थापनशोणितमोक्षणानि । एके शिरोविरेचनं मन्यन्ते । तच्चात्र वमनान्तर्भूतं बोद्धव्यम्, ऊर्ध्वशोधनत्वात् ॥ आढमल्ल ॥

हि० व्या०—जिस क्रिया द्वारा दोषों (रोगोत्पादक दोषधातुमलों) को शरीर से बाहर निकाला जाता है उसे शोधन कहा जाता है। आचार्य शार्ङ्गधर ने मल रूप दोषों को बाहर निकालने के लिए ऊर्ध्व और अधः मार्ग का उल्लेख करते हुए संशोधन को स्पष्ट कर दिया है:—यथा देव दाली फल ॥

वक्तव्य वाग्भट की शोधन परिभाषा अत्यन्त व्यापक एवं युक्तियुक्त है। जो भी कर्म शरीर स्थित दोषों को बाहर निकाले वह शोधन है। यहाँ दोष शब्द से केवल, वातपित्त कफ का ग्रहण न करके, शरीर स्थित, रोगोत्पादक दोष, धातु, मलों का ग्रहण करना चाहिए क्योंकि कोई भी रोग, इन्हीं के विकारस्वरूप ही उत्पन्न होगा। अब आगे इन्होंने जिस पाँच संख्या का निर्देश किया है वह विशेष नियम है। सामान्यतया कोई भी कर्म शरीरस्थित दोषों को शोधित करने में सहायक हो सकता है। हमारा यहाँ सुविचारित नम्र मत है कि आज चिकित्सा में उपलब्ध वे सभी कार्य, जिनसे शारीरिक एकाङ्ग व सर्वाङ्ग शुद्धि (रोगमुक्ति) होती है वह शोधन परिभाषा के अन्तर्गत आते हैं। जैसे व्रणशोधनार्थ विविधकल्क, कषाय, तैल, शल्यक्रिया, (अश्मरी, गर्भाशय, आन्त्रपुच्छ, पित्ताशय, फुफ्फुस, हृदय, मस्तिष्क, वातनाडीसंस्थान आदि की शल्यक्रियायें) विविध शरीर के अन्तः व बाह्य प्रयोगार्थ शोधन के साधन जैसे मृत्तिका-लेप, उद्वर्तन, कृमिहर द्रव्य-युक्त जल से स्नान आदि। अतः वाग्भट की यह परिभाषा अत्यन्त व्यापक है। आगे जो पंचसंख्या का निर्देशन है वह कालानुसार जो कर्म शोधनार्थ अत्यन्त उपयोगी हों उनका ही प्रयोग निर्दिष्ट करता है। परन्तु वाग्भट ने जो भी कार्य शोधन करे, कहते हुए अन्य कर्मों के समावेश करने का मार्ग प्रस्तुत किया है।

पञ्चविधशोधनोदाहरणानि

निरूहो वमनं कायशिरोरेकोऽस्रविस्रुतिः ॥ ८ ॥

अ० हृ० सू० १४। अ० सं० सू० २४।१

निरूहो बस्तिस्तथा वमनं तथा कायविरेकः शिरोविरेकश्च तथाऽस्रविस्रुती रक्तस्रावश्चेति पंचधा शोधनम्। सर्वशरीरस्य शिरःप्रभृतेरधो मलनिर्हरणं यत्सकायविरेकशब्देनोच्यते। यत्तु केवलं शिरःसंज्ञकस्य शरीरावयवस्य घ्राणेनोर्ध्वमलनिर्हरणं स शिरोविरेकः ॥ अरुणदत्तः ॥

तत्र निरूहत्वात्स्थापनं गुदप्रणिधेयमौषधं क्वाथस्नेहादि। वमनं दोषाणामूर्ध्वहरणम्। कायशिरोरेको दोषाणामधोहरणं केवलस्य कायैकदेशस्य शिरःसंज्ञकस्य यन्नासयोर्दूर्ध्वमलनिर्हरणं स शिरोविरेकः। कायत्वेऽपि सति सास्रस्य रक्तस्य शिरादिभिर्निर्हरणमस्रविस्रुतिः ॥ चन्द्रनन्दनः ॥

तत्तु निरूहः, वमनं कायशिरोरेकः, अस्रविस्रुतिरिति पञ्चधा। तच्छोधनं बस्त्यादिभिः पञ्चविधम्। कायरेको विरेचनम्। शिरोरेको नस्यम्। अस्रविस्रुतिः रक्तस्रावः ॥ परमेश्वरः ॥

हि० व्या०—शोधन पाँच प्रकार का होता है।

यथा—निरूहबस्ति, वमन, विरेचन, शिरोविरेचन (नस्य) तथा रक्तमोक्षण

वक्तव्य—यहां सुश्रुत-सम्मत रक्तमोक्षण का समावेश करते हुए बस्ति के लिए निरूह का ही उल्लेख किया है। इसी में अनुवासन को भी अन्तर्भावित कर लिया गया है।

किंनाम संशमनम्

न शोधयति न द्वेष्टि समान्दोषांस्तथोद्धतान्।
समीकरोति विषमाञ्शमनं तद्यथामृता ॥ ३ ॥

शा० पू०ख० ४। भा० प्र० पू० ख० २२३।

न शोधयति यद्दोषान्समान्नोदीरयत्यपि।
समीकरोति विषमान् शमनं·····।

अ० सं० सू० २४।८ अ० हृ० सू० १४।६

हि० व्या०—जिस चिकित्सा द्वारा प्रकुपित दोषों को संशोधन प्रक्रिया द्वारा बाहर न निकाला जाय और समदोषों को बढ़ाया न जाय तथा उत्क्लेशित किये बिना ही विषम दोषों को समान अवस्था में लाया जाय उसे संशमन चिकित्सा कहते हैं यथा-गिलोय का प्रयोग।

·····तच्च सप्तधा।
पाचनं दीपनं क्षुत्तृड्व्यायामातपमारुताः ॥

अ० हृ० सू० १४।६।७

हि० व्या०—शमन उपक्रम सात प्रकार का होता है। पाचन, दीपन, क्षुधा (उपवास), तृषा (जल न पीना), व्यायाम, आतप (धूप-सेवन), और मारुत (वायु-सेवन)।

संशमनचिकित्सापेक्षया संशोधनमहत्त्वे युक्तिः

दोषाः कदाचित्कुप्यन्ति जिता लङ्घनपाचनैः।
जिताः संशोधनैर्ये तु न तेषां पुनरुद्भवः ॥ २० ॥

दोषाणां च द्रुमाणां च मूलेऽनुपहते सति ।
रोगाणां प्रसवानां च गतानामागतिर्ध्रुवा ॥

च० सू० १६ । अ० ह० सू० ४ ।
बंगसेन-शार्ङ्गधर-योगरत्नाकर ॥

समूलदोषापहारकत्वं संशोधनस्य, लङ्घनपाचनयोस्तु दोषापहरत्वे सत्यपि न संशोधनवद्दोषहन्तृत्वमित्याह—दोषा इत्यादि । कदाचिदित्यन्यहेतु-प्राप्त्या । न तेषां पुनरुद्भवः, इति बलवद्दोषकारणत्वं विनेति मन्तव्यम् । उक्तेऽर्थे दृष्टान्तमाह-दोषाणामित्यादि । लङ्घनपाचनाभ्यां रोगकारणीभूतदोष-प्रकोपहरणमात्रे कृते रोगो यो निवृत्तः, स मूलभूताशयव्यवस्थितदोषानुच्छेदा-द्यत्किंचिदनुगुणकालादिप्राप्त्या पुनः कुपितदोषेण भवतीति भावः ॥

चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—लंघन और पाचन औषधों के द्वारा जिन दोषों की चिकित्सा की जाती है वे कभी-कभी अल्प कारणों से भी पुनः प्रकुपित होकर रोगों को उत्पन्न करने में सहायक होते हैं किन्तु संशोधन चिकित्सा द्वारा जब दोषों का निर्हरण कर दिया जाता है तब पुनः उनकी उत्पत्ति नहीं होती । इसलिए संशमन की अपेक्षा संशोधन-चिकित्सा की अधिक महत्ता है । उदाहरण के लिए वृक्ष के नष्ट हो जाने पर भी यदि उसका मूल शेष है तो कुछ समय पश्चात् उसमें पुनः हरापन आ जाता है । उसी प्रकार यदि प्रकुपित दोषों को समूल नष्ट न किया जाय तो उनसे पुनः रोगोत्पत्ति हो जाती है । अतः दोष और वृक्ष इन दोनो को समूल नष्ट न किया जाय तो इनका पुनः उत्पन्न होना अवश्यम्भावी है ।

वक्तव्य—जिस प्रकार वृक्ष को समूल नष्ट न किए जाने पर पोषण एवं उपयुक्त काल (वसन्तादि ऋतु) आने पर पुनः पल्लवित हो जाना सम्भव है, उसी प्रकार प्रकोपक कारणों का प्रश्रय मिलते रहने एवं तत्-तत् दोषों के प्रकोप काल में प्राकृत प्रकोप से अधिक प्रकुपित होते हुए दोष रोगोत्पत्ति में पुनः कारण बन जाते हैं । अतः संशमन से संशोधन-चिकित्सा का अधिक महत्व है । काश्यप ने तो बालरोगों में भी संशोधन करने पर बल दिया है:—

दोषाणामाशयो धात्री भूधरः सरिता (मिव) ॥
... ...
... रोभूतो दोषो बालं प्रबाधते ॥
तयोः संशोधनमृते न शान्तिरिति धारणा ।

(का० सि० ३)

हि० व्या०—जिस प्रकार पर्वत नदियों के उद्गम स्थान होते हैं उसी प्रकार धात्री बालक के दोषों का कारण होती है । प्रकुपित हुए दोष धात्री से स्तन-पान-द्वारा बालक में पहुँचकर उसे बाधा पहुँचाते हैं (रुग्ण करते हैं) अतः उन दोषों का संशोधन किये बिना बालक के रोगों की उपशान्ति नहीं हो सकती ऐसी निश्चित मान्यता है ।

यथाकालं संशोधनप्रयोगफलानि

एवं विशुद्धकोष्ठस्य कायाग्निरभिवर्धते ।
व्याधयश्चोपशाम्यन्ति प्रकृतिश्चानुवर्तते ॥
इन्द्रियाणि मनोबुद्धिर्वर्णश्चास्य प्रसीदति ।
बलं पुष्टिरपत्यं च वृषता चास्य जायते ॥
जरां कृच्छ्रेण लभते चिरं जीवत्यनामयः ।
तस्मात्संशोधनं काले युक्तियुक्तं पिबेन्नरः ॥

च० सू० १६ ।१७-१९

हि० व्या० – उपयुक्त समय पर संशोधन (वमन-विरेचन) से मनुष्य का कोष्ठ शुद्ध हो जाता है, जाठराग्नि प्रदीप्त हो जाती है, रोग शान्त हो जाते हैं, प्रकृति ठीक हो जाती है अर्थात् वातादि दोष एवं दूष्य प्रकृतिस्थ हो जाते हैं । इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि एवं वर्ण (कान्ति) विमल हो जाते हैं । शरीर में बल एवं पुष्टि होती है । सन्तानोत्पादन-शक्ति में वृद्धि होती है । मैथुन-सामर्थ्य बढ़ जाती है । वृद्धावस्था शीघ्र नहीं आती है । मनुष्य चिरकाल तक स्वस्थ रहता है । अतः संशोधन का सेवन उचित समय पर युक्तिपूर्वक करना चाहिए ।

संशोधनगुणनिर्देशः

मलापहं रोगहरं बलवर्णप्रसादनम् ।
पीत्वा संशोधनं सम्यगायुषा युज्यते चिरम् ॥

च० सू० १५।२२

हि० व्या०—संशोधन प्रक्रिया, दूषित वात, पित्त, कफ, मल-मूत्र-पुरीष को शरीर से बाहर निकालती है । रोगों को नष्ट करती है । बल को बढ़ाती है । वर्ण कान्तिमान् होता है । भली प्रकार संशोधन औषध का सेवन करने से मनुष्य की आयु बढ़ती है और चिरकाल तक स्वस्थ होकर जीवन यापन करता है ।

शोधनवृक्षाः

अथापरे त्रयो वृक्षाः पञ्चमे फलमूलिभिः ।
स्नुह्यर्कश्चिन्तकास्तेषामिदं कर्म पृथक्-पृथक् ॥

वमनेऽश्मन्तकं विद्यात् स्नुहीक्षीरं विरेचने।
क्षीरमर्कस्य विज्ञेयं वमने विरेचने॥

च० सू० १।११५-११६

फलमूलिभिरिति पृथक् शब्दयोगादपादाने तृतीया। अश्मन्तको-मालुया-सदृशपत्रो वृक्षः॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—शोधन कर्म में प्रयोग किये जाने वाले तीन वृक्ष

यहाँ उन तीन वृक्षों का उल्लेख किया गया है जो कि मूलिनि-फलिनी के अतिरिक्त हैं। उनके नाम हैं—(१) स्नुही (सेहुण्ड), २ अर्क (मदार) तथा (३) अश्मन्तक। इनके पृथक्-पृथक् कर्मों का निर्देश किया जा रहा है।

स्नुही का दूध विरेचन में, अश्मन्तक का दूध वमन में तथा मदार का दूध वमन तथा विरेचन दोनो में प्रयोग किया जाता है।

इमांस्त्रीनपरान् वृक्षानाहुर्येषां हितास्त्वचः।
पूतीकः कृष्णगन्धा च तिल्वकश्च तथा तरुः॥
विरेचने प्रयोक्तव्यः पूतीकस्तिल्वकस्तथा।
कृष्णगन्धा परीसर्पे शोथेष्वर्शःसु चोच्यते॥
दद्रुविद्रधिगण्डेषु कुष्ठेष्वप्यलजीषु च।
षड्वृक्षाञ् शोधनानेतानपि विद्याद्विचक्षणः॥

च० सू० अ० १।११७-११९

पूतीकः—कण्टकीकरञ्जः। तिल्वको-लोध्रः तथा तरुरिति विशेषणेन पट्टिकालोध्रं व्युदस्यति। शावर लोध्रं च महाप्रमाणं तरुशब्दयोग्यं ग्राहयति। किं वा तरुविशेषणं बालंलोध्रं व्युदस्यति॥ "षड्वृक्षाञ् शोधनानित्यत्र, यद्यपि कृष्णगन्धायाः (कृष्ण-शोभाञ्जनकस्य) पञ्चकर्मण्यनभिधानान्न शोधनत्वं तथाऽपि बाह्यलेपनेन बहिःस्थितदोषसंशोधनं बोद्धव्यम्। किं वा अपिशब्दात् कृष्णगन्धाया अपि शोधनत्वमपि सूच्यते॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—क्षीरी वृक्षों के अतिरिक्त तीन और वृक्षों का वर्णन चरक-संहिता में किया गया है जिनकी त्वचा (छाल) का शोधन कर्म में प्रयोग किया जाता है।

(१) कण्टकीकरञ्ज और (२) शोभाञ्जन (३) शावर लोध्र। कण्टकीकरंज और शावरलोध्र की छाल का विरेचन कर्म हेतु प्रयोग किया जाता है। शोभाञ्जन की त्वचा का प्रयोग विसर्प, शोथ, अर्श, दद्रु, विद्रधि, गलगण्ड कुष्ठ तथा अलजी आदि रोगों में प्रयोग करने का निर्देश किया गया है। इस प्रकार (१) स्नुही (२) अर्क (३) अश्मन्तक (४) कण्टकीकरंज (५) शावर लोध्र (६) शोभाञ्जन ये छः वृक्ष शोधन-कर्म में प्रयोग किए जाते हैं।

संशोधनयोग्यानां वर्णनम्

अविपाकोऽरुचिः स्थौल्यं पाण्डुता गौरवं क्लमः।
पिडकाकोठकण्डूनां संभवोऽरतिरेव च॥
आलस्यश्रमदौर्बल्यं दौर्गन्ध्यमवसादकः।
श्लेष्मपित्तसमुत्क्लेशो निद्रानाशोऽतिनिद्रता॥
तन्द्राक्लैब्यमबुद्धित्वमशस्तस्वप्नदर्शनम्।
बलवर्णप्रणाशश्च तृष्यतो बृंहणैरपि॥
बहुदोषस्य लिङ्गानि तस्मै संशोधनं हितम्।
ऊर्ध्वं चैवानुलोमं च यथादोषं यथाबलम्॥

च० सू० १६।१३-१६

संशोधनविषयबहुदोषलक्षणमाह—अविपाक इत्यादि। क्लम इत्यनायासकृतः श्रमः, श्रमस्त्विह स्वल्पेनायासेन ज्ञेयः, अवसादको=मनोऽवसादः, निद्रानाशो वातप्रधानेन दोषेण, अतिनिद्रता श्लेष्मप्रधानेन॥ चक्रपाणिः॥

संशोधन योग्य बहु दोष युक्त पुरुषों के लक्षण

हि० व्या०—जिन रोगियों में अविपाक (अन्न का भली भाँति न पचना) भोजन में अरुचि, अधिक स्थूलता, शरीर में पीलापन, अङ्गों में भारीपन, थकावट, शरीर में फुंसियाँ, चकत्ते, खुजली होना, बेचैनी रहना, आलस्य, दुर्बलता, शरीर में दुर्गन्ध, अनुत्साह, कफ और पित्त का अधिक रूप में उभड़ा हुआ होना, अनिद्रा या अतिनिद्रा, तन्द्रा, नपुंसकता, बुद्धिभ्रम, बुरे स्वप्न देखना, बल-वर्ण की हीनता, प्यास लगना और बलवर्धक आहार एवं औषध सेवन करने पर भी बल एवं वर्ण की वृद्धि न होना आदि लक्षण दिखाई दें तो उन्हें बहुदोषयुक्त रोगी समझना चाहिए। इस प्रकार दोषों की अधिकता की जानकारी करके उन रुग्णों को बल और दोष के अनुसार वमन या विरेचन संशोधन-हेतु पिलाना चाहिए।

वक्तव्य—चरक सं० सिद्धिस्थान अध्याय २ के ४ से ६ श्लोकों में पंचकर्म के अयोग्य व्यक्तियों का वर्णन किया है एवं अग्रिम श्लोक ७ में इनके अतिरिक्त सभी व्यक्तियों को यथावश्यक कर्मों का उपयोग कराने का निर्देश है।

एभ्योऽन्ये समुपक्रम्या नराः सर्वैरुपक्रमैः।
अवस्थां प्रविभज्यैषां वर्ज्यं कार्यं च वक्ष्यते॥　　च० सि० २।७

शोधनयोग्यरुग्णानां विचारणीयविषयाः

... ... च पण्डितः।
शरीरयात्रां[1] कायाग्निं शक्तिं वर्णं बलं स्वरम्॥

टिप्पणी—शरीरयात्रा-देहवर्तनम्, आयुष्क्रमणम्।

दोषांश्च विकृतान् दृष्ट्वा यथादोषं विशोधयेत् ।
सर्वदोषाः प्रशाम्यन्ति बलमायुर्वपुर्वयः ॥
अग्निः प्रजाश्च··· ··· ··· ।
··· ··· ··· ··· ॥

का० सि० २।४-६

हि० व्या०—शरीरयात्रा, जाठराग्नि, शक्ति, वर्ण, बल, स्वर तथा विकृत दोषों को देखकर (दोषानुसार) वैद्य को उनका शोधन करना चाहिए। इससे सभी दोषों का शमन हो जाता है एवं बल, आयु, शरीर, वय (अवस्था) अग्नि तथा सन्तानोत्पादन-शक्ति में वृद्धि होती है।

वक्तव्य—यहाँ श्लोक के एक ही चरण में शक्ति एवं बल दोनों का एक साथ उल्लेख हुआ है—अतः शक्ति से शारीरिक शक्ति का ज्ञान करना चाहिए तथा बल से सम्पूर्ण शरीरजन्य क्षमता या ओजस् का ज्ञान करना चाहिए जिसे दूसरे रूप में मनोबल, बुद्धिबल एवं आत्मबल नाम से व्यवहार में लाया जाता है। महर्षि काश्यप ने भी आगे इन दोनो में भेद करने हेतु "बलमायुर्वपुर्वयः" में बल का सम्पूर्ण शारीरिक शक्ति-हेतु तथा वपु से मांस-पेशी-आदि-धातु-पुष्ट शरीर का निर्देश किया है।

संशोधनायोग्यानां वर्णनम्

चण्डः साहसिको भीरुः कृतघ्नो व्यग्र एव च ।
सद्राजभिषजां द्वेष्टा तद्द्विष्टः शोकपीडितः ॥

यादृच्छिको मुमूर्षुश्च विहीनः करणैश्चयः ।
वैरी वैद्यविदग्धश्च श्रद्धाहीनः सुशङ्कितः ॥

भिषजामविधेयश्च नोपक्रम्या भिषग्विदा ।
एतानुपचरन् वैद्यो बहून् दोषानवाप्नुयात् ॥

च० सि० २।४-६

चण्ड इत्यादिना सकलपञ्चकर्माविषयानाह । यद्यपि च विमाने जनपदोध्वंसनीये रोगभिषग्जितीये च अनपवादप्रतीकारादयोऽनुपक्रमणीयत्वेनोक्ता एव, तथाऽपीह प्रकरणागतत्वात् पुनरुच्यन्ते। चण्डादिषु प्रवृत्तिर्भेषजस्याशक्यत्वान्निषिध्यते; कृतघ्नादिषु चाधर्मवशादेव भेषजं न सिध्यति, प्रत्युताधार्मिकप्रतिक्रिययाऽधर्म एव भवतीति निवृत्तिर्विधीयते। सतो राज्ञः भिषजश्च द्वेष्टीति सद्राजभिषजां द्वेष्टा, किंवा सदिति राज्ञो भिषजश्च विशेषणम्। तद्द्विष्ट इति सदादिद्वेष्यः। यादृच्छिको नास्तिकः। विहीनः

करणैरित्युपकरणैः। वैरी वैद्यापकारकः, वैद्यद्वेष्टा तु नापकारक इति विशेषः। वैद्यविदग्धो वैद्यमानी। भिषजामविधेय इति भिषजामनायत्तः॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—जो रोगी चण्ड (अति क्रोधी), अधिक साहस करने वाले, डरपोक, कृतघ्न, व्यग्र (जिसका मन स्थिर न हो), अच्छे वैद्य तथा राजा से द्वेष करने वाले तथा अच्छे वैद्य और राजा जिनसे द्वेष करते हों, शोक से पीड़ित, नास्तिक, मरणासन्न, सामग्रियों से हीन, शत्रु, वैद्यविदग्ध अर्थात् वैद्य न होते हुए भी अपने को वैद्य मानने वाले, श्रद्धाहीन, सर्वत्र सन्देह करने वाले, वैद्य की बातों को न मानने वाले हों उन रोगियों की पञ्चकर्म चिकित्सा न करें। ऐसे रोगियों की पञ्चकर्म चिकित्सा करने वाले वैद्य के समक्ष अनेक प्रकार की बाधायें उपस्थित हो जाती हैं।

वातातपविशुष्काश्च ये च कर्मपरा नराः ।
अध्वयानविशुष्कश्च तान्न संशोधयेद्भिषक् ॥ ७ ॥

भे० सं० सू० २५।७

पञ्चकर्म चिकित्सा के अयोग्य रोगी

हि० व्या० वायु एवं धूप से जो क्षीण हो गये (सूख गये) हों, जो (शरीर क्षमता की उपेक्षा कर) निरन्तर कार्य में संलग्न रहते हों एवं मार्ग चलने से या निरन्तर वाहन द्वारा यात्रा करते रहने से जिनका शरीर क्षीण हो गया हो उन व्यक्तियों को संशोधन नहीं कराना चाहिए।

पञ्चकर्मसाध्यव्याधिसंकेतः

अथ खलु भगवन् देहिनां व्याधयः के वमनसाध्याः ? के न; के विरेचनसाध्याः ? के न; केऽनुवासनसाध्याः ? के न; के निरुह (साध्याः ? के न;)··· (भ) गवान् कश्यपः—कफज्वरारुचिमुखवैरस्यकफप्रसेककफहृद्रोगविसूचिकाकासश्वासगलग्रहगलशुण्डिकागलगण्डगण्डमाला रोहिणिकाविदारिकाधोरक्तपित्तहृल्लासप्रमेहहली (मक)·····स्कन्दग्रहस्कन्दापस्मारस्कन्दपितृनैगमेषक्षीरगौरवक्षीरवृद्धिक्षीरघनत्वाजीर्णपरिकर्तिकाहृल्लासशूलाटोपातिविरिच्यमानगरितविषपीताद्या वमनसाध्या इति ॥ (का०सं० सि० अ० ७)

कफाधिकाश्च ये रोगा··· ।
··· ··· ··· ॥

वृद्धजीवक ! पुष्पिण्यृतुमती गर्भिणी कुटीगताऽल्पक्षीरा लघुक्षीरा नष्टक्षीरा छीरच्छर्दनपुत्रा प्रच्छर्दिनी सुभगा पण्डितमानिनी जाठरी वातज्वरी स्थूलोऽक्षिरोगी तृष्णालुर्मूर्च्छावान्निरूढोऽनुवासितः क्षतः क्षीणः सोप—

·····गैन्नोऽतिबालोऽतिवृद्धो गुल्मप्लीहोर्ध्वरक्तलोमव्यापत्कर्णरोगशिरः-

कम्पार्दिताधर्वावभेदकसूर्यावर्तरेवतीपौण्डरीकशकुनीपूतनामुखमण्डिकार्ताश्च न वाम्याः, अगर्भा गर्भकामा विवर्णक्षीरा स्रवत्क्षीरा मन्दाग्नयो·····वैसर्प-शोणिताशोंविषमाग्निकुष्ठश्वयथुश्वित्रोर्ध्वरक्तप्लीहगुल्ममधुमेहहलीमककामला - पाण्डुरोगहृद्रोगकृमिकोष्ठापस्मारोपस्तम्भोदावर्तकफोन्मादविद्रधिश्लीपदयोनि·····द्या इति ॥ (का० सं० सि० अ० ७)

व्याकुलान् सन्निपातोत्थान् पैत्तिकान् कफपैत्तिकान् संसृष्टान् कफमूलांश्च स्रंसनेनाभ्युपक्रमेत् ॥ (का० सं० सि० आ० ७)

प्रसक्तवमथोः पूर्वं प्रायेणामज्वरोऽपि च ।
धूमान्तैः कर्मभिर्वर्ज्याः सर्वैरेव त्वजीर्णिनः ॥

अ० हृ० सू० १८।६

प्रसक्तवमथोः पूर्वस्थिता एकादशातुरा दुर्बलास्तथाऽऽमज्वरिणश्च ते सर्वे धूमान्तैः कर्मभिर्वर्ज्या न केवलं वमनेनैव। धूमग्रहणं गण्डूषादिकर्मणोऽपि परिहारार्थम्। प्रायोग्रहणमष्टमासाया गर्भिण्या निरूहा न वर्ज्या इति सूचनार्थं तथा सद्यो भुक्तस्य ज्वरितस्य सतो वमनानुज्ञानार्थम्। तु पुनरजीर्णिनः पुरुषा वमनादिभिर्गण्डूषादिभिश्च वर्ज्याः। सद्योऽजीर्णिनां हि वमनमनुज्ञातमेव ॥

अरुणदत्तः।

अत्र प्रसक्तवमथोः प्रसक्तच्छर्दिषः पुंसो ये पूर्वं आतुरा अवम्यत्वेन निर्दिष्टाः गर्भिण्यादयो दुर्बलपर्यन्तास्ते सर्वकर्मभिर्धूमान्तैर्वक्ष्यमाणैर्वर्ज्याः परिहर्तव्याः। न केवलमेतैर्धूमान्तैर्वर्ज्याः यावत् ज्वरोऽपि च धूमान्तैः कर्मभिः वर्ज्याः।

नवज्वरस्यामदोषः स्तम्भभयादिति। अजीर्णिनः पुनः सर्वैरेव कर्मभिर्विरेक-वस्तिनस्यधूमगण्डूषाश्चोतनाञ्जनतर्पणपुटपाकान्तैर्वमनवर्गैर्वर्ज्या आमदोष-भयात् ॥

चन्द्रनन्दनः ॥

प्रसंगाद्गर्भिण्यादिष्वेकादशसु नवज्वरे च विरेचनवस्तिनस्यधूमान्निषे-धति—प्रसक्तवमथोरिति। अजीर्णिनां सर्वाणि कर्माणि निषेधति सर्वैविरेचनाद्यै-र्गण्डूषान्तैश्च वमनं तु विशेषतो विधानात्कर्तव्यं, संग्रहे तु अजीर्णी तु सर्वैरेव वमनवर्ज्यैरामदोषभयान्नवज्वरश्च दोषस्तम्भभयादिति ॥ हेमाद्रिः ॥

वा० प्र० तत्र गर्भिण्यादीनां केवलं वमनमेव न वर्ज्यम्। अन्यदपि कर्म वर्ज्यमस्तीति दर्शयति—प्रसक्तवमथोरिति। प्रसक्तवमथोः पूर्वं धूमान्तैः कर्मभिः प्रायेण वर्ज्याः प्रसक्तवमथो पूर्वं गर्भिणी दुर्बलान्ता एकादश विरेचनानुवासना-स्थापननस्यधूमैः कर्मभिस्त्याज्याः।

एषु वमनादिधूमान्तानि कर्माणि न कुर्यादित्यर्थः। प्रायोग्रहणं केषाञ्चिद-वर्ज्यत्वज्ञापनार्थम्। आमज्वरोऽपि च धूमान्तैः कर्मभिर्वर्ज्यः। अपि चेति विशेषविधिव्यञ्जकः। कस्याञ्चिदामज्वरावस्थायां वमनं शस्यत इति। उक्तञ्च—"तत्रोत्कृष्टे समुत्क्लिष्टे" इत्यादिना। अजीर्णिनो नरास्तु सर्वैरेव

धूमान्तैः कर्मभिस्तथा गण्डूषादिभिस्तथा स्वेदाभ्यङ्गादिभिश्च वर्ज्याः। प्राय इत्यत्राप्यनुवर्तते वमनस्याजीर्णे विधानात् ॥ परमेश्वरः ॥

हि० व्या०—सगर्भा स्त्री. रूक्ष, क्षुधित, नित्य रोगी, बाल, वृद्ध, कृश, स्थूल, हृद्रोगी, क्षती, दुर्बल तथा आमज्वरी इन सभी को प्रायः गंडूषादि, वमन, विरेचन, नस्य, धूम्रपान, बस्तिकर्म ये सब नहीं कराने चाहिए। यहाँ प्रायः शब्द से विकल्प मानना चाहिए। जैसे गर्भिणी को निरूहण का निषेध नहीं है। ऐसी आवश्यक अवस्थाओं में गंडूषादि किये जा सकते हैं तथा अजीर्ण रोगी को वमनादि कर्म और गंडूषादि कर्म नहीं कराना चाहिए। यहाँ भी सद्योऽजीर्ण का निषेध नहीं है ॥

अवस्थाविशेषे व्याधि विना दुर्बलेऽपि शोधनप्रयोगप्रकार-वर्णनम्।

चले दोषे मृदौ कोष्ठे नेक्षेतान्न बलं नृणाम् ॥
अव्याधिदुर्बलस्यापि शोधनं हि तदा भवेत् ॥
स्वयं प्रवृत्तदोषस्य मृदुकोष्ठस्य शोधनम् ॥
भवेदल्पबलस्यापि प्रयुक्तं व्याधिनाशनम् ॥

सु. सू. ३९।१२-१३

अवस्थाविशेषेणाव्याधिदुर्बलेऽपि शोधनं दर्शयन्नाह चल इत्यादि चले इति स्वस्थानच्चलित इत्यर्थः। अत्रेति चले दोषे। मृदौ कोष्ठ इत्यस्यामवस्थाया-मित्यर्थः। अव्याधिदुर्बलस्यापि उपवासादिदुर्बलस्यापि, हि यस्मादर्थे, तदा भवेत् 'हितम्' इत्यध्याहारः। 'अव्याधिदुर्बलस्यापि' इत्यत्र केचित् "अव्यापद्दुर्बलस्यापि' इति पठन्ति। अव्यापच्छोधनं हितं तदा भवतीत्यर्थः, अव्यापच्छोधनं तदुच्यते शूलादीनि यन्न करोति। अत्रान्तरे केचित् पठन्ति स्वय-मित्यादि। न चायं सर्वनिबन्धेषु दृश्यत इति ॥ १२-१३ डल्हणः ॥

अवस्थाविशेषेऽपि दुर्बले शोधनप्रयोगमाह चल इत्यादि। चल इति प्रचले। मृदौ कोष्ठ इति केचिद्दोषप्रबलतयैव मृदुकोष्ठतामिहेच्छन्ति। कुतोबलं नेक्षेतेत्याह—अव्यापद्दुर्बलस्यापीति। अव्यापत्तिकत्त्वं तु चलदोषस्यावश्या-हर्तव्यस्य हरणादिति भावः ॥ ॥ चक्रपाणिः ॥

न च तावद्दोषचाञ्चल्यमभिसमीक्ष्य मृदुकोष्ठोऽपि दुर्बलो निर्हरणेन परिहर्तव्य इत्येवोपदिदिक्षति चल इत्यादिना। दोषे चले स्थानात् स्थानान्तरं चञ्चूर्य्यमाणे सति कोष्ठे मृदावपि नृणां बलं नेक्षेत्, नायं दुर्बलो विरेचनं सहिष्यत इत्येवं विचिन्तयेदित्यर्थः। हि यस्मात तदा दोषचाञ्चल्यावस्था-यामव्याधिदुर्बलस्येति "विकारो धातुवैषम्यम्" इति स्मरणाद्दोषदुर्बलस्य

लङ्घनादिभिर्दुर्बलस्यापीति यावत् शोधनं भवेद्धितमिति शेषः। किं पुनर्दोष-दुर्बलस्य यो निर्हरणेनेवावाप्तबलो भवतीत्ययमाशयः। अत एव वक्ष्यति "हरेद्दोषान् चलान् पक्वान् बलिनो दुर्बलस्य च" इति।

हि० व्या०—दोष के अपने स्थान से चलायमान होने पर एवं कोष्ठ के मृदु होने पर मनुष्य के शारीरिक बल का विचार करने की आवश्यकता नहीं है अर्थात् यह दुर्बल रोगी वमन, विरेचनादि कर्म को सहन कर सकता है या नहीं। अतः बिना किसी रोग के, अन्य कारणों से दुर्बल हुए व्यक्ति का भी ऐसी स्थिति में संशोधन कराना हितकारी होता है। क्योंकि जब दोष स्वयमेव अपने स्थान से चलायमान हो गये हों तथा जिनका कोष्ठ भी मृदु हो इस प्रकार के अल्पबल वाले व्यक्ति को भी प्रयोग कराया गया संशोधन रोगनाशक होता है।

पञ्चकर्म-निरूपणम्

विषय प्रवेश में पंचकर्म चिकित्सा के आधार भूत सिद्धान्तों का वर्णन करने के उपरान्त यहां पंचकर्म का निरूपण किया जा रहा है।

पञ्चकर्मपरिभाषा स्नेहस्वेदादिद्वारा शरीरस्योत्क्लिष्टदोषाणां यथा-सन्नमार्गेण बहिर्निर्हरणकर्तृत्वं संशमन कर्तृत्वं च पञ्चकर्मत्वम्"।

हि० व्या० स्नेहन-स्वेदन-द्वारा शरीर में स्थित दोषों के चलायमान अवस्था प्राप्त होने पर दोषों को यथासन्न मार्ग द्वारा बाहर निकालना तथा संशमन करना पंचकर्म कहलाता है।

कानि पञ्चकर्माणि

वमनं रेचनं नस्यं निरूहश्चानुवासनम्।
एतानि पञ्च कर्माणि कथितानि मुनीश्वरैः॥

शा० उ० अ ८।६३ भा० प्र० पंचकर्मप्रकरण श्लोक २, वंगसेन स्नेहाधिकार श्लोक २

हि० व्या०—महर्षियों ने वमन, विरेचन, नस्य (शिरोविरेचन), निरूहण एवं अनुवासन, इन्हें पंचकर्म कहा है।

वक्तव्य—अष्टाङ्गहृदय एवं संग्रहकार ने निरूहण शब्द में निरूह एवं अनुवासन दोनों वस्तियों का ग्रहण करते हुए पाँचवां कर्म रक्तमोक्षण बताया है।

"निरूहो वमनं कायशिरोरेकोऽस्रविस्रुतिः"

अ० हृ० सू० अ० १४।८

"एवमेतत् पुरुषो व्याधिरौषधं क्रियाकाल इति ··· ··· क्रियाग्रहणात् स्नेहादीनि च कर्माणि"

सु० सू० अ० १।३८

—"स्नेहादीनित्यादिशब्दात् स्वेदनवमनविरेचनास्थापनानुवासनधूमनस्य-कवलग्रहगण्डूषपाचनसंशमनादीनां ग्रहणम्" ॥ डल्हणः ॥

हि० व्या०—क्रिया शब्द से छेद्य, भेद्यादि अष्टविध शस्त्रकर्म तथा स्नेहन स्वेदन व पञ्चकर्मों का ग्रहण होता है।

"आवश्यकतानुसार क्रियाशब्द का पंचकर्म हेतु प्रयोग कर लेना चाहिए। व्याख्याकार डल्हण ने भी स्वेदादीनि से स्वेदन, वमन, विरेचन, आस्थापन, अनुवासन, धूम, नस्य, गण्डूष, पाचन, एवं संशमन आदि क्रियाओं को ग्रहण करना लिखा है।"

पञ्चकर्मप्रकारमधिकृत्य विशेषज्ञानार्थं पुनर्वसुसविधे अग्निवेशकृतानां द्वादशप्रश्नानां ऐतिहासिकं सूचनम्।

का कल्पना पञ्चसु कर्मसूक्ता, क्रमश्च कः, किं च कृताकृतेषु।
लिङ्गं तथैवातिकृतेषु, संख्या का, किंगुणः, केषु च कश्च बस्तिः॥
किं वर्जनीयं प्रतिकर्मकाले, कृते कियान् वा परिहारकालः।
प्रणीयमानश्च न याति केन, केनेति शीघ्रं, सुचिराच्च बस्तिः॥
साध्या गदाः स्वैः शमनैश्च केचित् कस्मात् प्रयुक्तैर्न शमं व्रजन्ति।
प्रचोदितः शिष्यवरेण सम्यगित्यग्निवेशेन भिषग्वरिष्ठः॥
पुनर्वसुस्तन्त्रविदाह तस्मै सर्वप्रजानां हितकाम्ययेदम्।

च. सि. १/३-६ क

—सिद्धिस्थानाभिधानेऽपि सकलसिद्धिस्थानापेक्षणीयपञ्चकर्मकल्पनाद्यभिधायकतया प्राधान्यादादौ कल्पनासिद्धिरेवोच्यते। अत्र 'का कल्पना' इत्यादीन् शिष्यस्य द्वादशप्रश्नानभिनिवेश्य तान् यथाक्रमं व्याचष्टे प्रश्नानुगुण-गुरुबुद्धिप्रकाशार्थम्। यदुक्तं **भरद्वाजेन**—'अप्रदुष्टेन भावेन प्रसन्नेनान्तरात्मना। शिष्येण सम्यक् पृष्टस्य गुरोर्बुद्धिः प्रकाशते' इति। अत्र 'का कल्पना पञ्चसु कर्मसूक्ता' इति प्रथमः प्रश्नः, 'क्रमश्च कः इति द्वितीयः, 'किं च कृताकृतेषु लिङ्गं, तथैवातिकृतेषु' इति तृतीयः, 'संख्या का' इति चतुर्थः, 'किंगुणो बस्तिः' इति पञ्चमः, 'केषु च कश्च बस्तिः' इति षष्ठः, किं वर्जनीयं प्रतिकर्मकाले' इति सप्तमः, 'कृते कियान् वा परिहारकालः, इत्यष्टमः, 'प्रणीयमानश्च न याति केन बस्तिः' इति नवमः, 'केनेतिशीघ्रम्, इति दशमः, 'सुचिराच्च केनेति' इत्येकादशः, साध्याः इत्यादिको द्वादशः। साध्या इत्यादि प्रश्नस्य यद्यप्यवकाशो नास्ति, यतो हि नासाध्या गदाः प्रोक्तेन यथास्वं क्रियमाणेन भेषजेन प्रशाम्यन्ति, तथाऽप्यसम्यग्भेषज एव यथास्वं भेषजाभिधानादयं प्रश्नो बोद्धव्यः॥

च० सि० अ० १।३-५॥

हिन्दी व्या०—अग्निवेश द्वारा महर्षि आत्रेय से पंचकर्म विषयक किये गये द्वादश प्रश्न—

(१) पंचकर्म में पांचो कर्मों की कल्पना (योजना) कैसे की जाती है?

(२) इन कर्मों का क्रम क्या होना चाहिए?

(३) उनके कृत, अकृत और अतिकृत के लक्षण क्या हैं अर्थात् सम्यक् योग, अयोग और अतियोग के लक्षण क्या हैं?

(४) इन कर्मों की (वमन, विरेचन बस्ति आदि की) संख्या कितनी हैं?

(५) बस्ति के क्या गुण हैं?

(६) किस रोग में किस बस्ति का प्रयोग कराना चाहिए?

(७) पंचकर्म प्रयोग काल में किन-किन विषयों का परित्याग करना चाहिए?

(८) पंचकर्म क्रिया करते समय वर्जनीय विषयों का कब तक परिहार करना चाहिए?

(९) प्रयोग काल में किन-किन कारणों से बस्ति अन्दर प्रविष्ट नहीं होती?

(१०) किन कारणों से बस्ति शीघ्र प्रत्यावर्तित हो जाती है?

(११) किन कारणों से बस्ति देर से बाहर निकलती है?

(१२) कुछ साध्यरोग भी स्वदोष-शामक औषधियों के प्रयोग से भी शमन क्यों नहीं होते?

उपर्युक्त १२ प्रश्नों को सभी शिष्यों में श्रेष्ठ अग्निवेश ने गुरु से महर्षि आत्रेय ने पूछा तथा वैद्यों में अग्रणी पुनर्वसु ने अग्निवेश तथा प्रजा के कल्याण हेतु उनका शंका रहित एव युक्ति-युक्त विवेचनात्मक उत्तर दिया। प्रस्तुत पुस्तक में यथास्थान इनका विवेचन किया जा रहा है।

यथाक्रम-विविध-प्रश्नोत्तराणि

का कल्पना पञ्चसु कर्मसूक्ता

व्यहावरं सप्तदिनं परं तु स्निग्धो नरः स्वेदयितव्य उक्तः॥
नातः परं स्नेहनमाविशन्ति सात्म्यी भवेत् सप्तदिनात् परं तु॥

च० सि० १।६-७॥

व्यहमच्छं मृदौ कोष्ठे क्रूरे सप्तदिनं पिबेत्।
सम्यक् स्निग्धोऽथवा यावदतः सात्म्योभवेत्परम्॥

सात्मीभूतो हि कुरुते न मलानांमुदीरणम् ।
अतियोगेन वा व्याधीन् यथाम्मो ह्यतियोजनात् ॥
विहत्य सेतुं मृत्कोष्ठात्स्रवति क्षपयन्मृदम् ।
स्नेहोऽप्यग्निं तथा हत्वा स्रवति क्षपयंस्तनुम् ॥

अ० सं० सू० २५।४६-४७

—कल्पनाशब्देनेह पञ्चकर्मङ्गकल्पनोच्यते, तेन पञ्चकर्माङ्गस्नेह-स्वेदप्रयोगमेव प्रागाह-व्यहावरमित्यादि । प्रथमप्रश्नस्योत्तरम् । व्यहावर-मिति व्यहेण व्यहं वा व्याप्य क्रियमाणस्नेहनेन अवरं यथा भवतीति व्यहावरं स्निग्धः । सप्तदिनमिति सप्तदिनं व्याप्य स्निग्धः । परमिति स्नेहप्रकर्षकालावधिना सप्तदिनं व्याप्य स्निग्धः । ततश्च कालोत्कर्षात् क्रियमा-णशोधनाङ्गस्नेहनपक्षे सप्तदिनं यावत् स्निग्धः, कालाप्रकर्षपक्षे तु व्यहं स्निग्धः संस्वेदयितव्य इत्यर्थः । उक्तसप्तदिनस्नेहनकालानतिक्रमं सोपपत्तिकमाह-नातः परमित्यादि । अतः परमिति सप्तदिनात् परम् । कुतो नादिशन्तीत्याह-सात्म्यी-भवेदित्यादि । सप्तदिनात् परेण क्रियमाणस्नेहः सप्तरात्रप्रयोगेण सात्म्यीभूतत्वान्न स्नेहमधिकं शरीरे करोतीत्यर्थः; तेन यावन्मात्रस्नेहप्रयोगेण सप्तदिनोपयुक्तेन स्नेहनं वृत्तं, सा मात्रा सात्म्यीभूतैव अधिकमात्रा या सात्म्यतां न गता सा सप्तरात्रात् परेणापि कर्तव्यैव; वैद्यास्तु सप्तरात्रादस्निग्धे पुरुषे किञ्चिद्विश्रामं कृत्वा पुनरधिकमात्रया स्नेहं प्रयुञ्जते । एतच्च व्यहस्नेहनं सप्तरात्रस्नेहनं च मृदुक्रूरकोष्ठविषयभेदेन । यदुक्तं,—"मृदुकोष्ठस्त्रिरात्रेण स्निह्यत्यच्छोपसेवया । स्निह्यतिक्रूरकोष्ठस्तुसप्तरात्रेण मानवः"; (सू० अ० १३) इति । ननु यदि क्रूरकोष्ठस्तु सप्तरात्रेण स्निह्यतीति व्यवस्था, तत् कथमिह 'नातः परं स्नेहनमादिशन्ति' इत्यनेनसप्त रात्रेणाप्यस्नेहनमुच्यते; ब्रूमः,—सत्यं, क्रूरकोष्ठः सप्तरात्रेणैव स्निह्यति, परं क्रूरकोष्ठतामपेक्ष्य कृतया स्नेहमात्रया स्निह्यति, यदा तु हीनमात्रा प्रयुज्यते, तदा सप्तरात्रेणापि न स्निह्यति, यत्तु तन्त्रान्तरे—"त्रिषट्कनवरात्रेण स्नेहपानं विधीयते ॥" इत्यनेन सप्तरात्रादूर्ध्वमपि स्नेहनं विहितं, तदाचार्यानभिमतमेव; किंवा, सप्तरात्रादूर्ध्वमसात्म्यीभूताधिकमात्रप्र-योगाभिप्रायेण तद्वर्णनीयम् । अत्र च सप्तरात्रादूर्ध्वं स्नेहप्रयोगस्य निषेधात्, व्यहादर्वाक् प्रयोगस्य वा निषेधात्, सद्यः स्नेहप्रयोगेणैकदिनेनापि स्नेहनमनुजा-नीत इति ब्रुवते । मध्यकोष्ठान्तरं प्रति स्नेहनप्रकर्षकालो यद्यपि नोक्तस्तथाऽपि मध्यविधया पञ्चदिनेन मध्यकोष्ठस्य स्नेहनं ज्ञेयम् । यत्तुकैश्चित् 'मृदुकोष्ठं प्रति व्यहादूर्ध्वं न स्नेहनं कर्तव्यं सात्म्यीभावादिति चार्थो लभ्यते' इति व्याख्यायते, तन्न नः प्रीणाति; यतः सात्म्यीभावः सप्तदिननिर्वर्त्यतयैवाचार्ये-णोक्तः, तेनात्यल्पमात्राप्रयुक्तेन स्नेहेन व्यहाद्यदि न स्निह्यति मृदुकोष्ठस्तदा-ऽधिकदिनान्यपि तत्र स्नेहः कर्तव्यः ॥ चक्रपाणिः ॥ च० सि० अ० १।६

प्रथम प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—प्रथम प्रश्न से सम्बन्धित क्रम अर्थात योजना-विषयक वर्णन इस प्रकार है कि संशोधन से पूर्व कम से कम तीन और अधिक से अधिक सात दिन तक स्नेहन कराना चाहिए क्योंकि सात दिन के बाद स्नेह प्रकृति के अनुकूल हो जाता है । अतः सात दिन के बाद स्नेहन नहीं करना चाहिए । सम्यक् स्निग्ध पुरुषों को स्वेदन कराना चाहिए ।

वक्तव्य—यहाँ तीन दिन एवं सात दिन के लिए स्नेह प्रयोग का विधान मृदुकोष्ठ एवं क्रूरकोष्ठ व्यक्ति के लिए निर्देशित है । जैसा कि सूत्र स्थान में लिखा है—"मृदुकोष्ठस्त्रिरात्रेण स्निह्यत्यच्छोपसेवया । स्निह्यतिक्रूरकोष्ठस्तु सप्तरात्रेण मानवः" ॥ (सू० अ० १३/६५) यदि क्रूरकोष्ठ वाले व्यक्ति को हीनमात्रा में स्नेहन कराया जाय तो सात दिन में भी स्निग्ध नहीं होता । अतः चक्रपाणि तंत्रान्तर वचन का उद्धरण देते हैं कि "त्रिषट्कनवरात्रेण स्नेहपानं विधीयते । अर्थात् मृदुकोष्ठ को ३ दिन, मध्यम कोष्ठवाले व्यक्ति को ६ दिन तथा क्रूरकोष्ठ वाले व्यक्ति को ९ दिन तक स्नेहपान कराना चाहिए । इससे अधिक स्नेहन कराने पर वह सात्म्य होकर पाचित हो जाता है । इस प्रकार प्रत्येक कर्म से पूर्व स्नेहन एवं स्वेदन की यथावश्यक कल्पना करनी चाहिए ।

क्रमश्च कः —

स्निग्धाय देयं वमनं यथोक्तं
वान्तस्य पेयादिरनुक्रमश्च ॥
स्निग्धस्य सुस्विन्नतनोर्यथावद्-
विरेचनं योग्यतमं प्रयोज्यम् । च० सि० १।१०

—संप्रति क्रमश्च क इति प्रश्नस्योत्तरमाह-स्निग्धाय देयं वमनमिति वमनपानदिनेऽभ्यंगेन स्निग्धाय वमनं देयमित्यर्थः, पानजनितस्नेहस्तु पूर्व मेवोक्तत्वान्न पुनरभिधानमर्हति; अन्ये तु 'उपजातस्नेहगुणाय' इति वदन्ति । यथोक्तमिति मदनकल्पोक्त विधिना देयम् । वमनानन्तरं कर्तव्यमाह-वान्तस्ये-त्यादि । पेयादिः 'पेयां विलेपीम्' इत्यादिना वक्ष्यमाणः । वमनक्रममभिधाय विरेचनक्रममाह स्निग्धस्येत्यादि । सुस्विन्नतनोरिति सम्यक्स्विन्नदेहस्य । अयं च विरेचनाङ्ग स्नेहस्वेदक्रमो वमनानन्तरभावविरेचनेऽपि पेयादिक्रमोत्तरकालं कर्तव्यः, यदुक्तं "विलेप्याः क्रमागतं चैनं पुनरेव स्नेहस्वेदाभ्यामुपपाद्य विरेचयेत्' इति । स्नेहानन्तरं च यत् व्यहं विरेचनार्थं प्रतिभोजनं, तदुपक्रमाभिधानानुषङ्ग-प्रतिपादितमेवेति न पुनरिह प्रतिपाद्यते । यथावदिति कल्पस्थानोक्तविधिना । योग्यतममिति शरीरदोषाद्यपेक्षया यद्विरेचनं यौगिकं भवति तद्देयम् ॥

चक्रपाणिः ॥

द्वितीय प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—सम्यक् स्निग्ध व्यक्तियों को नियमानुसार (जैसा क्रम एवं विधान यथास्थान बताया गया है) वमन कराना चाहिए। वमन हो जाने के पश्चात् पेया आदि को क्रमानुसार सेवन कराना चाहिए। सम्यक् स्नेहन और स्वेदन कर लेने पर रोगी को योग्यबलानुसार विरेचन द्रव्यों का प्रयोग कराना चाहिए।

किंच कृताकृतेषु

क्रमात् कफः पित्तमथानिलश्च
यस्यैति सम्यग्वमितः स इष्टः॥
हृत्पार्श्वमूर्धेन्द्रियमार्गशुद्धौ
तथा लघुत्वेऽपि च लक्ष्यमाणे।

च० सि० १।१५

क्रमादित्यनेन वचनेन यथोक्तक्रमलङ्घनेन कफाद्यागमनं न सम्यग्योगलक्षणमिति दर्शयति, यतः कफादूर्ध्वं गतं यदा पित्तं भवति तदा तु पित्तागमनेऽपि सति न शुद्धिः, किन्तु यदैवामाशयाधोभागगतं पित्तं वमनमानयति तदैव शुद्धिः, तत्पित्तानयनं च कफानयनानन्तरमेव भवति। एवं सम्यक्कृतविरेचनलक्षणोऽपिक्रमादितिपदस्यार्थोऽत्र व्याख्येयः॥ चक्रपाणिः॥

तृतीय प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—दोषानुसार वमन औषध सेवन करने पर क्रमशः आरम्भ में आमाशयिक कफ, इसके बाद पित्त और अन्त में वायु का निःसरण होता है तथा हृदय, पार्श्व, मस्तिष्क व इन्द्रिय-मार्गों की शुद्धि और शरीर में हल्कापन प्रतीत हो तो सम्यग् वमन हो गया है ऐसा समझना चाहिए।

वक्तव्यः—आगे के प्रश्नोत्तर से पूर्व कुछ श्लोकों में चरक ने वमन-विरेचन के हीनातियोगों का वर्णन किया है जिनका आगे प्रकरणानुसार विरेचन के स्वतन्त्र प्रकरण में वर्णन किया जायगा।

बस्तिसंख्या का

वाते नवैकादश वा पुनर्वा
बस्तीनयुग्मान् कुशलो विदध्यात्॥

च० सि० १।२५

चतुर्थ प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—बस्ति की संख्या कितनी होती है, इस विषय में कहा गया है कि कफजन्य विकारों में एक से तीन, पित्तजन्य विकारों में पाँच से सात तथा

वातज विकारों में नौ से ग्यारह बस्तियों का प्रयोग करावें। साथ ही कुशल चिकित्सक को यह भी ध्यान रहे कि बस्ति विषमसंख्या में ही प्रयोग करानी चाहिए। सम संख्या में नहीं दें अर्थात् १.३.५ के क्रम में देनी चाहिए, २.४. ६. के क्रम में नहीं देनी चाहिए।

किंगुणो वस्तिः

बस्तिर्वयःस्थापयिता सुखायुर्बलाग्निमेधास्वरवर्णकृच्च।
सर्वार्थकारी शिशुवृद्धयूनां निरत्ययः सर्वगदापहश्च॥
विट्श्लेष्मपित्तानिलमूत्रकर्षी दार्ढ्यावहः शुक्रबलप्रदश्च।
विश्वक्स्थितं दोषचयं निरस्य सर्वान् विकारान् शमयेन्निरूहः॥

च० सि० अ० १।२७-२८

'किंगुणो बस्तिः' इति प्रश्नस्योत्तरं—बस्तिर्वयःस्थापयितेत्यादि। अयं चास्थापनगुणः, अनुवासनस्य तु 'देहे निरूहेण' इत्यादिना ग्रन्थेन गुणान् वक्ष्यति। वयः स्थापयतीति वयःस्थापयिता; वयःस्थापनत्वं चास्य स्रोतः—शुद्धिकरत्वात्। सर्वार्थकारीति स्थिरत्वापकर्षादिविरुद्धार्थस्यापि भेषजविशेषयोगात्। शिशुवृद्धयूनां निरत्यय इत्यनेन वमनविरेचनाभ्यामुत्कर्ष उच्यते, ते हि शिशुवृद्धयोर्निषिद्धे। सर्वगदापहत्वं संशमनेन ज्ञेयं, सर्वान् विकारान् शमयेदित्यनेन दोषसंशोधनद्वारा सर्वगदापहत्वमुच्यत इति न पौनरुक्त्यं, किंवा सर्वान् विकारानिति सर्वावस्थान् विकारानिति विशेषः॥ चक्रपाणिः॥

देहे निरूहेण विशुद्धमार्गे संस्नेहनं वर्णबलप्रदं च।
न तैलदानात् परमस्ति किंचिद्द्रव्यं विशेषेण समीरणार्त्ते॥
स्नेहेन रौक्ष्यं लघुतां गुरुत्वादौष्ण्याच्च शैत्यं पवनस्य हत्वा।
तैलं ददात्याशु मनःप्रसादं वीर्यं बलं वर्णमथाग्निपुष्टिम्॥
मूले निषिक्तो हि यथा द्रुमः स्यान्नीलच्छदः कोमलपल्लवाग्र्यः।
काले महान् पुष्पफलप्रदश्च तथा नरः स्यादनुवासनेन॥

च० सं० सि० अ० १।२९-३१

देह इत्यादिनाऽनुवासनगुणामाह। निरूहेण विशुद्धमार्गे इति वचनान्निरूहशोधित एव मार्गे संसर्जनादनुवासनं यथोक्तगुणकर्तृ भवतीति दर्शयति। न तैलदानादित्यत्र तैलशब्देन स्नेहोपलक्षणेन केचिद्घृतमपि ग्राहयन्ति, किन्तु तैलमेवात्र वातहरप्रधानतया ब्रूत इति युक्तं पश्यामः, तथा ह्यत्र औष्ण्याच्छैत्यमित्युक्तं, औष्ण्यं च न सर्पिषीति, स्नेहा मज्जवर्जिता अनुवासनाधिकृता अप्यप्रधानत्वान्नात्र घृतमनुमन्यते। परमस्तीत्यादौ द्रव्यमिति कारणं, तच्च कारणमनिलप्रशमनेन ज्ञेयम्, 'नान्वासनात् किंचिदिहास्ति कर्म' इति केचित् पठन्ति। तैलकृत्यमेव सकारणं व्याकरोति-स्नेहेनेत्यादि। तैलं चानुवासन पवनमेव

ज्ञेयम्, अपक्वस्य तु 'न चामं प्रणयेत् स्नेहं स ह्यभिष्यन्दयेद्गुदम्' (सि. अ. ४) इत्यनेन निषिद्धत्वात्। अत्र तैलानिलयोर्विपरीतगुणयोर्मेलके द्रव्यप्रभावात्तैलमेव वातं हन्ति, न वातस्तैलम्; अणुत्वं गुणो यद्यपि तैले वाते चास्ति, तथाऽपीह प्रभावाद्वातसूक्ष्मावयवसम्बद्धं तैलं स्नेहादिना वातं जयति, तेन समानमप्यणुत्वमिह विरुद्धार्थकार्ये वेति। तैलस्य यथोक्तकार्यकर्तृत्वे दृष्टान्तमाह-मूल इत्यादि। मूलदृष्टान्तेन चानुवासनेन साक्षात्तर्पणीयस्य गुदस्य देहमूलत्वं दर्शयति, उक्तं हि पाराशरे—"मूलं गुदं शरीरस्य सिरास्तत्र प्रतिष्ठिताः। सर्वं शरीरं पुष्णन्ति मूर्धानं यावदाश्रिताः"—इति, तथाऽनुवासनादपि नरो बलधीर्याद्युपेतोऽपत्यवांश्च स्यादित्यर्थः। चक्रपाणिः॥

पञ्चम प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—निरूहबस्ति के गुण का वर्णन किया जाता है। बस्ति आयु को स्थिर करती है। सुख, आयु, बल, अग्नि और मेधाशक्ति (स्मरणशक्ति) बढ़ाती है। स्वर और वर्ण (कान्ति) के लिए लाभकारी है। बस्ति सभी रोगों में हितकारी है। बालक, वृद्ध और युवकों के लिए लाभकारी है। इसके सेवन से कोई उपद्रव नहीं होता और सभी प्रकार के रोग दूर होते हैं। निरूह बस्ति मल, कफ, पित्त, वायु और मूत्र को बाहर निकालती है। शरीर दृढ़ होता है। शुक्र एवं बल-वर्धक है। सम्पूर्ण शरीर में संचित दोषों को निकाल कर सभी प्रकार के रोगों को शान्त करती है।

निरूह के पश्चात् अनुवासन बस्ति के गुण का वर्णन करते हुए कहा गया कि निरूह बस्ति के द्वारा शरीरस्थ स्रोतों के शुद्ध हो जाने पर अनुवासन बस्ति का प्रयोग करने से वर्ण (कान्ति) एवं बल बढ़ता है। विशेष रूप से वातजन्य वेदना की शान्ति के लिए तैल प्रयोग से बढ़कर कोई अन्य द्रव्य नहीं है क्योंकि तैल अपने स्निग्ध गुण के कारण वायु की रूक्षता को, गुरु गुण के कारण वायु की लघुता को, उष्ण वीर्य होने से वायु की शीतलता को नष्ट कर, शीघ्र मन प्रसन्न कर देता है। वीर्य बल, वर्ण एवं जठराग्नि को पुष्ट करता है। वृक्ष के मूल में जिस प्रकार जल डालने से वृक्ष नील वर्ण की पत्तियों एवं कोमल पल्लवों से सुशोभित होता है तथा समयानुसार बढ़कर फूल और फल से संयुक्त होता है, उसी प्रकार अनुवासन-बस्ति से मनुष्य स्वस्थ, महान् और अनेक संततियों से संयुक्त होता है।

केषु कश्च बस्तिः

उष्णाभिभूतेषु वदन्ति शीताञ्छीताभिभूतेषु तथा सुखोष्णान्।
तत्प्रत्यनीकौषधसंप्रयुक्तान् सर्वत्र बस्तीन् प्रविभज्य युञ्ज्यात्॥

च० सि० अ० १।३५

संप्रति केषु कश्च बस्तिरिति प्रश्नस्योत्तरम्-उष्णाभिभूतेष्वित्यादि। उष्णाभिभूते तथा शीताभिभूत इति वक्तव्ये, येन 'सर्वत्र' इति करोति, तेन स्निग्धरूक्षगुरुलघ्वभिभूतेऽपि तद्विपरीतौषधसम्पादितो बस्तिर्देय इति दर्शयति। चक्रपाणिः॥

स्तब्धाश्च ये संकुचिताश्च येऽपि ये पङ्गवो येऽपि च भग्नकायाः।
येषां च शाखासु चरन्ति वाताः शस्तो विशेषेण हि तेषु बस्तिः॥
आध्मापने विग्रथिते पुरीषे शूले च भक्तानभिनन्दने च।
एवंप्रकाराश्च भवन्ति कुक्षौ ये चामयास्तेषु च बस्तिरिष्टः॥
याश्च स्त्रियो वातकृतोपसर्गा गर्भं न गृह्णन्ति नृभिः समेताः।
क्षीणेन्द्रिया ये च नराः कृशाश्च बस्तिः प्रशस्तः परमं च तेषु॥

च० सं० सि० स्था० अ० १।३२-३४

सामान्येन निरूहानुवासनयोर्गुणमाह-स्तब्धाश्च य इत्यादि। भग्ना इति भग्नकायाः, रुग्णा इति सन्धिमुक्ताः। भक्तानभिनन्दने अरोचके। वातकृतोपसर्गा इति वातकृतोपद्रवाः। क्षीणेन्द्रिया इति अतिक्षीणशुक्राः। अत्र शुद्धवातादिष्वनुवासनं, भक्तानभिनन्दनप्रकारेषु च निरूह इत्याद्यर्थोऽनुसरणीयः॥

छठे प्रश्न का उत्तर

हिन्दी व्या०—गर्मी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शीतल द्रव्यों से बनाई हुई तथा शीत से पीड़ित व्यक्तियों को सुखोष्ण बस्तियों का प्रयोग करावें। इस प्रकार विभाजन करते हुए व्यक्तियों को सभी विकारों में बस्तियाँ दें अर्थात् जहां स्निग्ध से पीड़ित हो तो रूक्ष एवं रूक्ष से पीड़ित हो तो स्निग्ध बस्ति देनी चाहिए अथवा रोग, रोगी प्रकृति आदि का विभाग कर बस्ति-कल्पना जिनके शरीर में जड़ता, सकोच, पंगुता हो, जो अस्थि भग्न का रोगी हो, जिनकी शाखाओं में कुपित वायु गति करता हो उन्हें विशेष रूप से बस्ति-कर्म कराना उत्तम है।

जिन्हें आध्मान हो, पुरीष गांठदार एवं शूलकारी हो, जिन्हें भोजन की इच्छा नहीं होती हो, इस प्रकार के कुक्षि रोगों में बस्ति कर्म लाभकारी है (आवश्यक भी है)।

जिन स्त्रियों में वात-विकार के कारण गर्भ-स्थिति नहीं होती तथा जो पुरुष क्षीणेन्द्रिय एवं क्षीण-वीर्य हों, जो दुर्बल हों, इस प्रकार के सभी स्त्री-पुरुषों में बस्ति का प्रयोग कराना चाहिए।

कृते कियान् वा परिहारकालः

कालस्तु बस्त्यादिषु याति यावां-
स्तावान् भवेद्द्विः परिहारकालः॥ च० सि० १।-५४ क

'कृते कियान् वा परिहारकालः' इत्यस्योत्तरमाह—काल-स्त्वित्यादि। तावान् भवेद् द्विः परिहारकाल इति बस्त्यादिप्रयोगे यावान् कालो व्याप्यते, ततः कालाद् द्विगुणं कालं यावत् परिहार्यत्वेनोक्तं परिहर्तव्यम्। अत्र आदि-शब्देन वमनविरेचनशिरोविरेचनानां ग्रहणम्। बस्तेस्त्वादौ व्युत्पादनेन प्राधान्यं दर्शयति ॥ ५४ ॥

सातवें प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—बस्ति-चिकित्सा-क्रम में जितना समय लगता है उससे दो गुना समय पथ्यपालन में होना चाहिए। आदि शब्द से वमन, विरेचन और शिरो-विरेचन भी अभिप्रेत है।

प्रतिकर्मकाले किं वर्जनीयम्

अत्यासनस्थानवचांसि यानं
स्वप्नं दिवा मैथुनवेगरोधान् ॥
शीतोपचारातपशोकरोषां-
स्त्यजेदकालाहितभोजनं च ॥ च सि० १।५४ ख

'किं वर्जनीयम्' इति प्रश्नस्योत्तरम्-अत्यासनेत्यादि। आसनमुपविष्टाव-स्थानम्। स्थानमूर्ध्वतया स्थानम्। यानं रथाश्वादिना यानम्। एत आविष्कृत-तमा इहोक्ताः; तेन क्रोधातिचिन्तनादयो येऽप्युपकल्पनीयादौ बमनादि-प्रयोगे निषिद्धास्तेऽपि न सेव्या एव। चक्रपाणिः ॥

आठवें प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—अधिक बैठना या अधिक देर तक खड़ा होना, अधिक बोलना, सवारी (घोड़े-हाथी-बैलगाड़ी-मोटर-कार-बस-ट्राम-रेल-वायुयान) में बैठकर यात्रा नहीं करनी चाहिए (इससे उनका अभिप्राय पूर्ण विश्राम कराने से था)। दिन में सोना, स्त्रीप्रसङ्ग तथा मलमूत्र के वेगों को रोकना निषेध है। शीतल उपचार भी नहीं करना चाहिए। पीने एवं स्नान करने में किंचिद् उष्ण जल का व्यवहार करना चाहिए। धूप-सेवन, शोक एवं रोष (क्रोध) नहीं करना चाहिए। मन को प्रसन्न रखना चाहिए। अकाल-भोजन नहीं करना चाहिए, भोजन समय पर करना चाहिए, एवं पथ्य भोजन करना चाहिए।

प्रणीयमानश्च न याति, सुचिराच्च केन

बद्धे प्रणीते विषमं च नेत्रे
मार्गे तथाऽर्शःकफविड्विबन्धे ॥
न याति बस्तिर्न सुखं निरेति
दोषावृतोऽल्पो यदि वाऽल्पवीर्यः ॥ च० सि० १।५५

—'प्रणीयमानः' प्रश्नस्योत्तरं-बद्धे इत्यादि। नेत्रे बद्धे विषमं प्रणीते च गुदावयवरुद्धत्वान्न याति। तथा न सुखं निरेति 'इत्यादिना' 'सुचिराच्च केन' इति प्रश्नस्योत्तरम्। न सुखं निरेतीति चिरेण दुःखं कृत्वा चागच्छतीत्यर्थः। दोषावृत इति दोषेण बलीयसाऽवरुद्धः। अल्प इति अल्पमानः। अल्पवीर्य इति उष्णलवणाद्यभावान्मृदुवीर्यः। चक्रपाणिः ॥

नवें एवं ग्यारहवें प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—बस्ति-नेत्र का मार्ग बन्द हो जाने से, विषम रूप से बस्ति-नेत्र गुदा में लगाए जाने से, अर्श, कफ तथा मल के द्वारा गुदामार्ग में रुकावट होने से, बस्ति अन्दर प्रवेश नहीं हो पाती।

यदि बस्ति अन्दर प्रवेश कराने पर दोषों द्वारा उसका मार्ग आवृत हो जाए अथवा बस्ति में प्रयुक्त औषध की मात्रा अल्प हो या औषध की शक्ति दुर्बल हो तो अन्दर प्रविष्ट हुई बस्ति सुखपूर्वक नहीं निकल पाती।

केनेति शीघ्रम्

प्राप्ते तु वर्चोऽनिलमूत्रवेगे वातेऽतिवृद्धेऽल्पबले गुदे वा ॥
अत्युष्णतीक्ष्णाश्च मृदौ च कोष्ठे प्रणीतमात्रः पुनरेति बस्तिः।
—च० सि० १।५६

—प्राप्ते चेत्यनेन शीघ्रागमनहेतुमाह-वातेऽतिवृद्धे स्नेहो गुदे वातेन प्रति-हतत्वान्न यात्याशयं, ततः शीघ्रमागच्छति, अल्पबले गुदे स्नेहं धारयितुं न शक्नोति पुरुषः, अल्पबलत्वं गुदस्य संवरणीवलीदौर्बल्यात् ॥ चक्रपाणि

दसवें प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—मल, वात अथवा मूत्र के वेग के उपस्थित होने पर बस्ति पुनः बाहर आ जाती है अथवा वात अत्यधिक बढ़ा हो; गुदा की वलियां दुर्बल हों अथवा प्रवेश की गई औषधें अत्यधिक तीक्ष्ण या उष्ण हों, कोष्ठ मृदु हो तो भी बस्ति देने पर औषध शीघ्र बाहर आ जाती है।

के साध्या गदाः

मेदःकफाभ्यामनिलो निरुद्धः शूलाङ्गसुप्तिश्वयथून् करोति ॥५७॥
स्नेहं तु युञ्जन्नबुधस्तु तस्मै सबर्धयत्येव हि तान् विकारान्।
रोगास्तथाऽन्येऽप्यवितर्क्यमाणाः परस्परेणावगृहीतमार्गाः ॥५८॥
संदूषिता धातुमिरेव चान्यैः स्वैर्भेषजैर्नोपशमं व्रजन्ति।

—'साध्याः' इत्यादि प्रश्नस्योत्तरं—मेदःकफाभ्यामित्यादि। मेदसा कफेन वेति मेदःकफाभ्याम्। अत्र शूलादीन्निरीक्ष्य शुद्धवातभ्रान्त्या स्नेहं प्रयुङ्क्ते, नावरणं जानाति, अत एव 'अबुधः' इति कृतम्। अन्यत्राप्युक्तम्-

"कुपिते मार्गसंरोधान्मेदसा वा कफेन वा। अतिवृद्धेऽनिले नादौ शस्तं स्नेहेन बृंहणम्"–इति। अवितर्क्यमाणा इति असम्यग्ज्ञायमानाः। असम्यग्ज्ञायमानत्व एव हेतुमाह–परस्परेणेत्यादि। रोगशब्देना > दोषोऽभिप्रेतः। परस्परेण प्रतिबद्ध-मार्गा अतो दुर्ग्रहा भवन्ति, तथा धातुभिश्च रक्तादिभिः संदूषिताः संमूर्च्छिताः सन्तो दुर्ज्ञेया भवन्ति, अविज्ञाताश्च स्वैर्भेषजैर्न प्रशमं व्रजन्ति, स्वैर्भेषजैरिति मार्गविरोधादिकारणदोषधात्वन्तरनिरपेक्षकैरेकदोषभेषजैः, तद्धि तथाभूतानां भेषजं यौगिकं न भवत्येव, अतोऽनुपशमो युक्त एव, एवं च दोषाणां परस्पराव-रोधान् तथा धातुसम्मूर्च्छनविशेषांश्चावगम्यैव व्याधौ प्रपञ्चोऽनुसरणीयः।

चक्रपाणिः॥

बारहवें प्रश्न का उत्तर

हि० व्या०—मेद एवं कफ के बढ़ जाने से रुकी हुई वायु, शूल, अंगों में शून्यता और शोथ को उत्पन्न करती है। ऐसी दशा में यदि कोई चिकित्सक अज्ञानवश स्नेह का प्रयोग कराता है और अनुवासन बस्ति देता है तो वह रोगी को स्वास्थ्य-लाभ न कराकर रोगों को बढ़ाने में ही सहायता करता है (अर्थात् ऐसी अवस्थामें स्नेहन एवं अनुवासन का प्रयोग नहीं कराना चाहिए)। साथ ही अनेक अन्य रोग भी उत्पन्न हो जाते हैं। इस तरह पूर्व रोग एवं नवीन उत्पन्न रोग परस्पर मार्ग को रोककर जटिल हो जाते है। वे रक्तादि धातुओं को दूषित करके अनेक रोगों को उत्पन्न करते हैं जो उनकी अपनी चिकित्सा द्वारा भी उपचारित नहीं होते।

संशोधनप्रारम्भात् प्राक् तदुपकरणसंकलनं रोगीचयनं च कर्तव्यम्।

संशोधन अर्थात् पंचकर्म कराने से पूर्व यथावश्यक साधन एवं सामग्री एकत्र करने का निर्देश देते हुए लिखा गया है कि जिस स्थान पर पंचकर्म कराना अभीष्ट हो उसका वातावरण, भवन में आवश्यक साधन तथा रोगी आदि का चयन कर लेना चाहिए जब जब सम्यक् अथवा उपद्रवावस्था में जो जो वस्तु चाहिए, अथवा, पूर्वकर्म, प्रधान कर्म एवं पश्चात् कर्म-उपयोगी सभी साधन उपलब्ध करा लेने पर ही कर्म प्रारम्भ कराना चाहिए।

इह खलु राजानं राजमात्रमन्यं वा विपुलद्रव्यं संभृतसंभारं वमनं विरेचन वा पाययितुकामेन भिषजा प्रागेवौषधपानात् संभारा उपकल्पनीया भवन्ति, सम्यक् चैव हि गच्छत्यौषधे प्रतिभोगार्था व्यापन्ने चौषधे व्यापदः परिसंख्याय प्रतीकारार्थाः। नहि सन्निकृष्टे काले प्रादुर्भूतायामपदि सत्यपि क्रयाक्रये सुकरमाशु संभरणमौषधानां यथावत्।

च० सू० १५।३

—राज्ञ इव मात्रापरिच्छेदो यस्य स राजमात्रः, विपुलद्रव्यस्तु वणिगादि। परिसंख्यायेति ज्ञात्वा। क्रयः=पण्यम्, आक्रयो=मूल्यम्। चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—संशोधन कर्म हेतु यथावश्यक सामग्री संकलन का निर्देश करते हुए लिखा गया है कि राजा अथवा राजा के समान धनाढ्य व्यक्तियों का चयन करना चाहिए। ऐसे व्यक्तियों को वमन-विरेचन द्वारा संशोधनों-औषध पिलाने से यथावश्यक सभी उपकरणों का विचार करके संग्रह कर लेना चाहिए। यदि वमन-विरेचन का प्रयोग सम्यक् रूप से हो जाता है, तब तो संगृहीत सामग्री अन्य कार्यार्थ उपयोग में लायी जा सकती है अन्यथा संशोधन में उत्पन्न होने वाले उपद्रवों के शमन-हेतु उपयोगी होगी। (इसी विचार से संगृहीत कर लेनी चाहिए।) उपद्रवों के अनुसार शमनकारी औषधें एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं सरलता से उपलब्ध नहीं होतीं, अतः आवश्यक सामग्री पूर्व में ही संग्रहीत कर लेनी चाहिए।

आतुरालयस्वरूपम्

दृढं निवातं प्रवातैकदेशं सुखप्रविचारमनुपत्यकं धूमातपजलरजसामनभिगम-नीयमनिष्टानां च शब्दस्पर्शरसरूपगन्धानां सोदपानोदूखलमुसलवर्चःस्थानस्नान-भूमिमहानसोपेतं वास्तुविद्याकुशलः प्रशस्त गृहमेव तावत्पूर्वमुपकल्पयेत्

च० सू० १५।६

—विविधानपीत्यपिशब्दः समासेनापीत्येवंरूपो ज्ञेयः, तेन गृहादयोऽपि विस्तरेणोच्यन्ते, संग्रहणीयादयश्च समासेनेति द्वयमपि सुस्थं स्यात्, यदि वा द्विविधानपीति पाठः, तेन भोगार्थानि तथा व्यापत्साधनानि गृह्यन्ते। अनुपत्यकं यद् विदूरमन्यस्य महतो गृहस्य। उदकं पीयते येन तदुदपानम्॥

॥ चक्रपाणिः॥

आतुरालय का स्वरूप

हि० व्या०-संभार सामग्री की सामान्य गणना करते हुए उपदेश दिया गया है कि संशोधन कर्म के लिए उपयुक्त आतुरालय का स्वरूप इस प्रकार का होना चाहिए—भवन निर्माण कार्य में दक्ष व्यक्ति द्वारा उत्तम और दृढ़ घर का निर्माण करें, जो निवात (तीव्रवातरहित) स्थान में हो, जिसमें हवा आने के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। टहलने योग्य उचित स्थान हो, समतल हो, ऊँची-नीची भूमि पर न बना हो। ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहाँ धूम-धूप-जल-धूलि आदि न जा सके तथा मन के प्रतिकूल शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध आदि न प्राप्त हो सके। उस घर में पीने के पानी का उचित प्रबन्ध होना चाहिए। समय पर आवश्यक अन्य उपकरणों, शौचालय, स्नानघर तथा पाकशाला का भी प्रबन्ध होना चाहिए।

आतुरालये चिकित्सासाधनरूपलावकपिञ्जलशशहरिणादिपालनम्

लावकपिञ्जलशशहरिणैणकालपुच्छकमृग[1]मातृकोरभ्रान् ॥

च० सू० १५।७(ग) ॥

आवश्यक विविध पशु-पक्षि-पालन

हि० व्या०—आतुरालय भवन के समीप उपयोगी पशु-पक्षियों यथा—लावा, गौरैया, खरगोश, हरिण, एण, कालपुच्छ, मृगमातृका, भेड़ आदि का पालन भी आवश्यक है।

आतुरालयसम्बद्धगोपालनप्रकारः

गां दोग्ध्रीं शीलवतीमनातुरां जीवद्वत्सां सुप्रतिविहिततृणशरण[2]पानीयाम्

च० सू० १५।७ घ ॥

आतुरालय में दुधारू गाय का पालन

हि० व्या०—दुग्ध-प्राप्ति-हेतु दूध देने वाली, सरल स्वभाव की नीरोग, जीवित बछड़े वाली गायें भी होनी चाहिए जिनको रखने के लिए तृण आदि से बने घर तथा उनके पीने के पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

आतुरालयप्रयोज्यौषधकल्पनासामग्रीनिर्देशः

सुप्रक्षालितोपधानाश्च सुश्लक्ष्णखरमध्यमा दृषदः, शस्त्राणि चोपकरणार्थानि, धूमनेत्रं च वस्तिनेत्रं चोत्तरबस्तिकं च कुशहस्तकं च तुलां मानभाण्डं च।

च० सू० १५।७ छ ॥

—सुप्रक्षालितेत्यादौ उपधानः=शिलापुत्र इति प्रसिद्धः दृषदः=पाषाणपट्टकाः, शस्त्राणि चोपकरणार्थानीति कुद्दालकर्तरीप्रभृतीनि कुशहस्तकं=संमार्जनी, अन्ये तु आर्द्रद्रव्यपरिपचनमभिदधति, मानभाण्डं=प्रतिमानम् ॥ चक्रपाणिः ॥

औषध-कल्पना में उपयोगी साधन

हि० व्या०—औषध-कर्म-हेतु साफ-सुथरे (धुले हुए), चिकने-खुरदरे और मध्यम आकार के सिलबट्टे होने चाहिए। यथावश्यक शस्त्र, धूमनेत्र, बस्तिनेत्र, उत्तरबस्तियंत्र, झाड़ू, तुला (तराजू), नापने का पात्र आदि वस्तुएँ भी आतुरालय में आवश्यक हैं।

---

१. मृगमातृका=पृथूदरो हरिणः। चक्रपाणिः ॥

२. सरणम्—गृहम्। चक्रपाणिः ॥

आतुरालये प्रयोज्यविविधचिकित्सानुपानादिसामग्री-संकलनसमुल्लेखः

घृततैलवसामज्जक्षौद्रफाणितलवणेक्षुनोदकमधुसीधुसुरासौवीरकतुषोदकमैरेयमेदकदधिदधिमण्डोदश्विद्धान्याम्लमूत्राणि च ॥

च० सू० अ० १५।७ ज

चिकित्सा एवं अनुपान के साधन

हि० व्या०—घृत, तैल, वसा, मज्जा, मधु, राब, नमक, लकड़ी, जल, मधु, सीधु, सुरा, सौवीर, तुषोदक, मैरेय, मेदक, दधि, दही का पानी, मट्ठा, कांजी, धान्याम्ल और विविध मूत्र भी प्रयोग हेतु आतुरालय में उपलब्ध होने चाहिए।

शोधनात्प्रागुत्पन्नात्ययिकरोगचिकित्सासम्पादनाय कालनियमः

ततस्तं पुरुषं यथोक्ताभ्यां स्नेहस्वेदाभ्यां यथार्हमुपपादयेत्। तं चेदस्मिन्नन्तरे मानसः शरीरो वा व्याधिः कश्चित्तीव्रतरः सहसाभ्यागच्छेत्तमेव तावदस्योपावर्तयितुं यतेत। ततस्तमुपावर्त्य तावन्तमेवैनं कालं तथाविधेनैव कर्मणोपाचरेत् ॥

च० सू० अ० १५।८

तं चेत्यादावस्मिन्नन्तर इति स्नेहस्वेदकरणसमये, तावन्तमेव कालमिति यावत्कालेन व्याधिप्रशमः कृतस्तावन्तम्। चक्रपाणिः ॥

आत्ययिक रोग प्रतिकार निर्देश

हि० व्या०—आतुरालय-निर्माण और सामग्री-संकलन के पश्चात् जिसका संशोधन (वमन-विरेचन) करना हो उसका स्नेहन-स्वेदन करना चाहिए। स्नेहन-स्वेदन-काल में यदि रोगी को शारीरिक या मानसिक कोई तीव्र रोग अचानक आ जाए तो प्रथम उसी रोग की चिकित्सा करनी चाहिए। जब वह तीव्र रोग शान्त हो जाए तो जितने दिन में चिकित्सा करने से रोग शान्त हुआ हो उतने ही समय तक वह रोग पुनः न आ जाए इस विचार से रोग के अनुसार चिकित्सा करनी चाहिए।

व्यापत्सामग्रीसाधारणसेवासामग्रीसंकलनं च

यच्चान्यदपि किंचिद्व्यापदः परिसंख्याय प्रतीकारार्थमुपकरणं विद्याद्, यच्च प्रतिभोगार्थं तत्तदुपकल्पयेत् ॥

च० सू० अ० १५।७८

व्यापद् एवं सामान्य सेवा सामग्री

हि० व्या०—पूर्वोक्त वस्तुओं के अतिरिक्त वमन-विरेचन की व्यापद् अवस्था में उपद्रव-प्रतिकार-हेतु जिन द्रव्यों की आवश्यकता हो एवं अन्य

उपयोगी उपकरणों का भी संग्रह करना चाहिए। सुख-सुविधा हेतु अन्य जो भी आवश्यक सामग्री हो उसका संकलन करना चाहिए।

आतुरालयप्रयोज्यविविधपात्रादीनामुल्लेखः

पात्र्याचमनीयौदकोष्ठमणिकघटपिठरपर्योगकुम्भीकुम्भकुण्डशरावदर्वीकटोदञ्चनपरिपचनमन्थानचर्मचेलसूत्रकार्पासोर्णादीनि च। च० सू० अ० १५।७ ङ

आचमनीयोदकोष्ठमाचमनार्थमुदककोष्ठं, किंवा आचम्यते येन पात्रेण तदाचमनं, मणिको=गोलकः, पिठरः=स्थाली, पर्योगः=कटाहः कुंभो=दृढावयवोऽल्पमुखो घटः, कटस्तृणादिरचितमासनम्, उदञ्चनं=पिधानशरावः, परिपचनं=तैलपाचनिका, ऊर्णा=गड्डेररोमाणि। चक्रपाणिः॥

आतुरालय में उपयोगी विविध पात्र

हि० व्या०— आतुरालय-हेतु आवश्यक पात्रों का उल्लेख यों किया गया है कि जल पीने हेतु पात्र (गिलास आदि) आचमनी (चम्मच), जल से भरे बड़े पात्र, मिट्टी के पात्र, घड़े, बटलोई (चावल, दाल बनाने हेतु) कड़ाही, सुराही, कलश, कुण्डा (तसला), कसौड़ा, कलछी, चटाई, ढक्कन (काठ के ढक्कन), कठौता, तेल पकाने का बर्त्तन, मथानी, कपड़ा, रस्सी, कपास, ऊन आदि वस्तुओं को भी सुरक्षित रखना चाहिए।

आतुरालये प्रयोज्यशयनासनादिसामग्रीसमुल्लेखः

शयनासनादीनि चोपन्यस्तभृङ्गारप्रतिग्रहाणि सुप्रयुक्तास्तरणोत्तरप्रच्छदोपधानानि सोपाश्रयाणि संवेशनोपवेशनस्नेहस्वेदाभ्यंगप्रदेहपरिषेकानुलेपनवमनविरेचनास्थापनानुवासनशिरोविरेचनमूत्रोच्चारकर्मणामुपचारसुखानि॥

च० सू० अ० १५।७ च

शयन-साधन-विवरण

हि० व्या०—रोगी के शयन और आसन के पास पानी का पात्र और पीकदान (चिलमची) होनी चाहिए। बिस्तर, चादर, तकिया, पार्श्व के तकिये, अच्छी प्रकार बिछे और रखे हुए होने चाहिए। लेटने, बैठने, स्नेहन, स्वेदन, अभ्यङ्ग, प्रदेह, परिषेक, अनुलेपन, वमन, विरेचन, आस्थापन, अनुवासन-वस्ति तथा शिरोविरेचन कर्म से सम्बधित सभी उपयोगी सामग्री होनी चाहिए और मूत्र एवं मल-त्याग में आराम देने वाले साधन भी आतुरालय होने आवश्यक हैं।

आतुरालये चिकित्साकर्मसाधकद्रव्याणां सूची।

नानाविधानि च स्नेहस्वेदोपकरणानि द्रव्याणि तथैवोर्ध्वहरानुलोमिकोभयभाञ्जि संग्रहणीयदीपनीयपाचनीयोपशमनीयवातहरादिसमाख्यानि चौषधानि॥

च० सू० १५।७ (ञ)

चिकित्सा के साधन द्रव्य

हि० व्या०—आतुरालय में स्नेहन-स्वेदन करने योग्य सामग्री और द्रव्यों का संग्रह करना चाहिए। ऊर्ध्वभागहर, अनुलोमक, और वमन-विरेचन दोनो कार्यों में प्रयोग की जाने वाली तथा संग्रहणीय, दीपनीय, पाचनीय उपशमनीय, वातहर आदि औषधवर्गों का पूर्व संग्रह करना चाहिए।

आतुरालये भोज्यसामग्रीसंकलनसंकेतः

शालिषष्टिकमुद्गमाषयवतिलकुलत्थबदरमृद्वीकाकाश्मर्यपरुषकाभयामलकविभीतकानि॥ ७॥

भोजनसामग्रीविवरण

हि० व्या०— शालि चावल, साठी चावल, मूँग, उड़द, जौ, तिल, कुलथी, बेर, मुनक्का, गंभारीफल, फालसा एवं त्रिफला (हरड़-बहेड़ा-आँबला) विविध कार्य-हेतु संग्रह करें।

शोधनार्थोत्तमपात्रतासंकेतः

अनेन विधिना राजा राजमात्रोऽथवा पुनः।
यस्य वा विपुलं द्रव्यं स संशोधनमर्हति॥ च० सू० १५।१८

संशोधन के योग्य (पात्र)

हि० व्या०—इस विधि से (जैसा कि पूर्व में बताया गया है।) यथावश्यक समस्त साधन-सामग्री एकत्र कर राजा अथवा राज्य से सम्बन्धित उच्चाधिकारी अथवा धनाढ्य व्यक्ति संशोधन करा सकते हैं।

वक्तव्य - जिस समय यह विषय विवेचन किया गया है उस समय वैद्य चिकित्सा-कर्म में निष्णात होते हुए भी सभी प्रकार के साधन स्वयं एकत्र करने में समर्थ नहीं थे, अतः राजा या धनाढ्य व्यक्ति सभी सामग्री एकत्र करने में समर्थ होने के कारण उन्हीं का नामोल्लेख किया गया है किन्तु आतुरालयों को सर्वसुविधा सम्पन्न बनाकर साधन-विहीन रोगियों की भी संशोधन या पंचकर्म-चिकित्सा सरलता से की जा सकती है जैसा कि आजकल राजकीय अथवा धर्मार्थन्यासों द्वारा असहाय रोगियों के लिए किया जा रहा है।

आतुरमनोविनोदार्थकुशलविविधपारिषद्यस्थापनम्।

गीतवादित्रोल्ला[1]पकश्लोकगाथाख्यायिकेतिहासपुराणकुशलानभिप्रायज्ञाननुमतांश्च देशकालविदः पारिषद्यांश्च॥

च० सू० १५।७ (ख)

---

१. उल्लापकं=स्तोत्रम् इतिहासोज्ज्ञायमान-कर्तृकाप्तोपदेशः। चक्रपाणिः॥

रोगी के मनोरंजन हेतु प्राचीन साधन

हि० व्या०—आतुरालय में रोगियों के मनोरञ्जन तथा ज्ञान-विज्ञान-परिचर्चा-हेतु, गायन, वादन, श्लोक, पाठ करने, कथा-कहानी, इतिहास-पुराणादि सुनाने एवं जानने वाले उपदेशक, दूसरे के अभिप्राय को जानने वाले तथा देश-काल आदि का विशेष ज्ञान रखने वालों को भी नियुक्त किया जाना चाहिए। रोगियों के मनोविनोदार्थ आधुनिक उपकरण-रेडियो, टेलीविजन (दूरदर्शन), टेपरिकार्डर आदि-का प्रयोग भी किया जा सकता है।

योग्यपरिचारकलक्षणम्।

ततः शीलशौचाचारानुरागदाक्ष्यप्रदाक्षिण्योपपन्नानुपचारकुशलान् सर्वकर्मसु पर्यवदातान् सूपौदनपाचकस्नापकसंवाहकोत्थापकसंवेशकौषधोपपेषकांश्च परिचारकान् सर्वकर्मस्वप्रतिकूलान्॥ च० सू० १५।७ (क)

विविध सेवक एवं उनके लक्षण

हि० व्या०—आतुरालय-निर्माण के पश्चात् योग्य कार्य-कर्ताओं का उल्लेख करते हुए सर्वप्रथम परिचारक का लक्षण बताया गया है। विनम्र, पवित्र आचरण वाला, रोगियों से प्रेम रखने वाला, कार्य-कुशल, चतुर, सेवा में तत्पर रहने वाला, चिकित्सा-सम्बन्धी एवं अन्य सहायक कार्यों में चतुर एवं तत्पर, तथा रोगी के पथ्य-हेतु दाल-भात आदि बनाने में चतुर होना चाहिए। स्नान कराने, रोगियों की देह दबाने, रोगियों को उठाने-बिठाने एवं लिटाने में दक्ष होने चाहिए। साथ ही इनसे अतिरिक्त भी कार्य करना पड़े तो परिचारक मना नहीं करे। इस प्रकार सर्वथा योग्य परिचारक को नियुक्त करना चाहिए।

आपत्सु स्वल्पसाधनैरपि संशोधनविधानम्।

दरिद्रस्त्वापदं प्राप्य प्राप्तकालं विरेचनम्।
विधेत्कामतसंभृत्य संभारानपि दुर्लभान्॥
नहि सर्वमनुष्याणां सन्ति सर्वे परिच्छदाः।
न च रोगा न बाधन्ते दरिद्रानपि दारुणाः॥
यच्चच्छक्यं मनुष्येण कर्तुमौषधमापदि।
तत्तत्सेव्यं यथाशक्ति वसनान्यशनानि च॥
च० सू० आ० १५।१९-२१

हि० व्या०—निर्धन रोगियों में संशोधन कराने की आवश्यकता होने पर उन्हें दुर्लभ एवं विपुल सामग्री को उनकी सामर्थ्य के अनुसार एकत्र कराकर

उचित समय पर विरेचनादि कर्म कराने चाहिए, क्योंकि सभी रोगियों में सभी सामग्री एकत्र करने की सामर्थ्य नहीं होती। और ऐसा भी नहीं है कि निर्धन लोग भयंकर रोग से पीड़ित न हों। अतएव आपत्ति के समय जिन-जिन औषधों की आवश्यकता हो उनको शक्ति के अनुसार वस्त्र, भोजन, उपकरणादि एकत्रकर उनका उपयोग करें।

संशोधनमधिकृत्य संवत्सरविभागविधानम् शोधनयोग्यकालवर्णनं च

कालः पुनः संवत्सरश्चातुरावस्था च, तत्र संवत्सरो द्विधा त्रिधा षोढा द्वादशधा भूयश्चाप्यतः प्रविभज्यते तत्तत्कार्यमभिसमीक्ष्य। तं तु खलु तावत्, षोढा प्रविभज्य कार्यमुपदेक्ष्यते-हेमन्तो ग्रीष्मो वर्षाश्चेति शीतोष्णवर्षलक्षणास्त्रय ऋतवो भवन्ति। तेषामन्तरेष्वितरे साधारणलक्षणास्त्रयः ऋतवः प्रावृट्-शरद्वसन्ता इति। प्रावृडिति प्रथमः प्रवृष्टः कालः। तस्यानुबन्धो हि वर्षा। एवमेते संशोधनमधिकृत्य षड् विभज्यन्त ऋतवः॥

तत्र साधारणलक्षणेष्वृतुषु वमनादीनां प्रवृत्तिर्विधीयते, निवृत्तिरितरेषु। साधारणलक्षणा हि मन्दशीतोष्णवर्षत्वात् सुखतमाश्च भवन्त्यविकल्पकाश्च शरीरौषधानाम्। इतरे पुनरत्यर्थशीतोष्णवर्षत्वाद्दुःखतमाश्च भवन्ति विकल्पकाश्च शरीरौषधानाम्।

तत्र हेमन्ते ह्यतिमात्रशीतोपहतत्वात् शरीरमसुखोपपन्नं भवत्यतिशीतवाताध्मातमतिदारुणीभूतमवबद्धदोषं च। भेषजं पुनः संशोधनार्थमुष्णस्वभावं शीतोपहतत्वान्मन्दवीर्यत्वमापद्यते। तस्मात्तयोः संयोगे संशोधनमयोगायोपपद्यते, शरीरमपि च वातोपद्रवाय।

ग्रीष्मे पुनर्भृशोष्णोपहतत्वात् शरीरमसुखोपपन्नं भवत्युष्णवातातपाध्मातमतिशिथिलमत्यन्तप्रविलीनदोषम्, भेषजं पुनः संशोधनार्थमुष्णस्वभावमुष्णानुगमनात् तीक्ष्णतरत्वमापद्यते। तस्मात्तयोः संयोगे संशोधनमतियोगायोपपद्यते, शरीरमपि पिपासोपद्रवाय।

वर्षासु तु मेघजलावतते गूढार्कचन्द्रतारे धाराकुले वियति भूमौ पङ्कजलपटलसंवृतायामत्यर्थोपक्लिन्नशरीरेषु भूतेषु विहतस्वभावेषु च केवलेष्वौषधग्रामेषु तोयतोयदानुगतमारुतसंसर्गाद् गुरुप्रवृत्तीनि वमनादीनि भवन्ति, गुरुसमुत्थानानि च शरीराणि। तस्माद् वमनादीनां निवृत्तिर्विधीयते वर्षाभागान्तेष्वृतुषु, न चेदात्ययिकं कर्म। —च० वि० ८।१२७-१३१ (क)

—देशपरीक्षां समाप्य कालपरीक्षामाह काल इत्यादि। संवत्सरोऽयनभेदेन द्विविधः। शीतोष्णवर्षभेदेन त्रिविधः। ऋतुभेदेन षोढा। मासभेदेन द्वादशधा। पक्षभेदाच्चतुर्विंशतिधा, प्रहरादिनाऽनेकधेति ज्ञेयम्। तत्तत् कार्यमि-

त्ययनादिना संपाद्यं कार्यमित्यर्थः। साधारण इति=अनतिशीतोष्णवर्षः। प्रावृषं विभजते प्रावृडित्यादि। 'प्रथमः प्रविष्ट इति शब्देनाऽऽषाढश्रावणावुच्येते। एतच्च द्विमासत्वमृतुभेदकमादिकृत्वा शेषमासद्विकेन वर्षादयो यथाक्रमं ज्ञेयाः। अयं च ऋतुक्रमो न रसोत्पत्त्यादौ, किंतु शरीरशोधनप्रवृत्तावेवेति दर्शयता-'संशोधनमधिकृत्य' इत्युक्तम्, एवमेव च क्रमं सिद्धौ वक्ष्यति-'प्रावृट्शुकनभौ ज्ञेयौ शरदूर्जसहौ पुनः। तपस्यश्च मधुश्चैव वसन्तः शोधनं प्रति (सि० अ० ६)

अस्मिनृतुक्रमे शिशिरो नास्ति। ये तु ब्रुवते, गंगायाः दक्षिणकूले वर्षा बहु भवति। तेन, तत्र प्रावृडादिक्रमः। गङ्गोत्तरकूले शीतं बहु भवति। तेन, तत्र हेमन्तशिशिरौ भवतः। उक्तं हि काश्यपेन यद् 'भूयो वर्षति पर्जन्यो गंगाया दक्षिणे जलम्। तेन प्रावृड्वर्षाख्यौ ऋतू तेषां प्रकल्पितौ। गंगाया उत्तरे कूले हिमवदङ्घ्रिसंकुले। भूयः शीतमतस्तेषां वसन्तशिशिरावृतू' इति। एतच्च न, अत्र संशोधनमधिकृत्य' इति वचनात्। यदि देशकृतोऽयं भेदः स्यात्, तदा तमेव भेदकं ब्रूयात् न संशोधनम्। तेन काश्यपोक्तदेशभेदेन प्रावृडादिक्रमो न तावदिहाभिमतः। अविकल्पकाश्च शरीरौषधानामिति, न शरीरस्य कृत्रिमतापादितगुणेन भेदकास्तथौषधस्य च न प्रमाणोत्कर्षापकर्षभेदकारका इत्यर्थः। विकल्पकाश्च शरीरौषधानामिति-यदात्ययिकत्वेनावश्यकर्तव्या भवन्ति वमनादयः, तदौषधस्य कृत्रिमगुणोपधानेन यथावक्ष्यमाणेन, तथा शरीरस्य च विकल्पका भवन्ति।

यथा हेमन्तादिषु दुःखतमत्वं भवति तदाह-तत्र हेमन्त इत्यादि। अवबद्धदोषमिति=अतिबद्धदोषम्। तयोरिति=यथोक्तशरीरभेषजयोः। तोयस्य तोयदानुगतमारुतस्य च संसर्गः—तस्माद् गुरुप्रवृत्तीनीति,—गुरोर्यथा न सुखकारिणी प्रवृत्तिर्भवति, तथाऽत्रापीत्यर्थः। किंवा बहुप्रतिविधेयप्रवृत्तीनि=गुरुप्रवृत्तीनि। गुरु समुत्थानानीति=संशोधनक्लिष्टानि शरीराणि तदा महता प्रयत्नेन चिरेण च कालेन प्रकृतिं प्राप्नुवन्तीत्यर्थः। वर्षाभागान्तेष्विति=हेमन्तग्रीष्मवर्षासु। हेमन्तादिष्वप्यात्ययिके व्याधौ संशोधनं दर्शयन्नाह न चेदित्यादि। चक्रपाणिः॥

हिः व्याः—दोष संशोधनानुसार ऋतुविभाग

संवत्सर एवं आतुरावस्था को काल कहा जाता है इनमें संवत्सर को दो, तीन, छः, बारह अथवा इससे भी अधिक कार्य एवं प्रयोजन के अनुसार समीक्षा करते हुए विभाजित किया जाता है। यहाँ काल को छः भागों में विभाजित करते हुए उपदेश किया गया है— १. हेमन्त, २. ग्रीष्म एवं ३. वर्षा। ये तीन ऋतुएँ क्रमशः शीत, उष्ण एवं वर्षा को लक्षित करने वाली हैं। व्यवहार में सर्दी, गर्मी और बरसात के रूप में जानी जाती है। इन तीनो ऋतुओं के मध्य में प्रावृट्, शरद् एवं वसन्त तीन साधारण ऋतुएँ कहलाती हैं। इनमें

बरसात, सर्दी एवं गर्मी साधारण होती हैं। वर्षा के पूर्ववर्ति ऋतु को प्रावृट् कहते हैं। उसी के साथ का अग्रिम काल वर्षा ऋतु है। इसी प्रकार शरद् शीत का प्रथम काल है एवं हेमन्त अग्रिम काल है तथा वसन्त ग्रीष्म का प्रारम्भ काल एवं ग्रीष्म उत्तरकाल है।

इसी तरह ये छः ऋतु-काल दोषों के संशोधन-कर्मानुसार विभाजित किए गए हैं। इन ऋतुओं में जिन तीन प्रावृट्आदि साधारण ऋतुओं का उल्लेख किया गया है उनमें वमनादि संशोधन कर्म कराने चाहिए। इनसे भिन्न तीनो ऋतुओं में अर्थात् हेमन्त, ग्रीष्म, वर्षा—में संशोधन कर्मों की निवृत्ति होनी चाहिए अर्थात् नहीं कराने चाहिए।

तीनो साधारण ऋतुओं में सर्दी, गर्मी एवं बरसात का प्रभाव कम होता है अतः सुखकारी होता है। इनमें प्रयोग करायी गयी औषध शरीर में किसी प्रकार का उपद्रव नहीं करती। अन्य तीनो ऋतुओं (वर्षा, हेमन्त, ग्रीष्म) में बरसात, सर्दी एवं गर्मी अधिक होने से ये दुःखकारी होता हैं। इनमें प्रयोग कराई गयी औषध शरीर में उपद्रवकारी होता हैं।

देखा जाय तो हेमन्त ऋतु में अत्यधिक ठण्ड से पीड़ित होने के कारण शरीर प्रसन्न नहीं रहता और अत्यन्त शीतल वायु से परिपूर्ण होता है। दोष अत्यन्त कठोर ओर बँधे हुए रहते हैं, ऐसी अवस्था में उष्ण स्वभाव वाली संशोधनकारी औषध का प्रयोग कराने पर, अधिक शीत के कारण उसका प्रभाव भी मन्द हो जाता है। अतः शीत से पीड़ित शरीर एवं अधिक शीत से मन्द प्रभाव वाली औषध इन दोनो का संयोग होने पर कराया गया संशोधन अयोगरूप हो जाता है अर्थात् संशोधन उत्तम नहीं हो पाता। अयोग होने से वात प्रकोप के कारण अनेक उपद्रव उत्पन्न हो जाते हैं।

ग्रीष्म ऋतु में अत्यन्त गर्मी के कारण उपहत शरीर प्रसन्न नहीं रहता। अत्यन्त उष्ण वायु एवं धूप से पूर्ण हो जाने के कारण शरीर विशेष रूप से शिथिल हो जाता है और दोष अत्यन्त लीन हो जाते हैं। संशोधन-हेतु प्रयुक्त की गई उष्ण स्वभाव वाली औषध उष्ण शरीर एवं उष्ण संशोधन के संयोग से तीक्ष्ण गुण वाली हो जाती है। अतः उष्ण औषध व उष्ण शरीर का संयोग होने पर उष्णता की अधिकता से, संशोधन का अतियोग हो जाता है और शरीर भी अत्यधिक पिपासा-जन्य उपद्रव-युक्त हो जाता है। बरसात में आकाश बादलों से घिरा होता है। सूर्य, चन्द्रमा एवं तारागण भी छिपे रहते हैं। आकाश जलधाराओं से व्याप्त रहता है। पृथ्वी कीचड़ एवं जलराशि से व्याप्त रहती है। इसी कारण प्राणियों के शरीर भी अत्यन्त क्लिन्न होते हैं तथा जलासन्न पृथ्वी एवं मेघ से दूषित पित्त, वायु के सम्पर्क में आने से सम्पूर्ण औषधों का स्वभाव भी नष्ट हो जाता है। अर्थात् रस, गुण, वीर्य, विपाकादि हीन हो

जाते हैं। इससे वामक औषधें गुरु स्वभाव वाली हो जाती हैं। अर्थात् इन औषधियों का इस ऋतु में वमनादि कर्म के लिए प्रयोग कराया जाय तो ये न स्वयं बाहर निकलती हैं न ही दोषों को उचित रूप से बाहर निकालती हैं। अतः शरीर भी रोगों के लिए गुरुसमुत्थ हो जाता है। अर्थात् संशोधन में क्लिष्ट हो जाते हैं तथा बहुत प्रयत्न के बाद ही चिरकाल में शरीर पुनः अपनी प्राकृतावस्था को प्राप्त होता है। अतः वमनादि संशोधन विधियों का हेमन्त, ग्रीष्म, वर्षा में यदि आत्ययिक (विशेष रूप से आवश्यक) न हो, तो नहीं कराना चाहिए अर्थात् सामान्य रूप से इन ऋतुओं में वमनादि कर्मों का निषेध है।

अपि च—

तस्माद्यदा वै वसुधा तृप्ता पुष्पवती भवेत्।
तदा प्रावृषि संप्राप्ते वमनादीनि कारयेत्॥
मध्यचारी यदा सूर्यो धातूनुत्क्लेशयेन्नृणाम्।
तदा वसन्ते संप्राप्ते वमनादीनि कारयेत्॥
तदा वर्षासु दातव्यं यदा ह्येष ऋतुः सुखः।
ऋतवो युक्तशीतोष्णाः प्रशस्यन्ते हि कर्मसु॥
हेमन्तेऽन्यथा कार्यो ग्रीष्मे भवति चान्यथा।
वर्षासु चाप्यन्यथा च दुर्दिने चाप्यतोऽन्यथा॥
तस्मिंस्तस्मिंश्च काले वै भवेत्कार्योऽन्यथान्यथा।
सात्म्यासात्म्यं मनुष्याणामन्यथा परिवर्त्तते॥

भेल सं० सू० २५।१३।१७

हि० व्या०—आचार्य भेल ने प्रावृट्, शरद् एवं वसन्त ऋतु को संशोधन कर्म-हेतु उत्तम काल कहा है। प्रथम तीन श्लोकों में इन्हीं तीनों ऋतुओं के लक्षण बताए गए हैं। अन्य तीन ऋतुओं—हेमन्त, ग्रीष्म, और वर्षा—को संशोधन कर्म-हेतु-अप्रशस्त बताया है क्योंकि इन तीनो ऋतुओं में सर्दी, गर्मी और वर्षा अत्यधिक होने से दुर्दिन कहलाते हैं। अतः काल का बिचार करते हुए तथा मनुष्यों के सात्म्य और असात्म्य का विचार करके संशोधन कराना चाहिए। आत्ययिक अवस्था में प्रावृट्, शरद् और वसंत के अतिरिक्त भी संशोधन कर्म कराया जा सकता है।

अपि च

अत्युष्णवर्षशीता हि ग्रीष्मवर्षाहिमागमाः।
तदन्तरे प्रावृडाद्यास्तेषां साधारणास्त्रयः॥ ४॥ च० सि० ६।

—कालप्रसङ्गः कर्मप्रवृत्तिकालस्वरूपोपलक्षणार्थमत्युष्णवर्षशीता इति। अयं च कारणनिर्देशः। के ते, एवं गुणयुक्ताः ग्रीष्मवर्षाहिमागमाः। हिमागमो हेमन्तः। यथासंख्यलक्षणमेतत्। तदन्तरे प्रावृडाद्याः। तेषामन्तरे ग्रीष्मवर्षाहेमन्तानां विशिष्टशीतादिगुणानां सामान्याः प्रावृट्च्छरद्वसन्तास्त्रयः। त्रिग्रहणं च षड्ऋतुकत्वावधारणादिति। तत्र यद्यभिहितं तत्तु गुणतुल्यत्वमसाधारणं स्यात्। एषां तत्पदयोग्यत्वमर्थगुणभेदात्तद्भेदोऽनुपपन्नः, "शीतोष्णवर्षलक्षणाः पुनः हेमन्तग्रीष्मवर्षाः" इति। न तत्र संग्रहादस्य च भेदप्रदर्शनार्थत्वादत्र जातीयस्यापि चान्तर्भावो दृष्टः। यथा वातज्वरलिङ्गेषूपशयानुपशयवचनामिति। उष्णशीतवर्षत्वनिषेधो वा, साधारणत्ववचनेन तेषामन्तरे साधारणास्त्रय ऋतवो भवन्तीत्यवधारणं संशोधनार्थम्। जज्जटः॥

प्रावृट् शुचिर्नभो ज्ञेयो शरदूर्जसहौ पुनः।
तपस्यश्च मधुश्चैव वसन्तः शोधनं प्रति॥
एतानृतून् विकल्प्यैवं दद्यात् संशोधनं भिषक्।
स्वस्थवृत्तमभिप्रेत्य व्याधौ व्याधिवशेन तु॥

च०सि०६।६-५

—प्रावृडादीन् मासविभागेन दर्शयन्नाह प्रावृट्शुचिनभाविति। शुचिनभौ आषाढश्रावणौ। ऊर्जसहौ कार्तिकमार्गशीर्षौ। तपस्यः फाल्गुनः। मधुश्चैत्रः। शोधनं प्रतीति शोधने कर्तव्येऽयं यथोक्तः प्रावृडादि-ऋतुविभागो भवति; स्वस्थवृत्तौ रसोत्पत्तौ वा तस्याशितीयोक्त एव वर्षाशरद्धेमन्तशिशिरवसन्तग्रीष्मरूपऋतुक्रमो भवति। एतानृतूनिति प्रावृडादीनृतून्। विकल्प्यैवमिति यथोक्तमासविभागेन व्यवस्थाप्य संशोधनं दद्यात्।

एतदुक्तसंशोधनाङ्गर्तुक्रमविभागेनैव चरकसंस्कारेऽपि न वेगान्धारणीये "माधवप्रथमे मासि" (च० सू० अ० ७) इत्यादिना ग्रन्थेन चैत्रश्रावणाग्रहायणेषु वमनादि संशोधनमुक्तं, तथा रोगभिषग्जितीये च शिशिरं परित्यज्य प्रावृडादिनैव ऋतुक्रमः संशोधनाङ्गतयोक्त; तेन रसबलोत्पादचिन्तायां स्वस्थवृत्तानुष्ठानेषु च शिशिरादिक्रमो भवति, संशोधनव्यवस्थायां तु प्रावृडादिरिति प्रावृडादिक्रमोऽयं संशोधनानुकूलतयाऽऽचार्येण कल्पितो न पारमार्थिकः। ये तु, प्रावृडादिक्रमं गङ्गाया दक्षिणे कूले, उत्तरेऽपि शिशिरादिक्रमं वदन्ति, तन्मते 'शोधनं प्रति' इति ग्रन्थोऽनुपपन्नः; तेन, भूयो वर्षति पर्जन्यो गङ्गाया दक्षिणे जलम्। तेन वर्षाप्रावृडाख्यौ ऋतू तेषां प्रकल्पितौ" इत्यादिना ग्रन्थेन यदि नाम देशभेदेनापि ऋतुक्रमः पारमार्थिकोऽभिधीयते, तथाऽपि नासावाचार्यस्येहाभिमतः, प्रपञ्चितश्चायमर्थः सूत्रस्थान एव।

अयं च शोधनकालोपदेशोऽनात्ययिके व्याधौ ज्ञेयः। आत्ययिके तु ऊष्मादिप्रतिकारं कृत्वा अत्युष्णेऽपि काले संशोधनप्रवृत्तिर्भवत्येव उक्तो ह्ययमर्थो रोग-

भिपरिजतीये—"आत्ययिके तु पुनः कर्मणि काममृतुं विकल्प्य कृत्रिमगुणोपधानेन"। इत्यादिना ग्रन्थेन। (वि० अ० ८) चक्रपाणि ॥

—प्रावृट् इति शुचिः=आषाढः, नभः श्रावणः। तदेवं द्वौ द्वौ मासावृतुः। तत्र ग्रीष्मवर्षाहेमन्तानां च श्रावणादपि नैव शिशिराभावप्रसङ्गः। तस्यापरित्यागात्। उक्तं हि शिशिरर्तुत्वं। शेषवदेव दोषवचनम्। तत्सामान्यापेक्षत्वात्। हिमागमशब्दविशेषश्चात्र हेमन्तशिशिरयोरभिधेयत्वात्, नैव च तस्मिन् सत्यपि भूयः प्रवट्कालविकल्पेन सर्वर्तुप्रसङ्गः तस्य शोधनार्थत्वाच्छरद्वसन्तानन्यस्यैवं स्यात्। न तत्र सात्म्याद्यभिधानात् प्रावृषः।

तत्र सात्म्याद्यभिधानादश्रूयमाणार्तववदिति। न तत्रापि वर्षाविकल्पसात्म्येनोक्तत्वान्नैव च ग्रन्थविरोधः। प्रावृडिति प्रथमः प्रावृटः कालः। तस्यानुबन्धो वर्षा इति। तस्या विभक्तस्य तनुविभागप्रदर्शनेनास्य कृतार्थत्वात् तथा ह्यनुष्णप्रकर्षानुबन्धाच्च सामान्यादेव मासद्वयसंभव इति। नैव वर्षादीनामन्यमर्यादाप्रसङ्गः। मासस्यापि चास्मिनृतुत्वेनेष्टत्वात्। तथा ह्येकद्वित्रिचतुर्भिरपि मासैर्विकल्पितः इहर्तुरिति। तत्रैकमासिकः ग्रीष्मवर्षान्तरप्रदेशाद्, द्विमासिकश्च सात्म्योपदेशात्, त्रिमासिकस्संवत्सराधिकमासके सति त्रयोदशमासिकत्वात्, चातुर्मासिकः हेमन्तेशिशिरान्तर्भावात्। वमनविरेचनाधिकारात् प्रमाणमेव प्रावृषः। तत्रास्थापनस्येष्टमादावावस्थिकस्य चान्यथाऽप्रासङ्गिकाभिधानात् सर्वत्र वा संशोधनकर्म-ज्ञापनार्थम्। तथा ह्युक्तं—"एवमेते संशोधनमधिकृत्य षड्विर्भज्यन्ते ऋतव" इत्यास्थापनस्य वा कस्यचिच्छोधनात्मकत्वादिति।

नापि शरद्वसन्ताज्ञानं, समाप्तिकारस्य भेदे प्रोक्ते ग्रन्थेन प्रथमे मासीत्यादि सर्पिश्शरदि पातव्यं वसा मज्जा च माधवे" इति। अत्र दक्षिणापथमल्पशीतबहुवर्षं च प्रत्युक्तौ फाल्गुनचैत्रौ कार्तिकमार्गशीर्षविवं तत्र वसन्तशरद्विकल्पो न तूत्तरापथम्। उत्तरापथं च बहुशीतमल्पवर्षं च। पश्यत एवौत्सर्गिकैकमासत्वादभेदः। तदयमेव सर्वत्र प्रसङ्ग इति कृत्वा निर्गमप्रदेशोपलक्षितमृत्वन्तरालं प्रतिपादयत्याचार्यस्याभिप्रायज्ञाः समाप्तिकारो मासद्वयोपादानेन। एतदत्र कारणं भवति। मन्दबुद्धीनां कृते पूर्ववदेव। तेन भेदं पारमार्थिकमेषामपनिनीषन्नाह एतानृतून्विकल्प्यैवमिति। संशोधनार्थमृतुविकल्पोऽयं न तु पारमार्थिकः। तस्यान्यथोक्तत्वात्। एवं च कृत्वा पूर्वोक्तर्तुभेदविरोधः परिहृत एव भवति। विकल्पितपदार्थनिर्देशवदिति। तत्र वृषमिथुनाभ्यां ग्रीष्मः, तौ ज्येष्ठाषाढौ। तावेव शुचिशुक्लौ। कर्कटसिंहाभ्यां वर्षाः तौ श्रावणप्रौष्ठपादौ. तावेव नभोनभस्यौ। कन्यातुलाभ्यां शरत्। तावेवाश्वयुजकार्तिकौ। तावेवेषोर्जौ। वृश्चिकधनुर्भ्यां हेमन्तः। तौ च मार्गशीर्षपौषौ। तावेव सहस्सहस्यौ। मकरकुम्भाभ्यां शिशिरः, तौ च माघफाल्गुनौ। तावेव तपस्तपस्यौ। मीनमेषाभ्यां वसन्तः, तौ चैत्रवैशाखौ। तावेव मधुमाधवौ चेति। यदि तर्हि देशस्वभावेन

तूचितमृतुव्यवस्थानं शरद्ग्रीष्मसहौ। वसन्तस्तपस्यमधू। तत्र हि वर्षत्वादाश्वयुजौ वर्षासु। मन्दशीतलत्वाच्च मार्गशीर्षश्शरदि। तपस्यश्च वसन्ते। एवं च सहोऽपि शरत्स्यात्। अन्यथा तस्य हेमन्तत्वात् सहस्य पद् शरतत्वं भवेदिति। न तर्हि वक्तव्यम्। संशोधनार्थमयमेवमृतुकल्पः क्रियत इति। नैष दोषः। तथाविधेऽपि तस्मिंस्तदेवेष्टम्। न च मासद्वयभेदेऽन्यस्मिन्नृतौ कर्मप्रसङ्ग इति वाक्यार्थः। तद्यथावदिहोक्तमिति। न च प्रवृत्तमात्रे न च गतभूयिष्ठेऽपि तु योग्यत्वापेक्षयेति। स्वस्थवृत्तः स्वस्थवृत्तवद्व्याधौ कालप्रतीक्षानिषेधार्थः। व्याधौ व्याधिवशेन। एतेन व्याधित-प्रतिपत्तिः। तद्वत्क्रिया प्रतिपत्तेरिति। अथोपदिष्टक्रियानुष्ठानात् सम्यग्विधि रिति। जज्जटः ॥

हि० व्या०—जैसा कि पूर्व में बताया गया है कि ग्रीष्म, वर्षा और हेमन्त ऋतुएं क्रमशः अति उष्ण, अति वर्षा वाली एवं अतिशीतयुक्त होती है। इनके मध्य प्रावृट् आदि (प्रावृट्, शरद् वसन्त-तीनो ऋतुएं साधारण होती है अतः इनमें शीतादि सामान्य होने से इन्हें संशोधन हेतु प्रशस्त बताया गया है। ये तीनो ऋतुएं मासानुसार इस प्रकार आती है :—

आषाढ़ एवं श्रावण —इन दो – महीनों में प्रावृट् ऋतु होती है। कार्तिक एवं मार्गशीर्ष इन दो महीनों में शरद् ऋतु होती है, फाल्गुन और चैत्र —इन दो महीनों में वसन्त ऋतु होती है। इन तीन ऋतुओं को संशोधन के लिए श्रेष्ठ बताया जाता है। इन ऋतुओं का विचार करते हुए संशोधन-औषध का प्रयोग कराना चाहिए। यह संशोधन का समय स्वस्थ व्यक्ति के लिए कहा गया है। रोगी की अवस्था एवं रोग के अनुसार जिस समय जो संशोधन अभिप्रेत हो वही कराना चाहिए।

वक्तव्य—स्वस्थ व्यक्ति की दिनचर्या में दोषों की संचयादि-अवस्थाओं का वर्णन किया गया। अतः उपर्युक्त तीनो ऋतुओं में संचित दोषों के परिहार-हेतु सशोधन-कर्म बताया गया है। यथा—वात-संचय को दूर करने के लिए प्रावृट् ऋतु में बस्ति-कर्म, संचित पित्त को दूर करने के लिए शरद् में विरेचन तथा कफ संचय के परिहार-हेतु वसंत ऋतु में वमन कराना चाहिए।

आत्ययिक-रोगे संशोधनार्थं ऋत्वौषधिविकल्पना

आत्ययिके पुनः कर्मणि काममृतुं विकल्प्य कृत्रिमगुणोपधानेन यथर्तुगुणविपरीतेन भेषजं संयोगसंस्कारप्रमाणविकल्पेनोपपाद्य प्रमाणवीर्यसमं कृत्वा ततः प्रयोजयेदुत्तमेन यत्नेनावहितः। च० वि० ८।१३१

विकल्प्येति = अल्पगुणयुक्तं कृत्वा। कृत्रिम-गुणोपधानम् यथा शीते शीतप्रतीकारार्थमुष्णकरणम्। उक्तं चान्यत्र—'शीते शीतप्रतीकारमुष्णे चोष्ण-

निवारणम् । कृत्वा कुर्यात् क्रियां प्राप्तां क्रियाकालं न हापयेत्' (सु० सू० अ० ३५)। ऋतौ प्रतीकारं दर्शयित्वा भेषजप्रतीकारमाह भेषजमित्यादि । संयोग-विकल्पः यथा, – शीते त्रिवृताया उष्णेन गोमूत्रेणालोडनम् । प्रमाण-विकल्पः यथा, अयोगप्रतीकारार्थमतिमात्रत्रिवृद्दानमित्यादिकः । अत्र च प्रमाणविकल्पस्तथा कर्त्तव्यः, यथा—विरुद्धप्रमाणभेषजमेलकः कालः स्यात्, तथा संयोगविकल्पश्च तथा कर्तव्यः, यथा विरुद्धवीर्यभेषजमेलकः कालः स्यादिति दर्शयन्नाह – प्रमाण-वीर्यसमं कृत्वेति । चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—आत्ययिक अर्थात् विशेष परिस्थिति में ऋतु के विपरीत गुणों को उत्पन्न कर आवश्यकतानुसार औषधों के संयोग-संस्कार-प्रमाण-मात्रा-प्रमाणों को वीर्य के अनुसार बनाकर यत्न-पूर्वक सावधान होकर वैद्य को प्रयोग कराना चाहिए ।

वक्तव्य – रोग एवं रोगी के दोषादि विचार करते हुए आत्ययिक अवस्था में यदि वमन विरेचनादि के बिना रोग की उपशान्ति न हो पाये तो साधारण ऋतुओं के समान परिस्थिति उत्पन्न करके संशोधन कराने की व्यवस्था करनी चाहिए । वर्तमान में विद्युत् के शीतोष्ण-प्रभावी संयन्त्रों का यथावश्यक लाभ उठाना चाहिए । इस क्रम में संयोग, संस्कारादि का भी विचार कर लेना चाहिए ।

संशोधनार्थं शमनार्थं वौषधिप्रयोगायातुरावस्थाकाल-परीक्षणम्

आतुरावस्थास्वपि तु कार्याकार्यं प्रति कालाकाल संज्ञा । तद्यथा—अस्याम-वस्थायामस्य भेषजस्याकालः, कालः, पुनरन्यस्येति । एतदपि हि भवत्यवस्था-विशेषेण । तस्मादातुरावस्थास्वपि हि कालाकाल-संज्ञा । तस्य परीक्षा—मुहुर्मुहुरातुरस्य सर्वावस्थाविशेषावेक्षणं यथावद् भेषजप्रयोगार्थम् । न ह्यतिपति-तकालमप्राप्तकालं वा भेषजमुपयुज्यमानं यौगिकं भवति । कालो हि भैषज्य-प्रयोगपर्याप्तिमभिनिर्वर्तयति । च० वि० ८।१३२

आतुरावस्थालक्षण कालमाह-आतुरेत्यादि । तत्रोदाहरणम् नवज्वरे न कषायकालः, अतिक्रान्तषडहे च ज्वरे कषायकाल इत्यादि । भैषज्यप्रयोग-पर्याप्तिमिति भेषजप्रयोगसाध्यसिद्धिमित्यर्थः । चक्रपाणिः ॥

प्रत्येक रोग में रोगी की अवस्थानुसार औषधिप्रयोग के काल एवं अकाल का ज्ञान

हि० व्या० – कार्य और अकार्य को ध्यान में रखते हुए रोगी की अवस्था में भी काल और अकाल—ये दो—विभाग किये जाते हैं । (जैसे इस अवस्था में इस औषध का काल है और इस औषध का काल नहीं है) । यही अवस्था-

विशेष का फल है । अतः आतुर की अवस्था में भी काल और अकाल—ये दो संज्ञायें रखी गयी हैं । आतुर की अवस्था को उचित रूप में बार-बार देखकर उसकी परीक्षा करनी चाहिए । औषध का प्रयोग समय के पूर्व या पश्चात् किया जाय तो वह उचित लाभ नहीं करता । अतः औषध का प्रयोग समय पर करना चाहिए ।

वातपित्तकफानां प्रावृडादिऋतुविभागेन शोधनविधानम्

वर्षाशीतोचिताङ्गानां सहसैवार्करश्मिभिः ।
तप्तानामाचितं पित्तं प्रायः शरदि कुप्यति ॥

च० सू० ६।४१

—शरद्विधिमाह—वर्षेत्यादि । उचितम्=अभ्यस्तम्, 'उचसमवाये' इत्यस्माद्धातोः, शीतमुचितान्यङ्गानि=शीतोचितानि येषां तेषां शीतो-चिताङ्गानाम् । सहसैवेति-पदेनाक्रमेण शरदि तीव्रातपसंबन्धादनभ्यस्तात् पित्तप्रकोपो न्याय्य इति दर्शयति । आचितमिति वर्षासु । प्राय इत्यनेन वर्षाष्वेव हि पित्तचय प्रतिकूलं विधि प्रयत्नेनाचरतो न भवति पित्तचयश्चेत् शरदि तर्हि पित्तप्रकोपो न भवतीति दर्शयति । एतच्च समानन्यायेन श्लेष्मणो वातस्य च – चयप्रकोपयोरपि बोद्धव्यम् । यदि वा 'प्रायः' इति पित्तं प्रकुप्यति प्राधान्येन तस्य श्लेष्मा चानुबलत्वेनेत्यर्थः । यदुक्तं,—तस्य चानुबलः कफः । चक्रपाणिः ॥

तिक्तस्य सर्पिषः पानं विरेको रक्तमोक्षणम् ।
धाराधरात्यये ··· ··· ··· ॥ च० सू० ६।४४

—तेन, प्रव्यक्तायां शरदि तिक्तसर्पिषः पानं विरेकादि च कार्यम् । क्रमश्चात्राचार्याभिप्रेतः, तेन प्रथमं सर्पिष्पानं, तेन पित्ताप्रशान्तौ विरेकः, तेनाप्यशान्तौ शोणितदुष्टौ च सत्यां रक्तश्चात्र कालस्वभावाद् दुष्यत्येव प्रायः । यदाह—"शरत्कालस्वभावाच्च शोणितं संप्रदुष्यति" (सु० अ० २४) इति ॥ चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—वर्षाकाल में प्राणियों के शरीर शीत-सात्म्य हो जाते हैं । सहसा सूर्य की प्रखर किरणों से तप्त हो जाते हैं, परिणामस्वरूप वर्षाकाल में संचित पित्त, के निर्हरण हेतु शरद्काल में तिक्त घृत का पान, विरेचन और रक्त-मोक्षण क्रिया की जानी चाहिए । यही बात शार्ङ्गधर ने भी कही है:—

शरत्काले वसन्ते च प्रावृट् काले च देहिनाम् ।
वमनं रेचनं चैव कारयेत् कुशलो भिषक् ॥ शा० उ० ३।१

हि० व्या० —शरद्काल, वसन्त-काल तथा प्रावृट्-काल में दोष-देशादि को जानने वाले कुशल चिकित्सक को चाहिए कि क्रमशः वमन, विरेचन एवं वस्ति-कर्म करावें ।

अपि च

वसन्ते निचितः श्लेष्मा दिनकृद्भाभिरीरितः ।
कायाग्नि बाधते रोगांस्ततः प्रकुरुते बहून् ॥
तस्माद्वसन्ते कर्माणि वमनादीनि कारयेत् ॥ च० सू० ६।२२

—वसन्त इत्यादिना वसन्तविधिमाह—निचितः=संचितो वसन्तपूर्वकाले, ईरितो=विलायितो वसन्ते, कायाग्निमिति कायनिर्वर्तकमग्नि जाठरं, न तु धात्वग्निविशेषमात्रम् । तत इत्यत्र चकारो लुप्तनिर्दिष्टो वोद्धव्यः, तेन ततोऽग्निवधाच्चेत्यर्थः । यदि वा ततोऽग्निवधानन्तरम् । वमनादीनि=वमनप्रधानानि, तेन, आदानमध्यत्वेन यदि वातपित्तप्रकोपस्तथाविधो भवति तदा विरेचनास्थापनानुवासनानामपि प्रवृत्तिर्भवति । शिरोविरेचनं तु कफजयार्थं कर्त्तव्यमेव । वसन्तशब्देन वमनादिकं प्रति चैत्र एव बोद्धव्यः । यतो— दोषचयाद्यर्थं पञ्चकर्म प्रवृत्यर्थञ्चाऽभिघातव्य प्रावृडादृतुक्रमेण फाल्गुनचैत्रौ वसन्तो भवति न वैशाखः अनेनैवाऽभिप्रायेण पूर्वश्लोकेऽपि सामान्येन निचित इति कृतं, न तु हेमन्ते निचित इति । हेमन्ते इत्युक्ते हि कदाचित् रसोत्पत्ति-क्रमाभिहितमार्गशीर्ष-पौषात्मके हेमन्ते प्राकृतत्वाद्दोषचयो बुध्यते, स च नाभिप्रेतः । उक्तस्तु दोषचयादिक्रमोक्तपौषमाघात्मके हेमन्ते श्लेष्मचयः । चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—हेमन्त ऋतु में संचित कफ वसन्त-ऋतु में सूर्य की किरणों से प्रेरित (द्रवित) होकर जाठराग्नि को मन्द कर देता है । अतः अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं । वसन्त-ऋतु में उस संचित कफ को दूर करने के लिए वमनादि संशोधन चिकित्सा करनी चाहिए ।

अपि च

हैमन्तिकं दोषचयं वसन्ते
प्रवाहयन् प्रैष्मिकमभ्रकाले ॥
घनात्यये वार्षिकमाशु सम्यक्
प्राप्नोति रोगानृतुजान्न जातु ॥ च० शा० २।४५

हि० व्या०—दोषानुसार विविध ऋतु-विशेष में स्वाभाविक दोषसंचय का संशोधन करने के लिए हेमन्त-ऋतु में संचित दोष अर्थात् कफ को वसन्त-ऋतु में, ग्रीष्म में संचित दोष अर्थात् वात का वर्षा-काल में तथा वर्षा-ऋतु में संचित दोष पित्त को शरद् में शोधन कर देने से मनुष्य को ऋतु-काल-जन्य रोग-समूह उत्पन्न नहीं होते ।

स्नेहस्वेदौ बिना शोधने विकारोत्पत्तौ युक्तिः

स्नेहस्वेदावनभ्यस्य यस्तु संशोधनं पिबेत् ।
दारु शुष्कमिवाऽऽमे देहस्तस्य विशीर्यते ॥

सु. चि. अ. ३३, ४६ अ. सं. सू. अ. २७,
अ. हृ. सू. अ. १८, बंगसेन विरेचनाधिकारे

हि० व्या०—स्नेहन एवं स्वेदन का प्रयोग किए बिना जो व्यक्ति संशोधन-औषध का सेवन करता है उसका शरीर उसी प्रकार नष्ट हो जाता है जिस प्रकार सूखा काष्ठ मोड़ने पर टूट जाता है । अतः संशोधन से पूर्व यथावश्यक स्नेहन एवं स्वेदन कराना चाहिए ।

विशेष—चरक सू० अ० १४ में इसी भाव को अन्य उदाहरण के रूप में व्यक्त करते हुए लिखा गया है :—

शुष्काण्यपि हि काष्ठानि स्नेहस्वेदोपपादनैः ।
नमयन्ति यथान्यायं किं पुनर्जीवतो नरान् ॥

अपि च

स्नेहस्वेदप्रचलिता रसैः स्निग्धैरुदीरिताः ।
दोषाः कोष्ठगता जन्तोः सुखा हर्तुं विशोधनैः ॥

सु० चि० अ० ३३।४७

शाखागतस्यापि दोषस्य कोष्ठानयनहेतुः स्नेहः, स्वेदः कोष्ठमागतस्य सुखेन प्रवृत्तिकरश्चेति दर्शयन्नाह—स्नेहस्वेदप्रचलिता इत्यादि । विशोधनैरिति 'शक्यन्ते' इत्याध्याहारः । डल्हणः ॥

हि०या०—स्नेहन एवं स्वेदन से चलायमान तथा स्निग्ध रसों से कोष्ठ से बाहर की ओर प्रेरित हुए मनुष्यों के दोषों का संशोधन द्वारा सुगमता से निर्हरण हो जाता है ।

संशोधनात्पूर्वं स्नेहस्वेदक्रमनिर्देशः

स्नेहमग्रे प्रयुञ्जीत ततः स्वेद-मनन्तरम् ।
स्नेहस्वेदौपपन्नस्य संशोधनमथान्तरम् ॥

चक्रदत्तः स्नेहाधिकार

संशोधन-हेतु सर्व-प्रथम स्नेहन कराना चाहिए । फिर स्वेदन कराना चाहिए । सम्यक् स्नेहन स्वेदन किए गये व्यक्ति को ही वमन-विरेचनादि द्वारा संशोधन कराना चाहिए ।

मलानां कोष्ठाद् शाखासु गतौ कारणानि,

व्यायामादूष्मणस्तैक्ष्याद्भितस्यानवचारणात् ।
कोष्ठाच्छाखा मला यान्ति द्रुतत्वान्मारुतस्य च ॥
तत्रस्थाश्च विलम्बन्ते कदाचिन्न समीरिताः ।
नादेशकाले कुप्यन्ति सूयो हेतुप्रतीक्षिणः ॥

च० सू० २८।४५—४६

—सम्प्रति, रसादीनां शाखारूपत्वात्कोष्ठाश्रयिणो दोषा यथा शाखां यान्ति, तदाह व्यायामेत्यादि । व्यायामक्षोभात्कोष्ठं परित्यज्य शाखां मला यान्ति, उष्मणोवह्वे स्तीक्ष्णत्वाद्विलायिता दोषा शाखां यान्तीति । हितस्याऽनवचारणयाऽति-सेवयाऽतिमात्रवृद्धो दोषो जलापूरवद्वृद्धः स्वस्थानमाप्लाव्य स्थानान्तरं यातीति युक्तम् । द्रुतत्वान्मारुतस्येति, चलत्वाद्वायोर्वायुना क्षिप्तो यातीत्यर्थः । वाग्वन्तरेण च वायोराक्षेपणमुपपन्नमेवेति, अन्यथा, 'मला' इति बहुवचनमसाधु । अथ शाखां गताः किं कुर्वन्तीत्याह—तत्रस्थाश्चेत्यादि । विलम्बन्ते कदाचिदिति कदाचिद्व्याधिकरणं विलम्बं कुर्वन्ति कुतो विलम्बत इत्याह-न समीरिताः, ये दोषाः अल्पत्वेनाऽबलम्बन्तः, ते हेत्वन्तरेण समीरिताः सन्तः कुप्यन्ति । तथा च, तत्र नादेश इत्यननुगुणदेशे तथा नाकाल इत्यननुगुणकाले कुप्यन्तीति योजना । तत्रैव हेतुमाह-भूय इत्यादि । यस्माद् भूयो हेतु-प्रतीक्षिणस्तेऽल्पबला दोषास्तस्मादीरणाद्यपेक्षन्ते, एतेन च भूयो हेतुप्रतीक्षिणो भवन्ति, बलवत्वान्न ते ईरणाद्यपेक्षन्ते, अत एवोक्तम् 'कदाचित्' इति ।

चक्रपाणिः ॥

हि० व्या० —दोषों के कोष्ठ से शाखाओं में जाने के कारण

अधिक व्यायाम करने से, शरीर में ऊष्मा की अधिकता से, अहितकर आहार-विहार के सेवन से, वायु की अतिशीघ्र गति से, दोष कोष्ठ से शाखा-गत अर्थात् रसरक्तादि धातुओं में जाकर एकत्रित हो जाते हैं, कभी-कभी प्रेरित न होने के कारण वहीं स्थित हो जाते हैं और रोग उत्पन्न करने में विलम्ब करते हैं। वे संचित दोष अदेश और अकाल में कुपित नहीं होते, (प्रकोपक हेतु मिल जाय तो ये दोष, अदेश और अकाल में भी कुपित हो सकते हैं।) अतः हेतु की प्रतीक्षा करते रहते हैं।

शाखागतमलानां कोष्ठं प्रत्यानयनकार-णानि

वृद्ध्या विष्यन्दनात्पाकात् स्रोतोमुखविशोधनात् ।
शाखां मुक्त्वा मलाः कोष्ठं यान्ति वायोश्च निग्रहात् ॥

च० सू० २८।४७ ॥

सम्प्रति शाखाभ्यः कोष्ठागमनहेतुं दोषाणामाह वृद्धेत्यादि । विष्यन्दनादिति = विलयनात्, विलीनश्च द्रवत्वादेव कोष्ठं निम्नं याति । पाकादिति पक्वोदोषोऽवृद्धत्वेनैव कोष्ठं याति । स्रोतोमुखविशोधनादिति अवरोधकापगमात् वायोर्निग्रहादिति क्षेप्तुर्वायोर्निग्रहात्, प्राकृतं स्थानं कोष्ठं याति । चक्रपाणिः ॥

हि० व्या० —शाखा-गत दोषों को कोष्ठ में लाने की प्रक्रिया

मल-स्वरूप को प्राप्त-दोष, धातु एवं मूत्रपुरीषादि के शाखा से कोष्ठ में जाने की प्रक्रिया का स्वरूप बताते हुए लिखा गया है कि वातादि दोषों को बढ़ाकर, विष्यन्दन (द्रवीभूत करके, अथवा पिघलाकर) करके, पाक करके,

अवरुद्ध स्रोतों के मुख का विशोधन करके अथवा वायु का निग्रह करने से शाखाश्रित मल शाखा को छोड़कर कोष्ठ में आ जाते हैं।

स्नेहस्वेदयोरुपयोगित्वम्

स्निग्ध-स्विन्नस्य भैषज्यैर्दोषस्तूत्क्लेशितो बलात् ।
निलीयते न मार्गेषु स्निग्धे भाण्ड इवोदकम् ॥

सु० चि० अ० ३३।४०

स्निग्धस्विन्नस्य पुरुषस्य भैषज्यैर्भोजनौषधरूपैः, यतो भैषज्यग्रहणेन भोजनमपि गृह्यते । बलात् पुरुष-बलादिकमभिसमीक्ष्य दोष उत्क्लेशितः । न मार्गेषु निलीयते न श्लिष्यति, न संयुज्यते न लग्नो भवतीत्यर्थः ॥ । डल्हणः ॥

हि० व्या०—जिसे स्नेहन एवं स्वेदन करा दिया गया हो उसके दोष औषधियों द्वारा उत्क्लेशित किए जाने पर मार्ग में चलायमान हो जाते हैं। मार्ग में वे उसी प्रकार नहीं ठहरते जिस प्रकार चिकने घड़े पर पानी नहीं ठहरता। अतः संशोधन में स्नेहन-स्वेदन का विशेष महत्व दर्शित होता है।

अपि च **स्नेहस्वेदोपपन्नानामूर्ध्वं चाधश्च शोधनम् ।**

भे० सू० अ० १४।१४

स्नेहनैर्व्याधितस्थानाद्रसांश्चाभ्यधिकीकृताः ।
स्वेदैर्मृदूकृतास्सन्तः स्रोतसां च समागताः ॥ १२ ॥
मृदुसर्वाङ्ग-कोष्ठस्य भेषजैश्शुचिनिस्तदा ।
दोषास्सुनिर्हरा जन्तोर्भवन्तीति विनिश्चयः ॥ १३ ॥
एष हेतुर्विरेकेषु छर्दनेष्वेव एव तु ।
एष हेतुर्निरूहेषु शिरसश्च विरेचने ॥ १४ ॥

भे० सू० अ० १४ १२-१४

हि० व्या०—स्नेहन और स्वेदन के पश्चात् ऊर्ध्व शोधन अर्थात् (वमन) एवं अधः शोधन (विरेचन) करना चाहिए ॥

स्नेहन से विकृत स्थान में रस की वृद्धि होकर दोष क्लिन्न होते हैं। स्वेदन से दोष मृदु (या चलायमान) होकर स्रोतों में आ जाते हैं। स्नेहन-स्वेदन से सम्पूर्ण शरीर और कोष्ठ मृदु होने के कारण संशोधन-औषधों से शरीर, शोधन होने से स्वच्छ हो जाता है। वमन-विरेचन-निरूहण एवं शिरोविरेचन में यही हेतु हैं।

वातादिदोषशान्तये परमौषधिवर्णनम्

शरीरजानां दोषाणां क्रमेण परमौषधम् ।
वस्तिर्विरेको वमनं तथा तैलं घृतं मधु ॥ अ० हृ० सू० १।२५

शार्ङ्गधर ।

हि० व्या०—शारीरिक दोषों की उत्तम चिकित्सा क्रमशः इस प्रकार है:—वायु के लिए बस्तिकर्म, पित्त के लिए विरेचन-कर्म तथा कफ के लिए वमन-कर्म। वायु में तैल, पित्त में घृत और कफ में मधु उत्तम शामक चिकित्सा द्रव्य बताये गये हैं।

दुर्बलस्य प्रभूताल्पदोषेषु शोधनस्य शमनस्य वा विधानम्।

दुर्बलस्य चलान् दोषानल्पानल्पान् पुनः पुनः।
हरेत् प्रभूतानल्पांस्तु शमयेत् प्रच्युतानपि॥

सु० चि० ३३।

कुपिता शमयितव्या इत्यस्यापवादमाह—दुर्बलस्येत्यादि। दुर्बलस्य पुरुषस्य प्रभूतान् चलान् कुपितान् दोषान् शनैः शनैरल्पानल्पान् हरेत्, अतीक्ष्णैः संशोधनीयैरित्यर्थः। सरैर्भोज्यैर्न तीक्ष्णैः संशोधनैरित्यध्याहार्यम्। तच्च दोषहरणं दोषाणां पक्वानामेव। अल्पांस्तर्हि किं कुर्यादित्याह अल्पांस्तु शमयेत्। प्रच्युतानपि चलितानपीत्यर्थः। भोजेनाप्युक्तम्

"दोषमल्पं च शमयेच्चलितं चापि दुर्बले। बहुदोषं तु चलितं सरैर्भोज्यैः प्रवाहयेत्" इति॥ डल्हणः।

हि० व्या०—दुर्बल व्यक्ति के दोषों का संशोधन करते समय कुपित एवं अपने स्थान से चलायमान प्रभूत दोषों को थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार निकालना चाहिए। यदि दोष अल्प चलायमान हो तो उनका शमन करना चाहिए।

मन्दाग्नेः क्रूरकोष्ठस्य च संशोधनविधिः

मन्दाग्निं क्रूरकोष्ठं च सक्षारलवणैर्घृतैः॥
सन्धुक्षिताग्निं स्निग्धं च स्विन्नं चैव विरेचयेत्॥

सु० चि० अ० ३३॥३९॥

हि० व्या०—मन्दाग्नि तथा क्रूरकोष्ठ वाले व्यक्ति की अग्नि को, सर्व-प्रथम क्षार एवं लवण-मिश्रित घृत से दीप्त करना चाहिए। फिर स्नेहन एवं स्वेदन कराकर विरेचन देना चाहिए।

सूक्ष्मदोषदूष्यादिविचारे बुद्धेराकुलीभावः

सूक्ष्माणि हि दोषभेषजदेशकालबलशरीराहारसात्म्यसत्त्वप्रकृतिवयसामवस्थान्तराणि, यान्यनुचिन्त्यमानानि विमलविपुलबुद्धेरपि बुद्धिमाकुलीकुर्युः किं पुनरल्पबुद्धेः।

च० सू० अ० १५।५

सूक्ष्माणीव सूक्ष्माणि दुर्बोधत्वेन, तत्र दोषस्यावस्थान्तराणि-क्षयस्तथा वृद्धिस्तथा समत्वम्; एवमूर्ध्वदेहगमनं तथाऽधोदेहगमनम् तिर्यग्गमनं वा, तथा शाखाश्रयित्वं कोष्ठाश्रयित्वं, तथा स्वदेशगमनं परदेशगमनम्, तथा स्वतन्त्रत्वं परतन्त्रत्वं, तथाऽशांशविकल्पस्तथा धातुविशेषाश्रयित्वं तथा कालप्रकृतिदूष्यानुगुणत्वादि कृत्स्नतन्त्रप्रतिपादितानि ज्ञेयानि; एवं भेषजस्यावस्थान्तराणि तरुणत्वं, वृद्धत्वं, आर्द्रत्वं, शुष्कत्वं, द्रव्यान्तरसंयुक्तत्वं स्वरसादिकल्पनायोगित्वं रसवीर्यविपाकैः प्रभावैश्च तस्मिन् देहे दोषादौ तत्तत्कार्यकर्तृत्वमेवमादीनि।

देशस्त्वानूपजाङ्गलसाधारणप्रशस्तादिभेदभिन्नः, कालावस्थान्तराणि तु ऋतुभेदाः पूर्वाह्णादिश्च, तथा व्याध्यवस्था ज्वराष्टादाहादय इत्येवमादीनि, बलं तु सहजं युक्तिकृतम् तथा कालकृतमुत्कृष्टापकृष्टमध्यादिभेदभिन्नं, शरीरं तु स्थूलत्वकृशत्वसारवत्वनिः सादवत्वादि तथा परिपालनीयदृष्टिसर्माद्यवयवविशेषादिभिश्च भिन्नम्; आहारस्तु प्रकृतिकरणसंयोगराशिभेदादिभिर्भिन्नः, सात्म्यं तु देशतः कालतो व्याधितः प्रकृतितः स्वभावतोऽभ्यासतश्च भिन्नं, सत्वं तु भयशौर्यविषादद्वेषहर्षादियोगभिन्नं, प्रकृतिभेदास्त्वनेकप्रकारभिन्नवाताद्यारब्धत्वेन बोद्धव्याः; वायोः भेदास्तु बाल्ययौवनवार्द्धक्यतदवान्तरभेदाः, एतानि दोषाद्यवस्थान्तराणि चिकित्सा प्रयोगे यथा यथाऽपेक्ष्यन्ते तदुदाहरणं शास्त्रेऽनुसरणीयम्, इह लिख्यमानं तु विस्तरत्वं ग्रन्थस्यावहतीति नोक्तम्॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—दोष, औषध, देश; काल, बल, शरीर, आहार, सात्म्य, सत्व, प्रकृति और आयु की विविधावस्थाओं के भेद प्रभेद इतने सूक्ष्म हैं कि इनका मन एवं बुद्धि से निर्मल तथा विशेष रूप से विद्वान् वैद्यों की बुद्धि भी घबरा जाती है फिर अल्पज्ञों की तो बात ही क्या है अतः शंका नहीं करनी चाहिए।

आशयभेदेन दोषविशेषस्य रोगोत्पादने सम्बन्धः

इति पित्तकफोथान्वै विद्यादामाशयात्मकान्।
पक्वाशयसमुत्थांश्च वातरोगान्विनिर्दिशेत्॥

भे० सू० २१।८॥

हि० व्या०—दोष संचय भेद से रोग दो प्रकार के होते हैं। आमाशय समुत्थ और पक्वाश्यसमुत्थ। इनमें पित्त और कफज रोग आमाशय समुत्थ तथा वातज रोग पक्वाशय समुत्थ समझने चाहिए।

दोषभेदेन संशोधनोपक्रमाः

वाते तु बृंहणं कुर्यात्पित्ते तु परिशोधनम् ।
कफे प्रच्छर्दनं साधु सन्निपाते विरेचनम् ॥

मे० सं० सू० २५।६

हि० व्या०—वात-प्रकोप में बृंहण, पित्त-प्रकोप में शोधन, कफ-प्रकोप में वमन एवं तीनों दोषों के प्रकोप में विरेचन करना चाहिए।

वक्त०—"वाते तु बृंहणं" से यहाँ वायु एवं पित्त-युक्त वात की वृद्धि अपतर्पण से होती है तथा ह्रास सन्तर्पण से होता है। वाग्भट ने भी इसका उल्लेख किया है—"बृंहणं शमनं त्वेव वायोः पित्तानिलस्य च" अर्थात् वात-शमन के लिए बृंहण-उपक्रम करना चाहिए। "परिशोधनं" से मृदु या मध्य विरेचन, "सन्निपाते विरेचनम्" से तीक्ष्ण विरेचन का भाव ग्रहण करना चाहिए।

स्वस्थान-प्रच्युतानां दोषाणां शोधनाऽभावेकष्टकारित्वम्

हरेद्दोषांश्चलान् पक्वान् बलिनो दुर्बलस्य वा ।
चला ह्युपेक्षिता दोषाः क्लेशयेयुश्चिरं नरम् ॥

सु० चि० अ० ३३।३८

हि० व्या०—आचार्य सुश्रुत ने भी चलायमान दोषों को शरीर से बाहर निकालने का निर्देश करते हुए कहा है कि बलवान् अथवा दुर्बल रोगियों के चलायमान पक्व दोषों को बाहर निकालना चाहिए, क्योंकि उसकी उपेक्षा करने से लम्बे समय तक कष्ट होता है।

संशोधनान्ते प्रकृतिं प्राप्तस्य पुरुषस्य लक्षणानि

सर्वक्षमो ह्यसंसर्गो रतियुक्तः स्थिरेन्द्रियः ।
[1]बलवान् सत्त्वसम्पन्नो विज्ञेयः प्रकृतिं गतः ॥

च० सि० अ० १२।९

पेयादिक्रमरसाभ्यामुपपादितस्वास्थ्य पुंसो लक्षणमाह—सर्वक्षम इत्यादि। सर्वक्षम/इति सर्वरसाभ्यासक्षमः। असंसर्ग इति असक्तवेगः; किंवा निरासङ्ग इति (पाठे) प्रतिनियतविषयापराहतः; सर्वसह इति सर्वचेष्टाक्षमः। चक्रपाणिः॥

संशोधन के बाद प्रकृति-प्राप्त पुरुष के लक्षण

हि० व्या०—संशोधन के उपरान्त उपयुक्त पेयादि क्रम सेवन से प्रकृति-प्राप्त (स्वस्थावस्था को प्राप्त) पुरुष के लक्षण बताते हुए लिखा गया है कि—जो व्यक्ति पूर्ववत् सभी प्रकार के आहार-विहार करने में समर्थ हो गया हो,

---

पाठभेदः

१. प्रसन्नात्मा सर्वसहो विज्ञेयः प्रकृतिं गतः। (जेज्जटः)

जिसके मल-मूत्रादि के वेग बाधा-रहित हों, जो व्यक्ति प्रत्येक कार्य प्रेमपूर्वक कर रहा हो, जिसकी इन्द्रियां अपने-अपने विषयों का स्थिर होकर ग्रहण करने में समर्थ (बाधारहित) हों, बलवान्-सत्त्व-सम्पन्न (अर्थात् जिसका मन समुचित कार्य में लगा हो) जो सभी कुछ सहन करने में समर्थ हो, इस प्रकार के लक्षणों से युक्त व्यक्ति को शोधन के बाद प्राकृत अवस्था प्राप्त समझना चाहिए अर्थात् वह विकार-रहित होकर स्वस्थ हो गया है।

संशोधनान्ते सर्ववर्ज्यानि

एतां प्रकृतिमप्राप्तः सर्ववर्ज्यानि वर्जयेत् ।
महादोषकराण्यष्टाविमानि तु विशेषतः ॥
उच्चैर्भाष्यं रथक्षोभमतिचङ्क्रमणासने ।
अजीर्णाहितभोज्ये च दिवास्वप्नं समैथुनम् ॥
तज्जा देहोर्ध्वसर्वाधोमध्यपीडामदोषजाः ।
श्लेष्मजाः क्षयजाश्चैव व्याधयः स्युर्यथाक्रमम् ॥

च० सि० अ० १२।१०-१२

तज्जा इत्यादि यथाक्रमं उच्चैर्भाष्यादिजा देहोर्ध्वपीडादयो ज्ञेयाः। उच्चैर्भाष्यादूर्ध्वदेहे पीडा, रथक्षोभात्सर्वदेहपीडा, अतिचङ्क्रमणादधः पीडा, अत्यासनाद्देहमध्यपीडा, अजीर्णभोजनेनामजा, अहितभोजनेन दोषजा, दिवास्वप्नेन श्लेष्मजा, मैथुनेन क्षयजा, इति। चक्रपाणिः॥

तेषां विस्ततरो लिङ्गमेकैकस्य च भेषजम् ।
यथावत्संप्रवक्ष्यामि सिद्धान्बस्तींश्च यापनान् ॥

च० सि० अ० १२।१३

अजीर्णं मैथुनं यानमुच्चैर्भाष्यं दिवाशयम् ।
अतिचङ्क्रमणस्थानमसात्म्यादि च वर्जयेत् ॥

का० सं० सि० ५।४

कतिपय त्याज्य भाव

हि० व्या०—संशोधन के पश्चात् जब तक व्यक्ति अपनी प्राकृतावस्था में न आ जाय, तब तक सभी प्रकार के त्याज्य आहार-विहार का त्याग करना चाहिए। विशेष रूप से आगे वर्णित महादोष उत्पन्न करने वाले आठ भावों का सर्वथा त्याग करना चाहिए।

महा-दोष उत्पन्न करने वाले वर्ज्य आठ भाव इस प्रकार हैं—१. ऊँचे स्वर से बोलना २. रथादि क्षोभ उत्पन्न करने वाली सवारियों पर चलना ३. अधिक एवं बार-बार चलना ४. एक आसन से अधिक देर बैठना ५. अजीर्णावस्था से भोजन करना ६. अहितकर भोजन करना ७. दिन में शयन करना ८. तथा मैथुन करना।

प्रमादववश उपर्युक्त आठ भावों के सेवन करने से जो-जो विकार उत्पन्न होते हैं, वे इस प्रकार हैं—१. उच्च स्वर से बोलने पर शरीर के ऊर्ध्व भाग में रोग उत्पन्न होते हैं। २. ३. ४. रथादि क्षोभक सवारियों के उपयोग से अधिक एवं बार-बार चलने से तथा अधिक देर एक ही आसन से बैठने पर शरीर के मध्य भाग में रोग होते हैं। ५. अजीर्ण में भोजन करने में आमज रोग उत्पन्न होते हैं। ६. अहित भोजन करने से वातादि दोष-विकार-जन्य रोग उत्पन्न होते हैं। ७. दिन में शयन करने से कफज रोग उत्पन्न होते हैं। ८. मैथुन से धातु-क्षय के कारण होने वाले रोग उत्पन्न होते हैं।

यहां इन आठ दोषों का संक्षेप में वर्णन किया गया है। इन विविध उपद्रव-रूप विकारों से उत्पन्न होने वाले लक्षण एवं उनकी सामान्य चिकित्सा का वर्णन पृथक्-पृथक् किया जा रहा है।

अष्टविध-कुपथ्यानां मध्ये उच्चैर्भाष्यातिभाष्यजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्

तत्रोच्चैर्भाष्यातिभाष्याभ्यां शिरस्तापशङ्खकर्णनिस्तोदश्रोत्रोपरोधमुखतालुकण्ठशोषतैमिर्यपिपासाज्वरतमकहनुग्रहमन्यास्तम्भनिष्ठीवनोरः-पार्श्वशूलस्वरभेदहिक्काश्वासादयः स्युः॥

च० सि० १२।१४ (क)

अत्रान्तरे त्यजेदृष्टौ भाष्यादीनि विशेषतः।
उच्चैर्भाष्याच्छिरोरोगतिमिरोरः-स्वरव्यथाः॥
रक्तनिष्ठीवतमकज्वराद्याः, ... ॥

अ० सं० क० ७।३५

मन्यास्तम्भः-शिर-शूलं वाक्पार्श्वहनुसंग्रहः।
कण्ठोद्ध्वंसः श्रमो ग्लानिर्ज्वरश्चात्युच्चभाषणात्॥

का० सि० ५।७

हि० व्या०—पञ्चकर्म चिकित्सा काल में समुचित पथ्य पालन न करने से जिन आठ उपद्रवों का चरक ने निर्देश किया है उनमें प्रथम उच्च स्वर से तथा अधिक बोलने से शिरो रोग, शंख-प्रदेश तथा कर्ण में सूई चुभाने-जैसी पीड़ा, कर्णेन्द्रिय का अवरोध (बहरापन) मुख-शोष, तालु-शोष, कण्ठ-शोष तिमिर-रोग पिपासा, ज्वर, तमक-श्वास, हनुग्रह, मन्या-स्तम्भ, निष्ठीवन (बार-बार थूकने की प्रवृत्ति), उरः-शूल, पार्श्व-शूल, स्वर-भेद, हिक्का और श्वास आदि रोग उत्पन्न होते हैं। अष्टाङ्ग संग्रह एवं काश्यप संहिता में इन्हीं विषयों की पुष्टि की गई है।

रथक्षोभादिसकलशरीरक्षोभक कुपथ्यजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्

रथक्षोभात् सन्धिपर्वशैथिल्यहनुनासाकर्णशिरःशूलतोदकुक्षिक्षोभाटोपान्त्रकूजनाध्मानहृदयेन्द्रियोपरोधस्फिकपार्श्ववंक्षणवृषणकटीपृष्ठवेदनासन्धिस्कन्धग्रीवादौर्बल्याङ्गाभितापपादशोफप्रश्वापहर्षणादयः;; ॥

च० सि० अ० १२।१४ ख

अत्यास्यायानयानाभ्यां सन्धिमूर्धत्रिकादिरुक्॥

अ० स० सि० ७।३८

योऽतीव नित्यं रमते यानाद्वातश्च कुप्यति।

का० सि० ५।६ क

रथ-क्षोभ से होने वाले रोग

हि० व्या०—घोड़ा गाड़ी या बैलगाड़ी आदि की सवारियों पर चलने से बड़ी-बड़ी सन्धियों में शिथिलता, हाथ-पैर की अंगुलियों की सन्धियों में शिथिलता हनु, नासिका, कान और शिर में शूल तथा सूई चुभोने जैसी पीड़ा, कुक्षि में क्षोभ और आटोप, आँतों में कूजन, उदर में आध्मान, हृदय की गति में अवरोध, इन्द्रियों का अपने-अपने विषय के ग्रहण में अवरोध, नितम्ब, पार्श्व, वंक्षण अण्डकोष, कटि और पृष्ठ में वेदना, सन्धि, स्कन्ध और ग्रीवा में दुर्बलता, अङ्गों में जलन, पैरों में शोथ, शून्यता और पादहर्ष आदि रोग होते हैं। इस सन्दर्भ में महर्षि कश्यप ने लिखा है कि जो सवारियों से नित्य यात्रा करते हैं उनको वात प्रकोप होता है।

अतिचङ्क्रमणजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्।

अतिचङ्क्रमणात् पादजङ्घोरुजानुवङ्क्षणश्रोणीपृष्ठशूलसक्थिसादनिस्तोदपिण्डि[1]कोद्वेष्टनाङ्गमर्दसाभितापसिराधमनीहर्षश्वासकासादयः स्युः।

च० सि० १२।१४ (ग)

अति चङ्क्रमणात् पादजङ्घोरुसदनादयः॥

अ० सं० सि० ८।३८

कटोवङ्क्षणपादोरूजानुबस्त्यनिलामयः।
शर्कराश्मरिखल्वाद्या अतिचङ्क्रमणोद्भवाः॥

का० सं० सि० ५।८

---

१. पिण्डिकोद्वेष्टनं जङ्घापिण्डिकयोरुद्वेष्टनाकारा वेदना। सिराधमनीहर्षः सिराधमन्योरुच्छूनत्वम्॥ चक्रपाणिः

अधिक चलने से होने वाले रोग

हि० व्या०—अधिक चलने से पैर, जंघा, उरु, जानु, वंक्षण, श्रोणिप्रदेश और पृष्ठ में शूल, पैरों में शिथिलता, सुई चुभाने जैसी पीड़ा, पिण्डलियों में ऐंठन की तरह पीड़ा, अङ्गमर्द (बदन टूटना), अंस-प्रदेश में जलन, सिरा एवं धमनियों में हर्ष (फड़कन) एवं श्वास-कास आदि रोग उत्पन्न होते हैं। काश्यप ने शर्करा, अश्मरी, खल्ली आदि रोग उत्पन्न होना भी माना है।

अत्यासनजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्

अत्यासनाद्रथक्षोभजाः स्फिक्पार्श्ववङ्क्षणकटीपृष्ठवेदनादयः स्युः।

च० सि० १२।१४ (घ)

सुप्ताऽधरकायस्य तन्द्रीजाड्यादिविभ्रमाः।
वातशोणितहल्लासप्रे··· ··· ॥

का० सं० सि० ५।९

रथक्षोभजा इत्युक्ते सन्धिशैथिल्यादीनामपि प्रसक्तिः स्यादतस्तन्निरासार्थमाहस्फिक्पार्श्ववंक्षणवृषणकटीपृष्ठवेदनादयः स्युरिति ॥ १४ (घ) चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—अधिक देर तक बैठने से तथा सवारी पर बैठने से नितम्ब, पार्श्व, वंक्षण, अण्डकोष, कटि और पृष्ठ में वेदना आदि रथ-क्षोभ से उत्पन्न होते हैं। आचार्य काश्यप के अनुसार बहुत देर तक बैठे रहने से शरीर का अधः भाग सुन्न हो जाता है और तन्द्रा, जड़ता, विभ्रम, वातरक्त, जी मिचलाना, आदि विकार हो जाते हैं।

अजीर्णाध्यशनजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्।

अजीर्णाध्यशनाभ्यां तु मुखशोषाध्मानशूलनिस्तोदपिपासागात्रसादच्छर्द्यतीसारमूर्च्छाज्वरप्रवाहणामविषादयः स्युः॥

च० चि० १२।१४ (ङ)

अजीर्णभोजनादामविषच्छर्दिज्वरादयः॥

अ० सं० सि० ७।३८

अजीर्णे वर्धते व्याधिः पुनः कार्श्यं च जायते।

का० सं० सि० ५।५ (क)

अजीर्णाध्यशनाभ्यामित्यत्र अजीर्णाशनस्यामजविकारकर्तृत्वादध्यशनस्यासूत्रितस्योपादानम्॥ चक्रपाणिः॥

अजीर्ण भोजन करने से होने वाले रोग

हि० व्या०—अजीर्ण भोजन से और अधिक बार भोजन करने से मुखशोष, आध्मान, शूल एवं सुई चुभाने जैसी पीड़ा होती है। प्यास की अधिकता शरीर में शिथिलता, वमन, अतिसार, मूर्च्छा, ज्वर, प्रवाहण, और आमविष आदि होते हैं। काश्यप के अनुसार अजीर्ण से व्याधि की पुनः वृद्धि हो जाती है। इससे शरीर में कृशता भी आ जाती है।

विषमाहिताशनजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्।

विषमाहिताशनाभ्यामनन्नाभिलाषदौर्बल्यवैवर्ण्यकण्डूपामागात्रावसादवातादिप्रकोपजाश्च ग्रहण्यर्शोविकारादयः॥ च० सि० १२।१४॥ (च)

अहितान्नाद्यथादोषं रोगाः स्युर्भेषजानि च॥

अ० सं० सि० अ० ७।४०

वैवर्ण्यमरुचिर्ग्लानिः कण्डुपाण्डुज्वरभ्रमाः।
कामलाकुष्ठवैसर्पपामाद्याश्चाप्यसात्म्यजाः॥

का० सं० सि० ५।१०

एवमहिताशनजविकारसमानविकारकारित्वाद्विषमाशनस्याप्यसूत्रितस्योपादानम्। चक्रपाणिः॥

विषम तथा अहितकर भोजन से होने वाले रोग

हि० व्या०—विषम और अहितकर भोजन से अरुचि, दुर्बलता, विवर्णता, सम्पूर्ण शरीर में खुजली, पामा, शरीर की शिथिलता, वातादि-दोष के प्रकोप से होने वाले ग्रहणी, अर्श आदि रोग उत्पन्न होते हैं।

दिवास्वप्नजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्

दिवास्वप्नादरोचकाविपाकाग्निनाशस्तैमित्यपाण्डुत्वकण्डूपामादाहच्छर्द्यङ्गमर्दहृत्स्तम्भजाड्यतन्द्रानिद्राप्रसङ्गग्रन्थिजन्मदौर्बल्यरक्तमूत्राक्षितातालुलेपाः पिपासा च (७); च० सि० १२।१४ (छ);

हलीमकादयः प्रोक्ता दिवास्वप्नात् पुरा गदाः॥

अ० सं० सि० ८।४१

अग्निसादो दिवास्वप्नात् कफवृद्धिर्ज्वरोऽरुचिः।

का० सि० ५।६ (ख)

हि० व्या०—दिन में शयन करने से होने वाले रोग—

दिन में सोने से भोजन में अरुचि, पाचनक्रिया में बाधा, जाठराग्नि का नाश, स्तैमित्य (शरीर में आर्द्रता), पाण्डुरोग, खुजली, पामा (विचर्चिका), शरीर में दाह, वमन रोग, अङ्गमर्द, हृदय की गति में रुकावट, जड़ता, तन्द्रा, निद्राधिक्य, ग्रन्थि-रोग, दौर्बल्य, मूत्र एवं नेत्र का रक्तवर्ण होना, तालु में कफ का लेप, प्यास लगना आदि रोग होते हैं। काश्यप के अनुसार दिन में सोने से अग्नि-मांद्य हो जाता है। कफ-वृद्धि हो जाती है, अरुचि तथा ज्वर उत्पन्न हो जाता है।

व्यवायजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्

व्यावायादाशुबलनाशोकसादसिरोवस्तिगुदमेढ्रवङ्क्षणोकजानुजङ्घापादशूलहृदयस्पन्दननेत्रपीडाङ्गशैथिल्यशुक्रमार्गशोणितागमनकासश्वासशोणितष्ठीवनस्वरावसादकटीदौर्बल्यैकाङ्गसर्वाङ्ग-रोगमुष्कश्वयथुवातवर्चोमूत्रसङ्गशुक्रविसर्गजाड्य-

वेपथुबाधिर्यविषादादयः स्युः; अवलु[1]प्यत इव गुदः, ताड्यत इव मेढ्रम्, अवसीदतीव मनो, वेपते हृदयं, पीड्यन्ते सन्धयः। तमः प्रवेश्यत इव च; इत्येवमेभिरष्टभिरपचारैरेते प्रादुर्भवन्त्युवद्रवाः॥

च० सि० १२।१४ (ज)

व्यवायाज्जीवितभ्रंशस्तैस्तैरस्यानिलामयैः।
गुदोऽवलुप्यत इव भ्रमतीव च चेतना॥
मेढ्रं धूमायति मनस्तमसीव प्रवेश्यते।

अ० सं० सि० क० ७।४२

क्रियायां मैथुनाच्छाण्ढ्यं पांडुत्वं च निगच्छति॥

का० सि० अ० ५।५ (ख)

हि० व्या०—पञ्चकर्म (संशोधन) चिकित्सा के उपरान्त स्त्री-प्रसङ्ग करने से होने वाले रोग—स्त्री-प्रसङ्ग से शीघ्र ही बल का नाश होता है। ऊरु की शिथिलता, सिर, मूत्राशय, गुदा, मूत्रेन्द्रिय, वंक्षण-प्रदेश, ऊरु, जानु, जंघा एवं पैरों में शूल, हृदय की धड़कन बढ़ जाना, आँखों में वेदना, अङ्गों में शिथिलता, शुक्रमार्ग से रक्त का निकलना, कास, श्वास, रक्त-ष्ठीवन, (बार-बार मुख से रक्त का निकलना), स्वर-भेद, कटि में दुर्बलता, एकाङ्ग और सर्वाङ्ग में होने वाले विकार, अण्ड-कोश में शोथ, अपान वायु मल और मूत्र का रुक जाना, अकारण शुक्र निकलना, शरीर में जड़ता, कम्प, बधिरता और विषाद आदि रोग होते हैं। गुदा में खींचने जैसी वेदना, मूत्रेन्द्रिय पर चोट लगने जैसी पीड़ा, रोगी का मन शिथिल हो जाना, हृदय में कँप-कँपी, सन्धियों में पीड़ा, तथा नेत्र के सामने अँधेरा आदि रोग होते हैं।

उच्चैर्भाष्यातिभाष्यजन्योपद्रवे चिकित्सासूत्रम्

तेषां सिद्धिः तत्रोच्चैर्भाष्यातिभाष्यजानामभ्यङ्गस्वेदोपनाहधूमनस्योपरिभक्तस्नेहपानरसक्षीरादिर्वातहरः सर्वोविधिर्मौनं च;

च० सि० १२।१५ (क)

तत्र साधनम्।

अभ्यङ्गस्वेदनस्याद्योमक्तस्नेहोपसेदनम्।
मौनं विधिर्वातहरो यथास्वं च विकारजित्॥

अ० सं० सि० क० अ० ७/३७

तेषां चिकित्सितं स्वं स्वमविरुद्धं विधापयेत्।
कृशान् संबृंहयेच्चापि कर्शयेत् परिबृंहितान्॥

का० सि० ५।११

१. अवलुप्यत इव=छिद्यत इव॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—आठ प्रकार के महादोषों का त्याग नहीं करने से जो विकार उत्पन्न हो जाते हैं उनकी चिकित्सा का सामान्य वर्णन करते हुए लिखा गया है कि उच्च स्वर में बोलने से उत्पन्न होने वाले विकारों में अभ्यंग, स्वेदन, उपनाह, धूमपान, नस्य, भोजनोत्तर घृत आदि स्नेहों का पान कराना, मांस रस, दूध, आदि सेवन तथा वात-नाशक क्रियाओं का पालन करना चाहिए। रोगी बिल्कुल मौन होकर रहे। काश्यप के अनुसार उच्च बोलने आदि से होने वाले विकारों की परस्पर अविरुद्ध चिकित्सा करना चाहिए। अतः कृश व्यक्तियों का बृंहण तथा बृंहित व्यक्तियों का कर्शन करना चाहिए।

रथक्षोभातिचङ्क्रमणात्यासनजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम्

रथक्षोभातिचङ्क्रमणात्यासनजानां स्नेहस्वेदादिवातहरं कर्म सर्वं निदानवर्जनं च;

च० सि० १२।१५ (ख)

तेषां वातहरं सर्वं स्नेहस्वेदादि शस्यते॥

अ० सं० सि० ७।३६

हि० व्या०—रथादि यानपर अधिक यात्रा करने एवं घूमने-फिरने से, आसन (एकासन) पर अधिक देर बैठने से होने वाले विकारों में वातनाशक स्नेहन-स्वेदन आदि सभी क्रियाओं का प्रयोग करना चाहिए और विकार उत्पन्न करने वाले कारणों का (जिनसे विकार उत्पन्न हुआ है) त्याग करना चाहिए यथा-यानभ्रमण, बैठना आदि का परिहार करें।

अजीर्णाध्यशनजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम्।

अजीर्णाध्यशनजानां निरवशेषतश्छर्दनं रूक्षः स्वेदो लङ्घनीयपाचनीयदीपनीयौषधावचारणं च;

च० चि० १२।१५ (ग)

तत्र मात्राशितीयोक्तो विधेयो विधिरामहा॥

अ० सं० सि० क० ७।४० (क)

निरवशेषतश्छर्दनमिति अजीर्णान्नस्यनिखशेषतश्छर्दनम्॥

च०सि० १२।१५ (ग) चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अजीर्ण एवं अध्यशन से उत्पन्न विकारों में तब तक वमन कराना चाहिए जब तक अन्नपूर्ण रूप से बाहर न निकल जाय तत् पश्चात् रूक्षस्वेदन करायें तथा लंघनीय पाचनीय, दीपनीय औषधियों का प्रयोग करायें।

विषमाहिताशनजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम्।

विषमाहिताशनजानां यथास्वं दोषहराः क्रियाः।

च० सि० १२।१५ (घ)

हि० व्या०—विषम तथा अहित भोजन से होने वाले रोगों में दोषावस्था का विचार करते हुए तत्-तत् दोषों के विकारों को शान्त करने वाली क्रियाएँ एवं औषध-प्रयोग कराना चाहिए।

दिवास्वप्नजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम्।

दिवास्वप्नजानां धूमपानलङ्घनवमनशिरोविरेचनव्यायामरुक्षाशनारिष्ट-दीपनीयौषधोपयोगः प्रघर्षणोन्मर्दनपरिषेचनादिश्च श्लेष्महरः सर्वो विधिः;

च० सि० १२।१५ (ङ)

हि० व्या०—संशोधन के बाद दिन में सोने से उत्पन्न होने वाले विकारों में, धूमपान, उपवास, वमन, शिरोविरेचन, व्यायाम, रुक्ष आहार का सेवन, अरिष्ट-पान, दीपनीयऔषधियों का प्रयोग, दिवा-स्वाप से बढ़े हुए श्लेष्मा की उपशान्ति के लिए कफ-नाशक चूर्णों से शरीर पर घर्षण, अंगों में कफ-नाशक तैलों से मर्दन तथा श्लेष्महर क्वाथों से परिषेचन क्रिया करनी चाहिए तथा कफ-नाशक औषधियों का सेवन कराना चाहिए।

व्यवायजन्यानामुपद्रवाणां चिकित्सासूत्रम्

मैथुनजानां जीवनीयसिद्धयोः क्षीरसर्पिषोरुपयोगः, तथा वातहराः स्वेदा-भ्यङ्गोपनाहा वृष्याश्चाहाराः स्नेहाः स्नेहविधयोः यापना बस्तयोऽनुवासनं च; मूत्रवैकृतबस्तिशूलेषु चोत्तरबस्तिर्विदारिगन्धादिगणजीवनीयक्षीरसंसिद्धं तैलं स्यात्; यापनाश्च बस्तयः सर्वकालं देयाः॥

च० सि० १२।१५

जीवनीयश्रृतक्षीरसर्पिषोरुपसेवनम्। आहारो बृंहणस्तत्र वृष्यास्ते ते च वस्तयः। अ० सं० सि० ७।४३

मूत्रवैकृतेत्यादि यदा मैथुनान्मूत्रवैकृतादि भवति तदा विदारिगन्धादि जीवनीय गणाभ्यां क्वाथकल्कीकृताभ्यां सक्षीरं तैलं साधयित्वोत्तरबस्तिर्देयः। प्रतिज्ञातान् यापनबस्तीनाह यापनाश्चेत्यादि। सर्वकालं देया इत्यनेन पूर्व-निरूहाणामसार्वकालिकत्वं दर्शयति; एतेषां च सर्वस्मिन् काले दानमविरुद्धम्। आयुषो यापनं दीर्घकालानुवर्तनम् कुर्वन्तीति यापनाबस्तयः॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—संशोधन के अनन्तर मैथुन-जन्य त्याज्य भाव का सेवन करने से उत्पन्न विकारों में जीवनीय-गण की ओषधियों से सिद्ध किए हुए दूध एवं घृत का प्रयोग कराना चाहिए। वातनाशक स्वेद, अभ्यंग, उपनाह-प्रयोग वृष्य आहार का सेवन. स्नेह-पान एवं विविध स्नेहन विधियों का पालन करें, यापन-बस्तियों तथा अनुवासनबस्तियों का प्रयोग करायें, मूत्र-विकार होने से बस्ति-शूल हो जाने पर विदारिगन्धादि-गण व जीवनीय-गण की औषधियों से सिद्ध तथा दूध से साधित तैल की उत्तर-बस्ति देनी चाहिए।

सम्यगसम्यग्विहितसंशोधिते प्रश्नाः, आत्रेयप्रदत्तोत्तराणि च।

अनैकान्तिकं चिकित्साफलमिति पूर्वपक्षः

इत्येवं वादिनं भगवन्तमात्रेयमग्निवेश उवाच, ननु भगवन्नादावेव ज्ञानवता तथा प्रतिविधातव्यं यथा प्रतिविहिते सिध्येदेवौषधमेकान्तेन, सम्यक्प्रयोग-निमित्ता हि सर्वकर्मणां सिद्धिरिष्टा, व्यापच्चासम्यक्प्रयोगनिमित्ता, अथ सम्यग् सम्यक् च समारब्धं कर्म सिद्धयति व्यापद्यते वाऽनियमेन, तुल्यं भवति ज्ञानम ज्ञानेनेति॥

च० सू० १५।४

अनियमेनेति सम्यगारब्धं च सिध्यति व्यापद्यते च॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—संभार-द्रव्यों का वर्णन करने पर अग्निवेश ने कहा कि हे भगवन् प्रारम्भ में ही ज्ञानवान् वैद्य को इस प्रकार की व्यवस्था करनी चाहिए कि कार्य का अवश्य ही निश्चित फल अर्थात् कोई उपद्रव न हो जब समुचित रूप से औषध का प्रयोग किया जाता है, तब उसका फल भी निश्चित रूप से अच्छा ही होता है, सभी कार्यों की सिद्धि समुचित कर्त्तव्यों से होती है और अनुचित रूप से प्रयोग किये जाने पर उपद्रव होता है। यदि उचित रूप से या अनुचित रूप से कार्य किया जाय तो कार्य की सिद्धि या विफलता दोनों अनियमित रूप से होती हैं, ऐसा मान लेने पर ज्ञान एवं अज्ञान-दोनों-समान ही हो जायेंगे।

निश्चितफला सम्यग्ज्ञानपूर्वा चिकित्सा

तमुवाच भगवानात्रेयः—शक्यं तथा प्रतिविधातुमस्माभिरस्मद्विधैर्वाप्यग्नि-वेश, यथा प्रतिविहिते सिध्येदेवौषधमेकान्तेन, तच्च प्रयोग-सौष्ठवमुपदेष्टुं यथावत्।

च० सू० १५।५ (क)

प्रयोगसौष्ठवं=प्रयोगसुष्ठुत्वं, यथावदुपदेष्टुं शक्यमस्माभिरस्मद्विधैर्वेति योजना। एतदिति प्रयोगसौष्ठवं, एवमिति यथावद्। चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—महर्षि आत्रेय ने अग्निवेश द्वारा की गई शंका का समाधान करते हुए कहा कि हम या हमारे समान अनुभवी चिकित्सक ही ऐसी व्यवस्था या प्रयोग कर सकते हैं कि औषध के सम्यक् प्रयोग करने में सफल हो जाए। उस प्रयोग की सफलता कैसी होगी उसका भी उपदेश हम या हमारे जैसे चिकित्सक ही कर सकते हैं।

संभाव्यमानव्यापत्प्रतिकारायोचितं तत्साधनसंकलनम्

न हि कश्चिदस्ति, य एतदेवमुपदिष्टमुपधारयितुमुत्सहेत, उपधार्य वा तथा प्रतिपत्तुं प्रयोक्तुं वा तस्मादुभयमेतद्यथावदुपदेक्ष्यामः सम्यक्प्रयोगं चौषधानां, व्यापन्नानां च व्यापत्साधनानि सिद्धिषूत्तरकालम्॥

च० सू० १५।५ (ख)

उपधारयितुमिति ग्रन्थेन धारयितुं, प्रतिपत्तुमित्यर्थतो ग्रहीतुम् - उभयमेतदुत्तरकालं सिद्धिषूपदेक्ष्याम इति योजना । चक्रपाणिः ॥

हि० व्या० —अन्य चिकित्सकों अथवा आगे होने वाले अल्पज्ञ चिकित्सकों की ओर संकेत करते हुए आत्रेय जी ने कहा हैं कि ऐसा कोई नहीं है जो हमारे समान विषय को पूर्णरूप से जानने वाला हो, जो यह उपदेश कर सके कि प्रयोग की सफलता निश्चित होगी अथवा मैं जो उपदेश कर रहा हूं उसको सुनकर उचित रूप से समझाने का साहस कर सके अथवा हमारे उपदेश को धारण कर उसका ठीक ज्ञान रखे और उसका प्रयोग उचित प्रकार से कर सके; अतः मैं दोनों बातों का उचित रूप से उपदेश कर रहा हूँ, औषधों के सम्यक्-प्रयोग और असम्यक्-प्रयोग के उपर्यन्त जो आपत्तियां आती हैं उनका प्रतिकार चरक सिद्धि-स्थान में कहा है (पुस्तक में भी यथाक्रम उनका वर्णन किया गया है)

पञ्चकर्मप्रयोगे सम्यक् पथ्यपालनावश्यकतायां युक्तयः

अथ खल्वातुरं वैद्यः संशुद्धं वमनादिभि :।
दुर्बलं कृशमल्पाग्नि मुक्तसंधानबन्धनम् ॥
निर्हृतानिलविण्मूत्रकफपित्तं कृशाशयम् ।
शून्यदेहं प्रतीकारासहिष्णुं परिपालयेत् ॥
यथाण्डं तरुणं, पूर्णं तैलपात्रंयथैव च ।
गोपाल इव दण्डी गाः सर्वस्मादपचारतः ॥

च० सि० १२।३-५

वमनादिभिरिति वमनदिरेचननिरूहशिरोविरेचनैः; किं तु निरूहशिरोविरेचनयोर्नं सर्वं वक्ष्यमाणं पेयादि सम्बध्यते, तेनायं क्रम एतयो र्न भवति । चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—संशोधन के अनन्तर साधारणतया रुग्ण-व्यक्ति में दुर्बलता आ जाती है, अतः शोधन के बाद सम्यक्तया पथ्यपालन करना चाहिए । यहाँ चिकित्सक को सावधानी रखने का निर्देश दिया गया है ।

जिस व्यक्ति को वमन-विरेचन से शुद्ध किया गया है, जो दुर्बल, कृश तथा शिथिल सन्धि-बन्धन वाला (जिसकी सन्धियों के बन्धन ढीले हो गये हों), जिनकी अग्नि मन्द हो गई है, जिनके शरीर से वात, मल, मूत्र, कफ एवं पित्त का निर्हरण किया गया है एवं विकारों के निकल जाने से रिक्त आशय वाले हैं, जिनके शरीर में शून्यता आ गई है, उन दुर्बल एवं शून्य शरीर वाले एवं जिनमें अन्य प्रतिकारों की सहनशक्ति न रह गई हो, उन व्यक्तियों को सावधानी-पूर्वक पथ्य-पालन कराते हुए प्राकृतिक अवस्था में लायें । इनकी उसी प्रकार सावधानी-पूर्वक रक्षा करनी चाहिए, जिस प्रकार पक्षी तरुण (कच्चे) अण्डे की रक्षा करते हैं, तथा भरे हुए तैलपात्र को ले जाते हुए सावधानी-पूर्वक

की जाती है, (गिरने से बचाया जाता है) तथा ग्वाला चारागाह में चरती हुए गायों की डण्डे से भली-प्रकार रक्षा करता है (अर्थात् इधर-उधर भागने नहीं देता) ।

पथ्यपालने पेयादिक्रमप्रयोगे प्रथमतः स्वाद्वम्ललवणरस-प्रधान-द्रव्याणां परतः स्वादु-तिक्त-कषायकटुकरसानां प्रयोग-सूचनम्

अग्निसन्धुक्षणार्थं तु पूर्वं पेयादिना भिषक् ।
रसोत्तरेणोपचरेत् क्रमेण क्रमकोविदः ॥
स्निग्धाम्लस्वाद्वृहद्यानि ततोऽम्ललवणौ रसौ ।
स्वादुतिक्तौ ततो भूयः कषायकटुकौ ततः ॥
अन्योऽन्यप्रत्यनीकानां रसानां स्निग्धरूक्षयोः ।
व्यत्यासादुपयोगेन प्रकृतिं गमयेद्भिषक् ॥

च० सि० १२।६-८ ॥

रसोत्तरेणोपचरेदित्यत्र रसे मांसरसरूप उत्तरो यस्मिंस्तेन पेयादिना रसोत्तरेण क्रमेण किं वा वमनविरेचनयोरन्तरे पेयादिना क्रमणोपचरेत् । निरूहे तु रसोत्तरेणेति व्यवस्था । तत्र च निरूहे स्तोकाग्निमान्द्यापेक्षया रसादिरेव क्रमो भवतीति प्रतिपादितमेव प्राक् । किं वा रसाभ्यासक्रम उत्तरकालं यस्मिंस्तेन पेयादिना रसोत्तरेण । अभ्यासक्रममेवाह—स्निग्धाम्लस्वाद्वृहद्यानीत्यादि । पेयाक्रमोत्तरकालं यदा विरेचनादिकर्मान्तरं न कर्तव्यं तदा संशोधनमूलशरीरस्य प्रकृतिभोजनार्थं बलाप्यायनार्थं चायं रसाभ्यासक्रमो ज्ञेयः; अन्ये तु पेयादिक्रम एव रससंस्कारार्थं स्निग्धाम्लसिद्धादिक्रमं वर्णयन्ति । अत्र चाम्लस्वादु प्रथमं पक्वाशयस्थितवातप्रशमनायोपयुज्यते, तथाऽम्ललवणौ तदूर्ध्वस्थिताग्निसंधुक्षणार्थं, ततः पित्तप्रशमनार्थं स्वादुतिक्तौ, ततः पित्तोर्ध्वस्थितकफप्रशमनार्थं कषायकटुकौ, इत्येष क्रमः । अत्रापि च यौ रसौ प्रत्यनीकभूतौ तावेव मिश्रितावुपयुज्येते । एषां चतुर्णां रसयुग्मानानुपयोगः पेयादिक्रम एव । एवं द्वादशान्नकालैः सर्वरस भोजनप्राप्तिरुत्तमविधयाज्ञेया । अन्योन्येत्यादि । अन्योन्यप्रत्यनीकानामिति परस्परमभिभावकानाम् । व्यत्यासादुपयोजयेदित्येकं युग्ममुपयुज्यापरस्य युग्मस्योपयोगात् । प्रकृतिं गमयेदिति प्रकृतिभोजनं गमयेत् । प्रकारान्तरं रसाभ्यासे प्राह-स्निग्धयोरिति । स्निग्धरसमुपयुज्य रूक्षो योज्यः, रूक्षं वोपयुज्य स्निग्ध इत्यनेन क्रमेण प्रकृति-भोजनं गमयेदित्यर्थः स्निग्धरूक्षौ चात्रोदाहरणार्थमुपात्तौ, तेन गुरुलघ्वादियुग्मरसव्यत्यासाभ्यासोऽप्यत्र बोद्धव्यः । किंवा कषायकटुकौ तत इत्यनेन युग्मरसाभ्यास उपदर्शितः, अन्योन्य प्रत्यनीकानामित्यादिना तु प्रत्येकं प्रत्यनीकानामन्योन्यव्यत्यासेन [illegible] नच्यते ॥ चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—वमनादि से शुद्ध शरीर वाले व्यक्ति को अग्नि प्रदीप्त करने के लिए पहले पेय और बाद में विविध रसाहार का क्रमशः सेवन करना चाहिए। क्रम को जानने वाले चिकित्सकों को चाहिए कि पेयादि-संसर्जन क्रम कराने के पश्चात् रसाभ्यास क्रम कराना चाहिए।

संसर्जन क्रम के पश्चात् रस सेवन कराने में सर्व प्रथम हृदय को प्रिय लगने वाले (हृद्य), स्निग्ध (द्रव्य), अम्ल और मधुर रसों का सेवन कराना चाहिए। तदनन्तर अम्ल और लवण रस का प्रयोग कराना चाहिए। इसके बाद मधुर और तिक्त रस का और अन्त में कषाय तथा कटु रस का प्रयोग कराना चाहिए।

चिकित्सक को चाहिए कि इस क्रम से परस्पर विरुद्ध रसों के प्रयोग से तथा स्निग्ध एवं रुक्ष द्रव्यों के सेवन क्रम से रोगी को अपने प्राकृतिक आहार सेवन के लिए समर्थ बनायें।

पञ्चकर्मप्रयोगे तर्कयुक्तिविचारावश्यकता

इति पञ्चविधं कर्म विस्तरेण निदर्शितम्।
येभ्यो यन्न हितं यस्मात् कर्म येभ्यश्च यद्धितम्॥
न चैकान्तेन निर्दिष्टेऽप्यर्थेऽभिनिविशेद्बुधः।
स्वयमप्यत्र वैद्येन तर्क्यं बुद्धिमता भवेत्॥
उत्पद्यते हि साऽवस्था देशकालबलं प्रति।
यस्यां कार्यमकार्यं स्यात् कर्मकार्यं च वर्जितम्।
छर्दिहृद्रोगगुल्मानां वमनं स्वे चिकित्सते।
अवस्थां प्राप्य निर्दिष्टं कुष्ठिनां बस्तिकर्म च॥
तस्मात् सत्यपि निर्देशे कुर्याद्बुद्ध्या स्वयं धिया।
विना तर्केण या सिद्धिर्यदृच्छासिद्धिरेव सा॥

च० सि० २।२४-२८

आध्यायार्थसंग्रहमभिधाय वमनाद्यविषयत्वेन तथा वमनादिविषयत्वेन च प्रतिपादिते वमनादिनिवृत्तिप्रवृत्तिनिश्चयं निषेधयन्नाह-न चैकान्तेनेत्यादि। अभिनिविशेदिति निश्चयं कुर्यात्। तर्क्यमित्यनुक्तमप्यूहनीयम्। बुद्धिमतेति वचनेन अबुद्धिमतामनुक्तोऽहं निषेधयति; उक्तं हि—तस्माद्बुद्धिमतामूहापोह-वितर्काः, अल्पबुद्धेस्तु यथोक्तानुगमनमेव श्रेयः" (वि० अ० ८) अथ किमर्थं यथोक्तानुगमनमेव श्रेय इति, तथा किमर्थमेकान्ततावधारणं न कर्त्तव्यमित्याह उत्पद्यते हीत्यादि। देशकालबलं प्रतीति देशादिभेदकृतेत्यर्थः। कार्यमकार्यं स्यादिति कर्त्तव्यतयोक्तमकरणीयं स्यादिति, तथा वर्जितं च यत् कर्म तत् कार्यं स्यादवस्थाविशेषात्। निषिद्धस्यैवावस्थावशात् क्रियमाणस्य वमनादेरु-दाहरणमाह-छर्दिहृद्रोगेत्यादि। स्वे चिकित्सिते इति छर्दिचिकित्साध्याये।

अवस्थां प्राप्य निर्दिष्टमित्यनेन अवस्थाविशेष एव निषिद्धविधानमुत्सर्गापवादत इत्यविरोधं दर्शयति, एवमन्यत्राप्यपवादविषये वमनादिविधानमवस्थाविशेष परतया समाधेयम्। न्यायोपपादितमुक्तं चार्थमुपसंहरन्नाह-तस्मादित्यादि। शास्त्रोपदेशे सत्यपि स्वबुद्ध्यैव शास्त्रानुगतयाऽनुक्तमपि कर्त्तव्यं, यदुक्तं—"प्रचरणमिव भिक्षुकस्य बीजमिव कर्षकस्य सूत्रं बुद्धिमतामल्पमप्यनल्पज्ञानाय भवति" (वि० अ० ८) इति।

चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—इस प्रकार इस अध्याय में पंचकर्म का विस्तार से वर्णन किया गया है। जिन व्यक्तियों को जिस कारण से जो कर्म हितकर नहीं है और जिन व्यक्तियों के लिए जो हितकर कर्म है वह भी इस अध्याय में बताया गया है। इस अध्याय में पंचकर्म से संबंधित जो विषय है उतना ही पंचकर्म है ऐसा नहीं समझ लेना चाहिए प्रत्युत बुद्धिमान जनों के लिए अपनी बुद्धि के अनुसार भी विचार करके इन औषधों को प्रयोग में लाना चाहिए, क्योंकि देश-काल तथा बल के अनुसार ऐसी अवस्थाएं होती हैं जिनमें वर्जित कर्म करना पड़ता है और विहित कर्म भी छोड़ना पड़ता है यथा हृदय रोग और गुल्म-रोग में वमन नहीं कराया जाता है, किन्तु इन रोगों के चिकित्सा-प्रकरण में अवस्थानुसार वमन का भी विधान बताया गया है। कुष्ठ-रोग से पीड़ित व्यक्तियों का बस्ति कर्म नहीं किया जाता किन्तु कुष्ठ-चिकित्सा-प्रकरण में अवस्था के अनुसार कुष्ठ-रोगियों में भी निरूहबस्ति का विधान शास्त्र में बतलाया गया है, अतः शास्त्र में निर्देश होने पर भी बुद्धिमान् चिकित्सक को अपनी बुद्धि से उहापोह (तर्कवितर्क) करके औषधों का प्रयोग करना चाहिए। जो चिकित्सक बिना तर्क-वितर्क के चिकित्सा करता है और उसे सफलता भी मिल जाती है तो वह दैवी समझनी चाहिए।

द्वितीयोऽध्यायः

पूर्वकर्म-परिचय

प्रधान कर्म से पूर्व जो जो प्रक्रिया की जाती है उसे "पूर्व कर्म" संज्ञा दी गई है। पंचकर्म-चिकित्सान्तर्गत स्नेहन एवं स्वेदन रूप दो पूर्व कर्म होते हैं। संशोधन-हेतु दोषों को इन्हीं दोनों कर्मों द्वारा विलयन एवं चलायमानावस्था में लाया जाता है अतः प्रत्येक कर्म से पूर्व इनकी आवश्यकता बताई गई है

रोग, रोगी, काल, वय एवं प्रकृति की दृष्टि से जब इनके प्रयोग से रोग की उपशान्ति होकर रोगी स्वस्थ हो जाता है तो प्रधान कर्मों की आवश्यकता ही नहीं रह जाती अथवा इन्हीं के प्रयोग से एक दोषज एवं अचिरकालिक साध्य रोग जब उपचारित हो जाते हैं तो इन्हें प्रधान कर्म में भी स्वीकार करने की सम्मति प्राप्त होती है। कतिपय रोग केवलमात्र स्नेहन की विविध प्रक्रियाओं से अथवा कुछ रोग स्वेदन के विविध भेदों के प्रयोग से भी उपचारित हो जाते हैं। चरक ने चिकित्सा की ६ विधियों में लंघन, बृंहण स्नेहन, रूक्षण स्वेदन एवं स्तम्भन को स्वीकार किया है। इसी कारण इसमें स्नेहन और स्वेदन को स्वतन्त्र रूप से रोगों के शमनार्थ प्रधान चिकित्सा के रूप में भी माना जाता है। काय-चिकित्सा में औषधप्रयोग के साथ-साथ इन कर्मों के प्रयोग से अनेक वातादि रोग पूर्वावस्था में उपचारित करने की प्रक्रिया वर्तमान में भी की जा रही हैं।

अतः यह स्पष्ट हो जाता है कि यद्यपि स्नेहन एवं स्वेदन पांचो प्रधान कर्मों से पूर्व दोषों को विलयन एवं चलायमान करने हेतु प्रयोग किए जाने तो आवश्यक हैं ही, स्वतन्त्र रूप से भी प्रयोग कराये जाने पर विकारोपशान्ति में उपयोगी हैं। अतः दोनों रूपों में इनका प्रयोग युक्ति संगत है।

प्रस्तुत प्रकरण में स्नेहन एक स्वेदन का पृथक्-पृथक् अध्यायों में शास्त्रोक्त विवेचन-सहित वर्णन किया जा रहा है।

पूर्वकर्ममहत्वम्

स्नेहनस्वेदनशोधनानां परस्परोपकारकतया शरीर मल शोधने दृष्टान्तसूचनम्

स्निग्धात् पात्राद्यथातोयमयत्नेन प्रणुद्यते।
कफादयः प्रणुद्यन्ते स्निग्धाद्धेतुर्थौषधैः॥
आर्द्रं काष्ठं यथा वह्निर्विष्यन्दयति सर्वतः।
तथा स्निग्धस्य वै दोषान् स्वेदो विष्यन्दयेत् स्थिरान्॥
क्लिष्टं वासो यथोत्क्लेश्य मलः संशोध्यतेऽम्भसा।
स्नेहस्वेदैस्तथोत्क्लेश्य शोध्यते शोधनैर्मलः॥

च० सि० ६।११-१३

स्नेहस्वेदयोः फलं "स्निग्धात् पात्रात्" इत्यादिना भूरिदृष्टान्तेन दर्शयन् स्नेहस्वेदयोरवश्यकर्तव्यतां सूचयति। अयत्नेनेत्यल्पायासेन प्रणुद्यन्त इत्याकृष्यन्ते। विष्यन्दयति सर्वत इति सर्वतः स्थितं द्रवमाकर्षति। अग्निदृष्टान्तेन स्निग्धगात्रस्य सम्यग्दोषहरमुच्यते, तृतीय दृष्टान्तेन तु स्नेहस्वेदयोर्मिलितयोः फलमुच्यते। क्लिष्टमिति म्लानम्। उत्क्लेश्येति क्षाराग्नि संबन्धात् समुत्क्लेश्य॥ चक्रपाणिः॥

सम्यग्योगपरिसंख्यानार्थत्वात् तत्र सकलशरीरसमुपजातस्नेहगुणः स्नेहपात्रतोयदृष्टान्तेन। यत्तूक्तं, स्नेहाक्तभाजने क्षौद्रमसज्जदिति द्रव्यकर्तृकम् तत् इदं तु स्नेहकर्तृकम्। वासने वा तदेतदुभयत्रेत्यदोषः। आर्द्रं काष्ठं यथा ह्यग्निरिति। स्वेदगुणोऽप्यार्द्रकाष्ठाग्निदृष्टान्तेन क्वचिदन्यथापि यथाद्रिकुञ्जेष्वर्कांशुतप्ताः शिलाः स्रवन्ति जतु तथैतदनुरोधात्। क्लिष्टं मलवद्वासो यथोत्क्लेश्येति उभयं, वासो यथोत्क्लेशेन, दृष्टान्ते दार्ष्टान्तिकसाधर्म्यात्। तथाभूतत्वात् उस्थिते श्लेष्मपित्तोपस्थानमुत्क्लेशः। तदुक्तमेव पुनरुच्यते। दोषाणामुत्क्लेशनेन दोषप्रवृत्याख्यानार्थमिति॥ जज्जटः॥

हि० व्या०—संशोधन से पूर्व स्नेहन-स्वेदन की आवश्यकता इसलिए अपेक्षित है कि जिस प्रकार चिकने पात्र से जल आसानी से निकल जाता है, उसी प्रकार स्निग्ध शरीर से औषध प्रयोग द्वारा कफ आदि दोष आसानी से निकाले जाते हैं।

और भी—

जिस प्रकार गीली लकड़ी को अग्नि चारों ओर से सुखाकर जला देती है, उसी प्रकार स्निग्ध रोगी के शरीर में स्थिर दोषों को, स्वेदन अपने स्थान से चलायमान कर देता है॥

जिस प्रकार कपड़े का मैल क्षार (सोडा आदि क्षारीय पदार्थों) से कपड़े को छोड़कर चलायमान होते हुए (घुलकर) जल के साथ निकल जाता है, उसी

प्रकार स्नेहन और स्वेदन से उत्क्लिष्ट मल संशोधन औषधों के द्वारा सुगमता से बाहर निकाले जाते हैं ॥

स्नेहनशब्दस्य निरुक्तिः

(१) [1]"स्निह्" धातु में ल्युट् प्रत्यय लगाने से "स्नेहन" शब्द बनता है।

(२) राजनिघंटुकार ने[2] "तैलादिमर्दन" एवं "अभ्यंग" अर्थ में "स्नेहन" शब्द को ग्रहण किया है।

स्नेह-लक्षणम्

स्नेहन[3] स्नेहविष्यन्द[4]मार्दवक्लेदकारकम् ॥

च० सू० २२।११ क

हि० व्या०—जिस द्रव्य के प्रयोग से शरीर में स्निग्धता, श्लेष्मा का विलयन (श्लेष्मकला में स्रावकर भाव), मृदुता तथा क्लिन्नता उत्पन्न होती है, उसे स्नेहन कहते हैं।

स्नेहप्रयोगस्योपकारः शतायुःप्राप्तिश्च

दीप्ताग्निः परिशुद्धकोष्ठः
[5]प्रत्यग्रधातुर्बलवर्णयुक्तः ।
वृद्धेन्द्रियो[6] मन्दजरः[7] शतायुः
स्नेहोपसेवी पुरुषो[8] भवेत्तु ॥

सु० चि० ३१।५६; अ० हृ० सू० १६।४६
अ० सं० सू० २५।८०; वंगसेन स्नेहाधिकार

---

१. स्निह्-णिच्-ल्युट्। वाचस्पत्यम्
२. तैलादिमर्दनेऽभ्यङ्गे। राजनिघण्टु
३. गुर्वादिगुणयुक्तं यद्द्रव्यं तत स्नेहनं भवति। (अरुणदत्तः—सर्वा० सुन्दरा)
४. विष्यन्दो = विलयनम्। चक्रपाणिः।
दिप्पणी—अन्ये त्वनेन श्लोकेन संशमनीयप्राग्भक्तसेवितस्नेह गुणानाहुः। डल्हणः ॥
५. (क) दीप्तेत्यादि। प्रत्यग्रधातुस्तरुणधातुः संशुद्ध धातुर्वा ॥ हाराणचन्द्रः ॥
(ख) प्रत्यग्रा अभिनवास्तरुणा धातवो रसादयो यस्य स प्रत्यग्रधातुः ॥ चन्द्रनन्दनः ॥
(ग) प्रत्यग्रधातुर्नूतनधातुः ॥ हेमाद्रिः।
(घ) प्रत्यग्रधातुरभिनवधातुः ॥ परमेश्वरः ॥
६. (क) दृढानि स्वकार्यकरणक्षमानीन्द्रियाणि यस्य सः ॥ डल्हणः ॥
७. (क) मन्दा स्वल्पा जरा पलितानि यस्य स मन्दजरः ॥ चन्द्रनन्दनः ॥
(ख) मन्दजर एवं स्थितत्वाच्छनैरेव जराप्रवृत्तिरिति यावत् ॥ परमेश्वरः ॥
८. वाग्भट ने "पुरुषो भवेत्तु" के स्थान पर "पुरुषः प्रदिष्टः" पाठ दिया है, शेष पाठ समान है।

दीप्ताग्निः शुद्धकोष्ठश्च पुष्टधातुर्दृढेन्द्रियः।
निर्जरो बलवर्णाढ्यः स्नेहसेवी भवेन्नरः ॥

भा० प्र० पू० ख०; पञ्चकर्म प्र० ३४।३५
[1]शार्ङ्गधर स्नेहाधिकार

स्नेहान्नविधिभिस्तद्वतदन्तराग्निर्भवेत् स्थिरः।

च० चि० १५।२१४

तद्यथा ह्युदकं निम्नं स्थलादध्यवरोहति।
स्नेहितस्य तथा दोषाः कुक्षिमायान्ति सर्वशः ॥

भेल सं० सू० १४।११

स्नेहपान से स्वस्थ व्यक्ति की जठराग्नि प्रदीप्त होती है। कोष्ठ-शुद्धि होती है। धातुओं में नवीनता की उत्पत्ति होती है।[2] शारीरिक बल एवं वर्ण में वृद्धि होती है। इन्द्रियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। वृद्धावस्था देर से प्राप्त होती है तथा व्यक्ति शतायु (सौ वर्ष जीवित रहने वाला) होता है।

स्नेह की उपयोगिता एवं दोषानुलोमकता का उल्लेख करते हुए आचार्य भेल ने लिखा है कि जैसे जल ऊँचे स्थान से नीचे की ओर बहता है उसी प्रकार शाखाओं में गये हुए दोष स्नेहन द्वारा पूर्णरूपेण कोष्ठ में आ जाते हैं।

चरक चिकित्सा अध्याय १५ में स्नेह को जठराग्नि स्थिर करने वाला भी बताया गया है।

स्नेहकार्यम् शरीरे प्रभावश्च

स्नेहोऽनिलं हन्ति, मृदूकरोति
देहं मलानां विनिहन्ति सङ्गम् ॥

च० सि० १।७

हि० व्या०—स्नेह के प्रयोग से वायु नष्ट होती है, शरीर में मृदुता उत्पन्न होती है तथा शरीर के किसी भी भाग में मलों के द्वारा जो संग (किसी प्रकार का अवरोध) उत्पन्न हो जाता है वह दूर होता है।

स्नेहन का विशेष कार्य दोषों को अपने स्थान से चलायमान करने का

---

१. प्रत्यग्र धातु से टीकाकारों ने धातुओं में नूतनता एवं तरुण स्वरूप का भाव ग्रहण किया है।
२. भावप्रकाश एवं शार्ङ्गधर ने सुश्रुत के श्लोक में वर्णित सभी गुण-कर्मों को अनुष्टुप् छंद की दो पंक्तियों में लिखते हुए स्मरण करने हेतु विषय संक्षिप्त किया है।

उपक्रम करना है अर्थात् जो दोष जिस-जिस अवयव में आश्रित होकर उसके साथ चिपक जाते हैं उनका बन्धन, स्नेहन द्वारा ही शिथिल होता है।

व्याधिपीडिते पुरुषे स्नेहपानफलम्

स्नेहमेव परं विद्याद्दुर्बलानलदीपनम्
नालं स्नेहसमिद्धस्य शमायान्नं सुगुर्वपि ॥

च० चि० १५।२०१

स्नेहो हितो दुर्बल वह्निदेह-
सन्धुक्षणे व्याधिनिपीडितस्य
बलान्वितौ भोजन-दोषजातैः
प्रमर्दितुं तौ सहसा न साध्यौ ॥

सु० चि० ३१।५७

स्नेहमेव परं विद्याद्दुर्बलानल दीपनम् ।
बलं स्नेहसमिद्भिश्च समायातः सदुर्बलः ॥ बंगसेन

व्याधिपरिमोक्षणमपि स्नेहफलं दर्शयन्नाह—स्नेह इत्यादि । स्नेहितो भवति; कस्य ? व्याधिनिपीडितस्य पुरुषस्य, कस्मिन् विषये ? दुर्बलदेह वह्नि-संधुक्षणे । स्नेहकृतयोस्तयोर्वह्निदेहबलयोः फलं दर्शयन्नाह—बलान्विता-वित्यादि । तौ वह्निदेहौ । किंविशिष्टौ ? स्नेहपानबलान्वितौ । न साध्यौ न शक्यौ । किं कर्तुम् ? प्रमर्दयितुम् । कैः स्फोटयितुं न शक्यावित्याह—भोजन-दोषजातैः, दुर्भक्तस्वभावगुणभूतसमूहैरित्यर्थः । दुर्बलस्य देहसंधुक्षणे वह्निसंधु-क्षणे च; देहसंधुक्षणं शक्त्युपलक्षणबलसंदीपनं पुष्ट्यावहमित्यर्थः । अग्निपक्षे सन्धुक्षणं सुबोधम् ॥ डल्हणः ॥

हि० व्या०—दुर्बल अग्नि को तीव्र करने हेतु स्नेह को उत्तम बताया गया है। स्नेह से अग्नि के तीव्र हो जाने पर गुरु अन्न-सेवन भी उसे शान्त करने में समर्थ नहीं होता।

(आचार्य वंगसेन ने चरक के श्लोक को ही कुछ परिवर्तन के साथ लिखा है)

सुश्रुत ने व्याधि-ग्रस्त व्यक्ति के लिए स्नेहपान से प्राप्त होने वाले गुणों (लाभ) का भाव दर्शित किया है कि अग्नि की दुर्बलता को हटाकर अग्नि को प्रदीप्त करने के लिए तथा शरीर को पुष्ट बनाने के लिए स्नेहपान हितकर होता है। स्नेहपान से प्रदीप्त हुई अग्नि और सबल शरीर को भोजन के दोष से उत्पन्न विकार सहसा विकृत करने में समर्थ नहीं होते। आचार्य वंगसेन ने स्नेहन से अग्नि प्रदीप्ति को हवन में समिधा डालने से प्रज्वलित अग्नि के उदाहरण से स्पष्ट किया है।

स्नेहनस्वेदनयोः शोधनानुकूलताया युक्तिः

स्नेहस्वेदप्रचलिता रसैः स्निग्धैरुदीरिताः ॥
दोषाः कोष्ठगता जन्तोः सुखाहर्तुं विशोधनैः ॥

सु० चि० ३३।४७ ॥

शाखागतस्यापि दोषस्य कोष्ठानयन हेतुः स्नेहः, स्वेदः कोष्ठमागतस्य सुखेन प्रवृत्तिकरश्चेति दर्शयन्नाह—स्नेहस्वेदप्रचलिता इत्यादि । विशोधनैरिति "शक्यन्ते" इत्यध्याहारः ॥ डल्हणः ॥

हि० व्या०—स्नेहन और स्वेदन से चलायमान तथा स्निग्ध रसों से कोष्ठ से बाहर की ओर प्रेरित हुए मनुष्यों में दोषों का संशोधन द्वारा सुगमता से निर्हरण हो जाता है।

स्नेहनद्रव्य-लक्षणम्

द्रवं सूक्ष्मं सरं स्निग्धं पिच्छिलं गुरु शीतलम् ।
प्रायो मन्दं मृदु च यद् द्रव्यं तत्स्नेहनं मतम् ॥

च० सू० २२।१५

स्नेहनविरूक्षणद्रव्यलक्षणम्

गुरुशीतसरस्निग्धमंदसूक्ष्ममृदुद्रवम् ।
औषधं स्नेहनं प्रायो विपरीतं विरुक्षणम् ॥

अ० हृ० सू० १६।२

गुर्वादिगुणयुक्तं यद्द्रव्यं तत् स्नेहनं भवति । विपरीत मते यल्लघूष्णस्थिर-रूक्षणतीक्ष्णस्थूलकठिन सान्द्रगुणोपेतं तद्विरूक्षणम् । प्रायोग्रहणं विरूक्षणे स्नेहने च योज्यम् । तथा च लघ्वपि सार्षपं तैलं छागं च दुग्धं तथा विष्किरप्रतुद-मृगाख्यं वर्गत्रयं स्नेहनं भवति । तथोष्णमपि मत्स्यमहिषमांसं स्नेहनं भवति । एवं रुक्षणेऽपि वेद्यम् । तथा च यवो गुरुशीतसरादिगुणयुक्तोऽपि विरुक्षण-स्तथा राजमाषोऽपि । स्नेहने प्रकृतेऽपि विरुक्षणोपन्यासोऽन्वयव्यतिरेकेण सुतरां स्नेहनस्य तारतम्यप्रतिपादनार्थः । अरुणदत्तः ॥

गुर्वादिकमौषधं प्रायः स्नेहनं भवति । प्राय इत्यनेनैतेषु केषाञ्चिद् व्यभि-चारमुक्तं । यथा गुर्वी वल्मीकमृत्तिका रुक्षणी; सरा हरीतकी च । मन्दमृदु-शीतगुणं शशमांसं रुक्षणं, सूक्ष्मो वातो रुक्षणः; द्रवं काञ्जिकं रुक्षणमिति । गुर्वादिगुण युक्तेनद्रव्येण देहस्य स्निग्धता कार्येत्यर्थः । विपरीतं विरुक्षणं भवति । एतद्विपरीतं लघूष्णस्थिररुक्षतीक्ष्णस्थूलकठिनसान्द्रगुणोपेतं द्रव्यं विरुक्षणोप-योगिकं भवति । प्राय इत्यत्रापि योज्यं । यथा लघुगुणं जाङ्गलदुग्धञ्जाङ्गल-मांसञ्च स्नेहनम् । तीक्ष्णोष्णं तैलं स्नेहनमित्यादि द्रष्टव्यम् । स्नेहने प्रकृते विरुक्षणोक्तिस्सुतरां स्नेहविज्ञानाय स्नेहव्यापत्प्रतीकाराय चेति बोध्यम् । स्नेहन रुक्षणयोरनुपयोगित्वायैतद्व्यतिरिक्तानाञ्चतुर्णां गुणानामनिर्देशः ॥

परमेश्वरः ॥

हि ०व्या०—जो द्रव्य—द्रव, सूक्ष्म, सर, स्निग्ध, पिच्छिल, गुरु, शीतल, मन्द एवं मृदुगुण-युक्त होते हैं वे प्रायः स्नेहन कार्य करने वाले होते हैं। वाग्भट ने "अष्टाङ्ग-हृदय" में "औषधं स्नेहनं प्रायो विपरीतं विरूक्षणम्" का श्लोक के उत्तरार्ध में उल्लेख किया है जिसका तात्पर्य है कि स्नेहन के विपरीत रूक्षण होता है। पूर्वार्द्ध में चरक के समान ही अभिमत है। मात्र पिच्छिल गुण का उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें "प्रायः" शब्द का जो उल्लेख आया है इस विषय पर सर्वाङ्गसुन्दरा, शशिलेखा, आयु० रसायन, पदार्थ चन्द्रिका तथा वाक्यप्रदीपिका के टीकाकारों ने यही भाव लिया है कि कुछ द्रव्य ऐसे भी हैं जिनमें उपर्युक्त स्नेहन में बताये गुणों से विपरीत गुण दर्शित होने पर भी वे स्नेहन कराने वाले होते हैं जैसे कटुतैल, अजादुग्ध, विष्किर एवं प्रतुदगण के पक्षियों का मांस लघुगुण वाला होता है तथापि स्नेहन है। मछली तथा भैंस का मांस उष्ण होते हुए भी स्नेहन है। इसी प्रकार के अनेक उदाहरण हैं। इसी प्रकार गुरु, शीत, सर, आदि गुणों से युक्त होते हुए भी "जौ" विरूक्षण-कारक है।

अग्निवेशकृताः पञ्चविंशतिः प्रश्नाः

किं योनयः कति स्नेहाः के च स्नेहगुणाः पृथक्।
कालानुपाने के कस्य कतिशश्च विचारणाः॥
कति मात्राः कथं माना का च केषूपदिश्यते।
कश्च केभ्यो हितः स्नेहः प्रकर्षः स्नेहने च कः॥
स्नेहयाः के के न च स्निग्धास्निग्धातिस्निग्धलक्षणम्।
किं पानात्प्रथमं पीते जीर्णे किं च हिताऽहितम्॥
के मृदुक्रूर कोष्ठाः का व्यापदः सिद्धयश्च काः।
अच्छे संशोधने चैव स्नेहे का वृत्तिरिष्यते॥
विचारणाः केषु योज्या विधिना केन तत्प्रभो।
स्नेहस्यामितविज्ञान! ज्ञानमिच्छामि वेदितुम्॥

च० सू० १३।४।८

कोऽसौ संशय इत्याह—किं योनयः इति किं योनयः=किमाधारकारणम्। कालश्चानुपानं च कालानुपाने, विचारणा=द्रव्यान्तरासंयुक्तस्नेहपानं वर्जयित्वा स्नेहोपयोगः, कथंमाना=कीदृङ्माना, का चेति मात्रा, प्रकर्षः=कालप्रकर्षः, स्नेहने स्नेहयुक्तिक्रियायां; के न चेति=के न च स्नेहयाः, किं पानात्प्रथमं=पूर्वं हिताहितम्, किं च पीते तु स्नेहे, तथा जीर्णे च स्नेहे, हिताऽहितमिति योज्यम्। सिद्धयो=व्यापत्साधनानि भेषजानि। अच्छे इति पृथङ्निर्देशाद् गोबलीवर्दन्यायेन संशमने इति भवति। वृत्तिरिति, वृत्तिरूपचारविधानम् ज्ञानं=शास्त्रम्॥ चक्रपाणिः॥

अग्निवेश द्वारा किए गए स्नेह-विषयक २५ प्रश्न—

हि० व्या०—१. स्नेहों की योनि (उत्पत्ति-कारण) क्या है? २. स्नेह कितने प्रकार के होते हैं? ३. पृथक्-पृथक् (प्रत्येक) स्नेहों के गुण क्या होते हैं? ४. किन स्नेहों के पीने का काल क्या है? ५. प्रत्येक स्नेह का अनुपान क्या है? ६. पृथक्-पृथक् स्नेहपान की विचारणा (कल्पनायें) कितनी एवं कौन-कौन सी हैं? ७. स्नेह की मात्रा क्या है? (८) स्नेह पीने के लिए मान (तोल) कितना होना चाहिए? ९. स्नेह की मात्रा किन-किन रोगों में क्या होनी चाहिए? १०. कौन स्नेह किस व्यक्ति के लिए हितकारी होता है? ११. स्नेह का प्रकर्ष कहाँ तक करना चाहिए अर्थात् एक बार स्नेहन की अवधि कितने दिन तक चलनी चाहिए? १२. किन व्यक्तियों को स्नेहन कराना चाहिए? १३. किन-किन व्यक्तियों को स्नेहन कर्म नहीं कराना चाहिए? १४. सम्यक् स्निग्ध के क्या लक्षण हैं? १५. अस्निग्ध के लक्षण क्या हैं? १६. अति स्निग्ध के क्या लक्षण हैं? १७. स्नेहपान के पूर्व कर्म क्या हैं? १८. स्नेहपान के पश्चात् कर्म क्या हैं? १९. स्नेह के जीर्ण हो (पच) जाने पर पथ्यापथ्य क्या है? २०. मृदुकोष्ठ के क्या लक्षण हैं? २१. क्रूर-कोष्ठ के क्या लक्षण हैं? २२. विधि-विपरीत स्नेहपान करने पर क्या उपद्रव होते हैं? २३. विधि-विपरीत स्नेहपान करने से उत्पन्न होने वाले उपद्रवों की चिकित्सा क्या है? २४. संशमन और संशोधन के लिए अच्छ (केवल) स्नेह-पान करने के लिए किन-किन उपायों का अवलम्बन करना चाहिए? २५. स्नेह की विचारणाओं का प्रयोग, किन-किन रोगों में मात्राओं के साथ, किस विधि से करना चाहिए? इस प्रकार अग्निवेश ने आत्रेय पुनर्वसु से प्रश्न किए।

स्नेहयोनयः

अथ तत्संशयच्छेत्ता प्रत्युवाच पुनर्वसुः।
स्नेहानां द्विविधा चात्रौ योनिः स्थावरजङ्गमा॥

च० सू० १३।९

भा० प्र० स्नेहा०

तत्र द्वियोनिश्चतुर्विकल्पोऽभिहितः स्नेहः स्नेहगुणाश्च।
तत्र जङ्गमेभ्यो गव्यं घृतं प्रधानं, स्थावरेभ्यस्तिलतैलं प्रधानमिति॥

सु० चि० ३१।४

भा० प्र०

स्नेहो द्वियोनिरुक्तश्चतुर्विकल्पश्चराचरसमुत्थः।

का० सं० सू० २२।४

द्वियोनिः द्विकारणिकः स्थावरो जङ्गमश्च। तत्र तैलं स्थावरयोनिः, घृतवसामज्जानस्तु जङ्गमयोनयः। तत्र तैलं तिलादिफलोद्भवत्वात् फलस्थं, देवदारु-

शिशपागुर्बादिसारोत्थं च; घृतमपि द्विविधं क्षीरोत्थं, दध्युत्थं च; शुद्धमांसस्नेहो वसा, अस्थ्याश्रया मज्जा। चत्वारो विकल्पाः सर्पिस्तैलवसामज्जानो यस्य स्नेहस्येति चतुर्विकल्पः; स्वाभाविकगुणेनाप्यत्र पानविधावुक्तः। तत्र जङ्गमेभ्यो गव्यं घृतं प्रधानं, स्थावरेभ्यस्तिलतैलमिति ॥ डल्हणः ॥

स्नेहयोनियों का विवरण

हि० व्या० – प्रमुख रूप से स्नेहों की दो योनियाँ (प्राप्तिस्थान) होती हैं : (१) स्थावर एवं (२) जंगम। आचार्य सुश्रुत ने भी दो योनियाँ तथा चार विकल्प (भेद) बताए हैं यथा—घृत, तैल, वसा, मज्जा। जंगम स्नेहों में (घृत, वसा, मज्जा) गो-घृत एवं स्थावर स्नेहों में तिल तैल को प्रधान बताया गया है। काश्यप ने भी चराचर नाम से दो योनियाँ तथा चार उत्पत्ति स्थान बताए हैं— इनमें घृत, वसा तथा मज्जा ये तीनो विविध पशु-पक्षियों एवं जल जीवों से प्राप्त होते हैं, तथा तैल की प्राप्ति तिल, आम, सरसों, बहेड़ा, बिल्व एरण्ड, अलसी, सहिजन, महुआ, मूली, करञ्ज आदि से होती है। अन्य स्थान पर चरक-सुश्रुत ने निम्ब, अतसी, बाकुची, चिरौंजी आदि के तैल का भी उल्लेख किया है। इनके साथ बादाम, चालमुंगरा, चमेली, खसखास, जैतून, लवंग आदि का भी ग्रहण करना चाहिए।

स्नेहसंख्या-परिगणनम्

सर्पिस्तैलं वसा मज्जा स्नेहोद्दिष्टश्चतुर्विधः।

च० सू० अ० १।८७

सर्पिस्तैलं वसा मज्जा सर्वस्नेहोत्तमा मताः।

सर्वस्नेहोत्तमा इत्यत्र सर्वशब्देन दधिक्षीरादयो गृह्यन्ते, सर्वस्नेहोत्तमत्वं च सर्पिरादीनां स्नेहगुणप्रकर्षत्वेन ॥ चक्रपाणिः ॥

स्नेह के भेद

हि० व्या०—अग्निवेश के द्वितीय प्रश्न (कति स्नेहाः ?) स्नेह के कितने भेद हैं ? का उत्तर देते हुए आचार्य पुनर्वसू आत्रेय ने कहा कि—घृत, तैल, वसा, मज्जा ये चार प्रकार के स्नेह सभी स्नेहों में उत्तम माने जाते हैं। चरकसंहिता-सूत्रस्थान के प्रथमाध्याय में भी इसका वर्णन किया गया है।

वक्तव्य—पूर्व में स्नेहों की दो योनियों—स्थावर एवं जंगम का वर्णन किया गया है। आगे के प्रकरणों एवं प्रसंगों में आचार्यों ने इन समस्त स्थावर-जंगम-स्नेहो में से प्रधान को दृष्टिगत करते हुए घृत, तैल, वसा एवं मज्जा के रूप में चार प्रकार बताए हैं अतः "कति स्नेहाः" के भाव को इस विवरण में स्पष्ट किया गया है। इन चारों में से इनके आश्रयों की दृष्टि से भी प्रवरावरता का वर्णन किया गया है ताकि उन्हीं स्नेहों का प्रायः ग्रहण किया जाए जो निरापद हों। साथ ही इन चारों में से प्रवरावरता का

अथवा श्रेष्ठता का निर्णय भी लिया गया है ताकि व्यक्ति की प्रकृति, रोग, दोष एवं काल के अनुरूप उपयोग किया जा सके।

टिप्पणी १ यद्यपि अष्टाङ्ग संग्रह एवं अष्टाङ्ग हृदय में इसी तरह के पाठ का समावेश किया गया है तथापि चारों स्नेहों को 'सर्पिर्मज्जावसा-तैलम्" इस क्रम में रखा गया है। इसका कारण जंगम स्नेहों को एक ही क्रम में गणना करते हुए चतुर्थस्थान पर स्थावर स्नेह की गणना की गई है।

भाव-प्रकाश-प्रथमखण्ड-स्नेहाधिकार में यही भी पाठ आया है।

स्थावरस्नेहोदाहरणानि

तिलः प्रियालाभिषुकौ[1] विभीतक-
श्चित्राभयेरण्डमधूकसर्षपाः।
कुसुम्भबिल्वारु[2]कमूलकातसी
निकोठ[3]काक्षो[4]डकरञ्जशिग्रुकाः॥
स्नेहाशयाः स्थावरसंज्ञिताः—

च० सू० १३।१०

अभिषुक = औत्तरापथिकः, चित्रा = गोरक्षकर्कटी तद्बीजमिह, यदि वा, चित्रा लौहितैरण्डः, अतसी = उमा इति ख्याता, अरुकं (तथा) निकोठाक्षोडा इति औत्तरापथिकः। स्नेहाशयाः स्नेहस्थानानि। एते चाविष्कृततमत्वेनोक्ताः, तेन निम्बतैलादयोऽपि बोद्धव्याः ॥ चक्रपाणिः ॥

सर्पिर्मज्जवसाख्यं खगमृगजलप्रभावमाहुः। तैलानि चोद्भिदेभ्य-
स्तिलचूतसर्षपबिभीतबिल्वेभ्यः।
एरण्डातसिशिग्रुमधूकमूलककरञ्जेभ्यः॥

का० सं० सू० २२।४

स्नेहाशया दधि क्षीरं मांसास्थिफलदारु च।

अ० सं० सू० २५।७

दध्यादयः स्नेहाशयाः सर्पिरादिस्नेहानां योनयः। तत्र दधि क्षीरञ्च घृता-

---

१. अभिषुक = पिस्ता उत्तरापथिकं फलम् (आ० शब्दकोष)
२. आरुकं = हिमालयदेशजाते स्वनामकौषधिविशेषे। आड़ू इति भाषा। वै० श० सि०।
३. निकोठः (निकोचकः) 'अंकोल इति लोके'

डल्हण सु० सू० ३७।१२

४. अक्षोडकः—अक्षोटवृक्षे (वै० श० सि०)

शयः। क्षीरस्य नवनीतयोनित्वात्। मांसं वसाशयः। अस्थिमज्जाशयः। फलानि च दारूणि च तैलाशयः। स्नेहस्य विषयं दर्शयति ॥ इन्दुः ॥

स्थावर स्नेह वर्णन

हि० व्या०—तिल, चिरौंजी, पिश्ता, बहेड़ा, चित्रा, (गोरक्ष कर्कटी) हरीतकी, एरण्ड, महुआ, सरसों, कुसुम्भ, बिल्व, आड़ू, मूली, अतसी, निम्ब, अखरोट, करंज और सहिजन, इन द्रव्यों से जो स्नेह प्राप्त होते हैं, उन्हें स्थावर कहा जाता है। काश्यप-संहिता में आम्र एवं बिल्व का भी उल्लेख आया है।

वाग्भट के अनुसार स्नेहों के प्राप्तिस्थान

(१) घृत का आशय दूध व दही है। (२) वसा का आशय मांस है। मज्जा का आशय अस्थि है। (४) तैल का आशय फल तथा काष्ठ है।

वक्तव्य—चक्रपाणि ने स्थावर स्नेहों में निम्बादि के ग्रहण करने का उल्लेख किया है। इसी में बादाम, ज्योतिष्मती जैतून, चन्दन, आदि के तेल का भी ग्रहण कर लेना चाहिए।

[1]विविधकर्मोपयोगिस्थावर स्नेह द्रव्याणि

विरेचनोपयोगि स्थावरस्नेह वर्णनम्

तत्र बिल्वकरण्डकोशाम्रदन्तीद्रवन्तीसप्तलाशङ्खिनीपलासविषाणिकागवाक्षी कम्पील्लकशम्पाकनीलिनीस्नेहा विरेचयन्ति ॥

सु० चि० ३१।५

वमनोपयोगिस्थावरस्नेह वर्णनम्

जीमूतककुटजकृतवेधनेक्ष्वाकुधामार्गवमदनस्नेहा वामयन्ति।

सु० चि० ३१/५

शिरोविरेचनोपयोगिस्थावर स्नेह वर्णनम्।

विडङ्गखरमञ्जरीमधुशिग्रु सूर्यवल्[2]लीपीलूसिद्धार्थकज्योतिष्मतीस्नेहाः शिरोविरेचयन्ति ॥

सु० चि० ३१।५

दुष्टव्रणोपयोगिस्थावर स्नेहवर्णनम्

करञ्जपूतीककृतमालमातुलुङ्गङ्गुदीकिराततिक्तस्नेहा दुष्टव्रणेषूपयुज्यन्ते ॥

सु० चि० ३१।३५

१. विविध कर्मोपयोगी स्थावर स्नेह द्रव्यों का तालिका में विवरण दिया गया है।

२. सूर्यवल्ली=अर्कपुष्पी (आयु० कोष)

महाव्याधौ प्रयुज्यमानस्थावरस्नेहवर्णनम्

तुवरककपित्थकम्पिल्लकभल्लातकपटोलस्नेहा महाव्याधिषु।

सु० चि० ३१।५

मूत्रसङ्गोपयोगिस्थावरस्नेहवर्णनम्।

त्रपुसैर्वारुककर्कारुकतुम्बीकूष्माण्डस्नेहामूत्रसङ्गेषु ॥

सु० चि० ३१।५

शर्कराश्मरीषु प्रयुज्यमान-स्थावरस्नेहवर्णनम्।

कपोत[1]वङ्कावल्गुज[2]हरीतकीस्नेहाः शर्कराश्मरीषु।

सु० चि० ३१।४

प्रमेहोपयोगिस्थावरस्नेहवर्णनम्।

कुसुम्भसर्षपातसीपिचुमर्द[3]तिमुक्तकभाण्डीकटुतुम्बीकटभी स्नेहाः प्रमेहेषु।

सु० चि० ३१।५

पित्तसंसृष्टवातोपयोगिस्थावरस्नेहवर्णनम्

तालनारिकेलपनसमोचप्रियालबिल्वमधूकश्लेष्मातकाम्रातकफलस्नेहाः पित्तसंसृष्टे वायौ ॥

सु० चि० ३१।५

कृष्णीकरणोपयोगिस्थाबरस्नेहवर्णनम्।

विभीतकभल्लातकपिण[4]डीतकस्नेहाः कृष्णीकरणे

सु० चि० ३२।५

पाण्डुकरणोपयोगि स्थावरस्नेह वर्णनम्

[5]श्रवणकङ्[6]गुकटुण्टु[7]कस्नेहाः पाण्डूकरणे ॥

सु० चि० ३१।५

दद्रुकुष्ठकिटिभोपयोगिस्थावरस्नेहवर्णनम्।

सरलपीतदारुशिशपागुरुसारस्नेहा दद्रुकुष्ठकिटिभेषु, सर्व एव स्नेहा वातमुपघ्नन्ति, तैलगुणाश्च समासेन व्याख्याताः। सु चि० ३१।५

१. कपोक्तङ्का—सुवर्चला
२. अवल्गुजः - बाकुची
३. पिचुमर्द निम्बः (वै० श० सि०)
४, पिण्डितको मदनः (मदनफलम्)
५. श्रवण तापसवृक्षः 'इङ्गुदी' इति लोके
६. कङ्गुकं प्रियङ्गुः
७. टुण्टुकः श्योनाकः

प्रयोजनानुसार स्थावर स्नेहों का प्रयोग

तालिका १—

विरेचनाङ्ग-स्नेह	वमनार्थ	शिरोविरेचनार्थ	व्रण-शोधक
१. तिल्वक	१. देवदाली	१. विडङ्ग	१. करञ्ज
२. एरण्ड	२. कुटज	२. अपामार्ग	२. पूतिकरञ्ज
३. कोशाम्र	३. कोशातकी	३. मीठा सहिजन	३. अमलतास
४. दन्ती (जमालगोटा)	४. इक्ष्वाकु (कटुतुम्बी)	४. सूर्यवल्ली	४. बिजौरा
५. द्रवन्ती	५. धामार्गव (महाकोशातकी)	५. पीलू	५. हिङ्गोट
६. सप्तला (यवतिक्ता)	६. मैनफल	६. सर्षप	६. चिरायता
७. शंखिनी (यवतिक्या भेद)		७. ज्योतिष्मती	
८. पलाश (ढाक)			
९. मेढासिंगी			
१०. इन्द्रायण			
११. कम्पिल्लक			
१२. अमलतास			
१३. नीलिनी			

महारोगों में प्रयोज्य स्नेह	मूत्रसंग में प्रयोज्य स्नेह	शर्कराश्मरी में प्रयोज्य स्नेह	प्रमेहोपयोगी स्नेह	पित्त संसृष्ट धातूपयोगी स्नेह
१. तुवरक	१. त्रपुस	१. ब्राह्मी	१. सरसों	१. याल
२. कैथ	२ ककड़ी	२. वाकुची	२. अलसी	२. नारियल
३. कम्पिल्लक	३. कर्कारुक (कूष्माण्डी)	३. हरड़	३. नीम	३. कटहल
४. भिलावा	४. तुम्बी		४. माधवी लता	४. केला
५. पटोल	५. कूष्माण्ड		५. भाण्डी (मंजिष्ठा)	५. प्रियाल
			६. कटुतुम्बी	६. बिल्व
			७. कटभी (मालकांगनी	७. महुआ
				८. लसोड़ा
				९. आम्रातक

कृष्णीकरणोपयोगी	पाण्डुकरणोपयोगी	दद्रु-कुष्ठ-किटिभहर स्थावर स्नेह द्रव्य
विभीतक	श्रवण (इङ्गुदी)	चीड़ सार
भिलावा	प्रियंगु	देवदारु सार
मैंकफल	श्योनाक	शीशम सार
		अगुरु सार

दशेमानि स्नेहोपगानि द्रव्याणि

मृद्वीकामधुकमधु[1]पर्णीमिदाविदारीकाकोलीक्षीरकाकोलीजीवकर्षभकजीवन्तीशालपर्ण्य इति दशेमानि स्नेहोप[2]गानि भवन्ति ॥ च० सू० ४।२१

हि० व्या०—मुनक्का, मुलहठी, मधुपर्णी (गिलोय), मेदा, विदारीकन्द, काकोली, क्षीरकाकोली, जीवक, जीवन्ती, शालिपर्णी, ये दश वनस्पतियाँ स्नेहोपग होती हैं।

संस्कारस्यानुवर्तनाद् घृतस्य योगवाहित्वे प्राधान्यम्

एभ्यश्चैदोत्तमं सर्पिः संस्कारस्यानुवर्तनात् ॥

च० सू० १३।१३

तत्रापि चोत्तमं सर्पिः संस्कारस्यानुवर्तनात् ।
माधुर्यादविदाहित्वाज्जन्मन्याद्येव च शीलनात् ॥

अ० सं० सू० अ० २५।-
अ० हृ० सू० अ० १६।-

मुख्यं घृतेषु गव्यं, संस्कारात् सर्व सात्म्याच्च ॥

का० सं० सू० २२।५

संस्कारो=गुणान्तराऽऽरोपणं, तस्यानुवर्तनमनुविधानं स्वीकरणमिति यावत् । एतदुक्तं भवति—यत् न तथा तैलादयो द्रव्यान्तरसंस्कृताः संस्कारगुणानावहन्ति यथा सर्पिरिति । अत एवोक्तं—"नान्यः स्नेहस्तथा कश्चित्संस्कारमनुवर्तते यथा सर्पिरतः सर्पिः सर्वस्नेहोत्तमं मतम्" (नि० अ० १) अत एव संस्कारकद्रव्यचित्रकातिगुणविधानेऽपि सर्पिर्नस्वगुणान्स्नेहशैत्यादीन् जहाति, किं च स्वगुणान् तद्गुणांश्च वहति, यतः, अनुशब्देन पश्चाद्वाचिना स्वगुणवर्तनस्य पश्चात्संस्कारकगुणवर्तनमुच्यते । अत एवोक्तं—"स्नेहाद्वातं शमयति पित्तं माधुर्यशैत्यतः घृतं तुल्यगुणं दोषं संस्काराच्तु जयेत्कफम् (नि० अ० १) । न च वाच्यं रूक्षोष्णचित्रकाथितसंस्काराद्रूक्षोष्णं सर्पिभूतं, ततश्च सर्पिषः स्नेहशैत्ये तद्विरुद्धे कथं तिष्ठतः, यतः सर्पिः सम्बद्धचित्रकाऽवयवानुगतं हि रूक्षोष्णत्वं, सर्पिर्गते च स्नेहशैत्ये, इति भिन्नाश्रयत्वान्न विरोधः । इदमेव सर्पिषः संस्कारानुवर्तनं यद् गुणविरुद्धस्यापि तस्यानुपघातेन धारणम् । संस्कारकचित्रकादिगुणबहनेऽपि सर्पिषः शैत्यादयः कदाचिदभिभूयन्ते संस्कारकगुणैरुष्णादिभिर्न पुनः स्नेहगुणः, तस्य स्नेहेषु सर्वात्मना व्यवस्थितस्य प्रबलत्वात्, अत एव सर्पिरादयः स्नेहप्रधानत्वात् स्नेहा इत्युच्यन्ते । अन्ये तु संस्कारानुवर्तनं अनुपघातेन संस्कारकगुणवहनं ब्रुवते, एतच्च तैले तिष्ठति न सर्पिषीति वदन्ति, सर्पिषि

---

१. मधुपर्णी—गुडूची (आ० शब्दकोष), च० सू० ४।६ ध० नि० १।३
२. स्नेहस्य उप सहायत्वेन गच्छति इति स्नेहोपगः (आयुर्वेदीय शब्दकोष)

तु संस्कारानुवर्तनमुक्तं यत्, तत्सर्पिषि सर्वथा कस्यचिद् गुणस्य संस्कारगुणेन स्वगुणोपघाताद्भवति । तथा हि—दाहप्रशमनार्थं ज्वरे चन्दनादिशीतद्रव्यसाधितं तैलमुक्तं यतः, शीतेन साधितं तैलमुष्णमपि स्वभावाच्छीतमेव भवति इति ।

॥ चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—चार प्रकार के स्नेहों में घृत सबसे उत्तम माना जाता है, क्योंकि यह संस्कारों से दूसरों के गुणों का अनुवर्तन करता है। घृत स्निग्ध गुणों के कारण वातनाशक है, शीत वीर्य होने के कारण पित्तनाशक है तथा अपने समान गुण वाले कफ दोष का शमन, संस्कार विशेष (कफनाशक औषध-द्रव्यों से सिद्ध होने) के कारण करता है। दूसरा कोई स्नेह ऐसा नहीं है जो औषध द्रव्यों के समस्त गुण-धर्मों को अपने में ग्रहण करने में समर्थ हों। यह शक्ति केवल घी में है, अतः घी को सभी स्नेहों में श्रेष्ठ माना गया है। इस सन्दर्भ में वृद्धवाग्भट ने कुछ विशेष तर्क दिया है कि चतुर्विध स्नेहों में मधुर और अविदाही होने से एवं जन्म से ही दूध के रूप में इसका सेवन किए जाने से घृत सभी स्नेहों में श्रेष्ठ है। काश्यप में भी गुणानुवर्तन के साथ सात्म्य स्वभाव वाला होने से, घृत को उत्तम बताया गया है।

स्नेहगुणानां वर्णनम्

घृतगुण-विशेषाः

[1]घृतं पित्तानिलहरं रसशुक्रौजसां हितम् ।

---

१. पित्तेऽभ्यधिकं घृतं च लिह्याद्वातेऽधिकं घृतं पिबेत् । (अ० सं० चि० ५)
२. शैत्यात् पित्तं जयेत् स्नेहाद्वातं जयेत् योगसंस्कारतः कफं जयेत् ।
(अ० सं० चि० २)
३. वातपित्तप्रशमनानामग्र्यम् । (च० सू० २५।४०)
४. सर्पिः खलु पित्तं जयति सततमभ्यस्यमानं माधुर्याच्छैत्यान्मन्दत्वाच्च, पित्तं ह्यमधुरमुष्णं तीक्ष्णं च, तस्मात्सर्पिः पित्तजित् । (च० वि० १।१४)
५. घृतपानं पित्तशूल शमनम् । गु० उत्त० ४२।१०६
६. धीस्मृतिमेधाग्निकांक्षिणं घृतं शस्यते । (अ० सं० सू० २५)
७. श्रेष्ठं विषहरम् । (अ० सं० उ० ४०)
८. घृतं क्षीरस्य रसादिभिस्तुल्यमपि विशेषतो दीपनम् । (अ० सं० सू० १७)
९. भोजनादावन्ते च क्षुतिनिग्रहजविकारशमनार्थघृसेवनं प्रशस्तम् ।
(च० सू० ७।१७)
१०. इदं संस्कारात् कर्मसहस्रकृत् । (अ० हृ० सू० ५।३९)
११. हितत्वेनाभ्यस्यमानमेकं द्रव्यं, स्नेहनार्थं वर्षान्ते शरदि च घृतं युज्यते ।
(अ० सं० सू० २५)

[२]निर्वापणं मृदुकरं स्वरवर्णप्रसादनम् ॥

च० सू० १३।१४

विनिहन्ति पित्तमनिलं पीतं
सर्पिः कफं न च चिनोति ।
जनयति बलाग्निमेधाः
शोधयति शुक्रं च योनिं च ॥
स्नेहाद्वातं शमयति, शैत्यात् पित्तं निच्छति ।
घृतं तुल्यगुणं दोषं संस्कारात्तु जयेत्कफम् ॥

का० सं० सू० २२।६

नान्यः स्नेहस्तथा कश्चित् संस्कारमनुवर्तते ।
यथा सर्पिरतः सर्पिः सर्वस्नेहोत्तमं मतम् ॥

च० नि० १।३९-४० ॥

घृतं तु मधुरं सौम्यं मृदुशीतवीर्यमनभिष्यंदिस्नेहनमुदावर्तोन्मादापस्मारशूल-ज्वरानाहवातपित्तप्रशमनमग्निदीपनं स्मृतिमतिमेधाकान्तिस्वरलावण्यसौकुमार्यौजस्तेजोबलकरमायुष्यं वृष्यं मेध्यं वयःस्थापनं गुरुचक्षुष्यं श्लेष्माभिवर्धनं पाप्मालक्ष्मीप्रशमनं विषहरं रक्षोघ्नं च ॥

सु० सू० ४५।७६

अथ घृतमाह— घृतं त्वित्यादि । एते सामान्यघृतस्य गुणाः, अन्ये तु गव्यस्यैवेति गुणश्रेष्ठत्वादित्याहुः । सौम्यत्वमुष्णेऽपि यथाऽविक्षीरे, अत एव शीतवीर्यमित्युक्तम् । अनभिष्यन्दीति अत्रेषदर्थेन, तेन, अल्पाभिष्यन्दीत्यर्थः, एतेन दोषधातुमलस्रोतसां मन्दक्लेदप्राप्तिजननम् । स्नेहनं स्निग्धत्वापादकम् । उदावर्तादिप्रशमनं शान्तिकरमित्यर्थः । स्मृत्याभिर्बलान्तैः सह करशब्दः प्रत्येकमभिसंबध्यते । स्मृतिः अतीतस्मरणम्, अनागतज्ञानं मतिः मेधा ग्रन्थधारणशक्तिः कान्तिः शोभाः, लावण्य रूपातिशयः, सौकुमार्यं मार्दववज्ज्ञानाम्, ओजो हृदिस्थितं धातुधाम, तेजः पराक्रमः, अन्ये प्रभावमाहुः, सा च महापञ्जिकायां निपिद्धाः बलमुपचयः स्थापयत्यनाबाधम् पापादीनि हन्ति प्रभावात् । रक्षोघ्नं राक्षसभयहरम् । त्रितोषापकर्षणम्, इति केचित् पठन्ति, स तु नातिप्रसिद्धः पाठः । तत्रापि वातपित्तसंबद्धस्यैव कफस्य हन्तृत्वं न तु केवलस्य ॥ डल्हणः ॥

हि० व्या—चतुर्विध स्नेहों में सर्वप्रथम घृत के गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि घृत पित्त एवं वातजन्य रोगों को नाश करता है, रस, शुक्र और ओज के लिए हितकारक है, दाह (जलन) को शान्त करता है, शरीर को मृदु (मुलायम) करता है और स्वर एवं वर्ण का प्रसादन करता है।

---

२. निर्वापणं=दाहप्रशमनम् (चक्रपाणिः)

काश्यप ने भी चरक के अनुसार घृत गुणों का उल्लेख करते हुए कुछ विशेष गुण भी लिखे हैं; जैसे—घृत कफ का संचय नहीं होने देता, बल, अग्नि एवं बुद्धि-वर्धक है और शुक्र एवं योनिमार्ग-विशोधक है।

चरक संहिता निदान स्थान के द्वितीय अध्याय में लिखा है कि स्निग्ध गुण के कारण घृत वात-विकारों को, शीतवीर्य के कारण पित्तजन्य रोगों को तथा अपने तुल्य गुणयुक्त कफ-दोष को संस्कार (औषधियों से सिद्ध होने) के कारण शान्त करता है अतः घृत के समान संस्कार का अनुवर्तन दूसरा स्नेह नहीं करता इसीलिए सभी स्नेहों में घृत उत्तम बताया गया है।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार घृत मधुर, सौम्य, मृदु, शीतवीर्य, अल्प क्लेदकारक, शरीर में स्नेहन करने वाला तथा उदावर्त, उन्माद, अपस्मार, शूल, ज्वर, आनाह, वात और पित्त को शान्त करने वाला, पाचकाग्नि-दीपक एवं स्मृति, मति, मेधा, कान्ति, स्वर, लावण्य, सौकुमार्य, ओज, तेज और बल बढ़ाता है तथा आयुवर्धक, वृष्य, मेध्य, वयःस्थापक, पाचन में भारी, नेत्रों के लिए हितकर, कफ को बढ़ाने वाला, पाप तथा अलक्ष्मी (दरिद्रता)-नाशक, विषों को नष्ट करने वाला एवं राक्षसों (सूक्ष्म जीवाणुओं) का घातक है।

तैलगुण-विशेषाः

मारुतघ्नं न च श्लेष्मवर्द्धनं बलवर्द्धनम् ।
त्वच्यमुष्णं स्थिरकरं तैलं योनिविशोधनम् ॥

च० सू० १३।१५

हि० व्या०—चतुर्विध स्नेहों में तैल वातविकारों का नाश करते हुए भी कफ-वर्धक नहीं है तथा बल-वर्धक है। त्वचा के लिए हितकारी है, उष्णवीर्य है, मांस-धातु को स्थिर करने वाला है और योनि[१]-मार्ग-विशोधक है।

मज्जागुणविशेषाः

बलशुक्ररसश्लेष्ममेदोमज्जविवर्द्धनः ।
मज्जा विशेषतोऽस्थ्नां च बलकृत्स्नेहने हितः ।

च० सू० १३।२७

हि० व्या०—चतुर्विध स्नेहों में मज्जा के गुण इस प्रकार हैं कि, मज्जा पान करने से शरीर में बल, वीर्य, रस, कफ, मेद और मज्जा की वृद्धि होती

---

१. काश्यप ने घृत को योनि-संशोधक लिखा है।
[श्लोक-घृत गुण विशेषाः में पठित]

है। विशेष रूप से मज्जा अस्थियों के लिए बल कारक और शरीर का स्नेहन करने में हितकारी है।

वसा-गुण-विशेषाः

विद्धभग्नाहतभ्रष्टयोनिकर्णशिरोरुजि।
पौरुषो[1]पचये स्नेहे[2] व्यायामे चेष्यते वसा॥

च० सू० १३।१६

हि० व्या०—चतुर्विध स्नेहों में वसा के गुण इस प्रकार हैं शरीर में कहीं विद्ध होने पर, काण्ड-भंग या सन्धि-भंग होने पर, चोट लगने पर, योनि-भ्रंश, कर्ण-मूल और सिर में वेदना होने पर वसा लाभदायक है। पुरुषार्थ-वृद्धि हेतु, शरीर को स्निग्ध करने के लिए और जो व्यक्ति अधिक व्यायाम करते हैं उनके लिए वसा हितकारी है।

स्नेहानां प्रयोगप्रकाराः

पानाभ्यञ्जनवस्त्यर्थं नस्यार्थं चैव योगतः।

च० सू० १।८७ भावप्रकाश-स्नेहा०

हि० व्या०—महास्नेहों का, पान-हेतु, अभ्यंग-हेतु, बस्तिकर्म तथा नस्य के रूप में प्रयोग किया जाता है।

महास्नेह-फलम्

स्नेहना जीवना वर्ण्या बलोपचयवर्धनाः।
स्नेहा ह्येते च विहिता वातपित्तकफापहाः॥

च० सू० १।८८

स्नेहयन्तीति स्नेहनाः। जीवनाः। वर्णाय हिताः वर्ण्याः। बलोपचययोः वर्द्धनाः। विहिताः यथाविधि सेविताः। वातपित्तकफानपघ्नन्तीति वातपित्त-कफापहाश्च। इह सर्पिरादीनां चतुर्णां सामान्यगुणाः उक्ताः। स्नेहाध्याये अन्नपानविधौ च एकैकस्य विशेषो वक्ष्यते॥ (योगीन्द्रनाथसेन)

हि० व्या०—**चतुर्विध महास्नेहों के गुण**—महास्नेह शरीर को स्निग्ध करते हैं, जीवन-शक्ति प्रदान करते हैं, बल-वर्धक, वर्णकर (कान्ति बढ़ाने वाले), शरीर के उपचय के वर्धक तथा प्रकुपित वात, पित्त और कफ को दूर करते हैं।[3]

---

१. पौरुषोपचयः=शुक्रोपचयः।
२. स्नेहे=शरीरस्नेहने। चक्रपाणिः॥
३. चारों स्नेहों के गुण-कर्मों का यथाक्रम वर्णन कर दिया गया है।

चतुर्णां स्नेहानां प्रवरावरविचारः, यथाक्रम-दोषघ्नत्वं च

घृततैलवसामज्जां, पूर्वः पूर्वो वरोऽन्ये (त्ये) भ्यः।

का० सं० सू० २२।-

पित्तघ्नास्ते यथापूर्वमितरघ्ना यथोत्तरम्।
घृतात्तैलं गुरुवसा तैलान्मज्जा ततोऽपि च।

अ० सं० सू० अ० २५॥ अ० हृ० सू० अ० १६।३

शशिलेखा—तत्र सर्पिरादयो यथापूर्वं पित्तघ्नाः। यथोत्तरमितरघ्नाः। श्लेष्मणः स्नेहप्रतिषेधादितरशब्देन वातघ्ना इति गम्यते। अथवा द्रव्यान्तर-संस्कृतसर्पिराद्यपेक्षया इतरशब्देन कफस्यापि ग्रहणम्। तेनैवं तैलस्यापि पित्तघ्न-त्वं सिद्धम्। अक्षादियोनेर्वा तैलस्य पित्तघ्नत्वमिति। यो यस्मात् पूर्वः स तस्मात् पित्तघ्नः। यो यस्मादुत्तरः स तस्माद्वातघ्नः। तैलस्य पूर्वत्वासम्भवात् पित्तघ्नत्वासम्भवः। इन्दुः॥

चतुर्विध स्नेहों की प्रवरावरता

हि० व्या०—घृत, तैल, वसा, मज्जा, इनमें से यथापूर्व श्रेष्ठ माने जाते हैं। मज्जा से वसा श्रेष्ठ है, वसा से तैल श्रेष्ठ है, तैल से घृत श्रेष्ठ है। यह काश्यप का मत है। वाग्भट लिखते हैं कि इन चारों स्नेहों में यथापूर्व क्रमशः पित्तनाशक गुण हैं। तैल से वसा अधिक पित्तनाशक; वसा से मज्जा अधिक पित्तनाशक; और मज्जा से घी अधिक पित्त-नाशक हैं। ये उत्तरोत्तर वात-कफ-नाशक है। घी वात-कफ-नाशक है; मज्जा घी से अधिक वात-कफ-नाशक है वसा मज्जा से अधिक वात-कफ-नाशक है और तैल सबसे अधिक वात-कफ-नाशक है। घी से तैल गुरु है, इसी प्रकार उत्तरोत्तर वसा से तैल गुरु है और वसा से मज्जा गुरु है।

स्थावरस्नेहेषु तिलतैलयोः वैशिष्ट्यम्

सर्वेषां तैलजातानां तिलतैलं विशिष्यते।
बलार्थे स्नेहने चाग्र्यम्... ... ॥

च० सू० १३।१२

उष्णं कफानिलघ्नं स्वर-वर्ण करं तनुस्थिरीकरणम्।
भग्नच्युतसंधानं धातुव्रणशोधनं तैलम्॥

का० सू० २२।७

तैलजातानामिति, जातशब्दः प्रकारवचनः। यथा—"यदाहारजातमग्नि-वेशः" (सू० अ० २५) इत्यादि। अत्र यद्यपि योगात् तिलभवमेव तैलं; तथा रूढ्येह सर्वं एव स्थावरस्नेहास्तैलमित्युच्यन्ते। यदुक्तं सुश्रुते "निष्पत्तेस्तद् गुण-त्वाच्च तैलत्वमितरेष्वपि" (सु० सू० अ० ४०) इति। विशिष्यतेऽतिरिच्यते।

चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—तिल-तैल की श्रेष्ठता – शरीर में बल-वर्धन के लिए तथा स्नेहन के लिए स्थावर तैलों में तिल का तैल उत्तम होता है। महर्षि काश्यप के अनुसार तैल उष्ण गुण वाला कफ तथा वायु का नाशक और स्वर के लिए हितकारी है। यह कान्ति-वर्धक होता है तथा शरीर को दृढ़ करता है। अस्थि-भंग एवं सन्धि-भ्रंश में सन्धान-कारक है। धातु एवं व्रणशोधक है।

एरण्डतैलविशेषगुणाः

... ... एरण्डं तु विरेचने।
स्निग्धोष्णं तैलमैरण्डं वातश्लेष्महरं सरम्।
कषायस्वादुतिक्तैश्च योजितं पित्तहन्त्रपि॥

च० सू० १३।१२

हि० व्या०—एरण्ड तैल विरेचनार्थ सर्वश्रेष्ठ है। वह स्निग्ध, उष्णवीर्य, वात-कफ-रोग-नाशक और सारक होता है। कषाय, मधुर और तिक्तरसयुक्त द्रव्यों के साथ प्रयोग करने पर पित्तरोग नाशक भी होता है।

संयुक्तनेहनद्रव्याणां पारिभाषिकनामानि

द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिस्तैर्यमकस्त्रिवृतो महान्॥

अ० सं० सू० २५।७, अ० हृ० सू० १६।६, भा० प्र० स्नेहाधिकार

स्नेहानां द्रव्यादिसंयोगे तन्त्रकारस्सांकेतिकानि नामान्याह—द्वाभ्यामिति। तैः द्वाभ्यां त्रिभिः चतुर्भिः यमकः त्रिवृतः महानिति संज्ञा भवतीति शेषः। द्वयोर्योगे यमकः, त्रयाणां योगे त्रिवृतः चतुर्णां योगे महानित्यर्थः। परमेश्वरः॥

संयुक्त स्नेहों की विशिष्ट संज्ञा

हि० व्या०—चतुर्विध स्नेहों में संयुक्त घृत एवं तैल—इन दो स्नेहों का नाम "यमक" है। घृत, तैल एवं वसा नामक तीन स्नेहों को "त्रिवृत" कहा जाता है तथा घृत, तैल, वसा एवं मज्जा नामक चारों स्नेहों को "महान्" नाम दिया गया है।

वक्तव्य—चिकित्सा-प्रयोग में स्नेहों के पृथक् पृथक् नाम का उल्लेख न करते हुए इन्हीं पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग शास्त्रों में हुआ है, अतः यमक, त्रिवृत तथा महान् तीनों नामों से शास्त्रीय संज्ञा दी गई है।

स्नेहार्थं तिलतैलघृतप्रयोगसंकेतः

नित्यानित्यात्मविधौ तिलतैलघृते बुधः प्रयुञ्जीत।

का० सू० २२।९

हि० व्या०—ज्ञानी मनुष्य को दैनिक व्यवहार में प्रतिदिन तिल तैल एवं घृत का व्यवहार करना चाहिए।

स्नेह-महत्त्वं विविधप्रयोगभेदाश्च

स्नेहसारोऽयं पुरुषः, प्राणाश्च स्नेहभूयिष्ठाः स्नेहसाध्याश्च भवन्ति। स्नेहो हि पानानुवासनमस्तिष्कशिरोबस्त्युत्तरवस्तिनस्यकर्णपूरणमात्राभ्यंगभोजनेषूपयोज्यः॥

सु० चि० ३३।३

युक्तयाऽवचारयेत् स्नेहं भक्ष्याद्यन्नेन बस्तिभिः।
नस्याभ्यंजनगण्डूषमूर्द्धकर्णाक्षितर्पणैः॥

अ० सं० सू० २५।१७, अ० हृ० सू० १४, भावप्रकाशेऽपि पाठः समानः

हि० व्या०—**स्नेह का महत्त्व एवं विविध प्रयोग भेद**—मानव शरीर में स्नेह ही सारवस्तु है। मानव जीवन स्नेह पर ही आधारित है तथा उसकी रक्षा स्नेह द्वारा ही होती है। स्नेह का प्रयोग पीने के रूप में, अनुवासन-बस्ति के रूप में, मस्तिष्क हेतु शिरोविरेचन, शिरो-बस्ति, उत्तर-बस्ति, नस्य, कर्ण-पूरण, अभ्यङ्ग (मालिश) और भोजन में किया जाता है। आचार्य वाग्भट ने भी कहा है कि स्नेह का युक्ति-पूर्वक भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, पान या भोजन के साथ नस्य, अभ्यङ्ग, गण्डूष, शिरो-बस्ति एवं अक्षि-तर्पण के रूप में प्रयोग करना चाहिए।

कस्य स्नेहस्य कः कालः

सर्पिः शरदि पातव्यं, वसा मज्जा च माधवे।
तैलं प्रावृषि, नात्युष्णशीते स्नेहं पिबेन्नरः॥

—च० सू० १३।१८

तैलं प्रावृषि, वर्षान्ते सर्पिरन्यौ तु माधवे।
ऋतौ साधारणे स्नेहः शस्तोऽह्नि विमले रवौ॥

अ० हृ० सू० १६।१२

तैलं प्रावृषि वर्षान्ते सर्पिरन्यौ तु माधवे।
सर्वं सर्वस्य च स्नेह युञ्ज्याद् भास्वति निर्मले।
ऋतौ साधारणे ... ...

अ० सं० सू० २५।१५।१६

मज्जावसे वसन्ते, प्रावृषि तैलं पिबेच्छरदि सर्पिः।
सर्पिर्वा सर्वेषां सर्वस्मिञ्छस्यते पातुम्॥

—का० सं० सू० २२।१०

सर्पिरादिपानकालमाह-सर्पिः शरदीत्यादि। माधवे = वैशाखे, प्रावृडाषाढ श्रावणौ, यदुक्तं "प्रावृट् शुक्रनभौ ज्ञेयौ" (सि० अ० ६) इति। शरदि बहुपित्तत्वेन पित्तविरुद्धं घृतमेव यौगिकम्, नान्यस्तैलादिः। वसामज्जोस्तु नातिशीतोष्णत्वासाधारणोष्णयोस्तयोरनुपाने शीतत्वेन वा उष्णत्वेन वा निर्देशो न कृतः। "यथासत्वं तु शैत्योष्णे वसामज्जोर्विनिर्दिशेत्" (सू० अ० २६) इति तु वचनेन शैत्योष्णाभिधानं सामान्येन तैलसर्पिर्वदुष्णशैत्याभिधानान्न प्रकर्षप्राप्तशैत्योष्ण-

स्वप्रापकम् । अत एवोक्तम्—"तैलवसामज्जसर्पिषा तु यथापूर्वं श्रेष्ठत्वं वात विकारेषु भवति, यथोत्तरं पित्तविकारेषु" (वि० अ० ८) इति । तत्र उत्तरस्य सर्पिषः शैत्यात् पित्तहरत्वम्, तैलस्य तूष्णत्वाद्वातश्लेष्महरत्वम् वसामज्जोस्तु साधारणत्वेन मध्यगतत्वमिति स्थितम् । एवं वसामज्ज्ञोः साधारणत्वेन तथा बल्यत्वधातुवृद्धिकरत्वाभ्यामनतिशीतोष्णे तथा बलक्षयधातुक्षयासन्ने माधवे प्रायः प्रयोगो युक्तः । चैत्रस्तु मुख्यसाधारणगुणोऽपि प्रभूतश्लेष्मतया न स्नेह विषय इत्यनुक्तः । सामान्येन स्नेहोपयोगेऽशस्तं कालमाह-नात्युष्णेत्यादि । नात्युष्णे ग्रीष्मे, नातिशीते हेमन्ते शिशिरे च तथा वर्षजनितशैत्ये वर्षाकाले । अयं चानात्ययिकविकारे सति कालनियमो ज्ञेयः । अग्रे उष्णे शीते च काले स्नेहोपदेशात् ॥ चक्रपाणिः ॥

अनन्तरं स्नेहानामृतुविशेषेण नियमप्रदर्शनार्थमिदमाह । तैलं प्रावृषीत्यादि । प्रावृषि श्रावणे शोधनप्रसङ्गे तैलं स्नेहनाय शस्तम् । वर्षान्ते कार्तिके सर्पिः शस्तम् । अन्यौ शेषौ वसामज्जानौ माधवे वसन्ते चैत्रे । शोधनप्रसङ्गे प्रावृषि तैलं वातजयप्राधान्यात् । शरदि घृतम् पित्तजयाय । वमनप्रयोगे कफोक्लेशन-शक्तत्वात् सदृशेऽपि काले वसाया मज्ज्ञश्चोपयोगः । तथा सर्वो घृतादिस्नेहः सर्वस्य शोध्यस्याशोध्यस्य च साधारणे वसन्तशरत्प्रावृडाख्ये ऋतौ भास्वति तीक्ष्णरश्मौ निर्मले व्यभ्रे योज्यः । न त्वत्यर्थशीतोष्णवर्षाहेमन्तशिशिर ग्रीष्मा-ख्ये । इन्दुः ॥ (अ० हृ०)

हि० व्या०—स्नेहपान के काल का निर्देश करते हुए लिखा गया है कि चारों प्रकार के स्नेहों में घृत का शरद् ऋतु में सेवन करना चाहिए । वसा एवं मज्जा का वसन्त ऋतु (के उत्तरार्ध) या वैशाख में सेवन करना चाहिए और तैल का प्रावृट् ऋतु में सेवन करना चाहिए । अत्यन्त शीत एवं अत्यन्त उष्ण काल में स्नेह का सेवन कभी नहीं करना चाहिए । वाग्भट का अभिमत है कि साधारण ऋतु में खुले आकाश (बादल रहित) या स्वच्छ सूर्य के समय सभी के लिए सभी स्नेहपान हितकर है ।

वक्तव्य—घृत पित्तघ्न है । शरद् ऋतु में पित्त का स्वाभाविक रूप से प्रकोप होता है । अतः शरद् में घृत सेवन का निर्देश किया गया है, वसा एवं मज्जा का पान बलाधान के लिए उत्तम है । वैशाख में आदान काल का मध्य होता है । इसमें प्राणियों का बल स्वभाव से ही क्षीण हो जाता है । अतः वसा-मज्जा का सेवन बल को स्थिर करता है तथा दोषानुसार वसन्त, कफ प्रकोपकाल होने से वसा-मज्जा-पान हितकर है । वर्षा ऋतु में शीतलता बढ़ जाती है तथा वात का प्रकोप-काल भी यही है, अतः तैल का योग वातशमन हेतु प्रावृट् में करना चाहिए ।

दोषानुसार स्नेह-पान काल

तालिका

कुपित दोष	शीतकाल		उष्ण काल	
	दिवा	रात्रि	दिवा	रात्रि
वात	—	—	—	+
पित्त	—	—	—	+
कफ	+	—	—	—
वात-पित्त	—	+	—	+
वात-कफ	+	—	+	—

\+ सेवनीय

प्रवरावरस्नेहनप्रयोगकालः

स्नेहस्य प्रकर्षो तु सप्तरात्रत्रिरात्रकौ ॥
एकाहमुत्तमा पेया त्र्यहमेव तु मध्यमा । च० सू० १३।५१ ख
स्नेहमात्रा यथायोगं सप्ताहन्तु कनीयसी ॥

वंगसेने स्नेहपानाधि०

प्रकर्षावित्यल्पप्रकर्षभूयः प्रकर्षौ, तेन, अल्पत्वेन त्रिरात्रिकः प्रकर्षो भूयस्त्वेन साप्तरात्रिक इति च स्यात् । एतच्च वक्ष्यमाणसद्यः-स्नेहप्रयोगातिरिक्त प्रयोगे बोद्धव्यं, यदि वा, सद्यः स्नेहप्रयोगा अपि त्र्यहेणैव स्नेहयन्ति, स्तृत्यर्थं तु तेषु सद्य इत्युक्तम् । यदुक्तं-"त्र्यहावरं सप्तदिनं परं तु स्निग्धो नरः स्वेदयितव्य इष्टः । नातः परं स्नेहनमादिशन्ति सात्म्यी भवेत्सप्तदिनात्परं तु" (सि० अ० १) इति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—ग्यारहवें प्रश्न- (प्रकर्षः स्नेहने च कः) स्नेह का प्रकर्ष काल क्या है ?—का उत्तर देते हुए बताया गया है कि स्नेहन का प्रकर्ष-काल सात दिन या तीन दिन है । स्नेह का प्रयोग अधिक से अधिक सात दिन और कम से कम तीन दिन तक करना चाहिए ।

आचार्य वंगसेन के अनुसार उत्तम मात्रा एक दिन, मध्यम मात्रा तीन दिन और जघन्यमात्रा एक सप्ताह पीनी चाहिए।

तैलसेवनकालो, घृतसेवनकालश्च

.....दोषसाम्येऽनिलकफे, कफे।
दिवा निश्यनिले पित्ते संसर्गे पित्तवत्यपि।
त्वरमाणे तु शीतेऽपि दिवा तैलं च योजयेत्।
उष्णेऽपि रात्रौ सर्पिश्च दोषादीन्वीक्ष्यचान्यथा।
निश्यश्नुते वातकफात् रोगानहनि पित्ततः॥

अ० सं० सू० २५।१६-१८

हि० व्या०—शीतकाल में यदि स्नेहपान की आवश्यकता हो तो तैल का सेवन करना चाहिए। उष्णकाल में तत्काल स्नेह की आवश्यकता हो तो रात्रि में घृत-सेवन करें।

पित्त अथवा वायु की प्रधानता में भी यदि सद्यः स्नेह की अवश्यकता हो तो रात्रि में घृत का सेवन करें।

सामन्यतः संशमनस्नेहपानकालः

पिबेत् संशमनं स्नेहमन्नकाले प्रकाङ्क्षितः॥

च० सू० १३।६१ (क)

अन्नकाले द्विप्रहरादिलक्षणे, बुभुक्षा कदाचिन्न स्यादपि, तदर्थं विशेषणम् "प्रकाङ्क्षितः" इति। चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—दिन में अन्न के काल में अर्थात् दोपहर में, भोजन की इच्छा होने पर संशमन स्नेह का सेवन करें।

सामान्यतः शोधनस्नेहपानकालः

शुद्धयर्थं पुनराहारे नैशे जीर्णे पिबेन्नरः॥

च० सू० अ० १३।६१

शुद्धयर्थं स्नेहं नैशे=दिनान्तरकृत आहारे जीर्णे एव=प्रातरेव पिबेदित्यर्थः। संशमनार्थस् हो यदि जरणान्ते प्रातरेव क्रियते तदा कोष्ठोपलेपकदोषस्याक्षयान्तेन दोषेण सम्बद्धो दोषोत्क्लेशं कुर्यान्न संशमनं, संशोधनार्थस्तु दोषोत्क्लेशं करोतीत्यपेक्षणीय एवेति भावः। एतच्च कालकथनमुत्सर्गेण, तेन "वातपित्ताधिको रात्रौ" इत्युक्तकालविरोधो न स्यात्॥

चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—रात्रि में ग्रहण किया गया भोजन जब पच जाए तब संशोधन के लिए स्नेहपान करना चाहिए।

वातपित्तकफदोषानुसारं स्नेहपानकालः

वातपित्ताधिको रात्रावुष्णे चापि पिबेन्नरः।
श्लेष्माधिको दिवा शीते पिबेच्चामलभास्करे॥ च० सू० १३।१६

कालविशेषे दोषविशेषे च पानक्रमं दर्शयति-वातेत्यादिना। वातश्च पित्तं च वातपित्तं तदधिको वातपित्ताधिकः। रात्राविति—सायम्, उष्णे=ग्रीष्मे, श्लेष्माधिकग्रहणमत्यन्तशीतविकारगृहीतपुरुषोपलक्षणार्थं तेन वातश्लेष्माधिकः श्लेष्माधिकश्च गृह्यते। अत एव सुश्रुतेऽप्युक्तं—"वातपित्ताधिको रात्रौ वातश्लेष्माधिको दिवा" (सु० चि० अ० ३१) इति केवलवाताधिकस्य तथा पित्ताधिकस्य श्लेष्माधिकस्य साधारणे च शरदादौ काले, उत्सर्गसिद्ध एव पानकालो वक्ष्यमाणो भवति। वक्ष्यति हि—"पिबेत्संशमनस्नेहमन्नकाले" इत्यादि। अन्ये तु ब्रुवते—वाताधिकग्रहणेन केवलवातस्यापि ग्रहणं श्लेष्माधिकव्यपदेशाच्च वातश्लेष्मपित्तश्लेष्मणोरपि ग्रहणमिति। शीते हेमन्तादौ, अमलः=प्रबलरश्मिर्यस्मिन् दिनस्य भागे भास्करः सोऽभास्करो मध्याह्न इति यावत्।

चक्रपाणिः॥

विपरीतकाले स्नेहपानजन्योपद्रवाणां वर्णनम्

अत्युष्णे वा दिवा पीतो वातपित्ताधिकेन वा।
मूर्च्छां पिपासामुन्मादं कामलां वा समीरयेत्॥
शीते रात्रौ पिबत्स्नेहं नरः श्लेष्माधिकोऽपि वा।
आनाहमरुचिं शूलं पाण्डुतां वा समृच्छति॥

च० सू० १३।२०-२१॥

शीतकाले दिवा स्नेहमुष्णकाले पिबेन्निशि।
वातपित्ताधिको रात्रौ वातश्लेष्माधिको दिवा॥
वातपित्ताधिकस्योष्णे तृष्मूर्च्छोन्मादकारकः।
शीते वातकफार्तस्य गौरवारुचिशूलकृत्॥

सु० चि० ३१।२२-२३
वङ्गसेन (स्नेहपाना०)

पित्तानिलप्रकृतयः स्नेहं रात्रौ पिबेयुरुष्णे च।
श्लेष्माधिको दिवोष्णे निर्मलसूर्ये लघुत्वे च॥

का० सं० सू० २२।१७

उक्तकालनियमविपर्यये दोषमाह—अत्युष्णे वेत्यादि। अत्युष्णे काले दिवा पीतः स्नेहः श्लैष्मिकस्यापि यथोक्तविकारकरः, तथा वातपित्ताधिकेन पीतः शीतकालेऽपि यथोक्तविकारकरः। एवं निशापानेऽपि वाक्यार्थः, परं निषिद्धस्य कालस्य दोषस्य च मेलकेऽत्यये चोक्त विकारप्रकर्षाऽपकर्षौ तर्कणीयौ।

चक्रपाणिः॥

ऋतुओं के अनुसार स्नेह-पान तालिका

च० = चरक संहिता। का० = काश्यप संहिता। अ० हृ० = अष्टांग हृदय एवं अष्टांग संग्रह

स्नेहों के नाम	वसन्त (उत्तरार्द्ध) च०वा०का०	ग्रीष्म च०वा०का०	वर्षा च०वा०का०	शरद् च०वा०का०	हेमन्त च०वा०का०	शिशिर च०वा०का०	प्रावृट् च०वा०का०	शीतकाल च०वा०का०	ऊष्ण काल च०वा०का०
घृत				+ + +			+ + +	— + — (आत्ययिक अवस्था में)	
वसा	+ + +								
मज्जा	+ + +								
तैल							+ + +	— + — (आत्ययिक अवस्था में)	

\+ सेवन करना चाहिए।

विशेष — काश्यप सं० के अनुसार घृत का सभी लोग सभी ऋतुओं में सेवन कर सकते हैं।

हि० व्या—दोष, ऋतु एवं अहोरात्र के अनुसार स्नेह-पान का निर्देश चरक, सुश्रुत एवं काश्यप संहिता में लगभग समान ही है।

(१) शीत ऋतु में दिन में एवं उष्ण ऋतु में रात्रि में स्नेह-पान कराना चाहिए।

(२) दोषानुसार वात एवं पित्त के आधिक्य में रात्रि के समय तथा कफ एवं पित्त की अधिकता में दिन के समय स्नेहपान कराना चाहिए।

(३) दिन में स्नेह-पान के लिए यह भी निर्देश किया गया है कि सूर्य निर्मल हो अर्थात् बादल आदि से रहित होना चाहिए। काश्यप के अनुसार शरीर में लघुता होने पर स्नेह-पान कराना चाहिए।

(४) इसके विपरीत क्रम में स्नेह-पान कराने से उपद्रवोत्पत्ति की संभावना रहती है। वात एवं पित्त की अधिकता में उष्ण ऋतु में दिन में स्नेह-पान कराने से तृष्णा, मूर्च्छा, उन्माद और कामला की उत्पत्ति हो जाती है। वात एवं श्लेष्मा की अधिकता में शीत-काल में स्नेहपान कराने से गुरुता, अरुचि पाण्डुता एवं शूल की उत्पत्ति हो जाती है।

स्नेहपाने कोष्ठविचारः

मृदुकोष्ठस्त्रिरात्रेण स्निह्यत्यच्छोपसेवया।
स्निह्यति क्रूरकोष्ठस्तु सप्तरात्रेण मानवः॥

च० सू० १३।६५

पिबेच्यहं चतुरहं पञ्चाहं षडहं तथा।
सप्तरात्रात् परं स्नेहः सात्म्यीभवति सेवितः॥

सु० चि० अ० ३१।३६

संस्निह्यति मृदुकोष्ठो नरस्त्रिरात्रेण, सप्तरात्रेण।
स्नेहाच्छपानयोगाज्जीवक ! यः क्रूरकोष्ठस्तु॥

का० सू० २२।३८

त्र्यहमच्छं मृदौ कोष्ठे क्रूरे सप्तदिनं पिबेत्।
सम्यक्स्निग्धोऽथवा यावदतः सात्मीभवेत्परम्॥

अ० हृ० सू० १६।२७, अ० सं० सू० २५।४१

तस्य स्नेहपानस्य कोष्ठापेक्षया काल-नियमं दर्शयन्नाह-पिबेदित्यादि। तत्र त्र्यहं मृदुकोष्ठापेक्षया, मध्यमकोष्ठापेक्षया तु चतुःपञ्चषडहानि, क्रूरकोष्ठापेक्षया तु सप्तरात्रम्। अन्ये तु मृदुतममृदुतरमृदुकोष्ठापेक्षया एकद्वित्र्यहम्, एवं मध्यमकोष्ठतरतममध्यात् चतुःपञ्चषडहानि, क्रूरक्रूरतरक्रूरतमकोष्ठापेक्षया सप्ताष्टनवापि, दिवसानीति। सात्म्यीभवतीति आत्मना सह वर्तत इति सात्म्यम्, असात्म्यं यत्र सात्म्यं भवति सात्म्यी भवति; आत्मशब्दोऽत्र देहपर्यायः, अयमर्थः—आत्मनि काये यद्वर्तते, यदुपशेते, न विकाराय भवति,

अयमर्थः। घृततैलयोर्यथानिर्दिष्टोपयोगकालनियमाद्यत इतरोपयोगकालस्त-योरिति वसामज्जोस्तु शीते काले नात्युष्णे काले त्वरायामुपजातायामित्यर्थः। तत्र यस्तैलोपयोगो दिवा सोऽन्यथान्येन प्रकारेण। एवं शीतकाले निशिघृतोप-योगाद्वातकफाद्रोगा भवेयु,। तथा धर्मेकाले दिवातैलोपयोगात् पित्ततो रोगा भवेयुरिति वसामज्जोस्तु न शीते काले नाप्युष्णे काले त्वरायां समुपजातायां संशोधनात् पूर्वं स्नेहनार्थमुपयोगो ग्रन्थकृता प्रदर्शितो निश्चितशीतोष्णगुणत्वान्-नातो शीतगुणो वक्तुं युज्येत नाप्युष्णगुणः स्वस्वरूप पराधीनस्वरूपत्वात्। तथा चेहतौ मांसस्य रूपानुगस्वरूपाविति पठ्यते। तथा चागमेऽपि। 'यथासत्त्वं तु शैत्योष्णे वसामज्जोर्विनिर्दिशेत्" इति चंद्रगन्दनः ॥

निशीति। अन्यथा निशि वातकफाद्रोगा स्युः। अन्यथा दिवा पित्ततः रोगाः स्युः। अन्यथा उक्तप्रकारादन्येन प्रकारेण। यथा—हेमन्त शिशिरयो-र्निशि घृतोपयोगेन वातकफजनिता रोगा भवन्ति। तथा ग्रीष्मकाले दिवा तैलोप योगेन पित्तजनिता रोगा भवन्तीति। अत्र पित्तकोपे पित्तजनितरोगेषु च शरदि घर्मे च घृतं रात्रावेवोपयोज्यम्। तथा वाते तज्जनितरोगेषु च प्रावृषि शीते च

दिवा तैलोपयोगः धर्मकाले तु वातजयाय घृतं रात्रौ सेव्यम् । कफस्य तु युक्ति विशात् संस्कृतस्नेहो दिवैवोपयोज्य इति विशेषोऽवबोध्यः ॥ परमेश्वरः ॥

स्नेहनादिकर्मणः प्रारम्भात् प्रागेव तदुपकरण संभारसंग्रहावश्यकता ।

स्नेहादिषूपयोगाय तद्व्यापच्छमनाय च ।
कुर्यात् प्रागेव तद्योगिद्रव्य संभार संग्रहम् ।

अ० सं० सू० २५।३

स्नेहस्य शोधनाङ्गत्वात् प्रागेवस्नेहादिष्वनारब्धेषु स्नेहाद्युपयोगाय देशादि वैपरीत्यात् स्नेहाद्युद्भूतव्यापच्छमनाय च तद्योगिद्रव्याणां स्नेहोपयोगिनां घृत तैलवसाशरावोदञ्चनादीनां तद्व्यापच्छमनयोगिनां च द्रव्याणां सम्भारसंग्रहं कुर्यात् ॥ इन्दुः ॥

हि० व्या०—स्नेह की विविध प्रक्रियायों में उपयोगी तथा उत्पन्न हुई विविधप्रकार की व्यापत्तियों को शमन करने हेतु, स्नेहन कराने से पूर्व ही जो-जो उपयोगी द्रव्य सामग्री हो उनका संग्रह कर लेना चाहिए जिससे कि समय पर किसी प्रकार की असुविधा न हो ।

स्नेहपानात्पूर्वं पथ्यम्

द्रवोष्णमनभिष्यन्दि भोज्यमन्नं प्रमाणतः ।
नातिस्निग्धमसंकीर्णं श्वः स्नेह पातुमिच्छता ॥

च० सू० १३।६०
वङ्गसेन (स्नेहा०)

द्रवमितलघूष्णमन्नं काले सात्म्यं वलाग्निरुग्युक्तम् ।
श्वः स्नेहपानमिच्छन् भुंजीत शयीत गुप्तश्च ॥

का० सू० २२।३६

भोज्योऽन्नं मात्रया पाश्यन् श्वः पिबन् पीतवानपि
द्रवोष्णमनभिष्यंदी नाति स्निग्धमसंकरम् ॥

अ० सं० सू० २५। अ० हृ० सू० १६।४०-४१

स्नेहस्य पानात् पूर्वं च दातव्यं मृदु भेषजम् ।
उत्तेजनं हुताशस्य कोष्ठलाघवकारि च ॥

अ० सं० सू० २५।४५

स्नेह पान से पूर्व पथ्या पथ्य विचार

हि० व्या०—यदि कल (अगले दिन) स्नेहपान का विचार हो तो रात में (अर्थात् स्नेहपान से एक दिन पूर्व); द्रव, सुखोष्ण और जो अभिष्यन्दी न हो एवं अति स्निग्ध न हो (ईषत् स्निग्ध) तथा असंकीर्ण (अपच्य न हो ऐसे) अन्न का मात्रा पूर्वक भोजन करना चाहिए । महर्षि काश्यप ने 'शयीत' ऐसा लिखकर पूर्ण विश्राम करने का भी विचार व्यक्त किया है । अन्य आचार्यों ने भी चरक के विचार का समर्थन किया है । आचार्य वाग्भट ने स्नेहपान से पूर्व और पश्चात् अग्निवर्धक और कोष्ठ में लघुता उत्पन्न करने वाली औषधि देने का भी विचार व्यक्त किया है ।

त्वरिताधिक स्नेहपान निषेधः

गृह्णात्यम्बुयथा वस्त्रं प्रस्रवत्यधिकं यथा ।
यथाग्नि जीर्यति स्नेहस्तथा स्रवति चाधिकः ॥
यथा चाक्लेद्य मृत्पिण्डमासिक्तंत्वरया जलम् ।
स्रवति, स्रंसते स्नेहस्तथा त्वरित सेवितः ॥

च० सू० १३।९६-९७

हि० व्या०—शीघ्रतावश एवं अधिक मात्रा में स्नेह सेवन किए जाने पर उसकी प्रक्रिया को उदाहरण के साथ व्यक्त करते हुए आचार्य लिखते हैं कि जिस प्रकार वस्त्र को पानी में डालने पर अपनी क्षमता के अनुरूप वस्त्र पानी को सोख लेता है तथा अतिरिक्त पानी को टपकाने लग जाता है उसी प्रकार अत्यधिक परिमाण में सेवन किए गए स्नेह को, पाचकाग्नि अपनी सामर्थ्य के अनुसार पचाकर शेष स्नेह को बाहर निकाल देती है । दूसरे उदाहरण में शीघ्रता का उल्लेख करते हुए लिखा है कि जिस प्रकार मिट्टी के ढेले पर शीघ्रता से डाला गया जल ढेले को बिना गीला किए ही बह जाता है उसी प्रकार शीघ्रता से सेवन कराया गया स्नेह शरीरावयवों को स्निग्ध कराये बिना ही मल मार्ग से निकल जाता है । इसीलिए मात्राधिक्य एवं शीघ्रता से स्नेह-पान का निषेध किया गया है ।

अतिमात्र स्नेहपाने दोषाः तत्र चिकित्साक्रमश्च ।

पीतोह्यतिबहुःस्नेहो जनयेत् प्राणसंशयम् ।
मिथ्याचाराद् बहुत्वाद्वा यस्य स्नेहो न जीर्यति
विष्टब्ध्य चापि जीर्येतं वरिणोष्णेन वामयेत् ॥
ततः स्नेह पुनर्दद्यात्लघुकोष्ठायदेहिने ।
जीर्णाजीर्णविशंकायां स्नेहस्योष्णोदकं पिबेत् ॥
तेनोद्गारो भवेच्छुद्धो भक्तं प्रति रुचिस्तथा
स्युः पच्यमाने तृड्दाहभ्रमसादारति क्लमाः

सु० चि० ३१। ३१-३३, भाव प्र० स्नेहाधि० २४
वंगसेन स्नेहाधिकार, काश्यप सू० २२।४१, चक्रदत्तः

हि० व्या०—अत्यधिक मात्रा में सेवित स्नेह प्राण संकट में डालने वाला होता है अर्थात् अनेकों उपद्रव उत्पन्न करता है। अत्यधिक मात्रा में ग्रहण किया गया स्नेह मिथ्या आहार-विहार के कारण अथवा मात्राधिक्य के कारण जीर्ण न हो रहा हो, जिसका पाचन कष्ट से हो उसे ऊष्ण जल प्रयोग से वमन प्रक्रिया द्वारा बाहर निकाल देना चाहिए। जिस व्यक्ति का कोष्ठ लघु हो उसे पुनः स्नेह पिलाना चाहिए। उस स्नेह के जीर्ण या अजीर्ण की शंका होने पर ऊष्ण जल पिलाना चाहिए। इस प्रक्रिया से उद्गार की प्रवृत्ति होती है, भोजन में रुचि होती है। स्नेह की पच्यमानावस्था में, तृष्णा, दाह, भ्रम, आलस्य, अनिच्छा एवं श्रम की उत्पत्ति होती है।

स्नेहपान क्रम :

अत ऊर्ध्वं स्नेहपानक्रममुपदेक्ष्यामः— अथ मृदु लघुकोष्ठायातुराय कृतमङ्गलस्वस्तिवाचनायोदयगिरिशिखरसंस्थिते प्रतप्तकनकनिकरपीतलोहिते सवितरि यथा बलं तैलस्य घृतस्य वा मात्रां पातुं प्रयच्छेत्। पीतमात्रे चोष्णोदकेनोपस्पृश्य सोपानत्को यथासुखं विहरेत्॥

सु० चि० ३१।१४

अत ऊर्ध्वं स्नेहपानक्रममिति स्नेहपानपारिपाटीमित्यर्थः। अथशब्दोऽयं पञ्चकर्मादौमङ्गलार्थः। मृदुशब्दोवाक्यशोभार्थः। लघुकोष्ठवचनं जीर्णाहार प्रदर्शनार्थं, यदी तु लघुकोष्ठाय यथाक्रममामाशय पक्वाशयहृदयेषु पक्वतापगतान्नमलरसामतागौरवायेति व्याख्यानयति। कृतं मङ्गलं पूर्णोदिककुम्भादि सर्वलोकप्रसिद्धं स्वस्तिवाचनं च यस्य स तथा, तस्मै। अत्रोदयगिरिसंस्थितसवितृग्रहणं प्रातःकाल ज्ञापनाय। प्रातर्हि संशोधनार्थं स्नेहपानं तन्त्रान्तरेऽप्युक्तं—"शुद्धयर्थं० पुनराहारे नैशे जीर्णे पिबेन्नरः। पिबेत् संशमनं स्नेहमन्नकाले प्रकाङ्क्षितः" (च० सू० अ० १६) इति। यथाबलमिति दोष दूष्यामयानां हीनमध्योत्तमबलमाश्रित्य यामद्वयचतुर्यामसकलाहः परिणामसापेक्षिणीं मात्राम्। सर्वस्नेहनेषु प्रधानतया घृततैले प्राह-घृतस्य तैलस्य वेति। उपस्पृश्य आचमनं कृत्वेत्यर्थः॥ डल्हणः॥

हि० व्या०—स्नेहपान के क्रम का विचार करते हुए लघु कोष्ठ आतुर को स्वस्तिवाचन और मङ्गलपाठ (पुण्याहवाचन) आदि करने के पश्चात् उदयाचलपर्वत पर अग्नितप्त सुवर्ण के सदृश रक्ताभ या रक्त पीत रंग मिश्रित भगवान् सूर्य के आगमन अर्थात् ऊषा काल में, रोग, दोष और रोगी के बलाबल का विचार करके तैल या घी की मात्रा पीने के लिए देना चाहिए। स्नेहपान के अनन्तर उष्ण जल से आचमन (कुल्ला) कर पैरों में जूते धारण करके रोगी को आराम से घूमना चाहिए।

सम्यक् स्निग्ध लक्षणम्

वातानुलोम्यं दीप्तोऽग्निर्वर्चः स्निग्धमसंहतम्।
मार्दवं स्निग्धता चांगे स्निग्धानामुपजायते॥

च० सू० १३।५८ अ० सं० सू०।२५
अ० हृ० सू०।१६, बंग सेन

सुस्निग्धा त्वग्विट्शैथिल्यं दीप्तोऽग्निर्मृदुगात्रता।
ग्लानिर्लाघवमङ्गानामधस्तात् स्नेहदर्शनम्।
सम्यक्स्निग्धस्यलिङ्गानि स्नेहोद्वेगस्तथैव च॥

सु० चि० ३१।५३

धृतिमृदुपुरीषत्वं मेधापुष्ट्यग्नितेजसां वृद्धिः
काले शरीरवृत्तिः स्निग्धस्य वदन्ति लिङ्गानि॥

का० सू० २।३४

हि० व्या०—स्नेहन करने पर जब वायु अनुलोम हो जाय, जठराग्नि प्रदीप्त हो जाय, मल चिकना एवं गांठ रहित हो जाय तथा अंग प्रत्यंगों में भी मृदुता आ जाय तब व्यक्ति को सम्यक् स्नेहित समझना चाहिए।

सुश्रुत ने ग्लानि रहितता, अधोमार्ग से स्नेह का निर्हरण, स्नेह से अरुचि एवं घबराहट होने का निर्देश सम्यक् स्निग्ध रोगी के लक्षणों में उल्लेख किया है। काश्यप ने भी कुछ विशेष लक्षण इस प्रकार बताये हैं—मेधा शक्ति व्यक्ति, का पोषण तथा शरीर की समस्त चेष्टाए यथावत् हो तब सम्यक् स्निग्ध समझना चाहिए।

अष्टाङ्ग संग्रह में चरक एवं सुश्रुत के वचनों के साथ विमलेन्द्रियता का भी उल्लेख किया है तथा हृदय में चरक के ही श्लोक उद्धृत किये हैं।

अ० संग्रह के "दीप्ताग्निराग्निः परिशुद्धकोष्ठः" का विवरण सम्यक् स्नेहन के महत्व' रूप में पूर्व में ही वर्णन कर आये हैं। यही श्लोक सुश्रुत में भी प्राप्त आया है।

अतिस्निग्धलक्षणम्

पाण्डुता गौरवं जाड्यं पुरीषस्याविपक्वता।
तंद्रारुचिरुत्क्लेशः स्यादतिस्निग्धलक्षणम्॥

च० सू० १३।५९

भक्तद्वेषो मुखस्रावो गुददाहः प्रवाहिका।
पुरीषातिप्रवृत्तिश्च भृशस्निग्धस्य लक्षणम्॥

सु० चि० ३१।५४

गौरवजाड्योत्क्लेशाध्मानानि पुरीषमविपक्वम् ।
अरुचिरपि पाण्डुतन्द्रे वदन्त्यतिस्निग्धलिङ्गानि ॥
का० सू० २२।३५

अतिस्निग्धे तु पाण्डुत्वं घ्राणवक्त्रगुदस्रवाः ॥
अ० हृ० सु० १६।३१

अ० सं० सू० अ० २५ चक्रदत्त (स्नेहा०) २८

पांडुता सदनं तन्द्रा पुरीषस्य विपक्वता
उत्क्लेशो जाड्यमरुचिः स्यादतिस्निग्धलक्षणम् ॥
वंगसेन

हि० व्या०—जिस व्यक्ति को स्नेहन कराने पर शरीर में पीलापन, गुरूता, जड़ता (कार्य अक्षमता), मल का अपक्व निहरण, तन्द्रा, भोजन में अरुचि, उत्क्लेश आदि लक्षण प्रकट हो तो अतिस्निग्ध जानना चाहिए ।

सुश्रुत ने लालास्राव, गुदपाक एवं प्रवाहिका के रूप में चरक के विपक्वता लक्षण को स्पष्ट किया है । काश्यप ने आध्मान का भी अति स्निग्ध के लक्षणों में उल्लेख किया है । अष्टांगसंग्रह व अष्टांग हृदय में नाक, मुख, तथा गुद से स्राव होना अति स्निग्ध के लक्षण बताये हैं । भाव प्रकाश एवं चक्रदत्त ने क्रमशः सुश्रुत एवं अष्टांग हृदय के श्लोक ही उद्धृत किए हैं ।

अस्निग्धलक्षणम्

पुरीषं ग्रथितं रूक्ष वायुरग्रगुणो मृदुः ।
पक्वता खरत्वं रौक्ष्यं च गात्रस्यास्निग्ध लक्षणम् ।
च० सू० १३।५७ वंगसेन (स्नेहा धि०)

वायोरग्रगुणत्वं रौक्ष्यं खरताऽधृतिर्ज्वलनहानिः ।
शुष्कग्रथित पुरीषं लक्षणमस्निग्धगात्रस्य ॥
का० सं० सू० २२।३३

पुरीषं ग्रथितं रूक्षं कृच्छ्राद्वन्नं विपच्यते ॥
उरो विदहते वायुः कोष्ठादुपरि धावति ।
दुर्वर्णो दुर्बलश्चैव रूक्षो भवति मानवः ॥
सु० चि० ३१।५१-५२

हि० व्या० —स्नेहन के पश्चात् जिस व्यक्ति का पुरीष रूक्ष एवं गांठदार हो वायु की विलोम गति हो, जठराग्नि प्रदीप्त नहीं हो, समस्त शरीर में खरता एवं रूक्षता हो तो उसे अस्निग्ध समझना चाहिए ।

सुश्रुत ने लिखा है कि जिस व्यक्ति की पाक प्रक्रिया समुचित न हो, उरः प्रदेश में जलन, शरीर के वर्ण में विकृति, दुर्बलता तथा रूक्षता होने पर अस्निग्ध समझना चाहिए ।

अस्निग्ध के लक्षणों में काश्यप ने भी रूक्षता, खरता, अधर्म आदि का उल्लेख किया है । वंगसेन ने चरक के ही श्लोक को उद्धृत किया है । वाग्भट में सम्यक् स्निग्ध के विपरीत रूक्षता आदि लक्षणों को अस्निग्ध बताया है ।

स्नेहजीर्ण-स्नेहाजीर्ण लक्षणानि

तृष्मूर्च्छामुखशोषैः शब्दद्वेषाङ्गमर्दजृम्भाभिः ।
तन्द्रीवाग्देहसादैः स्नेहज्ञा (ज्ञो) जीर्यतीत्याह ॥
उद्गारस्य विशुद्धिः कांक्षा स्थिरता लघूत्वमविषादः ।
बलवागिन्द्रियसंपज्जीर्णे स्नेहे बलमुखे च ॥
कर्णाक्षिप्राणबलं स्मृतिकेशोजसां वृद्धि धृतिपुष्टिः ।
शान्तिस्तद्व्याधीनां भुक्त्वाऽनु स्नेहपीतस्य ॥
का० सं० सू० अ० २२।४१.४५-४६

हि० व्या० - स्नेह के जीर्ण नहीं होने पर प्यास मूर्च्छा. मुख शोष, शब्द द्वेष, अंगमर्द, जम्भाई, तन्द्रा तथा वाणी व देह में अवसाद के लक्षण प्राप्त होते हैं ।

इसके विपरीत स्नेह के जीर्ण हो जाने पर उद्गार विशुद्धि, इच्छा की उत्पत्ति, स्थिरता, लघुता, प्रसन्नता, वाणी तथा इन्द्रियों में उत्तम गुणोत्पत्ति, बल एवं सुख की प्राप्ति होती है । स्नेहपान के पश्चात् कान, आंख एवं प्राण बल की प्राप्ति होती है । स्मृति वृद्धि, केश तथा ओजो वृद्धि होती है । धारण शक्ति पुष्ट होती है साथ ही उन समस्त रोगों की भी उपशान्ति होती हैं जिन को दूर करने के लिए स्नेहपान किया जाता है ।

स्नेहपानोत्तरं पथ्यापथ्यः

उष्णोदकोपचारीस्याद्ब्रह्मचारी क्षपाशयः ।
शकृन्मूत्रानिलोद्गारानुदीर्णांश्च न धारयेत् ॥
व्यायाममुच्चैर्वचनं क्रोधशोकौ हिमाऽऽतपौ ।
वर्जयेदप्रकालं च सेवेत शयनासनम् ॥
स्नेहं पीत्वा नरः स्नेहं प्रतिभुञ्जान एव च ।
च० सू० १३।६२-६४ (क)

उष्णोदकोपचारी स्याद् ब्रह्मचारी क्षपाशयः ।
न वेगरोधी व्यायामक्रोधशोकहिमातपान् ॥
प्रवातयानयानाध्वभाष्यात्याशनसंस्थितीः ।
नोच्चात्युच्चोपधानार्हः स्वप्नधूमरजांसि च ॥
त्र्यहानि पिबेत्तानि तावन्त्यन्यान्यपि त्यजेत् ।

सर्वकर्मस्वयं प्रायो व्याधि क्षीणेषु च क्रमः ॥
उपचारस्तु शमने कार्यः स्नेहे विरिक्त वत् ।
अ० सं० सू० २५।४१-४४, अ० हृ० सू० १६।१६-२८
वंगसेन स्नेहाधिकार

स्नेहे व्यायामसंशीतवेगाघातप्रजागरान् ।
दिवास्वप्नमभिष्यन्दि रूक्षान्नं च विवर्जयेत् ॥
वंगसेन स्नेहा०

हि० व्या०—स्नेह पान के पश्चात् रोगी को उष्ण जल का पान करना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन और रात्रि में शयन करना चाहिए अर्थात् दिन में सोना निषेध है। मलमूत्र-वायु, डकार, छींक आदि जो स्वाभाविक वेग है, उनको रोकना नहीं चाहिए। व्यायाम, उच्च भाषण, क्रोध, शोक, शीतल वस्तुओं का सेवन, धूप में बैठना आदि का परित्याग करना चाहिए। निवात स्थान में सोना और बैठना चाहिए, अर्थात् तेज हवा से बचना चाहिए। स्नेह पान के पश्चात् अथवा स्नेह के जीर्ण हो जाने पर पुनः स्नेह प्रयोग के बाद इन नियमों का पालन करना चाहिए।

आचार्य वाग्भट ने इसे और स्पष्ट करते हुए लिखा है कि रथ या घोड़े की सवारी, अधिक बोलना, मार्ग चलना, बहुत देर तक बैठे रहना, सिरहाने को बहुत नीचा या ऊँचा रखना, धूआँ और धूल आदि से भी बचना चाहिए। जितने दिन तक स्नेहपान किया हो उतने ही दिनो तक इन नियमों का पालन करना चाहिए। विरेचन वमनादि कर्मों में, तथा रोगों से क्षीण व्यक्तियों को भी इन नियमों का पालन करना चाहिए। शमन स्नेह में विरेचन लिए पुरुष के समान भोजनादि विधि (पेयादि क्रम) का पालन करना चाहिए। आचार्य वंगसेन ने अभिष्यन्दि एवं रूक्ष अन्न का भी निषेध किया है।

परिषिच्यादिभरुष्णाभिर्जीर्णस्नेहं ततो नरम् ।
यवागूं पाययेच्चोष्णां कामं क्लिन्नाल्पतण्डुलाम् ॥
देयौ यूषरसौ वाऽपि सुगन्धी स्नेहवर्जितौ ।
कृतौ वाऽत्यल्पसर्पिष्कौ विलेपी वा विधीयते ॥
गु० चि० ३१।३४-३५

हि० व्या०—स्नेह पान के पश्चात् स्नेह पच जाने पर रोगी का उष्ण जल से स्नान कराकर अल्प चावलों से बनाई गई और सुसिद्ध उष्ण यवागू पेट भर पिलानी चाहिए। सुगन्धि या स्नेह रहित यूष या मांसरस पिलाना चाहिए। अथवा अल्प घृत युक्त विलेपी का सेवन करना चाहिए।

स्नेहपानोत्तरं वमनकालनियमस्तत्र पथ्यं च

एकाहोपरतस्तद्वद्भुक्त्वा प्रच्छर्दनं पिवेत् ॥
च० सू० १३।८ (क)

हि० व्या० स्नेहपान के एक दिन बाद द्रव, उष्ण मांस रस और भात खिलाकर वमन कराना चाहिए। सम्यक् स्निग्ध हो जाने पर, द्रव, स्निग्ध, मांस रस और भात एक दिन तक खिलाकर दूसरे दिन वमन कराना चाहिए ऐसा करने से कफ का उत्क्लेश हो जाता है। कफ का उत्क्लेश होने से वमन आसानी से हो जाता है।

स्नेहपानोत्तरं विरेचनकालनियमस्तत्र पथ्यं च

स्नेहात् प्रस्कन्दनं जन्तुस्त्रिरात्रोपरतः पिबेत् ।
स्नेहवद्द्रवमुष्णं च त्र्यहं भुक्त्वा रसौदनम् ॥
च० सू० १३।८०

हि० व्या०—स्नेह पान के पश्चात् तीन दिन तक रोगी को विश्राम करना चाहिए और इस तीन दिन में स्नेह से मिश्रित द्रव, उष्ण मांस रस और भात का सेवन कर विरेचन औषध का सेवन करना चाहिए।

स्नेहमिथ्योपचारात् दारुण रोगभयम्

स्नेहमिथ्योपचाराद्धि जायन्ते दारुणाः गदाः ।
च० सू० १३।६४

अकाले चाहितश्चैव मात्रया न च योजितः ।
स्नेहो मिथ्योपचाराच्च व्यापद्येताऽति सेवितः ॥
च० सू० १३।७६

मात्राकाल वियुक्तः स्नेहः सात्म्योपचारगुणहीनः ।
युक्तो व्यापदमृच्छति..... ॥
का० सं० सू० २२।४०

तन्द्रा सोत्क्लेश आनाहो ज्वरः स्तम्भो विसंज्ञता ।
कुष्ठानि कण्डूः पाण्डुत्वं शोफार्शास्यरुचिस्तृषा ॥
जठरं ग्रहणीदोषः स्तैमित्यं वाक्यनिग्रहः ।
शूलमामप्रदोषाश्च जायन्ते स्नेहविभ्रमात् ॥
च० सू० अ० १३।७५-७६

ज्वरपाण्डुकुष्ठशोषास्तृष्मूर्च्छाच्छर्द्यरोचकोत्क्लेदाः ।
ग्रहणीन्द्रियोपघातस्तैमित्यानाहशूलाद्याः ॥ का० सू० २२।४६

अमात्रयाऽहिते काले मिथ्याहारविहारतः
स्नेहः करोति शोफार्शस्तंद्रानिद्राविसंज्ञता ॥
कण्डूकुष्ठ ज्वरोत्क्लेश शूलानाहबल क्षयान् ।
जठरेन्द्रियदौर्बल्यजाड्यामस्तम्भ वाग्ग्रहान् ॥
तास्तांस्वदोष हेतुत्थान्पाण्डवादींश्चातियोजनात् ।
अ० सं० सू० २५।५२-५३, अ० हृ० सू० १६।३२

हि० व्या०—स्नेह पान में निर्दिष्ट आहार-विहार का सेवन नहीं करने से अनेकों भयंकर व्याधियां उत्पन्न हो जाती हैं।

स्नेह के लिए बताए गए समय के विपरीत काल में स्नेह सेवन करने से अथवा जिसके लिए जिस स्नेह का सेवन नहीं बताया गया है उनका सेवन किए जाने पर, मात्रा के विरुद्ध स्नेह सेवन से तथा स्नेह पान काल में विपरीत आचरण किए जाने से अति मात्रा एवं अधिक समय तक स्नेहपान करने से स्नेह जनित व्यापत्तियां उत्पन्न हो जाती हैं।

तन्द्रा, उत्क्लेश, आनाह ज्वर, स्तम्भ (जकड़ाहट) चेतना रहितता, कुष्ठ, कण्डू, पाण्डु, शोफ, अर्श, अरुचि भोजन के प्रति अनिच्छा, तृष्णा, उदरविकार, ग्रहणी रोग, स्तिमितता (देह का क्लिन्न प्रतीत होना) वाग्ग्रह, शूल तथा आम दोषों की उत्पत्ति होती है। विधि पूर्वक स्नेह सेवन नहीं किए जाने पर ज्वर, पाण्डु, कुष्ठ, शोथ, प्यास, मूर्च्छा, छर्दि, अरुचि, जी मिचलाना, ग्रहणी रोग तथा इन्द्रियोपघात, जड़ता, आनाह एवं शूल आदि व्याधियां उत्पन्न हो जाती हैं।

अ० संग्रह एवं हृदय में स्नेहपान में प्रमाद द्वारा उत्पन्न होने वाले लक्षणों में अर्श हृदय स्तम्भ तथा भ्रम आदि तीन लक्षण काश्यप ने अधिक बताए हैं। उदररोग श्रोत्रादि में दुर्बलता, आमाजीर्ण, वाग्ग्रह तथा स्नेह दोष जन्य अनेक व्याधियां उत्पन्न हो जाती हैं।

सामे पित्ते केवलसर्पिपानात् व्यापत्तिः

न सर्पिः केवलं पित्ते पेयं सामे विशेषतः।
सर्वं ह्यनुरजेद्देहं हत्वा संज्ञां च मारयेत्॥

च० सू० अ० १३।७४

न सर्पिरित्यादि। न सर्पिः सामे पित्ते पेयं, केवलं त्वसंस्कृतं विशेषतो न पेयं सामपित्त एवेति योजना, एवं मन्यते-संस्कृत तिक्तकादिभिर्युतं सामे पित्ते तिक्तकादिपाचनगुणानुयोगात् योग्यं कदाचिद्भवत्यप्यसंस्कृतं तु सर्वथा विरुद्धमेव। यदि वा, केवलमसंस्कृतंसर्पिः पित्ते सामान्येन सामे निरामे वा न पेयं, सामे पित्ते विशेषत इति योजनाएतेन यत्रापि सामान्येन धृतं विहितं, यथा—"अतऊर्ध्वं कफे मन्दे वातपित्तोत्तरे ज्वरे। परिपक्वेषु दोषेषु सर्पिः पानं यथाऽमृतम्" (चि० अ० ३)

इत्यादौ तत्राप्युचितभेषजसंस्कृतमेव बोद्धव्यम्। यदि वा, न केवलं पित्ते सामे सर्पिर्विशेषतो न पेयं, किंतर्हि, तैलादीन्यपि वातश्लेष्म हितानि, तयोः सामयोर्न पेयानीत्यर्थः। अस्मिन् व्याख्यानेऽपेयमित्यकारप्रश्लेषो द्रष्टव्यः, अनुरजेत् = पित्तवर्णं कुर्यात्, संज्ञा = स्मृतिस्तद्धननं चेह व्याधिप्रभावात्॥

चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—साम पित्त में घृतपान का निषेध—पित्तज विकार में विशेष कर के आमयुक्त होने से केवल घृत का पान नहीं कराना चाहिए क्योंकि वह सम्पूर्ण शरीर को रंग देता है और ज्ञानवह स्रोतों में जाकर संज्ञा नाश कर रोगी को मार डालता है।

प्रस्तुत श्लोक में शरीर के रंजन का अभिप्राय कामला होने से है। क्योंकि स्नेह के पाचन में यकृत का घनिष्ठ सम्बन्ध है। यकृत में दोष (अवरोध) होने से कामला होना सम्भव है।

मिथ्याचारात् ज्वरोपद्रव संकेत :, तत्र लंघन विधानं च

मिथ्याहारादिना लोके स्नेहं पीतो ज्वरादिकृत्।
प्रकुर्य्याल्लंघनं तत्र बलं ज्ञात्वा विरेचनम्॥

वंगसेने स्नेहपानाधिकारः

हि० व्या०—स्नेहपान में मिथ्या आहार करने से ज्वरादि उपद्रव हो जाता है। ऐसी स्थिति में लंघन (उपवास) करना चाहिए। रोगी और रोग के बलाबल का विचार कर विरेचन देना चाहिए।

गुददाहारुचिच्छर्दि मूर्च्छा तृष्णा प्रवाहिकाः।
शुष्कोद्गार भ्रमश्वासकासाः स्नेहातिसेवनात्॥

अतिस्निग्धोपद्रवाः

अ० सं० सू० २५।

हि० व्या०—स्नेह के अतिमात्रा में सेवन से गुद दाह, भोजन में अनिच्छा, वमन, मूर्च्छा तृष्णा, प्रवाहिका, सूखे उद्गार आना, भ्रम, श्वास तथा कास नामक विकारों की उत्पत्ति हो जाती है।

सामान्य चिकित्सोपक्रमः

तत्राप्युल्लेखनं शस्तं स्वेदः कालप्रतीक्षणम्।
प्रति प्रति व्याधिबलं बुध्वा स्रंसनमेव च॥
तक्रारिष्टयोगश्च रूक्षपानान्नसेवनम्।
मूत्राणां त्रिफलायाश्च स्नेहव्यापत्तिभेषजम्॥

च० सू० अ० १३।७७-७८

स्नेहजन्य सभी प्रकार के उपद्रवों में वमन कराना, स्वेद कराना, समय की प्रतीक्षा करना, प्रत्येक पुरुष के बल और व्याधि के बल को विचार कर विरेचन का प्रयोग कराना चाहिए। तक्रारिष्ट, रूक्ष अन्न और पेय पदार्थों का सेवन कराना, विविध मूत्रों और त्रिफला का सेवन कराना चाहिए। इससे उत्पन्न उपद्रवों की शान्ति हो जाती है।

... ...तस्मिन् संशोधनं पथ्यम् ।
स्नेहापचारजास्ते रोगाः स्नेहोपपादिता ये (ते) पु ।
वमनविरेचनयोगा रूक्षाशनतत्रमूत्राद्याः ॥

का० सू० २२।५०

क्षुतृष्णोल्लेखन स्वेद रूक्षपानान्न भेषजम् ।
तक्रारिष्ट खलोद्दाल यवश्यामाककोद्रवाः ॥
पिप्पली त्रिफला क्षौद्र पथ्या गोमूत्रगुग्गुलु ।
यथास्वं प्रतिरोगं च स्नेहव्यापदि साधनम् ॥
विरूक्षणे लंघनवत् कृतातिकृतलक्षणम् ॥

अ० सं० सू० २५।५४-५६; अ० हृ० सू० १६।-३३

जीर्णाजीर्णविशंकी केवलमुष्णोदकं पिबेत् तद्धि ।
उद्गारस्य विशुद्धिं जनयति भक्ताभिलाषं च ॥

का० सू० २२।४१ चक्रदत्त स्नेहा० २० भावप्रकाश (स्नेहा०) वंगसेन

स्नेहाजीर्णे तृष्णाशूलं परिकर्तिका च यस्य स्यात्
समतीतजरणकाले तस्य प्रच्छर्दनं श्रेयः ॥

का० सू० २२।४४

हि० व्या०—काश्यप ने चरक के समान ही पूर्वोक्त उपक्रमों का वर्णन करते हुए संक्षेप में संशोधन एवं पथ्य सेवन उत्तम बताया है ।

अष्टाङ्ग संग्रह एवं हृदय में भी चरक में बताये उपक्रमों के अतिरिक्त उपवास, व्यास, तिल व सरसों की खल का प्रयोग, रूक्षान्नों में यव, श्यामाक, एवं कोदों का प्रयोग, पिप्पली, मधु, हरीतकी तथा गुग्गुलु का प्रयोग अथवा व्यापत्तियों के अनुसार समुचित चिकित्सा करने का निर्देश किया है । मिथ्याचार से उत्पन्न विरूक्षण की अवस्था में लंघन के हीनातियोग के समान चिकित्सा करने का उल्लेख है ।

मिथ्याप्रयुक्तस्नेहोपसर्गभूततृष्णायाः सम्प्राप्तिस्तत् चिकित्सा सूत्रं च

उदीर्णपित्ता ग्रहणी यस्य चाग्निबलं महत् ।
भस्मी भवति तस्याशु स्नेहः पीतोऽग्नि तेजसा ॥
सजग्ध्वा स्नेहमात्रां तामोजः प्रक्षारयन् बली ।
स्नेहाऽग्निरुत्तमां तृष्णां सोपसर्गामुदीरयेत् ॥
नालं स्नेहसमृद्धस्य शमायान्नं सुगुर्वपि ।
स चेत् सुशीतं सलिलं नासादयति दह्यते ।
तथैवाशीविषः कक्षमध्यगः स्वविषाग्निना ॥

अजीर्णे यदि तु स्नेहे तृष्णा स्याच्छर्दयेद्भिषक् ।
शीतोदकं पुनः पीत्वा भुक्त्वा रूक्षान्नमुल्लिखेत् ॥

च० सू० १३।७०-७३

सम्प्रति स्नेह व्यापदो दर्शयति-उदीर्णेत्यादि । ओजः=सर्वधातुसारभूत हृदिस्थितं, प्रक्षारयन्=स्थानाद्भ्रंशयन् क्षपयंश्च । बलीत्यनेन स्नेहेन्धनो वह्निनितरां बलवान्भवतीति दर्शयति । वचनं हि—"नालं स्नेहसमृद्धस्य शमायान्नं सुगुर्वपि" ॥ उत्तमां=महतीं, सोपसर्गां=सोपद्रवां, कक्षः=काष्ठसमूहः, छर्दयेदिति प्रथमं स्नेहमेव तृष्णाकारकं, तं स्नेहं छर्दयित्वा पुनः शीतोदकं पीत्वा रूक्षान्नं च भुक्त्वा उल्लिखेदिति योजनीयम् ॥ चक्रपाणिः ।

स्नेहपीतस्य चेत्तृष्णा पिबेदुष्णोदकं नरः ।
एवं चानुपशाम्यन्त्यां स्नेह मुष्णाम्बुना वमेत् ॥
दिह्याच्छीतैः शिरः शीतं तोयं चाप्यवगाहयेत् ॥

सु० चि० ३१।२४-२५ चक्रदत्त वंगसेन

स्नेहेन पैत्तिकस्याग्निर्यदा तीव्रतरीकृतः ।
स्नेहमाशु जरां नीत्वा पुनरोजोऽभितश्चरन् ॥
उदीरयेत्सोपसर्गा पिपासामस्य बाधिकाम् ।
सोऽसूंस्त्यजेद्यदुदकं न पिबेदाशु शीतलम् ॥
शीतसेकावगाहान् वा तत्तृष्णापीडितो भजेत् ।
स्नेहाग्निना दह्यमानः स्वविषेणेव पन्नगः ॥

अ० सं० सू० २५।५०-५२
भावप्रकाश (स्नेह) ०

पैत्तिकस्य पित्तप्रकृतेः पुरुषस्य यदा स्नेहेनाग्निस्तीक्ष्णतरीकृतो भवति । सोऽग्निराशु स्नेह जरां नीत्वा पुनरोजसश्चाभिमुख्येन चरन् तीक्ष्णत्वादस्य हि पैत्तिजाय सोपसर्गां सज्वरादिमहारोगा बाधिकां प्राणनांशिनीं पिपासां तृषामुदीरयेत् । स च तथाविधः पुरुषस्तथाविधया पिपासयासून् प्राणांस्त्यजेत् । यद्युदकं शीतलं न पिबेत् । तताविधस्तृष्णापीडितः शीतसेकादीन्न भजेद्यदि तदासूंस्त्यजेत् । किंभूतस्तृष्णापीडित आह । स्नेहाग्निना दह्यमानः । अत्र दृष्टान्तो यथा । स्वविषेणाभिवृद्धेन पन्नगो भस्मसात् क्रियते । तद्वत् स्नेहाग्निना पुरुषः । इन्दुः ।

अजीर्णे बलवत्या तु शैतेर्दिह्याच्छिरोमुखम् ।
छर्दयेत्तदशान्तौ च पीत्वा शीतोदकं पुनः ॥
रूक्षान्नमुल्लिखेद्भुक्त्वा तादृश्यां तु कफानिले ।
समदोषश्च निःशेषं स्नेहमुष्णाम्बुनोद्धरेत् ॥
ततो दोषादिबलतः पूर्वोक्तं च विधिं श्रयेत् ।

अ० सं० सू० २५।५३-५४

स्नेहेत्वजीर्णे बलवत्यां तृषि पैत्तिकस्य शीतैरौषधैः शिरोमुखं दिह्यात्। तं जीर्णे स्नेह छर्दयेत्। एवमपि तस्यास्तृषोऽशान्तौ स्नेहेछर्दितेऽपि शीतोदकं पीत्वा रूक्षान्नं च भुक्त्वा पुनरुल्लिखेत्। छर्दयेदिति पैत्तिकस्य तट्साधनम्। कफानिले पुनस्तादृश्यामतियात्रायां तृष्युष्णाम्बुना निःशेषं स्नेहमुद्धरेत् वमेदित्यर्थः। समदोषश्च तथैव वमेत् ततः स्नेहे वान्ते दोषदूष्यादिबलापेक्षया पूर्वोक्तं लाघवे जाते सत्यन्नादि विधिं चरेत्॥ इन्दुः॥

स्युः पच्यमाने तृड्दाहभ्रमोमूर्च्छारुचिस्तमः।
परिषिच्योऽप्यनुष्णाद्भिर्जीर्णस्नेहो यतो नरः॥
यवागुं प्राशयेदुष्णां कृतां षष्टिकतण्डुलैः।
अल्पस्नेहां विलेपीञ्च जीर्णस्नेहे सुखोदनम्॥

वंगसेन स्नेहा० १७

हि० व्या०—विधि विपरीत स्नेहपान किए जाने पर तृष्णा नामक उपद्रव हो जाता है जिसके कारण, लक्षण एवं चिकित्सा का विवरण इस प्रकार है—जिसका पित्त ग्रहणी में उदीर्ण (बढ़ा हुआ) हो, जिसकी अग्नि बलवान हो, इस प्रकार के व्यक्ति को यदि स्नेहपान कराया जाता है तो उसका स्नेह जठराग्नि की तीव्रता से जल जाता है, स्नेह से उपपोषित अग्नि और भी तेज हो जाती है जिससे वह ओज को नष्ट करते हुए उपद्रवों युक्त तृष्णा की उत्पत्ति करती है। स्नेह द्वारा भड़की हुई जठराग्नि को शान्त करने के लिए गुरु आहार भी समर्थ नहीं होता। यदि उस अग्नि की उपशान्ति के लिए शीतल जल नहीं मिलता तो वह अन्दर ही अन्दर उसी प्रकार जलने लगता है, जिस प्रकार विषधरनाग पिटारी में बंद कर दिये जाने पर अपनी विषाग्नि से जल जाता है।

मूर्धतैल विधिः तस्य भेदाः प्रयोगस्थलानि च

मूर्द्ध तैलं पुनश्चतुर्धा भिद्यते। अभ्यंगः परिषेकः पिचुर्वस्तिरिति। यथोत्तरं ते बलिनः। तत्राभ्यंगो रूक्षकण्डुमलादिषु प्रयुज्यते। परिषेकस्त्वरूंषिका शिरस्तोददाहपाकव्रणेषु। केशशातस्फुटनधूपननेत्रस्तम्भेषु पिचुः। बस्तिस्तु प्रसुप्त्यदित रात्रिजागरित नासास्यशोषतिमिरवाक्संगेषु चातिदारुणेषु। तेष्वभ्यंगादयः प्रसिद्धस्वरूपाः। अ० सं० सू० ३५।१६

तत्राभ्यंगः प्रयोक्तव्यो रौक्ष्यकण्डूमलादिषु।
अरुंषिकाशिरस्तोददाहपाकव्रणेषु च॥
परिषेकः पिचुः केशशातस्फुटनधूपने।
नेत्रस्तम्भे च बस्तिस्तु प्रसुप्त्यदित जागरे।
नासास्यशोषे तिमिरे शिरोरोगे च दारुणे॥

अ० सं० सू० ३१।१७-१८, अ० हृ० सू० १२

अभ्यंगः परिषेकश्च पिचुर्वस्तिरितिक्रमात्।
मूर्द्धतैलं चतुर्द्धा स्याद् बलवत्तद्यथोत्तरम्॥

भाव० प्र०

हि० व्या०—शिर पर लगाया जाने वाला तैल मूर्ध तैल कहलाता है। मूर्ध तैल के चार प्रकार हैं यथा अभ्यंग, परिषेक, पिचु और बस्ति। ये उत्तरोत्तर बलवान् अर्थात् गुणकारी है। उनमें अभ्यंग का प्रयोग शिर की रूक्षता, कण्डू, मल आदि की अवस्थाओं में किया जाता है। परिषेक का अरुंषिका, शिरोवेदना, दाह, पाक, व्रण आदि में प्रयोग किया जाता है। पिचु बालों के गिरने, स्फुटन, धूपन, नेत्रस्तम्भ की अवस्था में प्रयोग किया जाता है। शिरोबस्ति प्रसुप्ति, अदित, रात्रि जागरण, नासाशोष, मुखशोष, तिमिर, वाक्संग की भयानक अवस्थाओं में प्रयोग किया जाता है। इन्हीं भावों को अष्टाङ्ग हृदय एवं भावप्रकाश में श्लोकबद्ध किया गया है।

मूर्धतैलधारण सामान्य गुणाः

नित्यं स्नेहार्द्र शिरसः शिरः शूलं न जायते।
न खालित्यं न पालित्यं न केशाः प्रपतन्ति च॥
बलं शिरः कपालानां विशेषेणाभिवर्धते।
दृढ़मूलाश्च दीर्घाश्च कृष्णाः केशा भवंति च॥
इन्द्रियाणि प्रसीदन्ति सुत्वग्भवति चाननम्।
निद्रालाभः सुखं च स्यान्मूर्ध्नितैलनिषेवणात्॥

च० सू० ५।८१-८३

शिरोगतांस्तथा रोगाञ्छिरोऽभ्यंगोऽपकर्षति।
केशानां मार्दवं दैर्घ्यं बहुत्वं स्निग्धकृष्णताम्॥
करोति शिरसस्तृप्तिं सुत्वक्कमपि चाननम्।
संतर्पणं चेन्द्रियाणां शिरसः प्रतिपूरणम्॥
मधुकं क्षीरशुक्ला च सरलं देवदारु च।
क्षुद्रकं पञ्चनामानं समभागानि संहरेत्॥
तेषां कल्ककषायाभ्यां चक्रतैलं विपाचयेत्।
सदैव शीतलं जन्तोर्मूर्ध्नि तैलं प्रदापयेत्॥

सु० चि० २४।२५-२८

कचसदनसितत्व पिजरत्वं
परिफुटनं शिरसः समीररोगान्
जयति जनयतीन्द्रियप्रसादं
स्वरहनुमूर्धबलं च मूर्धतैलम्॥

अ० सं० सू० ३१।२०, अ० हृ० सू० १६।४६

नित्य शिर पर तैल धारण करने से लाभ—

हि० व्या०—जिन व्यक्तियों का शिर स्नेह (तैल) से आर्द्र रहता है उन्हें कभी भी शिर की पीड़ा नहीं होती है। खालित्य और पालित्य (असमय में बालों का सफेद होना और झड़ना) नहीं होता है, केश झड़ते नहीं हैं। शिरः कपाल में बल की वृद्धि होती है। केश का मूल दृढ़ होता है, बाल अधिक बढ़ते हैं और सदा काले रहते हैं। ज्ञानेन्द्रियाँ प्रसन्न रहती हैं। मुख की त्वचा कान्तियुक्त होती है और शिर पर तेलमर्दन से सुखपूर्वक निद्रा आती है।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार शिर पर तेल की मालिश करने से शिरोगत रोग दूर होते हैं। केश मुलायम, लम्बे, घने, चिकने और काले होते हैं। शिर की तृप्ति तथा मुख की त्वचा कान्तियुक्त होती है। इन्द्रियाँ शक्ति-सम्पन्न तथा शून्य मस्तिष्क पुनः पूर्ण होता है। मुलेठी, क्षीरविदारी, सरल, देवदार और लघु पञ्चमूल को समभाग एकत्र कर इनके क्वाथ और कल्क के द्वारा चक्र तैल (कोल्हू का तैल) का पाक करके शिर पर शीतल तैल की मालिश करनी चाहिए। आचार्य वाग्भट के अनुसार शिर पर तैल लगाने से बालों का झड़ना, बालों का सफेद होना, केश-भूमि का फटना, वातजन्य रोग नष्ट होते हैं। नेत्रों में निर्मलता, स्वर, हनु और शिर में बल की वृद्धि होती है।

स्नेहने कतिचिद् विरुक्षणीय व्याधि संकेतः।

विरूक्षयेदतिस्निग्धं कृमि कोष्ठिनमेव च।
रूक्षस्तम्भ्यान् प्रमेहांश्च कफरोगांश्च सर्वशः॥

भे० सं० सू० २१।१

मांसला मेदुरा भूरिश्लेष्माणो विषमाग्नयः।
स्नेहोचिताश्च ये स्नेह्यास्तान्पूर्वं रूक्षयेत्ततः॥
संस्नेह्य शोधयेदेवं स्नेह व्यापन्न जायते॥

अ० सं० सू० २५।६५-६६
अ० हृ० सू० १६।२६

रुक्षस्य स्नेहनं स्नेहैरतिस्निग्धस्यरूक्षणम्
श्यामाकचणकाद्यैश्च तक्रपिण्याकसक्तुभिः॥

भावप्र०, चक्रदत्त, वंगसेन स्नेहाधि०

हि० व्या० अतिस्निग्ध व्यक्ति उदरगत कृमि रोगी, प्रमेह तथा कफ के रोगियों को विरूक्षण कराना चाहिए। आचार्य वाग्भट के अनुसार मांसल व्यक्ति, मेदवृद्धि (मोटापा), बहुत कफ वाले, जिनकी अग्नि विषम हो, जो नित्य स्नेह के अभ्यासी हैं और जिनका शोधन करना है उन को यदि स्नेहन देना हो तो पहले रूक्षण करना चाहिए। रूक्षण के पश्चात् स्नेहन करके शोधन करना चाहिए। इस प्रकार करने से स्नेहन की व्यापत्तियाँ नहीं होती।

आचार्य भाव मिश्र के अनुसार अधिक रूक्ष व्यक्ति को स्नेह द्वारा स्नेहन करना चाहिए तथा अतिस्निग्ध व्यक्तियों का सांवाँ, चना, तक्र, पिण्याक एवं सक्तु (सत्तू) आदि से रूक्षण करना चाहिए।

विरुक्षण कर्मणः योगातियोगलक्षणः

विरूक्षणे लंघनवत्कृताऽतिकृतलक्षणम्॥

अ० सं० सू० २५।५६
अ० हृ० सू० १६।३४

हि० व्या०—सम्यक् लंघन का जो लक्षण होता है वही लक्षण सम्यक् विरूक्षण का भी होता है। लंघन के अतियोग के लक्षण रूक्षण के अतियोग के समान हैं। विरूक्षण के अयोग के लक्षण स्नेह के अयोग के लक्षण के समान ही हैं।

असात्म्यस्नेहोपद्रवाः

अलं मलानीरयितुं स्नेहश्चासात्म्यतां गतः॥

अ० सं० सू० २५। अ० हृ० सू० १६।

हि० व्या० विरूक्षण के पश्चात् स्नेहन करने से असात्म्य स्नेह मलों को प्रेरित कर बाहर निकालने में सहायक होता है। स्नेह सात्म्य हो जाने पर सम्यक् रूप से मलों का शोधन नहीं हो पाता है।

शिरोबस्ति विधि

शिरोबस्तिविधिस्तु बस्ति सुमृदितं द्विमुखं शिरः प्रमाणमाकर्णप्रदेशं द्वादशाङ्गुलविस्तारं कुर्यात्। अथ शुद्धतनोः सायं रात्रौ वा स्वभ्यक्तस्विन्नस्य सोपाश्रयासनोपविष्टस्य केशान्ते श्लक्ष्णं द्वयङ्गुलं सुसूक्ष्मेण माषपिष्टेन सद्यः सुखाम्बुपूदितेनोभयतः प्रदिग्धं वस्त्रपट्टं बध्नीयात्। ततस्तस्योपरि सन्धाय बस्ति बस्तिमूलं च दृढमवलीकं समं चैलवेणिकया बध्वा पुनर्माषपिष्टेनावरिलावि कृत्वा यथाव्याधि दोषदूष्यहितं सिद्धमन्यतमं स्नेहं सुखोष्णमासेचयेद्यावत्केशभूमेरुपर्यंङ्गुलम्। तावच्च धार्यो यावत्कर्णमुखनासास्रुतिर्वेदनोपशमो वा विशेषतो वातजेषु विकारेषु दशमात्रासहस्राणि पित्तरक्तजेष्वष्टौ षट् कफजेषु सहस्रमरोगकर्मणि। ततोऽपनीते स्नेहे विमुच्य बस्ति शिरसः स्कन्ध ग्रीवापृष्ठललाटादीन्यनुसुखं मर्दयेत्। उष्णाम्बुना स्नातं च यथार्हं भोजयेत्। स्नेहोक्तं चास्याचारमादिशेत्। एवं त्रीणि पञ्च सप्त वा दिनानि योजयेदिति।

अ० सं. सू. ३१।१९

.....बस्तिस्तु प्रसुप्त्यर्दितजागरे।
नासास्यशोषे तिमिरे शिरोरोगे च दारुणे।
विधिस्तस्य निषण्णस्य पीठे जानु समे मृदौ।
शुद्धाक्तस्विन्न देहस्य दिनान्ते गव्यमाहिषम्।

द्वादशाङ्गुलविस्तीर्णं चर्मपट्टं शिरः समम् ।
आकर्णबन्धनस्थानं ललाटे वस्त्रवेष्टिते ।
चैलवेणिकया बद्ध्वा माषकल्केन लेपयेत् ।
ततो यथा व्याधि भृतं स्नेहं कोष्णं निषेचयेत् ।
ऊर्ध्वं केशभुवो यावदङ्गुलम् धारयेच्च तम् ।
आवक्त्रनासिकोत्क्लेदाद्दशाष्टौषट् चलादिषु ।
मात्रासहस्राण्यरुजे त्वेकं स्कन्धादि मर्दयेत् ।
मुक्तस्नेहस्य परमं सप्ताहं तस्य सेवनम् ।

अ. हृ, सू. २२।२५-३० ॥

शिरोबस्तिश्चर्मणः स्याद् द्विमुखो द्वादशाङ्गुलः ।
शिरः प्रमाणस्तं बध्वा मस्तके माषपिष्टकैः ।
सन्धिरोधं विधायाशु स्नेहैः कोष्णैः प्रपूरयेत् ।
तावद्धार्यस्तु यावत्स्यान्नासाकर्णमुखस्रुतिः ।
वेदनोपशमो वापि मात्राणां वा सहस्रकम् ।
स्वजानुतः करावर्तं कुर्याच्छोटिकया युतम् ।
एषा मात्रा भवेदेका सर्वत्रैवेष निश्चयः ।
विना भोजनमेवात्र शिरोबस्तिः प्रशस्यते ।
प्रयोज्यस्तु शिरोबस्तिः पञ्च सप्त दिनानि वा ।
विमोच्य शिरसो वस्तिं गृह्णीयाच्च समन्ततः ।
ऊर्ध्वं कायं ततः कोष्णे नीरे स्नानं समाचरेत् ।
अनेन दुर्जया रोगा वातजा यान्ति सङ्क्षयम् ।
शिरः कम्पादयस्तेन सर्वकालेषु युज्यते ।

भावप्रकाशः

हि० व्या०—शिरोबस्ति की विधि – शिरोबस्ति के लिए गाय-भैंस आदि का चर्म लेकर उसे अच्छी प्रकार मलकर मुलायम बना लेना चाहिए। इसके दो मुख होता हैं। एक मुख सिर पर चढ़ाया जाता है और दूसरे मुख में तेल भरा जाता है। इसका प्रमाण शिर से कान तक पहुंच जाने वाला-बारह अंगुल चौड़ा होना चाहिए। वमनादि से शरीर का शोधन करने के पश्चात् सायं काल या रात्रि में स्नेहन-स्वेदन करके जानु के बराबर ऊंचे आसन पर रोगी को बिठाना चाहिए। एक वस्त्र पर उड़द के आटे को गरम पानी में गाढ़ा लेप सा बनाकर लेप कर दें। फिर इस कपड़े को बालों की समाप्ति पर दो अंगुल तक लपेट देना चाहिए। कपड़े के ऊपर बस्ति मजबूत झुर्रियों रहित, समान तथा वस्त्र की वेणी या मजबूत धागे से बांधकर ऊपर से उड़द के आटे का लेप कर देना चाहिए। रोगानुसार (दोष दूष्य का निराकरण कर) किसी एक सिद्ध स्नेह को हल्का गरम कर परिषेचन करना चाहिए। इस प्रक्रिया में

स्नेह बालों की जड़ से एक अंगुल ऊपर तक भर देना चाहिए। जब तक कान-मुख-नासिका से स्नेह का स्राव हो अथवा रोग की शान्ति हो तब तक शिर पर स्नेह धारण करना चाहिए। विशेषकर वातजन्य रोगों में दशहजार मात्रा समय तक धारण करना चाहिए। पित्त एवं रक्त जन्य रोग में आठ हजार मात्रा समय तक, कफजन्य रोगों में छः हजार मात्रा तक धारण करना चाहिए।

स्वस्थ व्यक्ति को एक हजार मात्रा समय तक धारण करना चाहिए। पश्चात् स्नेह को निकालकर, बस्ति को शिर से हटाकर कपड़े की पट्टी खोल देनी चाहिए। शिर, कन्धे, ग्रीवा, पीठ आदि को सुखपूर्वक मलना चाहिए। उष्ण जल से स्नान कर यथायोग्य (पथ्य) भोजन करना चाहिए स्नेह प्रकरण में विहित आचार का पालन करना चाहिए। इस प्रकार तीन, पांच या सात दिन इस विधि का यथावश्यक प्रयोग करना चाहिए।

अष्टाङ्गहृदय में शिरोबस्ति का प्रसुप्ति, अदित, अनिद्रा, नाशाशोष, आस्य शोष, तिमिर और दारुण शिरो रोगों में प्रयोग करने का निर्देश देते हुए शेष प्रक्रिया को अष्टाङ्ग संग्रह के समान ही वर्णन किया गया है। आचार्य भावमिश्र ने असाध्य वातरोगों में भी शिरोबस्ति की प्रशंसा की है। शिरः कम्प आदि रोगों में प्रयोग करने का भी निर्देश किया है।

सद्यः स्नेहनार्थयोगानां वर्णनम्

स्नेहयन्ति तिलाः पूर्वं जग्ध्वा सस्नेहफाणिताः ।
कृशराश्च बहुस्नेहास्तिलकाम्बलिकास्तथा ॥
फाणितं शृङ्गवेरं च तैलं च सुरया सह ।
पिबेद्रूक्षो भृतैर्मांसैर्जीर्णेऽश्नीयाच्च भोजनम् ॥
तैलं सुराया मण्डेन वसां मज्जानमेव वा
पिबन्सफाणितं क्षीरं नरः स्निह्यति वातिकः ॥
धारोष्णं स्नेहसंयुक्तं पीत्वा सशर्करं पयः ।
नरः स्निह्यति पीत्वा वा सरं दध्नः सफाणितम् ॥
पाञ्चप्रसृतिकी पेया पायसोमाषमिश्रकः ।
क्षीरसिद्धो बहुस्नेहः स्नेहयेदचिरान्नरम् ॥
सर्पिस्तैलवसामज्जतण्डुलप्रसृतैः भृता ।
पाञ्चप्रसृतिकी पेया पेया स्नेहनमिच्छता ॥ च० सू० १३।८५-९०

पूर्वमिति भोजनात्पूर्वम् । तिलप्रधानः काम्बलिकस्तिलकाम्बलिकः । फाणितमित्यादौ शृङ्गवेररसम्, भृतैर्भटित्रीकृतैः । पाञ्चप्रसृतिक्यग्रे वक्ष्यमाणा, माषमिश्रको माषतण्डुलकृतमन्नं; पेया =पातव्या ।

चक्रपाणिः ॥

---

१ एक ह्रस्व अक्षर के उच्चारण का समय या एक सैकेण्ड ।

चरक में निर्दिष्ट कतिपय सद्यः स्नेहन योग—

हि० व्या०—(१) भोजन से पूर्व स्नेह (घृत, तैल, वसा, मज्जा) के साथ राब खाकर तिल और प्रभूत स्नेह मिलाकर खिचड़ी खाने से स्नेहन होता है। तिल-काम्बलिक खाने से भी शीघ्र ही स्नेहन हो जाता है।

(२) मदिरा के साथ राब, सोंठ, तिल तैल मिलाकर सेवन करना चाहिए। स्नेह के पच जाने पर भुने हुए मांस के साथ भोजन करने से रूक्ष मनुष्यों का स्नेहन हो जाता है।

(३) मदिरा मण्ड के साथ तैल, वसा, मज्जा का सेवन करने से अथवा दूध में राब मिलाकर पीने से वात प्रधान मनुष्यों का स्नेहन हो जाता है।

(४) धारोष्ण दूध में स्नेह (घृत, तैल, वसा, मज्जा) और चीनी मिलाकर पीने से या दही की मलाई में राब मिलाकर पीने से मनुष्य का स्नेहन हो जाता है।

(५) पञ्च प्रसृति की पेया और दूध में सिद्ध चावल तथा उड़द की खीर प्रभूत मात्रा में घृत मिलाकर सेवन करने से शीघ्र ही मनुष्य का स्नेहन हो जाता है।

(६) घृत, तैल, वसा, मज्जा और चावल एक-एक प्रसृत लेकर बनाई गयी पेया का नाम 'पञ्च प्रसृतिकी पेया' है स्नेहन के लिए इच्छुक व्यक्ति को इसे पीना चाहिए।

पिप्पल्यो लवणं स्नेहाश्चत्वारो दधिमस्तुकः।
पीतमेकध्यमेतद्धि सद्यः स्नेहनमुच्यते॥
भृष्टमांसरसे स्निग्धा यवागूः सूपकल्पिता।
प्रक्षुद्रा पीयमाना तु सद्यः स्नेहनमुच्यते॥
सर्पिष्मति पयः सिद्धा यवागूः स्वल्पतण्डुला।
सुखोष्णा सेव्यमाना तु सद्यः स्नेहनमुच्यते॥
पिप्पल्यो लवणं सर्पिस्तिलपिष्टं वराहजा।
वसा च पीतमेकध्यं सद्यः स्नेहनमुच्यते॥
शर्करा चूर्णसंसृष्टे दोहनस्थे घृते तु गाम्।
दुग्ध्वाक्षीरं पिबेद्यूक्षः सद्यः स्नेहनमुच्यते॥
यवकोलकुलत्थानां क्वाथो मागधिकान्वितः।
पयोदधि सुराचेति घृतमप्यष्टमं भवेत्॥
सिद्धमेतैर्घृतं पीतं सद्यः स्नेहनमुत्तमम्।
राज्ञे राजसमेभ्यो वा देयमेतद्घृतोत्तमम्॥
बलहीनेषु वृद्धेषु मृदुग्निस्त्रीहतात्मसु।
अल्पदोषेषु योज्यः स्युर्ये योगाः सम्यगीरिताः॥

सु० चि० ३१।३८-४५

सुश्रुत के अनुसार सद्यः स्नेहन योग

हि० व्या०—(१) पिप्पली, सैंधव लवण, चतुः स्नेह (घृत, तैल, वसा, मज्जा), दही और दही का पानी एक साथ मिलाकर पीने से शीघ्र स्नेहन होता है।

(२) भुने हुए मांस के रस में बनाई गई स्नेहन युक्त यवागू राब मिलाकर पीने से शीघ्र स्नेहत होता है।

(३) अल्प मात्रा में चावल और दूध में पकी हुई घृतयुक्त सुखोष्ण यवागू का सेवन सद्यः स्नेहन करता है।

(४) पिप्पली, सैंधव लवण, घी, तिल की पिट्ठी और सूअर की चर्बी, एक साथ मिलाकर पीने से सद्यः स्नेहन होता है। (च० सं० में भी यह योग आया है।)[1]

(५) दूध दुहने वाले पात्र में घी मिली हुई शर्करा रखकर, उसमें दूध दुह कर पीने से रूक्ष मनुष्य का शीघ्र स्नेहन होता है।

(६) जौ, बेर और कुलथी के क्वाथ में पिप्पली के कल्क के साथ दूध, दही, सुरा एवं घृत को मिलाकर घृत पाक किया जाय, इस घृत के पीने से शीघ्र स्नेहन होता है। राजा तथा राजा के समान वैभव सम्पन्न व्यक्तियों को इस घृत का प्रयोग करना चाहिए।

उपरोक्त योगों का प्रयोग निर्बल, वृद्ध, मृदु अग्नि वाले, स्त्री प्रसंग से अत्यधिक क्षीण तथा अल्प दोष युक्त व्यक्तियों के लिए करना चाहिए।

बालवृद्धादिषु स्नेहपरिहारासहिष्णुषु॥
योगानिमाननुद्वेगान् सद्यः स्नेहान्प्रयोजयेत्।
प्रभूतमांसनिःक्वाथान् जाङ्गलानूपजान् रसान्॥
स्नेहभृष्टेषु वा तेषु यवागूं वाऽतिसंहताम्।
तिलचूर्णं च सस्नेहं फाणितं कृशरां तथा॥
तिलकाम्बलिकं भूरिस्नेहं सर्पिष्मतीमपि।
पेयां सुखोष्णां क्षीरेयीं पात्रे वा सितासृते॥
सर्पिर्लवणयुक्तं वा सद्यः स्निग्धं तथा पयः।
पेयां च पञ्चप्रसृतां स्नेहैस्तन्दुलपञ्चमैः॥
पायसं माषमिश्रं च बहुस्नेहसमायुतम्।
तैलशुण्ठीगुडसुरं जीर्णे मांसरसाशिनः॥

---

१. शौकरो वा रसः स्निग्धः सविर्लवणसंयुतः।
पीतो द्विवासरे यत्नात् स्नेहयेदचिरान्नरम्॥

च० सू० १३।९० के बाद अन्यत्र आया है।

स्नेहं वैकं सुराऽच्छेन दध्नो वा सगुडं सरम् ।
वसां वराहजां सर्पिः पिप्पलीं लवणं तिलान् ॥
पिप्पली लवणं स्नेहांश्चतुरो दधि मस्तुकम् ।
दध्ना सिद्धं व्योषगर्भं धात्री द्राक्षा रसे घृतम् ॥
यवकोल कुलत्थाम्बुक्षारक्षीरसुरादधि ।
घृतं च सिद्धं तुल्यांशं सद्यः स्नेहनमुत्तमम् ॥
सिद्धांश्च चतुरः स्नेहान् बदरत्रिफला रसैः ।
योनिशुक्रामयहरान् सद्यः स्नेहान्प्रयोजयेत् ॥
लवणोपहिताः स्नेहाः स्नेहयन्त्यचिरान्नरम् ।
तद्धि विष्यन्द्यरूक्षं च सूक्ष्ममुष्णं व्यवायि च ॥

अ० सं० सू० २५।६७-७२

बालवृद्धादिषु स्नेहपरिहारासहिष्णुषु ॥
योगानिमाननुद्वेगान् सद्यः स्नेहान् प्रयोजयेत् ।
[1]प्राज्यमांसरसास्तेषु, पेया वा स्नेहभर्जिता ॥
तिलचूर्णश्च सस्नेहफाणितः कृशरा तथा ।
क्षीरपेया घृताढ्योष्णा, दध्नो वा सगुडः सरः ॥
पेया च पञ्चप्रसृता स्नेहैस्तण्डुलपञ्चमैः
सप्तैते स्नेहनाः सद्यः स्नेहाश्च लवणोल्बणाः ॥
तद्व्यभिष्यंद्यरूक्षं च सूक्ष्ममुष्णं व्यवायि च ।

अ० हृ० सू० १६।४६-४९

सर्पिष्मती बहुतिला यवागूस्वल्पतण्डुला ।
सुखोष्णा सेव्यमाना तु सद्यः स्नेहनकारिणी ॥
शर्कराचूर्णसंयुक्ते दोहनस्थे घृते तु गाम् ।
दुग्ध्वा क्षीरं पिबेद्यूक्षः सद्यः स्नेहनमुत्तमम् ॥

भाव प्र० स्नेहादि०, वंगसेन, चक्रदत्तः

वाग्भट के अनुसार सद्यः स्नेहन योग

बालक, वृद्ध एवं स्नेहन के नियमों का पालन करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए निरापद एवं शीघ्र स्नेहन करने वाले निम्नांकित योगों का सेवन करना चाहिए ।

१. प्रभूत मात्रा में स्नेह मिलाकर मांस रस भूनकर बनायी गई पेया, तिल का चूर्ण, घी के साथ मिली राब, घी के साथ खिचड़ी, जांगल या आनूप मांस को उबाल कर बनाया गया रस सेवन करना चाहिए ।

२. घी में भूने मांस रसों में यवागू बनाकर सेवन करना चाहिए ।

---

१ प्राज्यमांसरसाः—प्रभूतमांसाक्ति निष्क्वाथ्य तद्रसाः (अरूणदत्तः) ।

३. अत्यधिक स्नेहयुक्त तिलकाम्बलिक का सेवन करना चाहिए ।

४. घी बहुल गरम-गरम पेया को दूध के साथ पीना चाहिए ।

५. चीनी और घी वाले पात्र में धारोष्ण दूध दुहकर पीना चाहिए अथवा घी लवण मिश्रित दूध का सेवन करना चाहिए ।

६. वसा, तैल, घी, मज्जा और चावल प्रत्येक एक-एक पल की मात्रा में लेकर पेया बनाकर पीना चाहिए । यह सद्यः स्नेहन करने वाली पञ्च-प्रसृति पेया कहलाती है ।

७. बहुत स्नेहयुक्त दूध में सिद्ध उड़द और चावल की खीर सद्यः स्नेहन कारक है ।

८. घी आदि किसी एक स्नेह में तैल सोंठ और गुड़ मिलाकर सुरामण्ड के साथ या दही के साथ पीना चाहिए । पच जाने पर मांस रस का भोजन करना चाहिए । अथवा दही की मलाई को गुड़ के साथ सेवन करना चाहिए ।

९. सूअर की वसा को घी, पिप्पली, लवण और तिल के साथ खाना चाहिए ।

१०. घी, तैल, वसा, मज्जा, चारों स्नेहों को पिप्पली, नमक, दधि मस्तु के साथ खाना चाहिए ।

११. द्राक्षा और आँवले के रस में दही, सोंठ, मरिच, पीपल से घी सिद्ध कर पीना चाहिए ।

१२. जौ, कुलथी, बेर इनका क्वाथ, यवक्षार, सुरा, दही, सम भाग घृत सिद्ध कर पीने से शीघ्र स्नेहन होता है ।

१३. त्रिफला के रस में चारों स्नेहों (घृत, तैल, वसा, मज्जा) को सिद्ध कर पीने से योनि रोग, एवं शुक्रदोष, नष्ट होते है तथा सद्यः स्नेहन कारक है ।

१४. नमक मिश्रित स्नेह मनुष्य को शीघ्र ही स्निग्ध कर देता है ।

अष्टाङ्ग हृदय, भाव प्र०, वंगसेन एवं चक्रदत्त में भी इन्हीं योगों का वर्णन किया गया है ।

रोग विशेषे सद्यः स्नेहन योग निषेधः

ग्राम्यानूपौदकं मांसं गुडं दधि पयस्तिलान् ।
कुष्ठी शोथी प्रमेही च स्नेहने न प्रयोजयेत् ॥ च० सू० १३।९१
गुडानूपामिषक्षीरतिलमाषसुरादधि ।
कुष्ठशोफप्रमेहेषु स्नेहार्थं न प्रकल्पयेत् ॥

अ० सं० सू० २५।७७, अ० हृ० सू० १६

हि० व्या०—कुष्ठ, शोथ तथा प्रमेह के रोगियों को ग्राम्य, आनूप और जलीय जीवों का मांस, गुड़, दही, दूध और तिल का स्नेहन कर्म में प्रयोग नहीं कराना चाहिए ।

कस्य स्नेहस्य किमनुपानमिति प्रश्नस्योत्तरम्

जलमुष्णं घृते पेयं यूषस्तैलेऽनुशस्यते ।
वसामज्ज्ञोस्तु मण्डः स्यात् सर्वेषूष्णमथाम्बु वा ॥

च० सू० १३।२२, चक्रदत्तः, भावप्रकाशः स्नेहाधि०

अनुपानमुष्णमुदकं घृतस्य तैलस्य यूषमिच्छन्ति ।
मज्जवसयोस्तु मण्डं, सर्वेषां कश्यपः पूर्वम् ॥का० सू० २२।२२

वार्युष्णमच्छेऽनुपिबेत् स्नेहे तत्सुख पक्तये ।
आश्योपलेपशुद्ध्यै च तौवरारुष्करे न तु ॥
उष्णोपचारः स्नेहे स्यादुष्णो ह्युष्णैर्विरुद्धयते ।

अ सं० सू० २५।३६, अ० हृ० सू० १६।

उष्णोदकानुपानं तु स्नेहानामथ शस्यते ।
ऋते भल्लातकस्नेहास्तत्र तोयं सुशीतलम् ॥

का० सू० ४६।४२८, डल्हमत, भावप्र० चक्रदत्तः

पयसि दधनि मधुमये तूक्ते नोष्णोदकं भवेत् पथ्यम् ।
पित्ते रक्तस्रावे गर्भस्यन्दने च गर्भदाहे च ॥

का० सू० २२।१४

स्नेहपान में अनुपान का विचार

घृतपान के पश्चात् उष्ण जल, तैलपान के पश्चात् यूष, वसा और मज्जा पान के पश्चात् मण्ड पीना चाहिए। अभाव में इन सभी स्नेहों का अनुपान उष्ण जल माना गया है।

विशेष—अनुपान से औषध शरीर में शीघ्र ही फैलकर अपना कार्य करने लगती है। अनुपान इस प्रकार का होना चाहिए जो औषध के गुणों को शीघ्र ही विकसित करे। अनुपान प्रायः औषध गुण से विपरीत होता है। घृत शीतवीर्य है, वह उष्ण जल से मिलकर शीघ्र ही शरीर के सारे स्रोत और अनुस्रोतों में फैलकर अपना कार्य सम्पादन करता है।

तैल का अनुपान यूष बताया गया है। यूष प्रायः वातनाशक है। यूष में मूंग के यूष का ग्रहण करना चाहिए। वह वात व्याधि में लाभदायक है। यथा-मसूर मुद्ग गोधूमकुलत्थलवणैः कृतः। कफपित्तविरोधि स्याद् वातव्याधौ च शस्यते ॥' (सु० सू० ४६)

वसा और मज्जा का अनुपान मण्ड बताया गया है। मण्ड स्वभावतः धान के खील से तैयार किया जाता है। वह दीपन पाचन और वातानुलोमन होता है। यथा—'लाजमण्डो विशुद्धानां पथ्यः पाचनदीपनः। वातानुलोमनो हृद्यः पिप्पलीनागरायुतः' ॥ (सु० सू० ४६) कफजन्य विकारों में वसा-मज्जा का प्रयोग होता है। कफ की वृद्धि से अग्निमांद्य, अपक्ति तथा वात की गतियों में बाधा होती है। अतः मण्डानुपान वसा एवं मज्जा इन विकारों को दूर करने

में समर्थ होती है।

[1]अनुपान के अभाव में सभी स्नेहों का अनुपान उष्ण जल बताया गया है। उष्ण जल दीपन-पाचन, वातानुलोमक और वातकफ नाशक है। अतः वसा मज्जा और तैल जो कफ और वातजन्य विकारों में प्रयुक्त होते हैं उनमें यह अनुपान के रूप में दिया जाता है। घृत के अनुपान में प्रधानरूप से उष्ण जल का प्रयोग बताया गया है। सुश्रुत ने सभी स्नेहों का अनुपान उष्ण जल बताते हुए भिलावे के तैल और चालमुंगरा (तुवरक) के तैल के अनुपान में उष्ण जल का निषेध किया है क्योंकि ये दोनों स्नेह स्वाभाविक रूप से अत्यन्त उष्ण होते हैं। यदि इसका अनुपान उष्ण जल दिया जाए तो शरीर में उष्णता की वृद्धि से भयंकर रोग हो सकते हैं। अतः इसके अनुपान में शीतल जल का उपयोग करना चाहिए। दूध, दही तथा शहद युक्त द्रव्य के सेवन के पश्चात्, पित्त प्रकोप, रक्तस्राव, गर्भस्राव तथा गर्भदाह में भी उष्णोदक का अनुपान नहीं करना चाहिए। वाग्भट एवं अन्य आचार्यों का विचार भी इन्हीं के समान है।

उष्णजलनिर्माण प्रकारः तद् गुणाश्च

पादावशेष सिद्धं तद्दोषघ्नैः श्रृतं जलं मुख्यम् ।
पेयं कवलग्राह्यं स्नेहं हि तथा विलाययति ॥
शूलकफानिलतृष्णा हिक्कारोचकविबन्धगुल्मघ्नम् ।
व्रणधातुमृदूकरणं दीपनमुष्णोदकमुशन्ति ॥

का० सू० २२।१३

हि० व्या०—आचार्य काश्यप ने प्रसंगवश उष्ण जल निर्माण करने का विधान भी बताया है। दोषानुसार अलग-अलग द्रव्यों से जल को पकाकर चतुर्थांश शेष रहने पर उस जल को अनुपान के लिए सेवन करना चाहिए और कवल धारण करना चाहिए। इससे स्नेह का विलय हो जाता है। उष्ण जल शूल, कफ, वायु, तृष्णा, हिक्का, अरुचि, मलबन्ध तथा गुल्म नाशक है। व्रण और धातुओं को मृदु करता है तथा दीपन है।

दोषानुसार स्नेहानुपानानि

वाते सलवणं सर्पिः पित्ते केवलमिष्यते ।
वैद्यो दद्याद्बहुकफे क्षारत्रिकटुकान्वितम् ॥ अ० सं० सू० अ० २५

हि० व्या०—चिकित्सक को चाहिए कि स्नेहनार्थ वाताधिक्य में घी को नमक के साथ, पित्त की अधिकता में केवल मात्र शुद्ध घी और कफाधिक्य में यवक्षार, त्रिकटु मिलाकर घृत का प्रयोग करें।

---

१. यदि बताया गया अनुपान सुलभ न हो सके अथवा जहाँ अनुपान का उल्लेख ही नहीं किया गया हो वहाँ सभी प्रकार के स्नेहों का अनुपान (भल्लातक आदि छोड़कर) उष्ण जल शास्त्र सम्मत है।

तृतीयोऽध्यायः

स्वेदन प्रकरणम्

पञ्चकर्म चिकित्सान्तर्गत जिन दो पूर्वकर्मों का उल्लेख है उनमें स्नेहन के पश्चात् यथाक्रम स्वेदन का निरूपण किया जा रहा है—

यद्यपि स्वेद की गणना त्रिविध मलों में की गई है तथा शरीर को मलिन करने के कारण ही इनकी मलसंज्ञा है। यह शारीरिक क्लिन्नता (आप्य भाव) को समानावस्था में रखने हेतु प्रधान उपादान है। स्वेद द्वारा क्लेद का धारण होता है" —"स्वेदस्य क्लेद विधृति" (अ० हृ० सू० १२-१५) स्वेद, उष्मा के प्रभाव से प्राकृतिक अवस्था में शरीर से बाहर निकलता रहता है। इस प्रक्रिया में हीनता अथवा मात्राधीक्य होना ही रोग का सूचक है।

विशेष रूप से वातज एवं कफज रोगों में वातावरोध एवं मेदो धातु तथा श्लेष्मा की वृद्धि होती है अतः साम्यावस्था हेतु स्वेदन प्रक्रिया को उत्तम बताया गया है—"स्वेद साध्या प्रशाम्यंति गदा वातकफात्मकाः" इति

च० सू० १४।३।

यद्यपि स्वेदन पंचकर्म चिकित्सा की दृष्टि से "पूर्वकर्म" में पठित है तथापि षड् उपक्रमों की दृष्टि से प्रधान कर्म के रूप में एवं शल्यकर्म, बस्ति, आदि कर्म में पश्चात् कर्म के रूप में भी इसका उपयोग किया जाता है। प्रस्तुत प्रकरण में इन विषयों का यथाक्रम विवरण दिया जा रहा है।

यहाँ स्वेदन कर्म से मात्र स्वेद (पसीना) निर्हरण का ही भाव नहीं ग्रहण करना चाहिए। जब मेद एवं कफ से वात के आवृत्त होने पर शरीर में स्तम्भ एवं गौरव आदि लक्षणों की उत्पत्ति होती है तब इस स्वेदन कर्म द्वारा द्रव्यों के उष्णादि गुणों के प्रभाव से; कफ का विलयन, मेदनिवृत्ति एवं स्रोतों संग दूर होने पर शरीर की जकड़ाहट, गुरुता एवं शीत का भी निर्हरण होता है। स्वेद (पसीना) प्रवृत्ति भी इस कर्म का एक लक्षण है। विभिन्न रोगों में उपर्युक्त विकारों को दूर करने के लिए स्वेदन कर्म कराना अभीष्ट है।

किन्नाम स्वेदनम्

(क) स्निग्धस्य स्वेदनं कार्यमिति स्वेदोविधीयते।

अ० हृ० सू० १७।१

(ख) शरीरे सहाग्नेः संयोगः तापनम् स्वेदनम्।

आ० शब्दकोशः

(ग) अस्विन्ने स्नेहनं कृत्वा ततः स्वेदंरुपाचरेत्। भे० सं० सू० २२।२९

हि० व्या०— स्निग्ध व्यक्ति के सम्पूर्ण शरीर अथवा अंग विशेष को साग्नि अथवा निरग्नि, जिस किसी भी प्रक्रिया से ऊष्मा द्वारा तपाना ही स्वेदन कहलाता है।

स्वेदनशब्दस्य निरुक्ति

स्विद् धातु में ल्युट् प्रत्यय करने से स्वेदन शब्द बनता है।[1]

स्वेदनलक्षणम्

स्तम्भगौरवशीतघ्नं स्वेदनं स्वेदकारकम्॥[2]—च० सू० २२।११

हि० व्या०- जिन उपक्रमों या जिन द्रव्यों के प्रयोग से शरीर की जकड़ाहट, भारीपन और शीत नष्ट होता है तथा स्वेद (पसीना) का निर्गमन होता है उसे स्वेदन कर्म कहते है।

स्वेदनकर्मणः सामान्यगुणाः

अग्नेर्दीप्तिं मार्दवं त्वक्प्रसादं
भक्तश्रद्धां स्रोतसां निर्मलत्वम्॥
कुर्यात् स्वेदो हन्ति निद्रां सतन्द्रां
सन्धीन् स्तब्धांश्चेष्टयेदाशु युक्तः॥

सु० चि० अ० ३२।२२ अ० सं० सू० २६।३७
वंगसेन स्वेदा०

हि० व्या०—स्वेदन क्रिया से अग्नि प्रदीप्त होती है, शरीर में मृदुता आती है, त्वचा का वर्ण निखरता है, आहार में रुचि होती है, स्रोतों की शुद्धि हो जाती है, निद्रा एवं तन्द्रा का परिहार होता है तथा सन्धियों की जड़ता दूर होने से चेष्टा (कार्यकारिता', युक्त हो जाती है।

स्नेहनानन्तरं स्वेदप्रयोगे युक्तिः।

स्नेहपूर्वं प्रयुक्तेन स्वेदेनावजितेऽनिले।
पुरीषमूत्ररेतांसि न सज्जन्ति[3] कथंचन॥
शुष्काण्यपि हि काष्ठानि स्नेहस्वेदोपपादनैः।
नमयन्तिः यथान्यायं[4] किं पुनर्जीवतोनरान्॥

च० सू० १४।४-५ भे० सं० सू० २२।९-१०

---

१. स्विद्-णिच् ल्युट् गात्रादितो घर्मादिनिः सारण व्यापारे। (वाचस्पत्यम्)
२. स्वेदकारकम् =घर्मकारकं॥ चक्रपाणिः॥
३. न सज्जन्ति =अप्रवृत्तानि न भवन्ति।
४. यथान्यायं=यथागमम्, एतच्च स्नेहस्वेदोपपादनैरित्यनेन संबध्यते। यदि वा यथान्यायं यथासहजं नमयन्तीति सम्बन्धः॥ चक्रपाणिः॥

नानभ्यक्ते नापि चास्निग्धदेहे
स्वेदो योज्यः स्वेदविद्भिः कथंचित् ।
दृष्टं लोके कोष्ठमस्निग्धमाशु[1]
गच्छेद्भङ्गं स्वेदयोगैर्गृहीतम् ॥

सु० चि० अ० ३२।२०

[2]स्नेहपूर्वप्रयुक्तो हि स्वेदो जयति मारुतम् ।

भे० सं० सू०।२२।६

न तैलेन विना स्वेदं कदाचिदपि कारयेत् ।
तैलेनाभ्यंजयेत्स्वेदं स भवेद्गुणकारकः ॥

ह० सं० चि० ४।१

हि० व्या०—पूर्व में स्नेहन किया जाता है तदनन्तर स्वेदन करने का विधान है। इसकी युक्ति क्या है? इसी का इन श्लोकों में वर्णन किया गया है—स्नेहन के पश्चात् स्वेदन करने से वात दोष दूर होता है, तथा मल-मूत्र एवं शुक्र बाधारहित गति कर सकते हैं। यदि सूखे काष्ठ को भी यथा विधि स्नेहन एवं स्वेदन कराया जाय तो उसे आसानी से (इच्छानुसार) मोड़ा या झुकाया जा सकता है, फिर जीवित मनुष्य को क्यों नहीं उपचारित किया जा सकता है अर्थात् अवश्य ही उपचारित किया जा सकता है। इसी सिद्धान्त से स्नेहन के पश्चात् स्वेदन को लाभदायक बताया गया है। सुश्रुत हारीत एवं भेलसंहिता का भी यही अभिमत है।

स्नेहोत्तर स्वेदकार्य वर्णनम्

स्निग्धस्य सूक्ष्मेष्वयनेषु लीनं स्वेदस्तु दोषं नयति द्रवत्वम् ॥

च० सि० १।८ क

सु० चि० ३२।२१ वंगसेन स्वेदाधि० १२।-

[3]स्नेहक्लिन्ना धातुसंस्थाश्च दोषाः
स्वस्थानस्था ये च मार्गेषु लीनाः ।
सम्यक् [4]स्वेदैर्योजितास्ते द्रवत्वं
प्राप्ताः कोष्ठं शोधनैर्यान्त्यशेषम् ॥

सु० चि० ३२।२१ वंगसेन स्वेदाधि० १३

---

१. यथा हि काष्ठमस्निग्धं स्विद्यमानं विशीर्यते, एवं शरीरमस्निग्धं स्विद्यमानं विनश्यति ॥ डल्हणः ॥

२. आगे का श्लोक सं० दश चरक के श्लोक ५ के समान ही है।

३. स्नेहपूर्वकमेव दोषाणां कोष्ठशाखाश्रयाणां शोधनं न पुनरन्यथा ॥ डल्हण॥

४. स्वेदैर्द्रवत्वं प्राप्य द्रवत्वात् कोष्ठं प्राप्ताः शोधनैर्निः शेषं यान्ति बहिर्निः सरन्तीत्यर्थः ॥ डल्हण; ॥

स्नेहक्लिन्ना कोष्ठगा धातुगा वा
स्रोतोलीना ये च शाखास्थिसंस्थाः ।
दोषाः स्वेदैस्ते द्रवीकृत्य कोष्ठं
नीताः सम्यक् शुद्धिभिर्निर्हियन्ते ॥

अ० सं० सू० २६।३८ अ० हृ० सू० १७।२५

ये दोषा वातादयः कोष्ठे महास्रोतसि स्थिताः धातुषु वा रक्तादिषु गताः स्वेभ्यः स्थानेभ्यस्तथा ये स्रोतस्संलीनास्तथा ये च शाखास्थिषु बाह्वादिनलिकास्थिषु स्थितास्ते सर्वे अनन्तरोक्तप्रकारावहितेन स्नेहक्लिन्नाः स्रुतियोग्यत्वमापादिताः सन्तो यथोक्तेन स्वेदेन द्रवीकृत्य शाखादिभ्यः कोष्ठं नीताः ततः कोष्ठात् वक्ष्यमाणादिभिः शुद्धिभिर्निर्हियन्ते। शाखास्थिग्रहणं तत्स्थेषु दोषेष्वत्यन्तस्वेदयोग्यताप्रतिपत्त्यर्थम्। अथवा धातुगा ये वृथा कोष्ठाद्धातुषु गताः। शाखास्था ये धातुष्वेव स्थिताः कोष्ठं याताः। अत्राप्यस्थिग्रहणं प्राधान्यार्थम्। तस्मादनेन स्वेदस्य दोषाणां द्रवीकृत्य कोष्ठानयनं प्रयोजनमुक्तम् ॥ इन्दुः ॥

हि० व्या०—स्नेहन के पश्चात् स्वेदन करने से सूक्ष्म मार्गों में (शरीरस्थ स्रोतों में) लीन दोष द्रवित हो जाते हैं अर्थात् पिघल जाते हैं। महर्षि सुश्रुत के अनुसार स्नेहन से क्लिन्न अर्थात् आर्द्र (गीला) धातु तथा अपने स्थान में स्थित एवं मार्गों में (शाखाओं में) ठहरे हुए दोष विधिवत् स्वेदन से चलायमान होकर (पिघलकर) कोष्ठ में आ जाते हैं और शोधनकर्म द्वारा बाहर निकल जाते हैं। आचार्य वाग्भट, भेल एवं हारीत सभी के विचार एक ही हैं।

विविध स्वेद भेदाः

इस शीर्षक में संहिता एवं संग्रह ग्रन्थों में उपयोगिता की दृष्टि से स्वेदन की जिन-जिन विधियों का वर्णन किया गया है उन सभी का नामोल्लेख है वयानुसार, सामग्री तथा उपयोगिता की दृष्टि से सर्वाङ्ग एवं एकाङ्ग, रूक्ष एवं स्निग्ध तथा साग्नि एवं निरग्नि रूप सभी भेदों का यथा स्थान उल्लेख किया गया है। विवरण साथ की तालिका में देखें—

स्वेद द्वैविध्यम्

इत्युक्तो द्विविधः स्वेदः संयुक्तोऽग्निगुणैर्न च ।
एकाङ्गसर्वाङ्गगतः, स्निग्धो रूक्षस्तथैव च ।
इत्येतद्द्विविधं द्वन्द्वं स्वेदमुद्दिश्य कीर्तितम् ।

च० सू० १४।६५-६६

सर्वस्वेदनुपसंहरति इत्युक्त इत्यादि। एकांगगताः संकरनाड्यादयः। सर्वाङ्गगताः प्रस्तरजेन्ताकादयः। स्निग्धो वातविहितः स्वेदः, रूक्षः कफविहितः, स्निग्धरूक्षस्तु वातश्लेष्मविहितोऽनयोर्न भिद्यत इति पृथङ्नोक्तः। द्वन्द्वं परस्परं विरुद्धं युग्मम् ॥ चक्रपाणिः ॥

सर्वाङ्गैकाङ्गभेदेन स्वेदप्रयोगः

चतुर्विधो योऽभिहितो द्विधा स्वेदः प्रयुज्यते ।
सर्वस्मिन्नेव देहे तु देहस्यावयवे तथा ॥

सु० चि० ३२।१६

अत्र सर्वाङ्ग स्वेदे प्रोक्ते तन्त्रान्तर विरोधः स्यात्, तथा च —"वृषणौ हृदयं दृष्टी स्वेदयेन्मृदु नैव वा" (च० सू० अ० १४) इत्युक्तत्वात्; तस्मात् सर्वशब्दोऽत्र संकुचितवृत्त्या तत्परिहारेण व्याख्यातव्यः ॥ डल्हणः ॥

[1]**डल्हणोक्त द्विविध स्वेदनस्य कार्मुक भेद** । (१) संशमनीय (२) संशोधनाङ्भूताश्च ।

हि० व्या०—आचार्य डल्हण ने स्वेदन के दो भेद किए हैं जो स्वेदन की कामुकता की दृष्टि से है—संशमनीय स्वेद, संशोधनांगभूत स्वेद । स्वेदन के अनेक प्रकारों का वर्णन करके उपसंहार में दो दो प्रकार के स्वेदन युग्मों का वर्णन इस प्रकार किया है – १ अग्निस्वेद एवं निरग्नि स्वेद (२) एकांग एवं सर्वांग स्वेद, (३) स्निग्ध स्वेद एवं रूक्षस्वेद ।

विशेष—उपर्युक्त स्वेदन भेदों को निम्न प्रकार से विभाजित किया गया है–

(१) गुण की दृष्टि—स्निग्ध एवं रूक्ष स्वेद
(२) स्थान की दृष्टि से – सर्वांग एवं एकांगस्वेद
(३) प्रक्रिया की दृष्टि से—अग्निस्वेद एवं निरग्नि स्वेद
(४) कार्मुकता की दृष्टि से – संशमनीय एवं संशोधनांगभूत-१

त्रिविधभेदाः

महान् दुर्बल मध्यम स्वेदवर्णनम्

व्याधौ शीते शरीरे च महान् स्वेदो महाबले ।
दुर्बले दुर्बलः स्वेदो मध्यमे मध्यमा मतः ॥

(चरक सू० १४।७ चक्रदत्तः स्वेदा)

रोगाद्यपेक्षयाऽपि स्वेदस्य कल्पनाभेदमाह, व्याधावित्यादि । व्याधौ महाबले शीते शीतलकृते शीतले तथा शरीरे च महाबले महानिति मृदु मध्यस्वेदापेक्षया प्रचण्डतापत्वेन कालबाहुल्येन च । एवं दुर्बले इति मध्यमे इति च व्याख्येयम् ॥

(शिवदास सेनः)

हि० व्या०—स्वेदक्रिया की कार्मुकता एवं बलानुसार स्वेदन के तीन भेद किए हैं—शीत से उत्पन्न व्याधियों तथा बलवती व्याधियों तथा बलशाली

१. केचिदाचार्या एवं वदन्ति-द्विविधः स्वेदःसंशमनीयः संशोधनांगभूताश्च । तत्र संशमनीयः सामेषु व्याधिषु रूक्ष एव योज्यः, तद्गुणः पुनः अग्नेर्दीप्ति, इत्यादिश्लोकोक्ता ज्ञातव्याः, संशोधनांगभूतस्तु स्नेह पूर्वो योज्यः तस्य गुणस्तु स्नेहक्लिन्ना, इत्यादि श्लोकेन प्रोक्ता इति ज्ञेयम् ॥ डल्हणः ॥

शरीरधारियों के लिए महास्वेद तथा मध्यम पुरुषों को मध्यम स्वेद कराना चाहिए । भावप्रकाश में भी यही श्लोक आया है । (स्वेदन प्रकरण) ॥

तापादि चतुर्विधः स्वेदः

चतुर्विधः स्वेदः, तद्यथा—तापस्वेद, ऊष्मस्वेद, उपनाहस्वेदो, द्रवस्वेद इति; अत्र सर्वस्वेद विकल्पावरोधः ॥

सु० चि० ३२।३ अष्टाङ्ग संग्रह भावप्र०

तपनं तापः, ऊष्मा बाष्पः, उपनह्यते इत्युपनाहो बन्धनमित्यर्थः, द्रवतीति द्रवः कषायक्षीरादिः । अत्र एषु चतुर्षु सर्वेषां त्रयोदशानामपि चरकोक्तानां संकरप्रभृतीनामवरोधः । तत्र तापस्वेदे कन्दुकग्रहणादेव जेन्ताककर्षूकुटीकूपहोलाकस्वेदाः पञ्चैवान्तर्भवन्ति, ऊष्मस्वेदे संकरप्रस्तराश्यघननाडीकुम्भीभूस्वेदाः षडप्यन्तर्भवन्ति, द्रवस्वेदे परिषेकावगाहावन्तर्भवतः ॥ डल्हणः ॥

स्वेद[1]श्चतुर्विधः प्रोक्तस्तापोष्मस्वेदसंज्ञितः ।
उपनाहो द्रव स्वेदः सर्वे वातातिहारिणः ॥

भा० प्र० स्वे०

हि० व्या०—स्वेदन कर्म चार प्रकार का होता है—१. तापस्वेद, २. ऊष्मस्वेद, ३. उपनाह स्वेद एव ४. द्रवस्वेद । सभी प्रकार के स्वेदों का इन्हीं चार प्रकारों में अन्तर्भाव हो जाता है । चार्ट में देखें

सप्तविध स्वेदनम्

स्वेदः सप्तविधिः प्रोक्तो, लोष्टस्वेदोऽग्निज्वालास्वेदः घटीजलस्वेदः फलस्वेदो वालुकास्वेदश्च ॥

हा० सं० चतुर्थस्था० अ० ४।१

हि० व्या० —हारीत संहिता में —स्वेदन की सात विधियाँ बताई गई है—१. लोष्टस्वेद (मृत्तिकापिण्डस्वेद), २. बाष्पस्वेद, ३. अग्निज्वालास्वेद, ४' घटी स्वेद, ५. जलस्वेद, ६. फलस्वेद, ७. बालुकास्वेद ।

बालके—अष्टविधस्वेद प्रयोगः

का० सं० सू० २३।२५-२६

जन्मप्रभृतिबालानां स्वेदयेदष्टविधं भिषक् ।
प्रयुञ्जीत यथाकालं रोग देह व्यपेक्षया ॥
हस्तस्वेदः प्रदेहश्च नाडीप्रस्तरसंकराः ।
उपनाहोऽवगाहश्च परिषेकस्तथाऽष्टमः ॥ भेल सं० सू० २२।१
मांसमाषतिलादीनां वालुकानामथापि वा ।
कुम्भीपिण्डेष्टकास्वेदान्नाड्यं प्रस्तरसंकरात् ।

(वंगसेन)

१. भावविश्र ने सुश्रुत के गद्य को श्लोकबद्ध किया है ।

ग्रन्थ नाम	द्विविध भेद			त्रिविधस्वेद	चतुर्विधस्वेद	सप्तविधस्वेद	अष्टविधस्वेद			त्रयोदश-विध स्वेद
	क	ग	घ	१. महा	१. ताप	१. लोष्ठ	१. हस्त	१. मांस	१. संकर	१.संकर
	१. अग्नि	१. एकाङ्ग	१. संशमनीय	२. मध्य	२. ऊष्म		२. प्रदेह	२. उड़द	२. प्रस्तर	२.प्रस्तर
	२ निरग्नि	२. सर्वाङ्ग	२. संशोधनाङ्गभूत	३. हीन	३. उपनाह	२. वाष्प	३. नाड़ी	व तिल	३. परिषेक	३.नाड़ी
					४. द्रव	३ अग्नि	४ प्रस्तर	३.बालुका	४. नाड़ी	४.परिषेक
	ख				(अग्नि)	४. घटी	५. संकर	४. कुम्भी	५. द्रोणी	५.अवगाह
	१. स्निध					५. जल	६. उपनाह	५. पिण्ड	६. जल	६.जेंताक
	२. रूक्ष					६. फल	७. अवगाह	६.इष्टिका	७. उपकोष्ठ	७.अश्मघन
						७. बालुका	८. परिषेक	७. प्रस्तर	८. कुटी	८.कर्षू
								८. संकर		९. कुटी
										१०. भू
										११. कुम्भी
										१२. कूप
										१३. होलाक
१ चरक	+	+								
२. सुश्रुत		+			+					
३. अष्टाङ्ग संग्रह										
४. अष्टांग हृदय										
५. काश्यप										
६. हारीत						+				
७. भेल									+	
८. भाव प्रकाश				+	+					
९. चक्रदत्त				+						
१०. वंगसेन								+		
११. शार्ङ्गधर					+					

* निरग्नि स्वेद के-१० प्रकार है—
व्यायाम, उष्णगृह, गुरु प्रावरण, क्षुधा बहुपान, भय, क्रोध, उपनाह, मल्लयुद्ध तथा आतप ।
चरक, सुश्रुत-भेल, अ० सं अ० हृ० चक्रदत्त भाव प्रकाश

सङ्करं प्रस्तरं सेक नाड़ीं द्रोणिं जलानि च ।
उदकोष्ठं कुटिं चैव स्वेदमष्टविधं विदुः ॥

भे० सं० सू० २२।१

हि० व्या०—बालकों में जन्म से लेकर यथाकाल रोग एवं शरीर शक्ति के यथावश्यक आठ प्रकार का स्वेदन कराना चाहिए—१. हस्तस्वेद, २. प्रदेहस्वेद, ३. नाड़ीस्वेद, ४. प्रस्तरस्वेद, ५. सङ्करस्वेद, ६. उपनाहस्वेद, ७. अवगाहस्वेद तथा ८. परिषेक स्वेद ।

आचार्य वङ्गसेन के अनुसार १. मांसस्वेद, २. उड़द और तिलों द्वारा स्वेद, ४. कुम्भीस्वेद, ५. पिण्डस्वेद, ६. ईंट का स्वेद, ७ प्रस्तरस्वेद तथा ८. संकरस्वेद, भेद से स्वेदन आठ प्रकार का होता है ।

आचार्य भेल के अनुसार स्वेदन आठ प्रकार का होता है—१. संकरस्वेद, २. प्रस्तरस्वेद, ३. परिषेकस्वेद, ४. नाड़ीस्वेद, ५. द्रोणीस्वेद, ६. जलस्वेद, ७. उदकस्वेद (उदकोष्ठ) तथा ८. कुटी स्वेद ।

संकरादिभेदेन त्रयोदश स्वेदप्रकाराः

सङ्करः प्रस्तरो नाडी परिषेकोऽवगाहनम् ।
जेन्ताकोऽश्मघनः कर्षूः कुटी भूः कुम्भिकैव च ॥
कूपो होलाक इत्येते स्वेदयन्ति त्रयोदश ।
तान् यथावत् प्रवक्ष्यामि सर्वनिवानुपूर्वशः ॥

च० सू० १४।३६-४०

आ० दी०—सम्प्रति साग्निस्वेदानां लक्षणमभिधातुं सङ्करादीन् स्वेदान् नामतस्तावदुद्दिशति सङ्कर इत्यादि । सङ्करादिस्वेदाश्चायुर्वेदपरम्परासिद्धाः, तत्र क्वचिन्नाडीस्वेदादौ नड्या प्रणीयत इत्यन्वयोऽप्यनुसरणीयः जेन्ताकादयश्चान्वयनिरपेक्षा एव ॥ चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—महर्षि चरक के अनुसार तेरह प्रकार के स्वेद इस प्रकार हैं—१. संकर, २. प्रस्तर, ३. नाड़ी, ४. परिषेक, ५. अवगाह ६. जेन्ताक, ७. अश्मघन, ८. कर्षू, ९. कुटी, १०. भूस्वेद, ११. कुम्भीस्वेद, १२. कूपस्वेद, तथा १३. होलाकस्वेद ।

दोषानुसारेण स्वेद निर्देशः

अतः स्वेदाः प्रवक्ष्यन्ते यैर्यथावत्प्रयोजितैः ।
स्वेदसाध्याः प्रशाम्यन्ति गदा वातकफात्मकः ॥

हि० व्या०—स्नेहन प्रकरण के पश्चात् स्वेदन प्रकरण का प्रारम्भ करते हुए महर्षि आत्रेय पुनर्वसू ने कहा कि विधिवत् स्वेदन करने से वात और कफदोषजन्य रोग नष्ट हो जाते हैं ॥

वातकफात्मका=असंसृष्टवातकफजा, वातकफजत्वेऽप्युदरादयः स्वेदेन न शाम्यन्ति, अत आह—'स्वेदसाध्याः' एतेनोदरादयोऽस्वेद्या व्यावर्त्यन्ते ॥ चक्रपाणिः ।

व्याधौ शीते शरीरे च महान स्वेदो महाबले ।
दुर्बले दुर्बलः स्वेदो मध्यमे मध्यमो हितः ॥
वातश्लेष्मणि वाते वा कफे वा स्वेद इष्यते ।
स्निग्धरूक्षस्तथा स्निग्धो रूक्षश्चाप्युपकल्पितः ॥
आमाशयगते वाते कफे पक्वाशयाश्रिते
रूक्षपूर्वो हितः स्वेदः स्नेहपूर्वस्तथैव च ॥

च० सू० १४।७-९ ॥ अ० सं० सू० २६।१९
अ० हृ० सू० १७।१२, चक्रदत्त वंगसेन स्वेदा०

रोगाद्यपेक्षयोक्तकल्पनां दर्शयति—व्याधावित्यादि । व्याधौ महाबले तथा शीते कालकृते महाबले, महानिति चंडताप एव पुनः पुनः क्रियमाणत्वेन मृदुस्वेदादपेक्षयाऽधिकतापत्वेन ज्ञेयः । दुर्बल इति च तथा मध्यम इति च व्याध्यादिषु पूर्ववद्योजनीयम् । स्निग्धरूक्षद्रव्यकृतः स्निग्धरूक्षः, स्निग्धरूक्षद्रव्यादयो वातश्लेष्मादिषु यथासंख्यं मन्तव्याः । एतच्च स्निग्धरूक्षादिकथनं द्रव्यापेक्षकल्पनोदाहरणम् । वाते स्निग्धः कफे रूक्षः । तं देशविशेषसम्बन्धेन व्यभिचारयन् दशापेक्षां कल्पनामाह-आमाशयेत्यादि । आमाशयगते वाते रूक्षपूर्वः स्थानापेक्षया पूर्वं रूक्षणं कृत्वा पश्चाद्वातापेक्षः स्निग्धः कार्यः एवं पक्वाशयगतेकफे स्नेहपूर्वो व्याख्येयः, आमाशयशब्देन कफस्थानं ज्ञेयम्, कफस्थानापेक्षया हि प्रथमं रूक्षणं क्रियते, यदुक्तम् —"स्थानंजयेद्धि पूर्वं तु स्थानस्थस्याविरोधतः" इति ॥ चक्रपाणिः ॥

वातश्लेष्मोद्भवं दृष्ट्वा पृथग्वा स्वेद इष्यते ।
वाते स्निग्धः कफे रूक्षो द्वयोः साधारणो मतः ॥

का० सं० सू० २३।७

स्वेद्यास्तु वातकफजा वातजाः कफजास्तथा ।

भे० सं० सू० २३।३२

तेषां विशेषतस्तापोष्मस्वेदौ कफे प्रयोजयेत् ।
उपनाहमनिले किंचित् पित्तसंसृष्टेऽन्यतरस्मिन् द्रवमिति ।

सु० चि० ३२।१४, अ० सं० सू० २६।१६

कफार्तो रूक्षणं रूक्षो रूक्षस्निग्धं कफानिले ।

अ० सं० सू० २६।१७

बलासे रूक्षणः स्वेदो रूक्षस्निग्धः कफानिले ।
कफमेदोवृते वाते सेवेत्कोष्णं गृहं रविम् ॥

वंगसेन स्वेदा० १२

वातश्लेष्मणि वाते वा कफे वा स्वेद इष्यते ।
स्निग्धरूक्षस्तथा स्निग्धो रूक्षश्चाप्युपकल्पितः ॥
चक्रदत्तः स्वेदाः १।

स्वेदौ तापोष्मजौ प्रायः श्लेष्मघ्नौसमुदीरितौ ।
उपनाहस्तु वातघ्नः पित्तसङ्के द्रवो हितः ॥ भावप्र०
वध्यमां मध्यमानां च दरिद्राणां च दुःखिनाम् ।
निषेक देशसात्म्ये च तान विद्यात् पण्डितो भिषक् ॥
का० सू० २३।३०

तेषां चानन्तरोक्तानां स्वेदानां मध्ये तापस्वेद ऊष्मस्वेदश्च कफेऽधिके प्रयोज्यौ । उपनाहनामा स्वेदोऽनिले वायावधिकेयोज्यः । अन्यस्मिन् प्राकृते कफेऽनिले वा किञ्चन स्तोकेन पित्तेन संसृष्टे द्रवस्वेदो योज्यः । इन्दुः ।

रूक्षस्निग्धभेदेन स्वेदयोग्यता संकेतः

कफार्तो रूक्षणं रूक्षो रूक्षस्निग्धं कफानिले ।
अ० हृ० सू० १७।११

कफार्तः कफग्रस्तो रूक्षः सन्नंतर्बहिरस्निग्धो रूक्षणं न च स्निग्धं स्वेदमाचरेत् । अथ श्लेष्मवाते रूक्षस्निग्धं केनचिदङ्गेन रूक्षं केनचिदङ्गेन स्निग्धमेवंविधस्वेदमाचरेत् ॥ अरुणदत्तः ॥

हि० व्या०—कफज रोगी को रूक्ष द्रव्यों से स्वेदन करावें तथा रूक्ष एवं कफवातज रोगियों में रूक्ष एवं स्निग्ध द्रव्यों से स्वेदन करावें ।

स्वेदन के तीन प्रकार—१. महान, २. मध्यम और ३. मृदु ।

१. महान स्वेद—रोग की उग्रता, बलवान रोगी और शीतकाल होने पर महान स्वेद कराया जाता है ।

२. मध्यम रोग, मध्यम बल और समशीतोष्णकाल में मध्यम स्वेद किया जाता है ।

३. दुर्बल रोगी, दुर्बल रोग और समशीतोष्ण काल होने पर मृदु स्वेद किया जाता है ।

स्वेद के दो प्रकार—वातकफ रोगों में स्निग्ध और रूक्ष, वातविकार में स्निग्ध और कफजन्य विकार में रूक्ष द्रव्यों से स्वेद करना चाहिए ।

आमाश्यगत वायु के कुपित होने की स्थिति में पहले रूक्ष द्रव्यों से स्वेदन कराकर पश्चात् स्निग्ध द्रव्यों से स्वेद कराना चाहिए । पक्वाशय में कफ कुपित हो तो पहले स्निग्ध द्रव्यों से स्वेदन कर पश्चात् रूक्ष द्रव्यों से स्वेदन करना चाहिए । अन्य आचार्यों ने भी इन विचारों का समर्थन किया है ।

तापस्वेद और ऊष्म स्वेद विशेषकर कफनाशक है । उपनाह स्वेद वातनाशक है । कफ या वात के साथ पित्त का अनुबन्ध होने पर द्रवस्वेद करना चाहिए ।

साग्नि स्वेदनस्य त्रयोदशविध प्रकाराणाम् वर्णनम्

संकरस्वेद निरूपणम्

तत्र वस्त्रान्तरितैरवस्त्रान्तरितैर्वा पिण्डैर्यथोक्तैरुपस्वेदनं संकरस्वेद इति विद्यात् ॥ च० सू० १४।४१

पिण्डैर्यथोक्तैरिति तिलमाषादिपिण्डैः, तथा गोरवरादि ग्रन्थोक्तसम्पुटकरूपैश्च पिण्डैः स्वेदनमेवोपस्वेदनम् ॥ चक्रपाणिः ॥

बिल्वाग्निमन्थश्योनाकं काश्मरीं पाटलां तथा ।
यवान् कुलत्थान् कोलानि स्थाल्यामासिच्य साधयेत् ।
यवपाकानि विज्ञान सुखोष्माण्यवतारयेत् ॥
ततोऽभ्यक्तस्य विधिवत्स्वेदनीयस्य देहिनः ।
गात्रं गात्रैकदेशं वा सुखोष्णैश्छादयेच्छनैः ॥
ततः प्रच्छादयेद्भूयः कौशेयाजिनकाम्बलैः ।
सङ्करस्त्वेष विज्ञेयः स्वेदानामग्र्य उच्यते ॥
भे० सं० सू० २२।१३-१६

पायसैः कृशरैर्मांसैरोदनैस्त्रिकठोर[1]कैः
उष्णैः सलवणस्नेहैतुम्बरास्तरितैः सुखैः ॥
किण्वातसीदधिक्षीरसंयुक्तैः पिण्डकैः कृतैः
स्थानस्वेदमिच्छन्ति सङ्कर स्वेद उच्यते ॥
का० सं० सू० १३।४१-४२

हि० व्या०—चरक में संकर स्वेद की परिभाषा बताते हुए लिखा है कि दोषानुसार स्वेदन कराने वाले द्रव्यों के मिश्रण का विधिपूर्वक पिण्ड बनाकर वस्त्र में बाँधकर अथवा वस्त्ररहित केवलमात्र औषधपिण्ड से ही स्वेदन कराना संकरस्वेद कहलाता है । भेल ने संकरस्वेद की विधि एवं प्रक्रिया में प्रयुक्त द्रव्यों का उल्लेख करते हुए लिखा है कि—बिल्व, अग्निमन्थ, श्योनाक, गम्भारी, पाटला, जौ, कुलथी, बदर आदि औषधियों को पकाने के पात्र में डालकर सिद्ध करें यव पाक वत जानकर उतार लें एवं सुखोष्ण होने दें । तब विधिवत् स्वेदन योग्य पुरुष के सम्पूर्ण शरीर अथवा अङ्गविशेष पर धीरे-धीरे सुखोष्ण लेप करें । पश्चात रेशमी वस्त्र या गर्म कम्बल से पुनः भली प्रकार ढक दें । यह संकर स्वेद सभी स्वेदों में अग्रणी है ।

इसी प्रकार काश्यप ने लवण एवं स्नेह के साथ उष्ण (सुखोष्ण) खीर, कृशरा (खिचड़ी) मांस, भात तथा तीन कठोर[1] वस्तुएं वस्त्र पर फैला दें तथा

---

१. चरक में पिण्ड स्वेदोक्त तीन कठोर वस्तुयें सिकतापांशुपाषाण लेने का भाव दर्शित होता है ।

उनको किण्व (पिण्याक। सुराबीज) अलसी, दधि, दूध के साथ सम्मिश्रित करके पिण्ड बना लें एवं उससे स्थान विशेष का स्वेदन करावें। यही संकर स्वेद है।

पिण्डस्वेद व्यवहारोदाहरणानि

तत्र मृत्कपालपाषाणलोष्टलोहपिण्डानग्निवर्णान् सन्दंशेन गृहीत्वाम्भस्यम्ले वा निमज्जयेत् तैरार्द्राविकवस्त्रेण वेष्टितैः श्लेष्ममेदोभूयिष्ठं सरुजमंग ग्रन्थिमद्वा स्वेदयेत् । पांसुसिकतागवादिपुरीषधान्यबुसपुलाकपललैर्वाऽम्लोत्क्वथितैः पूर्ववद्वेष्टितैः । गवादिशकृतार्द्रेण पिण्डीकृतेनोपनाहद्रव्योत्कारिकाकृसरमांसपिण्डैर्वा वातरोगेष्वितिपिण्डस्वेदः । सएवसंकाराक्ष्य ।।

अ० सं० सू० अ० २६।५

तत्र मृत्कपालपाषाणादीनग्निवर्णान् सन्दंशेनादायास्कारतप्तपिण्डग्रहणयन्त्रेण गृहीत्वा स्वेद्यादोषाद्यपेक्षयाम्भस्यम्ले वा कांजिकशुक्तादौ निमंजयेत् । अथ तैर्निमज्जनजातबाष्पैरार्द्रेण धान्याम्लादिसिक्तेनाविकवस्त्रेणोर्णपटेन समन्ताद्वेष्टितैरंग देहं सरुजं रुजायुक्तं ग्रन्थिमद्वास्वेदयोग्यं स्वेदयेत् । श्लेष्ममेदोभूयिष्ठमंग सरुजं ग्रन्थिमद्वा पांस्वादिभिरम्लोत्क्वथितैः पिण्डीभूतैः पूर्ववदेवार्द्राविकवस्त्रवेष्टितैः स्वेदयेत् । अथवा तथाविधमंग गवाश्वादिशकृतार्द्रेणाशुष्केण स्वेदयेदिति सम्बन्धः । वातरोगेषु वा पुनरुपनाहोत्कारिकादिभिः स्वेदयेत् । विकल्पः पूर्वापेक्षः । गवादिकीर्यं गवाश्वादिशकृत् । पुलाकाख्य धान्यविशेषस्य पलालः कक्षम् केवलेन वा ग्रहणम् । उपनाहद्रव्योत्कारिकाः पूर्वोक्तः मांसवेशवारादि कृता इति पिण्डस्वेदः प्रथमस्तस्यैव च पिण्डस्वेदस्य संकर इत्याख्या । आख्या नाम । इन्दुः ।

हि० व्या०—पिण्ड स्वेद का ही दूसरे रूपमे स्वेद कहा गया है मिट्टी, कपाल (घड़े का टुकड़ा) पत्थर, मिट्टी का ढेला अथवा लौह पिण्ड को अग्नि में गरम करके संडासी से पकड़ कर पानी या कांजी में बुझा देना चाहिए। इसको गीले कम्बल के टुकड़े में लपेटकर कफमेदा बहुल, पीड़ायुक्त अंग विशेष या ग्रन्थि स्थान पर सेक करना चाहिए। इसी प्रकार, पांसु, रेत, गाय, घोडे, हाथी आदि की लीद को धान्य की तुष, पुलाक, मांस आदि को अम्ल द्रव में पकाकर पूर्ववत् कम्बल में लपेटकर स्वेदन कराना चाहिए। उपर्युक्त पशुओं के गीले गोबर, उपनाहोक्त द्रव्यों की रोटी या खिचड़ी अथवा कुट्टित मांस पिण्ड को उष्ण करके पिण्ड रूप में स्वेदन कराना चाहिए।

वातविकारेषु पिण्डस्वेदसामग्री संकेतः

तिलमाषकुलत्थाम्लघृततैलाऽऽमिषौदनैः ।
पायसैः कृशरैर्मांसैः पिण्डस्वेदं प्रयोजयेत् ।।

च० सू० १४।२५

रोगास्तत्रोष्णलवणस्निग्धाम्लैरेव वातजाः ।

भे० सं० सू० २२।

हि० व्या०—वात रोगों में पिण्ड स्वेद की सामग्री—तिल, उड़द, कुलथी, अम्ल रस द्रव्य, घृत, तैल, भात, खीर, खिचड़ी, मांस इन द्रव्यों से पिण्डाकार पोटली बनाकर स्वेदन करना चाहिए। आचार्य भेल के अनुसार उष्णवीर्य द्रव्य, लवण, स्निग्ध द्रव्य या स्नेह (घी, तैल, वसा, मज्जा) एवं अम्लरस युक्त द्रव्यों से स्वेदन करना चाहिए।

स्वेदानां द्रव्याण्याह—तिलमाषेत्यादि पिण्डरूपः स्वेदः पिण्डस्वेदः । चक्रपाणिः ।

प्रस्तरस्वेद निरूपणम्

शूकशमीधान्यपुलकानां वेशवारपायसकृशरोत्कारिकादीनां वा प्रस्तरे कौशेयाविकोत्तरप्रच्छदे पञ्चाङ्गुलोरुबूकार्कपत्रप्रच्छदे वा स्वभ्यक्त सर्वगात्रस्य शयानस्योपस्वेदनं प्रस्तरस्वेद इति विद्यात् ।। च० सू० १४।४२

पुलाकस्तुच्छधान्यम्, उत्कारिका =माषादि कृतोत्काराकृतिव्यञ्जनविशेषः । प्रस्तीर्यत इति प्रस्तरः शयनप्रमाणेन स्वेदवस्तूनां विस्तरणं, तस्मिन् प्रस्तरे । कौशेयाविकोत्तरप्रच्छदे कौशेयाविकपिहित इत्यर्थः पञ्चाङ्गुल एरण्ड भेदः ।। चक्रपाणिः ।।

कोश[1]धान्यानि वा सम्यगुपस्वेत्तास्तीर्यं किलिञ्जेऽन्यस्मिन् वा तत्प्रतिरूपके शयानं प्रावृत्य स्वेदयेत; एवं पांशुगोकुत्तुषबुसपलालोष्मभिः स्वेदयेत् ।।

सु० चि० ३२।११

उष्णान् पुलाकानास्तीर्य पायसं कृशरादि वा ।
वाससान्तरिते बालमभ्यक्तं शाययेत् सुखम् ।।
पञ्चाङ्गुलोरुबूकार्कपत्रैर्वा स्नेहितोष्णितैः ।
प्रस्तरस्वेदमित्याचारभौक्ष्णपरिवर्तिनः ।। का० सं० सू० २३।३९-४०
एतान्यन्यानि च भिषक् स्वेदद्रव्याणि संहरेत् ।
प्रकीर्य तानि शयने कम्बलेनावगुण्ठितम् ।
स्वभ्यक्तं शाययेज्जन्तुं स्वेदं प्रस्तरमादिशेत् ।।

भे० सं० सू० २२।१७-१८

यथार्ह[2] स्वेदद्रव्याणि पिहितमुखायां कुंभ्यां सम्यगुणस्वेद्य निवात शरण-

१. (क) कोशधान्यानि शमीआन्यानि माषादीनि ।। डल्हणः ।।
(ख) सुश्रुत में इसे शिलास्वेद एवं प्रस्तीर्ण स्वेद नाम दिया है—"पूर्ववत् स्वेदयेद्गृह्वा भस्मापोह्यापि वा शिलाम् सु० चि० ३२।९ ख
(ग) भाव प्रकाश ने भी इसी का अनुकरण किया है—भा० प्र० स्वेदाधि.
२. यथार्ह स्वेदद्रव्याण्येरण्डमूलादीनि मांसादीनि च पिहितमुखायां स्थाल्यं स्वेदयेत् ।

शयनकिलि[1]जे प्रस्तार्याविक कौशेय वातहर पत्रान्यनवोत्तर प्रच्छदे कुथ[2]का-विकाजिनप्रवारादिष्ववच्छन्नं स्वेदयेदिति संस्तरस्वेदः ।

अ० सं० सू० २६।१

हि० व्या०—प्रस्तरस्वेद कराने हेतु—शूकधान्य (चावल, गेहूं, जौ), शमीधान्य (मूग, चना आदि द्विदल), क्षुद्रधान्य अथवा वेशवार (सुसंस्कृत मांस अथवा शाकादि में उपयुक्त धनियाँ, जीरा आदि मशाले), खीर, खिचड़ी, उत्कारिका (लपसी या हलवा) आदि को एक शिला पर (व्यक्ति के शयन योग्य लम्बाई वाले शिलाखण्ड पर) फैला दिया जाता है उसके ऊपर रेशमी या ऊनी वस्त्र अथवा एरण्डपत्र या अर्कपत्र से ढककर स्वेदन कराने योग्य व्यक्ति को सम्पूर्ण शरीर में स्नेहन कराकर उस पर लिटा दें एवं वस्त्र से ढक दें। यही प्रस्तर स्वेद है।

सुश्रुत ने चरक के समान विधि का वर्णन करते हुए लिखा है—शमीधान्य को उबाल कर काष्ठपट्टे पर अथवा अन्य किसी वस्तु पर फैलाकर उस पर रोगी को सुलावें। उसको वस्त्र से ढक दें इससे स्वेदन हो जाता है। इसी प्रकार मिट्टी, गोबर, तुष (भूसा), तिल, खली द्वारा भी स्वेदन करावें। आचार्य भेल ने लिखा है कि अन्य स्वेदन योग्य द्रव्यों को एकत्र करके शयन स्थान पर फैलाकर उसे कम्बल आदि से ढककर स्नेहित पुरुष को सुला लें। यह प्रस्तर स्वेद है।

प्रस्तर स्वेदोपयोगी द्रव्याणि

प्रस्तरस्वेदेऽपि पिण्डस्वेदसमग्री प्रयोज्या

द्रव्याण्येतानि शस्यन्ते यथा[3]स्वं प्रस्तरेष्वपि ।

च० सू० १४।२७

हि० व्या०—प्रस्तरस्वेद में पिण्डस्वेद की ही सामग्री का प्रयोग करना चाहिए।

नाडीस्वेदनिरूपणम्

स्वेदनद्रव्याणां पुनर्मूलफलपत्रशुङ्गादीनां मृगशकुनपिशितशिरः पदादीनामुष्ण-स्वभावानां वा यथार्हमम्लल्वणस्नेहोपसंहितानां मूत्रक्षारादीनां वा कुम्भ्यां वाष्प-मनुद्वमन्त्यांमुत्त्वथितानां नाड्या शरेषीकावंशदलकरञ्जार्कपत्रान्यतमकृतया

१. (क) आस्तरणविशेषः कटः सु० चि० ३२।७ (ख) देवनलः (ग) काष्ठ पट्टिका अ० सं० चि० २१

(घ) वंशादित्वग्रथितपेटिकाकारा (सु० सू० १०।४····· चटाई·····

२. कार्पासपूरितप्रावरणम् (अ० सं० सू० ४।१८)

३. यथास्वमित्यनेन तिलमाषादयो वाते, गोरवरादिग्रन्थोक्ताश्च श्लेष्मणि प्रस्तरस्वेदे कर्तव्या इति दर्शयति। चक्रपाणिः।

गजाग्रहस्तसंस्थानया व्यामदीर्घया व्यामार्द्धदीर्घया वा व्यामचतुर्भागाष्टभाग-मूलाग्रपरिणाह स्रोतसा सर्वतो वातहरपत्रसंवृतच्छिद्रया द्विस्त्रिर्वा विनामितया वातहर स्निग्धस्नेहाभ्यक्तगात्रो वाष्पमुपहरेत्। वाष्पो ह्यनुजुगामी विहतचण्ड-वेगस्त्वचमविदहन् सुखं स्वेदयतीति नाडीस्वेदः। च० सू० १४।४३

स्वेदनेत्यादिना नाडीस्वेदमाह। स्वेदनद्रव्याणि स्वेदोपगगणोक्तानि, इह च नाडीस्वेदक्वाथार्थमुक्तानि, शिरः पद—मस्तकं, वाष्पमनुद्वमन्त्यामित्यनेन क्वथनकाले वाष्पो यथा न निर्याति तथा कर्तव्यमिति दर्शयति, उत्क्वथितानां वाष्पं स्नेहाक्त गात्र मनु नाड्या उपहरेदिति संबन्धः। नाडीकरणविधिमाह शरेषीकेत्यादि। वंशदलो वंशविदलः, गजाग्रहस्तसंस्थानत्वं नाड्या अग्र एव बोद्धव्यं, व्यामस्त्वियंगविस्तृदव्याहुद्वयप्रमाणं, व्यामदीर्घत्वं नाड्या वहनरवेदे कर्तव्यम्, व्यामचतुर्भागेन व्यामाष्टभागेन च मूले अग्रे च यथासंख्यमानं नाड्या वेदितव्यं, परिणाहेन वेष्टनेन स्रोतो यस्याः सा तथा। यथोक्तनाडीकरणगुण-माह —वाष्पो ह्यित्यादि। विहतचण्डवेगत्वं नाडिकाया दीर्घत्वेन वक्रत्वेन च बोद्धव्यम्। चक्रपाणिः।

नार्यां गजकराकारं छिद्रस्तां तादृशीं तथा।
धान्याम्लद्रवपूर्णायां धान्यां सन्धाय लेपयेत्॥
तां छिद्रस्तां समाहृत्य स्नेह्यक्ताङ्गस्य देहिनः।
प्रच्छन्नगात्रस्य तु तां नाडीमुद्घाटयेद्भिषक्॥
नाडीस्वेदः समाख्यातः सर्वतस्वेदनादिति।

भे० सू० २२।२०-२२

वंशपुञ्जलताश्चैव यथायोगं यथाबलम्।
नाडीस्वेदं प्रयुञ्जीतनिवाते वस्त्रसंवृतम्॥

का० सू० २३।२८

पूर्ववदेव वोपस्तोरवास्तेनाधोमुखीं नाडी मूलच्छिद्रप्रमाणपार्श्वच्छिद्राम-भिसन्धायावलिप्य च पार्श्वच्छिद्रस्थया नाड्या शरेषिकावंशदलकिञ्जकरंज-पत्रान्यतमकृतयागजाग्रहस्तसंस्थानया व्यामदीर्घयाऽध्यर्धव्यामदीर्घया वा स्वायाम चतुर्भागाष्टभागपरिणाहमूलाग्रस्रोतसा सर्वतो वातहरपत्रसंवृतछिद्रया द्विस्त्रिर्वा विनामितया सुखोपविष्टस्य स्वभ्यक्त प्रावृतांगे वाष्पमुपहरेत्। वाष्पो ह्यनुजुगामी विहतचण्डवेगस्त्वचमविदहन् सुखं स्वेदयतीति नाडीस्वेदः।

अ० सं० सू० २६।१०

नाडीस्वेद उच्यते। पूर्ववत् प्रस्तरस्वेदवदुपस्वेद्य द्रवद्रव्यपूर्णाया उखाया मुखेऽन्यां द्वितीयामुखामुपसंधाय तस्याः पार्श्वच्छिद्रस्थया नाड्या सञ्चारिणं वाष्प-मुपहरेत्। स वाष्पः सुखं स्वेदयेदिति संबन्धः। तेनैतदुक्तं भवति। वातहरद्रव-द्रव्यपूर्णामेकामुखीं कारयेत्। तस्या अधोऽग्निं प्रज्वालयेत्। तस्या उखाया उपरि

द्वितीयोरवा कल्पनीया। तस्याश्चोपरिस्थिताया उखायाः पार्श्वे द्वितीयं वक्ष्यमाण नाड़ीमूलप्रमाणछिद्रं कारयेत्। तथा शरेषिकादिसंस्तरणचिता दैर्घ्येण केवल व्याम दीर्घा सार्धव्यामदीर्घा वा नाडी कार्या। तस्याश्च नाड्याः स्वदीर्घचतुर्भागप्रमाणवृत्ततया मूलेऽन्तः स्रोतः कार्यम्। सा च नाडी यथाक्रमेण गजाग्रहस्तसदृशी कार्या। यथा स्वायामादष्टभागवृत्तं अग्रस्रोतः तस्या भवति। मूलस्रोतसोऽर्धपरिणाहमग्रस्रोत इत्यर्थः। गजाग्रहस्तसदृशमुखनाडी वर्तुलत्वादङ्गानान्नैव वाष्पायपे। तथाविधानाडी उपरितनोखापार्श्वच्छिद्रेनिवेश्या। तस्याश्चोरवायाः पिहितमुखत्वान्नाड़ीमुख एवोष्मा भवति। तस्या नाड्या ईषिकाद्युद्भवत्वाद्यानि छिद्राणि तैर्वाष्पनिर्गमपरिहाराय सर्वतो वातहरद्रायपत्रैर्वेष्टनम्। हा च नाडी द्वौ वारौ त्रीन् वा वारान् विनमिता करभग्रीवानुकारेण कुटिलीकृता कार्या। तयैवं भूताया नाड्या मुखोपविष्टस्य पुरुषस्य स्वेदयोग्येऽङ्गे स्वभ्यक्त प्रावृते वस्त्रमुपहरेत्। तथाविधो बाष्पो ह्यनृजुगामित्वाद्विहतचण्डवेगत्वात्वचमविदहन् सुखं स्वेदयतीति नाडीस्वेदस्तृतीयः। इन्दुः।

हि० व्या०—स्वेदन में यथावश्यक द्रव्यों की मूल-फल-पत्ते और अंकुर (पत्रशुङ्ग) तथा पशु, पक्षियों के मांस, सिर, पाँव आदि उष्ण स्वभाव वाले मांस (एवं शरीराङ्ग) आवश्यकतानुसार कांजी, नमक तैलघृतादि मिलाकर मूत्र, दूध आदि के साथ मिश्रित करके एक बड़े पात्र में क्वाथ करें। इस क्वाथ की भाप को प्रयोग में लाने के लिए बर्तन के ऊपरी भाग में एक छेद करें उसमें शरकण्डे, सींक या बाँस की नली अथवा करञ्ज, आक आदि के पत्र से बनाई हुई नली जो हाथी की सूंड के समान हो अर्थात् जिसका घेरा ऊपर से मोटा एवं क्रमशः आगे पतला होना चाहिए। इसमें मोटा भाग पात्र के छिद्र में लगाना चाहिए। इस नली की लम्बाई एक व्याम (साढ़े तीन हाथ) तथा चौड़ाई आधा या चौथाई व्याम पात्र के साथ एवं क्रमशः कम होते हुए अन्तिम शिरा व्याम का आठवाँ भाग होना चाहिए (अर्थात् लगभग एक बालिस्त) यदि मध्य में कहीं कोई छिद्र हो तो वातहर द्रव्यों से बन्द कर देना चाहिए। यह नली दो तीन स्थानों पर मुड़ी होनी चाहिए। वातरोगी जब वातहर तैलों का मर्दन कर ले तब पात्र का मुख बन्द कर दें जिससे वाष्प ऊपर नहीं जा पाएगी।

अतः मध्य में रुकी हुई वाष्प की मध्यम गति से त्वचा को हानि नहीं होगी एवं नली द्वारा आई हुई वाष्प से सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है। यही नाड़ी स्वेद है। (वाष्पस्वेद भी इसी प्रकार किया जाता है।) सुश्रुत एवं वाग्भट में इसे वाष्प स्वेद कहा गया है। आचार्य काश्यप ने बांस, मूंज तथा नल आदि के द्वारा आवश्यकतानुसार नली बनाकर यथाविधि सुखकर नाड़ीस्वेद का वर्णन किया है। बालक को नाड़ी स्वेद कराते समय वस्त्र से ढककर स्वेदन कराना चाहिए। तथा वायुरहित स्थान में स्वेदन कराना चाहिए।

वातविकारेषु नाडीस्वेदयोगः

ग्राम्यानूपौदकं मांसं पयोबस्तशिरस्तथा।
वराहमध्यपित्तासृक्स्नेहवत्तिलतण्डुलान्॥
इत्येतानि समुत्क्वाथ्य नाडीस्वेदं प्रयोजयेत्।
देशकालविभागज्ञो युक्त्यपेक्षोभिषक्तमः॥ च० सू० १४।२९-३०

बस्तशिरश्छागमस्तकं स्नेहवन्तश्चैरण्डबीजादयः तिलाश्च तण्डुलाश्च स्नेहवत्तिलतण्डुलाः। ग्राम्येत्यादिना वातापहो नाडीस्वेद उक्तः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—वात रोगों के लिए नाड़ीस्वेद में प्रयोग की जाने वाली औषधियाँ—ग्राम्यमांस, आनूप मांस, जलीय जीवों का मांस, दूध, बकरे का शिर, सूअर का मेद, पित्त, रक्त, तैल (एरण्ड), तिल एवं तण्डुल का क्वाथ बनाकर नाड़ीस्वेद में (प्रयोग करना चाहिए) देश-काल का ज्ञान रखने वाला (कुशल) वैद्य युक्ति पूर्वक प्रयोग करें।

वातकफविकारेषु नाड़ीस्वेदप्रयोगः

वारुणामृतकैरण्डशिग्रुमूलकसर्षपैः।
वासावंशकरञ्जार्कपत्रैरश्मन्तकस्य च॥
शोभाञ्जनकशैरयी मालतीसुरसार्जकैः।
पत्रैरुत्क्वाथ्य सलिलं नाडीस्वेदं प्रयोजयेत्॥ च० सू० १४।३१-३२

वारुणेत्यादिना कफापहः। वारुणः=वरुणः अमृतका=गुडूची, सर्षपैरित्यत्र पत्रैरिति सबध्यते, वंशो वेणुः। पुनः शोभाञ्जनग्रहणाद् द्वितीयो वित्यशोभांजनो गृह्यते। शैरयीः झिण्टी॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—वातकफविकार में नाड़ीस्वेद के लिए औषधियाँ—वरना, गिलोय, एरण्डमूल, सहिजनछाल, मूली का पञ्चांग, सरसों का शाक, अडूसा (वासा) का पत्र, बाँस की पत्ती, मदारपत्र, करञ्ज की पत्ती, पाषाण भेद की पत्ती, लाल सहिजन की पत्ती, कटसरैया की पत्ती मालतीपत्र, काली और सफेद तुलसी पत्र, इन सबका क्वाथ नाड़ी स्वेद में प्रयोग करना चाहिए।

पितानुबन्धी वात विकारेषु नाडीस्वेद संकेतः।

[1]भूतीकपञ्चमूलाभ्यां सुरया दधिमस्तुना।
मूत्रैरम्लैश्च सस्नेहैर्नाडीस्वेदं प्रयोजयेत्॥

च० सू० १४।३३

हि० व्या० पित्तानुबन्धी वातरोग हेतु नाडी स्वेद की औषधियाँ—गंध तृण, दोनों पञ्चमूल (दशमूल), मदिरा, दही का पानी, गोमूत्र, काँजी, इन्हें

१ भूतीकेत्यादिना वातश्लेष्मापहः। चक्र०

गरम कर और गंधतृणादि का क्वाथ बनाकर स्नेहमिलाकर, नाडीस्वेद में प्रयोग करना चाहिए।

परिषेकस्वेद निरूपणम्

वातिकोत्तरवातिकानां पुनर्मूलादीनामुत्क्वाथैः सुखोष्णैः कुम्भीवार्पुलिकाः प्रनाडीर्वा पूरयित्वा यथार्हसिद्धस्नेहाभ्यक्तगात्रं वस्त्रावच्छन्नं परिषेचयेदिति परिषेकः।

च० सू० १४।४४

वसातैल घृतं क्षीरमूत्रमत्स्वम्लकाञ्जिकैः।
सुखोष्णैः सेचयेत्स्वेद्यं सेकः स परिकीर्तितः॥

भे० सं० सू० ३२।१६

वातिकानि = वातहराणि, उत्तरवातिकानि = उत्तरवाते = प्रधानवाते वातश्लेष्मणि हितानीह ग्राह्यानि, वार्पुलिका = अल्पघटी, सहस्रधारा इत्यन्ये, प्रनाडी = वेणुनलनाड्याद्याः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—शुद्ध वातरोगी अथवा अन्य दोष सहित वातरोगी के लिए परिषेक स्वेद कराना चाहिए। नाड़ी-स्वेद में बताए गए द्रव्यों के मूल पत्र आदि का यथाविधि क्वाथ बनाकर ऐसे वर्तन में डाले जिसके असंख्य छिद्र हो (सहस्रधारा या बहुत सी नलियाँ लगी हों) सिद्ध स्नेहों से रोगी को मालिश करके वस्त्र से ढक दें एवं इस सुखोष्ण क्वाथ से परिषेक करें। यही परिषेक स्वेद है। वसा, तैल, घृत, दूध, मूत्र, अम्ल, कांजी आदि सुखोष्ण द्रवों से सिंचन करते हुए जो सेक दिया जाता है उसे ही परिषेक कहते हैं। अष्टांग हृदय में परिषेक का द्रवस्वेद में वर्णन किया गया है।

अवगाह स्वेद वर्णन

इस विधि का विवरण द्रव स्वेद में किया गया है। द्रव स्वेद की अवगाह एवं परिषेक दो विधियाँ बताई है। जहाँ अवगाह का स्वतन्त्र परिचय दिया गया है उसे चरक के इन तेरह प्रकारों में वर्णित अवगाह के साथ यहाँ दिया जा रहा है प्रायः उष्ण जल को द्रोणी में भरकर रोगी को बिठाया जाता है जैसा कि आजकल योगिक प्रक्रियाओं, प्राकृतिक चिकित्सा तथा पंचकर्म में विविध धातु तथा सिमेन्ट आदि के टब बनाए जाते हैं।

[1]अवगाहस्वेदनिरूपणम्

वातहरोत्क्वाथक्षीरतैलघृतपिशितरसोष्णसलिलकोष्ठकावगाहस्तु यथोक्त एवावगाहः।

च० सू० १४।४५

१. (क) आचार्य सुश्रुत ने अवगाह स्वेद का द्रव स्वेद के अन्तर्गत वर्णन किया है।

तैरेव वा द्रवैः पूर्णं कुंडं सर्वांगगेऽनिले।
अवगाह्याऽऽतुरस्तिष्ठेदर्शः कृच्छ्रादिरुक्षु च॥

अ० हृ० सू० १७।८

तैरेव पूर्वोक्तैः स्वेदद्रवैः पूर्णं कुंडं भृशमवगाह्य प्रविश्याऽऽतुरो रोगी तिष्ठेत्। कीदृशे दोषे इत्याह सर्वांगगेऽनिले सर्वशरीरव्यापिनि वायौ तथार्शः प्रभृति रोगकष्टपीडासु। आदिग्रहणेन हस्तपादपीडासु वा। कुंडग्रहणमुपलक्षणार्थम्। तेन कूपकुटी स्वेदौ च वेद्यौ। संग्रहे उक्तम्। शयनस्याऽर्धोविस्तारद्विगुणखाते कूपे वातहरदारुकरीषाद्यन्यतरपूर्णदग्धे विगत धूमे स्वास्तीर्णशयनस्थं स्वेदयेदिति कूपस्वेदः। कुटीं नाऽत्युच्चविस्तारां वृत्तामच्छिद्रामुपनाहद्रव्यकल्कघनप्रदिग्धकुड्यां सर्वतो विधूमप्रदिप्तखादिरांगारपूर्णहसंतिकासमूहपरिवृतां विधाय तन्मध्यस्थितशय्यास्थं स्वेदयेदिति कुटीस्वेदः। पद्मोत्पलादिभिः सक्तुपिड्या वाऽऽच्छाद्य चक्षुषी। शीतैर्मुक्तावलीपद्ममुकुलोत्पलभाजनैः। मुहुः करैश्च सजलैः स्विद्यतो हृदयं स्पृशेदिति। अरुणदत्तः।

…परिषेक क्वाथैः पूर्णं कुण्डमवगाह्यानुप्रविश्यातुरहृदयादीन रक्षंस्तिष्ठेत्। (चन्दनन्दनः)

—अर्शः कृच्छ्रादि रुक्षु आदि शब्देन योनि शूल गुल्मादयो गृह्यन्ते। कुण्ड ग्रहणमुपलक्षणार्थम्। कटाह द्रोण्योरपि ग्रहणम्। (परमेश्वरः)।

द्रोण्याम अवगाहस्वेदः

कण्ठावगाहामच्छिद्रां तावदेवायतां समाम्।
द्रोणिं पायस निष्क्वाथकृशराक्षीरपूरिताम्।
कृत्वा तस्यां सुखोष्णायां स्वभ्यक्तं वातरोगिणम्॥
ज्ञात्वावगाहयेत्तावद्यावत्स्वेदोद्गमो भवेत्॥

भे० सं० सू० २२।२२-२४

जलावगाहस्वेदः

तप्तैः पात्रयुतैर्वापि शुद्धैर्वा सलिलैर्भिषक्।
स्वभ्यक्तगात्रस्य ततः सलिलस्वेदमाचरेत्॥

भे० सं० सू० २२।२४-२५

(ख) आचार्य वाग्भट ने भी अवगाहन के लिए द्रव्यों का उल्लेख द्रवस्वेद में किया है।

(ग) भावप्रकाश में द्रोणी बनाने की विधि का वर्णन भी द्रवस्वेद प्रकरण में ही किया है।

कटाहद्वाराऽवगाहस्वेदः

इदृशैरेव सलिलैः कटाहे चार्धपूरिते ।
प्रवेश्य स्वेदयेत्स्वेद्यमुदकोष्ठः प्रकीर्तितः ।

भे० सं०सू० २२।२५-२६

अवगाहः स्वेद विधिः

मुहूर्त्तकं समारभ्य यावत्स्यातच्चतुष्टयम् ।
तावत्तदवगाहेत यावदारोग्यनिश्चयः ॥
एवं तैलेन दुग्धेन सर्पिषा स्वेदयेन्नरम् ।
एकान्तरो द्वयन्तरो वा युक्तः स्नेहोऽवगाहने ॥
शिरामुखैर्लोमकूपैर्धमनीभिश्च तर्पयेत् ।
शरीरे बलमाधत्ते युक्तः स्नेहोऽवगाहने ॥
जलसिक्तस्य वर्द्धन्ते यथा मूलेऽङ्कुरादयः ।
तथैव धातुवृद्धिर्हि स्नेहसिक्तस्य जायते ॥
नातः परतर कश्चिदुपायो वातनाशनः ॥

भाव० प्र० स्वेदा०

एतावता क्वाथो दुग्धञ्च नित्यमेव युज्यते स्नेहस्तु दिनमेकं द्वे वा दिने गमयित्वा युक्तः । अग्निमान्द्यशङ्कया इति भावः ।

भाव० प्र०

अवगाह स्वेदन परिचयः

हि० व्या०—वातहर द्रव्यों के क्वाथ, दूध, तैल, घृत, मांस रस तथा गर्मजल के पात्र में बैठाकर स्वेदन किया जाना अवगाहन स्वेद है। कवोष्ण जल में बिठाकर आजकल टब बाथ कराने का प्रयोग प्रचलित है।

अष्टांग हृदय में लिखा है कि द्रवस्वेद में प्रयुक्त द्रव्यों को पकाकर स्नेह आदि मिलाकर तैयार किए क्वाथ से द्रोणी भरकर उसमें रोगी को बिठाना अवगाहस्वेद कहलाता है। यह स्वेद सर्वाङ्गव्यापी वातरोगियों तथा अर्श व मूत्रकृच्छ्र आदि रोगों में उपयोगी है। टीकाकार अरुणदत्त ने आदि शब्द से हाथ एवं पाँव की पीड़ा का अर्थ लिया है तथा परमेश्वर ने योनिशूल गुल्मादि का भी ग्रहण किया है।

रोगी के कण्ठ तक गहरी एवं उतनी ही चौड़ी छिद्ररहित द्रोणी में खीर, क्वाथ, खिचड़ी, एवं दूध आदि भर दें उसके सुखोष्ण होने पर स्नेह से अभ्यंग किए हुए वातरोगी को उसमें प्रवेश करा दें। जब पसीने आने लगे तब सम्यक् अवगाह समझना चाहिए। अवगाहन प्रयोग में लाया जाने वाला स्नेह सिराओं के मुखों, लोमकूपों तथा धमनियों के द्वारा शरीर का तर्पण करता है। जिस प्रकार जल सींचने से वनस्पतियों में अंकुरोत्पत्ति होती है। उसी

प्रकार स्नेह द्वारा स्नेह सिक्त करने से शारीरिक धातुओं की वृद्धि होती है। अतः इस अवगाहन से उत्तम विधि वातरोगियों के लिए और कोई नहीं है। इस अवगाहन विधि को कब समाप्त करना चाहिए इसके लिए लिखा है कि शीत एवं शूल की शान्ति हो जाने पर अङ्ग स्तब्धता एवं शारीरिक गुरुता नष्ट हो जाने पर, अग्नि प्रदीप्त हो जाने पर तथा शरीर में मृदुता आने पर स्वेदनविधि का समापन कर देना चाहिए।

आचार्य भेल ने अवगाह स्वेद को तीन प्रकारों का उदकोष्ठ, अवगाह तथा सलिल स्वेद के रूप में प्रकट किया है। तथा पृथक विधि का भी निर्देश किया है। उदकोष्ठ स्वेदमें सलिल स्वेद के समान ऊष्ण जल से बड़ी कड़ाही को भर दें। इसमें रोगी को प्रवेश कराके स्वेदन कराना उदकोष्ठ स्वेद कहा जाता है।

भाव प्रकाश में अवगाह स्वेदन विधि का वर्णन करते हुए लिखा है कि—द्रव स्वेद विधि में बताए गए प्रयोग द्वारा जल सिंचित करते हुए या क्वाथ सिंचित करते हुए जब जल रोगी की नाभि से छे अङ्गुल ऊपर तक भर जाए तब उस क्वाथ या जल में एक मुहूर्त से ४ मुहूर्त तक बैठा रहे। इसी विधि से तैल, दूध या घृत को उष्ण करके स्वेदन करावें। इसमें स्नेह से अवगाहन कराने में एक दिन अथवा दो दिन का अन्तराल होना चाहिए। यह अवगाहन तब तक करावे जब तक निश्चितरूप से आरोग्यप्राप्ति न हो जाए।

जेन्ताकस्वेद निरूपणम्

अथ जेन्ताकं चिकीर्षुर्भूमिं परीक्षेत्, तत्र पूर्वस्यां दिश्युत्तरस्यां वा गुणवति प्रशस्ते भूमिभागे कृष्णमृत्तिके सुवर्णमृत्तिके वा परीवापपुष्करिण्यादीनां जलाशयानामन्यतमस्य कूले दक्षिणे पश्चिमे वा सूपतीर्थे समसुविभक्तभूमिभागे सप्ताष्टौ वाऽरत्नीरुपक्रम्योदकान्प्राङ्मुखमुदङ्मुखं वाभिमुखतीर्थं कूटागारं कारयेत्, उत्सेधविस्तारतः परमरत्नीः षोडशः समन्तात् सुवृत्तं मृत्कर्मसम्पन्नमनेक वातायनम्; अस्य कूटागारस्यान्तः समन्ततो भित्तिमरत्निविस्तारोत्सेधां पिण्डिकां कारयेदाकपटात्, मध्ये चास्य कूटागारस्य चतुष्किष्कु मात्रं पुरुषप्रमाणं मृण्मयं कन्दुसंस्थानं बहुसूक्ष्मच्छिद्रमङ्गारकोष्ठकस्तम्भं सपिधानं कारयेत्। तं च खादिराणामश्वकर्णादीनां वा काष्ठानां पूरयित्वा प्रदीपयेत्। स यदा जानीयात् साधु दग्धानि काष्ठानि गतधूमानि, अवतप्तं च केवलमग्निना तदग्निगृहं स्वेदयोग्येन चोष्मणा युक्तमिति तत्रैनं पुरुषं वातहराभ्यक्तगात्रं वस्त्रावच्छन्नं प्रवेशयेत्,

प्रवेशयंश्चैनमनुशिष्यात्—"सौम्य ! प्रविशकल्याणायारोग्याय चेति, प्रविश्य चैनां पिण्डिकामधिरुह्य पार्श्वयोरपरपार्श्वाभ्यां यथासुखं शयीथाः, न च त्वया स्वेदमूर्च्छापरीतेनापिसता पिण्डिकैषा विमोक्तव्याऽऽप्राणोच्छ्वासात्, भ्रश्यमानो ह्यतः पिण्डिकावकाशाद् द्वारमनधिगच्छन् स्वेदमूर्च्छापरीततया सद्यः प्राणाञ् जह्याः, तस्मात् पिण्डिकामेनां न कथञ्चनमुञ्चेथाः, त्वं यदा जानीयाः-

विगताभिष्यन्दमात्मानं सम्यक्प्रस्तुतस्वेदपिच्छं सर्वस्रोतो विमुक्तं लघुभूतमपगत-विबन्धस्तम्भसुप्तिवेदनमिति, ततस्तां पिण्डिकामनुसरन् द्वारं प्रपद्येथाः, निष्क्रम्य च न सहसा चक्षुषोः परिपालनार्थं शीतोदकमुपस्पृशेथाः, अपगतसन्तापक्लमस्तु मुहूर्तात्सुखोष्णेन वारिणा यथान्यायं परिषिक्तोऽग्नीयाः, इति जेन्ताकः स्वेदः ॥

च० सू० १४।४६ अ० सं० सू० २६ ।

जेन्ताकविधिमाह—अथेत्यादि । अथ शब्दो मंगल आनन्तर्ये वा, पूर्वस्या-मुत्तरस्यां वा इति ग्रामाद्वोद्धव्यम्, गुणवतीति सम्यक् प्ररोहादियुक्तेन, प्रशस्तभूमिभागत्वं तुषांगरादिरहितत्वेन । परीवापो=दीर्घिका । सुष्ठुच उपसमीपे तीर्थं यस्य तस्मिन् सुपतीर्थे । अरत्निर्हस्तः । प्राङ्मुखमिति पश्चिमे, उदङ्मुखामिति—दक्षिणे, एवं ह्यभिमुखं तीर्थंस्यात् । कूटागारमिति वर्तुला-गारम् । आकपाटादित्यनेन द्वारपर्यन्तं लक्षयति । किष्कुर्हस्तः । पुरुषप्रमाणमि-त्यूर्ध्वतः । कन्दुः=कन्दाकाराग्निस्थानं । अंगारार्थं कोष्ठोऽवकाशो विद्यते यस्मिन् सोऽङ्गारकोष्ठकः स एव स्तंभः इत्यङ्गारकोष्ठकस्तंभः । खादिराणामिति-पूरणेषष्ठी, स इत्यत्र त्वमित्यध्याहार्यं, जानीया इत्यर्थः । किंवा, जनीयादिति पाठः, उत्तरत्रापि प्रपद्येतेति पाठः, एवं च सुगमम् । पिच्छा स्वेदस्यैव पिच्छिलो भागः । सर्वेषु स्रोतः सु विमुक्तमपगतबन्धं सर्वस्रोतोविमुक्तम् ।

अपगतविबन्धस्तु अपगतबलविबन्धो वोद्धव्यः । चक्षुषोः परिपालनार्थमिति अत्रोपतप्तस्य सहसा शीतजलप्रवेशेन शीतजलपरिहत ऊष्मा नयनोपघातं करोती-त्यभिप्रायः । अत्र जेन्ताके भूमिविशेषपरिग्रहजलसान्निध्यादयो मंगलार्थाः; जलसान्निध्यं तु स्वेद्यमानस्य दर्शनेन दृष्टेः परिपालनार्थं च स्यात्, तथा स्वेदा-तियोगप्रतिक्रियार्थं कूटागारस्य जलसान्निध्ये मुखेन करणार्थं च ॥ चक्रपाणिः ॥

जेन्ताक स्वेद

जेन्ताक विधि से स्वेदन कराने हेतु सर्वप्रथम भूमि परीक्षण आवश्यक है । यह भूमि वासस्थान से पूर्व या उत्तर दिशा में निश्चित करना चाहिए । भूमि गुणदायक, प्रशस्त काली या पीली मिट्टी से युक्त होना चाहिए । इस भूमि के आस-पास तलैया या पुष्करिणी (कमल पुष्पों से शोभायमान जलाशय) होना चाहिए । जलाशय में सुरम्य सीढ़ियाँ बनी हों । वह भूमि जलाशय के दक्षिण या पश्चिम तट पर होनाा चाहिए । भूमिभाग समतल होना चाहिए । जलाशय से ७ या ८ हाथ पर पूर्व मुख या उत्तर मुख वाला गोलाकार कूटागार बनाना चाहिए । कूटागार का मुख्य द्वार जलाशय की सीढ़ियों पर खुलना चाहिए । इस कूटागार की लम्बाई और चौड़ाई १६ हाथ होनी चाहिए । इसकी दीवार मिट्टी से अच्छी प्रकार लिपी गई हों । इस गृह में अनेक खिड़की होना चाहिए । इस गृह के भीतर चारों तरफ दीवारों से सटा हुआ एक अरत्नि (१ हाथ) की ऊंचाई और चोड़ाई में चबूदरा बनाना चाहिए । कूटागार के मध्यभाग में चार हाथ लम्बा मिट्टी का गोलाकार अनेकों छिद्र युक्त अंगार

कोष्ठक बनाना चाहिए जिसमें ऊपर से ढक्कन भी हो अंगार कोष्ठक में खदिर या अश्वकर्ण आदि वातघ्न औषधियों को डालकर आग लगाना चाहिए। औषधियाँ जलकर जब निर्धूम अग्नि से अंगारकोष्ठक और कूटागार तप्त हो गया हो तब स्वेदन करने योग्य पुरुष (व्यक्ति) के शरीर में वातनाशक तैल का अभ्यङ्ग कराकर वस्त्र से ढककर कूटागार में प्रवेश कराना चाहिए । रोगी को समझा देना चाहिये कि अपने कल्याण और रोग निवृत्ति के लिए कूटागार में प्रवेश करो और किनारे पर बने चबूतरे पर लेट कर क्रमशः करवट बदलते हुए सुखपूर्वक शयन करो । चबूतरे पर शयन करते हुए पसीना से अधिक पीड़ित हो जाने पर भी या मूर्च्छा आ जाने पर जब तक शरीर में श्वास प्रश्वास रहे तब तक चबूतरे पर लेटा रहना क्योंकि चबूतरे से गिरने पर पीड़ा के कारण मुख्य द्वार तक न पहुंचकर शरीर का नाश हो सकता है । रोगी जब अपने को कफदोष से रहित समझने लगे, या शरीर के सभी स्रोत खुल जाए, शरीर में हल्कापन महसूस हो, और शरीर की जकड़ाहट, शून्यता, वेदना निकल गई हो तब चबूतरे के सहारे-लेटे ही लेटे मुख्य द्वार पर आकर उस कूटागार से बाहर निकलना । निकलकर नेत्रों की रक्षा करने के लिए शीतल जल से स्नान नहीं करना, शरीर से संताप और श्रम दूर हो गया है ऐसा अनुभव होने के पश्चात् कुछ गरमजल से परिषेककर उसके बाद भोजन करना ।

नाड़ीस्वेदद्रव्याणां जलकोष्ठक अवगाहस्वेदेऽपि प्रयोगनिर्देशः

एत[1] एव च निर्यूहाः प्रयोज्या जलकोष्ठके ॥

च० सू० १४।३४

हि० व्या०—अवगाह स्वेद की औषधियाँ—नाड़ी स्वेद में निर्दिष्ट औषधियों का क्वाथ बनाकर क्रमशः वात, वातकफ, और पित्तानुबन्धी वात रोगों में एक वृहत् पात्र में रखकर) उसमें बैठने या तैरने को या अंग विशेष को डुबोकर स्वेदन करने पर अवगाह स्वेद कहलाता है । अर्थात् नाड़ी स्वेद में निर्दिष्ट औषधियों का क्वाथ बनाकर अवगाहस्वेद में प्रयोग करना चाहिए ।

अश्मघनस्वेदनिरूपणम्

शयानस्य प्रमाणेन घनाश्ममयीं शिलाम् ।
तापयित्वामारुतघ्नैर्वारुभिः संप्रदीपितैः ॥
व्यपोह्य सर्वानङ्गरागान प्रोक्ष्य चैवोष्णवारिणा ।
तां शिलामथ कुर्वीत कौषेयाविकसंस्तराम् ॥

---

१. एत एवेति नाडीस्वेदोक्तास्त्रयोऽपि । जलकोष्ठोऽवगाहार्थकृतं महज्जल-पात्रम् । (चक्रपाणिः)

तस्यां स्वभ्यक्तसर्वांगः स्वपन् स्विद्यति ना सुखम् ।
[1]कौरवाजिनकोषेय प्रावाराद्यैः सुसंवृतम् ॥
इत्युक्तोऽश्मघनस्वेदः,

च० सू० १४।४७-४९

पुरुषाययाममात्रमधिक वा घनं सम च शिलातलं भूप्रदेशं वा वातहरदारु-दीप्तेनाग्निनासर्वतस्तापयित्वाऽग्निमपोह्योष्णोदकाम्लादिभिरभ्युक्ष्य यथोक्तप्रच्छदे संस्तरवत्स्वेदयेदिति घनाश्मस्वेदः ।

अ० सं० सू० २६।

घनाश्मस्वेद उच्यते । पुरुषेत्यादि पुरुषाययाममात्रं सार्धहस्तत्रयमात्रमतोऽपि वा किञ्चिदधिकप्रमाणं शिलातलं घनमभङ्गुरं सममनिम्नोन्नतमेवं विधं वा प्रमाणगुणाभ्यां भूप्रदेशं सर्वतोदिक्कमुपर्यधश्च वातहरदार्वग्निना प्रताप्य अग्नि-मनन्तमपोह्यान्यतः कृत्वा तत्तप्तं शिलातलं भूप्रदेशं वा उष्णोदकेनाम्लादिभि-श्चकाञ्जिकमूत्रादिभिरभिषिच्य यथोक्तप्रच्छदे पूर्वोक्तवातहरपत्र प्रच्छदे संस्तर-स्वेदोक्तप्रकारेण स्वेदयेदिति घनाश्म स्वेदः ॥ इन्दुः ॥

हि० व्या०—मनुष्य के शयन प्रमाण की शिला लेकर उस पर वातनाशक (दारुहरिद्रा आदि की) लकड़ी जलाकर गर्म करें। भली प्रकार गर्म होने पर अंगारों को पृथक् करके तथा शिला को गर्म पानी से अथवा कांजी से साफ करके जब वाष्प निकलने लगे तब उस शिला पर रेशमी या गर्म वस्त्र बिछा दें, जिसे स्वेदन कराना हो उसको सर्वांग में अभ्यंग करके उस पर सुला दें उसे सूती वस्त्र, मृगचर्म रेशमी वस्त्र या कबम्ल से ढक दें। इससे सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है यही अश्मघनस्वेद हैं। इसे वाग्भट ने घनाश्म स्वेद नाम दिया है।

भूस्वेदनिरूपणम्

य एवाश्मघनस्वेद विधिर्भूमौ स एव तु
प्रशस्तायां निवातायां समायामुपदिश्यते ॥

च० सू० १४।५५

हि० व्या०—अश्मघन स्वेद विधि से समतल, प्रशस्त भूमि एवं निवात स्थान पर जो स्वेद विधि की जाय उसे भूस्वेद या भूमि स्वेद कहा जाता है।

[2]कर्षूस्वेदनिरूपणम्

खानयेच्छयनस्याधः कर्षूं स्थानविभागवित् ।
दोप्तैरधूमैरङ्गारैस्तां कर्षूं पूरयेत्ततः ।
तस्यामुपरिशय्यायां स्वपन् स्विद्यति ना सुखम् ।

च० १४।५०-५१

१. कौरवं कार्यासम् । चक्रपाणिः ।
२. कर्षूः—अभ्यन्तरविस्तीर्णः स्वल्पमुखो गर्तः । चक्रपाणिः ।

पुरुषायाममात्रां च भूमिमुत्कीर्य खादिरैः ।
काष्ठैर्दग्ध्वा तथाऽभ्युक्ष्यक्षीरधान्याम्लवारिभिः ।
पत्रभङ्गैरवच्छाद्य शयानं स्वेदयेत्ततः ।

सु० चि० ३२।८-९ भावप्र० पूर्वरव० स्वेदा०

नाडीस्वेदं वाष्पस्वेदे एवाभिधाय भूस्वेदमपि वाष्पस्वेदे एव दर्शयन्नाह—पुरुषेत्यादि । आयामो दैर्घ्यम् । उत्कीर्य खनित्वा । अभ्युक्ष्य सिक्त्वा । पत्रभङ्गैरिति वातघ्नैरण्डादिपल्लवैः । डल्हणः ॥

हि० व्या०—चिकित्सक को चाहिए कि चारपाई के नीचे एक गड्ढा खुदवायें उसमें निर्धूम अंगादे भरें तथा स्वेदन योग्य व्यक्ति को उस चारपाई पर सुलाना चाहिए। इससे सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है। यह कर्षू स्वेद कहलाता है।

भूस्वेद

पुरुष प्रमाण लंबाई के बराबर भूमि खोदकर और उसमें खैर की लकड़ी जलाकर, आग सहित राख आदि साफ कर उस तप्त भूमि (गड्ढे) में दूध, कांजी एवं जल छिड़कना चाहिए, फिर वातघ्न द्रव्यों के पत्ते बिछा, उस पर रोगी को सुलाकर स्वेदन करना चाहिए अथवा पत्थर पर इसी विधि से स्वेदन करना चाहिए। यही भूस्वेद है।

कुटीस्वेद निरूपणम्

अनत्युत्सेधविस्तारां वृत्ताकारामलोचनाम् ।
घनभित्तिं कुटीं कृत्वा कुष्ठाद्यैः संप्रलेपयेत् ।
कुटीमध्ये भिषक् शय्यां स्वास्तीर्णामुपकल्पयेत् ।
प्रवाराजिनकौशेयकुथकम्बलगोलकैः ।
हसन्तिकाभिरङ्गारदूर्णाभिस्तां च सर्वशः ।
परिवार्यान्तरारोहेदभ्यक्त. स्विद्यते सुखम् ॥

च० सू० १४।५२-५४

अनत्युत्सेधविस्तारामिति स्वल्पप्रमाणोच्छ्रायविस्ताराम्; अलोचनां=निर्जालिकाम् । कुष्ठाद्यैरिति अत्रादिशब्दः प्रकारवचन, तेनोष्णसुगन्धिद्रव्यैरिति भवति । हसन्तिकाऽङ्गारधानिका, परिवार्येति हसन्तिकाभिरित्यनेन सम्बध्यते तामिति उपकल्पितशय्यां कुटीं आरोहेदिति सम्बन्धः ॥चक्रपाणिः ॥

पूर्ववत् कुटीं वा चतुर्द्वारां कृत्वा तस्यामुपविष्टस्यान्तश्चतुर्द्वारेऽङ्गारानुपसन्धाय तं स्वेदयेत् ॥

सु० चि० ३२।१०

वाष्पस्वेदे एव कुटीस्वेदं दर्शयन्नाह—पूर्ववदित्यादि । शिलातल वाष्पस्वेदो कुटीस्वेदेऽपि संबध्यते । अङ्गारानुपसन्धाय अङ्गारानारोप्य । पूर्ववदित्यनेन

दग्ध्वा, भस्मापोह्य अभ्युक्ष्य च, द्वारमुखैर्बाष्पमुद्वमन्त्यां तस्यामन्तर्मध्ये स्थितं स्वेदयेत् ॥ डल्हण: ॥

सुलिप्तां संवृतद्वारां यन्त्रितां कारयेत्कुटीम् ।
हस्त्यागारमितां हृद्यां शिलास्तीर्णतलां दृढाम् ।
तस्याश्चुल्ल्यौ च कर्तव्ये अधस्तात्पार्श्वसंवृते ।
तत्र स्थाल्यौ प्रतिष्ठाप्य सर्वतः परिवृंहयेत् ।
स्थाल्यौ तप्ते कुटिश्चापि यदा तेनोष्मणा तदा ।
सर्वाङ्गं रोगि पुरुषः प्रविशेत्स कुटिं ततः ।
स्वभ्यक्तगात्रः सुस्विन्नः क्षौमप्रावृतलोचनः ।
ततः प्रवेशयेतत्र शीताम्बुमणिकां शुभाम् ।
क्लान्तः शीताम्बुना तत्र स्पर्शसौख्यमवाप्नुयात् ।
कुटिस्वेद इति ज्ञेयः सद्यो रोगनिबर्हकः ॥

भे० सं० सू० २२।२६-३१

भूगृहेषु च जेन्ताकेष्वुष्णगर्भगृहेषु च ।
विधूमाङ्गारतप्तेषु स्वभ्यक्तः स्विद्यते सुखम् ॥

च० सू० १४।२८

भूगृहेष्विति =भूस्वेदार्थेषु गृहेषु, उष्णगर्भगृहेष्विति कुटीं स्वेदं दर्शयति, स्वभ्यक्त इति सम्यगभ्यक्तः । चक्रपाणिः ।

कुटीं नात्युच्चविस्तारां वृत्तावच्छिद्रमुपनाहकल्कघनप्रदिग्धकुड्यां सर्वतो विधूम प्रदीप्त खदिरांगारपूर्णहसन्तिकासमूह परिवृत्तां विधाय तन्मध्ये च शय्यां तत्रस्थं स्वेदयेदिति कुटीस्वेदः ॥ अ० सं० सू० २६।१४

कुटीं नात्युच्चेत्यादिना कुटीस्वेद उच्यते नात्युच्चविस्तारां कुटीं विधाय तस्याश्च कुट्या मध्ये शय्यां विधाय तत्रस्थं पुरुष स्वेदयेत् । किंभूतां कुटीमाह । वृत्तामन्तः कोणरहितां छिद्रैश्च रहिताम् तथा पूर्वोक्तानां उपनाहस्वेदद्रव्याणां कल्केन घनप्रदिग्धमभितः कुड्य यस्याः सा तथाविधा । किंभूतां शय्यां सर्वतो दिवकं खदिरदार्वाङ्गारपूर्णाभिर्विधूमाभिर्हसन्तिकाभिरग्निशकटीभिः परिवृतामिति कुटीस्वेदः । इन्दुः ॥

हि० व्या०—कुटी स्वेद हेतु इस प्रकार का मकान (कमरा) बनावें जो न अधिक ऊँचा हो और न अधिक चौड़ा हो एवं गोलाई लिये हुए (गोल), जिसमें एक भी खिड़की न हो, दीवारें मोटी हों, उस पर कुष्ठादि वातहर औषधियों की लिपाई की हुई हो, इस प्रकार की कुटी में चारपाई पर सुन्दर बिछाने के वस्त्र हों तथा ऊनी कपड़े, मृगचर्म, रेशम वस्त्र कम्बल भेड़ की ऊन का कम्बल, सन के वस्त्र आदि में से यथोपलब्ध वस्त्र रखा होना चाहिए । इसमें चारपाई के नीचे दहकते हुए अंगारों की अंगारधानिका (तापने आदि के काम में लाई

जाने वाली अंगीठी) रख दें । वातनाशक तैलों का मर्दन किए हुए व्यक्ति को उस पर बिठा दें । इससे सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है ।

आचार्य सुश्रुत लिखते हैं कि चार द्वार वाली कुटी बनाकर उसमें रोगी को बिठावें, चारों द्वारों पर अग्नि (अंगारयुक्त पात्र) रखकर स्वेदन कराना चाहिए । इस स्वेद में चारों द्वारों से हवा के द्वारा ऊष्मा अन्दर प्रवेश करने से रोगी का स्वेदन हो जाता है ।

भूगृह (भूमि में बनाया घर) या तहखाना, जेन्ताक में उष्ण गर्भ घर में धूमरहित अंगार रखकर तप्त करें । उसमें सर्वाङ्ग वातनाशक तैलों से मर्दन किए हुए व्यक्ति के सोने से सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है ।

कुम्भीस्वेद निरूपणम्

कुम्भीं वातहरक्वाथपूर्णां भूमौ निखानयेत् ।
अर्धभागं त्रिभागं वा शयनं तत्र चोपरि ॥
स्थापयेदासनं वापि नातिसान्द्रपरिच्छदम् ।
अथ कुम्भ्यां सुसन्तप्तान् प्रक्षिपेदयसोगुडान् ॥
पाषाणान् वोष्मणा तेन तत्स्थः स्विद्यति नासुखम् ।
सुसंवृताङ्गः स्वभ्यक्तः स्नेहैरनिलनाशनैः ।

च० सू० १४।४६-४८

शयनं तत्र चोपरीति अत्र कुम्भिकोपरि शयनं खट्वादि तथा कर्तव्यं यथा कुम्भीका न भज्यते । तत्स्थ इति यथोक्तशयनासनस्थः ॥ चक्रपाणि: ।

पूर्ववत्स्वेदद्रव्याणि कुम्भ्यामुत्क्वाथ्योपश्लिष्योपविष्टस्तद्वदुष्माणं गृह्णीयात् । भूमौ वा तां निखायतद्वर्वमासनं शयनं वा नातिघनप्रच्छदं परितः प्रलम्बकुथाकम्बलगोणिकं निधाय तत्रस्थोष्माणं गृह्णतः कुम्भ्यामग्निवर्णानि-योगुडानुपलांश्च शनैर्निमज्जयेदिति कुम्भीस्वेदः ।

अ० सं० सू० २६।१२॥

कुम्भीस्वेद उच्यते । पूर्ववदित्यादि । पूर्ववन्नाडीः स्वेदद्रव्याणि कुम्भ्यामुत्क्वाथ्य तां कुम्भीमाश्लिष्य उपविष्टः सन् अस्याः कुम्भ्या ऊष्माणं गृह्णीयादित्येकः प्रकारः कुम्भीस्वेदस्य : अथवा वातहरक्वाथपूर्णां कुम्भीं भूमि खनिजा निधाय तस्या उपरि शयनं जानुमात्रोच्चमासनं वा निधेयम् । तस्मिंश्च नातिघनं प्रच्छदं कुथाद्यन्यतमं सर्वतोदिक्कमाभूमिसंयोगात् प्रलबमानं कार्यम् । तत्र तस्मिञ्छयन आसने वा स्थितस्य पुरुषस्योष्माणमधस्थित कुम्भी-संक्रान्तं गृह्णतस्तस्यां कुम्भ्यां वाष्पापरिक्षयाय पुनः पुनरग्नितप्तानयः पिण्डान् तप्तांश्चोपलान् निमज्जयेदिति कुम्भीस्वेदः । इन्दुः ॥

हि० व्या०—वातनाशक औषधियों के क्वाथ से एक घड़ा भरकर, उसे आधा या तीन चौथाई भाग तक पृथ्वी में दबा दें । उसके ऊपर सोने के लिए

चारपाई या बैठने योग्य खटोला रख दें। उस पर बिछाने वाला कपड़ा अधिक मोटा नहीं होना चाहिए। उस पर स्वेदन कराने योग्य व्यक्ति को अभ्यंग कराकर, कपड़ा से ढककर बिठा दें। तत्पश्चात् उस घड़े में लोह का अथवा पाषाण का टुकड़ा आग में तप्त करके डाल दें इससे क्वाथ गर्म हो जाएगा एवं भाप निकलने लगेगी जिससे स्वेदन हो जाएगा।

वाग्भट के अनुसार शयन अथवा बैठने की वस्तु पर बिछाया जाने वाला कपडा इतना नीचे हो कि चारों तरफ से चारपाई के नीचे का रिक्त स्थान ढक जाए जिससे कि वाष्प चारपाई के द्वारा रोगी तक पहुँचती रहे। अन्यथा सभी तरफ फैलने का भय रहेगा।

कूपस्वेद निरूपणम्

कूपं शयनविस्तारं द्विगुणं चापि वेधतः।
देशे निवाते शस्ते च कुर्यादन्तः सुमार्जितम्॥
हस्त्यश्वगोखरोष्ट्राणां करीषैर्दग्धपूरिते।
स्वक्छन्नः सुसंस्तीर्णेऽभ्यक्तः स्विद्यति नात्र सुखम्॥

च० सू० १४।५६-६०

कूपमिति कूपमिव कूपं गंभीरत्वेन। द्विगुणमिति विस्तारादवोद्धव्यम्। वेधत इत्यधः खनय प्रमाणेन। सुसंस्तीर्ण इति सुष्ठु संस्तीर्णे आच्छादिते, शय्यया खट्वोपरिस्थितया आच्छादिते कूपे इति बोद्धव्यम्। चक्रपाणिः॥

शयनस्याधो विस्तारद्विगुणखाते कूपे वातहरदारुकरीषान्यतरपूर्णदग्धे विगतधूमे स्वास्तीर्णं शयनस्थं स्वेदयेदिति कूपस्वेदः॥

अ० स० सू० २६।१३

शयनस्येत्यादिना कूपस्वेद उच्यते। शयनस्याधोविस्तारात् द्विगुणमधः खातं कूपं कृत्वा वातहरैर्द्रव्यैः करीषेण गोमयेन च चूर्णं कृत्वा विगतधूमं च ज्ञात्वा तस्योपरिस्थ शय्यायां तिष्ठन्तं स्वेदयेदिति। विस्तारस्य च शयनान्तममत्वं सामर्थ्यलभ्यमिति कूपस्वेदः॥ इन्दुः॥

हि० व्या०—वायुरहित भूभाग में, जो विषम न हो उस स्थान पर चारपाई के परिमाण का गढ़ा बनावें (जो लंबा प्रायः लम्बाई से अधिक गहरा हो एवं कूप के आकार का हो) उसके अन्तःभाग को भली प्रकार साफ कर लें। उसमें हाथी, घोड़े, गाय, गधा और ऊँट इनके सूखे गोबर के टुकड़े भर कर उसमें आग लगा दें वह धूमरहित हो जाए तब उस पर एक चारपाई रख कर उस पर अच्छा आसन लगा दे (बिस्तरा) उस पर अभ्यंग किए हुए रोगी को चादर ओढ़ाकर सुला दें। इससे सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है।

होलाक स्वेद निरूपणम्

धीतीकां तु करीषाणां यथोक्तानां प्रदीपयेत्।
शयनान्तः प्रमाणेन शय्यामुपरि तत्र च॥

सुदग्धायां विधूमायां यथोक्तामुपकल्पयेत्।
स्वक्छन्नः स्वपंस्तत्राभ्यक्तः स्विद्यति नात्र सुखम्॥
होलाक स्वेद इत्येषः सुखः प्रोक्तो महर्षिणा।
इति त्रयोदशविधः स्वेदोऽग्निगुणसंश्रयः॥

च० सू० १४।६१-६३

धीतीकामिति होलाकस्वेदः। धीतीका = शुष्कगोमयादिकृतोऽग्न्याश्रयविशेषः। यथोक्तानामिति पूर्वोक्तहस्त्यश्वादिभवानाम्। शयनान्तः प्रमाणेति "धीतीकां कृत्वा" इत्यध्याहार्यं योज्यम्। यथोक्तामिति नातिसान्द्रपरिच्छदाम्। उपसंहरति इतीत्यादि। साक्षादग्नेर्गुणमुष्णत्वमाश्रित्य स्वेदयतीत्यग्निगुणसंश्रयः॥ चक्र पपाणिः॥

हि० व्या०—जैसा कि पूर्व में बताया गया है (कूपस्वेदे) हाथी, घोड़े, गाय आदि के सूखे गोबर खण्डों को एक शयन प्रमाण की अंगीठी में भरकर जलावें, निर्धूम होने पर उस पर चारपाई बिछा दें। वातनाशक-तैलाभ्यंग कराकर रोगी को कपड़ा ओढ़ाकर सुला दें। इस प्रकार शयन से सुखपूर्वक स्वेदन हो जाता है इसे महर्षियों ने होलाक स्वेद कहा है।

चतुर्विध साग्नि स्वेद निरुपण

चरकोक्त स्वेदन प्रकारों द्वारा साक्षात् या किसी माध्यम से ताप एवं ऊष्मा का संचार एकांग अथवा सर्वांग शरीर में स्वेदनार्थ कराया जाता है। स्वेदन के उपकरणों में जल-तैलादि को उष्णरूप में रुग्ण स्थान पर, धारा रूप में अथवा तरल में रखते हुए स्वेदन कराया जाता है। अन्यविधियों में उपनाह (पुल्टिस) रूप में या पोटली आदि में आवश्यक द्रव्य रखकर ताप करते हुए स्वेदन कराया जाता है। अतः कुछ आचार्यों ने विषय स्पष्टीकरण अथवा प्रयोग करने की सुविधा की दृष्टि से समस्त प्रकारों को प्रमुख चार भागों में विभक्त किया है—ताप, ऊष्म, उपनाह एवं द्रवस्वेद, इनमें तथा चरकोक्त प्रकारों में मौलिक रूप से कोई अन्तर नहीं हैं। यहां इन चारों विधियों का यथाक्रम वर्णन किया जा रहा है

अग्निसंयोगकृतचतुर्विधस्वेदभेदाः

चतुर्विधोऽग्निस्वेदो भवति। तापोपनाहद्रवोष्णभेदेन।

अ० सं० सू० २६।३१

हि० व्या०—अग्नि स्वेद चार प्रकार के होते हैं—(१) तापस्वेद (२) उपनाह स्वेद (३) द्रव स्वेद (४) उष्मस्वेद।

[1]चक्रपाणि ने चक्रदत्त में ऊष्म स्वेद के स्थान पर वाष्प स्वेद का उल्लेख किया है।

---

१. तापोपनाहद्रववाष्पपूर्वाः—चक्रदत्त स्वेदाधिकारे श्लोक-१६

दोषविशेषे स्वेदचतुष्टयानां विषयनिर्देशः

तापोपनाहद्रवपाष्पपूर्वाः स्वेदाः ततोऽन्यत्प्रथमौ कफेस्तः ।
वायौ द्वितीयः पवने कफे च पित्तोपसृष्टे विहितस्तृतीयः ॥

चक्रदत्तः ।

एषां स्वेदानां विषयमाह, तत्: इत्यादि । तत इति । मप्तस्यन्तात् तसिः । तेषु स्वेदेषु मध्ये आद्यन्त स्वेदौ तापस्वेद-वाष्पस्वेदौ कफे स्तः । द्वितीय इति—उपनाहो वायौ । तृतीय इति द्रव स्वेदः पित्तोपसृष्टे वाते कफे च भवति; सुश्रुतेऽप्युक्तं "तत्र तापोष्मस्वेदौ विशेषतः श्लेष्मघ्नौ । उपनाहस्वेदो वातघ्नः । अन्यतरस्मिन् पित्तसंसृष्टे द्रवस्वेदः" (चि० ३२ अ०) इति । ननु पित्तोपसृष्टे कथं स्वेदो वातश्लेष्मणि वाते वेत्यनेनैव विरोधात् ? उच्यते – पित्तयुक्तेऽपि द्रवस्वेदविधानात्वातश्लेष्मणीत्यादिवचनं प्रायिकंज्ञेयमिति ॥ शिवदाससेनः ॥

हि० व्या०—पूर्व में वर्णित चारों प्रकार के स्वेद भेदों का दोषानुसार प्रयोग क्रम का उल्लेख करते हुए चक्रदत्त में लिखा है कि—

१ तापस्वेद एवं वाष्प स्वेद का-कफज रोगों में
२ उपनाह स्वेद का प्रयोग वायु रोगों में तथा
३ पित्त युक्त कफ या वायु में द्रव स्वेद का प्रयोग कराना चाहिए ।

तापस्वेद वर्णनम्

तापस्वेदोपकरणानि

तत्र तापस्वेदः पाणिकांस्यकन्दु[1]ककपालबालुकावस्त्रैः प्रयुज्यते, शयानस्य चाङ्गतापो बहुशः खादिराङ्गारैरिति ।

सु० चि० ३२।४

तत्र तापस्वेदः पाणिकांस्यफालबालुकावस्त्रघटिकादिभिः साक्षादग्निना च प्रयोक्तव्यः ॥ अ० सं० सू० २८।४

तापोऽग्नितप्तवस[2]तफालहस्ततलादिभिः ।

अ० हृ० सू० १७।३

---

१. कन्दुकम् अपूपपाचनभाण्डम् । कपालं ज्वालातप्तकर्परम् । डल्हणः ।

२. (क) तापस्वेदोऽग्नितप्तेन वसनेन तथा फालेनाऽयोमयेनाऽग्निना तप्तेन तथा हस्ततलेनाऽपि आदिग्रहणाद्दारुबालुकाघटिकाकांस्यपात्रादयो गृह्यन्ते । अरुणदत्तः

(ख) वसनं वस्त्रमूर्णादिमयम् । चंद्रनन्दनः ।

(ग) वस्त्रं पिण्डीकृत्यांगारतापेन तप्तं कृत्वा तेन शनैर्हृदेशे निक्षेपः कार्यः । (परमेश्वरः)

तेषु तापाभिधः स्वेदो बालुकावस्त्र पाणिभिः ।
कपालकन्दुकाङ्गारैर्यथायोग्यं हि जायते ॥

भावप्रकाश पूर्व० खण्ड, द्वितीय भाग स्वेद विधि

अग्निसंयोग कृत चारों प्रकार के स्वेद भेदों का यथाक्रम यहाँ वर्णन किया जा रहा है—

परिचय की दृष्टि से—

१. तापस्वेद—अग्नि सम्पर्क या धातु, कपाल, बालुका वस्त्रादि से अंगों को तपाकर स्वेदन करना ।

२. उपनाह स्वेद—गोधूम यवादि के चूर्ण में अम्ल, स्नेह लवणादि मिश्रित कर पुल्टिस रूप लेप लगाकर उष्ण चर्म या रेशमी वस्त्र से बांधकर स्वेदन कराना ।

३. द्रवस्वेद—वातहर द्रव्यों के क्वाथ, दूध, तैल मांसरस यूषादि से परिपूर्ण पात्र में अवगाहन या परिषेक द्वारा स्वेदन कराना ।

४. वाष्पस्वेद—तप्त पत्थर पर क्वाथादि डालकर निकली उष्मा पर यथाविधि लिटाकर अथवा नाड़ी द्वारा वाष्प से स्वेदन कराना ।[1]

विशेष—आचार्य भावमिश्र ने सुश्रुत के भावों को श्लोकबद्ध किया है—

बालकस्य अवस्थाविशेषे हस्तस्वेदपटस्वेदादिविधानम्

हस्तस्वेदं च शूलेषु बालकानां विधापयेत् ।
षड्वर्षप्रभृतीनां तु पटस्वेदः प्रशस्यते ॥
जातस्य चतुरो मासान् हस्तस्वेदं प्रयोजयेत् ।
अप्रमादी निवातस्थो विधूमाग्न्यूष्मणाशनैः ॥
निवर्तमाने बालस्य सौकुमार्ये यथाक्रमम् ।
प्रवर्तमाने काठिन्ये तेषां स्वेदं प्रवर्धयेत् ।
सन्ति चाप्यपरे बालाः सुकुमाराः सदासुखाः ।
घृतक्षीराशिनः कल्या ईश्वराणां महात्मनाम् ॥
गलकर्णशिरोमन्याकर्णाक्षिचिबुकोरसि ।
अभिष्यन्दात् समुच्छ्वने प्रदेह स्वेद इष्यते ॥ काश्यप

सू० २३, २६-२९ ३४

हि० व्या० तापस्वेद—[2] हाथ (हथेली), कांस्यपात्र, कन्दुक (लोहे की गेंद या कड़ाहीं), कपाल (मिट्टी का ठिकरा), बालू और वस्त्र के द्वारा तथा

---

१. तत्र तापस्वेदोऽग्नितप्तैः पाण्यादिभिः साक्षादव्यवधानेनाग्निना वा प्रयोक्तव्यः । कांस्यः कांस्यमयः पट्टः । फालः शस्त्रपट्टः । बालुका सिकता । घटिकाग्नितप्ता गुल्माद्युच्छेदयोज्या ॥ इन्दुः ।

२. आचार्य वाग्भट ने घटिकादि का अधिक वर्णन किया है । तथा कन्दुक के स्थान पर फाल (शस्त्रपट्ट) का उल्लेख किया है ।

खैर की लकड़ी के अङ्गारों से, लेटे हुए रोगी के अङ्गों को अनेक बार तपाकर तापस्वेद किया जाता है। इस सन्दर्भ में आचार्य वाग्भट एवं परवर्ती आचार्यों के विचार भी समान ही है। (सुश्रुत का अनुकरण ही किया है) बालकों के लिए तापस्वेद के विविध प्रकारों में आचार्य काश्यप द्वारा अवस्थानुसार हस्त एवं पट स्वेद का वर्णन:—

आचार्य [1]काश्यप के अनुसार बालकों के शूलरोग (उदरशूल) में हस्तस्वेद एवं छः वर्ष के बालकों को वस्त्र की पोटली से स्वेदन करना प्रशंसनीय है। नवजात बालक को चार मास तक प्रमादरहित अर्थात् सावधानतया निवात-स्थान में बैठकर निर्धूम अग्नि की ताप के द्वारा धीरे-धीरे हस्तस्वेद का प्रयोग करना चाहिए। शनैः शनैः बालक की सुकुमारता कम होती जाती है एवं शरीर में घनता (कठोरता) आती है। शरीर में कठोरता आ जाने पर स्वेदन बढ़ाना चाहिए। कुछ बालक सुकुमार प्रकृति के तथा सदासुखी होते हैं उन्हें पर्याप्त घृत-दुग्ध सेवन करने को मिलता है तथा वे स्वस्थ होते हैं। अतः उन्हें, सुकुमार होने से मृदुस्वेद कराना चाहिए।

गल, कर्ण, शिर, मन्या, आँख, चिबुक तथा छाती में और अभिष्यन्द रोग के कारण नेत्र में शोथ होने पर बालकों को प्रदेह (प्रलेप) स्वेद करना चाहिए।

उपनाहस्वेदवर्णनम्

उपनाहशब्दस्यनिरूक्तिः परिभाषा च

उपनाह (क) उपनह्यते बध्यते चर्मपट्टादिनेत्यन्वर्थं नामास्योपनाह—इति (अरुणदत्तः)।

(ख) वचादिभिर्यः स्वेदः क्रियते स उपनाहः। हेमाद्रिः

(ग) उपनहनमुपनाहो बन्धनमित्यर्थः (चन्द्रनन्दनः)

(घ) उपनाहशब्दस्त्विह "णह बन्धने" इत्यस्येति (डल्हणः)

(च) उपनाह उष्ण पिण्डबन्धः। (इन्दुः)

उपनाहस्वेदद्रव्य प्रयोगः

गोधूमशकलैश्चूर्णैर्यवानामम्लसंयुतैः।
सस्नेहकिण्वलवणैरुपनाहः प्रशस्यते॥
गन्धैः सुरायाः किण्वेन जीवन्त्या शतपुष्पया।
[2]उमया कुष्ठतैलाभ्यां युक्त्या चोपनाहयेत्॥

१. तापस्वेद के उपकरणों एवं विधियों का काश्यप ने अवस्था एवं प्रयोग स्थल, क्रम से वृद्धि का वर्णन किया है—(१) ४ माह के बालक को हस्तस्वेद (२) ६ वर्ष के बालक को वस्त्र स्वेद (३) शनैः शनैः बालक के शरीर में दृढ़ता आने पर स्वेदन बढ़ाना चाहिए। (४) इसी प्रकार सुकुमार प्रकृति वालों को मृदुस्वेद कराना बताया है।

२. उमया-अत स्या

चर्मभिश्चोपनद्धव्यः सलोमभिरपूतिभिः।
उष्णवीर्यैरलाभे तु कौशेयाविकशाटकैः॥

च० सू० १४।३५-३७

गोधूमशकलैर्गोधूमचूर्णैः। किण्वम्=सुराबीजम्। उपनाहो=बहलं लेपं दत्वा चर्मादिभिरावृत्य व्याधियुक्तस्याङ्गस्यबन्धनम्; उपनाहः प्रशस्यते इत्यत्र उपनाहोऽग्निस्वेदो ग्राह्यः। गन्धैश्च सुगन्धिद्रव्यैरुपनाहो बन्धनीयः। उष्णवीर्यैरिति उष्णवीर्यानूपादिप्राणिप्रभवैः, आविकशाटकः=कम्बलः॥ चक्रपाणिः॥

उपनाह स्वेदस्तु वातहरमूलकल्कैरम्लपिष्टैर्लवणप्रगाढैः सुस्निग्धैः सुखोष्णैः प्रदिह्य स्वेदयेत्। एवं काकोल्यादिभिरेलादिभिः सुरसादिभिस्तिलातसीसर्षपकल्कैः कृशरापायसोत्कारिकाभिर्वेशवारैः साल्वणैर्वा तनुवस्त्रावनद्धैः स्वेदयेत्॥

सु० चि० ३२।१२

तृतीयमुपनाहस्वेदं दर्शयन्नाह—उपनाहेत्यादि। अम्लं काञ्जिकम्। सङ्करस्वेदमप्युपनाहस्वेद एव दर्शयन्नाह—एवमित्यादि। एभिरेव पोटलिकां बद्ध्वा स्वेदयेत्। काकोल्यादि 'काकोलीक्षीरकाकोली (सू० अ० ३८) इत्यादिकः। एलादिः 'एलातगरमांसी' (सू० अ० ३८) इत्यादिः। सुरसादिः 'सुरासाश्वेतसुरसा' (सू० अ० ३८) इत्यादिः। कृशरा तिलतण्डुलमाषैः कृता यवागूः, क्षीरसिद्धास्तण्डुलाः पायसः, उत्कारिका लप्सिका, वेशवारः 'चटनी' इति भाषा साल्वणो वातव्याध्युक्तः। तनुवस्त्रावनद्धैः सूक्ष्मवस्त्रानुबद्धैः। अत्र काकोल्यादिभिः पित्तानुगते वाते एलादिभिः सुरसादिभिश्च, कफानुगते वाते तिलातसीप्रभृतिभिः, कृशरादिभिः वेशवारैः साल्वणैश्च केवले वाते। उपनाहशब्दस्त्विह 'णह बन्धने' इत्यस्येति उपनाहो बन्धनम्। डल्हणः॥

उपनाहस्वेदस्तु सर्वगन्धधान्यसर्षपकिण्ववचादेवदारुरास्नैरण्डमूलमधुकशताह्वासुराकिट्टादिवातहरद्रव्यचूर्णैर्यवगोधूमशकलैरानूपासृक्पित्तशिरःपादामिषवेशवारैश्च। तथा श्लेष्मसंसृष्ट वायौ सुरसादिभिः पित्तसंसृष्टे च पद्मकादिभिः। पृथक्सहितैर्वा क्षीरशुक्तधान्याम्ललवणमस्तुप्रगाढैः सुस्निग्धैः सुखोष्णैः साल्वणाभिधानैः बहुशः प्रदिह्योष्णवीर्यापूतिमृदुरोमचर्मभिस्तदभावे घनवातहरपत्राविककौशेयैरुपनद्धमंगमहः स्थितं विदाहपरिहारार्थं निशिमुच्चेत् दिवा वा निशि बद्धं, दोष देश कालवशेन वा॥

अ० सं० सू० २६।३

उपनाहस्वेदः पुनः सर्वगन्धाद्यैः। उपनाह उष्ण पिण्डबन्धः। गन्धाः कुष्ठादयः। धान्यान्युष्णवीर्याणि तिलादीनि। किण्वं प्रसिद्धम्। सुराकिट्टं जगलः। अन्येषां वातहराणां द्रव्याणां शोधनादिपठितानां चूर्णैः। यवगोधूमशकलैरित्यश्लक्ष्णपिष्टैरित्यर्थः। तथा आनूपोद्भवैरसृक्पित्तैः शिरः प्रभृतिभिः मांसैः। वेशवारैश्च। वेशवारः सूक्ष्मच्छिन्नं मांसम्। तथा श्लेष्मसंयुक्ते वायौ सुरसा-

दिभिरुपनाहः । तथा पित्तसंसृष्टे वायौ पद्मकादिभिरेव साल्वणाभिधानैरौषधैः । पुनः पुनरङ्गं शरीरं प्रदिह्य चर्मभिर्बद्धं विदाहपरिहारार्थमहोरात्रमध्ये द्वौ वारौ मुञ्चेत् । किंभूतैः साल्वलाभिधानैराह । पृथग्भूतैः सहितैर्वा । क्षीरादिप्रगाढैः । प्रगाढो घनपिष्टः । तथा सुस्निग्धैः स्नेहमिश्रत्वात् । सुखोष्णैश्च । एवंभूतैः साल्वलादिभिर्बहुशोऽनेकवारमङ्गं प्रदिह्यालिप्य । एवं विधानि पद्मकादीन्येव साल्वलाभिधानानि । चर्मभिः किंभूतैरुष्णवीर्यैरपूतिभिरदुर्गन्धैर्मृदुरोमभिश्च । तदभावे तथाविधचर्माभावे घनपिष्टानां निबिडानां वातहराणां द्रव्याणां मात्रया संयुक्तैः पत्रैः । कौशेयरुपनद्धमङ्गं कस्मिन् काले मुञ्चेत् आह । अहस्थितमङ्गलग्नं निशि मुञ्चेत् । निशि स्थितं दिवा मुञ्चेत् । देशकालाद्यपेक्ष्य यथा विदाहो नोत्पद्यते तथा मुञ्चेत् । इत्युपनाह स्वेदः ॥इन्दुः ।

उपनाहो वचा किण्वशताह्वादेवदारुभिः ।
धान्यैः समस्तैर्गंधैश्च रास्नैरण्डजटामिषैः ॥
उद्रिक्तलवणैः स्नेहचुक्रतक्रपयःप्लुतैः ।
केवले पवने श्लेष्मसंसृष्टे सुरसादिभिः ॥
पित्तेन पद्मकाद्यैस्तु सा[1]ल्वणाख्यैः पुनः पुनः ॥

अ० हृ० सू० १७।४

किण्वं सुराप्रकृतिः । धान्यैरिति सामान्योक्तावपि तिलातसीमाषादीनि योग्यत्वाद्यान्युष्णवीर्याणि स्निग्धानि वा तानि प्रायेण प्रयोज्यानीति । समस्तग्रहणं गंधैरेव युज्यते । अत एव संग्रहेऽवदत् । सर्वगंधानीति । गंधैर्गंधद्रव्यैः कुष्ठागुरुतगरसुरसादिभिस्तथा रास्नादिभिः । किंभूतैः पूर्वोक्तैः उद्रिक्तलवणैर्लवणाढ्यैः । तथा स्नेहश्च चुक्रं च तक्रं च पयश्च तैः प्लुतैरालोडितैः । चुक्रमम्लम् । तक्रस्य चुक्रत्वादेव ग्रहणे सिद्धे तक्रग्रहणमतिशयाय । अतिशयेन साल्वणाख्ये स्वेदे तक्रं प्रयोज्यमिति । केवले पवने वचादिभिरुपनाहः स्वेदः कार्यः श्लेष्मसंसृष्टे पवने सुरसादिभिः सुरसयुगादिनागणेन । पित्तेन संसृष्टे पवने पद्मकाद्यैः पद्मकपुंड्रादित्यादिभिः । पित्तेन संसृष्टे पवन इत्यत्र किंचिदेव पित्तेन संसृष्टे पवने पद्मकादिभिरुपनाहः कार्य इत्यादि योज्यं नाऽधिकेन पित्तेन मरुत्पित्तेन युक्ते नापि तुल्येन पित्तेन युक्ते पवन इति । एवं ह्युक्तम् । ग्रैष्मः प्रायो मरुत्पित्ते विधिः कार्य इति ग्रैष्मश्च विधिः प्रायेण सर्वैः शीतस्तत्र स्वेदो दूरोत्सारित एव । तस्मात् किंचित्पित्तेन संसृष्टे पवने पद्मकाद्यैरुपनाहः कार्य इति वेद्यम् । एते च त्रय उपनाहाः केवले वायौ तथा कफयुक्ते पित्तयुक्ते च क्रमेण योज्याः । एते च

१. साल्वण इत्यस्य च—
यथा च धन्वन्तरिः (सु० चि० ४।१४-१५)
काकोल्यादि सवातघ्नः सर्वाम्लद्रव्य संयुतः । अरुणदत्तः

साल्वणाभिधाना स्वेदा इत्याह । साल्वणाख्यैरिति । पुनः पुनरिति । असकृतैः स्वेदयोजना कार्येत्यर्थः । निरपायो हि यथाऽयं साल्वणापरसंज्ञ उपनाहाख्यः स्वेदो न तथाऽपरे स्वेदा इति । अरुणदत्तः ।

किण्वातसीदधिक्षीरलवणैः साम्लचिक्कणैः ।
कुष्ठादिभिश्च सस्नेहैरुपनाहः प्रशस्यते ॥

का० सू० २३।४३

तथोपनाहस्वेदश्च कुर्याद्वातहरौषधैः ।
प्रदिह्य देहं वातार्तं क्षीरमांसरसादिभिः ॥
अम्लपिष्टैः सलवणैः सुखोष्णैः स्नेहसंयुतैः ।
अथ ग्राम्यानूपमांसैर्जीवनीयगणेन च ।
दधिसौवीरकक्षीरैर्वीरतर्वादिना तथा
कुलत्थमाषगोधूमैरतसीतिलसर्षपैः ॥

भावप्रकाश (स्वेदा०)

द्रव्यैर्वात कफघ्नैश्च प्रदेहः शिग्रुवद्धिताः ।
अन्यैरपि करीषैश्च गोखराश्वाविबस्तजैः ॥

का० सू० अ० २३।३७

हि० व्या०—चरक के अनुसार उपनाह स्वेद के द्रव्य—गेहूं का आटा, जौ का आटा इन दोनों को कांजी और तैल आदि स्नेहद्रव्य, सुरा (किण्व)व, नमक सभी को एक में पकाकर पुल्टिश बाँधकर उपनाह स्वेद करना उत्तम है । तगर आदि सुगन्ध द्रव्य, मदिरा, सुराकिट्ट, जीवन्ती, सौंफ, अलसी, कूठ में तैल मिलाकर लेप तैयार करें । यह पुल्टिस रखकर लोमयुक्त दुर्गन्धरहित उष्णवीर्य वाले चर्म से बाँधना चाहिए । उष्णवीर्ययुक्त चर्म के अभाव में रेशम या ऊन के कपड़े से बांधना चाहिए । इसको उपनाह स्वेद कहते हैं ।प्रायः सभी आचार्यों के विचार समान ही है । उपनाह के लिए प्रयुक्त द्रव्यों के उल्लेख में भिन्नता है । आचार्य सुश्रुत के अनुसार वातघ्न द्रव्यों के मूल का कल्क कांजी में पीस कर तथा प्रभूतमात्रा में लवण और स्नेहयुक्त करके सुखोष्ण (सहने के लायक) लेप लगाने पर उपनाह स्वेद कहलाता है । इस कार्य के लिए [1]काकोल्यादिगण, एलादिगण, सुरसादिगण तिल, अलसी और सरसों के कल्क तथा खिचड़ी, खीर, लप्सी, वेशवार (कुट्टितमांस) या साल्वण (वातव्याधि में उक्त) स्वेद को महीन वस्त्र में बाँधकर स्वेदन करना चाहिए ।

उपनाहस्वेदद्रव्याणि

काकोल्यादिगणः

काकोलीक्षीरकाकोलीजीवकर्षभकमुद्गपर्णीमाषपर्णी मेदामहामेदाच्छि[1]

१. छिन्नरुहा गुडूची;

न्तरुहाकर्कटशृङ्गीतुगाक्षीरी[1] पद्मकप्रपौण्डरीक[2]धिवृद्धिमृद्वीकाजीवन्त्यो[3]मधुकं चेति ।

काकोल्यादिरयं पित्तशोणितानिलनाशनः ।
जीवनो बृंहणो वृष्यः स्तन्यश्लेष्मकरस्तथा ॥

सु० सू० ३८।३५-३६

एलादिगणः—

एलातगरकुष्ठमांसीध्यामकत्वक्पत्रनागपुष्पप्रियङ्गुहरेणुकाव्याघ्रनखशुक्तिचण्डास्थौणेयकश्रीवेष्टकचोचचोरकवालुकगुग्गुलुसर्जरसतुरुष्ककुन्दुरुकागरुस्पृक्कोशीरभद्रदारुकुङ्कुमानिपुन्नागकेशरञ्चेति ॥ सु० सू० ३८।२४।

एलेत्यादि । श्यामकं कत्तृणं 'रोहिष' इति लोकेः, त्वक् वरांग 'गुड्तज' इति लोके, पत्रं पत्रकं, नागपुष्पं नागकेशरम्, अन्ये नागकेशरपुष्पसमपुष्पो महातरुरित्याहुः, हरेणुका, व्याघ्रनखो बृहन्नखः, बृहन्नखीत्यन्ये शुक्तिस्तद्भेदोऽल्पनखः, चण्डा स्वनामख्यातेषत्कृष्णा चोरकभेदः अजमोदाकाराः, स्थौणेयकं थुणेरकः, श्रीवेष्टकः सरलचोपः 'गुग्गुली' इति लोकेः, चोचस्त्वग्भेदो वनवासिकात्वक् चोरक स्वनाम ख्यातः ग्रन्थीपर्णकभेदो ग्रन्थिपर्णाकार एव सर्जः सर्जरसः, 'राल' इति प्रसिद्धः, अन्तलोपात् रसः गन्धरसः 'बोल' इति लोके तुरुष्कः सिल्हकः कुन्दुरुकः शल्लकीचोपः, स्पृक्का कुटिलपुष्पा सुगन्धिद्रव्यमौत्तरापथिकं, भद्रदारुः, देवदास पुन्नागः सुरपर्णिका, सुगन्धिपुष्पा दक्षिणापथे 'सुरपति' (सुरंगी) नाम्ना प्रतीताः, केशरं बकुलं, केचित् समुदितं व्याख्यानयन्ति पुन्नागकेशरं पद्मकेशरमित्यर्थः, अन्ये त्वेवं पठन्ति—"पुन्नागनागकेशरं च" इति पुन्नागं देववल्लभं राजचम्पकमिति लोके, नागकेशरं स्वनामप्रसिद्धम् । कोठनाशन इति अत्र कोठलक्षणमुच्यते,—वरटीदष्टसंकाशः कण्डूमान् लोहितोऽल्पकफपित्तात् । क्षिप्रोत्पादविनाशः कोठ इति निगद्यते साद्भिः, इति (डल्हणः)

सुरसादिगणः—

सुरसाश्वेतसुरसाफणिज्झकार्जकभूस्तृणसुगन्धकसुमुखकालमालकुठेककासमर्दक्षवककखरपुष्पाविडङ्गकट्फलसुरसीनिर्गुण्डीकुलाहलेन्दुरुकणिकाफञ्जीप्राचीबलकाकमाच्योविषमुष्टिकश्चेति ॥ सु० सू० ३८।१८

सुरसेत्यादि । सुरसे द्वे श्वेतकृष्णकुसुमे, ते च लोके "तुलसी" इति प्रसिद्धे फणिज्झकस्तीक्ष्णगन्धो 'मरुवक' इति लोके, अन्ये त्वनेनैव नाम्ना प्रसिद्धः, अर्जको बर्बरिकाकारो लघुमंजरीकः सूक्ष्मपत्रो निर्गन्धः श्वेतकुठेरकः, भूस्तृणो गुदाक-

१. तुगाक्षीरी वंशलोचना;
२. प्रपौण्डरीकं स्वनामख्यातं यष्टीमधुद्रव्यादीषत्स्थूलं मधुरसं नेत्राश्च्योतनार्हं द्रव्यम् अन्ये श्वी पुष्पमाहुः;
३. जीवन्ती 'डोडिका' इति लोके ।

नामधेयो द्रोणपुष्पीसदृशः, सुगन्धको द्रोणपुष्पः अन्ये भूस्तृणं रोहिषं, सुगन्धको बृहतसुगन्धतृणं, सुमुखो राजिका, अन्ये तु वनबर्बरिका 'सउहा' इति नाम्ना जेजीभुक्तौ प्रसिद्धा, कालमालः कृष्णमल्लिका 'बर्बरिका' इति लोकेः, कासमर्दः स्वनाम ख्यातः, क्षवकः क्षवथुकारः फणिज्झकाकारः 'चिल्हरियाक' इति पारियात्रे प्रसिद्धः 'छिकिनी' इति लोकेः, खरपुष्पः तस्यैव भेदः, बोवइकामपरे, मरुवकमन्येः, विडंग प्रसिद्धः कटफल सोमवल्कः 'कायफल' इति लोके सुरसी कपित्थसदृशपत्रा विल्वनासी इति लोके प्रसिद्धः, श्वेतनिर्गुण्डीत्यन्येः, निर्गुण्डी नीलनिर्गुण्डी कुलाहलः 'मुण्डिका' इति प्रसिद्धः उन्दुरकर्णिका मूषिक कर्णिका "उन्दुरी" इति लोके उन्दुरकरणी द्रवन्तीमाहुरन्ये, अपरे दन्तिनीमाहुः, 'उन्दुरकर्णाः इत्येके पठन्ति, तत्रापि स एवार्थः फंजी भार्गीः, प्राचीवलो मत्स्याक्षकः, 'काकजंघा नदीपिप्पली वा' इत्यपरे, केचिदाचार्या एवं वदन्ति—यद्यपि प्राचीबलशब्देन, काकजंघा, गण्डदूर्वा, जलपिप्पली चोच्यते, तथा च काकजंघैव, काकमाचीसान्निध्याद्वातकफकृमिबाधिर्यहरत्वाच्चः, काकमाची मृष्टफला स्वनामप्रसिद्धाः विषमुष्टिको द्रेका 'राजनिम्ब इति प्रसिद्धः, वृहदलम्बुषामरेः, कर्कोटीमन्ये । कृमिसूदन इति कृमिघ्न इत्यर्थः ॥ डल्हणः ॥

द्रव्यों का प्रयोग दोषानुसार भी बताया गया है । यथा—

(१) कफ युक्त वात में सुरसादिगण की औषधियों से उपनाह स्वेद कराना चाहिए ।

(२) पित्त युक्त वात में पद्मकादि गण की औषधियों से तथा मस्तु को घना गाढ़ा पीसकर स्निग्ध एवं कवोष्ण, उपनाह हेतु प्रयोग कराना चाहिए ।

आचार्य काश्यप ने—चरक के समान ही वर्णन करते हुए भी दधि, दूध इन दो द्रव्यों की अधिक गणना की है तथा चर्मादि से बांधने का विधान बताया ही नहीं है ।

विशेष प्रलेप योग्य द्रव्य

वात एवं कफ नाशक द्रव्यों के द्वारा, गाय, गदहे, घोड़े, भेड़ तथा बकरी के पुरीष (गोबर के उपलों) द्वारा किया गया प्रदेह (उपनाह) भी पूर्वोक्त शिग्रु आदि के समान किया जाता है ।

काकोल्यादिगण के द्रव्य—

काकोली, क्षीरकाकोली, जीवक, ऋषभक, मुद्गपर्णी, माषपर्णी, मेदा, महामेदा, गिलोय, काकड़ासिंगी, वंशलोचन, पद्मकाठ, श्वेतकमल, ऋद्धि वृद्धि, द्राक्षा, जीवन्ती और मुलेठी ये काकोल्यादिगण की औषधियां हैं ।

एलादिगण के द्रव्य—

छोटी इलायची, तगर, कूठ, जठामासी, रोहिस तृण, दालचीनी, तमालपत्र या तेजपत्र, नागकेशर, प्रियङ्गु, हरेणुका, व्याघ्रनख, शुक्ति (नखीभेद), चण्डा,

(चोरक) स्थौणेयक (थुने) श्रीवेष्टक, चोत्र (दालचीनी भेद) चौरक (ग्रन्थिपर्ण)' खस, गुग्गुलु, सर्जरस, तुरुष्क, कुन्दुरु, लोबान, अगुरु, स्पृक्का, उशीर, देवदार, केशर, पुंनागकेशर (कमलकेशर) ये द्रव्य एलादिगण में होते हैं।

सुरसादिगण की औषधियां—

कृष्णतुलसी, श्वेततुलसी, मरुवक, बर्बरिका, रोहिसघास, द्रोणपुष्पी (गूमा), राजिका, कालमालिका (कृष्णजीरक), कसौंदी, क्षवक (नकछिकनी), खरपुष्पा (वनबर्बरिका), विडङ्ग, कायफल, सुरसी (श्वेत निर्गुण्डी) नीलपुष्पासम्भालू, मुण्डिका, उन्दुरुकर्णिका (मूसाकानी) भारङ्गी, काकजंघा, मकोय और पिप्पलिष्टि (राजनिम्ब, बड़ी अलम्बुषा, कर्कोटी या कुचिला इनमें से एक) लेना चाहिए।

उपनाहस्वेदे बन्धमोक्षविधिभेदः

रात्रौ बद्धं दिवा मुञ्चेन्मुञ्चेद्रात्रौ दिवाकृतम्।
विदाह परिहारार्थं स्यात्प्रकर्षस्तु शीतले॥

—च० सू० १४।३८

उपनाह स्वेदे बन्धमोक्षविधि दर्शयति-रात्रौ बद्धमित्यादि। दिवाकृतमित्यत्र बद्धमिति शेषः विदाहो रक्तादिविदाहः, शीतल इत्यत्र काल इति शेषः, प्रकर्ष उक्ताद्बन्धनकालादधिककालत्वं बन्धस्य॥ चक्रपाणिः॥

उपनाहस्वेदस्य प्रकारान्तरेण बन्धनविधिवर्णनम्

स्निग्धोष्णवीर्यैर्मृदुभिश्चर्मपट्टैरपूतिभिः।
अलाभे वातजित्पत्रकौशेयाऽविकशाटकैः।
रात्रौ बद्धं दिवा मुञ्चेन्मुञ्चेद्रात्रौ दिवाकृतम्॥

—अ० हृ० सू० १७।५

चर्मपट्टैर्बद्धमुपनद्धमंगं रात्रौदिवा मुंचेत्। किंभूतैः। स्निग्धोष्णवीर्यैस्तथाऽपूतिभिरदुर्गन्धैः। सुपरिकर्मितत्वात्। अलाभे चर्मपट्टादीनामभावे वातजित्पत्रैरेरंडजादिभिस्तथा कौशेयादिभिः। कौशेयं रांकवादिवस्त्रविशेषः। आविकं कंबलम्। तैर्बद्धं रात्रौ दिवा मुंचेत्। दिवा बद्धं रात्रौ मुंचेद्रात्रौ मोक्तव्यम्॥

अरुणदत्तः।

अतो बहुशः प्रदिह्यः स्निग्धोष्णवीर्यमृदुरोमापूतिश्चर्मपटटैरलाभे तदभावे सति घनवातहरपत्रकौशेयाविकपट्टैर्बद्धमुपनद्धमित्यर्थः। अङ्गभङ्गं रात्रौ निशायां कृतं दिवा मुञ्चेद्विहारपरिहार्यार्थं दिवाकृतं दिवा बद्धं रात्रौ मुञ्चेत्। देशकालवशेन क्वचिद् द्विरप्यहानि धारयितव्योऽङ्गभङ्गादौ। किट्टं सुरसा प्रकृतिः, शताह्वा शतपुष्पा, धान्यानि शूकशिम्बिधान्यपठितानि। गन्धद्रव्याणि कुष्टमांसी तगर प्रभृतीनि। एरण्डजटा एरण्डमूलम्। आमिषं मांसं वेसवारीकृतम्। स्नेहास्तैलादयः। चुक्रं शुक्तं तक्रं कालमेयम्। पयः क्षीरम्॥

चंद्रनन्दनः।

बन्धनापेक्षश्चायं स्वेद इति बन्धनोपायभूतांश्चर्मपट्टादीनाह—

स्निग्धोष्णेति॥ स्निग्धादिगुणैश्चर्मपट्टैः रात्रौ बद्धमुपनद्धं दिवा मुञ्चेत्, विदाहपरिहारार्थम्। दिवा कृतं कल्पितमुपनाहं रात्रौ मुञ्चेत्। हरिणादीनाञ्चर्मभिर्बन्धनयोग्यता छिन्नैः पट्टेन वाससा च। किं भूतैः? अपूतिभिर्दुर्गन्धरहितैः। अलाभे तथाविध चर्मपट्टादीनाभावे वातजित्पत्रादिभिः, वातजित्पत्रमेरण्डादिपत्रम्। कौशेयं तृणकृतम्॥ परमेश्वरः॥

हि० व्या०—उपनाह स्वेद को रात्रि में बाँधा गया हो तो दिन में और दिन में बाँधा गया हो तो रात्रि में खोल देना चाहिए। इस विधि से रक्त में दाह उत्पन्न नहीं होता है। शीतकाल में इससे अधिककाल तक भी बाँधा जा सकता है।

शीतीभूतं तु निर्मृज्य लेपयेदपरापरम्।
अनेकशस्तु विज्ञाय स्विन्न स्वेदं निवर्तयेत्॥

हि० या०—पूर्व में किए गये लेप के शीतल हो जाने पर उसे उतार कर दूसरा लेप कर देना चाहिए। इस प्रकार पुनः पुनः लेप करते हुए स्वेदित हुआ जानकर इस लेप को हटा देना चाहिए।

अ० हृदय एवं संग्रहोक्त विशिष्ट उपनाह योग तालिका

अ० हृ०	अ० सं०
वचा	सर्वगन्ध द्रव्य (अगुरु, तगर एवं कूठ आदि)
किण्व (काञ्जी अथवा सुरा सन्धान के नीचे बैठे द्रव्य)	धनिया
शताह्वा (सोया) या सौंफ ?	सरसों
देवदारु (का बुरादा या गोंद)	किण्व
धान्यैः (जौ एवं गेहूं आदि सब प्रकार के धान्य)	वचा
गन्ध द्रव्य (नालुका एवं लवंग आदि सब गन्ध द्रव्य)	देवदारु
एरण्ड मूल	रास्ना
,, बीज	एरण्डमूल
,, पत्र	मधुक (सौंफ या महुआ या मधुयष्टि) ?
,, मांस	सोया
	सुराकिट्ट आदि वात नाशक द्रव्य का चूर्ण
+ पर्याप्त लवण	
घृत	अथवा जौ एवं गेहूँ आदि धान्य
चुक्र	अथवा सूअर आदि आनूप देशीय

तक्र अथवा दूध में पकाएँ। — प्राणियों के रक्त, पित्त, तथा शिर एवं पाँव के मांस का वेशवार
सुरसादि गण — —सुरसादि गण द्रव्य
पद्मकादि गण, साल्वण योग। — —पद्मकादि गण द्रव्य

उपनाहे साल्वणस्वेद वर्णनम्

काकोल्यादिः सवातघ्नः सर्वाम्लद्रव्यसंयुतः।
सानूपौदकमांसस्तु सर्वस्नेहसमन्वितः।
सुखोष्णः स्पष्टलवणः साल्वणः परिकीर्तितः॥
तेनोपनाहं कुर्वीत सर्वदा वातरोगिणाम्।

सु० चि० ४।१४-१५

उपनाहस्वेदमाह-काकोल्यादिरित्यादि। काकोल्यादिः प्रसिद्धः। सवातघ्न इति सह वातघ्नैर्भद्रदार्वादिभिर्विदारिगन्धादिभिर्वर्तत इति सवातघ्नः। सर्वाम्लद्रव्यसंयुत इति अम्लद्रव्याणि शुक्तकाञ्जिकसुरासौवीरकदधिमस्त्वादीनि, केचिदाचार्याः एवं वदन्ति- अम्लद्रव्याणि दाडिमादीनि। आनूपौदकमांसेन सह वर्तत इति सानूपोदकमांसः, अत्रानूपशब्दोऽयं कूलचरेष्वेव वर्तते औदकशब्देन तु कोशस्थाः पादिनो मत्स्याश्च गृह्यन्ते; ये पुनरौदकग्रहणं न पठन्ति ते तु पञ्चस्वपि वर्तयन्ति। सर्वस्नेहाघृततैलवसामज्जानस्तैः समन्वितः। सुखोष्ण ईषदुष्णः। स्पष्टलवण इति स्पष्टानि व्यक्तानि सैन्धवादीनि लवणानि यत्र सः स्पष्ट लवणः। सह आसमन्ताल्लवणेन वर्तत इति साल्वणः। उपनाहो बन्धनम्। एषां च भागमानमाह—"मांसेनात्रौषधं तुल्यं यावताऽम्लेन चाम्लता। तावन्तश्च चतुः स्नेहाः स्निग्धत्वं च यथा भवेत्"– इति। द्रव्यस्वभावं स्वेद्य देशमप्यवेक्ष्य कल्पनीय इत्येके वदन्ति॥ डल्हणः॥

कुच्यमानं रुजार्तं वा गात्रं स्तब्धमथापि वा।
गाढं पट्टैर्निबध्नीयात् क्षौमकार्पासकौणिकैः॥

विडालनकुलोन्द्राणां चर्मगोण्यां मृगस्य वा।
प्रवेशयेद्वा स्वभ्यक्तं साल्वणेनोपनाहितम्॥

सु० चि० ४।१७-२८

अनग्निमेव स्वेदं दर्शयन्नाह—कुञ्च्यमानमित्यादि। कुञ्च्यमानं संकोच्यमानं, तच्च सिरागतेन वायुना; यदाह—"कुर्यात् सिरागतः शूलं सिराकुञ्चन पूरणम्"-(नि० अ० १) इति। रुजार्तं वेदनार्तम्, अत्र प्रधानेन वायुना; एतेन पित्तरक्तावृते वाते बन्धनविधिर्निषिद्धः। अन्ये तु वाल्ककर्पासकौणिकैः' इति पठन्ति, तत्र वाल्कं वल्कलमयम्। उन्द्रः पानीयविडालः। चर्मगोणीचर्मप्रवेशकः, छगलादिगल्ल इत्यर्थः। डल्हणः।

शतपुष्पादेवदारु शेफालीस्थूलजीरकैः।
एरण्डमूलजीरैश्च रास्नामूलकशिग्रुभिः॥
मिसिकृष्णाकुठेरैश्च लवणैरम्लसंयुतैः।
प्रसारण्यश्वगन्धाभ्यां बलाभिर्दशमूलकैः॥
गुडूच्या वानरीबीजैर्यथालाभसमाहृतैः।
क्षुण्णैः स्विन्नैश्च वस्त्रेण बद्धैः संस्वेदयेन्नरम्।
महाशाल्वणसंज्ञोऽयं योगः सर्वानिलातिहृत्।
अथवाम्लेन सम्पिष्टैः कोष्णैः सूक्ष्मपटस्थितैः।
भेषजैः स्वेदयेत्किं वा स्विन्नैः कोष्णैः पटस्थितैः॥

(भाव प्र० स्वे०)

उपनाह (शाल्वण) स्वेद द्रव्य और विधि –

आचार्य सुश्रुत के अनुसार-काकोल्यादिगण, वातघ्नगण (भद्रदार्वादि, विदारिगन्धादिगण), अम्लद्रव्य (शुक्त, काञ्जी, सुरा, सौवीर, दधिमस्तु आदि) आनूप तथा जलजंतुओं का मांस और सभी प्रकार के स्नेहों में प्रचुर लवण मिलाकर (सुखोष्णकर) पुल्टिश में उपयोग करना चाहिए। इसे शाल्वण' कहते हैं। इस योग से वातरोगों में उपनाहस्वेद करना चाहिए।

अनग्नि उपनाह स्वेद विधि –

संकुचित पीडायुक्त और जकड़े हुए अङ्ग को क्षोम (अलसी से निर्मित वस्त्र), कपास तथा ऊन की पट्टी से कसकर बाँधना चाहिए। अथवा स्नेह की मालिश के उपरान्त 'शाल्वण' का उपनाह लगाकर बिल्ली, नेवला, उदविलाव या मृग के चर्म की गोणी (खोल) में प्रभावित अङ्ग को रखना चाहिए।

इस सन्दर्भ में आचार्य भावमिश्र ने 'महाशाल्वण' नामक अलग योग का निर्देश किया है—सौंफ, देवदार का चूर्ण, सम्हालु की जड़, मोटा जीरा, अथवा एरण्डमूल, एवं जीरा अथवा रास्ना, मूलीबीज एवं सहजन के बीज अथवा सौंफ पीपल एवं तुलसीपत्र अथवा अम्लद्रव्यों से मिश्रित सब प्रकार के लवण अथवा प्रसारणी के पत्र एवं असगन्ध अथवा चारों प्रकार की बला या दशमूल के द्रव्य अथवा गिलोय, केबाँच के बीज इनमें से जो द्रव्य मिल जाय उनको पीसकर एवं सुखोष्णकर मोटा लेप लगाकर कपड़े से बाँधना चाहिए। इस योग का नाम 'महाशाल्वण" है और यह वातजन्य सभी रोगों को दूर

---

१. उपनाह स्वेदञ्च कुर्यात्। केनप्रकारेण इत्याकांक्षायां तत्प्रकारमाह— वातहरौषधैः। कथम्भूतैः ? अम्लपिष्टैः-अम्लेन काञ्जिकतक्रादिना पिष्टैः। सलवणैः, स्नेह संयुतैः, क्षीरमांसरसान्वितैः सुखोष्णैः वातार्तं देहं प्रविश्य प्रलिप्य स्वेदयेदित्यर्थः॥ भावप्रकाश टिप्पण॥

करता है। उक्त द्रव्यों को कांजी में पीसकर (सुखोष्णकर) पोटली बाँधकर स्वेदन करना चाहिए।

द्रवस्वेद वर्णनम्

दूध, मांसरस, तैल तथा क्वाथ आदि द्रव में रोगी को खड़ा करना अथवा अंग विशेष को डुबाकर स्वेदन कराना या कवोष्ण द्रव का शरीर अथवा अंग विशेष पर गिराना द्रवस्वेद कहलाता है।

द्रवस्वेद भेदाः

द्रवस्वेदस्तु द्विविधः परिषेकोऽवगाहश्च।

अ० सं० सू० २७।७

हि० व्या० – द्रवस्वेद दो प्रकार का है—१. परिषेक एवं २. अवगाह।

परिषेक नाड़ीयन्त्र, वाष्पयन्त्र अथवा पौधों में पानी देने वाली वर्पणिका (बहुत से छिद्रों वाली नाड़ी) में स्वेदन द्रव भरकर संपूर्ण शरीर अथवा अंगविशेष पर उष्ण द्रव गिराना परिषेक कहलाता है।

अवगाह – उपर्युक्त औषध द्रवों को मिश्रित या पृथक् से टब अथवा कटाह में भरकर रोगी को अथवा अंगविशेष को डुबोना अवगाह स्वेद कहलाता है।

अवगाहस्वेदानां परिषेकस्वेदानाञ्च वर्णनम्

द्रवस्वेदस्तु वातहरद्रव्यक्वाथपूर्णे कोष्णकटाहे द्रोण्यां वाऽवगाह्य स्वेदयेत्, एवं पयोमांसरसयूषतैलधान्याम्लघृतवसामूत्रेष्ववगाहयेत्; एतैरेव सुखोष्णैः कषायैश्च परिषिञ्चेदिति॥ सु० चि० ३२।१३

तत्र शिग्रुवरणा[1] भ्रातकमूलकसर्षपसुरसार्जकवासासवंशाश्मन्तकाशोकशिरीषार्ककरंजैरण्डमालतीपत्रभंगभूतिकदशमूलादिवातहरद्रव्यसुराक्षीर शुक्तादिक्वाथैः पूर्वोक्तैश्च यथादोष पृथक्सहितैर्वा कुम्भीवर्पणिकाः प्रणालीर्वा पूरयित्वा वातहरसिद्धस्नेहाभ्यक्तमनभ्यक्तं वोपविष्ठं किलिञ्जे वा शयानमेकांगे सर्वांगे वा वस्त्रावच्छन्ने परिषेचयेत् तैरेवाभिपूर्णे महति कटाहे कुण्डे द्रोण्यां वाऽवगाहयेत्।

अ० सं० सू० २६।६

द्रवस्वेदः परिषेकावगाहभेदेन द्विविधः। तत्र परिषेकः शिग्र्वादिवातहरैर्मस्तु सलिलादिद्रवद्रव्यक्वथितैः। तथा न केवलं शिग्रवादिभिः यावत् पूर्वोक्तैरुपनाहस्वेदपठितैः सर्वगन्धादिभिरेतैश्च सर्वैर्यथादोषं दोषविशेषापेक्षया कदाचित् पृथग्भूतैः। कदाचिद्विषयविशेषेण द्वित्रादिसहितैः सर्वैर्वा। तेषां क्वाथैः कुम्भाद्यन्यतमं पूरयित्वा स्वेद्यं प्रयोजनापेक्षया एकाङ्गे शरीरैकदेशे सर्वाङ्गे वा वस्त्रेणावच्छादिते। तेन तथाविधेन क्वाथेन परिषेचयेत। किंभूतं स्वेद्यम्। वातहर द्रव्य सिद्धेन स्नेहेनाभ्यक्तं दोषाद्यपेक्षयानभ्यक्तं वा। तथा आसन उपविष्टम्। किलिञ्जे वा शयानम्। कुम्भीः स्थालीः वर्पलिका आधूताः। प्रणालिका उर्ध्वताविशिष्टं भाण्डम्। किलिञ्जम् तृणैर्वद्धा शय्येति परिषेकः। अवगाहः पुनस्तैरेव परिषेकक्वाथैः पूर्णे कटाहे कार्यं इत्युभयथा द्रवस्वेदः। (इन्दुः)

द्रवस्वेदवर्णनं तत्र परिषेकस्वेदः

शिग्रुवीरण[1]कैरंडकारंजसुरसार्जकात्।
शिरीषवासावंशार्कमालतीदीर्घवृंततः॥
[2]पत्रभंगैर्वचाद्यैश्च मांसैश्चाऽनूपवारिजैः।
दशमूलेन च पृथक् सहितैर्वा यथामलम्॥
स्नेहवद्भिः सुराशुक्तवारिक्षीरादिसाधितैः।
कुंभीर्गलंतीर्नाडीर्वा पूरयित्वा रुजादितम्॥
वाससाच्छादितं गात्रं स्निग्धं सिंचेद्यथा सुखम्॥

अ० हृ० सू० अ० १७।७१०

शिग्र्वादिभिः पत्रसमूहैस्तथा वचाद्यैर्वचादिगणोक्तैस्तथा मांसैरनूपजैर्जलजैश्च दशमूलेन च पृथग्व्यस्तैर्द्वित्रादिभिः सहितैः समस्तैर्वा यथामलं स्नेहवद्भिर्दोषहरधृताद्यन्यतमस्नेहयुक्तैर्यथादोषं सुराशुक्तवारिक्षीरादिसाधितैः कुंभीः स्थालीः पूरयित्वा तथा गलंतीर्गंगरीश्च वंशादिमयीर्नाडीर्वा पूरयित्वा रुजादितं पीडार्तं गात्रमङ्गं वाससाच्छादितं तथा स्निग्धं सद्यथासुखं सुखस्पर्शं कदाचिदत्युष्णं कदाचिदीषदुष्णं दोषपीडावशात् सिंचेदिति॥

अरुणदत्तः।

शिग्रोरारभ्य यावद्दीर्घवृन्तमौषधम्। तस्मादौषधगणात् पत्रभङ्गैः पत्रक्षोदैः पत्राणां भङ्गाः पत्रभङ्गाः। संक्षुण्णानि पत्राणि तैस्तथा वचाद्यैः। पूर्वोक्तैरुपनाहस्वेदपठितैः वचाकिण्वशताह्वादिभिस्तथा मांसैश्चानूपवारिजैः। रोहीतकूर्मप्रभृतिभिर्मत्स्यैस्तथा दशमूलेन यथादोषं पृथक्सहितैर्वा पृथक्व्यस्तैर्वा सहितैः समस्तैः मिश्रैर्वा यथामलं मलानतिक्रमेण दोषानुसारेणेति यावत्। स्नेहवद्भिर्विद्यमानस्नेहोऽत्रापि यथामलमितियोज्यम्। योग्यः स्नेहो योग्यादन्यतमस्तेन युक्तैस्तथा यथामलं सुरादिभिः साधितैस्तत्क्वथितैरेतैः पीस्थालीर्गलन्तीर्गंगरिका वा धान्यापरपर्यायाः। नाडी उद्धृतारिष्टः वयित्वा रुजादितं शूलाद्याक्रान्तं गात्रं गात्रमङ्गं वाससाच्छादितं वस्त्रावइस्निग्धं वातहरस्निग्धसिद्धस्नेहाभ्यक्तं सिञ्चेत्परिषेचयेत्। यथासुखं र्श कदाचिदीषदुष्णं कदाचिदुष्णतर जलाधारविशेषा गलन्त्यो या धारणा जलादि स्रवन्ति ता गलन्त्यो भण्यन्ते। द्रवस्वेदस्तु द्विविधः। वगाहश्च तत्र परिषेक उक्तः॥

चंद्रनन्दनः॥

रणकेति॥ यथामल सुरसादिसाधितैः स्नेहवद्भिः शिग्रुवारणत्रभङ्गैर्वचाद्यैश्चानूपवारिजैर्मांसैश्च पृथग्दशमूलेन च सहितैर्वा

---

[1] = कटंकीकरञ्ज (कोष आ०)
[2] = कुट्टित पत्र समूहः (हाराण चन्द्र)

कुंभीर्गलन्तीर्न्नालीर्वा पूरयित्वा रुजादितं गात्रं स्निग्धं वाससाच्छादितं यथासुखं सिञ्चेत्। दोषानुरोधेन सुराद्यन्यतमसाधितैस्तथा दोषानुरोधेन घृताद्यन्यतमयुक्तैस्तथा च दोषानुरोधेन शिग्रवाद्यन्यतमानां पत्रभङ्गैस्तथा वचादिभिस्तथा पृथग्दशमूलेन विल्वमूलेन काश्मर्येण वा तथा संयुक्तैर्दशभिर्मूलैः कुंभ्यादिकाः पूरयित्वा रुक्पीड़ितं गात्रं स्नेहेनाभ्यज्य वस्त्रेणाच्छादयित्वा यथासुखस्पर्शं कदाचिदुष्णं कदाचिदीषदुष्णं परिषिञ्चेत्। दूष्याद्यनुरोधेन शिग्रवादीनां पत्रं वचादिगणञ्चानूपेषु वारिजं मांसं युक्त्याव्यस्तं समस्तन्दशमूलञ्च जले सुराद्यन्यतमद्रवेण सह पक्त्वा चतुर्भागावशिष्टं घृतादिस्नेहयुक्तं तत् कषायमौचित्यवशात् कुंभ्यादिष्वापूर्यं पुनः स्नेहाभ्यक्त गात्रं वाससाच्छादयित्वा परिषेचनं कार्यमित्यर्थः। अयं परिषेकाख्यो द्रवस्वेदः॥ परमेश्वरः॥

द्रवस्वेदोपकरणानि स्वेदनविधिश्च

द्रवस्वेदस्तु वातघ्नो, द्रव्यक्वाथेन पूरिते।
कटाहे कोष्ठके वापि, सूपविष्टोऽवगाहयेत्॥
सौवर्णं राजतं वापि, ताम्रं लौहञ्च दारुजम्।
कोष्ठकं तत्र कुर्वीतोच्छ्रये षड्विंशदङ्गुलम्।
आयामे वा तदेव स्याच्चतुष्कोणन्तु चिक्कणम्॥
नाभे षडङ्गुलं यावन्मग्नं क्वाथस्य धारया।
कोष्णया स्कन्धयोः सिक्तस्तिष्ठेत् स्निग्धतनुर्नरः॥

प्रथमतो वातघ्नद्रव्यक्वाथेन कण्ठपूरित कोष्ठके कटाहे वा सूपविष्टस्तिष्ठेत्। अथवा नाभेः षडंगुलमूर्ध्वं यावत् क्वाथे मग्न उपविष्टः। पश्चात् क्वाथस्य धारणा स्कन्धयो सिच्यमानस्तिष्ठेत्। यावत् कोष्ठकं परिपूर्णं भवति इत्यर्थः। क्वाथपक्षे प्रथमतः स्नेहाभ्यक्ततनुरुपविशेत्॥

हि० व्या०—वातहर द्रव्यों के उष्ण क्वाथ से पूर्ण कड़ाही (टब) में रोगी को बिठाकर, द्रवस्वेद करना चाहिए। इसी तरह दूध, रस, यूष, तैल, कांजी, घी, वसा और मूत्र (मूत्राष्टक) में रोगी को भर कर और उपर्युक्त (वातहर) द्रव्यों के क्वाथ (सुखोष्ण) से स्नान करना चाहिए। इस सन्दर्भ में आचार्य वाग्भट ने, कुछ औषधियों के नाम निर्देश किया है। आचार्य भावमिश्र ने द्रोणी बनाने की विधि का भी वर्णन किया है।

सुवर्ण, रजत, ताम्र, लौह अथवा लकडी का यथावश्यक कोष्ठक (टब) अथवा सुविधानुसार यन्त्र बनावें। इसका माप ३६ अंगुल ऊंचा, इतना ही लम्बा, चौड़ा अर्थात् चौकोर होना चाहिए तथा स्निग्ध होना चाहिए ताकि अंगों में किसी प्रकार की रगड़ न लग सके।

द्रव स्वेद विधि—भाव प्रकाश में स्वेदन विधि का दोनों प्रकार का वर्णन किया है—

१. अवगाह स्वेद विधि—वातनाशक क्वाथ से भरे हुए कटाह, कोष्ठक या टब में सुख पूर्वक बैठकर अवगाह करे। इस क्वाथ से स्वेदन हो जाता है।

२. परिषेक विधि - द्रोणी या टब में स्नेहाभ्यक्त सुखपूर्वक बैठे हुए रोगी, की वातनाशक द्रव्यों के क्वाथ की धारा कन्धों पर डालते रहें। यह क्रम तब तक चलता रहे जब तक कि द्रव रोगी की नाभि से ६ अंगुल ऊपर तक आ जावे। २ से ५ घटी तक रोगी को उसी अवस्था में बैठे रहने देना चाहिए। इसी विधि से तैल, दुग्ध अथवा घृत को उष्ण करके द्रव स्वेद कराया जाता है। यहां यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि किसी भी स्नेह का स्वेदनार्थ प्रयोग एक या दो दिन के अन्तर पर करना चाहिए।

द्रवस्वेदोपयोगि विविध द्रव्य

शिग्रु, वरुण, आम्रातक, मूलक, सरसों, तुलसी, अर्जक, अडूसा, बाँस, अश्मन्तक, अशोक, सिरस, आक, करञ्ज, एरण्ड, मालती इन सबके पत्र, पूतिकरञ्ज तथा दशमूल आदि वातनाशक द्रव्यों को जौ—कुट करके जल में पकावें और उसमें सुरा, दूध तथा सिरका आदि मिला लें अथवा अपनाह-स्वेदोपयोगी उक्त द्रव्यों को दोषानुसार पृथक्पृथक् अथवा समस्त द्रव्य का क्वाथ बना लें। और इन द्रव्यों को घड़ा में अथवा वर्षणिका (जिससे पौधों में पानी दिया जाता है—इसमें से वर्षा के समान जल गिरता है—फौवारा) अथवा प्रणाली (बड़ी-मोटी-लम्बी नाली) में भर कर अवसेचन करें। अवसेचन के पूर्व वातनाशक द्रव्यों के योग से सिद्ध नारायण तैल आदि) किसी स्नेह से आवश्यकता हो तो अभ्यङ्ग कर लेना चाहिए यदि आवश्यकता न हो तो न करे। रोगी को चटाई पर बिठा दें अथवा लेटा दें और रोग-पीड़ित अवयव को वस्त्र से ढँक दे। यह द्रव-स्वेदन (सुखोष्ण) एक अङ्ग पर अथवा सर्वाङ्ग पर किया जाता है।

इस प्रकार परिषेक नामक स्वेदन किया जाता है और इन्ही द्रवों से बड़ा कटाह (कड़ाह) अथवा कुण्ड या द्रोणी भर लें और उसमें अवगाहन करें। इसका नाम अवगाहन स्वेद है।

ऊष्मस्वेदवर्णनम्

सुश्रुत संहिता एवं अन्य संग्रह ग्रन्थों में साग्नि स्वेद के चार प्रकार बताए हैं—इन्हीं में चतुर्थ उष्म स्वेद है। वाग्भट में इसी स्वेद के आठ भागों में विभाजित करते हुए नाड़ी, कुम्भी, कूप, कुटी आदि का विवरण दिया है

ऊष्मस्वेदस्य विविधप्रकाराणां वर्णनम् स्वेदविधिश्च

ऊष्मस्वेदस्तु कपालपाषाणेष्टकालोहपिण्डानग्निवर्णानद्भिरासिञ्चेदम्ल-द्रव्यैर्वा, तैरार्द्रालक्तकपरिवेष्टितैरङ्गप्रदेशं स्वेदयेत्। मांसरसपयोदधिस्नेह-

धान्याम्लवातहरपत्रभङ्गक्वाथपूर्णां वा कुम्भीमनुतप्तां प्रावृत्योष्माणं गृह्णीयात्। पार्श्वच्छिद्रेहस्तिशुण्डाकारां नाडीं प्रणिधाय तं स्वेदयेत्।:

सुखोपविष्टं स्वभ्यक्तं गुरुप्रावरणावृतम्
हस्तिशुण्डिकया नाड्या स्वेदयेद्वातरोगिणम्।
सुखा सर्वाङ्गगाह्येषा न च क्लिश्नाति मानवम्।
व्यामार्धमात्रा त्रिवंका हस्तिहस्तसमाकृतिः॥
स्वेदनार्थे हिता नाडी कैलिञ्जी हस्तिशुण्डिका॥

सु० चि० ३२/५-७

उष्मेत्यादि। तैः कपालादिभिरग्निवर्णैर्जलाद्यवसिक्तैरार्द्रवस्त्रच्छन्नैः स्वेदयेदङ्गप्रदेशं; जेज्जटाचार्यस्तु आर्द्रालक्तकपरिवेष्टितम्, इति पठित्वा अङ्गप्रदेशविशेषण व्याख्यानयति। मांसरसादिपूर्णां स्थालीं चोष्मणो मन्दीकरणार्थं कम्बलादिना प्रावृत्य पिधाय, ऊष्माणं गृह्णीयात्। वातहराणां एरण्डादीनां, पत्रभङ्गाः पल्लवाः। तथैव कुंभ्यां वाष्पमनुद्रमयन्त्यां स्वेदान्तर मुत्पादयन्नाहपार्श्वेत्यादि। तस्याः कुम्भ्याः। तस्मिञ्छिद्रे इति उपरिस्थितकुम्भस्य पार्श्वच्छिद्रे। किलिञ्जसाधनतृणकाशादिद्रव्यविरचितामन्तः सुषिरत्वेन नाडीमिव नाडीं गोपुच्छाकृतित्वेन दैर्घ्येण च हस्तिहस्तसमाकारां छिद्रेण निर्गच्छतो बाष्पवेगस्य वेगविधातार्थं त्रिषु स्थानेषु वक्रामुपनिधापयेत्। स्वभ्यक्तमिति सुष्ठु अभ्यक्तम्। गुरुप्रावरणावृतमिति गुरुप्रावरणेन कम्बलादिनोष्मणोऽतितापनिषेधायावृतं पिहितम्। एतदेव सुखपाठार्थं श्लोकेनदर्शयन्नाह हस्तिशुण्डिकयेत्यादि। व्यामार्धमात्रेत्यत्र व्याममात्रा व्यामार्धमात्रावेति व्याख्यातव्यम्। व्यामः बाह्वोः सकरणयोः संप्रसारितयोरन्तरालम्। किलिञ्जसाधनानां कुशकाशादिद्रव्याणामियं कैलिञ्जी। डल्हणः॥

कुट्टितः पत्रसमूहः पत्रभङ्गाः पार्श्वेत्यादि तस्यामांसरसादिपूर्णायाः कुम्भम् अभिसन्धाय दृढं मृद्गोमयतुषपट्टखण्डैः संयोज्य। व्यामो नाम तिर्यक् पार्श्वतो विस्तृतयोर्बाह्वोरन्तरालपरिमाणम् कैलिञ्जी कटोपकरणकाशादिरचितेत्यर्थः। पत्रभङ्गैरित्यौपयौगिकत्वात् वातहरैरित्येव पूर्ववत् स्वेदयेदित्यन्वयः। किलिञ्जे कटे॥

हाराणचन्द्रः।

उष्मस्वेदभेदाः

ऊष्मस्वेदः पुनरष्टधा भिद्यते। पिण्डः संस्तरो नाडी घनाश्म कुम्भी कूपः कुटी जेन्ताकश्चेति।

अ० सं० सू० २६।७

तत्र कपालपाषाणलोष्ठलोहपिण्डाग्निवर्णान्संदंशेन गृहीत्वाऽभ्यस्यम्ले वा निमज्जयेत्। तैरार्द्राविकवस्त्रेण वेष्टितैः श्लेष्ममेदोभूयिष्ठं सरुजमङ्गं

ग्रन्थिमद्वा स्वेदयेत्। पांशुसिकतागवादिपुरीषधान्यबुसपुलाकफलैर्वाऽम्लोत्क्वथितैः पूर्ववद्वेष्टितैर्गवादि शकृताऽऽद्रेण पिण्डीकृतेनोपनाहद्रव्योत्कारिकाकृशरापायसपिण्डैर्वा वातरोगेष्विति पिण्डस्वेदः स एव संकराख्यः॥

अ० सं० सू० २६।८

ऊष्मस्वेदः पुनर्वक्ष्यमाणपिण्डादि भेदेनाष्टविधः। ऊष्मा बाष्पः। तत्र मृत्कपालपाषाणादीनग्निवर्णान् संदंशेनादायायस्कारतप्तपिण्डग्रहणयन्त्रेण गृहीत्वा स्वेद्यदोषाद्यपेक्षयाऽभ्यस्यम्ले वा काञ्जिक शुक्तादौ निमज्जयेत्। अथ तैर्निमज्जनजातबाष्पैरार्द्रेण धान्याम्लादिसिक्तेनाविकवस्त्रेणोर्णपट्टेन समन्ताद्वेष्टितैरङ्गं देहं सरुजं रुजा युक्तं ग्रन्थिमद्वा स्वेदयोग्यं स्वेदयेत्। श्लेष्ममेदोभूयिष्ठमङ्गं सरुजं ग्रन्थिमद्वा पांस्वादिभिरम्लोत्क्वथितैः पिण्डीभूतैः पूर्ववदेवार्द्राविकवस्त्रवेष्टितैः स्वेदयेत्। विकल्पः पूर्वापेक्षः। गवादिकरीषं गवाश्वादिशकृत्। पुलाकाख्य धान्यविशेषस्य पलालः कक्षम् केवलेन वा गवाद्यन्यतमेन शकृता। आदिग्रहणेनाश्वगर्दभहस्त्यादीनां ग्रहणम्। उपनाहद्रव्योत्कारिकाः पूर्वोक्ताः मांसवेशवारादि कृता इति पिण्डस्वेदः प्रथमस्तस्यैव च पिण्ड स्वेदस्य सङ्कर इत्याख्या। आख्या नाम। (इन्दुः)

अपि च

ऊष्मा तूत्कारिकालोष्टकपालोपलपांसुभिः।
पत्रभंगेन धान्येन करीषसिकतातुषैः॥
अनेकोपायसंतप्तैः प्रयोज्यो देशकालतः॥

अ० हृ० सू० २६।६

उष्मोष्णवाष्पः। ऊष्माख्यः स्वेद उत्कारिकादिभिः प्रयोज्यः। तत्र यवमाषैरंडबीजातसीकुसुंभबीजादिभिः पिष्टखिन्नैर्लेपसिकाकृतिर्यः। स्वेदनोपायः सा उत्कारिका। लोष्टं मृत्पिंडः। कपालं कर्परम्। उपलः पाषाणः। पांसुधूलिः। तथा पत्रभंगेन छदसमूहेन। तथा धान्येन। करीषो गवादिशकृच्चूर्णम्। सिकता वालुका तुषो धान्यत्वक्। एतैरुत्कारिकादिभिस्तुषांतैः स्वेदो विधातव्यः। किंभूतैः। अनेके च त उपायास्तैः संतप्तोष्णीकृता य उत्कारिकादयस्तैरनेकोपायसंतप्तैः। कथं प्रयोज्य इत्याह। देशकालतः। त्यब्लोपे पंचमी चेयम्। तेन देशकालावपेक्ष्य उपलक्षणं चदम्। तेन दोषदूष्यादीनपेक्ष्य स्वेदोऽयं प्रयोज्यः। लोष्ठकपालपाषाणनग्निवर्णान्संदंशेन गृहीत्वा स्वेद्यदोषपेक्षयाऽभ्यस्यम्ले धान्यम्ले शुक्तादौ वा निमज्जयेत्। तदुद्भूतबाष्पैः स्वेदः शयनस्थस्य कार्यः। अथवा गवादिशकृता पिंडीकृतेनोष्णेव स्वेदः स च पिंडस्वेदसंज्ञः। अथवैरण्डादिद्रव्ययुक्तानि। यवादीनि धान्यानि साम्लकादीनि गृहीत्वा पिहितमुखायां सम्यगुपस्वेद्य निवाते गृहे शयनस्थे किलिंजे प्रस्तीर्याऽविककौशेयवातहरपत्रान्यतमोत्तरप्रच्छदे रौरवाजिनप्रावारादिष्ववच्छन्नं स्वेदयेत्। अथवा पूर्ववत्स्वेद्यद्रव्याणि कुंभ्यामुत्क्वाथ्यं तन्निकटोप-

विष्टो घनवस्त्रप्रावृत उष्माणं गृह्णीयात् । एष संस्तरस्वेदः । एवमनेकोपाय-संतप्तत्वं दोषदूष्याद्यपेक्षया निरूप्य स्वेदो योज्यः ॥

अरुणदत्तः

ऊष्माख्यः स्वेदः उत्कारिकादिभिः प्रयोज्यः । यवमाषैरण्डतिलादिभिः स्विन्नः पुपूलिकाकृतिभिर्यः स्वेदनोपायः स उत्कारिकास्वेदो भण्यते । लोष्ट-कपालपाषाणानग्निवर्णान् कृत्वाऽम्भस्यम्ले वा निमज्जयेत् । तैरार्द्रान्वित-वस्त्रेण वेष्टितैः स्वेदयेत् । पांशुना पत्रभङ्गेन धान्येन च तथा गवां करीषैः सिकतादिभिः सुखैश्चाम्लैः क्वथितैर्वस्त्रवेष्टितैः, स्वेदयेत् । अनेकोपायसन्त-प्तैरिति कुम्भीनाडीघटाद्यादिभिरुपायैः सन्तप्तैरुत्कारिकादिभिरुष्माख्यः स्वेदो देशतः कालश्च योज्यः । देशतः शरीरदेशो भूमिदेशश्च । कालो मुहुर्तादि-लक्षणः आतुरावस्थालक्षणश्च । तद्वशात्तत्सामर्थ्यादस्य स्वेदस्य प्रयोगः कार्यः । शरीरदेशतो यथा—आमाशयगते वायावित्यादि । तथाऽल्पवङ्क्षणयोरिति । भूमिदेशतो यथा—आनूपं स्वेदस्य योग्यं न तथा जाङ्गलम् । कालतो यथा—हेमन्तेऽन्योन्यस्वेदयोग्यता न तथा ग्रीष्मे । व्यवस्थातोयथा— पित्त-संसृष्टे वायौ कश्चिद्योगः कश्चित् श्लेश्म संसृष्टे कश्चिदबले वाते पत्रभङ्गे धान्येनेति पत्राणामङ्गभञ्जनं क्षोदनमामर्दनमङ्गभङ्गो यस्य धान्यस्य तत्पत्रभङ्ग धान्यम् । करीषो गवां शकृत् । सिकता वालुका ॥

चंद्रनन्दनः ।

उष्णस्वेदस्य लक्षणमाह उत्कारिकादिभिः सोष्मभिः कंबलादिवेष्टितैर्यः स्वेदः क्रियते स ऊष्म स्वेदः । उत्कारिका, रोटिका, पत्रभंगेन खंडशः कृतैः पत्रैः धान्येन गोधूमादिना । संग्रहे तु ऊष्मभेदः पुनरष्टधा भिद्यते पिण्डः, संस्तरो, नाडी; घनाश्मा, कुंभी, कूपः, कुटी, जर्यताकश्च । तत्र कपाल-पाषाणलोष्ठलोहपिंडानग्निवर्णान् संदंशेन गृहीत्वांभस्यम्ले वा निमज्जयेत् । तैरार्द्राविकवस्त्रेण वेष्टितैः श्लेष्ममेदोभूयिष्ठं सरुजमंगं ग्रंथिमद्वा स्वेदयेत् । पांशु-सिकतागवादिकरीषतुषधान्यबुसापुलाकपललैर्वाऽम्लोत्क्वथितैः पूर्ववद्वेष्टितैर्गवादि-शकृताद्रेण पिंडोक्तेनोपनाहद्रव्योत्कारिकाकृशरापायसपिंडैर्वा वातरोगिण्वति पिंडस्वेदः । स एव च संकराख्यः । यवार्हस्वेदद्रव्याणि पिहितमुखायामूषायां सम्यगुपस्वेद्य निवातशरणशयनस्थे कलिंजे प्रस्तार्याविककौशेयवातहरपत्रान्यत मोत्तरप्रच्छेदरौरवाजिनेष्ववच्छन्नं स्वेदयेदिति संस्तरस्वेदः । पूर्ववदेवोपस्वेद्यो-खामुखेनामुखां नाड़ीमूलच्छिद्रप्रणामपार्श्वच्छिद्रामभिसंधायोपलिप्य च पार्श्व-च्छिद्रस्थया नाड्या शरीरेषीकावंशदलकलिंजकरंजपत्रान्यतमकृतया गजाग्रहस्त-संस्थानया व्यामदीर्घयाऽध्यर्द्धव्यामदीर्घया वा स्वायामचतुर्भागाष्टभागपरिणाह-मूलाग्रस्रोतसा सर्वतोवातहरपत्रमसंवृत्तच्छिद्रया द्विस्त्रिर्वा विनामितया सुखो-पविष्टस्य स्वभ्यक्त प्रावृतेंऽगे बाष्पमुपहरेत् । बाष्पो ह्यनृजुगामी विहतचंड-वेगस्त्वचमविवहन् सुखं स्वेदयतीति नाडीस्वेदः ।

पुरुषायाममात्रधिकं वा घनं समं सुखं च शिलातलं भूप्रदेशं वातहरदारु-दीप्तेनाग्निना सर्वतस्तापयित्वा अग्निना सर्वतस्तापयित्वा अग्निमपोह्यौष्णोद-काम्लादिभिरभ्युक्ष्य यथोक्तप्रच्छदे संस्तरवत्स्वेदयेदिति घनाश्मस्वेदः । पूर्ववत्स्वेदद्रव्याणि कुंभ्या समुत्क्वाथ्याश्लिष्योपविष्टस्तदूष्माणं गृह्णीयात् । भूमौ वा तां निखाय तदूर्ध्वमासनं शयनं वा नातिघनप्रच्छदं परितः प्रलम्बमान-कुथकम्बलगोणकान्निधाय तत्रस्थस्योष्माणं गृह्णतः स्थाल्यामग्निवर्णानयोगुडा-नुपलांश्च शनैर्निमज्जयेदिति कुम्भीस्वेदः । शयनस्याधो विस्तारद्विगुणखाते कूपे वातहरदारुकरीषान्यतरपूर्णदग्धे विगतधूमे स्वास्तीर्णशयनस्थं स्वेदयेदिति कूपस्वेदः । कुटीं नात्युच्चविस्तारां वृत्तामच्छिद्रामुपनाहद्रव्यकल्कघनप्रदिग्ध-कुड्यां सर्वतो विधूमप्रदीप्त खदिरांगारपूर्णहसंतिका समूहपरितप्तां विधाय तन्मध्ये च शय्यां तत्रस्थं स्वेदयेदिति कुटीस्वेदः । जर्यताकस्वेदस्तु अशक्य-त्वान्न लिख्यते ॥

हेमाद्रिः ।

उष्मेति ॥ उष्मा तु अनेकोपायसन्तप्तैरुत्कारिकादिभिर्देशकालतः प्रयोज्यः । उष्मस्वेदः पुनर्बहुविधोपायैरुष्णीकृतैरुत्कारिकादिभिः देहदेशजाङ्गलादिदेश-शीतादिकालानुरोधतः कार्यः । तत्र पिष्टस्विन्नैर्यवमाषतिलादिभिर्लंपसिका-कृतिर्या सा उत्कारिका । तस्या उष्मणा स्वेदः । लोष्ठादीनग्निवर्णान् दग्ध्वा काञ्जिकादौ क्षिप्त्वा तत्रभवेनोष्मणा स्वेदः । एरण्डादिवातघ्नपत्रभङ्गान् काञ्जिकादिद्रवेणान्तर्धूमंविपाच्य पुनः सूत्रादिकृतखट्वोपरि रोगिणं संवेश्य चतुष्पञ्चसप्तभिः पट्टैश्छादयित्वा खट्वाया अधस्तादन्तर्धूमपाचितैरण्डा-दिपत्राधारभूतं स्थाल्यादिकन्निधाय तद्गतेनोष्मणा स्वेदः कार्य इत्यादि-कमनेकोपायसन्तप्तत्वम् । पिण्डस्संस्तरो नाली घनाश्म कुंभी कूपः कुटी जेन्ताक" इत्यष्टावुष्मस्वेदभेदास्संग्रहतो द्रष्टव्याः ॥

परमेश्वरः

प्रतप्तैरम्लसिक्तैश्च काये (ल) नक्तकवेष्टिते ।
ऊष्मस्वेदः प्रयोक्तव्यो लोहपिण्डेष्टकादिभिः ॥
अथवा वातनिर्णाशिद्रव्यक्वाथवसादिभिः ।
उर्ष्णघटं पूरयित्वा पार्श्वे छिद्रं विधाय च ॥
विमुद्रयास्यं त्रि[1]खण्डां च धातुजां काष्ठजामुत ।
षडङ्गुलास्यां गोपुच्छां नाडीं युञ्ज्याद् द्विहस्तकाम् ।

१ त्रिखण्डामिति स्वेदसौकर्यार्थम् । षडङ्गुलास्यामिति मूले षडङ्गुलं विशाल-मुखं गोपुच्छमिव क्रमकृशम् तेन अग्रे गोपुच्छाग्रपरिमाणेन कृशां नाडीम् अन्तः सरन्ध्राम् द्विहस्तकां हस्तद्वयपरिमाणाम् । हस्तिशुण्डिकयेति-हस्तिशुण्डेव क्रमकृशत्वान्नाड्या इयं संज्ञा ॥

सुखोपविष्टं स्वभ्यक्तं गुरुप्रावरणावृतम् ।
हस्तिशुण्डिकया नाड्या स्वेदयेद्वातरोगिणम् ॥ भा० प्र०

हि० व्या०—उष्म स्वेद के लिए कपाल, पाषाण, ईंट और लोहपिण्ड को अग्नि में लाल करके या काञ्जी आदि अम्ल द्रव्य का सिञ्चन करके आर्द्र वस्त्र में लपेट कर उससे अङ्गों का स्वेदन करना चाहिये। अथवा दूध, दही, धान्याम्ल और वातघ्न द्रव्यों के पत्तों (एरण्डादि के पत्र) के उष्ण क्वाथ से भरे हुए घड़े के मुख को ढँककर उससे निकलने वाले वाष्प के द्वारा स्वेदन अथवा पार्श्व में छिद्रयुक्त उल्टे मुख वाले दूसरे घड़े के मुख पर रखकर, सन्धिबन्धन करके ऊपर वाले घड़े के छिद्र में हाथी के सूंड की आकृति वाली नली लगानी चाहिए और उससे स्वेदन करना चाहिए।

अभ्यङ्ग से युक्त सुखपूर्वक बैठे हुए और कम्बल आदि से ढँककर वात के रोगी का हस्तिशुण्डाकार नाड़ी से स्वेदन करना चाहिए। इससे सभी अङ्गों का स्वेदन सुखपूर्वक होता है तथा रोगी को किसी प्रकार का कष्ट भी नहीं होता।

अर्धव्याम लम्बी तीन स्थानों में मुड़ी हुई एवं हाथी के सूंड की भाँति आकृति वाली कैलिञ्जी (कुशकाश आदि से निर्मित) हस्तिशुण्डि का नाड़ी स्वेदन के लिए हितकर होता है।

दशविधं अनग्निस्वेदनिरूपणम्

व्यायाम उष्णसदनं गुरुप्रावरणं क्षुधा ।
बहुपानं भयक्रोधावुपनाहाहवातपाः ॥
स्वेदयन्ति दशैतानि नरमग्निगुणादृते ॥

च० सू० १४।६४-६५

संप्रत्यनग्निस्वेदानाह–व्यायाम इत्यादि। उष्णं सदनमित्यग्निसन्तापव्यतिरेकेण निर्जालकतया घनभित्तितया च यद्गृहं स्वेदयति, तद्बोद्धव्यम्। बहुपानमिति बहुमद्यपानम्, उपनाहो द्विविधः साग्निरनग्निश्च, तत्र यः साग्निरुपनाहः स सङ्कर एव बोद्धव्यः, यदुक्तं—"कोलं कुलत्थाः सुरदारुरास्नाः" इत्यादिनाऽऽरग्वधीये यस्त्वनग्निबलत्वेन शरीरोष्णरोधं कृत्वा स्वेदयति स इह बोद्धव्यः। आतपश्च यद्यपि उष्णः; तथाप्यग्निकृतं तस्योष्णत्वं न भवतीत्यनग्निस्वेद उक्तः। अग्निगुणादृते साक्षादग्निसम्बन्धेन कृतादुष्णात्वाद्विना ॥ चक्रपाणिः ॥

निवातातपगुरुप्रावरणनियुद्धाध्वव्यायामभारहरणा[1]मर्षैः स्वेदमुत्पादयेदिति।
सु० चि० ३२।१५

१. अमर्षोविरोधो द्वन्द्वयुद्धादिरिति यावत्। अत्र व्यायामग्रहणेनैषामुपलब्धेऽपि पृथगुपादानं प्रपञ्चार्थम् ॥ हाराणचन्द्रः ॥

स्वेदोऽग्निहीनः क्षुत्तृष्णाभयं क्रोधस्तथाहवः ।
निवातवध्वसन्तापौ गुरुप्रावरणं तथा ॥

भेल सं० सू० २२।३१-३२

निवातसदन गुरुप्रावरणमुहुर्मद्यपान क्षुद्व्यायामातपनियुद्धाध्वभारहरणामर्षभयैः।
अ० सं० सू० २६।१७

निवातं गृहमायासो गुरुप्रावरणं भयम् ।
उप[1]नाहाहवक्रोध भूरिपानं क्षुधातपाः ॥

अ० हृ० सू० १०।२४ चक्रदत्तः।

अनाग्नेयोऽग्नियोगविना शक्तयैव स्वेदयति तं च तेन मेदसा कफेन वावृते वायौ प्रयोजयेत् स चानाग्नेयो निवातसदनादिभिर्भवति। निवातसदनं निषिद्धवायु प्रवेशं वेश्म। नियुद्धं बाहुयुद्धमतिधनुष्काण्डादिना ॥ इन्दुः।

निवात गृहादयोऽनाग्नेयाः स्वेदाः। आयासो व्यायामः। गुरुप्रावरणं रल्लकादि। भयं खड्गहस्तराजपुरुषदर्शनादिना। उपनाहोऽप्यनाग्नेयः स्वेदः। उपनाहस्य द्वैविध्यात्। तत्रोपनाहो वचाकिण्वेत्यादिराग्नेयः। तत्र तापोऽग्नितप्तवसनेत्यनुवृत्तेः। अनाग्नेयस्तु स्निग्धोष्णवीर्यैर्मृदुभिश्चर्मपट्टैरित्यादिकः। आहवः समरः। भूरिपानं बहुमद्यपानम्। (अरुणदत्तः)

..... कोष्णं गेहे रवेः करान्।
नियुद्धं मार्गगमनं गुरुप्रावरणं ध्रुवम् ॥

भाव प्र० स्वेदा०

..... कालेयागुरुरूषितान्।
भिषक् बलाबलं दृष्ट्वा बलिनो दुर्बलानपि।
कुथकम्बलकौशेयैः प्रवेण्यजिनकादिभिः।
किटिजैराविजैर्वस्त्रैः प्रच्छाय स्वेदयेन्नरान् ॥

भे० सं० सू० २२।४-५

दश प्रकार के निरग्नि स्वेद निम्न है—

(१) व्यायाम, (२) ऊष्मगृह, (३) ओढ़ने के भारी वस्त्र (कम्बल रजाई आदि) (४) भूख (उपवास), (५) अत्यधिक पान करना, (मद्य आदि उष्ण द्रव्यों का पान), (६) भय दिखाना, (७) क्रोध, (८) उपनाह, (९) युद्ध (कुस्ती मल्लयुद्ध), एवं (१०) आतप सेवन।

वक्तव्य—दश प्रकार के निरग्निस्वेद भेदों में भी साग्नि स्वेद के समान स्वेदप्रवृत्ति, लघुता की उत्पत्ति, श्रमनाश, वातशमन, श्लेष्ममेदसावृतवातजन्य रोगनाश, एवं स्रोतो शुद्धि होने से इनका भी रोग, रोगी अवस्था तथा स्थान

१. उपनाहः बहलो लेपः, स हि बहलत्वेन शरीरोष्मरोधं कृत्वा स्वेदयति। भूरिपानं मद्यस्य ॥ शिवदासेन ॥
अनाग्नेयोऽग्नियोगं विना शक्तयैव स्वेदयति तं च मेदसा कफेन वावृते वायौ

भेद एवं काल की दृष्टि से बहुत महत्त्व है।

व्यायाम—विविध प्रकार की व्यायाम प्रक्रियाओं द्वारा शरीर के अङ्गो-पाङ्गों में जो आयास[1] होता है उसे व्यायाम कहा जाता है। इसमें ऊष्मा की

---

१. (क) विशिष्ट आयामः व्यायामः।
(२) शरीरायासजननं कर्मव्यायाम संज्ञितम्। सु० चि० २४
(३) व्यायामः स्थैर्यकराणां श्रेष्ठः। च० सू० २५।४०
(४) स्थिरी भवति मांसं च व्यायामाभिरतस्य च।
सु० चि० २४।४२
(५) शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणां सुविभक्तता।
दीप्ताग्नित्वमनालस्यं स्थिरत्वं लाघवं मृजा॥
श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता।
आरोग्यं चापि परमं व्यायामादुपजायते॥
सु० चि० २४।
(६) शरीरचेष्टा या चेष्टा स्थैर्यार्था बलवर्धनी।
देहव्यायामसंख्याता मात्रया तां समाचारेत्॥
च० सू० ७।३१
क्रमवृद्धया समारोग्यशरीरबलपुष्टिदः।
आरोग्यबलपुष्टिघ्नः स एवाक्रमसेवितः॥
अन्यत्र अधिकः पाठः
(७) स्याच्छिलालगुडाकर्षाद्धनुराकर्षणादपि।
आयामाद्बृहुधाङ्गानां व्यायाम इति शब्दितः॥
गात्रेष्वायम्यमानेषु तेषु रक्तं विभज्यते।
तद्गात्रेषु विभक्तं हि मांसी भवति मर्दनात्॥
स्रोतस्सु रुद्धो वायुर्यः स चापि प्रतिसार्यते।
मारुते प्रगुणीभूते सुखं गात्रेषु जायते॥
कान्तवर्णत्वमङ्गानां सुविभक्तत्वमेव च।
प्रशुद्धोच्छासनिश्वासचेष्टा समशनेरुचिः॥
(८) अनेक प्रकार के आसन, योग प्रक्रियायें एवं आधुनिक फिजियो थैरेपी प्रक्रिया द्वारा स्तम्भ एवं गौरव को दूर करने की विविध विधियां भी निरग्नि व्यायाम के ही प्रकार है।
(८) अनग्नि स्वेदः। सु० चि० ३२।१५
(९) व्यायामाच्छरीरस्य सम्यक्पुष्टिः, सुघटितत्वं, कान्तिः, अग्निदीप्तता, अनाऽऽलस्यं, स्थिरत्वं लाघवं, मृजा (शुद्धिः), श्रमक्लमपिपासोष्णशीतादीनां सहिष्णुता, आरोग्यञ्चोपजायते। व्यायामसदृशं स्थौल्याऽपकर्षणं किंचिन्नास्ति। व्यायामिनोऽरिभयं नास्ति। व्यायामी सहसा जरां न

उत्पत्ति होने से, गात्रस्वेद प्रवृत होने लगता है। यह भी एकाङ्ग सर्वाङ्ग दोनों ही प्रकार का होता है। अंगविशेष का व्यायाम एकाङ्ग एवं दौड़ना, घूमना, मुद्गर घुमाना, दण्ड-बैठक आदि से सार्वदेहिक स्वेदन होता है। स्वेद प्रवृत्त होने से स्रोतों शुद्धि तथा आयास से मांसपेशियों में स्थिरता एवं अंगविशेष की जकड़ाहट दूर होने से स्वाभाविक कार्य क्षमता की उत्पत्ति होती है।

ऊष्मा की उत्पत्ति से वात का भी अंगविशेष से निर्हरण हो जाता है तथा स्रोतोसंग की स्थिति में दोष स्थान छोड़कर चलायमानावस्था में आ जाते हैं। दैनिक व्यायाम की अनेक विशेषताओं का शास्त्रों में वर्णन किया गया है। भार उठाना, विविध प्रकार के आसन, किसी स्प्रिंग लगी वस्तु को खैंचना तथा विविध प्रकार के खेल भी व्यायाम के ही प्रकार है। रोगी, रोग, शरीर शक्ति तथा काल का ज्ञान करते हुए व्यायाम का नियमपूर्वक सेवन करना हितकर होता है। अन्यथा प्रयोग से विविध उपद्रवों को उत्पन्न करता है।

उष्ण सदन

प्राकृतिक उष्मा वाले किसी कमरे या कुटी से उष्णसदन का अर्थ लिया जाता है। अग्निस्वेद से भिन्न निरग्नि स्वेद में रोगी को इस प्रकार के कमरे में रखा जाता है जिसकी दीवारें मोटी हो तथा वातायन एवं खिड़कियों रहित-

---

प्राप्नोति। तस्य मांसं स्थिरी भवति। व्यायामस्विन्नगात्रस्य पद्भ्यामुद्वर्तितस्य व्याधयो न भवन्ति। वायोरूपगुणैर्हीनाऽपि पुरुषाः व्यायामेन सुदर्शना भवन्ति। व्यायामिनो विरुद्धं भोजनं विदग्धमविदग्धं वाऽन्नं निर्दोषं पच्यते। बलिनां स्निग्ध भोजिनां च व्यायामः सदा पथ्यो भवति। व्यायामादग्निदीप्तौ सत्यां सर्वरोगोपशमः।
सु० चि० २४।३८-३५
(१०) अति व्यायामजा रोगाः—क्षयस्तृष्णाऽरुचिश्छर्दिः रक्तपित्तं भ्रमः क्लमः, कासः शोष ज्वरः श्वासश्च। सु० चि० २४।४८-५०
(११) वर्षाकाले मृदुव्यायाममाचरेदित्युक्तम्। स च शरीरक्लेशदोषार्थं वह्नि-संधुक्षणार्थं च। सु० उ० ७४।६-१०।
(१२) स्निग्धभोजिनां बलिनां पुरुषाणां कृते व्यायाम सदैव हितकरः, आत्म-हितैषिभिर्जनैः सर्वेष्वृतुष्वहरहः स्वबलार्धेन व्यायामः कर्तव्योऽन्यथा स एव व्यायामो मनुजं हन्यात्, यावत्कालपर्यन्तं हृदिस्थितो वायुर्वक्त्रतां न प्रपद्यते व्यायामं कुर्वतो जन्तोस्तद्बलार्धस्य लक्षणम्॥" वयोबलशरीरकालाशनदेशा-ऽनुसारेणैव व्यायामः कर्तव्योऽन्यथा स एव व्यायामः व्याधिजनकः स्यात्। सु० चि० २४।४५-४६
(१३) व्यायामायोग्य—रक्तपित्ती कृशः शोषी श्वासकासक्षयाऽऽतुरो भुक्तवान्व्यवायक्षीणो भ्रमाऽऽर्तश्च। सु० चि० २४।५०-५१

हो। उसमें प्रवेश के लिए मात्र एक दरवाजा हो, जिसे बन्द कर देने पर रोगी को अन्दर की उष्मा से स्वेदन हो जाता है। कमरे की छत पर घास डालकर अथवा चावलों की घास गुरुप्रावरण (पुआल) बिछाकर भी उष्ण किया जाता है।

गुरु प्रावरण

भारी वस्त्र कम्बल अथवा रजाई से रोगी को ढक देना गुरु प्रावरण विधि है। इस प्रक्रिया से स्वेद प्रवृत्त होने लगता है। ज्वर या प्रतिश्याय आदि रोगों में अथवा तैल आदि मर्दन कर रोगी को मोटे वस्त्र से ढक देने का प्रायः व्यवहार में उपयोग किया जाता है। इससे कफावृत वात, के आवरण रहित होने के साथ-साथ स्वेद प्रवृत्ति द्वारा शरीर की गुरुता एवं जकड़ाहट भी दूर हो जाती है।

क्षुधा

उपवास का ही एक प्रकार क्षुधानिग्रह है। इस अधारणीय वेग को धारण कर निरग्नि स्वेद किया जाता है। प्रतिदिन स्वाभाविक आहारकाल में जाठराग्नि की स्वाभाविक वृद्धि होती है। भोजन नहीं दिए जाने पर अथवा न्यून मात्रा में भोजन किए जाने पर भी क्षुधा की अधिक उत्पत्ति होती है। पाचन के लिए पर्याप्त अन्न न मिलने अथवा अल्पाहार मिलने पर जाठराग्नि दोषों का पाचन करती है। निरग्निस्वेद प्रायः कफावृत वात या "वाते मेदः कफावृते" अवस्था में दिया जाता है। अतः कफ एवं मेदा का पाचन हो जाने से शरीर में गुरुता एवं स्तम्भ नष्ट हो जाते हैं। यद्यपि इससे स्वेद प्रवृत्त नहीं होता तथापि स्वेदन के कार्य "स्तम्भ गौरवशीतघ्नं" भाव स्पष्ट देखे जाते हैं। इसका भी मात्रावत् प्रयोग करना चाहिए, अन्यथा अति क्षुधा निरोधज रोग उत्पन्न हो जायेंगे।

अनुपवास्याः

आहिताग्निरनड्वांश्चब्रह्मचारी च ते त्रयः।
अश्नन्त एव शोभन्ते नैषां सिद्धिरनश्नताम्॥ स्मृतिः।

केचिदातुरा अप्युपवासार्हाः—

त्वग्दोषिणां प्रमीढानां स्निग्धाभिष्यन्दिबृंहिणाम्।
शिशिरे लंघनं शस्तमपि वातविकारिणाम्॥
अबहुश्लेष्मपित्तास्रमलाः संसृष्टमारुताः।
बृहच्छरीरा बलिनः उपवासाय ते मताः॥
येषामल्पबला रोगा कफपित्तसमुत्थिताः।
वम्यतीसारहृद्रोगविसूच्यलसकज्वराः॥
विबन्ध गौरवोद्गार हृल्लासारोचकादयः।
पिपासानिग्रहैस्तेषामुपवासैश्च तान् जयेत्। च० सू० २२

प्राणाविरोधिना लङ्घनोपदेशः

प्राणाविरोधिना चैनं लङ्घनेनोपपादयेत्।
बलाधिष्ठानमारोग्यं यदर्थोऽयं क्रियाक्रमः॥ च०

सुलङ्घितलक्षणम्

वातमूत्रपुरीषाणां विसर्गः गात्रलाघवे।
हृदयोद्गारकण्ठास्यशुद्धौ तन्द्राक्लमे गते॥
स्वेदे जाते रुचौ चैव क्षुत्पिपासासहोदये।
कृतं लङ्घनमादेश्यं निर्व्यथे चान्तरात्मनि॥ च० सू० २२।-

अतिलङ्घन दोषाः

पर्वभेदोऽङ्गमर्दश्च कासः शोषो मुखस्य च।
क्षुत्प्रणाशोऽरुचिस्तृष्णादौर्बल्यं श्रोत्रनेत्रयोः॥
मनसः सम्भ्रमोऽभीक्ष्णमूर्ध्ववातस्तमो हृदि
देहाग्निबलनाशश्च लङ्घनेऽतिकृते भवेत्॥ च० सू० २२।-
कार्श्यं दौर्बल्य वैवर्ण्यमङ्गमर्दोऽरुचिर्भ्रमः।
क्षुद्वेगनिग्रहात् तत्र स्निग्धोष्णं लघु भोजनम्॥ च० सू० ७।२०

बहुपान—

बहुपान का अर्थ अत्यधिक मद्यपान से लिया गया है। अत्यधिक मद्यपान से स्वेद प्रवृत्ति, शीतनाश, स्तम्भ तथा गौरव आदि विकार दूर होते हैं। व्यवायी एवं मादक द्रव्यों के समान मद्य का प्रभाव भी बिना पाक के पूर्व सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त हो जाता है। उष्ण गुण के कारण स्वेद की प्रवृत्ति मद्य की स्वाभाविक प्रक्रिया है। शरीर में शीघ्र फैलने के कारण स्रोतो

---

१. सर्वं मद्यं पित्तकरमम्लं रोचनं दीपनं भेदनं कफवातघ्नं हृद्यं बस्तिविशोधनं पाके लघूष्णं तीक्ष्णमिन्द्रियबोधनं विकासि सृष्टविण्मूत्रं च।
सु० सू० ४५।१७०

२. सूतासु दुष्प्रजातासु योनिभ्रंशेऽतिमैथुने, बालानां दन्तजन्मनि, पिपासया पीडितेषु तालुकण्ठौष्ठशोषे रोदितेऽतिप्रजागरे वातश्लेष्माऽऽत्मके व्याधौ मद्यं हितम्। च० सू० ५७।३२४

३. मद्यनिषेध—
(क) सर्पविषे मद्यमहितकरम्। सु० क० ५।१८
(ख) व्रणिनामहितम्। सु० सू० १६;१६

४. मद्यनिषेधः—
मोहो भयं शोकः क्रोधो मृत्युरुन्मादो मदो मूर्च्छायोऽपस्मारोऽपतानकश्चेत्याद्या मद्य दोषाः। अ० सं० नि० ६।१०

५. मद्यप्रवृत्तो रोगस्त्रिविधः,—तद्यथा-पानात्ययः, पानविभ्रमः, पानाऽपक्रमश्च। (का० सं० पानात्य०)

शुद्धि होने से गुरुता एवं स्तम्भ भी दूर हो जाता है। मद्य के रोचन, दीपन एवं भेदन कर्म भी निरग्नि स्वेद के लक्ष्य की पूर्ति करने में सहायक होते हैं।

भयदर्शन—

भय एक मनो विकार है। भय दिखाने से मानसिक दोषों की प्रवृत्ति, मनोवाही स्रोतों में प्रारम्भ होती है। आधुनिक दृष्टि से भी भय से आक्रान्त होने पर वातनाड़ियों में चेष्टाएँ बढ़ जाती हैं। इनका प्रभाव शरीर की सम्पूर्ण त्वचा पर होने से स्वेद प्रवृत होने लगता है। "कामशोकभयात् वायुः" भय से वात की वृद्धि एवं चेष्टाएं बढ़ जाती है; भय से उत्तेजना के कारण मेद एवं कफ का आवरण दूर हो जाने से भी आवृत वात अपनी प्राकृत चेष्टाएँ करने में समर्थ हो जाती हैं अतः स्वेद प्रवृत्ति के साथ-साथ स्रोतो शुद्धि होने से स्तम्भ एवं गौरव दोष भी दूर होने लगते हैं। प्रायः भय में व्यक्ति की प्रवृत्तियाँ बढ़ जाती हैं यथा—दौड़ना, उछलना, घूमना, अंगों की गतिशीलता आदि ये समस्त प्रवृत्तियाँ वात के कारण तथा स्रोतोशुद्धि के कारण होती है।

क्रोध —

यह भी एक मनोभाव ही है। राजसगुण प्रधान होने से क्रोध से पित्त प्रकुपित हो जाता है "क्रोधात्पित्तम्"। ऊष्मा की अस्वाभाविक एवं अकस्मात् वृद्धि होने से रक्त में भी ऊष्णता बढ़ जाती है। इसी से स्वेद ग्रन्थियाँ प्रभावित होकर स्वेद का निर्हरण होने लगता है। हाथ-पाँवों को चलाना, अस्त्र-शस्त्र चलाना, मारने के लिए दौड़ना आदि चेष्टाएँ स्वाभाविक रूप में देखी जाती हैं। पित्त से ऊष्मा वृद्धि होकर दोषों को पचाने लग जाती है एवं कफावृत वात का आवरण दूर होने पर ही शरीर में क्रियाशीलता की वृद्धि होना सम्भव है।

उपनाहः—

उपनाह स्वेद को साग्नि एवं निरग्नि दोनों प्रकार के स्वेद भेदों में प्रयुक्त किया जाता है। यहाँ निरग्नि स्वेद में उन द्रव्यों द्वारा कल्क रूप में उपनाह बनाया जाता है जो अपने उष्ण वीर्य के प्रभाव से स्वेदन कर्म कराने में समर्थ होते हैं यथा-बेर, कुलथी, कूठ, वच, सौंफ, रास्ना, उड़द, अलसी का तेल; मदनफल, देवदारु, दारुहरिद्रा, हरिद्रा आदि। इन द्रव्यों को कांजी में मिश्रित कर प्रदेह या प्रलेप तैयार किया जाता है। इस प्रकार के अनेक प्रदेह-प्रलेप प्रयोगों का च० सू० ३।१७ से २९ तक वर्णन किया गया है। अन्य संहिता एवं संग्रह ग्रन्थों में भी विवरण मिलता है।

आहवः (मल्लयुद्ध) —

इसमें विविध दाव पेंच की चेष्टाओं से शारीरिक अंगों में आयाम होने से इसे व्यायाम का ही एक प्रकार माना जाता है। अतः व्यायाम से निरग्नि स्वेद के समान ही दोष निर्हरण प्रक्रिया देखी जाती है। शरीर के विभिन्न

भागों की मांसपेशियों की जकड़ाहट, शरीर में उत्पन्न कफ एवं मेदा के आवरण तथा गौरव भी दूर होते हैं।

[1]आतप—

सूर्य ताप में बैठाकर उष्मा देना, (आतप सेवन) निरग्नि स्वेद है। कुष्ठ जैसे अन्य त्वचा रोगों में शीत शमनार्थ मेद के पाचन के तथा वात विकारों में भी आतप का प्रयोग कराया जाता है।

कुत्र अनग्निस्वेदः कर्तव्यः

कफमेदोन्विते वायौ·····।

सु० चि० ३२।१५

अनाग्नेयं पुनर्मेदः कफावृते वायौ।·····

उपनाहं च पित्तान्वये पूर्वोक्तेनैव विधिनाऽग्निरहितमिति।

अ० सं० सू० २६।१७

कफमेदोवृते वाते·····।

भाव प्र०

स्वेदो हितस्त्वनाग्नेयो वाते मेदः कफावृते॥ ८॥

अ० हृ० सू० १७।२३

चक्रदत्त स्वेदाधिकार

अनग्नि स्वेद के प्रयोग स्थल

हि० व्या०—जब वातदोष मेद तथा कफ से आवृत्त हो तब अनग्निस्वेद का प्रयोग करना चाहिए।—इस सन्दर्भ में सुश्रुत के वचनों का ही संग्रहकारों ने अनुसरण किया है। अ० संग्रह में वायु के पित्त से मिले होने पर अग्नि रहित उपनाह द्रव्यों का प्रयोग कराने अर्थात् कल्क को ही उपनाह रूप में बाँध देने का निर्देश किया है।

निरग्नि स्वेद के आवश्यक उपकरण

अनग्नि स्वेद के लिये पीतचन्दन या दारुहरिद्रा, अगर तथा अर्क आदि औषधियों का संग्रह कर लेना चाहिए रोगी के बल आदि का परीक्षण करके कन्था (मोटी गद्दे जैसी बिछाने की वस्तु), रेशमी वस्त्र, कम्बल (गरमवस्त्र), मृगचर्म वनसूकर या भेड़ के बालों के कम्बल से ढककर रोगी का निरग्निस्वेद कराना चाहिए।

---

[1] आतप—पु० सूर्यातपः, रविप्रकाशः, तेजः परमाणुपुञ्जः, आ० शब्दकोशः।
तद्गुणाः—पित्ततृष्णाग्निस्वेदमूर्च्छाश्रमास्रकृत्। सु० चि० २४।८६
(क)—लंघन प्रकारः आतपसेवनम्। च० सू० १३।१९
(ख)—मध्यबलस्थूलमनुष्येषु स्थौल्यापनयनाय। च० सू० १२।२३
(ग)—दुष्टव्रणपीडितेषु कुण्ठिषु तैलपानाभ्यङ्गादनन्तरमन्तःशोधनार्थं प्रयुक्तश्चिकित्सोपक्रमः। सु० चि० ३।६६

स्वेदन द्रव्यगुणाः, लक्षणम्

उष्णं तीक्ष्णं सरं स्निग्धं रूक्षं सूक्ष्मं द्रवं स्थिरम् ।
द्रव्यं गुरु च यत्प्रायस्तद्धि स्वेदनमुच्यते ॥
अ० सं० सू० २६

स्वेदनं गुरुतीक्ष्णोष्णं प्रायः[1]..... च० सू० २२।१६

द्रवस्थिरसरस्निग्धरूक्षसूक्ष्मं च भेषजम् ।
स्वेदनं... ... ...॥
हृ० सू०-१७।१६

पाषाणभस्मसिकतातुषपांसुबुसानि च ।
अजाविगोपुरीषाणि प्रावाराणि प्रवातिकाः ॥
पयांस्यम्लानि धान्यानि गिरिसाधारणानि च ।
सर्वाणि मद्यमांसानि लवणानि तथैव च ॥
विधिवद्योजयेत्स्वेदे,
भे० सू० २२।२-३ ॥

विविधस्वेदोपयोगी द्रव्याणिः—

शोभाञ्जनकैरण्डार्कवृश्चीरपुनर्नवायवतिल्वकुलत्थमाषबदरागीति दशेमानि स्वेदोपगानि भवन्ति ॥ च० सू० ४।२२

हि० व्या०—उष्ण, तीक्ष्ण, सर, स्निग्ध, रुक्ष, सूक्ष्म, द्रव स्थिर और गुरु गुणयुक्त द्रव्य प्रायः स्वेदन में कार्य कर होते हैं । आचार्यवाग्भट का विचार भी समान है । अग्रिम श्लोक में रसों की दृष्टि से लवण अम्ल, तथा कटु रस वाले द्रव्यों को स्वेदन योग्य बताया है ।

आचार्य भेल के अनुसार पाषाण, राख, मिट्टी, तुष, धूलि, भूसा, बकरी, भेड़ व गाय का गोबर, दूध, अम्ल द्रव्य; धान्य, सिन्दूर (आदि साधारण द्रव्य,) सभी प्रकार का मद्य एवं मांस तथा लवणों का विधिवत् प्रयोग स्वेदनार्थ करना चाहिए ।

स्वेदोपगद्रव्याणि दशेमानि

१-सहिजन	६-यव (जौ)
२-एरण्ड	७-तिल
३-मदार (आक)	८-कुलत्थ (कुलथी)
४-श्वेतपुनर्नवा	९-उड़द
५-रक्तपुनर्दवा	१०-बेर

ये दश औषधिभाँ स्वेदनकर्म में सहायक है ।

१. प्रायस्तिक्तं कषायं च मधुरं च समासतः । अ० हृ० सू० १७

प्रदेहस्वेदोपयोगी द्रव्याणि

एरण्डवृषशिग्रूणां त्वक्पत्रैः कल्कसाधितैः ।
समूत्रबुक्क (किण्व) लवणैः प्रदेहःस्यात्सुखोष्णभिः ॥
शीतिभूतं तु निर्मृज्य लेपयेदपरापरम् ।
अनेकशस्तु विज्ञाय स्विन्नं स्वेदं निवर्तयेत् ॥
द्रव्यैर्वातकफघ्नैश्च प्रदेहः शिग्रुवर्द्धितः ।
अन्यैरपि करीषैश्च गोखराश्वाविबस्तजैः ॥
का० सू० २३

एरण्ड, वासा, सहजन की छाल (त्वचा) एवं पत्तों के कल्क बनाकर उसमें गोमूत्र और बुक्क (हृदय का मांस) अथवा किण्व तथा सैन्धव मिश्रित कल्क तैयार कर उस कल्क को सुखोष्णकर प्रदेह स्वेद किया जाता है । शीतल हो जाने पर लेप को उतार कर पुनः दूसरा और तीसरा लेप पर्याप्त स्वेदन होने तक करना चाहिए । इसी प्रकार अन्य वात-कफ नाशक द्रव्य, गाय, गदहे घोड़ एवं बकरी के पुरीष (उपलों) के द्वारा किया गया प्रदेह भी हितकारी है ।

प्रस्तर स्वेद द्रव्याणि

शूकशमीधान्यपुलाकानां वेशवारपायसकृशरोत्कारिकादीनां वा प्रस्तरे कौशेयाविकोत्तरप्रच्छदे पञ्चाङ्गुलोरुबूकार्कपत्रप्रच्छदे वा स्वभ्यक्तसर्वगात्रस्य शयानस्योपस्वेदनं प्रस्तरस्वेद इति विद्यात् । च० सू० १४।४२

सामान्यतः—

हि० व्या०—प्रस्तरस्वेद में प्रयुक्त द्रव्य— शूकधान्य (जौ, गेहूं), शमीधान्य उड़द, मूंग, चना आदि), पुलाक (क्षुद्रधान्य), इनको उबालकर सुखोष्ण, वेशवार, खीर, खिचड़ी, हलवा प्रभृति द्रव्य को एक प्रस्तर (पत्थर) पर फैलाया जाता है । प्रस्तर की लम्बाई पुरुष प्रमाण की होती है जिस पर रोगी आसानी से लेट सके । प्रस्तर के ऊपर रेशम या ऊनी चादर अथवा एरण्डपत्र या मदार के पत्र बिछाकर उसके ऊपर रोगी या जिनका स्वेदन करना हो उनको स्नेहन कर (वातनाशक तैल का अभ्यंग कराकर) सुलाया जाता है और ऊपर से रेशमी या ऊनी चादर अभाव में एरण्ड या मदार के पत्ते से ढककर स्वेदन किया जाता है ।

पुलाकस्तुच्छधान्यम्, उत्कारिका =माषादिकृतमूषिकोत्काकृतिव्यञ्जन-विशेषः, प्रस्तीर्यते इति प्रस्तरः शयनप्रमाणेन स्वेदवस्तूनां विस्तरणं, तस्मिन् प्रस्तरे कौशेयाविकोत्तरप्रच्छदे =कौशेयाविकपिहित इत्यर्थः, पञ्चाङ्गुल =एरण्डभेदः ॥ चक्रपाणिः ॥

चतुर्विध स्वेदोपयोगि द्रव्याणि उपकरणानि च

तप्तैः सैकतपाणिकांस्यवसनैः स्वेदोऽथवाऽङ्गारकै
र्लेपाद्यातहरैः सहाम्ललवणस्नेहैः सुखोष्णंभवेत् ।

एवं तप्तपयोऽम्लवातशमनक्वाथादिसेकादिभि-
स्तप्तैस्तोयनिषेचनोद्भवबृहद्वाष्पं शिलाद्यैः क्रमात् ।

चक्रदत्तः । स्वेदाधिकारे

सुश्रुते तापवाष्पोपनाहद्रवभेदेन चतुर्विध स्वेदः उक्तः, तप्तैरित्यादिना वाष्पपूर्वमित्यन्तेन तानाह, तप्तैरित्यादि । तत्र तप्तैरित्यादिना अङ्गारकैरित्यन्तेन तापस्वेदः । सिकतैव सैकतम् । सुश्रुतेऽप्युक्तं –"तत्र तापस्वेदो नाम यः पाणिकांस्यकन्दुकपालफालबालुकावस्त्रैः प्रयुज्यते शयानस्य चाङ्गतापो बहुशः खादिरङ्गारैः" (चि० ३२ इति) ।

लेपादित्यादिना भवेदित्यन्तेन उपनाह स्वेदः । लेपमाह वातहरैवराहादिमांसैर्भद्रदार्वादिभिश्च काञ्जिकादियुक्तैः सुखोष्णैर्लेपात् यः स्वेद उक्तः स उपनाह इत्यर्थः । एवमित्यादिना सेकादिभिरित्यन्तेन द्रवस्वेदः । पयः दुग्धम् । अम्लं काञ्जिकं; सुश्रुतेऽपि—"द्रवस्वेदश्च वातहरद्रव्यक्वाथपूर्णे कोष्णकटाह द्रोण्या वाऽवगाह्य स्वेदयेत् । एवं पयोमांसरसयूषतैलधान्याम्लघृतवसामूत्रेष्ववगाहयेत्, एतैरेव सुखोष्णैः कषायैश्च परिषिञ्चेत्" (चि० ३२ अ०) इति । तप्तैरित्यादिना शिलाद्यैरित्यन्तेन वाष्पस्वेदः । शिलाद्यैरित्याद्यशब्दात् कपालेष्टकालोहपिण्डादीनां ग्रहणम्, अस्यैव विशेषणं तप्तैरित्यादि; सुश्रुते तु—"वाष्पस्वेदस्तु कपालपाषाणेष्टकालोहपिण्डानग्निवर्णाद्द्विरासिञ्चेत्" (चि० अ० ३२ इति)

(शिवदाससेनः)

हि० व्या०—उष्ण की हुई बालू, हाथ, कांस्यपात्र वस्त्र, अंगारे अथवा वातहर द्रव्य, काञ्जी, नमक एवं स्नेहयुक्त उष्ण लेप अथवा उष्ण दुग्ध, जल, वातनाशक क्वाथादि में अगाहन या उष्ण प्रस्तर पर क्वाथ, उष्ण जलादि डालने पर उठती हुई वाष्प या नाड़ी द्वारा वाष्प प्रयोग तथा यथावश्यक उपकरण जिनका स्वेदन हेतु उपयोग किया जा रहा है प्रयोग में लाने चाहिए ।

आवश्यक द्रव्य एवं उपकरणों का विधि से पूर्व संग्रह कर लेना चाहिए ।

श्लैष्मिकरोगिभ्यः स्वेदसामग्रीसंकेतः ।

गोखरोष्ट्रवराहाश्वशकृद्भिः सतुषैर्यवैः ।
सिकतापांशुपाषाणकरीषाऽऽयसपूटकैः ॥
श्लैष्मिकान् स्वेदयेत्पूर्ववातिकान्समुपाचरेत् ।

च० सू० १४।२६-२७ ॥

करीषबुसपाषाणवाष्पाङ्गारैः कफात्मकाः ।
स्वेद्यास्तु स्निग्धरूक्षाभ्यां ज्ञात्वाव्याधिबलाबलम् ॥

भे० सं० सू० २२।३३

हि० व्या०—कफ रोगों में पिण्डस्वेद के लिए द्रव्य—गाय, गधा, ऊँट, सूअर, घोड़ा, इनकी विष्ठा, भूसी, जौ, बालू, मिट्टी, पत्थर, गोबर का चूर्ण) लोह का चूर्ण, इन द्रव्यों से पिण्डाकार पोटली बनाकर स्वेदन करना चाहिए । आचार्य भेल का मत भी समान है ।

करीषः शुष्कगोमयः, आयसः अयो विकारः, स चेह पुटकरण योग्यो बोद्धव्यः । पूर्वैरिति तिलमाषादिभिः ॥ चक्रपाणिः ॥

स्वेदनाय घृतक्षीरतैल कोष्ठ प्रयोगः

स्वेदनार्थं घृतक्षीरतैलकोष्ठांश्च कारयेत् ॥ च० सू० १४।३४

हि० व्या०—जलकोष्ठक (अवगाह) स्वेदन की भाँति घी, दूध एवं तैल पूर्ण कोष्ठक (द्रोणी या टब) में भी अवगाहन कराकर स्वेदन कराना चाहिए ।

स्वेद्यास्वेद्यानाम वर्णनम्

जिन व्यक्तियों को स्वेदन कराना आवश्यक है एवं जो स्वेदन के योग्य हैं तथा जिन्हें आवश्यक होते हुए भी स्वेदन नहीं कराया जा सकता अथवा भावी उपद्रवों के परिणाम की कल्पना करते हुए जिन्हें स्वेदन नहीं कराना चाहिए, इन सभी का इस शीर्षक में वर्णन किया गया है ।

स्वेद्यानां वर्णनम्

प्रतिश्याये च कासे च हिक्काश्वासेष्वलाघवे ।
कर्णमन्याशिरः शूले स्वरभेदे गलग्रहे ॥
अदितैकाङ्गसर्वाङ्गपक्षाघाते विनामके ।
कोष्ठानाहविबन्धेषु शुक्राघाते विजृम्भके ॥
पार्श्वपृष्ठकटीकुक्षिसंग्रहे गृध्रसीषु च ।
खल्लीष्वामेषु शीते च वेपथौ वातकण्टके ॥
संकोचायामशूलेषु स्तंभगौरवसुप्तिषु ।
सर्वा[illegible]षु विकारेषु स्वेदनं हितमुच्यते ॥ च० सू० १४।२०-२४

प्रतिश्याये चेत्यादिना स्वेद्यान् दर्शयति-विनामकः = शरीरविनमनकारी वातः, विजृम्भको = बहिरायामः, जृंभाबहुत्वं वा, पादजानूरुजंघाभिरामि संग्रहश्च पृथक्संबध्यते । खल्ली = हस्तपदावमोटनम्, वातकण्टको = गुल्फाश्रितो वातः, अलाघव इति पूर्वमुक्तेऽपि पुनर्गौरववचनमङ्गानां गुरुतरत्वप्रतिपादनार्थम्, अलाघववचनं तु लाघव प्रतिषेधमात्रप्रयोजनम् नाति गुरुत्वं ब्रूते, यतः सर्वत्र नञ् विरुद्धे न वर्तते, यतः "अरुक्षमनभिष्यंदि त्वासीनप्रचलायितम्" (सू० अ० २१) इत्यत्र न ह्यरूक्षशब्देन स्निग्धत्वमभिप्रेतम्, किंतर्हि, रूक्षताप्रतिषेधमात्रमेव ॥ चक्रपाणिः ॥

मुख्य कर्मणः प्राक् पश्चात् आदौ अन्ते च स्वेदन योग्यानां वर्णनम्

येषां नस्यं विधातव्यं बस्तिश्चैव हि देहिनाम् ।
शोधनीयाश्च ये केचित् पूर्वं स्वेद्यास्तु ते मताः ॥

पश्चात् स्वेद्या हृते शल्ये मूढगर्भाऽनुपद्रवा ।
सम्यक् प्रजाता काले या पश्चात् स्वेद्या विजानता ॥
स्वेद्यः पूर्वं च पश्चाच्च भगन्दर्यर्शसस्तथा ।
अश्मर्या चातुरो जन्तुः शेषाञ्छास्त्रे प्रचक्ष्महे ॥
सु० चि० ३२।१७-१९ वंगसेन स्वेदाधि०, भावप्रकाश, चक्रदत्तः ॥

स्वेदयेत हनुस्तम्भमायाममपि चादितम् ।
पार्श्वं रोगं च गुल्मं च वातव्याधींश्च सर्वशः ॥

भेल सं० सू० २१।६

स्वरभेदप्रतिश्यायगलग्रहशिरोरुजि ।
मन्याकर्ण शिरः शूले गौरवे श्वासकासयोः ॥
कुक्षिपार्श्वकटीपृष्ठविड्ग्रहे मूत्रयक्ष्मणि ।
शुक्राघाते पक्षवधे कोष्ठानाह विबन्धयोः ॥
विनामादितजृम्भासु हनुमन्याशिरोग्रहे ।
अङ्गमर्दे महत्त्वे च वेपथौ वातकण्टके ॥
शीतशोथामखल्लीषु पाणिपादाङ्गमारुते ।
आयाम क्षेपशूलादौ स्वेदः पथ्यतमो नृणाम् ॥

का० सू० २३/२१-२४

श्वासकासप्रतिश्यायहिध्माऽऽध्मानविबन्धिषु ।
स्वरभेदानिलव्याधि पक्षाघातापतानके ।
अंगमर्दकटीपार्श्वपृष्ठकक्षिहनुग्रहे ।
महत्त्वे मुष्कयोः खल्यामायामे वातकण्टके ।
मूत्रकृच्छ्रार्बुदग्रन्थिशुक्राघाताढ्यमारुते ॥
वेपथुश्वयथुस्वापस्तम्भजृम्भाङ्गगौरवे ।
कर्णमन्याशिरः कोष्ठ जंघापादोरुरुक्षु च ।
स्वेदं यथायथं कुर्यात्तदौषध विभागतः ॥

अ० सं० सू० २६।३२-३५; अ० हृ० सू० १७।२२

श्वासकासादयस्त्ववश्यं स्वेद्याः । एषां च श्वासकासादीनां यथायथं स्वेदं कुर्यात् । कथं आह । तदौषधा विभागतः । तेनैतदुक्तं भवति । यदा श्वासे स्वेद उपयुज्यते तदा श्वासोक्तैरेवौषधैः स्वेद उपयोज्यः । एवं कासादीनामपि स्वैः स्वैरौषधैर्वाच्यम् । ग्रहशब्दस्य कट्यादिभिः सम्बन्धः । शुक्राघातः शुक्ररोधः । रुक्शब्दस्य कर्णादिभिः सम्बन्धः ॥ इन्दुः ॥

शूलशोफातुरे वाते शीतश्लेष्मातुरेषु च ।
एतेषां शस्यते स्वेदो नराणां सुखदायकः ॥

हा० सं० चि० ४।३

स्तैमित्यशूलकाठिन्यविबन्धानाहवाग्ग्रहैः ।
हृल्लासारुच्यलसकशीतासहनवेपनैः ॥

का० सं० सू० २२।६

हि० व्या०—स्वेद के योग्य रोग तथा रोगी—चरक के अनुसार—प्रतिश्याय, कास, हिचकी, श्वास रोग, स्रोतों के कफ से आवृत हो जाने के कारण शरीर में गुरुता, कर्णशूल, मन्याशूल, शिरःशूल, स्वरभेद, गलग्रह, अर्दित एकाङ्गवात, सर्वाङ्गवात, पक्षाघात, विनामक, धनुस्तम्भ, कोष्ठ आनाह, विबन्ध, मूत्राघात, विशेष जंभाई आना, पार्श्वग्रह, पृष्ठग्रह, कटीग्रह, कुक्षिग्रह, गृध्रसी, मूत्रकृच्छ, अण्डकोषवृद्धि, अङ्गमर्द, पाद, जानु, ऊरु, जंघा इन अङ्गों में शूल, जकड़ाहट, शोथरोग, आमदोष, शीतजन्यरोग, कम्पवात, वातकण्टक, अंगों का सङ्कोच, अन्तरायाम, बहिरायाम, सर्वांङ्गवात, अङ्गस्तम्भ, गुरुता और शून्यता होने पर स्वेदनकर्म किया जाता है। आचार्य सुश्रुत के अनुसार—जिन लोगों को नस्य और वस्तिकर्म करना हो और जो शोधन के योग्य हों उनको प्रधानकर्म के पहले स्वेदन करना चाहिए। शल्यक्रिया के पश्चात्, अनुपद्रव मूढ़गर्भ तथा सुखपूर्वक काल प्रसवा स्त्री का प्रधानकर्म के पश्चात् स्वेदन कराना चाहिए। भगन्दर, अर्श, अश्मरी में रोगी को प्रधानकर्म के पहले और पश्चात् स्वेदन करना चाहिए। आचार्य काश्यप ने यक्ष्मा रोग में स्वेदन कराने का भी विशेष विचार व्यक्त किया है।

विशेष—सुश्रुत में स्वेदन योग्य व्यक्तियों का उल्लेख करते हुए स्वेदन कर्म की रोगानुसार उपयोगिता का समय बताया है।

(१) प्रधान कर्म से पूर्व स्वेदन योग्य रुग्ण।
(२) प्रधान कर्म के पश्चात् स्वेदन योग्य रुग्ण।
(३) प्रधान कर्म के पूर्व एवं पश्चात् स्वेदन योग्य रुग्ण।

अस्वेद्यानां वर्णनम्

कषायमद्यनित्यानां गर्भिण्या रक्तपित्तिनाम् ।
पित्तिनां सातिसाराणां रूक्षाणां मधुमेहिनाम् ॥
विदग्धभ्रष्टभ्रघ्नानां विषमद्यविकारिणाम् ।
श्रान्तानां नष्टसंज्ञानां स्थूलानां पित्तमेहिनाम् ।
तृष्यतां क्षुधितानां च क्रुद्धानां शोचतामपि ।
कामल्युदरिणां चैव क्षतानामाढ्यरोगिणाम् ।
दुर्बलातिविशुष्काणामुपक्षीणौजसां तथा ।
भिषक्तैमिरिकाणां च न स्वेदमवतारयेत् ।

च० सू० १४।१६-१९

अस्वेद्यानाह—कषायेत्यादि । कषायद्रव्यकृतं मद्यं कषायमद्यं, किंवा कषायशब्दोऽमधुरवचनः, तेन यदुच्यते—कषायनित्यस्य वातप्रधानता स्यात्

वातकारित्वात्, वाते च स्वेदो विहित एव तत्कथं कषायनित्यं प्रति स्वेदनिषेध इति ? तन्निरस्तम् । किंवा कषायनित्या रूक्षातिस्तब्धगात्रा भवन्ति कषायस्य विरूक्षकस्तम्भकत्वेन, ततश्च तेषां स्वेदः पर्वभेदमावहतीत्यतः कषायनित्यनिषेधः । रक्तपित्तिनामविधानादेव स्वेदे निषिद्धे, पुनः स्वेदनिषेधो रक्तपित्तिनां यद्यन्योऽपि स्वेदसाध्यो वातश्लेषमजो विकारो भवति तत्रापि स्वेदनिषेधार्थम्, तथा रक्तपित्तिनां वमनविरेचनाङ्गतया प्राप्तस्वेदप्रतिप्रसवनिषेधार्थं च । एवं पित्तमेहि कामल्यादिष्वपि व्याख्येयम् । पित्तिनामिति पित्तप्रकृतीनां, मधुमेहशब्देन सर्व एव मेहाः गृह्यन्ते, मधुमेहशब्दो हि सर्वेष्वेव मेहेषु च सर्वेष्वेव शरीरशैथिल्यप्रवृत्तेषु विशेषतः शरीरशैथिल्यहेतुत्वेन स्वेदो न युज्यते, पित्तमेहिनामिति तु पुनरभिधानं पित्तसंबन्धेन विशेषप्रतिषेध दर्शनार्थम् । ब्रघ्न गुदः । मद्यविकारिणामिति मद्यनित्यस्य वातकफजमदात्यये स्वेदनिषेधार्थम्, आढ्यरोगीह वातरक्ती; एषु चाऽस्वेद विषयेषु यदि स्वेदैकसाध्यः सन्यासादिर्भवति तदा महाप्रत्यवाय भयादल्पप्रत्यवायमुपेक्ष्यापि स्वेदो विधेय इति न्यायसिद्धमेव, यदाहुर्न्यायविदो—'यद् भूयोविरोधे स्वल्पमन्याय्यम्' इति ॥ चक्रपाणिः ॥

पाण्डुमेही पित्तरक्ती क्षयार्तः
क्षामोऽजीर्णी चोदरार्तो विषार्तः ।
तृड्च्छर्द्यार्तो गर्भिणी पीतमद्यो
नैते स्वेद्या यश्च मर्त्योऽतिसारी ।
स्वेदादेषां यान्ति देहा विनाशं
नोसाध्यत्वं यान्ति चैषां विकाराः ॥

सु० चि० अ० ३२।२५

पिपासुं वा न सक्तं च गर्भिणीं कुक्षिरोगिणीम् ।
सर्वांश्च पित्तजान् व्याधीन् कः स्वेदैः समुपाचरेत् ॥

भे० सं० सू० २२।१२

तीव्रज्वरे दाहशोषे तथातीसारपीडिते ।
मूर्च्छाभ्रमदाहार्ते च विषे स्वेदं न कारयेत् ॥

हा० सं० चि० ४।२

पित्तात्मा पित्तरोगी च गर्भिणी मधुमेहिनः ।
क्षुतृष्णाशोषरोषार्ताः कामल्युदरिविक्षताः ।
कार्श्यमद्यविषार्ताश्च भृशाग्नितिमिरस्तृताः ।
भ्रष्टभग्नविदग्धाङ्गा न स्वेद्यास्ते कथंचन ॥

का० सं० सू० २३।१९-२०

न स्वेदयेदतिस्थूलरूक्षदुर्बल मूर्च्छितान् ।
स्तम्भनीयक्षतक्षीण क्षाममद्यविकारिणः ॥

तिमिरोदरवीसर्पकुष्ठरोगाद्यरोगिणः ।
पीतदुग्धदधिस्नेहमधून्कृतविरेचनान् ।
भ्रष्टदग्ध गुदग्लानि क्रोधशोक भयार्दितान् ।
क्षुत्तृष्णाकामलापाण्डुमेहिनः पित्तपीडितान् ।
गर्भिणीं पुष्पितां सूतां मृदुचात्ययिके गदे ॥

अ० सं० सू० २६।२९-३१; अ० हृ० सू० १७।२१; चक्रदत्त

न स्वेदयेदित्यादिना स्वेद प्रतिषेध उच्यते । यः स्तम्भनीयत्वेनोक्तः स न स्वेद्यः । मद्यविकारो मदात्ययोक्तो ध्वंसकविक्षयादिः । आढ्यरोगो वातशोणितम् । पीतदुग्धादयो यैस्तैस्तत्कालमजीर्णे दुग्धादौ स्वेदो वर्जनीयः । कृतविरेचनस्यावललाभात् स्वेदो न योज्यः तथा भ्रष्टगुदान्दग्धगुदांश्च क्षारादिना न स्वेदयेत् । अतिस्थूलादयः सूतान्ता न स्वेद्या इति यद्यप्युक्तं तथाप्यात्ययिके विषूचिकादौ स्वेदार्हे गदे अतिस्थूलादीन् मृदु स्वेदयेत् ॥ इन्दुः ।

अजीर्णी दुर्बली मेही क्षतक्षीणः पिपासितः ।
अतिसारी रक्तपित्ती पाण्डुरोगी तथोदरी ।
मेदस्वी गर्भिणी चैव न हि स्वेद्या विजानता ॥

भाव प्रका० स्वेदा०

हि० व्या०—स्वेदन कराते समय वैद्य को चाहिए कि जो व्यक्ति प्रतिदिन कषाय द्रव्यों का सेवन करते हैं तथा नित्य मद्य का सेवन करते हैं, गर्भिणी, रक्तपित्त रोगी, अतिसार रोगी, रूक्ष शरीर वाले, मधुमेह रोगी, किन्हीं कारणों से जिनकी गुदा दग्ध एवं जिन्हें गुदभ्रंश हो, विष सेवन एवं मदिरा सेवन से जिन्हें विकार हो गया हो, जिन्हें थकान हो, ज्ञान शून्य (संज्ञा नाश) हो, जिनमें स्थूलता हो, जो पित्तज प्रमेही हो, अधिक प्यास लगने वाले, भूख से व्याकुल, व्रणक्षत रोगी, अत्यधिक क्रोधी, शोक पीड़ित, कामला एवं उदर रोगी, आढ्यवात रोगी, अति दुर्बल, शुष्क देह वाले, जिनका ओज क्षीण हो गया हो तथा तिमिर रोग वालों को स्वेदन नहीं करावें ।

आचार्य सुश्रुत ने भी चरकोक्त वर्णित व्यक्तियों को स्वेदन नहीं कराने का उल्लेख करते हुए अजीर्ण एवं वमन से पीड़ित व्यक्ति को भी अस्वेद्य बताया है । इन व्यक्तियों को स्वेदन कराने से शरीर में हानि होती है तथा इनके विकार असाध्य हो जाते हैं ।

श्री हारीत ने तीव्रज्वर, दाह, मूर्च्छा, एवं भ्रमावस्था में भी स्वेदन नहीं करने का वर्णन किया है । श्री वाग्भट ने विसर्प, कुष्ठ रोगी, जिसने दूध, दही तथा मधुपान किया हो, विरेचन लिया हो, एवं ऋतुमती, प्रसूता को भी स्वेदन नहीं कराने का विचार प्रकट किया है ।

स्वेदैः साध्यो दुर्बलोऽजीर्ण भक्तः ।
स्यातां चेद् द्वौ स्वेदनीयौ ततस्तौ ॥ सु० चि० ३२।२६ (क)

स्वेदन योग्य रोग एवं रोगी तालिका

ग्रन्थों के नाम → / लक्षण ↓	चरक	सुश्रुत	काश्यप	अ० संग्रह	अ० हृदय	हारित	भेल
प्रतिश्याय	+	—	+	+	+	—	—
कास	+	—	+	+	+	—	—
हिक्का	+	—	—	+	+	—	—
श्वास	+	—	+	+	+	—	—
अंगगौरव	+	—	+	+	+	—	—
कर्णशूल	+	—	+	+	+	—	—
मन्याशूल	+	—	+	+	+	—	—
शिरः शूल	+	—	+	+	+	—	—
स्वर भेद	+	—	+	+	+	—	—
गलग्रह	+	—	+	+	+	—	—
पक्षाघात (अदित)	+	—	+	—	—	—	—
विनामक	+	—	+	—	—	—	—
कोष्ठ आनाह	+	—	+	+	+	—	+
विबन्ध	+	—	+	—	—	—	—
शुक्राघात	+	—	+	+	+	—	—
विशेष जृम्भा	+	—	+	+	+	—	—
पार्श्व ग्रह	+	—	+	+	+	—	—
पृष्ठ ग्रह	+	—	+	+	+	—	—
कटि ग्रह	+	—	+	+	+	—	—
कुक्षि ग्रह	+	—	+	+	+	—	—
मूत्रकृच्छ	+	—	+	+	+	—	—
मुष्करोग (महत्व)	+	—	+	+	+	—	—
अंगमर्द	+	—	+	+	+	—	—
पाद पीड़ा	+	—	—	—	+	—	—
उरु पीड़ा	+	—	—	—	+	—	—
शोथ रोग	+	—	—	—	+	—	—
खल्ली रोग	+	—	+	+	+	—	—
आम दोष	+	—	+	+	+	—	—
शीत जन्य रोग	+	—	+	+	+	—	—
कम्पवात	+	—	+	+	+	—	—
वातकण्टक	+	—	+	+	+	—	—
अन्तरायाम	+	—	+	+	+	—	+

बहिरायाम	+	—	+	+	+	—	+
अंगस्तम्भ	+	—	—	+	+	—	—

विशिष्ट विवरण विविध ग्रन्थानुसार

एकाङ्गवात	+	तस्य योग्य	शिरोरुजा	आध्मान	+	वात रोग	हनुस्तम्भ
सर्वांगवात	+	वस्ति योग्य	यक्ष्मा	वातव्याधि	+	श्लेष्मज रोग	वातव्याधि
गृध्रसी	+	वमन योग्य	हनुग्रह	अपतानक	—		गुल्म
जानुपीड़ा	+	विरेचन योग्य	शिरोग्रह	अर्बुद	+		
अंग संकोच	+	शल्यापहृत	मन्याग्रह	ग्रन्थि शोथ	+		
सर्वांग विकार	+	सम्यक् प्रसूता	आक्षेप	व्रण शोथ	—		
		अर्श	शूल	उदर शूल	—		
		अश्मरी		हनुगह	श्लेष्मरोग		
		मूढ़ गर्भ		आढ्यवात	हनुग्रह		
		नोट—वंगसेन, चक्रदत्त भावप्रकाश, शार्ङ्गधर में सुश्रुतवत् ।			आढ्यवात		

अस्वेदन योग्य रोग एवं रोगी तालिका

ग्रन्थ नाम / लक्षण	चरक सं०	वाग्भट	काश्प सं०	भेल संहिता	हारीत संहिता	भाव प्रकाश	शार्ङ्गधर संहिता	चक्रदत्त	सुश्रुत संहिता
मद्यसेवी	+	+	+	—	—	+	+	+	+
गर्भिणी स्त्री	+	+	+	+	—	+	+	+	+
रक्त पित्ती	+	—	+	—	—	—	—	—	+
अतिसार	+	—	—	—	+	+	+	—	+
रुक्ष व्यक्ति	+	+	—	—	—	—	—	+	—
मधुमेही	+	—	—	—	—	—	—	—	+
दग्ध	+	+	+	—	—	—	—	+	—
गुदभ्रंश	+	+	+	—	—	—	—	+	—
गुदव्रण	+	+	—	—	—	—	—	+	—
विष विकार	+	+	+	—	+	—	—	+	+
मूर्च्छा	+	+	—	—	+	—	—	+	—
स्थौल्य	+	+	—	—	—	—	+	+	+
पित्तज प्रमेह	+	+	+	—	—	—	—	+	—

तृषित	+	+	+	+	—	+	+	+	+
क्रुद्ध	+	+	+	—	—	—	—	+	—
चिन्ताग्रस्त	+	+	+	—	—	—	—	+	—
कामला	+	+	—	—	—	+	+	—	—
उदर रोग	+	+	—	—	—	—	—	+	+
क्षत	+	+	—	—	—	+	+	+	—
वातरक्त	+	+	—	—	—	+	+	+	—
दुर्बल	+	—	—	+	—	—	—	—	+
तिमिर रोग	+	+	+	—	—	—	—	+	—
मद्यजन्य रोग	+	—	+	—	—	—	—	—	—
श्रान्त रोगी	+	—	—	—	—	—	—	—	—
क्षुधित	+	—	—	—	—	—	—	—	—
विशुष्क	+	—	—	—	—	—	—	—	—
ओज: क्षय	+	—	—	—	—	—	—	—	—
पाण्डु रोग	—	—	—	—	—	—	—	—	+
क्षय रोग	—	—	—	—	—	—	—	—	+
छर्दि रोग	—	—	—	—	—	—	—	—	+
अजीर्ण रोग	—	—	+	—	—	—	—	—	+

अत्ययिक रोग	—	+	—	—	—	—	—	+	—
प्रसूता	—	+	—	—	—	—	—	+	—
रजस्वला	—	+	—	—	—	—	—	+	—
पित्तजरोग	—	+	—	—	—	—	—	+	—
पाण्डु	—	+	—	—	—	—	—	+	—
भय ग्रस्त	—	+	—	—	—	—	—	+	—
शोक ग्रस्त	—	+	—	—	—	—	—	+	—
विसर्प	—	+	—	—	—	—	—	+	—
कुष्ठ	—	+	—	—	—	—	—	+	—
दुग्धपीत	—	+	—	—	—	—	—	+	—
दधिपीत	—	+	—	—	—	—	—	+	—
स्नेह पीत	—	+	—	—	—	—	—	+	—
विरेचित	—	+	+	—	—	—	—	+	—
भृशाग्नि	—	—	+	—	—	—	—	+	—
अस्थिभग्न	—	—	+	—	—	—	—	+	—
पित्तजन्य समस्त रोग	—	—	—	+	—	—	—	—	—
कुक्षिरोग की रुग्ण	—	—	—	+	—	—	—	—	—
तीव्र ज्वर	—	—	—	—	+	—	—	—	—



एतान्यपि मृदुस्वेदैः स्वेदसाध्यानुपाचरेत् ।

भावप्र०

हि० व्या० यदि दुर्बल मनुष्य और अजीर्णावस्था में जिसने भोजन कर लिया है तथा स्वेदसाध्य व्याधि से ग्रस्त है तो दोनों रोगियों का स्वेदन करना चाहिए। श्री वाग्भट ने भी (अ० हृ०) अस्वेद्य रोगियों की गणना करके अन्त में "मृदु चात्ययिके गदे" से आवश्यक स्वेद्य रोगी में मृदु स्वेद कराना लिखा है।

स्वेदन काले विचारणीय विषयाः

स्नेहक्लिन्न शरीराय तैलाभ्यक्ताय देहिने ।
क्षोपानार्तवकालज्ञो ध्यानस्वेदं प्रयोजयेत् ॥

वंगसेन स्वेदा० ४

हि० व्या०—स्नेहपान से शरीर स्निग्ध हो गया हो और शरीर में तैल का अभ्यंग कर लिया हो, ऐसे व्यक्तियों को ऋतु काल और रोग को जानने वाले (दक्षवैद्य) विधिवत् स्वेदन कराए।

स्वेदफलप्राप्तये रोगर्तुव्याधितादीनां परीक्षणम्

रोगर्तु व्याधितापेक्षो नात्युष्णोऽतिमृदुर्न च ।
द्रव्यवान् कल्पितो वेशे स्वेदः कार्यकरो मतः ॥

च० सू० १४।२

रोगमृतुं व्याधितं च बलवत्त्वादिनाऽपेक्षत इति रोगर्तुव्याधितापेक्षः। नात्युष्णो नाति चण्डतापः, द्रव्यवानिति स्निग्ध रूक्षादिद्रव्यवान्, कल्पित-इति रोगादीनपेक्ष्य यथोचितेन द्रव्येण, देशे आमाशयादौ यथायोग्यतया सम्पादित इति मन्तव्यम् ॥

चक्रपाणिः ॥

स्वेद के उचित गुण प्राप्त हेतु परीक्ष्य भाव

हि० व्या०—रोग ऋतु और रोगी के बलाबल की जानकारी कर, न अधिक उष्ण और न मृदु, दोषों के अनुसार तत्तद्दोषनाशक द्रव्यों से कल्पना (योग) बनाकर, शरीर के रुग्ण भाग में या सम्पूर्ण शरीर में जितना स्वेद अपेक्षित हो उसी मात्रा में स्वेदन करने से लाभकारी होता है।

बालकस्य शरीरे स्वेदमात्रा प्रयोगभेदे युक्तिः

अविशेषेण बाधन्ते सर्वे सर्वान्नरान् गदाः ।
विशेषस्तु महान् वृष्टो दक्षिणाहार भेषजे ॥
देशकालवयोमात्रासर्वरुग्गुरुलाघवैः ।
स्वेदोऽतिरिक्तो हीनो वा हन्याद्बालं यथा विषम् ॥

तस्मादवेक्ष्य देशादीन् काठीन्यं सुकुमारताम् ।
शिशोः स्वेदं प्रयुञ्जीत यशोधन्यार्थ सिद्धये ॥

का० सं० सू० २३।३१-३३

हि० व्या०—सभी प्रकार के रोग सभी प्रकार के व्यक्तियों को समान रूप से बाधा पहुँचाते रहते हैं। विशेषता तो धन, आहार एवं औषध में ही होती है।

देश, काल, आयु, मात्रा एवं सभी प्रकार के विकारों की गुरुता एवं लघुता का विचार करते हुए स्वेदन कराना चाहिए क्योंकि अतिस्वेद एवं हीन स्वेद विष के समान बालक के लिए मारक होता है। अतः यश, धन और चिकित्सा की सफलता के लिए बालकों में सावधानी पूर्वक स्वेदन कराना चाहिए।

हृदयादि शरीराङ्गविशेषाणां मृदुस्वेद विधानम्

वृषणौ हृदयं दृष्टी स्वेदयेन्मृदु नैव वा।
मध्यमं वंक्षणौ शेषमङ्गावयवमिष्टतः ॥

च० सू० १४।१०

एतेषां स्वेद साध्या ये व्याधयस्तेषु बुद्धिमान् ।
मृदून् स्वेदान् प्रयुञ्जीत तथा हृन्मुष्कदृष्टिषु ॥

सु० चि० ३२।२६

वृषणौ हृदयं चक्षुर्मृदु वा स्वेदयेन्न वा।
शेफो वङ्क्षणसन्धीस्तु मध्यमं शेषमिष्टतः ॥

का० सू० २३।९

अल्पं वंक्षणयोः स्वल्पं वृङ्मुष्क हृदये न वा ॥

अ० सं० सू० २६।२०, अ० हृ० सू० १७।१३

मृदुनैव वेति। स्वेदैकसाध्ये वृषणादिगते व्याधौ मृदुस्वेदव्यतिरिक्तोपान्तरसंभवे तु नैव वेति बोद्धव्यम्। इष्टतः इत्यातुरेच्छातो वैद्येच्छातश्च। इष्टतः इति भावक्तादिच्छावचनः। चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—वृषण (फलकोष), हृदय तथा नेत्र का स्वेदन नहीं करना चाहिए, अगर करना आवश्यक हो तो मृदु स्वेद करना चाहिए। वंक्षण प्रदेश में मध्यम स्वेद करना चाहिए। शेष अंगों में रोग और रोगी का विचार करके स्वेद करना चाहिए। अन्य आचार्यों के विचार भी समान हैं।

सर्वाङ्गस्वेदे नेत्रयोः हृदयस्य रक्षा संकेतः

सुशुद्धैर्नक्तकैः पिण्ड्या गोधूमानामथापि वा।
पद्मोत्पलपलाशैर्वा स्वेद्यः संवृत्य चक्षुषी ॥
मुक्तावलीभिः शीताभिः शीतलैर्भाजनैरपि।
जलार्द्रैर्जलजैर्हस्तैः स्विद्यतो हृदयं स्पृशेत् ॥ च० सू० १४।११

... ...शीतैराच्छाद्यचक्षुषी ॥

सु० चि० ३२।२७

स्विद्यमानस्य च मुहुर्हृदयं शीतलैः स्पृशेत् ॥

सु० चि० ३२।२८

शीतैर्मुक्तावलीपद्म कुमुदोत्पलभाजनैः।
मुहुः करैश्च तोयार्द्रैः स्विद्यतो हृदयं स्पृशेत् ॥

अ० सं० सू० २६।२१-२२

स्वेदे क्रियमाणे चक्षुषः स्वेदे परिहारोपायमाह-सुशुद्धैरित्यादि। नक्तकः कर्पटावयवः। स्वेदे क्रियमाणे हृदयरक्षणार्थमाह-मुक्तावलीत्यादि। जलजानि पङ्कजादीनि; एवमस्वेद्यत्वसामान्यत्वाद् वृषणरक्षाऽप्युन्नेतव्या, प्राधान्यात् हृदयचक्षुः पालनमुक्तम्। चक्रपाणिः।

कुमुदोत्पलपद्मानां पत्रैराच्छाद्य लोचने।
वाससा वाऽथ श्लक्ष्णेन बाले स्वेदं प्रयोजयेत् ॥
मुक्तावलीचन्द्रकान्तशीताम्बुकरभाजनैः।
स्पृशेदभीक्ष्णं हृदयं बालस्य स्वेदकर्मणि ॥

का० सं० सू० २३।१०-११

... ... शीतैराच्छाद्य चक्षुषी।
स्वेद्यमानशरीरस्य हृदयं शीतलैः स्पृशेत् ॥

भावप्रकाश स्वेदा०

तथा पद्मोत्पलादिभिः स्वभावशीतैः सक्तुपिण्ड्या वा चक्षुषी आच्छाद्य मुक्तावल्यादिभिः शीतसंस्कारेण शीततरैर्हृदयं संस्पृशेत्। स्वेदस्य सम्यग्योगातियोगलक्षणं चिकीर्षुरिदमाह ॥ इन्दुः ॥

हि० व्या०—सम्पूर्ण शरीर का स्वेदन कराते समय यत्नपूर्वक नेत्र एवं हृदय की रक्षा करने का विधान लिखा है। नेत्रों को अच्छी प्रकार स्वच्छ कपड़े के टुकड़े से ढककर या जौ-गेहूँ के पिण्ड से अथवा कमल, नीलकमल या पलाश पत्र से ढक कर स्वेदन करावें।

इसी प्रकार हृदय की रक्षा में शीतल मोतियों की माला से या शीतल बर्तन (काँसे आदि) से अथवा जल में भीगे कमलों से या जल में हाथ भिगो कर स्वेदन किए जाने वाला रोगी के हृदय को स्पर्श करें। आचार्य सुश्रुत वाग्भट एवं आचार्य काश्यप का विचार भी समान है।

स्वेदन समये हृदयोत्क्लेशनिवारणोपचारः

कर्पूरचूर्णं धारयेत् स्विद्यतः सुखम्।
फलाम्लयुक्तं खण्डं वा मृद्वीकां वा सशर्कराम् ॥

का० सं० सू० २३।१२

हि० व्या०—आचार्य काश्यप के अनुसार स्वेदन काल में मुख में कर्पूर चूर्ण धारण करना चाहिए। अथवा खाड्युक्त अम्लफल, शर्करायुक्त मुनक्का मुख में रखना चाहिए। इससे शीतलता का अनुभव होता है और स्वेदन से रोगी को बेचैनी नहीं होती।

सम्यक् स्विन्नस्य स्वेदप्रयोगकालावधेश्च वर्णनम्

शीतशूलव्यूपरमे स्तम्भगौरवनिग्रहे।
संजाते मार्दवे स्वेदे स्वेदनाद्विरतिर्मता॥
च० सू० १४।१३, चक्रदत्त: स्वेदा०, भावप्र० स्वेदा०,

शीतगौरवविष्टम्भशूलादीनां निर्वतने।
तद्विपर्ययभावे च स्वेदं प्राज्ञो निवर्तयेत्॥ का० सू० २३।१३

शीतशूलक्षये स्विन्नो जातेऽगानां च मार्दवे।
स्याच्छन्नंमृदितः स्नातस्ततः स्नेहविधिं भजेत्॥
अ० सं० सू० २६।२२, अ० हृ० सू० १७।१४

शीतशूलेत्यादौ स्वेदे इति=स्वेदभव धर्मे, स्वेदनाद्विरतिर्मतेत्युपदिशन् शीतादिव्युपरमे सति स्वेदो निवर्तनीयः, शीताद्यनुपमे च स्वेदः कर्तव्य इति द्वयमुपदिशति; ततश्च, इतएव स्वेदनिवृत्तिविषयशीतादिव्युपरमोत्पाद, स्वेदस्य सम्यग्योगलक्षणं तथा शीतादिव्युपरमानुत्पादश्च स्वेदानिवृत्तिविषयोऽयोगलक्षणमूक्तं भवतीति नाऽयोगलक्षणानभिधानमुद्भावनीयम्॥ चक्रपाणिः॥

शीतशूलेत्यादि। शीतशूले च क्षीयमाणे मार्दवे चाङ्गानां जाते पुरुषः सम्यक् स्विन्नः स्यादिति सम्यग्योगः। एवं विधे लक्षणेऽधिगतेऽनन्तरं पुरुषो मृदितः स्नातः सन् उष्णोदकोपचारीत्यादिकं स्नेहविधिं भजेत्। इन्दुः॥

हि० व्या०—उचित रूप से स्वेदन हो जाने पर रोगी के शरीर में शीतलता की निवृत्ति होती है। शूल की शान्ति होती है। शरीर की जकड़ाहट और गुरुता दूर हो जाती हैं। रोगी हल्कापन एवं प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन लक्षणों से उचित स्वेदन का निर्णय कर स्वेदन कर्म बन्द कर देना चाहिए। आचार्य काश्यप एवं वाग्भट का भी यही विचार है। वाग्भट ने इन लक्षणों को देखकर रोगी के शरीर पर मृदु मालिश कर पश्चात् सुखोष्ण जल से स्नान कर पथ्यपालन का विशेष विचार व्यक्त किया है।

स्वेदास्रावो व्याधिहानिर्लघुत्वं
शीतार्थित्वं मार्दवं चातुरस्य।
सम्यक्स्विन्ने लक्षणं प्राहुरेत-
न्मिथ्यास्विन्ने व्यत्ययेनेतदेव॥
सु० चि० ३२।२३

१. मिथ्यास्विन्ने व्याधिवृद्धिः, देहस्य गुरुत्वम्, उष्णाभिलाषः, देहस्य काठिन्यं च। डल्हणः॥

स्वेदाभिनन्दिता सौख्यं मृदुता रोगदेहयोः।
काले विसृष्टिः क्षुत्तृष्णा सम्यक् स्विन्नस्य लक्षणम्॥
का० सं० सू० २३।१८

स्पर्शसौख्यमवैवर्ण्यं स्वेदोऽङ्गेषु च मार्दवम्।
शीताभिनिर्गमश्चैव सम्यक् स्विन्नस्य लक्षणम्॥
भे० सं० सू० २२।६

हि० व्या०—सम्यक् स्वेदन के लक्षण—रोगी के शरीर से स्वेद (पसीना) का निर्गमन (निकलना), रोग का नाश, शरीर में लघुत्व (हल्कापन), शीतल आहार विहार की आकांक्षा, शरीर का कोमल होना, आदि लक्षण सम्यक् स्वेदन हो जाने पर देखा जाता है। मिथ्या स्वेदन होने पर इनके विपरीत लक्षण दृष्टिगोचर होते हैं। आचार्य काश्यप ने सम्यक् स्वेदन होने पर भूख, प्यास का लगना एवं समय पर मलमूत्र की प्रवृत्ति ये दों लक्षण विशेष रूप से (सुश्रुत की अपेक्षा अधिक) निर्दिष्ट किये हैं। आचार्य भेल ने अन्य लक्षण सुश्रुत एवं काश्यप के समान ही निर्दिष्ट किये है किञ्च 'अवैवर्ण्य' ऐसा लिखकर उन्होंने शरीर को कान्तिमान् होने का विचार व्यक्त किया है।

मन्द स्विन्न लक्षणानि तत्र चिकित्सा च

उद्वेष्टनं दारुणता गुरुत्वं स्तब्धगात्रता।
मरुतश्चाप्रसिद्धिश्च न तत् स्विन्नस्य लक्षणम्॥
भे० सं० सू० २२।८

वातस्याप्रगुणत्वं च गुरुत्वं स्तब्धगात्रता।
मन्दस्विन्ने न च ग्लानिस्तृष्णादीनां च विभ्रमः॥
तत्र स्वेदं प्रयुञ्जीत भिषग्भूयो विचारयन्।
बलकालवयो दोषान् पथ्यचेष्टासनस्थितिः॥
का० सं० सू० अ० २३।१६-१७

हि० व्या० —स्वेदन के अल्पमात्रा में होने पर वायु का अनुलोमन नहीं होता, शरीर में भारीपन, जकड़न अनुभव होती है। ग्लानि होती है और तृष्णा शान्त नहीं होती। अतः सम्यक् स्वेदन नहीं होने पर चिकित्सक का कर्तव्य है कि रोगी के बल, काल, (ऋतु) अवस्था, दोष, चेष्टा तथा पथ्यापथ्य का विचार करते हुए पुनः स्वेदन करावें।

अतिस्विन्न लक्षणम् तस्य चिकित्सा च

पित्तप्रकोपो मूर्च्छा च शरीरसदनं तृषा।
दाहः स्वराङ्ग दौर्बल्यमतिस्विन्नस्य लक्षणम्।

उक्तस्तस्याशितीये यो ग्रैष्मिकः सर्वशो विधिः ॥
सोऽतिस्विन्नस्य कर्तव्यो मधुरः स्निग्धशीतलः ॥
स्विन्नेत्यर्थं सन्धिपीडा विदाहः
स्फोटोत्पत्तिः पित्तरक्तप्रकोपः ॥
मूर्च्छा भ्रान्तिर्दाहतृष्णे क्लमश्च
कुर्यात्तूर्णं तत्र शीतं विधानम् ॥

सु० चि० ३२।२४, चक्रदत्त, वंगसेन

अतिस्विन्नस्य चिकित्सामाह-उक्त इत्यादि। ग्रैष्मिकविधिरित्यनेन लब्धे शैत्ये पुनर्मधुरः शीतल इत्यादि वचनम्, "मद्यमल्पं न वा पेयम् (सू० अ० ६) इत्यत्रोपदिष्टमद्यपानस्य प्रतिषेधार्थम् मधुरशीतादियोगविशेष विधानार्थं च ॥

(चक्रपाणिः)

पित्तप्रकोपो दाहश्च तृष्णा मूर्च्छा विलायनम्।
स्वेदद्वेषोऽङ्गरागश्चेत्यतिस्विन्नस्य लक्षणम् ॥
अतिस्विन्ने विशेषेण कारयेच्छीतलां क्रियाम्।
अथवा शीतलैर्वाथ क्षीरैः सिञ्चेद् घृतेन वा ॥

भेल सं० सू० २२।११

विषादमूर्च्छातृड्दाहपित्तकोपारतिभ्रमाः।
स्वराङ्गहानिर्वह्ल्यमतिस्विन्नस्य लक्षणम् ॥
तच्चिकित्सां प्रयुञ्जीत यथा वैसर्पिणां तथा।
रागव्रणविसंज्ञाभिः कृच्छ्रसाध्यं तमादिशेत् ॥

का० सं० सू० २३।१४-१५

पित्तास्रकोपतृष्मूर्च्छास्वरांगसदनभ्रमाः।
सन्धिपीडाज्वरःश्यावरक्तमण्डलदर्शनम्।
स्वेदातियोगाच्छर्दिश्च तत्र स्तम्भनमौषधम्।
विषक्षाराग्न्यतीसारच्छर्दिमोहातुरेषु च ॥

अ० सं० सू० २६।२४, अ० हृ० सू० १७।१५

स्वेदस्यातियोगात्तु पित्तास्रकोपादयो भवन्ति। सदनशब्दः स्वराङ्गाभ्यां सम्बध्यते। श्यावानि रक्तानि च मण्डलान्यग्रतः आतुरः पश्यति। तत्र स्वेदातियोगरोगोद्भवे वक्ष्यमाणं स्तम्भनमौषधं भवति ॥ इन्दुः।

अति स्वेदात्सन्धिपीडा दाहतृष्णाक्लमो भ्रमः।
पित्तासृक्प्लिडकाकोपस्तत्र शीतैरुपाचरेत् ॥

भावप्र०

अतिस्विन्न नराणां च शीताम्बुप्राशनं हितम्।
स्नानमुष्णाम्बुना चापि ह्यनभिष्यंदि भोजनम् ॥

वंगसेन

हि० व्या०—स्वेदन का अतियोग—अधिक मात्रा में स्वेदन का प्रयोग होने पर पित्तप्रकोप होता है, मूर्च्छा, शरीर में अवसाद, प्यास अधिक लगना, शरीर में जलन, अधिक स्वेद (पसीना) आना, स्वर में क्षीणता, अंगों में दुर्बलता, इन लक्षणों से स्वेदन के अतियोग का निर्णय होता है। महर्षि सुश्रुत के अनुसार स्वेदन के अति योग की अवस्था में (चरक के लक्षणों के अतिरिक्त) शरीर की सन्धियों में पीड़ा होना स्फोटोत्पत्ति और रक्तप्रकोप ये विशेष लक्षण बताये हैं। आचार्य वाग्भट ने इन लक्षणों के अतिरिक्त वमन होने का लक्षण भी निर्दिष्ट किया है। अन्य आचार्यों के मत समान हैं।

अतियोग की चिकित्सा

स्वेदन के अतियोग की चिकित्सा का निर्देश करते हुए आचार्य चरक ने 'तस्याशितीय' अध्याय में विहित ग्रीष्म ऋतुचर्या का उल्लेख किया है एवं मधुर, स्निग्ध और शीतल चिकित्सा करने का निर्देश किया है। अन्य आचार्यों ने भी यही विचार व्यक्त किये हैं केवल आचार्य वाग्भट ने स्तम्भन चिकित्सा का निर्देश किया है।

दिवा शीतगृहे निद्रां निशिचंद्रांशु शीतले।
भजेच्चन्दनदिग्धाङ्गः प्रवाते हर्म्यमस्तके ॥
व्यजनैः पाणिसंस्पर्शैं चन्दनोदकशीतलैः।
सेव्यमानो भजेदास्यां मुक्तामणिविभूषितः ॥
काननानि च शीतानि जलानि कुसुमानि च।
ग्रीष्मकाले निषेवेत मैथुनाद् विरतो नरः ॥

च० सू० ६।३०-३२

सरांसि सरितो वापीर्वनानि रूचिराणि च।
चन्दनानि परार्ध्याणि स्रजः सकमलोत्पलाः ॥
तालवृन्तानिलाहारांस्तथा शीतगृहाणि च।
घर्मकाले निषेवेत वासांसि सुलघूनि च।
शर्कराखण्डदिग्धानि सुगन्धीनि हिमानि च।
पानकानि च सेवेत मन्थांश्चापि सशर्करान्।
भोजनं च हितं शीतं सघृतं मधुरद्रवम्।
घृतेन पयसा रात्रौ शर्करा मधुरेण च ॥
प्रत्यग्रकुसुमाकीर्णे शयने हर्म्यसंस्थिते।
शयीत चन्दनाङ्गार्द्रः स्पृश्यमानोऽनिलैः सुखैः ॥

सु० उ० त० ६४।४०-४५

स्वेदनान्ते आहार-विहारादि वर्णनम्

स्निग्धः स्वेदैरुपक्रम्यः स्विन्नः[1] पथ्याशनो भवेत् ।
तदहः स्विन्नगात्रस्तु व्यायामं वर्जयेन्नरः ॥
सम्यक् स्विन्नं विमृदितं स्नातमुष्णाम्बुभिः शनैः ।
स्वभ्यक्तं प्रावृताङ्गं च निवातशरणस्थितम् ॥
भोजयेदनभिष्य[2]न्दि सर्वं चाचारमादिशेत् ॥
स्विन्नोऽन्नं पथ्यमश्नीयाद्दोष रोगानुरोधतः ।
तदहः स्निग्ध सर्वांगो व्यायामं सुतरां त्यजेत् ॥

हि० व्या० – स्निग्ध व्यक्ति को चाहिये कि स्वेदन कराने के उपरान्त सम्यक् स्वेदन हो जाने पर पथ्य का सेवन करे और उसी दिन से उसे व्यायाम का परिहार करना चाहिए ।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार सम्यक् स्वेदन हो जाने पर शनैः शनैः मर्दन करें तथा उष्ण जल से स्नान करावें । अङ्गों को वस्त्रादि से ढककर वायु-रहित स्थान में रखें (ऐसा स्थान जहाँ सीधी वायु न आती हो) तथा इस प्रकार का आहार देवें जो अभिष्यन्दी न हो। साथ ही स्वेदन किए हुए व्यक्ति के लिए जिन आचार विचारों का एवं विहार का विधान बताया है उनका भी पालन करना चाहिए ।

सर्वान् स्वेदान्निवाते च जीर्णान्निस्यावचारयेत् ।
स्नेहाभ्यक्त शरीरस्य ... ...॥

सु० चि० ३२।१७

निवातेऽन्तर्बहिः स्निग्धो जीर्णान्नेस्वेदमाचरेत् ।
व्याधि व्याधित देशर्तुवशान्मध्य वरावरम्॥

अ० सं० सु० २६।१८, अ० हृ० सू० १७।६
वंगसेम स्वेदा०, चक्रदत्त स्वेदा०

---

१. स्विन्नेन यथा कर्तव्यं, तदाह-स्निग्ध इत्यादि । पथ्याशनो भवेदित्यत्र यद्यपि शृंगग्राहिकया नोक्तं, तथापि स्वेदप्रवृत्तिविषयदोषस्य यत्पथ्यं तदेव बोद्धव्यम् ॥ चक्रपाणिः ॥

२. सद्यो व्याधिकरणीयामवस्थां स्यन्दयत्यापादयति यद्द्रव्यं तदभिष्यन्दि, स्रोतसामुपलेपकारि वा, तद्विपरीतमनभिष्यन्दि ॥ डल्हणः

३, व्याधिषु स्विन्नः सन् पथ्यमन्नमश्नीयादित्यर्थः । तथा यश्च जेन्ताकादिना सर्वाङ्स्विन्नः सन् तदहः स्वेदोपयोगादिवसमेकं सुतरां व्यायामं वर्जयेत् । अग्रेऽवसुतरां ग्रहणम् ॥ इन्दुः ।

निवाते देशे स्वेदमाचरेत् । किंभूतः अन्तः स्नेह पानेन बहिश्चाभ्यंगादिना स्निग्धः । तथा जीर्णान्नः । यस्य ह्यस्तनमन्नं जीर्णम् । किं भूतं स्वेदमाचरेदित्याह व्याधित्यादिना । तेनैतदुक्तं भवति । व्याध्यपेक्षया च । यथाविध एव योग्यो मध्ये वा वर उत्कृष्टे वा अवरो अल्पो स्वेदस्तमाचरेदितिसम्बन्धः ।

(इन्दुः)

हि० व्या०—सभी प्रकार का स्वेदन वायुरहित स्थान में तथा अन्न का पाचन होने पर एवं स्नेहाभ्यंग किए हुए व्यक्ति को कराना चाहिए । इस प्रकार रोग, रोगी, देश, ऋतु का विचार कर उत्कृष्ट मध्य और अल्प स्वेद करना चाहिए ।

चतुर्थ-अध्याय

संशोधन-प्रकरणम्

यद्यपि विषय प्रवेश में संशोधन का स्पष्टीकरण कर दिया गया है तथापि मलरूप दोष एवं धातुओं को शरीर से निर्हरण करने में वमन-विरेचन की ग्रन्थकारों ने संशोधन के रूप में श्रेष्ठ कर्मों में गणना की है। अतः इन दोनों कर्मों की व्यवहार में संशोधन संज्ञा है।" प्राधान्येन वमन विरेचने वर्तेते निर्हरणे दोषान्" सु० सू० ३३

अतः शास्त्रकारों ने जहाँ वमन एवं विरेचन दोनों ही कर्मों के सम्बन्ध में संशोधन अथवा विरेचन[२] के नाम से जिन सूत्रों का एक साथ निर्देश किया है उसे सामान्य संशोधन शीर्षक में ग्रहण करतेहुए वमन विरेचन प्रकरण से पूर्व इनका वर्णन किया गया है आगे वमन-विरेचन दोनों का पृथक् पृथक् वर्णन भी किया जायेगा।

उद्धर्वाधः शोधन भेदेन वमन विरेचन संकेतः।

तत्र दोषहरणमूर्ध्वभागं वमनसंज्ञकम्, अधोभागं विरेचन संज्ञकम्; उभयं वा शरीरमलविरेचनाद्विरेचन संज्ञा लभते ॥

च० क० १।४ अ० सं० सू० २७।३

वमनविरेचनशब्दार्थं विभजते-तत्रेत्यादि। ऊर्ध्वं मुखेन दोषनिर्हरणं भजत इत्यूर्ध्वं भागम् अधो गुदेन दोषनिर्हरणं भजत इत्यधोभागम्। वमनविरेचनयोरपि कदाचिद्विरेचनसंज्ञा षड्विरेचनशताश्रितीयोक्तां दर्शयन्नाह,—उभयमपीत्यादि। न चैवं सति वमनविरेचनवन्निरुहेऽपि विरेचनसंज्ञा प्रसक्तिरुद्भावनीया यतः पङ्कजशब्दवदियं विरेचन संज्ञा वमनविरेचनयोरपि योगरूढया वर्तते ॥ चक्रपाणिः।

---

१. पक्वाशयगतावेव वातपित्तकफानेकद्वित्रिर्दत्तोवस्तिरपकर्षति; धूमनस्यकवल ग्रहादयः पुनरल्पाल्पतया, न तु वमनविरेचनवत् सकृन्नापि बाहुल्येन, तस्मादुक्तं प्राधान्येन वमन विरेचने इति। सु० सू० ३३।४ डल्हण ॥

२. न चैवं सति वमनविरेचनवन्निरुहेऽपि विरेचन संज्ञा प्रसक्ति रुद्भावनीया, यतः पङ्कजशब्दवदियं विरेचन संज्ञा वमन विरेचनयो रपि योगरूढया वर्तते। चक्रपाणिः ॥

तत्रेति वाक्योपन्यासार्थो निर्धारणार्थो वा दोषहरणमूर्ध्वभागं वमनसंज्ञकमधोभागं विरेचनसंज्ञकमुभयं वा शरीरमलविरेचनाद्विरेचन शब्देनोच्यत इत्यर्थः। भागग्रहणं दोषवशेन तथा च प्राङ्निर्दिष्टमन्येषु"वमनं श्लेष्महराणाम्। (जज्जटः)

सामान्यतया दो प्रकार की चिकित्सा का शास्त्रों में वर्णन है—लंघन एवं बृंहण जिन्हें क्रमशः अपतर्पण एवं संतर्पण भी कहा गया है।

वाग्भट ने अपतर्पण चिकित्सा का शोधन एवं शमन दो भेद किए हैं इस प्रकरण में संशोधन का भाव ग्रहण करते हुए वमन एवं विरेचन अर्थात् अध एवं ऊर्ध्व मार्ग से मलों को बाहर निकालने से अभिप्राय है वह नस्य एवं बस्ति द्वारा भी हो सकती है किन्तु दोनों में ऊर्ध्व अधः भाग ही प्रमुख कार्यकारी होने से संशोधन में तो सभी का समावेश हो जाता है किन्तु यहां मात्र वमन विरेचन ही अभिप्रेत है।

दोष निर्हरणे वमन विरेचनयोः महत्व सूचनम्

प्राधान्येन वमनविरेचने वर्तेते निर्हरणे दोषाणाम् तस्मात्तयोर्विधानमुच्यमानमुपधारय ॥ सु० चि० ३३।४

विरेचनं पित्तहराणाम्। अवस्थाविशेषश्चोक्तः,-उपस्थिते श्लेष्मपित्ते व्याधावामाशयाश्रये वमनार्थं प्रयुञ्जीतेति। तथा विरेकार्थं प्रयोजयेत्। अन्ये त्वाममपि मन्यन्ते दोषशब्देन व्याधिदोषशब्दयोर्द्वयोरपि व्याधिपर्यायत्वात् तस्य च व्याधित्वाद्द्विविधं चाममिति तथा चान्यैर्ग्रन्थकारैर्निर्दिष्टमामकफ शमनं वमन विरेचनं विधीयते। तत्र संज्ञिकग्रहणं विसूचिकादिकारणाप्रेक्षापूर्वकोत्पन्न परिहारार्थमुद्गिरण साधारणार्थत्वेन भेषजेष्विव तत्संज्ञोपचारः। एवं च शिरो विरेचनेऽपि दोषहरणैकप्रसंगः। संज्ञान्तरेणास्कन्दितत्वान्नात्राभिनिवेशः। न च शरीरमलेरेचनसामान्ये सत्यपि निरूहस्य विरेचनसंज्ञा, प्रायशस्सर्वो व्यवहारो रूढित एव। यथा निर्हरणसामान्येऽपि वमनसंज्ञान्यत्र विरुद्धा, विरेचकत्वं पुनः प्रवर्तते शोधनसंज्ञकत्वं च। तयान्यैरप्यभियुक्तैः प्रतिपादितम्। सति प्रवृत्तिकारणं सामान्ये यत्र विशेषे व्यावृत्तिस्सा रूढिरिति। तस्मात् क्वचित्संज्ञितेन व्यवहारः क्वचिद्रूढित इति मलशब्दाभिधानम् ॥

पक्वाशयगतानेव वातपित्तकफानेकद्वित्रिर्दत्तोवस्तिरपकर्षति, धूमनस्यकवलग्रहादयः पुनरल्पाल्पतया, न तु वमन विरेचनवत् सकृन्नापि बाहुल्येन, तस्मादुक्तं प्राधान्येन वमनविरेचने इति। ननु वमनविरेचने कफपित्तयोर्दोषयोर्निहरणे वर्तेते तत्कथं दोषणामिति उच्यतेवायोरपि स्वाशयक्षोभलक्षणतया विलीनस्य विमार्गनिर्हरणपूर्वाधोमार्गेणानुलोमनं वमनविरेचने कुर्वाते, तस्माद्दोषाणामत्र बाहुल्यमुपपन्नम्; अन्ये तु न्यायभीरुतया दोषयोरिति पठन्ति। शिष्यबहुत्वेऽपि सुश्रुतस्यैव प्रश्नेऽधिकृतत्वादुपधारयेत्येकवचननिर्देशः ॥ डल्हणः ॥

अत्र प्राधान्येनेति स्वेदादीन् व्यावर्त्तयति आमनन्ति हि प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्तीति। तस्मान्निर्हरणं प्रति प्राधान्यात्। हाराणचन्द्रः।

वमन तथा विरेचन की परिभाषा—

हि० व्या०—चरक ने संशोधन में दोनों प्रकारों की परिभाषा इस प्रकार दी है।

(क) शरीर के ऊर्ध्वभाग (मुखमार्ग) से दोष निर्हरण (निकालने) करने की क्रिया को वमन कहते हैं।

(ख) शरीर के अधोभाग (गुदामार्ग) से दोषनिर्हरण (निकालने) की क्रिया को विरेचन कहते हैं।

(ग) उभयमार्गों से मल को निर्हरण करने के कारण उभयकर्म (प्रक्रियाओं) को विरेचन कहा जाता है।

अथवा उभयमार्गों से मलों का निर्हरण किए जाने के कारण दोनों के लिए ही विरेचन का व्यवहार भी इतस्ततः दृष्टिगोचर होता है। दोनों कर्मों में दोष की प्रधानता एवं निर्हरण प्रकार में अन्तर को स्पष्ट करने के लिए शास्त्रों में वमन एवं विरेचन दोनों का पृथक पृथक् विवरण दिया है

वमन विरेचन का निर्देश करते हुए सुश्रुत लिखते हैं कि शरीर से दोषों को निर्हरण (बाहर निकालने) में मुख्य रूप से वमन और विरेचन कर्म का प्रयोग किया जाता है। अतः उन दोनों कर्मों की विधि का निर्देश किया जा रहा है।

संशोधनस्य महत्त्वम्

मलापहं रोगहरं बलवर्णप्रसादनम्।
पीत्वा संशोधनं सम्यगायुष्मान्पूज्यते चिरम्॥

वंगसेन (स्नेहा० ३)

हि० व्या०—सम्यग् संशोधन करने पर शरीर का मल एवं रोगों का का नाश होता है, बल एवं कान्ति बढ़ती है और दीर्घायु प्राप्त होती है।

संशोधन द्रव्य(परिभाषा) लक्षणम्

स्थानाद्बहिर्नयेद्यद्ध्वमधो वा मलसंचयम्।
देहसंशोधनं तत्स्याद्देवदाली फलं यथा॥

स्थानादिति। यद्द्रव्यं स्थानात् प्रकुपित स्थानात् मलसञ्चयं दोषादीनां स्वस्थानादूर्ध्वमधो वा बहिर्नयेत् बहिः करोति तद्देहे शरीरे शोधनं कथितम्। यथा देवदाली फलम्। देवदाली वल्लीसंज्ञा॥ ऊर्ध्वं मुखनासिकाभ्यां, अधः पायुमार्गेण। देहग्रहणेन शोणितावसेचनमपि गृह्यते शोधनत्वात्। यतः शोधनं द्विविधमाचक्षते बहिराश्रयमभ्यन्तराश्रयं च। तत्र बहिराश्रयं शस्त्र-क्षाराग्निप्रलेपादयः। अभ्यन्तराश्रयं तु चतुः प्रकारं वमनरेचनास्थापनशोणित-मोक्षणं च। एके शिरोविरेचनं मन्यन्ते। तच्चात्र वमनान्तर्भूतं बोद्धव्यम्, ऊर्ध्वं शोधनत्वात्॥ (आडमल्लः)

यद्द्रव्यं स्थानाद्बहिः स्थानान्निरस्य ऊर्ध्वं वा अधः मलसञ्चयं नयेत् तद्देहे संशोधनं स्यात्। यथा देवदाली फलम्॥ (काशिरामः)

हि० व्या०—जो द्रव्य अपने-अपने स्थानों में संचित मलों को ऊपर ले जाकर मुख द्वारा बाहर निकाल दें अथवा नीचे ले जाकर गुदामार्ग द्वारा बाहर कर दे उसे संशोधन द्रव्य कहते हैं जैसे देवदाली का फल (बंदालडोडा)।

संशोधन-योग्यायोग्यानाम् वर्णनम्

संशोधन योग्याः

ह्रीभय लोभैश्च वेगाभिघात शीलाः। प्रायशः स्त्रियो राजसमीपस्था वणिजश्च भवन्ति। तस्मादेते वेगधारण प्रवृद्धवातत्वात्सदाऽऽतुरा दुर्विरेच्याश्च। तान्सुस्निग्धान् शोधयेत्॥ अ० सं० सू० अ० ॥२७।३३॥

हि० व्या०—लज्जाशील होने के कारण प्रायः स्त्रियां, राज सेवक भय के कारण, वणिक, लोभ के कारण समय पर उत्पन्न हुए वेगों को उत्सर्ग नहीं कर पाते। ये प्रायः वेग धारण करते रहते हैं। इससे इनके कोष्ठ में वायु की वृद्धि हो जाती है अतः ये सदैव रोगी रहते हैं। विरेचन भी इनको कठिनता से होता है। अतः इनको भली प्रकार स्नेहन एवं स्वेदन कराकर संशोधन कराना चाहिए।

ह्रिया लज्जया स्त्रियो भयेन च राजसमीपस्था लोभेन च वणिजः प्रायो वेगाघातशीला भवन्ति। अतस्तेषां वेगधारणेन प्रवृद्धवातत्वात् सदातुरत्वं दुर्विरेच्यत्वं चा अतस्तानतिस्निग्धान् कृत्वा शोधयेत्। (इन्दुः)

संशोधन अयोग्याः

चिन्ताप्रसक्ताश्चात्र धूमान्तैः प्रायः सर्वकर्मभिर्वक्ष्यमाणैः परिहर्तव्याः। अजीर्णी तु सर्वैरेव वमनवर्जैरामदोषभयात्। नवज्वरस्य दोषस्तम्भभयादिति॥ अ० सं० सू० २७।८

हि० व्या०—अष्टाङ्गसंग्रह सूत्रस्थान के २७वें अध्याय में सातवें सूत्र पर संशोधन कर्म में अयोग्य व्यक्तियों का निर्देश किया गया है। गर्भिणी से लेकर चिन्ताप्रसक्त व्यक्तियों को वमन-विरेचन-आस्थापन-अनुवासन-शिरोविरेचन और धूमपान तक सभी कर्मों में अयोग्य समझना चाहिए। अजीर्ण रोगी को मात्र वमन कर्म कराना चाहिए शेष कर्मों का निषेध है क्योंकि आमदोष की शंका रहती है। आमदोष से मन्द हुई अग्नि औषध को जीर्ण नहीं करती। नवज्वरी को वमन कर्म के अतिरिक्त और कोई भी कर्म नहीं करना चाहिए क्योंकि विरेचन से स्तम्भन हो जाता है। (आगे वमन प्रकरण में अधिक स्पष्ट किया जाएगा।)

अ० हृ० क० १।१

वमन विरेचने श्रेष्ठ द्रव्य संकेतः

वमने मदनं श्रेष्ठं त्रिवृन्मूलं विरेचने ।
नित्यमन्यस्य तु व्याधि विशेषेण विशिष्टता ॥

वमन विषये नित्यं मदनं श्रेष्ठम् । निरपायत्वादन्यद्रव्यविषयेऽपि वा तस्योपयोगात्सर्वत्रानिषिद्ध प्रसरत्वाच्च । लाघवमिच्छंश्च तन्त्रकृदिदमवोचत् । त्रिवृन्मूलं विरेचने इति । यथा मदनं वमने नित्यं श्रेष्ठं तथा त्रिवृन्मूलं विरेचने निरपायत्वादिहेतुना । मदनं वर्जयित्वा व्याधिवशादन्यस्य जीमूतादेर्विशिष्टता । वक्ष्यति हि जीमूतं तु विशेषतः । प्रयोक्तव्यं ज्वरकासश्वासहिध्मातिसारिणामिति । एवं त्रिवृन्मूलं वर्जयित्वा परस्य विरेचन द्रव्यस्य व्याधिविशेषेण विशिष्टत्वम् । न तु त्रिवृन्मूलवत्सर्वत्रानिषिद्धप्रसरत्वं निरपायत्वं च । तथा चोक्तं चरके । त्रिवृत्सुखविरेचनानामिति । तदेवं वमने मदनं श्रेष्ठं त्रिवृन्मूल विरेचने सर्वदेति स्थितम् ॥ अरुणदत्तः ॥

हि० व्या०—वमन प्रक्रिया हेतु मदनफल तथा विरेचन हेतु निशोथमूल को श्रेष्ठ बताया गया है । सर्व सुलभ एवं श्रेष्ठ द्रव्यों में दोनों कर्मों हेतु इन्ही द्रव्यों को सभी ग्रन्थकारों ने श्रेष्ठ बताया है ।

च० सू० १।११९

षट् शोधनार्थाः वृक्षाः

वृक्षाश्च षड् ये दिष्टपयस्त्वचः ।

तथा षट् शोधनार्थाः वृक्षाः । के ते ? ये दिष्टपयस्त्वचः दिष्टे उपदिष्टे पयस्त्वक् च प्रयोज्यतया येषां ते । क्षीरत्वक् प्रधानतया इह उपदिष्टाः स्नुह्यादयस्त्रयः पूतीकादयस्त्रयश्च । ते सर्वे उक्ताः । (योगीन्द्रनाथ सेनः)

हि० व्या०—वमन एवं विवेचनार्थ जिन षड् द्रव्यों का उल्लेख किया गया है उनको तालिका में दर्शाया गया है—

१. पूतीकः (कण्टकिकरञ्जः)
२. कृष्णगन्धा—(सहिजन)
३. तिल्वक—(लोध्र)
४. स्नुही—
५. अर्क
६. अश्मन्तक

वमनहेतु	विरेचनहेतु	रक्तशोधन
१. अश्मन्तक	१. स्नुहीक्षीर	१. कृष्णगन्धात्वक्
२. अर्कक्षीर	२. अर्कक्षीर	
	३. पूतीक	
	४. तिल्वक	

प्रयोज्य अङ्ग—

१. स्नुही-क्षीर	४. पूतीक-त्वक्
२. अर्क-,,	५. कृष्णगन्धा ,,
३. अश्मन्तक-,,	६. तिल्वक ,;

च० सू० अ० १।११५ ग

अर्कक्षीरगुणाः

क्षीरमर्कस्य विज्ञेयं वमने सविरेचने ।

अर्कस्य क्षीरं सविरेचमे वमने, वमने विरेचने उभयभागरोषं हरणे च विद्यात् ।

हि० व्या०—अर्क क्षीर का भी वमन एवं विरेचार्थ ग्रहण किया जाता है ।

विशेष—संशोधन वमन एवं विरेचन हेतु प्रयुक्त यथावश्यक द्रव्यों एवं विविध कल्पनाओं का विवरण तत् ततप्रकरण में यथास्थान दृष्टव्य है ।

शोधनद्रव्याणां कार्मुकत्वम्

अपि च

तत्रोष्णतीक्ष्णसूक्ष्मव्यवायिविकाशीन्यौषधानि स्ववीर्येण हृदयमुपेत्य धमनीरनुसृत्य स्थूलाणु स्रोतोभ्यः केवलं शरीरगतं दोषसंघातमाग्नेयत्वाद् विष्यन्दयति तक्ष्ण्याद् विच्छिन्दन्ति, न विच्छिन्नः परिप्लवन् स्नेहभाविते काये स्नेहाक्तभाजनगम्योदानप्रणुन्नोऽग्निवाय्वात्मकत्वादूर्ध्वभागप्रभावादौषधस्योर्ध्वमुत्क्षिप्यते सलिलपृथिव्यात्मकत्वादधोभाग प्रभावाच्चौषधस्या प्रवर्तते, उभयतश्चोभयगुणत्वात् । इति लक्षणोद्देशः । च० क० १।५, अ० सं० सू० २७।४

सम्प्रति द्वयोरपि वमनविरेचनद्रव्ययोः साधारणोष्णतीक्ष्णत्वादिगुणयोगकृतदोषविष्यन्दनादि साधारणकार्यदर्शनपूर्वकमग्निवाय्वात्मकत्वादि विशिष्टधर्मयोगकृतं विशिष्टं च कार्यं वमनविरेचनं दर्शयन्नाह तत्रोष्णेत्यादि । उष्णमिति उष्णवीर्यम् । स्ववीर्येणेति स्वप्रभावेण । धमनीरनुसृत्य; सकलदेहगतधमन्यनुसरणं च वीर्येण ज्ञेयं, न साक्षात् । आग्नेयत्वाद्विष्यन्दयन्तीति विलीनं कुर्वन्ति ।

विच्छिन्दन्ति छिन्नं कुर्वन्ति । परिप्लवन् इतस्ततो गच्छन् । असज्जन्निति न क्वचिदपि सङ्गं गच्छन् । अणुप्रवणभावादिति अणुत्वात् प्रवणभावाच्च; प्रवणत्वमिह कोष्ठगमनोन्मुखत्वम्, अणुत्वं च अणुमार्गसंचारित्वम् । उदानप्रणुन्न इति उदानवायु प्रेरितः । अग्निवाय्वात्मकत्वादिति अग्निवायूत्कर्षवत्वात् । ऊर्ध्वभागप्रभावादिति ऊर्ध्वभागदोषहरत्वरूपप्रभावात् । एवं सलिलपृथिव्यात्मकत्वमपि व्याख्येयम् । उभयतश्चेति ऊर्ध्वमधश्च क्षिप्यत् इत्यर्थः । उभयगुणत्वादिति अग्निवाय्वात्मकत्वात् सलिलपृथिव्यात्मकत्वादूर्ध्वाधोभागप्रभावाच्चेत्यर्थः । इति लक्षणोद्देश इति अनन्तरग्रन्थेन वमनविरेचनद्रव्यस्वरूपा-

भिधानं कृतमित्यर्थः । अत्र च प्रकरणे सामान्येनैव वमनविरेचनद्रव्याणाम् 'आग्नेयत्वाद्विष्यन्दयति' इत्यनेनाग्नेयत्वं प्रतिपादितं; पुनश्च विशेषेण 'अग्नि-वाय्वात्मकत्वात् प्रतिपाद्यते; तेन सामान्ये विशेषे च वमनद्रव्याणामाग्नेयत्वप्रतिपादनात् प्रकृष्टमाग्नेयत्वं भवति; विरेचनद्रव्याणां तु सामान्योक्ताग्नेयत्वसंबन्धाद् विशेषगुणकथन प्रस्तावे च सलिलपृथिव्यात्मकत्वाभिधानाद्वमनद्रव्यापेक्षयाऽपकृष्टा माग्नेयत्वं भवति ।

तथाहि सुश्रुतेऽपि वमनविरेचनयोरप्याग्नेयत्वमुक्तम्—"सरत्वसौक्ष्म्य-तैक्ष्ण्यौष्ण्यविकाशित्वैविरेचनम् । वमनं च हरेद्दोषान् प्रकृत्यागतमन्यथा' (सु० चि० ३३) इत्यनेन । यच्चात्रोच्यते—वमनं यद्यूर्ध्वभागहरत्वप्रभावादूर्ध्वं यति, तदाऽग्नि वाय्वात्मकत्वादिति हेतुवर्णनं न युज्यते; यतः यत् सोपपत्तिकं कार्यं न तत् प्रभावकृतमिति व्यपदिश्यते; उक्तं हि—"प्रभावोऽचिन्त्य उच्यते-" (सू० अ० २६) इति । तन्न यतः प्रभावस्यैवेह वमन कार्यं वाय्वग्न्यात्मकगुणतया वाय्वग्न्यात्मकत्वं स्वतन्त्रो वमन हेतुः; तथाहि सति यदन्यदपि वाय्वग्न्यात्मक-मूर्ध्वभागदोषहरत्वप्रभावरहितं, तदपि वमनकरं स्यात्; तस्मात् प्रभावगुणतयैव हेतुवर्णन—एवं विरेचनद्रव्येऽपि पूर्वपक्ष सिद्धान्तावनुसर्तव्यौ ॥ चक्रपाणिः ॥

कथं हि कोष्ठस्थो दोष ऊर्ध्वं प्रपद्यते कथं वाधो यातीत्याह । तत्रेत्यादि । तत्रेति निर्धारणे । उष्णत्वादिगुणयुक्तान्यौषधानि सकलं दोषसंघातं विष्यन्दयन्ति विच्छिन्दयन्ति । स विष्यण्णो विच्छिन्नो दोषसङ्घात ऊर्ध्वं प्रपद्यत इति सम्बन्धः । कथं दोषसङ्घातं विष्यन्दयन्ति विच्छिन्दयन्ति वेत्याह । स्ववीर्येण स्वशक्तया हृदयमुपेत्य प्राप्यातिसौक्ष्म्यात् सूक्ष्मस्रोतः प्रवेशित्वात् व्याप्तिशील त्वाच्च हेतोर्धमनीः स्रोतांस्यनुसृत्य शरीरेन्तस्नेहेन मृदूकृते सति ततः स्वेदोष्माण आर्द्रदारुवद्विष्यण्णो सस्रावे शरीरे सति तान्यौषधान्यौष्ण्याद्धेतोस्तेभ्यः स्थूलेभ्यो-ऽणुभ्यश्च स्रोतोभ्यो दोषसङ्घातं विष्यन्दयन्ति महानिम्ने स्रावयन्ति । तैक्ष्ण्या-द्विकाशित्वाच्च हेतोस्तं दोषसङ्घातं विच्छिन्दयन्ति विगतसंहतिं कुर्वन्ति । केन प्रकारेण ऊर्ध्वं प्रवर्तत इत्याह । स विष्यण्णविच्छिन्न इत्यादि । स दोषसङ्घातो विष्यण्णविच्छिन्नः सन् पारिप्लवः परिप्लवनरूपः । यथा स्नेहाभ्यक्ते भाजने उदकाञ्जलिरसञ्जन न कुत्रचित्सङ्गं प्राप्नुवन् । अनुप्रसरणभावादामाशयमाग-म्यौषधस्याग्निवाय्वात्मकत्वादूर्ध्वभागदोषापनयनप्रभावाच्च उदानप्रणुन्न उदान प्रेरितः ऊर्ध्वं मुखेन प्रतिपद्यत इति । एवमौषधस्य सलिलाद्यात्मकत्वादधोभाग-प्रभावाच्च सकलस्रोतोभ्यो दोषसङ्घातोऽधः प्रतिपद्यत इति सम्बन्धः । औषधस्य उभयगुणात्मकत्वादौष्ण्यतैक्ष्ण्यादितः सलिलात्मकत्वादितश्चोभयत ऊर्ध्वमधश्च युगपद्दोषसङ्घातः प्रतिपद्यत इति सम्बन्धः ॥ इन्दुः ॥

हि० व्या०—वामक और विरेचक द्रव्यों के ऊर्ध्व और अधोभाग द्वारा दोषनिर्हरणप्रक्रिया की कारणता का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि

उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, व्यवायि, विकासी, गुणयुक्त द्रव्य अपने प्रभाव द्वारा हृदय में जाकर धमनियों का अनुसरण करते हुए स्थूल एवं सूक्ष्म स्रोतों में पहुंचकर सम्पूर्ण शरीर के दोषों को उष्ण गुण के कारण विलीन कर देते हैं । तीक्ष्ण गुण के कारण दोषों को विच्छेद करते हैं । विच्छिन्न हुए दोष चलायमान हो जाते हैं । स्नेहाभ्यक्त शरीर होने से चिकने पात्र में रखे शहद के समान संसृष्ट नहीं होते । कोष्ठोन्मुख होकर आमाशय में आ जाते हैं तथा उदान वायु से प्रेरित होकर अग्नि और वायु के प्रकर्ष से एवं ऊर्ध्व भागगत दोषों के हरण करने का स्वभाव होने से, ऊर्ध्वगति में कारण होते हैं । इसी प्रकार जल और पृथिवी की उत्कृष्टता या प्रबलता के कारण, औषध में अधोभागगत दोषों के हरण का स्वभाव होने से औषध नीचे की ओर गति करती है । उभयगुण समन्वित होने से प्रयुक्त औषध उभय मार्गों में प्रवृत्त होती है । यही इसका लक्षण है । आचार्य वाग्भट ने भी अ० संग्रह में इसी पाठ को उद्धृत किया है ।

अपि च—

तानि सम्प्राप्य हृदयं धमनीः प्रतिपद्य हि ।
तिर्यगूर्ध्वमधश्चैव दोषान्निष्यन्दयन्त्यपि ॥
सूक्ष्माञ्छरीरावयवान् सौक्ष्म्यादनुसरन्ति च ।
विस्रावयन्ति धातूंश्च विमार्गैरपि देहिनाम् ॥
आनयन्तीव हृदयं दोषांस्तानतिमूच्छितान् ।
आमाशयं पूरयित्वा ह्यूर्ध्वभागभवांस्तथा ॥
एवमेव च विष्यन्दीन्यापूर्यामाशयः पुनः ।
अधोभागे प्रवर्तन्ते विकारेष्विह देहिनाम् ॥
विष्यन्दयन्ति दोषांश्च यावत्तिष्ठन्ति देहिनाम् ।
संशोधयन्त्यतः यश्चाधूर्ध्वं वा यदि वाप्यधः ॥ भे० सि ४।३७

हि० व्या० - आचार्य भेल के अनुसार शोधन द्रव्य सेवनोपरान्त परिपाक क्रम से हृदय में पहुँचकर ऊर्ध्व, अधः और तिर्यग् धमनियों के द्वारा सम्पूर्ण शरीरावयवों में पहुँचकर दोषों को चलायमान करते हैं । शरीर के सूक्ष्म अवयवों में जाकर अपने सूक्ष्म गुण के कारण अनुसरण करते हुए विमार्गगामी दोष एवं धातुओं का विस्रावण करते हैं । अति मूच्छित दोषों को सिरामार्ग से हृदय में लाते है (शाखाओं को छोड़कर दोष, संशोधन द्रव्यों के प्रभाव से कोष्ठ में आ जाते हैं ।) इस प्रकार दोषों द्वारा आशयों को पूर्ण करने पर उनका ऊर्ध्व या अधो मार्ग से निर्हरण हो जाता है ।

वमन विरेचन द्रव्याणां रसवीर्यविपाकप्रभावादि विचार-पूर्वकं तत्तदनुपानादि भेदेन षड्विरेचनयोगशतानां संकेतः ।

तत्र फलजीमूतकेक्ष्वाकुधामार्गवकुटजकृतवेधनानां, श्यामा त्रिवृच्चतुरंगुल-

तिल्वकमहावृक्ष सप्तलाशङ्खिनीदन्तीद्रवन्तीनां च, नानाविध देशकालसंभवास्वादरसवीर्यविपाकप्रभावग्रहणाद् देहदोष प्रकृतिवयोवलाग्निभक्तिसात्म्यरोगावस्थादीनां नानाप्रभाववत्वाच्च, विचित्र गन्धवर्णरसस्पर्शानामुपयोगसुखार्थमसंख्येय संयोगानामपि च सतां द्रव्याणां विकल्पमार्गोपदर्शनार्थं षड्विरेचनयोगशतानि व्याख्यास्यामः।

च० क० १।६

तानि तु द्रव्याणि देशकालगुणभाजन संपद्वीर्यबलाधानात् क्रियासमर्थेतमानि भवन्ति ॥

च० क० १।७

तत्र कृतवेधनान्तानां विच्छेदपाठेन वमनप्रयोगप्रयोज्यत्वं, श्यामादीनां विरेचनप्रयोगनयोज्यत्वं च दर्शयति। अत्रैप वमने विरेचने चैकैकेपां पुनर्वस्तूनां मदनफलानां श्यामादीनां च बहवः प्रयोगा अभिधीयन्ते, न पुनरेकैकमेव द्रव्यं वमनकारकं विरेचनकारकं वा। स्वल्पसंख्याप्रयोगेण ग्रहणसुखता वमन विरेचनयोगस्य भवति, कार्यं च सिध्यतीत्याशङ्क्याह—नानाविधेत्यादि यावद्योगावस्थादीनांनानाप्रभाववत्वाच्चेति। अस्यार्थः यस्मान्नानाविधदेशकालसंभवा नानाविधास्वादाः, नानाविधवीर्याः, नानाविधविपाकाः, नानाविधप्रभावाश्च मदनफलादिका ओषध्यः, तथा तत्संस्कारकाः कोविदारादिका ओषध्य उपलभ्यन्ते; पुरुषाश्च देहदोषप्रकृतिवयोवलाग्निभक्तिसात्म्य रोगावस्थाभिन्ना नानाविधा दृश्यन्ते; तेन नैकं द्रव्यं सर्वस्मिन देहदोषादौ यौगिकं, सर्वत्र काले वा प्राप्यते सर्वत्र देशे वा; तस्माद्देह दोषादिना भेदवति पुरुषे बहुन्येव द्रव्याणि बहुभिश्च प्रयोगैरुपकल्पितानि यथा योग्यतया यथाप्राप्ति च प्रयोक्तुंशक्यन्तेअतो बहूनामेव मदनादिद्रव्याणां बहुप्रकारप्रयोगाणामुपन्यासो युक्त इति भावः। ग्रहणादुपलम्भात्। देहो नाना स्थूलकृशादि भेदेन, भक्तिरिच्छा अवस्थाशब्देनेह रोगावस्थैव ग्राह्या आदिशब्देनेह सत्त्वाहारयोर्ग्रहणम्। भूरिविरेचन प्रयोगोपदर्शनप्रयोजनान्तरमप्याह-विचित्रेत्यादि। नानाविधगन्धवर्णरसतया प्रयोगे तत्कालमुत्तरकालं च सुखार्थं चेत्यर्थः। अथ किंप्रभेदान्मदनफलादीनां षट्प्रयोगशतानि भवन्ति, येनाधिकाः प्रयोगा अभिधीयन्त इत्याशङ्क्याह-असंख्येयेत्यादि। विकल्पमार्गोपदर्शनार्थमिति अधिकप्रयोगकल्पनासमर्थान् भिषजः प्रति एतत् षट्प्रयोगशतोपदर्शनं कर्तव्याधिकप्रयोगकल्पनामार्गोपदर्शकं, तेनाऽपरेऽप्यत्र प्रयोगाः कल्पनीयाः; ग्रन्थे निःशेषप्रयोगानभिधानं प्रयोगाणामसंख्येयत्वेनाशक्यत्वादेव। अनतिविस्तरेण षट्प्रयोगशताभिधानं मन्दबुद्धिसंव्यवहारार्थमिति भावः। उक्तं हयन्यत्र— 'एतावन्तो ह्यल्पमल्पबुद्धीनां व्यवहाराय, बुद्धिमतां च स्वालक्षण्यानुमानयुक्तिकुशलानामनुक्तार्थज्ञानाय" (सू० अ० ४) इति।

—तानीत्यादि। देशादिभिश्चतुर्भिः संपच्छब्दः प्रत्येकमभिसंबध्यते। भाजनं भेषजस्थापनम्। वीर्यस्य बलं वीर्याधिकत्वमेव ॥, चक्रपाणिः ॥

छः सौ विरेचन योगों की कल्पना
वमन विरेचन योग

वामक द्रव्य	विरेचन द्रव्य
१. मदनफल	१. श्यामा (त्रिवृत्)
२. देवदाली	२. श्वेतमूला (")
३. इक्ष्वाकु	३. अमलतास (चतुरङ्गुल)
४. धामार्गव	४ तिल्वक (लोध्र)
५. कुटज	५ महावृक्ष (स्नुही)
६. कृतवेधन	६. सप्तला (सातला)
	७. शंखिनी (यवतिक्ता)
	८. दंती (जयपाल बीज)
	९. द्रवंती (बड़ी दन्ती)

योगों में देश काल प्रभाव से या स्वभाव में किञ्चित् परिवर्तन अवश्य होता है। इसमें उत्पत्ति स्थान और काल की कारणता होती है अतः स्वाद रस, वीर्य, विपाक, प्रभाव में भिन्नता के कारण शारीरिक दोष प्रकृति, आयु, बल, पाचकाग्नि, स्वभाव, सात्म्य, असात्म्य तथा रोग की अवस्था पर होने वाले विविध प्रभाव के कारण, विचित्र गन्ध, रस, स्पर्श, उपयोग, रोगी के सुखार्थ (लाभ प्राप्त) के अनुसार असंख्य संयोगों के आधार पर कल्पनायें तेयार करने के विधान का निर्देश करते हुए छः सौ योगों का उल्लेख किया है।

अष्टाङ्ग हृदय में वमन हेतु मदन फल और विरेचनार्थ त्रिवृत् मूल को श्रेष्ठ बताया है। तथा कुछ कल्प भी चरक से भिन्न बताये हैं जो तालिका में द्रष्टव्य हैं।

ऊर्ध्वाधः शोधनद्रव्याणां यथायथं विरेचकत्वे वामकत्वे च युक्ति विचारः।

सरत्वसौक्ष्म्यतैक्ष्ण्योष्ण्यविकाशित्वैर्विरेचनम्।
वमनं तु हरेद्दोषं प्रकृत्या गतमन्यथा ॥
यात्यधोदोषमादाय पच्यमानं विरेचनम्।
गुणोत्कर्षाद्विजत्यूर्ध्वमपक्वं वमनं पुनः ॥

सु० चि० अ० ३३।३३,३४

विरेचनद्रव्येण सह गुण साम्ये सति कथं वमनद्रव्यस्योर्ध्वभागगामित्वमित्याह—सरत्वेत्यादि। सरस्य भावः सरत्वमानुलोम्यं, गयौ तु विसरणस्वभावत्वं सरत्वमाहसूक्ष्मस्य भावः सौक्ष्म्यं सूक्ष्मस्रोतोऽनुसारित्वं; तीक्ष्णस्य भावस्तैक्ष्ण्यं शीघ्रतरदोषस्रावणकरत्वम्; उष्णस्य भाव औष्ण्यं, सौम्यद्रव्योपमर्दनकरणसामर्थ्यं; विकाशिनो भावः विकाशित्वं, विकाशिभावेन धातोः

शैथिल्यकरणसामर्थ्यम् । अत्र प्रकृतिः, स्वभावः, शक्तिविशेषः, प्रभावो, वीर्यमित्यनर्थान्तरम् । तेन प्रकृत्या वीर्येणान्यथागतमूर्ध्वंगतं, सत्यपि सरत्वादिविरेचनगुणसाम्ये वमनस्योर्ध्वंगामित्वं प्रभावविभावितं, कृतः ? यत उच्यते

"कटुकः कटुक पाके चित्रको वह्निदीपनः ।
तद्वद्दन्ती प्रभावात्तु विरेचयति सा नरम् ॥

तथा च—

"विषं विषघ्नमुदिष्टं प्रभावस्तत्र कारणम्"

इति; तथा

"ऊर्ध्वानुलोमिकं यच्च तत्प्रभावप्रभावितम्"

(च० सू० २६) इति

एतेनैतदुक्तं भवति—सरत्वादिभिर्गुणैर्विरेचनमधो दोषानपहरेत्; वमनस्य तुल्यगुणत्वेऽपि वीर्येणोर्ध्वगामित्वम् । पञ्जिकाकारेण 'प्रकृत्यागतमन्यथा इत्यत्र 'सम्यग्युक्त्याऽतथाऽन्यथा' इति पठित्वैवं व्याख्यातं—सम्यग्युक्त्या सरत्वादिगुणैर्विरेचनमधोभागेन, वमनमूर्ध्वभागेन दोषानपहरेत्; अतथाऽन्यथेति नञत्र वैपरीत्ये; अतथा असम्यग्युक्त्या विरेचनं च वमनं चान्यथा दोष विपरीतान् गुणान् हरेदिति । केचित्तु 'सम्यग्युक्तं वृथाऽन्यथा इति पठन्ति । अयमर्थो युक्तः किल; सरत्वादयो गुणाः सुयुक्ता आशुतरदोषहराः, तथैव चान्यायोपयुक्ता एव जीवशोणितधात्वसेन्द्रियमन ओजः प्रभृतीनाकृष्य मारयन्तीति । कीदृशं सत् पुनः विरेचनं वमनद्रव्यं च दोषानादाय अध ऊर्ध्वं च यातीत्याह – यात्यधो दोषमित्यादि । विरेचनद्रव्याणि स्थिरगुर्व्योः पृथिव्यम्भसोर्गुणभूयिष्ठानि, अत एव स्थिरत्वात् पक्यमानानि गुरुत्वादधो यान्ति; वमनद्रव्याणि तु वाय्वग्न्योः शीघ्रगलघुगुणयोर्गुणभूयिष्ठानि, अतः शीघ्रगत्वादपक्वान्येव लघुत्वादूर्ध्वमुत्तिष्ठन्ति । द्रव्याणि हि द्रव्यप्रभावात् गुणप्रभावाच्च कार्मुकाणि भवन्ति ॥ डल्हणः ॥

हि० व्या० - वामक एवं विरेचक द्रव्यों में गुण साम्यता होते हुए भी वमन द्रव्य किस प्रकार उर्ध्व भाग से दोषों को बाहर निकालते हैं । इस शका का आचार्य समाधान करते हुए लिखते हैं कि यहाँ प्रभाव की विशेषता है वामक एवं विरेचक दोनों ही प्रकार के द्रव्यों में सर, सूक्ष्म, तीक्ष्ण, ऊष्ण एवं विकासी इन गुणों की विद्यमानता रहती है फिर भी दोनों में कर्म सादृश्य नहीं है । इसका कारण प्रभाव है यथा विष की चिकित्सा भी विष है अथवा चित्रक एवं दन्ती में रस, गुण, वीर्य की समानता होते हुए भी चित्रक अग्नि दीपक है एवं दन्ती विरेचक है । प्रभाव के कारण पाचन अवस्था को प्राप्त विरेचन द्रव्य दोषों को लेकर अधोमार्ग में गति करते हैं तथा वामक द्रव्य अपक्व अवस्था में ही अपने गुण प्रभ व के कारण दोषों को ऊर्ध्व भाग से बाहर निकालते हैं ।

उभयतोभागहर भेषजानि ।

कोशातकी सप्तलाशङ्खिनी देवदाली कारवेल्लिका चेत्युभयतो भागहराणि । एषां स्वरसा इति ॥ सु० सू० ३९।५

कोषातकी घोषकः; सप्तला स्नुही भेदः, अपरे श्रीफलिकामाहुः; देवदाली स्वनामख्याता 'देवली' इति लोके । उभयतो भागहराणि इति वमनानि विरेचनानि चेत्यर्थः । एतानि कोशातकी प्रभृतीनि नियमेनोभयतोभागहराणि, गवाक्षी-प्रभृतीनां पूर्वोक्तानां तु पत्रादिविशेषेण कदाचिद्वामकत्वं कदाचिद्विरेचकत्वमिति न तेषामुभयतोभागहरत्वम् । डल्हणः ॥

कोशातक्यादीनां स्वरसा उभयतोभागहराः । फलं तु कोषातकीदेवदाल्योर्वामनमुक्तमिति शेषः । देवदाली घोषाभेदः ॥ चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—सम्यक् स्नेहन-स्वेदन के पश्चात् आहार के पच जाने पर (रिक्त कोष्ठ) औषध को एकाग्र मन से और मात्रापूर्वक पीना चाहिए इस प्रकार अयोग एवं अतियोग की संभावना नहीं रहती और सम्यक् योग होता है।

वमन-विरेचन (संशोधनौषध) द्रव्य पीए हुए व्यक्तियों में शुद्धि के लक्षणों को वैद्य को देखना चाहिए। यदि वमन में कफ के बाद पित्त निकले और विरेचन में मल एवं पित्त के पश्चात् कफ निकले और दुर्बलता के साथ-साथ शरीर में लघुता भी हो तो दोष का निर्हरण समुचित हो गया है ऐसा समझना चाहिए।

संशोधन भेषजानां योगातियोगायोगलक्षणानि

योगः सम्यक् प्रवृत्तिः स्यादतियोगोऽतिवर्तनम्।
अयोगः प्रतिलोम्येन न चाल्पं वा प्रवर्तनम्॥
श्लेष्मोक्लिष्टेन दुर्गन्धमहृद्यमति वा बहु।
विरेचनमजीर्णे च पीतमूर्ध्वं प्रवर्तते॥
क्षुधार्तमृदुकोष्ठाभ्यां स्वल्पोत्क्लिष्टकफेन वा।
तीक्ष्णे पीतं स्थितं क्षुब्धं वमनं स्याद्विरेचनम्।
प्रातिलोम्येन दोषाणां हरणात्ते ह्यकृत्स्नशः॥
अयोगसंज्ञे कृच्छ्रेण याति दोषो न वाल्पशः।

ग० सि० ६।३१-३४

वमन विरेचनातियोग विपर्ययः

वमनं च विरेकाय, विरेको वमनाय च।
यदा भवति तं प्राहुरतियोगविपर्ययम्॥

का० सं० सि० ३

योगातियोगायोगस्वरूपमाह—योग इत्यादि। अतिवर्तनमिति संशोध्यातिरिक्तप्रवर्तनम्। प्रातिलोम्येनेति वमनस्य विरेचनेन प्रवर्तनम्; एतच्च प्राति

लोम्यप्रवर्तनं प्रायो ।ववक्षितदोषाप्रवर्तकतयैवायोगनिक्षिप्तम्। न चाल्पं वा प्रवर्तनमिति सर्वथाऽप्रवर्तनमल्पं वा प्रवर्तनमिति। स्थितमिति झटिति ऊर्ध्वं गच्छत्। एतत्प्रातिलोम्यप्रवृत्त्या यथाऽयोगत्वं तदाह—प्रातिलोम्येनेत्यादि। प्रतिलोम्येनाकृत्स्नहरणात् अयोगसंज्ञे त इति योज्यम्। प्रातिलोम्यहरणेऽकृत्स्नो-दोषहरणमेव दर्शयन्नाह—कृच्छ्रेणेत्यादि। प्रतिलोमहरणे कृत्स्नो दोषो न याति, अल्पशो वा यातीति भावः तेनाकृत्स्नदोषहरणं प्रतिलोमहरणे उपपत्नमिति भावः। कृच्छ्रेण यदा गच्छति चाल्पश इति पाठे, यच्छब्दो हेतौ; पूर्वत्र पाठे वाकारा हेतौ ॥ चक्रपाणिः ॥

व्यावद्वक्तव्यताधिकारे सति योगादिस्वरूपावधारणं तदुपकारार्थं, तस्याशितीये यथा सात्म्याधिकारे कालस्वभावगतिविशेषरूपावधारणपरिच्छेदद्वारेण कालतुं विज्ञाने सात्म्योपवेशस्तद्धेतुको भवति। योगः सम्यक्प्रवृत्तिः स्यादिति सम्यक् ...लक्षणानुसारमिति प्रवृत्तियोगाधिकपे न तु फेनिलरक्तचन्द्रिकोद्गमनमिति अतियोगलक्षणानीति। अयोगः प्रातिलोम्येन नवाल्पं वा प्रवर्तनमिति प्रातिलोम्येन च मिथ्यायोगो—"यथा स्वलक्षणो मिथ्यायोग" इति वचनात्। तदेवायोगसंगृहीतो मिथ्यायोगो वेदितव्यः। अन्यत्रापि तह्येवमयोगशब्देन मिथ्यायोगग्रहः। ननु तत्र भेद श्रवणेन कृतार्थ भेदाद्भेदः। न चाभेदः। तुल्यलक्षणचिकित्सितत्वादिति। अल्पप्रवर्तनमप्रवर्तनमयोगः। यथोक्तं – "प्रवृत्ति कुतश्चित्केवलस्य वात्यौषधस्य विभ्रंशो विबन्धो वेगानामयोगलक्षणानीति। उपकल्पनीयेऽध्याये तु मिथ्यायोगो विभ्रंशवचनेनोक्तः। विपरीतप्रवृत्तिविभ्रंशत इति। स पुनरयोगो यथा भवति तथोच्यते। उत्क्लिष्टेन श्लेष्मणा= प्रभूतकफेनाहृद्यमप्रियम्। अजीर्णेति बहुविरेचनं वमनं संपद्यते, उत्क्लिष्ट कफत्वं प्रधानमिष्टम्। दुर्गन्धत्वादहृद्यमपि बहुत्वादजीर्णात् बहुत्वमवशिष्टादिति। "क्षुधार्तमृदुकोष्ठस्यां पीतं स्यल्पकफेन वा। तीक्ष्णं स्थितं संक्षुभितमिति। क्षुधार्तस्य पित्तमुद्भूतवृत्ति - तदधो येन केनचिदुष्णतीक्ष्णेन प्रवर्त्यते। विशेषेण मृदुकोष्ठस्य स्थितमप्रवृत्तं पूर्व; क्षुभितं प्रचलितम्। ननु गुणप्रत्ययागृहीतं वमनं विरेचनं च। तथा प्रातिलोम्येन दोषाणामिति। विपरीतदोषप्रवृत्तावपि न तत्संज्ञाविशोधनयोस्तथा कृत्स्नदोषहरणासमर्थत्वात् अप्रातिलोम्येनापि यदा कृच्छ्रेण वा गच्छति अल्पं वा गच्छति प्रवर्तत् इत्यर्थः। सर्वं एवायोगरूपा इति।

जज्जटः ॥

हि० व्या० सम्यग्योग-अतियोग-अयोग लक्षण

१. संशोधन का प्रयोग यदि सम्यक् रूप से हो गया हो तो उसे सम्यक् योग (समुचित) कहते हैं।

२. दोषों का निरहंण यदि अधिक रूप में हो गया हो तो उसे अतियोग कहते हैं।

३. वामक औषधि अधोमार्ग द्वारा निकलने लगे या विरेचक औषधि ऊर्ध्व मार्ग द्वारा निकलने लगे और दोष अल्प मात्रा में ही निकले या निकले ही नहीं तो अयोग माना जाता है।

विरेचनौषधि से वमन होने का कारण

जिस व्यक्ति का कफदोष उत्क्लेशित हो और विरेचक औषधि का उसे सेवन कराया जाए, विरेचक औषधि दुर्गन्धयुक्त हो, हृदय के लिए अहितकर हो, अत्यधिक मात्रा में दे दी गई हो, भोजन के जीर्ण न होने पर औषधि प्रयोग की गई हो तो विरेचक औषधियों से वमन हो जाता है।

वामक औषधि से विरेचन होने का कारण

मृदु कोष्ठ व्यक्ति, क्षुधा से पीड़ित अल्पमात्रा में उत्क्लेशित कफ, युक्त हो ऐसे व्यक्ति को यदि तीक्ष्ण वामक औषधि का सेवन कराया जाए तो औषधि क्षोभ उत्पन्न कर विरेचन द्वारा बाहर विकल जाती है।

अयोग की परिभाषा

विपरीत मार्ग से संशोधन द्रव्य निकलना, दोषों का पूर्ण रूप से निर्हरण न होना अयोग कहलाता है। अयोग की स्थिति में दोष कठिनाई से निकलते हैं, नहीं निकलते या अल्पमात्रा में निकलते हैं।

अतियोग

स्निग्ध स्विन्नस्यातिमात्रमृदुकोष्ठस्य वाऽतितीक्ष्ण-
मधिकं वा दत्तमौषधमतियोगं कुर्यात्।

सु० चि० अ० ३४।११ क

हि० व्या०—अत्यधिक स्नेहन-स्वेदन वाले अथवा अत्यन्त मृदु कोष्ठवाले व्यक्ति को अति तीक्ष्ण और अधिक परिमाण में औषध देने पर अतियोग कारक होती है।

शोधन भेषजस्य अयोग लक्षणानां कारणम्

अस्निग्धास्विन्नदेहस्य रूक्षस्यानवमौषधम्।
दोषानुत्क्लिश्य निर्हर्तुमशक्तं जनयेद् गदान्॥
विभ्रंशं श्वयथुं हिक्कां तमसो दर्शनं भृशम्।
पिण्डिकोद्वेष्टनं कण्डूमूर्वोः सादं विवर्णताम्॥

च० सि० ६।३८-३९

"अस्निग्ध स्विन्नदेहस्य रूक्षस्यानवमोषधम्" इति। योगं तत्र भेदहेतुन भवतीति तत्रास्निग्धेनैव रूक्षत्वोक्तेः अपि पुनर्वचनं विचारणास्नेहाभावेन रूक्षः अच्छपानाभावेनास्निग्ध इति। अनवः पुराण इत्यर्थः। अधममिति वा पाठः। अधममप्रधानसममित्यर्थः। केचितु हीनमात्रमाहुः। तदेतेन हीनमात्रं दोषवदिति। विभ्रंशादिविकारानुभवमिति। विभ्रंशो मूर्च्छा स्रस्तांगता वा संभवादवस्थाप्रकारनिर्देशोऽयन्त व्यापद इति। यद्ययोगनिमित्तमेवात्र कथं न व्यापदः?

विभ्रंशसमोऽन्यानि च तत्संज्ञानीत्येके । व्यापत्समस्तहेतुकानि चैतानि विकारान्तराणि व्यापदामुक्तकालं भावादित्यन्ये ।

अयोगों वा विभ्रंशादयो न विकार व्यापदां विकारः । दृष्टश्च विकार शब्दयोगो यथा "विषमारम्भमूलानां लिङ्गमेकं ज्वरो मत" इत्यपरे । अत्रतु नायोगस्यापि विकारा लिङ्गं भवेयुः । अव्याधित्वाद् व्याधेर्यदुक्तं । "तस्योपलब्धिनिदान प्राग्रूपोपशयसंप्राप्तित" इति । अयोगोऽपि विकार एव । "विकारो दुःखमेव तु" । स हि दुःखनिमित्तं स्वयमपि वा दुःखमुपचारादिति । तदेतद्वमनायोगकारण सकलोत्पादितं विरेचनमयोगस्सर्वएव तु । जज्जटः ॥

हि० व्या०—विना स्नेहन और स्वेदन का प्रयोग किए, रूक्ष व्यक्ति संशोधन के लिए यदि पुरानी औषधि का सेवन करता है तो वह औषधि दोषों को उत्क्लिष्ट कर (उभाड़कर) उनको निकालने में असमर्थ होकर विभ्रंश, शोथ, हिचकी, नेत्रों के आगे अन्धेरा, पिण्डिकोद्वेष्टन; खुजली, अरुंशैथिल्य, वैवर्ण्य आदि रोगों को उत्पन्न करती है ।

अयोगावस्थायां पुनः औषधपान निर्देशः

पीतौषधो न शुद्धश्चेज्जीर्णे तस्मिन् पुनः पिबेत् ।
औषधं न त्वजीर्णेऽन्यद्भूयं स्यादतियोगतः ॥
कोष्ठस्य गुरुतां ज्ञात्वा लघुत्वं बलमेव च ।
अयोगे मृदु वा दद्यादौषधं तीक्ष्णमेव वा ॥

च० सि० ६।३५-३६

जीर्णे इत्यौषधे जीर्णे । पुनः पिबेदिति तदहरेव । भयं स्यादतियोगत इति पूर्वाजीर्णोविद्याभ्यामति योगः स्यात् । मृदु वा दद्यादित्यादौ गुरुकोष्ठे बलवति तीक्ष्णं, लघुकोष्ठे दुर्बले च मृदु दद्यादिति व्यवस्था । चक्रपाणिः ॥

पीतौषधो न तु शुद्धश्चेदिति । त्रिविधेनाप्ययोगेन सत्यशुद्धे तस्मिन्नेवाहनि जीर्णे भेषजे नाजीर्णे पुनः प्रयोगः । अतियोगप्रसङ्गभयात् । तत्र पुनर्भेषजनियमः । ज्ञात्वा कोष्ठस्य गुरुतामिति । गुरुकोष्ठता क्रूरकोष्ठत्वं, आशयस्य धर्मो वा मृदुतीक्ष्णयोर्भिन्नत्वादवस्थाभेदेन विकल्पः । तीक्ष्णसंप्रवृत्तिलक्षणे अयोगे कृच्छ्रप्रवृत्तिलक्षणयोगे मृद्विति । जज्जटः ॥

हि० व्या०—औषधि जीर्णता (पच जाने) पर कर्तव्य-संशोधनोषध सेवन करने पर भी संशोधन (वमन विरेचन) समुचित न हो, सेवन की गई औषधि पच जाए तो उक्त रोगी को पुनः संशोधनार्थ उसी दिन औषधि पान करना चाहिए । यदि औषधि पची न हो औरऔषधि पिला दी जाए तो अतियोग होने का भय है ।

संशोधन में अयोग होने पर उस व्यक्ति के कोष्ठ की गुरुता का ज्ञान कर और बल को देखकर तीक्ष्ण संशोधन औषधि पिलाना चाहिए । यदि मृदु कोष्ठ हो और रोगी दुर्बल हो तो मृदु औषधि का सेवन करना चाहिए ।

अतियोग कारणानाम् वर्णनं तत्र ज्ञातानां उपद्रवाणां वर्णनं तेषां चिकित्सा विशेषश्च

अति तीक्ष्णं क्षुधार्तस्य मृदुकोष्ठस्य भेषजम् ।
हृत्वाऽशुविट्पित्तकफान् धातून्विस्रावयेद्द्रवान् ।
बलस्वरक्षयं दाहं कण्ठशोषं भ्रमं तृषाम् ।
कुर्याच्च मधुरैस्तत्र शेषमौषधमुल्लिखेत् ॥
वमने तु विरेकः स्याद्विरेके वमनं पुनः ।
परिषेकावगाहाद्यैः सुशीतैः स्तम्भयेच्च तत् ॥
कषायमधुरैः शीतैरन्नपानौषधैस्तथा ।
रक्तपित्तातिसारघ्नैर्दाहज्वरहरैरपि ॥
अञ्जनं चन्दनोशीरमज्जासृच्छर्करोदकम् ।
लाजचूर्णैः पिबेन्यमतियोगहरं परम् ॥
शुङ्गाभिर्वा वटादीनां सिद्धां पेयां समाक्षिकाम् ।
वर्चः सांग्राहिकैः सिद्धं क्षीरं भोज्यं च दापयेत् ॥
जाङ्गलैर्वा रसैर्भोज्यं पिच्छाबस्तिश्च शस्यते ।
मधुरैरनुवास्यश्च सिद्धेन क्षीरसर्पिषा ॥

च० सि० ६।४५-५१

अतियोगस्य हेत्वादिकमाह—अतितीक्ष्णमित्यादि । इयं च सामग्री विरेचनातियोगस्यैव घटते; यतो मृदुकोष्ठे बुभुक्षिते च विट्पित्तकफहरणक्रमेण च सैवाति युज्यते; वमनाति योगसामग्री चानेनोदाहरणेनोन्नेया; किंवा अति तीक्ष्णमिति पदेनैव वमनस्याप्यतितीक्ष्णत्वमतियोगकारणमुक्तं, विड्पित्तवफहरणं यथायोग्यतया क्रमेण विरेचने वमने च बोद्धव्यम् । शेषमौषधमुल्लिखेदिति तादात्विकी चिकित्सा । मृद्विति पदं वमनेन विरेचनेन च सम्बध्यते । वटादीनामिति न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थकपीतनानाम् । वर्चः संग्राहिकाः षड्विरेचन शताश्रितीयोक्ताः प्रियङ्ग्वनन्तादयः ॥ चक्रपाणिः ॥

अतितीक्ष्णं क्षुधार्तस्येत्यादि । आशु विट्पित्तकफ निर्हरणं कृत्वा द्रवान्धातून् रसरुधिरमेदोमज्ज शुक्लान्तान् । अस्थिमांसे अतिकठिने । इति योगाधिक्ये रक्तपितोक्तचन्द्रिकोद्भ्रमणादि । ततो बलस्वरक्षयं दाहमित्यादि तदनन्तरं व्यापदाक्रमानादिका भविष्यति । तद्व्यतिरिक्ता अन्या एवेति । औषधशेषे सत्येते बलस्वरक्षयादयः । परिणतौषधस्य वाऽतियोगनिमित्ता व्यापदो भवन्तीति । एवमुक्तं "हृतदोषस्तु शेषमौषधमुल्लिखेत्" । तत्र वमने अतियुक्ते स्यात् । विरेके चातियुक्ते वमनं मृदुशीतैश्च स्तम्भनमन्नपानौषधैस्तथा रक्तपित्तातिसारघ्नैः, प्रागुक्तान्येव निर्दिश्यन्ते अञ्जनादिभिर्मन्थं विरेचनातियोगे । वमनस्यातियोगे तु फलरसैर्मन्थकिति । शुङ्गादिभिर्वा वटादीना-

मिति। तेषामति बहुत्वाद्यत्र शुङ्गास्सु भवन्ति शीतं वीर्यं च। अथवा वटक-पीतनोदुम्बराश्वत्थभल्लातकस्योनाक सोमवल्काः वटादयः। वर्च्चसङ्ग्राहिकैस्सिद्धं क्षीरं भोज्यं च दापयेदपरमिति। दोषावस्थायां भोज्यं जाङ्गलैर्वा रसैर्भोज्यमिति। पिच्छाबस्तिश्च शस्यते। पिच्छाबस्तिः पठ्यते। क्षीरसर्पिषानुसिद्धेन। मधुरद्रव्यैः जीवनीयैरिति ॥ जज्जटः ॥

अतियोग के कारण—उपद्रव और चिकित्सा

बुभुक्षा से पीड़ित (रिक्त कोष्ठ) और मृदु कोष्ठ वाले व्यक्तियों को यदि अति तीक्ष्ण संशोधन औषध दी जाए तो वह शीघ्र ही मल, पित्त और कफ को बाहर निकालकर रस रक्त आदि धातुओं का भी स्राव कराने लगती है। इससे बल एवं स्वर का क्षय, दाह, कण्ठ का सूखना, भ्रम, प्यास की अधिकता आदि उपद्रव उत्पन्न होते हैं। इसी हालत में अवशिष्ट औषधि को मधुर द्रव्य से वमन द्वारा निर्हरण कराना चाहिए। यदि वमन का अतियोग हो तो मृदु विरेचन देना चाहिए और विरेचन का अतियोग हो तो मृदु वमन देना चाहिए। शीतल परिषेक एवं अवगाह के द्वारा उनके वेगों को रोकना चाहिए। कषाय, मधुर, शीतल अन्नपान एवं औषधियों का प्रयोग करना चाहिए। रक्तपित्त, अतिसार, दाह और ज्वरनाशक औषधियों से वमन एवं विरेचन के वेगों को रोकना चाहिए। अञ्जन, चन्दन, खश, मञ्जा, रक्त चौनी का शर्बत इनमें धान के खील एवं सत्तू मिलाकर 'मन्थ' बनाकर खिलाना चाहिए। यह अतियोगनाशक है।

अथवा वट आदि पञ्चक्षीरा वृक्ष के अङ्कुरों के स्वरस या क्वाथ से बनाई गई पेया शहद मिलाकर पिलानी चाहिए। अथवा ग्राही औषधियों से सिद्ध दूध या ग्राही आहार द्रव्य का प्रयोग करना चाहिए। अथवा जांगल पशु-पक्षियों के मांसरस के साथ शालि चावल देना चाहिए। इसमें पिच्छाबस्ति लाभदायक है। मधुररसयुक्तद्रव्य से सिद्ध दुग्ध या घृत से अनुवासनबस्ति देनी चाहिए।

वमनविरेचने अतियोगोपद्रव सन्तापारुचितृष्णाशमनाय दध्यारनालादि प्रलेपः।

दध्यारनालधात्रीचूर्णयुताः शक्तवः प्रलेपेन।
सन्तापारुचितृष्णा वमनविरेकातियोगहराः ॥

वङ्गसेन (विरेच०) ५४

हि० व्या०—आचार्य वङ्गसेन के अनुसार वमन विरेचन की अतियोगावस्था में दही, कांजी, धात्री (आँवला) चूर्ण और सत्तू का प्रलेप करने से सन्ताप, (जलन), अरुचि, प्यास आदि लक्षण दूर होता है।

अयोग कारणविशेषे चिकित्सा विशेष वर्णनम्

स्निग्धे स्विन्नस्य चात्यल्पं दीप्ताग्नेर्जीर्णमौषधम्।
शीतैर्वा स्तब्धमामे वा दोषानुत्क्लिश्य नाहरेत् ॥
तानेव जनयेद्रोगानयोगः सर्व एव सः।
विज्ञाय मतिमांस्तत्र यथोक्तां कारयेत् क्रियाम् ॥
तं तैललवणाभ्यक्तं स्विन्नं प्रस्तरसङ्करैः।
पाययेत पुनर्जीर्णे समूत्रं वा निरूहयेत् ॥
निरूहं च रसैर्धान्वैर्भोजयित्वाऽनुवासयेत्।
फलमागधिकादारुसिद्धतैलेन मात्रया ॥
स्निग्धं वातहरैः स्नेहैः पुनस्तीक्ष्णैर्नशोधयेत्।
न चातितीक्ष्णैर्नं ततो ह्यतियोगस्तु जायते ॥

च० सि० ६।४०-४४॥

हि० व्या०- स्नेहन और स्वेदन सम्यक् हो जाने पर तथा अग्नि के प्रदीप्त होने पर भी यदि संशोधनौषधि अल्प मात्रा में दी गई हो और औषधि पच गई हो अथवा शीतल वातावरण या आमदोष के कारण जकड़ गई हो तो दोषों का उत्क्लेशन नहीं करती ऐसी अवस्था में पूर्वोक्त नौ व्याधियाँ उत्पन्न करती है। इनको अयोग के अन्तर्गत ही मानते हैं। अतः बुद्धिमान् चिकित्सक को इन बातों का समुचित ज्ञान रखते हुए यथावत् चिकित्सा करनी चाहिए। इन लक्षणों से युक्त रोगी (व्यक्ति) को सैंधवलवणमिश्रित अभ्यङ्ग कराकर प्रस्तरस्वेद या सङ्कर स्वेद से स्वेदन कर औषधि के पच जाने पर पुनः संशोधन औषधि देना चाहिए या गोमूत्र युक्त निरूह बस्ति देना चाहिए। तत्पश्चात् जंगली पशुपक्षियों के मांसरस के साथ शालि चावल का भोजन कराकर, मैनफल, पिप्पली देवदारु से साधित तैल की उचित मात्रा में अनुवासनबस्ति देना चाहिए। अनुवासन बस्ति के पश्चात् वातनाशक स्नेहों से स्नेहन कराकर पुनः तीक्ष्ण संशोधन द्रव्यों से शोधन कराना चाहिए। अत्यन्त तीक्ष्ण औषधि का प्रयोग नहीं करना चाहिए अन्यथा अतियोग का भय हो सकता है।

वमन विरेचन भेषजस्य अयोगे चिकित्सा क्रमः।

कषायमल्पमप्रत्यग्रं रूक्षं वा भेषजमस्निग्धस्विन्नेन वा पीतं शीतोपचारेण स्तब्धं दोषविग्रथितमयोगीभवति। तत्र वमने भूयो वामयेत्। विरेचने स्निग्धस्विन्नं पुनर्विरेचयेत्। उत्क्लिष्ट भूरिदोषं वा तृतीयेऽहनि। उभयोश्च संशोधनयोर्लवणतैलाभ्यक्तं पिण्डप्रस्ताराभ्यां स्वेदयेत् ॥ अ० सं० क० ३।५॥

कषायादिगुणं वा भेषजमस्निग्धादिवेन वा पीतं स्वयं स्तब्धत्वात् दोषावष्टब्धत्वाच्चायोगाय सम्पद्यते। कषायं कषायरसप्रायम्। अप्रत्यग्रम-

सम्पन्नम्। तत्रैवमयोगीभूते वमने पुनर्वामयेत्। विरेचने पुनर्विरेचयेत्। उभयोरपि वमनविरेचनयोरेवमयोगीभूतयोस्तैलाभ्यक्तस्य सूत्रोदिताभ्यां पिण्डप्रस्ताराभ्यां स्वेदं विदध्यात्। इन्दुः॥

हि० व्या०—अस्निग्धस्विन्न व्यक्ति को कषायरसयुक्त वमन-विरेचनौषध सेवन कराने पर, अल्पमात्रा में औषध प्रयोग कराने पर, हीनवीर्य औषध प्रयोग कराने पर अथवा रूक्ष औषध सेवन कराने पर या औषध सेवन काल में शीतल उपचार कराने पर दोष विग्रथित होकर स्तब्ध हो जाता है और अयोग उत्पन्न करता है। ऐसी अवस्था में वमन कर्म में पुनः औषध सेवन कराकर वमन कराना चाहिए। विरेचन कर्म में स्नेहन स्वेदन कराकर दोषों को उत्क्लेशित कर तीसरे दिन पुनः विरेचन कराना चाहिए। वमन विरेचन दोनों कर्मों में अयोग होने पर सैंधव लवण मिश्रित तैल का अभ्यंग कराकर पिण्ड और प्रस्तर स्वेद से स्वेदन कराना चाहिए।

वेगानां अयोग लक्षणानि

तद्यथा—अप्रवृत्तिः कुतश्चित्, केवलस्य वाप्यौषधस्य विभ्रंशो, विबन्धो वेगानामयोग लक्षणानि भवंति। च० सू० १५।१३

अप्रवृत्तिः कुतश्चिदिति सर्वस्यैवाप्रवृत्तिः, तथा केवलस्य = कृत्स्नस्य शोधनीयदोषस्याप्रवृत्तिः, तथौषधस्य विभ्रंशः = प्रातिलोम्येन गमनं यथा वमनस्याध ऊर्ध्वं च विरेचनस्य, एतदेव सिद्धावुक्तम्,—अयोगः प्रातिलोम्येन नवाऽल्पं वा प्रवर्तनम् (सि० अ० ६) इति। किंवा, कुतश्चिद्वाऽप्रवृत्तिः = स्तोकदोषप्रवृत्तिरित्यर्थः, तथा केवलस्य चाप्यौषधस्य प्रवृत्तिरिति। चक्रपाणिः।

हि० व्या० - किसी विशेष कारणवश वमन के वेगों का न होना अर्थात् वमन का न होना, केवल वमन कर्म हेतु प्रयुक्त की गई औषध का निकल जाना, अथवा वमन के वेगों का बीच में ही रुक जाना ये सभी अयोग के लक्षण हैं।

अयोगलक्षणे चिकित्सासूत्रम्

यस्य त्वयोगस्तं स्निग्धं पुनः संशोधयेन्नरम्।
मात्रा कालबलापेक्षी स्मरन्पूर्वमनुक्रमम्॥ च० सू० अ० १६।२५

हि० व्या०—जिसको संशोधन औषध पीने पर अयोग हो गया हो उसे मात्रा, काल और बल का विचार करते हुए, पूर्व में प्रयोग कराई गई औषध का ज्ञान करके यथाविधि स्नेहन के बाद पुनः संशोधन कराना चाहिए।

वमनविरेचनायोगजनककारण संकेतः तदुपद्रव चिकित्सासूत्रं च।

कफोल्वणस्यातिस्निग्धस्य गुरुकोष्ठस्य मन्दाग्नेर्वा मृदुप्रणीतमौषधं भृशमुत्क्लेश्य दोषान् जाड्यतन्द्रादौर्बल्याङ्गसादान् जनयति। तच्छ्रीघ्रमुल्लिखेत्। लङ्घितं च संधुक्षितार्ग्नि पुनः स्निग्धं तीक्ष्णोष्णैर्विशोधयेत्॥

अ० सं० क० ३।७

क्रूरकोष्ठोऽनुपस्निग्धोऽल्पेनौषधेन मृदुना····· (अति)श्यायानाहकफप्रसेकाः। सश्लेष्मणि ज्वरेऽतिसारे चौषधं कुर्वतो विबन्ध उत्पद्यते मृदल्पौषधेन वा। अति विस्रंसनाद्गुदभ्रंशानिलप्रकोपसंज्ञानाशः·····परिकर्तिकाः। स्नेहस्वेदहीनस्याजीर्णे पिबतश्चौषधं प्रवाहिकाशूलच्छर्दिहिक्काध्मानश्वासकासारोचकहृल्लासग्रहाः। अतिस्निग्धस्यशूलतन्द्रीनिद्रागुदस्रावशिरो ····· दाहौष्ठसंवेष्टाग्निसादयक्ष्माणः। वेगविधारणाद्दोषत्रयप्रकोपश्चाल्पजीवादानोन्मादभ्रमाः। स्नेहस्वेदोपपन्नंमृदुकोष्ठमपि बहुनौषधेन य उपक्रमते तस्यौषधं जीवादानाय (संपद्यते) ·····गुणमवाप्नोत्यनिलं चास्य प्रकोपयति; सप्रकुपितः प्रलापोन्मादहिक्काश्वासकासतालुशोष तृष्णाशूल बाधिर्यवाग्ग्रहबीजोपघाततिमिरपुष्पोपघाताय (संपद्यते)····· का० सं० सि० ३।

हि० व्या—जिन व्यक्तियों में कफ की उल्वणता (अधिकता) हो, अतिस्निग्ध, कोष्ठ की गुरुता एवं मन्दाग्नि होने पर मृदु संशोधनौषध प्रयोग कराये जाने पर दोषों को अतिशय मात्रा में उत्क्लेशित करती है (किन्तु बाहर नहीं निकालती) इसमें अंगों में जड़ता, तन्द्रा, दुर्बलता तथा अंगपीड़ा आदि लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। ऐसी अवस्था में शीघ्र अंगुली आदि डालकर वमन करा देना चाहिए। लंघन कराना जिससे अग्नि प्रज्वलित हो जाने पर पुनः तीक्ष्ण एवं उष्ण औषधि से संशोधन कराना चाहिए।

आचार्य काश्यप के अनुसार क्रूर कोष्ठ वाले तथा सम्यक् प्रकार से स्नेहन नहीं कराये गये व्यक्ति को अल्प मात्रा में एवं मृदु औषध दिए जाने पर प्रतिश्याय, आनाह, कफ का उत्क्लेश होता है। श्लेष्मा के प्रकुपित होने पर ज्वरातिसार में भी अल्प एवं मृदु औषध प्रयोग कराये जाने पर विबन्ध हो जाता है।·····अति विरेचन से गुदभ्रंश, वात प्रकोप संज्ञानाश··· ··एवं परिकर्तिका नामक उपद्रव होता है। इसी प्रकार विना स्नेहन-स्वेदन प्रयोग किये गये तथा अजीर्ण की स्थिति में संशोधन औषध का प्रयोग कराये जाने पर प्रवाहिका, शूल, वमन, हिचकी, आध्मान, श्वास-कास-अरुचि, हृल्लास एवं हृद्ग्रह नामक उपद्रव उत्पन्न होते हैं। स्नेहन के अतियोग से शूल, निद्रा, गुदस्राव एव शिरोरुक् आदि उत्पन्न होते हैं। स्नेहन के समान अति स्वेदन से दाह, ओष्ठ रोग, अग्निमांद्य तथा यक्ष्मा रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

वेग विधारण से त्रिदोष प्रकोप, जीवादान, उन्माद भ्रम आदि उपद्रव हो जाते हैं। सम्यक् रूप से स्नेहन-स्वेदन कराये हुए मृदुकोष्ठ वाले व्यक्ति को अति मात्रा में औषध सेवन कराने से जीवादान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।·····अन्य कारणों से वायु प्रकुपित होती है जिससे प्रलाप, उन्माद क्का-श्वास-कास-तालुशोष, तृष्णा शूल, बाधीर्य, वाग्ग्रह, बीजोपघात, तिमिर तथा पुष्पोपघात आदि अतियोगजन्य उपद्रव उत्पन्न हो जाते हैं।

वमनातियोग लक्षणानि चिकित्सा च

अति प्रयुक्त वमने कफपित्तानिलागमात् ।
परं स्रवति यद्रक्तं मेदोमांसोदकोपमम् ॥
निः श्लेष्मपित्तमुदकं शोणितं कृष्णमेव वा ।
तृष्यतो मारुतार्तस्य सोऽतियोगः प्रमुह्यतः ॥
ऊर्ध्वगा वातरोगाश्च वाग्ग्रहश्चाधिको भवेत् ।

च० सू० १६-६-११

अतियोगानुबद्धानां सर्पिः पानं प्रशस्यते ।
तैलं मधुरकैः सिद्धमथवाप्यनुवासनम्॥

च० सू० १६।२४

वमन प्रयोगे कफपित्तानिलागमरूपः क्रमो भवेत् । यदुक्तं—'क्रमात्कफः पित्तमथानिलश्च यस्यैति सम्यग्वमितः स इष्टः' (सि० अ० १) इति चक्रपाणिः ।

मतिलवणमतिकषायमतिप्रतान्तकालवनुदीरितमवशेषितमौषधं वमनीयमुपकल्पितमस्य विरेचनाय संपद्यते । अजीर्णे सश्लेष्मणि वाऽतिद्रवमतिशीत····· यतो वा विरेचेनं वमनाय संपद्यते; तमौषधविपर्ययमाचक्षतेऽतियोगं च ।
··· ··· ··· ··· ··· ···

···मानस्य तथाऽतिमात्रं शीताम्भसा लेहनमेव पथ्यम् ।
तथोभयोः शीतकषायपान···घृतेन चैनं सशिरस्कमाशु दिग्धं सुशीतेन जलेन सिञ्चेत् । पादौ च धाव्यौ शिशिरोदकेन····· ।
सकट्फलं पद्मयवासमोचं सकेशरोशीरसमङ्गयुक्तम् ।
एतैः सुपिष्टैः शिशिराम्बुयुक्तैः कल्कैस्तथा शीतपयोद्रुमाणाम् ।
प्रलिप्यमानं सशिरस्कपादं सं·····श्च शय्यासनपानभोज्यैः ।
संस्थापयेदत्ययमाशु विद्वान् गृहं यथा प्रज्वलितैकदेशम् । का० सं०
अतिमात्रमकालेऽल्पं तुल्यवीर्यैरभावितम् ।
असम्यक् संस्कृतं जीर्णं व्यापद्येतौषधं ध्रुवम् ॥
छर्दनं न तु दुश्छर्दं बुविरेच्यं न रेचनम् ।
पाययेदौषधं भूयस्तं निहन्ति तथा हितौ ॥
यस्योर्ध्वं कफसंसृष्टं पीतं यात्यानुलोमिकम् ।
वमितं कवलैः शुद्धं लङ्घितं पाययेत्तु तम् ॥
विबद्धेऽल्पे चिराद्दोषे स्रवत्युष्णं पिबेज्जलम् ।
तेनाध्मानं वमिस्तृष्णा विबन्धश्चानुशाम्यति ॥
भेषजं रोधरुद्धं चेन्नोर्ध्वं नाधः प्रवर्तते ।
सोद्गारं साङ्गशूलं स्वेदं तत्रावचारयेत् ॥
सम्यग्विरिक्त सोद्गारभेषजं क्षिप्रमुल्लिखेत् ।
अजीर्णमप्रवृत्तौ तु सुशीतैः स्तंभयेद्भिषक् ॥

कदाचिच्छ्लेष्मणा रुद्धं तिष्ठत्युरसि भेषजम् ।
क्षीणे श्लेष्मणि सायान्हे रात्रौ वा तत्प्रवर्तते ॥
रूक्षान्नाहारयोर्जीर्णे तिष्ठत्यूर्ध्वगतेऽपि वा ।
वायुना भेषजे त्वन्यत्सस्नेहलवणं पिबेत् ॥
तृष्मोहभ्रममूर्च्छाद्याः स्युर्जीर्यति च भेषजे ।
पित्तघ्नं स्वादुशीतं च भेषजं तत्र शस्यते ॥
लालाहृल्लास विष्टंभरोमहर्षान्कफावृते ।
भेषजं तत्र तीक्ष्णोष्णं कटूवादि कफनुद्धितम् ॥

अ० सं० क० ३।३०-३७

हि० व्या०—आचार्य चरक के अनुसार अति विरेचन होने पर क्रमशः मल, पित्त, कफ और वायु के निःसरण होने से यदि मेद, मांसधोवन सदृशरक्त निःसरण होता है अथवा कफपित्त रहित जल का निःसरण होता है या काला रक्त निःसरण होता है । प्यास अधिक लगती है, वातजन्य पीड़ा होती है और रोगी चेतनाशून्य हो जाता है । यह विरेचनाति योग का लक्षण है । वमनातियोग होने पर भी उपरोक्त सभी लक्षण होते हैं परन्तु विशेष रूप से ऊर्ध्वजत्रुगत वात रोग, वाक् ग्रह लक्षण होता है । संशोधन के अतियोग में मधुर[1] द्रव्यों से सिद्ध घृत का पान कराना चाहिए । अथवा मधुर द्रव्यों से सिद्ध तैल से अनुवासनवस्ति देनी चाहिए ।

आचार्य काश्यप के अनुसार वमन कर्म हेतु अति लवण एवं कषाय रसयुक्त औषध का निरन्तर प्रयोग किया जाय तो कफ का उत्क्लेश न होकर अवशिष्ट औषध से वमन के विपरीत विरेचन हो जाता है तथा विरेचन के लिए प्रयुक्त द्रव और शीतगुण औषध श्लेष्माधिक्य तथा अजीर्ण के कारण विरेचन के विपरीत वमन हो जाता है । इसे औषध विपर्यय या अतियोग कहा जाता है । चिकित्सा निर्देश करते हुए कहा है कि शोधन वेगों के अयोग तथा अतियोग में अत्यन्त शीत जल के साथ उपरोक्त औषधियों का लेहन कराना चाहिए । शीतल कषायपान, सम्पूर्ण शरीर (आपादमस्तक) पर घृत की मालिश करके शीतल जल का परिषेक तथा शीतल जल से पैरों को धोना चाहिए । आचार्य काश्यप का यह सूत्र खण्डित है अतः औषधियों के नाम का ज्ञान नहीं हो पा रहा है । अगले सूत्र में आचार्य ने बताया है कि कट्फल, कमल, यवासा, मोचरस, नागकेशर, खस तथा मंजिष्ठा इन औषधियों को शीतल जल या पंचक्षीरी वृक्षों के कलक मे मिलाकर सर्वांग शरीर पर लेप करना चाहिए । शीतल शय्या, आसन, शीतल आहार एवं शीतल पान के द्वारा चिकित्सा करनी चाहिए । जलते हुए घर को जिस प्रकार शीतल जल

यहाँ आचार्य गङ्गाधर ने 'मधुरकैजीवनीयैर्दशभिः' द्वारा मधुर द्रव्यों की व्याख्या में जीवनीयगण की औषधियों का उल्लेख किया है ।

के सिंचन से आग बुझाकर रक्षा की जाती है उसी प्रकार वमन-विरेचन (संशोधन) के अतियोग में रोगी की रक्षा करनी चाहिए।

(१) संशोधनौषध के अतिमात्रा में सेवन से, अकाल में प्रयोग कराये जाने पर, अल्पमात्रा में सेवन कराने पर अतुल्य वीर्य औषध से भावित, अथवा अविधि से निर्माण की गयी औषध एवं पुरानी औषध के प्रयोग कराने से व्यापत्तियां निश्चित रूप से उत्पन्न होती है।

(२) जिन व्यक्तियों को कठिनाई से वमन हो उन्हें पुनः अतिमात्रा में वामक औषध पिला देने से तथा जिन्हें कठिनाई से विरेचन हो उन्हें पुनः अतिमात्रा में विरेचनौषध पिलाने से उन दोनों व्यक्तियों का जीवन संकटापन्न हो जाता है।

(३) विरेचनौषध के सेवन करने पर जब कफ से संश्लिष्ट औषध की ऊर्ध्वगति हो जाए तब उस व्यक्ति को वमन हो जाने पर केवल से शुद्ध कराकर लंघन कराना चाहिए और अनुलोमक औषध का सेवन कराना चाहिए।

(४) दोषों के विबद्ध हो जाने पर अल्प या देर से दोषों का निर्हरण (विरेचन) होने पर उष्णोदक पान कराना चाहिए, जिससे आध्मान, वमन, प्यास और विबन्ध शीघ्र शान्त हो जाते हैं।

(५) संशोधनौषध दोषों के साथ अवरुद्ध हो जाने पर उसकी ऊर्ध्व या अधोमार्ग में प्रवृत्ति न होने पर अर्थात् जकड़ जाने पर, डकारें आती हों और अङ्गों में शूल होने पर स्वेदन कराना चाहिए।

(६) सम्यक् विरिक्त के लक्षण उत्पन्न होने पर भी यदि उद्गार शुद्धि न हो तो शीघ्र ही औषध को वमन द्वारा निकालना चाहिए वमन की प्रवृत्ति नहीं होने पर शीतोपचार परिषेकादि से स्तम्भन कराना चाहिए जिससे विरेचन का अतियोग न हो।

(७) कभी-कभी संशोधनौषध उपयोग काल में ही कफ से अवरुद्ध होकर उरःप्रदेश में स्थित हो जाती है कोष्ठ की प्राप्ति नहीं होने से विरेचन नहीं हो पाता है। औषधि की तीक्ष्णता से श्लेष्मा क्षीण होने पर कोष्ठ में पहुँच कर सायंकाल में या रात्रिकाल में (विलम्ब से) विरेचन होता है।

संशोधनानन्तरं पेयादि संसर्जन क्रम वर्णनम्

संशोधनाभ्यां शुद्धस्य हृतदोषस्य देहिनः।
यात्यग्निर्मन्दतां तस्मात् क्रमं पेयादिमाचरेत्॥

च० सि० ६।२४

भेषज क्षपिते पथ्यमाहारैरेव बृंहणम्।
घृतमांसरसक्षीर द्व्यूषोपसंहितैः॥

अभ्यङ्गोत्सादनैः स्नानैर्निरूहैः सानुवासनैः।
तथा स लभते शर्म युज्यते चायुषा चिरम्॥

च० सू० १६।२२-२३

यद्यपि निरूढ़स्याप्यग्निमान्द्यं भवति, तथाऽपि निरूढ़स्य तादृगग्निमाद्यं न भवति येन पेयादिक्रमः क्रियते, अतो निरूहव्युदासार्थं संशोधनाभ्यामिति द्विवचनं कृतम्। या तु सम्यग्विरिक्तिलक्षणे—"ऊर्जोऽग्निः" इत्यनेनाग्निवृद्धिरुक्ता, सा च विरेचनौषधक्षोभातिसङ्गात्कृताऽग्निमान्द्यापेक्षयाऽग्निवृद्धिः; तेनेह यात्यग्निर्मन्दतामिति वचनेन समं न विरोधः॥ चक्रपाणिः॥

आहारैरेवेत्येवावधारणे, तेन भैषज्यैर्बृंहणं निषेधति, भेषजस्य वीर्यप्रधानस्य तदा दुःसहत्वात्। अनुवासनैरित्यत्र चकारो बोद्धव्यः तेन अभ्यङ्गादिभिश्च बृंहणं पथ्यम्॥ चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—संशोधनौषधसेवनजन्य दुर्बलता में आहार द्वारा बृंहण का निर्देश—

उपर्युक्त सन्दर्भ में महर्षि पुनर्वसू आत्रेय ने कहा है कि संशोधनोपरान्त मनुष्य के शरीर से दोषों का निर्हरण हो जाने पर अग्निमंद हो जाती है अतः पेयादि संसर्जनक्रम करना चाहिए।

संशोधनौषध निरन्तर प्रयोग करने से शारीरिक बल के क्षीण हो जाने पर आहार द्वारा बृंहण कराना श्रेष्ठ है। आहार द्रव्यों में घृत, मांसरस, दूध और हृदय को बलदायक यूष के साथ आहार देना चाहिए। अभ्यङ्ग, उवटन, (उत्सादन) स्नान, निरूहबस्ति तथा अनुवासनवस्ति का प्रयोग करना चाहिए। इन प्रयोगों से रोगी को लाभ होता है और वह दीर्घकाल तक जीवन धारण करता है।

शोधन चिकित्सानन्तरं प्रायः प्रयोज्यानां आहारद्रव्याणां संकेतः।

विरक्तवान्तैर्हरिणेणलावकाः
शशश्च सेव्यः समयूरतित्तिरिः॥
सषष्टिकाश्चैव पुराणशालय-
स्तथैव मुद्गा लघु यच्च कीर्तितम्॥

सु० चि० ३८।३८

आसात्म्यभोजनं बलवर्णहरं प्रतिपादितं, तत् किमत्र सात्म्यं यदपेक्षयाऽन्यदसात्म्यमिति सात्म्यमेवाह—विरिक्त वान्तैरित्यादि। इह निर्दिष्टादन्यदनुपदिष्टमाह—लघु यच्च कीर्तितमिति। विष्किरजाङ्गलेषुशालिषष्टिकेषु मुद्गादिषु चोक्तादन्यदपि यच्च लघु प्रोक्तं तच्च सेव्यमित्यर्थः। जेज्जटाचार्यस्त्वन्यथा व्याख्यानयति, यथा—विरिक्तवान्तैरित्याद्यारम्भप्रयोजनं विरिक्त कथितविधिनियमार्थं वमनानुक्तविधिप्रापणार्थं च; यतो विरिक्तस्य प्रमाणापेक्षया यवाग्वादिक्रम एकशो द्विशस्त्रिशश्च विहितो न वान्तस्य। डल्हणः॥

हि० व्या०—संशोधनोपरान्त आहारद्रव्य का निर्देश करते हुए आचार्य सुश्रुत ने कहा है कि—हरिण, कृष्णमृग, लावापक्षी, खरगोश, मयूर और तित्तिर आदि का मांसरस, साठी एवं पुराने शालिचावल, मूंग और लघु अन्न जो पथ्य हेतु शास्त्र में निर्दिष्ट है, उनका सेवन करना चाहिए।

लङ्घनादिद्वाराजाठराग्निमन्दतायामपि पेयादिक्रमप्रयोग सूचनम्

वेदनालाभनियमशोकवैचित्यहेतुभिः।
नरानुपोषितांश्चापि विरिक्तवदुपाचरेत्॥

सु० चि० ३८।१४

वेदनालाभ नियमेत्यादि। वेदनायालाभो वेदनालाभः, अलाभ इष्टस्येति केचिदाचक्षते, लाभोऽनिष्टस्येत्यन्ये, नियमे उपवासादिः, वैचित्त्यम् उन्मादादिः एतैर्हेतुभिरुपोपितान्नरान् विरिक्तवदुपाचरेत्। तत्रापि लङ्घनमानेन हीनमध्योत्तमाभिहितेन द्व्यहं चतुरहं षडहमेवान्नसंसर्जनम्। डल्हणः।

अलाभो अभ्यवहार्य्याणामत्र पानानामप्राप्तिः नियमो व्रत एकादश्यादि, वैचित्यं यथाकथंच्चिच्चित्तवैकल्यम्। हाराणचन्द्रः॥

अवस्थाविशेषे पेयादिकमापवादः तर्पणप्रयोगश्च

कफपित्ते विशुद्धेऽल्पं मद्यपे वातपैत्तिके।
तर्पणादि क्रमं कुर्यात् पेयाऽभिष्यन्दयेद्धितान्॥

च० सि० ६।२५

विशुद्धेऽल्पमिति असम्यग्विशुद्धे। तर्पणादिक्रमे च पेयायाः स्थाने स्वच्छतर्पणं, विलेप्याः स्थाने च घनतर्पणं देयम्। चक्रपाणिः।

कफपित्ते विशुद्धेऽल्पमिति तर्पणादि विधानेन पेयाद्यपवादः। तद्दोपदर्शनादल्पं विशुद्ध इति। जघन्यशुद्धौसत्यां संसृष्टे कफपित्ते कफप्रधाने पित्ते, पित्तप्रधाने वा कफे। न तु केवले पेयास्तयोः प्रकल्पितापवादविषयविधाने तस्योत्सर्गस्य समावेशात्। प्रत्येकं वा कफपित्ते विशुद्धेऽल्पं च तथा मद्यपे मद्यनित्ये वातपैत्तिके प्रकृत्या च वातपैत्तिक इति पेयायाः केवलायाः प्रतिषेधः। समानजातीयत्वात् तर्पणादिकत्वेन च यूपरसनिर्देशः। उक्तं च—"जीर्णतर्पणं तनुना समुद्गयूपेण जाङ्गलानां रसेन वेति" तर्पणस्यापि निषेधः। पेया विलेप्योश्च दोषवत्वादग्रहणम् न तदवदुपलक्षणत्त्वात्तर्पणस्येत्येके। तर्पणमप्यत्र यथान्यत्र—"मदात्यये मद्यनित्ये ग्रीष्मे पित्त कफाधिके यावतत्र तर्पणमेवाग्रत" इति तद्गुणसंविज्ञानादपि बहुव्रीहेरिष्टमित्यन्ये॥ (जज्जटः)

अपि च—

कफपित्ताधिकान्मद्यनित्यान् हीनविशोधितान्॥
पेयाऽभिष्यन्दयेत्येषां तर्पणादिक्रमो हितः।

सु० चि० ३९।१३॥

ये कफपित्ताधिकास्तथा मद्यनित्यास्तान् हीनविशोधितान् पेयाऽभिष्यन्दयेत् अभिषण्णस्रोतस्कान् कुर्यात्, अतस्तेषां हीनशोधितानां तर्पणादिक्रमो हितः। तत्र प्रथमेऽन्नकाले तर्पणं सक्तुभिः कार्यं ततोयूषभक्तादिकमिति। डल्हणः॥

अपि च

स्रुताल्पपित्तश्लेष्माणं मद्यपं वातपैत्तिकम्।
पंयां न पाययेत्तेषां तर्पणादिक्रमो हितः॥

अ० हृ० सू० १८।४०

स्रुताल्पपित्तश्लेष्माणमिति। स्रुतौ पतितावल्पौ पित्तश्लेष्माणौ यस्य तं तथा मद्यपो यो नरस्तं मद्यपं तथा वातपैत्तिकमेतांस्त्रौन्पेयां न पाययेत्। तर्ह्येषां किं कार्यमित्याह। प्रथमेऽन्नकाले लाजसक्तवो द्वितीयेऽन्नकाले जीर्णशाल्योदनं तृतीये मांसरसौदनमित्येष तर्पणादिक्रमस्तेषां हितः॥ अरुणदत्तः॥

स्रुताल्पपित्तश्लेष्माण मद्यपं वातपैत्तिकं पेयां न पाययेत्। स्रुतौ प्रवृत्तावल्पौ पित्तश्लेष्माणौ यस्य। अल्पमात्रप्रवृत्तपित्तश्लेष्माणमित्यर्थः। तं तथा स्वभावेन मद्यपायिनं च तथा वातपित्त संसर्गयुक्तं च पेयां न पाययेत्। तर्हि तेषां किं कार्यमित्याह—तेषां तर्पणादिः क्रमो हितः कार्यं इत्यर्थः। "लाजसक्तून पिबेत् पूर्वं ततो यूपान्नभोजनम्। पश्चान्मांसरसान्नं स्यात्तर्पणादिरयं क्रमः॥

परमेश्वरः।

हि० व्या०—जिस व्यक्ति के कफ और पित्त का सम्यक् शोधन नहीं हुआ हो, मद्यपान के अभ्यासी तथा वातपित्त प्रकृति वाले को तर्पणक्रम करना चाहिए क्योंकि इन व्यक्तियों को पेयाक्रम से अभिष्यन्द हो जाता है। आचार्य सुश्रुत एवं अष्टाङ्ग हृदयकार ने भी इसी भाव का समर्थन किया है।

शोधन प्रक्रियायां प्रसङ्गात् पेयादि प्रयोगक्रमवर्णनम्

पेयां विलेपीमकृतं कृतं च
यूषं रसं त्रिद्विरथैकशश्च
क्रमेण सेवेत विशुद्धकायः
प्रधानमध्यावरशुद्धिशुद्धः॥

च० सि० १।-११-१२; अ० सं० सू० २६।२३;
अ० हृ० सू० १८।२०; चक्रदत्त-वंगसेन

वमनविरेचनोत्तरभाविपेयादिक्रममाह—पेयां विलेपीमित्यादि। यवागूर्बहुसिक्था। विलेपी विरलद्रवा। उक्तं हि—"सिक्थकै रहितो मण्डः, पेया सिक्थसमन्विता। यवागूर्बहुसिक्थास्याद्विलेपी विरलद्रवा" (सु० सू० अ० ४६) इति। अत्र अकृत यूषः स्नेहलवणाद्यसंस्कृतः; एवं रसेऽपि कृताकृतव्यवस्था। यदुक्तं सूदशास्त्रे—'अस्नेहलवणं सर्वमकृतं कटुकैर्विना। विज्ञेयं लवणस्नेहकटुकैः संस्कृतं कृतम्' इति। त्रिरित्यन्नकालत्रयं व्याप्य, द्विरित्यन्नकालद्वयम्, एकश इत्येकान्नकालम्; एतच्च त्रिरित्यादि प्रत्येकं पेयादिभिः संबध्यते। एतच्च

त्रिरित्यादि पक्षत्रयं प्रधानशुद्धिशुद्धाद्यपेक्षया यथाक्रमं ज्ञेयम् ।

अपि च

हीन मध्योत्तमेष्वेषु विरेकेषु प्रकीर्तितः ।
एक द्वि त्रिगुणः सम्यगाहारस्य क्रमस्त्वयम् ॥

सु० चि० ३८।१२-१३

तेन प्रधानशुद्धिशुद्धे प्रत्येकं त्रिः पेयादि कर्तव्यं; तेनान्नकालत्रये पेया ततः परेणान्नकालत्रये विलेपी, ततः परेणान्नकालत्रये कृताकृतयूषसहितमन्नं, ततोऽपि च परेण कृताकृतरसेनान्नमन्नकालत्रये देयम्; एवं द्वादशभिरन्नकालैर्वमनदिन-सायाह्नात् प्रभृति सप्तरात्रेण पेयादिक्रमः । अयमेव क्रम उपलल्पनीयेऽपि—'ततः सायाह्ने लोहितशालितण्डुलानाम्' (सू० अ० १५) इत्यनेनोक्तः । अत्र यूष रसयोस्तु यद्यपि कालविभागो न प्रतिपादितस्तथाऽपि यूषकालत्रये रसकाल-त्रये च प्रथममकृतस्य उत्तरकाले च कृतस्य यूषस्या एवं रसस्यापि कालविभागः कथनीयः । एवं द्विः पेयाक्रमस्तथा एकश्च पेयाक्रमो वर्णनीय इति । एककाले तु पेयादिक्रमे यद्यपिकृताकृतयूषरसयोः कालविभागो न प्राप्यते, तथाऽप्येक-स्मिन्नेव काले स्तोक संस्कारेण यूषरसयोस्तत्र कृताकृतत्वं ज्ञेयम् । प्रधानशुद्धे भूरिदोषगमनक्षोभादग्निमांद्यं सम्भवति, तेन तत्र पेयादिक्रमश्चिरं क्रियत इति ज्ञेयम् । प्रधान शुद्ध्यादिलक्षणं चाग्रे वक्ष्यमाणम् ॥ चक्रपाणिः ॥

अपि च

यथाऽणुरग्निस्तृणगोमयाद्यैः
संधुक्ष्यमाणो भवति क्रमेण ॥
महान् स्थिरः सर्वपचस्तथैव
शुद्धस्य पेयादिभिरन्तरग्निः ॥

च० सि० १।१२-१३; अ० सं० सू० २७।२४; अ० हृ० सू० १८।२१; चक्रदत्त

प्रस्थे परिस्रुते हीनो विरेकः, तस्मिन् पेयादिक्रम एकैकमन्नकालं देयः; अर्धाढ़के परिस्रुते मध्यो विरेकः, तस्मिन् पेयादिः प्रत्येकं द्वौ द्वावन्नकालौ देय आढ़के परिस्रुते उत्तमो विरेकः तस्मिन् पेयादिः देयः । एषु पूर्वोक्तेषु हीनातिविरेकेषु हृतदोषमानापेक्षया एक द्वि त्रिगुणोऽयमाहारक्रमः सम्यक् प्रकीर्तित; ततो मिथ्याहीनादियोगेनासम्यगित्यर्थः । एतदुक्तं भवतिहीने विरेके चतुर्भिरन्नकालैः सायंप्रातिकभोजनाभ्यां द्व्यहं, मध्ये तद्विगुणेन चतुरहं, उत्तमे त्रिगुणेन षडहमिति ॥ डल्हणः ॥

हि० व्या०—पेयादि संसर्जनक्रम—प्रधान, मध्य हीन शुद्धि से जिन व्यक्तियों का शरीर शुद्ध हो गया है उनको पेया, विलेपी, अकृतयूष (स्नेहलवण-रहित यूष), कृतयूष (स्नेहलवण से संस्कारित यूष), अकृत मांसरस (स्नेह-लवणरहित मांसरस), कृत मांसरस (स्नेहलवण से संस्कारित मांसरस), क्रमशः

तीन अन्ननाल, दो अन्नकाल और एक अन्नकाल में सेवन करना चाहिए ।

संसर्जन क्रम की उपयोगिता का निर्देश करते हुए आचार्य ने कहा है कि जिस प्रकार स्वल्प अग्निकण में भी तृण एवं उपले आदि रखकर हवा की जाय तो वह अग्नि बढ़कर तीक्ष्ण रूप धारण कर लेती है और सभी प्रकार के अन्न पकाने में समर्थ होती है उसी प्रकार संशोधन चिकित्सा से शुद्ध व्यक्ति की जाठराग्नि जो मन्द हो जाती है वह पेयादि प्रयोग से बढ़कर स्थिर और सभी प्रकार के आहार को पचाने में समर्थ होती है ।

शोधनातियोगेऽपि पेयादिक्रम पालनावश्यकता

वमितश्च विरिक्तश्च मन्दाग्निश्च विलङ्घितः ।
अग्निप्राणविवृद्ध्यर्थं क्रमं पेयादिकं भजेत् ॥

च० सि० ६।५७

अतियोगेऽपि यथा पेयादिक्रमो भवति तदाहवमितश्चेत्यादि । अतिहरणा-दतिवमितोऽतिविरिक्तश्चेति बोद्धव्यम् । चक्रपाणिः ।

क्रमविशेषणार्थं पुनर्वमितश्च विरिक्तश्चेति । यदा मन्दाग्निर्वमितो विरिक्तो वा भवति तदा लङ्घितस्यैव तस्य पेयादिक्रमो नालङ्घितस्य । लङ्घन-विकल्पनञ्चान्यत्राप्युक्तम् । "यथैनं सायाह्ने परे व हीत्यनेनैव चार्थेन पुन-रुक्तं; पूर्वेण संशोधनाभ्यां शुद्धस्येत्यनेन चाभिधानमस्यायोगातियोगयोर्मन्दा-ग्न्यवस्थायामेव पेयादिद्वारा तस्येदमुपक्रमं कुर्यादिति ॥ जज्जटः ॥

हि० व्या० —संशोधन (वमन विरेचन) कर्म के पश्चात् और मन्दाग्नि रोगयुक्त तथा लङ्घन (उपवास) किए हुए व्यक्ति को जठराग्नि और प्राण (बल) वर्धन हेतु पेया-विलेपी का प्रयोग करना चाहिए ।

शोधनोपक्रमजन्य कायाग्निमन्दता तत् सन्धुक्षणे युक्तिश्च

स्नेहपीतस्य वान्तस्य विरिक्तस्य स्रुतासृजः ।
निरूढ़स्य च कायाग्निर्मन्दो भवति देहिनः ॥
सोऽन्नैरत्यर्थगुरुभिरुपयुक्तैः प्रशाम्यति ।
अल्पो महद्भिर्बहुभिश्छादितोऽग्निरिवेन्धनैः ।
स चाल्पैर्लघुभिश्चान्नैरुपयुक्तैर्विवर्धते ।
काष्ठैरणुभिरल्पैश्च सन्धक्षित इवानलः ॥

सु० चि० ३९।३-५

निरूढस्य चेति चकारेणानुवासितमनुक्तं समुच्चिनोति । ननु स्नेहपाना-दयोऽनल प्रबोधोदय हेतव इत्युक्तत्वात् कथं तैर्मन्दोऽग्निर्भवति देहिनः ? उच्यते, तत्काल एव मन्दः, क्रमेण तु तेन दीप्तो भवतीति न दोष प्रसङ्गः । तस्य क्रमेण यथा प्राकृतावस्थापन्नत्वं भवति तथा निर्दिशन्नाहसोऽन्नैरित्यादि ॥

डल्हणः ।

पूर्व्वं हि चि० ३१ अ० "स्नेहोहितो दुर्व्वलवह्निदेहसन्धुक्षणे" इत्यादिना स्नेहोपयोगस्योदकं फलमग्निसंधुक्षणमित्यभिहितम्; इहतूपयोगात् परं सप्ताहं यावदग्निमंदो भवतीत्यभिहितमिति बुद्धिविषयमारोहति इत्यनयोर्भिन्नकाल-विषयत्वादविरोधः। हाराणच०

हि० व्या०—स्नेहपान किए हुए, वमन, विरेचन तथा निरूहवस्ति का सेवन किए हुए व्यक्तियों की जठराग्नि मन्द हो जाती है ऐसी अवस्था में अत्यन्त गुरु आहार के सेवन से अग्नि उसी प्रकार शान्त हो जाती है जिस प्रकार अत्यल्प अग्नि लकड़ियों के ढेर से आच्छादित करने पर शान्त हो जाती है। वह जाठराग्नि अल्पमात्रा में और लघु आहार के सेवन से बढ़ती है जिस प्रकार छोटे-छोटे काष्ठ के टुकड़ों से अल्प अग्नि प्रज्वलित हो जाती है। प्रायः पञ्चकर्म क्रिया के पश्चात् एक सप्ताहतक मन्दाग्नि हो जाती है। अतः लघु आहार का सेवन हितकारी है।

संसर्जनक्रमस्य एकद्वित्रिवारं प्रयोगे युक्तिः

बलं यत्रिविधं प्रोक्तमतस्तत्र क्रमस्त्रिधा।
तत्रानुक्रममेकं तु बलस्थः सकृदाचरेत्॥
द्विराचरेन्मध्यबलस्त्रीन वारान् दुर्बलस्तथा।
केचिदेवं क्रमं प्राहुमन्दमध्योत्तमाग्निषु॥

सु० चि० ३६।१७-१८

बलमत्रोपचयलक्षणमेव। यस्मात् प्रागेक एव विरेक उपवर्णितः, अतस्त्रिविध आहारक्रमो बलं यत्रिविधं प्रोक्तं तत्र ज्ञेयः। तत्र त्रिविधेऽपि बले सर्वत्र त्रिविधमप्यन्नसंसर्जनं प्राप्नोति; क्वचित् कंचिन्निदिशन्नाह— तत्रानुक्रममित्यादि। तत्रैव मतान्तरं दर्शयन्नाह— केचिदेवमित्यादि। डल्हण।

आतुराश्च तत्तद्विरेक प्रमाणविशेषसुपजीव्योपयुज्यन्ते क्षामता तारतम्येन। तदिहविरिक्तान् प्रति प्राक् त्रेधोपचारो विहित इत्याकूतम्। एवञ्चाढकादि तत्तद्विरेकप्रमाणप्रभावभावितदौर्ब्बल्यमात्रसाम्येन तत्तत् प्रमाणाधिकारोपचार-प्रकारमेवाति देशेऽस्मिन् शरणमुपगच्छेत्येताचक्षाणो भगवानाह बलमिति। तत्रोपोषितेष्वपि क्रमः प्राग्वत् यवाग्वाद्युपचारक्रमः त्रिधेत्युपपन्नं भवति विरिक्त-वदुपाचरेदिति उक्तमर्थं स्फुटीकृत्यावगमयति तत्रेति। तत्रोपोषितेषु मध्ये बलस्थो अनुक्रमो यवाग्वादिक्रमं लक्ष्मीकृत्य एकमिति एका यवागूः एका विलेपो एकमंशद्वितयमितमोदनम् एकश्चांसत्रितयमितमोदनम् "नपुंसकमन-पुंसकेन इति पा० १।२।६९ एकवत् क्लीवत्वञ्च तदिदमेकं सकृदाचरेदेतेन सर्व्वमवदातम्। मन्दाग्न्यादयो ह्युत्तरोत्तरमुपवसेन क्षीणात् क्षीणतमा भवन्ति तदिदं तेषु प्रोक्तानुक्तमेणाहारोपयोगमभीप्सतां मतं व्याजेनाङ्गी-करोति केचिदित्यादिना। हाराण च०।

संशोधनोत्तरं संसर्जनक्रमे मधुरादिरसानां यथायथं क्रमशः प्रयोगे युक्तिः

संसर्गेण विवृद्धेऽग्नौ दोषकोपभयाद्भजेत्।
प्राक्स्वादुतिक्तौ स्निग्धाम्ललवणान् कटुकं ततः॥
स्वाद्वम्ललवणान् भूयः स्वादुतिक्तावतः परम्।
स्निग्धरुक्षान् रसांश्चैव व्यत्यासात् स्वस्थवत्ततः॥

सु० चि० ३६।१६-२०

अतः परं क्रमेणैव कृतसंसजनस्य रसावचारणक्रममाह—संसर्गेणेत्यादि। अन्नसंसर्जन क्रमविवृद्धेऽग्नौ दोषकोपभयात् स्निग्धान् मधुराम्ललवणान्, रूक्षान् कटुतिक्तकषायान् रसान् व्यत्यासात् विपर्ययात्, एवमत्रोक्तपरि-पाट्या भजेत् तत्र प्रवृद्धाग्निहेतु वातपित्तस्याबजयार्थमग्नेः, समीकरणार्थं च पूर्वं स्वादुतिक्तकौ, ततो वातकफावजयार्थमग्नेः सन्धुक्षणार्थं च व्यत्यासा-दितिप्रागुक्तरसप्रत्यनीकान् स्निग्धाम्ललवणकटुकान्। ततश्चाम्ललवणकटुक-जनितपित्तवातावजयार्थं स्वादुतिक्तौ, ततोभूयः कषायकटुकौ, ततोभूयः कषाय-कटुकौ, ततोऽन्योन्यप्रत्यनीकरसानां स्निग्धरूक्षयोर्व्यत्यासादुपयोगेन प्रकृतिगो भवेत् वृद्ध वाग्वटस्त्वाह—

द्वे चैवार्धाढके देये तिस्रश्चाप्याढके गते॥
"दद्यान्मधुरहृद्यानि ततोऽम्ललवणौ रसौ।
स्वादुतिक्तौ ततो भूयः कषायकटुकौ ततः॥
अन्योन्य प्रत्यनीकानां रसानां स्निग्धरूक्षयोः।
व्यत्यासादुपयोगेन क्रमात्तं प्रकृतिं नयेत्"

प्रस्थश्चात्रसार्धत्रयोदशपलः। यवागूशब्देन पेया विवक्षिता, स्वल्पतण्डुला अष्टांश तण्डुलाकृताः, तदुक्तं - "पेयां पिबेदुचितभवतकृताष्टभागां त्रिद्विः सकृत्प्रवरमध्यजघण्यशुद्धः—"—इति। यवागूरित्यत्रैकवचननिर्देशादेकवार-मिति बोद्धव्यम्। द्वे चैवार्धाढके इत्यत्र द्वे पेये द्वौ वारावितिं बोद्धव्यम्। तिस्रश्चाप्याढके गते इत्यत्र तिस्रः पेवा इति बोद्धव्यम्॥ डल्हणः॥

निः सारितमलपरिमाणानुसारं हीन मध्य उत्तम शोधन परिकल्पनं तदनुसारं यवागू परिमाण विधानं च

हृतदोष प्रमाणेन सदाऽऽहारविधिः स्मृतः।
त्रीणि चात्र प्रमाणानि प्रस्थोऽर्धाढकमाढकम्॥
तत्रावरं प्रस्थमत्रं द्वे शेषे मध्यमोत्तमे।
प्रस्थे परिस्रुते देया यवागूः स्वल्पतण्डुला।

सु० चि० ३६।६-७॥

हृतशब्देनेह विरेचननिर्हृता एवोच्यन्ते अनन्तरं हीनेत्यादिना विधेरस्य विरेक विषयत्वेनोपदेशात्। एवं सति दोषास्त्वत्र "विरेचने मूत्र पुरीषपित्तौ-

षधकफाः इति चि० ३३ अध्याय स्मरणात् मूत्रादय एव। स्यादेतत् कति नाम तत्र प्रमाणानीत्याह त्रीणीति। अत्र प्रमाणस्य त्रेधा विभागो दोषबल त्रैविध्येनाध्यवसेयः। प्रस्थेति द्वे यवाग्वो देये इत्यर्थः। एतावता दिनद्वयं यवागुर्देयेत्यायातं भवति। एतेनैव तिस्र इत्यापि व्याख्यातत्। अत्र "यवागूमुचिताद्भक्ताच्चतुर्भाग कृतां वदेत्" इत्यनुस्मरन्नन्तरम् विलेप्या ओदनस्य चोपदेशात् यवागुशब्देन पारिशेष्यान् मण्डः पेया वा यदृच्छया पादमात्रेण देयेतिचेत् ब्रवीषि तर्हीदमुच्यते विधिरयमाहारस्याग्निसन्धूक्षणार्थमुपदिश्यते, मण्डाश्च सिक्थवयात् पेयागुर्व्वी गुरुत्वाच्च सा प्राक्प्रयुक्ताग्नि नाशयतीति मन्यते नहि वरविघाताय कन्योद्वाह इति वक्तुं न्याय्यम्॥ तथा च लघुपूर्वं यथोचितभक्तोपयोगविधावत्र यवागूशब्देन सिक्थरहितत्वात् लघिष्ठस्य मण्डस्यानायासेनावगमेऽपि चेदात्मनो बुद्धिदौर्बल्यादातुरस्यानिष्टापायगमनयन् पेयां ग्राहयितुमिच्छसि तर्हि चौरापराधान् माण्डव्यनिग्रह न्यायायात् इति विचिन्तनीयम्। हाराण च०।

यवागूप्रयोगानन्तरं विलेपी कृताकृतयूषयोः यथाक्रमं प्रयोग विधानम्

विलेपीमुचिताद्भक्ताच्चतुर्थांशकृतां ततः।
दद्यादुक्तेन विधिना क्लिन्नसिक्थामपिच्छिलाम्।
अस्निग्धलवणां स्वच्छमुद्गयूषयुतं ततः।
अंशद्वयप्रमाणेन दद्यात् सुस्विन्नमोदनम्॥
ततस्तुकृतसंज्ञेन हृद्येनेन्द्रियबोधिना।
त्रीनंशान् वितरेद्भोक्तुमातुरायौदनं मृदु॥
ततो यथोचितं भक्तं भोक्तुमस्मै विचक्षणः॥
लावैणहरिणादीनां रसैर्दद्यात् सुसंस्कृतैः॥

सु० चि० ३९।८-११

उचितादभ्यस्तात्तण्डुलाच्चतुर्थभागेन कृताम्। उक्तेन विधिनेति एकद्वित्रिक्रमेण। क्लिन्नसिक्थाम् अतिपक्वतण्डुलाम्। अपिच्छिलाम् मण्डरहिताम्, यवागूं दद्यात् 'भिषक्' इत्यध्याहारः। अंशद्वयप्रमाणेनेत्यादि। उचितादर्धभागतण्डुलात् कृतं भक्तमित्यर्थः। त्रिनंशानिति त्रिभागकल्पित सम्यक्पक्वं घृतमण्डेनसमन्वितम्। तत् इत्यादि। ततोऽनन्तरं कृतसंज्ञेन यूषेण सह आतुराय रोगिणे ओदनं भक्तमुचितं तण्डुलांशत्रयकृतं भोक्तुं वितरेद् दद्यादिति संबन्धः। अस्य श्लोकस्यादौ 'त्रिभागकलितं सम्यग् कृतेनाथ संमितम्' इति प्रति पुस्तकेषु पाठो दृश्यते स च न पठनीयः, जेज्जटादिनिबन्धकारैः सर्वैरपि परिहृतत्वात्। ततो यथोचितमित्यादि। यथोचितमिति अंशचतुष्टय प्रमाण परिपूर्णमित्यर्थः। हृतदोषप्रमाणेनेत्यादि दद्यात्। सुसंस्कृतैरित्यन्तग्रन्थेनैतदनुक्तं भवति—हीनशुद्धिशुद्धस्य पुरुषस्य तावत् प्रथमेऽन्नकाले उचितभक्तकृताष्टभागां पेयां दयात्,

तस्मिन्नेवदिने द्वितीयेऽन्नकाले प्रकृतिस्थात् जरणकालोचिताद्भक्तात् चतुर्थांशेन कृतामतिपक्वतण्डुलावयवां मण्डरहितां विलेपीं दद्यात्; द्वितीयेऽह्नि तृतीयेऽन्नकालेऽस्निग्धाम्लवणस्वच्छेनाकृतमुद्गयूषेणोचितादर्धभागतण्डुलकृतं सुस्विन्नमोदनं दद्यात्. तस्मिन्नेव दिने चतुर्थेऽन्नकाले हृद्येनेन्द्रियबोधिना कृतसंज्ञेन यूषेणोचिततण्डुलांशत्रयकृतमोदनं भोक्तुं दद्यात्; ततस्तृतीयेऽह्नि पञ्चमेऽन्नकाले लावैणहरिणादीनां सुसंस्कृतरसैरंशचतुष्टय प्रमाणं भक्तं भोक्तुं दद्यात्, तृतीयेऽह्नि षष्ठेऽन्नकाले प्रकृतिभोजनमागच्छेत्। मध्यशुद्धिशुद्धस्य च तावदादौ द्वयोरन्नकालयोः पेयां दद्यात्, द्वितीयेऽह्नि द्वयोरप्यन्नकालयोर्विलेपिकां, तृतीयेऽह्नि अन्न कालद्वयेऽप्यकृतयूषं, चतुर्थेऽह्नि कालद्वयेऽपि कृतयूषं, पञ्चमेऽह्नि कालद्वयेऽपि मांसरसमित्यतः षष्ठेऽह्नि प्रकृतिभोजनमागच्छेत्। उत्तम शुद्धिशुद्धस्य च तावत् प्रथमेऽह्नि द्वयोरप्यन्नकालयोः पेयां दद्यात्, द्वितीयेऽह्नि प्रथमेऽन्नकाले पेयां, द्वितीये विलेपिकां; तृतीयेऽह्नि द्वयोरप्यन्नकालयोर्विलेपिकां; चतुर्थेऽह्नि द्वयोरप्यन्नकालयोरकृतयूषं; पञ्चमेऽह्नि प्रथमेऽन्नकालेऽकृतयूषं, द्वितीयेऽन्नकाले कृतयूषं; षष्ठेऽह्नि द्वयोरप्यन्नकालयोः कृतयूषं; सप्तमेऽह्नि द्वयोरप्यन्नकालयोमांसरसं; अष्टमेऽह्नि प्रथमे अन्नकाले मांसरसम्, अतोऽष्टमदिवसस्य द्वितीयेऽन्नकाले प्रकृति भोजनमाहरेत्। गयी तु हीनशुद्धौ प्रथमेऽन्नकाले उचित तण्डुलाष्टभागकृता पेया, द्वितीयेऽन्नकाले तूचिततण्डुलचतुर्थभागकृता विलेपी, तृतीयेऽन्नकाले तूचित तन्डुलार्धभागकृतेन भक्तेन सह दकलावणिको यूषो रसो वा यथा दोषं, चतुर्थेऽन्नकाले तूचिततण्डुलभागत्रयकृतेन भक्तेन सह कृतसंज्ञो यूषः पिप्पलीशृङ्गवेरसिद्धः कृतो रसो वा यथा दोषं, ततो यथोचितं परिपूर्णभक्तं सुसस्कृतेन रसेन यूषेण वा देयमिति तृतीये दिने प्रकृति भोजनम्। एवं मध्यमोत्तम शुद्धौ पेयादीनां द्वित्रिकालदानेन यथाक्रमं पञ्चमे सप्तमे च दिने प्रकृति भोजनम्। उक्तं च, तन्त्रान्तरे—

पेयाविलेपीमकृतं कृतं च
यूषंरसं त्रिनुभयं तथैकम्।
क्रमेण सेवेत नरोऽन्नकालान्
प्रधानमध्यावरशुद्धिशुद्धः"

वा० सू० १८ इति डल्हणः।

संशोधन प्रयोगजन्य मानसिकविकार (अवसाद) की चिकित्सा

वेदना, इच्छित वस्तु की प्राप्ति न होना, तथा आवश्यक नियमों के पालन न करने से, शोक, वैचित्य (भ्रमादि) विकार उत्पन्न होने पर विरेचन क्रम के अनुसार उपचार करना चाहिए।

बलानुसार संसर्जन क्रम—बल तीन प्रकार के बताए गए हैं। इस कारण आहार क्रम में विविधता का निर्देश किया गया है। अतः बलवान व्यक्ति को संसर्जन क्रम से आहार का सेवन एक बार मध्यम बल वाले को

दो बार और दुर्बल व्यक्ति को तीन बार कराना चाहिए। कुछ आचार्यों का मत है कि बल का ज्ञान मन्द, मध्य और उत्तम अग्नि के अनुसार करते हुए आहार संसर्जन क्रम कराना चाहिए।

संसर्जन क्रम में जठराग्नि की तीव्रता के अनुसार रस सेवन कर्म-संसर्जन द्वारा बढ़ी हुई अग्नि से दोषों का प्रकोप भय न हों इसलिए प्रथम मधुर और तिक्त रस फिर स्निग्ध, अम्ल, लवण और कटुरस तत्पश्चात् मधुराम्ल-लवण रस, पुनः मधुर और तिक्त रस तथा रुक्ष और स्निग्ध द्रव्यों को क्रमशः परिवर्तन करते हुए एक रस के बाद उसके विपरीत वाले रस का सेवस करना चाहिए। इसके बाद स्वास्थ्य रक्षक प्राकृतिक आहार देना चाहिए।

संशोधनौषध के द्वारा निकले हुए दोषों के प्रमाण (परिणाम) के अनुसार सदा आहार विधि का पालन करना चाहिए। दोषनिर्हरण के लिए एक प्रस्थ, आधा आढ़क और एक आढ़क ये तीन प्रमाण माने गए हैं। इनमें प्रस्थ प्रमाण निकृष्ट है, आधा आढ़क मध्यम तथा एक आढ़क उत्तम माना गया है। एक प्रस्थ दोषानिर्हरण में चावल से युक्त अल्प यवागू का सेवन कराना चाहिए, आधा आढ़क संशोधन में दो बार पेया पिलानी चाहिए, एक आढ़क परिमाण में तीन बार पेया पिलानी चाहिए। तदनन्तर स्वाभाविक आहार में जितने चावल व्यक्ति प्रतिदिन ग्रहण करता है उसके चतुर्थांश चावकु से सिद्ध की गई और पिच्छिलता रहित भली भाँति पक्व विलेपी का पूर्वोक्त क्रम में सेवन कराना चाहिए। फिर स्नेह तथा लवण रहित स्वच्छ मुद्गयूप के साथ प्रतिदिन के स्वाभाविक आहार के अर्द्ध परिमाण में पक्व चावल खिलाने चाहिए। तत्पश्चात् क्रमशः हृदय और मन को प्रिय लगने वाले, इन्द्रियों को चैतन्यय प्रधान करने वाले सिद्ध यूष के साथ स्वाभाविक आहार का तीन भाग पक्व मृदु चावल रोगी को खिलाने चाहिए। अन्त में रुग्न को स्वाभाविक आहार, लावा पक्षी, हिरण और एक आदि मृगों के सुसंस्कृत कांस रस के साथ देना चाहिए।

शोधन कर्मणि सद्वैद्यस्य सुखहेतुत्वम्

चिकित्साप्राभृतो विद्वान् शास्त्रवान् कर्मतत्परः।
नरं विरेचयति यं स योगात्सुखमश्नुते।

च० सू० १६।३

चिकित्सा प्राभृतं तस्मादुपेयाच्छरणं नरः।
युञ्जाद्य एनमत्यन्तमायुषा च सुखेन च॥

च० सू० १६।१२

विरेचयतीत्यत्र वामयतीत्यपि बोद्धव्यं विरेचन शब्दस्य वमनेऽपि प्रवृत्तेः॥

चक्रपाणिः।

शोधनकर्मणि मूर्खं वैद्यस्य दुःख हेतुत्वम्।

यं वैद्यमानी त्वबुधो विरेचयति मानवम्।
सोऽतियोगादयोगाच्च मानवो दुःखमश्नुते॥ च सू० १६।४

दुःखं=विकारं, यदुक्तं "विकारोदुःखमेव तु" (सू० ६) ननु वमनादौ कस्मान्मिथ्यायोगो नोच्यते, तस्यैवातिमात्र योगो विकारकरोऽतियोगः। अनुचितसम्बन्धेन तु वस्तुनो मिथ्यायोगः तेनेहाप्युत्क्लिष्टश्लेष्मादि धर्मप्रयुक्ते पुरुषे सर्वथाऽयौगिकमेव, तच्च प्रयुक्तं प्रतीपगमनेनैव याति विरेचनमिथ्यायोगोऽयमुचितः, एवं वमनादिष्वपि ज्ञेयम्? नैवम्, एवं भूतस्य मिथ्यायोगस्यायोगेनैव ग्रहणात्, उक्तं हि—"प्रातिलोम्येन दोषाणां हरणात्ते ह्यकृत्स्नशः। अयोगसंज्ञे कृच्छ्रेण चाल्पशः" (च० सि० अ० ६) इति। दुष्टविरेचनौषधस्य वमनोपयुज्यमानस्य हीनमात्रत्वातिमात्रत्वाभ्यां विना यत् व्याधिकरणत्वं तन्मिथ्यायोगादेव परं भवति, यदुक्तं तिस्रैषणीयेमिथायोगो राशिवर्जेष्वाहारविधिविशेषायतनेषूपदेक्ष्यते' (सू० अ० ११) इति। सत्यं भेषजस्य मिथ्यायोगोऽयं वमनस्य तु दोषहरणरूपस्यायोग इति; एवं च विरेचनादावपि ज्ञेयम्। यद्यप्यत्रापि मिथ्यायोगः कथञ्चित् पार्यते कल्पयितुं तथापि प्रयोजनशून्यत्वादाचार्येण पृथङ् न कृतः, शब्दादिषु तु मिथ्यायोगिनां संबन्धमात्रस्यापि परिहारार्थं पृथक् कृत इति। चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—जो चिकित्सक चिकित्सा के सभी साधनों से युक्त होता है, बुद्धिमान् तथा शास्त्रज्ञान में कुशल होता है साथ ही क्रियाशील होता है, ऐसे चिकित्सक द्वारा जिस व्यक्ति को संशोधन (वमन-विरेचन) कराया जाता है वह सम्यक् होता है, जिससे मनुष्य सुख का अनुभव करता है।

अतः उपरोक्त गुणयुक्त कुशल चिकित्सक से उपचार कराने वाला व्यक्ति अधिक आयु और सुख को प्राप्त करता है।

उपर्युक्त गुणों से रहित चिकित्सक जिस व्यक्ति को संशोधन कराता है वह रोगी अयोगातियोग प्रभाव से कष्ट को प्राप्त करता है।

पुनः पुनः शोधनप्रयोग संकेतः।

बल त्रैविध्यमालक्ष्य दोषाणामातुरस्य च।
पुनः प्रदद्याद्भेषज्यं सर्वशो वा विवर्जयेत्॥
निर्हृते वाऽपि जीर्णे वा दोष निर्हरणे बुधः।
भेषजेऽन्यत्प्रयुञ्जीत् प्रार्थयन्सिद्धिमुत्तमान्। च० क० १२।५७-५८
अप्रवर्त्यं मलान् द्रव्यं सात्मीभूतं हि जीर्यति।
वमनं वा विरेकं वा तस्मात्सात्म्यं न योजयेत्॥

अ० सं० सू० २७।५६

हि० व्या०—आतुर के त्रिविध बल एवं दोषों के विषय में विचार करके तीनों प्रकार के संशोधन द्रव्यों का पुनः प्रयोग करना चाहिए या सर्वथा प्रयोग बन्द कर देना चाहिए। संशोधन हेतु पिलाई गई औषध दोषों का निर्हरण किए बिना निकल जाए अथवा पच जाए तब चिकित्सक को सफलता के लिए संशोधनकारक द्रव्यों का पुनः प्रयोग कराना चाहिए।

आचार्य वाग्भट के अनुसार औषधि द्रव्य सात्म्य हो जाने पर उचित संशोधन नहीं कराता। अतः वमन और विरेचन के लिए सात्म्य औषध का उपयोग नहीं कराना चाहिए क्योंकि सात्म्यीभूत औषध मलों का निर्हरण न करके स्वयम् जीर्ण हो जाती है।

वमनविरेचन प्रयोग सफलतायाः अभावे पुनः शोधक भेषज प्रयोग संकेतः।

पीते प्रत्र्यंसने दोषान्न निर्हृत्य जरां गते।
[1]वमिते चौषधे धीरः पाययेदौषधं पुनः॥

च० क० १२।६०

हि० व्या०—विरेचनौषध पान के पश्चात् यदि औषध दोष निर्हरण में असमर्थ हो जाए (पच जाए) या वमन हो जाए तो वैद्य को पुनः उसी दिन विरेचनौषध प्रयोग कराना चाहिए।

क्वचित् शोधकभेषजप्रयोगे स्तब्धदोषावस्थायां स्वेदन प्रयोग सूचनम्।

भेषजं दोषरुद्धं चेन्नोर्ध्वं नाधः प्रवर्तते।
सोद्गारं साङ्गशूलं च स्वेदं तत्रावचारयेत्॥ च० क० १२।६१

हि० व्या०—दोषों की स्तब्धता में स्वेदन प्रयोग यदि दोषों के द्वारा औषधि अवरुद्ध हो जाए उद्गार और अंगों में वेदना हो, औषधि स्तब्ध हो, दोष ऊर्ध्व या अधोमार्ग से बाहर न निकले तो वमन के लिए वक्ष प्रदेश पर स्वेदन करना चाहिए और विरेचन के लिए उदर प्रदेश पर स्वेदन करना चाहिए।

आम विरेचन प्रयोग पाक काल विचारः।

अपक्वं वमनं दोषं पच्यमानं विरेचनम्।
निर्हरेद्वमनस्यातः पाकं न प्रतिपालयेत्॥

च० क० १२।५९

हि० व्या०—वमन द्रव्य बिना पचे हुए दोषों को बाहर निकालते हैं, तथा विरेचन द्रव्य पच्यमानावस्था में दोषों को बाहर निकालते हैं अतः

१. वमिते चौषध इति विरेचनौषधमात्रे वमिते। पुनरिति तदहरेव।
चक्रपाणिः।

वामक औषधियों के प्रयोग करने पर पाक की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए। विशेषार्थ यह है कि वमन द्रव्य आमाशय में पहुँचकर शीघ्र ही वमन-द्वारा दोषों को बाहर निकालता है (इनका आमाशय में पाक नहीं होता है)। यदि शीघ्र वमन नहीं हुआ तो औषधि शरीर में पचने लग जाएगी जिससे हानि (उपद्रव) हो सकती है। अतः वामक द्रव्य सेवन के पश्चात् शीघ्र ही वमन न हो तो तीक्ष्ण वामक औषधियों से उसका निर्हरण करना चाहिए। विरेचन द्रव्य पच्यमानावस्था में दोषों को बाहर निकालते हैं। अतः इसमें कुछ समय लगता है। विरेचन द्रव्य के पश्चात् तीन घंटे तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। तीन घंटे के पश्चात् यदि विरेचन न हो तो तीक्ष्ण विरेचनौषध द्वारा दोषों को बाहर निकाल देना चाहिए। यदि वमन या विरेचनौषध का सर्वथा पाक हो जाए, दोष का निर्हरण न हो और शरीर में कुछ उपद्रव भी न हो तो उस दिन उपेक्षा भी की जा सकती है। पुनः दूसरे दिन दोष निर्हरण हेतु वमन या विरेचनौषधि का प्रयोग करना चाहिए।

पुनः पुनः वमनविरेचनौषध प्रयोग निषेधः

वमनं न तु दुश्छर्दं दुष्कोष्ठं न विरेचनम्।
पाययेत्तौषधं भूयो हन्यात् पीतं पुनर्हितौ॥

हि० व्या०—जिस व्यक्ति को वमन द्रव्य पिलाने पर भी वमन न हो या अल्प वमन हो अथवा वमन द्रव्य पिलाने से विरेचन हो जाए तो ऐसे व्यक्ति को पुनः वामक औषधि नहीं पिलाना चाहिए।

क्रूरकोष्ठ रोगी को विरेचन द्रव्य पिलाने पर यदि विरेचन न हो या अल्प विरेचन हो अथवा विरेचन द्रव्य प्रयोग से वमन हो जाए तो पुनः विरेचन द्रव्य का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

शोधनानन्तरम् अल्पावशिष्ट दोषशेष शमनाय संकेतः।

वमनैश्च विरेकैश्च विशुद्धस्याप्रमाणतः।
भोजनान्तरपानाभ्यां दोषशेषं शमं नयेत्॥

च० क० १२।६३

अत्र बहुवचनं वेगबहुत्वापेक्षया। अप्रमाणत इति न निःशेषेण। तत्र भोजनं पाचनं यवाग्वादि भोजनम्। अन्तरपानं कषायपानं। ये तु प्रमाणतः इति पठन्ति, ते सम्यक्शुद्धावपि कोष्ठोपलेपकदोषप्रशमनार्थं भोजनान्तरपानं व्याख्यानयति।
चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अल्पावशिष्ट दोषों की शान्ति संशोधनौषधों के द्वारा पूर्णरूप से संशोधन नहीं होने पर आहार और कषायपान से बचे हुए दोषों की शान्ति करनी चाहिए।

क्वचित् सम्यक् शोधनं विनैव भेषज जीर्णतायां द्वितीय दिने पुनः शोधक भेषजपान सूचनं तथा दुर्बल शरीरे मृदु शोधन भेषज योग सूचनम्

दीप्ताग्नि बहुदोषं तु दृढस्नेह गुणं नरम् ।
दुः शुद्धं तदहर्भुक्तं श्वोभूते पाययेत् पुनः ॥
दुर्बलो बहुदोषश्च दोषपाकेन यो नरः ।
विरिच्यते शनैर्भोज्यैर्भूयस्तमनुसारयेत् ॥

च० क० १२।६१-६२

दृढस्नेहगुणमित्यनेन स्नेहलक्षणो गुणो देहे यदा दृढो नास्ति तदाऽस्य भेषजं न दातव्यं, किन्तु स्नेह एव तावत् कर्तव्यः; असम्यक् स्निग्धे हि पुनरपि क्रियमाणं विरेचनमसम्यग्योगायैव भवति । दुःशुद्धमित्ययोगेनाविशुद्धम् । श्वोभूते दिनान्तरे भूते, किंवा 'श्वो भूयः' इति पाठः । दोषपाकेनेति पक्वदोषेऽविबद्धत्वाद्बहुत्वाच्चशनैर्विरिच्यते । भोज्यैरित्यनुलोमनैः । अत्र च प्रवृत्तदोषेऽतियोगभयान्न पुनर्विरेचनप्रयोगमनुजानीते ॥ चक्रपाणिः ॥

हि० व्या०—जठराग्नि जिस व्यक्ति की प्रदीप्त हो और दोषाधिक्य हो, शरीर में स्नेहगुण की प्रधानता हो किन्तु दोषों का निर्हरण सम्यक् रूप से न हुआ हो और अगले दिन औषध सेवन आवश्यक हो तो उस दिन भोजनोपरान्त पुनः विरेचनौषधि सेवन करानी चाहिए । दुर्बल एवं दोषाधिक्यव्यक्ति के दोषों का पाक हो जाने से अपने-आप विरेचन हो रहा हो तो उसे पुनः दोषों को निर्हरण करने वाले आहार कराकर धीरे धीरे मल का निर्हरण कराना चाहिए ।

शोधनभेषजानाम् अयोगात् अतियोगाच्च जायमानानां दश व्यापदां नामानि तत्र कारण संकेतश्च

आध्मानं परिकर्तिश्च स्रावो हृद्गात्रयोर्ग्रहः ।
जीवादानं सविभ्रंशः स्तम्भः सोपद्रवः क्लमः ॥
अयोगादतियोगाच्च दशैता व्यापदो मताः ।
प्रेष्य भैषज्य वैद्यानां वैगुण्यादातुरस्य च ॥

च० सि० ६।२९-२०

संशोधनायोगातियोगजन्या आविष्कृता व्यापदः प्राह—आध्मानमित्यादि । आध्मानादयश्चामी नावश्यमयोगातियोगान्ते भवन्ति, तेनोपद्रवभूतत्वात् पृथगुक्ताः; एता व्यापदः प्रेष्यादिवैगुण्यादुत्पन्ना अयोगादतियोगाच्च भवन्तीति वाक्यार्थः । तत्राध्मानमयोगाद्भवति, परिकर्तिका त्वतियोगात् स्रावोऽयोगात्, हृदग्रहोऽप्ययोगादेव, तथाऽङ्गग्रहोऽयोगाच्च भवति, जीवादानमतियोगात्;

विभ्रंशस्तु गुदभ्रंशसंज्ञाभ्रंशकण्डूवादिलक्षणभ्रंशभेदात् त्रिविधोवक्तव्यः; गुदभ्रंशसंज्ञा भ्रंशावतियोगजन्यौ, शेषस्तु विभ्रंशोऽयोगजन्यः; उपद्रवोऽप्ययोगजन्य एव, क्लमोऽप्ययोगजः । एतेषां च योगातियोगजन्यत्वविभाग उत्तरग्रन्थे स्फुटो भविष्यति । यद्यपि चायोगातियोगमिथ्यायोगास्तत्र तत्र कारणत्वेनोक्ताः, तथाऽपीह वमनविरेचनयोर्मिथ्यायोगं नेच्छति; यतो दोषाणां चतुर्विधैव प्रवृत्तिर्भवति, यत्-अतिप्रवृत्ति असम्यक्प्रवृत्तिर्वातत्राप्यप्रवृत्तयल्पवृत्ती अयोगगृहीते एव; याऽपि चात्र प्रातिलोम्येन प्रवृत्तिः, साऽपि दोषस्यापेक्षितस्याप्रवर्तकत्वादयोगगृहीतैव; वक्ष्यति हि—"अयोगः प्रातिलोम्येन न चाल्पं वा प्रवर्तनम्' इति चक्रपाणिः ।

मैनफल, मुलहठी, कटुतुम्बी, कन्दूरी, इन्द्रायण, खीरा, मूर्वा, कुरैया, देवदाली, वायविडंग, जलवेतस, चित्ता, (चित्रक) चित्रा (द्रवन्ती) धामार्गव, राजकोषातकी, करञ्ज, पीपल, लवण, बालयच (वचा) इलायची तथा सरसों ।

विशेष—उपर्युक्त द्रव्यों में—मदनफल, इन्द्र वारुणि, त्रपुस, कुटज, विडंग, ऐला तथा सरसों के फलों का, महुआ, वेतस् चित्रक, दन्ती तथा वचा की मूल का एवं शेष के फल पत्र तथा पुष्पों का उपयोग वमनार्थ किया जाता है ।

वामकद्रव्येषु मधुसैन्धवप्रयोगस्य महत्वम् ।

सर्वेषु तु मधुसैन्धवं कफविलयनच्छेदार्थं वमनेषु विदध्यात् । न चोष्णविरोधो मधुनश्छर्दनयोगयुक्तस्य अविपक्वप्रत्यागमनाद्दोषनिर्हरणाच्च ॥

च० क० १।१५

यद्यपि च घ्रेयादिवमनयोगेषु मधुसैन्धवयोगो न भवति, तथाऽपि 'सर्वेषु' इति पदं बाहुल्यार्थम् । वमनार्थं कषाये उष्णे मधु प्रक्षेपो विरोधित्वान्न युज्यते, उक्तं हि "मधूष्णार्तमथवा" (सू० अ० २७) इत्यादि एवमाशङ्क्य समाधानमाह—न चोष्णविरोधो मधुन इत्यादि । अविपक्वप्रत्यागमनादित्यनेन पच्यमानं मधूष्णयुक्तं विरुध्तेयेति दर्शयति । दोषनिर्हरणाच्चेति मधूष्णविरुद्धमपि वमनयोगे उष्णे इष्यते । तस्य दोषनिर्हरणादेव न विरोधो भवतीति दर्शयति । एवं वस्तिप्रयोगेऽपि मधुन उष्णविरोधो वर्णनीय: एतेन यष्टीमध्वादिनवद्रव्यकृतैर्नवभि: कषायैर्नवयोगा: ॥ चक्रपाणि: ॥

वमनेषु च सर्वेषु सैन्धवं मधु वा हितम् । शा० सं० उ० ३।१२

मधुसैन्धवयोरभिमन्त्रणं च सर्वत्रैव ज्ञेयं । यदुक्तं – यथा व्याधि च विहितं मधुसैन्धवसंयुतं । कोष्ठं विभज्य भैषज्यं मात्रा मन्त्राभिमन्त्रिता'मित्यादि । अत्रोष्णेऽपि कषाये मधुसैन्धवे न विरुद्धे । वमनस्यापक्वस्यैवोर्ध्वगमनत्वात् । वैद्यास्त्वत्र योगे पाकसंभवं मन्यमाना मधु न प्रक्षिपन्ते इति केचित् । मन्त्रश्च ब्रह्मदक्षाश्विरुद्रेन्द्रे'त्यादिश्लोको ज्ञेय: । आढ़मल्ल: ॥

हि० व्या०—सभी प्रकार के वामक योगों में कफ दोष को पिघलाकर तथा खण्डित कर बाहर निकालने के लिए मधु एवं सैंधव नमक पिलाना चाहिए ।

वामक द्रव्य का क्वाथ उष्ण ही प्रयोग किया जाता है । उसमें मधु (शहद) मिलाना विरोधी नहीं होता है क्योंकि वामक औषधियों के साथ मधु शरीर में बिना पचे ही निकल आता है और दोषों को भी निकालता है ।

दोषभेदेन वामकद्रव्य संकेत: ।

एवं कटूतीक्ष्णै: कफे छर्दयेत् । स्वादुभि: पित्त युते । अम्लै: सस्नेहैरनिल संसृष्टे । यावत् कफच्छेद: केवलौषध प्रवृत्ति: पित्त दर्शनं वा ।

अ० सं० सू० २७।१६

तत्र केवले श्लेष्मणि कटुतीक्ष्णैरौषधैश्छर्दयेत् । पित्तयुक्ते श्लेष्मणि स्वादुभिर्मधुरैर्वमनद्रव्यैः । वायुसंसृष्टे श्लेष्मणि अम्लैः सस्नेहैश्छर्दयेदिति सम्बन्धः । किमवधि छर्दयेदित्याह । यावदित्यादि । यावत् प्रथममेव कफः क्षीणस्तावद्यत्नेनाङ्गुल्यादिना छर्दयेत् । अथवा कफच्छेदानन्तरं केवलौषधप्रवृत्तिदर्शनं यावत् । अथवा ततोऽप्यनन्तरं यावत् पित्तदर्शनं । एतच्चव्याध्यादिवलापेक्षया । कफे तीक्ष्णोष्णकटुकैर्द्रव्यैर्वमेत् । पित्ते स्वादुशीतैर्द्रव्यैर्वमेत् । स्निग्धाम्ललवणैर्वायुयुक्ते कफे वमेत् । अरुणदत्तः ।

कफे तीक्ष्णोष्णकटुकैः पित्ते स्वादुहिमैरिति ।
वमेत् स्निग्धाम्ललवणैः संसृष्टे मारुता कफे ॥ अ० हृ० सू० १८।२

कफजेषु रोगेषु च तीक्ष्णोष्णकटुकैर्द्रव्यैरित्युक्तप्रकारेण वमेत् । कफे पित्तयुक्ते स्वादुशीतैर्वमेत् । कफे मारुता संसृष्टे युक्ते स्निग्धाम्लवणैर्द्रव्यैरेवं वमेत् । अत्र वायोर्योगवाहित्वात् कफहरौषधहितत्वेऽपि वायोर्वमनयोग्यत्वात् कुत्रचिदवस्थान्तरे वमने कर्तव्ये वातशमनैः स्निग्धादिभिरेव वमनं कर्तव्यमिति । परमेश्वर

कफं कटुकतीक्ष्णोष्णैः पित्तं स्वादु हिमैर्जयेत् ।
सुस्वादुलवणाम्लोष्णैः संसृष्टं वायुना कफम् ॥
कृष्णा राठफलं सिन्धु कफे कोष्णजलैः पिबेत् ।
पटोलवासानिम्बैश्च पित्तेशीतजलं पिबेत् ।
सश्लेष्मवातपीडायां सक्षीरं मदनं पिबेत् ।
अजीर्णे कोष्णपानीयैः सिन्धु पीत्वा वमेत्सुधीः ॥
शा० सं० उ० ३।१८-२० भावप्रकाश, वंगसेन

कृष्णा राठफलं मदनफलं, सिन्धु सैन्धवं एतच्च कल्कीकृतं उष्णपानीयेनालोड्य पीत्वा वमेदित्यर्थः । कृष्णादीनां मिलित्वा कर्षं इति केचित् व्यवहाराच्च कृष्णादीनां पृथक् कर्षमात्रं देयमिति संप्रदायः । पटोलवासानिम्बश्चेति । पटोलादिभिः कृत्वा श्रृतः शीतः कार्यः । पटोलादीनां मिलित्वा पलं, पाकार्थं जलाढकं पादशेषं कषायं सक्षीरमदन पिबेदिति । क्षीरेण मदनफलं कल्कीकृत्य तेनैवसहालोड्य पिबेत् इत्यभिप्रायः । मदनफलकल्कस्य कर्षः प्रक्षेपेण प्रचारः । अजीर्णेत्यादि । अत्र सैन्धवप्रक्षेपमाहुः । आढ़मल्लः ॥

दोषभेद से वामक द्रव्य--

कफदोष में कटुतीक्ष्ण द्रव्यों से वमन कराना चाहिए । पित्तसंश्लिष्ट कफ में मधुर द्रव्यों से वमन कराना चाहिए । वातसंश्लिष्ट कफ में अम्ल द्रव्य तथा अल्प स्नेहयुक्त द्रव्यों से वमन कराना चाहिए । अष्टाङ्ग हृदयकार ने कफदोष में तीक्ष्ण, ऊष्ण और कटु द्रव्य, पित्तसंश्लिष्ट कफ दोष में मधुर और शीतल तथा वातसंश्लिष्ट कफ में स्निग्ध अम्ल और लवण द्रव्य से वमन कराने का

निर्देश किया है । आचार्य शार्ङ्गधर ने अष्टाङ्ग हृदय के विचार का समर्थन किया है साथ ही निम्न योग का भी निर्देश किया है ।

१. पिप्पली, मदनफल और सैंधव नमक का कल्क सुखोष्ण जल से कफ निर्हरण के लिए पीना चाहिए ।

२. पित्तसंश्लिष्ट कफ में पटोल, अडूसा तथा नीम का क्वाथ शीतल करके पीना चाहिए ।

३. कफसंश्लिष्ट वात में मदनफल दूध के साथ पीना चाहिए ।

४. अजीर्ण में सुखोष्ण जल में सेंधवलवण मिलाकर पीना चाहिए ।

वामकद्रव्येषु मदनफलस्य महत्व सूचनम्

वमनद्रव्याणां मदनफलानि श्रेष्ठतमान्याचक्षते, [1]अनपायित्वात् ।
च० क० १।१३

हि० व्या० - वामक द्रव्यों में मदनफल श्रेष्ठमाना जाता है क्योंकि अन्य द्रव्यों की अपेक्षा इससे उपद्रव कम होता है । अष्टाङ्ग हृदय में भी वमनार्थ मदनफल को ही श्रेष्ठ बताया गया है

मदनफलस्य पर्यायः

मदनः करहाटश्च राठः पिण्डीतकः फलम् ।
श्वसनश्चेति पर्यायैरुच्यते तस्य कल्पना ॥ च० क० १।२७

हि० व्या० -- मदन, करहाट, राठ, पिण्डीतकफल, श्वसन आदि मदनफल के पर्यायवाची नाम है जिनका उल्लेख विविध प्रयोगों में बहुशः प्राप्त होता है ।

मदनफल संग्रहकाल संकेतः ।

तानि वसन्तग्रीष्मयोरन्तरे पुष्पाश्वयुग्भ्यांमृगशिरसा वा गृह्णीयान्मैत्रे मुहूर्ते ॥
च० क० १।१३ख

अन्तर इति मध्ये, स च ग्रीष्मवसन्तयोरन्तरवर्तिकतिपयदिनान्येव मध्यो ज्ञेयः । अश्वयुक् अश्विनी । मैत्रे मुहूर्त इति शिवभुजगमित्रादीनां मध्ये मित्रदेवताके, एवं मैत्रे मुहूर्ते । चक्रपाणिः ।

संग्रहणीय मदनफल संकेतः ।

यानि पक्वान्यकाणान्यहरितानि पाण्डून्यक्रिमिण्यपूतीन्य जन्तुजग्धान्यह्रस्वानि,
च० क० १।१३ (ग)

मदनफल संस्कार प्रकारः ।

तानि प्रमृज्य कुशपुटे बद्ध्वा गोमयेनालिप्य यवतु (पु) पमाषशालिकुलत्थमुद्गपलानामन्यतमे निदध्यादष्टरात्रम् ॥ च० क० १।१३ घ

पलानामिति राशीनाम् । चक्रपाणिः ।

मदनफल बीजरूप पिप्पली संग्रह प्रकारः।

अत ऊर्ध्वं मृदुभूतानि मध्वि'ष्टगन्धान्युद्धृत्य शोषयेत् । सुशुष्काणां फलपिप्पलीरुद्धरेत् ।

च० क० १।१३५

मधुवदिष्टगन्धो येषां तानि, यानि मध्विष्टगन्धानि भवन्ति तानि ग्राह्याणीति दर्शयति । फलपिप्पलीरिति मदनफलमध्यगतानि पिप्पलीसंस्थानानि बीजानि।

चक्रपाणि०

मदनफलपिप्पली सुरक्षाप्रकारः

तासां घृतदधिमधुपललविमृदितानां पुनः शुष्काणां नवं कलशं सुप्रमृष्टवालुकमरजस्कमाकण्ठं पूरयित्वा स्ववच्छन्नं स्वनुगुप्तं शिक्येष्वासज्य सम्यक् स्थापयेत् ।

च० क० १।१३ (च)

तासामित्यादि पूरणवाचकशब्दयोगात् करणे षष्ठी स्वनुगुप्तमिति कृतरक्षाविधानम् । चक्रपाणिः ।

(क) अनपायित्वादिति वमनद्रव्यान्तरापेक्षयाऽल्प व्यापतिकरत्वात् । चक्रपाणिः ।

(ख) वमने मदने श्रेष्ठं··· ···

अ० हृ० क० १।१

अथ वसन्तग्रीष्मयोरन्तरे प्रशस्तेऽहनि मुहूर्ते च नातिहरितपाण्डूनि मदनफलान्यादद्दीत । तानि प्रमृज्य कुशमूढके बध्वा गोमयेनालिप्य यववुसमाषशालिव्रीहिकुलत्थमुद्गान्यतमराशामष्टरात्रमुषितान्ययुद्धृत्यातपे शोषयेत् । सुशुष्काणां पिप्पली रुद्धृत्य दधिघृतमधुपललविमृदिताः पुनः शोषयित्वा नवं कलशमरजस्कमाकण्ठं पूरयित्वा सुगुप्तं निधापयेत् ।।

अ० सं० क० १।२

फलानि तानि पांडूनि न चाऽति हरितान्यपि ।
आदायाऽह्नि प्रशस्तर्क्षे मध्यग्रीष्मवसंतयोः
प्रमृज्य कुशमुत्तोल्यां क्षित्वा बवा प्रलेपयेत् ।
गोमयेनानुमुत्तोलीं धान्यमध्ये निधापयेत् ।
मृदुभूतानि मध्विष्टगंधानि कुशवेष्टनात् ।।
निष्कृष्य निर्गतेऽष्टाहे शोषयेतान्यथातपे ।
तेषां ततः सुशुष्काणामूद्धृत्य फल पिप्पलीः ।।
दधिमध्वाज्यपललैर्मृदित्वा शोषयेत्पुनः ।
ततः सुगुप्तं संस्थाप्य कार्यकाले प्रयोजयेत् ।। अ० हृ० क० १।२६

तानि मदनस्य फलानि पांडूनि गृहीत्वा नत्वतिपांडून्यतिक्रांतपाकत्वात् । न वाऽतिहरितान्यामत्वात् । कदादाय । प्रशस्तनक्षत्रे दिवसे । कस्मिन्नृतौ । मध्ये ग्रीष्मवसन्तयोः एवमृतुसंधौ गृहीतानि प्रमृज्य व्यपगतमलादि दोषाणि कृत्वाकुशमय्यां मुत्तोल्यां मूटिकायां क्षिप्त्वा पुनरुपरिष्टाद्बद्धवा च ततो गोमयेन तां मुत्तोली लिंपेत् । अनन्तरं धान्यमध्ये निधापयेत् स्थापयेत् कुशानां समूहो

रचनाविशेषो निष्पादितः कुशमुत्तोलीत्युच्यते । मृदुभूतानि तानि मध्विष्टगन्धानि कदाचिन्मधुगंधानि कदाचिदिष्टगन्धानि कुशवेष्टनाष्टाहेन ज्ञात्वाऽनं तरमष्टाहेऽतिक्रांते कुशमुत्तोल्याः निष्कृष्टानि बहिः कृतान्यनंतरमातपे शोषयेत् । ततोऽनंतरं तेषां मदनफलानां शुष्काणां फलपिप्पलीरुद्धृत्य दधिमध्वाज्यपललैर्मृदित्वा संक्षुद्य पुनरातपे शोषयेत् । ततोऽनंतरं सुष्ठु गुप्तं धारयित्वा कार्यकाले वमनावसरे ताः प्रयोजयेत् । अरुणदत्तः ।

ईषद्गृहीतपाकत्वान्नातिहरितानि न चाति पाण्डूनि तानि ह्यूत्तरसंस्कारसहानि भवन्ति । मध्ये अन्तरे । प्रमृज्य पांस्वादि शोधनार्थम् । कुशमुत्तोली दर्भमयी गुच्छिका । गोमयेन प्रलेपयेत् । (अन्तरं तां) मुत्तोलीं कुशमूढं (धान्यराशौ निधापयेत्) । अष्टाहे गते मृदूनि भवन्ति । तावताकालेनोष्मविशेषान्मृदुत्वम् । नवमेऽह्नि गोमये लिप्तदर्भमूढान्निष्कृष्टान्युद्धृतानि तान्यातपे शोषयेत् । तेषामिति फलानां सुशुष्काणां फलपिप्पलीः फलान्तर्भवा उद्धृत्य दध्यादिभिस्ताः क्रमेण मृदिताः पुनरातप एव शोषयेत् । पललं तिलकल्कः । ततः सुगुप्तं कृत्वा संस्थाप्य कार्यकाले प्रयोगकाले प्रयोजयेत् । इन्दुः ।

मदनफल का संग्रह और प्रयोगविधि

हि० व्या० – मदनफल को वसन्तऋतु और ग्रीष्मऋतु के मध्य में, पुष्य-अश्विनी और मृगशिरा नक्षत्रयुक्त मैत्र मुहूर्त में संग्रह करना चाहिए। सुपक्वफल, पाण्डुवर्ण का संग्रह करना चाहिए। काने फल और हरे फल का परित्याग करना चाहिए। कृमिजुष्ट एवं दुर्गन्धयुक्त फल त्याज्य है। छोटाफल भी संग्रह नहीं करना चाहिए। मदनफलों को संग्रहकर, साफकर, कुशा से आवेष्टित करना चाहिए। तत्पश्चात् गाय का गोबर लगाकर जौ के भूसा या उड़द, शालि, धान, कुलथी या मूंग इनमें से किसी एक की राशि में आठ दिन दबाकर रखना चाहिए। उसके बाद निकालकर सुरक्षित करना चाहिए। इस विधि से मदनफल मुलायम हो जाते हैं तथा उनमें मधु के समान गन्ध आने लगती है। निकालने के पश्चात् छाया शुष्क करना चाहिए। सूख जाने पर मदनफल के बीजों को निकालकर अलग रखना चाहिए। उस बीज को घृत, दही, मधु या तिलकल्क से मर्दनकर पुनः सुखाना चाहिए। सूख जाने पर एक नूतन मिट्टी के घड़े में जो अन्दर से साफ हो उसमें भरकर मुखमुद्रा कर छीकों के ऊपर लटकाकर रखना चाहिए ।।

मदनफलपिप्पलीसंस्कारपूर्वक सहपानानुपान भेदेन प्रयोग प्रकाराः।

निर्वृत्तानां वा नातिहरितपाण्डूनां कुशमूढ़ावबद्ध मृद्गोमयप्रलिप्तानां यवबु (तु) षमुद्गमाषशाल्यादिधान्यराशावष्टरात्रोषितक्लिन्न भिन्नानां फलानां फलपिप्पलीरुद्धृत्यातपे शोषयेत्, तासां दधिमधुपललविमृदितपरिशुष्काणांसुभा-

जनस्थानामन्तर्नखमुष्टिमुष्णे यष्टीमधुककषाये कोविदारादीनामन्यतमे वा कषाये प्रमृद्य रात्रि पर्युषितं मधुसैन्धवयुक्तमाशीर्भिमन्त्रितमुदङ्मुखः प्राङ्मुख-मातुरं पाययेद् ।

सु० सू० ४३।३ (घ)

तदेवं शलाटु चूर्णेषु मदनस्य चत्वारो योगाः । मदनफलानां पक्वानां प्रधानं योग निर्दिशन्नाह—निर्वृत्तानामित्यादि । निर्वृत्तानां निष्पन्नानां नातिहरित-पाण्डुत्वेन, परिपाकातिपाण्डुत्वे हि वीर्यातिक्रमः स्यात् । कुशमूढः कुशविरचितः पुटकः । फलपिप्पलीः मदनफलबीजानि । तासामिति तासां फलपिप्पलीनाम् । अन्तर्नखमुष्टिमिति नखानां मध्ये मुष्टिर्न तु परिभाषिका पलाभिधाना, अन्तर्नखमुष्टि यष्टीमधुकषाये आतुरं पाययेदिति संबन्धः । कोविदारेत्यादि । कोविदारादीनां संशोधनसंशमनीयोक्तानामेकादशानामन्यतमस्यैकतमस्य कषाये । एतेनैकादश योगा उक्ताः । प्रमृद्येति फलपिप्पलीनामन्तर्नखमुष्टिमिति संबन्धः । किंविशिष्टमन्तर्नखमुष्टि ? रात्रिपर्युषितं मधुसैंधवयुक्तं च । आशीर्भिरभिमन्त्रितमिति इष्टाशानिष्पादनमन्त्रोऽप्याशीः, ताभिर्वदोक्ताभिरभिमन्त्रितमन्तर्नख-मुष्टिम् । उदङ्मुख उत्तराभिमुखोवैद्यः, प्राङ्मुखं पूर्वाभिमुखमातुरम् । डल्हणः ।

निर्वृत्तानामिति पक्वानाम् । नातिहरितपाण्डूनामित्यनेनाभिमतपाकावस्थो-च्यते । क्लिन्नभिन्नानामिति यथोक्तविधिनाऽष्टरात्रस्थितत्वेन क्लिन्नानां सतां यत्नेन भिन्नानाम् । पिप्पलीमदनफलमध्यबीजम् । पलं तिलचूर्णम् । अन्तर्नख-मुष्टिमितिपारिभाषिकपलरूपमुष्टिनिपेधेनान्तः स्थितनखेन मुष्टिना यावद्गृह्यते तावद् ग्राह्यम् । कोविदारादीन्येकादशसंशोधनसंशमनीयपठितानि । रात्रिपर्युषित-त्वेन शीतकषायं ग्राह्यति । आशिभिरिति बहुवचनाद् वक्ष्यमाणमन्त्रादन्यदपि वेदोक्तमाशीर्मन्त्रं ग्राह्यति । उदङ्मुखो वैद्यः, प्राङ्मुखत्वंत्वातुरस्य तथैव प्रशस्तत्वात् ।

चक्रपाणिः ।

निर्वृत्तानां पक्वानां, नातिहरितपाण्डुनामित्यनेनाभिमतपक्वावस्थोप-दिश्यते । कुशमूढः कुशपुटः, आत्रेयोऽपि "कुशपुटे वद्ध्या" इत्याह । तथोषित-त्वेन क्लिन्नानां यत्नतो भिन्नानामिति क्लिन्नभिन्नानाम्, फलपिप्पलीः फलकणाः । पलं तिलचूर्णम्, अन्तर्नखमुष्टिम् अन्तः स्थितनखेन मुष्टिना यावद्गृह्यते तावन्मानमित्यर्थः, एतेन तोलकमितमित्येव प्रत्येतव्यम्, तथा परिगृहीतं हि प्रायेण तावदेव भवति । अत्र 'यावद्वा साधु मन्यते" इत्यप्याहु-रात्रेयादयो महर्षयः । कोविदारादीनि संशोधन संशमनीयोक्तानि । कषायमधु-सैन्धवादीनां परिमाणन्तु प्राग्वदेव । आशीर्भिरभिमन्त्रितं विघ्नोपशमार्थं ब्राह्मण द्वारा स्वस्तिवाचनेन संस्कृतम् । हाराणचद्र० ।

हि० व्या०—मदनफलपिप्पली संस्कार विधि को चरक संहिता के समान ही सुश्रुत संहिता में भी लिखा गया है । प्रयोग विधि में सुश्रुत के अनुसार—। संस्कारित बीज को तिलचूर्ण के साथ मर्दन कर या खरल कर अन्तर्नखमुष्टि (मुट्ठी बंद करके निकालने पर जितना चूर्ण आ जाए) परिमित मात्रा में

वधुयष्टी के सुखोष्ण क्वाथ में अथवा कोविदारादि संशोधन-संशमनीय एकादश क्वाथों में से किसी एक क्वाथ में रात भर भिगोकर प्रातः इसमें शहद तथा सैन्धव लवण मिलाकर सेवन करना चाहिए ।

मदनफलस्य विविधाङ्गानां प्रयोग प्रकाराः

वमनद्रव्याणां फलादीनां मदनफलानि श्रेष्ठतमानि भवन्ति । अथ मदन पुष्पाणां आतपपरिशुष्काणां चूर्णं प्रकुञ्चं प्रत्यक्पुष्पासदापुष्पी निम्बकषायाणा-मन्यतमेनालोड्य मधुसैन्धवयुक्तां पुष्पचूर्णमात्रां पाययित्वा वामयेत् ।

सु० सू० ४३।३ (क)

फलादीनामिति फलं मदनफलं, आदिग्रहणात् कुटजजीमूतकेक्ष्वाकुधामार्गव-कृतवेधनानि गृह्यन्ते । मदनपुष्पाणामिति अत्र पुष्पशब्दः फले वर्तते, कारणे कार्योपचारात् । चूर्णं प्रकुञ्चं पुनरस्य मध्यमा मात्राः, प्रकुञ्चः पलं, "मुष्टिः" इत्येके, 'कराङ्गुलिचतुष्कमूलावधिमितं चूर्णम्' इत्यपरे । प्रत्यक्पुष्पा अपामार्गः । सदापुष्पी अर्कस्तस्यमूलं, निम्बः प्रसिद्धः; कषायाणां त्रित्वाद्योगत्रयमुक्तम् । पुष्पचूर्णमात्रामिति मात्रा च तन्त्रान्तरे चूर्ण शरावः, अत्र मात्राशब्दो यथायोग-वचनोऽभिप्रेतः । अस्यार्थे 'अक्रूराशयमुपस्थित दोषं मृदु प्रच्छर्दनं' इति केचित् पठन्ति तन्ननिवन्धकारैरपठितत्वात् । डल्हणः ।

फलादीनामित्यत्रादिशब्देन कुटज जीमूतकेक्ष्वाकुधामार्गवकृतवेधनानां संशोधन संशमनीयोक्तानां ग्रहणम् । सर्षपादीनां तु कोविदारादीनां च तत्रोक्ता-नामपि मदनफलादिप्रयोगोपकरणतया वक्ष्यमाणत्वान्नेह प्राधान्येन ग्रहणम्; अतश्च मदनादीनां षण्णामेवात्र प्रयोगाः प्रपञ्चेन वक्तव्याः । तेष्वपि मदनफल-प्राधान्याह—मदनफलानि श्रेष्ठतमानीति; श्रेष्ठत्वं चानपायित्वात् । तदुक्तं चरके—"मदनफलानि श्रेष्ठान्याहुरनपायित्वात्" (च० क० अ० १) इति । अत्र पक्षे मदनफलयोगस्यैवानपायित्वाद् बहुविषयत्वाच्च यद्यपि प्राधान्यं, तत्प्राधान्यादेव च तत्प्रयोगे सर्वमनप्रयोगसाधारणं मन्त्राभिमन्त्रणं दर्शितं; तयाऽपि मदनफलस्य पुष्पादिपूर्वकत्वात् पक्वमदनफलस्य तत्प्रयोगस्य बलवत्वात् तत्पुष्पादिप्रयोगानेव क्रमेणाह—तत्र मदनेत्यादि । प्रकुञ्चः पलम् । परिशुष्क-त्वमिह आतपेनैव, यथा कुर्वन्ति स उपाय इति न्यायात् । प्रत्यक्पुष्पी अपामार्गः, तस्येह मूलम् । पुष्पाणां कषायत्रयेण प्रयोगास्त्रयः । चक्रपाणिः ।

मदनशलाटुचूर्णान्येवं वा बकुलरम्यकोपयुक्तानि मधुलवण युक्तान्यभि-प्रतप्तानि;

सु० सू० ४३।३ (ख)

मदनेत्यादि । शलाटु आमं फलम् । एवमिति एवं शब्दात् प्रत्यक्पुष्पादीनां त्रयः कषाया ज्ञेयाः तेन योगाऽपि त्रयः । रम्यको महानिम्बः । अभिप्रतप्तानि उष्णीकृतानि, 'पाययित्वा वामयेत्' इत्यनुवर्तनीयम् । डल्हणः ॥

शलाटुः आमफलम्। एवमिति पृथक् पूर्वोक्तकषायत्रयेण। अत्र चातिप्रतप्ते मधुप्रक्षेपो न विरुध्यते। तदुक्तं—"उष्णेन मधु संयुक्तं वमनेष्ववचारितम्। अपाकादनवस्थानान्न विरुध्येत पूर्ववत्।" (सू० ४५) इति। मदनशलाटुचूर्ण-सिद्धमामित्यत्र चूर्णस्य पूर्वोक्तप्रकुञ्चो मात्रा; इयं च मात्रा मध्यविषया; तेनात्रापकर्षश्च वलाद्यपेक्षया न्यायसिद्धः कर्तव्य एव; यदुक्तमन्यत्र—"द्रव्य-प्रमाणं तु यदुक्तमत्र मध्येषु तत् कोष्ठबलोवयेषु। तन्मूलमालक्ष्य भवेद्विकल्प-स्तेषां विकल्पोऽभ्यधिकोन भावः" (च० क० अ० १२) इति। एतेषां विषयोऽनुक्तोऽपि वामनीय एव पुरुषो ज्ञेयः॥ चक्रपाणिः।

मदनशलाटुचूर्णसिद्धां वा तिलतण्डुलयवागूम्। सु० सू० ४३।३ ग

शलाटुचूर्णेषु योगानन्तरं निर्दिशन्नाह—मदनेत्यादि। अत्रापि चूर्णस्य प्रकुञ्च एव, तिलतण्डुलयोस्तु यवागूप्रमाणेन मात्राकल्पनं; लेहयित्वा वामयेदिति ज्ञेयं, लेह्यत्वाद्यवाग्वाः। डल्हण॥

हि० व्या०—वमन द्रव्यों में मदनफल उत्तम है। धूप में सुखाये हुए मदन के पुष्पों का चूर्ण एक पल (४ तो०) लेकर अपामार्ग, आक की मूल और निम्ब की छाल इनमें से किसी एक के क्वाथ के साथ शहद और सैन्धव नमक मिलाकर यथोचित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए।

मदन के अपक्व फल चूर्ण एक पल की मात्रा में पूर्वोक्त विधि से अपामार्गादि अनुपान के साथ प्रयोग करें या मौलसिरी, महानिम्ब इनकी छाल के क्वाथ में शहद और नमक मिलाकर सुखोष्ण पिलाना चाहिए अथवा मदन के कच्चे फल के चूर्ण से सिद्ध की हुई तिल और चावलों की यवागू पिलाकर वमन कराना चाहिए।

मदनफलप्रयोगविधिः।

ततः प्रयोगकाले तासां फलपिप्पलीनामन्तर्नखमुष्टि यावद्वा साधु मन्येत जर्जरीकृत्य यष्टीमधुककोविदारकर्बुदारनीपविदुलबिंबीशणपुष्पीसदापुष्पीप्रत्यक्-पुष्प्यन्तमकषाये वा रात्रिमुषितं विमृदितं पूतं सूत्रोक्तविधिना पाययेत्। श्लेष्मज्वरगुल्मप्रतिश्यायांतर्विद्रधिषु विशेषेण पुनरापित्त गमनात्। तेन साधु वमति॥ अ० सं० क० १।३

प्रयोगकाले यदाऽऽतुरे प्रयुज्यन्ते। अन्तर्नखा मुष्टिर्यस्मिन् मुष्टौ नखानि न दृश्यन्ते। अथवा यावत् साधु मन्येतेति दोषाद्यपेक्षया। जर्जरीकृत्यावक्षुद्य। मधुयष्टीकषाये वा कोविदाराद्यन्यतमकषाये वा। कोविदारः प्रसिद्धः। कच्छुदारः श्लेष्मातकः। नीपो धूलीकदम्बः। विदुलो वेतसः। बिम्बी रक्तफला गोधा पीलुपर्णी च तुण्डिका। शणपुष्पी बृहत्पुष्पी सा चोक्ता शणघण्टिका महाशणा माल्यपुष्पी वामिनी कटुतिक्तका। सदापुष्पी अर्को विल्वं च। प्रत्यक्पुष्प्यपामार्गः। इति। इन्दुः।

अथाऽऽदाय ततो मात्रां जर्जरीकृत्य वासयेत्।
शर्वरी मधुयष्ट्या वा कोविदारस्य वा जले॥
कर्बुदारस्य बिंब्या वा नीपस्य विदुलस्य वा।
शणपुष्प्याः सदापुष्प्याः प्रत्यक्पुष्प्युदकेऽथवा।
ततः पिबेत्कषायं तं प्रातर्मृदितगालितम्॥
सूत्रोदितेन विधिना साधु तेन तथा वमेत्। अ० हृ० क० १।१०

अथाऽनन्तरं ततः पिप्पलीभ्यो मात्रां परिमाणं प्रायेण देशकालादिवशाद्वा मात्रां विकल्प्याऽनंतरं तां मात्रां जर्जरीकृत्य संचूर्ण्य मधुयष्ट्यादीनामन्यतमस्य जले शर्वरीं सकलां रात्रिं वासयेदभिषवनाय। ततोऽनंतरं तं कषायं मृदित-गालितं पूर्वं मृदितं पश्चाद्गालितं वस्त्रपूतं कृत्वा सूत्रोदितेन विधिना श्वोवम्य-मित्यादिग्रन्थोक्तेन पिवेत्। एवं कृते सति तेन साधु वमेत्। अरुणदतः॥

हि० व्या०—मदनफल पिप्पली अन्तर्नखमुष्टि परिमित मात्रा को यवकूटकर मधुयष्टी, कोविदार, कुन्दरु की जड़, कदम्ब की छाल, वेतस, शणपुष्पी, सदापुष्पी, (वनकार्पासी या अर्कपुष्पी), अपामार्ग के जल में रात्रि भर भिगोकर रखना चाहिए। प्रातःकाल मल, छानकर शीतकषाय को विधिपूर्वक सेवन करने से वमन होता है।

वमनद्रव्याणां पेयलेह्यभोज्यातिरूपेण प्रयोगाय संकेतः

वमनद्रव्ययोगानां दिगियं संप्रकीर्तिता।
तान् विभज्य यथाव्याधि कालशक्तिविनिश्चयात्॥
कषायं स्वरसैः कल्कैश्चूर्णैरपि च बुद्धिमान्।
पेयलेह्याद्य भोज्येषु वमनान्युपकल्पयेत्॥
सु० सू० ४३।१०-११

वमनद्रव्येत्यादि। दिगियं संप्रकीर्तितेति इयं दिक् संप्रकीर्तिता कथितेत्यर्थः। तान् वान्तिद्रव्य विकल्पान्, विभज्य पृथक्कृत्य, यथाव्याधि 'वमनान्युपकल्पयेत्' इत्यग्रेतनेन संबन्धः। कस्मात्? कालशक्तिविनिश्चयात्। केषु वमनान्युपकल्पये-दित्याह—पेयलेह्याद्यभोज्येषु। कैः कृत्वा? कषायैरित्यादिभिः। कषायैः शृतशीतफाण्टभेदात्त्रिविधैः, स्वरसैः यन्त्रादिपीडितार्द्र द्रवोत्थैः, कल्कैर्दृषदि पिष्टैः, चूर्णैः शुष्कपेषणाणूकृतावयवैः। अपिशब्दाद्वमनद्रव्यपक्वैः स्नेहैरित्यनुक्तं समुच्चीयते। भोज्यग्रहणान्मोदकोत्कारिका शष्कुली प्रभृतीनां ग्रहणम्। डल्हणः।

कषायैरित्यादि। अत्र कषायशब्देनशृतशीतफाण्टानां ग्रहणं, चूर्णश्च कल्कभेदः, तेन पञ्चापि कल्पनाः स्वरसकल्कशृतशीतफाण्टरूपा गृहीता भवन्ति। पेयादीनां चतुर्विधानामेव विधानान्मोदकोत्कारिकाशष्कुलीप्रभृतीनां तन्त्रान्तरोक्तानाम् सर्वेषामेव ग्रहणम्। यैरपि चात्र प्रयोगप्रपञ्चः कृतश्चरका-दिभिस्तैरप्यस्ति प्रयोगानवस्थानं दर्शितं; यथा—"बहुद्रव्य विकल्पत्वाद् योग

संख्या न विद्यते। स्वबुद्धैवं सहस्राणि कोटीर्वाऽपि प्रकल्पयेत्" (क० अ० १२) इति। तेनायमनतिविस्तरोऽपिदेशश्च विस्तरार्थः कृत इति भावः। चक्रपाणिः।

वमनानां दिगित्येषां सुतरामुपयोगिनां।
बीजेनानेन मतिमानन्यानपि विकल्पयेदिति॥ अ० सं० क० १।३३

इत्यनन्तरोक्तप्रकारेण वमनानां वमनद्रव्याणामेषा दिक् कल्पना मार्गः प्रदर्शितः। किं भूतानामाह। सुतरामुपयोगिनाम्। यथोक्तेन बीजेन युक्त्यान्यानपि वमनादीन् कल्पयेन्मतिमान् प्राज्ञः। अप्राज्ञस्तु शास्त्रानुसारेण ग्रहितुमशक्यत्वात् केवलं व्यापदा योजयतीति। इन्दुः।

हि० व्या०—आचार्य सुश्रुत ने वामक योगों का संक्षिप्त रूप में यहां निर्देश किया है। रोग, काल और रोगी या रोग की शक्ति का निश्चय करके इन वमन द्रव्यों का विभाग कर, कषाय, स्वरस, कल्क, चूर्ण आदि के रूप में पेय, लेह्य, भोज्य द्रव्यों के साथ वमन हेतु बुद्धिमान् वैद्य को प्रयोग कराना चाहिए। आचार्य वाग्भट ने भी इनका ही अनुकरण किया है।

मदनफलप्रयोगाणां संख्या संकेतः

नव योगाः कषायेषु मात्रास्वष्टौ पयोघृते।
पञ्च, फाणितचूर्णे द्वौ, द्रव्ये वर्तिक्रियासुषट्॥
विंशतिर्विंशतिर्लेहमोदकोत्कारिकासु च।
शष्कुलीपूपयोश्चोक्ता योगाः षोडश षोडशः॥
दशान्ये षाडवाद्येषु त्रयस्त्रिंशदिदं शतम्।
योगानां विधिवद्दिष्टं फलकल्पे महर्षिणा॥

च० क० १।२८-३०

हि० व्या०—महर्षि आत्रेय ने १३३ वामक योगों का निर्देश किया है। कषाय के ९ योग, मात्राओं में ८ योग, दूध और घृत में ५ योग, फाणित में एक योग, चूर्ण का एक योग, नस्य का एक योग, वर्तिक्रिया में ६ योग, लेह में २० योग, मोदक में २० योग, शष्कुली के १६ योग, पूप के १६ योग, एवं षाडव के १० योग।

मदनफलमज्जायाः अनुपानभेदेनविविधाः प्रयोग प्रकाराः।

मदनफलमज्जचूर्णं वा तत्क्वाथपरिभावितं मदनफलकषायेण; मदनफलमज्जसिद्धस्य वा पयसः सन्तानिकां क्षौद्रयुक्तां, मदनफलमज्जसिद्धं वा पयः, मदनफलमज्जसिद्धेन वा पयसा यवागूम्, अधोभागासृक्पित्तहृद्दाहयोः; मदनफलमज्जसिद्धस्य वा पयसो दधिभावमुपगतस्य दध्युत्तरं दधि वा कफप्रसेकच्छर्दिमूर्च्छातमकेषु; मदनफलमज्जरसं स्नेहं वा भल्लातकस्नेहवदादायफाणितभूतं लेहयेत्, आतपपरिशुष्कं वा तमेव जीवन्तीकषायेण, पित्तकफस्थानगते; मदनफलमज्जक्वाथं वा पिप्पल्यादिप्रतीवापं, तच्चूर्णं वा निम्बरूपिकाकषाययोरन्यतरेण संतर्पणकफजव्याधिहरं, मदनफलमज्जचूर्णं वा मधूककाश्मर्यद्राक्षाकषायेण।

मदनफलविधानमुक्तम्। सु० सू० ४३।३

मदनफलमज्जसिद्धं क्षीरं दधितां गतं तत्समं वा।
वमनाय कफप्रसेके वमनं कफेषु च प्रयुञ्ज्यात्॥

वङ्गसेन (वमना० २२)

हि० व्या०—(१) मदनफलमज्ज चूर्ण को मदनफलक्वाथ की भावना देकर मदनफलक्वाथ के अनुपान से प्रयोग करना चाहिए।

(२) मदनफल की मज्जा से सिद्ध दूध की मलाई को शहद में मिलाकर प्रयोग करना चाहिए।

(३) मदनफल की मज्जा से सिद्ध दुग्ध पिलाकर वमन कराना चाहिए।

(४) मदनफल मज्जा से सिद्ध दुग्ध में यवागू बनाकर अधोग रक्तपित्त और हृदयदाह में प्रयोगकरना चाहिए।

(५) कफ निकलने, वमन मूर्च्छा और तमक श्वास की स्थिति में मदन फलमज्जा से सिद्ध दुग्ध का दही जमाकर उसका पानी या दही का प्रयोग करना चाहिए।

(६) भिलावे की तरह मदनफल मज्जा का तेल या स्वरस निकालकर पकाकर गाढ़ा करके चटाना चाहिए।

(७) पित्त के अनुबन्ध में धूप में सूखे हुए मदनफल की मज्जा के चूर्ण को जीवन्तीकषाय के साथ पिलाना चाहिए।

(८) मदनफल की मज्जा के क्वाथ में पिप्पल्यादिगण की औषधियों का चूर्ण, निम्ब तथा आक के क्वाथ मिलाकर पिलाने से सन्तर्पणजन्य तथा कफजन्यरोग दूर हो जाते हैं।

(९) मदनफलमज्जा के चूर्ण को मुलेठी, गम्भारी और द्राक्षा इनके क्वाथ के साथ पिलाना चाहिए।

षाडवराग इत्यादिभेदेन फलपिप्पली प्रयोग संकेतः।

बदरषाडवरागलेहमोदकोत्कारिकातर्पणपानकमांसरसयूषमद्यानां मदनफलान्यतमेनोपसंसृज्य यथादोषरोगभक्ति दद्यात्; तैः साधुवमतीति॥

च० क० १।२६

मदनफलप्रयोग विविध कल्पना

(१) बेर का षाडव, (२) राग, (३) अवलेह, (४) मोदक, (५) उत्कारिका, (६) तर्पण, (७) पानक, (८) मांसरस, (९) यूष, (१०) मद्य इनमें से किसी एक में मदनफल पिप्पली के चूर्ण को मिलाकर दोष, रोग तथा रोगी के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। इससे भली भाँति वमन होता है।

रक्तपित्तहृद्दाहे च फलपिप्पली प्रयोगः।

फलपिप्पलीक्षीरं तेन वा क्षीरयवागूमधोभागे रक्तपित्ते हृद्दाहे च; तज्जस्य वा दध्न उत्तरकं कफच्छर्दितमकप्रसेकेषु तस्य वा पयसः शीतस्य सन्तानिका-

ञ्जलि पित्ते प्रकुपिते उरः कण्ठहृदये च तनुकफोपदिग्धे;

च० क० १।१७

फलपिप्पल्या क्षीरपाकविधिना साधितं क्षीरं फलपिप्पली क्षीरं। अयमेको योगः। तेनेति फलपिप्पलीसाधितक्षीरेण। तज्जस्येति फलपिप्पलीक्षीरजातस्य दध्नः। उत्तरकमिति सरम्। सन्तानिका क्षीरोपरिस्थः स्त्यानोभागः। चक्रपाणिः।

मदनफलमज्जसिद्धं वा पयस्तस्मिन्वा यवागूमधो भागे रक्तपित्ते हृद्दाहे च। तस्य वा पयसः शीतस्य सन्तानिकांऽजलि पित्ते प्रकुपिते उरः कण्ठहृदये च तनुकफोपदिग्धे॥ तज्जं वा दधि दध्युत्तरं वा कफच्छर्दिप्रसेकतमकेषु॥

अ० स० क० १।६

हृद्दाहेऽधोस्रपित्ते च क्षीरं तत्पिप्पली भृतम्।
क्षीरेयीं वा ... ... ॥
... ... कफच्छर्दितमकेषु तु।
दध्युत्तरं वा दधि वा तच्छृत क्षीरसम्भवम्॥

अ० हृ० क० १।१२-१३

पयो यवागूश्चाधोगास्रपित्तहृद्दाहयोः। तस्मिन्निति फलपिप्पलीसिद्धे पयसि सिद्धा यवागूम्। तस्येति पिप्पलीसिद्धस्य पयसः। सन्तानिकां शीतस्य क्षीरस्योपरिजालिकां ततः अञ्जलि चत्वारि पलानि। पित्ते प्रकुपिते उरः प्रभृतौ च तनुना कफेनोपदिग्धे समन्ताल्लिप्ते तज्जं क्षीरजं दध्युत्तरं सरः एवं कफच्छर्द्यादिषु। इन्दुः।

हृदयदाहेऽधोगे रक्तपित्तेः तस्य मदनस्य फलपिप्पलीभिः क्वथितं क्षीरं क्षीरेयीं वा पिबेत्। तन्त्रान्तरे च 'द्रव्यादष्टगुणं क्षीरं क्षीरात्तोयं चतुर्गुणम्। क्षीरावशेष कर्तव्यः क्षीरपाके त्वयं विधिरिति॥' अरुणदत्तः।

रक्तपित्त एवं हृदयदाह रोग में मदनफलपिप्पली प्रयोग

हि० व्या०—(१) मदनफलपिप्पली क्षीर तथा उससे साधित यवागू का अधोग रक्तपित्त या हृदयदाह में प्रयोग करना चाहिए।

(२) फलपिप्पली क्षीर से प्रस्तुत दधि की मलाई को कफज छर्दि, तमक श्वास और कफ प्रसेक में प्रयोग करना चाहिए।

(३) शीतल फल पिप्पली क्षीर की सन्तानिका या मलाई एक अञ्जलि (चार पल) प्रमाण में पित्तप्रकोप या उरः कण्ठ और हृदय में कफोपलेप में प्रयोग करना चाहिए।

बलवत् श्लेष्मप्रसेकग्रन्थिज्वरादिषु प्रयोज्य फलपिप्पलीनां विशेष योगः

फलपिप्पलीनां द्वौ द्वौ भागौ कोविदारादिकषायेण त्रिः सप्तकृत्वः स्रावयेत्, तेन रसेन तृतीयं भागं पिष्ट्वा मात्रां हरीतकीभिर्बिभीतकैरामलैर्वा तुल्यां वर्तयेत्, तासामेकां द्वे वा पूर्वोक्तानां कषायाणामन्यतमस्याञ्जलिमात्रेण विमृद्य

बलवच्छ्लेष्मप्रसेकग्रन्थिज्वरोदरारुचिषु पाययेदिति।

च० क० १।१६

फलपिप्पलीनां द्वौ भागावित्यादौ फलपिप्पलीनां भागत्रयं कर्तव्यं। तत्र भाग द्वयं षड्गुणेन कोविदारकषायेण क्षारपरिस्रावणविधिवदेकविंशति वारान् परिस्रावणीयम्। कोविदारादीनां चाष्टानामष्टौ कषायाः पृथक् परिस्रावणे प्रयोक्तव्याः। येन च कषायेण फलपिप्पली भागद्वयं परिस्राव्य हरीतक्यादिपरिमाणा मात्रा तृतीय भागफलपिप्पलीकल्कस्य क्रियते तेनैव कषायेण मात्रा योगः; एवमष्टौ हरीतक्यादिमात्रया निर्दिष्टाः फलपिप्पली योगा भवन्ति। मात्रा विकल्पश्च दोषबलादिविकल्पकृतो ज्ञेयः। चक्रपाणिः।

फलपिप्पलीचूर्णं वा स्वक्वाथभावितं त्रिभाग त्रिफलाचूर्णं कोविदारादि निर्यूहेण बलवत्कफप्रसेकापच्यर्बुद ग्रन्थिज्वरोदरारोचकेषु पिबेत्॥

अ० सं० क० १।४

बल्वत्कफादिषु फलपिप्पलीनां चूर्णं स्वेन वचाक्वाथेनैव भावितमनन्तरोक्त कोविदाराद्यन्यतमनिर्यूहेण पिबेत्। इन्दुः।

मदनफलपिप्पली विविध प्रयोगविधि

फलपिप्पली के दो भाग कल्क, रक्त कांचनार आदि आठ द्रव्यों के अलग-अलग क्वाथ को २१ वार कपड़े से छानकर इस क्वाथ में मदनफल पिप्पली के तीसरे भाग को पीसकर हरीतकी, विभीतक या आँवले के समान वटी बना कर रक्त कांचनार के क्वाथ एक अञ्जलि (४ पल) में एक या दो वटी मर्दन कर, तीव्र कफ प्रसेक, ग्रन्थिज्वर, उदर रोग और अरुचि रोगों में पिलाना चाहिए।

श्लेष्मज्वरादि रोगादिविशेषेषु वामकौषध प्रयोगः

विशेषेण श्लेष्मज्वरप्रतिश्यायान्तर्विद्रधिषु; अप्रवर्तमाने वा दोषे पिप्पलीवचागौरसर्षपकल्कोन्मिश्रैः सलवणैरुष्णाम्बुभिः पुनः पुनः प्रवर्तयेदासम्यग्वान्तलक्षणादिति॥

सु० सू० ४३।३

विशेषेणेति वचनात् सर्ववामनीयविषयतां चास्य विधेर्दर्शयति। एषु च वमनप्रयोगेषु वक्ष्यमाणेषु च पूर्वकर्म स्नेहादि, उत्तरकर्म च पेयादि चिकित्सा-वक्ष्यमाणं सर्वं योजनीयम्। वमनयोगे विधानमाह अप्रवर्तमानेवेत्यादि। प्रवर्तयेदिति यथोक्तमम्बु पीत्वा पुनः पुनर्वमेत्। असम्यग्वान्तिलक्षणादिति 'पित्ते कफस्यानुसुखं प्रवृत्ते (चि० अ० ३३) इत्यादिना वक्ष्यमाणसम्यग्वान्तिलिङ्ग-दर्शनं यावत्। चक्रपाणिः॥

हि० व्या०—कफजन्यज्वर प्रतिश्याय तथा अन्तर्विद्रधि में एवं दोष के बाहर न निकलने पर पीपल, वचा और श्वेत सरसों के कल्क में नमक मिला कर सुखोष्ण जल को, सम्यग् वमन होने तक बार-बार पिलाना चाहिए।

कफाभिभूताग्नौ शुष्कदेहे च प्रयोज्यफलपिप्पली योगः

फलपिप्पलीभृतक्षीरान्नवनीतमुत्पन्नं फलादिकल्ककषायसिद्धं कफाभिभूताग्निविशुष्यद्देहं च मात्रया पाययेदिति ।

च० क० १।१८

फलादीनि फलजीमूतकेक्ष्वाकुधामार्गवकुटजकृतवेधनानि षट् । एते क्षीरयोग चतुष्टयेन घृतयोगेन च समं पञ्चयोगा अध्यायसंग्रहेवक्तव्याः । चक्रपाणिः ।

तस्माद्वा पयसो नवनीतमुत्पन्नं फलादिषट्क्वाथेन फलषट्कचूर्णोन्मिश्रेण सिद्धं कफाभिभूतेऽग्नौ शुष्यच्छरीरे च ॥

अ० सं० क० १।७

फलादिक्वाथकल्काभ्यां सिद्धं तत्सिद्ध दुग्धजम् ।
सर्पिः कफाभिभूतेऽग्नौ शुष्यद्देहे च वामनम् ॥

अ० हृ० क० १।१४

हि० व्या०—मदनफलपिप्पली से सिद्ध दूध से मक्खन निकालकर उसमें मदनफल, जीमूतक, इक्ष्वाकु, धामार्गव, कुटज, कृतवेधन इन छः द्रव्यों के क्वाथ और कल्क से घृत पाक करना चाहिए । इस घृत का प्रयोग कफवृद्धि से जिन व्यक्तियों की अग्नि मन्द हो गई हो और शरीर सूख गया हो उन्हें बल और मात्रा के अनुसार वमन हेतु पिलाना चाहिए ।

पित्ते कफस्थानगते वामक फलपिप्पली योगः

फलपिप्पलीनां भल्लातकविधिपरिस्रुतं स्वरसं पक्त्वा फाणितीभूतमातन्तुलीभावाल्लेहयेत्; आतपशुष्कं वा चूर्णीकृतं जीमूतकादिकषायेण पित्ते कफस्थानगते पाययेदिति ।

च० क० १।२०

भल्लातकविधिस्रुतमिति रसायनोक्त भल्लातकस्नेहग्रहणविधानेन परिस्रुतः स्वरसो ग्राह्यः । फाणितयोगोऽयमेकः । आतपशुष्कं वेत्यादिना चूर्णयोगोऽप्येकः । चक्रपाणिः ।

फलपिप्पलीनां वा भल्लातकविधिभृतं स्वरसमादर्वी प्रलेपात्पक्त्वा लेहयेत् । अन्नपानेषु वा तं लेहमवचारयेत् तत्कषायैरेव चान्नपानानि कल्पयेत् ।

अ० सं० क० १।१५

रसायनोक्त भल्लातकस्रावणविधिना परिस्रुतं फलपिप्पली स्वरसं दर्वीलेपं यावत् तावत् पक्त्वा लेहयेत् । अथवा तं लेहमन्नपानेषु योजयेत् कषायैर्मदनफलपिप्पलीकषायैरन्नपानानि कल्पयेत् । इन्दुः ।

मदनफलमज्जाचूर्णं वा जीमूतकादि निर्यूहेण पित्ते कफस्थानगते ।

अ० सं० क० १।५

जीमूतादीत्यादि ग्रहणेनैव प्रथमसुक्तानामिक्ष्वाक्वादीनां चतुर्णां परिग्रहः । तच्च चूर्णं जीमूतादिनिर्यूहेण कफस्थानगते पित्ते पिबेत् । इन्दुः ।

स्वरसं फलमज्ज्ञो वा भल्लातकविधिभृतम् ।
आदर्वीलेपनात्सिद्धं लोढ्वा प्रच्छर्दयेत्सुखम् ॥
तं लेहं भक्ष्यभोज्येषु तत्कषायांश्च योजयेत् ॥

अ० हृ० क० १।१५-१६

फलमज्ज्ञो वा स्वरसं भल्लातकविधानेन भृतं दर्वी लेपं यावत्पक्त्वा लीढ्वा सुखेन वमेत् । तं च लेहं भक्ष्यादिषु तथा तस्य मदनफलस्य कषायान्योजयेत् । अरुणदत्तः ।

मदनफलस्वरस प्रयोग—

हि० व्या०—१. रसायनप्रकरण (चरक चि०) में निर्दिष्ट भल्लातक विधि से मदनफलपिप्पली का स्वरस निकालकर उसे पकाना चाहिए । पककर जब राब के समान घन हो जाए तो उसे उतारकर शीतल होने पर रोगी को चाटने के लिए देना चाहिए ।

२. अथवा मदनफल पिप्पली को आतप शुष्क कर चूर्ण तैयार करना चाहिए । इस चूर्ण का जीमूतकादि के क्वाथ से सेवन करना चाहिए ।

उपरोक्त योगों से कफस्थान में गया हुआ पित्त वमन द्वारा बाहर निकल जाता है । कुछ आचार्यों ने इस योग में मधु एवं सैंधा नमक मिलाने का निर्देश किया है । आचार्य वाग्भट ने मदनफलमज्जा चूर्ण का ही निर्देश किया है ।

फलपिप्पली चूर्णं वा क्वाथेन स्वेन भावितम् ।
त्रिभागत्रिफलाचूर्णं कोविदारादिवारिणा ॥
पिबेज्ज्वरारुचिछर्दिवं ग्रन्थपच्यर्बुदोदरी ।
पित्ते कफस्थानगते जीमूतादि जलेन तत् ॥

अ० हृ० क० १।१०-१२

हि० व्या०—मदनफल के बीजों के चूर्ण को मदनफल के क्वाथ से भावित कर उसमें तीन भाग त्रिफला चूर्ण मिलाकर, कोविदार आदि किसी एक द्रव्य के क्वाथ के अनुपान से सेवन करना चाहिए । ज्वर, अरुचि, ग्रन्थि, अपची, अर्बुद तथा उदर रोगों में इस योग से वमन कराना चाहिए । पित्त के कफ स्थान में चले जाने पर जीमूतक कषाय के अनुपान से प्रयोग करना चाहिए ।

मदनक्वाथस्य सर्वश्लेष्मव्याधिहरत्वम् ।

फलमज्जक्वाथं वा वत्सकादिप्रतीवापं निंबार्कान्यतरकषायोपसर्जनं संतर्पणोत्थ सर्वश्लेष्म व्याधिहरम् । अ० सं० क० १।१२

वत्सकादिप्रतीवापः कषायः फलमज्जजः ।
निम्बार्कान्यतरक्वाथसमायुक्तो नियच्छति ॥

बद्धमूलानपि व्याधीन्सर्वान्संतर्पणोद्भवान् ।

अ० हृ० क० १।१६-१७

हि० व्या०—मदनफल के मज्जा या बीज (पिप्पली) का कषाय, वत्सकादिगण (सु० सू० ३८) की औषधियों का कल्क मिलाकर निम्ब की छाल या अर्कपूल छाल के क्वाथ से पीना चाहिए। इससे वमन हो जाता है तथा यह सन्तर्पण से उत्पन्न श्लेष्म व्याधियों को नष्ट करता है।

सुकुमाराणां कृते वामको गन्ध योगः

फलपिप्पलीनां फलादिकषायेण त्रिः सप्तकृत्व सुपरिभावितेन पुष्परजः प्रकाशेन चूर्णेन सरसि संजातं बृहत्सरोरुहं सायाह्ने ऽवचूर्णयेत्, तद्रात्रिव्युषितं प्रभाते पुनरवचूर्णितमुद्धृत्य हरिद्राकृसरक्षीरयवागूनामन्यतमं सन्धवगुडफाणित-युक्तमाकण्ठं पीतवन्तमाघ्रापयेत् सुकुमारमुत्क्लिष्टपित्तकफमौषधद्वेषिणमिति ।

च० क० १।१६

फलपिप्पलीनां फलादिकषायेत्यादिना एकं घ्रेययोगमाह । पुष्परजः प्रकाशेनेति पुष्पधूलिसदृशेन । हरिद्राप्रधानः कृशरो हरिद्राकृशरः । चक्रपाणिः ।

.....फलपिप्पलीनां वमनद्रव्यकषायपरिपीतानां बहुशश्चूर्णमुत्पलादिषु दत्तमाघ्रातं वामयति, तत्त्वनवबद्धदोषेषु यवागूमाकण्ठात्पीतवत्सु च विदध्यात् । वमनविरेचनशिरोविरेचनद्रव्याण्येवं वा प्रधानतमानि भवन्ति ।

सू०सू०४३।६

परिपीतानामिति भावितानाम् । उत्पलादिष्विति आदिग्रहणाद्रक्तोत्पलकुमुदपुण्डरीकसौगन्धिकानि गृह्यन्ते । तस्य प्रयोगविशेषस्य विषयं दर्शयन्नाह-तत्त्वित्यादि । तत्तु प्रागुक्तं चूर्णविदध्यादिति संबन्धं । केषु ? अनवबद्धदोषेषु पुरुषेष्वित्यर्थः । पुनरपि किं विशिष्टेषु ? यवागूमाकण्ठात् पीतवत्सु च ।

डल्हणः ।

वमनद्रव्यकषायपरिपीतानां मदनफलादिकषायभावितानाम्, चूर्णमुत्पलादिषु दत्तं विकीर्णमित्यर्थः । न चैतन्मृदुवीर्य्यत्वात्शाश्वत्कार्यकरं भवतीत्यतो विशिनष्टि तदित्यादिना । तत् उत्पलादिषु दत्तं चूर्णं, अनवबद्ध दोषेषु उत्कृष्ट दोषेषु इत्यर्थः । अत्र जिज्ञास्यं किन्नु खलु भगवन् द्रव्यस्वरूपसंयोगं हित्वा तत्कषायेण भावयितुमभीप्सन्त्याचार्य्याः, न हि द्रव्यात्कषायो गुणवत्तरइति वक्तुं युक्तमित्याह वमनेत्यादि । वमनादिद्रव्याण्येवं कषायभावनयैव प्रधानतमानि विशेषेण गुणवन्ति भवन्ति, द्रव्यशक्तेरचिन्त्यत्ववदिति भावः । वाशब्दोऽवधारणार्थः । तथा चाह दृढबलः "भूयश्चैषां बलाधानं कार्यं स्वरसभावनैः । सुभावितं ह्यल्पमपि द्रव्यं स्याद्बहुकर्मकृत् । हारीतश्च० ।

फलपिप्पलीनां वा फलादिनियूहेणैकविंशतिकृत्वः भावितानां कुसुमरजः प्रकाशेन चूर्णेनावचूर्णयेत् सरसि सरोरुहे बृहत्सायाह्ने तद्रात्रिमुषितं प्रभाते पुनरुपचूर्णितमुद्धृत्य हरिद्राकृशराक्षीरयवागूनामन्यतमं सैन्धवगुडफणितोपेतमा-

कण्ठं पीतवानुपजिघ्रन् सुकुमारः समुचितगन्धसंपदुत्क्लिष्टकफपित्तौ भेषजद्वेषी च तथा सुखेनच्छर्दयति । अ० सं०क० १।१३

फलादिप्रधानषट्कक्वाथभावितानां फल पिप्पलीनां चूर्णेन सरसि स्थितं सरोरुहं पद्मादि सायाह्ने ऽवचूर्णयेत् तत् सरसीरुहं रात्रिमुषितं प्रभाते पुनरवचूर्णितं सरस उद्धृत्य सुकुमारः भेषजद्वेषी च पुरुषो जिघ्रतु वा तथा हि सुखेन छर्दयति । किंभूतं आह । हरिद्रादीनामन्यतमं सैन्धवाद्युपेतमाकण्ठं पीतवान् । समुचितः अभ्यस्त सुरभिगंन्ध सम्पद्यस्य । कुसुमरजः पुष्परागः । भेषजद्वेषी यो नरः भेषजं द्वेष्टि । इन्दुः ।

राठपुष्पफलश्लक्ष्ण चूर्णैर्माल्यं सुरक्षितम् ।
वमेन्मंडरसादीनां तृप्तो जिघ्रन् सुखं सुखी ॥
एवमेवफलाभावे कल्प्यं पुष्पं शलाटु वा ।

अ० हृ० क० १।१७

हि० व्या०—मदनफल की पिप्पली को कूटकर चूर्ण तैयार करें। चूर्ण पुष्पराग सदृश मसृण होना चाहिए। जीमूतकादिकषाय की २१ भावना देकर शुष्क करें। इस चूर्ण को तालाब में खिले हुए कमल पुष्प पर छिड़क दें। प्रातःकाल उस चूर्ण को उतार लें। रोगी को हल्दी, कृशरा, दूध, यवागू इनमें से किसी एक की, जिसमें सैंधानमक, गुड़ और फाणित मिलाहो, आकण्ठ पिला दें तत्पश्चात् उपरोक्त चूर्ण को सूंघने के लिए दें। यह घ्रेय योग है। इसके आघ्राण से वमन होकर कफपित्तज रोग दूर हो जाते हैं। यह योग विशेषतया सुकुमार व्यक्तियों के लिये है। जो औषध ग्रहण करने में किसी कारण से असमर्थ हो उन्हें भी प्रयोग कराया जा सकता है। आचार्य वाग्भट के अनुसार मदनफल के अभाव में (सुपक्व फलों के अभाव में) कच्चे फलों का भी व्यवहार किया जा सकता है।

बालवृद्ध सुकुमाराणां कृते निरुपद्रवः वामक योगः ।

तत्र सुकुमारं कृशं, बालं, वृद्धं भीरुं वा वमन साध्येषु विकारेषु क्षीरदधितक्र यवागूनामन्यतमेनाकण्ठं पाययित्वा वामयेत् । वङ्गसेन वमना० २१

हि० व्या०—सुकुमार, कृश, बालक, वृद्ध और भयभीत इनको यदि वमन कराना हो और रोग वमन साध्य हो तो दूध, दही, तक्र और यवागू इनमें से किसी एक को कंठपर्यन्त पान कराकर वमन कराना चाहिए।

वामक शष्कुलीकल्प पूपकल्पश्च ।

फलपिप्पलीस्वरसकषायपरिभावितानि तिलशालितण्डुलपिष्टानि तत्कषायोपसृष्टानि शष्कुलीकल्पेन वा शष्कुल्यः पूपकल्पेन वा पूपा इति ।

च० क० १।२४

फलपिप्पलीस्वरसकषायपरिपीतैर्वा तिलशालितंदुलपिष्टैस्तत्कषायोपसृष्टैः

सुरसादि द्रव्यान्यतमनिर्यूहोपसृष्टैर्वा शष्कुलीरपूपानन्यं वा भक्ष्यं साधयित्वा भक्षयेत् ।

अ० सं० क० १।१०

फलपिप्पलीस्वरसेनेत्यादिना शष्कुल्यपूपयोः पृथगेको योगः । एतेनैव च कल्पेनेत्यादिना सुमुखादिपञ्चदशद्रव्यकषायेण पृथक् शष्कुल्यपूपयोः करणात् पञ्चदश योगा भवन्ति । एवं मिलित्वा शष्कुलीपूपयोः पृथक् षोडश योगा भवन्ति ।

चक्रपाणिः ।

तिलानां शालितण्डुलानां च पिष्टैश्चूर्णैः फलपिप्पलीकषायपरिपीतैः तत्स्वरसपरिपीतैश्च फलपिप्पलीकषायेणैव संसृष्टैः सुरसादिगण स्यान्यतमद्रव्य-कषायेणोपसंसृष्टैः शष्कुल्यादीन् साधयित्वा वमनार्थं भक्षयेत् । कषायपरिपीतैः कषायभावितैरनेकशः । इन्दुः ।

एतेनैव च कल्पेन सुमुखसुरसकुठेरकाण्डरिकालमालकपर्णासकक्षवक[1] फणि-ज्झकगृञ्जनकासमर्दभृङ्गराजानां पोटेक्षुवालिकाकालङ्कतकदण्डैरकाणां चान्यत-मस्य कषायेण कारयेत् ॥

च० क० १।२५

हि० व्या०—तिलचूर्ण और शालि चावलों के आटे को मदनफल पिप्पली कषाय या स्वरस की भावना देकर शष्कुली (कचौड़ी) या अपूप (पूए) बना लें । इनमें मधु और घृत मिलाना आवश्यक है । इस योग से भी वमन होकर दोष का निर्हरण होता है । इसके साथ चरक ने एक और योग की कल्पना की है—पूर्वोक्त योग में—सुमुख (जङ्गली तुलसी), सुरसा (तुलसी), कुठेरक (छोटे पत्र की श्वेत तुलसी), काण्डेरी (नागदन्ती), कालमालक (छोटे पत्तें की काली तुलसी), पर्णासक (काली तुलसी), क्षवक (हौचिया-नकछिकनी-अथवा राई), फणिज्झक (गन्ध तुलसी), गृञ्जन (शलगम-पलाण्डु भेद अथवा गाजर), कासमर्द (कसौंदी) भांगरा, पोटा (इक्षुगन्ध या काश), इक्षुवालिका (इक्षुभेद) कालङ्कतक (कासमर्द), दण्डैरक (तृणविशेष), इनमें से किसी एक के क्वाथ से शष्कुली और अपूप तैयार करें ।

आचार्य वाग्भट के अनुसार तिल और शालि चावल के आटे को मदन-फलपिप्पली कषाय की भावना देकर उपरोक्त द्रव्यों में से किसी एक द्रव्य के कषाय में घोलकर शष्कुली या अपूप तैयार करके खिलाना चाहिए । इससे वमन होकर दोष का निर्हरण हो जाता है ।

वामकफलपिप्पली गुटिका निर्माण प्रकारः ।

फलपिप्पलीचूर्णानि पूर्ववत् फलादीनां षण्णामन्यतमकषायस्तानि वर्ति-क्रियाः फलादिकषायोपसर्जनाः पेया इति ।

च० क० १।२१

फलादिषट्कषायभेदेन कृतत्वात् षड्वर्तिकप्रयोगा ज्ञेयाः । वर्तिक्रियाय चतुर्गुणेन क्वाथेन पाकाद्वर्त्याकारता कर्तव्या । अत्रापि च तथा लेहादौ च

१. क्षवक = रक्त सर्षप, कृष्ण सर्षप, राकमास, शिग्रु, श्वेत अपामार्ग ।

सामान्योक्तेन मधुप्रक्षेपो युक्तः; तं चैके मधुनः पाकविरोधान्नानुमन्यन्ते ॥

चक्रपाणिः ।

हि० व्या० - मदनफल वर्ति या गुटिका निर्माण विधि—मदनफल की पिप्पली का चूर्ण जीमूतकादि क्वाथ में छान-घोंटकर वर्ति या गुटिका बनाकर जीमूतकादि क्वाथ से वमन हेतु खिलाना चाहिए ।

वामकफलपिप्पली अवलेहयोगः ।

फलपिप्पलीनामारग्वधवृक्षकस्वादुकण्टकपाठापाटलाशार्ङ्गेष्टामूर्वासप्तपर्णन-क्तपिचुमर्दपटोलसुषवीगुडूचीसोमवल्क द्वीपिकानां पिप्पलीपिप्पलीमूलहस्ति-पिप्पलीचित्रकशृङ्गवेराणां चान्यतमकषायेण सिद्धो लेह इति । च० क० १।२२

आरग्वधादिविंशतिद्रव्यक्वाथभेदेन कृतत्वाद्विंशतिर्लेहा ज्ञेयाः । वृक्षकः कुटजः, स्वादुकण्टको विकङ्कतः, शार्ङ्गेष्टा गुञ्जा, सुषवी कारवेल्लकं, द्वीपिका हिंस्रा, कण्टकारीत्यन्ये । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—मदनफल के बीस अवलेह योग—मदनफलपिप्पली (१) अमलतास की गुद्दी, (२) कुटजत्वक्, (३) विकंकत, (४) पाठा, (५) पाटला, (६) शार्ङ्गेष्टा (गुंजा), (७) मूर्वा, (८) सप्तपर्ण, (९) करंज, (१०) नीम की छाल, (११) पटोलपत्र, (१२) सुषवी (करेला), (१३) गुडूची, (१४) सोमवल्क (सफेद खैर), (१५) द्वीपिका (भटकटैया), (१६) पिप्पली, (१७) पिपलीमूल, (१८) गजपिप्पली, (१९) चित्रक, (२०) अदरख, इन बीस द्रव्यों में किसी भी एक द्रव्य के क्वाथ में पकाकर अवलेह तैयार करे । रोगी को वमन विधि के अनुसार चाटने के लिए दें । इससे वमन होकर दोष का निर्हरण हो जाएगा ।

फलमज्जाचूर्णमिश्रेण वाऽऽरग्वधादि द्रव्याणां घोंटाभूनिंबवाणवर्ज्यानां ससोमवल्कपञ्चकोलकानामन्यतमस्य निर्यूहेणसाधितं लेहपमुयुञ्जीत ॥

अं०सं०क० १।८

कफाभिभूताग्निशुष्यद्धेरारग्वधादिगणद्रव्याणां निर्यूहेण क्वाथेन फलपिप्पलीचूर्णमिश्रेण साधितं लेहमुपयुञ्जीत । घोण्टाया भूनिम्बस्य वाणस्य चारग्वधादितो निष्कृष्य प्रतिवेधः । घोण्टा गोपघोण्टः । भूनिम्बः किराततिक्तः । वाणः सहचरः । इन्दुः ।

उत्कारिका, मोदकरूपेण फलपिप्पली प्रयोगः ।

फलपिप्पलीश्वेलाहरेणुकाशतपुष्पाकुस्तुम्बुरुतगरकुष्ठत्वक्चोरकमरुवकागुरु - गुग्गुल्वेलवालुकश्रीवेष्टकपरिपेलवमांशी शैलेयकस्थौणेयकसरलपारावतपद्मशोक-रोहिणीनां विंशतेरन्यतमस्य कषायेण साधितोत्कारिका उत्कारिकाकल्पेन, मोदक वा मोदककल्पेन यथादोषरोगभक्तिप्रयोज्या इति । च० क० १।२३

उत्कारिका मोदकाश्च प्रत्येकं विंशतिः चोरको गन्धद्रव्यं स्वनामख्यातं, परिपेलवं कैवर्तमुस्तकं, स्थौणेयको ग्रन्थिपर्णकं, पारावतपदी ज्योतिष्मती,

अशोकरोहिणी अशोकसदृशपत्रलता, कटुरोहिणीत्यन्ये । केचिदत्र स्थौणेयकं परित्यज्यापाकीपाद्या विंशति पूरयन्ति, अपाकीपादी स्वनामख्याता । उत्कारिकाकल्पेनेति सूदशास्त्रोक्तोत्कारिका विधानेन । चक्रपाणिः ।

फलमज्जचूर्णमिश्रेण वा रेणुकैलाशताह्वाकुस्तुंबरुतगरकुष्टत्वक्कोरकमरुबकागुरुगुग्गुलुवालकश्लेष्टकपरिपेलवांशीशैलेयकस्थौणेयकसुरसापालेवतपूत्यशोकरोहिणीनां द्वाविंशतेरन्यतरस्य कषायेण साधितानुत्कारिकां मोदकं वा भक्षयेत् ।

अ० सं० क० १।६

क्षये विषये रेणुकादीनां द्वाविंशतेरन्यतमस्य कषायेण दोषाद्यपेक्षया फलपिप्पलीचूर्णोत्कारिकां मोदकं वा भक्षयेत् । उत्कारिका स्विन्नपिष्टपिण्डी । रेणुका हरेणुः । शतह्वा शतपुष्पा । कुस्तुम्बरु धान्यकफलं । शैलेयम् शिलापुष्पं शुकपुच्छं शुकबर्हं स्थौणेयं तैलपीतकम् । पूती करञ्जः । अशोकः प्रसिद्धः । रोहिणी कटुका । श्रीवेष्टको वायसको दधिश्यावश्च शब्दितः । इन्दुः ॥

मदनफलसाधित उत्कारिका या मोदक योग –

हि० व्या०—मदनफलपिप्पली—(१) इलायची, (२) हरीतकी, (३) सौंफ, (४) धनियाँ, (५) तगर, (६) कूठ, (७) दालचीनी, (८) चोरपुष्पी, (९) मरुवा, (१०) अगर, (११) गुग्गुलु, (१२) एलुआ, गंधविरोजा, (१४) केवटीमोथा, (१५) जटामांसी, (१६) छड़ीला, (१७) पठिवन, (१८) धूप, (१९) मालकांगनी, (२०) कुटकी । इन बीस द्रव्यों में से किसी एक द्रव्य के क्वाथ में पकाकर उत्कारिका या मोदक बनाकर दोष व रोग के अनुसार प्रयोग करना चाहिए । अष्टाङ्ग सङ्ग्रह में २२ द्रव्यों का वर्णन मिलता है जिनमें सुरसा की चरक से अधिक गणना की है तथा अशोक रोहिणी को चरक ने एक ही द्रव्य माना है किन्तु इन्दुकर ने दो द्रव्यों में गणना की है इस प्रकार २२ द्रव्यों के, उत्कारिका तथा मोदक के २२ योग हो जाते हैं ।

वामक द्रव्येषु कृतवेधन प्रयोगः ।

कृतवेधन नामानि प्रयोगयोग्याः रोगाश्च

क्ष्वेडः कोशातकी चोक्तं मृदङ्गफलमेव च ।
अत्यर्थं कटुतीक्ष्णोष्णं [1]गाढेष्विष्टं गदेषु च ॥
कुष्ठपाण्ड्वामयप्लीहशोफगुल्मगरादिषु ॥ च० क० ६।३-४

कृतवेधनमत्यर्थकटुतीक्ष्णोष्णं सुतरां गरोदरगुल्मप्लीहपाण्डूरोगश्वयथुषु कल्पयेत् ।

अ० सं० क० १।२५

क्ष्वेडोऽतिकटु तीक्ष्णोष्णः प्रगाढेषु प्रशस्यते
कुष्ठपांड्वामयप्लीहशोफगुल्मगरादिषु ॥ अ० हृ० क० १।४१

१. गाढेष्वित्यत्यर्थगाढेषु कुष्ठादिषु । चक्रपाणिः ।

कृतवेधनमत्यर्थं कट्वादि गुणत्वात् गुल्मोदरादिषु सुतरां कल्पयेत् कृतवेधनं कोशातकी । कोशातकी कृतच्छिद्रा जालिनी कृतवेधनी । क्ष्वेडा सुतिक्ता घण्टोली मृदङ्गफलिका मता ॥ इन्दुः ।

कृतवेधन के पर्यायवाची नाम एवं गुण

हि० व्या०—क्ष्वेड, कोशातकी और मृदङ्गफल ये कृतवेधन के पर्यायवाची नाम है । हिन्दी में इसे कड़वी तरोई के नाम से जाना जाता है ।

गुण—यह अतिकटु, तीक्ष्ण और उष्णवीर्य होता है । इसका प्रयोग कुष्ठ रोग, पाण्डु रोग, प्लीहा वृद्धि, शोथ रोग, गुल्म रोग और गरविष (कृत्रिमविष) से पीड़ित रोगियों में किया जाता है ।

कृतवेधन प्रयोगाणां संख्याः (जीमूतकप्रयोग संख्या समानम् ।)

क्षीरादि कुसुमादीनां सुरा चैतेषु पूर्ववत् । च० क० ६।५ (क)

क्षीरादीत्यादिना क्षीरयोगा उच्यन्ते । क्षीरयोगचतुष्टयं मदिरायोगं च जीमूतककल्पविधानातिदेशेनाह । क्षीरादिशब्देन क्षीरकृतपेया क्षीरसन्तानिकाद्युत्तराणां ग्रहणम् । एते च संग्रहेऽक्षीररूपा अपि क्षीरविकारतया क्षीरशब्देनैव गृहीताः 'क्षीरे द्वौ द्वौ' इति वचनेन । कुसुमादीनामिति कृतवेधनस्य पुष्पादीनां 'पयः पुष्पेऽस्य निर्वृत्तं फले पेया पयस्कृता । लोमशे क्षीरसंतानं दध्युत्तरमलोमशे' (क० अ० २) इति जीमूतक विधानोक्तानाम् । सुरा चैतेषु पूर्ववदिति यथा जीमूतक कल्पविधानेन क्षीरादयः कर्तव्यास्तथा सुरा च कर्तव्या । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—कृतवेधन के पाँच वामक योगों की कल्पना कृतवेधन के पुष्प आदि से संस्कृत ४ योग तथा सुरा में एक योग जीमूतक कल्प की तरह पाँच योगों की कल्पना करनी चाहिए ।

कृतवेधनस्य मदनफलवत् नव कषाय योगाः ।

सुशुष्काणां तु जीर्णानामेकं द्वे वा यथाबलम् ।
कषायैर्मधुकादीनां नवभिः फलवत् पिबेत् ॥
क्वाथयित्वा फलं तस्य पूत्वा लेहं निधापयेत् ।
कृतवेधनकल्कांशं फलाद्यर्धांशसंयुतम् ॥
च० क० ६।५-७ (क)

सुशुष्काणामित्यादिना नवकषाययोगानाह । फलवदिति मदनफलं यथा यष्टीमधुकादिभिः पीयते, तथैदपि पातव्यमित्यर्थः । एके नवकषायप्रयोगेषु शेषविधिप्रत्यायकं लेहं पठन्ति—'क्वाथयित्वा रसं तस्य पूत्वा लेहं निधापयेत्' इत्यादि तच्च सङ्गतार्थम् । उक्तं च जतूकर्णे—'अत्र जीर्णबीजानां मदनफलवत् कषायैर्लेहा भवन्ति नव इति । चक्रपाणिः ।

कृतवेधनस्य त्रयोदश कषाययोगाः ।

पृथक् चारग्वधादीनां त्रयोदशभिरासुतम् । च० क० ६।७

पृथगित्यादिना त्रयोदशकषाययोगानाह। एवं द्वाविंशति कषाययोगा भवन्ति। आरग्वधवृक्षकः' (क० अ० १) इत्यादिना गुडूच्यन्तेनोक्ता ज्ञेयाः। चक्रपाणिः।

कृतवेधन की विविध योग कल्पना

हि० व्या०—नवकषाय योग—पके हुए एवं शुष्क कृतवेधन के फल को बल के अनुसार (एक या दो फल के चूर्ण को) मधुयष्टी, रक्तकचनार, श्वेत कचनार आदि नौ द्रव्यों (मदनफलकल्पवत्) के अलग-अलग क्वाथ से प्रयोग करना चाहिए। यहाँ कृतवेधन के नौ (९) योगों की कल्पना की गई है। कृतवेधन के फलों का क्वाथ बनाकर, छानकर, पुनः आग पर पकाकर अवलेह तैयारकर पूर्वोक्त मधुयष्ट्यादि नौ द्रव्यों के अलग-अलग क्वाथों से सेवन करना चाहिए। अथवा मधुयष्ट्यादि द्रव्यों के अलग-अलग क्वाथ मिलाकर कृतवेधन का अवलेह बनाना चाहिए और सेवन करना चाहिए।

त्रयोदश कषाय योग

अथवा कृतवेधनफल का कल्क ९ तोला, मदनफल का कल्क डेढ़ तोला इन्हें एकत्र कर १ अमलताश, २ इन्द्र यव, ३ स्वादुकण्टक, ४ पाठा ५ पाटला, ६ मुञ्जा, ७ मूर्वा, ८ सप्तपर्ण, ९ करञ्ज, १० नीम, ११ पटोलपत्र, १२ करेला १३ गुडूची इन तेरह द्रव्यों में से किसी एक द्रव्य के क्वाथ से प्रयोग करना चाहिए। इस प्रकार नौ एवं तेरह कषाय योग मिल कर २२ हो जाते हैं।

कृतवेधनस्य दशपिच्छा योगाः।

शाल्मलीमूलचूर्णानां पिच्छाभिर्दशभिस्तथा॥ च० क० ६।८ (क)

शाल्मलीत्यादिना दश पिच्छायोगानाह। शाल्मलीमूलमादिः येषां ते शाल्मलीमूलाः शाल्मल्यादयो विमानपठिता दश—'शाल्मलीशाल्मलकभद्रपर्ण्य-लापर्ण्युपोदिकोच्छालधन्वनराजादनोपचित्रागोप्यन्ताः' (च० वि० ८) एषां वा। भद्रपर्णी=गम्भारी एलापर्णी=नागबला अहिस्त्वित्यन्ये राजादनं=क्षीरिका, उपचित्रा=दन्ती, गोपी=सारिवा। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—प्रस्तुत श्लोक में सेमर आदि दश द्रव्यों के चूर्णों से पिच्छा तैयार कर इसके साथ कृतवेधन के चूर्ण का प्रयोग निर्दिष्ट है। शाल्मल्यादि औषधियाँ (च० वि० अ० ८ में) यथा – सेमल, रोहितक, गम्भारी, रास्ना, पोई का शाक, उद्दालक (लिसोड़ा), धन्वन (धामनवृक्ष की छाल), पियाल, पृश्निपर्णी, सारिवा।

कृतवेधनस्य मदनफलवत् षट् वर्तिक्रिया योगाः तथा कृतवेधनफलस्य मदनफलस्य मदनफलवत् एको घृत योगः

वर्तिक्रियाः षट् फलवत्, फलादीनां घृतं तथा।

च० क० ६।८

वर्तिक्रियाः षट् फलवदिति 'फलपिप्पलीचूर्णानि पूर्ववत्' (क० अ० १) इत्यादिना ग्रन्थेन या वर्तिक्रिया उक्ता मदनकल्पे, तद्वदिहापि कृतवेधनचूर्णानां षड्वर्तिक्रियाः कर्तव्याः। फलादीनां घृतं तथेत्यनेन कृतवेधनसाधित क्षीरा-दुत्थितं नवनीतं फलादि कषायेण साधनीयं मदनफलघृतवदित्यर्थः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—मदनफल के समान कृतवेधन के भी छः वर्तिक्रिया योग है तथा क्वाथ साधित घृत का एक योग वमनार्थ तैयार किया जाता है। इस प्रकार ७ योगों का वर्णन किया गया है।

कृतवेधनफलस्य अष्टौ अवलेह योगाः।

कोशातकानि पंचाशत् कोविदाररसे पचेत्।
तं कषायं फलादीनां कल्कैर्लेहं पुनः पचेत्।
क्ष्वेडस्य तत्र भागः स्याच्छेषाण्यर्धांशिकानि तु।
कषायैः कोविदाराद्यैरेवं तत्कल्पयेत् पृथक्॥

च० क० ६।९-१०

कोशातकानीत्यादि। अत्रैव क्वाथ पादिके कल्के कर्तव्ये क्ष्वेडस्य पूर्णो भागो देयः फलादीनां च प्रत्येकं क्ष्वेडादर्धभागिकत्वम्॥ चक्रपाणिः।

हि० व्या०—**आठ अवलेह योग**—कोशातकी के पचास फलों को कोविदार के स्वरस में पाक करके इस कषाय में मदनफलादि का कल्क डाल कर लेहपाक करें। इसमें कोशातकी का कल्क एक भाग तथा अन्य फलों (मदन फलादि) का कल्क आधा भाग डालना चाहिए। इसी विधि से रक्त कचनार आदि के क्वाथों से पृथक्-पृथक् लेह पाक करें।

कृतवेधनस्य सप्तमांसरस योगाः।

कषायेषु फलादीनामानूपं पिशितं पृथक्।
कोशातक्या समं पक्त्वा रसं सलवणं पिबेत्।
फलादि पिप्पली तुल्यं तद्वत् क्ष्वेडरसं पिबेत्॥ च०क० ६।११-१२

कषायेष्वित्यादिना सप्तमांसयोगानाह। सममिति कोशातकी तुल्यं मांसम्। अत्र पिबेदित्यन्तेन षण्मांसरसाः, फलादित्यनेन चैकः। फलादि पिप्पलीतुल्यं तद्वदित्यनेन फलादिभिः समं मांसम्। तद्वदिति वचनात् कोशातक्याः कषायेण साधनीयम्। चक्रपाणिः।

पृथक्फलादिषट्कस्य क्वाथे मांसमनूपजम्।
कोशातक्यासमं सिद्धं तद्रसं लवणं पिबेत्॥

अ० हृ० क० १।४२

पृथक् फलादिषट्कस्य मदनफलेक्ष्वादिकस्य क्वाथे मांसमनूपजं कोशा-तक्या समं तया तुल्यं सिद्धं पक्वं तद्रसं तस्य मांसस्य रसं लवणान्वितं पिबेत्। अरुणदत्तः।

हि० व्या०—मदनफल आदि ६ विशेष वामक द्रव्यो के पृथक्-पृथक् क्वाथ में आनूप मांस तथा मांसरस के समान भाग कृतवेधन (कड़वी तरोई) का चूर्ण मिलाकर मांसरस तैयार करें। इसमें सैंधव लवण मिलाकर रोगी को पिलावें। इसी प्रकार प्रधान ६ द्रव्यों के साथ पृथक्-पृथक् मांस को कृतवेधन क्वाथ में पकाकर मांसरस तैयार करे।

कृतवेधनस्य एका इक्षु रस योगा।

क्ष्वेडं कासी पिबेत् सिद्धं मिश्रमिक्षुरसेन च।

च० क० ६।१२

सिद्धमिति इक्षुरसेन मिश्रितं सत् साधितं पिबेदित्यर्थः। उक्तं हि जतूकर्णे 'क्ष्वेडमिक्षुरसे श्रृतम्' इति। चक्रपाणिः।

फलादिपिप्पली तुल्यं सिद्धं क्ष्वेडरसेऽथवा।
क्ष्वेडक्वाथे पिबेत्सिद्धं मिश्रमिक्षुरसेन वा॥

अ० हृ० क० १।४३

फलादिपिप्पल्यो मदनफलजीमूतेक्ष्वाकुफलमध्य बीजानि ताभिस्तुल्यमानूपं मांस समक्ष्वेडरसेन सिद्धं वा पिबेत्। अट्टेक्षुरसेन मिश्रं क्ष्वेड क्वाथे सिद्धमानूपजं मांसरसं सलवणं पिबेत्। अरुणदत्तः।

हि० व्या०—कास रोगी को इक्षुरस में साधित कृतवेधन चूर्ण का प्रयोग करना चाहिए।

कृतवेधन योगानां संख्या सूचनम्।

क्षीरे द्वौ द्वौ सुरा चैका क्वाथा द्वाविंशतिस्तथा।
दश पिच्छा घृतं चैकं षट् च बस्तिक्रियाः शुभाः
लेहेऽष्टौ सप्तमांसे च यो इक्षु रसेऽपरः।
कृतवेधन कल्पेऽस्मिन् षष्टियोगाः प्रकीर्तिताः॥

च० क० ६।१३-१४

हि० व्या०—कृतवेधन के योगों की (वामक) कुल संख्या साठ है जो निम्नलिखित है—

दूध के साथ—	४
मदिरा—	१
क्वाथ—	२२
पिच्छा—	१०
घी—	१
वस्तियोग—	६
अवलेह—	८

१. द्वौ द्वाविति चत्वारः। चक्रपाणिः।

मांसरस—	७
इक्षु रस—	९
कुल	=६० योग

कुटजफल-वामक प्रयोगाः

वत्सक भेदाः नामपर्यायाश्च।

वत्सकः कुटजः शक्रो वृक्षको गिरिमल्लिका।
बीजानीन्द्रयवास्तस्य तथोच्यन्ते कलिङ्गकाः॥
वृहत्फलः श्वेतपुष्पः स्निग्धपत्रः पुमान् भवेत्।
श्यामा चारुणपुष्पा स्त्रीफलवृन्तैस्तथाऽणुभिः।

च० क० ५।४-५

अत्र वत्सकस्त्रीपुरुषभेदेन यद्यपि गुणभेदः प्रयोग भेदो वा न प्रतिपादितः, तथाऽपि स्त्रीरूपवत्सकेऽपुष्पफलत्वादिविशिष्टलक्षणयुक्तेऽप्यविशेषेणोभाभ्यामेवामयनिवृत्तिः स्यादित्येतदर्थमुभयोरपि समानगुणता ज्ञातव्या। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—वत्सक नामक वमनकल्प का वर्णन करते हुए लिखा है कि वत्सक, कुटज, शक्र (इन्द्र), गिरिमल्लिका आदि वत्सक के नाम हैं। इसके बीज को इन्द्रयव और कलिङ्ग कहा जाता है।

इनमें जिस वत्सक के फल बड़े हों, पुष्प श्वेत तथा पत्र स्निग्ध हों उसे पुरुष वत्सक कहते हैं तथा जिसका पुष्प वर्ण में श्यामारुण हो, फलवृन्त, फल और पुष्प आकार में छोटे हों उसे स्त्री वत्सक कहते हैं।

वत्सक प्रयोगस्थलानि।

रक्तपित्त कफघ्नस्तु सुकुमारेष्वनत्ययः।
हृद्रोगज्वरवातासृग्वीसर्पादिषु शस्यते॥

च० क० ५।६

कुटजफलं पुनः सुकुमारेपूल्वणासृपित्तकफेषु वातशोणितविसर्पज्वरकुष्ठादिषु च प्रयोजयेत्।

अ० सं० क० १।२५

कुटजं सुकुमारेषु पित्तरक्तकफोदये।
ज्वरे विसर्पे हृद्रोगे खुडे कुष्ठे च पूजितम्॥

अ० हृ० क० १।४४

कुटजं सुकुमारेष्वत्यंत वमनासहिष्णुषु पित्तरक्तकफोदयेऽतिशयेनाधिके तस्मिंस्तथा ज्वरादिषु वमनं श्रेष्ठम्। अरुणदत्त,।

हि० व्या०—दोनों प्रकार के वत्सक (कुटज द्वय) सुकुमार व्यक्ति में होने वाली रक्तपित्त और श्लेष्मज व्याधियों में उपयोगी है। हृद्रोग, ज्वर, वातरक्त, वीसर्प आदि विकारों में भी इनका प्रयोग किया जाता है। आचार्य वाग्भट ने कुष्ठ रोग में भी इसका उपयोग लिखा है।

वत्सकफलानां नवसंख्याकाः प्रयोग योगाः

काले फलानि संगृह्य तयोः शुष्काणि संक्षिपेत् ।
तेषामन्तर्नखं मुष्टिं जर्जरीकृत्य भावयेत् ॥
मधुकस्य कषायेण कोविदारादिभिस्तथा ।
निशिस्थितं विमृद्यैतल्लवणक्षौद्रसंयुतम् ।
पिबेत्तदमनं श्रेष्ठं पित्तश्लेष्मनिबर्हणम् ।

च० क० ५।७-९ (क)

काल इति उचिते काले । शुष्काणीति पक्वशुष्काणि । तेषामन्तर्नखमित्यादिना कषायैर्नव योगानाह । क्षौद्रसैन्धवयोगो यद्यपि सर्वेवमनेष्वेव सामान्येन विहितः, तथाऽपीह 'लवणक्षौद्रसंयुतम्' इति वचनादुत्कर्षो लवणसैन्धवयोरभिधीयते । चक्रपाणिः ।

दूसरी विधि—उपयुक्त ऋतु काल में कुटज के पक्वफलों का शुष्कावस्था में संग्रह करना चाहिए । मुष्टि प्रमाण कुटज बीजों को कूटकर मधुयष्टी या कोविदार आदि अन्य आठ द्रव्यों के पृथक पृथक क्वाथ में रात भर भिगो कर प्रातः मर्दन करके लवण (सैंधव) एवं मधु के साथ देने से उत्तम वमन होता है । इससे पित एवं कफ का निर्हरण होता है । ये वत्सक के ९ कषाय योग हैं ।

वत्सकचूर्ण योगाः ।

अष्टाहं पयसार्केण तेषां चूर्णानि भावयेत् ।
जीवकस्य कषायेण ततः पाणितले पिबेत् ।
फलजीमूतकेक्ष्वाकुजीवन्तीनां पृथक् तथा ।
सर्षपाणां मधूकानां लवणस्याथवाऽम्बुना ॥
कृशरेणाथवा युक्तं विदध्याद्वमनं भिषक् ॥ च० क० ५।९-११

कुटजफलचूर्णान्यर्क क्षीरेण सप्ताहं श्रावयित्वा मदनफलजीमूतकेक्ष्वाकुजीवंतीजीवक मूलान्यतमकषायेण वा सर्षपमधूकलवणान्यतमांभसा वा कुटजफलचूर्णं कृशरया वा वमनाय कल्पयेदिति । अ० सं० क० १।२६

सर्षपाणां मधूकानां तोयेन लवणस्य वा ।
पाययेत्कौटजं बीजं युक्तं कृशरयाऽथ वा ॥
सप्ताहं वार्कदुग्धाक्तं तच्चूर्णं पाययेत्पृथक् ।
फलजीमूतकेक्ष्वाकु जीवंती जीवकोदकैः ॥

अ० हृ० क० १।४५-४६

सर्षपादीनां पृथक् तोयेन क्वाथेन सैंधवस्य च जलेन कुटजबीजं पाययेत् । अथवा कृशरया सह कौटजं बीजं पाययेत् ।

अथवा सप्ताहमर्कदुग्धाक्तं कुटजबीजचूर्णं पृथङ् मदनफलाद्युदकैः पाययेत् । अरुणदत्तः ।

हि० व्या०—इन्द्रयव के चूर्ण को आठ दिन अर्क-दुग्ध में भावित करके एक कर्ष (एक तोला) की मात्रा में जीवक के क्वाथ के साथ विरेचनार्थ पिलाना चाहिए । यह एक योग है । इसी प्रकार मदनफल, जीमूतक, कटुतुम्बी, जीवन्ती इनके पृथक्-पृथक् क्वाथ से भी इन्द्रयवचूर्ण का वमनार्थ प्रयोग कराया जाता है । उपरोक्त विधि से १ कर्ष इन्द्रयव के चूर्ण को सरसों के क्वाथ, महुए के फूल का स्वरस अथवा नमक के जल के साथ रोगी को पिलाना चाहिए । आचार्य वाग्भट ने सात दिन तक अर्कदुग्ध में भावित करने का निर्देश किया है । तिलतण्डुल की खिचड़ी में इन्द्रयव का चूर्ण मिलाकर रोगी को सेवन कराकर वमन कराना चाहिए ।

वत्सक प्रयोग संख्या सूचनम्

कषायैर्नवचूर्णैश्च पञ्चोक्ताः सलिलैस्त्रयः ।
एकश्च कृशरायां स्याद्योगास्तेऽष्टादशस्मृताः ॥ च० क० ५।१२

कुटज के वामक योगों की संख्या

यह पित्त दोष के संशोधन हेतु विशेष कर्म माना जाता है। यथा विरेचनं पित्तहराणाम् (च० सू० २५।-) अन्य आचार्यों ने श्लेष्मा के अवस्था विशेष में भी विरेचन को उपयुक्त बताया है। इस सम्बन्ध में आचार्य वाग्भट लिखते हैं कि पित्तप्रधान दोषों के लिए यद्यपि विरेचन कर्म को उपयुक्त बताया है तथापि श्लेष्मा के लिए भी विपरीत कर्म नहीं है जब श्लेष्मा के संसृष्टावस्था में अथवा वस्तिस्थानगत श्लेष्मा में भी विरेचन लाभप्रद होता है।

प्रस्तुत प्रकरण में विरेचन परिभाषा लक्षण, उपयोगिता प्रकार, औषध एवं कल्पना विवरण के साथ विधि सम्यक विरेचन एवं असावधानी से होने वाले उपद्रवों का वर्णन उनकी चिकित्सा तथा विविध विरेचन योगों का क्रमशः यथास्थान वर्णन किया जा रहा है।

विरेचन शब्दस्य निरुक्तिः

[1]सम्पर्क का वियोग कराने वाली 'रिच्' धातु में 'वि' उपसर्ग पूर्वक णिच् और ल्युट् प्रत्यय लगाने से अतिशय मल निर्हरण रूप में [2]विरेचन शब्द का अर्थ लिया जाता है।

१. रिच् धातु का कविकल्पद्रुम में 'सम्पर्क वियोगयो' भाव लिया है।

विरेचनं पित्तहराणाम्।

च० सू० २५।४०

पित्ते तु विरेकं श्लेष्म संसृष्टे वा तत्स्थानगते वा श्लेष्मणीति।

अ० सं० सू० २७।४

केवले पित्ते विरेचनमाचरेत्। स्तोकेन श्लेष्मणा संसृष्टे पित्ते विरेचनमेव। तथा पित्तस्थान गते श्लेष्मणि प्रभूतपित्ते विरेचनमेव। कफस्थानगते वा प्रभूत पित्ते इति। इन्दुः।

हि० व्या०—पित्त निर्हरण में विरेचन प्रशस्त हैं। यद्यपि पित्त प्रधान विकारों में विरेचन कराया जाता है तथापि पित्त के साथ कफ संसृष्ट होने पर अथवा पित्त के स्थान में कफ के चले जाने पर अथवा कफ के स्थान पर पित्त के चले जाने पर भी विरेचन कराया जाता है।

विरेचन सामान्य गुणाः

विरेचनेन शुद्ध्यन्ति प्रसीदन्तीन्द्रियाणि च।
धातवश्च विशुद्धयन्ते बीजं भवति कार्मुकम्॥

का० सं० सि० २।-

[3]ययोदकानामुदकेऽपनीते
चरस्थिराणां भवति प्रणाशः।
पित्ते हृते त्वेवमुपद्रवाणां
पित्तात्मकानां भवति प्रणाशः॥

सु० चि० ३३।२८

ययोदकानां स्थिरजङ्गमानां
जलेऽपनीते ध्रुवमेव नाशः।

२. (क) विरेचन न० वि + रिच्-णिच्-ल्युट्। मलादेः निःसारणे।

वाचस्पत्यम्

(ख) रेचन-'रिच' धातु में ल्युट् प्रत्यय लगाने से रेचन शब्द बनता है जिसका अर्थ है 'मल भेदन'

(ग) विरेचन 'वि' उपसर्ग पूर्वक 'रिच' धातु में णिच् एवं ल्युट् प्रत्यय लगाने से विरेचन शब्द बनता है जिसका अर्थ है 'विशेषेण रेचयतीति' (शब्दकल्पद्रुम)

३. औदकानां चरस्थिराणां स्थावरजङ्गमानां पद्मादीनां मत्स्यादीनां च। उपद्रवाणां व्याधीनाम्। पित्तात्मकानां पित्तकारणानाम्। डल्हणः।

पित्ते हृते त्वेवमुपद्रवाणां
पित्तात्मकानां ध्रुवमेवनाशः ॥

वंगसेन

हि० व्या० – विरेचन द्वारा इन्द्रियाँ स्वच्छ एवं प्रसन्न होती हैं। रस-रक्तादि धातुयें भी विशुद्ध होती हैं एवं प्रयुक्त औषध की कार्मुकता बढ़ती है। विरेचन द्वारा पित्त का निर्हरण कर दिए जाने पर, पैत्तिक व्याधियों का उसी प्रकार विनाश हो जाता है जिस प्रकार जलाशय से जल निकाल दिए जाने पर स्थावर एवं जंगम (कमल, मछली आदि) जीवधारियों का विनाश हो जाता है। इन्हीं भावों को किंचित् परिवर्तन के साथ वंगसेन ने श्लोक निबद्ध किया है।

कुत्र विरेचनं हितम्

विरेचनं तु सर्वोपक्रमेभ्यः पित्ते प्रधानतमं मन्यन्ते भिषजः, तद्ध्यादित एवामाशयमनुप्रविश्य केवलं वैकारिकं पित्तमूलमपकर्षति। तत्रावजिते पित्तेऽपि शरीरान्तर्गताः पित्तविकाराः प्रशान्तिमापद्यन्ते, यथाग्नौ व्यपोढे केवलमग्नि-गृहं शीति भवति तद्वत्।

च० सू० २०।१९

हि० व्या०—सभी प्रकार के उपक्रमों में पित्तदोष हेतु विरेचन चिकित्सा को सर्वोत्तम बताया गया है। विरेचन द्रव्य आमाशय में प्रवेश करके विकारोत्पत्तिकारक पित्त अथवा मल रूप पित्त को नष्ट करते हैं (मूलरहित करते हैं अथवा चलायमान करते हैं)। आमाशय में पित्त के नष्ट हो जाने पर शरीर के विभिन्न मार्गों, आशयों आदि में उत्पन्न पित्तजन्य विकारो की भी उपशान्ति उसी प्रकार हो जाती है जिस प्रकार तप्त गृह में अग्नि को बुझा देने पर सम्पूर्ण गृह शीतल हो जाता है। (पित्त के प्रधान स्थान आमाशय ग्रहणी आदि में पित्त के शान्त हो जाने पर अन्यत्र शरीर मार्गों में स्थित पित्तज विकृति भी शान्त हो जाती है।

पित्ते विरेचनं युंज्यादामोद्भूते गदे तथा।
उदरे च तथाऽध्माने कोष्ठशुद्ध्यै विशेषतः ॥

शा० उ० ४।५ भा० प्र० योगर०

पित्तजनितानां उवद्रवाणां पित्तात्मकानां नियतो विनाश इति केवल पित्तेऽपि विरेचनमभिहितम्। तथा च तन्त्रान्तरेऽपि शरीरजातानां दोषाणां क्रमेण परमौषधं। बस्तिविरेको वमनं तथा तैलघृतं मधु इति। आमोद्भूते गदे तथेति। आमजनितव्याधौ। आमवातविकारादावित्यर्थः। उदर इति उदररोगरूढिः। आध्मनोदरापूराः। कोष्ठाशुद्धाविति। कोष्ठस्य अशुद्धिः बद्धकोष्ठ इति प्रसिद्धिः। विशेषेण कुर्यादित्यर्थः। अथ शोधनस्य प्राधान्य-विषयत्वेन विरेचनमुख्यत्वमाह-अयं श्लोकः शोधनपदग्रहणेनान्यच्छोधन-

परोऽपि भवति। अत्राचार्येण लंघनपाचनैरित्युक्तेन वमनविषयस्य निषेधपर-त्वाद्विरेचनाध्याये स्वीकृतः। ननु येऽपि लंघनपाचनैर्जितास्ते पुनः कथं जिता अप्यजितः दोषमूलामुच्छेदात् मूलभूताशयगतदोषदूष्यसमुद्भवात् सम्यग्जिताः अल्पमपि हेतुं प्राप्य पुनः कुप्यन्तीति भावः। तेन तेषां पुनरुद्भव इति। संशोधनेन मूलदोषजन्यादल्पहेतुना न कदापि प्रकोपः बलवत्तर हेतुना भवत्येव। आढमल्लः।

हि० व्या०—पैत्तिक विकारों एवं आमजन्य विकारों में उदर रोग, आध्मान तथा कोष्ठ शुद्धि हेतु विशेष रूप से विरेचन कराना चाहिए।

वमनोत्तरं विरेचनप्रयोगक्रम वर्णनम्।

अथैनं पुनरेव स्नेहस्वेदाभ्यामुपाद्यानुपहतमनसमभिसमीक्ष्य सुखोषितं सुप्रजोर्णं भवतं कृतहोमबलिमंगलजपप्रायश्चित्तमिष्टे तिथिनक्षत्रकरणमुहूर्ते ब्राह्मणान्स्वस्ति वाचयित्वा त्रिवृत्कल्कमक्षमात्रं यथार्हलोडनप्रतिविनीतं पाययेत् प्रसमीक्ष्यदोषभेषजदेशकालबलशरीराहारसात्म्यसत्वप्रकृतिवयसामवस्थान्तराणि विकारांश्च।

च० सू० १५।१७

अथैनमिति कृतसंसर्जनक्रम, प्रतिविनीतं=आलोडितं, दोषादयः पूर्ववत् व्याख्येया;, विकारांश्चेति कुष्ठज्वरादीन् विरेचनसाध्यान्, पूर्वं तु 'सूक्ष्माणि हि' इत्यादौ विकारो नोक्तः, तस्य परीक्ष्यत्वेनैव ग्रहणात्, किंवा दोषग्रहणेनैव तत्र विकारग्रहणम्। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—**विरेचन विधि**—वमन कर्म के बाद पुनः स्वेदन कराना चाहिए तत्पश्चात् जब व्यक्ति का मन चिन्तारहित हो, रात्रि में सुखपूर्वक शयन किया हो, जिसको पूर्व दिन का खाया हुआ अन्न सुखपूर्वक पच गया हो, इस प्रकार लक्षणों की समीक्षा करते हुए, रोगी को विधिपूर्वक हवन, मंगलकर्म, जप, प्रायश्चित्त कर लेने पर, उत्तम तिथि, नक्षत्रकरण और अच्छे मुहूर्त में ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन कराकर निशोथ का कल्क एक तोले की मात्रा में पिलावें। औषध पिलाते समय दोष, औषध, देश, काल, बल, शरीर तथा रोग के भेद एवं अवस्थाओं की भी समीक्षा कर लेनी चाहिए।

वमनानन्तरं विरेचन प्रयोगः

अथैनं वामितं भूयः स्नेहस्वेदोपपादितम्।
श्लेष्मकाले गते ज्ञात्वा कोष्ठं सम्यग्विरेचयेत् ॥

अ० हृ० सू० १८।२५

एनं नरं वामितं भूयः पुनरपि स्नेहस्वेदाभ्यामुपपादितमनंतरं सम्यग्विरेच-येत्। कदा। श्लेष्मणः कालः संविभागप्रहरस्तस्मिन् गते सति। किं कृत्वा कोष्ठं मृदु मध्यक्रूर लक्षणं ज्ञात्वाऽवगम्य। अरुणदत्तः।

स्नेहस्वेदाभ्यां पुनरप्युपपादितं शोधनयोग्यतां नीतं विरेचयेद्विरेचनौषधं दद्यात्। संग्रहे तु नत्वकृतवमनमन्यत्रातिक्रूरकोष्ठात्। अकृतवमनस्य हि श्लेष्मणोपहतमौषधम् ऊर्ध्वं प्रवर्तते। उरसि चावरुद्धमवतिष्ठते ततो नालं विरेचनाय। सम्यग्विरिक्तस्यापि चाधः स्रस्तः श्लेष्मा ग्रहणीं छादयित्वा गौरवमापादयति प्रवाहिकां वा। नत्वेष दोषोऽतिक्रूरकोष्ठस्य वाय्वात्मकत्वात्। श्लेष्मकालेऽप्यकृत वमनोक्तौ दोषः शूलाध्मान गौरवाणि च कृत्वा क्षीणे श्लेष्मण्यपराह्णे रात्रौ वा विरेचयेत् तेनान्नावृतमपि तुल्यं छर्दि च पुनस्तज्जनयति। अविरिक्तस्य श्लेष्मकाले च वमनं योज्यं तथोर्ध्वं सुखेन निर्हरणादिति॥ हेमाद्रिः।

अथ वामितमेनं भूयः स्नेहस्वेदोपपादितं श्लेष्मकाले गते कोष्ठं सम्यक् ज्ञात्वा विरेचयेत्। प्रकृति भोजनानन्तरं कृतवमनमेनं नरं पक्षादूर्ध्वं पुनरपि विरेकाङ्गत्वेन स्निग्धं स्विन्नं कृत्वा कोष्ठं मृदु मध्यक्रूरलक्षणं सम्यक् ज्ञात्वा प्रथमे यामेऽतिक्रान्तेऽतीतयादोननाडिकाचतुष्टये वा वमनोक्तमन्त्राभिजप्तेन त्रिवृन्मूलादिना विरेकं कुर्यात्। परमेश्वरः।

स्निग्ध स्विन्नाय वान्ताय दातव्यन्तु विरेचनम्।
अन्यथा योजितं ह्येतत् ग्रहणीगदकृन्मतम्॥

चक्रदत्तः, योगरः०, भावप्रः०

स्निग्धस्विन्नायेति-वमनानन्तरमपि पुनः स्निग्धस्विन्नाय; तदुक्तं—'कर्मणां वमनादीनामन्तरे त्वन्तरे पुनः। स्नेहस्वेदौ प्रयुञ्जीत संशोधनमनन्तरम्'। संशोधनमनन्तरमित्यत्र 'स्नेहमन्ते प्रयोजयेत्' (च० सि० वमनविरेचनव्यापत्) 'स्नेहमन्ते बलाय च' (वा० सू० १८) इति पाठ द्वयं युक्ति संगतम्; अन्यथेति—वमनं विना; सुश्रुतेऽप्युक्तम्—'अवान्तस्य हि सम्यक् विरिक्तस्यापि सतोऽधः स्रस्तः श्लेष्माग्रहणीं छादयेत्' (चि० ३३ अ०) इति। अयं च विरेचन योगः पूर्वाह्णमतिक्रम्यैव देयः; उक्तं हि वाग्भटे—'श्लेष्मकाले गते ज्ञात्वा कोष्ठं सम्यक् विरेचयेत्' (सू० १८ अ०) इति। शिवदास सेनः)

वमने च कृते पूर्वं ततः सम्यग्विरेचयेत्।
अन्यथा योजितं कुर्य्यान्मन्दाग्निं गौरवारुची॥ वङ्गसेन
अवान्तस्य त्वधः स्रस्तो ग्रहणीं छादयेत्कफः।
मन्दाग्निं गौरवं कुर्य्याज्जनयेद् वा प्रवाहिकाम्॥
अथवा पाचनैरामं बलासं च विपाचयेत्।
स्निग्ध स्नेहनैः कार्यं स्वेदैः स्विन्नस्य रेचनम्॥ शा० उ० ४।१-२

अवान्तस्येत्यादि। अधः स्रस्तोधः प्राप्तः रेचनद्रव्य प्रभाववशात्। एतादृशः कफस्तदा ग्रहणीमाच्छादयेत्। ग्रहणीमग्निस्थितान्स्थानं। यदुक्तं—अग्न्यधिष्ठानमन्तस्य ग्रहणाद् ग्रहणीमतेति। अत एवादौ वमनेनात्र कफनिग्रहो विधेयः। सोऽप्याश्रयसमाश्रयणात्स्रोतोऽवरोध हेतुः न केवलं ग्रहणीच्छादनं

करोति। मन्दाग्निमित्यादि। अत गौरवं शरीरस्येति। प्रवाहिकातीसारभेदः। अथ कार्यान्तरमाह-पाचनैरिति। पाचनद्रव्यैः साममित्यपरिपक्वरसं। तथाहि—जठरानलदौर्बल्यादविपक्वस्तु यो रसः। स आमसंज्ञको देहे सर्वदोषप्रकोपक' इति। न केवलमामं श्लेष्माणं च विपाचयेत्। एतेन कृतवमनस्यापि पूर्वं पाचनं दत्वा पश्चाद्विरेचयेदित्यभिप्रायः। अथवेति ग्रहणात्तेन वमनं विना पाचनं वेयमित्यर्थं,। संशोधनक्रमेऽपि पाचनस्य प्राधान्यमुक्तं। तथा तीसटे चोक्तं—प्राक् पाचनं स्नेहविधिविधेयः स्वेदस्ततः स्याद् वमनं विरेकः। निरूहनं स्नेहन बस्तिकर्म नस्यं क्रमश्चेति भिषग्वराणाम् इति। एषां क्रमाभिप्रायेण विनापि विरेचनस्य पूर्वं पाचनं कर्तव्यमेवेति व्यवहारः संगत एव। अथ पाचनमभिधाय विरेचनमपि कस्य कथं दातव्यमित्याहस्निग्धस्येति। पूर्वकृतस्निग्धपाचनस्य, कैः स्नेहनैर्धूतादिभिः। न केवलं स्निग्धस्य रेचनं किंतु स्वेदैरपि स्विन्नस्य स्वेदितस्य विरेचनं प्रशस्तं। यद्वा स्नेहनैः स्विन्नस्य स्वेदितस्य विरेचनं प्रशस्तं। यद् वा स्नेहनैः स्वेदैरपि स्विन्नस्य संबन्धः। स्नेहस्वेदैरित्यनेन दोषाणां सुखमुत्पाटनं सूचितं। यतः स्नेहस्वेदैः प्रचलिता रसैः स्निग्धैरुदीरिताः। दोषाः कोष्ठगता जन्तोः सुखं हन्ति विरेचनैरिति। पूर्वमुक्तमप्यतः पुनरेव द्रढयति न दोषः पौनरुक्त्येन। केचिद्वक्ष्यमाणेन शरदृताविति श्लोकेन मिलित्वा व्याख्यानयन्ति। तत्र शरदृतौ स्निग्धस्य स्नेहनैः कृत्वा विरेचनं कार्यं वसन्ते च स्वेदैः स्विन्नमेव रेचनं देयं नतु स्निग्धस्य इति न सर्वमतम्। आढमल्लः।

अधः स्रस्तः पतितः, ग्रहणीं पित्तधारिणीं कृत्वा कफ आच्छादयेत् तदा किं कुर्यात् इत्याह मन्दाग्निं गौरवं च कुर्यात्। प्रवाहिकातीसारभेदस्तां जनयेत। अधस्रस्तस्य कफस्य प्रतीकारमाह अथवा पक्षान्तरे। आमं बलासं कफं च पाचनैः शुण्ठ्यैरण्डादिभिः पाचयेत्। यद्वा स्नेहनैर्धूतदुग्धादिभिः स्निग्धस्य स्वेदितस्य रेचनं कार्यमिति विधिः तत्रोच्यते। वमनाद्विरेचनं कदा देयमित्यपेक्षायामत्रानुक्तमिति लिख्यते। तत्र भेदः। सम्यक्प्रवृत्ते वमने सप्तरात्रे गते सति। सुसंस्कृतशरीरस्य प्रदातव्यं विरेचनं। चरके च वातं षडह संसृष्टं पुनः संस्नेहितं तथा। उष्णं लघु त्र्यहं भुक्तैः षोडशेऽह्नि विरेचयेत्। षोडशदिने यद्वा पक्षान्तरे पक्षाद्विरेको वान्तस्येति सुश्रुत वचनं। अस्यार्थः वांतं कृतं सम्यग्वमनं षडहसंसृष्टं षडहेत्युक्तवमनं पुनस्त्र्यहं संस्नेहितं पुनस्त्र्यहमुष्णकृत स्वेदं पुनस्त्र्यहं लघुभक्तं अथैनं वांतितं भूयः स्नेहस्वेदोपपादितम्। श्लेष्मकालं गते ज्ञात्वा कोष्ठं सम्यग्विरेचयेत्। वाग्भटे एवं लिखितं। अस्यार्थः अथैनं पुरुषं वामितं कृतवमनं षडहानन्तरं स्नेहस्वेदोपपादितं भूयः पुनः श्लेष्मकाले द्वादशदिवसे गते सति पुनस्त्र्यहं लघुभक्तं षोडशेह्नियेवकोष्ठं सम्यग्विरेचयेदिति वाग्भटार्थः। काशीराम।

हि० व्या०—स्नेहन, स्वेदन तथा वमन का सम्यक् प्रयोग कराने के

पश्चात् यथा विधि अर्थात् संसर्जनक्रम तथा पुनः स्नेहन एवम् स्वेदन कराकर विरेचन कराना चाहिए। क्रम का उल्लंघन करके विरेचन कराने से ग्रहणी रोग के विकार उत्पन्न हो जाते हैं। वंगसेन ने अन्यथा क्रम से विरेचन कराने पर मन्दाग्नि, गौरव एवं अरुचि उत्पन्न होना बताया है। आचार्य शार्ङ्गधर ने पूर्व कर्म एवं वमनादि का परिहार करके विरेचन कराए जाने पर उत्पन्न होने वाली विषम स्थिति एवं प्रक्रियायों का वर्णन करते हुए लिखा है कि—विरेचनौषध के प्रभाव से श्लेष्मा अधोगति को प्राप्त हो जाने से ग्रहणी को आच्छादित कर देता है जिससे शरीर में मन्दाग्नि एवं गौरव उत्पन्न होता है अथवा प्रवाहिका की उत्पत्ति हो जाती है। विरेचन कराना आवश्यक हो तथा रोगी वमन के आयोग्य हो ऐसी स्थिति में आमरस एवं कफ का पाचक औषधियों से पाक करना चाहिए। पश्चात् स्नेहन एवं स्वेदन से सम्यक् स्निग्ध एवं स्विन्न को विरेचन कराना चाहिए।

विरेचन योग्या:

विशेषतस्तु कुष्ठज्वरमेहोर्ध्व रक्तपित्तभगन्दरोदरार्शोब्रघ्नप्लीहगुल्मार्बुद-गलगण्डग्रन्थि [1]विसूचिकालसकमूत्राघातक्रिमिकोष्ठविसर्पपाण्डुरोगशिरः पार्श्व-शूलोदावर्तनेत्रास्यदाहहृद्रोगव्यङ्गनीलिकानेत्रनासिकास्यस्रवणहलीमकश्वासकास-कामलापच्यपस्मारोन्मादवातरक्तयोनिरेतोदोषतैमिर्यारोचकादिपाकच्छर्दिश्वय – थूदरविस्फोटकादयः पित्तव्याधयोविशेषेण रोगाध्यायोक्ताश्च; एतेषु हि विरेचनं प्रधानतममित्युक्तमग्न्युपशमेऽग्निगृहवत्। च० सि० २।१३

विरेच्यास्तु – ज्वरगरारुच्यर्शोऽर्बुदोदरग्रन्थिविद्रधि पाण्डुरोगापरमारहृद्रोग-वातरक्तभगन्दरच्छर्दियोनिरोगविसर्पगुल्मपक्वाशयरुग्विबन्धविसूचिकालसकमूत्रा-घातकुष्ठविस्फोटकप्रमेहानाहप्लीहशोफवृद्धिशस्त्रक्षतक्षाराग्निदग्धदुष्टव्रणाक्षि—पाककाच[2]तिमिराभिष्यन्दशिरः कर्णाक्षिनासास्यगुदमेढ्रदाहोर्ध्वरक्तपित्तकृमि-कोष्ठिनः पित्तस्थानजेष्वन्येषु च विकारेष्वन्ये च पैत्तिकव्याधि परीता इति।

सु० चि० अ० ३३।३२

विरेचयेद्धि कुष्ठानि ज्वरान्विस्फोटकानि च।
दाहं विचर्चिकां चैव वातव्याधींश्च सर्वशः॥ भे० सं० सू० २१।३

अथ विरेचनसाध्याजीर्णज्वरोर्ध्वरक्तपित्तगुल्मविद्रधिप्लीहार्शो भगन्दरोदर कृमिणकोष्ठमूत्राघातरेतोयोनिदोषवातशोणित हलीमकव्यंगतिमिरकाचाभिष्यन्दा-क्षिपाकक्षाराग्निदग्ध दुष्टव्रणशिरः पक्वाशयशूलोदावर्तविबन्धच्छर्दिविस्फोटादयो वम्योक्ताश्च विसूचिकोदयो दोषभेदीयोक्ताश्च पित्तव्याधयो विशेषेण। एते हि परं विरेचनेननावमुपयान्त्यग्न्यपनयनेनाग्नि गृहतापवत्॥ अ० सं० सू० २७।६

१. विसूचिकायां विरेचनमुत्तरकालं शेषदोषहरणार्थं ज्ञेयम्। चक्रपाणिः।
२. काचो नेत्ररोग भेदः। हाराणच०।

जीर्णज्वरादयोऽपि वाम्यप्रकरणपठिताश्च विषूचिकालसकाविपाकादयो दोषभेदीयोक्ताश्च पित्तव्याधयः। एते सर्वे विरेचनसाध्याः। यद्यपि दोषहरणेन सर्वे व्याधयः शमं यान्ति, तथाप्येते विशेषेण शीघ्रं शमं यान्ति। दृष्टान्तो यथाग्निगेहेऽग्नावपनीते तत्र स्थितोऽग्निसञ्जातो भृशतापः शमं याति तद्वदेतेऽपि व्याधयोग्न्यपनयनरूपेण विरेकदोषापनयनेन दृष्टान्तेन तप्तवेश्मदिशा परिपाका-वस्थायां विरेकयोग्यता दर्शयति। इन्दुः।

विरेकसाध्या गुल्माशोंविस्फोटव्यंगकामलाः।
जीर्णज्वरोदरगरच्छर्दिप्लीहहलीमकाः॥
विद्रधिस्तिमिरं काचः स्यंदः पक्वाशयव्यथा।
योनिशुक्राशया रोगाः कोष्ठगाः कृमयो व्रणाः॥
वातास्रमूर्ध्वगं रक्तं मूत्राघातः शकृद्ग्रहः।
वम्याश्चकष्टमेहाद्याः .....। अ० हृ० सू० १८।७

संग्रहे तु भन्दरार्शिपाकक्षाराग्निदग्धशिरः शूलोदावर्ता दोषभेदीयोक्ताश्च पित्तव्याधय इत्यधिकं युक्तिश्च। एते हि परं विरेचनेन नाशमुपयान्त्यग्न्यपनये-नाग्निः गृहतापवदिति। हेमाद्रिः।

जीर्णज्वरी गरव्याप्तो वातरक्तो भगन्दरी।
अर्शः पाण्डूदरग्रन्थिहृद्रोगारुचिपीडिताः॥
योनिरोगप्रमेहार्ता गुल्मप्लीहव्रणार्दिताः।
विद्रधिच्छर्दिविस्फोटविसूचीकुष्ठसंयुताः।
कर्णनासाशिरोवक्त्रगुदमेढ्रामयान्विताः॥
प्लीहशोथाक्षिरोगार्ताः क्रिमिक्षीणानिलार्दिताः।
शूलिनोमूत्रघातार्ताविरेकार्हा नरा मताः॥

शा० उ० ४।८-१० भा० प्र०-पू० ख०, योगरत्नाकर

जीर्णज्वरीति पुराणज्वरी तस्य विरेकसाध्यत्वात्। गर व्याप्त इति गरं कृत्रिमं विषं तेन व्याप्तः दुःखितः। तथाऽर्शादिपीडिताः। तथा योनिरोगादिभि-र्दिताः। तथा विद्रध्यादियुताः। तथा कर्णादिजनितामयान्विता इत्यर्थः। तेनामयशब्दो कर्णादिभिः सह संबध्यते। प्लीहशोथाक्षिरोगार्ता इति प्लीहादि-रोगव्याप्ता इत्यर्थः। क्रिमिक्षीणानिलार्दिता इति कृम्यादिभिरर्दिः पीडिताः। विरेकार्हा इति विरेचनयोग्या इत्यर्थः। आढमल्लः।

हि० व्या०—विशेष रूप से कुष्ठ, ज्वर, प्रमेह, ऊर्ध्वरक्तपित्त, भगन्दर, उदररोग, अर्श, ब्रघ्न, प्लीहारोग, गुल्म, अर्बुद, गलगण्ड, ग्रन्थि, विसूचिका, अलसक, मूत्राघात, क्रिमिकोष्ठ, विसर्प, पाण्डु, शिरः शूल, पार्श्वशूल, उदावर्त, नेत्रदाह, मुखदाह, हृद्रोग, व्यंग, नीलिका, नेत्र-नासिका तथा मुखस्राव की

स्थिति में, हलीमक, श्वास-कास, कामला, अपची, अपस्मार, उन्माद, वातरक्त, योनिदोष, शुक्रदोष, तिमिर, अरोचक, अविपाक, वमन, शोथ, उदर, विस्फोटक आदि रोगों से पीडित तथा महारोगाध्याय में वर्णित पित्तज व्याधियों में विरेचन प्रशस्त है। जिस प्रकार जलते हुए घर की अग्नि को जल शान्त कर देता है उसी प्रकार विरेचन द्वारा पित्तनिर्हरण होने पर उपर्युक्त सभी रोग शान्त हो जाते हैं।

आचार्य सुश्रुत ने चरक (में जिन विरेचन योग्य व्यक्तियों का उल्लेख है उन्हों) के समान रोगियों का उल्लेख करते हुए शस्त्रक्षत, क्षार एवं अग्निदग्ध, दुष्टव्रण, अक्षिपाक, काच, गुद, मेढ़ दाह के रोगों की भी गणना की है।

अविरेच्याः।

अविरेच्यास्तु सुभगक्षतगुदमुक्तनालाधोभागरक्तपित्तविलङ्घितदुर्बलेन्द्रियाल्पाग्निनिरूढकामादिव्यग्राजीर्णिनवज्वरिमदात्ययिताध्मातशल्यादिताभिहितातिस्निग्धरूक्षदारुणकोष्ठाः क्षतादयश्च गर्भिण्यन्ताः॥ च० सि० २।११

तत्र सुभगस्य सुकुमारोक्तो दोषः स्यात्, क्षतगुदस्य क्षते गुदे प्राणोपरोधकरीं रुजां जनयेत्, मुक्तनालमतिप्रवृत्या हन्यात्, अधोभाग रक्तपित्तिनं तद्वत्, विलङ्घित दुर्बलेन्द्रियाल्पाग्निनिरूढा औषधवेगं न सहेरन्, कामादिव्यग्रमनसो न प्रवर्तते कृच्छ्रेण वा प्रवर्तमानयोगदोषान् कुर्यात्, अजीर्णिन आमदोषः स्यात्, नवज्वरिणोऽविपक्वान् दोषान् न निर्हरेद् दातमेव च कोपयेत्, मदात्ययितस्य मद्यक्षीणे देहे वायुः प्राणोपरोधं कुर्यात् आध्मातस्याधमतो वा पुरीषकोष्ठे निचितो वायुर्विसर्पन् सहसाऽऽनाहं तीव्रतरं मरणं वा जनयेत्, शल्यादिताभिहतयोः क्षते वायुराश्रितो जीवितं हिंस्यात् अतिस्निग्धस्यातियोगभयं भवेत्, रूक्षस्य वायुरङ्गप्रग्रहं कुर्यात्, दारुणकोष्ठस्य विरेचनोद्धता दोषा हृच्छूल पर्वभेदानाहाङ्गमर्दच्छर्दिमूर्च्छा क्लमाञ्जनयित्वा प्राणान् हन्युः, क्षतादीनां गर्भिण्यन्तानां छर्दनोक्तो दोषः स्यात्; तस्मादेते न विरेच्याः। च० सि० २।१२

सुभगक्षतगुद इति सुभगगुदः क्षतगुदश्च; अन्ये तु सुभग सुखसंवर्धितमाहुः। मुक्तनालोऽसंवृतगुदः। क्षतादयश्च गर्भिण्यन्ता इति वमनविषयमध्यपठिताः। रुजां जनयेद् 'विरेचनं' इति शेषः। अधोभागरक्तपित्तिनं तद्वदिति अतिवृत्त्या हन्यादित्यर्थः। कामादीत्यादावादिशब्देन शोकक्रोधादीनां ग्रहणम्। अत्र चाप्रवृत्तिः स्तोकप्रवृत्तिश्चायोग एव; उक्तं हि—'अयोगः प्रातिलोम्येन न चाल्पं वा प्रवर्तनम्' (सि० अ० ६) इति। अयोगदोषाश्च विभ्रंशहिक्कास्तम्भादयो वक्ष्यमाणाः। आमदोष इति आमदोषनिमित्तविसूचिकादिः। पुरीषकोष्ठ इति पुरीषाद्यासक्तकोष्ठः। दुश्छर्दनोक्त इति प्राग्वमनोक्तदोषः स्यात्। चक्रपाणिः।

मन्दाग्न्यतिस्नेहित बालवृद्ध-
स्थूलाः क्षतक्षीणभयोपतप्ताः॥

श्रान्तस्तृषार्तोऽपरिजीर्णभक्तो
गर्भिण्यधो गच्छति यस्य चासृक्॥
नवप्रतिश्याय मदात्ययी च
नवज्वरी या च नवप्रसूता॥
शल्यार्दिताश्चाप्यविरेचनीयाः
स्नेहादिभिर्ये त्वनुपस्कृताश्च॥

सु० चि० ३३।२८-३०, वंगसेन विरेचना० ५५-५६

अनुपस्निग्धरिक्तकोष्ठकृशस्थूलदुष्णाफ (दुर्बल ?) ललितसुकुमारश्रीधनष्ट .....षक्षतरक्षहततृष्णातालुशोषोरुस्तम्भादितहनुग्रहवातहृद्रोगरेवती केवल वातार्ताश्च न विरेच्याः॥ (का० सं० सि० अ० ७)

अविरेच्याः 'पुननवज्वरातीसार्यधोरक्तपित्तक्षतगुद लंघित रात्रिजागरितास्थापितात्यग्निराजयक्ष्ममदात्ययाध्मात सशल्याभिहतातिस्निग्धरूक्षक्रूर कोष्ठाः। तत्र नवज्वरस्या विपक्वान्दोषान्न निर्हरेद्घातमेव तु कोपयेत् अतिसार्यधोरक्तपित्तयोरति प्रवृत्या हन्यात्। क्षतगुदस्य गुदे प्राणोपरोधकरीं रुजं जनयेत्। लंघितादयो भेषजं वेगं न सहेरन्। राजयक्ष्मार्तस्य क्षीणधातुतया मलबलत्वं तदभावाद्देहनाशः स्यात्। मदात्ययर्त्तस्य मद्यक्षीणे देहे वायुः प्राणोपरोधाय। आध्मातस्य पुरीषाशये निचितो वायुविसर्पन्। सहसा तीव्रतरमाध्मानं मरणं वा जनयेत्। सशल्याभिहरणयोः क्षते वायुराश्रितो जीवितं हिंस्यात्। अति स्निग्धस्यातियोगो भवेत् क्रूरकोष्ठायौषधोद्धता दोषा ह्यप्रवर्तमाना हृदयशूलपर्वभेदानाहछर्दिमूर्च्छा क्लमान् जनयित्वा प्राणान् हन्युः। गर्भिण्यादीनां पूर्वोक्त दोषः स्यात्। अ० सं० सू० २७।१०

न तु रेच्यो नवज्वरी।
अल्पाऽग्न्यधोगपित्तास्रक्षतपार्श्वतिसारिणः॥
सशल्यास्थापितक्रूरकोष्ठाऽतिस्निग्धशोषिणः।

अ० हृ० सू० १८।८

नवज्वरी नैव रेच्यः तस्य हि विरेचनमपक्वान् दोषान् निर्हरद्घातकोपायैव स्यात्। यक्ष्मादीनां त्ववस्थावशान्मृदुविरेच्यत्वमनुज्ञातमेव तथाऽपि चाऽऽध्मानगुरुताशूलस्तैमित्यकारिणीत्यादिनाऽतीसारस्यापि मृदुविरेचनवनुज्ञातं नैवं नवज्वरस्य स्वल्पविरेच्यत्वं कराऽपिअल्पाग्न्यादयः शोष्यतां न विरेच्याः। अत्राऽल्पाग्निरबलत्वाद्भेषजवेगं न सहते। अधोगरक्तपित्ताऽतिसारिणावतिप्रवृत्त्या हन्यात्। क्षतगायोः प्राणापहारकारिणी रुक् स्यात। सशल्यस्य क्षते वायुराश्रितो जीवितं हन्यात्। आस्थापितस्य भेषजवेगासहनाद्बलोपरोधः स्यात्। क्रूरकोष्ठस्यौषधाद्धेतोर्दोषा ह्यप्रवर्तमाना हृदयशूलपर्वभेदाऽऽनाहच्छर्दिमूर्च्छाक्लमान् जनयित्वा प्राणान् हन्युः अतिस्निग्धस्याऽतियोगाय स्यात्। शोषिणः क्षीणधातुतया मलबलत्वं तदभावाद्देहविनाशनं स्यादिति। अरुणदत्तः।

बालवृद्धावतिस्निग्धः क्षतक्षीणो भयान्वितः।
श्रान्तस्तृषार्तः स्थूलश्च गर्भिणीं च नवज्वरी।
नवप्रसूता नारी च मन्दाग्निश्च मदात्ययी॥
शल्यार्दितश्च रूक्षश्च न विरेच्या विजानता।
शा० उत्त० ४।६-७ योगर०, भावप्र०

विशेषेण रेच्या न भवन्तीत्यभिप्रायेणाल्परेचनस्या प्राप्तिरेव। अतएव बालवृद्धयोरप्ययं निषेधः सामान्यः। विशेषेण तु विरेकसाध्यव्याध्युपग्रस्तयोः किंचिद्देयवित्युक्तं तथा च अग्निक्षारविरेकैस्तु बालवृद्धौ विवर्जयेत्। तत्साध्येषु विकारेषु मृद्वीं कुर्यात् लघुक्रियाम् इति। निषिद्धाचरणमन्यत्राप्युक्तं अत्यन्त-पित्ताद्विपरीतदेहान् विरेचयेत्तानपि मन्दमन्दम्' इति। तानपि निषिद्धबालवृद्धा-दीन्। अतिस्निग्ध इत्यतिस्नेहपानाद्वियुक्तः। तथाहि नवाऽतिस्निग्धकायस्य दद्यात्स्नेहविरेचनम्। दोषाः प्रभाविता भूयो लीयन्ते तेन वर्त्मसु इति। क्षतक्षीणा इति। धातुशोषणत्वेन शोषी कथितः। स च राजयक्ष्म भेदः। भयान्वितो भययुक्तः। भयग्रहणत्वेन शोकाभितप्तस्य दीनस्य वा निषेधो दर्शितः। यदुक्तं 'क्षीणस्तथा रूक्षितबालवृद्धदीनोऽथ शोषी भयशोकतप्तः' इत्यादि। स्थूलो बहुमेदोन्वितः। मन्दाग्निरपि कफोल्बणत्वात्। रूक्षो वातोल्वण इति। अथवा रूक्ष इत्यस्निग्धः। तथाह्युक्तं विरूक्षं स्नेहसात्म्यं तु भूयः संस्निह्य रेचयेदिति। विजानतेत्यनेन विरेचनविषयविकल्पविशेषज्ञेन वैद्येनेत्यर्थः। यतः—'विरेचनैर्यान्ति नराविनाशमज्ञप्रयुक्तैरविरेचनीया'। इति। आढ़मल्लः।

अविरेच्या बालवृद्ध—श्रान्तभीतनवज्वराः।
अल्पाग्न्यधोगपित्तास्र क्षतपाण्डुतिसारिणः॥
सशल्यास्थापितक्रूर—कोष्ठातिस्निग्धशोषिणः।
गर्भिणी नवसूता च तृष्णार्तोऽजीर्णवानपि॥ चक्रदत्तः

आस्थापितो निरूढः। अयञ्च निरूहानन्तरं विरेक निषेध औत्सिर्गिकः, तेन "तेभ्यो वर्स्ति पुरादत्वा" (च० क० दन्तीद्रवन्ती०) इत्यादि विशेषविधिना तदपवादो युज्यते एव। किं वा निरूहानन्तरं हि विरेक निषेधः सप्ताहाभ्यन्तरे एव ज्ञेयः, सप्ताहादूर्ध्वन्तु विरेको विहित एवेति विधिनिषधयोः कालभेदेन न विरोधः; उक्तं हि चरके—"नरो विरिक्तस्तु निरूहदानं विवर्जयेत् सप्तदिना-न्यवश्यम्। शुद्धो विरेकेण निरूहदानम्'—(च० सि० १) इति वदन्ति। अन्ये त्वेतद्विरोधभियैव 'तेभ्यो वर्स्ति पुरा दत्वा' (च० क० दन्तीद्रव०) इत्यत्र वस्तिशब्दस्यानुवासनार्थमाहुरिति प्रागेवोक्तम्॥ शिवदाससेन॥

विषाभिघातपिडिकाः शोफपांडुविसर्पिणः।
नातिस्निग्धा विशोध्याः स्युस्तथाकुष्ठप्रमेहिणः॥ वंगसेन

हि० व्या०—स्वभाव से कोमल, क्षतगुद, मुक्तनाल, (गुद वलियों की कार्यहीनता), अधोग रक्तपित्त, लंघन के पश्चात्, दुर्बल इन्द्रियों वाले,

मंदाग्नि-रोगी, निरूह के पश्चात्, कामादि प्रवृत्ति से व्यग्र, अजीर्ण रोगी, नवीनज्वरी, मदात्यय, आध्मान के रोगी, अन्तः शल्य वाले, अतिस्निग्ध, भयंकर कोठ रोगी, वमन प्रकरण में बताये गए अयोग्य व्यक्तियों में क्षत रोग से लेकर गर्भिणी तक के रोगी भी विरेचन के योग्य नहीं बताये गए हैं।

उपर्युक्त व्यक्तियों को विरेचन नहीं कराने के कारणों का उल्लेख करते हुए आगे लिखा है कि इन्हें विरेचन दिए जाने पर वे सभी दोष उत्पन्न हो जाते हैं जो वामक द्रव्य पिलाने से उत्पन्न होते हैं अर्थात् क्षतगुद वाले को व्रण हो जाता है जो प्राणनाशक पीड़ा उत्पन्न करता है। मुक्तनाल व्यक्तियों को विरेचनौषध पिलाने से मल की अत्यधिक प्रवृत्ति हो जाती है जिससे मृत्यु तक हो सकती है। अधोग रक्तपित्त रोगी को रक्त अतिशय रूप में निकलने लगता है यह भी मृत्यु जनक है।

लंघन किए हुए, दुर्बल इन्द्रियों वाले, जिसकी अग्नि मन्द हो, जिन्हें निरूह-बस्ति का सेवन कराया गया हो ऐसी अवस्था में औषध वेग सहन न करने के कारण विरेचन अत्यधिक मात्रा में होने लगता है। काम, क्रोध, शोक, चिन्ता जन्य व्यक्तियों में विरेचन से या तो वेग उत्पन्न ही नहीं होता अथवा कठिनता से वेग उत्पन्न होता है जिससे अयोग जन्य उपद्रवों की उत्पत्ति हो जाती है. अजीर्ण रोगी को विरेचनौषध पिलाने से आमदोषोत्पत्ति होती है। नवज्वर में विरेचन देने से अविपक्व दोषों का निर्हरण नहीं होता किन्तु वात दोष कुपित हो जाता है। मदात्यय में मद्य से क्षीण देह वाले व्यक्तियों को विरेचन औषध पिलाने से वायु प्रकुपित हो जाता है। वह प्राणों का अवरोध उत्पन्न करती है। आध्मान युक्त व्यक्ति को विरेचनौषध पिलाने से मलाशय में संचित वायु फैलकर तीव्र आनाह उत्पन्न करती है अथवा रोगी का प्राणान्त कर देती है। शल्य पीड़ित अथवा आघातजन्य पीड़ा वाले व्यक्ति को विरेचनौषध सेवन से क्षत स्थान में स्थित वायु प्राणनाशक होती है। अति स्निग्धों में विरेचन से अतियोग का भय रहता है। अतिरूक्ष व्यक्ति को विरेचनौषध पान से कुपित हुई वायु अवग्रह उत्पन्न करती है। दारुण कोष्ठ वाले व्यक्तियों के दोष बढ़ जाते हैं जिससे हृत्शूल, पर्वभेद, आनाह, अंगमर्द, वमन, मूर्च्छा एवं क्लम उत्पन्न होकर मृत्यु हो जाती है। क्षत से गर्भिणी तक के व्यक्तियों में वमन से उत्पन्न होने वाले लक्षण विरेचन से भी उत्पन्न होते हैं अतः इन सभी अवस्थाओं में विरेचन प्रशस्त नहीं है।

अवस्थाविशेषे निषिद्ध विरेचनेष्वपि मन्द विरेचन विधानं तत्र सावधानतावश्यकता च

अत्यर्थपित्ताभिपरीत देहान्
विरेचयेत्तानपि मन्दमन्दम्[1]।

विरेचनैर्यान्ति नरा विनाश-
मज्ञप्रयुक्तैरविरेचनीयाः ॥ सु० चि० ३३।३१, वंगसेन

हि० व्या०—पित्ताधिक्य से जिन व्यक्तियों की शारीरिक स्थिति विषम होती जा रही हो, ऐसी अवस्था में विरेचन के अयोग्य होने पर भी शनैः-शनैः विरेचन दिया जाता है किन्तु अज्ञानता से अविरेच्यों को विरेचन औषध का प्रयोग कराने से व्यक्ति का विनाश भी हो जाता है।

स्नेहविरेचने समशीतोष्णकालव्यवस्था

नातिशीते न चात्युष्णे पेयं स्नेह विरेचनम्। भे० सं० सू० २५।१८

हि० व्या०—स्नेह विरेचन समशीतोष्ण काल में पिलाना चाहिए।

स्नेहविरेचनाङ्गे स्नेहपानकाल मर्यादा

त्र्यहं तु दापयेत् स्नेहं देये स्नेह विरेचने। भे० सि० सू० २५।१८

हि० व्या०—तीन दिन तक स्नेह विरेचन पिलाना चाहिए।

विरेचन प्रयोगेषु मध्यकोष्ठ वयोबलविचारानुसारं मात्रा निर्देशः

द्रव्यप्रमाणं तु यदुक्तमस्मिन्नमध्येषु तत् कोष्ठ वयोबलेषु।
तन्मूलमालम्ब्य भवेद्विकल्प्यं तेषां विकल्प्योऽभ्यधिकोनभावः ॥
च० क० १२।८३

संप्रति यदेच्छोधनस्य क्वचित् कर्षादिमानमुक्तं न तत् सर्वपुरुषविषयं, किन्तु मध्येषु कोष्ठवयोबलेषु तन्मानं ज्ञेयमिति दर्शयन्नाह— द्रव्येत्यादि। तन्मूलमवलम्ब्येति उक्त प्रमाणमनुक्तप्रमाणानुमानबीजं कृत्वा। विकल्पार्थमाह— तेषां विकल्प्योऽभ्यधिकोनभाव इति; भेषजप्रमाणस्याधिकभावं ऊनभावश्च विकल्प्य इत्यर्थः। (चक्रपाणिः)

तत्र मृदौ मात्रा मृद्वी, तीक्ष्णा क्रूरे, मध्ये मध्या कर्तव्येति पीतौषधश्च तन्मनाः शय्याभ्यासे विरेच्यते। सु० चि० ३३।२१ (ख)

मृद्वी मात्रा मृदुकोष्ठे मध्यकोष्ठे च मध्यमा।
क्रूरे तीक्ष्णा मता द्रव्यैर्मृदुमध्यमतीक्ष्णकैः ॥
शा० उ० ४।१३, वंगसेन

मृद्वी मृदुगुणोपेता वैरेचनिकद्रव्यगुणानां तीक्ष्णत्वादीनामपकर्षेण; तीक्ष्णा तीक्ष्णगुणोपेता, वैरेचनिकद्रव्यगुणानां तीक्ष्णत्वादीनां प्रकर्षेण। तन्मनाः विरेकमनाः। अभ्यासे समीपे। डल्हणः।

मृद्वादिद्रव्यैः मृद्वादिकोष्ठकेषु मृद्वादिमात्रा मता, आचार्याणामिति शेषः।

१. 'मन्दं मन्दं' इत्यत्र केचित् 'मन्दवीर्यैः ईत्येवं पठन्ति, तत्र 'द्रव्यैः' इति शेषः। डल्हणः।

ननु मृदुद्रव्यैर्मृद्वाद्या मात्रा भवति किमर्थं मृद्वादिमात्रेतीत्यादि। उच्यते— हीनयोगातियोगसम्यग्योगाय, ते च तस्याल्पकर्मता। कुर्यात् संश्लेषविश्लेषकाल-संस्कारयुक्तिः' इत्यादि मात्राज्ञानार्थमुक्तम्। आढमल्लः।

मृदुमध्यक्रूरकोष्ठे कर्षमर्द्धपलम्पलम्।
उष्णोदकानुपानन्तु पलं द्वे च पलत्रयम् ॥
तदर्द्धं पाययेच्चूर्णमनुपानञ्च तादृशम्।
क्वाथे क्वाथविधिः कार्य्यस्तदर्द्धः स्वरसोऽपि च ॥
पिचुं दद्यात्तथा स्नेहं पलार्द्धं पलमेव वा।
मृदुकोष्ठस्य दीप्ताग्नेर्दत्तं सम्यग्विरेचनम् ॥
न सम्यङ्निर्हरेद्दोषानतिमात्रप्रधावितम् ॥ वंगसेन
किञ्चान्यद्विधिवत्कालेस्निग्धास्विन्नेन भेषजम्।
मात्रावल्लघु पीतं हि न कदाचिद्विपद्यते ॥
नाचरेदतिमात्रं हि बहुशोऽपि पिबेन्मृदु।
कषायेण तु दातव्यं कषायैः साधुसिध्यति ॥
भे० सू० २५।१०-११

द्विपलं श्रेष्ठमाख्यातं मध्यमं च पलं भवेत्।
पलार्द्धं च कषायाणां कनीयं तु विरेचनम् ॥
कल्कमोदकचूर्णानां कर्षोमध्वाज्य लेहतः।
कर्षद्वयं पलं वापि वयोरोगाद्यपेक्षया ॥ भा० प्र०

हि० व्या०—संशोधनार्थ कल्पस्थान (चरक) में जितनी औषध ग्रहण करने का मान बताया गया है वह मान-मध्यम कोष्ठ, मध्यम वय और मध्यम बल वालों के लिए निर्दिष्ट है। इसी के आधार पर मृदु और क्रूरकोष्ठ उत्तम और हीन बल तथा बाल एवं वृद्धों के मान की कल्पना करनी चाहिए।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार जिनका कोष्ठ मृदु हो, उन्हें संशोधनार्थ मृदु मात्रा, जिनका कोष्ठ क्रूर हो उन्हें तीक्ष्ण मात्रा तथा मध्यम कोष्ठ वाले को मध्यम मात्रा पिलाना चाहिए।

आचार्य वंगसेन के अनुसार मृदुकोष्ठ वाले व्यक्ति को एक कर्ष (तोला), क्रूरकोष्ठ वाले व्यक्ति को एक पल (चार तोले) तथा मध्यम कोष्ठ वाले व्यक्ति को आधा पल (२ तो०) की मात्रा में औषध सेवन कराना चाहिए। इसी प्रकार मृदु, मध्यम तथा क्रूर कोष्ठ वाले व्यक्ति को उष्ण जल का पान कराना हो तो क्रमशः चार तोले, आठ तोले और १२ तोले अनुपान रूप में उष्णोदक का पान कराना चाहिए। चूर्ण की मात्रा औषध मात्रा (जो पूर्व में बताई गई है) से आधी देनी चाहिए तथा अनुपान भी तदनुरूप आधा ही देना चाहिए। क्वाथ देना हो तो क्वाथ विधि से मात्रा तैयार करें। स्वरस की

मात्रा क्वाथ से आधी होनी चाहिए। स्नेह-पिचु २ अथवा ४ तोले प्रमाण में लेना चाहिए। मृदु कोष्ठ एवं दीप्ताग्नि वाले व्यक्ति को मात्राधिक्य औषधपान कराने से अच्छी प्रकार से दोषों का निर्हरण नही हो पाता।

अतिस्निग्धस्य स्नेहविरेचन निषेधे युक्तिः।

न चाति स्नेहपीतस्तु पिबेत् स्नेहविरेचनम्।
दोषाः प्रचलिताः स्थानाद्भूयः[1] श्लिष्यन्ति वर्त्मसु॥

सु० चि० ३३।४१

हि० व्या०—अतिस्निग्ध व्यक्ति को स्नेह विरेचन नहीं देना चाहिए। स्नेह विरेचन देने से, स्नेहन द्वारा अपने स्थान से गतिमान् दोष मार्गों में चिपक जाते हैं अतः उनका निर्हरण नहीं हो पाता।

मृदुकोष्ठक्रूरकोष्ठयोर्लक्षणं तत्र युक्तिश्च

गुडमिक्षुरसं मस्तु क्षीरमुल्लोडितं दधि।
पायसं कृशरां सर्पिः काश्मर्यत्रिफलारसम्॥
द्राक्षारसं पीलुरसं जलमुष्णमथापि वा।
मद्यं वा तरुणं पीत्वा मृदुकोष्ठो विरिच्यते॥
विरेचयन्ति नैतानि क्रूरकोष्ठं कदाचन।
भवति क्रूरकोष्ठस्य ग्रहण्यत्युल्बणानिला।
उदीर्णपित्तात्पकफा ग्रहणी मन्दमारुता।
मृदुकोष्ठस्य तस्मात्स सुविरेच्यो नरः स्मृतः॥

च० सू० १३।६८-६९

अभ्यर्हितत्वात् कोष्ठज्ञानस्यान्यथापि तल्लक्षणमाह गुडमित्यादि। उल्लोडितं दधि =दधिसरः। कृशरा तिलतण्डुलमाषकृता यवागूः। वचनं हि—"तिलतण्डुलमाषैस्तु कृशरा त्रिसरेति च"। क्रूरकोष्ठा विरेचन हेतुमाह—भवतीत्यादि। ग्रहणी=कोष्ठस्थाग्न्यधिष्ठान भूता नाडी। यदुक्तं—"अग्न्यधिष्ठानमन्नस्य ग्रहणाद्ग्रहणी मता" (चि० अ० १५) इति। उदीर्णपित्तेत्यादि मृदुकोष्ठ स्वरूपकथनम्। क्रूरकोष्ठस्य ग्रहणीगतो वायुगुडादीनां सरत्वं प्रतिबध्नाति, मृदुकोष्ठस्य हि ग्रहण्यां विरोधको वायुर्नास्ति स्तंभकोऽपि श्लेष्माऽल्पः, उद्भूतसरत्वगुणं च पित्तं प्रबलं, तेन गुडादिभिः सुखं विरेचनं भवतीति भावः। चक्रपाणिः।

तत्रमृदुः, क्रूरो मध्यम इति त्रिविधः कोष्ठो भवति। तत्र बहुपित्तो मृदुः, स दुग्धेनापि विरिच्यते; बहुवातश्लेष्मा क्रूरः, स दुर्विरेच्य; समदोषो मध्यमः, स साधारण इति।

सु० चि० ३३।२१

१. भूय इत्यादि पुनर्निलीयन्ते मार्गेष्वित्यर्थः। "न चाति स्निग्धकायस्तु" इति केचित् पठन्ति। डल्हणः।

दुग्धं चात्रोपलक्षणमात्रं - तेनेक्षुरसाम्लतत्रमस्तुगुडकृशरासर्पिर्नवमद्योष्णोदकपीलुद्राक्षारसादिभिरपि विरिच्यते, दुर्विरेच्यस्त्रिवृत्रिफलातिल्वकनीलिनीफलादिभिरपि दुःखेन विरिच्यते। डल्हणः।

कोष्ठस्तु त्रिविधो भवति। मृदुः क्रूरो मध्यश्च। तत्र बहुपित्तो मृदुः। सविरिच्यते क्षीरेक्षुरसाम्लतक्रमस्तुगुडकृशरा सर्पिर्नवमद्योष्णोदकपीलुद्राक्षापूगफलादिभिरपि। बहुवातः क्रूरः स दुर्विरेच्यस्त्रिफलातिल्वकत्रिवृन्नीलिनीफलादिभिरपि। बहुश्लेष्मा समदोषश्च मध्यः। स साधारणः ये च स्निग्धास्त्वच्छपानेन प्रायशस्त्रिसप्तपंचरात्रैरिति॥ अ० सं० सू० २६।३०

योऽच्छपेयस्नेहेन त्रिरात्रेण स्निह्यति स मृदु कोष्ठः। यः पञ्चरात्रेण स्निह्यति स मध्य इति। इन्दुः।

बहु पित्तो मृदुः कोष्ठः क्षीरेणाऽपि विरेच्यते।
प्रभूतमारुतः क्रूरः कृच्छ्राच्छ्यामादिकैरपि॥ अ० हृ० सू० १८।३४

अपिशब्दादारग्वधादिभिरपि। प्रभूतमारुतः क्रूरः कोष्ठो भवति। सकृच्छ्रेण कथंचिदपि श्यामादिकैर्विरेच्यते। आदिशब्देन द्रवंतिसुधादीनां ग्रहणम्।

अरुणदत्तः

अपिशब्दाद् द्राक्षारग्वधादिभिश्च तत्र तीक्ष्णद्रव्येण विरेकादतियोगजनिता पीडा स्यात्। अधिकमारुतः क्रूरसंज्ञा इत्युक्तस्य कोष्ठः श्यामादिभिरपि कथञ्चिदेव विरिच्यते। आदिशब्देन समुद्रैरण्डदन्त्यादीनां ग्रहणम्। अपि शब्दादारग्वधादिभिर्न्नविरिच्यत एव। श्लेष्मोत्तरमध्यकोष्ठस्तु छर्दनार्हः। समदोषमध्यकोष्ठस्त्रिवृदादिभिर्विरेच्य इत्यर्थादुक्तं भवति। परमेश्वरः।

बहुवातः क्रूरकोष्ठो दुर्विरेच्यः स कथ्यते।
मृद्वीमात्रा ददौ कोष्ठे मध्यकोष्ठे च मध्यमा॥
क्रूरे तीक्ष्णा मतादद्रव्यैर्मृदुमध्यमतीक्ष्णकैः।
मृदुर्द्राक्षापयश्चञ्चु तैलैरपि विरिच्यते॥
मध्यमस्त्रिवृतातिक्त। राजवृक्षैर्विरिच्यते।
क्रूरः स्नुक् पयसा हेमक्षीरीदन्तीफलादिभि॥ भावप्र०
पिताधिको मृदुः कोष्ठः पयसापिविरिच्यते।
वातेन श्लेष्मणा क्रूरो दुर्विरेच्यः स उच्यते॥ वङ्गसेन॥
पित्तबहुलेतराल्पा ग्रहणी भवति मृदुकोष्ठिनां तस्मात्।
सुविरेच्यामृदुकोष्ठाः प्रायः पित्तं ह्यधोभागि।
द्राक्षापीलुत्रिफलागोरसतप्ताम्बुतरुणमद्यानि ।
भुक्त्वाऽथ पायसं यो मृदुकोष्ठं स्रंस्य (स) ते नान्यः॥

क० सू० २२।३८-३९

पित्तेन मृदुकोष्ठः स्यात् क्रूरो वातकफाश्रयात्।
मध्यमः समदोषत्वान्मात्रा योज्याऽनुरूपतः॥

चक्रदत्तः॥

त्रिविधकोष्ठलक्षण

हि० व्या०—कोष्ठ तीन प्रकार के बताये गये हैं—मृदु, मध्य, एवं क्रूर। पित्त की अधिकता से कोष्ठ मृदु होता है। मृदुकोष्ठ वालों को मात्र दूध से ही विरेचन हो जाता है। श्लेष्मा एवं वात की प्रबलता से कोष्ठ क्रूर होता है। यह दुर्विरेच्य होता है। तीनों दोषों की समावस्था से कोष्ठ मध्यम होता है। इसे साधारण भी कहा जाता है क्योंकि सामान्य विरेचक द्रव्यों से ही विरेचन हो जाता है। अष्टाङ्ग संग्रह में मृदुकोष्ठ वाले व्यक्तियों को दुग्ध आदि चरकोक्त द्रव्यों के साथ पूगफल (सुपारी) तथा क्रूर कोष्ठ वाले व्यक्तियों को विरेचनार्थ त्रिफला, लोध्र, निशोथ, त्रायमाण आदि का उल्लेख किया है। मध्यमकोष्ठ, कफाधिक्य तथा समदोषों वाला होता है (यहाँ दो लक्षणों का उल्लेख किया है।)

अतः साधारण को अच्छ स्नेहपान से तीन दिन में शोधन हो जाता है अतः उसे मृदुकोष्ट समझना चाहिए। सात दिन में स्निग्ध होने वाले को क्रूरकोष्ठ तथा पाँच दिन में शुद्ध होने वाले को मध्यकोष्ठ वाला व्यक्ति जानना चाहिए। वंगसेन, चक्रदत्त, भावप्रकाश एवं शार्ङ्गधर में भी संहिताओं का अनुकरण किया है

मृदुकोष्ठ परिचय—

जिस व्यक्ति को गुड, ईख का रस दधि का पानी, दूध, मथा हुआ दही (मट्ठा), खिचड़ी, घी, गम्भारी, त्रिफला, मुनक्का, पीलू का रस (या क्वाथ आदि अन्य कल्पना) अथवा उष्ण जल, नवीन मदिरा पिलाने से विरेचन हो जाता हैं (इससे कोष्ठ का ज्ञान किया जाता है) काश्यप संहिता में भी यही निर्देश किया है।

क्रूरकोष्ठ परिचय

क्रूरकोष्ठ वाले व्यक्तियों को ग्रहणी स्थान में वातोल्वणता (प्रधानता) के कारण मृदु कोष्ठ वाले व्यक्तियों को विरेचक द्रव्य भी विरेचन नहीं कराते हैं। अतः मृदु विरेचक द्रव्यों के प्रयोग से विरेचन न होने पर व्यक्ति का क्रूरकोष्ठ जानना चाहिए।

मृदु कोष्ठ वाले व्यक्ति सुख विरेच्य होते हैं। मृदुकोष्ठ वाले व्यक्तियों के ग्रहणी स्थान में पित्तदोष की प्रधानता है तथा कफ एवं वायु अल्प होती है अतः मृदु विरेचक द्रव्यों से ही विरेचन सुखपूर्वक हो जाता है।

क्रूरकोष्ठस्य सम्यग्विरेचनाय दशदिन पर्यंतं मलोत्क्लेशक स्नेहन स्वेदन विधानम्।

अदृढस्नेहकोष्ठस्तु पिबेदूर्ध्वं दशाहतः।
भूयोऽप्युपस्कृततनुः स्नेहस्वेदैर्विरेचनम्।
यौगिकं सम्यगालोच्य स्मरन्पूर्वमतिक्रमम्॥

अ० हृ० सू० १८।३१ चक्रदत्तः

दृढस्नेहः कोष्ठो यस्य स दृस्नेहकोष्ठः। न दृढस्नेहकोष्ठोऽदृढ स्नेहकोष्ठः स भूयोऽति स्नेह स्वेदैः संस्कृतशरीरो दशाहादूर्ध्वं यौगिकं विरेचनं पिबेत्। यथावन्निरूप्य पूर्वमनुक्रमं भैषज्यमात्रां मंत्राभिमंत्रितामित्यादिकं तथाऽप्रवृत्तौ तु पाययेत्। उष्णांबु स्वेदयेदस्य पाणितापेनेत्यादिकं च तथापि अतिक्रमं स्मरन् पिबेदिति। अरुणदत्तः।

यौगिकं योगार्हं दूष्यादिकमालोच्यादृढस्नेहकोष्ठो यः स दशाहादूर्ध्वं भूयोऽपि स्नेहन स्वेदैः संस्कृतदेहः सन् तथा पूर्वमतिक्रमं स्मरन् पूर्वायोगकारणं चिन्तयन् अवहितो विरेचनं पिबेत्। चंद्रनन्दनः।

यस्तु निवृत्तस्नेहत्वान्न विरिच्यते स पुनः स्निग्धः स्विन्नो दशाहादूर्ध्वं विरेचनं पिबेत्। पूर्वमतिक्रमं प्रथमे विरेचने सामग्रीवैकल्यं स्मरन्सम्यगालोच्य यद्योग्यं स्यात्तत्पुनर्देयं न प्रथमेव। संग्रहे तु ह्रीभयलोभैश्च वेगाघातशीलाः प्रायशस्त्रिशो राजसमीपस्था वाणिजश्च भवंति। तस्मादेते वेगाधारणात् प्रवृद्ध वातत्वात्सदातुरा दुर्विरेच्याश्च। तान् सुस्निग्धान् शोधयेदन्यान्यपि चाकालनिहाराविहारान् तश्चैषां सदातुरत्वादल्पोऽप्यामयोदुःसाध्यो भवतीति। हेमाद्रिः।

अदृढ़स्नेहकोष्ठस्तु भूयोऽपि दशाहात् स्नेहस्वेदैरुपस्कृदतनुरुर्ध्वं पूर्वमतिक्रमं स्मरन् सम्यग्। लोच्य यौगिकं विरेचनं पिबेत्। अदृढ़स्नेहकोष्ठोसम्यक्स्निग्धकोष्ठस्तु पुनरपि दशाहमवलंब्य स्नेहस्वेदैरूपस्कृततनुः सप्ताहं स्नेहनं कृत्वा त्र्यहं स्वेदनं विधायोत्पन्नस्नेहफलशरीरस्सन् पश्चात् कोष्ठस्य स्थिरताया अभावञ्च तन्निमित्तौषधान्यथात्वं च सर्वमयोगनिमितञ्च स्मरन् पूर्वायोगकारणत्यागार्थं यथावदस्य रोगिण एवंविधमौषधं कार्यकरमिति निरूप्य योगार्हं विरेचनौषधं पिबेत्। परमेश्वरः

अदृढ़स्नेहकोष्ठ इति-असम्यक्स्निग्धकोष्ठ इत्यर्थः। स्मरन् पूर्वमनुक्रममितियेन मात्राभियोगेन पूर्वमयोगोऽभूत् तत् स्मृत्वा परिहर्तव्यमिति भावः।

शिवदाससेनः।

हि० व्या०—जिन व्यक्तियों का कोष्ठ अच्छी प्रकार स्निग्ध नहीं हो उन्हें दश दिन बाद पुनः स्नेहन स्वेदन कराना चाहिए और पूर्वानुक्रम का स्मरण करते हुए सम्यक् रूप से विरेचन कराना चाहिए।

अविज्ञातकोष्ठस्य मृदुविरेचने युक्तिः

प्रागपीतं नरं शोध्यं पाययेत्तौषधं मृदु ।
ततो विज्ञात कोष्ठस्य कार्यं संशोधनं पुनः । सु० चि० ३३।३४

हि० व्या०—जिस व्यक्ति ने पूर्व में कभी संशोधन औषध का पान नहीं किया है, उसे मृदु औषध पिलाना चाहिए। इससे उसका कोष्ठ ज्ञात हो जाता है, पुनः यथामात्रा संशोधन औषध पिलाना चाहिए।

इति तीक्ष्णस्यापि शोधकस्यौषधस्य कदाचित् न सम्यक् विरेचकत्वे कारणानां निर्देशः ।

मृदु कोष्ठस्य दीप्ताग्नेरतितीक्ष्णं विरेचनम् ।
न सम्यङ्निर्हरेद्दोषानतिवेगप्रधावितम् ॥ सु० चि० ३३।३५

अतिवेग प्रधावितम् अतिवेगप्रवर्तितम्। न सम्यङ्निर्हरेद्दोषानिति कुतः? कोष्ठमार्दवादग्निदीप्तेरतितैक्ष्ण्याच्च। अयमभिप्राय-मृदुकोष्ठस्य कोष्ठमार्दवेन शीघ्रप्रवृत्तिः, दीप्ताग्नेश्चाग्निदीप्त्या आशुपाकित्वादचिरस्थायिनी पच्यमानावस्था अतस्तद्धेतुकाऽतिप्रवृत्तिरपि तथाभूतैव; तथा विरेचनस्य तीक्ष्णतयाऽपि शीघ्रप्रवृत्तिरितिहेतुत्रयेण शीघ्रं प्रवर्तनाद्दोषाणां न निःशेषेण दोष निर्हरणम्। तस्मान्मृदेव विरेचनं स्वल्पमात्रं देयमिति। डल्हणः।

हि० व्या०—जिन व्यक्तियों की अग्नि प्रदीप्त हो, कोष्ठ मृदु हो उनको अति तीक्ष्ण विरेचनौषध का सेवन कराने पर औषध के अत्यन्त वेग से गति करने के कारण सम्यक् रूप से दोषों को बाहर नहीं निकालती है।

विरेचन प्रयोगात् पूर्व दिने तथा अपरेऽह्नि किं कर्तव्यम्

अथातुरं श्वो विरेचनं पाययिताऽस्मीति पूर्वाह्णे लघुभोजयेत्, फलाम्लमुष्णोदकं चैनमनुपाययेत्॥ अथापरेऽह्नि विगतश्लेष्मधातुमातुरोपक्रमणीयादवेक्ष्यातुरमथास्मै औषधमात्रां पातुं प्रयच्छेत्। सु० चि० ३३।२०

विरेचनस्य प्राक्कर्म निर्दिशन्नाह-अथेत्यादि। पूर्वाह्ण ग्रहणं सायम्भोजननिषेधार्थम्। फलाम्लं बीजपूरादि। फलाम्लोष्णोदकानुपानं पित्तवर्द्धनार्थम्, अन्ये तु कफावजयार्थमाहुः। विगतश्लेष्मधातुमिति विगतश्लेष्माणमिति कर्तव्ये धातुग्रहणं श्लेष्मसहचरितरसधातूपलक्षणं, रसावशेषेऽपि सप्रसेकत्वात् पुरुषस्य विरेचनं न देयमिति मात्रा पुरुषस्य बलापेक्षया प्रधानमध्यादिभेदेन तन्त्रान्तरोक्ता कथ्यते—

'द्वे पले ज्येष्ठमाख्यातं मध्यमं तु पलं भवेत्। पलार्धमुपयुञ्जीत कनीयस्तु विरेचनम्' इति। डल्हणः।

१. अविज्ञातकोष्ठस्य मृदुविरेचनं देय मित्याहप्रागित्यादि। प्राक् पूर्वं न पीतं विरेचनं येन सः तम्॥ डल्हण।

अथ वमितवन्तं पुनरेव स्नेहस्वेदाभ्यामुपपाद्य श्वो विरेचयितव्य इति सुजरमश्लेष्मलं स्निग्धं फलाम्लमुष्णमुष्णोदकानुपानं जांगलरसौदनं भोजयेत्। ततः सुखोषितं पूर्वोक्ते विधिनाऽतीतश्लेष्मकाले निरन्नं विभज्य कोष्ठं यथार्हौषधमात्रां पाययेत्। न त्वकृतवमनमन्यत्रातिक्रूरकोष्ठात्।

अ० सं० सू० २७।२७

अथ वमितवन्तं विधिना संस्नेह्य संस्वेद्य च श्व अयमातुरो विरेच्य इति रसौदनं भोजयेत्। किंभूतमित्याह सुजरमित्यादि। फलेन दाडिमादिनाम्लम्। ततो रसौदनं भुक्त्वा रात्रौ सुखेनानायासेनोषितं प्रातर्निरन्नं श्लेष्मकाले दिनस्य प्रथमत्रिभागे गते कोष्ठं मृद्वादि भेदेन विभज्य विकल्प्य यथार्हामौषध मात्रां पाययेत् पूर्वोक्ते नैव वमनोक्तेन मङ्गलपूर्वेण विधिना। अकृतवमनमातुरं विरेचनं न पाययेत्। क्रूरकोष्ठमकृतवमनमेव विरेचनं पाययेत्। कुत एवमित्याह। इन्दुः।

विरेचन के पूर्व कर्म एवं विधि

हि० व्या०—यदि कल विरेचनौषध पिलाना हो तो प्रातः काल लघु आहार देना चाहिए। अम्ल फलों का रस तथा उष्ण जल का पान कराना चाहिए। द्वितीय दिन आतुरोपक्रमणीय अध्याय में निर्देशित विधि के अनुसार श्लेष्मा एवं रस धातु के हीन होने की (नष्ट होने की) परीक्षा करके विरेचनौषध पिलाना चाहिए, (अर्थात् श्लेष्मा एवं रस धातु की वृद्धि की स्थिति में विरेचन नहीं कराना चाहिए।)

अष्टाङ्ग संग्रहकार लिखते हैं कि—सम्यक् रूप से वमन कर्म सम्पन्न हो जाने के पश्चात् रोगी में बलाधान हो गया हो तब उस रोगी को विरेचन कर्म भी कराना अभीष्ट हो तो उसे पुनः स्नेहन एवं स्वेदन से उपपादित करें। सुश्रुतोक्त लघु भोजन के स्थान पर मांसरस के साथ भात के आहार का उल्लेख किया है। इस आहार को सुपाच्य बनाने के लिए अम्ल द्रव्य (अनारदाना, इमली आदि) डालें। यह आहार कफकारक भी न हो तथा स्निग्ध भी होना चाहिए। यथाक्रम वमन के पश्चात् संसर्जन कर्म एवं स्नेह स्वेदादि के उपरान्त विरेचन कराने का विधान होते हुए भी क्रूरकोष्ठवाले व्यक्ति को वमन कराये बिना भी विरेचक औषध पिलाई जा सकती है।

वमनानन्तरं विरेचनात् प्राक् आस्थापनविचारः

स्नेह स्वेदोपपन्नं तु छर्दितं भावितं पुनः।
विरेचनस्य सिद्ध्यर्थं पूर्वमास्थापयेद्भिषक्।
अजीर्यदथ रुक्षं हि विरेचनमथोल्लिखेत्॥ भे० सं० सू० १४।
प्रवृत्तं हि मलं स्निग्धं विरेको निर्हरेत्सुखम्। अ० हृ० सू० १९

हि० व्या०—विरेचन से पूर्व स्नेहन कराने से प्रवृत्त हुए मलों का सुख-

पूर्वक विरेचन से निर्हरण हो जाता है। अथवा प्रवृत्त मलावस्था में स्नेह विरेचन सुखपूर्वक उन्हें बाहर निकाल देता है।[1]

कतिपय रोगेषु विरेचनात् प्राक् स्नेहनप्रयोग निषेधः

विषाभिघातपिटिकाकुष्ठशोथ विसर्पिणः।
कामलापांडुमेहार्तान्नातिस्निग्धान् विरेचयेत ॥ अ० हृ० सू० १८

नातिशब्दोऽत्रेषदर्थे। नातिशीतगुप्तमित्यत्र यथा। विषाद्यार्तानीषत्स्निग्धान् विरेचयेत्। अरुणदत्तः।

विषाभिघातादिभिर्मेहान्तैरार्तानातुरान् नातिस्निग्धान् सामर्थ्यादीषत्स्निग्धान् कृत्वा यथायथं योग्यैर्विरेचनौषधैः प्रायेण रूक्षैर्विशोधयेत्।

चंद्रनन्दनः।

हि० व्या०—विष विकार, अभिघात, पिडिका, कुष्ठ, शोथ, विसर्प, कामला, पाण्डु तथा प्रमेह रोग से सन्तप्त व्यक्तियों को ईषद् स्नेहन के बाद विरेचन कराना चाहिए। (अधिक स्नेहपान कराना उचित नहीं है।

स्नेहविरेचनस्य रूक्षविरेचनस्य च प्रयोगस्थलानि।

नातिस्निग्धशरीराय दद्यात् स्नेह विरेचनम्।
स्नेहोत्क्लिष्टशरीराय रूक्षं दद्याद्विरेचनम्।
एवं ज्ञात्वा विधिं धीरो देशकालप्रमाणवित्।
विरेचनं विरेच्येभ्यः प्रयच्छन्नापराध्यति ॥

च० सि० ६।१६ च० क० १२।८०-८१

स्नेह विरेचनमिति स्निग्धं विरेचनमित्यर्थः। अनति स्निग्धे स्नेहविरेचनमनतिस्निग्धत्वेन क्रियमाण विरेचनायोगप्रतिषेधार्थम्; अतिस्निग्धस्य स्नेहविरेचनं स्नेहन प्रकर्षादतिवेगं गच्छत् प्रचलितानपि दोषान् निहन्तुं न शक्नोति दोषास्तु तेन विरेचनेन स्वस्थानात् प्रच्यावित भूयः स्रोतः सु लीयन्ते, तत्प्रतिषेधार्थं रूक्षं विरेचनं सम्यग्योगकारकं दद्यादित्ययमाशयः। चक्रपाणिः।

नाति स्निग्ध शरीरायेति। मन्दस्निग्धादीनां सस्नेहमतिस्निग्धानां च रूक्षणं विरेचनमिति प्रतिनियमे। विसर्पचिकित्सतोपदेशात्। अयमत्र निषेध आद्यानपेक्ष इत्यन्ये। यदा तु सर्वाश्रयो विधिस्तदा स्नेहविरेचनं स्निग्धस्य विहितमेव। 'स्निग्धाय स्वेदिताङ्गाय दद्यात्स्नेहविरेचनम्' इति। अतिस्निग्धस्य स्नेहनविरेचन प्रतिषेधः। किं तर्हि, तस्य स्नेहोत्क्लिष्ट दोषस्य सुखेन विरेचनविधानादति स्निग्धस्य स्नेहविरेचन विधानमिति। एवं हि तद्विपर्ययेण सूत्रार्थ सम्पादितो भवतीति। कथं तर्हि, रूक्षस्य वायुरङ्गग्रहं करोति; इत्युक्तं, तेन नानर्थकः प्रसङ्गः। अत्राप्यतिदिनग्धस्यातियोगभयं भवेदिति।

१. यस्यान्मलं प्रवृत्तं सन्तं किंचित्पतितं स्निग्धो विरेकः सुखं मलप्रेरणेन निर्हरेत्॥ अरुणदत्तः।

कतमेन विरेचनेन किं स्निग्धेन रूक्षेणेति। अवचनाददोषः। यदि च नातिस्निग्धे प्रतिषेधः। एवं च नोभयप्रसङ्ग इति। स्नेहादीनामनुक्तगुणनिर्देशार्थमुद्देशश्लोकः। जज्जटः।

हि० व्या०—जिन व्यक्तियों का शरीर अत्यधिक स्निग्ध हो गया हो उन्हें स्नेह विरेचन का प्रयोग कराना चाहिए। कदाचित्—स्नेहाधिक्य से जिन व्यक्तियों के शरीर में दोष उभर गये हों उन्हें दोष निर्हरण हेतु रूक्ष विरेचन औषध प्रयोग कराना चाहिए। देश, काल तथा प्रमाण को जानने वाले धैर्यवान् चिकित्सक का कर्तव्य है कि वह नियमानुसार विरेच्य व्यक्ति को विरेचनौषध का प्रयोग करावें इससे उसे किसी प्रकार की कार्यहानि अथवा त्रुटि नहीं होती हैं।

दुर्बलस्य मृदुविरेचनयोगदाने युक्तिः

दुर्बलस्य मृदुद्रव्यैरल्पान् संशमयेत्तु तान्।
क्लेशयंति चिरं ते हि हन्युर्वेनमनिर्हृताः ॥ अ० हृ० सू० १८।५१
दुर्बलः शोधितः पूर्वमल्पदोषः कृशो नरः।
अपरिज्ञातकोष्ठस्तु पिबेन्मृदल्पमौषधम् ॥

अ० हृ० सू० अ० १८।४६, चक्रदत्तः। (विरेचनाधिकारे-२८)

हि० व्या०—जो व्यक्ति दुर्बल हों, जिनका शोधन किया गया हो, जिसमें दोष अल्प हों, शारीरिक बल हीन हो तथा जिसके कोष्ठ के विषय में ज्ञान न हो उन व्यक्तियों के लिए मृदु औषध का भी स्वल्प मात्रा में प्रयोग कराना चाहिए।

स्नेह सात्म्यस्य किंचिद्विरूक्षणपूर्वकं स्नेहनोत्तरं विरेचन विधानम्

[1]विरूक्ष्य स्नेहसात्म्यं तु भूयः संस्नेह्य शोधयेत्।
तेन दोषा हुतास्तस्य भवन्ति बलवर्धनाः ॥ सु० चि० ३३।४३
[2]सर्वान् स्नेहविरेकैश्च रूक्षैस्तु स्नेह भावितान्।

अ० सं० सू० २७। अ० हृ० सू० १८।

हि० व्या०—जिन्हें स्नेह सात्म्य हो गया है उन्हें सर्वप्रथम रूक्ष क्रिया द्वारा रूक्ष करके पुनः स्नेहन कराकर संशोधन कराना चाहिए। इससे निष्क्रिय हुए दोष निकलते हैं एवं शरीर में बल वृद्धि होती है।

१. विरूक्षेत्यादि। 'बलवर्धना' इत्यत्र 'स्नेहबन्धना' इति पठन्ति, स्नेहबन्धना; स्नेहोपलिप्तस्रोतोबन्धना इत्यर्थः। डल्हणः।

२. एतान् सर्वान् विशोध्यव्याध्यार्तान् स्नेहविरेचनैः शोधयेत्। स्नेहभावितदेहान् वा रूक्षैरेव विरेचनैः शोधयेत्। स्नेहभाविदेहा येषां संचितस्नेहसंस्कारो देहस्य विद्यते। इन्दुः।

अस्निग्धादि पुरुषे विरेचन प्रयोगः

अस्निग्धे रेचनं स्निग्धं रूक्षं स्निग्धेति शस्यते ।
विरूक्ष्य स्नेहसात्म्यन्तु भूयः स्निग्धं विरेचयेत् ॥ चक्रदत्तः
विरूक्ष्य स्नेहसात्म्यन्तु भूयः संस्नेहय रेचयेत् ।
तेन दोषा हृतास्तस्य भवन्ति मलबन्धनाः ॥ वङ्गसेन

हि० व्या०—रूक्ष व्यक्तियों को स्नेहविरेचन कराना चाहिए तथा स्निग्ध व्यक्तियों को रूक्ष विरेचन का प्रयोग कराना चाहिए। जिन व्यक्तियों को स्नेह सात्म्य हो गया हो उन्हें पूर्व में रूक्षण कर्म कराकर स्नेहन कराना चाहिए तत्पश्चात् विरेचनौषध पिलानी चाहिए। वंगसेन में लिखा है कि इस क्रम से विरेचन कराने से दोष नष्ट हो जाते हैं तथा उनके बन्धन शिथिल हो जाते हैं।

विरेचने दोषादि निर्हरण संकेतः।

यथा वमने प्रसेकौषधकफपित्तानिलाः क्रमेणायान्ति तथा विरेचने पुरीष! पित्तौषधकफा इति। वङ्गसेन (विरेचनाधिकार)

हि० व्या० – जिस प्रकार वमन में प्रसेक औषध का सेवन करने पर क्रमशः कफ-पित्त और वायु का निर्हरण होता है उसी प्रकार विरेचनौषध सेवन से मल-पित्त, औषध तथा कफ का क्रमशः निर्हरण होता है।

विरेचकौषध पीतवतः कर्तव्यानि

विरेचनं पीतवांस्तु न वेगान् धारयेद्बुधः।
निवातशायी शीताम्बु न स्पृशेन्न प्रवाहयेत् ॥ सु० चि० ३३।२२

हि० व्या०—जिसने विरेचनौषध का पान किया हो उसे मल-मूत्र आदि वेगों को धारण नहीं करना चाहिए। उसे वायुरहित स्थान पर सोना चाहिए। शीतल जल का सेवन नहीं करना चाहिए तथा मल निकालने के लिए श्रम नहीं करना चाहिए।

क्वचित् जाठराग्निबलात् विरेचन योग निस्फलतायां पुनर्विरेचनोपक्रम वर्णनम्

रूक्षबह्वनिलक्रूरकोष्ठव्यायामशीलिनाम् ।
दीप्ताग्नीनां च भैषज्यमविरेच्यैव जीर्यति ॥
तेभ्यो बस्तिं पुरा दद्यात्ततः स्निग्धं विरेचनम् ।
शकृन्निर्हृत्य वा किंचित्तीक्ष्णाभिः फलवर्तिभिः ॥ अ० हृ० सू० १८।

रूक्षादीनां भैषज्यमविरेच्यैव विरेचनमकृत्वैव परिणतिमेति। तेभ्यो रूक्षादिभ्यः पूर्वं बस्तिं – दद्यादनंतरमेरण्डतैलविदुघृतादिकं विरेचनं योजयेत्। अथवा फलवर्तिभिस्तीक्ष्णाभिः पुरीषं किंचिदल्पं निर्हृत्य निःसार्यं स्निग्धं विरेचनं दद्यात्। अरुणदत्तः।

रूक्षादियुक्तानां पुंसां तथा दीप्ताग्नीनां भेषजं विरेचनमौषधमविरिच्यैव विरेचनमकृत्वैव अतस्तेभ्यो नरेभ्यः पुरा बस्तिं दत्त्वा ततोऽनन्तरं नीलिनीघृतादिकं दद्यात्। अथवा तीक्ष्णाभिः फलवर्तिभिः शकृत् पुरीषं स्तोकं निर्हृत्य विरेचनं दद्यात्। यस्मात् फलवर्तिभिर्विरेचयेत्। चंद्रनन्दन।

रूक्षादीनां विरेचनार्थं पीतं भैषज्यमविरेच्यविरेचनमकृत्वा जीर्यत्येव जरां यात्येव शीघ्रपाक गमनादिति। अतिरूक्षस्य बह्वनिलत्वेपि पृथगुक्तो रूक्षतया विना लघुशीतादिना कुपितस्य वोरुस्तंभादिकरत्वदर्शनात्। तेभ्यः पुरो बस्तिं दद्यात्। तेभ्यो रूक्षादिभ्यो वाताधिकत्वात्तज्जयाय पूर्वं बस्तिं स्नेहन प्रयोजयेत्। ततोऽनन्तरं विन्दुघृतैरण्डतैलादिकं विरेचनं योजयेद्वा। तीक्ष्णाभिः फलवर्तिभिश्शकृत् किञ्चिन्निर्हृत्य स्निग्धविरेचन दद्यात्। परमेश्वर।

हि० व्या०—जिनका कोष्ठ रूक्ष हो, वात की प्रबलता से कोष्ठ क्रूर हो गया हो, जो प्रतिदिन व्यायाम करते हों तथा जिनकी अग्नि प्रबल हो इस प्रकार के व्यक्तियों को विरेचनार्थ दी गई औषध विरेचन कराये बिना ही पच जाती है ऐसी अवस्था में पहले स्नेहबस्ति देनी चाहिए। तीक्ष्ण द्रव्यों की फलवर्ति देकर थोड़ा मल निकाल देना चाहिए तब सिद्ध विरेचन देना चाहिए।

रूक्षादिकोष्ठे विरेचन प्रयोग विधिः

रूक्षबह्वनिलक्रूर—कोष्ठव्यायामशीलिनाम् ।
दीप्ताग्नीनाञ्च भैषज्यमविरिच्यैव जीर्यति ॥
तेभ्यो बस्तिं पुरा दद्यात् ततः स्निग्धं विरेचनम् ।
चक्रदत्तः (विरेचना०) २६

रूक्षादयः कोष्ठेन सार्द्धं सम्बध्यन्ते। अविरिच्येवेति विरेकमकृत्वा। बस्तिनिरूह इति केचित्; अन्ये तु निरूहापेक्षया स्नेहबस्तेर्वातप्रशमकत्वेनानुवासनमत्रबस्तिशब्दार्थ इत्याहुः; तूभयमित्याहुः। शिवदाससेन।

हि० व्या०—रूक्ष शरीर वाले, जिनके शरीर में वात प्रबल हो, जिनका कोष्ठ क्रूर हो, प्रतिदिन व्यायाम करने वाले, जिनकी अग्नि प्रदीप्त हो, उनको प्रयोग कराई गई विरेचनौषध विरेचन नहीं कराते हुए पच जाती है। इस प्रकार के व्यक्तियों को पूर्व में स्नेह बस्ति का प्रयोग कराना चाहिए तदनन्तर स्नेह विरेचन का प्रयोग कराना चाहिए।

सम्यक् विरिक्तस्य लक्षणानि

स्रोतोविशुद्धौन्द्रियसंप्रसादौ
लघुत्व[1]मूर्जोऽग्निरनामयत्वम् ।

१. ऊर्जोऽग्निरिति पटुरग्नि। अनामयत्वमिति विरेचन जेतव्यदोषजनितविकारव्यपगमः। चक्रपाणिः।

प्राप्तिश्च विट्पित्तकफानिलानां
सम्यग्विरिक्तस्य भवेत्क्रमेण ॥ च० सि० १।१७-१८, चक्रदत्त
दौर्बल्यं लाघवं ग्लानिर्व्याधीनामणुता रुचिः ।
हृद्वर्णशुद्धिः क्षुत्तृष्णा काले वेग प्रवर्तनम् ॥
बुद्धीन्द्रिय मनः शुद्धिर्मारुतस्यानुलोमता ।
सम्यग्विरिक्तलिङ्गानि कायाग्नेश्चानुवर्तनम् ॥ च० सू० १६।५-६
[1]गतेषु दोषेषु कफान्वितेषु
नाभ्या लघुत्वे मनसश्च तुष्टौ ।
गतेऽनिले चाप्यनुलोमभावं
सम्यग्विरिक्तं मनुजं व्यवस्येत् ॥ सु० चि० ३३।२५, वंगसेन
सम्यग्विरेकाद् व्याध्युपशमो यथोक्त विपर्ययश्च । अ० सं० सू० २७।
अस्निग्धारक्ततात्राणां लाघवं गात्रमार्दवम् ।
हृदयोद्गारमूत्राणां शुद्धिर्वातानुलोमतः ॥
प्रसन्नस्वरवर्णत्वं बुभुक्षा व्याधिनिग्रहः ।
श्लेष्मणा च स्वयं स्थानं सुविरिक्तस्य लक्षणम् ॥
भे० सि० १।३४-३५
आमपक्वाशयौ पित्त गुदो गर्भाशयामृजी ।
विरेक··· ··· ··· ॥
··· ··· ···क्षुद्वातमूत्रानुलोमता ।
लाघवं चाग्निदीप्तिश्च सम्यक्स्त्रंसितलक्षणम् ॥ का० सि० २।
बलासौषधपित्तानि वायुर्वान्ते यथा व्रजेत् ।
रेकान्तथा मलं पित्तं भेषजं च कफो व्रजेत् ॥ शा० उ० ४।३६

यथा वमने प्रथमं बलासः कफः प्रवर्तते । पश्चाद्वमनद्रव्यं निर्गच्छेत् । तदनु पित्तानि बहुवचनत्वेन हरितपीतानि कटुतिक्त प्रायाणीति । तत्पश्चाद्वायुरिति । तथा एवमपि विरेकात्प्रथमं मलं पुरीषं तदनु पित्तं तत्पश्चाद्विरेचनं द्रव्यं । तदनु कफः प्रवर्तत इति । तेन कफान्ते च विरेचनमिति वचनात् । एतेन सम्यग्वाऽसम्यग्विरिक्तश्च कथित इत्यभिप्रायः । अन्यथा दुर्वान्तो दुर्विरिक्त इति । तेन दुर्वान्त लक्षणमनाध्यायेऽभिहितं दुर्विरिक्तलक्षणमत्रैवाग्रे वक्ष्यति । नाभेरिति षष्ठं वदन्ति केचित् । तत्र नाभेरेव स्रस्तत्वम् । आढमल्लः ।

बुद्धेः प्रसादं बलमिन्द्रियाणां
धातुस्थिरत्वं बलमग्निदीप्तिम् ।
चिराच्च पाकं वयसः करोति
विरेचनं सम्यगुपास्यमानम् ॥
सु० चि० ३३।२७, अ० सं० सू० २७।६४, अ० हृ० सू० १८।५३, वंगसेन

१. गतेष्वित्यादि । दोषोऽत्र पित्तस्थान गतं दोषोपलक्षितं पुरीषं कफपित्तं च ।

कायमनसोरन्योन्यानुविधानात् कायमपि मनोऽनुविधत्ते मनश्च काय इति । शरीरशुद्धिकारणं हि विरेचनं, तच्छुद्धौ मनसो विशुद्धिः, मनः शुद्धौ बुद्धिप्रसाद उपपन्न एवेत्यतो बुद्धिप्रसादं करोतीत्युक्तम् । धातुस्थिरत्वमुपचयलक्षणबलेन । अत्र बलशब्देनोत्साहलक्षणबलम् । केचित् 'विरेचनं सम्यगुपास्यमेव' इति पठन्ति । केचिद्बुद्धिप्रसादादयस्तात्कालिका विरेचनस्य गुणाः, अग्निदीप्ति प्रभृतयस्तु केचित्संसर्जनक्रमानन्तरभाविन इति कथयन्ति । उपस्तम्भादिकारिणो मलस्य क्षयकार्यपि विरेकः स्रोतः शुद्धया बलमादधाति तक्रपानवत् । उक्तं च—"स्रोतः सु तक्रशुद्धेषु रसः सम्यगुपैति यः । तेन पुष्टिर्बलं वर्णः प्रहर्षश्चोपजायते ।" डल्हणः ।

इन्द्रियाणां बलं बुद्धिः प्रसादो वह्निदीप्तता ।
धातुस्थैर्यं वयः स्थैर्यं भवेद्रेचनसेवनात् ॥
योगरत्नाकर, शार्ङ्गधर, उ० ४।४५

इन्द्रियाणामिति । चक्षुरादीनां बलं स्व-स्व विषय—ग्राहकताशक्त्यतिशयः । बुद्धेः प्रसादः प्रसन्नता, वह्नेः कायाग्नेः । दीपनं भवति । धातूनां रसादीनां स्थैर्यं मार्गस्य शुद्धत्वात् । तेनैव हेतुना वयसः स्थैर्यं करोति । आढमल्लः ।

यथा वृक्षस्य पुष्पेषु पलाशेषु फलेषु च ।
शीर्णेष्वन्यानि रोहन्ति तथा व्याधिरनिर्हृतः ॥
यथा मूले तरोश्छिन्ने मलायत्यग्रं न संशयः ।
एवं विरेचिते व्याधिरुपशाम्यति देहिनाम् ॥ भे० सू० १४।७-८
आढकाधाढक प्रस्थसंख्या ह्येषा विरेचने ।
श्लेष्मान्तत्वाद्विरेकस्य न तामिच्छति तद्विदः ॥
एको विरेकः श्लेष्मान्तो न द्वितीयोऽस्ति कश्चन । इति डल्हणः ।

अग्न्यधिष्ठान संश्लवादत्यर्थमग्निमांद्यहेतौ विरेचन एवाढकादिसंख्या, वमनास्थापनयोस्त्वग्न्यधिष्ठानानभिभवेन तादृशाग्निमान्द्याभावान्माननियमो नास्तिः अतएव तदहरेव वमने कुलत्थमुद्गयूषभोजनं, आस्थापने मांसरसभोजनमनुवासनं च । एतन्मतं निरस्यन्नाह—श्लेष्मान्तत्वादित्यादि । अयमभिप्रायः—विरेचनं निःशेषपित्तहरणाय प्रयुज्यते, निःशेष पित्त निर्हरणं च तदैवानुमीयते यदा पित्तप्रवर्तनानन्तरं तत् परदेशस्थ आम रूपः कफः प्रवर्तते; तस्मात् कफान्तिकत्वाद्विरेकस्य तां प्रस्थादिकां संख्यां विरेचनविदो नेच्छन्ति । एतेन वैंगिकोऽपि निराकृतः, लैङ्गिकः पुनरेकान्तेन विशुद्ध एव । यतो लैङ्गिकेऽपि कफान्तिकत्वमस्ति । तथा च 'वमने प्रसेकौषधकफपित्तानिलाः क्रमेण गच्छति, एवमेव विरेचने पुरीषपित्तौषधकफा' इति । अतो वैंगिकमानिकौ विरेकौ गौणतया प्रतिपादितौ क्वचिद्बालवृद्धाद्यवस्थावशात् प्रयुक्तौ कर्तव्यौ । मुख्यः पुनरेकः कफान्तिक एवेत्याह—एको विरेक इत्यादि । न द्वितीयोऽस्तीति तृतीयस्य पुनः का कथा, एवं वमनमप्येकमेव । तथा च भोजः,

"तस्मान्मतिमता नित्यमात्मानं परिरक्षिता।
पित्तान्तं वमनं स्थाप्यं कफान्तं च विरेचनम्।" इति डल्हणः।

सम्यक् विरेचन होने पर

पयो दुग्धम्, तैलैः एरण्डादितैलैः, त्रिवृता निःसृता, तिक्ता कटुकी, राजवृक्षो गिरिमालकः। स्नुक् सेहुण्डः तस्य दुग्धम्, हेमक्षीरी स्वर्णक्षीरी, दन्ती जयपालः। आदिशब्दात् इन्द्रवारुणीवह्वलवण्यादयः। काशीराम।

हि० व्या०—मुनक्का, उष्णदुग्ध, उष्णजल, एरण्ड तैल आदि द्वारा मृदुकोष्ठ वाले व्यक्ति को सामान्य विरेचन हो जाता है। निशोथ, कुटकी, अमलतास से मध्यम कोष्ठ वाले व्यक्ति को विरेचन हो जाता है। क्रूरकोष्ठ वाले व्यक्ति को विरेचनार्थ सेहुण्ड का दूध, स्वर्णक्षीरी तथा जयपाल आदि तीक्ष्ण द्रव्यों से विरेचन कराना चाहिए।

त्रिवृत् सुखविरेचनानाम्। च० सू० अ० २५।४०
विरेचने त्रिवृन्मूलं श्रेष्ठमाहुर्मनीषिणः।
तस्याः संज्ञा गुणाः कर्म भेदः कल्पश्च वक्ष्यते॥

च० क० ७।३

हि० व्या०—सुखपूर्वक विरेचन कराने वाले द्रव्यों में त्रिवृत् को उत्तम बताया गया है। वमन में मदनफल एवं विरेचन में त्रिवृत् को ही अ० हृ० में भी श्रेष्ठ बताया है जिसका वर्णन सामान्य संशोधन प्रकरण में किया गया है।

इसी द्रव्य के पर्याय नाम, गुण, कर्म एवं विविध कल्पों का वर्णन किया जा रहा है।

त्रिवृत् पर्यायाः

त्रिभण्डी त्रिवृता चैव श्यामा कूटरणा तथा।
सर्वानुभूतिः सुवहा शब्दैः पर्यायवाचकैः॥

च० क० ७।४

हि० व्या०—त्रिभण्डी, त्रिवृता, श्यामा, कूटरणा, सर्वानुभूति, सुवहा त्रिवृत के पर्यायवाचक नाम हैं। विशेष—कहीं-कहीं सरला एवं कौटरा भी पर्याय नामों से पठित है।

त्रिवृत गुणविशेषाः

काषाया मधुरा रूक्षा विपाके कटुका च सा
कफवित्तप्रशमनी रौक्ष्याच्चानिलकोपनी॥

[1]सेदानीमौषधैर्युक्ता वातपित्तकफापहैः।
कल्पवैशेष्यमासाद्य सर्वरोगहरा भवेत्॥

च० क० ७।५-६, अ० हृ० क० २।२

हि० व्या०—त्रिवृत् रसमें कषाय-मधुर, गुण में रूक्ष तथा विपाक में कटु होती है। कफ एवं पित्तशामक कर्म हैं। रूक्ष होने से वातप्रकोपक है।

वात, पित्त तथा कफनाशक औषधियों से युक्त होकर तथा विशिष्ट कल्पना के रूप में एक दोषज, द्विदोषज या सन्निपाज समस्त व्याधियों को दूर करने वाली है।

द्विविध त्रिवृत् गुणविशेषाः

मूलं तु द्विविधं तस्याः श्यामं चारुणमेव च।
तयोर्मुख्यतरं[2] विद्धि मूलं यदरुणप्रभम्।
सुकुमारे शिशौ वृद्धे मृदुकोष्ठे च तच्छुभम्।
मोहयेदाशुकारित्वात् श्यामाक्षिण्वीतमूर्छयेत्।
तैक्ष्ण्यात कर्षति हृत्कण्ठमाशुदोषं हरत्यपि।
शस्यते बहुदोषाणां क्रूरकोष्ठाश्च ये नराः॥

च० क० ७।७-९

हि० व्या०—श्यामा एवं अरुणमूल भेद से त्रिवृत दो प्रकार की होती है। इन दोनों में अरुणमूल उत्तम होता है। इसका प्रयोग सुकुमार, शिशु, वृद्ध एवं मृदुकोष्ठ वाले व्यक्तियों के लिए प्रशस्त बताया गया है। श्याममूला निशोथ में शीघ्र क्रियाकारित्व स्वभाव होने से मोह उत्पन्न करने वाली बताई गई है। धातुक्षय कारक एवं मूर्च्छा को उत्पन्न करती है। तीक्ष्ण होने से हृदय एवं कण्ठ का कर्षण करती है। दोषों को भी शीघ्र नष्ट करती है इसी कारण बहुदोष वाले व्यक्तियों में एवं क्रुरकोष्ठ वालों के लिए हितकर बताई गई है।

त्रिवृतायाः खलुः द्विविधं मूलमरुणं श्यामं च तत्रारुणं कषायमधुरं विपाके कटुकं रूक्षं श्लेष्मपित्तहरं कल्पनाविशेषात्पुनः सर्वव्याधि शमनं सुखविरेचनत्वाच्छिशुस्थविर सुकुमारमृदुकोष्ठेषु प्रशस्तं त्रिवृच्छब्दवाच्यं च। इतरदपि तस्माद्गुणैः किञ्चिदूनं तीक्ष्णं कण्ठहृदयकर्षणंमूर्च्छा संमोहकृदाशु दोषहरत्वाद्बहुदोष

---

१. सेदानीमित्यादि। वातापहौषध योगेन वातहन्तृत्वमविद्यमानं भवति, कफपित्त हन्तृत्वं विद्यमानमधिकं भवतीति ज्ञेयम्। कल्पवैशेष्यमिति कल्पनाविशेषम्। सर्वरोगहरेति व्यस्तसमस्त सर्वदोषारब्धरोगहरा। चक्रपाणिः।

२. मुख्यतरमिति विरेचनक्रियामेवाव्यापत्तिकरत्वात् श्रेष्ठतरम्। सुकुमाराः शिशवश्च यद्यप्यविरेचनीया उक्तास्तथाऽपि तेषां विधीयमानविरेचने हितमिति ज्ञेयम्। मोहयेदित्यादिना श्याममूलाया गुणकर्मणीवृते। क्षिण्वीतेति धातुक्षयं कुर्यात्। चक्रपाणिः।

क्लेशक्षमक्रूरकोष्ठेषु प्रशस्तं श्यामाशब्दवाच्यं च ।

अ० सं० क० अ० २।२

तदरुणं त्रिवृन्मूलं त्रिवृच्छब्दवाच्यम् । उभयोक्तावपि । इतरच्छ्यावम् । तस्मादित्यरुणात् । गुणः रसादिभिः । मूर्छा प्रलयः सम्मोहोऽस्फुटज्ञत्वम् । तद्वच्छ्यावं त्रिवृन्मूलं श्यामाशब्दवाच्यम् । इन्दुः ।

द्विधा ख्यातं च तन्मूलं श्यामं श्यामारुणं त्रिवृत् ।
त्रिवृदाख्यं वरतरं निरपायं सुखं तयोः ।
सुकुमारे शिशोवृद्धे मृदुकोष्ठे च तद्धितम् ॥
मूर्छा संमोहहृत्कंठकर्षणक्षणनप्रदम् ।
श्यामं तीक्ष्णाशुकारित्वादतस्तदपि शस्यते ॥
क्रूरे कोष्ठे बहौ दोषे क्लेशक्षमिणि चातुरे ।

अ० हृ० क० २।३५

तस्यास्त्रिवृतो मूलं द्विप्रकारम् । एकं श्याममपरं श्यामारूपम् । श्यामं मूलं श्यामा त्रिवृत् श्यामरूणं मूलमिति द्वयारव्य द्विसंज्ञम् । तयोः श्याम श्यामारुणयोर्यदरुणं मूलं तद्वरतरम् । सामर्थ्याद्धयं वरं श्यामारुणं यन्मूलं तन्निरपायत्वात्सुकुमारादिषु हितं न श्यामं सापायत्वात् । सापायत्वे विशेषेण हेतुमाह । श्यामं मूलं मूर्छादि हृत्कण्ठकर्षणक्षणनप्रदम् । तत्तीक्ष्णत्वादाशुकारित्वाच्च सापायत्वमस्य तदेवं रूक्षमपि श्यामं शस्येत क्रूरकोष्ठादिविषये ।

अरुणदत्तः ।

त्रिवृत मूल ग्रहण प्रकारः रक्षा प्रकारश्च ।

गुणवत्यां तयोर्भूमौ जातं मूलं समुद्धरेत् ॥
अपोष्य प्रयतः शुक्ले शुक्लवासाः समाहितः ॥
गम्भीरानुगतं श्लक्ष्णमतिर्यग्विसृतं च यत् ।
तद्विपाट्योद्धरेद्गर्भं त्वचं शुष्कां निधापयेत् ॥

च० क० ७।१०-११, अ० हृ० क० २७

यद्यपि मदनकल्प एव गुणवद्भूमि जातत्वादि सामान्येन भेषजानामुक्तमेव, तथाऽपि गम्भीरानुगतत्वादिविशेषस्य तत्रानुक्तस्येहाविधाने सति तत्प्रसंगात् तत्किंचिदुच्यते-गुणवत्यामित्यादि । शुक्ल इति शुक्लपक्षे । गम्भीरानुगतमिति दूरप्रविष्टम् । उद्धरेद्गर्भमितिमूलस्यास्थि उद्धरेत् । निधापयेदिति यथोक्तभैषज्यस्थापन विधानेन स्थापयेत् । चत्रपाणिः ।

अथ तयोर्मूलमतिर्यग्विसृतं गंभीरानुगतं श्लक्ष्णमाहरेत् । ततस्त्वचं शोषयित्वा सम्यक् स्थापयेत् ॥

अ० सं० क० २।३

हि० व्या०—सामान्यतः उत्तम भूमि में उत्पन्न दोनों प्रकार की त्रिवृत् का मूल व्रत रखकर, शुक्ल पक्ष में श्वेत वस्त्र धारण कर सावधानी पूर्वक एकाग्र मन से उखाड़ना चाहिए । जिसका मूल भूमि में अधिक गहराई तक

चला गया हो, चिकना हो और सीधा हो उसे उखाड़कर, चीरकर उसकी त्वचा को सुखाकर पात्र में रखना चाहिए ।

स्रंसन परिभाषा

पक्तव्यं यदपक्त्वैव श्लिष्टं कोष्ठे मलादिकम् ।
नयत्यधः स्रंसनं तद्यथा स्यात्कृतमालकम् ॥

शार्ङ्गधर प्र० ख० ४।४

पक्तव्यमिति । यद्द्रव्यं मलादिकं अपक्त्वैव तेषां पाकमकृत्वा अधो नयति अधः पतनं करोति तत् स्रंसनं स्यात् । यथा कृतमालकः । कीदृशं मलादिकम् ? इत्याह - पक्तव्यमिति । पच्यमानं अत एव कोष्ठे आश्लिष्टं कोष्ठ इति पाचकस्थाने, आश्लिष्टमित्याश्रितम् । केचित् कोष्ठशब्देन हृदयादीन्यपि गृह्यन्ते । तथा हि—स्थानान्यामाग्निपक्वानां मूत्रस्य रुधिरस्य च । हृदुण्डुकः फुप्फुसश्च कोष्ठ इत्यभिधीयते' इति । एतदभिप्रायेणाऽपि शोधनमस्याहुः । आढ़मल्लः ।

यद्द्रव्यं कोष्ठे श्लिष्टं पक्तव्यं मलादिकं अपक्त्वैवापाचयित्वा अधः नयति तत्स्रंसनं स्यात् । यथा कृतमालकः आरग्वधः । काशीराम ।

हि० व्या०—जो द्रव्य कोष्ठ में चिपके हुए एवं पच्यमान मलों को बिना पकाए ही (अपक्वावस्था में) बाहर निकाल दें उन्हें स्रंसन कहते हैं जैसे—अमलतास ।

अनुलोमन परिभाषा ।

कृत्वा पाकं मलानां यद् भित्त्वा बन्धमधो नयेत् ।
तच्चानुलोमनं ज्ञेयं यथा प्रोक्ता हरीतकी ॥

शा० प्र० खं० ४।३

यद्द्रव्यं मलानां दोषाणां पाकं कोपशान्तिं कृत्वा बन्धं विबन्धं च भित्त्वा भिन्नतां नीत्वा अधो नयेत् अधः करोति वातादिकमिति शेषः. तेन प्रतिलोमानुलोमं करोतीत्यर्थः । तच्चानुलोमनं ज्ञेयं, अनुलोमनं वातादीनामधः प्रवर्तनं रसगुणत्वात् । यथा हरीतकी । सैवाऽनुलोमिनी प्रसिद्धैव । बन्धमिति दोषाणां परस्परग्रथितत्वं । एके वातमूत्रपुरीषादीनामप्रवृत्तिरूपं निबन्धमाहुः ।

आढमल्लः ।

यद्द्रव्यं अपरिपच्यमानानां मलानां पाकं कृत्वा बन्धं च भित्त्वा अधः नयेत् कोष्ठादधः पातयेत् ततः अनुलोमनं ज्ञेयं । यथा हरीतकी । काशीराम ।

हि० व्या०—जो द्रव्य अपक्व मलों को पकाकर तथा वायु के बन्ध को तोड़कर मल एवं वात को नीचे ले जाते हैं उन्हें अनुलोमन द्रव्य कहा जाता है । यथा—हरीतकी ।

भेदन परिभाषा

मलादिकमबद्धं च बद्धं वा पिण्डितं मलैः ।

भित्त्वाधः पातयति तद् भेदनं कटुकी यथा ॥

शा० प्र० ख० ४।५

यन्मलादिकमबद्धं मलबद्धं वा अत एव मलैर्दोषैश्च कृत्वा पिण्डित परिपाकात् पिण्डिभूतम् । ईदृशं मलादिकं भित्त्वा स्थानात् सञ्चाल्याधः पातयति तद् भेदनं ज्ञातव्यमिति शेषः । यथा कटुकी । बद्धं, निबद्धं, शुष्कं ग्रथितं दोषादीनाम् । तथा अबद्धमपि द्विविधं । एकं द्रवरूपं पुरीष विषयं स्वतन्त्रमेकं मलादिकमिति, मलोऽत्र दोषः । आदि ग्रहणात् रूक्षदूषितादीनामपि ग्रहणम् । भित्त्वेति तत्पुरीषं भित्त्वा विदार्याध पातयति द्रव्यमिति शेषः । आढमल्लः ।

यद्द्रव्यं अबद्धं मलादिकं पिण्डितैः पिन्डीभूतैर्मलैर्बद्धं वा भित्त्वाधः पातयति उद्भेदनं । यथा कटुकी । काशीराम ।

हि० व्या – किन्हीं कारणों से आबद्ध, बद्ध या पिण्डीरूप मल को भेदन करके अधो भाग से बाहर निकाल दे उन्हें भेदन द्रव्य कहा जाता है यथा कुटकी ।

रेचन परिभाषा

विपक्वं यदपक्वंवा मलादि द्रवतां नयेत् ।
रेचयत्यपि तज्ज्ञेयम् रेचनं त्रिवृता यथा ॥

शा० पू० ख० ४।६७

यद्द्रव्यं विपक्वमपक्वं वा मलादि दोषादिकं द्रवतां नयेत् द्रवभावं करोतीत्यर्थः । न केवलं द्रवतां नयेत् रेचयत्यपि च तद्रेचनं ज्ञेयं. यथा त्रिवृता 'निसोतः' यतो विरेचन द्रव्याणि गुर्वम्बुगुणभूयिष्ठानि तानि गुरुत्वादयो गच्छन्ति । गुरुत्वादिति गुरुत्वं चेह प्रभावविशेषाधिष्ठितं । त्रिवृतादिकं समवेतं ग्राह्यं न तु गुरुत्वमात्रं । अन्यथा मत्स्यपिष्टान्न मसूरादीनां विरेचकत्वं स्यात् । अम्बुगुणभूयिष्ठमित्यर्थं प्रभावात मलादिकमिति आदि ग्रहणात् दूष्यदूषितादीनामत्र संग्रहः । आढमल्लः ।

यद्द्रव्यं विपक्वं मलादि अपक्वं वा द्रवतां नयेत् प्रापयेत् पुनर्बहिरेव याति तत रेचनं ज्ञेयं । यथा-त्रिवृता । काशीराम ।

हि० व्या—जो द्रव्य पक्व अथवा अपक्व मल आदि को पतला कर दे तथा विरेचन करा दे उसे रेचन द्रव्य कहा जाता है । यथा— निशोथ ।

त्रिवृत्प्रयोगः ।

त्रिवृच्चूर्णं सितायुक्तं पिबेच्छ्रेष्ठं विरेचनम् ॥

चक्रदत्त (विरे०)

हि० व्या०—त्रिवृत् चूर्ण और सम भाग मिश्री मिलाकर ३ माशे से ६ माशे की मात्रा में शीतल जल के अनुपान से सेवन करने से उत्तम विरेचन होता है ।

तीक्ष्ण विरेचन-निरूहण द्रव्य कार्याणि

तीक्ष्णमध्यमृदूनां तु तेषां शृणुत लक्षणम् ।
[1]सुखं क्षिप्रं महावेगमसक्तं यत् प्रवर्तते ॥
नाग्लानिकरं पायौ हृदये न च रुक्करम् ।
अन्तराशयमक्षिण्वन् कृत्स्नं दोषं निरस्यति ॥
विरेचनं निरूहो वा तत्तीक्ष्णमिति निर्दिशेत् ।

च० क० १२।४८-५० अ० सं० सू० २७।५४-५५

हि० व्या० जो द्रव्य सुखपूर्वक शीघ्र ही अधिक वेग से बिना किसी बाधा के वेगोत्पत्ति करती है जिससे अधिक ग्लानि उत्पन्न नहीं हो, हृदय एवं गुदा में किसी प्रकार की पीड़ा उत्पन्न नहीं करे, शरीर के आभ्यन्तर आशयों को किसी प्रकार की हानि नही पहुंचाकर सम्पूर्ण दोंषों को निकालने वाले हों, वे विरेचन अथवा निरूहण द्रव्य तीक्ष्ण कहे जाते हैं ।

त्रिवृत् चूर्णस्य प्रयोगोपद्रवरूपेण प्रकटछर्दिनिरोधाय चिकित्सा क्रमः

त्वक्केशरास्रातकदाडिमंलासितोपलामाक्षिकमातुलुङ्गं ।
मद्यैस्तथाऽम्लैश्च मनोनुकूलैर्युक्तानि देयानि विरेचनानि ॥
शीताम्बुना पीतवतश्च तस्य सिञ्चेन्मुखं छर्दिविघातहेतोः ।
हृद्यांश्च मृत्पुष्पफलप्रवालानम्लं च दद्याद्रुपजिघ्रणार्थम् ॥

च० क० ७।७५-७६

हि० व्या०—मनोनुकूल द्रव्यों के साथ त्रिवृत् का प्रयोग दालचीनी, नागकेशर, आमड़ा, अनार, इलायची, मिश्री, मधु, बिजौड़ा नींबू, मदिरा तथा मन को प्रिय लगने वाले द्रव्यों के साथ विरेचन औषधियों का प्रयोग करना चाहिए । विरेचन द्रव्य पिलाने के पश्चात् रोगी को वमन न हो जाय इसके लिए मुख के ऊपर शीतल जल का छींटा देना चाहिए तथा हृदय के अनुकूल, मिट्टी, फूल, फल, पत्ती तथा अन्य सुगन्ध द्रव्य रोगी को सूंघने के लि देने चाहिए ।

वातदोषे विरेचन योगः

त्रिवृत्सैन्धवशुण्ठीनां चूर्णमम्लैः पिबेन्नरः ।
वातादितो विरेकाय जाङ्गलानां रसेन वा ॥ (वङ्गसेन विरेचना०)

---

१. सुखमिति दुखमकुर्वन् । असक्तमित्यप्रतिबद्धम् । नातिग्लानिकरं पायाविति विरेचनस्य निरूहस्य च, हृदये न च रुक्करमिति तु वमनस्य निरूहस्य च, हृदये न च रुक्करमिति तु वमनस्य लक्षणं ज्ञेयम् । अक्षिण्वन्नित्यपीडयन् । विरेचनमिति वमनं विरेचनं च, उक्तं हि 'उभयं हि शरीर दोष मलविरेचनाद्विरेचनशब्दं लभते' (क० स्थान अ० १) इति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या० ——आचार्य वङ्गसेन के अनुसार त्रिवृत् चूर्ण को सैंधवलवण, सोंठ का चूर्ण मिलाकर वात रोग से पीड़ित रोगी को पीना चाहिए अथवा जाङ्गल पशु पक्षियों के मांस रस में मिलाकर पीना चाहिए।

कफरोगे पिप्पल्यादि अवलेह योगः

पिप्पलीनागरक्षार श्यामास्त्रिवृतया सह।
लेहयेन्मधुना सार्द्धं कफव्याधौ विरेचनम्॥ वङ्गसेन

हि० व्या० – पिप्पली, सोंठ, यवक्षार, काली निशोथ और सफेद निशोथ एकत्र चूर्ण करके शहद में मिलाकर सेवन करने से कफज रोगों में उत्तम विरेचन होता है।

विरेचन चूर्णम्

चूर्णं श्यामा त्रिवृन्नीली कट्वी मुस्ता दुरालभा।
चव्येन्द्रबीजं त्रिफला सर्पिर्मांसरसाम्बुभिः॥
पीतं विरेचनं तद्धि रूक्षाणामपि शस्यते।
सु० सू० ४४।२६-२७

नीली नीलिनी, श्रीफलिकेति लोके। कट्वी कटुरोहिणी। रूक्षाणां सर्पिषा मांसरसेन च, स्निग्धानां पुनरपिशब्दसमुच्चितानामम्बुना पानीयेन सह योगो देयः। डल्हण।

चूर्णं श्यामेत्यादौ श्यामादयस्त्रिफलान्ताः, चूर्णमिति समानाधिकरण्येन योजनीयम्। कट्वी कटुरोहिणी। रूक्षाणामपि इत्यपि शब्दादम्बुना पानं चारूक्षज्ञानविषयं ज्ञेयम्। एते च प्रयोगाः सर्वैरपि च टीकाकारैर्नन्दिपूरवराह-प्रभृतिभिर्व्याख्यातत्वात् प्रसिद्धा एव। चक्रपाणिः। भानु०

कट्वी कटुरोहिणी। हाराणचन्द्रः।

हि० व्या०—काली निशोथ, सफेद निशोथ, नीली, कुटकी, नागरमोथा, धमासा, चव्य, इन्द्रयव और त्रिफला इन्हें समभाग चूर्णकर घृत, मांस रस और जल किसी भी अनुपान के साथ सेवन करने से विरेचन होता है। यह योग रूक्ष प्रकृति वाले मनुष्यों के लिए भी लाभदायक है।

सन्निपातज्वरादिषु त्रिवृद् विरेचन योगः

अजगन्धातवक्षीरीविदारीशर्करात्रिवृत्।
चूर्णितं मधुसर्पिर्भ्यां लीढ्वा साधु विरिच्यते॥
सन्निपातज्वरस्तंभ पिपासादाहपीडितः।
अ० सं० क० २।६, अ० हृ० क० २।१०-११

हि० व्या० —अजगन्धा (अजमोद), तवक्षीरी (तवाशीर), विदारीकन्द, खाड़ तथा निशोथ का समभाग चूर्ण मधु एवं घृत मिलाकर सेवन करने से सन्निपातज्वर, शरीर की स्तब्धता, तृषा तथा दाह रोग के रोगी को भली-

गुल्महरं त्रिवृत् सिद्ध पयः

श्यामात्रिवृत्कषायेण सिद्धं सर्पिः पयोऽपि वा। अ० सं० क० २।२०

श्यामा त्रिवृतयोः कषाये घृतपाकः कल्कं विना। केचित्तु सर्वकषायपाकेषु कषायौषधात् कल्कमपीच्छन्ति पयोऽपि वा श्यामात्रिवृत्कषायसिद्धम्। इन्दुः।

हि० व्या० – काली निशोथ के क्वाथ में त्रिवृत्कल्क डालकर घृत या दुग्ध सिद्धकर पीने से गुल्म रोग दूर होता है।

गुल्महरं त्रिवृत् घृतम्

तुल्याम्लं त्रिवृताकल्कसिद्धं गुल्महरं घृतम्। अ० सं० क० अ० २

त्रिवृद्घृते यथालाभमम्लानि काञ्जिका पृथक् स्नेह समानि। घृतं कल्कपादम्। इन्दुः।

हि० व्या०—त्रिवृत् कल्क में समभाग कांजी मिलाकर विधिवत् घृत सिद्ध कर सेवन करने से गुल्म रोग दूर होता है।

गुल्मपार्श्वार्तिहरस्त्रिवृदयोगः

त्र्यूषणं त्रिफलाहिङ्गु कार्तिकं त्रिवृता पलम्।
सौवर्चलार्द्धकर्षश्च पलार्द्धं चाम्लवेतसात्॥
तच्चूर्णं शर्करातुल्यं मंडेनाम्लेन वा पिबेत्।
गुल्म पार्श्वार्तिनुत्सिद्धं जीर्णे चास्मिन् रसौदनम्॥
अ० सं० क० २।१७

त्र्यूषणादिकं मिद्धं विरेकेण दृष्टफलं गुल्म पार्श्वार्तिनुत् भवति। त्र्यूषण-त्रिफले समुदाये। अम्लवेतसस्यार्धपलम्। मण्डः स्वच्छा पेया। अम्लः काञ्जिक-मद्यादिः। रसौदनो मांसरसमिश्र ओदनः। इन्दुः।

हि० व्या०—सोंठ, पीपर, मरिच, हरड़, बहेड़ा, आँवला प्रत्येक एक-एक तोला, त्रिवृत् चूर्ण चार तोला, सौवर्चल नमक आधा तोला, अम्लवेत चूर्ण दो तो० सभी के समान भाग चीनी मिलाकर मण्ड से या अम्ल फलों भ स्वरस के अनुपान से पीना चाहिए। यह गुल्म रोग एवं पार्श्वपीड़ा नाशक है। औषध पच जाने पर भात और मांसरस खिलाना चाहिए।

यूषादिषु प्रयोज्यस्त्रिवृदयोगः

त्रिवृतात्रिफलादन्ती सातला व्योषसैन्धवैः।
प्रकल्प्यचूर्णं सप्ताहं भाव्यमामलकाद्रसे॥
तद्योज्यं तर्पणे यूषे पिशिते रागयुक्तिषु। अ० सं० क० २।२८

त्रिवृतादि सप्तदिनान्यामलकरसेन भावितं तर्पणादिषु दोषाद्यपेक्षया योज्यम्। तर्पणाः सक्तवः। रागा बदरमण्डादयः॥ इन्दुः।

हि० व्या०—त्रिवृत् चूर्ण, हरड़, बहेड़ा, आँवला, सातला, शुण्ठी (सोंठ), पिप्पली, मरिच। समभाग चूर्ण बनाकर एक सप्ताह तक आमलकी स्वरस

की भावना देकर तैयार किया गया चूर्ण को सत्तु, यूष, मांसरस या राग से सेवन करना चाहिए।

सुकुमाराणां कृते त्रिवृत् विरेचन योगः

शर्कराक्षौद्रसंयुक्ते त्रिवृच्चूर्णावचूर्णितम्।
रेचनं सुकुमाराणां त्वक्पत्रमरिचान्वितम् ॥वङ्गसेन (विरेचन प्र०)

हि० व्या०—त्रिवृत् का चूर्ण, मिश्री, शहद, दालचीनी, तेजपत्र और काली मिर्च का चूर्ण मिलाकर सेवन करने से सुकुमार प्रकृति वाले व्यक्तियों में उत्तम विरेचन होता है।

त्रिवृतादि सर्वदोषहर विरेचन योगः

त्रिवृत्पिप्पलि सिन्धूत्थैरन्वितं गुग्गुलुं पिबेत्।
फलत्रिककषायेण रेचनं सर्वदोषनुत् ॥ वङ्गसेन (विरेचना०)

हि० व्या०—निशोथ, पिप्पली, सैंधानमक और गूगल इन सबको एकत्र करके त्रिफला क्वाथ के साथ पान करने से उत्तम विरेचन होता है तथा त्रिदोष का शमन होता है।

वातकफरोगे त्रिवृन्मूल प्रयोगः

त्रिवर्णकत्र्यूषणयुक्तमेत-
द्गुडेन लिह्यादनवेन चूर्णम्।
प्रस्थं च तन्मूलरसस्य दत्वा
तन्मूलकल्कं कुडव प्रमाणम् ॥
कर्षोन्मितं सैन्धवनागरे च
विपाच्य कल्कीकृतमेत दद्यात्
तत्कल्कभागः समहौषधार्धः
ससैन्धवो मूत्र युतश्च पेयः ॥ सु० सू० ४४।८

त्रिवर्ण त्रिजातकम्। एतत् त्रिवृन्मूलम्। तत्र त्रिवर्ण त्रिकटुगुडानामेको भागः, अपरास्तु त्रिवृतायाः, तस्याः प्रधानत्वात्। वातश्लेष्म विषयमपरमपि-प्रयोगमाह - प्रस्थे चेत्यादि। प्रस्थोद्वात्रिंशत् पलानि, द्रव द्रव्यत्वात्। तन्मूल-रसस्य त्रिवृन्मूलक्वाथस्य, तन्मूलं त्रिवृन्मूलम्। कुडवश्चत्वारि पलानि। कर्षोन्मिता इति प्रत्येकं कर्षप्रमाणे। विपाच्य कल्कीकृतमेतदिति एतत सर्वं तावत् पक्तव्यं यावत् कल्कावशेषं भवति। अद्यात् भक्षयेत्। अन्येत्वेवं पठन्ति—"क्वाथप्रस्थे कुडवं तस्य दद्याद्युक्त्या दद्यान्नागरं सैन्धवं च। पचेत् सर्वं यावदेतद्घनं स्याल्लेही भूतं तत् प्रयोज्यं ततस्तु" इति। अन्ये तु 'कुडवं घृतस्य दद्यात्' इति पठन्ति। तत्र कुडवौऽष्टौ पलानि, सैन्धवनागरे च प्रत्येकं पलिके। तन्मते घृतमेतद्विरेचनं, तच्च वात पित्ते, 'वाताधिककफे' इत्यन्ये। वातश्लेष्मविषयमेव योगान्तरमाह—तदित्यादि। तत्कल्कः त्रिवृत्कल्कः। समहौषधार्धः शुण्ठ्याः पलार्धयुक्तः। ससैन्धव इति सैन्धवमपि त्रिवृदर्धम्। अन्ये

तु पठन्ति,—'त्रिवृत्कल्को नागरभागयुक्तः ससैन्धवो यूत्रयुतः प्रदेयः' इति।

डल्हणः।

त्रिवर्णकेत्यादियोगो वातश्लेष्मणि। त्रिवर्णकं त्वकपत्रैलाः। एतदिति प्रक्रान्तं त्रिवृन्मूलं, त्रिवर्णकत्रिकटुसमुदायसमं प्राधान्यात्। गुडस्तु लेहत्वापत्ति-प्रमाणः सर्वसमो वा। प्रस्थे चेत्यादिश्च वातश्लेष्मणि व्याख्यायते, तत्रैव योगत्वात्। ये तु पठन्ति 'क्वाथप्रस्थे कुडवं वा घृतस्य, इत्यादि, तन्मते वातपित्ते घृतमेतत्। सैन्धवनागरे च कार्षिके भवतः। तत्कल्कभाग इत्यादौ ससैन्धव-स्यापि त्रिवृदर्धत्वम्। अयं वातकफे। चक्रपाणिः।

त्रिवर्णकं त्रिफला, त्र्यूषणं त्रिकटुकम्, पादिकाभ्यां ताभ्यां युक्तं त्रिवर्णक-त्र्यूषणायुक्तम्, एतत् त्रैवृतं चूर्णं गुडेन लेहोपयोगितया द्विगुणेनेत्यनुसन्धेयम्। प्रस्थ इत्यादौ तच्छब्दस्त्रिवृत्। प्रत्यवमर्शकः, कल्कीकृतं कल्कवन्निष्पादितं सदद्यादिति योजना। हाराणचन्द्रः।

हि० व्या०—कफज रोगों में निशोथ के चूर्ण को त्रिवर्णक अर्थात् त्रिजात (दालचीनी, तेजपत्र और छोटी एला) तथा त्र्यूषण (सोंठ, मरिच और पिप्पली) के चूर्ण के साथ मिलाकर पुराने गुड़ के साथ अवलेह बनाकर चाटना चाहिए। अथवा निशोथ का स्वरस एक प्रस्थ (१६ पल), निशोथ का कल्क एक कुडव (४ पल), सैन्धव लवण और सोंठ का चूर्ण एक-एक कर्ष (प्रक्षेप) मिलाकर पकावें। जब कल्क के समान गाढ़ा हो जाय तब सेवन करें। अथवा इस कल्क का एक तोला, सोंठ का चूर्ण आधा तोला, अल्पमात्रा में सैंधव लवण तथा गोमूत्र मिलाकर पीना चाहिए।

त्रिदोषजे रोगे त्रिवृन्मूल प्रयोगः

समास्त्रिवृन्नागरकाभयाः स्युः
भागार्धकं पूगफलं सुपक्वम्।
विडङ्गसारो मरिचं सदारु
योगः ससिन्धूद्भवमूत्रयुक्तः ॥ सु० सू० ४४।९

भागार्धकमिति आदिद्रव्यपेक्षया पूगादिकं प्रत्येकमर्धभागिकं ग्राह्यम्। विडङ्गसारो विडङ्गबीजानि। सिन्धूद्भवं सैन्धवं, तदप्यर्धभागेन ग्राह्यम्। सैन्धवमूत्रयुक्तो योगः पेय इति संबन्धः। 'समे त्रिवृन्नागरके' इति केचित् पठन्ति॥ डल्हणः।

समास्त्रिवृत्यादौ समाः प्रत्येकं समभागिकाः। देवदारुपूगविडङ्गमरिच-सैन्धवाः प्रत्येकमर्धभागिकाः। चक्रपाणिः।

अत्र विडङ्गसारादीनां पादिकं भागं, गोमूत्रस्य च समुदितचूर्णापेक्षया चतुर्गुणं भागमेवाभीप्सन्ति कुशलाः प्रयोगसाद्गुण्यात्। हाराणच०।

हि० व्या०—निशोथ, सोंठ और हरड़ प्रत्येक एक तो० की मात्रा में लें।

पकी हुई सुपारी, विडङ्ग, मरिच, और देवदारु इन्हें आधा तो० की मात्रा में सेवन करना चाहिए।

त्रिवृत्प्रयोगे दोषानुसारं विविधानुपानानि

तच्चूर्णं शुण्ठी सैन्धवयुक्तमम्लैर्मांसरसेनापि तद्वातामायेषु। क्षीरक्षौद्रद्राक्षेक्षुकाश्मर्यस्वरस सर्पिः स्वादुक्वाथैः सशर्करं पित्तोत्थेषु। मूत्राक्षौद्रद्राक्षरिष्टपीलुरसत्रिफलापचकोलकक्वाथैर्व्योषचूर्णानुविद्धं कफजेषु।

अ० सं० क० अ० २।४

तच्चूर्णं त्रिवृन्मूलचूर्णं शुण्ठीसैंधव संयुक्तं अम्लैः काञ्जिक मद्यादिभिर्वा मांसरसेन वा दोषाद्यपेक्षयावातामयेषु। पिबेद्विरेकयोग्येषु। क्षीरादियुक्तं चूर्णं पित्तोत्थेषु दोषाद्यपेक्षया सर्वथा वा सशर्करम्। कफव्याधिषु मूत्रादीनामन्यतमेन सर्वथा वा व्योपचूर्णानुविद्धम्।

हि० व्या०—निशोथ का चूर्ण, शुण्ठी (सोंठ) तथा सैंधव नमक मिलाकर अम्लफलों के रस तथा मांस रस के अनुपान से वातज रोगों में सेवन करना चाहिये। पित्तज रोगों में दूध, शहद, द्राक्षारस या क्वाथ, इक्षुरस, गम्भारीफल स्वरस, घृत, मधुररस औषधियों के क्वाथ में मिश्री मिलाकर सेवन करना चाहिए। कफज रोगों में निशोथ के चूर्ण को, गोमूत्र, शहद, द्राक्षारिष्ट, पीलू, फल स्वरस, त्रिफला क्वाथ, पञ्चकोलक्वाथ, त्रिकटुचूर्ण मिश्रितकर सेवन करना चाहिए।

त्रिवृत् चूर्णस्य सौवीरक-तुषोदक-काञ्जी योगः

यवैः श्यामात्रिवृत्क्वाथस्विन्नैः कुल्माषमम्भसा।
आसुतं षडहं पल्ले जातं सौवीरकं पिबेत्॥
भृष्टान् वा सतुषाञ्छुद्धान् यवांस्तच्चूर्णसंयुतान्।
आसुतानम्भसा तद्वत् पिबेज्जातं तुषोदकम्।

च० क० ७।७२-७३, अ० सं० क० २।२३-४

यवैरित्यादिना सौवीरकतुषोदके प्राह। एतौ द्वौ कांञ्जिकयोगौ। कुल्माष =उत्स्विन्नयवपिष्टकम् पल्ल इति धान्यादिराशौ। तच्चूर्णसंयुतानिति त्रिवृच्चूर्णसंयुतान्। तद्वदिति-षडहंपल्ले स्थितान्। चक्रपाणिः

मूलानि त्रिवृदादीनां प्रथमस्य गणस्य च।
महतः पञ्चमूलस्य मूर्वा शाङ्ग्रेष्टयोरपि॥
सुधां हैमवतीं चैव त्रिफलातिविषेवचाम्।
संहृत्यैतानि भागौ द्वौ कारयेदेकमेतयोः॥
कुर्यान्निःक्वाथमेकस्मिन्नेकस्मिंश्चूर्णमेव तु।
क्षुण्णांस्तांस्मिस्तु निःक्वाथे भावयेद्बहुशोयवान्।
शुष्काणां मृदुभुष्टानां तेषां भागास्त्रयोमताः॥

चतुर्थं भागमावाप्य चूर्णानामत्र कीर्तितम्।
प्रक्षिप्य कलशे सम्यक् ततस्तं तदनन्तरम्।
तेषामेव कषायेण शीतलेन सुयोजितम्।
पूर्ववत् सन्निदध्यात्तुज्ञेयं सौवीरकं हि तत्॥

सु० सू० ४४।३५-४०

त्रिवृदादीनां संशोधनसंशमनीयोक्तानां ग्रहणम्। प्रथमोगणो विदारिगन्धादिः। मूर्वा चोरस्नायुः; शाङ्ग्रेष्टा विटपकरञ्जः, चिरपोटिकेत्यन्ये, अपरे तु काकजङ्घामाहुः। सुधा सेहुण्डः। हैमवती श्वेतवचा एतानि सर्वाण्यपि त्रिवृदादीनि संहृत्य एकीकृत्य द्वौ भागौ कारयेत् ततश्चैतयोर्द्वयोर्भागयोर्मध्य एकस्मिन् भाग एकं निःक्वाथं कुर्यात्, एकस्मिंस्तु भागे चूर्णं कुर्यात्। क्षुण्णान् कुट्टितान्। पूर्वोक्ते निःक्वाथे भावयेत् सप्ताहं यावत् : तेषां यवानाम्। अवाप्य निक्षिप्य। चूर्णानां पूर्वोक्तोर्वरित त्रिवृदादिद्रव्यैकभागचूर्णानाम्। अत्र अस्मिन् शास्त्रे। कीर्तितम् कथितम्। सौवरिकं हितं ज्ञेयमिति संबन्धः। ततस्तस्माच्चूर्णभागनिक्षेपणादनन्तरं कलसे प्रक्षिप्य, तत् सौवीरकं तदनन्तरं तेषामेव त्रिवृदादीनामन्यतमस्य कषायेण क्वाथेन शीतलेन सुयोजितं पूर्ववत् संनिदध्याद्रिति संबंधः। सौवीरकं सौवीरक संज्ञम्। डल्हणः।

मूलानीत्यादौ सौवीरकविधाने त्रिवृतादीनामित्यादिशब्देन श्यामादीनामेकादशानां ग्रहणम्। प्रथमगणो विदारिगन्धादिः। शाङ्ग्रेष्टयोरित्यन्तैर्मूलानीति योज्यम्। कारयेदिति भागौ द्वावित्यनेन, तथा चूर्णमेप चेत्यनेन च योज्यम्। बहुश इति सप्तधा। यवानीति निस्तुपयवान्; यतस्तुषोदके सतुपयवविधानादिह निस्तुषा एव यवा भवन्ति। चूर्णानामिति औषधचूर्णानाम्। तेषामेवेति त्रिवृदादीनां वचनान्तानां पृथग्गृहीतक्वाथ्यकृतकषायेण। चक्रपाणिः॥

मूलानीत्यादि। त्रिवृतादयः संशोधनीये प्रागुक्ताः, प्रथमो गणो विदारिगन्धादिः, शाङ्ग्रेष्टा महाकरञ्जः 'काँटाकरञ्जा' इत्याख्यायते, सुधात्र स्नुहीक्षीरम्, हैमवती वचा, एतानि शार्ङ्गेष्टान्तानां मूलानि सुधादीनि च संहृत्येति 'भागेष्ध्यनुक्ते समता विधेया' इति स्मरणात् समांशेनाहृत्य द्वौ भागौ कारयेत्। तयोरेकं भागम् एकस्मिन् एकत्र निःक्वाथं तुकारादेकञ्च भागम् एकस्मिन्नेकत्रचूर्णं कुर्य्यादित्यन्वयः। तस्मिन्निः क्वाथे क्षुणान् कुट्टितान् यवान् बहुश इति वृद्धोपदेशादेकविंशतिकृत्वो भावयेत् प्राग्वत् वासयेत्, शुष्काणां मृदुभृष्टानां तेषां यवानां त्रयो भागा मता ग्राह्या इत्यर्थः। चूर्णानांतु चतुर्थो भाग आवाप्यस्तेषु यवेषु निक्षेप्य इति तात्पर्य्यम्, अनु पञ्चात् कीर्त्तितं कथितं चूर्णयवात्मकं तत् समस्तं द्रव्यं, सम्यग्दृढ़प्रशंसयोः" इति मेदिनी, कलसे निक्षेप्यम्; अनन्तरं तेषां त्रिवृन्मूलादीनामेव शीतलेनकषायेण सुयोजितं यथा स्यात्तथा पूर्व्ववत् आसववत्कृतसंस्कारे कलसे इति यावत् सन्निदध्यादिति निष्कर्षः॥

हाराणच०।

पूर्वोक्तं वर्गमाहृत्य द्विधाकृत्वैकमेतयोः ।
भागं संक्षुद्य संसृज्य यवैः स्थाल्यमधिश्रयेत् ॥
अजशृङ्ग्याः कषायेण तमभ्यासिच्य साधयेत् ।
सुसिद्धांश्चावतार्यैनामौषधिभ्यो विरेचयेत् ॥
विमृद्य सतुषान् सम्यक् ततस्तान् पूर्ववन्मितान् ।
पूर्वोक्तौषध भागस्य चूर्णं दत्त्वा तु पूर्ववत् ।
तेनैवसह यूषेण कलसे पूर्ववत् क्षिपेत् ।
ज्ञात्वा जातरसं चापि तत्तुषोदकमादिशेत् ॥
तुषाम्बुसौवीरकयोर्विधिरेष प्रकीर्तितः ।
षड्रात्रात् सप्तरात्राद्वा ते च पेये प्रकीर्तिते ॥

सु० सू० ४४।४०-४५

त्रिविदादिमूलं विदारिगन्धादिस्तथा महत् पञ्चमूलं मूर्वा शार्ङ्गेष्टा चेति पूर्वोक्तो वर्गः । द्विधा कृत्वा द्वौ भागौ कृत्वेत्यर्थः । एतयोर्भागयोर्मध्ये एकं भागं संक्षुद्य कुट्टयित्वा, सतुषैर्यवैः सह संसृज्य संबद्धौ अजशृङ्ग्या कर्कटशृङ्ग्या, 'विषाणिका' इत्यपरे । तं पूर्वोक्तं सयवं भागं, साधयेत् रन्धयेत् । सुसिद्धान् सुस्विन्नान्, एतान् यवान्, औषधेभ्यो विवेचयेत् पृथक् कुर्यात् । तान् यवान् । पूर्ववन्मितान् भागद्वयपरिमितान्, 'पूर्वोक्तौषधभागस्योद्धरितव्य' इति शेषः । पूर्ववत् चतुर्थभागप्रमाणमित्यर्थः ।

तेनैव सह यूषेणेति प्रोक्तस्विन्नौषधवर्गयवाजशृङ्ग्यौ कषायेणोद्धृतौषधयवेन; स पुनरौषधसंसर्गेण घनत्वाद्यूष इव जातः । जातरसं व्यक्ताम्लम् । तयोः सौवीरकतुषोदकयोर्व्यक्ताम्लत्वे कालावधिं दर्शयन्नाह षड्रात्रात् सप्तरात्राद्वा; षड्रात्रसप्तरात्रविकल्पोऽप्युष्णशीतकालापेक्षः । ते चेति सौवीरकतुषोदके ।

डल्हणः ।

पूर्वोक्तमित्यादि तुषोदक विधानम् । तत्र यवाः सतुषाः समक्षुण्णौषधैक भागसहिता अजशृङ्गीकषायेण सुस्विन्नतापर्यंतं साध्याः । विवेचयेदिति पृथक्कुर्यात् । पूर्वसंमितानिति पूर्वौषध भागेन तुल्यान् । प्रथमं पूर्ववदिति पदं शीतलेन सुयोजितमित्यस्यार्थमतिदिशति, द्वितीयं तु कलससंस्कार पूर्ववद्दर्शयति । तेनैवेत्यौषधसहित यवसाधनावशिष्टाजशृङ्गीक्वाथेन; अस्य च यवसंबन्धाद् घनत्वेन यूषेणेति कृतम् । जातरसमिति अम्लरसम् षड्रात्रसप्तरात्रविकल्प उष्णशीतकालापेक्षः । चक्रपाणिः ।

पूर्वोक्तमित्यादि । पूर्वोक्तं वर्गं त्रिवृन्मूलादिकम् । संक्षुद्य संकुट्य, यवानित्यविशेषात्त्रिवृन्मूलादिकेनौषधभागेन सम्मितानित्येव, संभृज्य, संसृज्य तेनौषध भागेन संयोज्य, अधिश्रयेत् स्थापयेत् । कषायेणेत्यष्टगुणेन । औषधेभ्यस्त्रिवृन्मूलादिभ्यो विवेचयेत् पृथक् कुर्य्यात् । सतुषान् तुषेणानुगतान् यवान्, पूर्ववन्मितानिति पूर्वोक्तसौवीरकयववत् भागत्रयेणान्वितान्, चूर्णं पूर्ववत् चतुर्थ

भागमिति तात्पर्य्यम् । तेन सौषधयवपाकावशिष्टेनाजशृङ्गीकषायात्मकेनैव यूषेण पूर्ववत् दृढ़े प्रशस्ते वा कलसे, न्यसेत् सन्निदध्यात् । अत्र षड्रात्रात् सप्तरात्राद्वेति यथाक्रमं तुषाम्बुसौवीरके प्रतिलक्षणीयम्, एतत्तु प्रायिकत्वादेवोपात्तमित्यनुसन्धेयम्, सर्व्वेष्वृतुषु तावता कालेन जातरसत्वानुपपत्तेः ॥ २२-२४ ॥

सु० सू० अ० ४४।-

हि० व्या०—(१) काली निशोथ और सफेद निशोथ के क्वाथ में जौ को उबाल कर उसी क्वाथ से पीसकर क्वाथ में मिला दें । पश्चात् घृत लिप्त मिट्टी के पात्र में भरकर मुखमुद्रा कर अनाज के ढेर में छः दिन तक दबायें । इस प्रकार बने हुए सोवीर को विरेचन हेतु रोगियों को पिलावें ।

(२) सूखी भूसी के साथ जौ को भूनकर चूर्ण बना लें । उस चूर्ण को जल में मिलाकर, मिट्टी के पात्र में भरकर उपरोक्त विधि से सन्धान करें । पश्चात् तुषोदक को त्रिवृत् चूर्ण के साथ विरेचनार्थ रोगियों को सेवन करायें ।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार त्रिवृतादि संशोधनीय गण के द्रव्यों की मूल, विदारिगन्धादिगण के द्रव्यों की मूल, बृहतपञ्चमूल, मूर्वा, शार्ङ्गेष्टा (पूतिकरञ्ज) की जड़, थूहर, उसारेरेवन्द, त्रिफला, अतीस और वचा इन्हें सम भाग लेकर एकत्र कर, दो भाग कर लें । एक भाग का क्वाथ तथा दूसरे भाग का चूर्ण तैयार कर लें । पुनः ओखली में कूटे हुए यवों को उक्त क्वाथ में कई बार भावित कर सुखाकर थोड़ा भून लें । भूने हुए यवों के तीन भाग के साथ पूर्व चूर्ण का एक भाग मिलाकर सबको एक मिट्टी के पात्र में भरकर उसमें त्रिवृतादि द्रव्यों का शीतल क्वाथ मिलाकर सन्धान करें । इसे सौवीरक कहते हैं ।

उपर्युक्त सौवीरक योग में त्रिवृतादि से शार्ङ्गेष्टा तक के द्रव्य लेकर उनके दो भाग बनाकर एक भाग को कूटकर सतुष यवों के साथ मिलाकर पात्र में रख कर मेढ़ासिङ्गी का क्वाथ डालकर पकावे । पके हुए यवों को चूर्ण से पृथक् करें, ओखली में कूटकर शेष बचे हुए आधे औषध के चूर्ण के साथ मिलाकर, एक कलस में भर कर, जौ के उबले हुए क्वाथ को डालकर, मुख सुद्रा कर, धान्यराशि में रख दें । जब उसमें अम्ल रस उत्पन्न हो जाए तब उसे तुषोदक कहना चाहिए ।

त्रिवृत् चूर्णस्य मदनफलवत् दश षाडवादि योगा ।
तथा मदनकल्पोक्तान् षाडवादीन् पृथग्दश ।
त्रिवृच्चूर्णेन संयोज्य विरेकार्थं प्रयोजयेत् ॥ च० क० ७।७४

तथेत्यादिना षाडवादियोगान् दशाह । दश षाडवादयोवदरषाडवरागलेहमोदकोत्कारिकातर्पणशाकमांसरसयूषमद्यानां' (क० आ० १) इति ग्रन्थेन मदनकल्पोक्ताः ॥ चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—मदनकल्प में वर्णित दश षाडव आदि योगों में निशोथ के चूर्ण को मिलाकर विरेचनार्थ रोगियों को देना चाहिए।

त्रिवृत् मूलस्य कल्याणक गुड योगः

विडङ्ग पिप्पलीमूलत्रिफलाधान्यचित्रकान्।
मरिचेन्द्र यवाजाजी पिप्पली हस्तिपिप्पली॥
लवणान्यजमोदां च चूर्णितं कार्षिकं पृथक्।
तिलतैल त्रिवृच्चूर्णभागौ चाष्टपलोन्मितौ॥
धात्रीफलरसप्रस्थांस्त्रीन् गुडार्धतुलां तथा।
पक्त्वा मृद्वग्निना खादेद्वदरोदुम्बरोपमान्॥
गुडान् कृत्वा न चात्र स्याद्विहाराहारयन्त्रणा।
मन्दाग्नित्वं ज्वरं मूर्च्छां मूत्रकृच्छ्रमरोचकम्॥
अस्वप्नं गात्रशूलं च कासं श्वासं भ्रमं क्षयम्।
कुष्ठार्शः कामलामेहगुल्मोदरभगन्दरान्॥
ग्रहणीपाण्डुरोगांश्च हन्युः पुंसवनाश्च ते।
कल्याणका इति ख्याताः सर्वेष्वृतुषु यौगिकाः॥

च० क० ७।४०-४५ अ० सं० क० अ० २। अ० हृ० क० अ० २।

विडंगादीनि कार्षिकाणि त्रिवृताचूर्ण तिल तैले पृथगष्टपल प्रमाण आमलक फलरस प्रस्थांस्त्रीन् गुड पलानि पंचाशत्। मृद्वग्निना पक्त्वा तस्मान्मात्रामयंत्रयो यंत्रणा रहितः सन्भक्षयेत्। स च भक्षितः कुष्ठादीन्हंति पुंसवनश्च स्यात्। गुडोऽयं कल्याणकसंज्ञः सर्वेष्वृतुषु यौगिको युज्यते। अरुणदत्तः।

हि० व्या०—विडङ्ग, पिपरामूल, हरड़, बहेड़ा, आँवला, धनियाँ, चित्रक, मरिच, इन्द्रयव, जीरा, गजपिप्पला, सेंधानमक, सोंचर नमक, समुद्र नमक, विडनमक, औद्भिदनमक और अजमोदा प्रत्येक एक-एक कर्ष इन सब द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण तैयार करें। इस चूर्ण में तिल का तेल आठ पल, सफेद निशोथ का चूर्ण आठ पल, आँवले का स्वरस तीन प्रस्थ और गुड़ आधा तुला मिलावें। इसे मृदु अग्नि पर पाक करें। पाक के समय इतनी सावधानी रखें जिससे यह न जलने पावे और न पात्र में चिपकने लगे। पश्चात् बेर या गूलर फल के समान गोलियाँ बना लें। इसके सेवन में आहार विहार में किसी विशेष नियम की आवश्यकता नहीं है। यह कल्याणक गुड़ मन्दाग्नि, रोग, ज्वर, मूर्च्छा, मूत्रकृच्छ्र, अरोचक, निद्रानाश, गात्रशूल, कास, श्वास, भ्रम, क्षय, कुष्ठ, अर्श, कामला, प्रमेह, गुल्म, उदर रोग, भगन्दर, ग्रहणी और पाण्डु रोग को दूर करता है। इसके सेवन से शुक्र की पुष्टि होती है। यह कल्याणक गुड पुंसवन कारक है। इसका उपयोग सभी ऋतुओं में किया जा सकता है।

रूक्षकोष्ठेऽपि प्रयोज्यं त्रिवृद्विरेचनम्।

श्यामात्रिवृद्दुरालंभाहस्तिपिप्पलिवत्सकम्।
नीलिनीकटुकामुस्तश्रेष्ठायुक्तं सुचूर्णितम्॥
रसाज्योष्णांबुभिः शस्तं रूक्षाणामपि सर्वदा॥

अ० सं० क० २। अ० हृ० क० २।२९

हि० व्या०—काली निशोथ मूल का त्वक्, धमासा, गजपीपल, कुटजत्वक्, नीली का मूल, कुटकी, मोथा, हरड़, बहेड़ा, आँवला का समभाग चूर्ण मिलाकर रख लें। यह चूर्ण रूक्ष व्यक्तियों एवं क्रूर कोष्ठ व्यक्तियों को भी सभी ऋतुओं में विरेचनार्थ उपयोगी है।

पैत्तिकरोगे त्रिवृत् मूल द्वारा इक्षुखण्डानां पुटपाक प्रकारः

भित्वा द्विधेक्षुं परिलिप्य कल्कै-
स्त्रिभण्डिजातैः प्रतिबध्य रज्ज्वा।
पक्वं च सम्यक् पुटपाकयुक्त्या
खादेत्तु तं पित्तगदी सुशीतम्॥ सु० सू० ४४।१५

भित्त्वा विदार्य। त्रिभण्डी शुक्ला त्रिवृत्। पुटपाक युक्त्या पुटपाकक्रमेण शालाक्योक्त क्रियाकल्पनिर्दिष्ट पुटपाकविधिना तेन काश्मर्यादि पत्राच्छादन कुशपरिवेष्टनं मृदावपलेपनं निर्धूमाङ्गारान्तरुपस्वेदनादिसर्वमतिदेशेन लभ्यते। अन्ये त्वेवं पठन्ति—'इक्षु द्विधां पाटयित्वाऽवलिख्य त्रिवृत्कल्कैः प्रतिसन्धाय चापि। पक्वं सम्यक् पुटपाकक्रमेण खादेच्छीतं पित्तरोगाभिभूतः' इति। व्याख्यानयन्ति च—त्रिवृत्कल्कैरिति बहुवचनात्त्रिवृतादिकल्कैरित्यादिशब्दो लुप्तनिर्दिष्टो द्रष्टव्यः, तेनान्येषां वैरेचनिकानामयमेव पुटपाकविधिरिति द्योतयति। डल्हण।

इक्षु पुटपाक द्वारा त्रिवृत् प्रयोगः

लिपेदन्तस्त्रिवृत्तया द्विधाकृत्वेक्षुगंडिकं।
एकीकृत्य च तस्विन्नं पुटपाकेन भक्षयेत्॥

अ० सं० क० अ० २।७, अ० हृ० क० अ० २।१२, चक्रदत्त (विरेचना०)

इक्षुगण्डस्य दीर्घपाटितस्यान्तस्त्रिवृत्प्रलिप्तस्य पुनः संयोजितस्य पुटपाकेन स्वेदनं स्विन्नस्य च भक्षणम्। इन्दुः।

हि० व्या०—ईख की गण्डेरी को दो भागों में फाड़कर त्रिवृत का कल्क भरकर दोनों भागों को मिलाकर पुटपाक विधि से पकावें। स्विन्न हो जाने पर गण्डेरी को चूसना चाहिए। इस प्रकार भी विरेचन हो जाता है।

---

१. पं० लालचन्द जी की हिन्दी व्याख्या अष्टाङ्ग हृदय में नील मूल के स्थान पर 'बोल के बीज' लिखा हुआ है।

क्षीरादि अनुपान भेदेन त्रिवृत् मूलस्य सप्तयोगाः

क्षीरमांसेक्षुकाश्मर्य द्राक्षापीलु[1] रसैः पृथक् ।
सर्पिषा वा तयोश्चूर्णमभयार्धांशिकं पिबेत् ॥

च० क० ७।२०-२१

हि० व्या०—दूध, मांस रस, ईख का रस, गंभारी के फल का रस, अंगूर का रस, पीलु का रस और घृत पृथक्-पृथक् आधा भाग और त्रिवृत् चूर्ण को एक भाग मिलाकर रोगी को विरेचनार्थ पिलाना चाहिए। इस प्रकार यहाँ सात द्रव्यों के संयोग से त्रिवृत के सात योग हो जाते है।

त्रिवृत् मूलस्य त्र्यूषणादि चूर्णयोगः।

त्र्यूषणं त्रिफला हिङ्गु कार्षिकं त्रिवृता पलम् ।
सौवर्चलार्धकर्षं च पलार्धं चाम्लवेतसात् ॥
तच्चूर्णं शर्करातुल्यं मद्येनाम्लेन वा पिबेत् ।
गुल्मपार्श्वार्तिनुत्सिद्धं जीर्णे चाद्याद्रसौदनम् ॥

च० क० ७।६३-६४

हि० व्या०—त्र्यूषणादि चूर्ण—सोंठ, पीपर, मरिच, आँवला, हरड़, बहेड़ा और हींग प्रत्येक एक-एक कर्ष, सफेद निशोथ एक पल, सोंचर नमक आधा कर्ष और अम्ल वेंत आधा पल इन सब द्रव्यों का चूर्ण तैयार कर लें। चूर्ण के समान भाग चीनी मिलाकर मदिरा या कांजी में घोलकर गुल्म, पार्श्वपीड़ा के रोगियों को पिलावें। जब इस औषधि का पाचन हो जाए तब रोगी को मांस रस के साथ भात खिलावें।

विविध विकारे त्रिवृत् चूर्ण प्रयोग प्रकारः।

अथ काले तु तच्चूर्णं किंचिन्नागरसैंधवम् ।
वातामये पिबेदम्लैः पित्ते साज्यसितामधु ॥
क्षीरद्राक्षेक्षु काश्मर्यस्वादुस्कन्ध वरारसैः ।
कफामये पीलू रस मूत्रमद्याम्लकांजिकैः ।
पञ्चकोलादि चूर्णैश्च युक्त्या युक्तं कफापहैः ॥

अ० हृ० क० २।७-९

अथ काले विरेचन प्रस्तावे ततो मूलत्वचश्चूर्णमीषन्नागरसैंधवमम्लैः काञ्जिकादिभिर्वातविकारे पिबेत्। पैत्तिक विकारे सह घृतशर्करामधु तच्चूर्णं क्षीरेण द्राक्षादिरसैर्वा पिबेत्। कफविकारे तच्चूर्णं पीलुरसादिभिः पिबेत्। पंचकोलादिभिश्चूर्णैश्च कफघ्नैर्युक्तम् । कथम्। युक्त्यायुक्तम् पंचकोलादि चूर्णेन त्रिवृता चूर्णस्य सम्यग्योगः स्यादित्यर्थः। आदिशब्देनान्येषां पाचन-दीपनानां पञ्चकोलसदृशानां चित्रकादीनां ग्रहणम्। अरुणदत्तः।

---

१. पीलु=उत्तरापथिकं फलम्। चक्रपाणिः।

ततस्मिन्मूलत्वचश्चूर्णं अम्लैः काञ्जिकमस्त्वादिभिः वातामये विरेकयोग्ये। दोषाद्यपेक्षया पिबेत्। क्षीरादिभिर्युतं सर्वथा साज्यादिकं पैत्ते गदे कफामये पीलुरसादिभिः पञ्चकोलादि चूर्णैर्वा। इन्दुः।

हि० व्या०—त्रिवृत् मूल छाल का चूर्ण बनाकर, उसमें अल्प सोंठ तथा सैन्धव लवण का चूर्ण मिलाकर विरेचनार्थ निम्नलिखित अनुपानों के साथ पीना चाहिए। (१) वात विकार में काञ्जी आदि अम्ल द्रव्यों के साथ, (२) पित्त विकार में घृत, खांड, मधु, दूध, दाख का रस, ईख के रस, गम्भारीफल का रस, मधुर गण के द्रव्यों के स्वरस अथवा फलों के रस के साथ, (३) कफ विकार में पीलु के स्वरस, गोमूत्र, मद्य, खट्टी कांजी अथवा पञ्च-कोल आदि कफ नाशक द्रव्यों के साथ युक्ति पूर्वक सेवन करें।

त्रिवृत् मूलस्य अनुपानभेदेन वातरोगेषु प्रयोगः।

वैरेचनद्रव्यरसानुपीतं
मूलं महत्त्रैवृतमस्तदोषम् ।
चूर्णीकृतं सैंधवनागराढ्य-
मम्लैः पिबेन्मारुतरोगजुष्टः ॥

सु० सू० ४४।५

वैरेचनद्रव्यरसानुपीतं त्रिवृदादिद्रव्यरसानुभावितम्। अस्तदोषं कृम्यादि-दोषरहितम्। आढ्यमधिकम् ॥ अम्लैः शुक्तसौवीरतुषोदकधान्याम्लमद्यम-स्तुभिः। 'वैरेचनस्वरसक्वाथपीतां गाढमूलां त्रिवृतां कालपुष्टाम्। चूर्णीकृतां नागरसैंधवाढ्यां पिबेदम्लैरनिलव्याधिजुष्टः'। इति क्वचित् पाठः। डल्हणः।

वैरेचनद्रव्यं त्रिवृतादि; रसशब्देनात्रस्वरसोऽभिधीयते, तदभावे वैरेचन-क्वाथेन भावना कर्तव्या। चरके तु भाव्य द्रव्यसमचूर्णकृत शीतक्वाथेन सप्ताहं यावद्भावना विहिता। सप्ताहं भावना विधानं तावतैव कालेन भाव्य भावना-समाप्तेः. ततोऽधिक भावना निष्फला, हीना न गुणवतीत्यागमादेवावर्यते। अस्तदोषमिति क्रिम्याद्यनुपहतत्वेन। अम्लैरिति काञ्जिकादिभिः। यद्यप्यत्रा-निलरोगप्रशान्तिरूक्ता, तथाऽपि विरेचनस्य पित्तविषयतया पित्तस्थान गते पित्तावृते वा वाते प्रयोगोऽयं ज्ञेयः। चक्रपाणिः।

वैरेचनद्रव्यरसानुपीतं त्रिवृदादि विरेचनद्रव्यरसपरिभावितम्, महत् गम्भीरभूमिमनुप्राप्तम्, अस्तदोषं कार्कश्यादिदोषरहितम् 'गम्भीरानुगतं श्लक्ष्णम्' इति चरकः। सैंधव नागराढ्यं पादिक सैन्धवनागरसंयुक्तम्, चूर्णी-कृतं त्रैवृतं मूलम् अम्लैर्मातुलुङ्गरसादिभिः पिबेत् शानमानमित्येवोपदिश्यन्ति प्राञ्चः। अनेनैव निदर्शनेन परिशिष्यस्त्रिवृद् योगा विमृष्य मानतोलक्षणीयाः। हाराण च०।

हि० व्या०—अन्य विरेचक औषधियों के स्वरस से भावित तथा कृमि, विषादि दोषों से रहित निशोथ मूल का चूर्ण तैयार कर चतुर्थांश सैंधव लवण

और सोंठ का चूर्ण मिलाकर अम्ल फलों के रस (बिजौरा नीबू या अनार-दाना) के साथ वात रोगों में प्रयोग करना चाहिए।

अनुपानभेदेन त्रिवृत् मूलस्य पित्तरोगेषु प्रयोगः

इक्षोर्विकारैर्मधुरैरसंस्तत्
पैत्ते गदे क्षीरयुतं पिबेच्च।

सु० सू० ४४।६ (क)

इक्षोर्विकारैः खण्डादिभिः; न पुनर्गुडेन, उष्णवीर्यत्वात्तस्य; न च फाणितेन, त्रिदोषकरत्वात्तस्य; नापीक्षुरसेन, विदाहित्वात्तस्येति। मधुरै रसैः काकोल्यादि क्वाथैः। तदिति त्रिवृन्मूलम्। 'स्वादुक्वाथैश्चापि नोष्णैर्विकारे पैत्ते द्राक्षा-क्षीरयुक्तां पिबेद्वा' इति केचित् पठन्ति। डल्हण।

इक्षुविकाराः खाण्डादयः। पित्तेयोग्यत्वान्मधुराणां काकोल्यादीनां रसाः क्वाथाः, तैर्मधुरैरसैः। गुडूचीकृतोऽरिष्टो गुडूच्यरिष्टः। चक्रपाणिः।

हि० व्या० – पैत्तिक रोगों में खांड के साथ अथवा मधुर रस द्रव्यों के साथ या दूध के साथ त्रिवृत् चूर्ण का सेवन करना चाहिए।

अनुपानभेदेन त्रिवृत् मूलस्य कफरोगेषु प्रयोगः।

गुडूच्यरिष्टत्रिफलारसेन
सव्योषमूत्रं कफजे पिबेत्तत्॥

सु० सू० ४४।६

गुडूचीत्यादि। अरिष्टो निम्बः। रसोऽत्र क्वाथः। तत् त्रिवृन्मूलम्। अन्ये तु 'क्षौद्रारिष्ट त्रिफलाक्वाथयुक्ता मूत्रैः पेया कफजे व्योषगाढ़ा' इति पठन्ति। तत्र त्रिवृतेति संबन्धनीयम्। अन्ये तु द्राक्षारसेनेत्यादि पठन्ति, तत्र पित्तमपि द्रष्टव्यं; तेन पित्ताधिके श्लेष्ममपि द्राक्षारसेन, कफाधिके मूत्रैरिति; अयं तु पाठोऽभावात् समग्रो न लिखितः। डल्हणः।

हि० व्या०—कफ रोगों में त्रिवृत् चूर्ण को गिलोय, निम्ब और त्रिफला के क्वाथ में सौंठ, मरिच, और पिप्पली के चूर्ण का प्रक्षेप तथा गोमूत्र मिला कर सेवन करना चाहिए।

विरेचनार्थं हरीतकीफलानां विविधाः प्रयोगाः।

हरीतक्याः फलं त्वस्थिविमुक्तं दोषवर्जितम्।
योज्यं त्रिविद्विधानेन सर्वव्याधिनिबर्हणम्।
रसायनं परं मेध्यं दुष्टान्तर्व्रणशोधनम्॥

सु० सू० ४४।६२-६३

हरीतकीमपि त्रिवृद्विधानेनोपकल्पयेत्।
विशोद्ग्रहणीपाण्डुशोषमेहोदरापहाम्॥ अ० हृ० क० २।-

हरीतकीमपि त्रिवृद्विधानेनोपकल्पयेत्।

अ० सं० क० २।४६

हि० व्या०—विरेचनीय फलों की विधि का वर्णन करते हुए लिखा है कि दोषरहित हरीतकी के (गुठली रहित) फल त्रिवृत् कल्प की विधि से प्रयोग करने पर सभी रोगों को दूर करने वाली है। हरीतकी उत्तम रसायन, परम मेध्य तथा दुष्ट और अन्तर्व्रण को शुद्ध करने वाली है। अष्टाङ्ग संग्रह में ग्रहणी, पाण्डु, शोष, प्रमेह तथा उदर रोगों में भी हरीतकी के प्रयोग का विशेष निर्देश किया है।

१. हरीतकी विडङ्गानि सैंधवं नागरं त्रिवृत्।
मरिचानि च तत्सर्वं गोमूत्रेण विरेचनम्॥
२. हरीतकी भद्रदारु कुष्ठं पूगफलं तथा।
सैन्धवं शृङ्गवेरं च गोमूत्रेण विरेचनम्॥
३. नीलिनीफलचूर्णं च नागराभययोस्तथा।
लिह्याद्गुडेन सलिलं पश्चादुष्णं पिबेन्नरः॥
४. पिप्पल्यादिकषायेण पिबेत्पिष्टां हरीतकीम्।
सैन्धवोपहितां सद्य एष योगो विरेचयेत्॥
५. हरीतकीभक्ष्यमाणा नागरेण गुडेन वा।
सैन्धवोपहिता वाऽपि सातत्येनाग्निदीपनी॥
वातानुलोमिनी वृष्या चेन्द्रियाणां प्रसादनी।
संतर्पण कृतान् रोगान् प्रायो हन्ति हरीतकी॥

सु० सू० ४४।६२-६९

व्याधिशब्दोऽयं दोषेषु व्याधिषु च वर्तते। सर्वेषां हरीतकी योगानां सामान्यं फलं दर्शयन्नाह-रसायनमित्यादि। सुखोपायोज्यान् रोगान् सर्वतुकान् सर्वधातुकांश्चाहरीतकीत्यादि। मात्रा प्रमाणं मध्येषु कोष्ठ वयोवलेषु चूर्णकर्षः, उत्तमाधमयोर्वृद्धया विकल्पनीयः। डल्हणः।

हि० व्या०—सुश्रुत ने हरीतकी के पाँच विरेचन योगों का वर्णन किया है—

विविध कार्यों में दोष, शरीर, धातु, बल, काल वयानुसार विविध अवस्था में विकारापेक्षया प्रयोग करने हेतु अनेक कल्पनाओं का निर्देश किया है।

(१) हरीतकी, विड़ंग, सैंधव, शुण्ठी, निशोथ, और काली मिर्च, समान मात्रा में लेकर चूर्ण बनावें। इसे गोमूत्र के साथ सेवन करने से विरेचन होता है।

(२) हरीतकी देवदारु, कूठ, सुपारी, सैंधव और सोंठ को समभाग लेकर चूर्ण बनावें। इसे उष्ण जल से पीने से विरेचन हो जाता है।

(३) नीलिनी का फल, शुण्ठी और हरीतकी चूर्ण को गुड़ के साथ प्रयोग कर उष्ण जल से सेवन करने से विरेचन हो जाता है।

(४) हरीतकी चूर्ण में सैंधव मिलाकर पिप्पल्यादिगण के क्वाथ से प्रयोग किए जाने पर सद्यः विरेचन होता है।

(५) हरीतकी चूर्ण को शुण्ठी, गुड़ या सैंधव के साथ निरन्तर प्रयोग करने से अग्नि को दीप्त करती है, वातानुलोमिनी, वृष्य गुणवाली एवं इन्द्रियों को प्रसन्न करने वाली है। सन्तर्पणजन्य रोगों को हरीतकी प्रायः दूर करने वाली है।

पिबेत्पथ्यां ससिंधूत्थविडंगोत्पलनागराम्।
मूत्रेण वत्सकादेर्वा निर्यूहेण हरीतकीम्॥
पथ्या नागरचूर्णं वा संयुक्तं नीलिनी फले।
गुडेन भक्षयेत्तोयं कवोष्णं च पिबेदनु॥
पथ्या त्रिवृदभ्यां गुलिकाः कार्याः क्षौद्ररसाप्लुताः।
माषप्रमाणास्ताः शुष्का यक्ष्मी लिह्याद्घृतद्रुताः॥
पथ्यात्रिवृत्कदुष्णांबु[2] सर्वत्रेष्टं विरेचनम्॥

अ० सं० क० २।५०-५३

हि० व्या०—हरीतकी, सैंधव, विडंग, उत्पल सोंठ का चूर्ण बनाकर वत्सक क्वाथ गोमूत्र अथवा हरीतकी क्वाथ के अनुपान से विरेचनार्थ प्रयोग कराना चाहिए। अष्टाङ्ग हृदय में प्रथम योग में उत्पल का समावेश किया गया है। हरीतकी क्वाथ अथवा वत्सक क्वाथ, गोमूत्र के अनुपान का उल्लेख किया गया है। तृतीय योग को उसी प्रकार ग्रहण किया है। मात्र श्लोक की योजना भिन्न है। हरीतकी एवं त्रिवृत् चूर्ण को मधु में आलोड़ित करके अथवा इन्दु के अनुसार द्राक्षारस में मिलाकर) अथवा चम्पक वृक्ष के रस में भिगोकर गुटिका बनावें। माष प्रमाण में गुटिका बनाकर सूखने पर गुटिका को अजा घृत में मिलाकर यक्ष्मा रोगी को प्रयोग कराना चाहिए।

सामान्य विरेचनार्थ हरीतकी, त्रिवृत् तथा नमक मिलाकर किंचिद् उष्ण जल के साथ सभी को सभी अवस्थाओं में यथामात्रा विरेचनार्थ प्रयोग कराया जा सकता है।

हरीतक्यादि मोदकः

हरीतक्यास्तु कर्षार्द्धं तदर्द्धं त्रिवृतास्तथा।
शीताम्बुना समं पिष्ट्वा घृते तु भर्जयेत् मनाक्॥
तद्द्रव्यं शीतलं कृत्वा सिताकर्षेण योजयेत्।
तावत् विरिच्यते जन्तुर्यावदुष्णं न सेवते॥

वंगसेन (विरेच०)

१. शब्दचन्द्रिका में जयदत्त ने क्षौद्र से चम्पकवृक्ष लिया है।
२. पटूष्णाम्बु (पाठभेदः)

हि० व्या०—हरीतकी और निशोथ का चूर्ण ६-६ माशे की मात्रा में एकत्र शीतल जल में पीसकर घी में मन्दाग्नि से भून लें। शीतल होने पर एक तोला मिश्री मिलाकर सेवन करें। अनुपान में शीतल जल का सेवन करें। जब तक उष्ण जल का सेवन नहीं किया जाएगा तब तक विरेचन होता रहेगा।

गुल्मोदरविकारे स्नुहीक्षीरभावित पथ्याप्रयोगः

स्नुक्क्षीरभाविते पथ्याचूर्णं कुर्वीत मोदकान्।
कोलास्थिमात्रात् शुष्कांश्च नवनीतेन लेहयेत्॥
गुल्मोदर यकृत्प्लीह शूलानाह विबंधिनः।

अ० सं० क० २।५४

हरीतकी चूर्णेन सुधा क्षीरालोडितेन वदरास्थिप्रमाणां गुटिकां कृत्वा शुष्काः प्रयोगकाले नवनीत युक्ताः वैद्यो लेहयेत्। इन्दुः।

हि० व्या०—हरीतकी को स्नुहीक्षीर में भावित करके बदर के समान गुटिकाएँ बना लें। इसे मक्खन के साथ चाटने से गुल्म, उदर, यकृत, प्लीहा, शूल, आनाह एवं विबंध रोग नाशक है।

विरेचनाय हरीतकी मोदक योगः

गुडस्याष्टपले पथ्या विंशतिः स्यात्पलं पलम्।
दन्तीचित्रकयोः कर्षौ पिप्पली त्रिवृतोर्दश॥
प्रकल्प्य मोदकानेवं दशमे दशमेऽहनि।
उष्णांभो नु पिबेत्खादेत्तान्सर्वान्विधिनाऽमुना॥
एते निः परिहारा स्युः सर्व व्याधिनिबर्हणाः।
विशेषाद्ग्रहणी पाण्डु कंडूकोष्ठार्शसां हिताः॥

अ० हृ० क० २।५८-६०

गुडस्याष्ट पले हि पथ्या विंशतिर्दंतीचित्रकयोः पलं प्रत्येकं स्यात्। पिप्पली-त्रिवृतयोः कर्षाविभौ। दश मोदकानेवं प्रकल्प्यैकमेकं दशमे २ दिने योजयेत्। पश्चादुष्णांबु पिबेत्। अमुना विधिना सर्वान्मोदकान् भक्षयेत्। एते मोदका निःपरिहारास्तथाऽशेष व्याधि निबर्हणाः स्युः। विशेषेण ग्रहण्यादीनां हिताः संबन्धमात्रस्य विवक्षितत्वादत्र षष्ठी। अन्यथा तु हितयोगे चतुर्थी स्यात्। अरुणदत्तः।

हरीतकी मोदकः

हि० व्या०—गुड़ ८ पल, हरीतकी २० नग, एक-एक पल दन्ती एवं चित्रकमूल, एक-एक कर्ष पिप्पली एवं त्रिवृत्। इन सभी औषधियों को यथाविधि पाक करके इसके १० मोदक बनाकर १०-१० दिन के पश्चात् एक-एक मोदक खाएं। अनुपान में ऊष्ण जल लें। इस विधि में किसी प्रकार के परिहार की विशेष आवश्यकता नहीं है। ये मोदक सभी प्रकार की व्याधि को

दूर करने वाले हैं। विशेष रूप से ग्रहणी, पाण्डु, कण्डू, कोठ और अर्श रोग में लाभकारी है।

आचार्य वंगसेन ने भी अभया मोदक तथा मणिभद्र मोदक का उल्लेख किया है जो इस योग से किञ्चित् परिवर्तित एवं परिवर्धित है।

अभयाद्य मोदक

अभया पिप्पलीमूलं मरिचं विश्वभेषजम्।
त्वक्पत्रपिप्पलीमुस्तविडङ्गामलकानि च॥
एतानि समभागानि दन्ती च त्रिगुणा भवेत्।
त्रिवृदष्ट गुणा ज्ञेया षड्गुणा चात्र शर्करा॥
मधुना मोदकान्कृत्वा चाक्षमात्रान् प्रमाणतः॥
एकैकं भक्षयेत्प्रातः शीतं चानु पिबेज्जलम्।
तावद्विरिच्यिते जन्तुर्यावदुष्णं न सेवते॥
पानाहारविहारेषु भवेन्नियन्त्रणः सदा।
पाण्डुत्वकासविषमज्वरवह्निसादान्।
जंघोरुपृष्ठजघनोदरपार्श्वशूलान्।
दुर्नाममण्डलभगन्दरशोफगुल्मान्।
यक्ष्मोदरभ्रमविदाहकमूत्रकृच्छ्रान्॥
प्लीहाक्षिरोगयकृदश्मरिकुष्ठमेहान्।
हन्याद्रसायनमिदं भिषजा प्रयुक्तम्॥
अल्पव्ययं बहुफलं सततं प्रयोज्य-
मायुष्करं पलितनाशनमश्विदृष्टम्॥ वङ्गसेन (विरेच०) ३३-३८

अभया मोदक

हि० व्या०—हरीतकी, पिपलामूल, काली मिर्च, सौंठ, दालचीनी, तेजपत्र, पीपल, नागरमोथा, वायविडंग और आँवला, ये सभी औषधियाँ समान भाग लेकर तीन गुने प्रमाण में दन्ती, आठ गुने प्रमाण में निशोथ तथा छः गुने प्रमाण में मिश्री चूर्ण लेकर इन सभी को एकत्र पीसकर शहद में मिलाकर मधु मिश्रित कर एक-एक तोले के मोदक प्रातःकाल खाने से तथा शीतल जल का अनुपान करने से तब तक विरेचन होता रहेगा जब तक गर्म जल का सेवन नहीं कराया जाएगा। इस योग के सेवन करने वाले को विशेष प्रकार के परिहार की आवश्यकता नहीं है। यह पाण्डु, कास, विषम ज्वर, मन्दाग्नि, जंघा, ऊरु, पृष्ठ, जघन, उदर और पार्श्वशूल, बवासीर, मण्डल, भगन्दर, शोथ, गुल्म, राजयक्ष्मा, उदर रोग, भ्रम, दाह, मूत्रकृच्छ्र, प्लीहा, नेत्ररोग, यकृत, अश्मरी कुष्ठ और प्रमेह आदि रोगों को दूर करने वाला है। यह योग प्रसिद्ध वैद्यों द्वारा प्रयोग किया हुआ है। रसायन के रूप में यह कम व्यय वाला एवं महान् फल देने वाला है। इसका प्रतिदिन प्रयोग करना चाहिए।

यह औषधयोग आयुष्कर, पलित रोगहर है तथा अश्विकुमारों द्वारा इसके उत्तम फल देखे हुए हैं।

मणिभद्र मोदक

विडङ्गसारामलकाभयानां
पलं पलं स्यात्रिवृतस्त्रयञ्च।
गुडस्य षड् द्वादशभागयुक्ता
मानेन त्रिंशद्गुटिका विधेया॥
निवारणे यक्षवरेण सृष्टः
स माणिभद्रः किल शाक्यभिक्षवे॥
अयं हि कुष्ठ क्षयकासनाशनो
भगन्दरप्लीहगुदोदरातिजित्।
यथेष्टचेष्टान्नविहार सेवी
ह्यनेन वृद्धस्तरुणो भवेच्च॥ वङ्गसेन (विरेच०) ३९-४०

हि० व्या—विडङ्गसार, आँवला और हरड़ ये प्रत्येक औषधियाँ ४-४ तो०, निशोथ १२ तो० और गुड़ १८ भाग लेकर यथाविधि सभी को एकत्र कर ३० मोदक बनावें। इस माणिभद्र नामक योग का शाक्यभिक्षु नामक मुनि के कष्ट निवारण हेतु कुवेर ने निर्माण किया। इसके प्रयोग से कुष्ठ, राजयक्ष्मा, खाँसी, भगन्दर, प्लीहा, गुदरोग और उदर रोग दूर करने वाला है। इसका प्रयोग करते समय उचित आहार-विहार करने से वृद्ध मनुष्य तरुणावस्था को प्राप्त हो जाता है।

हरीतकीभिः क्वथितं सुवीरं
दन्त्यग्निकृष्णाविड्चूर्णयुक्तम्।
विरेचनं वा ऋतुतैलमिश्रं
निरत्ययं योज्यमथामयघ्नम्॥ वङ्गसेन (विरेच०)

हि व्या०—हरीतकी को सौवीर में मिलाकर क्वाथ बना लें। इसमें दन्ती, चित्रक, पिप्पली और विड्नमक का चूर्ण मिलावें अन्यथा एरण्ड स्नेह डालकर निरन्तर पान करने से भली प्रकार विरेचन हो जाता है। यह सर्व रोगहर योग है।

विरेचनाय आमलक विभीतकयोः प्रयोगः

शीतमाममलकं रूक्षं पित्तमेदः कफापहम्।
बिभीतकमनुष्णं तु कफपित्तनिबर्हणम्॥
त्रीण्यप्यम्लकषायाणि सतिक्तमधुराणि च। सु० सू० ४४।७०-७१

हि० व्या०—आमलकी स्वभाव में शीतल, रूक्ष एवं पित्त, मेद तथा कफनाशक है। बहेड़ा अनुष्ण है पित्त और कफनाशक है। हरीतकी, आमलकी एवं बहेड़ा तीनों का कषाय अम्ल, तिक्त और मधुर रस वाला है। इन्हीं

गुणानुरूप त्रिफला कषाय की योजना बनाई जाती है ।

विरेचनाय त्रिफला प्रयोग संकेतः

त्रिफला सर्व रोगघ्नी त्रिभागघृतमूच्छिता ।
रोगशब्दोऽत्र त्रिदोषवचनो व्याधि वचनो वा । मूच्छिता संयुक्ता ।

डल्हणः ।

त्रिफलेत्यादौ त्रिभागघृतं त्रिफलायास्तृतीयाभाग घृतम् वयसः स्थापनमिति तरुणवयोऽवस्थास्थैर्यंकरी । चक्रपाणिः ।

वयसः स्थापनं चापि कुर्यात् संततसेविता ॥ सु० सू० ४४।७१-७२

हि० व्या०—त्रिफला सभी रोगों को हरने वाला है । तीन गुणे घृत में सम्मूच्छित करके नित्य सेवन करने से सभी रोगों को नष्ट करने वाला तथा आयु को स्थापित करने वाला है ।

कफजरोगे त्रिफलादि उत्तम विरेचन योगः

त्रिफलाक्वाथमूत्रैश्च सव्योषं कफपीड़ितः ।
कृष्णा शुण्ठी त्रिवृत्क्षारचूर्णं क्षौद्रेण लेहयेत् ॥
एतद्विरेचनं मुख्यं सर्वश्लेष्मविकारिणाम् । वङ्गसेन (विरे०)

हि० व्या०—त्रिफला के क्वाथ से त्रिकटु चूर्ण अथवा त्रिकटु चूर्ण को गोमूत्र के साथ विरेचनार्थ पान करने से अथवा पिप्पली, शुण्ठी, निशोथ तथा यवक्षार को मधु से चाटने पर सभी प्रकार के कफ रोगियों के लिए उत्तम विरेचन योग है ।

सर्वदोषहर नाराच विरेचन योगः

पथ्यासैंधवकृष्णानां कल्कमुष्णाम्बुना पिबेत् ।
विरेकः सर्वदोषघ्नः श्रेष्ठो नाराचसंज्ञितः ॥ वङ्गसेने (विरे०)

हि० व्या०—हरीतकी, सैंधव, पिप्पली का कल्क बनाकर गर्म जल के साथ सेवन करने से यह नाराच नामक योग विरेचन के लिए श्रेष्ठ एवं सभी प्रकार के दोषों को हरण करने वाला है ।

तिल्वक कल्पः

तिल्वक् पर्यायाः

तिल्लकस्तु मतो लोध्रो बृहत्पत्रस्तिरीटकः ।
तस्य मूल त्वचं शुष्कमन्तर्बल्कलवर्जितम् ॥ च० क० ८।३

तिल्वकस्यान्तर्बल्कलं कठिनं भवति, तदर्थं तद्वर्जनं । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—तिल्वक के पर्याय—लोध्र, वृहत्पत्र तथा तिरीटक है । लोध्र की बाह्य मूल त्वचा को सुखाकर प्रयोग में लाते हैं क्योंकि अन्तर्वल्कल कठिन होती है । व्यवहार में दो प्रकार का लोध्र कहा जाता है (१) पठानी, (२) शाबर । इनमें शाबर लोध्र का विरेचनार्थ प्रयोग किया जाता है ।

तिल्वकस्य मूलत्वक्चूर्णस्य भावनाविशेष युक्त एको योगः

चूर्णयेत्तु त्रिधा कृत्वा द्वौ भागौ श्च्योतयेत्ततः ।
लोध्रस्यैव कषायेण तृतीयं तेन भावयेत् ॥
भागं तं दशमूलस्य पुनः क्वाथेन भावयेत् ।
शुष्कं चूर्णं पुन कृत्वा तत ऊर्ध्वं प्रयोजयेत् ॥ च० क० ६।४-५
तिल्वकस्य त्वचं बाह्यमन्तर्वल्क विवर्जिताम् ।
चूर्णयित्वा तु द्वौ भागौ तत्कषायेण गालयेत् ॥
तृतीयं भावितं तेन भागं शुष्कं तु भावितम् ।
दशमूलीकषायेण त्रिवृद्वत्संप्रयोजयेत् ॥

सु० सू० ४४।६०-६१

श्च्योतयेदिति वचनेन षड्गुणद्रवेणैकविंशतिवारान् स्रावयेदिति ज्ञेयं, मदनफलकल्पे एवं भूतस्यैव स्रावणस्य दृष्टत्वात् । भावना विधिश्च निरन्तरं व्याकृत एव । चक्रपाणिः ।

गालयेत् क्षारकल्पेन, गालनं पुनरिहैकविंशति वारान् पारम्पर्यात् । तृतीयं भावितं तेन भागमिति अपरं चूर्णस्य स्थापितं तृतीयं भागं तेनैवतिल्वककषाय-जलेन चूर्णभागद्वयगालन लब्धगुणातिशयेन भावितमित्यर्थः । शुष्कं तु भावितं दशमूलकषायेणेति तृतीयं भागं शुष्कं पुनः सन्तं दशमूलीकषायेण भावितं त्रिवृद्वत संप्रयोजयेदिति संबन्धः । डल्हणः ।

गालयेदिति स्रावणवत् षड्गुणेन क्वाथेन एकविंशति वारान् स्रावणं वैद्योपदेशात्, तेन परिस्रावणलब्धगुणतिल्वकक्वाथेनानुभावितमिति यथोक्त तिल्वकक्वाथकृत सप्तदिन भावनान्तरं दशमूलकषाय भावितम्, एतदपि सप्तदिन भावनम् । चक्रपाणिः ।

तुकारः पुनरर्थे, अत्र त्रिवृद्वदित्यनेन "सैंधवनागराढ्यमम्लैः पिबेत्" इत्युपक्रम्य त्रिवृदधिकरणोक्तो वातादिषूपयोगविधिरतिदिश्यते । हाराणच० ।

त्वचं तिल्वकमूलस्य त्यक्त्वाऽभ्यंतरवल्कलम् ।
विशोष्य चूर्णयित्वा च द्वौ भागौ गालयेत्ततः ॥
रोध्रस्यैव कषायेण तृतीयं तेन भावयेत् ।
कषाये दशमूलस्य तंभागं भावितं पुनः ॥ अ० सं० क० २।

अभ्यन्तरवल्कलः अन्तर्भागस्त्यक्तो यया त्वचा तां त्वचं चूर्णयित्वा तस्य त्रीन भागान् कुर्यात ततो द्वौ भागौ लोध्रक्वाथेन स्रावयेत् तेन शिष्टस्तृतीयो भागो भाव्यः । स एव पुनर्दशमूल कषायेण भाव्यः । इन्दुः ।

हि० व्या०—लोध्र मूल त्वक् को (यथा मात्रा) ग्रहण करके उसके तीन समभाग करें । इसमें से दो भाग का क्वाथ बनाकर उस क्वाथ से तीसरे भाग को भावित करें । पुनः इस भावित शुष्कचूर्ण को दशमूल क्वाथ से भावित करें । इसे सुखाकर चूर्ण बनावें । इस चूर्ण का यथा मात्रा में स्निग्ध

एवं स्विन्न रोगी को प्रयोग कराना चाहिए। सुश्रुत में इसके प्रयोग के लिए 'त्रिवृतवत्' विधि का उल्लेख किया है।

विशेष—चरक के भावयेत् के स्थान पर सुश्रुत ने गालयेत शब्द का उल्लेख किया है। इसके सम्बन्ध में टीकाकार चक्रपाणिदत्त ने 'गालयेत् इति स्रावणवत् अर्थ किया है। अर्थात् लोध्र के ही क्वाथ से (६ गुने क्वाथ से) २१ वार स्रावण करने की विधि बताई है। सात दिन भावना के बाद पुनः दशमूल क्वांथ से भावित करें तथा इसमें भी सात दिन भावित करना चाहिए। डल्हण ने क्षारकल्पेन गालयेत् अर्थ लिया है। तत् के पश्चात् का पाठ भेद-स्निग्ध स्विन्ने प्रदापयेत्' भी है। टीकाओं के अंश द्रष्टव्य है। वाग्भट का भी यही पाठ है।

तिल्वक मूलत्वचा चूर्णस्य दधिमण्डादि अनुपान भेदेन पञ्च योगाः

दधिमण्ड सुरामण्डमूत्रैर्बदरसीधुना।
रसेनामलकानां वा ततः पाणितलं पिबेत्॥

च० क० ६।६

शुष्कचूर्णं ततः कृत्वा ततः पाणितलं पिबेत्।
मस्तुमूत्र सुरामण्ड कोलधात्रीफलाम्बुभिः॥

अ० सं० क० अ० २।३१

हि० व्या०—लोध्र के चूर्ण को एक कर्ष मात्रा में ग्रहण करके दधिमण्ड, सुरामण्ड, गोमूत्र, बेर की सीधु अथवा आमलकी के रस में मिलाकर विरेचनार्थ पिलाना चाहिए। इस प्रकार चूर्ण के पाँच योग बताए हैं।

तिल्वकमूलत्वचः मेषशृङ्ग्यादि साधित सौवीरकानुपान युक्तः एको योगः

मेषशृङ्ग्यभयाकृष्णा चित्रकैः सलिले श्रृते।
मरुजान् सुनुयातच्च जातं सौवीरकं सदा॥
भवेदञ्जलिना तस्य लोध्रकल्कं पिबेत् सदा।

च० क० ६।७।८ अ० सं० क० अ० २।३२

हि० व्या०—मेढ़ासींगी, हरीतकी, पिप्पली व चित्रक इनके समभाग से विधिवत् बनाए हुए क्वाथ में तुष रहित जौ का संधान करें। जब सौवीर तैयार हो जाए तब उसकी एक अञ्जलि (४ पल १६ तो०) लेकर लोध्रचूर्ण का यथा मात्रा प्रयोग करें।

तिल्वकस्य स्वरसकल्कसाधित एको अवलेह योगः

तिल्वकस्य कषायेण कल्केन च सशर्करः।
सघृतः साधितो लेहः स च श्रेष्ठो विरेचने॥

च० क० ६।१३ अ० सं० क० २।३४

हि० व्या०—लोध्र के कषाय अथवा कल्क में चीनी और घी से निर्मित अवलेह उत्तम विरेचन कराने वाला योग है।

तिल्वककषायस्य सुरायोग एकः

सुरां लोध्रकषायेण जातां पक्षस्थितां पिबेत्।

च० क० ६।८ अ० सं० क० २।३३

हि० व्या०—लोध्र के क्वाथ को १५ दिन तक संधान करके रख दें। इससे निर्मित सुरा का विरेचनार्थ प्रयोग कराना चाहिए।

तिल्वकस्य दन्त्यादिक्वाथसाधित एको अरिष्ट योगः

दन्तीचित्रकयोर्द्रोणे सलिलस्याढकं पृथक्।
समुत्क्वाथ्य गुडस्यैकां तुलां लोध्रस्य चाञ्जलिम्॥
आवपेत्तत परं पक्षान्मद्यपानां विरेचनम्।

च० क० ६।६-१०

हि० व्या०—दन्तीमूल तथा चित्रक एक-एक आढ़क लें उन्हें एक-एक द्रोण जल में पृथक्-पृथक् क्वाथ बनावें। दोनों को एकत्र मिलाकर एक-तुला गुड़ मिला दें। एक अञ्जलि (४ पल, १६ तो०) लोध्र मिलाकर पात्र में भरकर संधान कर दें। १५ दिन बाद यह तैयार हो जाएगा। इस मद्य को पीने से विरेचन हो जाता है।

तिल्वकस्य कम्पिल्लक सहपानानुपानयुक्तः एको योगः

कम्पिल्लक कषायेण दशकृत्वः सुभावितम्।
मात्रां कम्पिल्लकस्यैव कषायेण पुनः पिबेत्॥

च० क० ६।१०-११

कम्पिल्लको गुण्डारोचनिका। मात्रामिति तिल्वकचूर्णमात्राम्। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—लोध्र चूर्ण को कम्पिल्लक के क्वाथ से दश बार भावित कर लें। इसे कम्पिल्लक के क्वाथ के साथ पीने से विरेचन हो जाता है। मात्र से यथावश्यक चूर्ण ग्रहण करने का भाव लिया जाता है।

तिल्वकस्य त्रिवृत् चूर्ण युक्तः एको अवलेह योगः

चतुरङ्गुल कल्पेन लेहोऽन्यः कार्य एव च। च० क० ६।११

चतुरङ्गुलकल्पेनेति कषायेणाथवा तस्य' (क० अ० ८) इत्यादिनोक्त विधानेन। तेनात्र तिल्वकक्वाथेन गुडान्वित त्रिवृच्चूर्णं पक्त्वा लेहः कर्तव्यः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अमलतास कल्प में बताई गई विधि के अनुसार अमलतास एवं लोध्र से यथाविधि विरेचन लेह तैयार करना चाहिए।

तिल्वकस्यत्रिफलाकषायादि साधितः अवलेहः योगः

त्रिफलायाः कषायेण सर्पिषमधुफाणितः।
लोध्रचूर्णयुतः सिद्धो लेहः श्रेष्ठो विरेचने॥ च० क० ६।१२

हि० व्या०—त्रिफला का कषाय, घी, शहद, फाणित एवं लोध्र चूर्ण से सिद्ध किया अवलेह विरेचन के लिए श्रेष्ठ है।

तिल्वकस्य त्रिवृतादिक्वाथसाधित एको घृत योगः

अष्टाष्टौ त्रिवृतादीनां मुष्टीस्तु सनखान् पृथक्।
द्रोणेऽपां साधयेत् पादशेषे प्रस्थं घृतात् पचेत्।
पिष्टैस्तैरेव विल्वांशैः समूत्रलवणैरथ।
ततो मात्रां पिबेत्काले श्रेष्ठमेतद्विरेचनम्॥

च० क ६।१४-१५

अष्टाष्टावित्यादिना प्रथमं घृतम्। सनखानिति विद्यमाननखान्। अत्र त्रिवृदादिगृहीतलोध्रस्य प्रधानत्वाद् द्विगुणो भागो भवति। उक्तं हि जतूकर्णे। 'त्रिवृदादिद्विगुणो लोध्रक्वाथ इति। समभागत्वेतु लोध्र प्रयोगस्य केन विशेष, स्यात् तस्माद् यथा व्याख्यातमेव साधु। लवणमप्यत्र पलांशमेव। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—निशोथादि विरेचन द्रव्यों को आठ-आठ मुट्ठी प्रमाण में ग्रहण कर पृथक्-पृथक् क्वाथ तैयार करें। चतुर्थांश शेष रहने पर छान लें। इन द्रव्यों के कल्क, गोमूत्र, सैन्धा नमक, प्रत्येक एक पल से ३२ पल तक। इन सभी से यथाविधि घृतपाक करे। मात्रायुक्त उचित काल में सेवन करने से श्रेष्ठ विरेचन होता है।

तिल्वकस्य लोध्रादिक्वाथ साधित एकोयोगः

लोध्रकल्केन मूत्राम्ललवणैश्च पचेद्घृतम्।

च० क० ६।१६ क

हि० व्या०—लोध्र के कल्क, गोमूत्र, कांजी तथा सैंधव लवण के साथ घृतपाक करें यह उत्तम विरेचक योग है।

तिल्वकस्य चतुरङ्गुलकल्पवत् साधितौ द्वौ घृतयोगौ

चतुरङ्गुल कल्पेन सर्पिषी द्वे च साधयेत्।

च० क० ८।१६

चतुरङ्गुलेत्यादिना घृतद्वयमतिदिश्यते एवं घृतेन चत्वारो योगा भवन्ति। चतुरङ्गुल घृते च 'चतुरङ्गुलसिद्धात्' (क० स्था० अ० ८) इत्यादिना, तथा 'तदेव दशमूलस्य' (क० स्था० अ० ८) इत्यादिना प्रोक्ते ज्ञेये, तथा च चतुरङ्गुलकल्पेन लोध्रादिना द्वे लोध्रघृते भवतः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अमलतास कल्प के समान दो घृत योग लोध्र से भी सिद्ध करें।

विशेष—पूर्व में बताए सैंधव, कांजी आदि से सिद्ध किया जाने वाला अथवा ६ विरेचन द्रव्यों से पाक किए जाने वाले घृत सिद्ध करने की विधि की ओर इंगित किया है।

तिल्वकस्य योगसंख्यासंकेतः

पञ्चदध्यादिभिस्त्वेका सुरा सौवीरकेण च।
एकाऽरिष्टस्तथा योग एकः कम्पिल्लकेन च॥
लेहास्त्रयो घृतेनापि चत्वारः संप्रकीर्तिताः।
योगास्ते लोध्रमूलानां कल्पे षोडश दर्शिताः॥

च० क० ८।१७-१८

हि० व्या०—तिल्वक मूल त्वक के १६ योग इस प्रकार है।

दधि आदि से—५ योग
सुरा से —१ योग
सौवीर से —१ योग
अरिष्ट से —१ योग
कम्पिल्लक से—१ योग
लेहपाक से —३ योग
घृतपाक से —४ योग
कुल योग = १६ योग

सप्तला पर्यायाः

[2]सप्तला चर्मसाह्वा च बहुफेनरसा च सा। च० क० ११।३ (क)

इह चाध्याये ये योगा अभिधीयन्ते ते सप्तलया वा शङ्खिन्या वा उभाभ्यां संपाद्यन्ते श्यामात्रिवृद्योगवत्। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—सप्तला के पर्याय—सप्ता, चर्मसाह्वा तथा बहुफेनरसा है।

विशेष—इस प्रकरण में सप्तला एवं शंखिनी दोनों के संयुक्त योगों का "श्यामात्रिवृद्योगवत्" प्रयोग किए जाने से दोनों का ही उल्लेख किया गया है।

शङ्खिनी पर्यायाः

[1]शङ्खिनी तिक्तला चैव यवतिक्ताऽक्षिपीडकः। च० क० ११।३

हि० व्या०—शंखिनी के पर्याय - शङ्खिनी, तिक्तला, यवतिक्ता तथा अक्षिपीडक ये चार नाम हैं।

अ० सं० क० अ० २।५७ पर शशिलेखा।

सप्तलाशङ्खिनी प्रयोगयोग्य अङ्गानां वर्णनम्

नाति शुष्कं फलं ग्राह्यं शङ्खिन्या निस्तुषीकृतम्।
सप्तलायाश्च मूलानि गृहीत्वा भाजने क्षिपेत्॥ च० क० ११।५

---

१. सातला, सप्तला, सारी, विदुला, विमला, आमला, बहुफेना, चर्मकषा, फेना, दीप्ता, मरालिका। अ० सं० क० २ पर शशिलेखा।

१. यवतिक्ता शङ्खिनी च दृढ़पाता विसर्पिणी।
नाकुली चाक्षपीडा च नेत्रमीला यशस्करी॥

[1]सप्तलायास्तथा मूलं ते तु तीक्ष्ण विकाशिनी ।

अ० सं० क० २।४० अ० हृ० क० २।४२

शंखिन्याः फलं विरेचनाय ग्राह्यम् । तच्च निस्तुषी कृतम् । सप्तलायास्तु यथाविधमेव मूलम् । ते च सप्तला शङ्खिन्यौ तीक्ष्णत्वगुणयुक्ते विकाषिण्यौ च । अत एव श्लेष्मामयादिषु कल्पयेत् । तीक्ष्णक्षिप्रकारी विकाषी विकषन् धातून् सन्धिबन्धान् विमुञ्चन्ति । इन्दुः ।

हि० व्या०—सप्तला एवं शंखिनी में से शंखिनी के फल को उस अवस्था में ग्रहण करें जब अधिक न सूखे हों। उसकी ऊपरी छिलके को हटाकर रख लेना चाहिए तथा सप्तला के मूल को ग्रहण करके स्वच्छ पात्र में रख लेना चाहिए। वाग्भट लिखते हैं कि ये दोनों ही द्रव्य अत्यन्त तीक्ष्ण एवं विकासी है।

अष्टाङ्ग हृदय एवं संग्रह में श्लोक की दूसरी पंक्ति (तृतीय एवं चतुर्थ चरण) किंचित् परिवर्तित है।

सप्तलाशङ्खिनी प्रयोगयोग्य रोगाणां वर्णनम्

ते गुल्म गरहृद्रोगकुष्ठशोफोदरादिषु ।
विकाशि तीक्ष्णरूक्षत्वाद्योज्ये श्लेष्माधिकेषु तु ॥ च० क० ११।४
श्लेष्मामयोदरगरश्वयथ्वादिषु कल्पयेत् ।

अ० सं० क० अ० २।४०; अ० हृ० क० २।४६

हि० व्या०—सप्तला और शंखिनी का प्रयोग गुल्म, विषविकार, हृदय रोग, कुष्ठ, शोथ, उदर आदि रोगों में और कफ की अधिकता की स्थिति में प्रयोग करना चाहिए। ये दोनों ही गुणों में विकासी, तीक्ष्ण एवं रूक्ष हैं इसी कारण श्लेष्माधिक्य को दूर करने में समर्थ है। स्वभाव में सप्तला एवं शंखिनी दोनों ही अत्यन्त तीक्ष्ण एवं विकासी है अतः इनका प्रयोग श्लेष्मज व्याधियों में, उदर रोगों में, गरविष जनित विकारों में तथा शोथ आदि रोगों में किया जाता है।

अनुपानभेदेन सप्तलाशङ्खिन्योः षोडश योगाः

अक्षमात्रं तयोः पिष्डं प्रसन्ना लवणायुतम् ।
हृद्रोगे कफवातोत्थे गुल्मे चैव प्रयोजयेत् ॥
प्रियालपीलुकर्कन्धुकोलाम्रातकदाडिमैः ।
मैरेये दधिमण्डेऽम्ले सौवीरकतुषोदके ।
सीधौ चाप्येष कल्पः स्यात्सुखं शोध्रविरेचनः ॥

च० क० ११।६-८ ॥

अक्षमात्रमित्यादिना कल्कस्य प्रसन्नालवणयुक्तस्य प्रियालादिकषायेषु योगा भवन्ति। अत्र यद्यपि मैरेयेक्षवौ न कषायौ तथाऽपि बहुकषायान्तर्गतत्वात् कषायावेव वक्तव्यौ संग्रहे। 'कषाया दश षट्' इत्यनेन व्यपदिष्टौ।

कषायशब्देन कल्ककषायोऽभिप्रेतः। कर्कन्धू कोलबदरशब्देन त्रिप्रकार बदर ग्रहणम्। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अक्षमात्र सप्तला शंखिनी के कल्क पिण्ड को चिरौंजी, पीलु, छोटा बेर, बड़ा बेर, आम्रातक, अनार, मुनक्का, कटहल, खर्जूर, बनबेर (झरबेर), सौवीरक, अम्लफालसा, मैरेय, खट्टा दही, तुषोदक एवं सीधु में एक कर्ष प्रमाण में घोलकर पीने से भी हृद्रोग एवं वातकफज गुल्म नष्ट होता है।

आचार्य वाग्भट के अनुसार अक्षप्रमाण में (२ कोल) सप्तला शंखिनी का पिण्ड (कल्क पिण्ड) को मदिरा में घोलकर लवण के साथ प्रयोग करने से हृद्रोग, वातकफज रोग तथा गुल्म रोग दूर होते हैं।

सप्तलाशङ्खिन्योः षट् तैल योगाः

तैलं विदारिगन्धाद्यैः पयसि क्वथिते पचेत् ।
सप्तलाशङ्खिनीकल्के त्रिवृच्छ्यामार्धभागिके ॥
दधिमण्डेन सन्नीय सिद्धं तत् पाययेत् च ।
शङ्खिनीचूर्णं भागौ द्वौ तिलचूर्णस्य चापरः ॥
हरीतकीकषायेण तैलं तत्पीडितं पिबेत् ।
अतसी सर्षपैरण्ड करञ्जेष्वेव संविधिः ॥

च० क० ११।९-११ अ० सं० क० २।

हि० व्या०—(१) विदारिगन्धादिक द्रव्यों से पक्व दूध में तैल पक्व करें। तैल पकाते समय सप्तलाशंखिनी का कल्क, श्वेत निशोथ आधा भाग, काली निशोथ आधा भाग पकते हुए तैल में डालें। तैल पक्व हो जाने पर दधिमण्ड मिलावे एवं विरेचनार्थ प्रयोग करावें। (२) शंखिनी चूर्ण २ भाग, तिल चूर्ण १ भाग को पेरकर तैल निकालें। इस तैल में हरड़ का क्वाथ मिलाकर विरेचनार्थ पान कराना चाहिए। (३) इसी प्रकार अलसी, सरसों, एरण्ड तथा करंज के तैल सिद्ध करके विरेचनार्थ पिलाना चाहिए।

सप्तलाशंखिन्योः अष्टौ घृत योगाः

शङ्खिनी सप्तलासिद्धात् क्षीराद्यदुद्धियाद्घृतम् ।
कल्कभागे तयोरेव त्रिवृच्छ्यामार्धसंयुते ॥
क्षीरेणालोड्य संपक्वे पिबेतच्च विरेचनम् ॥
दन्तीद्रवन्त्योः कल्पोऽयमजशृङ्ग्यजगन्धयोः ।
क्षीरिण्या नीलिकायाश्च तथैव च करञ्जयोः ॥
मसूर विदलायाश्च प्रत्यक्पर्ण्यास्तथैव च ॥
द्विगर्धांशकल्केन तद्वत् साध्यं घृतं पुनः ।
शङ्खिनीसप्तलाधात्री कषाये साधयेद्घृतम् ॥

च० क० ११।१२-१५

शङ्खिनीसप्तलेत्यादि प्रथमं घृतम् । दन्तीद्रवन्त्योरित्यादिना द्वि द्वि द्रव्यकल्केन सप्तलाशङ्खिनी कल्कार्धेन पूर्वधृतवत्पाकाच्च पञ्चघृतयोगा अपरे । द्रवन्ती=दन्ती भेदः । अजशृङ्गी=विषाणिका । क्षीरिणी=दुग्धिका । मसूर विदला=श्यामलता । प्रत्यक्पर्णी=मूषिकपर्णी । द्विवर्गार्धांशकल्केनेति दन्त्यादिद्विवर्गशङ्खिनीसप्तलार्धभागिकेन कल्केन । शङ्खिनीत्यादिना सप्तमं घृतम् । चक्रपाणिः ।

सप्तलाशंखिन्योः लोध्रवत् त्रयो अवलेह योगाः पञ्च मद्ययोगाश्च ।
त्रिवृत्कल्केन सर्पिश्च त्रयो लेहाश्च लोध्रवत् ।
सुराकम्पिल्लयोर्योगः कार्यो लोध्रवदेव च ॥

च० क० ११।१६

त्रिवृत्कल्केनेत्याद्यष्टमं घृतम् । अत्र त्वधिकृतत्वात् सप्तलाशंखिन्योर्द्विगुणः कषायो विधीयते । लोध्रवदिति लोध्रकल्पवत्; लोध्रकल्पे यथा त्रयो लेहाः 'चतुरङ्गुलकल्पेन' (क० अ० ६) इत्यादिनोक्ताः, तेन लोध्रस्थाने सप्तलांशंखिनीयोगः कर्तव्यः । तथा सुरा योगः कम्पिल्लयोगश्च लोध्रवदिति अत्रापि सप्तलाशंखिनी प्रक्षेपः कर्तव्यः ॥ चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—सप्तला एवं शंखिनी के पृथक् पृथक् क्वाथ से दूध को सिद्ध करके घृत निकालें । इस घृत में सप्तला और शंखिनी के आधे भाग कल्क तथा निशोथ के भी आधा भाग कल्क से यथा विधि घृत पाक करें । इस सिद्ध घृत को दुग्ध में मिलाकर पिलाने से विरेचन हो जाता है ।

इसी प्रकार (२) दन्ती द्रवन्ती के कल्क, (३) अजशृंगी-अजमोद के कल्क से, (४) क्षीरिणी नील के कल्क से, (५) दोनों करञ्ज के कल्क से, (६) मसूर एवं कृष्ण निशोथ के कल्क से एवं प्रत्यक्पर्णी (अपामार्ग) के कल्क से, (७) इस प्रकार दो दो वनस्पतियों के संयुक्त अर्ध कल्क को एवं सप्तला शंखिनी के आधे भाग कल्क से विधिपूर्वक घृतपाक करके प्रयोग करें । (८) सप्तला, शंखिनी, आँवला इनके सम भाग के चतुर्गुण कषाय से घृतपाक करें । अथवा (९) त्रिवृत् कल्प के अनुसार घृतपाक करना चाहिए, (१०) निशोथ के अनुसार घृतपाक करें । (११) लोध्र के समान ३ लेहयोग तैयार करें । (१२) लोध्र के समान सुरा एवं कंपिल्लक का योग बनाना चाहिए ।

सप्तलाशंखिन्योः दन्तीद्रवन्तीकल्पवत् चत्वारः काञ्जिक योगाः
अजगन्धाजशृंगीयुक्तौ गौडारिष्टयोगौ
दन्तीद्रवन्त्योः कल्पेन सौवीरक तुषोदके ।
अजगन्धाजशृङ्ग्योश्च तद्वत्स्यातां विरेचने ॥

च० क० ११।१७

दन्ती द्रवन्त्योरित्यादिना संधान चतुष्टयमाह । एतत् संधानचतुष्टयं पूर्वसुरायोगेन समं 'पञ्चमद्ये' इति वचनेन संग्रहगृहीतं; सौवीरकादीनां च मद्यशब्देनाभिधानमिहासुतत्वसामान्याज्ज्ञेयम् । दन्तीद्रवन्त्यो कल्पेनेति अनागतावेक्षणेनदन्तीद्रवन्ती कल्पे सौवीरकतुषोदके ये वक्तव्ये तद्विधानमिहाप्यतिदिशति । तत्र 'अजगन्धा कषायेण सौवीरकतुषोदके' (क० अ० १२) इति वक्तव्ये, तेनेहाप्यजगन्धाकषाययुक्त सप्तलाशंखिन्यो, सौवीरकतुषोदके कर्तव्ये । अत्र 'तथा दन्ती द्रवन्त्योश्च कषाये साजगन्धयोः । गौडः कार्योऽजशृंग्या वा स वै सुखविरेचनः' (क० अ० १२) इत्यनेनोक्तस्य गौडारिष्टस्य दन्तीद्रवन्तीकल्पोक्तस्य विधानमतिदिशति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—दन्ती द्रवन्ती के कल्क से निर्मित सौवीर तथा तुषोदक के समान सप्तला एवं शंखिनी से सौवीर व तुषोदक का निर्माण करना चाहिए । अजगन्धा एवं कर्कट शृंगी में सौवीर बनाकर प्रयोग करना चाहिए । ये सभी योग विरेचन के लिए बताए गए हैं ।

सप्तलाशंखिन्योः प्रयोग संख्या

कषाया दश षट् चैव षट् तैलेऽष्टौ च सर्पिषि ।
पञ्चमद्ये त्रयो लेहा योगः कम्पिल्लके तथा ॥
सप्तला शंखिनीभ्यां ते त्रिंशदुक्ता नवाधिकाः ।
योगाः सिद्धाः समस्ताभ्यामेकशोऽपि च ते हिताः ॥

च० क० ११।१७-१९

हि० व्या० सप्तला-शंखिनी के कुल विरेचन योग इस प्रकार है—

कषाय के	१६ योग
तैल के	६ योग
घृत ,,	८ योग
मद्य ,,	५ योग
लेह ,,	३ योग
कम्पिल्लक	१ योग

कुल=३९ योग

चतुरङ्गुल कल्पः ।

चतुरङ्गुलो मृदुविरेचनानाम् ।

च० सू० अ० १५।४०

हि० व्या०—मृदु विरेचक द्रव्यों में अमलताश को उत्तम माना गया है ।

आरग्वध पर्यायाः ।

आरग्वधो राजवृक्षः शम्पाकश्चतुरङ्गुलः ।
प्रग्रहः कृतमालश्च कर्णिकारोऽवघातकः ॥

च० क० ८।३

हि० व्या०—आरग्वध के पर्याय-राजवृक्ष, शम्पाक, चतुरङ्गुल, प्रग्रह, कृतमाल, कर्णिकार तथा अवघातक ।

ज्वरहृद्रोग वातासृगुदावर्तादिरोगिषु ।
राजवृक्षोऽधिकं पथ्यो मृदुर्मधुरशीतलः ॥
बाले वृद्धे क्षते क्षीणे सुकुमारे च मानवे ।
योज्यो मृद्वनपायित्वाद्विशेषाच्चतुरङ्गुलः ॥

च० क० ८।४-५, अ० सं० क० अ० २।२५, अ० हृ० क० अ० २।३०

हि० व्या०—ज्वर, हृदय, वातरक्त तथा उदावर्त आदि रोगियों को अमलताश विशेष पथ्य होता है। गुणों में मृदु एवं शीत तथा रस में मधुर होता है। यह मृदु विरेचन होने से बालक, वृद्ध, क्षत-क्षीण, सुकुमार प्रकृति वाले व्यक्तियों को भी प्रयोग कराया जा सकता है।

आरग्वध संग्रह प्रकारो रक्षा प्रकारश्च ।

फलकाले फलं तस्य ग्राह्यं परिणतं च यत् ।
तेषां गुणवतां भारं सिकतासु निधापयेत् ॥
सप्तरात्रात् समुद्धृत्य शोषयेदातपे भिषक् ।
ततो मज्जानमुद्धृत्य शुचौ भाण्डे निधापयेत् ॥

च० क० ८।६-७, अ० सं० २।२६, अ० हृ० क० २।३२-३३

... ...विशेषाच्चतुरङ्गुलात् ॥
फलं काले समुद्धृत्य सिकतायां निधापयेत् ।
सप्ताहमातपे शुष्कमतोमज्जानमुद्धरेत् ॥
तैलं ग्राह्यं जले पक्त्वा तिलवद्वा प्रपीड्य च ।
तस्योपयोगो बालानां यावद्वर्षाणि द्वादश ।
लिह्यादेरण्डतैलेन कुष्ठत्रिकटुकान्वितम् ॥
सुखोदकं चानुपिबेदेष योगो विरेचयेत् ।

सु० सू० ४४।७३-७५

फलकाल इति उचितफलकाले। तेषामिति फलानाम्। भारमिति भूरि-द्रव्योपलक्षणम्। मज्जानमिति फलमज्जानम्। चक्रपाणिः।

चतुरङ्गुलात् किरमालकात्, समुद्धृत्य फलम्' इति शेषः। सिकतायां बालुकायां, निधापयेत्, सप्ताहमिति संबन्धः। अतः अस्मात् चतुरङ्गुलफलात्। लिह्यादित्यादि। एष योगो वातकफप्रशमनः। डल्हणः।

हि० व्या०—चिकित्सा कर्म हेतु आरग्वध को संग्रहित करने की विधि इस प्रकार है—जिस ऋतु में फल आते हैं उन्हीं दिनों परिपक्व होने पर भारी तथा गुणवान् फलों का संग्रह कर लेना चाहिए। इस फल को सात दिन तक बालू में दबाकर रखना चाहिए। तत्पश्चात् निकालकर धूप में रखें। सूखे फल की मज्जा को निकालकर स्वच्छ पात्र में रख दें। ग्राह्य विधि का चरकवत् विवेचन कर सुश्रुत में लिखा है कि छाल को जल में उबालकर अथवा तिलों की तरह पेरकर तैल निकालना चाहिए। इसका उपयोग १२

वर्ष तक के बच्चों के लिए करना चाहिए। इस तैल का एरण्ड तैल, कुष्ठ तथा त्रिकटु के साथ मिलाकर प्रयोग में लाना चाहिए। तथा उष्ण जल का अनुपान लेना चाहिए। यह योग विरेचन के लिए होता है।

आरग्वधस्य द्राक्षारसयुक्त एको योगः ।

च० क० ८।८, अ० सं० क० २, अ० हृ० क० २।

द्राक्षारसयुतं दद्याद्दाहोदावर्तपीडिते ।
चतुर्वर्षमुखे बाले यावद्द्वादशवार्षिके ॥

द्राक्षेत्यादिः प्रथमो योगः। चतुर्वर्षमुखे बाले यावदद्वादशवार्षिक इत्यनेनास्य प्रयोगस्य चतुर्वर्षादर्वागूर्ध्वं च द्वादशवर्षादवश्यतया यौगिकत्वं निषेधयति। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—यथा विधि संरक्षित की गई। आरग्वध फलमज्जा का चार वर्ष से बारह वर्ष तक के बालक के लिए उदावर्त एवं दाह रोग में प्रयोग कराई जा सकती है। उसका प्रयोग अंगूर रस अथवा द्राक्षा क्वाथ के साथ कराना चाहिए।

आरग्धवस्य अनुपान भेदेन त्रयो योगाः ।

चतुरङ्गुलमज्जस्तु प्रसृतं वाऽथवाञ्जलिम् ।
सुरामण्डेन संयुक्तमथवा कोलसीधुना ॥
दधिमण्डेन वा युक्तं रसेनामलकस्य वा ।
कृत्वा शीतकषायं तं पिबेत् सौवीरकेण वा ॥

च० क० ८।९-१०, अ० सं० क० २, अ० हृ० क० २।-

हि० व्या०—अनुपान भेद से आरग्वधमज्जा के कुछ योग इस प्रकार हैं। चतुरङ्गुल की दो पल मज्जा अथवा एक अञ्जलि या चार पल प्रमाण में ग्रहण कर शीत कषाय बनावें इस कषाय को सुरामण्ड के साथ अथवा बेर की सीधु के साथ अथवा दही के जल के साथ, आँवले के रस के साथ अथवा सौवीर के साथ मिलाकर पिलाना चाहिए। इस प्रकार पृथक् पृथक् अनुपान से ५ योग बताये गये हैं।

आरग्वधस्य त्रिवृत् कषायेण एको योगः तथा बिल्व कषायेण एको योगश्च ।

त्रिवृतो वा कषायेण मज्जः कल्कं तथा पिबेत् ।
तथा बिल्वकषायेण लवणक्षौद्र संयुतम् ॥

च० क० ८।११

एतत्कल्ककषाययोर्द्वयं जतूकर्णेऽप्युक्तमेव—'त्रिवृद्बिल्वकषायाभ्यां सक्षौद्र-लवणौ द्वौ' इति। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—त्रिवृता के कषाय में आरग्वध मज्जा मिलाकर अथवा बेल के क्वाथ में मिलाकर नमक एवं मधु मिश्रित करके पीना चाहिए।

विशेष—यहां औषध मान नहीं दिया गया है अतः रोग एवं रोगी के बलानुसार यथावश्यक ग्रहण करें।

आरग्वधस्य एकः अवलेह योगः।

कषायेणाथवा तस्य त्रिवृच्चूर्णं गुडान्वितम्॥
साधयित्वा शनैर्लेहं लेहयेन्मात्रया नरम्॥ च० क० ८।१२
कल्केन त्रैवृतेन वा। अ० हृ० क० २।-

हि० व्या०—विरेचनार्थ आरग्वध का अवलेह योग अमलतास मज्जा के क्वाथ में निशोथचूर्ण एवं गुड़ मिलाकर (अवलेह विधि के अनुसार) मन्द अग्नि पर पाक करें। लेह्य स्वरूप रह जाने पर उतार लें इसे मात्रा पूर्वक विरेचनार्थ प्रयोग कराना चाहिए।

आरग्वधस्य द्वौ घृत योगौ

चतुरङ्गुल सिद्धाद्वा क्षीराद्यदुदियाद्घृतम्।
मज्ज्ञः कल्केन धात्रीणां रसे तत्साधितं पिबेत्॥ च० क० ८।१३
तदेव दशमूलस्य कुलत्थानां यवस्य च।
कषाये साधितं सर्पिः कल्कैः श्यामादिभिः पिबेत्।
च० क० ८।१४

हि० व्या०—(१) अमलतासमज्जा मिश्रित दूध को जमाकर घृत निकालें। इस घृत को अमलतासमज्जा कल्क एवं आमलकी स्वरस में पाककर विरेचनार्थ प्रयोग करना चाहिए।

(२) उपरोक्त विधि से निर्मित घृत को दशमूल कुलथी तथा जौ के क्वाथ से पाक करें। पाक के समय दोनों निशोथ (अमलतास, तिल्वक, सेहुण्ड, सप्तला, शंखिनी, दन्ती, द्रवन्ती) आदि विरेचन द्रव्यों का कल्क मिलाकर पाक करें इसका विरेचनार्थ प्रयोग कराना चाहिए।

विशेष—यहां बताये गये दोनों घृत योगों में प्रथम का मृदुकोष्ठ तथा मध्यम बल बालों के लिए तथा द्वितीय का क्रूरकोष्ठ एवं बलवान् व्यक्तियों के लिए प्रयोग करना चाहिए क्योंकि क्रमशः दोनों सौम्य एवं तीक्ष्ण विरेचन कारी है।

आरग्वधस्य अरिष्ट योगः

च० क० ८।१५, अ सं० क० २।,
अ० हृ० क० २।

दन्तीक्वाथेऽञ्जलिं मज्ज्ञः शम्पाकस्य गुडस्य च।
दत्त्वा मासार्धमासस्थमरिष्टं पाययेत् च॥
दन्तीकषाये तन्मज्ज्ञो गुडं जीर्णं च निक्षिपेत्।
तमरिष्टं स्थितं मासं पाययेत् पक्षमेव वा॥
च० क० ८।१३।१४

हि० व्या०—दन्ती के कषाय में एक-एक अञ्जलि अमलतासमज्जा एवं गुड डालकर उपयुक्तपात्र में संधान करें। डेढ़ मास तक संधानित हो जाने पर विरेचनार्थ प्रयोग में लाना चाहिए।

आरग्वधस्य हृद्यानुपान युक्त एको योगः।

यस्य यत् पानमन्नं च हृद्यं स्वाद्वथवा कटु।
लवणं वा भवेत्तेन युक्तं दद्याद्विरेचनम्॥ च० क० ८।१६

यस्य यदित्यादिनाऽनुक्तमपरापरसाधनं विधत्ते। हृद्येन हि विरेचन योगस्य प्रियता स्यात्। पानमन्नं चेति हृद्धामित्यादिभिः प्रत्येकं संबध्यते। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—रोगी को जो जो अन्नपान हृद्य एवं मनोनुकूल हो (प्रिय एवं रुचिकर हो) चाहे वे मधुर हो या कटु (चरपरे) या नमकीन उन्हीं के साथ अमलतास की मज्जा को मिश्रितकर प्रयोग करना चाहिए।

आरग्वधस्य योग संख्या सूचनम्।

द्राक्षारसे सुरा सीध्वोर्दध्निचामलकी रसे।
सौवीरके कषाये च त्रिवृतो बिल्वकस्य च॥
लेहेऽरिष्टे घृते द्वे च योगा द्वादश कीर्तिताः।
चतुरङ्गुलकल्पेऽस्मिन् सुकुमाराः सुखोदयाः॥
च० क० ८।१७-१८

हि० व्या०—अमलतास के (विविध कल्पनाओं के) कुल १२ योग बताये गये हैं।

द्राक्षारस से १ योग
कोल सीधु ,, १ ,,
आमलकी स्वरस ,, १ ,,
त्रिवृत् क्वाथ ,, १ ,,
अवलेहयोग ,, १ ,,
घृतयोग ,, २ ,,
सुरामण्ड ,, १ ,,
दधिमण्ड ,, १ ,,
सौवीर ,, १ ,,
बिल्वक्वाथ ,, १ ,,
अरिष्ट योग ,, १ ,,

इनके अतिरिक्त मनोनुकूल अन्नपान के साथ भी विरेचन योग का वर्णन किया गया है।

सुधा (स्नुही) कल्पः।

स्नुक् पयस्तीक्ष्णविरेचनानाम्। च० सू० अ० २५।४०

हि० व्या०—स्नुहीक्षीर तीक्ष्ण विरेचन द्रव्यो में श्रेष्ठ हैं।

सुधा प्रयोगस्थल विचारः।

विरेचनानां सर्वेषां सुधा तीक्ष्णतमा मता।
संघातं हि भिनत्याशु दोषाणां कष्टविभ्रमा॥
तस्मान्नैषा मृदौ कोष्ठे प्रयोक्तव्या कदाचन।
न दोषनिचये चाल्पे सति मार्गे परिक्रमे॥

च० क० १०।३-४

विरेचनानां तीक्ष्णानां पयः सौधं परं मतम्।
अज्ञ प्रयुक्तं तद्धन्ति विषवत् कर्म विभ्रमात्।
विजानता प्रयुक्तं तु महान्तमपि संचयम्।
भिनत्याश्वेव दोषाणां रोगान् हन्ति च दुस्तराम्

सु० सू० ४४।७८।८०

विरेचनानामिति विरेचन द्रव्याणाम्। कष्टविभ्रमेति दुःखसाध्यविभ्रमजनिका। तस्मादिति अतितीक्ष्णत्वात् कष्ठविभ्रमत्वाच्च। सति मार्गपरिक्रम इति उपक्रम मार्गान्तरे सति न सुधा प्रयोक्तव्या, तेन गत्यन्तरासंभव एव सुधा प्रयोक्तव्येत्यर्थः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—विविध विरेचन दव्यों में स्नुही (सेहुण्ड) तीक्ष्णतम विरेचन द्रव्य है। यह दोषों के संघात को शीघ्र भेदन करता है। यदि इसका सम्यक् प्रयोग न हो तो कष्टदायक हो जाता है। इसी कारण मृदु कोष्ठ वाले व्यक्तियों को इसका कभी भी प्रयोग नहीं कराना चाहिए। शरीर में दोषों की अल्प संचयावस्था में भी प्रयोग नहीं कराना चाहिए। (यदि समय पर अन्य उपाय न हो तो इसका प्रयोग कराना चाहिए।

द्विविधा सुधा लक्षणानि।

द्विविधः स मतोऽल्पैश्च बहुभिश्चैव कण्टकैः।
सुतीक्ष्णः कण्टकैरल्पैः प्रवरो बहुकण्टकः॥
स नाम्ना स्नुग्गुडानन्दा सुधा निस्त्रिंशपत्रकः।
तौ विपाट्याहरेत् क्षीरं शस्त्रेणामतिमान् भिषक्।
द्विवर्षं वा त्रिवर्षं वा शिशिरान्ते विशेषतः।

च० क० १०।७-९

द्विवर्षां वा त्रिवर्षां वा शिशिरान्ते विशेषतः।
तां पाटयित्वा शस्त्रेण क्षीरमुद्धारयेत्ततः॥

अ० सं० क० २।- अ० हृ० क० २।-

प्रवरो बहुकण्टक इति अनतितीक्ष्णतयाऽल्पकण्टकमहावृक्षतः श्रेष्ठ इत्यर्थः। तावितिं स्वल्पकण्टकौमहावृक्षौ। यद्यपि मदनकल्पे 'शरदित्ववकन्दक्षीराणि,

(क० अ० १) इत्युक्तं, तथाऽपि सुधाया अत्र शिशिरान्ते क्षीरग्रहणमपवादरूपं ज्ञेयम्। शिशिरस्यशेषा दिवसाः शिशिरान्ताः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—स्नुही के दो भेद होते हैं। एक अधिक कण्टकित तथा दूसरी न्यून कण्टकित होती है किन्तु इसके कांटे अत्यन्त तीक्ष्ण होते हैं। स्नुक्, गुडा, नन्दा, सुधा निस्त्रिंशपत्रक आदि सेहुण्ड के पर्याय नाम होते हैं। इनको शस्त्र से चीरा लगाकर दूध ग्रहण करना चाहिए। दूध ग्रहण किए जाने वाला सेहुण्ड दो या तीन वर्ष पुराना होना चाहिए। दूध ग्रहण का समय शिशिर ऋतु के अन्तिम दिन हैं।

सुधा (स्नुही) दुग्धशोधनप्रकारः अनुपान भेदाश्च।

बिल्वादीनां बृहत्या वा कण्टकार्यास्तथैकशः।
कषायेण समांशं तं कृत्वाऽङ्गारेषु शोषयेत्॥
ततः कोल समां मात्रामिबेत् सौवीरकेण वा।
तुषोदकेन कोलानां रसेनामलकस्य वा।
सुरया दधिमण्डेन मातुलुङ्गरसेन वा॥

च० क० १०।१०-१२

महत्याः पञ्चमूल्यास्तु बृहत्योश्चैकशः पृथक्।
कषायैः समभागं तु तदङ्गारेषु शोषितम्॥
अम्लादिभिः पूर्ववत्तु प्रयोज्यं कोलसंमितम्।

सु० सू० ४४।

बिल्वादीनां बृहत्योर्वा क्वाथेन सममेकशः।
मिश्रयित्वा सुधाक्षीरं ततोऽङ्गारेषु शोषयेत्॥
पिवेत्कृत्वा च गुलिकां मस्तुमूत्र सुरादिभिः।

अ० सं० क० २। अ० हृ० क० २।

बिल्वादीनामिति बिल्वादिपञ्चमूलस्य। अङ्गारेषु शोषयेदिति अङ्गारोपरिस्थितपात्रस्थं तत् सुधाक्षीरं बिल्वादीनामन्यतमस्य कषायेण समानं शोषणेन कठिनं कुर्यात्; ततः कोल मात्रा गुटिकाः कार्या ततः सौवीरकादीनामन्यतमेन पातव्या। एवं सौवीरकादिभेदात् सप्त योगा भवन्ति। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—बिल्वादि बृहत् पञ्चमूल, बड़ी कटेरी, छोटी कटेरी इनमें से किसी एक के क्वाथ में समान अंश सेहुण्ड मिलाकर अंगारों पर सुखा दें। सूख जाने पर उसकी एक कोल की मात्रा (एक कर्ष) सौवीरतुषोदक, बेर स्वरस, आमलकी स्वरस, सुरा, दही का पानी, बिजौरे का रस इनमें से किसी एक के साथ विरेचनार्थ पिलावें।

सुधा क्षीरभावितगुडपानक प्रयोगः।

त्र्यूषणं त्रिफलां दन्तीं चित्रकं त्रिवृता तथा।
स्नुक्क्षीरभावितं सम्यग्विदध्याद्गुडपानकम्॥ च० क० १०।१४

महावृक्षपयः पीतैर्यवागूस्तण्डुलैः कृता ।
पीता विरेचयत्याशु गुडेनोत्कारिका कृता ॥

सु० सू० ४४।८२

हि० व्या० –सौंठ, काली मिर्च, पिप्पली, हरीतकी, बहेड़ा आँवला, दन्तीमूल, चित्रक एवं त्रिवृता को स्नुहीक्षीर से भावित करके गुडपानक के साथ पीने से विरेचन होता है ।

विशेष भावित सुधाक्षीरप्रयोग द्वयम् ।

सातलां काञ्चनक्षीरी श्यामादीनि कटुत्रिकम् ।
यथोपपत्ति सप्ताहं सुधाक्षीरेण भावयेत् ।
कोलमात्रां घृतेनातः पिबेन्मांसरसेन वा ॥

सातलामित्यादिना वातसाधन घृतमांसरस भेदाद्योगद्वयमाह-सातला चर्मकषा । श्यमादिग्रहणेनैव सातलायामपि लब्धायां पृथक् सातलाभिधानमेकयाऽपि सातलयाकृत सुधा यौगस्य प्राधान्य ख्यापनार्थम् । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—सप्तला, स्वर्णक्षीरी तथा श्यामा आदि विरेचन द्रव्यों में से किसी एक द्रव्य को लेकर उसमें त्रिकटु मिलाकर सेहुण्ड क्षीर की सात भावना देनी चाहिए । तत्पश्चात् उसमें से एक कर्ष प्रमाण में घी व मांसरस के साथ विरेचनार्थ प्रयोग कराना चाहिए ।

सुधा (स्नुही) प्रयोग योग्य रोगाणां संकेतः ।

पाण्डुरोगोदरे गुल्मे कुष्ठे दूषीविषादिते ।
श्वयथौ मधुमेहे च दोषविभ्रान्त चेतसि ॥
रोगैरेवंविधैर्ग्रस्तं ज्ञात्वा सप्राणमातुरम् ।
प्रयोजयेन्महावृक्षं सम्यक् स ह्यवचारितः ॥
सद्यो हरति दोषाणां महान्तमति संचयम् ॥ च० क० १०।५-७

पाण्डुरोगेत्यादौ मधुमेहशब्देन प्रमेहा एवोच्यन्ते; विशिष्टस्तु वातिक मधुमेहोऽसाध्य एव; तेन तं प्रति विरेचनोपदेशोऽनर्थक एव स्यात् । मधुमेहशब्दश्च यथा प्रमेहमात्र एव वर्तते तत् प्रतिपादित मेव प्रमेह चिकित्सते । दोषवृद्ध्या विभ्रान्तं चेतो यस्मिन् तस्मिन् दोषविभ्रान्तचेतसि=उन्मादे । सप्राणमिति बलवन्तम् । चक्रपाणिः ।

सुधा भिनत्ति दोषाणां महान्तमपि सञ्चयम् ।
आश्वेव कष्टविभ्रंशान्नैव तां कल्पयेत्ततः ॥
मृदौकोष्ठेऽबले बाले स्थविरे दीर्घ रोगिणि ।
कल्प्या गुल्मोदरगरत्वग्रोगमधुमेहिषु ॥
पाण्डौ दूषी विषे शोफे दोष विभ्रान्त चेतसि ।
सा श्रेष्ठा कण्टकैस्तीक्ष्णैर्बहुभिश्च समाचिता ॥

अ० सं० क० अ० २। अ० हृ० क० अ० २।

सुधा महान्तमपि दोषाणां सञ्चयामाश्वेव भिनत्ति । कष्टविभ्रंशा तदसम्यग्योगेन कष्टा अपाया भवन्तीत्यर्थः । अतस्तां सुधां नैव कस्यचित् कल्पयेत् । किं सर्वत्रैव सा न कल्प्या नैवमपि तु मृदुकोष्ठादिष्वेव । क्व तर्हि सा कल्प्या गुल्मादिषू । सा च सुधा तीक्ष्णैर्बहुभिश्च कण्टकः समाचिता सति श्रेष्ठा । (इन्दुः)

हि० व्या०—स्नुही का प्रयोग –पाण्डु, उदर रोग, गुल्म रोग, कुष्ठ, दूषी विष से पीडित, शोथ, मधुमेह, जिनका चित्त दोषों से विभ्रान्त हो, मानसिक रोग, तथा इसी प्रकार के अन्य रोगों से पीड़ित होने वाले व्यक्तियों को जो बलवान् हो तो सेहुण्ड का प्रयोग कराया जाए इससे अत्यन्त सञ्चित दोष भी शीघ्र दूर हो जाती है ।

त्रिवृतारग्वधं दन्तीं शङ्खिनीं सप्तलां समम् ।
गोमूत्रे रजनीं कृत्वा शोषयेदातपे ततः ॥
सप्ताहं भावयित्वैवं स्नुक्क्षीरेणापरं पुनः ।
सप्ताहं भावयेच्छुष्कं ततस्तेनापि भावितम् ॥
गन्धमाल्यं तदाघ्राय प्रावृत्य पाटमेव च ।
सुखमाशु विरिच्यन्ते मृदुकोष्ठा नराधिपाः ॥

च० क० १०।१५-१७ ॥

निकुम्भकुम्भशम्याकशङ्खिनीसप्तला रजः ।
रात्रौ मूत्रे दिवा धर्मे सप्ताहं स्थापयेदिति ॥
स्नुक्क्षीरेऽपि ततस्तेन माल्यं वासोऽवचूर्णितम् ॥
आजिघ्रन् प्रावृणानश्च मृदुकोष्ठो विरिच्यते ॥

अ० सं० क० अ० २।

निकुंभादीनां रजश्चूर्णं रात्रौ गोमूत्रे स्थापयेत् । दिवा च धर्मे आतपे शोषयन् स्थापयेत् । स्नुक्क्षीरेऽपि सप्ताहमातपे स्थापयेत् ततस्तेन चूर्णेन माल्यमवचूर्णितं आजिघ्रन् वासश्च प्रावृण्वानो मृदुकोष्ठो विरिच्यते । इन्दुः ।

हि० व्या०—निशोथ, अमलताश, दन्ती, शंखिनी, सप्तला आदि औषधियों को सम भाग चूर्ण को रात्रि में गोमूत्र में भिगो दें तथा प्रातः निकालकर धूप में सुखा दें । इसी प्रकार सात बार भावना दें । तत्पश्चात् सेहुण्ड के दूध में सात बार भावित करें । इस चूर्ण को पुष्पों की सुगन्धित माला पर लगायें या ओढ़ने के वस्त्र पर लगा दें । इनकी गन्ध से ही विरेचन हो जाता है । मृदु कोष्ठ वालों को यही विरेचन करना चाहिए ।

सुधां क्षीरयुक्तावलेह प्रयोगाः ।

श्यामा त्रिवृत्कषायेण स्नुक् क्षीरघृतफाणितैः ।
लेहं पक्ता विरेकार्थं लेहयेन्मात्रया वरम् ॥

च० क० १०।१८

लेहो वा साधितः सम्यक् स्नुही क्षीरपयोघृतैः ॥

सु० सू० ४४।८३

हि० व्या०—श्यामा एवं श्वेत निशोथ के क्वाथ सेसुण्ड का क्षीर, घृत एवं फाणित से यथाविधि लेह बनाकर विरेचनार्थ आयु, प्रकृति एवं बलानुसार मनुष्य को चटाने से विरेचन हो जाता है।

सुधा क्षीरस्य अनुपानभेदेन त्रयः योगाः द्वौ मांसयोगौ च।

पाययेत् सुधाक्षीरं यूषैर्मांसरसैर्घृतैः।
भावितान् शुष्कमत्स्यान् वा मांसं वा भक्षयेन्नरः॥

च० क० १०।१९

हि० व्या०—सेहुण्ड क्षीर को यूष, मांसरस अथवा घृत के साथ पृथक् पृथक् रूप से पिलाने पर विरेचन हो जाता है।

सूखी मछलियों को अथवा सूखे मांस को सेहुण्ड के दुग्ध में भावित करके प्रयोग कराने से विरेचन हो जाता है।

सुधाक्षीरघृत योगः, सुरायोगः तथा तिल्वक कल्केन घृत योगश्च

क्षीरेणामलकैः सर्पिश्चतुरङ्गुलवत् पचेत्।
सुरां वा कारयेत् क्षीरे घृतं वा पूर्ववत् पचेत्॥

च० क० १०।२०

क्षीरेणेत्यादिना एकं घृतम्। घृतं वेत्यादिना एकं वक्ष्यति। आमलकैश्चतुरङ्गुलवदिति। वचनादामलकरसयुक्तं यच्चतुरङ्गुलकल्पे 'चतुरङ्गुल सिद्धाद्या' (क० स्था० अ० ८) इत्यादिनोक्तं तस्य विज्ञानमतिदिशति। सुरां वा कारयेत्। क्षीर इति स्नुक्क्षीरभावितमित्यादिविधिना सुरां कुर्यात्। घृतं वा पूर्ववत् पचेदित्यत्र पूर्ववद्विधिरेव प्रत्यासन्नत्वादतिदिश्यते। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—(१) अमलतास कल्प के समान सेहुण्ड दूध के कल्क और आँवले के स्वरस से, सेहुण्ड दुग्ध साधित दुग्ध से निःसृत घृत का विधिवत् पाक करना चाहिए।

(२) अथवा सेहुड़ के दूध से अमलतास की तरह सुरा की कल्पना करनी चाहिए।

(३) सेहुड़ के वा दूध से अमलतास की तरह घृतपाक करना चाहिए इस प्रकार इस सूत्र में तीन योगों का वर्णन किया गया हैं।

सुधा (स्नुही) क्षीरस्य विंशति योगाः।

सौवीरकादिभिः सप्त सर्पिषा च रसेन च।
पानकं घ्रेयलेहौ च योगा यूषादिभिस्त्रयः॥
द्वौ शुष्कमत्स्यमांसाभ्यां सुरैका द्वे च सर्पिषी॥
महावृक्षस्य योगास्ते विंशतिः समुदाहृताः॥

च० क० १०।२१-२२

हि० व्या०—इस प्रकार स्नुहीक्षीर के कुल २० योग बताए गए हैं।

सौवीरादिद्वारा—७ योग		लेह का—१ योग	
घृतानुपान	,, १ योग	यूष ,,	३ योग
मांसरस	,, १ योग	शुष्कमांस व मछली	२ योग
पानक	,, १ योग	सुरा	१ योग
नस्य	,, १ योग	घृत	१ योग

११ योग + ९ योग = २० योग

स्नुही क्षीर भावित चूर्ण योगः।

त्रिवृतादीन्नव वरां स्वर्णक्षीरीं ससातलाम्।
सप्ताहं स्नुक्पयः पीतान् रसेनाज्येन वा पिबेत्॥
तद्वद् व्योषोत्तमा कुम्भनिकुम्भादीन् गुडाम्बुना।

अ० सं० क० अ० २। अ० हृ० क० अ० २।

हि० व्या०—त्रिवृत् आदि ९ द्रव्यों (त्रिवृत्, श्यामा, राजवृक्ष, सुधाकाण्ड, शंखिनी, सप्तला, दन्ती, द्रवन्ती तथा तिल्वक) का चूर्ण अथवा सत्यानाशी मूल-त्वक् एवं सप्तपर्ण के मिश्रित चूर्ण को, सात दिन तक सेहुण्ड दूध की सात भावना देकर मांसरस अथवा घृत के साथ सेवन करें। इसी प्रकार त्रिकटु, त्रिफला, त्रिवृत् अथवा दन्तीमूल आदि विरेचक औषधियों को सुधा (सेहुण्ड) दूध से भावित करके गुड़ के शर्बत से पीना चाहिए।

त्रिवृतादीन्नव त्रिवृच्छ्यामाराजवृक्षास्वधातिल्वकसुधाशङ्खिनीद्रवन्ती-दन्ताख्यान्। सातलायाः पृथग्युक्तिरपि निश्चिता। वरा त्रिफला। स्नुक्पयः पीतान् सुधाक्षीरभावितान्। इन्दुः।

भावितास्तु स्नुही क्षीरे पिप्पल्यो लवणान्विताः।
चूर्णं काम्पिल्लकं वाऽपि तत्पीतं गुटिकीकृतम्॥

सु० सू० ४४।८४

हि० व्या०—सेहुण्ड (थूहर) के दुग्ध में भावित चावलों से सिद्ध यवागू अथवा इस दुग्ध में भावित गोधूम (गेहूँ) से गुड़ में बनाई हुई उत्कारिका, अथवा थूहर का दूध, शक्कर और घी इनका यथाविधि बनाया हुआ अवलेह अथवा थूहर के दूध से लवणमिश्रित पिप्पली अथवा थूहर के दूध में भावित काम्पिल्लक की गुटिका इनमें से किसी एक योग का सेवन करने से सद्यः विरेचन होता है।

स्नुहीक्षीर भावित क्वाथ योगाः

अद्याच्छ्यामा त्रिवृत्क्वाथं स्नुक् क्षीरघृतफाणितैः।
कासारिरसयूषाद्यैर्युक्तं वा स्नुक् पयः पिबेत्॥

अ० सं० क० २।

हि० व्या० – श्यामा त्रिवृत क्वाथ में स्नुहीक्षीर, घृत एवं फाणित के साथ अथवा कासमर्द के स्वरस से साथ स्नुहीक्षीर मिलाकर प्रयोग करने से विरेचन हो जाता है।

दन्ती द्रवन्ती कल्पः।

दन्ती द्रवन्ती पर्यायः—

दन्त्युदुम्बरपर्णीस्यान्निकुम्भोऽथमुकूलकः।
द्रवन्ती नामतश्चित्रा न्यग्रोधी मूषिकाह्वया॥
तथा मूषिकपर्णी चाप्युपचित्रा च शम्बरी।
प्रत्यक श्रेणी सुतश्रेणी दन्ती रण्डा च कीर्तिता॥

च० क० १२।३-४

हि० व्या०—दन्ती-द्रवन्ती पर्याय—

दन्ती, उदुम्बरपर्णी, निकुम्भ, मूकूलक, प्रत्यक्श्रेणी, सुतश्रेणी तथा रण्डा (चण्डा) दन्ती के पर्याय नाम है। द्रवन्ती, चित्रा, न्यग्रोधी, मूपिकाह्वया (मूपिककर्णी के पर्याय नामों वाली) उपचित्रा तथा शम्बरी ये सभी द्रवन्ती के पर्याय नाम है।

दन्ती द्रवन्ती गुणविशेषवर्णनम्

तीक्ष्णोष्णान्याशुकारीणि विकाशीनि गुरूणि च।
विलाययन्ति दोषौ द्वौ मारुतं कोपयन्ति च॥

च० क० १२।७

... ... तीक्ष्णोष्णमाशुकारि विकाशि च।
गुरु प्रकोपि वातस्य पित्तश्लेष्मविलायनम्॥

अ० सं० क० २।-

... ... योजयेत्श्लेष्मपित्तयोः॥

सुश्रुत् सू० ४४।

हि० व्या० दन्ती और द्रवन्ती का गुण –

दन्ती और द्रवन्ती का मूल तीक्ष्ण, उष्ण; आशुकारी, विकाशी और गुरु होता है अतः पित्त और कफ को द्रवित कर बाहर निकालता है और वायु को प्रकुपित करता है।

दन्ती द्रवन्ती मूल रक्षा प्रकारः गुणवर्धक शोधनं च।

पिप्पलीमधुलिप्तानि स्वेदयेन्मृत्कुशान्तरे।
शोषयेदातपेऽन्यर्को हतो ह्यासां विकाशिताम्।

च० क० १२।६

दन्तीद्रवन्त्योर्मूलानि विशेषान्मृत्कुशान्तरे।
पिप्पलीक्षौद्रयुक्तानि स्विन्नान्युद्धृत्य शोषयेत्॥

सु० सू० ४४।४५-४६

तत्क्षौद्र पिप्पलीलिप्तं स्वेदयेन्मृत्कुशान्तरे।
शोषयेच्चातपेऽन्यर्को हतो ह्यस्य विकाशिताम्॥

अ० सं० क० २।-

स्वेदयेन्मृत्कुशान्तर इति पिप्पली मधूकल्काभ्यां परिलिप्य कुशैः परिवेष्ट्य ततो मृदावलिप्तानि स्वेदयेत्। अग्निस्वेदातपशोषणफलमाह— अन्यर्को हतो ह्यासां विकाशितामिति। एषां दन्तीद्रवन्तीमूलानां विकाशिता लक्षणं गुणं स्वेदोपशोषणाभ्यामन्यर्कोहतः; तेन नातिदोषाणि दन्तीद्रवन्तीमूलानि स्युरिति भावः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—दन्ती द्रवन्ती संग्रह विधि—

दन्ती, द्रवन्ती का मूल संग्रह कर, मूल पर पिप्पली चूर्ण और शहद के कल्क का लेप कर कुशाओं से वेष्टित कर मिट्टी का लेप करें। इस गोले का अग्नि में स्वेदन करें। स्वेदनोपरान्त गोले को तोड़कर धूप में सुखा लें। इस प्रकार अग्नि और धूप में इसको सुखाने से इसका विकाशित्वगुण नष्ट हो जाता है। सुश्रुत में भी समान भाव प्रकट किया गया है।

दन्ती द्रवन्ती मूल प्रशस्त लक्षणानि।

तयोर्मूलानि संगृह्य स्थिराणि बहलानि च।
हस्तिदन्तप्रकाराणि श्यावताम्राणि बुद्धिमान्॥

च० क० १२।५

स्थिराणीति सारभूतानि। बहलानीति घनत्वक्कानि। हस्तिदन्तप्रकाराणीत्यन्तपूर्वोपचितानि। श्यावताम्राणीति यथा क्रमेण दन्त्याः श्यावानि, द्रवन्त्यास्ताम्राणि॥ चक्रपाणिः।

हि व्या—स्थिर (सार युक्त), बहल (घनत्वक् युक्त), हस्तिदन्त के समान श्याव और ताम्रवर्ण की दन्ती या द्रवन्ती के मूल का संग्रह करना चाहिए;

दन्ति दन्त स्थिरं स्थूलं मूलं दन्ति द्रवंतिजम्।
आताम्रश्यावं ... ... ।

अ० सं० क० २।

कक्ष्यालजी विसर्पेषु दन्तीद्रवन्ती मूलघृत प्रयोगः

तयोः कल्के कषाये च दशमूल रसायुते।
कक्ष्यालजी विसर्पेषु दाहे च विपचेद्घृतम्॥ च० क० १२।१०
तयोः कल्ककषायाभ्यां चक्रतैलं विपाचयेत्।
सर्पिश्च पक्वं वीसर्पकक्षादाहालजीर्जयेत्॥ सु० सू० ४४।४७
सिद्धं तत्क्वाथ कल्काभ्यां दशमूलरसेन च।
विसर्पविद्रध्यलजीकक्षादाहान् जयेद्घृतम्॥ अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्ती द्रवन्ती कल्क तथा क्वाथ एवं दशमूल क्वाथ से यथा विधि घृतपाक करना चाहिए। इस घृत का कक्षा, अलजी, विसर्प तथा दाह रोगियों को प्रयोगार्थ देना चाहिए।

तयोः कल्ककषायेण दशमूलरसतुल्य भागेन घृतं पचेद्विसर्पादिषु। चक्रपाणिः।

प्रमेहे गुल्मे च मूल दन्तीद्रवन्ती पक्वतैल योगः

तैलं मेहे च गुल्मे च सोदावर्ते कफानिले। च० क० १२।११ (क)
तैलं तु गुल्ममेहार्शो विबन्ध कफ मारुतान्। अ० सं० क० २।
मेहगुल्मानिलश्लेष्मविबन्धांस्तैलमेव च। सु० सू० ४४।४८ क

हि० व्या०—प्रमेह, गुल्म, उदावर्त तथा कफवातज रोगों में दन्ती द्रवन्ती कल्क एवं दन्ती द्रवन्ती तथा दशमूल क्वाथ से सिद्ध तैल का प्रयोग कराना चाहिए।

वातप्रधान पुरीषशुक्रसङ्गादिषु दन्तीद्रवन्तीमूलसाधित चतुः स्नेह प्रयोगः

चतुः स्नेहं शकृच्छुक्रवातसङ्गानिलार्तिषु। च० क० १२।११
चतुः स्नेहं शकृच्छुक्रवातसंरोधजा रुजः। सु० सू० ४४।४६
महास्नेहः शकृच्छुक्रवातसंगानिलव्यथाः। अ० सं० क० २।

हि० व्या०—मलमूत्र एवं वात का सङ्ग होने पर तथा वातज वेदनाओं में दन्ती-द्रवन्ती कल्क एवं क्वाथ से घृत, तैल, वसा एवं मज्जा का पाक करें तथा विरेचनार्थ प्रयोग करें।

अनुपानभेदेन गुल्मोदरे दन्तीद्रवन्ती मूल प्रयोगः

दधितक्रसुरामण्डैः पिण्डमक्षसमं तयोः।
प्रियाल कोलबदर पीलुशीधुभिरेव च॥
पिबेद्गुल्मोदरी दोषैरभिखिन्नश्च यो नरः॥ च० क० १२।८-९
तत्पिबेन्मस्तुमदिरातक्रपीलुरसाभवैः।
अभिषण्णतनुर्गुल्मी प्रमेही जठरी गरी॥ अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्ती द्रवन्ती के मूल का कल्क एक अक्ष की मात्रा में दही, तक्र, सुरामण्ड, चिरौंजी के रस से निर्मित सीधु, बड़ी बेर की रस से निर्मित सीधु, इनमें से किसी एक द्रव्य मे घोलकर गुल्म, उदर रोग और दोषों से खिन्न व्यक्तियों को पिलाना चाहिए।

अनुपानभेदेन पाण्डु क्रिमिकोष्ठ भगन्दरेषु दन्तीद्रवन्ती मूलप्रयोगः

गोमृगाजरसैः पाण्डु कृमि कोष्ठी भगन्दरी।
च० क० १२।९, अ० सं० क० २।

हि० व्या०—गोमांस के रस, मृगमांस के रस, बकरी के मांस के रस में दन्ती-द्रवन्ती के मूल का कल्क एक अक्ष प्रमाण में घोलकर, पाण्डुरोग, कृमि

कोष्ठ और भगन्दर रोग से पीड़ित रोगी को पिलाना चाहिए।

पित्तप्रधान दाहसंतापयुक्त प्रमेहे दन्तीद्रवन्तीमूल साधितावलेह योगः

रसे दन्त्यजशृङ्ग्योश्च गुडक्षौद्रघृतान्वितः।
लेहः सिद्धो विरेकार्थे दाहसंतापमेहनुत्॥
च० क० १२।१२ अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्तीमूल और काकड़ाशृंगी के क्वाथ में गुड़, शहद और घृत मिलाकर बनाया हुआ अवलेह उत्तम होता है। इसके सेवन से दाह, संताप और प्रमेह रोग दूर होते हैं।

वाततृषायां पित्तज्वरे च दन्तीद्रवन्तीमूलसाधित अवलेह योगः

वाततर्षे ज्वरे पैत्ते स्यात् स एवाजगन्धया।
च० क० १२।१३; अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्ती मूल और अजमोदा के क्वाथ में गुड़, शहद और घृत मिलाकर बनाया हुआ अवलेह विरेचन के लिए उत्तम होता है। वातजन्य तृष्णा एवं पित्तज ज्वर में लाभकारी है।

दन्तीद्रवन्तीमूलसाधित सुखविरेचनावलेहः

दन्तीद्रवन्त्योर्मूलानि पचेदामलकी रसे।
त्रींस्तु तस्य कषायस्य भागौ द्वौ फाणितस्य च।
तप्ते सर्पिषि तैले वा भर्जयेत्तत्र चावपेत्।
कल्कं दन्तीद्रवन्त्योश्च श्यामादीनां च भागशः।
तत्सिद्धं प्राशयेल्लेहं सुखं तेन विरिच्यते।
च० क० १२।१३-१५

रसे च दशमूलस्य तथा वैभीतके रसे।
हरीतकी रसे चैव लेहानेवं पचेत् पृथक्॥ च० क० १२।१६
पथ्याक्षदशमूलानां तल्लेहाः पृथग्रसैः। अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्ती और द्रवन्ती के मूल को कूटकर आँवले के रस में क्वाथ बनावें। चतुर्थांश शेष उतार कर छान लें। छाने हुए क्वाथ को तीन तीन भाग में (समान भाग) बाँट दें। दो भाग के बराबर राव मिला दें। इसे गर्म घृत अथवा तेल में भून लें। तत्पश्चात् दन्ती, द्रवन्ती और काली निशोथ, सफेद निशोथ आदि जो मदनकल्प में ९ द्रव्य बताये गए हैं उनमें दन्ती और द्रवन्ती को छोड़कर शेष सात द्रव्यों का कल्क एक-एक भाग मिलावें। इस लेह के सेवन से सुखपूर्वक विरेचन होता है। इसी प्रकार दशमूल क्वाथ बहेड़ा या हरीतकी के क्वाथ में दन्ती और द्रवन्ती का कल्क मिलाकर अवलेह बनाया जा सकता है।

दन्तीद्रवन्ती मूलावलेहः

दंतीद्रवंत्योर्मूलानि पचेद्धात्री रसे ततः।
त्रीनंशान्फाणिताद्द्वौ च भजेत्तैलेघृतेऽथवा॥
श्यामादिकल्क युक्तोऽयं लेहः सिद्धं विरेचनम्॥ अ० सं क० २।

वात गुल्मे दन्ती द्रवन्ती प्रलेह योगः

तयोर्बिल्वसमं चूर्णं तद्रसेनैव भावितम्।
असृष्टे विशि वातोत्थे गुल्मे चाम्लयुतं शुभम्॥
च० क० १२।१७; अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्ती और द्रवन्ती के मूल का चूर्ण एक बिल्व (एक पल), दन्ती द्रवन्ती के क्वाथ की भावना देकर, भावित चूर्ण को अम्ल द्रव्य जैसे काञ्जी, अनार का रस, बिजौरा नींबू का रस आदि में मिलाकर मलबन्ध और वात गुल्म से पीड़ित रोगियों को खिलाना चाहिए।

दन्ती द्रवन्ती मूलकल्कप्रलिप्तकाण्डेक्षु प्रयोगः

पाटयित्वेक्षुकाण्डं वा कल्केनालिप्य चान्तरा।
स्वेदयित्वा ततः खादेत् सुखं तेन विरिच्यते॥ च० क० १२।१८

हि० व्या०—ईख को दो भागो में चीरकर उसके दोनों भागों को भीतर से दन्ती और द्रवन्ती के मूल का कल्क बनाकर लेप कर दें। इसे कुश में बाँधकर मिट्टी लगाकर पुटपाक विधि से पकाकर ईख को चूसने से सुखपूर्वक विरेचन होता है।

दन्तीद्रवन्तीमूलसाधित मांसरसयोगाः

मूलं दन्ती द्रवन्त्योश्च सह मुद्गैर्विपाचयेत्।
लाववर्तीरकाद्यैश्च ते रसाः स्युर्विरेचने॥ च० क० १२।
मुद्गादि सिद्धं स्तन्मूलैर्यूषादीश्च प्रकल्पयेत्। अ० सं० क० २।

अत्र लाववर्तीरकादयः 'लावो वर्तीरकश्चैव वार्तीकः स कपिञ्जलः। चकोरश्चोपचक्रश्चककुभो रक्तचर्मकः' (सू० स्था० अ० २७) इति ग्रन्थेनाष्टावुक्ताः, तेषां प्रत्येक योगादष्टौ रसा भवन्ति। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—दन्ती और द्रवन्ती के मूल का कल्क बना मूंग की दाल, लावा पक्षी का मांस, बटेर, लाल, गोरैया, चकोर, ककुभ, रक्तवर्तक, चकवा-चकई इनमें से किसी एक पक्षी के मांस के साथ यूष बनाकर उसका सेवन करना चाहिए। इससे विरेचन होता है।

दन्तीद्रवन्तीमूलसाधित सुखविरेचन माष सूप योगः

तयोर्वाऽपि कषायेण यवागूं जाङ्गलं रसम्।
माष यूषं च संस्कृत्य दद्यात्तैश्च विरिच्यते॥ च० क० १२।२०

हि० व्या०—दन्ती और द्रवन्ती के मूल के क्वाथ से यवागू, जाङ्गल पशु-

पक्षियों का मांस रस, उड़द का यूष बनाकर रोगी को खिलाने से विरेचन होता है।

दन्तीद्रवन्ती मूलसाधित मद्य योगः

तयोश्चापि कषायेण मद्यान्यस्योपकल्पयेत्। च० क० १२।२२

हि० व्या०—दन्ती और द्रवन्ती के मूलों के क्वाथ से सन्धान विधि द्वारा मद्य तैयार कर पीने से विरेचन होता है।

दन्तीद्रवन्तीमूलक्वाथ साधित विविध भक्ष्य योगाः।

दन्तीक्वाथेन चालोड्य दन्तीतैलेन साधितान्।
गुडलावणिकान् भक्ष्यान्विविधान् भक्षयेन्नरः॥ च० क० २२।२३

हि०व्या०—दन्तीमूल के क्वाथ से गेहूं के आटे को गूंथकर गुड़ या सैंधा नमक मिलाकर दन्ती के तेल में पकाकर अनेक प्रकार के भक्ष्य पदार्थों को बनाकर सेवन करना चाहिए।

पित्तकासे पाण्डुरोगे दन्त्यादि क्वाथः

दन्ती द्विपल निर्यूहो द्राक्षार्धप्रस्थसाधितः।
विरेचनं पित्तकासे पाण्डुरोगे च शस्यते॥ च० क० १२।३१

हि० व्या०—दन्तीमूल दो पल (आठ तो०) और मुनक्का आधा प्रस्थ, इन दोनों का क्वाथ बनाकर पित्तज कास और पाण्डु रोग में विरेचन के लिए देना चाहिए।

कामलानाशनः दन्तीमूलकल्क योगः

दन्तीकल्कं समगुडं शीतवारियुतं पिबेत्।
विरेचनं मुख्यतमं कामलाहरमुत्तमम्॥ च० क० १२।३२

हि० व्या०—दन्तीमूल का कल्क समभाग गुड़ मिलाकर कामला के रोगी को शीतल जल के अनुपान से सेवन करना चाहिए। यह विरेचन योगो में प्रमुख है। इसके सेवन से कामला रोग अवश्य ही नष्ट हो जाता है।

श्यामादन्तीमूलक्वाथ साधितः गौडारिष्ट योगः

श्यामदन्ती रसे गौडः पिप्पली फल चित्रकैः।
लिप्तेऽरिष्टोऽनिलश्लेष्मप्लीहपाण्डूदरापहः॥
च० क० १२।३३

हि० व्या०—काली निशोथ और दन्तीमूल के क्वाथ को, पीपर, मैनफल, चित्रकमूल इनके कल्क को एक मिट्टी के मटके के भीतर लेपकर, उसी में भरकर गुड़ मिलाकर सन्धान करें। अरिष्ट तैयार हो जाने पर छानकर पीने से वातकफजन्य प्लीहा रोग, पाण्डु रोग तथा उदर रोग दूर होता है।

दन्तीद्रवन्ती क्वाथसाधितः गौडारिष्ट योगान्तरः

तथा दन्ती द्रवन्त्योश्च कषाये साजगन्धयोः।
गौडः कार्योऽजशृंग्या वा स वै सुख विरेचनः॥ च० क० १२।३४

हि० व्या०—दन्तीमूल, द्रवन्तीमूल और अजमोद इनका समानभाग क्वाथ बनाकर गुड़ मिलाकर अरिष्ट सन्धान करना चाहिए। अथवा दन्तीमूल, द्रवन्तीमूल और मेढ़ाशृङ्गी इनको समान भाग में क्वाथ एवं गुड़ मिलाकर अरिष्ट सन्धान करना चाहिए। इनके सेवन से सुखपूर्वक विरेचन होता है।

दन्तीद्रवन्तीमूलसाधितः सुरायोगः

तच्चूर्णक्वाथमाषाम्बुकिण्वतोय समुद्भवा।
मदिराकफगुल्माल्पवह्निपार्श्वकटिग्रहे॥ च० क० १२।३५

हि० व्या०—दन्तीमूल और द्रवन्तीमूल का चूर्ण तथा क्वाथ, उड़द का क्वाथ, सुराकिट्ट इन सबको लेकर एकत्र मिट्टी के मटके में सन्धान कर पन्द्रह दिन तक रखें। इस मदिरा के सेवन से कफजन्य गुल्म रोग अग्निमांद्य, पार्श्वग्रह और कटिग्रह रोग नष्ट होते हैं।

दन्तीद्रवन्तीमूलसाधितौ सौवीरकतुषोदक काञ्जी योगः

अजगन्धाकषायेण सौवीरकतुषोदके।
सुरा कम्पिल्लके योगौ लोध्रवच्चतयोः स्मृतौ॥ च० क० १२।३६

अजगन्धेत्यादिना योगद्वयमाह। तत्राजगन्धाकषायेण दन्तीद्रवन्तीभ्यां सौवीरकतुषोदके कर्तव्ये। सुरेत्यादिनाऽपरं योगद्वयमाह। लोध्रवच्च तयोरिति तथा लोध्रकल्पेषु 'सुरा लोध्र कषायेण' इत्यादिना सुरा प्रोक्ता, तथा कम्पिल्लक-कषायेण (क० अ० ६) इत्यादिना कम्पिल्लक योग उक्तः, तथा तयोरपि दन्तीद्रवन्त्योर्लोध्रस्थाने प्रक्षेपात् सुरा योगः सौवीरक तुषोदकविधानेनैव कर्तव्यः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—दन्तीमूल, द्रवन्तीमूल और अजमोदा के क्वाथ से सौवीरक और तुषोदक का निर्माण करना चाहिए। तथा लोध्र कल्प के अनुसार दन्ती और द्रवन्ती से सुरा और कम्पिल्लक योग का निर्माण करना चाहिए। इनसे बने चारों योग विरेचक होते हैं।

दन्त्यादि चूर्ण योगः

दन्तीद्रवन्तीमरिचकनकाह्वयवासकैः।
विश्वभेषजमृद्वीकाचित्रकैर्मूत्रभावितम्॥
सप्ताहं सर्पिषा चूर्णं योज्यमेतद्विरेचनम्।
जीर्णे संतर्पणं क्षौद्रं पित्तश्लेष्मरुजापहम्॥
अजीर्णपार्श्वरुक्पाण्डुप्लीहोदरनिबर्हणम्। सु० सू० ४४।४६

हि० व्या०—दन्ती, द्रवन्ती, काली मरिच, कनकाह्वा (नागकेशर), वंशवासा (दुरालभा), सोंठ, द्राक्षा और चित्रक इन्हें समभाग लेकर चूर्ण तैयार करें। सात दिन तक गोमूत्र में भावित कर घृत के साथ प्रयोग करें। औषध के जीर्ण हो जाने पर लाजसक्तु से संतर्पण तथा शहद का सेवन करना चाहिए।

यह पित्तकफ रोग, अजीर्ण, पार्श्व पीड़ा, पाण्डु तथा प्लीहोदर को नष्ट करता है।

सर्वरोगहरं दन्तीद्रवन्ती मूलाद्यं चूर्णम्

दन्तीं द्रवन्तीं मरिचं यमानीमुपकुञ्चिकाम्।
नागरं हेमदुग्धां च चित्रकं चेति चूर्णितम्॥
सप्ताहं भावयेन्मूत्रं गवां पाणितलं ततः।
पिबेद्घृतेन जीर्णं तु विरिक्तश्चापि तर्पणम्॥
सर्वरोगहरं मुख्यं सर्वेष्वृतुषु यौगिकम्।
चूर्णं तदनपायित्वाद्बालवृद्धेषु पूजितम्॥
दुर्भक्ताजीर्णपार्श्वार्तिगुल्मप्लीहोदरेषु च।
गण्डमालासु वाते च पाण्डु रोगे च शस्यते॥
च० क० १२।२४-२७; अ० सं० क० २।

हि० व्या०—दन्तीमूल, द्रवन्तीमूल, मरिच, अजवायन, मंगरैला, सोंठ, स्वर्णक्षीरी का मूल, समभाग चूर्ण बनाकर सात दिन तक गोमूत्र में भावित कर एक तो० की मात्रा में घृत से चाटना चाहिए। औषध के पच जाने पर सत्तू जल में घोलकर पिलाना चाहिए। यह योग सभी रोगों में मुख्य है। सभी ऋतुओं में इसका सेवन किया जा सकता है। यह निरुपद्रव है। अतः बालक और वृद्ध सभी के लिए उपयुक्त है। यह अनुचित भोजन से उत्पन्न अजीर्ण रोग, पसलियों की पीड़ा उदर रोग, गण्डमाला, वातरोग और पाण्डुरोग में उपयोगी है। आचार्य वाग्भट ने भी इसको समर्थन किया है।

दन्तीद्रवन्तीसाधित उत्कारिकामोदकयोगौ

तत्कषायात्त्रयोभागा द्वौ सितायास्तथैव च।
एको गोधूमचूर्णानां कार्या चोत्कारिका शुभा॥
मोदको वाऽस्य कल्पेन कार्यस्तच्च विरेचनम्। च० क० १२।२१

हि० व्या०—दन्ती और द्रवन्ती मूल का क्वाथ तीन भाग, मिश्री तीन भाग, गेहू का आटा एक भाग, इन्हें एकत्र पकाकर उत्कारिका बनानी चाहिए। अथवा दन्ती-द्रवन्ती का क्वाथ ३ भाग, चीनी २ भाग और एक भाग गेहूं के आटे को आग पर पकाकर मोदक बनायें एवं विरेचनार्थ प्रयोग करें।

दन्ती द्रवन्ती मूलसाधित मोदक योगः

पलं चित्रकदन्त्योश्च हरीतक्याश्च विंशतिः।
त्रिवृत्पिप्पलीकर्षौ द्वौ गुडस्याष्टपलेन तत्॥
विनीयमोदकान् कुर्याद्दशैकं भक्षयेत्ततः।
उष्णाम्बु च पिबेच्चानु दशमे दशमेऽह्नि च॥
एते निष्परीहाराः स्युः सर्वरोगनिबर्हणाः।
प्रहणीपाण्डुरोगार्शः कण्डूकोठानिलापहाः॥ च० क० १२।२६-३०

पलमित्यादिकः षष्ठः । हरीतक्याश्च विंशतिरित्याकृतिमानेन । अयं योगस्तन्त्रान्तरेऽगस्त्यमोदक इति ख्यातः ॥ चक्रपाणिः ।

दन्त्यादि मोदकः

गुडस्याष्टपले पथ्या विंशतिः स्युः पलं पलम् ।
दन्ती चित्रकयोः कर्षौ पिप्पलीत्रिवृतोर्दश ॥
कृत्वैतान्मोदकानेकं दशमे दशमेऽहनि ।
ततः खादेदुष्णतोयसेवी नियन्त्रणास्त्विमे ॥
दोषघ्ना ग्रहणीपाण्डुरोगार्शः कुष्ठनाशनाः ।

सु० सू० ४४।५२-५४, अ० सं० क० २।, वंगसेन

हि० व्या०—चित्रकमूल छाल का चूर्ण एक पल (४ तो०), दन्तीमूल का चूर्ण एक पल (४ तो०), मध्यम आकार का हरड़ संख्या में बीस लेकर चूर्ण तैयार करें, सफेद त्रिवृत् का चूर्ण २ तो०, पीपर चूर्ण २ तो०, आठ पल (६४ तो०) गुड़ की चासनी में मिलाकर दश मोदक तैयार करना चाहिए। इस मोदक का सेवन दश-दश दिन बाद (एक मोदक) करना चाहिए। साथ ही उष्ण जल का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन काल में किसी विशेष नियम पालन की आवश्यकता नहीं है। यह सभी रोगों को दूर करने वाला है विशेष कर ग्रहणी, पाण्डुरोग, अर्श, कण्डू, कोठ और वायु को दूर करता है। आचार्य सुश्रुत ने कुष्ठ नाशक भी लिखा है।

गुडाष्टक चूर्ण योगः

सव्योषं पिप्पलीमूलं त्रिवृद्दन्ती सचित्रकम् ।
तच्चूर्णं गुडसम्मिश्रं भक्षयेत्प्रातरुत्थितः ॥
एतद्गुडाष्टकं चूर्णं बलवर्णाग्निवर्द्धनम् ।
शोथोदावर्तगुल्मघ्नं प्लीहपाण्ड्वामयापहम् ॥

वङ्गसेन (विरेच०) ६३।६४

हि० व्या—त्रिकटु, पिप्पलीमूल, निशोथ, दन्ती और चित्रक समभाग बनाकर गुड मिलाकर प्रति दिन प्रातः काल उचित मात्रा में सेवन करना चाहिए। यह गुडाष्टकचूर्ण बल, वर्ण और अग्निवर्धक है। शोथ, उदावर्त, गुल्म, प्लीहा और पाण्डुरोग नाशक है।

सप्तलाशंखिनी दन्ती प्रभृतीनां मृदुकोष्ठेषु प्रयोगाय संकेतः

सप्तला शंखिनी दन्ती त्रिवृदारग्वधं गवाम् ।
मूत्रेणाप्लाव्य सप्ताहं स्नुहीक्षीरे ततः परम् ॥
कीर्णं तेनैव चूर्णेन माल्यं वसनमेव च ।
आघ्रायावृत्य वा सम्यङ्मृदुकोष्ठो विरिच्यते ॥

सू० सू० ५४।८४।८४-८६

हि० व्या०—सप्तला, शंखिनी, दन्ती, निशोथ, अमलतास का गूदा, समभाग लेकर सात दिन तक गोमूत्र के साथ भावित कर घोटकर सुखा लें। पश्चात् सात दिन तक सेहुड़ (थूहर) के दुग्ध में भावित कर घोटकर सुखाकर चूर्ण तैयार कर लें। फिर इस चूर्ण को माला पर अथवा रुमाल पर छिड़क-कर सूंघने से मृदु कोष्ठ वाले को विरेचन हो जाता है।

एरण्डतैलस्य विरेचनार्थं प्रयोग प्रकारः।

एरण्डतैलं त्रिफला क्वाथेन त्रिगुणेन[1] तु ।
युक्तपीतं तथा क्षीररसाभ्यां तु विरेचयेत् ॥
बालवृद्धक्षतक्षीण सुकुमारेषु योजितम् ।

योगरत्ना० सु० सू० ४४।७६-७७

हि० व्या०—एरण्डतैल को तीन गुने त्रिफलाक्वाथ के साथ अथवा दुग्ध के साथ या मांसरसों के साथ मिलाकर, बालक, वृद्ध, क्षत क्षीण एवं सुकुमार प्रकृति वालों को विरेचनार्थ प्रयोग कराना चाहिए।

सुख विरेचन एरण्ड तैल योगः।

लिह्यादेरण्डतैलेन कुष्ठत्रिकटुकान्वितम् ।
सुखोदकं चानुपिबेत्सुखमेतद्विरेचनम् ॥

अ० सं० क० २।५५

हि० व्या० – त्रिकटु एवं कुष्ठ को समान मात्रा में लेकर चुर्ण बना लें। इसे (मात्रानुसार) एरण्ड तैल के साथ चाटने एवं कवोष्ण जल के अनुपान से सुख विरेचन होता है।

त्रिवृत्कल्पः

एभिरेव च द्रव्यैर्यथास्वं घृतशर्कराक्षौडतवक्षीरी मधुराणि मातुलुंगदाडि-मामलककोलकरमर्दकपित्थरसतक्राम्लानिसैन्धवलवणानि व्योषतीक्ष्णानि विविध वेसवारपूरितानि सहकाररसत्रिजातकनागकेशरकर्पूर सुरभीणिलेह-गुटिकामोदकभक्ष्यभोज्यान्युपकल्पयेदिति । भवति चात्र—

त्रिवृत्कल्क कषायेण साधितः ससितो हिमः ।
मधु त्रिजात संयुक्तो लेहो हृद्यं विरेचनम् ॥

अ० सं० क० २।५, अ० हृ० क० २।६

एभिरेव विरेचन द्रव्यैस्त्रिवृच्चूर्णं शुण्ठीसैन्धवादिभिर्यथादोषं लेहादि कल्पयेत् । तत्र माधूर्यं घृतादिभिरेव । अम्लत्वं मातुलुङ्गादिभिरेव । लावण्यं सैन्धवेनैव । तैक्ष्ण्य कार्यकरणं व्योषेण । विविधैर्वेशवारैर्मांसधान्यकृतैः परिपूरणं सम्भवान्मोदकादीनां विशेषणम् । सहकारादि सर्वेषां विशेषणम् । सहकारादिना सर्वत्र सुरभीकरणम् । इन्दुः ।

---

१. त्रिगुणेन त्रिफलाक्वाथेन युक्तं तथा क्षीररसाभ्यां युक्तमिति सम्बन्धः ।

व्योषादि त्रिवृद्वटी विषोपद्रवेषु ।

व्योषत्रिजातकांभोद कृमिघ्नामलकैस्त्रिवृत् ।
सर्वैः समा समसिता क्षौद्रेणगुलिकाः कृताः ॥
मूत्रकृच्छ्रज्वरच्छर्दि कासे शोषे भ्रमे क्षये ।
तापे पाण्डवामयेऽल्पाग्नौ शस्ताः सर्वविषेषु च ॥
अविपत्तिरयं योगः प्रशस्तः पित्तरोगिणाम् ॥

अ० सं० क० २।११

अविपत्तिकर (त्रिवृत्) कल्पः ।

व्योषस्त्रिजातकांभोदकृमिघ्नामलकैस्त्रिवृत् ।
सर्वैः समा समसिताः क्षौद्रेण गुटिकाः कृताः ॥
मूत्रकृच्छ्रज्वरच्छर्दिकासशोषभ्रमक्षये ।
तापे पाण्ड्वामयेऽल्पेऽग्नौ शस्ताः सर्वविषेषु च ।
अविपत्तिरयं योगः प्रशस्तः पित्तरोगिणाम् ।

अ० हृ० क० २।२१-२३

अविपत्तिरियं योगः प्रयोक्तव्यो व्योषादिभिः समभागैः सर्वद्रव्यैस्त्रिवृत् समा सा च त्रिवृत्तुल्यशर्करा । एवमेताः क्षौद्रेण गुटिकाः कृता मूत्रकृच्छ्रादिषु शस्यते । अरुणदत्तः ।

हि० व्या०—सोंठ, काली मिर्च, पीपल, दालचीनी, बड़ी इलायची, तेजपत्ता, नागरमोथा, विडंग तथा आँवला १-१ भाग त्रिवृत् १६ भाग, खांड २८ भाग मधु से घोंटकर १-१ तो० की गोलियाँ बनाकर रखें। यह मूत्र कृच्छ्र, ज्वर, छर्दि, कास, शोथ, भ्रम, क्षय, पाण्डुरोग, मन्दाग्नि तथा सब प्रकार के विष विकारों में प्रशस्त है। यह अविपत्तिकर योग पित्त रोगों में अत्यन्त उपयोगी है।

त्रिवृत्चूर्णस्य दशोत्तरशत् योगानां संकेतः

एकोऽम्लादिभिरष्टौ च दश द्वौ सैन्धवादिभिः ।
मूत्रेऽष्टादश षष्ट्यां द्वौ जीवकादौ चतुर्दश ॥
क्षीरादौ सप्तलेहेऽष्टौ चत्वारः सितयाऽपि च ।
पानकादिषु पञ्चैव षड्तौ पञ्च मोदकाः ॥
चत्वारश्च घृते क्षीरे द्वौ चूर्णे तर्पणे तथा ।
द्वौ मद्ये काञ्जिके द्वौ च दशान्ये षाडवादिषु ॥
श्यामायास्त्रिवृतायाश्च कल्पेऽस्मिन् समुदाहृतम् ।
शतं दशोत्तरं सिद्धं योगानां परमर्षिणा ॥ च० क० ७।७७-८०

हि० व्या०—

(१) अम्लादिद्रव्यों के योग से ९ योग
(२) सैंधव आदि से १२ योग

(३) गोमूत्र से १८ योग
(४) मुलेठी से २ योग
(५) जीवक आदि से १४ योग
(६) दूध आदि से ७ योग
(७) अवलेह का ८ योग
(८) चीनी से ४ योग
(९) पानक से ५ योग
(१०) ऋतु कालानुसार ६ योग
(११) मोदक से ५ योग
(१२) घृत और दूध से ४ योग
(१३) तर्पण और चूर्ण से २ योग
(१४) मद्य से २ योग
(१५) काञ्जी से प्रवीर २ योग
(१६) षाडव आदि से १० योग

=कुल—११० योग

अनुपान भेदेन त्रिवृत्मूलस्य नवसंख्याका प्रयोगः

अक्षमात्रं तयोः पिण्डं विनीयाम्लेन वा पिबेत् ।
गोव्यजामहिषीमूत्रसौवीरकतुषोदकैः ॥
प्रसन्नया त्रिफलया भृतयाच पृथक् पिबेत् ॥ च० क०७।१२-१३

अक्षमात्रमित्यादिना नवभिरम्लादिभिर्द्रव्यैर्नव योगानाह । तयोरिति श्यामात्रिवृदरुणत्रिवृतयोः । एतयोश्च मिलितयोः प्रत्येकं च प्रयोगा इति प्रागेव प्रतिपादितम् । अम्लेनेति काञ्जिकेन । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—दोनों प्रकार के त्रिवृत् मूल को एक कर्ष की मात्रा में पीसकर कल्क बनावें और उसे कांजी में घोलकर रोगी को पिलावें। अथवा एक कर्ष त्रिवृत् मूल कल्क को गोमूत्र, भेंड का मूत्र, बकरी का मूत्र, भैंस का मूत्र, सौवीर, तुषोदक, प्रसन्ना, त्रिफला का क्वाथ इनमें से किसी एक द्रव्य में घोलकर रोगी को पिलावें। इस तरह यही निशोथ के नौ योग बताये गये हैं।

त्रिवृत् चूर्णस्य सहपानानुपान भेदेन द्वादश प्रयोगाः

एकैकं सैन्धवादीनां द्वादशानां सनागरम् ।
त्रिवृद् द्विगुणसंयुक्तं चूर्णमुष्णाम्बुना पिबेत् ॥ च० क० ७।१४

हि० व्या०—सैंधव आदि बारह प्रकार के नमकों के साथ सोंठ का चूर्ण मिलाकर, त्रिवृत् का चूर्ण उनसे द्विगुण मात्रा में मिलाकर उष्ण जल के साथ पिलाना चाहिए।

सैंधवादयश्च द्वादश रोग भिषग्जितीये लवणस्कन्धोक्ता ज्ञेयाः। सनागर मिति नागरसहितं सत् प्रत्येकं सैन्धवादीनां चूर्णं द्विगुण त्रिवृताचूर्णं युक्तं पातव्यम्। चक्रपाणिः।

१२ प्रकार के नमक—सैंधव, सौंचर, काला, विड, पाक्य, आनूप, कूप्य, बालू नामक, ऐल, मौलक, सामुद्र तथा रोमक, (च० वि० ८।१४१) उद्भिद्, ओषर, पारेयक पांशुज आदि का समावेश अन्य विद्वानों ने १२ में ही किया है।

सहपानानुपानभेदेन त्रिवृत् मूलस्य अष्टादश योगाः।

पिप्पली पिप्पलीमूलं मरिचं गजपिप्पली।
सरलः किलिमं हिङ्गु भार्गी तेजोवती तथा।
मुस्तं हैमवती पथ्या चित्रको रजनी वचा।
स्वर्णक्षीर्यमोदा च शृङ्गवेरं च तैः पृथक्॥
एकैकार्धांश संयुक्तं पिबेद्गोमूत्र संयुतम्। च० क० ७।१५-१७

हि० व्या - इस प्रकरण में निशोथ के अठारह योगों का उल्लेख आया है। पीपल, पिपलामूल, मरिच, गजपिप्पली, सरल, देवदार, हिंगु, भारंगी, तेजबल, नागरमोथा, हेमवतीवच, हरड़, चित्रक, हरिद्रा, वच, स्वर्णक्षीरी, अजमोद, शुण्ठी इनमें से किसी एक द्रव्य के चूर्ण में समभाग निशोथ चूर्ण मिलाकर यथावश्यक पृथक्-पृथक् योग बनाकर रोगी को गोमूत्र से पिलाना चाहिए। ये योग कफ वातजन्य रोगों में हितकर है।

मधुयष्टी सम्पृक्त त्रिवृत् मूलस्य एको योगः।

मधुकार्धांशसंयुक्तं शर्करार्धयुतं पिबेत्॥ च० क० ७।१७

हि० व्या० — मधुयष्टि सहित त्रिवृता प्रयोग —

मुलेठी चूर्ण आधा भाग, सफेद निशोथ का चूर्ण एक भाग, चीनी के शर्बत में घोलकर रुग्ण को पिलाया जाता है। कफवातजन्य रोगों में हितकर है।

त्रिवृतमूलस्य जीवकादिचूर्णयुक्ताः पञ्चदश योगा।

जीवकर्षभकौ मेदां श्रावणीं कर्कटाह्वयाम्।
मुद्गमाषारण्यपर्ण्यौ च महतीं श्रावणीं तथा॥
काकोलीं क्षीरकाकोलीमिन्द्रां छिन्नरुहां तथा।
क्षीरशुक्लां पयस्यां च यष्ट्याह्वं विधिना पिबेत्॥
वातपित्तहितान्येतान्यन्यानि तु कफानिले। च० क० ७।१८-२०

हि० व्या०—त्रिवृता के १५ योग—जीवक, ऋषभक, मेदा, मुण्डी, ककंटशृंगी, मुंगवन, मसवन, वड़ी-गोरखमुण्डी, काकोली, क्षीरकाकोली, कोकिलाक्ष (तालमखाना), गिलोय, क्षीरविदारी, अर्कपुष्पी तथा मुलेठी इन प्रत्येक द्रव्यों का पृथक्-पृथक् आधा-आधा भाग तथा त्रिवृत् चूर्ण एक भाग के परिमाण में लेकर चीनी के शर्बत में मिलाकर यथावश्यक प्रत्येक योग का

प्रयोग कराना चाहिए। ये योग वातपित्तघ्न (रोगों में लाभकारी) है। अन्य बताए हुए योग अर्थात् पूर्वोक्त त्रिवृत योग कफवातजन्य रोगों में हितकर है।

त्रिवृत् मूलस्य अष्टौ अवलेह योगाः

लिह्याद्वा मधुसर्पिर्भ्यां संयुक्तं ससितोपलम्॥
अजगन्धा तुगाक्षीरी विदारी शर्करा त्रिवृत्।
चूर्णितं क्षौद्रसर्पिभ्यां लीढ्वा साधु विरिच्यते॥
सन्निपातज्वरस्तम्भदाहतृष्णार्दितो नरः।
श्यामात्रिवृत् कषायेण कल्केन च सशर्करम्॥
साधयेद्विधिवल्लेहं लिह्यात् पाणितलं ततः।
सक्षौद्रां शर्करां पक्त्वा कुर्यान्मृदभाजने नवे॥
क्षिपेच्छीते त्रिवृच्चूर्णं त्वक्पत्रमरिचैः सह।
मात्रया लेहयेदेतदीश्वराणां विरेचनम्॥
कुडवांशानूसानिक्षुद्राक्षापीलुपरूषकात्।
सितोपलापलं क्षौद्रात कुडवार्धं च साधयेत्॥
तं लेहं योजयेच्छीतं त्रिवृच्चूर्णेन शास्त्रवित्।
एतदुत्सन्नपित्तानामीश्वराणां विरेचनम्॥
शर्करामोदकान् वर्तीगुलिकामांसपूपकान्।
अनेन विधिना कुर्यात् पैत्तिकानां विरेचनम्॥
पिप्पलीं नागरक्षारं श्यामां त्रिवृतया सह।
लेहयेन्मधुना सार्धं श्लेष्मलानां विरेचनम्॥
मातुलुङ्गाभयाधात्रीश्रीपर्णीकोलदाडिमात्।
सुमृष्टान् स्व(सु) रसांस्तैले साधयेत्तत्र चावपेत्॥
सहकारात् कपित्थाच्च मध्यमम्लं च यत् फलम्।
पूर्ववद्बहलीभूते त्रिवृच्चूर्णं समावपेत्॥
त्वक्पत्रकेशरैलानां चूर्णं मधु च मात्रया।
लेहोऽयं कफपूर्णनामीश्वराणां विरेचनम्॥

च० क० ७।२१-३२

हि० व्या०—विरेचन के अतियोग होने पर मोरपंख चन्द्रिका सदृश जल बाहर निकलता है । इसके अनन्तर मांसधावन के समान जीवशोणित का निर्गमन होता है, फिर गुदभ्रंश, कम्प एवं वमन के अतियोग में निर्दिष्ट अन्य उपद्रव भी उत्पन्न होते हैं । इसकी चिकित्सा भी रक्तस्राव रोधक करनी चाहिए । गुदभ्रंश होने पर गुदा में स्नेहन एवं स्वेदन करके अन्दर की ओर प्रवेश कराना चाहिए । कम्प में वातव्याधि में निर्दिष्ट चिकित्सा का अनुसरण करना चाहिए अधिक जीव शोणित का स्राव होने पर गम्भारी के फल, बेर, दूर्वा और खस से सिद्ध दूध में घृतमण्ड और सौवीराञ्जन मिलाकर शीतल करके आस्थापनबस्ति का प्रयोग करना चाहिए । न्यग्रोधादि गण के क्वाथ में गन्ने का रस, घृत और बकरी का रक्त मिलाकर बस्ति चिकित्सा करनी चाहिए । थूक के साथ रक्त निकलने पर रक्तपित्त और रक्तातिसार चिकित्साविधि के अनुसार प्रतीकार करना चाहिए एवं पीने के लिए न्यग्रोधादिकषाय को व्यवहार में लाना चाहिए ।

अति विरेकात्तु केवलं दोषरहितमुदकं रक्तं वा मेदो मांसधावनोपमं कृष्णं वा प्रवर्तते । परिकर्तिका हृदयोद्वेष्टनं गुदनिःसरणं नयन प्रवेशः पिपीलिका संचार इवांगे वमनातियोग तुल्यता च । अ० सं० सू० २७।३७

विरेचनातियोगात्तु दोषप्रवृत्यनन्तरम् दोषरहितस्य केवलस्योदकस्य रक्तस्य वा मेदोमांसधावनतुल्यस्य कृष्णस्य वा प्रवृत्तिः । परिकर्तिकादयो वमनातियोगोक्ताश्च क्षामता स्वरसादयो व्याधयो जायन्ते । इन्दुः ।

हि० व्या०—आचार्य वाग्भट के अनुसार अति विरेचन होने पर केवल दोष रहित पानी या रक्त, मेद या मांस के धोवन के समान या काला द्रव पदार्थ बाहर आता है । परिकर्तिका, हृदय में ऐंठन के समान पीड़ा, गुदा का बाहर आना, आंखों का अन्दर दब जाना, शरीर पर कीड़ियों के चलने जैसा आभास होना एवं वमन के अतियोग में होने वाले अन्य उपद्रवों का होना भी माना है ।

असम्यग्विरेचितोपद्रवाः

तत्रासम्यग्विरेकात्कुक्षिहृदयाविशुद्धिराध्मानमरुचिः प्रसेकः कफपित्तोत्क्लेशश्छर्दि भ्रमाः कण्डूः पिटका विदाहो गौरवमग्निसादस्तन्द्रास्तैमित्यं प्रतिश्यायो वातविण्मूत्रसंगश्च ।

अ० सं० सू० २७।३५

हि० व्या०—असम्यग्विरेचन से कुक्षि तथा हृदय की अविशुद्धि, आध्मान, अरुचि, मुख से स्राव, कफ-पित्त का उत्क्लेश, वमन भ्रम कण्डू, पिटका, विदाह गुरूता, अग्निमान्द्य, तन्द्रा, स्तिमिता, प्रतिश्याय, एवं वायु तथा मल-मूत्र का अवरोध उत्पन्न होता है।

विरेचनप्रयोगायोगजन्योदावर्त कारण संकेतः तत्र चिकित्सा सूत्रं च

सशेषान्नाय च वातश्लेष्मवते रूक्षाय सोदावर्त्ताय मन्दाग्नये वा शीतं रूक्षं वा दत्तमौषधं भृशमाध्मानं करोति तत्र मलसंगा समुन्नह्य दह्यत्युदरमंतः शूलं दृतिवत्पार्श्वयोरापूर्णता शिरः पृष्टरुजा श्वासः पायुबस्तिनिस्तोदश्च भवति। तमुदावर्तानाहहराभ्यङ्गस्वेदवर्तिदीपन चूर्णबस्तिक्रियाभिरुपचरेत्।

अ० सं० क० ३।

सशेषान्नादिमते वा शोधनार्थं शीतं रूक्षं वा दत्त भृशमाध्मानं करोति तत्र च मलसङ्गाद्धेतोरुदरे समुन्नतादिकं भवति। शशेषान्नोऽजीर्णी। उदावर्त्त अर्शोनिदान उक्तः समुन्नाहः सर्वतो बन्धः।

इन्दुः।

विरेचनोपद्रव सर्वाङ्गग्रह कारण संकेतः तत्र चिकित्सा च

अस्निग्धस्विन्नेनाब्रह्मचारिणा वेगविधारिणा मृदुकोष्ठेन सुकुमारेण वा रूक्षमौषधमतिमात्रं प्रयुक्तमतिविरेकाद्वायुं कोपयति तेन सर्वाङ्गग्रहो विशेषात्पार्श्वपृष्ठश्रोणीमन्यामर्मसु शूलं मूर्च्छा भ्रमः कंपः स्तंभो निस्तोदो भेदउद्वेष्टनं संज्ञानाशश्च स्यात् तमभ्यज्य धान्यैः स्वेदयित्वा यष्टीमधुविपक्वेन तैलेनानुवासयेत्। वातहरं चान्नपानम्।

अ० सं० क० ३।

समशीतोष्णकालोपेक्षया जन्यानाम् उपद्रवाणां संकेतः

तृष्णाबाधा भवत्युष्णे शीते तु व्यपलीयते।
अथ ग्रीष्मे तु सन्तप्तैर्धातुभिर्देहिनो भवेत्॥
अतियोगः पिपासा च तदा तस्मान्न दापयेत्।
हेमन्ते चापि तद्वीर्याद्दोषा दारूणतां गताः॥
भवन्त्यकाले स्नेहस्य तदाप्यथ न दापयेत्।
इह भैषज्यमुष्णं हि विक्रियामेति कालतः॥
मन्दी भवति वैतत्तु ग्रीष्मे तैक्ष्ण्यं नियच्छति॥

भे० सं० सू०, अ०, २५। १९-२२

हि० व्या०—अजीर्णावस्था में वात श्लैष्मिक एवं मन्दाग्नि के रोगों को शीत एवं रूक्ष विरेचनौषध सेवन करने पर अत्यन्त आध्मानकारक होता है। मलसंग होने के कारण उदर में दाह, शूल, जलपूर्णमशक के समान उदर में आध्यान, शिरःशूल, पृष्ठशूल, श्वासकृच्छ्रता; गुदा एवं बस्ति प्रदेश में शोथ उत्पन्न होता है। ऐसी अवस्था में उदावर्तनाशक एवं आनाहनाशक चिकित्सा करनी चाहिए। स्नेहन, स्वेदन, गुदवर्ति का प्रयोग, चूर्ण एवं क्रिया द्वारा चिकित्सा करनी चाहिए।

हि० व्या०—जिनको स्नेहन एवं स्वेदन नहीं कराया गया हो, जो ब्रह्मचर्य का पालन नहीं करते हों, वेगविधारण करने वाले, जिनका कोष्ठ मृदु हो, जो सुकुमार प्रकृति के हों, ऐसे व्यक्तियों को रूक्ष विरेचनौषधि का अतिमात्रा में प्रयोग कराने पर अति विरेचन के कारण वात प्रकुपित हो जाती है। जिससे सर्वाङ्गग्रह के लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। विशेष रूप से पार्श्व, पृष्ट, श्रोणी, मन्यामर्म में शूल उत्पन्न हो जाता है। मूर्च्छा, भ्रम, कम्प, स्तम्भ निस्तोद, भेदन, उद्वेष्टन, संज्ञानाश आदि लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। ऐसी अवस्था में स्नेहन, धान्य से स्वेदन कराकर यष्टिमधु तैल से अनुवासन कराना चाहिए एवं वात हर अन्नपान का प्रयोग कराना चाहिए।

हि० व्या०—भेल संहिताकार ने काल व्यवस्था की उपेक्षा के कारण होने वाले व्यापदों का उल्लेख करते हुए लिखा है कि स्नेह विरेचन का समशीतोष्ण काल में प्रयोग कराना चाहिए। क्योंकि अधिक उष्णकाल में स्नेह विरेचन का प्रयोग कराने पर तृष्णा रूप उपद्रव उत्पन्न हो जाता है तथा शीतकाल में प्रभाव विशेष नहीं होता। क्योंकि उष्णकाल में शरीर की समस्त धातुएं स्वाभाविक सन्तप्त रहती हैं अतः अतियोगज पिपासा की उत्पत्ति होने से ऐसे सयय में स्नेह विरेचन का प्रयोग नहीं कराना चाहिए। इसी प्रकार अकाल के कारण स्नेह विरेचन से हेमन्त ऋतु में भी शीत के प्रभाव से दोष कठिनता को प्राप्त हो जाते हैं। इस ऋतु में प्रयुक्त स्नेह विरेचनौषधि निष्क्रिय होकर पड़ी रहती है। उष्णकाल आने पर अपनी प्रकृति के अनुरूप अतितीक्ष्णता को प्राप्त हो जाती है। अतः समुचित काल का ज्ञान आवश्यक है

—०—

सप्तमोऽध्यायः

बस्ति प्रकरणम्

आयुर्वेदीय चिकित्सा में पंचकर्म को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। पंचकर्म में रूढ़ी अर्थ से पांच ही कर्म नहीं लिए जाकर अन्य अन्य कर्मों का भी ग्रहण किया जाना विद्वानों को अभीष्ट है। पंचकर्म चिकित्सा में भी बस्ति कर्म की सर्वाधिक महत्ता देखी जाती है। कायचिकित्सा में इसे आधी चिकित्सा माना गया है तथा रोग-रोगी एवं स्थिति के अनुसार कहीं-कहीं पूर्ण चिकित्सा भी कहा गया है।

सामान्यतया बस्ति शब्द सभी प्रकार की बस्तियों के लिए प्रयोग में लाया जाता है। तथापि चरक ने केवल निरूह बस्ति के लिए ही प्रयुक्त किया है। चिकित्सा में अनुवासन, उत्तरबस्ति, शिरोबस्ति एवं कटिबस्ति आदि अनेक कर्मों के साथ बस्ति शब्द को स्वीकार किया गया है।

इस कर्म में प्रयुक्त उपादान यन्त्र उस काल में प्राणियों के मूत्राशय (बस्ति) या URINARYBLADDER से ही बनाया जाता रहा इसीलिए इसको बस्ति कहा जाने लगा। "बस्तिना दीयते इति बस्ति"।

(अ० हृ० सू० १९।१ पर टीका)

शरीर के त्रिविध दोष वात, पित एवं कफ की विकृतावस्था में बस्ति, विरेचन एवं वमन तीनों प्रधान कर्म बताये गये हैं। वात प्रधान विकारों में बस्ति का प्रयोग प्रधान रूप से किया जाता है। अनेक प्रकार के कर्मों में बस्ति प्रयोग का विधान एवं बस्तियों के अनेक भेद किए गए हैं। यथा-शोधन, लेखन, उत्क्लेशन, शमन, बृंहण, कर्षण. रसायन एवं बाजीकरण। साथ ही संख्या, काल, कर्म, योग आदि के आधार पर भी अनेक प्रकार की बस्तियों की कल्पना की गई है यथा—कर्मबस्ति, कालबस्ति, योगबस्ति, संख्यावस्ति, मात्रा-बस्ति, यापन, प्रासृति, योगिकी, पादहीन, तीक्ष्ण, मृदु आदि। इसी क्रम में कुछ आचार्यों ने पिच्छा बस्ति एवं रक्त बस्ति का भी उल्लेख किया है।

प्रायः चल गुण होने के कारण वायु तीनों दोषों में अग्रणी है। सभी की अपेक्षा स्वतन्त्र रूप से शरीर की समस्त क्रियाओं का सम्पादन करती है। शरीर के त्रिविध मार्गों में उत्पन्न होने वाले रोगों में भी वात को ही कारण

माना जाता है। इस प्रकार प्रत्येक रोग में वात के उपशमन का विशेष विचार किया जाता है। वात की उपशान्ति में बस्ति कर्म का विशेष महत्व होने से ही बस्ति चिकित्सा को आधी चिकित्सा कहा गया है। यह क्रमशः चार प्रकरणों में सामान्य बस्ति परिचय, निरुह, अनुवासन एवं उत्तरबस्ति विवरण के साथ अन्य विविध भेदों का विवरण दिया जा रहा है।

बस्ति शब्दस्य परिचयः

काय चिकित्सा में बस्ति को आधी चिकित्सा कहा गया है। यद्यपि चरक ने बस्ति शब्द से निरूहबस्ति का ही ग्रहण किया है इसकी पुष्टि जेज्जट एवं चक्रपाणि ने भी की है। "अत्र बस्तिशब्दो निरूह एव वर्तते। तद् व्यापदामेवात्र वक्तव्यत्वात्। चक्र०। तथा बस्ति शब्दोत्र निरूहबस्तिः जज्जटः।" तथापि सामान्यतः बस्ति शब्द सभी बस्तियों के लिए व्यवहृत है जिसमें निरूह, अनु-वासन, उत्तरबस्ति आदि सभी का समावेश हो जाता है। प्राचीन काल में आज की तरह रबड़ आदि की नलिका का प्रचलन नहीं होने से इस प्रक्रिया के लिए गाय, बैल, बकरे, महिष या अन्य उपयोगी पशुओं की बस्ति (मूत्राशय) का उपयोग किया जाता रहा। अतः बस्तिशब्द बस्तिदान में उपयोगी साधन (मूत्राशय) के लिए ही प्रचलित रहा है।

बस्ति प्रक्रिया में प्रायः गुदमार्ग से उपयोगी औषध द्रव को पक्वाशय में प्रवेश कराया जाता है। तथापि गुदमार्ग के अतिरिक्त मूत्रमार्ग, अपत्यमार्ग व्रणस्थान आदि में भी औषध का प्रवेश कराया जाता है। आजकल सूचीवेध द्वारा रक्तवाहिनियों में भी औषध प्रविष्ट कराई जाती है। बस्तिशब्द बस्ति द्वारा प्रयोग कराये जाने से रूढ़ शब्द बन गया है। अतः उपयोगी औषध को पक्वाशय में प्रवेश कराने के जो भी सुलभ साधन आज उपलब्ध हैं उन सभी को बस्ति शब्द से ही व्यवहृत किया जाता है।

यद्यपि पञ्चकर्म प्रक्रिया में पूर्वकर्म की विशेषता का सर्वत्र प्रतिपादन किया गया है तथापि अनेक कार्य करने वाली, बस्ति का भी कम महत्व नही है सुश्रुत लिखते हैं कि "तत्र स्नेहादीनां कर्मणां बस्तिकर्म प्रधानतममाहुराचार्याः। कस्मात्? अनेककार्यकरत्वाद्बस्तेः", (सु० चि० ३५)। इस प्रकार बस्ति व्या-पक कर्म करने वाली होने से पञ्चकर्म में उपयोगी प्रक्रिया है।

व्यवहार में बस्ति से सामान्य एनिमा का भाव लिया जाता है किन्तु आयुर्वेद में वर्णित बस्ति के विविध कर्म एवं प्रकारों में एनिमा जैसा भी एक कर्म होने से यह भी बस्ति का एक कर्म है। एनिमा मात्र मलनिर्हरण कर्म करती है जबकि बस्ति अनेकविध औषधियों के संयोग से दोषों का शोधन करने वाली, संशमन करने वाली, शुक्रवर्धक, रसायन, बृंहण, कर्षण, वयः स्थापन, बलवर्धन तथा नेत्र ज्योति वर्धक भी है। इसी कारण सभी अवस्थाओं में सभी

प्रकृति वालों के लिए विविध द्रव्यों के संयोग से बस्तिकल्पना की जाकर सर्वोपयोगी होती है।

बस्ति शब्दस्य निरूक्तिः

[1]बस्तिभिर्दीयते यस्मात्तस्माद्बस्तिरितिस्मृतः।
वंगसेन, भा० प्र०, शा० सं० उ० ४।

बस्तिना दीयते बस्ति वा पूर्वमन्वेत्यतो बस्तिः।
अ० सं सू० २८।२ (क)

हि० व्या०—भैंस, बकरी आदि की बस्ति (मूत्राशय) अथवा उसी के समान चर्म निर्मित पुटक द्वारा औषध अधोमार्ग से प्रवेश कराये जाने से इसे बस्ति कहा जाता है।

बस्तिविधानमधिकृत्य पुनर्वसुं प्रति अग्निवेशस्य प्रश्नाः।

कृतक्षणं शैलवरस्य रम्ये
स्थितं धनेशायतनस्यपार्श्वे
महर्षिसङ्घैर्वृतमग्निवेशः
पूनर्वसुं प्राञ्जलिरन्वपृच्छत्॥
बस्तिर्नरेभ्यः किमपेक्ष्य दत्तः
स्यात् सिद्धिमान् किम्मयमस्यनेत्रम्।
कीदृक् प्रमाणाकृति किं गुणं च
केभ्यश्च कियोनिगुणश्चबस्तिः॥
निरूहकल्पः प्रणिधानमात्रा
स्नेहस्य का वा शयने विधिः कः।
के बस्तयः केषु हिता इतीदं
श्रुत्वोत्तरं प्राह वचो महर्षिः॥ च० सि० ३।३५

धनेशायतनस्येति हिमालयस्य। बस्तिर्नरेभ्य इत्यादयो दश प्रश्नाः। नेत्रं नलिका। किं योनिगुणश्च बस्तिरित्यत्र बस्तिर्बस्तिपुटकः, योनिः प्रभवस्थानम्।

---

१ (क)—यस्माद् बस्तिभिश्चर्मपुटकैर्दीयते तस्तात् बस्तिः, आढ़मल्लः।
(ख)—बस्तिर्यस्माद्वस्तिभिर्दीयते गुददेशे तस्माद्वस्तिरिति स्मृतः।
काशीराम।
(ग)—बस्ति पु-बस्ते आवृणोति मूत्रं बस्-तिच्। नाभेरधोभागे मूत्राधारे (१) स्थाने (२) वासे च वसनदशायां पुंस्त्री० ब० ब० अमरः (पिचकारी) औषधदानार्थे द्रव्यभेदे पु०। वाचस्पत्यम्।
(घ) तत्र बस्तिसंज्ञाया अन्वर्थतोच्यचे। बस्तिना अजादिमूत्रधारेण यतो दीयतेऽतोबस्तिः। अथवा यतो दत्तं सत् पूर्वमादौ बस्तिमनुगच्छत्यतो बस्तिरिति। इन्दुः।

स्नेहस्य वा केति अनुवासस्य का प्रणिधान मात्रा। अनुवासनस्य चात्र प्रपञ्चोऽभिधातव्यः, तेनानुवासनस्य कल्पमात्र प्रश्नोऽत्र बोद्धव्यः, यदा तु 'स्नेहस्यवाकः' इति पाठः, तदा स्नेहस्य निरूहादिन दीयमानस्य को विधिरित्यर्थः। स चोत्तर ग्रन्थेन सङ्गतार्थ एव। के बस्तयः केषु हिता इति केभ्यः पुरुषेभ्यः किं योनयो हिता बस्तय इत्यर्थः। चक्रपाणिः।

बस्ति चिकित्सायां काश्यपं प्रति प्रश्नाः

भगवन् राजपुत्राणामन्येषां वा महात्मनाम्।
कतिवत्सर युक्तस्य बस्ति कर्म समीरितम्॥
स्नेह प्रमाणं किं बस्तौ बस्तयः के च तद्विताः।
केषु रोगेषु शस्यन्ते बस्तयः केषु गर्हिताः॥
आस्थापनमवस्थायां कस्यां केषु गदेषु च।
बस्तिकर्म प्रमाणं कि·····
हिताहितं व्यापदः काः किं च तासां चिकित्सितम्।
ऋषिमध्ये तथा पृष्टः प्रश्नान् प्रोवाच कश्यपः॥

हि० व्या०—कुबेर के निवासस्थान पर्वतराज हिमालय के एक सुरम्य प्रदेश के सन्निकट महर्षियों से घिरे हुए, (महर्षियों के साथ बैठे हुए), शौच स्नानसन्ध्यातर्पणादि नित्य नैमित्तिक कार्यों से निवृत महर्षि पुनर्वसु से हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए बस्ति प्रक्रिया के विषय में अग्निवेश ने पूछा।

अग्निवेश के प्रश्न—

(१) किन-किन बातों की सावधानी रखकर मनुष्यों में दी गई बस्ति कार्यकर होती है?
(२) बस्ति का नेत्र (अग्रभाग) किस धातु से निर्माण किया जाता है?
(३) नेत्रप्रमाण (लम्बाई मोटाई या गोलाई) और स्वरूप कैसा होना चाहिए तथा उसमें क्या-क्या गुण होने चाहिए?
(४) किन किन व्यक्तियों के लिए किस योनि की और किस गुण वाली बस्ति हितकर है?
(५) निरूह बस्ति की कल्पना कैसे की जाती है?
(६) निरूह बस्ति की मात्रा क्या है?
(७) अनुवासन बस्ति की मात्रा क्या है?
(८) बस्ति प्रयोग करते समय रोगी के सोने (लिटाने) की विधि क्या है?
(९) कितनी बस्तियाँ होती हैं?
(१०) किन व्यक्ति के लिए कौन कौनसी बस्तियां कल्याणकारी होती हैं?

इन दश प्रश्नों को सुनकर महर्षि पुनर्वसु आत्रेय ने उत्तर दिया। जिसका यथाक्रम वर्णन किया गया है। अष्टाङ्ग संग्रह एवं काश्यप संहिता में भी इसी प्रकार से प्रश्न किये गये हैं। श्लोक भिन्न होते हुए भी भाव यही है।

टि०—प्रश्नों के उत्तर इसी प्रकरण में यथाक्रम दिये गये हैं। प्रकरण पढ़ते हुए विवरण प्राप्त होता जाएगा।

आत्रेय पुनर्वसुं प्रति तच्छिष्याणां बस्तिप्रयोगस्य सर्वदोष शामकत्वं कथं इति प्रश्नं तत्र पुनर्वसूं कृतं सयुक्तिकं समाधानं च ।

गुरुणेति वचस्युदाहृते
मुनिसङ्घेन च पूजितेततः ।
प्रणिपत्य मुदा समन्वितः
सहितः शिष्यगणोऽनुपृष्टवान् ॥
सर्वकर्मगुणकृद्गुरुणोक्तो
बतिरुर्ध्वमथ नैति नाभितः ।
नाऽप्यधो गुदमतः स शरीरात्
सर्वतः कथमपोहति दोषान् ॥
तद्गुरुरब्रवीदिदं शरीरं
तन्त्रयतेऽनिलः सङ्गविधातात् ।
केवल एव दोषसहितो वा
स्वाशयगः प्रकोपमुपयाति ॥
तं पवनं सपित्तकफविट्कं
शुद्धिकरोऽनुलोमयति बस्तिः ।
सर्वशरीरगश्च गदसंघ-
स्तत्प्रशमात् प्रशान्तिमुपयाति ॥

च० सि० ११।१५-१८

सर्वकर्मगुणकृदिति सर्वकर्मणां वमनादीनां गुणं दोषहरणादिकं करोतीति सर्वकर्मगुणकृत्; किं वा सर्वकर्माणि लङ्घनबृंहणादीनि, गुणांश्च बलाग्न्यादीन् करोति । नाऽप्यधो गुदमिति । गुदादधोवर्तिषु जङ्घादिषु शरीरावयवेषु न व्रजति । तन्त्रयते धारयते । सङ्गविघातादिति प्रकोपकहेतुनाऽसम्बंधात् । स्वाशयगः स्वाशय एव प्रायः प्रकोपंव्रजति; यस्तु प्रदेशान्तरे वातप्रकोपः स तन्मूल एवेति भावः । तत्प्रशमात् प्रशान्तिमुपयाति पक्वाशयस्थ,वातमूलप्रशमाद्बस्तिना कृतात्तन्मूलानुबन्धाः शेषस्थानगतविकाराः प्रशाम्यन्ति । एतच्च वनस्पतिमूलच्छेदवदित्यादिदृष्टान्तेन प्राक्प्रतिपादितमेव । एतेन बस्तिना मूलविजयाछेशान्तर्गत तन्मूलविकारजयो यः क्रियते स युक्तः । युक्तु बस्ते वीर्यमापादमस्तकं प्रसरति तच्च वीर्यं सर्वविकारान् हन्तीति प्रागुक्तमेव ज्ञेयम् । इह तु, वीर्यमपिहितं कृत्वैव शिष्यप्रश्नानुगुणमेवोत्तरं दत्तमिति ज्ञेयम् ।

चक्रपाणिः

वस्तिकर्मणः महत्वं विविध रोगनाशकता रसायन वाजीकरण फलं च

तत्र स्नेहनादीनां कर्मणां बस्तिकर्म प्रधानतममाहुराचार्याः । कस्मात् ! अनेककर्मकरत्वाद्बस्तेः, इह खलु बस्तिर्नानाविधद्रव्यसंयोगाद्दोषाणां संशोधन-

संशमनसंग्रहणानि करोति, क्षीणशुक्रं वाजीकरोति, कृशं बृंहयति, स्थूलं कर्शयति, चक्षुः प्रीणयति, वलिपलितमपहन्ति, वयः स्थापयति ।

सु० चि० ३५।३

शरीरोपचयं वर्णं बलमारोग्यमायुषः ।
कुरुते परिवृंढि च बस्तिः सम्यगुपासितः ॥

सु० चि० ३५।४, शा० सं० उ० ५।५

बस्तिकर्म तु मूत्राधारपुटकेन साध्यं कर्म, बस्तिशब्दो हि सामान्यो निरुहे स्नेहबस्तौ च । वमन विरेचने तु प्रधानतरे, बस्तिकर्म तु प्रधानतमम् । संग्रहणानीति दोषाणामेवातिप्रवर्तमानानामित्यर्थः । क्षीणशुक्रं वाजीकरोति, अनेनाश्व इव बलकारिणी हर्षजा शक्तिरुक्ता । कृशं बृंहयतीत्युपचयलक्षणा शक्तिरुक्ता । वयः स्थापयतीत्यनेन आयुर्वृंढिकरत्वं सूचयति । एतदेव प्रधानतमत्वसाधनं श्लोकेनापि दर्शयन्नाह शरीरोपचयमित्यादि ।

डल्हणः ।

बस्तिद्वारा दोषशमनाय जिज्ञासा

चित्रकर्मगुणकृद् गुरुणोक्तो ।
बस्तिमूर्धमथ चैति न नाभेः ॥
शीघ्रमापतति चानु स देहात् ।
सर्वतः कथमपोहति दोषान् ॥

अ० सं० सि० ५।६२

चित्रेत्यादि । गुरुणा भवता बस्तिर्विचितकर्मकृत् विचित्रगुणकृच्चोक्तः । अथ च बस्तिर्नाभेरूर्ध्वं नैति । न च बहुकालं देहे तिष्ठत्यपि तु शीघ्रमापतत्येवं स्वरूपः स कथं दोषानपोहतीति विज्ञापना । इन्दुः ।

बस्तिप्रयोगद्वारा दोषानुलोमने युक्तिः

ऊचे गुरुः स्तिमितमारुतवश्यमेत ।
देहस्य यद्बहिरपाश्रितमंतरे वा ॥
दुष्टस्य तस्य जनयन्ननुलोमनं नु ।
बस्तिर्हिनस्ति विषमानतिरोगपूगान् ॥

अ० सं० सि० ५।६३

एवं विज्ञप्तो गुरुः पुनर्वसुस्तमग्निवेशमित्यूचे किमित्याह देहस्य यत्किञ्चित् बहिराश्रितं धात्वादि तत् सर्वं मारुत वश्यं वातवशात् भवति । तस्य तु सर्वशरीरोपकारकरण् भूतस्य वायोर्बस्तिदुष्टस्य सतोऽनुलोमतां जनयद्विषमानपि [illegible] रोगपूगान् व्याधिसंङ्घान् हिनस्ति । इन्दुः ।

गयी है ।

बस्ति महत्वम्

अनिलो हि [illegible]मशिशूनां च बस्तिकर्मामृतं यथा ॥
संप्रत्यङ्गाङ्गव्यापी [illegible]मर्थयशसी शिशोरायुः प्रजा पितुः ॥

त्रयमेकपदे हन्ति भेषजं दुरनुष्ठितम् ।
तस्मादापन्न रोगेषु वातप्रायेषु देहिषु ॥

का० सं० सि० १

.....

आकेशाग्रनखाग्रेभ्यो बस्तिर्बृंहयते नरान् ।
वर्णतेजो बलकरं आयुष्यं शुक्रवर्धनम् ॥
योनि प्रसादनं धन्यं वन्ध्यानामपि पुत्रदम् ।
बस्तिकर्म कृतं काले बालानाममृतोपमम् ।
वातिकान् वात संष्ठान्..... ॥

का० सि १।-

गर्भस्रावादौ वस्तिप्रयोग महत्वम्

यासां च गर्भाः स्रंसन्ते जाता वा न वृढाः सुतः ।
सुकुमार्यश्च या नार्यः सुभगा नित्यमैथुनाः ॥
बहुस्त्रीकाश्च ये बाला ईश्वराणामयोवनाः ।
संक्षीयन्तेऽतिसङ्क्षाद्वाये च..... ॥
.....तेषां प्रशस्तममृतं यथा ।

का० सं० सि० १।

स च सर्वोपक्रमाणां प्रधानतमः शीघ्रसुख बृंहणानुकारित्वाद्विकृतानिलोच्छेदित्वाच्च ।

अ० सं० सू० २८।

स च बस्ति सर्वेषां वमनादोनामुपक्रमाणां मध्ये प्रधानः । कुत इत्याह । शीघ्रेत्यादि । शीघ्रमनायासेन वक्ष्यमाण बृंहणादिगुणकारित्वाद्विकृतानिलोच्छेदित्वाच्च । यतः सोऽनिलो दोषव्यापारकः । एतदेवाह ।

इन्दुः ।

बस्तयः कल्पदृष्टाहि यथाकाले सुखावहाः ।
क्षीणातिरिक्ता दूष्यन्ते तस्माद्योगं समाहरेत् ॥
नित्यं नारी विहाराणां क्षीणानामल्परेतसाम् ।
एवमेव विधानं च रेतोबर्ल विवर्धनम् ॥

भे० सि० ८।६०-६१

सिराव्यधदृष्टान्तेन बस्तिमहत्व सूचनम्

तस्माच्चिकित्सार्धं इति प्रदिष्टः
कृत्स्ना चिकित्साऽपि च बस्तिरेकः ।
तथा निजागंतुविकारकारि-
रक्तौषधत्वेन शिराव्यधोऽपि

तस्माद्दोषप्राधान्यस्य पवनस्य शमनार्थात्कारणाद्बस्तिश्चिकित्सार्धं इति कथितः । एकैश्चाऽचार्यैर्निरवशेषाऽपि चिकित्सा बस्तिः प्रदिष्टः । ननु चतुर्णा भिषजादीनामित्यादिलक्षणा चिकित्सा तत्कथं तस्या भागकल्पना कर्तुं युज्यते । न च सर्वाचिकित्सा बस्तिरिति वक्तुंशक्यते । शेषचिकित्साशास्त्रविस्तरस्यानर्थक्यप्रसंगात् । तस्मादेतदुक्तमिवाऽऽभाति । अत्रोच्यते । तथाऽपि वायुविकारा अशीतिरुक्ताः । पित्तश्लेष्मविकाराश्चषष्टिरुक्ताः तत्र वातविकाराणां प्रधानोपक्रमो बस्तिस्तस्माच्चिकित्सार्धो बस्तिः कार्यद्वारेणोक्ताः । अथवा मारुतं पित्तश्लेष्मविट् सहितं बस्तिः समूलमेवापकर्षतीत्युक्तया सर्वाचिकित्साकार्यद्वारैकैरुपदिष्टः । अन्यत्राऽपि चैवं प्रायो निर्दिशत आचार्यैः । तथा च मुनिः । यानीह कर्माण्युक्तानि विसर्पविनिवृत्तये । एकस्तानि सर्वाणि रक्तमोक्षणमेकत इति । चिकित्सार्धमित्यं तु पाठो न युक्त एव । अर्धशब्दस्य हि समविभाग एव नपुंसकत्वम् । न चाऽत्र समप्रविभागो गम्यते तस्मान्नपुंसकत्वमात्रज्ञाप्यम् । तथेत्यादि । न केवलं बस्तिर्यावच्छिराव्यधोऽपि चिकित्सार्धः सर्वा वा चिकित्सेत्युपदिष्टः । कुतः । निजेत्यादिना । निजा वातादिसमुत्था आगंतवो विष वह्न्यादिसमुत्थाः । निजाश्चाऽगंतवश्च ते चते विकाराश्च निजागंतु विकारास्तान्कर्तुं शीलमस्य तन्निजागंतुविकारकारि तच्च तद्रक्तं च निजागंतुविकारकारिरक्तं तस्यौषधत्वेन । तत्र विसर्पविद्रधि प्रभृतिरोगविशेषोपशमकरणाच्चिकित्सार्धः शिराव्यध उपदिष्टः । तथाऽपरेऽपि ये रोगाः शीतोष्ण स्निग्धरूक्षाद्यैरुपक्रमैरनुपशांतास्तेऽपि शिराव्यधसाध्याः । अत एव सर्वाऽपि चिकित्साशिराव्यध उक्त इति ।

अरुणदत्तः

यत एवं गुणो बस्तिस्तस्मात्तेन प्रकारेण बस्तिश्चिकित्सार्धं साधनमिति प्रदिष्टमित्युक्तम् । कृत्स्ना चिकित्साऽपि च बस्तिरेके । यतः स पित्तकफमूत्रादिकं सर्वमेव विकृतं मूलादुद्धरति तस्मात्तमधिकृत्य कृत्स्नाऽपि चिकित्सा बस्तिना साध्यत इत्यर्थः । अतोऽपरे आचार्या आयुर्वेदविदः कृत्स्ना सकलाऽपि चिकित्सा बस्तिना साध्यतइत्यर्थः । तथा बस्तिश्चिकित्सार्धमिति केचित् । प्रतिपन्ना निजाश्चागन्तवश्चेति विकारा निजागन्तुविकारास्तान् करोतीति तच्छीलं रक्तं निजागन्तुविकारकारिरक्तं तस्यौषधत्वेन प्रशमनंतस्य भावो निजागन्तुविकारकारिरक्तौषधत्वेन शिराव्यधश्च चिकित्सार्धं कृत्स्ना वा चिकित्सा अपिशब्दः [illegible] केवलं बस्तिश्चिकित्सार्धमथवा सकलापि चिकित्सेति भद्रम् ।

बल. चंद्रनन्दनः ।

दोषनाशक वस्ति के विषय में प्रश्नमहर्षि आत्रेय पुनर्वसु
के पश्चात् मुनियों द्वारा उसे आदर से स्वीकार कर

लेने पर अग्निवेश प्रभृति शिष्यों ने प्रसन्न मन से अभिवादन करके एक साथ ही पूछा। आपने बस्ति को सभी कर्मों के गुणों को बहुत ही उपयोगी बताया है। परन्तु बस्ति नाभि के ऊपर तो जाती नहीं तथा गुदा की ओर शीघ्र लौट जाती है अतः वह सम्पूर्ण शरीरगत दोषों को किस प्रकार दूर करती है। इसका उत्तर समझाते हुए गुरु ने कहा कि वायु सङ्गविघात से शरीर धारण करता है। वायु स्वयं गतिमान है शेष दोष पङ्गु है। यदि वायु अपना स्वाभाविक कर्म छोड़ दे तो पित्त और कफ स्वयं कहीं भी नहीं जा सकते और एक ही स्थान पर रुके रहेंगे। तथा शरीर का पालन न होगा, पित्त-कफ-पुरीष एवं वायु का शोधन कर बस्ति वायु का अनुलोमन करती है जिससे उस आशय गत वायु की शान्ति हो जाने पर सम्पूर्ण शरीर के रोग समूह दूर हो जाते हैं।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार—स्नेहादि पंचकर्मों में आचार्य वस्ति को प्रधान कर्म मानते हैं क्योंकि—वस्ति अनेक कार्यों को सिद्ध करती है। नाना प्रकार के द्रव्यों के संयोग से वस्ति तैयार की जाती है अतः दोषों का संशोधन, संशमन, संग्रहण करती है, क्षीण शुक्र को शुक्रवान् बनाती है, कृश को पुष्ट करती है, मेदस्वी को पतला करती है, आंखों को पोषण करती है। वलिपलित दूर करती है। वयः स्थापक है। विधिवत् सेवन की गयी बस्ति शरीर की पुष्टि, वर्ण, बल, आरोग्य एवं दीर्घायु उत्पन्न करती है।

वृद्ध वाग्भट के अनुसार बस्ति सभी चिकित्सा कर्मों में मुख्य है। यह शीघ्र ही बृंहणादि गुणों को करती है। एवं विकृत वायु का नाश करती है। अष्टाङ्गहृदयकार ने इसे आधी चिकित्सा माना है। कुछ आचार्य इसे सम्पूर्ण चिकित्सा मानते हैं। जिस प्रकार शारीरिक तथा आगन्तुक रोगों के उत्पादक रक्त की प्रधान चिकित्सा सिरावेध शल्यतन्त्र में मानी गयी है उसी प्रकार कायचिकित्सा में बस्तिचिकित्सा को सम्पूर्ण चिकित्सा मानी गयी है।

आचार्य काश्यप ने बस्ति के महत्व का निर्देश करते हुए कहा है कि शिशुओं तथा युवकों के लिए बस्ति अमृत के समान है। इससे वैद्य को धन एवं यश, शिशु को आयु तथा पिता को सन्तान की प्राप्ति होती है। यदि बस्ति औषधि द्रव्य का समुचित प्रयोग न किया जाय तो उपरोक्त तीनों एक साथ नष्ट हो जाते हैं। अर्थात् चिकित्सक का धन एवं यश, शिशु की आयु तथा पिता की सन्तान ये तीनों एक साथ नष्ट हो जाते हैं। अतः [illegible] में मनुष्यों को बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

बस्ति मनुष्यों के केशों के अग्रभाग से लेकर नखों सम्पूर्ण शरी का बृंहण करती है। जिन स्त्रियों का गर्भ जिनकी सन्तान अपुष्ट होने के कारण अल्पायु होत सुकुमार प्रकृति की हैं, जो नित्य रमण करती हैं, जो

तथा ऐश्वर्यशाली व्यक्तियों के बालक जो यौवन पूर्व ही अत्यन्त स्त्री संग से क्षीण हो गये हों उन सभी के लिए बस्ति का प्रयोग अमृत के समान है।

बस्ति सामान्य गुणः

स्तब्धाश्चये संकुचिताश्चयेपि
ये पङ्गवो येऽपि च भग्न रुग्णाः।
येषां च शाखासु चरन्तिवाताः
शस्तो विशेषेण हि तेषु बस्तिः॥
आध्मापने विग्रथिते पुरीषे
शूले च भक्तानभिनन्दने च
एवं प्रकाराश्च भवन्ति कुक्षौ
ये चामयास्तेषु च बस्तिरिष्टः।
याश्चस्त्रियो वातकृतोपसर्गा
गर्भं न गृह्णन्ति नृभिः समेताः।
क्षीणेन्द्रिया ये च नराः कृशाश्च
बस्तिः प्रशस्तः परमं च तेषु॥

च० सि० १।३३-३४

सामान्येन निरूहानुवासनयोर्गुणमाह स्तब्धाश्च य इत्यादि। भग्ना इति भग्नकायाः; रुग्ण इति सन्धिमुक्ताः। भक्तानभिनन्दने=अरोचके। वातकृतोपसर्गा इति वातकृतोपद्रवाः। क्षीणेन्द्रिया इति अतिक्षीणशुक्राः। अत्र शुद्धवातादिष्वनुवासनं, भक्ताभिनन्दनप्रकारेषु च निरूह इत्यादर्थोऽनुसरणीयः।

चक्रपाणि०

हि० व्या०—जिन व्यक्तियों का शरीर स्तम्भित हो गया हो (जकड़ गया हो), संकुचित हो गया हो, पंगु हो गया हो, अस्थिभग्न हो गया हो, शरीर में वातजन्य वेदना होती हो और जिनकी कुपित वायु शाखाओं में गमन करती हो, ऐसे व्यक्तियों में विशेष रूप से बस्ति का प्रयोग लाभकारी है। उदर में आध्मान, गाँठदारमल, उदरशूल, अरुचि तथा अन्य उदर रोगों में भी बस्ति का प्रयोग लाभकारी है। वातजन्य उपसर्ग के कारण जो स्त्रियां पुरुषों के संसर्ग करने पर भी गर्भधारण नहीं करती हैं तथा जो पुरुष क्षीणेन्द्रिय हो गया है उनके लिए बस्ति का प्रयोग अत्यन्त लाभकारी है।

बस्तिगुणाः

बलदोषकालरोगप्रकृतीः
विभज्य योजिताः सम्यक्।
स्वैरौषधवर्गैः
स्वान् रोगान्नियच्छन्ति॥

च० सि० १०।४
अ० हृ० क० ४।६८

अवेक्ष्यभेषजं बुद्ध्या विकारं च विकारवित् ।
बीजानेन शास्त्रज्ञः कुर्याद्वस्तिशतान्यपि ॥

सु० चि० ३६।११२

अत्र च बलादौ यथा प्रधानमिह गृहीते सर्वपरीक्षावरोधो व्याख्येयः; 'परीक्ष्य दोषौषध' (सि० अ० ३) इत्यादिनोक्तोऽप्ययमर्थः पुनः प्रकरणवशादुच्यते । स्वैः स्वैरौषधवर्गैरिति यथाव्याधिप्रतिपादितैरौषधैः । स्वान् स्वानिति तत्तद्वस्ति विधेयौषधस्य प्रशमनीयान् । चक्रपाणिः ।

अवेक्ष्यभेषजमित्यादि । तत्र भेषजंव्रणज्वरादिहरं, विकारं च व्रणज्वरादिकं वातपित्तकफसंसर्ग सन्निपातजं शोणितजं च । चकारेणानुक्तं कालबलादि समुच्चीयते । 'वातघ्नौषधनिष्क्वाथा' इत्यादिषु बस्तिषूक्तेनबीजेनेत्यर्थः । डल्हणः ।

हि० व्या०—बल, दोष, काल, रोग एवं रोगी की प्रकृति का विचारकर वातादिदोषों को नाश करने वाले अपने-अपने औषध वर्गों द्वारा निर्मित, वस्ति का समुचित प्रयोग तत्तद् रोगों को अवश्य दूर करता है ।

वायुप्रधान रोगेषु बस्तिचिकित्साया महत्वम् ।

शाखागताः कोष्ठगताश्च रोगा,
ममेर्ध्वसर्वावयवाङ्गजाश्च ।
ये सन्ति तेषां न हि कश्चिदन्यो,
वायोः परं जन्मनि हेतुरस्ति ॥
विण्मूत्रपित्तादिमलाशयानां,
विक्षेपसंघातकरः स यस्मात् ।
तस्यातिवृद्धस्य शमाय नान्य,
द्वस्तिंविना भेषजमस्ति किञ्चित् ॥
तस्माच्चिकित्सार्धमिति ब्रुवन्ति,
सर्वा चिकित्सामपि बस्तिमेके । च० सि० १।३८-४०,
अ० सं० सि० ५, अ० हृ० सू० १६।-

शाखाकोष्ठमर्मगता इत्यनेन त्रिविधशाखादि रोगमार्गो गृहीतः; मर्मशब्देन हि मध्यरोगमार्गाश्रयिणां सन्धिजानामपि साहचर्याद् ग्रहणम्; इह मर्मास्थिसन्धयो हि मध्यमो रोगमार्ग उक्तः । ऊर्ध्वसर्वशब्देन च ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्भेदादप्युक्त रोगमार्गइह ग्रहणम् । अवयवाङ्गजशब्देन च प्रादेशिक सर्वाङ्गभेदादप्युक्तग्रहणम् । वायोः पररिति वायोः परो न कश्चित् श्रेष्ठ इतियावत् । एतेन यद्य[illegible] अपि रोगकारणे भवतः, तथाऽपि वायुरेव श्रेष्ठ इत्युच्यते । व[illegible] हेतुमाह-विण्मूत्रेत्यादि । पित्तादीत्यत्रादिशब्देन कफस्य ग्र[illegible] कफस्य ग्रहणम्, मलशब्देन चेतरधातुमलानां खमलादीनां च आशयशब्देन मलव्यतिरिक्त प्रसादाख्यानामाशयानां

विक्षेपसंघातकर इति वियोगमेलककरः; एतेन यस्माद्वायुरेव दोषधातूनां संयोग विभागौकरोति, तेन दोषदूष्यविण्मलमेलकरूपनिखिलव्याधिकरणे वायुरेवप्रधानं भवतीति भावः । किं वा-आशयशब्दः प्रत्येक विडादिभिः सम्बध्यते, स्थानेन च स्थानिनो लभ्यन्ते, विडादिसंयोगविभागेनैव च सर्वव्याधिकरण परिग्रहो भवति । भवत्वेवं वातस्यप्राधान्यमतः किमित्याह-तस्येत्यादि । भेषजमिति प्रधानं भेषजं, यदुक्तं "बस्तिर्वातहराणाम्" (सूत्र० अ० २५) इति । अतोबस्तावर्धचिकित्सा रूपता तथा सर्वचिकित्सारूपता च युक्तैव । चक्रपाणिः

हि० व्या०—शाखा, कोष्ठ, मर्मप्रदेश तथा शरीर के ऊर्ध्वभाग या प्रत्येक अङ्ग प्रत्यङ्ग में होने वाले जो कोई भी रोग होते हैं, वायु के अतिरिक्त उनकी उत्पत्ति में अन्य कोई दोष कारण नहीं है अर्थात् उन रोगों की उत्पत्ति में वायु प्रधान कारण है । मल-मूत्र-पित्त आदि मलाशयों को अलग करना तथा संयोग करना वायु का कर्म है, अतः वृद्धि को प्राप्त उस वायु की शान्ति के लिए वस्ति के अतिरिक्त अन्य कोई औषध नहीं है, इसलिए वस्ति चिकित्सा कर्म का आधाभाग है । विद्वानों का ऐसा ही विचार है । कुछ विद्वान वस्ति को सभी रोगों की चिकित्सा मानते हैं । वंगसेन में चरक के समान पाठ है । अष्टाङ्गहृदयकारने 'विट्श्लेष्मपित्तादिमलाचयानां, पाठ उद्धृत किया है । पित्तादि से मूत्र का ग्रहण इन्दुकर ने किया है । चरक संहिता में 'विण्मूत्र-पित्तादि' ऐसा पाठ है । चत्रपाणि ने भी अपनी व्याख्या में पित्तादि से श्लेष्मा का ग्रहण किया है ।

बस्तिकर्मणः प्रशंसा

बस्तिदानात् परं नास्ति चिकित्साङ्गसुखावहा ।
शाखा कोष्ठगता रोगाः सर्वार्धाङ्गगताश्च ये ॥
तेषां समुद्भवे हेतुर्वातादन्यो न विद्यते ।
जेता चास्य प्रवृद्धस्य बस्तितुल्यो न कश्चन ।
तदुपार्धं चिकित्सायाः सर्वं बाह्यचिकित्सितम् ॥

का० खि० ८।३-५

हि० व्या०—कोई भी चिकित्सा बस्ति से बढ़कर शरीर के अङ्गों के लिए सुखकारी नहीं है । शाखागत कोष्ठगत, सम्पूर्ण शरीरगत अथवा अर्ध शरीरगत जितने भी रोग हैं । उनकी उत्पत्ति में वायु के अतिरिक्त अन्य कोई कारण नहीं है । बढ़े हुये वायु को जीतने के लिए वस्ति के समान अन्य कोई उपाय नहीं है । इस प्रकार बस्तिचिकित्सा समस्त वात रोगों की आधी चिकित्सा मानी गयी है ।

अनिलो हि दोषाणां नेता स्वतन्त्रः सर्वशरीरचेष्टैककारणं पंचात्मतया संप्रत्यङ्गाङ्गव्यापी विधाता विविध बाह्याध्यात्मिकभावसर्गस्थिति प्रलयानां हेतु-

मार्गत्रयजानामपि रोगाणामिति । अ० सं० सू० २८।

अनिलेत्यादिना । अङ्गानि शिरः प्रभृतीनि । प्रत्यङ्गानि नेत्रकर्णाङ्गुल्यादीनि । विविधानां बाह्यानां तरुप्रभृतीनामाध्यात्मिकानां च देहस्थानां भावानां ये सर्गस्थिति प्रलयास्तेषां विधाता । सर्ग उत्पत्तिः । स्थिति स्थानम् । प्रलयो विनाशः । अन्तर्मार्गजानां बहिर्मार्गजानां मध्यम मार्गजानां च हेतुः । इन्दुः

हि० व्या०—वायु सभी दोषों में प्रधान है । कफ और पित्त दोष का वाहक वायु है । सम्पूर्ण शरीर में होने वाली चेष्टा या गति वायु के द्वारा ही होता है । पंचमहाभूतों के गुण से युक्त होने के कारण वायु सिर एवं नेत्र (अङ्ग एवं उपाङ्गों) में व्याप्त है । अनेक प्रकार के बाह्य एवं आध्यात्मिक भावों को धारण करने वाला है । उत्पत्ति स्थिति एवं विनाश का कारण है, अन्तर्मार्ग और मध्यममार्ग में उत्पन्न होने वाले रोगों की उत्पत्ति में कारण है ।

चिकित्सार्धं कृत्सना चिकित्सा वस्तिः

बस्तिवेगोऽनिलं हन्ति पर्यन्यं च यथानिलः ।
कफपित्तविकारा हि सर्वे वातवशानुगाः ॥
अशीतिर्वातिका रोगाश्चत्वारिंशत्तु पित्तजाः ।
विंशतिः श्लैष्मिकाश्चापि संतृष्टानामसंग्राहात् ॥
सर्वेषामेव चैतेषां रोगाणां संग्रहैस्सदा ।
अर्दितानां हि भूतानां वस्तिरग्र्यं परायणम् ॥
अनिलप्रभवा ह्येते सर्वे वस्तिवशानुगाः ।
तस्मादर्धं चिकित्सायाः सर्वं वस्तिरुच्यते ॥

भे० सि० अ० ६।-

वस्ति प्रशस्तिः

ज्ञानवान् सुमिताहारो वैद्यशुश्रूषुरेव च ।
यश्चवस्तिमुपाससीत स जीवेच्छरदां शतम् ॥

भे० सि० ५।३३

यस्तु बस्तिं निषेवेत चातुर्मास्यं सदा नरः ।
रोगास्संवर्जयेयुस्तं सिंहावासं यथा गजाः ॥
एते गुण विशेषाश्च व्याख्याता वस्तिकर्मणि ।

भे० सि० ६।१९-२०

वस्तेरमृतकल्पत्वम्

एकतो वस्तिकर्माणि ह्येकतोऽन्यच्चिकित्सितम् ।
अमृताय वस्तिकर्म कृते सुप्रयोजितम् ॥
शुक्लं बह्ववरोधस्य न क्षयं जाति देहिनः ।
स्त्रीषु प्रधर्षणंकुर्यान्नराणां क्षीणरेतसाम् ॥

इत्याद्वातरजः स्त्रीणां वन्ध्या गर्भं लभेत च ।
वस्ति प्रयोगात् षण्डोऽपि पुमान् भवति सर्वशः ॥
कृशानामपि मर्त्यानां मांससंजननं स्मृतम् ।

भे० सि० ६।३१-३३

बस्ति प्रयोगस्य शीघ्रफलकारित्वे युक्तिः ।

कर्मान्यद्वस्ति समं न विद्यते
शीघ्रं सुखविशोधित्वात् ।
आश्वपतर्पण तर्पणयोगाच्च
निरत्ययत्वाच्च ॥ च० सि० १०।१५

बस्ति विशेष गुणः

शाखा वातार्तानां संकुचित-
स्तब्धभग्नरुग्णानाम् ।
विट्सङ्गाध्मानारुचिपरिकर्ति-
रुगादिषु च शस्तः ॥ च० सि० १०।९

आश्वपतर्पणयोगादिति अपतर्पणार्थप्रयुक्तो बस्तिरन्यापतर्पणभेषजेभ्यः शीघ्रमपतर्पणं करोति; एवं तर्पकद्रव्ययुक्तोऽपि बस्तिः शीघ्रमितरतर्पणापेक्षया तर्पणं करोति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—सुखपूर्वक और शीघ्र मलों का शोधन करने से, शीघ्र अपतर्पण करने से, किसी प्रकार के उपद्रवों का भय न होने से अन्य चिकित्सा विधियां बस्ति चिकित्सा के समान नहीं हैं अर्थात् अन्य चिकित्सा पद्धतियों से श्रेष्ठ है ।

जो व्यक्ति शाखागत वातप्रकोप से पीड़ित हो, अंगों में संकोच हो गया हो, जड़ता, भग्न, आध्मान, अरुचि और परिकर्तिका रोग से पीड़ित हो तो उसमें बस्ति का प्रयोग उत्तम है ।

बस्ति प्रशस्तिः

वस्तिर्वयः स्थापयिता सुखायु-
र्बलाग्निमेधास्वरवर्णकृच्च ।
सर्वार्थकारी शिशुवृद्धयूनां
निरत्ययः सर्वगदापहश्च ॥ चक्रदत्तः

हि० व्या०—आचार्य चक्रदत्त के अनुसार—बस्ति के उपयोग से आयु स्थिर होती है, सुख, आयु, बल, अग्नि, मेधा स्वर और वर्ण की वृद्धि होती है । बालक, वृद्ध तथा युवा सब अवस्थाओं में लाभकारी है । बिना उपद्रव के सभी प्रकार के रोगों को नष्ट करता है ।

वस्तेस्सर्वार्हत्वम्

बालानामथ वृद्धानां युवमध्यनयोस्तथा ।
स्वस्थानामातुराणां च बस्तिकर्म प्रशस्यते ॥

भे० सि० अ० ६।२

हि० व्या०—आचार्य भेल के अनुसार बस्ति—बालकों; वृद्धों, युवकों और मध्यम आयु के सभी लोगों के लिए तथा रोगियों एवं स्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी प्रशंशनीय है ।

सामान्यतो बस्तिप्रयोगजन्य फलानि ।

अष्टादशाष्टदशकान् वस्तीनां यो निषेवते ।
विधिना ना यथोक्तेन स भवेदजडोऽरुजः ॥
सहस्रायुः श्रुतधरो वीतपाप्मामरप्रभः ।
वाजिस्यदो नागबलः स्थिरबुद्धीन्द्रियानलः ॥

अ० सं० सू० २८।६०-६१

यो हि पुरुषो बस्तीनां सम्बन्धिनोष्टादशकान्यथोक्ते कालकर्मयोगादिना विधिना निषेवते । सोऽजरादिगुणो भवति । क्रियतोऽष्टादशकानित्याह । अष्टादशा एवमष्टादशाभिरष्टादशकैर्वस्तीनां त्रीणिशतानि चतुर्विंशत्यधिकानि भवन्ति । वाजिस्यदो योऽश्वइव स्त्रीषु स्रवति । इन्दुः ।

हि० व्या०—जो पुरुष विधिपूर्वक १८ × १८ = ३२४ बस्तियों का सेवन करता है वह बुद्धिमान्, निरोगी; दीर्घायु, श्रुतधर, पापरहित' घोड़े के समान बलवान्, हाथी के समान शक्तिमन्त, स्थिर बुद्धि एवं इन्द्रिय तथा प्रखर अग्निबल से युक्त होता है ।

बस्तिरनिल प्रधानेषु दोषेषु प्रयुज्यते । अ० सं० सू० २८।२(क)
स्नेह शोधन युक्त्यैवं बस्तिकर्म त्रिदोषजित् । अ० हृ० सू०१९
वातो[1]ल्वणेषु दोषेषु वाते वा बस्तिरिष्यते ।
उपक्रमाणां सर्वेषां सोऽग्रणी । अ० हृ० सू० १९।२

हि० व्या०—स्नेहन, स्वेदन, शोधन (वमन-विरेचन), कर्म करने के पश्चात् और युक्तिपूर्वक अर्थात् विधिवत् वस्ति सेवन करने से तीनों दोषों को जीत लेता है । इससे तात्पर्य है कि तीनों दोषों से होने वाले रोग दूर होते हैं । संसर्गज व्याधियों में वात दोष प्रधान होने पर तथा केवल वात दोष से उत्पन्न व्याधियों में बस्ति लाभकारी है । सभी उपक्रमों में बस्ति चिकित्सा श्रेष्ठ है ।

---

१. वात उल्वणोऽधिको येषां दोषाणां तेषु बस्तिरिष्यते । आचार्येरिति शेषः । तत्र वातपित्ते वातश्लेष्मण्यथवा केवले वायौ बस्तिरिष्यते । उपक्रमाणां चिकित्सानां सर्वेषां स बस्तिरग्रणीः प्रधान तमः अरुणदत्तः ।

बस्ति द्वारा केवल शोधने युक्तिः ।

यथा कुसुंभादियुतात्तोयाद्रागं हरेत्पटः ।
तथा द्रवीकृताद्देहाद्वस्तिर्निर्हरते मलान् ॥ अ०हृ०सू० १९

कुसुंभकुंकुमादियुक्ताज्जलायया पटो वासो रागं हरेद् गृहणीयन्न कुसुंभादिकं तथैव द्रवीकृत्कायाद्दषधातूनामेकलोलीभावेऽपि बस्तिर्दोषान्निर्हरेन्न धातून् ।

अरुणदत्तः ।

हि० व्या०—यद्यपि बस्ति गुदामार्ग द्वारा केवल मलाशय में ही जाती है और उससे केवल मलाशय का ही विकार दूर होना चाहिए तथापि जिस प्रकार कुसुम्भ आदि रंगों से मिश्रित जल में से वस्त्र रंग को ग्रहण कर लेता है उसी प्रकार स्नेहन, स्वेदन से द्रवीभूत (चलायमान) मलों को बस्ति शरीर से बाहर निकाल देती है ।

सम्पूर्ण शरीरान् मलशोधने बस्ति प्रभाव संकेतः ।

आपाद तलमूर्धस्थान् दोषान् पक्वाशये स्थितः ।
वीर्येण बस्तिरादत्ते रवस्थोऽर्को भूरसानिव ॥

च० सि० ७।६४ वङ्गसेन

पक्वाशये स्थित इति पक्वाशयगत एव । आदत्ते वीर्येणेकि शक्तया स्वभाव सम्बद्धया । एवं भूतवीर्यं बस्तावेव; तेन पाचनादि प्रयोगाणां न बस्तिवत्तदहरेव सकलदेहगतदोष विजेतृत्वं भवति । रवस्थ इत्याकाष गतम् । चक्रपाणिः ।

यच्च पक्वाशयथो दोषानापादमस्तम् ।
वीर्येण बस्तिरादत्ते रवस्थोऽर्को भूरसानिव॥

अ० सं०सि० ५

पक्वाशयाद्बस्तिवीर्यं स्वदेहमनुसार्यति ।
वृक्षमूले निषिक्तानामपांपूर इव द्रुमम् ॥

वङ्गसेन बस्ति प्र० ८२

पक्वाशययस्थितोऽपि बस्तिरापादमलमस्तकंस्थितान् । दोषान् वीर्येणादत्ते । यथा रवस्थ आकाशस्थोऽर्को भूरसान् दूरस्थानाप्यायते । इन्दुः ।

हि० व्या०—जिस प्रकार सूर्य आकाशचारी होते हुए भी पृथ्वी के रस को अपनी शक्ति द्वारा खींच लेता है उसी प्रकार पक्वाशय में स्थित बस्ति की औषधि अपनी (वीर्य) शक्ति के द्वारा पैर के तलवे से लेकर शिर के समस्त दोषों को खींचकर निकाल देती है ।

आचार्य वंगसेन ने एक और उदाहरण देते हुए लिखा है कि—जिस प्रकार वृक्ष की मूल (जड़)में जल सींचने से सम्पूर्ण वृक्ष में व्याप्त होता है उसी प्रकार वस्ति द्रव्य का वीर्य पक्वाशय से सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त होता है ।

अपान-समान-व्यानादि वायु संचार क्षेत्रे बस्तिप्रभावेयुक्तिः।

यत्तत्रौषध वीर्यं हि तदपानेन वायुना।
पर्याप्तमचिरादेव समानः प्रतिपद्यते॥
समानादूत्तरं चैवं व्यानाद्याः पवनाक्रमात्।
ते तृप्ताः प्रकृतिं यान्ति शरीरानुग्रहे स्थिताः॥
प्रसह्यपित्तश्लेष्माणौ यथास्थानं निवेश्य च।
सन्तर्पयन्ति परितः स्वान्स्वान् भूतगुणांस्तनौ॥
व्यानस्तिर्यगपानोऽधः प्राणश्चोर्ध्वं प्रकर्षति।
यथास्वमेव नाडीभिर्हारिणीभिरिवोदकम्॥
एवं वा तैः सिराभिश्च वपुर्बस्तिः सुयोजितः।
व्याप्नुवन्प्रसभं हन्ति सुकृच्छ्रानपि यक्ष्मणः॥

अ० सं० सि०५

तत्रेति बस्तौ यदौषधानां वीर्यं तदपानाख्येन वायुना समन्तात् प्राप्तमचिरादेव वीर्यं समानाख्यः प्राप्नोति। समानस्य पश्चाद व्यानोदानप्राणः क्रमेण पञ्च वायव इत्यौषध वीर्येण तृप्ताः प्रकृतिं स्वरूपं यातास्तनौ शरीरे स्वान् स्वान् वायव्यान् भूतगुणास्तैर्गुणैस्तर्पयन्ति परितः समन्तात्। किमुक्ता आह शरीरानुग्रहे स्वास्थ्यसंवाहने स्थिताः। किं कृत्याह। प्रसह्य पित्तश्लेष्माणौ यथास्वं स्थाने निवेश्य। तर्पयन्ति परितश्च। बस्तिं व्यानस्तिर्यगपकर्षति। अपानाश्चाधः प्राणश्चोर्ध्वमपकर्षति यथात्मीय नाडीभिः। यथान्यः कश्चिद्वारिभि केदारे पूदकमपकर्षति। हारिण्यः केदारजल सञ्चरणीयः।

इन्दुः।

हि० व्या—बस्ति के सम्पूर्ण शरीर में व्यापकता में हेतु--जो बस्ति तत्तद्रव्यों के कार्मुकता (वीर्य) के आधार पर पक्वाशय में दी जाती है वह सद्यः अपान वायु के द्वारा (उस औषधि वीर्य को) समान वायु ग्रहण करता है और समान वायु के बाद व्यान वायु, उदान वायु और प्राण वायु उसे ग्रहण करते हैं इस प्रकार पांचों प्रकार के वायु औषधिवीर्य के प्रभाव से तृप्त होकर स्वाभाविक अवस्था में आकर स्वास्थ्य को अनुकूल रखती है। पित्त और श्लेष्मा को अपने अपने स्थान पर स्थापित करती है और शरीर में पंचमहाभूतात्मक औषध द्रव्यों से अपने वायव्य गुणों को चारों तरफ से सन्तर्पण करती है। उस बस्तिद्रव्य के प्रभाव को व्यान वायु तिर्यक् प्रदेश में, अपान वायु अधःप्रदेश में, प्राणवायु ऊपर की ओर सारे शरीर में पहुंचाती है जैसे किसी केदारी में नालियों द्वारा चारों ओर से जल पहुंचाया जाता है। इस प्रकार से सम्यक् प्रयुक्त बस्ति वात और शिराओं के द्वारा शरीर में व्याप्त होते हुए अत्यन्त दुःसाध्य यक्ष्मा जैसे रोगों को भी दूर करते हैं।

स्रोतः शोधन कर्मणि बस्ति प्राधान्य सूचन द्वारा स्वस्थता लाभे युक्तिः।

बस्तिस्तस्मात् सर्वकर्मप्रधानं सर्वातंकान्
हंति निःशेषतश्च। स्रोतांस्यतः शोधयित्वा च
कुर्याद्दोषांस्तेजः शुक्रद्वेहाग्निदीप्तिमिति॥ अ० सं० क० ५

तस्मात् सर्वकर्मणां वमनादीनां बस्तिः प्रधानं निःशेषतश्च सर्वातंकान् हन्ति। अन्तः स्रोतांस्यणूनिशोधयित्वा ओजः प्रभृतींश्च कुर्यात्। इन्दुः।

हि० व्या—चिकित्सा के सभी कर्मों में प्रधान है, सभी रोगों का मूलोच्छेद करता है। दोष और स्रोतों का शोधन करता है। शरीर में ओज एवं शुक्र को बढ़ाता है। अग्नि को प्रदीप्त करता है।

त्रिदोष चिकित्सायां बस्ति कर्मणः महत्वम्

बस्तिर्वाते च पित्ते च कफे रक्ते च शस्यते।
सं[1]सर्गे सन्निपाते च बस्तिरेव हितः सदा॥

सु० चि० ३५।६, वङ्गसेन

दोष[2]त्रयस्य यस्माच्च प्रकोपेवायुरीश्वरः।
तस्मात्तस्यातिवृद्धस्य शरीरमभिनिघ्नतः॥
वायोर्विषहते वेगं नान्या बस्तेर्ऋतेक्रिया।
पवनाविद्ध तोयस्य वेला वेगमिवोदधेः॥
शरीरोपचयं वर्णं बलमारोग्यमायुषः।
कुरुते परिवृद्धिं च बस्तिः सम्यगुपासितः॥ सु०चि० ३५।२९-३१

हि० व्या०—आचार्य सुश्रुत के अनुसार वातज, पित्तज, कफज रोगों, दोष संसर्ग तथा सन्निपात में बस्ति उत्तम है। वायु, पित्त, कफ इन तीनों दोषों को कुपित करने में वायु सामर्थ्यवान है। बढ़ी हुई वायु जो शरीर में हानि करती है उस वेग को बस्ति के अतिरिक्त अन्य कोई भी चिकित्सा कर्म सहन नहीं कर सकती है। जिस प्रकार वायु से ताड़ित समुद्र जल को वेला (किनारा)ही सहन करती है उसी प्रकार शरीरस्थ प्रकुपित वायु के वेग को बस्ति चिकित्सा ही सहन कर सकती है। सम्यक् सेवन की गई बस्ति शरीर की पुष्टि वर्ण, वल, आरोग्य एवं आयु की वृद्धि करती है। वाग्भट एवं आचार्य वंगसेन ने भी इसी आशय को उद्धृत किया है।

तथा कफस्य पित्तस्य मलानां च रसस्य च।
विक्षेपणो संहरणो वायुरेवात्र कारणम्॥ का० सं० सि० ८।४

१. संसर्गो दोषद्वय प्रकोपः, प्रकृतिसमसमवेतज्वराद्यारम्भ दोषत्रय प्रकोपः सन्निपातोऽत्राभिप्रेतः। डल्हणः।
२. दोषत्रयस्येत्यादि। यथा उदधेः समुद्रस्य पवनाविद्धतोयस्य अनिलेनाभुग्नसलिलस्य, वेला कूल मर्यादा, वेगं विषहते विशेषेण सहते। डल्हणः।

हि० व्या०—जिस प्रकार रोगोत्पत्ति में वायु को विशिष्ट कारण माना गया है उसी प्रकार कफ, पित्त, मल एवं रस के विक्षेप तथा संघात में भी वायु ही कारण है। उपर्युक्त चारों उपादानों के संयोग एवं वियोग में वायु को कारणता होने से वायु को ही कारण माना गया है।

पक्वाशय गतोऽपि बस्तिः कथं स्वाग्नैः शरीरं व्याप्नोति इत्यत्र युक्तिः दृष्टान्तश्च।

पक्वाशये तथा श्रोण्यां नाभ्यधस्ताच्च सर्वतः।
सम्यक् प्रणिहितो बस्तिः स्थानेष्वेतेषु तिष्ठति॥
पक्वाशयाद्बस्तिवीर्यं खैर्देहमनुसर्पति।
वृक्षमूले निषिक्तानामपां वीर्यमिव द्रुमम्॥
स चापि सहसा बस्तिः केवलः समलोऽपिवा।
प्रत्येति वीर्यं स्वनिलैरपानाद्यैर्विनीयते॥
वीर्येण बस्तिरादत्ते दोषानापादमस्तकात्(न्)।
पक्वाशयस्थोऽम्बरगो भूमेरर्को रसानिव॥
स कटीपृष्ठकोष्ठस्थान् वीर्येणालोड्य संचयान्।
उत्खात् मूलान् हरति दोषाणां साधुयोजितः॥

सु० चि० ३५।२४-२८

सम्यक् प्रदत्तो बस्तिर्येषु स्थानेष्ववतिष्ठते तान्याहपक्वाशये इत्यादि। कथं तर्हि पक्वाशयादिमात्रगतो बस्तिः क्वचित् सर्वेषामवयवानामवसादं, क्वचित् सर्वाङ्ग गतानां दोषाणां हरणं शमनं च जनयतीत्याह-पक्वाशय इत्यादि। पक्वाशयाद्बस्तिवीर्यं खैः स्रोतोभिरनुसर्पति कृत्स्न देहे, वीर्यं, शक्तिः प्रभाव इत्यनर्थान्तरम्। तिष्ठंस्तावास्रोद्बस्तिर्गुणकारी भवतु, कथं निर्गतोऽपि तादृश स्यादित्याह स चापीत्यादि प्रत्येति प्रत्यागच्छति। वीर्यं स्नेहादिगुणः। अपानादयैरिति आद्यपदेनोदानादयो बोद्धव्याः। अपानेनाधः, उदानेनोर्ध्वं, व्यानेन सर्वत्र, विनीयते विशेषेण सर्वशरीरावयवेषु नीयते। सकलावयवगतदोषहरणं बस्तेरेकस्थानस्थितस्योपमानेन दर्शयन्नाह—वीर्येणेत्यादि। अन्ये त्वत्रामुं श्लोकं न पठन्ति। डल्हणः।

हि० व्या०—विधिपूर्वक दी गई बस्ति पक्वाशय श्रोणी और नाभि के नीचे (चारों ओर) इन्ही स्थानों में स्थित होती है। पक्वाशय से बस्ति की शक्ति स्रोतों द्वारा सम्पूर्ण शरीर में फैल जाती है, जिस प्रकार वृक्ष की मूल में दिये गए पानी वृक्ष के स्रोतों द्वारा सम्पूर्ण वृक्ष में फैल जाती है। बस्ति अकेली या मल के साथ अपान वायु या उदान वायु की शक्ति से शीघ्र वापस आ जाती है, अथवा ऊपर को चली जाती है। सम्पूर्ण शरीर में फैल जाती है। पक्वाशय में स्थित बस्ति अपनी वीर्य (शक्ति) के कारण सिर से लेकर पैर तक के सब

दोषों को ग्रहण कर लेती है जिस प्रकार सूर्य आकाश में रहते हुए भी भूमि के रसों को खींच लेता है। विधिवत् दी गई बस्ति अपनी शक्ति से कटि, पीठ एवं कोष्ठ में स्थित (संचित) दोषों को जड़ सहित उखाड़ देती है।

बस्तिभेदाः

सामान्यतः द्विविधबस्तिभेदाः—
तत्र द्विविधो बस्तिः—नैरूहिकः, स्नैहिकश्च।

सु० चि० अ० ३५।१८

हि० व्या०—आचार्य सुश्रुत के अनुसार बस्ति दो प्रकार की है। (१) निरूहबस्तिः (२) स्नेहबस्ति। आचार्य भावमिश्र एवं शार्ङ्गधर ने सुश्रुत के इस मत का समर्थन किया है।

सामान्यतः त्रिविधो बस्तिः

अनुवासनं निरूहश्चोत्तरबस्तिश्च स त्रिविधाः।

च० सि० १०।८

स तु बस्तिस्त्रिविधः।
आस्थापनमनुवासन उत्तरबस्तिश्च॥

अ० सं० सू० २८।-

उपक्रमाणां सर्वेषांसोऽग्रणी त्रिविधश्च सः।
निरूहश्चानुवासनो बस्तिरुत्तरः॥

अ० हृ० सू० १९।२

निरूहोऽनुवासनाख्यश्च लिङ्गे चोत्तरसंज्ञितः। वंगसेन

हि० व्या०—आचार्य पुनर्वसु आत्रेय के अनुसार बस्ति तीन प्रकार की होती है—(१) अनुवासन बस्ति (२) निरूह बस्ति और (३) उत्तर बस्ति। अष्टाङ्ग संग्रह, अष्टाङ्ग हृदय तथा वंगसेन ने इनका समर्थन किया है।

मतान्तरेण केवलं बस्तित्रयम्

त्रिभ्यः परं बस्तिमतो नेच्छंत्यन्ये चिकित्सकाः।
नहि दोषश्चतुर्थोऽस्ति पुनर्दीयेत यं प्रति॥

अ० हृ० सू० १९।-

अतएव हेतोस्त्रिभ्यो बस्तिभ्यः परमपरे भिषजो निरूहं नेच्छंति। यतस्त्रयो दोषास्त्रिभिर्बस्तिभिर्निवर्तित इति चतुर्थो दोषो न विद्यते यं लक्षीकृत्य भूयश्चतुष्कोदीयते। अरुणदतः।

हि० व्या०—बस्ति तीन प्रकार की होती है क्योंकि चौथा कोई दोष नहीं [illegible] कल्पना की जाय।

प्रयोजनानुसारेण त्रिविधा भेदाः

उत्क्लेशनं शुद्धिकरं दोषाणां शमनं क्रमात् ।
त्रिधैव कल्पयेद्वस्तिमित्यन्येऽपि प्रचक्षते ॥

अ० सं० सू० २८।४३
अ० हृ० सू० १९।५०

अन्ये पुनराचार्या दोषयोगपद्यहरणेऽप्युत्क्लेशनादि भेदेन वस्तित्रयमिच्छन्ति । इन्दुः ।

अन्ये आचार्यास्त्रिविधैव त्रिविधमपि बस्तिं प्रकल्पयेदित्येवमाहुः । एकं बस्तिमुत्क्लेशनं दोषाणां कल्पयेत् द्वितीयं बस्तिं दोषाणां शुद्धिकरं तृतीयं दोषाणां शमनं क्रमात् परिपाट्या । तत्र दोषानुत्क्लेशयतीत्युत्क्लेशनः । दोषाणां शुद्धिं करोतीति शुद्धिकरः । दोषान् शमयंतीति शमनः । चंद्रनन्दनः ।

हि० व्या०—दोषों को उत्क्लेशित करने वाली, दोषों की शुद्धि करने वाली, दोषों का शमन करने वाली, ये तीनों वस्तियां क्रमशः कोपन, शोधन और शमन करती हैं । अन्य आचार्य भी तीन प्रकार की ही बस्ति मानते हैं ।

बस्तिप्रयोगे यथाक्रमं उत्क्लेशन दोषहर संशमन बस्ति प्रयोग संकेतः

दद्यादुत्क्लेशनं पूर्वं मध्ये दोषहरं पुनः ।
पश्चात् संशमनीयं च दद्याद्वस्तिं विचक्षणः ॥

सु० चि० ३८।९२
भाव प्र० वंगसेन

तत्रानुत्क्लिष्टदोषस्य आदावुत्क्लेशनं, मध्ये दोषहरं, ततः पश्चादोषशेषस्य संशमनाय संशमनमिति । उत्क्लिष्टदोषस्य दोषहरणसंशमने एव कर्तव्ये । दोषहरस्य बस्तेः प्रथमपुटकदानेन सम्यग्दोषानिर्हरणे द्वितीयं, तृतीयं वा पुटकंदद्यात्, एवमुत्क्लेशन संशमनयोरपि वेद्यम् । उत्क्लिष्टादिज्ञानं तु दोषाणां प्रकोपादि लक्षणेन । डल्हणः ।

हि० व्या०—बस्तिकर्म में दक्ष वैद्य को पहले उत्क्लेशन बस्ति देनी चाहिए । मध्य में दोषनाशक और अन्त में संशमन बस्ति देनी चाहिए ।

बस्तिकर्मणास्त्रयो भेदास्तेषां लक्षणानि च

कर्मकालश्च योगश्च तिसृः संज्ञा यथाक्रमम् ।
वक्ष्ये निरुक्तनिर्देश संख्यादोष विकल्पतः ॥

का० सं० खिल० ८

हि० व्या०—निरुक्ति निर्देश, संख्या तथा दोषभेद के अनुसार समूह तीन प्रकार का होता है । (१) कर्मबस्ति, (२) कालबस्ति (३) योगबस्ति ।

कर्मकालयोगरूप त्रिविधबस्तिसंख्यानिरूपणम्

त्रिंशदर्धं कर्मसु बस्तयो हि ।
कालस्ततोऽर्धेन ततश्च योगः ॥ च० सि० १।४७

कर्मकालयोगसंज्ञा यथाक्रमं त्रिंशत्षोडशाष्टबस्ति समुदायेषु ज्ञेया । कालस्तदर्धेनेत्यत्र अर्धशब्दो न समप्रतिवचनः; तेन त्रिंशदर्धं षोडश भवन्ति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—तीस बस्तियों के समुदाय (कोर्स) का नाम कर्म बस्ति है । इससे आधा अर्थात् १६ बस्तियों के समुदाय (कोर्स) का नाम कालबस्ति है और आठ बस्तियों के समुदाय (कोर्स) का नाम योग वस्ति है ।

कर्म वस्ति लक्षणम्

बाहु··· ··· ··· ते कर्म संज्ञितम् ।
अत्युदीर्णे बले जाते प्रयोज्यं तद्यथाविधि ।

का० सं० खि० ८।७

हि० व्या०—शरीर में बल अधिक रहने पर (बलवान् रोगी को) कर्मबस्ति का विधिवत् प्रयोग करना चाहिए ।

कर्मबस्ति योग्यायोग्यम्

गम्भीरानुगता यस्य क्रमेणोपचिता मलाः ।
कुपिता वातभूयिष्ठा बस्तिसाध्या विशेषतः ॥
संपन्नस्य सहिष्णोश्चकर्म तस्य परायणम् ।

का० सं० खि० ८।२८-२९

हि० व्या०—जिस व्यक्ति के क्रमशः संचित हुए एवं गम्भीरधातुओं में प्रविष्ट मल कुपित हो गया हो तथा वात की प्रधानता हो वे दोष विशेष रूप से बस्ति साध्य हो तथा रोगी अभावग्रस्त नहीं हो और सहनशील हो तो उस रोगी को कर्मबस्ति का प्रयोग कराना चाहिए ।

कर्मबस्ति संख्या निरूपणम्

सान्वासना द्वादश वै निरूहाः
प्राक् स्नेह एकः परतश्च पञ्च ।

च० सि० १।४८ (क)

प्राक् स्नेह एकः पञ्चान्ते द्वादशास्थापनानि च ।
सान्वासनानि कर्मैवं बस्तयस्त्रिंशदीरिताः ॥

अ० सं० सू० २८।५५
अ० हृ० सू० १९।५३

अन्वासनाश्चतुर्विंशतिनिरूहः षट् च कर्मणि ।

क० सं० खि० ८।१०

चतुर्विंशति सङ्ख्याताः निरूह[illegible]नुवासनाः ।
एतत्कर्मेति निर्दिष्टमूर्ध्ववाते [illegible]पयेत् ॥

भे० सि० ५।२८

हि० व्या०—कर्मबस्ति में बारह अनुवासनबस्तियों के साथ [illegible]रूह-बस्तियां तथा सर्वप्रथम एक अनुवासनबस्ति और सबके अन्त में पांच अनुवासन बस्ति दी जाती है। इस प्रकार कुल मिलाकर तीस बस्तियां होती है। आचार्य भेल के अनुसार २४ बस्तियां होती हैं।

बस्ति मात्रा संख्या परिभाषितनामानि

— — — ।
— (ब) स्तयः कर्मसंज्ञिताः ।
अन्तरेषु निरूहाः स्युरतश्चोर्ध्वं न दापयेत् ॥

(का० सं० सि० अ०२)

हि० व्या०—कुछ बस्तियां कर्म संज्ञक होती है। इनके बीच-बीच में निरूह बस्तियां देनी चाहिए। इसके पश्चात् अन्य बस्तियां नहीं देनी चाहिए।

कालबस्ति लक्षणम्

तदर्धकलनात् कालः स हि मध्यबलान्वये ।
पवने पित्त संसृष्टे विधातज्ञो विजानता ॥

का० खि० ८।८-९

हि० व्या०—मध्यम बलयुक्त रोगी तथा वायु के साथ पित्त का संसर्ग होने पर बुद्धिमान् (वैद्य) को कालबस्ति का प्रयोग करना चाहिए। कर्मबस्ति की अपेक्षा संख्या में आधी होने के कारण इसे कालबस्ति कहते हैं।

कालबस्ति योग्याः प्रयोग विधानं च

अतो मध्यस्य कालस्यस्यादव (र) स्थावरस्तथा ।
स्नेहस्वेदोपपन्नस्य वामितस्य यथाक्रमम् ॥
स्निग्धस्विन्नस्य तु पुनर्विरिक्तस्य क्रमेगते ।
दत्तानुवासनस्यास्य यथायोगं ततस्त्र्यहात् ॥
क्षणिकस्य प्रशान्तस्य निरूहमुपलक्षयेत् ।

का० सं० खि० ८।३०-३१

हि० व्या०—मध्यम बल, मध्यम दोष, तथा मध्यम साधन से युक्त (मध्यम आय समूह) रोगी को कालबस्ति देनी चाहिए तथा हीनबल, हीनदोष एवं हीन साधन वाले रोगी को क्रमशः स्नेहन, स्वेदन तथा वमन कराकर पुनः (दुबारा) क्रमशः स्नेहन, स्वेदन तथा विरेचन के पश्चात् अनुवासनबस्ति देकर तीन दिन तक रोगी को विश्राम कराकर निरूहबस्ति देनी चाहिए।

कालबस्ति संख्या निरूपणम्

काले त्रयोऽन्ते पुरतस्तथैकः ।
स्नेहा निरूहान्तरिताश्च षट्स्युः ॥ च० सि० १।४८
कालः पञ्चदशकोऽत्र प्राक्स्नेहोऽन्ते त्रयस्तथा ।
षट्पंच बस्त्यन्तरिता ... ...

अ० सं० सू० २८।५६
अ० हृ० सू० १९।५४

द्वादशाऽन्वासनाः काले निरूहाश्चात्र वै त्रयः ।

क० खि० अ० ८।११

हि० व्या०—कालबस्ति में तीन अनुवासन बस्ति अन्त में आदि में एक अनुवासन बस्ति और छः अनुवासन के साथ छः निरूहबस्ति का क्रमशः प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार इसमें १६ बस्तियां होती है।

योगबस्ति लक्षणम्

अल्पत्वात् स्नेहबस्तीनां युक्तेर्योगः स लाघवम् ।
प्रयोज्यः कफ संसृष्टे नातितीव्रबलेऽनिले ॥

का० सं० खि० ८।९-१०

हि० व्या०—आचार्य काश्यप के अनुसार योग बस्ति में स्नेह बस्तियों के योग के कम होने से तथा लघु होने से इसे योगबस्ति कहा जाता है। कफ के अनुबन्ध से उत्पन्न रोग तथा वायु प्रबल नहीं होने पर इसका प्रयोग करना चाहिए।

योगबस्ति विधानम्

त्रिभिरन्वासितस्यातः सप्ताहः कर्मकालयोः ।
पुनरास्थापनं कार्यं योगः स्यात् पञ्चमोऽहनि ॥
स्वभ्यक्तस्विन्नगात्रस्य कल्यमप्रतिराशिनः ।
कोष्ठानु साऽऽमं शाखाभ्यःसम्यक् संवाहितस्य च ॥ का० सं खि० ८

हि०व्या०—तीन दिन जिसे अनुवासनबस्ति दिया हो उसे एक सप्ताह के पश्चात् कर्म तथा काल बस्ति देनी चाहिए। पुनः निरूहबस्ति देकर शरीर का स्नेहन तथा स्वेदन करके प्रात; रिक्त कोष्ठ में योग बस्ति देनी चाहिए। यदि कोष्ठ में आम प्रकोप हो तो शाखाओं पर संवाहन करके पांचवें दिन योग बस्ति देनी चाहिए।

योगबस्ति संख्या संकेतः

योगे निरूहास्त्रय एव देयाः ।
स्नेहाश्च पञ्चैव परादि मध्याः ॥ च० सि० १।४९

योगेऽष्टौ बस्तयोत्र तु ।
त्रयो निरूहाः स्नेहाश्चस्नेहावाद्यन्तयोरुभौ ॥
अ० सं० सू० २८।५७
अ० हृ० सू० १९।५५
त्रय एव निरूहाः स्युर्योगे पञ्चानुवासनाः ।
का० खि० ८।१२

हि० व्या०—योगबस्ति—योगबस्ति में तीन निरूह तथा, आदि, मध्य और अन्त में पांच अनुवासन बस्ति का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार योगरूप में आठ बस्तियाँ होती है।

कार्मुक भेदाः
विशोधनीय बस्ति योग्यायोग्यम्

न क्षीणक्षतदुर्बलमूर्च्छितकृशशुष्कदेहानाम् ।
युञ्ज्याद्विशोधनीयान् [1]दोषनिबद्धायुषो ये च ॥ च० सि० १०।१२
अ० हृ० क० ४।७२

हि० व्या०—शोधनबस्ति के अयोग्य - क्षीण, छत, दुर्बल, मूर्च्छारोग से पीड़ित, कृश और शुष्क व्यक्ति को, तथा वमन आदि से तत्काल जिनका शरीर शुद्ध कराया गया हो एवं जो व्यक्ति दोषों के रुकने के कारण ही जीवित हों उन्हें शोधन बस्ति नहीं देनी चाहिए।

सामान्यतः शोधनबस्ति द्रव्य वर्णनम्

शोधनद्रव्यनिष्क्वाथास्तत्कल्कस्नेह सैन्धवैः ।
युक्ताः खजेन मथितबस्तयः शोधनाः स्मृताः ॥ सु० चि० ३१।३८
शा० उ० ६।२० वंगसेन

(१) शोधनद्रव्याणां वमनविरेचनपठितानां क्वाथः पूर्ववत्, सैन्धवं च, तेषामेव शोधनद्रव्याणां कल्कस्य पलद्वयं, स्नेहस्य षट् पलानि, अनुक्तस्यापि मधुनः चत्वारि पलानि, क्षीरस्यैकं पलं, मूत्रस्य सार्धपलं, तथा काञ्जिकस्यापि, इत्येवं चतुर्विंशति पलानि भवन्ति। 'बस्तयः शोधनाः स्मृता' इति सामान्य वाक्यत्वात् सामान्य बस्तिपरिभाषामनेनायं बस्तिः परिकल्पितः, तथा वक्ष्यमाणा अपि कल्पनीया, वातादिविशेषं च वीक्ष्य विशेषमानेन च प्रयोज्याः। डल्हणः।

१. दोषानिबद्धायुष इति दोषे मलादिरूपे देहस्थे निबद्धमायुर्येषां शोष्यति दुर्बल प्रभृतीनां ते तथा, उक्तं हि—'शोषी मुञ्चति गात्राणि पुरीष स्रंसनादपि।
अबलापेक्षिणी मात्रां किं पुनर्यो विरिच्यते" (च०चि० ८)
इति चक्रपाणिः।

(२) शोधनद्रव्याणीह विशेषेणोपयोगित्वात् "सू० ३९ अ०" उक्तानि त्रिवृतादीन्येवेत्यवधेयम्। हाराण०।

(३) शोधनद्रव्याणि निकुम्भादीनि प्रसिद्धानि। तानि निकुम्भ-त्रिफला-गवाक्षी-स्नुक्-शंखिनी-तिल्वकानि, शम्याक-कम्पिल्लक-हेमदुग्धा-दुग्धं च विरेचनानि। आढ़मल्लः

हि० व्या०—वमन एवं विरेचन प्रकरण में निर्दिष्ट शोधन द्रव्यों के क्वाथ (निकुम्भ, त्रिफला, गवाक्षी, स्नुही, शंखिनी, तिल्वक, अमलतास, कम्पिलक स्वर्णक्षीरी) में उन्हीं द्रव्यों का कल्क मिलाकर स्नेह और सैंधव लवण मिलाकर अच्छी प्रकार मथानी से मथकर बस्ति तैयार करने पर शोधनबस्ति कहलाती है। सुश्रुत के इस पाठ को शार्ङ्गधर एवं वंगसेन ने भी उद्धृत किया है।

शताह्वा शिग्रु सिद्धार्थवका क्रौञ्चवचाघनैः।
राठेन्द्रयवसिंधूत्थैः पिष्टैर्बस्तिः प्रकल्पितः॥
दशमूलीरसक्षौद्रतैलकाञ्जिकयोगतः।
शोधनो दोषनाशाय पुष्टिवर्णाग्नि वर्धनः॥ वंगसेन
बस्ति १५८-१५९

हि० व्या०—सौंफ, सहिजन, श्वेत सर्षप (सरसों), तगर, पिप्पली, वच, नागरमोथा, हींग, इन्द्रजौ और सैंधव नमक इन सबका एकत्र कल्क बनाकर दशमूल के क्वाथ, शहद, तेल और कांजी में मिलाकर बस्ति देनी चाहिए। यह बस्ति शोधन, दोषनाशक, पुष्टिकारक, वर्ण और अग्निवर्धक है।

सामान्यतः लेखन बस्तिद्रव्याणां वर्णनम्।

त्रिफलाक्वाथगोमूत्र क्षौद्रक्षार समायुताः।
ऊषकादि प्रतीवापा बस्तयो लेखनाः स्मृताः॥ सु० चि० ३८।८२
शा० उ० ६।२१ भा० प्र०, वंगसेन

त्रिफलाक्वाथेत्यादि। त्रिफलाक्वाथः पूर्ववत्, गोमूत्रस्य च पलत्रयं, निरूहणाङ्गत्वादनुक्तस्यापि सैंधवस्याक्षं, क्षौद्रस्य चत्वारि पलानि, यवक्षारस्य कर्षत्रयं, तथा निरूहणाङ्गत्वात् स्नेहः प्राप्तस्ततो लेखनीयस्य कटुतैलस्य षट्पलानि, ऊषकादि द्रव्याणां पलद्वयमित्येवं चतुर्विंशतिः। डल्हणः।

हि० व्या०—त्रिफलाक्वाथ, गोमूत्र, मधु, यवक्षार, ऊषकादिगण की औषधियों का प्रक्षेप युक्त बस्ति को लेखन बस्ति कहा जाता है। आचार्य सुश्रुत के इस विचार का शार्ङ्गधर, भावमिश्र और वंगसेन ने अनुकरण किया है।

बृंहण बस्तिः

न बृंहणीयान् विदधीत बस्तीन्
विशोधनीयेषु गदेषु वैद्यः।

कुष्ठ प्रमेहादिषु मेदुरेषु
नरेषु ये चापि विशोधनीयाः ॥ च० सि० १।३६

हि० व्या०— कुष्ठ, प्रमेह एवं मेदस्वी पुरुषों तथा अन्य विशोधन करने योग्य रोगों में, शोधन करने योग्य पुरुषों में बृंहणबस्ति का प्रयोग नहीं करना चाहिए। चक्रपाणि ने कुष्ठ प्रमेहादिषु की व्याख्या करते हुए अरोचक, तन्द्रा, श्लीपद आदि रोगों का भी ग्रहण किया है। चरक सिद्धिस्थान अध्याय दश में इसी आशय को आचार्य ने पुनः उद्धृत किया है जिसे टिप्पणी में प्रदर्शित किया गया है।

बृंहण बस्ति द्रव्य वर्णनम्।

बृंहणद्रव्यनिष्क्वाथाः कल्कैर्मधुरकैर्युताः।
सर्पिर्मांसरसोपेताः बस्तयो बृंहणाः स्मृताः ॥ सु० चि० ३८।८३
शार्ङ्गधर, भाव प्र०, वंगसेन

बृंहणद्रव्याणां विदारीगन्धादीनां क्वाथः पूर्ववत् कल्कैरित्यादिना काकोल्यादीनां कल्कपलद्वयं, मधुनः पूर्ववत्, घृतस्य षट् पलानि, सैन्धवं पूर्ववत्, मांस रसस्य सप्तदङ्काधिकं पलत्रयमित्येवं चतुर्विंशति पलानि। डल्हणः।

हि० व्या० - प्रसृत निरूहबस्ति द्रव्य मिश्रण क्रम का वर्णन करते हुए आचार्य काश्यप ने लिखा है कि शुभ होने की दृष्टि से मधु सबसे पहले डाला जाता है। मधु की पिच्छिलता, बहुलता तथा कषैलापन को अपने तीक्ष्ण गुण के कारण लवण नष्ट कर देता है और संघात बना देता है अतः मधु के बाद उसमें लवण डाला जाता है। इसके पश्चात् तैल डालने से सभी द्रव्यों में

एकीभाव (एकात्मता) उत्पन्न होता है। कल्क का शीघ्र ही संसर्जन हो जाता है तथा क्वाथ से समरूपता आ जाती है। पश्चात् मूत्र डालने से गुण में वृद्धि करता है तथा वीर्य (शक्ति) को बढ़ाता है। इस प्रकार ठीक ढंग से मथकर तैयार की गई बस्ति स्रोतों से कफ, वायु तथा पित्त को शीघ्र ही निकाल देती है। इससे विपरीत (अनुचित) ढंग से तैयार की गई बस्ति ठीक प्रकार से मिल नहीं पाती है।

असम्यङ्मथितः श्लिष्टो बस्तिर्नार्थायकल्पते।
तत एष क्रमो दृष्टो निरूहस्योपयोजने॥ क० खि० ८।४३

हि० व्या०—ठीक प्रकार से न मथी हुई तथा परस्पर ठीक प्रकार से न मिली हुई बस्ति अपने प्रयोजन को सिद्ध नहीं करती हैं या सम्यक् रूप से कार्य नहीं करती हैं। अतः निरूहबस्ति में औषध की योजना उपरोक्त क्रम से करना चाहिए।

प्रमाणं च प्रकृष्टस्य प्रसृतेर्यदुदाहृतम्।
तस्मात् प्रमाणादुत्कर्षो वयोबलवदिष्यते॥
अपकर्षस्तु कर्तव्यः संप्रधार्य वयोबलम्।
गुणतस्तूभयत्वेन दृष्ट्वा व्याधिबलाबलम्॥
का० खि० ८।४७-४८

हि० व्या०—द्वादश प्रसृति निरूहबस्ति का जो प्रमाण पहले बताया गया है वह प्रकृष्ट प्रमाण है। इस प्रमाण में रोगी की अवस्था तथा बल के अनुसार वृद्धि की जा सकती है उसी प्रकार रोगी की अवस्था तथा बल के अनुसार न्यूनता भी की जा सकती है। रोग के बलाबल को देखकर भी कभी वृद्धि की जा सकती है।

निरूहमात्रा निर्देशः।

निरूहमात्रा प्रसृतार्धमाद्ये वर्षे ततोऽर्धप्रसृताभिवृद्धिः॥
आद्वादशात् स्यात् प्रसृताभिवृद्धिरष्टादशाद् द्वादशतः परं स्युः।
आसप्ततेस्तद्विहितं प्रमाणमतः परं षोडशवद्विधेयम्॥
निरूहमात्रा प्रसृतप्रमाणा बाले च वृद्धे च मृदुविशेषः॥
च० सि० ३।३१-३३

निरूहमात्रा प्रथमे प्रकुञ्चो वत्सरे परम्।
प्रकुञ्चवृद्धिः प्रत्यब्दं यावत् षट् प्रसृतास्ततः॥
प्रसृतं वर्द्धयेदूर्ध्वं द्वादशाष्टादशावधि।
आसप्ततेरिदं मानं दशैव प्रसृतं परम्॥
यथायथं निरूहस्य पादो मात्रानुवासने। वंगसेन

हि० व्या०—एक वर्ष के बालक के लिए निरूह बस्ति की मात्रा आधा

प्रसृत (१ पल) इसके बाद प्रत्येक वर्ष के बालक में आधा-आधा प्रसृत की मात्रा बढ़ाकर १२ वर्ष तक ६ प्रसृत की मात्रा देनी चाहिए। इसके बाद १८ वर्ष तक एक-एक प्रसृत की मात्रा बढ़ाकर १२ प्रसृति की मात्रा देनी चाहिए। १८ वर्ष से लेकर ७० वर्ष तक १२ प्रसृत की मात्रा, ७० वर्ष से ऊपर दश प्रसृत की मात्रा देनी चाहिए। बाल और वृद्धों में विशेष रूप से मृदु निरूह बस्ति की कल्पना करनी चाहिए।

मात्रा वस्ति प्रयोगे सावधानता संकेतः स्तम्भनबस्ति महत्वं च।

नाति योगं न चायोगं स्तम्भिनस्ते च कुर्वते।
निरूहा लेखनाः प्रायो बृंहणाः स्नेहबस्तयः॥
यापनेषूभयं तस्मान्नेष्टं तेष्वनुवासनम्। अ० सं० क० ५।

हि० व्या०—मात्रा बस्ति में अतियोग या अयोग जन्य उपद्रव का भय नहीं रहता है। सभी बस्तियों में सामान्यतः एक दिन पश्चात् अनुवासन बस्ति देने का विधान है क्योंकि वायु प्रकोप का भय हो सकता है। निरूह बस्ति प्रायः लेखन गुण युक्त है और स्नेह बस्ति बृंहण गुण कारक है यापन बस्तियों में दोनों ही गुण विद्यमान हैं। अतः अनुवासन की आवश्यकता नहीं होती।

सामान्यतः पिच्छाबस्ति द्रव्य वर्णनम्।

बदर्येरावतीशेलुशाल्मली धन्वनाङ्कुराः
क्षीरसिद्धाः क्षौद्रयुक्ताः सासृाः पिच्छिलसंज्ञिताः।
वाराहमहिषैरभ्रैडालैणेय कौक्कुटम्।
सद्यस्कमसृगाजं वा देयं पिच्छिलबस्तिषु॥ सु० चि० ३८।८५-८६
योगरत्नाकरः० शा० ६।२३, वंगसेन, भा० प्र०

एरावती नागबला, शेलुः श्लेष्मातकः, धन्वनोधनुर्वृक्षः, यस्य 'धामन' इति लोके प्रसिद्धः, अंकुराअग्रपल्लवाः। सासृा: सरुधिरा। बदर्याद्यङ्कुरान् समुदायेन पलत्रय प्रमितान् चतुर्विंशतिपलप्रमितं दुग्धं दत्त्वा, चतुर्गुणं जलं निक्षिप्य क्वाथयेत्, ततः क्षीरशेषं चतुर्विंशति पलानि ग्राह्याणि; तत्र सामान्य परिभाषोक्तत्वान्मधुनश्चत्वारि पलान्यावाप्य, द्रवत्वाद्घृतस्य चत्वारि पलानीति; एवं पिच्छाबस्तेर्द्वात्रिंशत्पलानि भवन्ति। तथा चोक्तम्—"पिच्छाबस्तेर्भवेत् प्रस्थः पादोनः कीर्तितोऽपरः। चतुर्विंशतिमुष्टिश्च निरूहः समुदाहृतः"—इति। एवमपरेष्वपि पुटकेषु पिच्छाबस्तिमानं कल्पनीयम्। सासृा इति यदुक्तं तत् कस्यास्रमित्याहवाराहेत्यादि। उरभ्रोमेषः, एणस्येदम् ऐणेयम्, एणः कृष्णसार इति जेज्जटाचार्यः, ब्रह्मदेवस्तु एण्या इदमैणेयं, न पुनरेणस्येदं एणम्, सद्योजातं सद्यस्कं तत्कालीनं जीववतामेव ग्राह्यम्, जीवानुसन्धानार्थम्। डल्हणः।

हि० व्या०—पिच्छिलबस्ति—बेरी का फल, नागबला, लिसाड़ा, सेमल वृक्ष का छाल, (या अंकुर), नागरमोथा एकत्र कल्क बनाकर दूध में पकाना चाहिए। पश्चात् शहद मिलाकर पिच्छिलबस्ति देनी चाहिए। इसमें सूकर, महिष, हरिण, भेड़, विडाल, तथा बकरी का ताजा रक्त मिलाकर बस्ति देने का भी विधान है। इस योग को चक्रदत्त, शार्ङ्गधर एवं वंगसेन ने भी उद्धृत किया है। आचार्य वंगसेन ने—बदर्यैरावतीः के स्थान पर विदार्यैरावतीपाठ लिखा है। आचार्यशार्ङ्गधर ने 'धन्वांकुराः' के स्थान पर 'धन्वनागराः' पाठ लिखा है। आचार्य डल्हण ने पिच्छावस्ति की मात्रा ३२ पल लिखा है जबकि आचार्य शार्ङ्गधर, वंगसेन एवं भावमिश्र ने पिच्छावस्ति की मात्रा १२ पल लिखा है। आचार्य भेल ने दो पिच्छाबस्ति के योगों को उद्धृत किया है।

मधुतैलिक बस्ति निर्वचनम्।

यस्मान् मधु च तैलं च प्राधान्येन प्रदीयते।
माधुतैलिक इत्येवं भिषग्भिर्बस्तिरुच्यते॥
सु० चि० ३८।११४

हि०व्या० - माधुतैलिकवस्ति—मुख्यतः इसमें मधु और तैल का प्रयोग होता है अतः इसे माधुतैलिकबस्ति कहते हैं।

प्रसिद्धस्यमाधुतैलिक बस्ति प्रयोगस्य महत्व सूचनम्।

नृपाणां तत्समानानां तथा सुमहतामपि।
नारीणां सुकुमाराणां शिशुस्थविरयोरपि॥
दोषनिर्हरणार्थाय बलवर्णोदयाय च।
समासेनोपदेक्ष्यामि विधानं माधुतैलिकम्॥
यानस्त्रीभोज्यपानेषु नियमश्चात्र नोच्यते।
फलं च विपुलं दृष्टं व्यापदां चाप्यसंभवः।
योज्यस्तत्रः सुखेनैच निरूहक्रम मिच्छता।
यदेच्छति तदैवैष प्रयोक्तव्यो विपश्चिता॥ सु० चि० ३८।९६-९९

नृपाणामित्यादि। तत्समानां राजतुल्यपुरुषाणां वाणिज्यव्यवहारिणां वार्धुषिकाणाम्। शिशुस्थविरयोः बालवृद्धयोः। दोषनिर्हरणार्थाय स्वस्थेऽपि कालेकृत दोषनिर्हरणार्थायः बलवर्णोदयाय च अपेतसकलदोषस्येत्यर्थः। नियमो निषेधः अत्र माधुतैलिकविधाने। यदेच्छतीति यदा यस्मिन् काले आतुर इच्छति तदा तस्मिन काले विपश्चिता वैद्येन एष बस्तिः प्रयोक्तव्यः, एतेन सार्वकालिकत्व मुक्तं भवति। डल्हणः।

हि० व्या०—राजाओं या राजाओं के तुल्य धनवान पुरुषों के लिए, स्त्रियों के लिए, सुकुमार, बालक तथा वृद्धों के दोषनिर्हरण हेतु, बल वर्ण को बढ़ाने वाली 'माधुतैलिकबस्ति' का सुश्रुत संहिता में वर्णन किया गया है। इन बस्तियों में सवारी पर यात्रा करना, स्त्री प्रसंग एवं भोजन (पथ्यापथ्य) में कोई विधि निषेध नहीं है। इस बस्ति का गुण उत्तम है एवं हानिरहित

(निरापद) हैं। अतः निरूहबस्ति के अन्तर्गत सुखपूर्वक (आसानी से) इसका व्यवहार किया जा सकता हैं। बुद्धिमान वैद्य आवश्यकतानुसार कभी भी इसका व्यवहार कर सकते हैं। उनमें शोधनविधि आवश्यक नहीं है।

माधुतैलिक बस्ति प्रयोग प्रकारः।

मधुतैले समे स्यातां क्वाथश्चैरण्डमूलजः।
पलार्धं शतपुष्पायास्ततोऽर्धं सैन्धवस्य च॥
फलेनैकेन संयुक्तः खजेन च विलोडितः।
देयः सुखोष्णो भिषजा माधुतैलिक संज्ञितः॥

सु० चि० ३८।१००-१०१ वंगसेन

पादहीनाः सर्वे एव माधुतैलिकाः, ततश्च तथा कल्पनीया यथा नव प्रसृता भवन्ति; मधुतैलयोः प्रसृताश्चत्वारो द्विकर्षाधिकाः, एरण्डमूल कषायस्य तावन्त एव, शतपुष्पार्धपलं, सैन्धवस्य कर्षं, मदनफलं चैकमित्येवं नव प्रसृता भवन्ति। अनयाकल्पनया सर्वे एव माधुतैलिकाः कल्पनीया इति जेज्जटाचार्यः गयी तु 'पलेनैकेन संयुक्तः, इति पठित्वा मृदुनाऽनुक्तेन मांसरसकाञ्जिकादिना पूरणं करोति। एवमपरेषु चतुर्षु नव प्रसृताः पूरणीया इत्याह। डल्हणः।

मधुतैले समे कर्षः सैंधवाद् द्विपिचुमिसिः।
एरण्डमूलक्वाथेन निरूहो माधुतैलिकः।
रसायनं प्रमेहार्शः कृमिगुल्मांत्रवृद्धिनुत्।
सयष्टिमधुकश्चैव चक्षुस्यो रक्तपित्तजित्॥

अ० सं० क० ५।२, अ० हृ० क० ४।२७-२८

एरण्डक्वाथ तुल्यांशं मधुतैलपलांशकम्॥
शतपुष्पा पलार्धेन सैन्धवार्धेन संयुतम्॥
माधुतैलिकसंज्ञोऽयं बस्तिः खजविलोडितः।
मेदोगुल्मकृमिप्लीहमलोदावर्तनाशनः।
बलवर्णकरश्चैव वृष्यो दीपन बृंहणः।

शा० उ० ६।२८-३० भा० प्र०।

हि० व्या०—माधुतैलिकबस्ति—मधु और तैल समान भाग (चार प्रसृत-दो कर्ष), एरण्डमूल का क्वाथ चार प्रसृत (शेर दो कर्ष,) सौंफ आधा पल, सैंधव लवण एक कर्ष, मदनफल संख्या में एक कुल मिलाकर नौ प्रसृत द्रव्य को मथानी से विधिवत् मथकर सुखोष्ण बस्ति देनी चाहिए। इसका नाम माधुतैलिक वस्ति है। आचार्य 'गयी के अनुसार इसमें मांसरस एवं काजी मिलाना चाहिए। आचार्य वंगसेन ने सुश्रुत के समान पाठ उद्धृत किया है।

आचार्य वाग्भट के अनुसार मधु एवं तिल तैल एक-एक पल, सैंधवलवण एक कर्ष, सौंफ दो कर्ष, एरण्डमूलत्वक् का क्वाथ चार पल मिलाकर निरूहण-

बस्ति देनी चाहिए। इसका नाम 'माधुतैलिक' वस्ति है। यह रसायन है। प्रमेह, अर्श, कृमि, गुल्म एवं वृद्धि रोग नाशक है।

उपरोक्त कल्प में मुलेठी का क्वाथ मिला देने पर नेत्रों के लिए लाभकारी तथा रक्तपित्त रोग नाशक है।

आचार्य शार्ङ्गधर ने वाग्भट के पाठ का समर्थन किया है। उनके विचार से यह योग मेद, हलीमक, उदावर्त नाशक है तथा बल्य, वर्ण्य, वृष्य, दीपन और पाचन गुण भी है।

दाशमूलिको माधुतैलिको बस्तिः।

पृथक्पलांशं विपचेत्पञ्चमूलमगोक्षुरम्।
क्षीराढके चतुः प्रस्थं पिष्टैर्यष्ट्यादिभिर्युतम्॥
क्षौद्रतैलाज्यसिधूत्थयुक्तं बस्तिः सुपूजितः।
विशेषाद्बालवृद्धस्त्रीसुकुमारसुखात्मनाम्।
तद्वत्सहचरबलासारिवादर्भसाधितम्॥

अ० सं० क० ५।-

अगोक्षुरं पञ्चमूलं चत्वारिद्रव्याणि। चतुर्थस्य पादशेषं कथितम्। एष बस्ति सर्वहितोऽपि बालादिषु विशेषात् पूजितः। अगोक्षुरं गोक्षुररहितम्। यष्ट्यादीन्यनन्तरबस्तिपठितानि यष्टिमित्यादीनि। सहचरादिसिद्धं क्षीरं तद्वदिति पूर्ववत् कल्कादियुक्तं तत् पूर्वस्मिन्नेव विषये।

हि० व्या०—शालिपर्णी, पृश्निपर्णी, छोटी कटेरी, बड़ी कटेरी इन चारों द्रव्यों को एक-एक पल की मात्रा में एकत्र कर एक आढ़क दुग्ध में यष्ट्यादि द्रव्यों के चार प्रस्थ कल्क में पकाकर चतुर्थांष शेष रहने पर शहद, तैल, घृत, और सैंधव लवण मिलाकर बस्ति का प्रयोग करना चाहिए। यह बस्ति विशेष रूप से बालक, वृद्ध और सुकुमार प्रकृति के सुखासीन लोगों के लिए लाभदायक है। इसी प्रकार से हरें, बला और सारिवा से सिद्ध बस्ति की भी कल्पना कर सकते हैं।

माधुतैलिकः क्षीरबस्ति योगः।

क्षीरबस्तिस्तथाभीरुगुडूचीबृहतीद्वयैः।
सिद्धं पयो मागधिकायष्टीमधुककल्कवत्॥

अ० सं० क० ५।१८

अभीर्वादिसिद्धं पयो मागधिकादिकल्कवत्तथा पूर्वगुण इत्यर्थः। इन्दुः।

हि० व्या०—शतावरी, गुडूची, छोटी कटेरी, बड़ी कटेरी, दूध में सिद्धकर पिप्पली और यष्टी मधु का कल्क मिलाकर क्षीर बस्ति देने से पूर्व वर्णित योग के समान लाभकारी है।

मधुकादिबस्तिः ।

मधुकं सैन्धवं कुष्ठं शतपुष्पा हरेणवः ।
मदनानि च रास्ना च भार्ङ्गी नीपरकज्वलम् ॥
मरि··· ··· ··· ··· ···।

भे० सि० ४।५३-

हि० व्या०—आचार्य भेल ने भी माधुतैलिक बस्ति का उल्लेख किया है। परन्तु श्लोकार्ध नष्ट होने के कारण इसका अर्थ समझना कठिन है।

माधुतैलिकबस्ति

मधुतैलात्प्रकुञ्चाः षट् षट् चैरण्डकषायतः ।
युक्तः सैंधवकर्षेण शताह्वार्द्धपलेन च ॥
बल्यो वृष्यो निरूहोऽयं मलहृन्माधुतैलिकः ।
गुल्मोदावर्तवृद्ध्यर्शोमेहहन्ता निरत्ययः ॥ वङ्गसेन

हि० व्या०—मधु, तैल, एरण्डमूल क्वाथ प्रत्येक छः पल, सैंधव लवण एक तोला, सौंफ का कल्क दो तोला, विधिवत् मथकर निरूह वस्ति की तरह देनी चाहिए। यह माधुतैलिकबस्ति बल्य, वीर्यवर्द्धक, मलों को निर्हरण करने वाली तथा गुल्म, उदावर्त, आयुवृद्धि अर्श एवं प्रमेह को नष्ट करती है।

पञ्चमूलादिका माधुतैलिक बस्तियोगः ।

पञ्चमूलीकषायं च तैलं मागधिका मधु ।
बस्तिरेष विधातव्यः सशताह्वः ससैंधवः ॥

सु० चि० ३८।१०४, अ० सं० क० ५।६,
अ० हृ० क० ४।३३, शा० उ० अ० ६।-

पञ्चमूलीकषायस्य कर्षद्वयाधिकानि अष्टौ पलानि, मधुतैलेऽपि तावन्मात्रे एव, मागधिका शताह्वा सैन्धवानामेकं पलम्। अयं च पाञ्चमूलिको माधुतैलिकः। डल्हणः।

हि० व्या०—वृहत् पञ्चमूल क्वाथ में तैल; पिप्पली, मधु, सौंफ, सैंधव मिलाकर वस्ति देनी चाहिए।

द्विपञ्चमूलादि माधुतैलिक बस्तिः

द्विपञ्चमूलत्रिफलाफलबिल्वानि पाचयेत् ।
गोमूत्रे तेनपिष्टैश्च पाठावत्सकतोयदैः ॥
सफलैः क्षौद्रतैलाभ्यां क्षारेण लवणेन च ।
युक्तो बस्तिः कफव्याधि पाण्डुरोगविसूचिषु ॥
शुक्रानिलविबंधेषु बस्त्याटोपेषु पूजितः ।

अ० सं० क० ५।७, अ० हृ० क० ४।३४-३६

हि० व्या०—दोनों पञ्चमूल (दशमूल), त्रिफला, मदनफल, तथा वेल-

गिरि को गोमूत्र में पकाकर, जलीयांस जल जाने पर छानकर, पाठा, कुटज-त्वक्, मदनफल, नागरमोथा, मधु, तैल, यवक्षार तथा लवण का कल्क मिलाकर वस्ति प्रयोग करना चाहिए। यह बस्ति कफजनित रोग, पाण्डुरोग, विसूची, शुक्रोदावर्त, वातोदावर्त तथा वस्तिगत आध्मान में लाभकारी है।

एरण्डक्वाथ तुल्यांशं मधुतैल पलाष्टकम् ।
शतपुष्पा पलार्द्धं च सैन्धवाक्षेण संयुतः ॥
बलवर्णकरो बस्तिर्वृष्यो दीपन बृंहणः ।
मेदोगुल्मकृमिप्लीहगूथोदावर्तनाशनः ॥

वङ्गसेन, वस्ति १६६-१६७

हि० व्या०—एरण्डक्वाथ आठ पल (बत्तीस तोला), शहद चार पल, (सोलह तोला), तैल चार पल (सोलह तोला), सौंफ दो तोले, और सैंधव-लवण एक तोला विधिवत् मथकर वस्ति देने से बल और वर्ण की वृद्धि होती है। वीर्यवर्द्धक है, अग्नि दीपक एवं पौष्टिक है। मेदस्विता, गुल्म, कृमि, प्लीहा, उदावर्तादि रोग नाशक है।

चतुष्पलं तु मधुनस्तैलस्यापि चतुष्पलम् ।
एरण्डमूलक्वाथस्य तथा देयं पलाष्टकम् ॥
पलार्द्धं शतपुष्पायास्ततोऽर्द्धं सैंधवस्य च ।
मदनस्य पलञ्चैकं योज्यं युक्त्या विमर्दयेत् ॥
रसक्षीराम्लमूत्राणामाज्यञ्च पलमात्रकम् ।
खजेनालोड़ितः कोष्ठो माधुतैलिक संज्ञितः ॥
पादहीनोऽपि देयः स्याद्बस्तिर्लेखनबृंहणः ।
दीपनो गाढ़विट्कञ्च कृमीणां नाशनः परः ॥
पाचनो निष्परीहारः सुखदो निरुपद्रवः ॥
पुटकैकं प्रदानेन सिद्धोऽयं बस्तिरुत्तमः ॥

वङ्गसेन, वस्ति (१७१-१७५)

हि० व्या०—मधु चार पल (सोलह तोला), तैल चार पल (सोलह तोला), एरण्डमूल क्वाथ ३२ तोला, सौंफ कल्क २ तोला, सैंधव लवण एक तोला, मदनफल एक पल (चार तोला), मिलाकर एकत्र मर्दन करके मांसरस, दूध, कांजी, गोमूत्र, एवं घृत प्रत्येक चार-चार तोले, डालकर विधिवत् मथकर सुखोष्ण बस्ति देनी चाहिए। यह माधुतैलिक बस्ति कहलाता है। यह लेखन और बृंहण के गुणों से युक्त है। अग्निवर्धक, विबन्धनाशक एवं पाचक है। इसके साथ पथ्यापथ्य की विधि निषेध नहीं है।

माधुतैलिक बस्ति प्रयोगस्थलः ।

सुखिनामल्पदोषाणां नित्यं स्निग्धाशयेषु नराः ।
मृदुकोष्ठाश्च ये तेषां विधेया माधुतैलिकाः ॥ सु० चि० ३८।

हि० व्या०—जो व्यक्ति सुखी जीवन व्यतीत करने वाले हैं या सुकुमार स्वभाव के हैं, अल्पदोषयुक्त हैं, जो नित्य स्नेह का उपयोग करते हैं और मृदु-कोष्ठ वाले हैं उनको माधुतैलिक बस्ति देनी चाहिए।

सामान्यतः माधुतैलिक ग्राही वस्तिः।

प्रियङ्ग्वादिगणक्वाथा अम्बष्ठाद्येन संयुताः।
सक्षौद्राः सघृताश्चैव ग्राहिणो बस्तयः स्मृताः॥

सु० चि० ३८।८७, वंगसेन

प्रियङ्ग्वादिगणस्य षोडशपलप्रमितानि द्रव्याणि अष्टगुणं जलं दत्वा क्वाथयेत्, अतो द्वात्रिंशत्पलानि ग्राह्याणि, अत एकपुटकस्यार्थे क्वाथस्याष्टौ पलानि, अम्बष्ठाद्येनेति अम्बष्ठाद्योऽत्र कल्करूपः प्रयोज्यः, तथा च वृद्धवाग्भटः,—"ग्राही प्रियङ्ग्वम्बष्ठादिक्वाथकल्कैः क्रमेण—" इति। अतोऽम्बष्ठादिसंग्राहकद्रव्याणां कल्कस्य त्रीणि पलानि, मधुनश्चत्वारि, संग्राहकद्रव्यसिद्ध घृतस्य षट् पलानि, अनुक्तो यद्यपीहावापस्तथाऽपि संग्राहकत्वात्तस्य त्रीणि पलान्येवं चतुर्विंशतिः।

डल्हणः।

हि० व्या०—प्रियंग्वादिगण की औषधियों के क्वाथ में अम्बष्ठादिगण की औषधियों का कल्क, शहद और घी मिलाकर वस्ति देनी चाहिए। इसको ग्राही वस्ति की संज्ञा दी गई है। यह अतिसार और संग्रहणी रोग में लाभकारी है।

आस्थापनबस्ति भेदोपभेद वर्णनम्।

तत्रास्थापनं दोषदूष्यानुसारेण नानाद्रव्य संयोगादिनिर्वृत्तम्। तस्यभेदा उत्क्लेशनं शोधनं शमनं लेखनं बृंहणं वाजीकरणं पिच्छाबस्तिर्माधुतैलिकमित्यादयः। माधुतैलिकस्य पर्याया यापनो युक्तरथो दोषहरः सिद्धबस्तिरिति। तेषां नामभिरेव स्वरूपमाख्यातम्। अ० सं० सू० २८।६

तत्रेत्यादिना ऽऽस्थापनलक्षणमुच्यते। तस्यैवोत्क्लेशनादयो भेदाः। तेषामुत्क्लेशनादीनां नामभिरेवस्वरूपं व्याख्यातम्। तत्र यो वस्तिः संयोगादिवशा दोषमुत्क्लेशयति स उत्क्लेशकः। यस्तु शमयति स शमनः। यः शोधयति दोषान् स शोधनः। पिच्छास्वरूपत्वात् पिच्छाबस्तिः। मधुतैलप्राधान्यान्माधुतैलिकः एवं माधुतैलिक पर्यायाणामर्थोऽप्यूहः। तेन तेषामित्यादि व्याख्यातम्।

इन्दुः।

हि० व्या०—आस्थापन (निरूह) बस्ति दोष एवं द्रव्य का विचार करके अनेक द्रव्यों के मिश्रण से निर्मित की जाती है। इसके भेद उत्क्लेशन, संशोधन, संशमन, लेखन बृंहण, वाजीकरण, पिच्छाबस्ति, माधुतैलिक आदि है। माधुतैलिक का पर्याय यापन, युक्तरथ, दोषहर एवं स्निग्ध बस्ति है। इन बस्तियों के नाम से ही इनके स्वरूप का ज्ञान हो जाता है।

अनुवासनबस्ति भेदोपभेद वर्णनम्

तस्यभेदो मात्रा बस्तिः। स पेयस्नेहह्रस्वमात्रातुल्यः। सेव्यः सदा च माधुतैलिकवत्। बालवृद्धाध्वभारयानव्यायामचिन्तास्त्रीनित्यस्त्रीनृपेश्वरसुकुमारदुर्बलानिलभग्नाल्पाग्निभिनिष्परिहारतया सुखो बल्यो वर्ण्यः सृष्टमलो दोषघ्नश्च तथापि तौ नाजीर्णे योज्यौ न च दिवा स्वप्नः सेव्यः यतश्च सोऽन्नमनुवसन्नपि न दुष्यत्यनुवासरमपि वा दीयत इत्यनुवासनम्।

अ० सं० सू० २८।२९॥

तस्य चानुवासनस्य भेदो मात्राबस्तिर्नाम। एतच्च सर्वं.....। स च मात्राबस्तिः पेयस्नेहस्य ह्रस्वया मात्राया तुल्यः सेव्यः तेनैतदुक्तं भवति। आतुरो मुखेनोपयुक्तं स्नेहं यत्परिणामं याभ्यां यामाभ्यां ज्जरयितुं शक्नोति तत्परिमाणं तस्य मात्राबस्तिर्भवतीति स च मात्रावस्तिः माधुतैलिक विधानेन बालवृद्धादिभिः सेव्यो निष्परिहारत्वादिहेतोः एवं गुणयुक्तत्वेऽपि तावनुवासन मात्राबस्त्री अजीर्णे न च योज्यौ न च तयोरुपयुक्तयोर्दिवास्वप्नः सेव्यः। यत श्चेत्यादिनानुवासनान्वर्थतामाह। इन्दुः।

हि० व्या०—अनुवासन बस्ति का भेद मात्रा बस्ति है। यह मात्रा बस्ति स्नेह की मुख से ग्रहण की जाने वाली ह्रस्व मात्रा के समान होती है। इस बस्ति का प्रयोग माधुतैलिक के समान करना चाहिए। बालक, वृद्ध, अधिक यात्रा करने वाले, अधिक भार उठाने वाले, अधिक सवारी करने वाले, व्यायाम करने वाले, चिंतातुर, स्त्री, नित्य स्त्री प्रसंग करने वाले, राजा, सुकुमार प्रकृति वाले, दुर्बल, वात रोगी, भग्न से पीड़ित, अल्पाग्नि वाले को इस वस्ति का सेवन करना चाहिए। इसमें किसी प्रकार के परिहार की आवश्यकता नहीं है। यह सुखकारक, बल एवं वर्ण की वृद्धि करने वाली, मलों को प्रवृत करने वाली तथा दोषों को नष्ट करने वाली है।

अनुवासन एवं मात्रा बस्ति का अजीर्ण अवस्था में प्रयोग नहीं कराना चाहिए। बस्ति लेकर दिन में सोना नहीं चाहिए[1]। यह बस्ति शरीर में रह जाने पर भी (अन्य बस्तियों के समान) दोष उत्पन्न नहीं करती। यह किसी भी दिन या प्रतिदिन दी जा सकती है इसीलिए इसे अनुवासन कहते हैं।

अग्निवेशकृतः प्रायः सदा रुग्णानां बस्तियोग्यानां विषयकः प्रश्नः आत्रेयकृतं तदुत्तरं च।

अथाग्निवेशः सततातुरान् नरान्
हितं[1] च पप्रच्छ गुरुस्तदाह च।

---

१. हितं चेति सदातुराणां हितम्।

सदातुराः श्रोतिय राजसेवका-
स्तथैव वेश्या सह पण्य[1]जीविभिः ।

च० सि० ११।२७

हि० व्या०—महर्षि अग्निवेश ने गुरु आत्रेय पुनर्वसु से प्रश्न पूछा कि सदा रोगी रहने वाले व्यक्ति कौन-कौन से हैं ? उनके लिए लाभकारी वस्तु क्या है ? गुरु ने उत्तर दिया कि श्रोत्रिय (वेदपाठी), राजा के नौकर, वेश्या एवं व्यापारी ये सदा रोगयुक्त या रोगी रहते हैं ।

प्रायः सदारुग्णानां रोगानुकूलत्वे युक्तयः

द्विजो हि वेदाध्ययनव्रताह्निक-
क्रियादिभिर्देह हितं न चेष्टते ।
नृपोपसेवी नृपचित्त रक्षणात्
परानुरोधाद्बहुचिन्तनाद्भयात् ॥
नृचित्तवर्तिन्युपचार तत्परा-
मृजाविभूषानिरता पणाङ्गना ।
सदासनादत्यनुबन्धविक्रय-
क्रयादिलोभादपि पण्यजीविनः ॥
सदैव ते ह्यागत वेगनिग्रहं
समाचरन्ते न च कालभोजनम् ।
अकालनिर्हारविहार सेविनो-
भवन्ति येऽन्येऽपि सदातुराश्च ते ॥

च० सि० ११।२८-३०

यथोक्तानां सदातुरत्वेहेतुमाह-द्विजो हीत्यादि । देहहितं न चेष्टते इति पण्य जीविन् इत्यन्तं यावदनुवर्तनीयम् । परानुरोधादिति नृपानुजीवि पुरुषान्तरानुरोधात् । उपचार तत्परेति पुरुषोपचार तत्परा मृजा=शरीर मार्जनम् । पणाङ्गना वेश्येत्यर्थः । अत्यनुबन्धविक्रयक्रयादिलोभादिति निरन्तराबद्धक्रयविक्रयादेर्लोभात् । अन्यानपि सदातुरानाह अकालेत्यादि । निर्हारो मलादिनिर्गमः ।

चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—उपरोक्त व्यक्ति सदा रोगी क्यों रहते हैं ? इसको समझाते हुए आचार्य ने कहा कि ब्राह्मण नित्य वेदाभ्यास करते रहने, वतानुष्ठान के पालन में तत्पर एवं दैनिक देवपूजन तथा पितृकर्म में लगे रहने के कारण शरीर रक्षा पर अधिक ध्यान नहीं देते हैं । राजा का सेवक राजा के मनोनुकूल सेवा कार्य करते रहने के कारण, दूसरे लोगों के अनुरोध से, अधिक चिन्ता के कारण या राजा को प्रसन्न रखने की चिन्ता के कारण, भय से या राजभय के

१. पण्यजीविनो वणिजाः । चक्रपाणिः ।

कारण अपने शरीर की रक्षा में तत्पर नहीं रहते हैं । वेश्यायें सदा मनुष्यों की इच्छानुसार व्यवहार करती हैं और सेवा में तत्तर रहती हैं तथा अपने सौंदर्य की रक्षा के लिए सदा अंगराग एवं शृंगार में लिप्त रहती हैं अतः अपने शरीर की रक्षा नहीं कर पाती हैं । व्यापारी वर्ग अपने व्यापार के कारण व्यस्त रहते है तथा दूकान पर क्रय-विक्रय हेतु हमेशा बैठे रहते हैं या अधिक लाभ के लोभ से बैठे रहते हैं, वेग विधारण करते हैं अतः सदा रोगी रहते हैं ।

प्रायः सदातुराणां कृते प्रयोज्याः विविधा निरूहबस्ति प्रयोगाः

समीरणं वेगविधारणोद्धतं
विबन्धसर्वाङ्ग रुजाकरं भिषक् ।
समीक्ष्य तेषां फलवर्तिमादितः
सुकल्पितां स्नेहवतीं प्रयोजयेत् ॥
पुनर्नवैरण्डनिकुम्भचित्रकान् ।
सदेवदारु त्रिवृतानिदिग्धिकान् ।
महान्तिमूलानि च पंच यानि
विपाच्य मूत्रे दधिमण्डसंयुते ॥
सतैलसर्पिर्वणैश्च पंचभि-
र्विमूर्च्छितं बस्तिमथ प्रयोजयेत् ।
निरूहितं धन्वरसेन भोजितं
निकुम्भतैलेन ततोऽनुवासयेत् ॥
बलां सरास्नां फलबिल्वचित्रकान्
द्विपंचमूलं कृतमालकात् फलम् ।
यवान् कुलात्थांश्च पचेज्जलाढ़के
रसः स पेष्यैस्तु कलिङ्गकादिभिः ॥
सतैलसर्पिर्गुड सैन्धवो हितः
सदातुराणां बलवर्णवर्धनः ॥
तथाऽनुवास्ये मधुकेन साधितं
फलेन बिल्वेन शताह्वयापि वा ॥
सजीवनीय रसोऽनुवासने
निरूहणे चालवणः शिशोर्हितः ।
न चान्यदाश्वङ्गबलाभिवर्धनं
निरूहवस्तेः शिशु वृद्धयो परम् ॥

च० सि० ११।३१-३६

पुनर्नवेत्यादिनिरूहः । निकुम्भो दन्ती । महान्तिमूलानि पञ्चेति बिल्वादि पञ्चमूलानि । निकुम्भतैलेनेति निकुम्भक्वाथकल्क सिद्धेन तैलेन । बलामित्यादौ

कलिङ्गकादिभिरिति कलिङ्गकुष्ठमधुकबिल्वकेत्यादिनेहोक्तैः। फलेन बिल्वेन शताह्वयाऽपि वेति तैलत्रयमानुवासनिकम्। सजीवनीयस्तु रसोऽनुवासन इति जीवनीयकषायकर्तव्यः। अनुवासनमपि जीवनीयसाधितं शिशोरेव। न चान्य दित्यादिना बालवृद्धयौगिकत्वं बस्तेराह। परमिति श्रेष्ठम्। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—निरन्तर रोगी रहने वाले व्यक्तियों की चिकित्सा—मल-मूत्रादि वेगों को रोकने से प्रकुपित वायु रुक जाती है तथा वह विबन्ध, सर्वांग में पीड़ा उत्पन्न करती है। वायु की विकृति को ध्यान में रखकर चिकित्सक को सर्वप्रथम विधिपूर्वक बनाई हुई स्नेहयुक्त फलवर्ति का प्रयोग करना चाहिए।

निरूहबस्ति का प्रयोग—फलवर्ति प्रयोग के पश्चात्, पुनर्नवा, एरण्डमूल, दन्तीमूल, चित्रकमूल, देवदारु, सफेद निशोथ छोटी कटेरी और बृहत्पञ्चमूल, (अरणी, अरवू, बेल, गम्भारी, पाढ़ल) इन्हें समानभाग संग्रहकर यवकूटकर, दही के पानी और गोमूत्र में मिलाकर क्वाथकर चतुर्थांश शेष रहने पर तेल, घृत पाँचों नमक मिलाकर, मथनी से मथकर निरूहबस्ति देना चाहिए। बस्ति द्रव्य बाहर निकल जाने के पश्चात् जाङ्गल पशुपक्षियों के मांसरस से भोजन कराकर दन्तीमूल के क्वाथ से सिद्ध तेल से अनुवासनवस्ति देना चाहिए।

बलादिबस्ति—बलामूल, रास्ना, मदनफल, बेलगिरि, चित्रकमूल, दशमूल, अमलताश का सारभाग, जौ और कुलथी (यवकूट) दो आढ़क, (१२ से ६४ तोला) जल में सिद्धकर चतुर्थांश शेष छानकर कलिङ्गकुष्ठादि द्रव्यों (इसी अध्याय में पठित) का कल्क, तेल, घृत; गुड़, सैन्धव लवण मिलाकर बस्ति देनी चाहिए। इस बस्ति के प्रयोग से सर्वदा रोगी रहने वाले व्यक्तियों के बल और वर्ण की वृद्धि होती है। सम्यक् निरूहण हो जाने पर जाङ्गल पशु-पक्षियों के मांसरस के साथ भोजन कराकर मुलेठी, बेलगिरी, सौंफ इनमें से किसी एक द्रव्य से सिद्ध तैल से अनुवासन वस्ति देनी चाहिए।

बालक तथा वृद्ध के लिए बस्ति—

बालकों तथा वृद्धों के लिए जीवनीयगण की औषधियों के क्वाथ और कल्क से सिद्ध तैल की अनुवासन बस्ति तथा जीवनीय गण के क्वाथ में नमक रहित निरूहबस्ति देना हितकर होता है। बालक और वृद्ध व्यक्तियों के लिए शीघ्र ही शरीर की वृद्धि और बल की वृद्धि करने के लिए निरूहबस्ति के अतिरिक्त अन्य कोई चिकित्सा विधि नहीं है।

बस्तिद्वारा प्रायः साध्याना रोगाणां सूचनम्।

ज्व[1]रातीसारतिमिरप्रतिश्यायशिरोरोगाधिमन्थार्दिताक्षेपकपक्षाघातैकाङ्ग-सर्वाङ्गरोगाष्ठमानोदरयोनिशूलशर्कराशूल वृध्युपदंशानाहमूत्रकृच्छ्रगुल्मवातशो-

१. ज्वरादिषु चावस्थाविशेषो वस्तेर्विषयः, सच शास्त्रादेव ज्ञेयः। डल्हणः

णितवातमूत्रपुरीषोदावर्तशुक्रार्तवस्तन्यनाशहृद्ग्रहमन्याग्रहशर्कराश्मरीमूढ़गर्भप्रभृ-तिषु चात्यर्थमुपयुज्यते।

सु० चि० अ० ३५।५

हि० व्या०—महर्षि सुश्रुत के अनुसार—ज्वर, अतिसार, तिमिर, शिरो-रोग, अधिमन्थ, अर्दित, आक्षेपक, पक्षाघात, एकाङ्गरोग, सर्वाङ्गरोग, आष्ठमान, उदर, योनिशूल, शर्कराशूल, वृद्धिरोग, उपदंश, आनाह, मूत्रकृच्छ्र, गुल्म, वातरक्त, वात-मूत्र-मल उदावर्त, शुक्रनाश, आर्तवनाश, स्तन्यनाश, हृद्ग्रह, मन्याग्रह, हनुग्रह, शर्करा, अश्मरी, मूढ़गर्भ, इन रोगों में विशेषरूप से वस्ति प्रयोग किया जाता है।

सुखत्वादेव च बस्तिर्बालवृद्धकृशस्थूलक्षीणधात्विन्द्रियेषु स्त्रीष्वनिलोपसर्गाद प्रजासु कृच्छ्रप्रजासु चोपदिश्यते। तथाऽग्निबलवर्णमेधास्वरायुः सुखप्रदो वयः स्थापनः पंगुरुग्णभग्नस्तब्ध संकुचितानिलाष्ठमानशूलारोचकोदावर्त परिकर्तिका-दिषु हित इति।

अ० सं० सू० २८।४

अयं बस्ति सुख सेव्यत्वादेव बालादिषु वातोपसृष्ट देहत्वाच्चाप्रजासु स्त्रीषु चोपदिश्यते। तथाऽग्न्यादिप्रदः। वयसो यौवनस्य स्थापनः पङ्गुवादिषु हितः पथ्यश्च।

इन्दुः।

हि० व्या०—आचार्य वाग्भट के अनुसार सुखपूर्वक सेवन योग्य होने के कारण वस्ति—बालक, वृद्ध, कृश, स्थूल, क्षीणधातु, क्षीण इन्द्रियवाले पुरुषों में एवं वातपीड़ित होने के कारण जिन स्त्रियों में सन्तान नहीं होती उनमें उप-योगी है। इसी प्रकार अग्नि, बल, वर्ण, मेधा, स्वर, आयु और सुखकारक है तथा वयः स्थापक है। पंगुता, भग्न, स्तंभ, संकुचित वायु, आष्ठमान, शूल, अरोचक, उदावर्त, परिकर्तिका आदि रोगों में बस्ति लाभकारी है।

तेन साधयेत्।

गुल्माऽऽनाहखुडप्लीहशुद्धातीसारशूलिनः ।
जीर्णज्वर प्रतिश्यायशुक्ताऽनिलमलग्रहान्।
वर्ष्माऽश्मरीरजोनाशान् दारूणांश्चाऽनिलामयान्॥

अ० हृ० सू० १९।३

तेनेत्यनेन निरूहः परामृश्यते। कथमिति चेत्। ब्रूमः। अनास्थाप्याश्चेत्य धीयते। तत्र के निरूह्या इत्यपि। ते संत्यत्राऽनिरूह्याः पुनरिमे प्रतिवक्तुं युज्यंते। अपि च। आस्थाप्या एव चान्वास्था इति पठति के आस्थाप्या इति न गम्येत् यदीह निरूहो न परमृश्येत। तस्मात्तेनेत्यनेन निरूहस्य ग्रहणं न्याय्यम् तेन निरूहेण गुल्मादींस्तथा जीर्णज्वरादीन् कृच्छ्रान् वातरोगांश्चोपक्रमेत्। गुल्मादीनां शूलांतानां द्वंद्व इनिः कार्यः। शुक्रादीनां ग्रहेण संबन्धः। शुक्रग्रहो

रेतोविबंधः। अनिलग्रहो वायोरसंचारः। रजोनाशः स्त्रियाः पुष्पनाशः।

अरुणदत्तः।

हि० व्या०—अष्टाङ्ग हृदय के अनुसार—गुल्म, अनाह, वातरोग, प्लीहा रोग, निरामातिसार, शूल रोग, जीर्णज्वर, प्रतिश्याय, शुक्रग्रह (शुक्ररोध), वातोदावर्त, मलग्रह, (पुरीषोदावर्त), वृद्धिरोग, अश्मरी, रजोरोध तथा भीषण वातरोगों को दूर करने के लिए निरूहबस्ति का प्रयोग किया जाता है।

आगूलापिते प्रग्रथिते पुरीषे
शूले च भक्तानभिनन्दने च।
एवं प्रकाराश्च भवन्ति कुक्षौ
य आमयास्तेषु च बस्तिरिष्टः॥
याश्च स्त्रियो वातकृतोपसर्गा
गर्भन्न विदन्ति नृभिः समेताः।
क्षीणेन्द्रिया ये च नराः कृशाश्च
बस्तिः प्रशस्तः परमो हि तेषु॥ वंगसेन

बस्ति प्र०—८६-८७

हि० व्या०—आचार्य वंगसेन ने भी बस्तिकर्म के योग्य व्यक्तियों का वर्णन करते हुए लिखा है कि—अंगग्लानि, आनाह, मलबन्ध, शूल, अरुचि और अन्य उदर रोगों में बस्तिकर्म हितकारक है। वात प्रकृति स्त्रियां जिनको गर्भाधान नहीं होता है और जिन पुरुषों की इन्द्रियां क्षीण हो गयी हैं एवं कृश हैं उनके लिए भी बस्ति अभिप्रेत है।

वस्त्यार्हाणां विषये मतभेदाः

संसृष्ट भक्ते शंसन्ति बस्तिकर्म चिकित्सकाः।
विरिक्तेष्वपरे वैद्या निरूढे त्वपरे जनाः॥
त्रीण्येतान्यवराण्याहुः न शंसन्ति विशारदाः।
मतं तेषामहं सम्यग् व्याहनिष्यामि हेतुभिः॥
सततन्तु विरिक्तस्य शीतीभवति पावकः।
हृदाश्रयाणि स्रोतांसि गुद कोष्ठाश्रयाणि च॥
प्रबृद्धो मारुतस्तस्य पक्वाधानं प्रधावति।
शीतीकरोति कार्याग्नि बलं चास्यापकर्षति॥
स्रोतस्सु शुद्धाशुद्धेषु यदि बस्तिः प्रदीयते।
स गम्भीरो गतः काये सर्वशो न निवर्तते॥
छर्दिं पिपासां हृद्रोगं पाण्डुत्वं श्वयथुं तथा।
जनयेदिह तस्माद्धि विरिक्तं नानुवासयेत्॥
संसृष्टभक्तस्य पुनः जात दोषस्य देहिनः।

स्रोतस्सु मललिप्तेषु भवेत्स्नेहो निरर्थकः॥
तीक्ष्णेतरनिरूहेण निरूढस्य शरीरिणः।
समुत्क्लिष्टेषु दोषेषु स्नेहवस्तिर्न शस्यते॥

भे० सि० ५।१-८

बालवृद्धयोः मृदुबस्तिप्रयोगे युक्तिः।

मृदुर्बस्तिः प्रयोक्तव्यो विशेषाद्बालवृद्धयोः।
तयोस्तीक्ष्णः प्रयुक्तस्तु बस्तिर्हिंस्याद्बलायुषी॥

सु० चि० ३५।१०

बालवृद्धतोर्हीनोपचयशक्तिलक्षणबलत्वेनास्थापनस्य मात्राकृतं हीनत्वं प्रदर्श्य तीक्ष्णादिगुणहीनत्वं दर्शयन्नाह—मृदुर्बस्तिः प्रयोक्तव्य इत्यादि। तत्र मृदुद्रव्यकृतो बस्तिर्मृदुः, तीक्ष्णश्च तद्विपर्ययः।

हि० व्या०—बालकों और वृद्धों को विशेषरूप से मृदुबस्ति देनी चाहिए। इनमें तीक्ष्णबस्ति का प्रयोग करने पर बल और जीवन का नाश हो सकता है।

सामान्यतः नास्थापनानुवासनयोः रोगरुग्णानां वर्णनम्

तत्रोन्मादभयशोकपिपासारोचकाजीर्णार्शः पाण्डुरोगभ्रममदमूर्च्छाच्छर्दि-कुष्ठमेहोदरस्थौल्यश्वासकासकण्ठशोषशोफोपसृष्टक्षतक्षीणचतुस्त्रिमासगर्भिणी दुर्बलाग्न्यसहा बालवृद्धौ च वातरोगादृते क्षीणा नानुवास्या नास्थापयितव्याः।

सु० चि० ३५।२१

भयोन्मादतृषाशोषाऽजीर्णारुचि प्रमेहिणः।
मूर्च्छाकुष्ठोदर स्थौल्यकासश्वासक्षयातुराः॥
शोषभ्रममदच्छर्दियुता बस्त्यसहा बलाः।
नास्थाप्या नानुवास्याश्च वातरोगाहते नराः॥

वंगसेन।

तत्रेत्यादि। भ्रमः चक्रारूढस्येव भ्रमणम्। मदः पूगफलेनेव मत्तता। मूर्च्छा चेतनाच्युतिः। उपसृष्टशब्द उन्मादादिभिः शोफान्तैः सह सम्बन्धनीयः। क्षतः क्षतोरस्कः, क्षीणः कृशः। चतुस्त्रिमासगर्भिणीतिसप्तमासान् यावद्गर्भिणीः, तथा च वाग्भटः 'मासान् सप्त च गर्भिणी' (वा० सू० अ० १९)। वातरोगाहृते क्षीणा इति क्षीणशब्दस्य पुनरुपादानादतिकृशा वातरोगंविना क्षीणा नानुवास्या इति। उन्मादादिषु सामान्येन बस्तिनिषेधोऽत्राभिहितः, केचित्तु केषांचित्प्रति-प्रसवमपवादरूपेणाहुः। तत्रोन्मादापस्मार भ्रममदमूर्च्छासु संज्ञानाशापगमे शुद्धस्यातुरस्य अनुबन्धोपचरणाय बस्तिर्देयः, कुष्ठिनामर्शसां च मूढ़वातानां

प्रयोज्यः, वाताद्युदरिषु त्रिषु निषिद्धोऽपि शेषेषु पञ्चसु बस्तिः प्रयोक्तव्यः, शोथक्षतोरस्कयोरनुवासननिषेधो न निरूहस्य, वर्षाद्वर्ग् बालस्य, नवत्यूर्ध्वं वृद्धस्य मृदुरपि बस्तिनिषिद्धः, अतोऽन्यथा तीक्ष्ण एव; एतेनावस्थावशान्निषिद्धमपि कार्यं स्यात् 'उत्पद्यते हि साऽवस्था देशकाल बलं प्रति । यस्यां कार्यमकार्यं स्यात् कर्मकार्यं च गर्हितम्' इति । डल्हणः ।

हि० व्या०—आस्थापन और अनुवासन में निषिद्ध रोगी—

आचार्य सुश्रुत के अनुसार— उन्माद, भय, शोक, प्यास, अरोचक, अजीर्ण, अर्श, पाण्डुरोग, भ्रम, मद, मूर्च्छा, वमन, कुष्ठ, मेह, उदररोग, स्थूलता, श्वास, कास' कण्ठशोष, शोफ से पीड़ित, उरः क्षत, क्षीण, सातमास तक की गर्भवती स्त्री, दुर्बल अग्नि वाले, सहनशक्ति हीन, बालक, वृद्ध तथा वायुरोग के विना अन्य कारणों से कृश हुए व्यक्तियों को अनुवासन और आस्थापन बस्ति नही देनी चाहिए । आचार्य वंगसेन ने भी समान विचार व्यक्त किया है ।

दोषकालबलानुसारं बस्तिद्रव्याणि उत्कर्षापकर्षं सूचनम् ।

तां तामवस्थामन्वीक्ष्य दोषकालबलाश्रयाम् ।
उत्कर्षेच्चावकर्षेच्च बस्तीन् द्रव्याणि वा भिषक् ॥
कुर्याद्योगे तयोत्कर्षमपकर्षं तु कर्मणि ।
कालेतदुभयं चैव बोक्ष्य दोषबलाबलम् ॥ का० खि० ८
दोषौषधादि बलतः सर्वमेतत्प्रमाणयेत् । अ० हृ० सू० १६।५१

दोषौषधादिबलतः दोषौषधादिबलादिग्रहणात् । देशकालबलशरीराहारसात्म्यसत्त्वप्रकृतिबलात्तद्वशात् सामर्थ्यात् । चंद्रनन्दन ।

दोषाधिक्ये औषधमृदुत्वे बलाधिक्ये च पुटाधिक्यं विपर्यये न्यूनत्वमित्यर्थः ।
हेमाद्रिः ।

एकेन यदि वा द्वाभ्यां त्रिभिर्वाति प्रमाणतः ।
किंचिन्न्यूनातिरिक्तं वा ज्ञात्वा व्याधिबलाबलम् ॥
भे० सि० ७।२२-२३

हि० व्या०—दोषकाल तथा रोगी के बलानुसार अवस्था को देखकर चिकित्सक वस्ति तथा वस्तिद्रव्यों में न्यूनाधिक कर सकते हैं । योगवस्ति में वृद्धि कर्मवस्ति में ह्रास तथा कालबस्ति में दोषों के बलाबल को देखकर अवस्थानुसार वृद्धि एवं ह्रास किए जा सकते हैं । आचार्य वाग्भट ने भी काश्यप के वचनों का अनुकरण किया है ।

शरीरधातुमभिलक्ष्य बस्तिद्रव्याणां प्रयोगः

युञ्ज्याद्द्रव्याणि बस्तिष्वम्लं मूत्रं पयः सुरांक्वाथान् ।
अविरोधाद्धातूनां रसयोनित्वाच्च जलमुष्णम् ॥
च० सि० १०।१४

यस्मिन् संस्कारे अम्लादिषूमध्ये यद्धातुविरोधि न भवति तद्देयं, यत्तु धातुविरोधि भवति न तद्देयं; व्याधिप्रत्यविरुद्धं यद् यस्यभवति तत् तस्य देयमित्यर्थः । रसयोनित्वाच्च जलमुष्णमिति जलं यस्माद्रसयोनिः, तेन तदुष्णं सत् सर्ववस्तिगतरसस्य पोषणार्थं सर्ववस्तिषु देयम्; एतच्च जलं बस्तिषु साक्षात् प्रक्षेपादर्शनात् कल्कादिपेषणे विनियोज्यं; किंवा अत्र तद्वचन प्रमाण्यादेव ज्ञेयं; किंवा जलशब्दोऽयं द्रवोपलक्षणः, तेनाम्लादिद्रवदानस्यैवेयमुपपत्तिः । रसयोनित्वं द्रवसम्बन्धादेवाम्लादीनामुपपन्नम् । अन्ये तु जलमुष्णं प्रतिनियतमेव, चूर्णबस्तावेच्छन्ति, चूर्णबस्तिश्च यः केवल द्रवेण दीयते; तन्त्रान्तरेऽप्युक्तम्—यथा "रास्नावचाविल्वशताह्वयैलापूतीककृष्णाफलदारुकुष्ठैः । ससैन्धवाम्लोष्ण जलः सतैलः शूलघ्न इष्टः खलु चूर्णबस्तिः"—इति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—बस्ति में प्रक्षेपद्रव्य—अम्लद्रव्य (काञ्जी), गोमूत्र, दूध, सुरा, क्वाथ इन द्रव्यों को प्रयोग करना चाहिए । परं च जो द्रव्य धातुओं के विरोधी न हों अर्थात् वातादि दोष वर्धक न हों उन द्रव्यों को ही वस्ति में प्रयोग करना चाहिए । जल रस का कारण होता है अतः प्रत्येक वस्ति में सुखोष्ण जल मिलाना चाहिए ।

दोषापेक्षया बस्तिषु प्रक्षेप्यानां आलोड्यानां च आवाप द्रव्याणां तथा अवस्था विशेषे मृदुतीक्ष्णबस्तीनां च प्रयोगः ।

सुरदारुशताह्वं लाकुष्ठमधुकपिप्पलीमधुस्नेहाः ।
ऊर्ध्वानुलोमभागाः ससर्षपाः शर्करा लवणम् ॥
आवापा वस्तीनामतः प्रयोज्यानि येषु यानि स्युः ।
युक्तानि सह कषायैस्तान्युत्तरतः प्रवक्ष्यामि ॥
चिरजातकठिनबलिषु व्याधिषु तीक्ष्णा विपर्यये मृदवः ।
सप्रतिवापकषाया योज्यास्तनुवासननिरूहाः ॥
च० सि० १०।१५-१६

सुरदार्वीत्यादिना बस्तिषु दोषाद्यपेक्षया व्यस्त समस्तविधया प्रक्षेप्यानाह । आवापा बस्तीनामिति वस्त्विष्वावाप्या इत्यर्थः । यानीति कषाययुक्तानि । चिरजात कठिन बलिषु तीक्ष्णा इति अत्रोक्ततीक्ष्ण द्रव्ययोगेन तीक्ष्णाः । विपर्यये चेति अचिरजाते अकठिने अबले च । अनुवासन निरूहा इति अनुवासने कषाययोगः स्नेहसाधनमेव, आवापस्त्वनुवासनेऽपि शताह्वादीनां कर्तव्य एव; यदुक्तमन्यत्र—"पिप्पलीं मदनं कुष्ठं शताह्वां मधुकं वचाम् । योजयेन्मात्रया पिष्ट्वा आवापमनुवासने" इति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—वस्ति में प्रक्षेप द्रव्य—देवदारु, सौंफ, इलायची, कूठ, मुलेठी, पीपर, मधु, स्नेह (घृत-तेल वसा-मज्जा), उर्ध्व और अनुलोम कारण अर्थात् वमन-विरेचन द्रव्य, सरसो, चीनी सैंधवलवण इन द्रव्यों को वस्तियोगों

में प्रक्षेप के रूप में प्रयोग करना चाहिए। जिन बस्तियों में कषायों के साथ मिलाकर इन द्रव्यों में से जिनका प्रयोग करना उचित है उनको आगे प्रत्येक वस्ति के साथ बताया जाएगा।

तीक्ष्ण और मृदुवस्ति—जीर्ण व्याधियों में तथा बलवान् व्याधियों में प्रक्षेप एवं कषायों के साथ तीक्ष्ण बस्तियों का प्रयोग करना चाहिए। इसके विपरीत नूतन व्याधि एवं अल्पबल व्याधियों में प्रक्षेप और क्वाथ से युक्त मृदु अनुवासन और निरूह वस्तियों का प्रयोग करना चाहिए।

वातदोषशमनाय आलोडनद्रव्याणां त्रयो योगाः।

अर्धश्लोकैरतः सिद्धान् नाना व्या[1]धिषु सर्वशः।
बस्तीन् वीर्य[2]समैर्भागैर्यथार्हालोडनाञ्छृणु ॥
बिल्वोऽग्निमन्थः श्योनाकः काश्मर्यः पाटलिस्तथा।
शालपर्णी पृश्निपर्णी बृहत्यौ वर्धमानकः।
यवाः कुलत्थाः कोलानि स्थिरा चेति त्रयोऽनिले।
शास्यन्ते सचतुः स्नेहाः पिशितस्वरसान्विताः ॥

च० सि० १०।१८-२०

हि० व्या०—इसके पश्चात् अब आधे-आधे श्लोक से अनेक रोगों को दूर करने वाली सफल एवं सिद्ध वस्तियों का वर्णन किया जाता है। दोषानुसार समानवीर्य औषधियों के क्वाथ या स्वरस में घोलकर उनका प्रयोग करना चाहिए।

वातनाशक वस्तियां—(१) बिल्व, अरणी, सोनापाठा, गम्भारी और पाटला, प्रत्येक की छाल के क्वाथघृत, तैल वसा-मज्जा तथा मांसरस वस्तियंत्र में रखकर वस्ति देनी चाहिए।

(२) सरिवन, पिठिवन, बड़ीकटेरी, भटकटैया और एरण्ड का मूल, घृत-तैल, वसा, मज्जा तथा मांसरस मिलाकर वस्तियंत्र द्वारा वस्ति देनी चाहिए।

(३) जौ, कुलथी, खट्टीवेर, सरिवन, इनके क्वाथ में घृत-तैल वसा मज्जा तथा मांसरस मिलाकर वस्तियंत्र द्वारा वस्ति देनी चाहिए। यहां तीन वस्तियों का उल्लेख किया गया है। इनसे वात रोग दूर होते हैं।

---

१. व्याधिषु इत्यत्र व्याधिशब्दो दोषेऽपि वर्तनीयः। बहुश इति एकैकस्मिन् व्याधौ दोषे च बहुश इति अर्थः। चक्रः।
२. वीर्य समैर्भागैरिति अन्योन्यानुपहत सामर्थ्यैर्द्रव्यभागैः। वर्धमानक एरण्डः। पिशितस्वरसान्विता इति प्रक्षिप्तमांसरसाः। चक्रपाणिः।

पित्तदोषशमनायं विविधानां आवापद्रव्याणां संकेतः

नलव[1]ञ्जुलवा[2]नीरशतपत्राणि शैवलम्।
मञ्जिष्ठा सारिवाऽनन्ता पयस्या मधुयष्टिका ॥
चन्दनं पद्मकोशीरं तु[3]ङ्गं ते पैत्तिके त्रयः।
शर्करारासक्षौद्रघृताः सक्षीरा बस्तयो हिताः ॥

च० सि० १०।२१-२२

हि० व्या०—पित्तनाशक बस्तियां—(१)—नरकट का मूल, बेत, जलबेत, शतपत्रकमल, (गुलाब) शैवल (सिवार), इनके क्वाथ में चीनी, मधु, घृत और दूध मिलाकर बस्ति देने से पित्तजन्य रोगों में लाभ होता है।

(१) मंजिष्ठा, सारिवा, अनन्ता (दुरालभा), पयस्या (विदारीकन्द) और मुलेठी इनके क्वाथ में चीनी, मधु, घृत और दूध मिलाकर बस्ति देने से पित्त रोग में लाभदायक है।

(३) लालचन्दन, पद्मकाष्ठ, खश, नागकेशर इनके क्वाथ में चीनी, मधु, घृत और दूध मिलाकर वस्ति देने से पित्तरोग में लाभदायक है।

कफदोष शमनाय विविधानां आवापद्रव्याणां संकेतः।

अर्कस्तथैव चा[4]लर्क एका[5]ष्ठीला पुनर्नवा।
हरिद्रा त्रिफला मुस्तं पीतदारु कुट[6]न्नटम् ॥
पिप्पल्याश्चित्रकश्चेति त्रयस्तेश्लेष्मरोगिषु।
सक्षार क्षौद्रगोमूत्रा नातिस्नेहान्विता हिताः ॥

च० सि० १०।२३-२४

हि० व्या०—कफनाशक बस्तियां—(१) रक्तमदार का मूल, श्वेतमदार का मूल, पाठा, पुनर्नवा इनके क्वाथ में यवक्षार, मधु, गोमूत्र एवं कुछ स्नेह मिलाकर वस्ति देने से कफजन्य रोग दूर होती है।

(२) हल्दी, आंवला, हरीतकी, बिभीतक, नागरमोथा, दारू हल्दी, सोनापाठा की छाल, (केवटी मोथा या तगर) इनके क्वाथ में यवक्षार, मधु, गोमूत्र और कुछ स्नेह मिलाकर वस्ति देने से कफज रोग दूर होती है।

(३) पीपर और चित्रक के क्वाथ में यवक्षार, मधु, गोमूत्र और कुछ स्नेह मिलाकर दी गयी वस्तियां कफजन्य रोगों को दूर करती है।

---

१. वञ्जुलो वेतसः।
२. वानीरस्तद्भेदः।
३. तुङ्गः पुन्नागः। चक्रपाणिः।
४. अलर्को=मन्दारः, ५. एकाष्ठीला=पाठा; ६. कुटन्नटं कैवर्तं=मुस्तकम्, अन्ये तगरमाहुः। चक्रपाणिः।

पक्वाशय विशोधनाय चत्वारः आवापद्रव्य योगाः।

फल जीमूतकेक्ष्वाकुधामार्गवक्ष्वे[1]डवत्सकाः ।
श्यामा च त्रिफला चैव स्थिरादन्ती द्रवन्त्यपि ॥
प्रकीर्या चोदकीर्या च नीलिनी क्षीरणी तथा।
सप्तला शङ्खिनी लोध्रं फलं कम्पिल्लकस्य च ॥
चत्वारो मूत्र सिद्धास्ते पक्वाशय विशोधनाः।
व्यस्तैरपि समस्तैश्च चतुर्योगा उदाहृताः ॥

च० सि० १०।२५-२६

पक्वाशय शोधक बस्तियां—

हि० व्या०— (१) मदनफल, देवदाली, कटुकालाबू (तितलौकी), धामार्गव, इन्द्रयव इनको गोमूत्र में पकाकर बस्ति प्रयोग करने से पक्वाशय की शुद्धि हो जाती है।

(२) काली निशोथ, आंवला, हरड़, बहेड़ा, सरिवन, दन्ती और द्रवन्तीमूल इनको गोमूत्र में पकाकर बस्ति देने से पक्वाशय की शुद्धि हो जाती है।

(३) करञ्ज, पूतिकरञ्ज, नील का मूल, दूधियाघास, इनको गोमूत्र में पकाकर वस्ति प्रयोग करने से पक्वाशय की शुद्धि हो जाती है।

(४) सप्तला, शंखनी (यवतिक्ता), लोध, कवीला का फल इनके गोमूत्र में बने क्वाथ से बस्ति देने पर पक्वाशय का शोधन हो जाता है। यहां चार योगों का उल्लेख किया गया है। इनका अलग-अलग या एक मे मिलाकर भी प्रयोग किया जा सकता है।

बस्तिनेत्र निर्वचनम्

[2]नेत्रं नलिका। बस्तिगतस्नेहकषायादिद्रव्यनेतृत्वान्नेत्रमिति संज्ञा।

शिवदाससेनः (चक्रदत्तटीका)

हि० व्या०—नेत्र से नलिका का भाव लिया जाता है। बस्ति में प्रयुक्त स्नेहकषायादि द्रव्यों के प्रवेश कराने में नेतृत्व करने वाला भाग (अगुवा) होने से ही नेत्र कहा गया है।

विश्वप्रकाश कोष में नेत्र शब्द मथानी, रस्सी, वस्त्र, वृक्ष की जड़, आंख ओक बन्धन तथा नाली का वाचक होता है तथा नेत्र का भी वाचक है।[2]

---

१. क्ष्वेडः कृतवेधनः; द्रवन्ती दन्तीभेदः; प्रकीर्या करञ्जः; नीलिनी नील समाह्वा, नीलाञ्जनिकेत्यन्ये। चक्रपाणिः।

२. तथा चोक्तं विश्वप्रकाशे—
नेत्रं मन्थगुणे वस्त्रे तरुमूले विलोचने।
नेत्रबन्धे च नाड्यां च नेत्रो नेतरि भेद्यवत् ॥

बस्तिनेत्र निर्माणयोग्य द्रव्याणां नामानि।

सुवर्णरूप्यत्रपूतामृरीति—
कांस्यास्थिशस्त्रद्रुमवेणुदन्तैः।
नलैर्विषाणैर्मणिभिश्च तैस्तैः—
नेत्राणि कार्याणि सुकर्णिकानि ॥

च० सि० ३।७, चक्रदत्तः, वंगसेन

त्रपु वङ्गं, रीतिः पित्तलम्। विषाणैरिति महिषादिशृङ्गैः। सुकर्णिका नीति सुसमाहितकर्णिकानि; 'निकाणिकानि' इति केचित् पठन्ति।

चक्रपाणिः।

तत्र नेत्राणि सुवर्णरजताताम्रायोरीतिदन्तशृङ्गमणितरूसारमयानि।

सु० चि० ३५।-

सौवर्णं राजतं ताम्रं कांस्यं त्रपुजमायसम्।
शृंगवंशास्थि वंशाग्राण्याहुर्नेत्राणि पण्डिताः।

भे० सं० सि० ६।३

भिषक् पुण्याहे कनकरजतताम्रकांस्यत्रपुसीसलोहगजदन्ततरुवेणुशृंगास्थिनलानामन्यतमस्योपपत्त्यामत्रकं। का० सं० सि० १

तयोस्तु नेत्रं सुवर्णादिधातुमणिशङ्खशृंगदन्तास्थिवेणुनलखदिरकदरतिनिशतिन्दुकादिदारुसारमयमृज्व·····। अ०सं०सू० २८।२

नेत्रं कार्यं सुवर्णादिधातुभिर्वृक्षवेणुभिः।
नलैर्दन्तैर्विषाणाग्रैर्मणिभिर्वा विधीयते ॥

शा० उत० ६।७-८

तच्च सुवर्णादिधातुभिर्विधीयते क्रियते। आदिग्रहणाद्रौप्यताम्रत्रपुलोहादीनां ग्रहणम्। तथा वेण्वादिभिर्वेणुवंशः। नलैर्नलिकादिभिः तृणविशेषजातैः। दन्तैर्हस्तिदन्तैः। विषाणाग्रैरिति शृंगाग्रैः। उपरितनसूक्ष्मभागैः। मणिभिर्मरकत पुष्परागवैडूर्यादिभिः। एतेन शुद्धपाषाणैरपि विधीयते इति। आढ़मल्लः।

हि० व्या०—अग्निवेश के द्वितीय प्रश्न का उत्तर देते हुए आचार्य ने कहा कि सोना, चांदी, सीसक, रांगा, ताम्बा, पीतल, कांसा, अस्थि, लौह, लकड़ी, बांस, दांत, नरकट, पशुओं के सींग और मणि आदि के द्वारा बस्तिनेत्र का निर्माण करना चाहिए। उस नेत्र में सुन्दर कर्णिका होनी चाहिए। आचार्य सुश्रुत और काश्यप ने लौह का भी नेत्र निर्माण हेतु धातुओं में वर्णन किया है। अष्टांङ्गसंग्रह में शंख एवं काष्ठसारों में खदिर विट्खदिर, तिनिश, तिन्दुक आदि की भी गणना की है।

बस्तिनेत्रे नियोज्यस्य बस्तिपुटकस्य लक्षणं निर्माण प्रकारश्च ।

[1]जारद्गवो माहिषहारिणो वा ।
स्याच्छौकरो वस्तिरजस्य वाऽपि ॥
दृढ़स्तनुर्नष्टसिरो विगन्धः ।
कषायरक्तः सुमृदुः सुशुद्धः ॥
नृणां वयो वीक्ष्य यथानुरूपं ।
नेत्रेषु योज्यस्तु सुबद्ध सूत्रः ॥ च० सि० ३।१०-११

वंगसेन । चक्रदत्तः ।

वस्तयश्च बन्ध्या मृदवो नाति[2]बहला दृढ़ाः ।
प्रमाणवन्तो गोमहिष वराहाजोरभ्राणाम् ॥

सु० चि० ३५।१३

ततोऽजाविवराहहरिणगोमहिषान्यतमजं स्नेह मुद्गविमृदित विगतच्छिद्र शिराग्रन्थि स्कन्धं नातिवर्तुलं मृदु दृढ़ं कषायरक्तं सुखसंस्थाप्यौषध प्रमाणं न्युब्ज विवृताननं निवेश्य बस्ति कर्णिकयोर्दृढ़ेन सूत्रेण धनं समं च बध्वा परिवर्त्य पुनश्चान्यद्बस्तिमुख बन्धनार्थं सूत्रमुपधायानुगुप्तं निधापयेत् ।

अ० सं० सू० २८।२०

तत्र च योजयेत् ।
अजाविमहिषादीनां बस्तिं सुमृदितं दृढ़म् ॥
कषायरक्तं निश्छिद्रग्रन्थिगंध शिरं तनुम् ।
ग्रंथितं साधुसूत्रेण सुखसंस्थाप्य भेषजम् ॥ अ०हृ०सू० १९।१३

तत्रेत्यादि । तस्मिंश्च कर्णिका द्वितयेऽजादीनां बस्तिं योजयेत् । आदि शब्देन गोहरिणवराहमहिषाणां ग्रहणम् । अजादीनामित्येवं निर्देशेऽप्यविमहिष ग्रहणे लब्धे साक्षादेतयोर्ग्रहणमन्यजंभ्यो बस्तिभ्य एतद्बस्तेर्योग्यतरत्वप्रतिपादनार्थम् । किंभूतं बस्तिम् । सुमृदितं सस्नेहं मुहुः सुष्ठु मर्दितं तथा दृढं तथा कषायेण हरीतक्यादिना रक्तं तथा छिद्रं च ग्रन्थिश्च गंधश्च शिराश्च ताः निर्गता न संति यस्य तन्निश्छिद्रग्रंथिगन्धशिरम् । तथा तनुं न स्थूलं तथा साधु सम्यक् सूत्रेण ग्रंथितं बद्धं तथा सुखेनाऽकृच्छ्रेण संस्थापनीयमौषधं यत्र तदेवम् ।

अरुणदत्तः ।

मृगाजशूकरगवां महिषस्यापि वा भवेत् ।
मूत्रकोषस्य वस्तेस्तु तदलाभे तु चर्मणः ॥

---

१. जारद्गवो वृद्धगोभवः । बस्तिरिपि मूत्राशय पुटकम् । नष्टशिर इति समुद्धत सिरासन्ततिः । विगतः पूतिगन्धो यस्य स विगन्धः । कषाय रक्त इति कषाय भावनया रक्ती कृतः । वयो वीक्ष्य यथानुरूपमिति वयोभेदेन यथोक्तेन यो बस्तिर्यस्योचितप्रमाणो भवति, स तस्य नेत्रे निबन्धनीयः । चक्रपाणिः ।

२. नातिबहला नात्युपचिताः, नातिदीर्घा इत्यन्ये ।

कषायरक्तः समृदुबस्तिः स्निग्धो दृढ़ो हितः ।
योजयेत्तत्र बस्तिञ्च बन्धद्वय विधानतः ॥ भा० प्र०

हि० व्या०—अग्निवेश के चतुर्थ प्रश्न (केभ्यश्च कि योनिगुणश्च वस्ति ?) का उत्तर समझाते हुए आचार्य ने कहा कि वृद्ध बैल, भैंस, हरिण, सूअर या बकरे की दृढ़, पतली, शिरारहित, गन्धरहित, कषायरक्त, मृदु और शुद्ध बस्ति होनी चाहिए । मनुष्य के अवस्था के अनुसार किसी भी एक बस्ति को लेकर नली से संयोग कराना चाहिए तथा उस नली को बस्ति के साथ धागे से बांध देना चाहिए । अन्य आचार्यों ने भी इसी आधार पर बस्तिनिर्माण की कल्पना की है ।

वक्तव्य—यद्यपि संहिताग्रन्थों और संग्रहग्रन्थों में बस्ति निर्माण की विधि सविस्तार लिखी हुई है किन्तु आज के वैज्ञानिक युग में इसका व्यवहार प्रायः नहीं हो रहा है । अधुना विभिन्न प्रकार के एनिमा सिरीञ्ज प्राप्त होते हैं तथा बस्ति यन्त्र भी विशेष रूप से(लौहधातुनिर्मित)बनाकर प्रयोग किया जा रहा है ।

बस्तिनेत्राणां परिमाणं आकृति विशेषाश्च ।

षडद्वादशाष्टाङ्गुलसंमितानि ।
षड्विंशतिद्वादशवर्षजानाम् ।
स्युर्मुद्गकर्कन्धु सतीनवाहि-
च्छिद्राणि दर्त्या पिहितानि चैव ॥
यथावयोऽङ्गुष्ठ कनिष्ठकाभ्यां
मूलाग्रयोः स्युः परिणाहवन्ति ।
ऋजूनि श्रोपूच्छ समाकृतीनि
श्लक्ष्णानि च स्युर्गुडिकामुखानि ॥
स्यात् कर्णिकैकाग्र चतुर्थभागे ।
मूलाश्रिते बस्तिनिबन्धने द्वे । च० सि० ३।८-१०

वंगसेन । चक्रदत्त ।

'कीदृक् प्रमाणाकृति' इत्यस्योत्तरं षडित्यादि । तत्र षडङ्गुलमेकवर्षात् प्रभृति यावत् षडवर्षं: द्वादशवर्षस्याष्टांगुलं नेत्रं भवति, विंशतिवर्षस्य द्वादशांगुलं नेत्रं भवति । अत्र व्युत्क्रमाभिधानेन षड्वर्षादर्वाग्विंतिवर्षादूर्ध्वं च नेत्रमानविकल्पोनास्ति, षडवर्षादूर्ध्वं नेत्रमानविकल्पोऽस्तीति दर्शयति; तेन षड्वर्षादूर्ध्वं प्रत्यब्दमंगुलितृतीय भागवृद्धिर्भवति, द्वादशादूर्ध्वं प्रत्यब्दमर्धाङ्गुलवृद्धिः, एवमुक्तमानपूरतं भवति । सुश्रुते नेत्रमानभेद उक्तः, स नातिविरोध कारितया उपेक्षणीय एव । उक्तं हि तत्र सांवत्सरिकाष्टद्विरष्ट वर्षाणां षडाष्टदशांगुलं नेत्रं, पञ्चविंशतिवर्षा दूर्ध्वं द्वादशांगुलं' (सु० चि० ३५) इति ।

मुद्गादिवाहिच्छिद्रत्वं यथासंख्यं षड्द्वाशाष्टांगुलनेत्रेषु ज्ञेयम् । कर्कन्धुशब्देनेह

शृगालबदरी स्वल्पा गृह्यते; उक्तं हि—सुश्रुते —'कोलास्थिमात्रच्छिद्रम्' (सु० चि० ३५) इति। वृहद्बदरीग्रहणे तु कनिष्ठाप्रमाणाग्रं तद्वहनं नार्हति; केचिदेवं विरोधं पश्यन्तो बदरास्थिमज्जानमिह कर्कन्धू शब्देन ग्राह्यन्ति। सतीनो वर्तुलकलायः। वर्त्यापिहितानि इति द्रव्यान्तर प्रवेश निरासार्थं वर्त्यापिहितमुखानि कर्तव्यानि। यथावय इति यस्मिन् वयसि नेत्रं विहितं, तद्वयः स्थस्यैवाङ्गुष्ठकनिष्ठिकाभ्यां यथासंख्यं मूलेऽग्रे च तुल्य परिणाहं नेत्रं कर्तव्यम्। ऋजूनित्यादिना नेत्रगुणानाह। श्लक्ष्णानीत्यकर्कशानि। गुडिकामुखानीत्यनेन वर्तुलमुखतया-तीक्ष्णामुखतां दर्शयति। एकाकर्णिकाग्रेकर्तव्या नेत्रस्यान्तः प्रवेशनिरासार्थं, बस्तिनिबन्धने द्वे इति बस्ति निबन्धन प्रयोजनके द्वे। चक्रपाणिः।

तत्रान्तरालिकवर्षापेक्षमपि प्रमाणमभिधेयम्। तेषां हि निरूहादिद्रव्येष्वप्युक्त एव प्रमाण विकल्पभावः। तस्य तथाविधस्यायोग्यत्वात्। द्वादशवर्षस्य तूभयतोऽपि विकल्पः, एकादश वर्षस्य (चात्राप्यन्यद् एव) प्रमाण मुक्तम्। अत ऊर्ध्वं प्राप्त्यर्थं सकृत्प्रमाणप्राप्तिदोषोऽप्येवं परिहृतो भवति। यथा च बाले षट्सु वर्षेषु षडङ्गुलमिच्छन्ति। तदेवं सांवत्सरिकादपि बालादारभ्य षड्वर्षेपीति सामर्थ्यादेव षट् सप्तमुखाष्टांगुलं पञ्चविंशतेश्चोर्ध्वं द्वादशांगुलमिति, अंगुलप्रमाणंचोक्तं तत्र मुद्गकर्कन्धुसतीनवाहीत्याभ्यन्तरतः प्रक्षिप्ता मुद्गकमकुष्ठादयो यत्रेति यथासंख्यमेव प्रमाणाश्रयं छिद्रनिर्देशः षट्द्वादशांगुष्ठाङ्गुलसम्मितानां नेत्राणामिति वदन्ति। अत्र च वर्षपरिमाणं वयो न तु वयश्शब्देन मध्यं, बालं, जीर्णं, किंतर्हि, यद्यस्य वयो वर्तते प्रतिवर्षमिति।तत्राङ्गुष्ठपरिणाहं मूले कनिष्ठिकापरिणाहं च अग्रे, इत्येवं गोपुच्छसमाकृतित्वेनानुपूर्वोपचयः न तु मुद्गादिवाहित्वेन समाकृतित्वम्। तथा हि तत्राग्र विनिर्गममात्रं तेन यथाऽनुकूलं गोपुच्छ समाकृतित्वं चेत्येकैकेभ्यश्च कृतमं नेत्रं षड्विंशतिद्वादशवार्षिकेभ्य इत्युक्तमिह द्रष्टव्यम्। तत्र प्रमाण सम्बन्धनोक्तमित्यदोषः। जज्जटः।

तत्र सांवत्सरिकाष्टद्विरष्टवर्षाणां षडष्टदशाङ्गुल प्रमाणानि कनिष्ठिकानामिकामध्यमाङ्गुलिपरिणाहान्यग्रेऽध्यर्धाङ्गुल द्वयङ्गुलार्धतृतीयाङ्गुलसन्निविष्टकर्णिकानि कङ्कश्येनबर्हिणपक्षनाडीतुल्यप्रवेशानि मुद्गमाषकलायमात्र स्रोतांसि विदध्यान्नेत्राणि।

सु० चि० ३५।१२

श्लक्ष्यानि दृढ़ानि गोपुच्छाकृती न्यृजूनि गुटिकामुखानि च।

सु० चि० ३५।१२

तत्र सांवत्सरिकाष्टद्विरष्टवर्षाणमित्यत्र यथासंख्य व्याख्यानेन सांवत्सरिकबालस्य निरुहयन्त्र षडङ्गुलप्रमाणं, तत्कनिष्ठिकापरिणाहम्, अग्रेऽध्यर्धाङ्गुलसन्निविष्टकर्णिकं, कङ्कपक्षनाडीतुल्यप्रवेशं मूले, मुद्गवाहिस्रोतश्चाग्रे विदध्यात्। छत्राकारा गुदेऽधिकान्तः प्रवेशरोधिनी कर्णिका कथ्यते। कङ्कः वक्रचञ्चुः कृष्णवर्ण प्रसिद्ध एव। अष्टवर्षस्य पुनरष्टाङ्गुलप्रमाणं, तदनागिकापरिणाहम्, अग्रे

द्वयङ्गुल सन्निविष्टकर्णिकं, श्येनपक्षनाडीतुल्य प्रवेशं मूले, माषवाहिस्रोतश्चाग्रे-विदध्यात्। द्विरष्टवर्षस्य षोडशवर्षस्येत्यर्थः। किम्भूतं यन्त्रं ? द्वादशाङ्गुलप्रमाणं, तन्मध्याङ्गुलिपरिणाहम्, अर्धतृतीयाङ्गुलसन्निविष्टकर्णिकं, बर्ही मयूरस्तत्पक्षनाडीतुल्य प्रवेशं मूले; कलायवाहि स्रोतश्चाग्रे विदध्यात्। डल्हणः

वर्षान्तरेषु नेत्राणां बस्तिमानस्य चैव हि।
वयो बलशरीराणि समीक्ष्योत्कर्षयेद्विधिम्॥

सु० चि० ३५।८

वर्षान्तरेष्वित्यादि। पञ्चविंशतियावत् समीक्ष्य यथायथमभ्यूह्य नेत्रप्रमाणं बस्तिद्रव्यप्रमाणं चोत्कर्षयेत्। डल्हणः।

पञ्चविंशतेरूर्ध्वं द्वादशाङ्गुलं, मूलेऽङ्गुष्ठोदरपरिणाहम्, अग्रे कनिष्ठिकोदरपरीणाहम्, अग्रे त्र्यङ्गुलसन्निविष्टकर्णिकं, गृध्रपक्षनाडीतुल्यप्रवेशं, कोलास्थिमात्रछिद्रं, क्लिन्नकलायमात्रछिद्रमित्येके; सर्वाणि मूले बस्तिनिबन्धनार्थं द्विकर्णिकानि।

सु० चि० ३५।९

पञ्चविंशतेरित्यादि। गृध्रपक्षनाडीतुल्य प्रवेशं मूले। क्लिन्नकलायमात्रच्छिद्रमग्रे। सर्वाणि तु मूले बस्तिनिबन्धनार्थं द्विकर्णिकानि द्वयङ्गुलान्तराणि कुर्यात् द्वयङ्गुलमध्यानीत्यर्थः। डल्हण;।

मृज्वकर्कशं गोपुच्छाकृति गुलिकामुखमूनवर्षंवार्षिक सप्तद्वादशषोडवर्षाणां विंशति प्रभृतिषु च क्रमात् पंच षट् सप्ताष्ट नवद्वादशाङ्गुलप्रमाणं मूलेऽग्रे चातुरांगुष्ठ कनिष्ठिकापरिणाहमर्धांगुलात् प्रभृत्यर्धार्धाङ्गुलप्रवृद्धि त्र्यंगुल पर्यन्तप्रवेशमूलच्छिद्रं वनमुद्गमाषकलायक्लिन्नकलायकर्कन्धु बाह्याग्रच्छिद्रं मूलच्छिद्रप्रमाणाङ्गुलैरग्रं यथास्वं सन्निविष्टकर्णिकं कर्णिकान्ता प्रतिबद्ध सूत्रान्तगृहीताग्रपिधान घनचैल वर्तिमूले द्वयंगुलान्तराले कर्णिकाद्वयं कारयेत्। वर्षान्तरेषु च वयोबलशरीराण्यवेक्ष्य नेत्रप्रमाणमुत्कर्षयेत्।

अ० सं० सू० २८।१९

अकर्कशं श्लक्ष्णं गुलिकामुखमतीक्ष्णात्वाद् गुदं न क्षिणोति। अस्य च नेत्रस्य यत् गुदे प्रविशति तदग्रं यत्र बस्तिर्बध्यते तन्मूलमिति क्रमाद्यथा सङ्ख्येनेत्यर्थः। तत्रोनवर्षस्य पञ्चाङ्गुल प्रमाणं नेत्रं कारयेत्। अग्रे चातुरकनिष्ठिका परिणाहं परिणाहस्यौल्ये पर्यायवत्तुल्ये उच्येते। अर्धाङ्गुलादाम्यार्धाङ्गुलमर्धाङ्गुलं बधयन् यावत् त्र्यङ्गुलपरिमण्डलं वस्तु यस्य मूलछिद्रे प्रविशतित्तथोक्तम् तेनोनवर्षस्यार्धाङ्गुलपरिमण्डलप्रवेशं मूलछिद्रंकारयेत्। वार्षिकस्याङ्गुलम् सप्तवर्षस्य सार्धाङ्गुलम्। द्वादशवर्षस्य द्वयङ्गुलम्। षोडशवर्षस्य सार्धद्वयङ्गुलम्। विंशतिवर्षप्रभृति त्र्यङ्गुलमिति। तस्माद् द्वदशाङ्गुलायामे नेत्रे स्थौल्येनाङ्गुष्ठसमे मूले द्वयङ्गुपर्यन्तं त्र्यङ्गुलपरिमण्डलप्रवेशाङ्गुलमानेन योज्यम्। तस्य च नेत्रस्य गोपुच्छाकृतित्वात्तदग्रं कनिष्ठिकास्थौल्यमुक्तम्।

तद्वनमुङ्गादिप्रवेशच्छिद्रं कारयेत् । मकुष्ठवाच्यो वनमुङ्गः । क्लिन्नः कलायो उच्छूनो भवति। पञ्चाङ्गुलादीनां षण्णां नेत्राणां वनमुद्गादयः षट् योजनीयाः । तच्च नेत्रमग्रे सन्निविष्टकर्णिकं कारयेत् । किं प्रमाणे अग्रइत्याह । मूलच्छिद्र प्रमाणाङ्गुले । यथास्वमिति । ते नैतदुक्तं भवति । त्र्यङ्गुल प्रवेशे नेत्रं त्रीण्यङ्गुलानि विमुच्याग्रे कर्णिकां कारयेदिति । कर्णिका-कृतित्वात् कर्णिका । अन्येषां यथास्वं भागेप्रमाणमूह्यम् । तत्कर्णिकावसक्तसूत्रात् गृहीता अग्र पिधानार्थं घनचैल सम्बन्धिनी वर्तिर्यस्त तत्तथोक्तं कर्णिकाया छिद्रे सूत्रस्यालम्बनम् । तस्य नेत्रस्य मूले परस्परं द्वयङ्गुलान्तरालं कर्णिकाद्वयं कारयेदिति नेत्रस्यायामपरिणाहच्छिद्रैः प्रमाणम् वर्षान्तरेपूक्त वर्षशेषेषु विंशतेरधो यान्युक्तानि वर्षान्तराणि तान्यवधीकृत्य । तदनुगुणे चाङ्गुलमाने अवधीकृत्य । तदन्तरानुवर्तिनो वर्षानङ्गुलभागांश्चाकलय्यो वयोबलशरीराद्यपेक्षया नेत्रप्रमाणं वर्धयेत् ।

इन्दुः ।

गोपुच्छाकारमच्छिद्रं श्लक्ष्णजुं गुलिकामुखम् ।

अ० हृ० सू० १९।७

कारयेल्च्छक्ष्णमव्रणमृजु गुलिकामुखं गोपुच्छ···

का० सं० सि० ९।

ऊनेऽब्दे पंचपूर्णेऽस्मिन्नासप्तयोंऽगुलानिषट् ।
सप्तमे सप्ततान्यष्टौ द्वादशे षोडशे नव ॥
द्वादशैव परं विंशात् वीक्ष्य वर्षांतरेषु च ।
वयोबलशरीराणि प्रमाणमभिवर्धयेत् ॥

अ० हृ० सू० १९।९

स्वाङ्गुष्ठेन समं मूले स्थौल्येनाग्रे कनिष्ठया ।
पूर्णेऽब्देऽगुलमादाय तदर्धार्धं प्रवर्धितम् ॥
त्र्यङ्गुलं परमं छिद्रं मूलेऽग्रे वहते तु यत् ।
मुद्गं माषं कलायं च क्लिन्नं कर्कन्धुकंक्रमात् ॥

अ० हृ० सू० १७।११

मूलच्छिद्रप्रमाणेन प्रांते घटितकर्णिकम् । वर्त्याग्रे पिहितं मूले पथास्वं द्वयंगुलान्तरम् कर्णिकाद्वितयं नेत्रे कुर्यात् ।

अ० हृ० सू० १९।१२

गुलिकास्यं तु नेत्रं स्यादनूनद्वादषाङ्गुलम् ।
अङ्गुले कर्णिका वा सः तां चन क्रमयेङ्गुदे ॥
तत्रगोपुच्छ संस्थानं सुश्लक्ष्णं सुखकर्णिकाम् ।
प्रदेशिनीपरीणाह दानं तेन प्रशस्यते ॥६॥

भे० सि० ६।५६

एकंवर्षात्तु षड्वर्षं यावन्मानं षडंगुलम् ।
ततो द्वाशकं यावन्मानं स्यादष्टसंमितम् ।
ततः परं द्वादशभिरंगुलैर्नेत्रदीर्घता ।
मुग्दच्छिद्रं कलायामं छिद्रं कोलास्थिसंनिभम् ।
यथासंख्यं भवेन्नेत्रं श्लक्ष्णं गोपुच्छसन्निभम् ।
आतुरांगुष्ठमानेन मूले स्थूलं विधीयते ।
कनिष्ठकापरीणाहमग्रे च गुटकामुखम् ।
तन्मूले कर्णिके द्वे च कार्ये भागाच्चतुर्थकात् ।
योजयेतत्र बस्तिं च बन्धद्वयविधानतः ।
मृगाजशूकरगवां महिषस्यापि वा भवेत् ।
मूत्रकोषस्य बस्तिस्तु तदलाभेन चर्मजः ।
कषायरक्तः सुमृदुर्वस्तिः स्निग्धो दृढोहितः ।
व्रणवस्तेस्तु नेत्रं स्याच्छलक्ष्णमष्टांगुलोन्मितम् ।
मुग्दच्छिद्रं गृध्रपक्ष तलिका परिणाहि च ॥

शा० ३०७।-भाव प्र०

हि० व्या०—अग्निवेश के तृतीय प्रश्न बस्तिनेत्र का प्रमाण (लम्बाई) एवं आकृति कैसी होती है ? का उत्तर समझाते हुए महर्षि ने कहा कि छः वर्ष के बालक के लिए छः अंगुल लम्बा, बारह वर्ष के बालक के लिए आठ अंगुल लम्बा और बीस वर्ष के युवक के लिए बारह अंगुल लम्बा बस्तिनेत्र होना चाहिए । छः अंगुल की बस्तिनेत्र का छिद्र मूंग निकल जाने के लायक, आठ अंगुल की बस्तिनेत्र का छिद्र मटर निकल जाने के लायक और बारह अंगुल की बस्तिनेत्र का छिद्र छोटी बेर निकल जाने के लायक होनी चाहिए । नेत्र का छिद्र कपड़े की बत्ती से बन्द रखना चाहिए । मनुष्य की आयु के अनुसार (नेत्र) नली के ऊपर का भाग अंगूठे के समान मोटा तथा कानी अंगुली के समान नीचे का भाग होना चाहिए । बस्तिनेत्र सीधा गोपुच्छ के समान चढ़ाव-उतार युक्त एवं चिकना होना चाहिए । बस्तिनेत्र का अग्रभाग में एक गुटिका होनी चाहिए । बस्तिनेत्र में एक कर्णिका नली के चतुर्थांश भाग में आगे की ओर बनानी चाहिए और वस्पिुटक को बाँधने के लिए नेत्र के मूल भाग में दो कर्णिकाएँ बनानी चाहिए ।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार बस्तिनेत्र की लम्बाई एक वर्ष के बालक के लिए छः अंगुल, आठ वर्ष के लिए आठ अंगुल और १६ वर्ष के लिए दश अंगुल होनी चाहिए । इनकी मुटाई क्रमशः एक वर्ष के लिए कनिष्ठिका अंगुल के समान, आठ वर्ष के लिए अनामिका अंगुल के समान होनी चाहिए । इनमें कर्णिका डेढ़ अंगुल, दो अंगुल एवं साढ़े तीन अंगुल दूरी पर बनानी चाहिए ।

इनका प्रवेश स्थल क्रमशः कंकपक्षी, श्येन और मोर के पंख की नाड़ी के समान बनाना चाहिए। इनका स्रोत (छिद्र) क्रमशः मूंग, उड़द और मटर के के दाने निकल जाने के लायक रखनी चाहिए। मध्यम आयु वालों में नेत्र और वस्ति का परिमाण रोगी के बल, वय और शरीर को देखकर उसके अनुसार बढ़ा लेना चाहिए।

पचीस वर्ष के ऊपर बस्तिनेत्र की लम्बाई १२ अंगुल, मूलभाग में अंगुष्ठ की मोटाई के समान, अग्रभाग में कनिष्ठिका अंगुल की मोटाई के समान, आगे से तीन अंगुल की दूरी पर कर्णिका, गीध के पंख की नाड़ी के तुल्य, बेर की गुठली के समान छिद्र वाली अथवा फुलाए गए मटर के प्रवेश योग्य होनी चाहिए। वस्ति को बांधने के लिए सभी प्रकार के नेत्रों के मूल में दो कर्णिकाएं होनी चाहिए। इन पर बस्ति का मुख बांध दिया जाता है।

आचार्य वाग्भट के अनुसार बस्तिनेत्र सीधा, चिकना गाय के पूंछ के समान मूलभाग में मोटा आगे से पतला, एवं मुख पर गुलिका (सुपारी) की आकृति वाला बनाना चाहिए। इस नेत्र की लम्बाई (रोगी की अपनी अंगुलि से) एक वर्ष से कम आयु वालों के लिए पांच अंगुल, एक वर्ष के लिए छः अंगुल, सात वर्ष की आयु वालों के लिए सात अंगुल, बारह वर्ष की आयु वालों के लिए आठ अंगुल, सोलह वर्ष की आयु वालों के लिए नौ अंगुल और बीस वर्ष की आयु वालों के लिए बारह अंगुल होना चाहिए।

व्रणस्थाने प्रयोज्यस्य बस्तिनेत्रस्य परिमाणम्।

व्रणनेत्रमष्टाङ्गुलं मुद्गवाहिस्रोतः; व्रणमवेक्ष्य यथास्वं स्नेहकषाये विदधीत।

सु० चि० अ० ३८।११

व्रणवस्तेतु नेत्रं स्यात्श्लक्ष्णमष्टाङ्गुलोन्मितम्।
मुद्गच्छिद्रं गृध्रपक्षनालिका परिणाहि च॥

भावप्र०॥

हि० व्या०—व्रणस्थान में बस्ति लेने के लिए नेत्र की लम्बाई आठ अंगुल, मूंग निकल जाने के लायक छिद्रयुक्त होना चाहिए। व्रण और दोषों के अनुसार स्नेह या क्वाथ की मात्रा का विचार कर प्रयोग किया जाता है।

उल्लिखित बस्तियन्त्रोपकरण विविधावयवानां प्राप्याभावे प्रतिनिधिवस्तु निर्देशः।

शास्त्र में बस्ति यंत्र के विविध नेत्र, पुटक, आदि अवयवों के लिए जिन धातु; चर्मादि का वर्णन किया है। उनके प्राप्त नहीं होने अथवा समयानुसार जिन वस्तुओं के द्वारा अभाव में इनका निर्माण किया जा सकता है, शास्त्रकारों ने उनका भी साथ ही उल्लेख कर दिया है ताकि चिकित्सक को कार्य

में सुविधा रहे एवं अभाव में धैर्य धारण करते हुए इनका समुचित उपयोग करायें यथा—

बस्तेरलाभे [1]प्लवजो गलो वा।
स्यादाङ्घ्रिपादः सुघनः पटो वा॥

च० सि० ३।१२ (क)

[2]औरभ्रः शौकरोवाऽपि बस्तिराजश्च पूजतः।
तदलाभे प्रयुञ्जीत गलचर्म तु पक्षिणाम्।
तस्यालाभे दृतेः पादो मृदुचर्म ततोऽपि वा॥

सु० चि० ३७।१०७

बस्त्यभावे प्लवनी जगलांकपादमधूच्छिष्टोपदिग्ध घनसूक्ष्मतान्तवान्यतम् निवेशयेत्। अ० सं० सू० २८।२१

बस्त्यभावेऽकपादं वा न्यसेद्वासोऽथवाधनम्।

अ० हृ० सू० १७।१४

नेत्रालाभे हिता नाडी नलवंशास्थिसंभवा।
बस्त्यलाभे हितं चर्म सूक्ष्मं वा तान्तवंधनम्॥

सु० चि० ३५।११ वंगसेन

हि० व्या०—यदि पशुओं की बस्ति (मूत्राशय) उपलब्ध न हो तो (पलव) जलचर पक्षिविशेष, बकरा एवं चमगादर के चर्म का वस्ति पुटक बनाकर उपयोग करना चाहिए अथवा मोटे वस्त्र का थैला बनाकर प्रयोग करना चाहिए।

बस्तिनेत्र के अभाव में नरकट, बांस, अथवा अस्ति की नलिका को व्यवमें लाना चाहिए।

बस्तियन्त्रोपादानभूतस्य जन्तुबस्तेः स्वच्छीकरणादिप्रकारः नेत्रे बन्धन प्रकारः सुरक्षा प्रकारश्च।

बस्तिं निरूपदिग्धं तु शुद्धं सुपरिमार्जितम्।
मृदनुद्धतहीनं च मुहुः स्नेहविमर्दितम्॥
नेत्रमूलं प्रतिष्ठाप्यन्युब्जं तु विवृताननम्।
बद्ध्वालोहेन तप्तेन चर्मलोतसि निर्वहेत्॥

---

१. प्लवज इति प्रसेवक गलः पक्षी='प्लव' इति ख्यातः।
अङ्घ्र पादश्चर्म चटकः तस्य चर्म ग्राह्यं बस्त्यर्थम्॥ चक्रपाणि।

२. औरभ्रो मेषस्य, शौकरो वन्यशूकरस्य, आजः छागस्य बस्तिः पूजितः। डल्हणः।

परिवर्त्य ततो वस्तिं बद्ध्वा गुप्तं निधापयेत् ।
आस्थापनं च तैलं च यथावत्तेन दापयेत् ॥

सु० चि० ३५।१५-१७

निरूपदिग्धं मांसाद्युपलेप वर्जितम् । शुद्धं कषायरञ्जितम् । सुपरिमार्जितं सुष्ठु निर्मार्जितम् । अनुद्धतहीनं नाधिकं न हीनम्; एतेनाधेयद्रव्यमानं समीक्ष्याधारभूतस्य बस्तेः प्रमाणं विधेयमित्यर्थः । प्रतिष्ठाप्य संयोज्य । न्युब्जम् अधोमुखम् । गोमहिषादिबस्तयो निरूहयन्त्रे । डल्हणः ।

नेत्रेत्यादि । प्रतिष्ठाप्य वैपरीत्येन स्थापयित्वा पश्चाद्भावे स्थापयित्वेति यावत् । स्रोतसि नेत्रस्रोतोऽवच्छेदे चर्म्म निर्देहेत् नेत्रानुसारि स्फुटशुषिरार्थमित्याकूतम् । परिवर्त्यान्तर्भागं वहिष्कर्तुमपवृत्य, वद्धा सूत्रेणेति शेषः । एवमुपदिष्टऽप्यर्वाचीनाः परिदृष्टकर्माणोभिषजोऽचिरन्तनैः पाश्चात्यभिषग्भिराविष्कृतमचिरन्तनम् "डुस" इत्यादि समाख्यं बस्तिजातमेवायद्य पयुयुक्षन्त्युपयोग सौकर्याद्वियापद्विनाकृतत्वाच्च । हाराण० ।

हि० व्या०—बस्ति मांसादि से रहित, शुद्ध, स्वच्छ कोमल, न बड़ी और न छोटी, जिसमें बार-बार तेल लगाया गया हो लेकर नेत्र की मूल में नीचे की ओर मुख रखकर बांधनी चाहिए । पुनः गरम किये गए लौहशलाका से चमड़े के छेद को जला देना चाहिए । पुनः बस्ति को (उल्टाकर) बांधकर सुरक्षित रखना चाहिए । इससे आस्थापन और स्नेहबस्ति देनी चाहिए ।

सामान्यतः सर्वविध रोग चिकित्सा प्रारम्भतः प्राक्विशेषतस्तु बस्तिचिकित्सा प्रारम्भतः प्राक् सम्यक् समीक्षणीय दोषादि दशकस्य निरूपणम् ।

समीक्ष्य दोषौषध देशकाल—
सात्म्याग्निसत्वौकवयोबलानि ।
बस्तिः प्रयुक्तो नियतं गुणाय—
स्यात् सर्वकर्माणि च सिद्धिमन्ति ॥

च० सि० ३।६०

समीक्ष्यतेत्यादि । अत्र दोषादयो ये दश परीक्षणीयाः प्रोक्तास्तेष्वेव उपकल्पनीयोक्तदोषभेषजाद्येकादशकस्य तथा रोगभिषग्जियोक्तदशपरीक्ष्यस्यावरोधो व्याख्येयः । अनुक्तावरोधश्चायं योनिव्यापत्तिक एवास्माभिरूक्तोऽनुसरणीयः; समीक्ष्येति ज्ञानपूर्वकमपेक्ष्यः । सर्वकर्माणि चेति वमनादीनि च दोषादीनपेक्ष्य प्रयुक्तानि गुणकराणि भवन्ति । चक्रपाणिः ।

एवं कालं बलं दोषं विकारं च विकारवित् ।
बस्तिद्रव्यबलं चैव वीक्ष्य बस्तीन् प्रयोजयेत् ॥

सु० चि० ३८।७१

एवं कालमित्यादि । काले शीतेषु तीक्ष्णः, उष्णेषु मृदुः, वसन्तशरदोः साधारणः, शीतोष्णयोर्मध्यः, एवं बले शक्तयुपचयलक्षणे श्रेष्ठे तीक्ष्णः, मध्ये मध्यः, कनिष्ठ मृदुः, कफवाते दोषेतीक्ष्यः, पित्तरक्ते मृदुः, कफपित्ते मध्यः; एवं विकारेऽपि; चकारस्यानुक्त समुच्चयार्थत्वात् क्रूरमध्यमृदुकोष्ठेष्वपि बोद्धव्यम् । डल्हणः ।

हि० व्या०—दोष, औषध, देश, काल, सात्म्य, अग्नि, सत्व, वय एवं बल इनकी विधिवत् परीक्षा करके दी गई बस्ति निश्चित रूप से लाभदायक होती है । तथा वमन विरेचनादि सभी कर्म सफल होते हैं ।

सामायन्तः बस्ति विधि

पूर्वमेव तु वैद्यो वर्त्यासुपिहिताग्रच्छिद्रं नेत्रं भाजनस्योपरिकृत्वा दक्षिणपादां गुष्ठांगुलिभ्यां कर्णिकाया उपरिष्टान्निपीड्याविबंधाय शताह्वा सैन्धवचूर्णाविचूर्णितं प्रागेव नेत्रस्पर्शात्पूर्वंवदभिमन्त्रितं यथार्हं यथार्होपिधविपक्वं सुखोष्णं वस्तौ स्नेहमासिच्याबलीकोच्छ्रासं निःसारितवातबुद्बुदौषधान्ते सूत्रेण द्विस्त्रिर्वा बस्तिमुखमावेष्ट्य दक्षिणापणौ नेत्रमुपनिधाय तिष्ठेत् । ततो घृताभ्यक्ते पायौ वामहस्तप्रदेशिन्याभ्यक्त प्रवेश प्रदेशमपनीतवर्त्युंत्तानवामहस्तांगुष्ठोदरपिहिताग्रं मध्यमाप्रदेशिन्युपगृहीतकर्णिकमृज्वनुपृष्ठवंशमनुसुखमेकमना लाघवेन निष्कम्पमद्रुतमविलम्बितं नेत्रमाकर्णिक प्रवेशयेत् । आतुरोऽपि तदनुलोमवलम्बेत । ततश्च वैद्यो बस्तिमुखं दक्षिणहस्तांगुष्ठप्रदेशिनीभ्यामुच्चन्नेत्रमचालयन् हस्तद्वयेनोत्तानेनैकग्रहणेनैवानिलाधिष्ठानभूतं किंचिदवशेषयन्न शनैरवेगमनुपीडयेत् । अन्यथा हिव्यापदो भवन्ति । अ० सं० सू० २८।३१

हि० व्या०—एक मोटे कपड़े की बत्ती से नेत्र के मुख को बन्द करके बस्ति को औषध पात्र के ऊपर पकड़कर दाहिने पैर की अंगुली और अंगुष्ठ से नेत्र के ऊपर की कर्णिका को दवाकर, (जिससे यह खुली रहे) बस्ति में सोया और सैंधव नमक का चूर्ण छिड़ककर रखना चाहिए । बस्ति द्रव को मन्त्रों से अभिमन्त्रित कर लेना चाहिए । बस्ति द्रव्य रोगानुसार औषधियों से पकाया हुआ हल्का गरम (गुनगुना) होना चाहिए । बस्ति में स्नेह (घी) लगाकर, दवाकर वायु के बुलबुलों को निकाल देना चाहिए । बस्ति के मुख को धागे से कसकर बांध देना चाहिए । नेत्र को दाहिने हाथ से पकड़कर, गुदा में घी लगाकर वामहस्त की अंगुली पर घी लगाकर गुदा में डालकर इसके साथ-साथ नेत्र की वर्ति को निकालकर नेत्र को बांएं अंगूठे से अगले छेद को बंद रखते हुए मध्यमा और प्रदेशिनी अंगुलि से कर्णिका को पकड़कर पृष्ठ वंश के साथ-साथ हस्त कुशलतापूर्वक, हाथ को बिना हिलाए नेत्र को कर्णिका तक गुदा में प्रविष्ट करना चाहिए । रोगी को भी शांतिपूर्वक बस्ति ग्रहण करना चाहिए । पश्चात् बस्ति के मुख को दक्षिण हाथ के अंगुष्ठ और प्रदेशिनी बिना

छोड़े नेत्र को बिना हिलाए दोनों हाथों की हथेली से एक ही क्रमसे थोड़ा सा द्रव वस्ति में शेष रखते हुए धीरे-धीरे बस्ति को दबाना चाहिए अन्यथा व्यापत् होने की संभावना रहती है।

सामान्यतः रात्रौ बस्ति निषेधः,

रात्रौ बस्तिं न दद्यात्तुदोषो ह्युत्क्लेशोहि रात्रिजः।
स्नेहवीर्ययुतः कुर्यादाध्मानं गौरवं ज्वरम् ॥

सु० चि० ३७

दोषात्क्लेश इति यस्माद्रात्रावाहारविदाहेन कालशैत्यात् स्रोतोमुखसंवृतत्वेन च दोषधातुमलेषु विक्लेदनलक्षण उत्क्लेशो भवति। अन्यत्राप्युक्तम्—"अविशुद्धे तु हृदये निशि क्लिन्नेषु धातुषु। विदग्धेऽन्नरसे स्रोतः सूपलिप्तेषु देहिनाम्। व्यापारेभ्यो निवृत्तानां दोषोत्क्लेषो भवेदिति"। डल्हणः।

दोषोत्क्लेश इति दोष शब्देनेह कफ एवाभिप्रेयते साधारण शब्द विशेषात्, वक्ष्यति हि "पित्तेधिके कफे क्षीणे" इत्यादि। तथा च दोषोत्क्लेशः कफस्यौत्क्लेणम्, उक्तमर्थं स्फोरयति स्नेह इति। वीर्य्ययुतः उष्णवीर्य्येणान्वितोऽपि स्नेहः प्रतिपक्षमूल माध्मानादिकं कुर्य्याद्, रात्रेः सौम्यादिव्याकृतम्। हाराणच०

हि० व्या०—रात्रि में वस्ति का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि आहार जन्य विदाह से या समय की शीतलता से रात्रि में दोषों का उत्क्लेश होता है। वह उत्क्लेश स्नेह की शक्ति से संयुक्त होकर आध्मान, उदर में गुरुत्व तथा ज्वर आदि उपद्रव उत्पन्न करता है।

दिने एव बस्तिदाने कारण संकेतः।

अहिनस्थानस्थिते दोषे वह्नौ चान्नरसान्विते।
स्फुट स्रोतोमुखे देहे स्नेहौजः परिसर्यति ॥

सु० चि० ३७।४८

अह्नि दिवा। विवृत स्रोतोमुखे शरीरे, तथा स्थान स्थितेषु दोषेषु, तथा निःशेषपरिपक्वस्यान्नस्य रसेन वीर्येणाग्निसंवर्धितेनोपचिते पक्तुं समर्थे च वह्नौ, स्नेहवीर्यं, शरीरं परिसर्पति अनुक्रामति। डल्हणः।

हि० व्या०—दिन में दोषों के अपने स्थान में स्थित होने के कारण, शरीरस्थ स्रोतों के मुख खुले होने के कारण स्नेह का वीर्य सम्पूर्ण शरीर में फैल जाता है अतः वस्ति का प्रयोग दिन में करना चाहिए।

अवस्थाविशेषे (उष्णकाले) दिवा बस्ति प्रयोगे दोषाः।

उष्णे पित्ताधिके वाऽपि दिवा दाहादयो गदाः।
संभवन्ति यतस्तस्मात् प्रदोषे योजयेद्भिषक् ॥

सु० चि० ३७।५०

प्रदोषे योजयेद्भिषगिति वक्ष्यमाणवचनात्। कुतः पुनरुष्णकाले पित्तेऽधिके वा दिवा न देयमित्याह उष्ण इत्यादि। प्रदोषशब्दात् सन्ध्यापरनिशानिवृत्तिः। डल्हणः।

हि० व्या०—वातरोग से पीड़ित, रूक्षव्यक्तियों में, कफ के क्षीण होने पर और पित्ताधिक्य में ग्रीष्मऋतु होने पर रात्रि में भी अनुवासन देना चाहिए। ग्रीष्मकाल में या पित्ताधिक्य में दिन के समय अनुवासन देने पर दाह आदि रोग होते हैं। अतः रात्रि के प्रथम प्रहर में अनुवासन देना चाहिए।

बालकेषु बस्ति प्रयोग काले मतभेदाः।

जन्मप्रभृति बालानां बस्तिकर्मेपिकल्पयेत्।
इत्याह गार्ग्यो नेत्याह बालत्वादि (व) ति माठरः॥
मासेन शस्यते यावद् बालोहि स्यादवस्थितः।
अल्पान्तरत्वान्नेत्याह तमात्रेयः पुनर्वसुः।
चतुर्भास्योऽनुवास्य स्तु··· ··· ··· ···
··· प्राह स्तन्यक्षीरघृताशनात्।
ऊर्ध्वाधो बृंहमाणस्तु रोगैः संतर्पणोद्भवैः॥
कृच्छ्रसाध्यो भवेद्ग्रस्तस्तस्मात् संवत्सराद्धितम्।
तदा शक्यश्च शक्तश्च बालो व्रजति जल्पति॥
मति··· ··· ··· ··· ···।
··· ··· ··· न्नभुक्।
पाराशर्यस्तु नेत्याह तदा दुर्ललितो हि सः।
त्रिवर्षस्यैव तु हितं नेति भेलस्मवर्वीत्।
अल्पान्तरत्वाद्व्याघाताद्विभ्रमाणामसंसहात्।
षड्वर्ष प्रभृतीनां तु ··· ···।
··· ··· षु पक्षेषु सूल्मेष्वपि पुनः पुनः।
निश्चयार्थं ततः सर्वे कश्यपं पर्यचोदयन्।
अधस्तनोऽन्नभोक्ता च चयदावा··· ···।

का० सं० सि० १।

हि० व्या०···काश्यप संहिता (सिद्धिस्थान) में बालकों में वस्ति प्रयोग विषय पर एक संभाषा परिषद् की झलक मिलती है। उस संभाषा परिषद् में गार्ग्य, माठर, आत्रेय पुनर्वसु, पाराशर, भेल तथा काश्यप प्रभृति वैद्यों ने भाग लिया था। सर्वप्रथम गार्ग्य ने कहा—बालकों को जन्म से ही बस्ति दी जा सकती है। इसका विरोध करते हुए माठर ने कहा—यह ठीक नहीं है क्योंकि जन्म के समय बालक अत्यन्त छोटा होता है। एक मास की आयु के उपरान्त

बालकों को बस्ति देनी चाहिए। एक मास के बाद बालक स्थिर हो जाता है। आचार्य माठर की युक्ति को काटते हुए आत्रेय पुनर्वसु ने कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि उस समय (एक मास के पश्चात्) बालक के आन्तरिक अवयव बहुत अल्प होते हैं। अतः चार मास की आयु के पश्चात् बालक को अनुवासन वस्ति देनी चाहिए। किसी अन्य आचार्य ने (जिनका नाम खंडित है) कहा कि माता के स्तनो का दूध एवं घृत के सेवन द्वारा, ऊर्ध्व एवं अधोमार्ग द्वारा बृंहण किए जाने पर संतर्पण जन्य रोगों से आक्रान्त होकर बालक कृच्छ्रसाध्य हो जाता है अतः एक वर्ष की आयु के पश्चात् वस्ति कर्म कराना चाहिए। एक वर्ष के पश्चात् बालक समर्थ एवं शक्तिमान् हो जाता है तथा वह चलने फिरने एवं बोलने लगता है। आचार्य पराशर ने कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि उस समय बालक का पालन पोषण उचित नहीं होता है अतः तीन वर्ष के पश्चात् बालकों में बस्तिकर्म करना चाहिए।

आचार्य पाराशर का विरोध करते हुए आचार्य भेल ने कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि उस समय तक बालक की आन्तरिक शक्ति अल्प होती है तथा वह व्याघातों एवं विभ्रमों को सहन करने में असमर्थ होते हैं। अतः छः वर्ष के बालकों को बस्तिकर्म कराना चाहिए। इस प्रकार बार-बार अत्यन्त सूक्ष्म-पक्षों (तर्कों) को उत्पन्न होने पर उन उपस्थित वैद्यों ने महर्षि कश्यप से निश्चित मत देने की प्रार्थना की। तदनन्तर महर्षि कश्यप ने निर्णय दिया कि जो बालक जमीन पर चलता फिरता हो तथा अन्न खाता हो अर्थात् जिसकी गोद की अवस्था व्यतीत हो गई हो उसे बस्तिकर्म कराना चाहिए।

बस्ति प्रयोग काल संख्या संकेतः तत्र कारणानि च।

एतेन विधिना बस्तीन् दद्यादेकान्तरं भिषक्।
अहन्यहनि बस्तीनां प्रणिधानं विनाशनम्॥
स्नेहो गुरुः स्वभावेन बहुत्वाद्ध··· ··· ···।
··· ··· ···च्छूल ज्वरोऽरुचिः।
आनाहाध्मानकृमयो विड्भेदः कुष्ठ संभवः।
अपस्मारजडत्वाद्यास्तस्मादेकान्तरं हितः॥ का० सं सि० १।

हि० व्या—इस विधि से (पूर्वोक्त विधि से) एक दिन छोड़कर बस्तियाँ देदी चाहिए। प्रतिदिन वस्ति का प्रयोग अहितकर होता है क्योंकि स्वाभाविक रूप से स्नेह अति गुरु होता है। प्रतिदिन अनुवासन करने से स्नेह का पाचन नहीं होता और शूल, ज्वर, अरुचि, आनाह, आध्मान, कृमि, अतिसार, कुष्ठ अपस्मार तथा जड़त्व आदि रोग (उपद्रव) उत्पन्न हो जाते हैं। अतः एक दिन छोड़कर ही बस्ति देनी चाहिए।

अवस्था विशेषे बस्ति निषेधः।

एकान्तरमपि प्राप्ते बस्तौ देये शरीरिणाम्।
न देयो धातु वैषम्ये धातूनेव स सादयेत्॥ का० सं० सि० १।

हि० व्या०—एक दिन छोड़कर बस्ति देना चाहिए और ध्यान रखना चाहिए कि रोगी की धातुयें समावस्था में हों धातुओं की विषमता होने पर दिया गया अनुवासन धातुओं को ही नष्ट कर देता है।

सामान्यतः बस्ति मर्यादा सूचनम्।

पक्षाद्विरेको वान्तस्य ततश्चापि निरूहणम्।
सद्यो निरूढोऽनुवास्यः सप्तरात्राद्विरेचितः॥ सु० चि० ३६।५१

इदानी पञ्चानां कर्मणां क्रमेण क्रियमाणानां यतो यतो यद्यद्यावता कालेन करणीयं तत्तदुपदिशन्नाह—पक्षादित्यादि। सम्यग्योगेन वान्तस्य पुरुषस्य विरेचनं पक्षान्नार्वाङ्नापि परतः; तत्रार्वाक् क्रियमाणं पुरुषानलबलयोरबलत्वाद् व्यापदमावहति, अतिपरतः पुनः स्नेहस्वेदादिगुणोऽन्तरितः स्यात्; तस्मात् पक्षादेव वान्तो विरेचनीयः। तत्र प्रधानशुद्धिमपेक्ष्यान्न संसर्गेण दिनानि षडतिक्रम्य मधुरादि रससंसर्गमाचरेत्। स्नेहपानेनापि दिनानि षडतिक्रमेत्। ततः स्वेदं समाचरन् लघूष्णं भुज्यमानस्त्रयहं स्थितश्चतुर्थेऽहनि विरेकं कुर्यात्। ततस्तस्माद्विरेकादसंसर्गेण दिनानि षडतिक्रम्यान्तरं मधुरादि संसर्गं समाचरन् सप्तरात्राद्विरेचित इति वाक्यादष्टमादिवसेष्वनुवासनानि यथादोषं विदध्यात्। ततः षोडशेऽन्हि स्नेहाभ्यक्तः स्वेदितश्चास्थापनं सेवेत्। गदयासस्तु चरकाचार्याभिप्रायेण विरेचनादूर्ध्वं षडहं कृतान्न संसर्गस्यावस्था विशेषेण स्नेहपानमनुवासनं च द्वयमपि मन्यते। तथा चचरक चार्यवचनम्—संसृष्टभक्तं नवमेऽह्नि सर्पिस्तं पाययेताप्यनुवासयेद्वा"—(च० सि० अ० १)इति। तत्र विरेचनादूर्ध्वमन्नसंसर्गेण दिनानि षट्, ततो मधुरादिरससंसर्गमाचरेत्, स्नेहपानेनापि दिनानि षडतिक्रामेत्, ततो दिनत्रयं लघूष्णं भुञ्जानश्चतुर्थेऽहनि स्नेहाभ्यक्तः स्वेदितश्चास्थापनं सेवेत। स्नेहपानपूर्वकस्यानुवासनपूर्वकस्य चास्थापनस्यावस्था गयदासेन दर्शिताः; यथा हीनविरिक्तस्यावशिष्टपरिपक्वामसंचयावृते वायौ स्नेहपानपूर्वकमास्थापनं क्वचिद्व्याध्यवस्थावशात् प्राक् स्नेहविरेचितस्यास्थापनमिति। निरूढः पुरुष सद्य एव तद्दिवसे एवानुवास्यः। एतेन दत्तनिरूहो यथोक्तं भोजयित्वाऽऽर्द्रपाणिरेवानुवास्यः। विरेचितस्तु सप्तरात्रात् परतोऽनुवास्यो नार्वाक् उक्तं हि—"विरेचनात् सप्तरात्रे गते जातबलाय वै। कृतान्नायानुवास्याय सम्यग्देयोऽनुवासनः" (चि० अ० १८) इति। केचिदन्यादृशं व्याख्यानं कुर्वन्ति; तच्च गवदासाचार्येण बहुधा दूषितत्वादस्माभिरप्युपेक्षितम् डल्हणः।

टि०—सु० चि० अ० ३६।५१, अ० सं० सू० २८।७६, अ० हृ० सू० १९।७१

हि० व्या०—उचित रूप से वमन करा देने के १५ दिन पश्चात् विरेचन तथा इसके बाद निरूहण का प्रयोग कराना चाहिए। निरूहण कराये हुए व्यक्ति को शीघ्र अनुवासन देना चाहिए किन्तु विरेचन के पश्चात् अनुवासान कराना हो तो सात दिन के पश्चात् अनुवासन कराना चाहिए।

सु० चि० अ० ३६।५१, अ० सं० सू० २८।७६, अ० हृ० सू० १९।७१ वंगसेने पाठ समानम्।

आवश्यकतानुसारं शीतोष्ण बस्ति प्रयोग संकेतः।

उष्णा[1]भिभूतेषु वदन्ति शीता-
ञ्छीताभिभूतेषु तथा सुखोष्णान्।
तत्प्रत्यनीकौषधसंप्रयुक्तान्
सर्वत्र वस्तीन् प्रविभज्य युञ्ज्यात्॥ च० सि० १।३५ वंगसेन।

उष्णार्तानां शीताञ्छातार्तानां तथा सुखोष्णांश्च।
यद्यो[2]ग्यौषधयुक्तान् बस्तीन् संतर्प्य विनियुञ्ज्यात्॥
च० सि० १०।१०, अ० हृ० क० ४।७०

हि० व्या०—अग्निवेश के छठे प्रश्न किन व्यक्तियों में कौनसी वस्ति दी जाय (केषु कश्च वस्तिः ?) का उत्तर समझाते हुए आचार्य ने कहा कि गर्मी के कारण आर्त रोगियों में शीतल द्रव्यों के द्वारा कल्पित शीतलवस्ति का प्रयोग करना चाहिए तथा शीत से आर्त रोगियों में उष्ण द्रव्यों द्वारा कल्पित उष्ण (सुखोष्ण) वस्तियों का प्रयोग करना चाहिए। दोषों के विपरीत गुणयुक्तद्रव्यों से वस्ति की कल्पना कर प्रयोग करना चाहिए। इस तरह सभी जगह विभाग कर प्रयोग करना चाहिए।

विशेषार्थ यह है कि स्निग्धद्रव्यों से आर्त रोगी को रूक्ष बस्ति, रूक्षद्रव्यों के सेवन से आर्त रोगी को स्निग्ध बस्ति, गुरुद्रव्यों के सेवन से आर्त रोगी को लघु वस्ति, तथा लघु बस्ति से पीडित रोगी को गुरुद्रव्य से कल्पित वस्ति देनी चाहिए। इसी आशय को आचार्य ने पुनः सिद्धिस्थान के दशवें अध्याय में उद्धृत किया है। अष्टाङ्गहृदय तथा वंगसेन में समान पाठ का उल्लेख किया गया है।

---

१. उष्णाभिभूते तथा शीताभिभूत इति वक्तव्ये, येन 'सर्वत्र' इति करोति, तेन स्निग्धरूक्षगुरुलघ्वभिभूतेऽपि तद्विपरीतौषधसम्पादितो बस्तिर्देय इति दर्शयति। चक्रपाणिः।

२. तद्योग्यौषधयुक्तानीति उष्णार्तिहरेण शीतार्तिहरेण वा औषधेन कल्पितान्। चक्रपाणिः।

दोषानुसारं उष्ण, शीत, तीक्ष्णबस्ति प्रयोग संकेतः।

वाते समांशः स्निग्धोष्णो निरूहः पानतैलिकः।
षड्भागस्नैहिको पित्ते सक्षीरौ स्वादुशीतलौ॥
त्रयः समूत्रास्तीक्ष्णोष्णः श्लेष्मण्यष्टाङ्गतैलिकाः।
सकृत प्रणिहितो वातमाशयस्थं निरस्यति।
सपित्तं सकफं द्विस्त्रिस्त ऊर्ध्वं न शस्यते॥ का०खि० ८।१८-२०

हि० व्या०—वातजन्य रोगों में समभाग तेल मिलाकर स्निग्धोष्ण एक वस्ति देनी चाहिए। पित्तजन्य रोगों में छः भाग तेल तथा दूध के द्वारा स्वादु तथा शीतल करके दो वस्तियां देनी चाहिए। कफज रोगो में आठ भाग तेल तथा गोमूत्र मिलाकर तीक्ष्ण तथा उष्ण वस्तियां देनी चाहिए। वातज रोगों में एक वस्ति आशयों में से वातदोष को निकाल देती हैं। पित्तज रोगों में दो तथा कफजन्य रोगो में तीन वस्तियां देनी चाहिए। इससे अधिक वस्तियों का निषेध किया गया है।

बस्तेर्हीनातिमात्रा निषेधः।

हीनामात्रावुभौ बस्ति नातिकार्यकरौ स्मृतौ।
अतिमात्रौ तथाऽऽनाह क्लमातीसारकारकौ॥
शा० सि० ३०५।१९

उभौ अनुवासननिरूहाख्यौ हीनमात्रौ मात्राल्पौ अतिकार्यकरौ न। अतिमात्रौ तौ क्लमातीसारकारकौ भवतः मात्राया वस्तेर्बहुफलत्वात्। काशीराम।

हि० व्या—निरूह एवं अनुवासनवस्ति हीनमात्रा में प्रयोग करने पर कार्यकर नहीं होती है। अति मात्रा में प्रयोग करने पर आनाह, क्लम, अतिसार आदि उपद्रव उत्पन्न करते हैं।

बस्ति मंद प्रयोग दोषाः।

न भावयति मंदस्तु बाह्यत्वाशु निवर्तते।
स्नेहस्तत्र पुनः सम्यक् प्रायेणः सिद्धिमिच्छता॥
च० सि० ५।१७, अ० सं० का० ७।३०

शनैः प्रपीडितो बस्तिः पक्वाधानं न गच्छति।
न च संपादयत्यर्थं तस्माद्युक्तं प्रपीडयेत्॥ सु०चि० ३६।१४

शनैः प्रपीडितो मन्दपीडतः। अर्थं न सम्पादयति कार्यं न करोति। डल्हणः।

हि०व्या०—मंद वेग से बस्ति देने पर हानि—यदि मंद वेग (दबाव) से बस्ति की औषधि प्रविष्ट करायी जाय तो वह पक्वाशय तक नहीं पहुंच पाती अतः पक्वाशय को भावित(आप्यायित) नहीं करती तथा शीघ्र वापस आ जाती

है। अतः चिकित्सा में सफलता चाहने वाले वैद्य को पुनः उचित रूप से बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

सत्त्व भेदानुसारं तीक्ष्ण, मध्य, मृदुबस्ति प्रयोग संकेतः।

नरस्योत्तमसत्त्वस्य तीक्ष्णं बस्तिं निधाययेत्।
मध्यमं मध्यसत्त्वस्य [1]विपरीतस्य वै मृदुम् ॥

सु० चि० ३८।६०

मृदुमध्यमतीक्ष्णेषु रोगेषु कुशलो भिषक्।
मृदुमध्यमतीक्ष्णं च बस्तिकर्म च कारयेत् ॥

भे० सि० ५।२६

हि० व्या०—उत्तम सत्त्व युक्त मनुष्य में तीक्ष्ण बस्ति का प्रयोग करना चाहिए, मध्यमसत्व वाले व्यक्ति में मध्यम और हीन सत्व युक्त व्यक्तियों में मृदु बस्ति का प्रयोग करना चाहिए। आचार्य भेल ने भी इसी आशय को उद्धृत किया है।

मृदुतीक्ष्णबस्ति प्रयोगे सावधानता सूचनम्।

मृदुबस्ति जडीभूते तीक्ष्णोऽन्यो बस्तिरिष्यते।
तीक्ष्णैर्विकर्षिते स्निग्धो मधुरः शिशरो मृदुः ॥

अ० सं० क० ४।४८
अ० हृ० क० ४।६७६८

मृदुश्चासौ बस्तिश्च मृदुबस्तिर्मधुरस्निग्धशीतलात्मकत्वान्मृदु बस्तिश्चासौ जडीभूतश्च मृदुबस्तिजडीभूतः कोष्ठाद्बहिर्निःसरणात्कोष्ठ एवावस्थितं कृत्वा स्थितस्तस्मिंस्तथाभूतेऽन्यो बस्तितीक्ष्णः शस्यते। तीक्ष्णैर्मूत्रादिनिष्पादितैर्बस्तिभिर्विकर्षिते कोष्ठे सति स्निग्धादि गुणो बस्तिरिष्यते।

अरुणदत्तः।

मृदुना बस्तिना जडीभूते अप्रवर्तमाने दोषे देहे तत्कालमप्यस्तीक्ष्णो बस्तिरिष्यते। तीक्ष्णैश्च बस्तिभिर्विकर्षिते देहे स्निग्धमधुरादि गुणो बस्तिः।

इन्दुः।

हि० व्या०—कदाचित् बस्तिद्रव्य मृदु (हीनवीर्य) होने के कारण स्तम्भित (जड़) हो जाय (बस्तिद्रव्य बाहर न निकले) तो तत्काल तीक्ष्ण बस्ति देना चाहिए। बस्तिद्रव्य तीक्ष्ण होने के कारण मलों का अधिक निःसारण हो जाय तो स्निग्ध, मधुर, शीतल तथा मृदु द्रव्यों से कल्पित बस्ति का तत्काल प्रयोग करना चाहिए।

---

१. विपरीतस्य हीनसत्त्वस्येत्यर्थः। डल्हणः।

बस्तिप्रयोगे मृदुद्रव्याणां तीक्ष्णद्रव्याणां च यथावश्यकं प्रयोग संकेतः।

तीक्ष्णत्वं मूत्रपील्वग्निलवणक्षारसर्षपैः।
प्राप्तकालं विधातव्यं क्षीराद्यैर्मार्दवं तथा ॥

च० सि० ७।६३, अ० सं० क० ४।४६, अ० हृ० क० ४।६८

संप्रति तत्र तत्र बस्तीनां मृदुत्वं तीक्ष्णत्वं च विहितं; तेन तद्विज्ञानार्थं मार्दवतीक्ष्णत्वकारकद्रव्यगणमाहतीक्ष्णत्वमित्यादि। पीलुरौत्तरापथिकं फलं; पीलुस्थाने केचिद् बिल्वं पठन्ति। प्राप्तकालमित्युक्तावस्थम्।

चक्रपाणिः।

हि० व्या०—मृदु या तीक्ष्णबस्ति—गोमूत्र में पीलू, चित्रक, सैंधव नमक यवक्षार और सरसों का कल्क मिलाकर बस्ति देने पर वह तीक्ष्ण हो जाती है। दूध में तथा मधुरद्रव्य एवं शीतलद्रव्य मिलाकर बस्ति देने पर मृदु होती है। चिकित्सक को आवश्यकतानुसार मृदु या तीक्ष्ण बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

केवलं अनुवासनस्य केवलं निरुहस्य वा प्रयोग निषेधे युक्तिः।

स्नेहबस्तिं निरुहं वा नैकमेवातिशीलयेत्।
उत्क्लेशाग्निबधौ स्नेहान्निरुहात् पवनाद्भयम् ॥
तस्मान्निरूढः संस्नेह्यो निरूहश्चानुवासितः।
स्नेहशोधनयुक्त्यैवं बस्तिकर्म त्रिदोषनुत् ॥

च० सि० ४।५०।५१-५१, सु० चि० ३७।७७-७८,
अ० सं सू० २८।५८-५९, अ० हृ० सू० १९।५६-५७

चक्रदत्त, वंगसेन

निरूहणानुवासनयोः परस्परव्यवधानदाने दोषमाह-स्नेहबस्तिं निरुहं वेत्यादि एकमेवेति परस्परानन्तरितम्। उत्क्लेशः कफपित्तोत्क्लेशः। निरुहात् पवनाद्भयमिति निरन्तरनिरूहेण शरीरस्य शोधनातियोगात् पवनाद्भयं भवति। निरूढः संस्नेह्य इति निरूहेण स्रोतःसु शोधितेषु कफपित्तजन्येकृते स्नेहबस्तिरभ्यस्यः; तथानुवासितश्च सम्यगनुवासनेन हि स्निग्धः सन्निरूह्य एव। एवं प्रयुज्यमान स्नेह निरूहयोस्त्रिदोषहन्तृत्वं स्नेहेन वातजयान्निरूहेण कफपित्तजयाद्भवतीत्याह-स्नेहशोधनेत्यादि। शोधनमिहनिरूहोऽभिप्रेतः।

चक्रपाणिः।

आस्थापनानुवासनं तु खलु सर्वोपक्रमेभ्यो वाते प्रधानतमं मन्यन्त इति कृत्वा अन्यतरस्यापि प्रसङ्गस्यादिति। अन्यतरैकान्तिकशीलनप्रतिषेधार्थमस्नेहजीर्णनिरूहदानानन्तरमपि तावदनुवासनस्य प्रसङ्गः। निरूहस्य तु कथम्। कर्मणां वमनादीनां पुनरप्यन्तरान्तरा स्नेहस्वेदौ प्रयुञ्जीत् स्नेहं चान्तेषु योजयेदिति। तं पाययेताप्यनुवासयेद्वा निरूहं दद्यात्त्र्यहादिति त्र्यहे त्र्यहे वाऽप्य-

थपञ्चमे वा दद्यान्निरूहादनुवासनं त्विति वचनात् निरूहैकान्तदानदोषादेवमुक्त मित्येके। विधिरेवायमितीह प्रतिपादितः। अनुवासनादास्थापनमास्थापनादनु वासनमिष्यत इति वा कर्मकालयोगादिबस्तिशीलनप्रसंगवच्छोधनबस्ति प्रसंग स्यानन्तरस्यापि स्यादप्रतिषेधः। एवं च कृत्वा वक्ष्यति—'स्नेहशोधनयुक्तयैवं बस्तिकर्म त्रिदोषनुत।' इति अन्ये पूर्वविध्ययनपेक्षत्वाद्यापनबस्ति समेतस्य निषेधः स्यात्। ज्वरस्सातिसारश्च यापनात्यर्थं सेवनादिति वचनात्। पवन प्रकोपभयं चैतन्निमित्तमेवेति। उभयोरपि विरोधः इत्यपरे। एकाधिकारेण बस्तिप्रयोगनिषेधोऽयम् यदा बस्तियस्य प्रधानता तदा एकाहान्तरे, बस्तिरिति सत्तामात्रेण वा द्वयोरन्योन्यव्यवधानाभाव एव तेन प्रसगः। तस्मात् प्रतिषेधोऽय मिति केचित्। उत्क्लेशाग्निवधौ स्नेहात्। अनुवासने शीत्यमाने उत्क्लेशः कफ प्रसेकः। अग्निवधो मन्दाग्निता। निरूहात् पवनाद्भयंयत् अपतर्पणात् प्रमाणमब्रुवन वातकोपः कदाचि द्भवति। वातप्रकोपकृतं तु नित्य-मिति दोषप्रसंगपरिहारार्थम्। तस्मान्निरूढः स्नेह्यः स्नेहशोधनशब्दा-भ्यामनुवासनं निरूहणं चाह। तदेवमुभयमपि युक्तया कर्तव्यम्। क्रियमाणं बस्तिकर्म त्रिदोषनुद्भवति। नान्यथेति। वस्तिर्वातहरा णामिति। दोषत्रयप्रशमनमधिकृतं स्यात्। उक्तया त्रिदोषहरं स्नेहेन हि श्लेष्मा भवति। तस्मादुत्क्लेशाग्निवधात् कफः कुप्यति तथा निरूहेणापि वायु स्तस्मात् पवनभयमिति। बस्तेरेव द्रव्यसंयोगविशेषः। संयोगसामर्थ्यात् संसृष्ट दोषप्रशमनाद्वेत्यदोषः। जज्जटः।

हि० व्या०—अनुवासन तथा निरूह (किसी एक का) बस्ति का निरन्तर अति प्रयोग हानिकारक—स्नेहबस्ति तथा निरूहबस्ति में से किसी एक बस्ति का अति प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि अधिक स्नेहबस्ति के प्रयोग से उत्क्लेश तथा जठराग्नि का नाश होता है। निरूहबस्ति के अधिक प्रयोग से वातजन्य रोग हो सकता है। अतः निरूह के पश्चात् अनुवासन और अनुवासन के पश्चात् निरूहबस्ति का प्रयोग करना चाहिए। इस प्रकार युक्ति पूर्वक स्नेहन और शोधन (अनुवासन-निरूह) कर्म त्रिदोष नाशक है। चरक संहिता के इस विचार को अन्य आचार्यों ने भी अनुकरण किया है।

पश्चात् कर्म वर्णनम्—

कालस्तु बस्त्यादिषु यावां।
स्तावान् भवेद्विः परिहारकालः॥ च० सि० अ० १।

कृते कियान् वा परिहार कालः, इत्यस्यतोत्तरमाहकालस्तित्वत्यादि। तावान् भवेद्विद्वः परिहारकाल इति बस्त्यादि प्रयोगे यावान् कालो व्याप्यते, ततः कालाद्द्वियुणं कालं यावत् परिहार्यत्वेनोक्तं परिहर्तव्यम्। अत्र आदि शब्देन वमन विरेचन शिरोविरेचनानां ग्रहणम्। बस्तेस्त्वादौ व्युत्पादनेन प्राधान्यं दर्शयति।

चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अग्निवेश के सातवें प्रश्न का उत्तर समझाते हुए आचार्य ने कहा कि बस्ति आदि कर्मों में जितना समय लगता है उससे दूने समय तक नियमपूर्वक पथ्यपालन करना चाहिए। यहां चक्रपाणि के अनुसार वमन-विरेचन-निरूह, अनुवासन-नस्य इन पांचों कर्मों में यह नियम अभिप्रेत है।

वमनाद्यैर्विशुद्धं च क्षामदेहबलानलम्।
यथाण्डं तरुणं पूर्णं तैलपात्रं यथा तथा॥
भिषक् प्रयत्नतो रक्षेत्सर्वस्मादपवादतः।
दद्यान्मधुरहृद्यानि ततोम्ललवणौ रसौ॥
स्वादुतिक्तौ ततो भूयः कषायकटुकौ ततः।

अ० हृ० क० ५।ण१-५३

वमनविरेकाद्यैश्च विशुद्धं क्षामदेहं क्षामबलं क्षामानलं च पुरुषं वैद्यः प्रयत्नेन सर्वस्मादेवापवादाद्रक्षेत्। किमिव यथा तरुणमभिनयं कृतमंड यथातैलपूर्ण पात्र रक्ष्यते तथा यत्नेन रक्षेत्। स्वादु तिक्तौ ततो भूयः कषायकटुकौ ततस्तस्मिन् मधुरहृद्यानि दद्यात्। अनंतरमम्ललवणौ रसौ ततः स्वादुतिक्तरसौ ततः कषायकटुकौ रसौ दद्यात्। अरुणदत्तः।

हि० व्या०—वमन-विरेचन तथा बस्तिकर्म के पश्चात् व्यक्ति का शरीर विशुद्ध हो जाता है। बल एवं अग्नि क्षीण हो जाती है। अतः कच्चे अण्डे एवं तैलपूर्ण भाण्ड की यरह सावधानी से उसकी रक्षा करनी चाहिए। इस प्रकार सावधान वैद्य सभी प्रकार की निन्दाओं से बचा रहता है। उस व्यक्ति को पहले मधुररसयुक्त एवं हृदय का बल बढ़ाने वाला रुचिकर आहार देना चाहिए। तत्पश्चात् अम्ल एवं लवण रस, मधुर एवं तिक्त, और पुनः तिक्त-कषाय एवं कटु रस युक्त आहार क्रमशः देना चाहिए। प्रतिकूल रसों तथा स्निग्ध एवं रूक्ष आहारों का परिवर्तन पूर्वक उपयोग करके प्राकृतिक आहार पर लाना चाहिए।

बस्तिप्रयोग कालिक विड्वातोपक्रमे पुनर्बस्ति प्रयोगः तथा बस्तिप्रयोगोत्तरं उत्तानदेह स्थिति प्रयोजनं च।

विड्वातवेगो यदि चार्धदत्ते
निष्कृष्य मुक्ते प्रणयेदशेषम्।
उत्तान देहश्च कृतोपधानः
स्याद्वीर्यमाप्नोति तथाऽस्य देहः॥

च० सि० ३।२५-२६

विड्वातेत्यादि। निष्कृष्य मुक्त इति नलिकामाकृष्य विड्वातवेगे मुक्ते। दत्ते तु बस्तौ उत्तानदेहः कृतोपधानश्च स्यात् एतत्करण् प्रयोजनमाह-वीर्यमाप्नोतीत्यादि।

चक्रपाणिः।

विघातवेगो यदि वार्धदत्ते तदा बस्तेः निष्कृष्य नेत्रं मुक्ते तस्तिन्वातपुरीष-वेगे शेषं प्रणयेदिति । उत्तानदेहश्च कृतोपधानश्चेति । उत्तानदेहस्यादिति सम्बन्धः शरीरयन्त्रणा वगमादुत्तानदेहस्य विस्रब्धत्वात् । सामर्थ्यमुपजायते । तच्च वीर्यं निरूहबस्त्यादिजनितं नियमार्थम् । जज्जटः ।

हि० व्या०—अपान वायु के प्रकोप पर वस्तिविधि— आधी औषध गुदा में प्रविष्ट कराने के पश्चात् यदि तत्काल अपान वायु का वेग उत्पन्न हो जाय तो नली को गुदामार्ग से निकाल लेना चाहिए । रोगी के मल या अपान वायु त्यागने के पश्चात् शेष औषध पुनः प्रविष्ट कराना चाहिए । जब वस्ति का द्रव्य पूर्णरूप से अन्दर चला जाय तो रोगी को उत्तान सुला देना चाहिए । शिर के नीचे तकिया लगा देना चाहिए । इससे वस्ति का वीर्य (शक्ति) सम्पूर्ण शरीर में पहुंच जाता है ।

क्वचित्स्नेह प्रयोगेऽपि वातविकारवृद्धि कारण संकेतः ।

मेदः कफाभ्यामनिलो निरूद्धः
शूलाङ्गसुप्तिश्वयथून करोति ।
स्नेहं तु युञ्जन्नबुधस्तु तस्मं
संवर्धयत्येव हि तान् विकारान् ॥ च० सि० १।५७-५८

मेदसा कफेन वेति मेदः कफाभ्याम् । अत्र शूलादीन्निरीक्ष्य शुद्ध वातभ्रान्त्या स्नेहं प्रयुंक्ते, नावरणं जानाति, अतएव "अवृधः" इति कृतम् । अन्यत्राप्युक्तम् —"कुपिते मार्ग संरोधान्मेदसा वा कफेन वा अति वृद्धेऽनिले नादौ शस्तं स्नेहेन बृंहणम्—" इति । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—मेद और कफ से अवरुद्ध वायु शूल, अङ्गों में संज्ञा हीनता एवं शोथ रोग उत्पन्न करती है । ऐसी अवस्था में यदि स्नेह का प्रयोग किया जाय तो रोग बढ़ जाता है साथ ही जिन रोगों की कल्पना भी नहीं की जा सकती ऐसे दूसरे रोग उत्पन्न हो जाता है । परस्पर एक दूसरे के मार्ग को अवरुद्ध किए हुए यह रोग प्रायः दुर्जय होते हैं । पुनः रक्तादि अन्य धातुओं को दूषित कर ऐसे रोग उत्पन्न करते हैं जो अपनी चिकित्सा से शान्त नहीं होते ।

पुनरपि प्रयोज्य वस्ति संकेतः ।

स्वयं निवृत्ते तु पूर्ववद् द्वितीयं तृतीयं च दद्याद्यावद्वा सुनिरूढः तत्राद्योऽनिलं स्वमार्गादपकर्षति द्वितीयः पित्तं तृतीय श्लेष्माणमिति । अ० सं० सु० २८।४४

स्वयं ग्रहणं यत्राप्रवर्तमानं यत्नेनानीतं तत्र तदहः पुनः प्रयोग प्रतिषेधार्थम् । प्रथमे बस्तावागते द्वितीयो देयः । द्वितीये तृतीयः । तृतीये आगते चतुर्थः । यावद्वा सम्यङ्निरूढलक्षणानि वक्ष्यमाणान्युत्पन्नानि । तेन कदाचिदेकः । कदाचिद् बहवोऽपि । तत्र वस्तिस्तु मध्ये य आद्यो बस्तिः स वातमेव सुतरामपकर्षति तस्यापकृष्टत्वात् । द्वितीयः पित्तजयाय कल्पते ततोऽवशिष्टं श्लेष्माणं तृतीयो

नाशयतियत्र च दोषा एवं नापकृष्टाः संयोगादिवशात् तत्र चतुर्थादीनां विषयः । इन्दुः ॥

हि० व्या०—स्वाभाविकरूप से बस्तिद्रव्य वापस आ जाने पर दूसरी, तीसरी और चौथी निरूहवस्ति देनी चाहिए । अथवा पूर्ण रूप से निरूहण होने तक वस्ति देनी चाहिए । प्रथम वस्ति वायु को अपने मार्ग से खीचती हैं, दूसरी वस्ति पित्त को और तीसरी वस्ति कफ को नष्ट करती है । इन बस्तियों से दोष का शमन न होने पर चौथी या अधिक वस्ति प्रयोग करनी चाहिए ।

सम्यक् बस्ति प्रयोग सामान्य लक्षणानि ।

नाभि प्रदेशं कटिपार्श्वकुक्षि
गत्वा शकृद्दोषचयं विलोड्य ।
संस्नेह्य कायं सपुरीषदोषः
सम्यक् सुखेनैति च यः स बस्ति ॥

च० सि० १।४०-४१

तत्र बस्तेः कृताकृतलक्षणानि क्रमेणाह-नाभीत्यादि । विलोड्येति संक्षोभ्य । संस्नेह्य कायमिति वीर्यरूपेण सारेण कायं व्याप्य, उक्तं हि—"वीर्येणबस्तिरादत्ते दोषानापादमस्तकात्" (सु० चि० ३५) इति । स्नेह शब्देन च सारोऽभिधीयते; यथा—"देहःस्नेहपरिक्षयात्" इति । सम्यगिति निरवशेषेण । सुखेनेति विकार-मकृत्वा । चक्रपाणिः ।

विविक्ता मनस्तुष्टिः स्निग्धता व्याधिनिग्रहः ।
आस्थापनस्नेहबस्त्योः सम्यग्दाने तु लक्षणम् ॥

सु० चि० ३८।१४

इदानीं सान्वासनास्थापनस्य सम्यग्दत्तस्य लक्षणमाह-विविक्ततेत्यादि । विविक्तता सम्यग्पृथगवधारणं, मानस एवेन्द्रियार्थेषु सम्यगवधारणसामर्थ्यं, रसादि धातुवहस्रोतसामनावृतत्वं वा विविक्तता । डल्हणः ।

विविक्तता पवित्रता ग्लानिरहितेति यावत् । हाराणचन्द्र० ।

हि० व्या०—नाभिप्रदेश, कटि, पार्श्व एवं उदर में जाकर मल और दोषों के संचय को विलोडित कर, शरीर को स्निग्ध कर मल और दोषों से संयुक्त होकर जो सुखपूर्वक वापस चली आती है उसे वस्ति कहते हैं ।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार निरूह और अनुवासन वस्ति के सम्यक् (विधिवत् प्रयोग होने पर अवधारण शक्ति (विवेक), मन की प्रसन्नता, शरीर की स्निग्धता और रोग की शान्ति होती है ।

बस्त्ययोगलक्षणानि

तस्य हीन सम्यगति योगास्तु विरिक्तवत् ।

अ० सं० सू० २८।४५

··· ··· ··· गुदे मलाभिभूते गुदे समुपस्थितानिले वोपस्थितपुरीषे वा संस्थित श्लेष्मणि वा नेत्रे वा जिह्वे शिथिलवत्यवपीडिते न स्नेहः पक्वाशयमनुप्राप्नोति । तमयोगं विद्यात् । का० सं० सि० ६।३

अयोगश्चातियोगश्च निरूहस्य विरिक्तवत् । चक्रदत्तः ।

हि० व्या० —वस्ति के हीनयोग, सम्यग्योग और अतियोग विरेचन प्रकरण के समान है ।

आचार्य काश्यप के अनुसार जब गुदा मल से युक्त हो या गुदा में मल भरा हुआ हो, गुदा में वायु, पुरीष, एवं श्लेष्मा विद्यमान हो, वस्ति नेत्र टेढ़ा हो, अथवा वस्तिपुटक शिथिल हो या अल्प दबाव से बस्ति दी गयी हो तो वस्ति कार्य में प्रयुक्त स्नेह पक्वाशल में नहीं पहुंचता । इस अवस्था को अयोग कहते हैं ।

वस्त्ययोग चिकित्सा

क्वाथद्वयं प्राग्विहितं मध्यदोषेऽतिसारिणि ।
उष्णस्य तस्मादेकस्य तत्र पानं प्रशस्यते
फलवर्त्यस्तथा स्वेदाः कालं ज्ञात्वा विरेचनम् ॥

अ० सं० क० ६।३

प्राक्चिकित्सिते मध्यदोषेऽतिसारिणि क्वाथद्वयं विहितं प्रमथ्याख्यं मागधिकादीनां जलजलदादीनां च तस्मात् क्वाथद्वयाद्दोषाद्यपेक्षयैकस्य क्वाथस्य तत्रायोगस्य षड्विधत्वान्नाभिशूलादिके पानं प्रशस्यते । फलवर्त्यादिकं च प्रशस्यते । कालं ज्ञात्वा विरेचन योग्ये विरेचनं हितम् । इन्दुः ।

हि० व्या०—अष्टाङ्ग संग्रह चिकित्सा स्थान अतिसार चिकित्साप्रकरण में दो क्वाथ योगों का निर्देश किया गया है (पिप्पल्यादि और जलजलदादि कषाय) उसमें से एक कषाय का सेवन करना चाहिए, फलवर्ति, स्वेदन तथा अवस्थानुसार विरेचन चिकित्सा की व्यवस्था करना चाहिए ।

कुष्ठं सुपिष्टं कुमुदेन सार्धं
गव्यं च पित्तं प्रपिबेज्जलेन ।
गोमूत्रयुक्तामभया पिबेद् वा
युक्तं त्रिवृत् सैन्धव सप्तलार्द्धैः ॥ का० सि० ६।

हि० व्या०—वस्ति के अयोग की चिकित्सा—नीलकमल के साथ कुष्ठ को अच्छी प्रकार से पीसकर पिलाना चाहिए । अथवा गोपित्त को जल के साथ सेवन कराना चाहिए । अथवा गोमूत्र से युक्त हरीतकी, या सैंधव-सप्तला के साथ युक्तिपूर्वक त्रिवृत् का सेवन कराना चाहिए ।

वस्त्ययोगजन्योपद्रवाः चिकित्सा च ।

तयोस्तृष्णामूर्च्छाहृल्लासज्वरदाहहृद्रोगश्वयथुशूलार्शः पाण्डुकामला ··· ···

स्तैमित्याद्या रोगा उत्पद्यन्ते । तत्रापि यथादोषं स्नेहस्वेदवमनविरेचनास्थापनफलवर्तिहितमिताशनादिभिः शममापद्यते । का० सं०

हि० व्या० —आचार्य काश्यप के अनुसार अयोग तथा अतियोग में उपद्रव-स्वरूप तृष्णा, मूर्च्छा, हृल्लास, ज्वर, दाह, हृदय रोग, श्वयथु, शूल, अर्श, पाण्डु: कामला, स्तैमित्य आदि रोग उत्पन्न हो जाते है । इनमें दोषानुसार, स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन, आस्थापन, फलवर्ति तथा हितकर आहार के द्वारा शांति होती है ।

बस्त्यतियोग लक्षणानि ।

यः वातपित्तकफपुरीषमूत्राभिभूतस्य ···· ···· ···· गच्छन्नूर्ध्वं वा प्रपद्यते, विरिक्तस्नुतविशोषितवुभुक्षित श्रान्तचिन्तेर्ष्यायासशोकभयार्तस्य वा न प्रत्यागच्छति, तमतियोगं विद्यात् । का० सं० सि० ६।४

हि० व्या०—बस्ति के अतियोग का लक्षण – बस्ति के द्वारा दिया गया स्नेह, वात, पित्त, कफ, पुरीष से गुदा में व्याप्त हो जाने के कारण पक्वाशय से भी ऊपर चला जाता है अथवा जो स्नेह विरिक्त (विरेचन किया गया), स्रुत (जिसको स्राव हो रहा है), जिसका शोषण हुआ है, जो प्यासा, भूखा, थका हुआ, चिन्ता ईर्ष्या, परिश्रम शोक एवं भय से ग्रस्त है ऐसे रोगी का स्नेह लौटकर वापस नहीं आता है । उसे अतियोग समझना चाहिए ।

बस्ति प्रयोगजन्योपद्रवाणां नामतः संकेतः ।

धीधैर्यौदार्यगाम्भीर्यक्षमादमतपोनिधिम् ।
पुनर्वसुं शिष्यगणः पप्रच्छ विनयान्वितः ॥३॥
काः कति व्यापदो वस्तेः किं समुत्थानलक्षणाः ।
का चिकित्सा इति प्रश्नाञ्छ्रुत्वा तानब्रवीद गुरुः ॥४॥
नातियोगो क्लमाध्माने हिक्का हृत्प्राप्तिरूर्ध्वता ।
प्रवाहिका शिरोरुग्गतिः परिकर्तः परिस्रवः ॥
द्वादश व्यापदो बस्तेरसम्यग्योगसंभवाः ।
आसामेकैकशो रूपं चिकित्सां च निबोधत ॥६॥ च० सि० ७।३-८

काः कतीत्यादि पञ्चप्रश्नाः । नातियोगावित्यादिना आद्यप्रश्नस्योत्तरम् । नातियोगावित्ययोगातियोगौ । एतद्वादशव्यापदां च विवरण एव स्फुटार्थो भविष्यन्ति । असम्यग्योगसंभवाः इति निरूहस्यायोगातियोगरूपासम्यग्योगसंभवाः । अनेन च समुत्थानप्रश्नस्य सामान्यकारणाभिधानेनोत्तरं दत्तं भवति । अत्र बस्ति प्रयोगस्यासम्यग्योगेन निरूहकार्यदोषहरणस्यातियोगायोगौ व्यापत्तिरूपौ जन्येते, क्लमादयोऽपि चाति योगायोगजाता एव विशिष्टहेतुलक्षण चिकित्सिततया इहापि पृथगुच्यन्ते, यथा संशोधने आध्मानादयोऽयोगातियोगजाता अपि पृथगुक्ताः । केचित् 'नातियोगात् क्लमाध्माने' इत्यादि, तथा 'दशैता व्यापदो बस्तेः'

इत्यादि पठन्ति, तत्र पूर्वाध्यायोक्तव्याख्यानादर्थो नेयः, किन्तु पूर्व एव पाठो निर्व्यूढः। आसामित्यादौ रूपशब्देनैव प्रति प्रतिवक्ष्यमाणहेतुविशेषोऽवरुद्धो ज्ञेयः, येन हेतुरपि हि व्यासगमकतया रूपमेव ॥ चक्रपाणिः।

धीर्बुद्धिः त्रिकालविषया। धैर्यं स्थिरता, औदार्यं प्रश्रयः, गाम्भीर्यमक्षोभः। क्षमा =सर्वंसहनं (इन्द्रिय क्षान्तिर्दमः। कायवाङ्मनः प्रशमः तपः, शीलविशेष सम्बन्धः। एषां निधानभूतं पुनर्वसुं। प्रश्ननिर्देशार्थकः कतीति संज्ञासंख्यासंश्रयः प्रश्नः। तासां पुनस्समुत्थानचिकित्सितलक्षणान्येवं प्रश्नः। अनन्तरं च प्रश्नप्रतिख्याकरणं नातियोगाद्या द्वादशव्यापदो वस्तेरिति। अतियोगातियोगौ व्यापत्तेर्लक्षणा येव्याधयः पूर्वत्र व्यापन्निमित्तमुक्तत्वादिहेतुः स्वयमपि व्यापत् कदाचिद्भवति। तस्याः कदाचिच्च हेतुवशादनेकभेदा निरुक्ताः सर्वेऽपि भवन्तीति। पूर्ववत्, तद्यथा ज्वरो रक्तपित्तस्य निमित्तं रोगाधिकरणे संख्यातश्चेति। अथवा पूर्ववदेवानयोर्व्यापद्धेतुत्वेन स्वयं व्यापत्वं, अवस्था भेदस्तु स्व स्वहेतुज एवेति पाठोऽयं व्याख्येयो नातियोगमिथ्यायोगास्तद्धेतुकाः क्लमाद्याः अनन्तरमुक्ताः त एव तद्धेतुका इति। नातियोगादीति। पूर्वबाधोऽप्यसम्यग्योगसंज्ञकः इति ॥

जज्जटः।

हि० व्या० —बुद्धि, धीरता, उदारता, गम्भीरता, क्षमा, दम और तपस्या के निधि भगवान पुनर्वसु से विनयावनत शिष्यों ने पूछा। निरूहबस्ति में कौन-कौन और कितनी व्यापत्तियां होती हैं उन व्यापत्तियो के होने का क्या-क्या कारण हैं और उनके लक्षण क्या-क्या होते हैं ? इन चार प्रश्नों को सुनकर उन शिष्यों से गुरु ने कहा—(१) अयोग (२) अतियोग (३) क्लम (४) आध्मान (५) हिक्का (६) हृदयप्राप्ति (७) ऊर्ध्वगमन (८) प्रवाहिका (९) शिरःशूल (१०) अंगों में पीड़ा (११) परिकर्तिका (१२) परिस्राव। इस तरह बारह व्यापत्तियां विधिविपरीत बस्ति कर्म करने से होती हैं। इन सभी व्यापत्तियों का लक्षण और चिकित्सा मैं बता रहा हू उन्हें सुनो।

बस्तिव्यापदां नामतः संकेतः।

विबंध गौरवाध्मान शिरोरुग्वाहनोर्ध्वगाः।
कुक्षिशूलाङ्गरुग्हिध्मा हृत्पीडाकर्तनस्रवाः॥
अयोगादतियोगाच्च बस्तेः स्युः षट्षडापदः।

अ० सं० क० ६।१

बस्तेरयोगाद्विबन्धादयः षडापदो व्याधयः स्युः। तस्यैवातियोगात् कुक्षिशूलादयः षडापदः स्युः। एताश्चापदः प्रधानाः कीर्तिता एतदनुयायिनां हि पृथगत्रैव वक्ष्यमाणत्वात्। वाहनं प्रवाहिका। उर्ध्वंगाख्या व्यापत् यत्र वस्ति मुँखनासिकान्निरेति। कर्तनं नाभ्यादीनां कर्तनमिव। स्रवोऽसृगादिपरिस्रवः।

इन्दुः।

षट् सप्तति संख्यानां विविध बस्तिव्यापदां संक्षिप्तंवर्णनम्

अत ऊर्ध्वंव्यापदो वक्ष्यामः। तत्र नेत्रं विचलितं, विवर्तितम्, पार्श्वापीडितम्, अत्युत्क्षिप्तम्, अवसन्नं, तिर्यक्प्रक्षिप्तमिति षट् प्रणिधानदोषाः;

अतिस्थूलं, कर्कशम्, अवनतं, अणुभिन्नं, सन्निकृष्ट विप्रकृष्टकर्णिक, सूक्ष्मातिच्छिद्रम् अतिदीर्घम्, अतिह्रस्वम्, अस्निमदित्येकादश नेत्र दोषाः; बहलता, अल्पता, सच्छिद्रता, प्रस्तीर्णता, दुर्बद्धतेतिपञ्च बस्तिदोषः;

अति पीडितता, शिथिलपीडितता, भूयो भूयोऽवपीडनं, कालातिक्रम इति चत्वारः पीडन दोषाः;

आमता, हीनता, अतिमात्रता, अतिशीतता, अत्युष्णता, अतितीक्ष्णता, अतिमृदुता, अतिस्निग्धता, अतिरूक्षता, अतिसान्द्रता, अतिद्रवता, इत्येकादश द्रव्यदोषाः।

अवाक्शीर्षच्छीर्षन्युब्जोत्तानसङ्कुचितदेहस्थित दक्षिणंपार्श्वशायिनः प्रदानमिति सप्तशय्यादोषाः एवमेताश्चनुश्चत्वारिंशत् व्यापदो वैद्यनिमित्ता। आतुरनिमित्ताः पञ्चदश आतुरोपद्रवचिकित्सिते वक्ष्यन्ते। स्नेहस्त्वष्टभिः कारणैः प्रतिहतो न प्रत्यागच्छति त्रिभिर्दोषैः अशनाभिभूतो, मलव्यामिश्रो, दूरानुप्रविष्टो, अस्विन्नस्य अनुष्णो, अल्पम्भुक्तवतो, अल्पश्चेति वैद्यातुरनिमित्ता भवन्ति। अयोगस्तूभयोः, आध्मानं, परिकर्तिका, परिस्रावः, प्रवाहिका, हृदयोपसरणम्, अङ्गप्रग्रहो, अतियोगो, जीवादानमिति नवव्यापदो वैद्यनिमित्ता भवन्ति।

सु० चि० ३५।३२

हि० व्या० —**बस्ति की व्यापत्तियों का निर्देश**—इसके पश्चात् वस्ति के दोषों का वर्णन किया जा रहा है।

(१)—नेत्र का विशेष हिलना, (२) प्रविष्ट होते ही मुड़ जाना, (३) दक्षिण और वामपार्श्वों का दवना, (४) अत्यधिक ऊपर उठना, (५) नीचे को दबना (६) और तिरछा प्रविष्ट करना ये छः दोष वस्ति प्रवेश करने के हैं।

नेत्रदोष से होने वाले व्यापत—(१) बहुत मोटा, (२) खुरदरा (३) नीचे को झुका होना, (४) परमाणुओं का भिन्न होना, (५) समीपकर्णिका युक्त, (६) दूर कर्णिकायुक्त, (७) अत्यधिक छोटे छिद्रवाला, (८) बहुत बड़े छिद्र वाला, (९) बहुत लम्बा, (१०) बहुत छोटा, (११) किनारे से युक्त ये ग्यारह नेत्र के दोष हैं।

वस्ति दोष -(१) मांस सहित होना, (२) छोटी होना, (३) छिद्रयुक्त होना, (४) स्नायुजाल से युक्त होना और (५) अच्छी तरह न बाँधना ये पांच वस्ति के दोष हैं।

बस्ति दबाने के दोष--(१) अधिक दबना, (२) कम दवना, (३) बार-

बार दबना और (४) पीड़नकाल का अतिक्रमण करना ये चार बस्ति को दबाने के दोष हैं।

द्रव्य दोष—(१) अपक्वस्नेह, (२) अल्प होना, (३) अधिक होना, (४) अत्यन्तशीतल होना, (५) अत्यधिक उष्ण होना, (६) अत्यन्त तीक्ष्ण होना, (७) अत्यन्त मृदु होना, (८) अत्यन्त स्निग्ध होना, (९) अत्यन्त रूक्ष होना, (१०) अधिक गाढ़ा होना और (११) अधिक द्रव (पतला) होना, ये ग्यारह द्रव्य के दोष हैं।

शय्यादोष—(१) शिर नीचे रखना, (२) सिर ऊंचा रखना, (३) पेट के बल लिटाना (४) चित्त लिटाना, (५) शरीर सिकोड़कर रखना, (६) बैठे रहना, और (७) दाहिने पार्श्व से सोये हुए को वस्ति देना, ये सात शय्या दोष हैं। उपरोक्त ४४ दोष चिकित्सक के द्वारा उत्पन्न होते हैं। आतुर (रोगी) के द्वारा १५ प्रकार के उपद्रव होते हैं।

आठ कारणों से रुका हुआ स्नेह पुनः वापस नहीं आता—(१) तीनों दोषों के कारण (२) भोजन के द्वारा दबाये जाने से (३) मल के मिश्रण से (४) दूर प्रविष्ट हो जाने से, (५) स्वेदन के बिना प्रयुक्त होने से, (६) शीतल होने से (७) आहार नहीं करने से तथा (८) अल्प आहार करने से। ये दोष वैद्य आतुर दोनों के द्वारा होते हैं।

(१) दोनों बस्तियों का अयोग, (२) आध्मान (३) परिकर्तिका, (४) परिस्राव, (५) प्रवाहिका (६) हृदयोपसरण (७) अङ्गप्रग्रह (८) अतियोग और (९) जीवादान ये नौ व्यापद् वैद्य के द्वारा उत्पन्न होते हैं।

वस्तिव्यापदाः तच्चिकित्सा च

स्नेहबस्तिनिरूहश्च द्विविधं याति विभ्रमम्।
न युज्यते वा दुर्युक्तो युक्तो वाप्यतिपूर्यते ॥
तेषां विप्रतिपन्नानां वस्तीनां व्यापदो दश।
तासां रूपं चिकित्सां च प्रवक्ष्याम्यपूर्वशः ॥
न याति वा गुदे युक्तो वातादिगदपीडिते।
पुरीषेणावृते वापि स न गाढं प्रपीडितः ॥
अर्शसा प्रतिसंरुद्धः श्लेष्मणा पिहिते गुदे।
गुरु यन्त्रयुक्तो वापि नेत्रे वा जीर्णसर्पिते ॥
न गच्छति गुदे वस्तिर्विभ्रान्तेषु च धातुषु।
तमयोगमिति ब्रूयादतियोगं निबोध मे ॥
वाताभिभूतपित्ते वा श्लेष्मणा वाऽहिताशिनः।
पुरीषेणाभिभूतश्च दूरं याति प्रपीडितः ॥
न प्रत्यायात्यधो वस्तिर्भीतस्योन्मथितस्यवा।

गुदवल्यां तृतीयायामर्शोभिर्वा निवारितः ॥
विरेचितस्य वान्तस्य मद्यशोकाकुलस्य च।
न प्रत्यायात्यधो वस्तिरूर्ध्वं वातिप्रवर्तते ॥
तेषामुपद्रवा घोरा जायन्ते वस्तिविभ्रमात्।
जीवादानं तृषाच्छर्दिः हृद्रोगः श्वयथुस्तथा ॥
शूलमर्शांसि पाण्डुत्वं श्वासोऽथ परिकर्तिका।
एषां प्रत्येकशो रूपं चिकित्सां च निबोध मे ॥
गुरुकोष्ठस्य रूक्षस्य बहुदेशस्य देहिनः।
अस्निग्धस्य गुरुव्याधेर्यदि वस्तिः प्रदीयते ॥
अत्यल्पो वाथ रूक्षो वा शीतवीर्यौषधिस्तथा।
लवणस्नेहरिक्तो वा तनुस्सान्द्रोऽथ वा भृशम् ॥
सम्बद्धबहुदोषस्य दोषानुत्क्लेशयत्यपि।
तत्रस्था यत्र सर्पन्ति दोषास्ते पीडिता भृशम् ॥
कटावस्थ्यूरुजङ्घे च पादपृष्ठोदरे तथा।
स्पन्दन्ते भवेच्चास्य सशूलमुदकोदरम् ॥
सशूलमुदावर्तो गुदशोषो ज्वरस्तथा।
वैवर्कासहृल्लासा भक्तद्वेषो विवर्णता ॥
स्निग्धं तस्य स्विन्नस्य संकरप्रस्तरादिभिः ॥
निरूहं प्रयोक्तीक्ष्णममोघाप्रतिवारणम् ॥

भे० सि० अ० ८।१-१६

वस्ति प्रयोगकाले परिहार्याऽसम्यक्बस्ति प्रयोग कारणानां संकेतः।

बद्धे प्रणे, विषमं च नेत्रे
मार्गे तथाऽऽकफविडविबद्धे।
न याति बर्हि सुखं निरेति
दोषावृतोवा यदि वाऽल्पवीर्यः ॥

च० सि० १।५५।५६

नेत्रे बद्धे विषमं प्रणीते च गुदावरुद्धत्वान्न याति। यथा 'न सुखं निरेति' इत्यादिना "सुचिराच्च केन" इति प्रश्नस्योत्तरम्। न सुखं निरेतीति दुःखं कृत्वा चागच्छतीत्यर्थः। दोषावृतेति दोषेण बलीयसाऽवरुद्धः। अल्प इति अल्पमानः। अल्प वीर्य इति उष्णत्वेनाद्यभावान्मृदुवीर्यः। चक्रपाणिः।

हि० व्या० - वस्ति नेत्र के मार्ग में अवरोध होने से, विषम रूप में नेत्र को गुदा में प्रवेश करने से अर्शरोग होता है। कफ अथवा मल के कारण गुदा मार्ग में अवरोध होने से वस्ति अन्दर प्रविष्ट नहीं हो पाती और आसानी से बाहर भी नहीं निकलती है। वस्तिद्रव्य अन्दर जाने पर दोषों द्वारा मार्ग

आवृत हो जाने से भी बाहर नहीं निकल पाती है। वस्ति में प्रयुक्त औषध की मात्रा अल्प होने पर या औषधि हीनवीर्य होने पर भी अदर गयी हुई बस्ति सुखपूर्वक बाहर नहीं निकल पाती है।

बस्तिप्रयोगे सम्भाव्यमानानां दोषाणां वर्णनम्।

तिर्यक् प्रणीते न तु याति धारा
गुदे व्रणः स्याच्चलिते तु नेत्रे।
दत्तः शनैर्नाशयमेति बस्तिः
कण्ठं प्रधावत्यतिपीडितश्च।
शीतस्त्वतिस्तंभकरो विदाहं
मूर्च्छां च कुर्यादतिमात्रमुष्णः॥
स्निग्धोतिजाड्यं पवनं तु रूक्ष-
स्तन्वल्पमात्रालवणस्त्वयोगम्।
करोतिमात्रास्यधिकोऽति योगं
क्षामं तु सान्द्रः सुचिरेण चैति॥
दाहातिसारौ लवणोऽति कुर्यात्त-
स्मात् सुयुक्तं सममेव दद्यात्। च० ३।२०-२३

तिर्यक् प्रणिधानादिदोषमाह - तिर्यगित्यादि। न यं धारेति तिर्यक् प्रणिधाने सति गुदवली रोधो भवति तेनधारा न याति। ति स्तम्भकर इति बस्तिर्देहस्य स्तम्भं करोति। जाड्यमिति शरीरजड़त्वन्वल्पमात्रालवणस्त्वयोगमिति तनुर्वा अल्पमात्रलवणो वा। सान्द्रस्तनुवातः, क्षामं पुरुषं कुर्यात्। लवणोऽतीति अतिमात्रलवणः। तस्मादिति यथो विधानेषु दोषनिदर्शनात्। सुयुक्तमिति तिर्यक्प्रणिधानादिरहितं, शीतत्वरहितं च। चक्रपाणिः।

"तिर्यक्प्रणीते तु न याति धारा विषं गच्छति नैव वा गच्छतीति।" गुदे व्रणः स्याच्चलिते (च) नेत्रे असकृद्विचाल्यम व्रणो भवतीति दत्तशनैर्नाशयमेति बस्तिः। आशयः स्थानं नाभिप्रदेशकटीपार्श्वक्षमिति। स्वैर प्रथमप्राप्तिरिति। अल्पागमनप्रथमकर्मासमर्थत्वात् स्वकार्यमकुर्वाप्नोतीत्युच्यत इति। कण्ठं प्रधावेदतिपीडितश्चेति। सति सामान्याश्रयमेतविषाश्रयं तु पुनर्वचनं चिकित्सित नानात्वोपदेशात्। निरूढ कल्पः कल्पनं कल्प इति दोषादिपरिहारार्थं शीतादिगुणकल्पनाप्रतिषेधो दोषदर्शनाच्छीतस्त्वतिस्तंभकरः इतिः। अतिशीतः स्तम्भकरः। "सर्वेन्धवं शीतलमेव दद्यादिति" चनं पैत्तिकस्य तदुपयोज्यमितितस्यैवाप्रतिषेधः। अति समस्य विधानात्। तल्पमात्रं लवणः तनुरल्पमात्रः अल्पलवणश्चेति। क्षामं तु सान्द्रः घनः। कस्मात् पुनस्सान्द्रस्य चिरं गमनं नतूष्णतादीनपि (दोषानाह यतस्ता) नैव हिनदीन् बाधते। सङ्घाताद्गुरुत्वं यच्छीघ्रगतित्वाभाव इति। तत्प्रमाणनिर्देशतियोगादधिक प्रक्षेपणादास्वादेन

वाऽतिलवण इति। समकृतिप्रदर्शनार्थं, तस्मात्सुयुक्तस्सममेव दद्यादिति अत्यर्थमभियुक्तस्सुयुक्त इत्यनेनास्याप्रमत्तत्वं प्रेक्षापूर्वकारी समः। विपरीतो यथोक्त विपरीतान् न गणदोषयोस्तुल्यत्वं समत्वमिति शयनविधान प्रयोजनं शस्यते ऽस्मिन्निति कृत्वा। जज्जटः।

नातिशीतं न वा त्युष्णं कषायमुपकल्पयेत्॥
वायुः कुप्यति शीतत्वादत्युष्णं तु गुदं दहेत्।
अतिसान्द्रातिग्रथितो दोषेण स हि मूर्छति॥
मंदप्रवेगो भवति व्यापच्चास्योप जायते।
अथवाऽपि तनुर्यस्य कषायो योजितो भवेत्॥
सोऽल्पं हरति दोषं च न च संशोधयेद्गुदम्।
परिकर्तं च शूलं च जनयेच्च प्रवाहिकाम्।
अत्यर्थमधुरो दत्तो विदग्धः स्तम्भ वेदनाम्।
ग्रहणीं रक्तमर्शांसि पाण्डुरोगं भगन्दरम्।
अतितीक्ष्णस्तु दुर्युक्तः क्षिप्रं प्रति निवर्तते।
न निर्हरति दोषांश्च ज्वरं मूर्छा करोति च।
भे० सि० ७।२६।३१

हि० व्या०—वस्तिप्रयोग में सम्भावित दोषों (उपद्रवों) का वर्णन—

१—बस्ति की नली तिरछी करके वस्ति लगाने से औषधि की धारा ठीक से प्रविष्ट नहीं होती है।

२— वस्ति लगाते समय नली के हिल जाने से गुदा में व्रण हो जाता है।

३—औषधि को धीरे से दबाकर औषधि प्रयोग कराया जाय तो पक्वाशय तक औषधि नहीं पहुंच पाती है।

४—अधिक दबाव से वस्ति दी जाय तो औषध गले में चली जाती है और वमन द्वारा बाहर निकल जाती है।

५—बस्ति का द्रव्य शीतल होने पर स्तम्भित हो जाता है। इससे बस्ति द्रव्य बाहर नहीं निकलता।

६—बस्ति द्रव्य अति उष्ण हो तो विदाह और मूर्छा उत्पन्न करता है।

७—वस्तिद्रव्य अति स्निग्ध होने से जड़ता उत्पन्न होती है।

८—औषधि पतली हो, अल्पमात्रा में हो और नमकरहित हो तो अयोग उत्पन्न करती है तथा अपेक्षित लाभ नहीं मिलता है।

९—औषधि अधिक गाढ़ी होने से पक्वाशय में क्षोभ होता है तथा देर से वस्ति द्रव्य बाहर निकलता है।

१०—औषधि की मात्रा अधिक होने से अयोग होता है।

११—औषध में नमक की मात्रा अधिक होने से उदर में दाह और अतिसार रोग उत्पन्न होते है।

अतः चिकित्सक को विधिपूर्वक और समयोग से बस्ति प्रयोग करना चाहिए।

बस्तिनेत्र दोषाणां नामानि तदुपद्रवाश्च।

ह्रस्वं दीर्घं तनुस्थूलं जीर्णं शिथिलबन्धनम्।
पार्श्वच्छिद्रं तथा वक्रमष्टौ नेत्राणि वर्जयेत्॥
अप्राप्त्यतिगति क्षोभकर्षणक्षणनस्रवाः।
गुदपीडा गतिर्जिह्मा तेषां दोषा यथाक्रमम्॥

च० सि० ५।४-५, अ० सं० क० ७।१५-१६

नेत्रदोषकथने अष्टाविंतिपदमनुक्तकर्कशत्वादि दोषाणामत्रैवान्तर्भावोपदर्शनार्थम्। कर्कशत्वस्य जीर्णेन कर्तृत्वसाम्यादग्रहणम्। एवमन्यत्रापि संख्यावचने प्रयोजनमिह वर्णनीयम्। तनु=कृशम्। अप्राप्त्यादि यथाक्रमं ह्रस्वेनादिषु ज्ञेयम्। अतिगतिर्दूरप्रवेशः। क्षोभो गुद प्रविष्टस्येततस्ततो गमनम्। गुदपीडेति पार्श्वच्छिद्रनिर्गतेन बस्तिद्रवेण योगाद्गुदपीडा। जिह्मेति कुटिला। चक्रपाणिः।

ह्रस्वं दीर्घम् इति आपेक्षिकत्वाद्दोषो यस्मात्प्रमाणादिति गम्यते। अप्राप्त्यतिगतिक्षोभादयस्त्वेषां यथासंख्येन भवन्तीति। तनुः क्षोभयति। तच्च लग्नं शिथिलबन्धनं शिथिलबद्धिकं स्राविभेषजत्वात्। पार्श्वच्छिद्रेण न पुनरुक्तं छिद्रस्य विकारार्थत्वात्। शिथिलबन्धनं वा बस्तिबन्धनं यस्येति। संख्यानिर्देशोऽन्यविकल्पप्रतिषेधार्थः। यत; स्वपक्षपरिग्रहो ऽन्यपक्षे दोषात्वमुद्भावयति। तथाहि—अनिर्देश्यं प्रतिक्षेप्यमसम्मतमथापि च "असम्भवाद्विरुद्धत्वान्नोक्तत्वात् त्रिधा वचः" इति। अत्र केषांचिदविद्यमानत्वात् केषांचिदयुक्तत्वात् केषांचिदेव विरुद्धत्वात्। ते चोक्ता दोषा अन्यत्र यथा कर्कशाग्रं तनुछिद्रं दूरसंसक्तकर्णिकम् अकर्णिकं महाकर्णं विनालं साग्रकर्णिकम्। प्रायेण कर्णिकाचतुर्भागाश्रया दोषा उक्ताः तेषामेवात्र वर्जनमिति॥ जज्जटः।

अतिस्थूले कर्कशे च नेत्रेऽस्त्रिमति घर्षणात्।
गुदे भवेत् क्षतं रुक् च साधनं तस्य पूर्ववत्॥
आसन्नकर्णिके नेत्रे भिन्नेऽणौ वाऽप्यपार्थकः।
अवसेको भवेद्वस्तेस्तस्माद्दोषान् विवर्जयेत्।
प्रकृष्टकर्णिके रक्तं गुदमर्म प्रपीडनात्।
क्षरत्यत्रापि पित्तघ्नो विधिर्ह्यस्तिश्च पिच्छिलः॥
ह्रस्वे त्वणुस्रोतसि च क्लेशो बस्तिश्च पूर्ववत्।
प्रत्यागच्छंतः कुर्याद्रोगान् बस्तिविघातजान्।
दीर्घे महास्रोतसि च ज्ञेयमत्ववपीडवत्॥

सु० चि० ३६।६-१० क

अतिस्थूल इत्यादि। पूर्ववच्छब्देन सद्यः क्षतवत्क्रियेत्यर्थः। आसन्नकर्णिके बस्तिरपार्थको व्यर्थः। भिन्नेऽणौ अणुभिन्ने नेत्रे। अवसेकः क्षरणम्। प्रकृष्टकर्णिकं व्यङ्गुलादूर्ध्वं चतुरङ्गुले सन्निविष्टकर्णिकम्। तत्राशौयन्त्रेण पञ्चाङ्गुलेनान्तः प्रविष्टेन स्थूलाग्रत्वाद्गुदक्षणनं न स्यात्, बस्तियन्त्रेण पुनस्तीक्ष्णाग्रेण चतुरंगुलेन सद्यः प्राणहर गुदमर्म संपीड्यते, अतस्तच्चिकित्सितं युक्तम। ह्रस्वे यथोचित प्रमाणहीने। अणु स्रोतसि सूक्ष्मच्छिद्रे। क्लेश इति संनिकृष्टकर्णिके यथा अपार्थको बस्तिस्तद्वदिति। ह्रस्वस्वात्वाद्धेतोरत्रापि तथा; अत एवहेतोः प्रत्यागच्छन् व्याघुटन् बस्तिविधातजान् रोगान् मूत्राघातमूत्रकृच्छादीन् कुर्यात्। चिकित्सितं चानुक्तमपि रोगापेक्षया मूत्राघातादिचिकित्सितम्। जेज्जटाचार्यस्तु इदृशं व्याख्यानयति-पूर्ववद्वस्तिः पिच्छाबस्तिरित्यर्थः। दीर्घे महास्रोतसि च यन्त्रे ऽत्यवपीडवन्नासामुखान्निर्गमनं, गलपीडादिचिकित्सितं च ज्ञेयम्। डल्हणः।

हि० व्या०—बस्तिनेत्र के आठ दोष होते हैं। (१) ह्रस्व (प्रमाण से छोटा होना), (२) प्रमाण से लम्बाई में दीर्घ होना, (३) पतला होना, (४) मोटा होना, (५) अधिक पुराना होना, (६) नेत्र और बस्ति का शिथिलबन्धन होना, (७) पार्श्व में छिद्र होना, (८) टेढ़ा होना ये नेत्र के आठ दोष बताये गए हैं।

नेत्र दोष के परिणाम—(१) नेत्र के छोटा होने से औषधि पक्वाशय तक नहीं पहुंचती, (२) नेत्र के दीर्घ होने से औषध ऊपर की ओर चली जाती है, (३) नेत्र के पतला होने से गुदा में क्षोभ होता है। (४) नेत्र के मोटा होने से गुदा में खिचाव होता है। (५) नेत्र के पुराना होने से गुदा कट जाती है। (६) शिथिलबन्धन होने से औषधद्रव बस्ति से बाहर निकल जाता है। (७) पार्श्व में छिद्र होने से औषध द्रव गुदामार्ग में फैलकर पीड़ा उत्पन्न करता है।

(८) नेत्र टेढ़ा होने से औषध सीधे रूप में प्रवेश नहीं करती है। इस प्रकार आठ दोष से आठ प्रकार की हानियां होती हैं।

आचार्य सुश्रुत ने आसन्नकर्णिका (कर्णिका बहुत निकट रहना), प्रकृष्टकर्णिका (कर्णिका बहुत दूर होने से), अणुनेत्रता, (नेत्र का छोटा होना), भिन्न नेत्रता (फूटा हुआ या छिद्रयुक्त नेत्र), अणुस्रोतता (छिद्र छोटा रहना) महास्रोतता (छिद्र बड़ा रहना) ये और दोष बताए हैं।

बस्तिपुटक दोषाणां नामानि तदुपद्रवाश्च।

विषममांसलच्छिद्रन्नस्थूलजालिकवातलाः।
स्निग्धः क्लिन्नश्च तानष्टौ बस्तीन् कर्मसुवर्जयेत्॥
गतिर्वैषम्यविलत्वस्रावदौर्ग्राह्यनिस्रवाः।
फेनिलच्युत्यधार्यत्वं बस्तेः स्युर्बस्तिदोषतः॥

च० सि० ५।६-७, अ० सं० क० ६।२१

विषमो विषम संस्थानः, स्थूलोऽतिप्रमाणः, जालिकः सूक्ष्मानेकाच्छिद्रः, वातलो वातदुष्टः 'स चात्र विहितस्नेहादेः फेनिलत्वादिना निश्चीयते । स्निग्धोऽतिस्निग्धः । क्लिन्नः शीर्णावयवः । गतिवैषम्यादयो यथा क्रमं विषमादिष्वस्तौ दोषाः । विस्रत्वमामगन्धता, दौर्ग्राह्यं दुर्ग्रहता, च्युतिर्हस्ताद्भंशः, अधार्यत्वं बस्तेरिति क्लिन्नत्वाद्धि धारणायोग्यत्वं बस्तिपुटकस्य । चक्रपाणिः

प्रस्तीर्णे बहले चापि बस्तौ दुर्बद्ध दोषवत् ।
बस्तवल्पेऽल्पता वाऽपि द्रव्यस्याल्पागुणामताः ।।
दुर्बद्धे चाणुभिन्ने च विज्ञेयं भिन्ननेत्रवत् ।।

सु० चि० अ० ३६।१०-११

प्रस्तीर्णे इत्यादि । अल्पे यथोचित प्रमाणहीने । बस्तेरल्पतया च द्रव्यस्याप्यल्पता, अत एव अल्पागुणः । भिन्ननेत्र वदिति भिन्ननेत्रेण तुल्यं, यथा भिन्ने नेत्रे बस्तेरवसेकः, तदुर्बद्धे भिन्ने च बस्तावित्यर्थः । डल्हणः

एकादश नेत्रदोषान् प्रति व्याचिख्यासितमर्थजातं व्याख्यातम् इदानीन्तु वस्तिदोषानेव प्रकृत्य ब्रूम इत्याह प्रस्तीर्णे इति । प्रस्तीर्णे विस्तीर्णे, बहले दृढे दुर्बद्धदोषवत् "दुर्बद्धे" इत्यादिना वक्ष्यमाणदोषवत् । अल्पे क्षुद्र द्रव्यस्याल्पता अल्पगुणाश्च मताः । अणुभिन्ने अल्पं भिन्ने सर्षपाकारच्छिद्रान्वितत्वे इति यावत्, भिन्ननेत्रवत् अपार्थक समाख्योदोष इत्यर्थ निष्कर्षः व्याहृतास्तावत् पञ्चवस्तिव्यापदः इदानीन्तु पीडनदोषानेव व्याख्यास्यामः इत्याह अतीत्यादि । शनैः प्रपीडिता शिथिलं प्रपीडितः । व्याख्याता हि चत्वारः पीडनदोषाः इदानीन्तु द्रव्यदोषानेव प्रक्लेयिष्याम इत्याह गुदोपेति । स्नेहणब्दोऽत्र वस्तिद्रव्यमात्रमुपलक्षयतीति नास्थापने विप्रतिपत्तिः । उभावस्थापनानुवासने बस्तौ इत्यर्थः । हीनादिषु हीनातिमात्रोष्णतीक्ष्णमृदुशीतेषु दत्तेष्विनिशेषः प्रत्यनीकस्तु तत्सञ्जातोपद्रव विरुद्ध : क्रियाविधिः प्रतीकारः क्रमकार्य इति शेषः । यथा हि हीनादिषु सञ्जातोपद्रवा यथास्वं प्रतीकारमन्तरेण प्रशांति नापपद्यन्ते न तथा मान्द्रादिषु सञ्जातोपद्रवास्तदिह स्वल्पोपद्रवत्वेन विशिनष्टि तत्रेत्यादिना दापयेदित्यन्तेन ग्रन्थसन्दर्भेण । हाराणच० ।

मांसलादीन् बस्तीन् नेत्रमूलयोज्यानौषधाधारानष्टौबस्तिकर्मणिवर्जयेत् । यतोऽस्मान्मांसलत्वादित्वाद्वस्तिदोषतो बस्तेरौषधस्य गतिवैषम्यादयः स्युः । मांसलत्वेन बस्तेरौषधस्य विषमा गतिः । स्निग्धत्वेन बस्तिचर्मण औषधस्य दौर्गन्ध्यम् । विषमत्वेन वस्तेर्धनत्वम् । तनुत्वेनौषधस्य जिह्मत्वं यन्त्रादनिर्गमनम् जालवत्त्वेन सिराजालत्वेन स्रुतिः । स्थूलत्वेन चर्मण औषधस्य दुःखेन ग्रहणम् । वातलत्वेन चर्मण औषधस्य फेनिलत्वं । छिन्नत्वेनौषधस्य च्युतिः । क्लिन्नत्वेन बस्तेरौषधं धारयितुमशक्यत्वमिति । इन्दुः ।

अतिदीर्घमतिस्थूलं जर्जरं स्फुटितं तनु ।
कुटिलं ··· ··· च वर्जयेत् ।।
अतिह्रस्वः स्वरः स्थूलस्तनुदीर्घचिरस्थिताः ।
छिद्री महानुपहतो वर्जिता बस्तयो नव ।।

(का० सं० चि० ५।१२-१३


शाल्मलीपत्राणां ग्राह्यो मुष्टिः । क्षीरेण सिद्धो बस्तिः प्रवाहिकायां हितः । शाल्मलकस्य वृन्तैस्तद्वन्मुष्टिः क्षीरसिद्धो प्रवाहिकायांहितः । इन्दुः ।

हि० व्या०—एक मुट्ठी सेमल के वृन्त को दूध में सिद्धकर, घृत मिला कर बस्ति प्रयोग करने से प्रवाहिका में लाभ होता है ।

बस्त्युपद्रवरूप शकृत्क्षय, चिकित्सासूत्रम् ।

वातघ्नैर्ग्राहिवर्गोयैर्बस्तिः शकृति शस्यते ।

च० सि० ८।२४ क, अ० सं० क० अ० ६

वातघ्नैरित्यादौ वातघ्न दशमूलं, ग्राहिवर्गश्च षड्विरेचनशताश्रितीयोक्त एव । अत्र जतूकर्णः—"शकृति शोफघ्नग्राहिभिर्बस्तिः" इत्याह—शोफघ्नं च दशमूलमेव । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—वातनाशक क्वाथ (दशमूल या सू० अ० पुरीषसंग्रहणीय में) ग्राहीद्रव्यों के विधिवत् क्वाथ से बस्ति देनी चाहिए । यह बस्ति रक्तातिसार में श्रेष्ठ है ।

बस्त्युपद्रवरूप शकृत्पित्तमिश्र रक्तपित्तकफ चिकित्सासूत्रम् ।

रक्ते रक्तेन, पित्ते तु कषायस्वादुतिक्तकैः ।
सार्यमाणे कफे बस्तिः कषायकटुतिक्तकैः ॥

च० सि० ८।२५, अ० सं० क० अ० ६

रक्ते रक्तेनेति सरक्तेऽतीसार्यमाणे रक्तेन बस्तिर्देयः । पित्तेत्विति पित्तेऽती-सार्यमाणे कषायादिकृतो बस्तिरेव । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—रक्तपित्त और कफजन्य अतिसार की चिकित्सा—

१—रक्तातिसार में बकरे के ताजे रक्त की बस्ति देनी चाहिए ।

२—पित्तातिसार में कषाय, मधुर एवं तिक्त द्रव्यों से सिद्ध बस्ति का प्रयोग करना चाहिए ।

३—कफजन्य अतिसार में कषाय, कटु एवं तिक्त द्रव्यों से सिद्ध बस्ति का प्रयोग करना चाहिए ।

बस्त्युपद्रव षट्त्रिंशत् अतीसारभेदाः तदुपद्रवाश्च ।

षण्णामेषां द्विसंसर्गात् त्रिंशद्भेदा भवन्ति तु ॥
केवलैः सह षट्त्रिंशद्विद्यात् सोपद्रवानपि ॥
शूलप्रवाहिकाध्मानपरिकर्त्यरुचिज्वरान् ।
तृष्णोष्णदाहमूर्च्छादींश्चैषां विद्यादुपद्रवान् ॥

च० सि० ८।२१-२२, अ० सं० क० अ० ६

अतीसारभेदानाह—षण्णामित्यादि । एषामिति एतदभिहितानाम् । अन्ये तु बस्तिविभ्रंशजाः षट्संख्या भवन्तीति वदन्ति; पूर्वव्याख्यानमेव साधु । उप-द्रवानेषामाह—शूलेत्यादि । चक्रपाणिः ।

हि० व्या०—पूर्व में जो छ प्रकार के अतिसारों का वर्णन किया गया है । इनमें यदि दो दोषों का संसर्ग हो जाय तो ३० भेद हो जायेंगे । तथा पृथक् ६ भेदों को भी इसी में मिला दिया जाय तो इनकी संख्या ३६ हो जाती है । ये ३६ अतिसार उपद्रवयुक्त होते हैं । उदरशूल, प्रवाहिका, आध्मान, परि-कर्तिका, अरुचि, ज्वर, प्यास उष्णता, दाह और मूर्च्छा ये उपद्रव उत्पन्न होते हैं ।

बस्तिप्रयोगे हृत्प्राप्तिनामकस्य उपद्रवस्य वर्णनं तस्य चिकित्सासूत्रं च ।

अतितीक्ष्णः सयातो वा न वा सम्यक् प्रपीडितः ।
घट्टयेद्हृदयं बस्तिस्तत्र काशकुशेक्षटैः ॥
स्यात् साम्ललवणस्कन्ध-करीरबदरीफलैः ।
श्रुतैर्बस्तिर्हितः सिद्धं वातघ्नैश्चानुवासनम् ॥

च० सि० ७।३०-३१, अ० सं० क० अ० ६

सवातत्वं बस्तेर्नि:शेषदानादिना ज्ञेयम्। असम्यक् पीडितत्वमेव हृत्प्राप्ति जनकतत्रा ज्ञेयम। लवणस्कन्धो रोगभिषग्जितीयोक्तः। वातघ्नैरितिदशमूलादिभिः। चक्रपा०

अतितीक्ष्णस्यततो वाऽनुच्छ्वासस्य सम्बद्धः "अनुच्छ्वासस्य तु सम्बद्धे दत्ते नि:शेष एव वा"। सोच्छ्वासस्य वातपूर्णांशादिति। वस्तिस्तत्र कुशकाशोत्कटैः करीरादिभिश्च। लवणस्कन्धो विमानोक्त सैन्धव सौवर्चलकाचविडादीनि लवणवर्गपरिसंख्यातानि, अम्लोपहितानि वा स्नेह बस्तिं दद्यादिति। जज्जटः।

अतितीक्ष्णो निरूहो वा सवाते चानुवासनः।
हृदयस्योपसरणं कुरुते चाङ्गपीडनम्॥
दोषैस्तत्र रुजस्तास्ता मदो मूर्च्छाङ्गगौरवम्।
सर्वदोषहरं बस्तिं शोधनं तत्र दापयेत्॥

सु० चि० ३७।४३-४४

रुजस्तास्ताः तोदादयः, ओष चोषादयः, कण्ड्वादयश्च। सर्वदोषहरमिति सर्वदोषहरद्रव्यक्वाथं, गोमूत्रात्रिवृदादि कल्कं शोधनं बस्तिं; शोधनत्वेन्नोर्ध्वगत-दोषमधो नयति, सर्वदोषहरत्वेन सर्वानेव दोषान् दुष्टाञ्छमयति। डल्हणः।

हृत्प्राप्ति नामक उपद्रव का निदान, लक्षण और चिकित्सा

हि० व्या०—अतितीक्ष्ण बस्ति का प्रयोग करने से, वायुयुक्त बस्ति प्रयोग करने से एव अनुचित दबाव के साथ बस्ति का प्रयोग करने से बस्ति हृदय प्रदेश में जाकर संघर्ष उत्पन्न करती है।

चिकित्सा—१—कुश, कास की मूल, अम्लस्कन्ध एवं लवणस्कन्ध के द्रव्य, करील और बेर के फल से सिद्ध निरूह बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

२—वातनाशक द्रव्यों में तैल सिद्ध करके अनुवासन वस्ति देनी चाहिए।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार सर्वदोषहर शोधन बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

क्लमनामकस्य उपद्रवस्य वर्णनं तस्य चिकित्सासूत्रं च।

आमशेषे निरूहेण मृदुना दोष ईरितः।
मार्गं रुणद्धि वातस्य हन्त्यग्निं मूर्च्छयत्यपि॥
क्लमं विदाहं हृच्छूलं मोहवेष्टन गौरवम्।
कुर्यात् स्वेदैर्विरूक्षैस्तं पाचनैश्चाप्युपचारयेत्॥
पिप्पलीकत्तृणोशीरदारुमूर्वाश्रृतं जलम्।
पिबेत् सौवर्चलोन्मिश्रं दीपनं हृद्विशोधनम्॥
वचानागरशट्येला वधिमण्डेन मूर्च्छिताः।
पेयाः प्रसन्नया वा स्युरिष्टेनासवेन वा॥

दारु त्रिकटुकं पथ्यां पलाशं चित्रकं शटीम्।
पिष्ट्वा कुष्ठं च मूत्रेण पिबेत् क्षारांश्च दीपनान्॥
बस्तिमस्य विदध्याच्च समूत्रं दाशमूलिकम्।
समूत्रमथवा व्यक्तलवणं माधुतैलिकम्॥

च० सि० ७।१५-२०

आमशेषे सति दत्तेन निरूहेण दोष ईरित इति योज्यम्। दोषशब्देन चात्र पित्तकफावामसहितो मार्गावरकावुच्येते। मूर्च्छयतीति मार्गावरोधात् कोपयति। मार्गं रुणद्धीति देहे स्रोतांसि रुणद्धि। ये तु दोषशब्देनेह कफमात्रं ग्राह्यन्ति, तन्मते सदाहत्वं क्लमस्याप्यनुपपन्नम्। वचेत्यादौ मूर्च्छिता इत्यालोडिताः। क्षारांश्च दीपनानीति ग्रहणीचिकित्साद्युक्तान्। दाशमूलिकमिति "द्विपञ्चमूलस्य रसोऽम्लयुक्तः" (सि० अ० ३) इत्यनेनोक्तं, किंवा दशमूलक्वाथकृतम्। चक्रपाणिः।

आमशेषे निरूहेणेति। (मृदुना) दोषः श्लेष्मा तस्य पवनमार्गसंरोधात्। अग्न्युपघातकरत्वान्मूर्च्छाक्लमादीनां गौरवान्तानां लिङ्गत्वादिति। आममेव दोषः। यथोक्तमूर्ध्वं चाधश्च प्रवृत्तामदोषमिति। अत्र चामपूर्वो विकारस्सदोषस्यैव भवतीति दोषनिर्देशनामाहुः ज्वरस्यामाशयसमुत्थत्वात्। तथा—"स आमाशय-मन्वेत्य रसस्वेदवाहिनीति। आमनिमित्तत्वात् क्लमादीनां परिषेचनात्स्यवत-न्यपि तत्प्रत्यनीकत्वादिति केचित्। पाचनैश्चाप्युपचारयेत्। कानि पुनः पाच-नानि। पिप्पलीकत्तृणोशीरादीनि। दधिमण्डेनव मण्डितेनवचानागरशट्येलादिना। आसवस्सुरा। बस्ती प्रमदः ? छेदी मद्यासवस्तीक्ष्ण इति। एतयोर्द्वयोरासवत्व-मिह न तु सर्वं मद्यमिति। दारु त्रिकटुकादि, मूत्रेण गोमूत्रेण"। 'बस्तिमस्य विदध्याच्च समूत्रं दाशमूलिकम्॥" इति। दाशमूलिकमिति "द्विपञ्चमूलस्य" (सि० अ० ३) इत्यादिकः। समूत्रमथवा व्यक्तलवणं। माधुतैलिकाष्षट् तेषाम-न्यतमं मधुतैले चतुष्प्रसृत इत्यादि। जज्जटः।

क्लम नामक उपद्रव का कारण, लक्षण और चिकित्सा।

हि० व्या०—यदि रोगी के शरीर में आमदोष शेष हों और निरूहबस्ति दी जाय तो आम दोष के साथ पित्त-कफ प्रकुपित होकर वायु के मार्ग को रोग देते हैं। जठराग्नि का नाश हो जाता है और मार्गावरोध के कारण वायु भी कुपित हो जाते हैं जिससे क्लम, विदाह, हृदय में शूल, मोह उद्वेष्टन और शरीर में गुरुता ये लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं। ऐसी अवस्था में रूक्षस्वेद और पाचन चिकित्सा की व्यवस्था करनी चाहिए।

१—पिप्पल्यादिक्वाथ—पीपर, सुगंधतृण, खस, देवदारु और मूर्वा—इन द्रव्यों का समानभाग में क्वाथकर, सोंचर (काला नमक) मिलाकर रोगी को पिलाना चाहिए। यह क्वाथ दीपन है और हृदय को शुद्ध करता है।

२—वचादियोग—वच, सोंठ, कचूर, इलायची, इनके (समान भाग) चूर्ण

को दही के पानी में घोलकर या मदिरा के उपरि भाग (प्रसन्ना) में अथक आसव या अरिष्ट घोलकर पिलाना चाहिए।

३ दार्वादियोग—देवदारु, सोंठ, पीपर, मरिच, हरड़, पलाश की छाल, चित्रकमूल, कचूर, कूठ, समभाग गोमूत्र में पीसकर, गोमूत्र में घोलकर रोगी को पिलाना चाहिए।

४—ग्रहणी चिकित्सा में उद्धृत अग्निवर्धक क्षारों का प्रयोग करना चाहिए।

५—दशमूलक्वाथ में गोमूत्र मिलाकर बस्ति देनी चाहिए।

६—माधुतैलिक बस्ति में गोमूत्र या नमक मिलाकर देना चाहिए। नमक की मात्रा इतनी हो कि नमक का स्वाद अनुभव किया जा सके।

बस्तिप्रयोगे हिक्कानामकस्य उपद्रवस्य वर्णनं तस्य चिकित्सासूत्रं च।

मृदुकोष्ठेऽबले बस्तिरतितीक्ष्णोऽतिनिर्हरन्।
कुर्याद्धिक्कां हितं तस्मै हिक्काघ्नं बृंहणं च यत्॥
बलास्थिरादिकाश्मर्यत्रिफलागुडसैन्धवैः।
सप्रसन्नारनालाम्लैस्तैलं पक्त्वाऽनुवासयेत्॥
कृष्णालवणयोरक्षं पिबेदुष्णाम्बुना युतम्।
धूमलेहरसक्षीरस्वेदाश्चान्नं च वातनुत्॥

च० सि० ७।२७-२९, अ० सं० क० ६।३९-४१

अतिनिर्हरन्नित्यतियोगेन दोषान्निर्हरन्। हिक्काघ्नमिति हिक्काचिकित्सोक्तं भेषजम्। हिक्कायां च यद्यपि "प्रसक्तच्छर्दिनिष्ठीविकाकासश्वासहिक्कार्तानामूर्ध्वीभूतो वायुरूर्ध्वं बस्तिं नयेत्" (सि० अ० २) इत्यनेन बस्तिनिषिद्धः, तथाऽपीह विशिष्टहिक्कायामनुवासनस्य हितत्वात्, 'बलास्थिरा' इत्यादिनोक्तमनुवासनमनवद्यम्। वातनुदिति पदं लिङ्गविपरिणामेन धूमादिभिश्च सम्बध्यते; तेन वातहितानामेवात्र धूमादीनां प्रयोगः। चक्रपाणिः।

अबले=दुर्बले। बिल्वादिश्च निरूहस्यादिति। "बिल्वमूलत्रिवृद्दारुयवकोलकुलत्थादिकः" इति। निरूहद्रव्याणि तैः विधीयते यदा तत् प्रतिषिद्धमेव—'प्रसक्तच्छर्दिनिष्ठीविकाकासश्वासहिक्कानामूर्ध्वीभूतो वायुरूर्ध्वं बस्तिं नयेदिति। बस्तिसामान्यो नरस्यानुवासनप्रतिषेधो न विशेषे निषेधः। आवस्थिकश्च पुनरदोष एवेति। उष्णाम्बुनाक्ष इति। आमलोहादिकाऽतिदेशः। जज्जटः।

हिक्का नामक उपद्रव का निदान, लक्षण और चिकित्सा।

हि० व्या०—मृदुकोष्ठवाले एवं बलहीन रोगी को यदि अति तीक्ष्ण बस्ति दी जाय तो वह दोषों को अधिक रूप में निकालती है एवं हिक्का रोग

उत्पन्न करती है। ऐसी अवस्था में हिक्का रोगनिवारक एवं बृंहण चिकित्सा की योजना करनी चाहिए।

१—बलामूल, स्थिरादिवर्ग (शालिपर्णी, पृश्निपर्णी, बड़ी कटेरी, छोटी कटेरी, गोखरू) गंभारीफल, आंवला, हरड़, बहेड़ा, गुड, सैंधवलवण इनके कल्क, मदिरा का स्वच्छभाग, कांजी और अम्ल द्रव्यों से विधिपूर्वक तैलपाक करके इस तैल से अनुवासनबस्ति देनी चाहिए।

२—पीपर, सैंधवनमक, एक तोला की मात्रा में सुखोष्ण जल से पान कराना चाहिए।

३—वातनाशक धूम, अवलेह, मांसरस एवं दूध का प्रयोग करना चाहिए। स्वेदन करना चाहिए तथा अन्न खिलाना चाहिए।

वातादिदोषाणां रक्तस्य च आमेन सह शकृत सह संसर्गजन्यानां उपद्रवाणां चिकित्सासूत्राणि।

शकृता वायुना वाऽऽमे तेन वर्चस्यथानिले।
संसृष्टेऽन्तरपानं स्याद् व्योषाम्ललवणैर्युतम्॥
पित्तेनामेऽसृजा वाऽपि तयोरामेन वा पुनः।
संसृष्टयोर्भवेत पानं सव्योषस्वादुतिक्तकम्॥
तथाऽऽमे कफसंसृष्टे कषायव्योषतिक्तकम्।
आमेन तु कफे व्योषकषायलवणैर्युतम्॥
वातेन विशि पित्ते वा विट् पित्ताभ्यां तथाऽनिले।
मधुराम्लकषायः स्यात् संसृष्टे बस्तिरुत्तमः॥
शकृच्छोणितयोः पित्तशकृतो रक्तपित्तयोः।
बस्तिरन्योन्यसंसर्गे कषायस्वादुतिक्तकः॥
कफेन विशि पित्ते वा कफे विट्पित्तशोणितैः।
व्योषतिक्तकषायः स्यात् संसृष्टे बस्तिरुत्तमः॥
स्याद्बस्तिर्व्योषतिक्ताम्लः संसृष्टे वायुना कफे।
मधुरव्योषतिक्तस्तु रक्ते कफविमूर्च्छिते॥
मारुते कफसंसृष्टे व्योषाम्ललवणो भवेत्।
बस्तिर्वातेन पित्ते तु कार्यः स्वादुम्लतिक्तकः॥

च० सि० ८।२६-३३, अ० सं० क० ६।६२-६७

संसर्गे चिकित्सामाह—शकृतेत्यादि। शकृता आमे प्रधाने संसृष्टे; तथा वायुनाऽऽत्रामे संसृष्टे; तेनेत्यामेनाप्रधानेन वर्चसि अनिले च पृथक् संसृष्टे, अत्र तेनेति पूर्ववद्वयाख्येयम्। अत्र संसृष्टेषु तृतीयानिर्दिष्टमल्पमानतयाऽप्रधानं, सप्तमीनिर्दिष्टं बहुमानत्वात् प्रधानं ज्ञेयम्। तयोरिति पित्तसृजोः। संसृष्टयोरित्येकमानेन युक्तयोः। कफे व्योषलवणकषायैर्युतमित्यन्तं यावत् 'अन्तरपानं'

इत्यनुवर्तते। वातेन विशीत्यादौ मधुराम्लकषायो बस्तिरिति मधुरादिद्रव्यक्वाथादिकृतो बस्तिर्देय इत्यर्थः। शकृच्छोणितयोरित्यादौ अन्योन्यसंसर्गे सति शकृता शोणिते शोणितेन वा शकृति संसृष्टेः एवं पित्तशकृतोः रक्तपित्तयोश्च द्विविधः संसर्गो व्याख्येयः। विट्पित्तशोत्तणितैरिति प्रत्येकं विडादिभिः। कफे संसृष्टे। कफविमूर्च्छित इति कफेनाप्रधानेन संसृते इत्यर्थः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—यदि मल के साथ आम की प्रधानता हो, वायु के साथ आम की प्रधानता हो या आम दोष के साथ वायु की प्रधानता हो तो त्रिकटु चूर्ण (सोंठ-पीपर-मरिच), नमक और अम्ल द्रव्यों को द्रव में मिलाकर पाचन के लिए देना चाहिए।

पित्त के साथ आमदोष की प्रधानता हो, रक्त के साथ पित्त की प्रधानता हो, आम के साथ पित्त की प्रबलता हो या आम के साथ रक्त की प्रधानता हो, तो त्रिकटु चूर्ण मधुर और तिक्त द्रव्यों के कषाय में मिलाकर पान करने के लिए देना चाहिए।

कफ के साथ आमदोष प्रबल हो और अतिसार भी हो तो कषाय रस युक्त द्रव्यों के साथ त्रिकटु चूर्ण और तिक्तद्रव्यों से बने हुए चूर्ण या क्वाथ पीना चाहिए। अगर आमदोष के साथ कफ की प्रबलता से अतिसार हो तो त्रिकटु चूर्ण के साथ कषाय और लवण द्रव्य के साथ बने हुए चूर्ण या क्वाथ पान करना चाहिए।

वायु के साथ मल की प्रबलता हो, वायु के साथ पित्त की प्रबलता हो, मल के साथ वायु की प्रधानता हो, पित्त के साथ वायु की प्रबलता हो, रक्त के साथ वायु की प्रधानता और अतिसार हो तो मधुर-अम्ल और कषाय द्रव्यों से निर्मित बस्ति उत्तम है।

मल और वात संसर्गजन्य, पित्त और मल संसर्गजन्य, रक्त एवं पित्त संसर्गजन्य अतिसार होने पर कषाय, मधुर और तिक्तद्रव्यों के क्वाथ से बस्ति प्रयोग करना चाहिए।

कफ के साथ मल के प्राबल्य, कफ के साथ पित्त के प्राबल्य, पित्त के साथ कफ के प्राबल्य, रक्त के साथ कफ के प्राबल्य से होने वाले अतिसार में त्रिकटु चूर्ण तिक्त एवं कषाय द्रव्यों के क्वाथ से बस्ति का प्रयोग करना उत्तम है।

वायु के साथ कफ के संसर्ग से उत्पन्न अतिसार में त्रिकटु चूर्ण, तिक्त एवं अम्ल द्रव्यों के क्वाथ से बस्ति प्रयोग करना चाहिए। कफ के साथ रक्त की प्रधानता होने पर मधुर द्रव्य, त्रिकटु चूर्ण और तिक्त द्रव्यों के क्वाथ से बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

वायु एवं कफ का संसर्ग होने पर उत्पन्न अतिसार में त्रिकटु चूर्ण अम्ल-

द्रव्य के क्वाथ में लवण मिलाकर बस्ति देनी चाहिए। वायु के साथ पित्त का संसर्ग होने पर मधुर अम्ल और तिक्त द्रव्यों के साथ बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

बस्तिप्रयोगे आध्माननामकस्य उपद्रवस्य वर्णनं तस्य चिकित्सासूत्रं च।

अल्पवीर्यो महादोषे रूक्षे क्रूराशये कृतः।
बस्तिर्दोषावृतो रुद्धमार्गो रुन्ध्यात् समीरणम्॥
सविमार्गोऽनिलः कुर्यादाध्मानं मर्मपीडनम्।
विदाहं गुरुकोष्ठस्य मुष्कवंक्षणवेदनाम्॥
रुणद्धि हृदयं शूलैरितश्चेतश्च धावति।
श्यामाफलादिभिः कुष्ठकृष्णालवणसर्षपैः॥
धूममाषवचाकिण्वक्षारचूर्णगुडैः कृताम्।
करांगुष्ठनिभां वर्तिं यवमध्यां निधापयेत्॥
अभ्यक्तस्विन्नगात्रस्य तैलाक्तां स्नेहिते गुदे।
अथवा लवणागारधूमसिद्धार्थकैः कृताम्॥
बिल्वादीनां निरूहः स्यात् पीलुसर्षपमूत्रवान्।
सरलामरदारुभ्यां सिद्धं चैवानुवासनम्॥

च० सि० ७।२१-२६, अ० सं० क० ६।१३-१५, अ० हृ० क० ५।६-९

अल्पवीर्य इत्यादिना आध्मानमाह। रुद्धमार्ग इति निवारिताधोमार्गः; स चानिलं रुणद्धि, अनिलश्च रुद्धमार्गतया आध्मानं करोतीति। मर्मपीडनमित्याध्मानविशेषणम्। रुणद्धि हृदयं शूलैरिति शूलैर्हृदयं व्याप्नोति। श्यामाफलादिभिरिति श्यामादिभिर्नवभिः, फलादिभिश्च षड्भिः कल्पस्थानोक्तैः। धूमशब्देनेह गृहधूमग्रहणम्। गुडश्चात्र तावन्मात्रो भवति यावता वर्तिः कर्तुं युज्यते। करांगुष्ठेत्यत्र करग्रहणं पादांगुष्ठनिषेधार्थम्। अथवेत्यादिनोक्तद्वितीयवर्तावपि वर्तित्वसम्पत्यर्थं गुडो देयः। बिल्वादिभिश्च निरूहे इति "बिल्वमूलत्रिवृद्दारुयवकोलकुलत्थवान्" इत्यादिनोक्तः। सरलेत्यादौ सिद्धमित्यत्र 'तैलम्' इति शेषः।

चक्रपाणिः।

अल्पवीर्योमन्दवीर्यो वा स्वल्पगुणो वा महादोषे रूक्षे रूक्षगुणो वा। ततस्सरुद्धमार्गोऽनिलः कुर्यादाध्मानमिति। आध्मानव्यापदं करोति। विगतोऽस्य मार्गः। ततश्च रुद्धमार्ग इतश्चेतश्च धावतीति। वायोः प्रयुक्तप्रतियातेनाध्मानमेवभृशं हि निरुद्ध्यते। तत्र श्यामाफलाद्यैः श्यामादीनि त्रिवृतादीनि फलादीनि जीमूतकादीनि तीक्ष्णोष्णद्रव्याणि तैः कृतां वर्तिम्। अथवा लवणागारधूमसिद्धार्थकैः कृतामिति।

जज्जटः।

दोषाढ्ये तथा रूक्षे क्रूरकोष्ठे वा बस्तिरल्पवीर्यो दत्तो दोषैर्वाय्वाद्यैरावरकैरावृतोऽनंतरं स बस्ती रुद्धमार्गः प्रतिहृतगतिप्रसरणोवायुं रुंध्यात्। सोऽनिलो विमार्गश्च आध्मानं कुर्यात्। तथा हृदयादीनां मर्मणा वा व्यधनं पीडनं, तथा गुदकोष्ठस्य विदाहं, तथा मुष्कवंक्षणवेदनां च कुर्यात्। तथा शूलैः नानाविधाभग्नरुद्धमृदितपीडितावनद्धादिभिः पीडाभिः, हृदयं रुणद्धि---आवृणोति। हृदमयावृत्यानन्तरम्, इतश्चेतश्च अनियते देशे, धावति पवनः। तथा—अवस्थाविशेषे, सुष्ठ्वभ्यक्ताङ्गस्य स्विन्नाङ्गस्यच फलवर्ति प्रयोजयेत्। बिल्वादिकश्च निरूहः स्यात् पीलुसर्षपमूत्रवान्। सरलदेवदारुभ्यां साधितं तैलं चानुवासनं स्यात्। अरुणदत्तः।

सशेषान्नेऽथवा भुक्ते बहुदोषे च योजितः।
अत्याशितस्यातिबहुर्बस्तिर्मन्दोष्ण एव च॥
अनुष्ण लवणस्नेहो ह्यतिमात्रोऽथ वा पुनः।
तथा बहू पुरीषं च क्षिप्रमाध्मापयेन्नरम्॥
हृत्कटीपार्श्वपृष्ठेषु शूलं तत्रातिदारुणम्।
तत्र तीक्ष्णतरो बस्तिर्हितं चाप्यनुवासनम्॥

सु० चि० ३७।३४-३६

सशेषान्ने इत्यादि। सशेषान्ने अन्नाजीर्णशेषे, भुक्ते च निरूहबस्तिः, तथा बहुदोषेऽनुष्णलवणस्नेहो निरूहबस्तिर्योजितो नरमाध्मापयेत्; नत्वनुवासनः, तस्य सान्न एव हितत्वात्। अत्याशितस्य स्नेहबस्तिस्तथा मात्राशितस्याति बहुमन्दोष्णतायुक्तः स्नेहबस्तिराध्मानं जनयेत्। डल्हणः।

आध्मान नामक उपद्रव का कारण, लक्षण और चिकित्सा।

हि० व्या० – जिन व्यक्तियों में दोष की मात्रा अधिक हो, शरीर में रूक्षता हो तथा कोष्ठ क्रूर हो, ऐसे व्यक्तियों को यदि अल्पवीर्य औषधि की बस्ति दी जाय तो वह बस्ति दोषों द्वारा आवृत हो जाती है। उसके निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। अतः वायु के मार्ग को बस्ति रोक देती है। रुकी हुई और विमार्ग में गई हुई वायु आध्मान, मर्मस्थानों में पीड़ा, विदाह, कोष्ठ में भारीपन, अण्डकोष व वंक्षण प्रदेश में वेदना उत्पन्न करती है। शूलवृद्धि से हृदय के कार्यों में रुकावट होती है। वायु का उदर में संचार होता है। ऐसी अवस्था में काला त्रिवृत्, मदनफल, कूट, पीपर, नमक, सरसों, गृहधूम, उड़द, वच, सुराकिट्ट, यवक्षार इन द्रव्यों का चूर्ण और गुड—इनसे निर्मित यव की आकृति की अंगूठे के समान वर्ति तेल में डुबो दें। स्नेहन-स्वेदन कराकर, गुदा में स्नेह लगाकर वर्त्ती गुदा में लगा दें। अथवा सैंधानमक, गृहधूम, सरसों इनसे बनी हुई वर्त्ती गुदा में प्रयोग करें। अथवा बिल्वादि औषध द्रव्यों के क्वाथ में पीलु सरसों, गोमूत्र मिलाकर निरूह बस्ति देनी चाहिए तथा सरल

और देवदार के क्वाथ एवं कल्क में सिद्ध तैल की अनुवासन बस्ति देनी चाहिए। आचार्यवाग्भट ने भी समान विचार व्यक्त किया है।

दुर्बलस्य पथ्यपालनकाले व्यवायाज्जायमानोपद्रवाः

व्यवायाज्जीवितभ्रंशात्तंस्तंरस्यानिलामयैः।
गुदोऽवलुप्यत इव भ्रमतीव च चेतना॥
मेढ्रं धूमायति मनस्तमसीव प्रवेक्ष्यते।

अ० सं० क० ७।४०

व्यावायादस्य वस्त्युपयोगिनस्तैस्तैरनिलामयैर्वातव्याधिभिर्नानाविधैर्जीवितभ्रंश स्यात्। अवलुम्पनं छेदनं। चेतना संचित मनश्चिन्तम्। इन्दुः।

व्यवायोपद्रव चिकित्सासूत्रम्।

जीवनीयश्रृतक्षीर सर्पिषोरुपयोजनम्।
आहारो बृंहणस्तत्र वृष्यास्ते ते च बस्तयः॥

अ० सं० क० ७।४१

तत्र जीवनीयगणसिद्धस्य क्षीरस्य सर्पिषश्चोपसेवनम्। इन्दुः।

हि० व्या० – जीवनीयगण से सिद्ध दुग्ध एवं घृत का उपयोग तथा बृंहण आहार से व्यवाय-जन्य उपद्रव शान्त होते हैं। वृष्य बस्तियों का उपयोग भी करना चाहिए।

मांसक्षय-शुक्रक्षयशमनाय चत्वारः आवापद्रव्ययोगाः।

काकोलीक्षीरकाकोली मुद्गपर्णी शतावरी।
विदारी मधुयष्ट्याह्वा शृङ्गाटककशेरुके॥
आत्मगुप्ताफलं माषाः सगोधूमा यवास्तथा।
जलजानूप जंमांसमित्येते शुक्रमांसलाः॥

च० सि० १०।२८-२९

हि० व्या०—शुक्र एवं मांसवर्धक चार बस्तियां—

१—काकोली, क्षीरकाकोली, मुद्गपर्णी, शतावर—इनके क्वाथ की वस्ति देने से शुक्रधातु एवं मांसधातु की वृद्धि होती है।

२ विदारीकन्द, मुलेठी, सिंघाड़ा और कशेरूक—इनके क्वाथ की वस्ति देने से शुक्र और मांसधातु की वृद्धि होती है।

३—कौंचबीज, उड़द, गेहूं और जौ—इनको विधिपूर्वक जल में पकाकर क्वाथ बनाकर वस्ति देने से शुक्र और मांसधातु की वृद्धि होती है।

४ जलीय और आनूप पशुपक्षियों के विधिवत् बने मांसरस को बस्ति द्वारा प्रयोग करने पर शुक्र और मांस की वृद्धि होती है।

मलसंग्राहकाः चत्वारः आवापद्रव्ययोगाः।

जीवन्ती चाग्निमन्थश्च धातकीपुष्पवत्सकौ।
प्रग्रहः[1] खदिरः कुष्ठं शमी पिण्डीतको[2] यवाः॥
प्रियङ्गुः रक्तमूली[3] च तरुणी[4] स्वर्णयूथिकाः।
वटाद्याः किंशुकं लोध्रमिति सांग्राहिका मताः॥

च० सि० १०।३०-३१

हि० व्या०—मलसंग्राहक बस्तियां—

१—जीवन्ती, अरणी की छाल, धातकी, पुष्प, इन्द्रयव, इनके – क्वाथ की बस्ति देने से अतिसार और ग्रहणी रोग दूर होते हैं।

२—अमलतास की गुद्दी, खैर, कूठ, शमी की छाल, मैनफल और जौ के क्वाथ की बस्ति देने से अतिसार और ग्रहणी रोग दूर होते हैं।

३—प्रियङ्गु, रक्तमूली (मजीठ या लज्जालु), तरुणी (गुलाब पुष्प) स्वर्णजूही इनके क्वाथ की बस्ति देने से अतिसार और ग्रहणी रोग दूर होते हैं।

४—बट का बरोह, पाकड़ की छाल, पीपल की छाल, गूलर की छाल, पारस पीपल की छाल, पलाश का फूल, लोध्र—इनके क्वाथ की बस्तियां देने से मल की रुकावट होती है। अतिसार और ग्रहणी रोग दूर होते हैं।

गुदबलिस्रावोपद्रव शमनाय द्वौ आवापद्रव्यप्रयोगौ

परिस्रावे श्रृतं क्षीरं सपृश्निरपुनर्नवम्।
आखुपर्णिकया वाऽपि तण्डुलीयकयुक्तया॥

च० सि० १०।३२

तण्डुलीयकयुक्तयेत्यन्तेन परिस्रावे द्वावुक्तौ। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—परिस्रावनाशक २ बस्तियां—

(१) रक्तपुनर्नवा, श्वेतपुनर्नवा के कल्क से विधिपूर्वक सिद्ध दूध की अथवा (२) मूषिकपर्णी और चौलाई के कल्क से सिद्ध दूध की बस्ति देने से परिस्राव रोग दूर हो जाता है।

दाहप्रशमनौ द्वौ आवापद्रव्ययोगौ।

कालङ्कतककाण्डेक्षुदर्भपोटगलेक्षुभिः।
दाहघ्नः सघृतक्षीरो द्वितीयश्चोत्पलादिभिः।

च० सि० १०।३३

१. प्रग्रहः=आरग्वधः
२. पिण्डीतको=मदनः
३. रक्तमूली=समङ्गा
४. तरुणी=आमतरुणी, नवमालिका वा। चक्रपाणिः

कालङ्कतकः=कासमर्दः, काण्डेक्षुर्बृहदिक्षुः, पोटगलो=होग्गलः। उत्पलादिभिरिति उत्पलादयो नलिनसौगन्धिकादयो जलजाः पुष्पविशेषाः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—दाहनाशक बस्तियां - (१) कासमर्द, बड़ी ईख, डाभ, पोटगल (गोनख), ईख इनके क्वाथ में दूध और घृत मिलाकर दी गई बस्ति दाहनाशक है। (२) अथवा उत्पलादिगण के क्वाथ में दूध, घी मिलाकर बस्ति देने से दाह का नाश हो जाता है।

परिकर्तिका शमनाय द्वौ आवापद्रव्य योगौ।

कर्बुदाराढकीनीपविदुलैः क्षीरसाधितैः।
बस्तिः प्रदेयो भिषजा शीतः समधुशर्करः।
परिकर्ते तथा वृन्तैः श्योपर्णीकोविदारजैः।
देयो बस्तिः सुवैद्यस्तु यथावद्विदितक्रियः॥

च० सि० १०।३४-३५

कर्बुदारः कांचनारः, विदुलो वेतसः। कोविदारजैरित्यनेन द्वितीयः परिकर्ते। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—परिकर्तिकानाशक बस्तियां – (१) कचनार की छाल, अरहर की पत्ती, कदम्ब की छाल, वेत के कल्क से सिद्ध दूध में मधु और चीनी मिलाकर, अथवा (२) गम्भारी और कचनार के वृन्त के कल्क से सिद्ध दूध में मधु या चीनी मिलाकर चिकित्सा में दक्ष वैद्यों द्वारा दी गई शीतल बस्ति परिकर्तिका रोगनाशक है।

प्रवाहणोपद्रव शमनाय द्वौ आवापद्रव्यप्रयोगौ।

बस्तिः शाल्मलिवृन्तानां क्षीरसिद्धो घृतान्वितः।
हितः प्रवाहणे तद्वद्वेष्टैः शाल्मलिकस्य च॥

च० सि० १०।३६

वेष्टैः शाल्मलिकस्य चेत्यन्तेन द्वितीयः प्रवाहणे। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—प्रवाहिका नाशक बस्तियां—(१) सेमर के वृन्त के कल्क से सिद्ध दूध में घृत मिलाकर; अथवा (२) मोचरस से विधिपूर्वक सिद्ध दूध में घृत मिलाकर दी गई बस्ति प्रवाहिका रोग में लाभकारी है।

बस्त्यतिप्रयोगोपद्रवशमनाय द्वौ आवापद्रव्ययोगौ।

अश्वावरोहिकाकाकनासाराजकशेरुकैः।
सिद्धाः क्षीरेऽतियोगे स्युः क्षौद्राञ्जनघृतैर्युताः।
न्यग्रोधाद्यैश्चतुर्भिश्च तेनैव विधिना परैः॥

च० सि० १०।३७

अश्वावरोहिका=अश्वगन्धा, अश्वकर्ण=इक्षुरको वा, जतूकर्ण दर्शनात्,

अश्वावरोहकोऽश्वकर्णः, न्यग्रोधाद्याश्चत्वारः न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थप्लक्षाः। तेनैव विधिनेति पूर्वयोगविधिना एतौ द्वावतियोगे। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—विरेचनातियोगनाशक बस्तियां—

(१) अश्वावरोहिका (बड़े पत्ते का साखु या तालमखाना), काकनासा, बड़ा कसेरू, इनके कल्क से सिद्ध दूध में मधु, रसौत और घृत मिलाकर; अथवा (२) वट, पीपल, पाकड़, गूलर इन द्रव्यों की छाल को कल्क से सिद्ध दूध में मधु, रसवत और घृत मिलाकर दी गई बस्ति विरेचन के अतियोग में लाभकर है।

बलातिबलारास्नारग्वध प्रभृति महौषध क्वाथ मधुकमदनानिकल्क-प्रयुक्तो गुल्महृद्रोगाध्मानशमनः निरूहयोगः

बलातिबलारास्नारग्वधमदनबिल्वगुडूचीपुनर्नवैरण्डाश्वगन्धासहचरपलाश-देवदारुद्विपंचमूलानि पलिकानि यवकोलकुलत्थद्विप्रसृतं शुष्कमूलकानां च जलद्रोणसिद्धं निरूहं प्रमाणावशेषं कषायं पूतं मधुकमदनशतपुष्पाकुष्ठपिप्पली-वचावत्सकफलरसांजनप्रियङ्गुयवानीकल्कीकृतं गुडघृततैल क्षौद्रक्षीरमांसरसाम्ल-कांजिक सैन्धवयुक्तं सुखोष्णं बस्तिं दद्याच्छुक्रमूत्रवर्चः सङ्गेऽनिलजे गुल्महृद्रो-गाध्मानबृघ्नपार्श्वपृष्ठकटीग्रहसंज्ञानाशबलक्षयेषु च। च० सि० १२।२०

बलारास्नेत्यादिकः षष्ठः। शुष्कमूलकानां चेत्यत्र प्रसृतमित्यनुवर्तते। निरूहप्रमाणशेषं कषायमिति निरूहपुटकत्रययोग्यप्रमाणं कषायं, एवं पुटक-त्रय देयाः पंचकषाय प्रसृताः स्थाप्या भविष्यन्ति। क्वाथपरिभाषयैव कर्तव्योऽत्र च क्वाथः निरूहप्रमाणशेषं कषायं मधुकमदनादिना युक्तं सिद्धं बस्तिं दद्यादिति योजनीयम्। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—बलामूल, अतिबला, रास्ना, अमलतास का गूदा, मदनफल, बेलगिरी, गुडूची, पुनर्नवा, एरण्डमूल, असगन्ध, कटसरैया, पलाश की छाल, देवदार और दोनों पंचमूल (शालपर्णी, पृश्निपर्णी, छोटी कटेरी, बड़ी कटेरी, गोखरू, बेल, सोनापाठा, गम्भारी, पाढ़ल, गनियार) ये प्रत्येक एक-एक पल, जौ, खट्टीबेर, कुलथी, ये प्रत्येक दो-दो प्रसृत की मात्रा में कूटकर एक द्रोण जल में पकावे। जितनी मात्रा में निरूहबस्ति देनी हो उतना ही क्वाथ शेष रखें। उसे छानकर उसमें मुलेठी, मदनफल, सौंफ कूठ, पीपर, वच, इन्द्रजौ, रसौत, प्रियङ्गु और अजवायन का कल्क मिलाकर गुड़, घृत, तेल, मधु, दूध, मांसरस, खट्टी कांजी, सेंधानमक मिलाकर मथानी से मथकर बस्तिपुटक में सुखोष्ण रखकर बस्ति दें। इसका प्रयोग शुक्र, मूत्र और मल की वात से रुकावट होने पर करना चाहिए तथा गुल्म, हृदय रोग, आध्मान, बृघ्न, पार्श्व ग्रह, पृष्ठग्रह, कटिग्रह, संज्ञानाश और बलक्षय होने पर करना चाहिए।

रुधिरक्षय उपद्रवशमनः बलातिबलापामार्गादि निरूहयोगः।

बलातिबलापामार्गात्मगुप्ताष्टपलार्धक्षुण्णयवाञ्जलिकषायः सगुडघृततैल-लवणयुक्तः पूर्ववद्बस्तिः स्थविरदुर्बलक्षीणशुक्ररुधिराणां पथ्यतमः।

च० सि० १२।२३

हि० व्या०—बला, अतिबला, अपामार्ग, आत्मगुप्ता (कौंचबीज) को २-२ पल ग्रहण करके तथा एक अञ्जलि कटे हुए जौ इन सभी को यथाविधि कषाय बनाकर गुड, घृत, तैल, लवण मिश्रित कर बस्ति तैयार करनी चाहिए। यह वृद्ध, क्षीण, दुर्बल, क्षीणशुक्र एवं क्षीणरक्त वाले व्यक्तियों को प्रयोग कराना चाहिए।

बुद्धिमेधाग्निबलजननः ह्रस्वपञ्चमूलीक्वाथ साधितो निरूहयोगः विषमज्वरशमनः।

ह्रस्वपञ्चमूलीकषायः क्षीरोदकसिद्धः पिप्पलीमधुकमदनकल्कीकृतः सगुड-घृततैललवणः क्षीणविषमज्वरकर्शितस्य बस्तिः। च० सि० १२।२२

हि० व्या०—लघुपञ्चमूल को दुग्ध एवं जल में पकाकर क्वाथ तैयार करें। दूध मात्र शेष रह जाने पर छानकर, पिप्पली, मधुयष्टी, मदनफल कल्क एवं गुड, घृत, तैल, सैंधव लवण मिलाकर भली प्रकार मथी हुई इस बस्ति का विषमज्वरी एवं कृश पुरुषों में प्रयोग करना चाहिए।

बस्त्युपद्रवरूपजीवादानकष्टशमनाय बस्तियोगाः

वृहती क्षीरकाकोली पृश्निपर्णी शतावरी॥
काश्मर्यबदरीदूर्वास्त्योशीरप्रियङ्गवः।
जीवादाने श्रृतौ क्षीरे द्वौ घृताञ्जन संयुतौ॥
बस्ती प्रदेयौ भिषजा शीतौ समधुशर्करौ।
गोऽव्यजामहिषीक्षीरैर्जीवनीययुतैस्तथा॥
शशैणदक्षमार्जारमहिषाव्यजशोणितैः।
सद्यस्कर्मर्दितैर्बस्तिर्जीवादाने प्रशस्यते॥
मधूकमधुकद्राक्षादूर्वाकाश्मर्यचन्दनैः।
तेनैव विधिना बस्तिर्देयः सक्षौद्रशर्करः॥

च० सि० १०।३८-४२, अ० सं० क० ४

जीवादाने द्वौ बस्ती क्षीरे घृताञ्जन संयुतौ शीतौ माक्षिकशर्कराभ्यां युक्ता देयौ। एको बृहत्यादिभिर्द्वितीयः काश्मर्यादिभिः। गोव्यजादिक्षीरैर्जीवनीयगण-युक्तैरयमपि बस्तिर्जीवादानेतियोगप्रवृत्तजीवरक्ते। शशादिशोणितैः सद्यस्कं-र्जीवादीन्। अत्र मृदितैरित्येतावदुक्तम्। इन्दुः।

हि० व्या०—जीवादान नाशक बस्तियां—बड़ी कटेरी, क्षीरकाकोली, पृश्निपर्णी, शतावर इनके और जीवनीयगण[1] की दश औषधियों से बनाये हुए कल्क से गाय, भेड़, बकरी, भैंस के दूध को विधिपूर्वक पकाकर उसमें खरहा, मृग, मुर्गा, बिल्ली, भैंस, भेड़ और बकरी के ताजे रक्त मिलाकर (मथानी से सम्यक् मथकर) घृत, रसौत, मधु और चीनी मिलाकर ये दो वस्तियां जीवादान अर्थात् अधिक शोधन से जीवरक्त के निकलने पर चिकित्सक को उपयोग में लानी चाहिए।

महुआ, मधुयष्टी, मुनक्का, दूर्वा, गम्भारी की छाल, लालचन्दन इनके और जीवनीयगण की दश औषधियों के कल्क से गाय, भेड़, बकरी, भैंस के दूध को विधिपूर्वक पकाकर उसमें खरगोश, मृग, मुर्गा, बिल्ली, भैंस, भेड़ और बकरी के ताजे रक्त मिला, मथकर मधु और चीनी मिलाकर बस्ति देनी चाहिए। इससे जीवरक्त का निकलना बन्द हो जाता है।

उदुम्बर-शलाटु-प्रभृतिकः सर्वातीसारशमनो घृतयोगः

उदुम्बरशलाटूनि जम्ब्वाम्रोदुम्बरत्वचः।
शङ्खं सर्जरसं लाक्षां कर्दमं च पलांशिकम्॥
पिष्ट्वा तैः सर्पिषः प्रस्थं क्षीरद्विगुणितं पचेत्।
अतीसारेषु सर्वेषु पेयमेतद्यथाबलम्।

च० सि० ८।३६-३७, अ० सं० क० अ० ६

हि० व्या०—सर्वातिसारनाशकघृतयोग—कच्चे-गूलर का फल, जामुन की छाल, आम की छाल, गूलर की छाल, शंख भस्म, राल, लाख, कमल का कीचड़, प्रत्येक एक पल की मात्रा में लेकर कल्क तैयार करना चाहिए। एक प्रस्थ घृत तथा दो प्रस्थ दूध मिलाकर विधिवत् घृत का पाक करना चाहिए। अग्निबल के अनुसार सभी प्रकार के अतिसार रोगों में सेवन करना चाहिए।

बस्त्युपद्रवरूपाऽऽमातीसारस्य चिकित्सासूत्रम्।

तत्रामेऽन्तरपानं स्यात् व्योषाम्ललवणैर्युतम्।
पाचनं शस्यते बस्तिरामे हि प्रतिषिध्यते।

च० सि० ८।२३

अन्तरपानं पाचनमाहुः। पाचनमित्यनेन चेह पूर्वं 'स घनातिविषा' इत्याद्युक्तं पाचनं गृह्यते। व्योषाम्ललवणैर्युतमिति व्योषाम्ललवणयोगेन कृतम्।

चक्रपाणि

१. जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, मुद्गपर्णी, माषपर्णी, जीवन्ती, मधुयष्टी।

हि० व्या० आमातिसार में सोंठ, पीपर, मरिच, अम्लद्रव्य। जैसे—अनार, अम्लवेत:, सैंधवनमक, मिलाकर पीना चाहिए। आम दोष में पाचन चिकित्सा श्रेष्ठ है। इसमें वस्तिप्रयोग निषेध है।

अतिसारोपद्रवोदाहरणद्वारा विविधानां बस्त्युद्रपवाणां चिकित्सासूत्र सूचनम्।

त्रिचतुः पञ्चसंसर्गनिवमेव विकल्पयेत्।
युक्तिश्चैषातिसारोक्ता सर्वरोगेष्वपि स्मृता॥

च० सि० ८।३४

अनुक्तसंसर्गचिकित्सां सूत्रयन्नाह---त्रिचतरित्यादि। त्रिचतु:पञ्चसंसर्गानिति आमादीनां त्रिकचतुष्कपञ्चकरूपान् संसर्गान्। एवमेव विकल्पयेदिति प्रधानादिमेलकेन विकल्पयेत्, तथा भेषजमपि तेषां यथोक्तभेषजानुसारेण कल्पयेदित्यर्थः। एते च भेदा लिख्यमाना अतिबहु प्रभेदतया ग्रन्थगौरवमापदयन्ति, स्वयं च बुद्धिमता सुकरविभागा एवेति न लिख्यन्ते। एवमादिसंसर्गकृतं रोगभेदमन्यत्रापि बुद्ध्य कर्तव्यतयाऽतिदिशन्नाह—सर्वरोगेष्वपि स्मृतेति इयं व्यवस्था सर्वरोगेष्वेव यथासंभवमाचार्यानुमतेत्यर्थः। तत्र ग्रहणीगदे यत्र तु षडप्यामादयः सम्भवन्ति, शोणितेन वा समं चत्वारः तत्र तेषामेव परस्परसंसर्गो भेषजविभागार्थं कल्पनीयः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—यहाँ आचार्य ने दो दोषों के संसर्ग से उत्पन्न तीस प्रकार के अतिसारों का वर्णन किया है। इसी प्रकार ३-४-५ और ६ दोषों के संसर्ग से उत्पन्न होने वाले अतिसार की चिकित्सा में भी कल्पना करनी चाहिए। यही युक्ति अन्य रोगों मे भी मानी जाती है।

आमातिसारादि विविधरोगाणां शमनाय यथास्वौषधसिद्ध विविधबस्तिप्रयोग कल्पनासूचनम्।

गुल्मातिसारोदावर्तस्तम्भसंकुचितादिषु।
सर्वाङ्गैकाङ्गरोगेषु रोगेष्वेवंविधेषु च॥
यथास्वैरौषधैः सिद्धान् बस्तीन् दद्याद्विचक्षणः।
पूर्वोक्तेन विधानेन कुर्वन् योगान्पृथग्विधान्॥

च० सि० १०।४७-४८

अनुक्तबस्तिकल्पनार्थमाह— गुल्मातिसारेत्यादि। यथास्वैरौषधैरिति यथास्वव्याधिप्रत्यनीकैर्भेषजैः। कुर्याद्योगान् पृथग्विधानिति यथोक्तविधिना द्रव्यावापादिना योगान् यथोचितान् गुल्मादिकल्पनीयान् बस्तिषु कुर्यात्। चक्रपाणिः।

हि० व्या—गुल्म, अतिसार, उदावर्त, स्तम्भ, संकोच आदि रोगों में तथा सर्वाङ्ग एवं एकाङ्ग रोगों में, इसी प्रकार अन्य रोगों में भी, पहले बताई गई

विधि के अनुसार अलग-अलग औषधियों द्वारा वस्तियोगों की कल्पना कर (वातादि दोषजन्य भिन्न-भिन्न रोगनाशक औषधियों से वस्तियों की कल्पना कर) प्रयोग करना चाहिए।

अतिसारोपद्रवशमनः विविधाः यवागूयोगाः।

कच्छुरा धातकीबिल्वसमंगारक्तशालिभिः।
मसूराश्वत्थशुङ्गैश्च यवागूः स्याज्जले श्रृतैः॥
बालोदुम्बरकट्वङ्गसमङ्गाप्लक्षपल्लवैः।
मसूरधातकीपुष्पबलाभिश्च तथा भवेत्॥
स्थिरादीनां बलादीनामिक्ष्वादीनामथापि वा।
क्वाथेषु समसूराणां यवाग्वः स्युः पृथक् पृथक्॥
कच्छुरामूलशाल्यादितण्डुलैरुपसाधिताः।
दधितक्कारनालाम्लक्षीरेक्ष्विक्षुरसेऽपि वा।
शीताः सशर्कराक्षौद्राः सर्वातीसारनाशनाः॥
ससर्पिर्मरिचाजाज्यो मधुरा लवणाः शिवाः।

च० सि० ८।३८-४२, अ० सं० क० अ० ६

रक्तशालिभिः' इत्यत्र 'रक्तमूलिभिः' इति पाठे 'रक्तमूली रक्तैरण्डम्' इत्यपरे। जले श्रृतैरिति षडङ्गविधानेन जले श्रृतैः। बालोदुम्बरमुदुम्बरशलाटु। भवेदिति यवागूर्भवेत्। इक्ष्वादीनामिति तृणपञ्चमूलपठितानां शरवर्जितानां इक्षुकुशकासशालिमूलानाम् शाल्यादितण्डुलैरिति रक्तशालिकलमादितण्डुलैः। दध्यादिभिरत्र जलस्थानीयैर्यवागूः साधनीया। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—सर्वातीसार नाशक यवागू—

(१) दुरालभा, धातकीपुष्प, बेलगिरी, लाजवन्ती, रक्तशालि, मसूर, पीपलवृक्ष के पत्राङ्कुर से बनायी गई यवागू प्रयोग करने से सभी प्रकार के अतिसार नष्ट होते हैं।

(२) गूलर के कच्चे फल, सोनापाठा की छाल, लाजवन्ती, पर्कटी वृक्ष के पत्राङ्कुर, मसूर की दाल, धातकीपुष्प और बलामूल से बनायी गयी यवागू सभी प्रकार के अतिसार को दूर करती है।

(३) स्थिरादिवर्ग (लघुपञ्चमूल), बला, इक्षु आदि तृणपञ्चमूल में शर-मूल को छोड़कर ईख, कुश, काश और शालिधान्य मूल के क्वाथों में अलग-अलग मसूर की दाल मिलाकर यवागू बनाकर प्रयोग करना चाहिए। इनसे सभी प्रकार का अतिसार दूर हो जाता है।

(४) दुरालभा का मूल, रक्तशालि और कलम शालि के चावल से बनी यवागू, खट्टा दही, मट्ठा, कांजी, अम्लरस क्षार और ईख के रस में बनायी

गयी यवागू शीतल होने पर चीनी और मधु मिलाकर सेवन करने पर सभी प्रकार का अतिसार रोग दूर होता है।

निरूहोपद्रवरूपाऽऽमातिसार चिकित्सा

आमं यः कुणपं रुग्वानुपवेश्येत सारुचिः।
स घनातिविषाकुष्ठनतदारुवचाः पिबेत्॥

अ० सं० क० ६।५५

यस्तु पुरुषो रुग्वानामं कुणपं दुर्गन्धमुपवेश्येतारुच्या युक्तः स घनादिकं जलेन पिबेत्। इन्दुः

हि० व्या०—निरूहबस्ति उपद्रव जन्य आमयुक्त अतिसार में यदि दुर्गन्धयुक्त मल पीड़ा के साथ निकले और रोगी को अरुचि भी हो तो नागर-मोथा, अतिविषा, कुष्ठ, तगर, दारुहल्दी और वच का काढ़ा पिलाना चाहिए।

निरूहोपद्रव दोषातिसार चिकित्सा।

शकृद्वातमसृक् पित्तं कफं वा योऽतिसार्यते।
पक्वं तत्र स्ववर्गीयो बस्तिः श्रेष्ठं भिषग्जितम्॥

अ० सं० क० ६।५६

अस्मिंश्चातियोगे शकृदादिकं पक्वं योऽतिसार्यते तत्र स्ववर्गीय आत्मीयौषधनिर्वृतो बस्तिः श्रेष्ठं भिषग्जितम्। शकृदतिसारे सूत्रोक्तेन पुरीषसंग्रहणेन वर्गेण बस्तिः। एवं वातादीनामपि स्वशब्दार्थो व्याख्येयः। इन्दुः।

हि० व्या०—रक्तातिसार, पित्तातिसार, वातातिसार, कफातिसार—जो पक्वावस्था में हों तो उन-उन दोषों को शमन करने वाले बस्ति योगों की कल्पना करनी चाहिए।

आमदोषपाचनाय प्रदेयक्वाथ संकेतः।

तत्रामेऽन्तरपानं तु कटवम्ललवणैर्युतम्।
पाचनं शस्यते बस्तिरामे हि प्रतिषिध्यते॥

अ० सं० क० ६।५६

आमे केवले कटवादिगणौषधैर्युक्तमन्तरपानकं मुखेन योज्यं शस्यते। किं तदाह पाचनम्। इन्दुः।

हि० व्या०—आमदोष के पाचन हेतु कटु, अम्ल और लवण रस से युक्त औषधियों का काढ़ा पिलाना चाहिए। इससे आमदोष का पाचन होता है।

बस्त्युपद्रवरूप वायुवृद्ध शमन चिकित्सासूत्रम्।

स्वाद्वम्ललवणैः शस्तः स्नेहबस्तिसमीरणे।

च० सि० ८।२४, अ० सं० क० अ० ६

स्वाद्वम्ललवणैः शस्तः स्नेहबस्तिरिति स्वाद्वम्ललवणद्रव्यसाधितस्नेहकृतमनुवासनमित्यर्थः। समीरण इति केवल वातातीसारे। चक्रपाणिः।

हि० व्या—वातज अतिसार चिकित्सा—

वातजन्य अतिसार में मधुर और अम्लद्रव्यों में नमक संयुक्तकर सिद्ध स्नेह से अनुवासन बस्ति देना श्रेष्ठ है।

स्वस्थहितौ निरूहबस्ति प्रयोगः।

बलां गुडूचीं त्रिफलां सरास्नां
द्विपञ्चमूलं च पलोन्मितानि।
अष्टौफलान्यर्धतुलां च मांसात्
छागात् पचेदप्सु चतुर्थशेषम् ॥
पूतो यवानीफलबिल्वकुष्ठ—
वचाशताह्वाघनपिप्पलीनाम।
कल्कैर्गुडक्षौद्रघृतः सतैलै—
र्युक्तः सुखोष्णो लवणान्वितश्च ॥
बस्तिः परं सर्वगदप्रमाथी—
स्वस्थे हितो जीवनबृंहणश्च।
बस्तौ च यस्मिन् पठितो न कल्कः
सर्वत्र दद्यादमुमेव तत्र ॥

अ० सं० क० ४।२-४

बलादीनां पाकात् क्वाथपरिकल्पना। द्विपञ्चमूलं पृथग्द्रव्यम्। यवान्यादिकं कल्कः। कल्कादीनां माने सूत्रोक्तस्य स्मर्तव्यम्। सुबोधम्। बस्तीनां च सर्वेषामपठितकल्कानाममुमेव यवान्यादिकं कल्कं दद्यात्। इन्दुः।

हि० व्या०—बला, गुडूची, त्रिफला, रास्ना, दशमूल की औषधियां प्रत्येक एक-एक पल (४ तोला) की मात्रा में मदनफल संख्या में आठ, ढाई सेर बकरे का मांस चतुर्गुण जल में पकाकर चौथा भाग शेष रहने पर छानकर उस क्वाथ में, अजवायन, बेलफल, कूठ, वच, सौंफ, नागरमोथा, पिप्पली इनका कल्क मिलाकर, गुड़, शहद, घी और तेल मिलाकर बस्ति देनी चाहिए। यह बस्ति सभी रोगों को दूर करती है। स्वस्थ व्यक्ति के लिए जीवनीय शक्तिवर्धक एवं बृंहणीय है। इसके अतिरिक्त बस्तियोगों में जहां कल्क द्रव्य का उल्लेख नहीं किया गया है वहां भी इन्हीं औषधियों का कल्क प्रयोग करना चाहिए।

निरूहासम्यग्योगजन्योदावर्तोपद्रवः

बहुदोषबलेक्रूरकोष्ठे बस्तिस्तनुर्मृदुः।
शीतोऽल्पश्चावृतो दोषैः प्रतिहंति समीरणम ॥
ऊर्ध्वं सोऽनुसरन्देहं कुर्याद्वायुः शिरोरुजम्।
ग्रीवास्तंभं प्रतिश्यायं बाधिर्यं दृष्टिविभ्रमम् ॥

अ० सं० क० ६।

बहुदोषेत्यादिना शिरोरुगुच्यते। बहुदोषबलरहितादिके तनुत्वादिगुणो बस्तिर्युक्तो दोषैरावृतत्वात् समीरणस्य वेगप्रतिघातं करोति। स प्रतिहतो वायुरूर्ध्वं देहमनुसरञ्छिरोरुगादीन् कुर्यात्। दृष्टिविभ्रमो दृष्टिविकारः। इन्दुः।

हि० व्या०—बहुदोष युक्त क्रूरकोष्ठ के रोगी को यदि तनु (पतला), मृदुवीर्य तथा शीतवीर्य औषधियों से बनाई गई बस्ति दी जाए या अल्पमात्रा में दी जाए तो वह औषधि दोषों से आवृत होकर वायु को कुपित करती है। वह वायु शरीर में घूमते हुए शिरः शूल ग्रीवास्तंभ, प्रतिश्याय, बाधिर्य एवं दृष्टिविभ्रम आदि रोग उत्पन्न करती है।

निरूहातियोग जन्यस्य अंगमर्दोपद्रव चिकित्सा

तं तैललवणाभ्यक्तं स्वेदितं संस्तरादिभिः।
बिल्वकोलयवैरण्डवर्षाभूबृहतीद्वयैः ॥
सकुलत्थैः श्रृतंमस्तु फलसौवीरकान्वितैः।
आस्थापयेत्ससिन्धूत्थैर्जाङ्गलैरशितं रसैं ॥
तैलेनानिलजिद्द्रव्य विपक्वेनानुवासयेत्।

अ० सं० क० ६।

तमतियोगिनं तैललवणाभ्यामभ्यक्तं प्रस्तरादिभिश्च स्वेदविष्युक्तैः स्वेदितं बिल्वादि भिर्मस्त्याद्यन्वितैशृतैः ससिन्धूत्थैश्चास्थापयेत्। अनु च जाङ्गलैरसैराशितं भोजितं वातहरद्रव्यसिद्धेन तैलेनानुवासयेदित्युक्ताङ्गरुक्।

हि० व्या०—निरूह बस्ति के अतियोग जन्य अंगमर्द नामक उपद्रव होने पर सरसों तेल और लवण मिलाकर मालिश करना चाहिए। संस्तर स्वेद कराना चाहिए। बेल, बेरी का फल, यव, एरण्ड, पुनर्नवा, छोटी कटेरी, बड़ी कटेरी, कुलथी के क्वाथ में दही का पानी, मदन फल और सौवीराञ्जन और नमक मिलाकर आस्थापन बस्ति देनी चाहिए। जांगल मांस रस का सेवन करा कर वातनाशक द्रव्यों से सिद्ध तैल से अनुवासन बस्ति देनी चाहिए।

अष्टमोऽध्यायः

आस्थापन (निरूह) बस्ति प्रकरणम्

सामान्य बस्ति प्रकरण में बस्तियों के महत्व एवं सामान्य प्रकारों का यथासम्भव परिचय दिया गया है। चिकित्सा सौकर्य की दृष्टि से आचार्यों ने समस्त बस्तियों में प्रयुक्त द्रव्य एवं उपयोगिता की दृष्टि से प्रमुख दो भेद किए हैं— (१) निरूह एवं (२) अनुवासन।

इनमें क्वाथ की प्रधानता वाली बस्ति को निरूह बस्ति कहा गया है। इसी का दूसरा नाम आस्थापन भी है। इन दोनों नाम संज्ञा में इनकी कार्मुकता ही कारण है। दोषों को शरीर से निर्हरण[1] करने के कारण या शरीर से रोग निवारण के कारण निरूह कहा जाता है। आयु अथवा वय को स्थापन[2] करने के कारण इसकी आस्थापन संज्ञा है। इस बस्ति की कार्मुकता के आधार पर अनेक भेद किए गए हैं। माधुतैलिक भी इसका एक प्रकार है। इसी के उपभेद या प्रकार यापन, सिद्ध, युक्तरथ बस्ति हैं।

मधु एवं तैल की प्रधानता होने से इसे माधुतैलिक कहा जाता है। शरीर की बल वृद्धि अथवा बस्ति के समय अपथ्य सेवन से उत्पन्न व्यापत्तियों के निर्हरण हेतु प्रयोग की जाने वाली यापन बस्ति होती है। इसका प्रत्येक समय[3] प्रयोग किया जा सकता है। आचार्य चक्रपाणि लिखते हैं कि यह आयुष्य का यापन करती है। शरीर के वर्ण को बढ़ाने वाली एवं बलवृद्धि करने वाली बस्ति को सिद्ध[4] बस्ति कहा जाता है। यान पर सवार होकर जाने पर भी जिस बस्ति के दिए जाने पर शास्त्रों में कोई निषेध नहीं किया गया उसे

१. स दोष निर्हरणात् शरीर दोषहरणाद्वा निरूहः ॥
२. वयः स्थापनात् आयुः स्थापनात् वा आस्थापनम् ॥
सु० चि० अ० ३५।१८
३. यापनस्तु बस्तयः सर्व काले देयाः। —च० सि० १२।१५
४. बलोपचय वर्णानां यस्माद् व्याधिशतस्य च।
सु० चि० ३८।११६

युक्तरथ[1] बस्ति कहा जाता है। कार्मुकता की दृष्टि से शोधन, लेखन, स्नेहन, बृंहण, उत्क्लेशन, दोषहर एवं शमन तथा शार्ङ्गधर के अनुसार-उत्क्लेशन, दोषहर, पिच्छिल, दीपन आदि का उल्लेख किया है। चरक सिद्धिस्थान में दोष, धातु, रोग आदि के अनुरूप, बलवर्णकृत, शुक्रकृत, वातघ्न, क्रिमिघ्न, वृषत्वकृत आदि भेद किए हैं। इस प्रकार इस प्रकरण में इनका क्रमशः यथा सम्भव वर्णन किया जा रहा है।

आस्थापन शब्दस्य निरुक्तिः

वयः स्थापनादायुः स्थापनाद्वा आस्थापनम्।
(सु० चि० अ० ३५।१८ ख)

तद्वयः स्थापनाद्दोषस्थापनाद्वाऽस्थापनमित्युच्यते।
(अ० सं० सू० अ० २८।६)

आस्थाप्येद्वयो देहं तस्मादास्थापनः स्मृतः।
(बंङ्गसेन)

निरूह शब्दस्य निरुक्तिः

सदोष निर्हरणाच्छरीरनिरोहणाद्वा निरूहः।
(सु० चि० अ० ३५।१८ ख)

शरीर रोहणाद्दोषनिर्हरणादचिन्त्यवीर्य प्रभावतया चास्मिनूहासम्भवान्निरूह इति।
(अ० सं० सू० अ० २८)

निरूहो दोषहरणाद्रोहणादथवा तनोः। (बंङ्गसेन)

हि० व्या०—उपर्युक्त सूत्रो में आस्थापन एवं निरूह शब्दों का निर्वचन इस प्रकार लिखा है।

आस्थापनः—वय (आयु) को स्थिर करने अथवा दोषों को शान्त करके उन्हें अपने-अपने स्थानो में स्थापित करने के कारण इसे अस्थापन कहा जाता है।

निरूह—इसे निरूह इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह अपने प्रभाव के कारण शरीर का रोहण अर्थात् वृद्धि करती है। अथवा शरीर के दोषों का निर्हरण करती है। इसका प्रभाव एवं वीर्य अचिन्त्य होने से इसके विषय में किसी प्रकार के उहापोह की सम्भावना नहीं रहती है। अतः ऊह्य रहित होने से भी निरूह कहलाती है।

१. रथेष्वपि युक्तेषु··· ··· ···।
यस्मान्न प्रतिषिद्धोयमतो युक्तरथः स्मृतः ॥
सु० चि० ३८।११२

निरूह लक्षणम्

कषायैर्विविधैर्मिश्रैः स्नेहैः स्नेहैश्च मूर्च्छितः
सक्षौद्रमूत्रलवणो निरूहो दोष बाहनात्।

—क० सं० ।८

कषाय क्षीरतैलैर्यो निरूहः स निगद्यते।

—शा० सं० उ० ४, भाव प्र०

कषायक्षीरितो बस्तिर्निरूहः स निगद्यते। (वंङ्गसेन)

हि० व्या०—निरूह बस्ति की परिभाषा बताते हुए काश्यप संहिता में लिखा है कि अनेकविध क्वाथों से मिश्रित तथा स्नेहों द्वारा मूर्च्छित (कल्पना की गई) एवं जिसमें मधु, गोमूत्र व सैंधव डाला गया हो इस प्रकार से निर्मित निरूह दोषों का निर्हरण करता है।

शार्ङ्गधर, भाव प्रकाश एवं वंगसेन में दूध, क्वाथ एवं तैल मिश्रित कर दिए जाने को निरूह संज्ञा दी है।

किं गुणो बस्तिः

बस्तिर्वयः स्थापयिता सुखार्युबलाग्निमेधास्वरवर्णकृच्च।
सर्वार्थकारी शिशुवृद्धयूनां निरत्ययः सर्वगदापहश्च॥
विट्श्लेष्मपित्तानिलमूत्रकर्षी दार्ढ्यावहः शुक्रबलप्रदश्च।
विश्वक्स्थितं दोषचयं निरस्य सर्वान् विकारान् शमेयन्निरूहः।

च० सि० १।२७-२८

अयं चास्थापनगुणः। अनुवासनस्य तु 'देहे निरुहेण, इत्यादिना ग्रन्थेन गुणान् वक्ष्यति। वयः स्थापयतीति वयः स्थापयिता, वयः स्थापनत्वं चास्य स्रोतः—शुद्धिकरत्वात् सर्वार्थकारीति स्थिरत्वापकर्षादिविरुद्धार्थस्यापि भेषज विशेष योगात्। शिशुवृद्धयूनां निरत्यय इत्यनेन वमन विरेचनाभ्यामुत्कर्ष उच्यते ते हि शिशुवृद्धयोर्निपिद्धे। सर्वगदापहत्वं संशमनेन ज्ञेयं, सर्वान् विकारान् शमयेदित्यनेन दोषसंशोधन द्वारा सर्वगदापहत्वमुच्यत इति न पौनरुक्त्यं, किं वा सर्वान् विकारानिति सर्वावस्थान् विकारानिति शेषः। (चक्रपाणिः।

सत्यपि दोषहरत्वे कटुतीक्ष्णोष्णादिभेषजादानात्।
दुःखोद्गारोत्क्लेशाहृद्यत्वकोष्ठरूजा विरेके स्युः॥
अविरेच्यौ शिशुवृद्धौतावप्राप्तप्रहीणधातुबलौ।
आस्थापनमेव तयोः सर्वार्थकृदुत्तमं कर्म॥
बलवर्णहर्षमार्दवगात्रस्नेहान्नृणां ददात्याशु।

—च० सि० १०।६-८

बस्त्यपेक्षया शोधनान्तरेण दोषहरणं दोषमाह सत्यपीत्यादि। कटुकादिभेषजै विरेकदानाददुःखं चोद्गारश्चोत्क्लेशश्चाहृद्यत्वं च कोष्ठरुजाश्चैते सर्वे भवन्ति, अत्र दुःखं कटुकादिना रसनोद्वेगादेव भवति, एते दोषा बस्तौ न संभवन्तीति भावः। विरेकशब्देन वमनविरेकावपि ग्राह्यौ, किं वा वमनं बस्तिना सममत्यन्तर्मिन्नविषयत्वादेव नोदाहृतं, विरेकस्तु पक्वाशयस्थेऽपि दोषे वस्ति विषये भवतीति कृत्वा विरेकमेव प्रति वस्तेः प्राधान्यमिहोच्यते। अविरेकादिविषये बस्तेर्योगिकतया प्राधान्यमाह-अविरेच्यावित्यादि। तावित्यादौ यथासंख्यं व्याख्येयम् - अप्राप्तधातुरप्राप्त बलश्च बालः, प्रहीणधातुः प्रहीणबलश्च वृद्धः एवम्भूतत्वाच्चाविरेच्यावेतौ। सर्वार्थकृदिति निरत्ययदोषहरणबृंहणादिकृत्। चक्रपाणि

वस्त्रस्य धावनमिव दर्पणस्येव मार्जनम्।
आस्थापनं नृणां तद्वत्प्राज्ञैः कालोपपादितम्॥
न हि तादृग्विधं किंचित् कर्मन्यदुपपद्यते।
क्षिप्रं रोगाभिघाताय रोगाणां चोपपत्तये॥
वयसः स्थापनो वृष्यः स्वरवर्णबलाग्निकृत्।
वातपित्तकफानां च मलानां चापकर्षणः॥
बालवृद्धवयस्थानां क्षिप्रमूर्जस्करः परम्।
सर्वेन्द्रियाणां वैशद्यं कुरुते चाङ्गमार्दवम्।
एवमेते समाख्याता निरुहस्य गुणागुणाः।
वातं मूत्रं पुरीषं च देहिनां विषमस्थितम्
अनुलोमयते शीघ्रं निरूहः साधुयोजितः॥
आमं जडत्वमरुचिं विष्टम्भं वो ... ...।
... ... दीपयत्यपि॥ का० सं०

निरुहस्यास्य सामर्थ्यमुपचारं च मे शृणु॥
स्विन्ने पर्युषिते जीर्णे स्वत्यन्तं च निरुहयेत्।
सोऽस्य मूत्रं पुरीषं च श्लेष्माणं चापकर्षति॥
वातानुलोम्यं कुरुते बलं सञ्जनयत्यपि।
विष स्थिरं दोषबलं यच्च नाडीषु संस्थितम्॥
विशोधयति तत्सर्वं निरुहः स प्रयोजितः।
रोगानीकस्य सर्वस्य परोनास्ति हि तत्समः॥
व्याकुलानां च केशानां सीमन्तकरणं यथा।
तथा भृशं व्याकुलानां दोषाणां स्यान्निरुहतः॥
निरुहो हि समायुक्तस्सम्यग्वीर्यस्समैर्गुणैः।
व्याधीनथोद्धरेत्क्षिप्रं पुष्पं युक्तं नरंयथा॥

भे० सि० अ० ६।२५-२५

विट्श्लेष्मपित्तानिलमूत्रकर्षीदार्ढ्यावहः शुक्रबलप्रदश्च ।
विट्कं स्थितं दोषचयं निरस्य सर्वान् विकारान् शमयेन्निरूहः ॥
शतशः सन्ति निरुहाः सुश्रुतचरकादिमुनिगदिताः ।
भिषजा पुनरमुनैव व्यवहारश्चार्द्धमात्रेण ॥
—(वङ्गसेन)

हि० व्या०—निरूह बस्ति आयु को स्थिर करने वाली, वृष्य, स्वर, वर्ण, बल और अग्नि वृद्धिकर हैं। वात, पित, कफ रूप त्रिदोष एवं त्रिविध मलों का अपकर्षण करने वाली है। बालक, वृद्धजन एवं युवकों के बल को शीघ्र बढ़ाने वाली है। समस्त विकारों में प्रयुक्त समस्त इन्द्रियों को शुद्ध करती है। (स्त्रोतसों को निर्मल करती है), शरीर के अंगों को मृदु बनाने वाली है। इस प्रकार निरूह बस्ति के गुणों का वर्णन किया गया है। निरूह बस्ति में रोगो पचार की कितनी सामर्थ्य है इसका वर्णन करते हुए लिखा है कि जिसको सम्यक् स्नेहन स्वेदन करा दिया गया हो जिसका रात्रि में ग्रहण किया हुआ भोजन जीर्ण (पाक) हो गया हो उसे निरूह का प्रयोग करना चाहिए। वह प्रयुक्त बस्ति मूत्र, पुरीष एवं श्लेष्मा का अपकर्षण करती है, वात का अनुलोमन करती है, बल का आधान कराती है, जिसके दोष प्रबल हो, विष के समान स्थिर हो एवं नाड़ी में स्थित हो निरूह उन सभी का शोधन करती है। अनेक विध रोगों को शमन करने में इसके समान अन्य नहीं है। जिस प्रकार अस्त व्यस्त हुए बालों को कंघी संवार देती है उसी प्रकार अत्यन्त व्याकुल हुए (विषम दोषों) को निरूह समावस्था में लाती है। जिस प्रकार पुण्य कर्म से मनुष्य का उद्धार हो जाता है उसी प्रकार सम्यक् प्रकार से प्रयुक्त, सम्यक् वीर्य एवं गुण युक्त बस्ति व्याधियों से उद्धार कर देती है।

बुद्धिमान् चिकित्सक के द्वारा उचित समय पर प्रयोग करायी गयी आस्थापन बस्ति उसी प्रकार शरीर के दोषों को निकाल कर शुद्ध कर देती है जिस प्रकार वस्त्र को धोने से एवं शीशे को साफ करने से शुद्ध (निर्मल) हो जाते हैं।

आस्थापन बस्ति रोगोपशामक भी है एवं रोगोत्पादक भी है अर्थात् सम्यक् प्रयोग से रोग शीघ्र नष्ट होते हैं किन्तु असम्यक् प्रयोग से शीघ्र अनेक रोगों को उत्पन्न भी कर देती है। अतः सावधानी पूर्वक नियमानुसार प्रयोग करना चाहिए।

विरेचन से बस्ति कर्म को श्रेष्ठ बताते हुए लिखा है कि यद्यपि विरेचन प्रयोग भी दोषों का निर्हरण करता है तथापि विरेचन में कटु, तीक्ष्ण और रुक्षादि औषधियों का उपयोग होता है। अतः रोगी को विरेचनौषध ग्रहण का दुःख होता है, उद्गार आते हैं, उत्क्लेश होता है विरेचन हृदय को अच्छा न

लगने वाला तथा कोष्ठ में वेदना उत्पन्न करने वाला है किन्तु बस्ति में इस प्रकार के लक्षण नहीं होते अतः विरेचन से बस्ति श्रेष्ठ है। जिन अवस्थाओं में विरेचन नहीं कराना चाहिए उनमें बालक एवं वृद्ध की भी गणना की गई है क्योंकि बालक के शरीर में धातु एवं बल की प्राप्ति नहीं हो सकती तथा वृद्ध के शरीर में इन दोनों का ह्रास हो जाता है। अतः इन्हें आस्थापन का प्रयोग कराना चाहिए। इसके प्रयोग से बल, वर्ण, हर्ष, मृदुता तथा स्निग्धता आदि गुणों की उत्पत्ति हो जाती है।

सुश्रुत एवं चरकादि महर्षियों ने यद्यपि सैकड़ों बस्तियों का उल्लेख किया है तथापि चिकित्सक प्रायः इसी बस्ति को (अनेक रोगों में) प्रयोग में लाते हैं यह इसकी विशेषता का द्योतक है।

आस्थापनबस्ति योजनामधिकृत्य आत्रेयभृगुकौशिकादि महर्षीणां तद्विद्यसंभाषेतिहासः।

भगवन्तमुदारसत्वधी श्रुतिविज्ञान समृद्धमत्रिजम् ।
फलबस्तिवरत्वनिश्चये सविवादा मुनयोऽभ्युपागमम् ॥
भृगुकौशिकाप्यशौनकः सपुलस्त्यासितगौतमादयः ।
कतमत् प्रवरं फलादिषु स्मृतमास्थापनयोजनास्विति ॥
च० सि० ११।३-४

इतिहासश्च संहिताधर्मतया ग्रन्थे पूज्यतोपदर्शनार्थं च क्रियत एव। फलादीनां बस्तौ वरत्वं फलबस्तिवरत्वं, तस्य निश्चये अवधारणे ॥
(च० पा०)

धामार्गवमर्यक्वाकु जीमूतं कृतवेधनम् ।
मदनं कुटजं चैव त्रपुषं हस्तिपर्णिनी ॥
एतानि वमने चैव योज्यान्यास्थापनेषु च ।
च० सू० १।८५

धामार्गवः=पीतघोषकः (राजकोशातकी) इक्ष्वाकु=तिक्ता (कुटुम्बी) जीमूत=घोषक भेदः (देवदाली) कृतवेधनं=ज्योत्स्निका (कोशातकी) हस्तिपर्णी=मोरटः (त्रपुषः) कर्कटी अस्याश्च शरत्कालभवमेव जलं ग्राह्यं यत्र उक्तं "हस्ति-पर्ण्याश्च शारदम्" इति। चक्रपाणिः।

द्रव्य विषयक तद्विद्यसम्भाषा

तत्र महर्षि शौनकस्य मतं वामक नृपस्य च संयुक्तिकं तदुत्तरम्।
कफपित्तहरं फलेष्वथ जीमूतकमाह शौनकः।
मृदुवीर्यतयाऽभिनत्ति तच्छकृदित्याह नृपोऽथ वामकः ॥
च० सि० ११।५

फलादिष्विति मदनजीमूतकादिषु। कल्पे जीमूतस्य यद्यपि पित्तदोषहरत्व-

मुक्तं, तथाऽपीहवचनात् कफपित्तहरत्वमस्य प्राधान्यादुन्नीयते। मृदुवीर्यतया ऽभिनत्तीति नात्यर्थं भिनत्ति। (चक्रपाणिः)

महर्षि गौतमकृतं वामक नृपमतनिरासः।

कटुतुम्बममन्यतोत्तमं वमने दोषसमीरणं च तत्।
तदवृष्यमशंत्यतीक्ष्णताकटुरौक्ष्यादिति गौतमोऽब्रवीत्॥
च० सि० ११।६

बडिशकृतो गौतममत निरासः

कफपित्तनिर्बहणं परं स च धार्मागवमित्यमन्यत।
तदमन्यत वातलं[1] पुनर्बडिशो ग्लानिकरं बलापहम्॥
च० सि० ११।७

काप्यकृतो बडिशमतो निरासः।

कुटजं प्रशशंस चोत्तमं न बलघ्नं कफपित्तहारि च।
अतिविज्जलमौर्ध्वभागिकं पवनक्षोभि च काप्य आह तत्॥
च० सि० ११।८

भद्रशौनककृतः काप्यमत निरासः।

कृतवेधनमाह वातलं[1] कफपित्तं प्रबलं हरेदिति।
तदसाध्विति भद्रशौनकः कटुकं चातिबलघ्नमित्यपि॥
च० सि० ११।९

बस्ति प्रयोग योजनान्तर्गत उपयोगी फल विषयक आत्रेय समक्ष महर्षियों की सम्भाषा—

मन एवं बुद्धि से उदार, शास्त्रज्ञान में विशेषता रखने वाले, जिनका विज्ञान विशाल है इस प्रकार के विज्ञ भगवान आत्रेय के पास विवाद निराकरण के लिए भृगु, कौशिक, काप्य, शौनक, पुलस्त्य, असित, गौतम आदि मुनि आये। उन्होंने पूछा भगवन् फलों में कौनसा फल आस्थापन बस्तियों में श्रेष्ठ है। सर्वप्रथम शौनक ने अपना मत प्रस्तुत किया—फलों में जीमूतक श्रेष्ठ है। क्योंकि यह कफ एवं पित्त निर्हरण करने वाले द्रव्यों में श्रेष्ठ है। इस पर राजा वामक ने कहा कि यह (जीमूतक) मृदु वीर्य होने से मल का समुचित रूप से भेदन नहीं करता। अतः इसे श्रेष्ठ कहना उचित नहीं है। अपने मत की पुष्टि में राजा वामक ने कहा कि कटुतुम्बी का फल श्रेष्ठ होता है। जिस प्रकार यह वमन में दोष को प्रेरित करके निकालता है उसी प्रकार बस्ति में भी कफ एवं पित्त को प्रेरित करके बाहर निकालेगा।

१. वातलं – पाठ भेद से बातकारक एवं वामक से अत्यन्त वमन कारक भाव लिए गए हैं।

इस पर गौतम ने कहा कि इनका मत उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि कटुतुम्बी उष्ण, तीक्ष्ण, कटु एवं रूक्ष होने से अवृष्य होती है अतः समुचित प्रभावी नहीं हो सकती। अतः गौतम ने धामार्गव को श्रेष्ठ बतलाया क्योंकि यह कफ पित्त नाशक है। इस विषय पर बडिश ने कहा कि धामार्गव तो वात वर्धक ग्लानि उत्पन्न करने वाला और बल क्षय करने वाला भी है अतः उपयोगी नहीं हो सकता। बडिश के मत से कुटज प्रशंशनीय एवं उत्तम है क्योंकि यह बल की क्षति नहीं करता तथा कफ एवं पित्त का निर्हरण करने वाला है। इस पर काप्य ने कहा कि कुटज अत्यन्त पिच्छिल है। यह ऊर्ध्वभागिक (अर्थात् वामक है) तथा क्षोभ उत्पन्न करने वाला है। अतः यह श्रेष्ठ नहीं हो सकता है। काप्य ने अपने मत की स्थापना करते हुए कृतवेधन को श्रेष्ठ बताया क्योंकि यह प्रबल कफ एवं पित्त को दूर करने वाला है। भद्र शौनक ने इसकी उत्तमता स्वीकार न करते हुए कहा कि कृतवेधन अत्यन्त कटु होता है तथा बल का हरण करने वाला है।

आत्रेय महर्षिकृतः परस्परविरोध परिहारः तत्र युक्तिश्च।

इति तद्वचनानि हेतुभिः
सुविचित्राणि निशम्य बुद्धिमान्।
प्रशशंस फलेषु निश्चयं
परमं चात्रिसुतोऽब्रवीदिदम्॥
फलदोषगुणान् सरस्वती प्रति सर्वेरपि सम्यगीरित।
न तु किंचिददोषनिर्गुणं गुणभूयस्त्वमतो विचिन्त्यते॥
च० सि० ११।१०-११

इहर्षिविवादकथनेन जीमूतकादीनां गुणदोषाश्च कथिता भवन्तीति तात्पर्यं ज्ञेयम्। प्रशशंसेत्यादि। फलेषु जीमूतकादिषु फलदोषगुणान् प्रतीति लक्षीकृत्य सरस्वतीति वाक् अदोषनिर्गुणमिति दोषवदेव गुणवदेव वा न किंचिदित्यर्थः। तेन सत्यपि स्तोकदोष सम्बन्धे यद्गुणभूयिष्ठं तदिह रोग प्रशमप्रयोगेषु सार्वयौगिकम्। (चक्रपाणि)

बस्त्यर्हं फलविषये मतानि भेलाचार्याशयश्च।

जीमूतकं प्रशंसन्ति केचिद्धामार्गवं तथा।
कृतवेधनमित्येके कुटजं प्राहुरप्यथ॥
गर्हितास्सर्व एवैते वादाः प्रत्येकशः स्मृताः।
भेषजानां च सङ्घातो निरूहेषु प्रशस्यते॥
भे० सि० ७।

आचार्य भेल का संक्षिप्त विवरण भी महर्षि आत्रेय के अनुरूप ही है। इस प्रकार उनके विवादपूर्ण विभिन्न विचारों को हेतुओं सहित (मतों की पुष्टि

सहित) बुद्धिमानों में श्रेष्ठ महर्षि आत्रेय के विचार सुनकर कहा कि आप लोगों ने इन फलों के विषय में जिन गुण दोषों का वर्णन किया वे सभी उचित हैं किन्तु कोई ऐसा द्रव्य नहीं है जिनमें गुण एवं दोष नहीं हों तथापि विचार पूर्वक देखने पर द्रव्य में गुण ही अधिक प्राप्त होंगे। आगे के श्लोकों में मदनफल को सर्वश्रेष्ठ बताया है।

आस्थापने मदनफलस्य सर्वोपयोगिकत्वम् जीमूतक कटुतुम्बी धामार्गवकुटजकृतवेधनफलानां च सर्वत्रोपयोगिकत्वं तत्र युक्तिश्च

इह कुष्ठहिता गरागरी हितमिक्ष्वाकु तु मेहिनेस्मृतम्।
कुटजस्य फलं हृदामये प्रवरं काठफलं च पाण्डुपु ।।
उदरे कृतवेधनं हितं, मदनं सर्वगदाविरोधित्।
मधुरं सकषायतिक्तकं तदरुक्षं सकटूष्णविज्जलम् ।।
कफपित्त हृदाशुकारि चाप्यनपायं पवनानुलोमि च।
फलनाम विशेषस्त्वतो लभतेऽन्येषु फलेषु सत्स्वपि ।।

च० सि० ११।१२-१४

सर्वगदाविरोधीतिपदेन मदनस्य सार्वयौगिकत्वं ब्रूते। आशुकारीति आशु-दोषनिर्हरणकारि। अतो लभत इति फलेषु प्रकर्षत्वादेव मदनफलं फलमित्युच्यते न जीमूतकादिफलम्।। चक्रपाणिः।

अ०—संग्रह में चरक के पाठ को उद्धृत किया है अन्तिम श्लोक को इस पंक्ति से पूरा किया है—

"प्रवरं तदतः फलादिषु
स्मृतमास्थापन योजनास्विति ।।"

श्लोक ५८-६०

जीमूतकों देवताडस्तिक्तकोशा गरागरी। प्रोक्ताखुविषहा वेणी देवताली च ताडकः। कटुकालाबुनी तुम्बी लम्बा, पिण्डफला तथा। इक्ष्वाकु क्षत्रियवरस्तिक्तबीजा महाफला। कुटजफलमिन्द्रयवम्। कोशफलं धामार्गवाख्याया राजकोशातक्याः फलम्। कृतवेधनम् घण्टोलिकाख्याया राजकोशातक्यः तदिति मदनम् सर्वगदाविरोधित्वे हेतुर्मधुरादिगुणत्वेन। वातादिहत्वे च। पिच्छिलमार्दवापादनम्। आशु स्वं कर्म करोतीत्याशुकारी। निरपायमयोगादिना अपायं न करोती मधुरत्वादि हेतोस्तत् फलादिषु मदनफलादिषु शोधनादिगणपठितेषु बस्तिद्रव्येषु प्रवरं श्रेष्ठं आस्थापनानां योजनासु स्मृतमाचार्यैः। इन्दुः।

बस्तौ मदनस्य श्रैष्ठ्यम्—

फलमात्रं निरूहेषु श्रेष्ठमाहुर्मनीषिणः।
तेषां तु मदनं श्रेष्ठं प्रवदन्ति चिकित्सकाः ।। (भे० सं० ७)

हि० व्या०—(१) गरागरी (जीमूतक) कुष्ठरोग में हितकर है।
(२) कटुतुम्बी प्रमेह रोग में हितकर है।
(३) इन्द्रयव हृदयरोग में हितकारक है।
(४) धार्मागव का फल पाण्डुरोग में हितकर है।
(५) मदनफल सभी रोगों में उपयोगी है।

यह (मदनफल) रस में कषाय और तिक्तरस के साथ मधुर होता है। रूक्ष नहीं होता है कटु, उष्ण और पिच्छिल होता है। कफ पित्त को नष्ट करता है और सम्पूर्ण शरीर में शीघ्र ही फैल जाता है। इसके सेवन से हानि नहीं होती है, वायु का अनुलोमन करता है। अतः अनेक फलों में मदनफल श्रेष्ठ है। अष्टांग संग्रहकार ने भी चरक के इन्हीं श्लोकों को किंचित् परिवर्तन के साथ उद्धृत किया है। आचार्य भेल ने भी इसी का अनुसरण किया है।

अथ (पारिशेष्यात्) निरूहबस्ति विधिम् तद्भेदांश्च

निरूहबस्तिर्बहुधा भिद्यते कारणान्तरैः।
तैरेव तस्य नामानि कृतानि मुनिपुंगवैः ।।
निरुहस्यापरं नाम प्रोक्तमास्थापनं बुधैः।
स्वस्थानस्थापनाद्दोषधातूनां स्थापनं मतम् ।।

शा० सं०, (भा० प्र०)

यो निरूहबस्तिः पूर्वं संगृहीतः सोऽप्यत्र कारणान्तराणि वक्ष्यमाणदोषहरसंशमन-शोधन-लेखन बृंहणानि-पिच्छिल-यापन-बैतरणबस्तिप्रभृतीनि बोद्धव्यानि। तैरेव कारणान्तरैरेव तस्या निरूहबस्तेः नामानि मुनिपुंगवैः ऋषिश्रेष्ठैः कृतानि कथितानि इत्यभिप्रायः, दोषहरबस्तिरित्यादीनि तस्य विशेषनामास्थापनं प्रोक्तं आस्थापयति वयः इति आस्थापनं परमुत्कृष्टं च वयः स्थापनेनैव अथवा दोषधातूनां स्वस्थाने स्थापनादास्थापनं, तच्च क्षीरेण क्वाथैश्च क्रियते। उक्तं च स्नेहैर्यो दीयते स स्यादनुवासननामकः। पयः कषायकैः सोपि निरुहास्थापनो मतः इति। एके स्वस्थापनं स्थापनाद्दोषधातूनां स्थापनं मतम् इति नाम पठन्ति व्याख्यानयन्ति च। सुश्रुतेऽपिसदोष निर्हरणाच्छरीरारोहणाद्वा निरूह इति सोऽस्थापन इति नाम। अस्यामपि निरुक्तौ स एव। यथा वयः स्थापनाद्वाऽयुःस्थापनाद्वाऽस्थापनं, ततश्च सर्वदोषनिर्हरणान्निरूह इति वमनादिकम्।

अथ निरूहणबस्तिविधिः। निरुहस्य नामान्तरमाह स दोषनिर्हरणाद्वा निरूहः तस्य निरूहस्य अपरं आस्थापितं नाम बुधैः दोषधातूनां स्वस्थापने स्थापनाद्वा नाम मतम्।

शा० सं० ऊ० ७।

हि० व्या०—बलामूल, पटोलपत्र, लघुपंचमूल के द्रव्य, त्रायमाण, एरण्डमूल तथा जौ का क्वाथ ६४ तो० उसमें बकरे का मांस २२ तो० मिला कर पाक करें । जब आठ तोले रह जाय तब उसमें प्रियंगु, पिप्पली तथा नागर मोंथा का कल्क, तैल, घृत, मधु एवं सैंधव यथा मात्रा मिलाकर बस्ति तैयार करें । यह बस्ति अग्नि को प्रदीप्त करती हैं, मांस तथा बल को बढ़ाती है । नेत्रों की ज्योति को शीघ्र बढ़ाती है ।

रक्तपित्तादिषु प्रयोज्यः रोध्रचन्दनादि निरुहः ।

रोध्रचन्दनमञ्जिष्ठारास्नानन्ताबलाधिभिः ।
सारिवावृषकाश्मर्यमेदामधुकपद्मकैः ॥
स्थिरादितृणमूलैश्च क्वाथः कर्षत्रयोन्मितैः ।
पिष्टैर्जीवकर्षकाकोलीयुगंधिमधुकोत्पलैः ॥
प्रपौण्डरीकजीवन्तीमेदारेणुपरूषकैः ।
कसेरुशर्करायुक्तैः सर्पिर्मधुपयः प्लुतैः ।
द्रवैष्टोक्ष्णाम्लवर्ज्यैश्च दत्तो बस्तिः सुशीतलः ।

गुल्मासृग्दरहृत्पाण्डुरोगान् सविषमज्वरान् ॥
असृक्पित्तातिसारौच हन्यात्पित्तकृतान् गदान् ॥

सु० चि० ३८।५५-५९

रोध्रेत्यादि। अनन्ता उत्पलसारिवा। स्थिरादि लघुपञ्चमूली, तृणमूली, तृणमूलं कुशादिपञ्चमूलं, अभीरुः शतावरी। रोध्रादितृणमूल्यन्तानां त्रयोविंशति-द्रव्याणां कर्षत्रयप्रमितत्वेन सप्तदशपलानि कर्षाधिकानि, अष्टगुणमष्टत्रिंशदधि-कशतपलप्रमाणं जलं दत्त्वा क्वाथयेत, अतः सार्धं चतुस्त्रिंशत्पलानिग्राह्याणि, अत एक पुटकार्थं क्वाथपलाष्टकं ग्राह्यं, जीवकादिशर्करान्तैकोनविंशतिद्रव्याणां कल्कः पलत्रयप्रमाणः, मधुघृते पूर्ववत्, 'द्रवैस्तीक्ष्णाम्लवर्ज्यैः' इत्युक्तत्वात् क्षीर मांसरसेक्षुरसाः पूर्ववत्, इत्येवं चतुर्विंशतिपलानि भवन्ति। द्रव्यनिःक्षेपक्रम, पूर्ववत्। अयमपिबस्तिः पित्ते पित्तरोगे च प्रयोज्यः। डल्हणः।

रोध्रादि निरूहबस्तिः—

हि० व्या० – रोध्र, चन्दन, मजीठ, रास्ना, अनन्तमूल, वला, (या ऋद्धि) सारिवा, वासा, गम्भारी, मेदा, मुलहठी, पद्मकाष्ठ, लघुपञ्चमूल तथा तृणपञ्चमूल, आदि को तीन-तीन कर्ष लेकर यथाविधि क्वाथ निर्माण करे। इसमें जीवक, काकोली, क्षीर काकोली, ऋद्धि, मुलहठी, नीलकमल, प्रपौण्ड-रीक, जीवन्ती, मेदा, पित्तपापड़ा, फालसा, शतावरी, सौंफ, सैन्धव नमक, इन्द्रयव, खस, पद्मारव और कशेरू का पिसा हुआ चूर्ण तथा शर्करा, घृत, मधु, और दूध मिलाकर, तीक्ष्ण और अम्लद्रव्यों से रहित शीतल बस्ति का गुल्म, रक्तप्रदर, हृद्रोग, पाण्डुरोग, विषमज्वर, रक्तातिसार, पित्तातिसार तथा अन्य पित्तज व्याधियाँ दूर होती हैं।

शुक्रमांसबलप्रदः रास्नारग्वधादि निरूहबस्तिः।

रास्नारग्वधवर्षाभूकटुकोशीरवारिदैः।
त्रायमाणामृतारक्तापञ्चमूलीबिभीतकैः॥
सबलैः पालिकैः क्वाथः कल्कस्तु मदनान्वितैः।
यष्ट्याह्वमिसिसिन्धूत्थफलिनीन्द्रयवाह्वयैः॥
रसाञ्जनरसक्षौद्रद्राक्षासौवीरसंयुतैः।
युक्तो बस्तिः सुखोष्णोऽयं मांसशुक्रबलौजसाम्॥
आयुषोऽग्नेश्च संस्कर्ता हन्ति चाशु गदानिमान्।
गुल्मामृग्दरवीसर्पमूत्रकृच्छ्रक्षतक्षयान्॥
विषमज्वरमर्शांसि ग्रहणीं वातकुण्डलीम्।
जानुजङ्घाशिरोबस्तिग्रहोदावर्तमारुतान्॥
वातासृक्शर्कराष्ठीलाकुक्षिशूलोदरारुचिः।
रक्तपित्तकफोन्माद प्रमेहाध्मानहृद्ग्रहान्॥

सु० चि० ३८।७१-७६

रास्नारग्वधेत्यादि। सबलैः बलासहितैः। रसो मांस रसः। रास्नादि-बलान्तषोडशद्रव्याणि पलप्रमितानि अष्टगुणं जलं दत्त्वा क्वाथयेत्, ततो द्वात्रि-शत्पलानि ग्राह्याणि, अत एक पुटकस्यार्थे क्वाथस्य पलाष्टकं, मदनादीन्द्रय' वान्तानां षण्णां द्रव्याणां कल्कस्य त्रीणि पलानि, स्नेहस्य निरूहणद्धत्वादनुक्तो-ऽप्यत्र षट्पलप्रमाणो निक्षेपणीयः तथा च हारीतः—'स्नेहो गुडो मांसरसः पर्यासि साम्लानिमूत्रं मधुसैन्धवं च। एते निरूहे विदुषा प्रयोज्याः क्वाथश्च-कल्को मदनात् फलं च"—इति।

मधुस्त्रीणि पलानि। रसाञ्जनमांसरसक्षीरसौवीराणां प्रत्येकमेकपल-मित्येवं चतुर्विंशतिपलानि भवन्ति। एष बस्तिः स्वस्थानुर्विषयः सर्वरोग-हरश्च। डल्हणः।

हि० व्या०—रास्नादि आस्थापन वस्ति—रास्ना, अमलतास, पुनर्नवा, कुटकी, खस, नागरमोथा, त्रायमाणा, गिलोय, मजीठ, लघुपंचमूल, बहेड़ा और बला एक-एक पल ग्रहण कर यथाविधि क्वाथ कर इस क्वाथ में मदनफल, मधुयष्टी, सैन्धानमक प्रियंगु तथा इन्द्र जौ का कल्क, रसौत, मांसरस, मधु, द्राक्षा एवं सौवीर मिलाकर इस वस्ति का मुखोष्ण-प्रयोग करना चाहिए। इसका प्रयोग मांश, शुक्र, ओज युक्त तथा बलवान् व्यक्तियों में कराना चाहिए। इससे आयु एवं अग्नि की वृद्धि होती है। गुल्म, रक्तप्रदर, विसर्प, मूत्रकृच्छ्र, उरः क्षत, क्षय, विषम ज्वर, अर्श, ग्रहणी, वातकुण्डलिका, जानु, जंघा, शिर, वस्ति में जकड़ाहट, उदावर्त, वातरोग, वातरक्त, शर्करा, अष्ठीला कुक्षिशूल, उदर अरुचि, रक्तपित्त, कफज उन्माद प्रमेह, आध्यमान हृदग्रह आदि व्याधिहों का शमन होती है।

बिल्वादि निरुहः।

बिल्वाग्निमन्थश्योनाककाश्मर्याश्च सपाटलाः।
रास्नाबलागोक्षुरकपत्रकोलकुलत्थकाः॥
एतत्सर्वं समाहृत्य जलद्रोणे विपाचयेत्॥
चतुर्भागावशिष्टं तं कषायमवतारयेत्॥
कल्केन सर्षपाणां च पोलूनां मदनस्य च।
सयवासकषायं तु तत्तैल लवणेन च॥
मूत्राणि च यथा लाभमथसम्यङ्निरूहयेत्।
यथातिबला... ... ...॥
तत्र वाद्यत्रिशब्दांश्च श्रेयसश्च स्वनानपि।
शान्ति पुण्याहघोषांश्च कुर्याच्चापि प्रदक्षिणम्॥
तं निधाय शुभे कुम्भे बस्तिं दद्यात्प्रमाणतः।
देव प्रसादतो बस्तिर्गदितानां महागुणः॥

सर्वरोगहरो वृष्यः क्षतक्षीणरुजापहः ।
वातपित्तसमुत्थानां रोगा ये परिकीर्तिताः ॥
कासदाहज्वराद्यांस्तान्नाशयेदविशङ्कितः ।
त्रिभागमाक्षिको ह्येष वलीपलितनाशनः ॥
रूपवर्णकरः पुंसां बलमांसविवर्धनः । भे० सि० ८।१७-२४

हि०—विल्वादिवस्ति—बिल्व, अरणी, श्योनाक, गम्भारी, पाटला; रास्ना, बला, गोखरू; जौ, बेर, कुलथी, इन सभी को समान मात्रा में ग्रहण कर यथाविधि एक द्रोण जल में (पाक) क्वाथ करें। चतुर्थांश शेष क्वाथ में सरसों, पीलू, मदनफल, दुरालभा का कल्क, डाल दें एवं यथा मात्रा तैल, लवण, गोमूत्र मिलावें। एक स्वच्छ घट में रखकर यथाप्रमाण वस्ति दे। भगवान् की कृपा से यह अदित के रोगियों के लिए अत्यन्त गुणकारी है। सभी रोगों को हरने वाली, वृष्य, क्षत क्षीण एवं पीड़ा नाशक है। वात-पित्त से उत्पन्न कास, दाह, ज्वर आदि का यह नाश करती है। इसमें कोई शंका नहीं है। इसमें तीन भाग माक्षिक मिलाने से यह वली-पलित का नाश करती है।

कर्तृणादिक निरूहण योगः।

कर्तृणोशीरभूतीकत्रिफला... ... ।
रास्नाश्वगन्धाश्वदंष्ट्राशिग्रुश्यामाः शतावरी ॥
एलापुनर्नवाभार्ग्यः सपटोला गुडूच्यपि ।
त्रिपलोनां जलद्रोणे पचेत् पादावशेषिते ॥
ततस्तेन कषायेण पेष्याणीमानि योजयेत् ।
वचाजमोमदनपि ... ... ।

हि०—रोहिष तृण, खस, अजवायन, त्रिफला, रास्ना, अश्वगन्धा, गोखरू, सहजना, निशोथ शतावरी, छोटी इलायची, पुनर्नवा, भारंगी, पटोलपत्र तथा गिलोय आदि औषधियों को तीन पल लेकर, एक द्रोण जल में क्वाथ करके चतुर्थांश ग्रहण करें। इसमें वच, अजमोद, मैनफल, पिप्पली डालकर सर्वदोषघ्न निरूह तैयार करें।

चतुर्भद्रकल्पः।

हि० व्या०—यह चतुर्भद्र नामक कल्प है। इस कल्प में प्रारम्भ में चार स्नेह वस्तियाँ एवं अन्त में चार स्नेह वस्तियाँ तथा इनके मध्य में चार आस्थापन वस्तियाँ देनी चाहिए। यह क्रम उपद्रव रहित होता है। इस क्रम का दो या तीन बार प्रयोग करने से सुखकारक होता है।

पञ्चतिक्त निरूह योगः।

हि० व्या०—पटोलपत्र, नीम, चिरायता, रास्ना, सप्तपर्ण, इनक क्वाथ ४ प्रसृत, घी १ प्रसृत, सरसों का कल्क डालकर बस्ति देनी चाहिए। इसे

पञ्चतिक्त वस्ति कहते हैं। यह प्रमेह और अभिष्यन्द में हितकारी है।

विडङ्गादि निरूह योगः।

विडङ्गत्रिफलादन्तीमुस्ताखुपर्णिकास्तथा ।
कषायाः प्रसृताः पञ्च तैलादेको विमथ्यताम् ।
विडङ्गादिकषायेण निरूहः कफनाशनः ॥ वङ्गसेनेः

हि० व्या०—विडङ्ग, त्रिफला, दन्ती, नागरमोथा, मूषकपर्णी इनका क्वाथ ५ प्रसृत एकत्र मर्दन करके वस्ति देनी चाहिए। इसे विडङ्गादि निरूह कहते हैं। यह कफनाशक है।

मुस्तोशीरादिक्वाथपक्वक्षीरसाधितः निरूहविशेष योगः

तानुपदेक्ष्यामः—मुस्तोशीरबलारग्वधरास्नामञ्जिष्ठाकटुरोहिणीत्रायमाणा पुनर्नवाविभीतकगुडूचीस्थिरादिपञ्चमूलानि पालिकानि खण्डशः कृत्वान्यष्टौ च मदनफलानि प्रक्षाल्य जलाढके परिक्वाथ्य पादशेषो रसः क्षीरद्विप्रस्थसंयुक्तः पुनः श्रृतः क्षीरावशेषः पादजाङ्गलरससतुल्यमधुघृतः शतकुसुमामधुककुटजफलरसाञ्जनप्रियङ्गकल्कीकृतः ससैन्धवः सुखोष्णो बस्तिः शुक्रमांसबलजननः क्षतक्षीणकाशगुल्मशुलविषमज्वरव्रघ्न (व्रध्न) कुण्डलोदावर्तकुक्षिशूलमूत्रकृच्छ्रासृग्जोविसर्पप्रवाहिकाशिरोरुजाजानुरुजङ्घावस्तिग्रहाश्मर्युन्मादार्शः प्रमेहाध्मान. वातरक्तपित्तश्लेष्मव्याधिहरः सद्यो बलजननो रसायनश्चेति मुस्तेत्यादौ खण्डशः कल्पितानीति खण्डं खण्डं कृतानि। पादजाङ्गलरस इति यथोक्तक्षीरकृतक्वेथपादिकजाङ्गलरस इत्यर्थः। तुल्यं मधुना घृतं यस्मिन् स तुल्यमधुकृतः, एतेन पूर्वं बस्तौ यथा नियमितस्नेहमानेन यावद् घृतं देयं भवति तावन्मात्रं मध्वप्यत्र देयम्। अस्मिंश्च बस्तौ पूर्वोक्तबस्तिमानविभागेनैव बस्तिः कल्पयितव्यः। अत्र क्षीरं कषायस्थाने भवति। शतकुसुमाशतपुष्पा। ससैन्धवमितीषत्सैन्धवम्। चक्रपाणिः।

हि०—नागरमोथा, खस, बला, अगलतास, रास्ना, मजीठ, कुटकी, त्रायमाण, पुनर्नवा, बहेड़ा, गुडूची, स्थिरादि पंचमूल (लघु पंचमूल) के पांचों द्रव्य सभी एक एक पल मात्रा में ग्रहण कर छोटे छोटे टुकड़े करें तथा मदन फल नग आठ लेकर उनके भी टुकड़े कर इसी में मिश्रित करें। इन्हें एक आढक गण में क्वथित करें। जब चतुर्थांश शेष रहे तब छानकर इसमें दो प्रस्थ गो दुग्ध मिलाकर पुनः पाक करें जब मात्र दूध शेष रह जाए तब उसका चतुर्थांश भाग जांगल पशु पक्षियों का मांस रस तथा तत्सम मधु व घृत मिलादें। इसमें सौंफ, मुलहठी इन्द्र जौ, रसौत, प्रियंगु, सैन्धव का कल्क बनाकर मथानी से मथकर बस्ति निर्माण करें। इस प्रकार निर्माण की गई बस्ति का उष्ण अवस्था में ही प्रयोग करने से शुक्र, मांस और बल की वृद्धि होती है। क्षत क्षीण, कास, गुल्म, उदरशूल, विषम ज्वर, व्रघ्न रोग, बस्ति

कुण्डलक उदावर्त, कुक्षि शूल, मूत्रकृच्छ्र रक्त विकार रजोविकार, विसप प्रवाहिका, शिरः शूल, जानुशूल, ऊरु शूल, जंघाशूल, वस्तिग्रह, अश्मरी, उन्माद, अर्श, प्रमेह, आध्मान, वातरक्त तथा पित्तज एवं कफज विकार नाश होते हैं। इसके सेवन से शीघ्र ही बल एवं रसायनगुण की प्राप्ति होती है।

हपुषादिक्वाथ साधित दुग्धकल्पितो निरूह योगः

हपुषार्धकुडवो द्विगुणार्धक्षुण्णयवः क्षीरोदक सिद्धः क्षीरशेषो मधुघृततैल लवणयुक्तः सर्वाङ्गविसृतवातरक्तसक्तविण्मूत्रस्त्रीखेदितहितो वातहरो बुद्धि मेधाग्निबलजननश्च

च० सि० १२।२१

हपुषेत्यादिकः सप्तमः। स्तिमिताः शुष्काः पुनः कण्डिताःक्षुण्णाः उच्यन्ते। पूर्वं पठितं मुस्तादिकमत्र प्रदेशे काश्मीराः पठन्ति। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—हाऊबेर, आधा कुड़व, दो गुना अधकुटे जौ लेकर चौगुने दूध एवं जल में पकायें, दूध मात्र शेष रह जाने पर छानकर मधु, घृत, तैल, सैन्धव मिलाकर मलकर तैयार करें। इस बस्ति के प्रयोग से सम्पूर्ण शरीर में फैले हुए वातरक्त से मलमूत्र बद्धता में अत्यधिक मैथुन से क्षीण पुरुषों में, वातनाशक तथा यह बस्ति बुद्धि; मेधा, जठराग्नि और बल का उत्पन्न करने वाली है।

तित्तिरिमांसरसादिसाधितः शुक्रजननो निरूह योगः

सतित्तिरिः समयूरः सराजहंसः पञ्चमूलोपयः सिद्धः शतपुष्पामधुकरास्नाकुटजमदनफलपिप्पली कल्को घृततैलगुडसैन्धवयुक्तोबस्तिर्बलवर्णशुक्रजननो रसायनश्च।

च० सि० १२।२८

सतित्तिरिरित्यादिक एकैकयोगेन वक्ष्यमाणानामेकोनत्रिंशतां बस्तीनां मध्ये त्रयोदशः॥ चक्रपाणिः।

हि० व्या०—तीतर, मोर, राजहंस इनके मांस और लघु पंचमूल के द्रव्यों से यथा विधि पाक किए बकरी के दूध में सौंफ; मुलहठी, रास्ना, मदनफल और पिप्पली का कल्क तथा, घृत, गुड़ और सैन्धव मिलाकर दी गई बस्ति बल, वर्ण और शुक्रको उत्पन्न करने वाली है तथा रसायन है।

स्थिरादि पञ्चमूली साधितः बलवर्णजननः निरूहयोगः

स्थिरादिपञ्चमूलीपञ्चपलेन शालिषष्टिक यवगोधूममाषपञ्चप्रसृतेन छागं पयः श्रृतं पादशेषं कुक्कुटाण्डरससममधुघृतशर्करा सैन्धवससौवर्चलयुक्तो बस्तिर्वृष्यतमो बलवर्णजननश्च। इति यापना वस्तयो द्वादश॥

च० सि० १२।२६

कल्पश्चैष शिखिगोनर्दहंससारसाण्डरसेषु स्यात् स्थिरेत्यादिको द्वादशः। एरकाहोग्गलः कल्पश्चेत्यादिना आतिदेशिकास्त्रयोऽभिधीयन्ते॥ चक्रपाणिः।

हि० व्या०—लघु पंचमूल के पांचों द्रव्य पांच पल, शालि चावल, सांठी चावल, जौ, गेहूं और उड़द १-१ प्रसृति लेकर सभी को कूटकर चौगुने बकरी

के दूध में पाक करें, चतुर्थांश शेष रहने पर छान कर उसमें मुर्गे के अण्डों का रस, तथा इसके समान मधु, घृत, चीनी और थोड़ा सैन्धानमक, सौचर नमक मिलाकर दी गई बस्ति उत्तम वृष्यकारी होती है। यह बल और वर्ण की उत्पन्न करती है,

एरण्डमूलादि परिपक्वक्षीरसाधितः निरूह विशेष योगः

एरण्डमूलपलाशात् षट्पलं शालिपर्णी पृश्निपर्णी बृहती कण्टकारिका गोक्षुरको रास्नाऽश्वगन्धा गुडूची वर्षाभूरारग्वधो देवदारविति पलिकानि खण्डशः कल्पितानि फलानि चाष्टौ प्रक्षाल्य जलादके क्षीरपादे पचेत्। पादशेषं कषायं पूतं शर्कराकुष्ठपुष्करपिप्पली हपुषाबिल्वबचावत्सक फलरञ्जन प्रियङ्गु यवानीप्रक्षेपकल्कितं मधुघृततैलसैन्धवयुक्तं सुखोष्णं निरूहमेकं द्वौ त्रिन् वा दद्यात्। सर्वेषां प्रशस्तौ ललितसुकुमारस्त्रीविहारक्षीणक्षतस्थविरचिरार्शसामपत्यकामानां च॥ च. सि. १२।१७

हि० व्या०—एरण्ड एवं पलाश की छाल ६ पल शालि पर्णी, पृश्निपर्णी, बड़ी कटेरी, छोटी कटेरी गोखरू, रास्ना, अश्वगन्धा गिलोय, पुनर्नवा, अमलतास एवं देवदारू को एक एक पल की मात्रा में ग्रहण करके इनके टुकड़े करें तथा आठ नग मदन फल लेकर उसके भी टुकड़े एक आढक जल एवं एक प्रस्थ दूध में पाक करें। चतुर्थांश शेष रहने पर छानकर उसमें सौंफ, कूठ, नागरमोथा, पिप्पली, हाऊबेर, बिल्व, वच, इन्द्रजौ, रसौत, प्रियंगु, अजवायन इनका कल्क बनाकर मिश्रित करें। मधु, घृत, तैल तथा सैंधानमक मिलाकर मथानी से मथकर तैयार करें। उष्ण अवस्था में ही बस्ति पुटक में रखकर एक, दो, या तीन बार निरूह का प्रयोग कराना चाहिए। यह निरूह सभी प्रकार के व्यक्तियों को लाभकारी है। विशेष रूप से ललित, सुकुमार, विषय भोगी, क्षीण, क्षत, वृद्ध, जीर्ण अर्श से पीड़ित तथा सन्तान की इच्छा रखने वाले मनुष्यों के लिए हितकर है।

बलातिबलादिसाधित क्षीरप्रयुक्तः निरूहयोगः

तथा बलातिबलाविदारीशालिपर्णीपृश्निपर्णीबृहतीकण्टकारिकादर्भमूलपरूषकाश्मर्यबिल्वफलयवसिद्धेन पयसा मधूकमदनकल्कितेनमधुघृतसौवर्चलयुक्तेन कासज्वरगुल्मप्लीहार्दितस्त्रीमद्यक्लिष्टानां सद्योबलजननो रसायनश्च॥

च० सि० १२।१९

तद्वदिति पूर्ववद्वस्तिविधानेन। तथा बृहतीत्यादिकश्चतुर्थः। अत्र च बस्तौ फलश्रुतिर्नास्ति, सामान्येन 'इत्येते वस्तयः स्नेहाश्चोक्ता' इत्यादिना वक्ष्यमाणा फलश्रुतिर्ज्ञेया। बलातिबलाविदारीत्यादिकः पञ्चमः॥ चक्रपाणिः।

हि० व्या०—बला, अतिबला, विदारीकन्द, शालिपर्णी, पृश्निपर्णी, बड़ी कटेरी, छोटी कटेरी, दशमूल, फालसा, गम्भारी, बेलगिरी, तथा जौ से विधि पूर्वक पाक किए हुए दूध में मुलहठी; तथा मदनफल का कल्क, मधु, घृत सौवर्चल नमक मिलाकर भलिप्रकार मथकर तैयार की गई बस्ति का कास, ज्वर, गुल्म, प्लीहा, अर्दित, स्त्री और मद्य से क्षीण, व्यक्तियों में प्रयोग कराने से शीघ्र ही बल बढ़ाने वाली और रसायन होती है।

ज्वरशमनः बलामधुकादि साधितो निरूह योगः

बलामधुकविदारीदर्भमूलमृद्वीकायवैः कषायमाजेन पयसा पक्त्वा मधुक-मदनकल्कितं समधुघृतसैन्धवं ज्वरार्तेभ्यो बस्तिं दद्यात् ॥ च० सि० १२।२४

बलामधुकेत्यादिको दशमः। अत्र बलादिकषायस्य पुनराजेनपयसा पाकात् क्षीरशेषः पाकः कर्तव्यः। चक्रपाणि।

हि० व्या०—बलादि यापन बस्ति—बला, मुलेटी, विदारीकन्द डाभ का मूल, मुनक्का, यव इन सभी को समान मात्रा में लेकर यथाविधि क्वाथ तैयार करें। इसमें बकरी का दूध मिलाकर क्वाथ को फिर पकावें। जब दूध मात्र शेष रह जाय तब उसमें मुलहठी व मदनफल का कल्क तथा मधु, घृत, सैंधव मिलाकर भली प्रकार मथकर ज्वर रोगियों को यह बलादि बस्ति देवें।

क्षीणेन्द्रिय विषमज्वरकर्षित हितः शालिपर्ण्यादि निरूह योगः

शालिपर्णीपृश्निपर्णीगोक्षुरकमूलकाश्मर्यपरुषकखर्जूरफलमधूकपुष्पैरजाक्षीर-जलप्रस्थाभ्यां सिद्धः कषायः पिप्पलीमधुकोत्पलकल्कितः सघृतसैन्धवः क्षीणेन्द्रिय-विषमज्वरकर्शितस्य बस्तिः शस्तः ॥ च० सि० १२।२५

हि० व्या०—शालिपर्णी, पृश्निपर्णी, गोखरू की जड़ गम्भारी, फालसा, खजूर, महुआ का, फूल, इन द्रव्यों को १ प्रस्थ बकरी का दूध एवं एक प्रस्थ जल में यथाविधि पाक करें। दूध मात्र शेष रहने पर छान लें। इसमें पिप्पली, मुलेठी, नीलकमल, का कल्क और घृत, सैंधव नमक मिश्रित करके भली प्रकार मथकर उनको प्रयोग करानी चाहिए जिनकी इन्द्रियां क्षीण हो गई हो तथा विषम ज्वर से कृश हो गये हो।

निरूहवस्ति उपद्रवशमनाय फलतैल प्रयोग फलतैल निर्माण प्रकारश्च

पञ्चमूलाढकेऽध्यर्धं फलानामाढकं भवेत्।
यदकोलकुलत्थानां कुडवाः स्युस्त्रयः पृथक् ॥
चतुर्भागावशिष्टं तु पश्चाद्दष्टगुणे जले।
मस्तुनश्चाढकेनैतत्तैलप्रस्थं विपाचयेत् ॥
कुष्ठस्य शतपुष्पाया वचाया मधुकस्य च।
कुटजस्य च बीजानां बीजानां मदनस्य च ॥

यवान्या पिप्पलीनां च हरेण्वा देवदारुणः।
बिल्वस्य देवपुष्पस्य रास्नाया मुस्तकस्य च ॥
सुक्ष्मैलायाः प्रियङ्गवाश्च भागैरक्षसमैः पृथक्।
सिद्धं सुलवणं पूत निदध्याद्भाजने शुचौ ॥
एतन्मन्दनिरूढानां बस्तिव्यापत्सु चोत्तमम्।
फलतैलमिति ख्यातमुदावर्ते निवर्तनम् ॥
तथैवोदरिणां सिद्धं गुल्मिनां क्रिमिकोष्ठिनाम्।
पृष्ठश्रोण्यूरुजङ्घासु वातेष्वप्रगुणेषु च ॥
निरूहसाध्या ये केचिद्विकाराः समुदाहृताः।
तान्जयेद्बस्तिनाऽनेन मूत्राघातांश्च नाशयेत् ॥

का० स० खि० अ० ८

हि० व्या०—निरूह उपद्रव हेतु फल तैल निर्माण लघु पंचमूल १ आढक (२५६ तो०) मदनफल ३८४ तोला(डेढ़ आढक), जौ बेर, एवं कुलथी प्रत्येक ३-३ कुड़व (४८ तो०) इन सभी को आठ गुने जल में पकाकर चतुर्थांश शेष रखें। इसमें २५६ तो० दही का पानी तथा ६४ तोले तिल तैल मिश्रित करें। इसमें कूठ, सौंफ, वच मुलहठी, कुटज बीज, मैनफल बीज, अजवायन, पिप्पली, हरेन्द्र, देवदारु, विल्व, लौंग, रास्ना, नागरमोथा, छोटी इलायची, एवं प्रियंगु सभी को पृथक् पृथक् एक एक अक्ष (१-१ तोला) डालकर यथाविधि तैल सिद्ध करें। इस तैल में कपड़छन किया हुआ लवण (यथा मात्रा) डालकर स्वच्छ पात्र में रख दें। इसे फल तैल कहा जाता है। इसे निरूह बस्ति के उपद्रव में प्रयोग करें। यह उदावर्त रोग नाशक उत्तम तैल है। अतः उदररोगी, गुल्मी, कृमि वाले, पृष्ट श्रोणि, उरु एवं जंघाओं में यदि वायु का प्रकोप हो, निरूहा-साध्य रोगों में, मूत्राघात आदि रोगों में इसकी स्नेह बस्ति देकर शमन करें।

कतिपय सिद्धः बस्तयः

कुष्ठघ्नः पञ्चतिक्तो निरूह योगः

पटोलनिम्बराभूनिम्बत्वनासप्तच्छदाम्भसः।
चत्वारः प्रसृता एको घृतात् सर्षपकल्कितः ॥
निरूहः पञ्चतिक्तोऽयं मेहाभिष्यन्दकुष्ठनुत्। च० सि० ८।८-९क

पटोलेत्यादावम्भस इति क्वाथात्। सर्षपकल्कित इत्यत्र यद्यपि कल्कमानं नोक्तं तथाऽपि द्वादशप्रसृते निरूहे द्विपलकल्कस्य विहितत्वादिह पञ्चप्रसृते तदनुसारात् षड्भागोनं पलं भवति; एवमन्यत्राप्यनुक्तमानकल्कव्यवस्था ॥

चक्रपाणिः।

हि० व्या०—पटोल पत्र, नीम की छाल, चिरायता, रास्ना सप्तपर्ण को समान भाग लेकर विधिवत् क्वाथ तैयार करें, यह क्वाथ पाँचप्रस्थ घृत एक

प्रसृत में सरसों का कल्क मिलाकर वस्ति तैयार करें यह पंचतिक्त निरूह वस्ति प्रमेह, अभिष्यन्द और कुष्ठ रोग को दूर करती है।

कृमिनाशनो निरूहयोगः

विडङ्गत्रिफलाशिग्रुफलमुस्ताखुपर्णिजात् ॥
कषायात् प्रसृताः पञ्च तैलादेको विमथ्य तान्।
विडङ्गपिप्पलीकल्को निरूहः कृमिनाशनः ॥

विडङ्गेत्यादौ फलं मदनफलम् ।अखुपर्णी दन्ती ॥ चक्रपाणिः।

हि० व्या०—वायविडंग, हरीतकी, बहेड़ा, आमला, सहिजन, मैनफल, नागरमोथा, मूषाकर्णी इन सभी द्रव्यों को समान मात्रा में लेकर विधिपूर्वक निर्मित क्वाथ ५ प्रसृत तैल, १ प्रसृत वायाविडंग तथा पिप्पली का कल्क, मिलाकर तैयार की गई वस्ति कृमि रोग नाशक है।

आनाहनाशनो निरूह योगः

चत्वारस्तैलगोमूत्रदधिमण्डाम्लकाञ्जिकात्।
प्रसृताः सर्षपैः कल्कैर्विट्सङ्गानाहभेदनः ॥ च० सि० ८।१२

हि० व्या०—चार प्रसृत तैल, गोमुत्र, दही का पानी, कांजी, को एक-एक प्रसृत लेकर मिलाले सरसों का कल्क मिलाकर मथानी से मथकर बस्ति तैयार करें। यह बस्ति मलावरोध व आनाह को दूर करती है।

मूत्रकृच्छ्रनाशनो निरूह योगः

श्वदंष्ट्राश्मभिदैरण्ड रसात्तैलात् सुरासवात्।
प्रसृताः पञ्चयष्ट्वाह्वकौन्तीमागधिकासिताः ॥
कल्कः स्यान्मूत्रकृच्छ्रे तु सानाहे बस्तिरुत्तमः।
एते सलवणाः कोष्णा निरूहाः प्रसृतैर्नव ॥ च० सि० ८।१३-१४

श्वदंष्ट्रेत्यादौ श्वदंष्ट्रादिद्रव्यत्रय क्वाथस्य प्रत्येकं प्रसृतमानत्वम्, एवं तैलसुरासवप्रसृताभ्यां सह पञ्चप्रसृताः पूरणीयाः; सुराकृत आसवः=सुरासवः चक्रपाणिः।

हि० व्या०—गोखरू का क्वाथ, पाषाण भेद का क्वाथ, एरण्डमूल क्वाथ तैल सुरा एवं आसव प्रत्येक १-१ प्रसृत मिलाकर इसमें मुलहठी रेणुका पिप्पली, और मिश्री का कल्क मिलाकर मथानी से मथना चाहिए यह बस्ति आनाह, मूत्रकृच्छ्र को दूर करने वाली है। ये वस्तियां लवण मिलाकर गर्म, गर्म प्रयोग में लाई जाती है।

स्नेहनीयो निरूहयोगः

पञ्चमूलरसात् पञ्च द्वौ तैलात् क्षौद्रसर्पिषोः।
एकैकः प्रसृतो बस्तिः स्नेहनीयोऽनिलापहः ॥ च० सि० ८।१६

हि० व्या०—वृहत् पंचमूल पांच प्रसृत, तैल २ प्रसृत, मधु १ प्रसृत, घृत १ प्रसृत इन सभी को एकत्र मिलाकर बस्ति देने से वातिक का स्नेहन

होता है तथा वात नाशक भी है।

पक्वातीसार शमनः बस्ति प्रयोग सूचनम्

शकृद्वातमसृक् पित्तं कफं वा योऽतिसार्यते।
पक्वं, तत्र स्ववर्गीयैर्बस्तिः श्रेष्ठैरभिषञ्जितम् ॥ च० सि० ८।२०

केवलशकृदादिजन्यांश्चातिसारानाह—शकृद्वातमित्यादि । पक्वमिति निरामम्। आमशब्देनेहाग्निदौर्बल्यादविपक्वाहाररस एव कोष्ठोपलेपक आमो गृह्यते; यदुक्तमन्यत्र,—आमाशयस्थः कायाग्नेर्दौर्बल्यादविपाचितः। आद्य आहार धातुर्यः स आम इति संज्ञितः" इति। स्ववर्गीयैरिति पुरीष संग्रहणवात-शोणितास्थापन पित्तकफहरभेषजवर्गैः; किं वा उत्तरत्र प्रत्येकं शकृदादिवक्ष्य-माणभेषजैः ॥ चपक्राणिः।

हि० व्या०—बस्ति के आयोग होने पर अतिसार रूप उपद्रव हो जाता है। यह अतिसार दोषानुसार, वातातिसार, रक्तातिसार, पित्तातिसार या कफातिसार के रूप में प्रकट होता है। तब अपने अपने वर्ग की दोषानुसार औषधियों से बस्ति निर्माण कर प्रयोग करने से उत्तम लाभ होता है।

अर्द्धमात्रिकबस्तिः

दशमूलीकषायेण शताह्वाक्षं प्रयोजयेत्।
सैन्धवाक्षञ्च मधुनो द्विपलं द्विपलं तथा ॥
तैलस्य फलमेकन्तु फलस्यैकत्र योजयेत्।
अर्द्धमात्रिकसंज्ञोऽयं बस्तिर्देयो निरूहवत् ॥
न च स्नेहो न च स्वेदः परिहारविधिर्न च।
आत्रेयानुमतो ह्येष सर्वरोगनिवारणः ॥
पक्ष्मघ्नश्च शूलघ्नश्च क्रिमिघ्नश्च विशेषतः।
शुक्रसञ्जननो ह्येष वातशोणितनाशनः ॥
बलवर्णकरो वृष्यो बस्तिःपुंसवनः परः ॥

चक्रदत्तः (निरूहाधिकारः)

इदानीं निरूहयोगा वाच्याः; तत्र प्रथम प्रसिद्धत्वादर्द्धमात्रिकबस्तिमाह, दशमूलीत्यादि चन्द्रटोक्तः। —तन्त्रान्तरस्य उत्सर्गसिद्धचतुर्विंशतिपलनिरूहा-पेक्षया मात्रार्द्धमस्येति कृत्वः द्वादशपलोऽयं निरूहा अर्द्धमात्रिक इत्युच्यते; अत एव मधुस्नेहनइत्यादिपरिभाषया यत् द्रव्यमानमुक्तं, तदर्द्धमानमेवात्र ज्ञेयं, तेन द्वादशभिः पलैरेकः पुटकः, एवं त्रयः पुटका देयाः। अत्र पुटकत्रयार्थं दशमूलस्य प्रत्येकं कर्षत्रयम्, अतः सार्द्धसप्तपलानि तत्र क्वाथपरिभाषया जलस्यापि सार्द्धसप्तशरावाः, एभिः षष्टिपलानि भवन्ति; एषां चतुर्थांशशेषात् पञ्चदशपलानि दशमूलकषायस्य भवन्ति, तत्रैकपुटकार्थं पञ्चपलानि ग्राह्याणि, अपरपुटकणोर्द्वयोरपि दशपलं विभज्य देयम्। शताह्वा शतपुष्पा, तस्या अक्षं कर्षः, एतत्प्रमाणमपि दशमूलक्वाथेनैव विधेयम्। वृद्धास्तु जलेनापि

पेषणं कुर्वन्ति। एतच्चाक्षमानं नैकैकपुटकं प्रत्येकं बोध्यम्; एवं सैन्धवाक्षादिकमप्येकस्मिन्नेकस्मिन् पुटके देयं, तैलस्यापि द्विपलमित्यर्थः। फलस्येति—मदनफलस्य फलमेकम् आकृतिमानात्। संयोजनपरिपाटी च "दत्त्वाऽऽदौ सैन्धवस्याक्षम्" इत्यादि वाक्येनैवोक्ता; एवं सर्वत्र। सर्वत्रैव निरूहे अनुक्तगोमूत्रकाञ्जिकादिद्रव्यदानार्थं "स्नेहं गुडम्" इति परिभागमनन्तरमेव वक्ष्यति; तेषाञ्च द्रव्याणां माननिर्णयार्थं वृन्दवचनमेवानुस्मर्तव्यम्; तद्यथा—"कर्षं सिन्धुजरजसो द्विपलं मधुनः पलद्वयं तैलात्। करतलमथितं पात्रे गूढस्नेहं भवेत् यावत्॥ दशमूलस्य कषायं दत्त्वा पलपञ्चकं मदनमेकम्। गुडशतपुष्पाम्लीनां कर्षं कर्षं तथा कर्षम्॥ माषकपञ्चकसहितं पूरकजम्बीरमांसरसपयसाम्। तुषजलगोजलयोरपि प्रत्येकञ्चैकपुटमाह॥" इति अम्लीति—पक्वतिन्तिडिफलं, तदपि सास्थि ग्राह्यमित्युपदेशः। पूरकजम्बीरादीनां माषकपञ्चसहितं कर्षमित्यर्थः। पूरकः मातुलुङ्गम्, अस्य पक्वफलरसो गृह्यते; एवं जम्बीरस्यापि माषकपञ्चसहितं। कर्षम् क्षीरकर्षन्तु उष्णीकृतस्य मिलितनिरूहस्य चर्मपुटकप्रवेशनसमये प्रक्षेप्तव्यम्, अन्यथा "न धावत्यौषधानिम्" इत्यादि लक्षणं न स्यादित्याहुर्वृद्धवैद्याः।

अनेन प्रकारेण पुटकत्रयमुत्सर्गः; एतेन पुटकद्वयेनैव यत्र सम्यङ्निरूहलक्षणं, तत्र तावन्मात्रमेवेति। सुखग्रहणार्थमर्द्धमात्रिकवस्तेः पत्रिका लिख्यते—पुटकत्रयार्थं दशमूल प्र क ३, पा पा श ७, पल ४, शेष पल १४; एतत् भागत्रयं कृत्वा एकपुटकार्थं दशमूलकषाय पल ४' प्रक्षेपार्थं सुपिष्टशलुका क १, सैन्धव क १, मधु प २, पक्वतैल प २, पिष्टमदनफल गो १, पुराणगुड़ क १, सास्थिसुपक्वतिन्तिडिफल क १, सुपक्वमातुलुङ्गरस, सुपक्वजम्बीररस, मांसरस, काञ्जिक, गोमूत्र प्र क १, मा ५; एतत् सर्वं पूर्वोक्त संयोजनपरिपाट्या मेलयित्वा वस्त्र धृष्ट्वा बाष्पस्वेदेन कटुष्णीकृत्य ग्राह्य, तदनु गव्य दुग्ध क १, मा ५, प्रक्षिप्यालोड्य चर्मपुटके प्रलेप्यमिति एतदेव विधानं द्वितीये तृतीयेऽपि ज्ञेयम्। इत्यर्धमात्रिकः

तत्र चन्द्रिका शिवदासः)

दशमूल का क्वाथ बनाकर एक तोला सौंफ का चूर्ण, एक तोला सैन्धव नमक, दो पल (८ तो०) मधु ८ तोले तल एवं ४ तोले मदनपल का चूर्ण मिश्रित कर निरूह बस्ति की विधि से प्रयोग करना चाहिए। इसी का नाम अर्धमात्रिक वस्ति है। इसे प्रयोग करते समय स्नेह तथा स्वेदन एवं आहार आदि विधि का परिहार करने की कोई आवश्यकता नहीं है। (अर्थात् न भी किया जाए या किया जाए तब भी कोई हानि की सम्भावना नहीं है) इसका उपदेश भगवान आत्रेय ने किया है। यह बस्ति समस्त व्याधियों को नष्ट करने वाली है प्रायः यक्ष्मा, क्रिमि और शूल को विशेष रूप से शमन करने वाली है शुक्र वर्धक है, वातरक्त को नष्ट करने वाली है। बल एवं वर्ण का आधान कराती है, वृष्य प्रभावकारी है। इस वस्ति से पुंसवन भी हो जाता है।

कविराज वंगसेन ने इस बस्ति के महत्त्व एवं उपयोग का विवरण देते हुए जिन रोगों का उल्लेख किया है उनमें—सुकुमार, स्त्री, भयभीत, विषम ज्वर, अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, गुल्म, प्लीहा, हलीमक, वात पित्तज तथा कफज और सन्निपातज रोगों में प्रशस्त बताई गई है।

वातव्याधिषु द्विपञ्चमूलाद्यो निरूहः

द्विपञ्चमूलस्य रसोऽम्लयुक्तः
सच्छागमांसस्य सपूर्व पेष्यः।
त्रिस्नेहयुक्तः प्रवरो निरूहः
सर्वानिलव्याधिहरः प्रदिष्टः॥

च० सि० ३।३५-३६ अ० सं० क० ४।-

हि० व्या०—दोनों पञ्चमूल (दशमूल) के क्वाथ में कांजी आदि अम्ल द्रव्य, बकरे का मांस एवं बलादि वस्ति में वर्णित प्रक्षेप द्रव्यों का कल्क, घृत-तैल एवं वसा इन तीन स्नेहों को मिलाकर तैयार की गई निरूह सभी प्रकार की वात व्याधियों को दूर करती है।

शतावर्यादि रसायनवस्तिः

शतावरीं सहचरं रास्नां गोक्षुरकं बलाम्।
शतं शतं कल्पयित्वा तोयद्रोणशते पचेत्॥
द्रोणावशेषितं तच्च परिपूतं निधापयेत्।
बर्हिकुक्कुटहंसानां मांसान्यपि पृथक् पृथक्॥
वसामहिषवाराहमेषाणां प्रस्थसंमितम्।
विदार्यामलकेक्षूणां रसप्रस्थाः पृथक् पृथक्॥
तत्र तैलघृतप्रस्थौ क्षीरमष्टगुणं भवेत्।
तद्गोमयाग्निना युक्त्या कल्केनानेन साधयेत्॥
तुगाक्षीर्यामलक्यौ च द्राक्षामधुकचन्दनैः।
मधूलिकापटोलाभ्यां पत्रं नीलोत्पलस्य च॥
विशालां च मृणालं च कपिकच्छुफलानि च।
खर्जूरोदनपाक्यौ च शीतपाकीं निदिग्धिकाम्॥
सलामज्जत्वचं पत्रं ह्रीवेरं समहासहम्।
जीवकर्षभकौ मेदां पिप्पलीश्चापि संहरेत्।
तत्सिद्धं शीतलीकृत्य क्षौद्रप्रस्थे नियोजयेत्॥
तत्र वादित्रशब्दांश्च कुर्यात्स्वस्त्ययनानि च।
गजस्कन्धं समारोप्य श्वेतच्छत्रानुपालितम्॥
चेलावृतं च कुर्वीत साधुशब्दांश्च सर्वशः।
ततोऽस्मिन् दापयेद्वस्तिं पुण्येऽहनि रसायनम्॥
वस्तिनानेन दत्तेन गच्छेन्नारीशतं नरः।
न वात्र यन्त्रणा काचिदुक्ता नारीविहारगा॥

वृष्यो बलकरो वस्तिराप्त आयुर्विवर्धनः ।
वलीपलित खालित्यं सेवमानो नियच्छति ॥
षण्डांश्च पुरुषान् कुर्याल्लक्षणाढ्यान् गुणान्वितान् ।
क्षीणाक्षतानष्टशुक्रान् विषमज्वरपीडितान् ॥
योनीनां व्यापदो वन्ध्यां वस्तिरेष नियच्छति ।
भे० सं० सि० ८।२५-३७

रासायनिक वस्तिः

गुडूचीस्वरस प्रस्थं ग्राह्यमेयन्त्रपीडितम् ॥
शतावरीरसप्रस्थं तद्वत्सहचरस्य च ।
विदार्यामलकेक्षूणां द्राक्षाखर्जूरयोरपि ॥
पृथक् कुर्याद्रसप्रस्थं प्रस्थौ द्वौ तैलसर्पिषोः ।
आजमाहिषगव्यानि क्षीराणि द्विगुणानि च ॥
क्षुण्णपिष्टानि चेमानि पेषयित्वा विपाचयेत् ।
वधूटिकामुच्चटां च मधुकं पिप्पलीमपि ॥
शृङ्गाटकं पुष्करिकां काण्डं नीलोत्पलस्य च ।
जीवकर्षभकौ मेदां बलां नीलोत्पलानि च ॥
तुगाक्षीरीं महामेदां पुण्डरीकस्य केशरम् ।
वृषमेषचकोराणां हंसकुक्कुटयोरिह ॥
जीवञ्जीवकमत्ताक्षकुररीकौञ्चबर्हिणाम् ।
वसामज्जा च सत्वानां मेषमांसरसंस्सह ॥
त्रिभागं माक्षिकं चैव युञ्ज्यात्सम्यक्विपाचिते ।
शङ्खभेरीनिनादैश्च पटहैर्वा मुरोस्वनैः ॥
आरोपयेद्गजस्कन्धे श्वेतच्छत्रध्वजायुतम् ।
सिद्धानां परमं देवं महर्षिगण सेवितम् ॥
शरणं सर्वभूतानामर्चयेद् वृषभध्वजम् ।
आशीर्भिमङ्गलाशंसिस्तुतिभिर्देवतार्चनैः ॥
रसायनानि सिद्ध्यन्ति विपरीतानि चान्यथा ।
तं स्नेहं गमयेद्बस्तिं रासायनिकमुत्तमम् ॥
अथाहारविहारेषु न चैनं यन्त्रयेद्भिषक् ।
व्यापन्नयोनयो वन्ध्या रक्तगुल्मिन्य एव च ॥
या वाऽपत्यं मृतं सूते याश्चनष्टार्तवास्तथा ।
नष्टशुक्लक्षतक्षीणा विषमज्वरपीडिताः ॥
प्रक्षीणमांसरुधिरा वलीपलित पीडिताः ।
आशु प्रशमयेद्रोगान् तानायुर्मांसवर्धनम् ॥

रसायनमिदं श्रेष्ठं नराणाममृतोपमम् ।
सहस्रशतपाकानि कार्याणि विभवे सति । भे० सि० ३८-५२।

मायूराद्यनिरूहाः

मायूरं कौक्कुटं वापि वेशवारं सुकुट्टितम् ।
सहितं दशमूल्या तु जल द्रोणे विपाचयेत् ॥
रसस्य तस्य पूतस्य प्रस्थार्धं च प्रदापयेत् ।
वसातैल घृतानां तु मधुनः प्रसृतद्वयम् ॥
हपुषा शतपुष्पाणां मुस्तानां चापिकार्षिकम् ।
कल्कपेष्यं पुनर्दद्याद्वास्तं सलवणं सुखम् ॥
पादगुल्फोरुजाङ्घासु त्रिकवङ्क्षणबस्तिषु ।
शिश्नेवृषणयोश्चैव वातरोगं नियच्छति ।
मृगाणां तित्तिराणां च तथैव बिलवासिनाम् ॥
आनूपानां खगानां च कल्पनेव प्रयोजयेत् ॥
तुल्यं मधु च तैलं च तस्मादुष्णोदकं समम् ।
द्वौ कर्षौ शतपुष्पाणां कर्षश्च लवणोत्तमः ॥
एष रसायनवस्तिर्दीपनीयोऽथ बृंहणः ।
बलवर्णकरो वृष्यो यापनो निरुपद्रवः ॥
गुल्मोदावर्तिताध्मानप्रमेहकृमिकोष्ठिनाम् ।
नित्यं गाढपुरीषाणां बस्तिरेष हितः स्मृतः ॥
घृतं मधु च तैलं च तेषा मानं समं भवेत् ।
पूर्वकल्केन देयानि स वस्तिर्बलवर्णकृत् ॥
वस्तौ मेढ्रगते दोषे वस्त्यसात्म्यविकिस्सिते ।
पैत्तिके मूत्रकृच्छ्रे च पित्तव्याधिषु चोत्तमः ॥
तुल्यं घृतमथ क्षौद्रं तयोर्मांसरसस्समः ।
अक्षमात्रं च मुस्तानां स वस्तिः पूर्वकल्पवत् ॥
गुल्फोरुजानुपृष्ठेषु सर्वतः स्तम्भितेषु च ।
बलासपादहर्षेषु वस्तिः प्रशमनः स्मृतः ॥
वस्तौ वृषणमेढ्रेषु शूलमाशु नियच्छति ।
त्रिकजानूरूपृष्ठादि वेदनां चापकर्षति ॥ भे० सि० भा० ८।५५-६७

शतावर्यादि रसायन बस्ति विधि

हि०—शतावरी, पियाबांसा, रास्ना, गोखरू वला, १००, १०० पल लेकर १०० द्रोण जल में पाक करें, एक द्रोण शेष रहने पर छान कर रख लें। मोर, मुर्गा एवं हंस के पृथक पृथक मांस तथा सूकर, भैंसा एवं भेड़ की वसा एक एक प्रस्थ लें, विदारी, आमलकी, इक्षु (गन्ना) के एक एक प्रस्थ स्वरस, तैल एवं घृत एक एक प्रस्थ तथा आठ गुना दूध लें। इन सभी

को मिलाकर, उपलों की अग्नि पर पाक करें। इसमें स्वांग शीत होने पर वंश लोचन, आमलकी, द्राक्षा, मुलहठी, चन्दन, महुआ, पटोल पत्र, नीलोफर, इंद्रायण, कमलगट्टा कौंच के बीज, खजूर, चावल, वला के बीज (खरैंटी), कंटकारी, लामञ्जक की त्वचा, ह्रीवेर के पत्र, मुगपर्णी, माष पर्णी, जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, पिप्पली का चूर्ण मिला दें तथा एक प्रस्थ मधु मिला दें।

इसके पश्चात् मंगलाचरण, स्वस्ति वाचन एवं मधुर शब्दों के साथ हाथी पर चढ़ाकर शिर पर छत्र धारण कराकर इसके पश्चात् पुण्यकाल (वस्ति के लिए बताए गए उपयुक्त समय) में वस्ति का प्रयोग कराना चाहिए।

इस वस्ति के प्रयोग के पश्चात् मनुष्य में अतिशय मैथुन की प्रवृत्ति एवं प्रबलता आ जाती है। इसके प्रयोग से नारी विहार कार्य में किसी प्रकार की पीड़ा भी नहीं होती। यह वस्ति वृष्य है। बलकारी है एवं आयु को बढ़ाने वाली है। इसके प्रयोग से खालित्य एवं बालों का पकना दूर हो जाता है। नपुंसक मनुष्यों को पुंस्त्व के सभी लक्षण एवं गुणों का प्रदान करने वाली है। जो क्षीण हैं क्षत रोगी है, जिनका शुक्र नष्ट हो गया हो, जो विषम ज्वर से रुग्ण हो उनके लिए उत्तम है। जिन नारियों को वन्ध्या नामक रोग एवं योनि व्यापद हों वह भी इस वस्ति के सेवन से दूर हो जाता है।

द्वितीय रसायन बस्ति

गुडूची का स्वरस, शतावरी स्वरस, सहचर (पीयाबांसा) स्वरस, विदारी स्वरस, ईक्षु स्वरस, आमलक स्वरस, द्राक्षा स्वरस, खजूर स्वरस प्रत्येक एक एक प्रस्थ, घृत एक प्रस्थ, तैल एक प्रस्थ, बकरी, भैंस एवं गाय का दूध दो-दो प्रस्थ ग्रहण करें। उपरोक्त द्रव्यों को मिलाकर पीस लें एवं पाक करे। स्पृक्का, उच्चटा, महुआ, पिप्पली, सिहाड़ा, पुष्कर मूल, नील कमल काण्ड, जीवक, ऋषभक, मेदा, वला, नीलकमल, तुगाक्षीरी, महामेदा कमल-केशर, बैल-भेड़ की वसा, मज्जा, चकोर हंस, मुर्गा तथा प्रतुद् पक्षियों में कोकिल कुररी; कौञ्च तथा मयूर के अण्डों का रस एक एक प्रस्थ लेकर भेड़ के मांस के साथ मिलावें, तीन भाग मधु मिलाकर, ससुचित पकावें तथा पूर्वोक्त विधि से हाथी पर विठाकर भगवान शंकर की अर्चना करवाकर वाद्य यन्त्रों के निनाद में यथाविधि सेवन कराने से नष्टार्तव, नष्ट शुक्र क्षत क्षीण, विषम ज्वर, क्षीण मांस एवं रक्त वाले, वलि-पलित रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के रोगों का निवारण होता है तथा आयु एवं मांस की अभिवृद्धि होती है यह रसायन बस्ति मनुष्यों के लिए अमृत के समान है।

मायुराद्य बस्ति

मयूर एवं मुर्गे के कुट्टित मांस में दशमूल मिलाकर एक द्रोण जल में पाक करें। यथा विधि पाक होने पर छान कर उसमें आधा आधा प्रस्थ वसा एवं

तैल डालना चाहिए तथा प्रसृत मधु मिलाकर इसमें हाउ बेर, सोया, नागर मोथा एक एक कर्ष लेकर कल्क बनाकर इसमें मिला दें एवं यथामान लवण मिला कर बस्ति का प्रयोग करना चाहिए। यह वस्ति पांव, गुल्फ, उरु, जंघा त्रिकप्रदेश, वंक्षण एवं वस्ति रोगों में, शिश्न रोग, वृषण रोग तथा वात रोगों में उपयोगी है।

इसी प्रकार का कल्प, पशु, त्तित्तिर आदि पक्षियों तथा विलेशय जीवों, आनूप पक्षियों के मांस आदि के द्वारा भी तैयार किया जा सकता है। इसमें समान भाग मधु एवं तैल तथा उष्ण जल के साथ दो कर्ष सोया एवं एक कर्ष लवण मिलाकर प्रयोग किया जा सकता है।

यह रसायन बस्ति दीपनीय एवं वृंहण है। बल वर्ण को देने वाली वृष्य, यापन एवं निरूपद्रव हैं, गुल्म उदावर्त, आध्मान, प्रमेह, कृमि कोष्ठ वालों के लिए जिनको नित्य कोष्ठबद्धता रहती है उनके लिए हितकर है। घी, मधु और तैल का मान समान लिए जाने का उल्लेख किया है। पूर्व में वर्णित कल्क के साथ देने से यह बस्ति बल एवं वर्ण को बढ़ाती है।

दोषों के मेढ्र में चले जाने पर एवं जो बस्ति के साध्य हों, पैत्तिक रोग, मूत्रकृच्छ् तथा अनेक पित्त रोगों में उपयोगी है। इसमें तुल्य घृत एवं मधु मिलाकर एवं उपर्युक्त पशु पक्षियों के मांस को समान भाग मिलाकर एक अक्ष नागर मोथा का कल्क मिलावें एवं पूर्वोक्त विधि से सेवन कराने पर गुल्फ, ऊरु, जानु, पृष्ठ एवं सर्व शरीरगत स्तम्भ वातबलास; पाद हर्ष में यह बस्ति उत्तम बताई गई है। वृषण, मेढ्र में उत्पन्न होने वाले शूल को शीघ्र दूर करती है एवं त्रिक, जानु उरु तथा पृष्ठादि वेदनाओं का शमन करती है।

शीतोष्णादिद्रव्याणां मात्रा ह्रासवृद्धि निर्देशः

उत्कर्षणं यदङ्गेन तदङ्गेनापकर्षयेत्।
शीतोष्णस्निग्धरूक्षाणां द्रव्याणामुपकल्पयेत्॥

का० सं० सि० ८।४६

हि० व्या०—शीत, उष्ण, स्निग्ध तथा रूक्ष द्रव्यों में जिस क्रम से मात्रा में वृद्धि की जाती है उसी क्रम से उसमें ह्रास भी करनी चाहिए।

अतिशीत अतिउष्ण द्रव्य प्रयोगे हानि संकेतः

अतिशीतोऽतिशैत्येन स्कन्नो वातबलावृताः॥
भृशं स्तम्भयते गात्रं कृच्छ्रेण च निवर्तते।
अत्युष्णः कुरुते दाहं मूर्च्छां चाशु निरेति च॥

का० सं० सि० अ० ८।६०६-१

हि०—अत्यन्त शीतल बस्ति शीतलता के कारण वायु के बल से आवृत हो जाती हैं जिससे शरीर और भी जकड़ जाता है तथा वह शरीर से बाहर भी कठिनाई से होती है। इसी प्रकार अत्यन्त उष्ण बस्ति दाह उत्पन्न करती है तथा शीघ्र ही रोगी को मूच्छित करती है।

शीतोष्णनिरूहविषयाः

पित्ते शीतो निरूहः स्यादुष्णस्तु कफवातयोः।
श्लेष्मणि प्रवाते वा प्युष्णमास्थापनं भवेत्॥

भे० सि० अ० ७।३६

हि० व्या०—पित्त में शीतल निरूहण, कफ एवं वात में उष्ण निरूहण बस्ति का प्रयोग करना चाहिये।

अतितीक्ष्ण वस्ति प्रयोगे मन्द वस्ति प्रयोगे च हानि संकेतः

अतितीक्ष्णस्तथैवास्य जीवादानं करोति वा।
मन्दो न दोषान् हरति दूषयत्येव केवलम्॥

का० सं० खि० अ० ८।६२

हि० व्या०—अत्यन्त तीक्ष्ण बस्ति शरीर में जीवादान नामक उपद्रव उत्पन्न करती है तथा अत्यन्त मन्द बस्ति शरीर दोषों को नष्ट न करते हुये शरीर को और भी दूषित कर देती है।

अति रूक्ष वस्ति प्रयोगे अतिस्निग्ध वस्ति प्रयोगे च हानि संकेतः

कर्षयत्यतिरूक्षश्च मारूतं च प्रकोपयेत्।
स्निग्धोऽति जाड्यं कुरुते व्यापदयति चानलम्॥

का० सं० खि० अ० ८।६३

हि० व्या०—अत्यन्त रूक्ष बस्ति शरीर का अति मात्रा में कर्षण करती है तथा वात का प्रकोप करती है। अत्यन्त स्निग्ध बस्ति शरीर में जड़ता की उत्पत्ति करती है तथा जठराग्नि को बुझाती है अर्थात् नष्ट करती है।

अति तीक्ष्णवस्तिनिषेधः

तीक्ष्णो मात्राशताद्ध्वं नातितीक्ष्णः (प्रयुज्यते)।
न तिष्ठति, मृदुस्तिष्ठत्यधिकं वाऽपि यापनः॥

का० सं० खि० अ० ८।६९

हि० व्या०—तीक्ष्ण बस्ति एक सौ मात्रा याने एक से एक सौ की गिनती करने में जितना समय लगता है उतनी ही देर तक शरीर में ठहरती है। अतः अत्यन्त तीक्ष्ण बस्ति प्रयोग नहीं करनी चाहिए। इसके विपरीत मृदु या यापन बस्ति शरीर में बहुत देर तक स्थित रहती है।

अवस्थाविशेषे निरूहणात् प्राक् विशेषतः अनुवासन बस्ति प्रयोग विधानम्।

त्रीन् पञ्च वाऽऽहुश्चतुरोऽथ षड्वा
वातादिकानामनुवासनीयान्॥
स्नेहान प्रदायाशु भिषग्विदध्यात्
स्रोतो विशुद्ध्यर्थमतो निरूहान्॥ च० सि० १।४७-५० क

त्रीन् पञ्चेत्यादिना स्नेहनार्थमनुवासनमाह। अत्र ये 'वातादिकानाम्' इति पठन्ति, तेषामादिशब्देन पित्तकफयोऽपि ग्रहणं; बहुवचनं तु तद्गुण-संविज्ञानबहुव्रीहिणा वातस्य ग्रहणाद्बहुत्वसंख्यायोगादुपपन्नम्। यथोक्तं कुष्ठ-निदाने—"वातादिषु प्रदुष्टेषु" (नि० अ० ५) तथा क्वियन्तः शिरसीयेऽपि "वातादीनां रसादीनां" (सू० अ० १७) इति बहुत्वं निर्दिष्टम्। अन्ये तु—'वाताधिकानाम्' इति पठन्ति। अत्र चतुर्णां षण्णां च स्नेहानां युग्मरूपा-णामपि दानमविरुद्धमेव, एतदनुवासनस्य निरूङ्ग या स्नेहनार्थं क्रियमाणत्वात्; अयुग्मदानं तु 'बस्तीनयुग्मान्' इत्यनेन स्वप्रधानतयाऽनुवासनस्य विहितमति भिन्नविषयतया न विरोधः; यतः स्नेहन प्रयोजनमनुवासनं स्नेहे भूत एवा-युग्मदानेन निवर्तनीयम्; किं वा अयुग्मातन्त्रता व्याख्यानेन संख्यैवोच्यते, तथा हि—त्रीन्, पंच, त्रीन् चतुर इति सप्त, पञ्च चतुर इति नव, पञ्च षडित्येकादश इति पञ्च विकल्पाः इह विधीयन्ते। तन्त्रान्तरे स्नेहस्य युग्मदानमुक्तम्, यथा—"रूक्षस्य बहुवातस्य द्वौ त्रीन् वाऽप्यनुवासनान्। दद्यात् स्निग्धतनुं ज्ञात्वा ततः पश्चान्निरूहयेत्" (सु० चि० अ० ३७) इति। स्रोतः शब्देन विबद्धसिराऽभिहिता॥ चक्रपाणिः।

इति स्नेहैस्त्रिचतुरैः स्निग्धे स्रोतोविशुद्धये।
निरूहं शोधनं युंज्यादस्निग्धे स्नेहनं तनोः॥ अ० हृ० सू० २९।२६

इति पूर्वोक्तेन प्रकारेण स्नैहैस्त्रिचतुरैर्वा स्निग्धे सति स्रोतोविशोधनार्थं निरूहं शोधनं प्रयोजयेत्। अस्निग्धे सति तनो शरीरस्य स्नेहनं प्रयोजयेत्। त्रयो वा चत्वारो वा त्रिचतुराः। अरुणदत्तः।

हि० व्या०—वातादि दोषज प्रकृति वालों को तीन-चार, पाँच अथवा छः अनुवासन बस्ति देकर (स्रोतोंशुद्धि हेतु) पश्चात् निरूह बस्ति का प्रयोग कराना चाहिए।

अष्टाङ्ग हृदय में तीन या चार स्नेह बस्तियों द्वारा स्रोतो शोधन के पश्चात् निरूह बस्ति का क्रम बताया गया है।

वस्तिद्रव्य क्रमशः शरीरावयवव्याप्ति निर्देशः।

श्रोणिबस्तिकटीपार्श्वनाभिमूलोदराश्रितः।
सम्यक्समुच्छ्रयं कृत्स्नं वीर्यतः प्रतिपद्यते॥

(का० सं० खि० अ० ८।६७)

हि० व्या० –यह बस्ति श्रोणि, बस्ति, कटि, पार्श्व, नाभिमूल तथा उदर में उचित रूप से आश्रित हुई अपनी शक्ति के द्वारा पूर्ण रूप से ऊपर तक पहुँच जाती है।

ऊर्ध्वभागैर्बलात् क्षिप्तो मारुतेरिव पावकः।
पित्तस्थानमतिक्रम्य स्वल्पमाक्षिपते कफम्॥ का० सं० खि० अ०

हि० व्या०– शरीर के ऊर्ध्व भागों में स्थित वात के द्वारा मानो बलपूर्वक फैंकी गई अग्नि पित्त स्थान का अतिक्रमण करके सामान्यतया काम को व्याप्त कर लेती है।

निरूहण प्रयोगात् एकहोराकालमध्ये एव निरूहण द्रव्य प्रत्यागमनं न भवेत् चेत् शूलानाहघोरोपद्रवा भवन्ति तत्र तीक्ष्णशोधन प्रयोगावश्यकता।

अनायान्तं मुहूर्त्तात्तु निरूहं शोधनैर्हरेत्।
तीक्ष्णैर्निरूहैर्मतिमान् क्षारमूत्राम्लसंयुतैः॥
विगुणानिलविष्टब्धं चिरं तिष्ठन्निरूहणम्।
शूलारतिज्वरानाहान्मरणं वा प्रवर्तयेत्॥

सु० चि० ३८।१७-१८ भाव प्र०, वंगसेन

निरूहैर्मतिमान् हरेदिति संबन्धः। कथंभूतैर्निरूहैरित्याह:— शोधनैः तीक्ष्णैः। क्षारमूत्राम्लसंयुतैः क्षारो यवक्षारः, मूत्रं गोमूत्रम्, अम्लं काञ्जिकम्। विगुणो विपरीतः। अरतिर्न कुत्रचिदवस्थितिश्चेतसः। डल्हणः।

आगतौ परमः कालो मुहूर्तो मृत्यवे परम्।
तत्राऽनुलोमिकं स्नेह क्षारमूत्राऽम्लकल्पितम्॥
त्वरितं स्निग्धतीक्ष्णोष्णं बस्तिमन्यं प्रपीडयेत्।
विदध्यात्फलवर्ति वा स्वेदनोत्रासनादि च॥

अ० हृ० सू० १९।३५

आगतौ प्रत्यागमने कालः परमो मुहूर्तः। अरस्तस्मान्मुहूर्तादन्यो विट्-श्रद्धागमनकालो मृत्यवे मरणाय। तत्र तस्मान्मुहूर्तात्परमनागतनिरूहस्य त्वरितमपरं बस्तिं निरूह प्रपीडयेदिति संबंधः। किं भूतं निरूहम्। आनुलोमिकमनुलोमकरम्। स्नेहस्तथा क्षारोयवक्षारादिस्तथा मूत्रं गोमूत्रमम्लं तत्र कांजिकादि तैः कल्पितं निरूहितम्। तथा स्निग्धं च तीक्ष्णमुष्णं च। स्नेहयोगादेव स्निग्धत्वे सिद्धे स्निग्ध ग्रहणं निरूहाणामस्निग्धतरत्वप्रतिपादनार्थम्। अथवा फलवर्ति विदध्यात्। फलेन मदनफलेन युक्ता वर्तिः सा चार्शश्चिकित्सिते वक्ष्यमाणा। स्वेदनोत्रासनादि च। स्वेदनं स्वेदः। उत्त्रासन खड्गहस्तयोद्यदर्शनादिना। कुपितनृपखड्गव्यग्रोग्रबाहुदर्शनाऽऽकुलं कुर्यात्। अरुणदत्तः।

हि० व्या० – यदि एक मुहूर्त प्रतीक्षा के बाद भी बस्ति द्रव्य लौट न आवे तब शोधनीय द्रव्यों से निर्हरण कराना चाहिए। क्षार-मूत्र एवं कांजी आदि अम्ल द्रव्यों से तीक्ष्ण निरूह का प्रयोग कराना चाहिए क्योंकि अधिक समय तक द्रव्यों के अन्दर रुकने मे वायु की विगुणता प्रधान कारण है जिससे शूल, अरति, ज्वर एवं मृत्यु भी हो सकती है।

आचार्य वाग्भट के अनुसार निरूह बस्ति के लौट आने का समय अधिकाधिक एक मुहूर्त बताया गया है (लगभग पचास मिनट)। इसके बाद भी न लौटे तो उपद्रवों के कारण मृत्यु भी हो सकती है। नियत काल में न लौटने पर शीघ्र ही अनुलोमन करने वाला स्नेह, क्षार एवं गोमूत्र मिलाकर बनाई गई स्निग्ध, तीक्ष्ण एवं उष्ण गुण युक्त दूसरी बस्ति का प्रयोग कराना चाहिए। उदर पर स्वेदन तथा भय उत्पादक कर्म करना चाहिए।

बस्ति व्यापत् संख्या।

षट्सप्तति व्यापदस्तु जायन्ते बस्तिकर्मणा।
दूषितात् समुदायेन तश्चिकित्स्यास्तु सुश्रुतात्॥

शा० सं० उ० ५।५०

षोढ़ा सप्त व्यापदस्तु जायन्ते बस्तिकर्मणः।
दूषितात्समुदायेन ताश्चिकित्स्यास्तु सुश्रुतात्॥ भावप्र०

हि० व्या० –विधि विपरीत बस्ति कर्म करने पर ७६ प्रकार की व्यापत्तियां (उपद्रव) उत्पन्न होती है। उनकी चिकित्सा विधि सुश्रुत संहिता चिकित्सा स्थान अध्याय ३७ में निर्दिष्ट विधि के अनुसार करना चाहिए।

आस्थापनबस्ति काले जायमानोपद्रवकारणानि।

अतिस्निग्धाशिनो ह्युभयमार्ग संसर्गात्स्नेहोमतमूर्च्छाग्निसादहृल्लासान् जनयति। रूक्षाशिनो विष्टम्भं बलवर्णहानि वा। अल्पमात्र द्रवाशिनो विसृष्टविष्टम्भं बलवर्णहानि वा। अल्पमात्र द्रवाशिनो विसृष्टविण्मूत्रस्य चान्नावृतेन तदावरणाद् व्यापदय्। चिरमशितवतो विदाहाभिमुखभक्तस्य ज्वरं कुर्यात्। यतश्च वामपार्श्वाश्रयाणि वह्निग्रहणी गुदवली मुखानि तानि तत्पार्श्वशायिनो निम्नानि भवन्ति। अथस्तथौषधमस्खलि तमाप्नोति प्रवेशनिर्गमाविति। संविष्टं चैनमृजुस्थितदेहं स्ववाहूपधानं प्रसारितवामसक्थिमकुंचितेतरं तस्यैव चोपरि प्रसारित दक्षिणवाहुं कारयेत्।

अ० सं० सू० २८।३०

वामपार्श्वशायिनस्तत्पार्श्वाश्रयानि ग्रहण्यग्न्यादीनि निम्नान्यविरोधकान्यौषधस्य भवन्ति। बस्तिना ह्यमूर्तेनाप्यग्निर्मौषधस्य प्रतिघातः क्रियत एव। स्व स्व वामो बाहुर्द्विगुणीकृत उपधानं शिरस उपाश्रयो यस्य तं तथोक्तत्। इतरेति दक्षिणस्य सक्थ्नः परामर्शः। इन्दुः।

पथ्यापथ्य का पालन नहीं कराये जाने से अथवा वस्ति प्रयोग में असावधानी के कारण अनेक उपद्रव उत्पन्न हो जाते हैं। अतिस्निग्ध भोजन करने वाले व्यक्ति में दोनों ओर से स्नेह प्रयोग मद, मूर्च्छा, अग्निमांद्य, जी मिचलाना आदि लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं रूक्ष आहार से विष्टम्भ तथा बल वर्ण की क्षति होती है, थोड़ी मात्रा में ग्रहण किया गया द्रव भोजन, मल-मूत्र उत्सर्ग कर देने पर मार्ग के खुले होने से अन्नावृत के कारण व्यापत्तियां उत्पन्न हो जाती है। वस्ति प्रयोग से बहुत देर पूर्व किया गया भोजन विदाही होने से ज्वरोत्पत्तिकारक होता है। चूंकि अग्नि, ग्रहणी एवं गुदवलियों के मुख वाम पार्श्वाभिमुख होते हैं। इसीलिए वामपार्श्व में लेटने से नीचे की तरफ हो जाते हैं। इसी कारण औषध बिना बाधा के अन्दर प्रविष्ट हो जाती है और बाहर भी आ जाती है। वस्ति देते समय रोगी की स्थिति-शय्या पर सीधा लेटकर वाम पांव को फैलाकर दाहिनी टांग को उरु पर रखकर मोड़ ले, हाथों का सिरहाना जैसा बना लें दक्षिण टांग के ऊपर अपना दाहिना हाथ सीधा फैला देना चाहिए।

बस्तिमिथ्या प्रयोगजन्योपद्रवरूप शूलशमन चिकित्सासूत्रम्।

सामं चेत् कुणपं शूलैरुपविशेदरोचकी।
स घनातिविषाकुष्ठनतदारुवचाः पिबेत्॥ च० सि० ८।१९

वस्तिविथ्याप्रयोगोदीरितानामतीसारभेदानां चिकित्सितमाह- सामं चेत्यादि सामं यथा स्यात् तथोपविशेदिति: तेन मलादि व्यतिरिक्तममात्रोपवेशरूपोऽयमतीसार: केवलामशकृद्वातरक्तपित्तकफजन्यानामिह षण्णामतीसाराणां वक्तव्यानां प्रथम उक्तो भवति। कुणपमिति शवगन्धम्। शूलैः 'युक्त' इति शेषः। घनं मुस्तकम्॥ चक्रपाणिः॥

हि०—बस्ति के समुचित प्रयोग न होने पर उदर शूल तथा आम दोष के साथ, मुर्दे के समान गन्ध वाले मल का निर्हरण होता है। अरोचक रोग हो जाता है। ऐसी स्थिति में नागरमोथा, अतीस तगर, देवदारु और वच इनको समान भाग से विधिवत किए हुए क्वाथ को पिलाना चाहिए।

अति निरूहणस्य बहुव्यापत् करत्वात् सामन्यतः निरूहणस्य अल्प प्रयोग एव श्रेयान्।

विशेषात् सुकुमाराणां हीन एव क्रमो हितः।
अपि हीनक्रमं कुर्यान्न तु कुर्यादतिक्रमम् सु० चि० ३८।७

हीनयोगजातियोगमयोगयोर्व्यापदोर्मध्ये अतियोगजा व्यापन्महात्ययं करोतीति ततो विभ्यग्राह अपि हीनेत्यादि। डल्हणः।

हि०—सुकुमार मनुष्यों के लिए विशेष रूप से वस्तियों का कम मात्रा में प्रयोग करना चाहिए। बस्ति प्रयोग का क्रम अल्प भले ही रहे किन्तु उस का अधिक प्रयोग नहीं करना चाहिए।

असम्यक् निरूहणप्रयोगजन्यानामुपद्रवाणां वर्णनम्

स्याद्रुक्छिरोहृगुदबस्तिलिङ्गे
शोफः प्रतिश्यायविकर्तिके च।
हृल्लासिका मारुतमूत्रसङ्गः
श्वासो न सम्यक् च निरूहिते स्युः। च० सि० १।४२-४३ क

स्यादित्यादि वस्त्ययोगलक्षणम्। न सम्यङ्निरूहिते इत्ययोगेन निरुहिते। चक्रपाणिः

हि० व्या०— निरूह के उचित रूप से प्रयोग नहीं होने पर अथवा उसके मल के समुचित रूप से निर्हरण नहीं होने पर, शिरः शूल, हृदय शूल, गुदा में शूल एवं बस्ति तथा मेढ्र में शोफ हो जाता है। प्रतिश्याय, गुद परिकर्तन हृल्लास, वात एवं मूत्र का रुकना तथा श्वास वृद्धि आदि लक्षण उत्पन्न हो जाते हैं।

दिवास्वप्नोपद्रवचिकित्सासूत्रम्

हलीमकाद्यः प्रोक्ता दिवास्वप्नात्पुरा गदाः।
विदध्यात्कफजित्तेषु धूमरूक्षान्नलङ्घनम्॥ अ० सं० क० ७।३९

दिवास्वप्नाद्धलीमकादयो गदाः पुरा विरुद्धान्नविज्ञानीयेअहितनिद्रया ये प्रोक्ताः। तेषु हलीमकादिषु धूमादिकादिकं कफजिद्विदध्यात्। इन्दुः।

हि०—दिवा स्वाप से भी उपद्रव उत्पन्न हो जाते हैं यथा—हलीमक आदि रोगोत्पत्ति दिन में सोने से होती है जैसा कि पूर्व में विरुद्ध अन्नपानीय प्रकरण में बताया गया हैं अतः कफ को जीतने के लिए धूमपान, रूक्ष आहार तथा लंघन कर्म उपयोगी है।

जीवन्त्याद्य यमक

जीवन्तीं मदनं मेदां श्रावणीं मधुकं बलाम्।
जीवकर्षभकौ कृष्णां काकनासां शतावरीम्॥
स्वगुप्तां क्षीरकाकोलीं कर्कटाख्यां शटीं वचाम्।
पिष्ट्वा तैलं घृतं क्षीरे साधयेत् चतुर्गुणे।
बृंहणं वातपित्तघ्नं बलशुक्राग्निवर्धनम्।
मूत्ररेतोरजोदोषान् हरेत्तदनुवासनात्॥ वंगसेन (वस्तिप्र०)

हि०— जीवन्ती, मदनफल, मेदा, गोरखमुण्डी, मधुयष्टी, बला, जीवक, ऋषभक, पिप्पली, काकनासा तथा शतावरी, कौंचबीज, क्षीरकाकोली, काकड़ाश्रृङ्गी, कचूर एवं वच इन सभी को समान भाग लेकर कल्क तैयार करे। इस कल्क के संयोग से तैल एवं घृत को चार गुने दूध में पाक करें।

इस यमक से अनुवासन देना चाहिए। यह बस्ति बृंहण, वात पित्तनाशक, बल, शुक्र, अग्निवर्धक है। शुक्र, रज एवं मूत्रदोष को दूर करती है।

निरूहोपद्रवोदावर्त चिकित्सा सूत्रम्

तमुष्णतैललवणप्रदिग्धास्विन्नमर्दितम्।
तीक्ष्णैर्धूमैः प्रधमनैर्नस्यैरास्यविरेचनैः॥
विरेकैर्बस्तिभिश्चाशु योजयेदानुलोमिकैः। अ० सं० क० ६।-

तमातुरमुष्णतैललवणाभ्यां प्रदिग्धं पश्चात् स्विन्नं पश्चाच्च मर्दितं तीक्ष्णैरानुलोमिकैश्च धूमादिभिर्योजयेदित्युक्ता। इन्दुः।

हि०—निरूहबस्ति सेवन क्रम में यदि उपद्रव स्वरूप उदावर्त हो जाए तो सुखोष्ण तैल और सैंधव लवण से मर्दन (मालिश) करना चाहिए। तीक्ष्ण विरेचन एवं तीक्ष्ण औषधियों से बनाई गयी बस्ति देनी चाहिए। वातानुलोमक औषधियों का सेवन कराना चाहिए।

निरूह तीक्ष्णतासाधकानां निरूह मृदुता साधकानां च द्रव्याणां संकेतः

तीक्ष्णत्वं मूत्रबिल्वाग्नि लवणक्षारसर्षपैः।
प्राप्तकालं विधातव्यं क्षीराज्याद्यैस्तु मार्दवम्॥ अ० सं० क० ४।-

तीक्ष्णत्वमित्यादि। प्राप्तकालं तैक्ष्ण्यं मृदोर्मूत्रादिभिर्विधेयम्। न केवलं चैत एव बस्तयो यावदिदमपि बोद्धव्यम्। इन्दुः।

हि०व्या०— बस्तिद्रव्य में मूत्र (गोमूत्र), बिल्व, चित्रकमूललवण, क्षार एवं सरसों मिलाने से तीक्ष्ण, बस्ति मृदु बनाना हो तो उसमें दूध और घृत मिलाना चाहिए।

अश्वगन्धादिनिरूहः

अश्वगन्धां बलांरास्नां श्वदंष्ट्रां सपुनर्नवाम्॥
पटोल पञ्चमूल्यौ च भार्ङ्गीं श्यामां शतावरीम्।
गुडूचीं त्रिफलां शिग्रुं कणिकायाः फलानि च॥
उशीरं रजनीपत्रं पूतिकं कतृणानि च।
पृथक् पञ्चपलानेतान् खण्डशश्छेदयेद भिषक्॥
जलद्रोणे विपक्तव्यमष्टभागावशेषितम्।
मधुकं शतपुष्पां च सैन्धवं सर्षपान् गुडम्॥
हपुषामजमोदां च मदनस्य फलानि च।
वचामशोकबीजानि पिप्पलीकुष्ठमेव च॥
एतानि कल्कपेष्याणि भेषजानि पृथक् पृथक्।
क्षीरतैलसमायुक्तो घृतमूत्रसमन्वितः॥
खजेन मथितः पूतः स निरूहः प्रशस्यते।

भे० सि० अ० ७।१६-२१

हि०—अश्वगन्ध, बलामूल, गोखरू, पुनर्नवा, पटोल, दोनों पञ्चमूल, भारंगी, त्रिवृत्, शतावरी, गुडूची (गिलोय) हरड़, बहेड़ा, आँवला, सहिजन छाल, कमलगट्टा, उशीर, रजनीपत्र (लताकरञ्ज) पूतिकरञ्ज, रोहिसतृण इन द्रव्यों को पृथक् पृथक् पाँच पल की मात्रा में लेकर यवकूट कर एक द्रोण जल में क्वाथ करना चाहिए। अष्टमांश शेष क्वाथ में यष्टीमधु, सौंफ, सैन्धव लवण, सरसों, गुड, हपुषा (हाउबेर), अजमोद, मदनफल, बच, अशोकबीज, पिप्पली, कूठ प्रत्येक एक-एक तोला की मात्रा में कल्क बनाकर दूध, तैल, घृत और मूत्र मिलाकर मथकर बस्ति देनी चाहिए।

पक्वाशय शोधना निरूहाः

अर्धश्लोकैर्विहितान् बस्तीनतश्चित्रान् प्रवक्ष्यते।
कोशातकी द्वयेश्वाकुफलजीमूतवत्सकाः॥
श्यामात्रिवृत्तयोर्मूलं तथा दन्तीद्रवन्तिजम्।
प्रकीर्या चोदकीर्या च क्षीरिणो नीलिनीफलम्॥
सप्तला शङ्खिनी रोध्रफलं कंपिल्लकस्य च।
सकल्कसैन्धवयुताः पक्वाशयविशोधनाः॥ अ० सं० क० ४।-

कोशातकीत्यादिभिरर्धश्लोकैर्विहितत्वात् बस्तीन् प्रवक्ष्यते। चित्रान् शोधनादिभेदेनानेकप्रकारान्। यत्र चत्वारो बस्तयः स्वौषधकल्केन सैन्धवेन च युक्ताः पक्वाशयस्य विशोधनाः। इन्दुः।

हि०—पक्वाशय विशोधक बस्तियाँ—इस प्रकरण में पक्वाशय शोधक चार बस्तियों का निर्देश किया गया है। १. कड़वी तरोई, मीठी तरोई, तिक्तलौकी, मदनफल, देवदाली, इन्द्रयव, २. कृष्ण निशोथ का मूल, श्वेत निशोथ का मूल, दन्ति तथा द्रवन्ति, ३. पूतिकरञ्ज, लताकरञ्ज, स्वर्ण क्षीरी, नील का फल, ४. सातला, यवतिक्ता, तिल्वक, मदनफल, कबीला। इस तरह इन द्रव्यों के क्वाथ और इन्हीं द्रव्यों के कल्क में सैंधव लवण मिलाकर बस्ति की कल्पना करनी चाहिए।

पुरीषसंग्राहका निरूहाः

धातकीपुष्पतर्कारीजीवंतीमूलवत्सकाः।
प्रग्रहः खदिरो कुष्ठं शमीपिण्डीतकायवाः॥
प्रियङ्गु रक्तमूले च भरणीजातियूथिकाः।
वटाद्याः किंशुकं रोध्रमिति सङ्ग्राहिका मताः।
ग्राहि प्रियंग्वंबष्ठादिक्वाथकल्कैः क्रमेण च॥ अ० सं० क०४।-

धातकयादिभिश्चत्वारः सङ्ग्राहिका मताः। एषु सामान्यकल्को यवान्यादिः। एषः प्रियंग्वादिगणक्वाथेनाम्बष्ठादिगणकल्केन च ग्राही मताः। इन्दुः।

हि०व्या०—पुरीष संग्राहक बस्तियाँ—(१) धातकीपुष्प (धाय), जयंती, जीवंतीमूल, वत्सक (इन्द्रयव) से निर्मित।

(२) आरग्वध, खदिर, कूष्ठ (कूठ), शमी, मदनफल, यव।

(३) प्रियंङ्गु, लज्जालू (लाजवंती), पीतधोपा, चमेली, जूही।

(४) वटादिगण की औषधियाँ—पलाश, लोध्र। इनको प्रियंग्वादी गण की औषधियों के क्वाथ तथा अम्बष्ठादिगण की औषधियों के कल्क से वस्ति की कल्पना करनी चाहिए।

ऊषकादिर्लेखनो निरूहः

ऊषकादि प्रतीवापो लेखनस्त्रिफलारसः।
मधुकक्वाथकल्केन सरसाज्येन बृंहणः॥ अ० सं० क० ८।

एष त्रिफलारस ऊषकादिगणप्रतीवापो लेखनः। एष च बृंहणो मधुरौषधानां क्वाथेन तेषामेव च कल्केन मांसरसेनाज्येन च युक्तः। इन्दुः।

हि०—त्रिफलाकषाय में उषकादिगण की औषधियों का प्रक्षेप (कल्क का प्रक्षेप) मिलाकर बस्तिकल्पना करने से लेखन गुणकारक होती है। त्रिफला कषाय में मधुर वर्ग की औषधियों के क्वाथ एवं कल्क में मांसरस और घृत मिलाकर बस्ति की कल्पना करने से बृंहण गुणकारक होती है।

त्रिफलादयो निरूहण विशेष योगः

श्रेष्ठामदन बीजानामाढकं निस्तुषीकृतम्।
विपाचयेदपां द्रोणे चतुर्भागावशेषितम्॥
उपकुञ्चीखरबुषापिप्पल्यः सैन्धवं वचा।
त्रपुसो·····नि शतपुष्पा यवान्यपि।
स कषायः समायुक्तः क्षीरगोमूत्रकाञ्जिकः॥
सर्वानिलामयहरः स निरूहोऽर्ध तैलिकः।

का० सि० अं० ८

हि०—त्रिफला तथा छिलका रहित मदनफलबीज एक आढ़क लेकर एक द्रोण पानी में पकाकर चतुर्थांश शेष रखे, इसमें स्याह जीरा, मरुवक, पिप्पली, सैन्धवलवण, वच, खीरा के बीज.....सौंफ तथा अजवायन, दूध, गोमूत्र, कांजी तथा क्वाथ का आधा भाग तिल तैल डालकर पुनः पकाना चाहिए। इस कषाय से निरूहण बस्ति करने पर सभी प्रकार के वातरोग दूर होते हैं।

अर्द्धमात्रिक निरूहः

दशमूलीकषायस्य पलान्यष्टौ पलद्वयम्।
तैलस्य मधुनश्चाथ शताह्वाक्षं प्रयोजयेत्॥
अक्षञ्च सैन्धवस्येष्ट बस्तिरेभिर्महागुणः।
आत्रेयानुमतो ह्येष भुक्ते योज्यो विचक्षणैः॥
नित्यमेकान्तरं वापि परिहार विवर्जितः।
सुकुमारेषु वृद्धेषु स्त्रीषु यन्त्रणभीरुषु॥

दीयमानो निहन्त्याशु, दोषानोकान् सुदुस्तरान्।
वातरक्तं क्षयं कासं कुष्ठञ्च विषमज्वरम्॥
अश्मरीं मूत्रकृच्छ्रं च गुल्मप्लीहहलीमकम्।
वातपित्तभवान्रोगान् कफजान सान्निपातिकान्।
तान् सर्वान्नाशयत्याशु बलवर्णाग्निवर्धनः।
नैरूहिकेषु सर्वेषु वस्तिषु प्रवरो मतः॥
शुक्रसञ्जननो वृष्यश्चार्द्धमात्रिकसंज्ञकः।

वंगसेन (वस्ति०) १६-१६७॥

हि०—दशमूल क्वाथ आठ पल, तेल और शहद दो पल, सौंफ कल्क एक तोला और सैंधव लवण एक तोला इन सबको एकत्र मथकर दी गई बस्ति अनेक गुण उत्पन्न करती है। आत्रेयादि महर्षियों के मत से भोजन के पश्चात् इनका प्रयोग करना चाहिए। इस बस्ति का नित्य या एक दिन के अन्तर पर प्रयोग किया जा सकता है। इसके प्रयोग काल में किसी विशेष नियम (परहेज) पालन की आवश्यकता नहीं है। सुकुमार, वृद्ध, स्त्री और भयभीत (डरपोक) व्यक्ति भी इसको ले सकते हैं। यह अनेक प्रकार के दोषों को दूर करती है। वातरक्त, क्षय, खाँसी, कुष्ठ, विषमज्वर, अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, गुल्म, प्लीहा, हलीमक, वातपित्तज रोग, कफ और सन्निपातजन्य रोगों को दूर करती है। बल, वर्ण और अग्नि को बढ़ाती है। सभी प्रकार की निरूह वस्तियों में उत्तम है। यह शुक्रवर्धक और अत्यन्त पौष्टिक है।

वातघ्नो निरूहः

द्वौ पञ्चमूल्यौ कोलानि नलदशुष्कमूलकम्।
द्विपलीनानि सर्वाणि जलद्रोणे विपाचयेत्॥
अष्टभागावशेषं तु कषायमवतारयेत्।
कल्कपेष्याणि चेमानि भेषजानि शमावपेत्॥
निकुञ्चिका खरपुष्पां पिप्पलीं सैन्धवं वचाम्।
त्रपुसोर्वारुबीजानि शतपुष्पां यवानिकाम्॥
कुष्ठं च तगरं चैव यष्टिमधुकमेव च।
सक्षीरस्सकषायश्च सगोमूत्रश्च कीर्तितः।
सतैलश्च निरूहः स्याद्वातरोगविनाशनः।

भै० सि० अ० ७—

हि० व्या०—**दशमूलादि निरूह**—दशमूल के प्रत्येक द्रव्य, पञ्चकोल के प्रत्येक द्रव्य, जटामांसी, शुष्कमूली, पृथक् पृथक् दो पल की मात्रा में लेकर एक द्रोण जल में पकायें, अष्टमांश शेष कषाय उतारकर छानकर निम्नलिखित ओषधियों के कल्क मिलाएँ—जलवेतस, कट्फल, पिप्पली, सैंधवलवण, वच,

खीरा बीज, ककड़ीबीज, सौंफ, अजवायन, कूठ, तगर, यष्टीमधु, दूध गोमूत्र एवं तैल मिलाकर विधिवत् मथकर बस्ति देने से वात रोग दूर होते हैं।

पित्तहर निरूहः।

पटोलपत्रमूलं च पिचुमन्दं शतावरीम् ॥
त्रायमाणां बला रास्नां बृहतीं कण्टकारिकाम्।
गुडूचीं त्रिफलां श्यामां सारिवां वंशकत्वचम् ॥
द्विपलोनान् पृथग्भागान् पूर्वकल्पेन साधयेत्।
मधुकं वंशकफलं शतपुष्पां दुरालभाम् ॥
महासहाभंगुसतीं कल्कं कुर्यात्पृथक् पृथक्।
क्षीरेणाथ कषायेण घृतेन मधुना तथा ॥
कल्पमिश्रः सुमथितो निरूहः पित्तनाशनः।

भै० सि० अ० ७।९-१२

हि० व्या०—पटोलादि निरूह—पटोल पत्र और मूत्र, निम्ब, शतावरी त्रायमाणा, बला, रास्ना, बड़ी कटेरी, छोटी कटेरी, गिलोय, त्रिफला, काली निशोथ, अनन्तमूल, बस का छिलका, प्रत्येक द्रव्य दो पल की मात्रा में लेकर एक द्रोण जल में पकाकर क्वाथ (अष्टमांश शेष) तैयार करें, यष्टीमधु, वांस का फल, सौंफ, दुरालभा, मापपर्णी, शालिपर्णी, इन द्रव्यों का पृथक् पृथक् (कल्क कर) कल्क मिलाकर दूध, क्वाथ, घृत और शहद मिलाकर निरूह बस्ति देने से पित्तज रोग दूर होते हैं।

बदर्यादि पिच्छाबस्तिः।

बदर्यैरावणी शेलू शाल्मली घन्वनाङ्कुराः
समाक्षिकाः क्षीरयुताः सासृजाः पिच्छिलाः स्मृताः ॥

अ० सं० क० ४।-

हि० व्या०—बदर्यादि पिच्छाबस्ति-बेरी का पत्र, बटशुंगा, लिसोढा, सेमलपत्र, धामनवृक्ष का अंकुर, दूध, शहद और रक्त मिलाकर बस्ति दी जाती है। इसे पिच्छाबस्ति कहते हैं।

दाहघ्नः कोलादि उत्पलादि निरूहयोगौ।

कोलङ्कतककाण्डेक्षुदर्भपाठेक्षुवालिभिः ।
दाहघ्नः सघृतक्षीरो द्वितीयश्चोत्पलादिभिः

अ० सं० क० ४।

कोलङ्कतकादिभिः सघृतक्षीरो बस्तिर्दाहघ्नः। चन्दनादिभिर्द्वितीयोऽपि दाहघ्नः। कोलङ्कतकोदर्भविशेषः। काण्डेक्षुरिक्षुः इक्षुपालिका करम्भशालिनामा इक्षुः। इन्दुः।

हि० व्या०—कोलङ्कतक (दर्भविशेष), ईंख, दर्भ कुश, इक्षुवालिका ईंख, विशेष), दूध में पकाकर घृत मिलाकर बस्ति देने से दाह नाश होता है।

सहचरबलादिसाधित क्षीर प्रयुक्तः निरूहः

तद्वत् सहचरबलादर्भमूलसारिवासिद्धेन पयसा तथा बृहतीकण्टकारीशतावरीच्छिन्नरूहा शृतेन पयसा मधुकमदनपिप्पलीकल्कितेनपूर्ववद्बस्तिः।

च० सि १२।१८

हि० व्या०—सहचरादियापनबस्ति-इसी प्रकार कटसरैया, बलामूल, दर्भ का मूल तथा अनन्त मूल से सिद्ध दूध की बस्ति देनी चाहिए। बृहत्यादियापन बस्ति—बड़ी कटेरी, छोटी कटेरी, शतावर, गुडूची से सिद्ध दूध में मधुयष्टी, मदनफल और पिप्पली का कल्क मिलाकर बस्ति देनी चाहिए। इन दोनों बस्तियों में मधु, घृत, तैल, सैंधानमक मिलाकर मथनी से मथकर बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

कृमिनाशनो विडङ्गाद्यः प्रासृतिको निरूहः।

विडङ्गत्रिफलाशिग्वफलमुस्ताखुकर्णिजाः ।
कषायाः प्रसृताः पञ्चतैलादेको विमथ्य तान् ॥
निरूहः कृमिहा वेल्ल पिप्पलीकल्कयोजितः।
पयस्येक्षु स्थिरारास्ना विदारी क्षौद्र सर्पिषः
एकैकः प्रसृतो बस्तिः कृष्णाकल्को वृषत्वकृत् ॥

अ० सं० क० ४

विडङ्गादीनां मिश्रितानां कषायात् पञ्चप्रसृतास्तैलादेकः प्रसृत इति तान् सर्वान् प्रसृतान् विमथ्य विडङ्गपिप्पलीभ्यां कल्केन योजितो निरूहः कृमिहा भवति। पयस्यादीनां प्रत्येकं प्रसृतः पिप्पलीचूर्णयुक्तो वस्तिर्वाजीकरणः। इन्दुः।

हि० व्या०—(१) विडंग, त्रिफला, सहजने का मूलत्वक, मदनफल, नागरमोथा, मूषकपर्णी, इनके पांच प्रसृत कषाय में एक प्रसृत तैल, काली मिर्च और पिप्पली का प्रक्षेप मिलाकर बस्ति प्रयोग करने से कृमि बाहर निकल आते हैं।

(२) क्षीर काकोली, ईंख, शतावरी रास्ना, विदारीकंद, प्रत्येक का एक-एक प्रसृत क्वाथ में सरसों का कल्क, पिप्पली का कल्क और शहद मिलाकर बस्ति देने से शरीर बलवान् होता है।

मूत्रकृच्छ्रे प्रासृतिको निरूहः।

चत्वारस्तैलगोमूत्रदधिमण्डाम्लकाञ्जिकात् ।
बस्तिः कवोष्णः सानाहे मूत्रकृच्छ्रे परोमतः ॥

अ० सं० क० ४॥

तैलादीनां मिश्रितानां चत्वारः प्रसृताः सर्षपकल्केन युक्तो वस्तिर्विट्सङ्गमानाहं च भिनत्ति। दधिमण्डो मस्तु। इन्दुः।

हि० व्या—तैल, घृत, वसा, मज्जा, गोमूत्र दधिमण्ड, खट्टी काञ्जी कुल मिलाकर चार प्रसृत सरसों का कल्क मिलाकर सुखोष्ण वस्ति देने से आनाह और मूत्रकृच्छ्र रोग दूर होता है।

आनाहे मूत्रकृच्छे श्वदंष्ट्रादिबस्तिः।

श्वदंष्ट्राश्मभिदेरण्डक्वाथतैलसुरासवात् ।
प्रसृताः पञ्च चपलाकौन्तीयष्ट्याह्वकल्कवान्
बस्तिः कवोष्णः सानाहे मूत्रकृच्छ्रे वरो मतः ॥अ० सं० क० ४।

श्वदंष्ट्रादित्रयक्वाथस्य तैलादीनां च समानां सर्वेषां मिश्रितानां पञ्च-प्रसृताः। चपलादीनां कल्केन युक्तो बस्तिः सानाहे मूत्रकृच्छ्रे वरः श्रेष्ठो मतः। चपला पिप्पली। इन्दुः।

हि० व्या०— गोखरू, पाषाणभेद एवं एरण्ड के समभाग क्वाथ में तैल, सुरा, आसव कुल पाँच प्रसृत की मात्रा में पिप्पली, सम्हालूबीज, यष्टीमधु का कल्क मिलाकर बस्ति देने से आनाह और मूत्रकृच्छ्र रोग दूर होते हैं।

अभिष्यन्द कृमिकुष्ठापहः प्रासृतिको निरूहः।

पटोलनिंबभूतीकरास्नासप्तच्छदांभसः
प्रसृतः पृथगाज्याच्चबस्तिः सर्षपकल्कवान्।
सपञ्चतिक्तोऽभिष्यंदकृमिकुष्ठप्रमेहहा ॥ अ. सं. क. ४।

पटोलादीनां क्वथितानामम्भसामेकमेकं प्रसृतम्। घृताच्चैकं प्रसृतम्। इत्ययं बस्तिः सर्षपकल्केन पञ्चभिश्च तिक्तोनिम्बगुडूचीवृषपटोल निदिग्धिकाख्यैर्युक्तोऽभिष्यन्दादिहा। इन्दुः।

हि० व्या० —परवल पत्र, निम्ब (नीम) कतृण, रास्ना, छतवन, नागर-मोथा, प्रत्येक का समभाग क्वाथ छः प्रसृत, सरसों और पञ्चतिक्त (नीम, गुडूची, वासा, पटोल (परवल, कटेरी) इनके कल्क और एक प्रसृत घृत मिलाकर मथकर बस्ति देने से, अभिष्यंद, कृमि रोग, कुष्ठ और प्रमेह रोग दूर होता है।

दाहप्रशमनः सारिवाद्यो निरूहबस्ति योगः

गोपाङ्गनाचन्दनशीतपाकी
द्राक्षाद्विकाश्मर्यमधूकसेव्यैः।
पयः श्रृतं श्रावणिमुद्गपर्णी-
बलास्वगुप्तामधुयष्टिकल्कैः।
गोधूमचूर्णेश्च पिचुप्रमाणं—
रिक्षोर्विदार्याश्च रसेन युक्तम्।
तैलेन यष्टीमधुसाधितेन
सितोपलाक्षौद्रघृतैश्च शीतः॥

बस्तिः प्रशस्तः स समस्तदेह—
दाहे सशूलेऽवयवाश्रिते वा।
गुल्मातिसारभ्रममूत्रकृच्छ्र-
क्षीणे क्षतौजोबलसंक्षये च॥ अ० क० सं ४।

गोपाङ्गनेत्याद्यवयवाश्रिते वा दाहेऽपि शूलेऽपि सङ्क्षयशब्दस्यौजोबलाभ्यां सम्बन्धः। गोपाङ्गना सारिवा। शीतपाकां चूड़ामणिः (निः) चूड़ामणिः शीतपाकी शिखण्डी कृष्णलालता। कृष्णा काम्बोजिका गुञ्जा रक्तिका काकमात्रुया। सेव्यसुशीरम्। इन्दुः।

हि०—सारिवा, चन्दन, काकोली, दाख, ऋद्धि, गम्भारीफल, महुआ, उशीर, इनको समभाग ग्रहण कर दुग्ध में पकाना चाहिए। मुण्डी, मुद्गपर्णी, बला, कौंच बीज और मधुयष्टी समभाग ग्रहण कर कल्क तैयार कर दुग्ध में मिलाएँ। गोधूम (गेहूं का) आटा एक तोला और ईख तथा विदारीकन्द का स्वरस मिलाकरबस्ति तैयार करें। अथवा यष्टीमधु का कल्क मिलाकर तैल पाक करें। शीतल होने पर चीनी, वंशलोचन, पिप्पली एवं छोटी इलायची का चूर्ण मिलाकर शहद और घी मिलावें पश्चात् घोंटकर बस्ति देनी चाहिए। यह बस्ति सार्वदैहिक दाह, शूल, गुल्म, अतिसार, भ्रम, मूत्रकृच्छ्र, क्षीण, क्षत और ओजःक्षय तथा बलक्षय में लाभकारी है।

नवमोऽध्यायः

अनुवासन प्रकरणम्

प्रस्तुत प्रकरण में यथा क्रम स्नैहिक बस्तियों का वर्णन किया जा रहा है। स्नेहबस्ति को प्रमुख तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। इस बस्ति में प्रमुख रूप से स्नेह का प्रयोग किया जाता है। अतः स्नेह की मात्रा के आधार पर ही प्रमुख तीन भेदों का शास्त्रों में उल्लेख है:—

१. स्नेह बस्ति (सामान्य)
२. मात्रा बस्ति
३. अनुवासन बस्ति

यद्यपि अनुवासन स्नेह का एक भेद है, तथापि व्यवहार में स्नेह बस्ति के योगरूढ़ रूप में अनुवासन का भी प्रयोग होता है, एवं इसी के नाम से सभी भेदों का ज्ञान हो जाता है। अतः जिस बस्ति में मुख्य द्रव्य स्नेह हो उसे अनुवासन कहते हैं, अथवा निरूक्ति के आधार पर —जो अनुवासन अर्थात् अन्तः स्थितावस्था में भी कोई विकार उत्पन्न नहीं करती या जिसका प्रतिदिन प्रयोग कराया जा सकता है, उसे अनुवासन कहते हैं।

सामान्य स्नेह बस्ति में आयु के अनुरूप निरूह की जो मात्रा शास्त्र-सम्मत है, उससे पादावकृष्ट अर्थात् चतुर्थांश कम स्नेह बस्ति में प्रयोग किया जाता है। यथा द्वादश प्रसृति निरूह बस्ति का उल्लेख हो तो स्नेह बस्ति ९ प्रसृति की जाननी चाहिए। इसी प्रकरण में क्रमशः मात्रा का उल्लेख करते हुए विद्वानों के विचारों को स्पष्ट किया गया है। मात्रा बस्ति में ह्रस्वादि स्नेहपान मात्राओं के जरणकाल का वर्णन करते हुए मात्रा को स्पष्ट किया गया है। सामान्य स्नेह बस्ति के आधे प्रमाण में स्नेह प्रयोग कराना ही अनुवासन का स्वरूप बताया है।

इस प्रकार सामान्य नियमानुसार एवं मात्रानुसार निरूह के चतुर्थांश कम प्रमाण में दी जाने वाली सामान्य स्नेह बस्ति, स्नेह के आधे प्रमाण में दी जाने वाली अनुवासन एवं अनुवासन के आधे प्रमाण में दी जाने वाली मात्रा बस्ति है।

अनुवासन बस्ति निरूक्तिः लक्षणश्च

यथाप्रमाणगुणविहितः स्नेह बस्ति विकल्पोऽनुवासनः। पादाव (प) कृष्टः। अनुवसन्नपि न दुष्टत्यनुदिवसं वा दीयत इत्यनुवासनः तस्यापि विकल्पोऽर्धार्ध-मात्रावकृष्टोऽपरिहार्यो मात्राबस्तिरिति। सु० चि० अ० ३५।१८

बस्तेर्नैरूहिकस्नैहिक भेदाभ्यां यो द्वौ विकल्पौ तौ निरूह स्नेहबस्त्याख्यौ तयोर्नैरूहिकमभिधाय स्नैहिकं बस्तिविकल्पमभिधत्तेयथेत्यादि। यस्य यत् प्रमाणं यो यो गुणस्ताभ्यां विहितः स्नेहबस्ताख्योऽनुवासनसंज्ञ इत्यर्थः यथावयो निरूहा-णामित्यादिना विधास्यमानोऽपि स्नेहबस्तिविकल्पोऽनागतावेक्षणतन्त्रयुक्त्या विहित इति प्रदिष्टः। यथाप्रमाणमित्यनेन सूचितं प्रमाणं प्रकटयन्नाह पादाव (प) कृष्ट इति। यथावय इत्यादिवक्ष्यमाणवाक्यदर्शनादास्थापनस्य पादैस्त्रिभि रपकृष्टो हीनः पादाव (प) कृष्टः। अयमर्थः सांवत्सरिकादिकालाद्यपेक्षं यत् प्रकुञ्चादि चतुर्विंशति पलावसानं निरूहप्रमाणं तच्चतुर्थांशेन कर्षमारभ्य षट्-पलानि यावदनुवासनस्य प्रमाणमिति। तन्त्रान्तरे च मध्यवयस्कमाश्रित्यानुवा-सनस्योत्तमादिमात्राभेदेन त्रैविध्यमुक्तं, यथा—"षट्पली तु भवेच्छ्रेष्ठा मध्यमा त्रिपली भवेत्। कनीयस्यध्यर्धपला त्रिधा मात्रानुवासने" इति। तस्यापि विकल्प इत्यादि तस्याप्यनुवासनस्य षट्पलप्रमाणस्यार्धार्धमात्रावशिष्टः पादावशिष्टोऽध्य र्धपलमात्र इत्यर्थः। अपरिहार्यः अविद्यमानपरिहरणार्हः। यथा तु यथाप्रमाण-विहिताच्च बस्तेः पादांशः स्नेहबस्तिः, स्नेहविकल्पोऽर्धमात्रापकृष्टोऽनुवासनं तस्यापि विकल्पोऽर्धमात्रापकृष्टोऽनुवासनं,तस्यापि विकल्पोऽर्धमात्रापकृष्टोऽपरि-हार्यो मात्राबस्तिरिति। एतेन तन्मते षट्पलप्रमाणः स्नेहबस्तिः, तदर्धेन पलत्रय-प्रमाणमनुवासनं, तस्यार्धेन सार्धपलप्रमाणो मात्राबस्तिरिति।

डल्हणः।

अनुवासन न. अनु+वास—सोरभ्येल्युट्। धूपादिभिः सुरभीकरणे, वैद्य-कोक्ते स्नेहार्थे: बस्तिकर्म्मणि च। द्विधाबस्ति परिज्ञेयो निरूहश्चानुवासनम्"इति वैद्यकम्। अनुवसति, अनुवासरं दीयते वा पृ०। सुश्रुतोक्ते अनुवासन द्रव्ये पु०।

वाचस्पत्यम्।

अनुवासनं यथार्हौषधसिद्धः स्नेहनार्थः स्नेहः स्नेहविधौ स चतुर्धाऽभिहितः।

अ० सं० सू० २८।८

यस्तु बस्ति स्नेहार्थं यथादोषं यथाव्याधि चौषधैः सिद्धः स्नेहो दीयते तदनु-वासनम्। स च स्नेहः स्नेहविधौ घृतादिभेदेन चतुर्धाऽभिहितः।

इन्दुः।

आमः पक्वोऽपि वा स्नेहो बस्ति··· ···।
··· ··· नित्ये च तच्चोक्तमनुवासनम् ॥

का० सं० सि० ८।

यः स्नेहैर्दीयते स स्यादनुवासन नामकः ।

शा० सं० उ० ४।२ क

भावप्रकाश ,वंगसेन

निशानुवासनात् स्नेहोऽन्वासनश्चानुवासनम् ।
विरिक्तसम्पूर्ण हिताशनस्य आस्थाप्यशय्यामनुदीयते यत्
तदुच्यते वाप्यनुवासनञ्च तेनानुवासश्च बभूव नाम ॥

वंगसेन ।

हि० व्या०—निरूह वस्ति के परिमाण से चतुर्थांश भाग निकाल लेने पर जो शेष बच जाता है वह स्नेह वस्ति है । स्नेह वस्ति का ही भेद अनुवासन वस्ति कहलाता है ।

"शरीर के अन्दर रहने पर भी दूषित नहीं होती या प्रतिदिन इसका प्रयोग किया जाता है अतः इसे अनुवासन कहते हैं । अनुवासन का भेद मात्रा बस्ति है । इससे आधे की भी आधी मात्रा दी जाती है एवं इसमें परिहार (पथ्यापथ्य) का कोई विचार नहीं किया जाता है ।

वक्तव्य—इनका प्रमाण क्रमशः छः पल, तीन पल, और डेढ़ पल है ।

निरूहणानन्तरं तैलानुवासन प्रयोगावश्यकतायां युक्तिः ।

देहे निरूहेण विशुद्ध मार्गे संस्नेहनं वर्णबलप्रदं च ।
न तैलदानात् परमस्ति किञ्चिद्द्रव्यं विशेषेण समीरणार्ते ॥
स्नेहेन रौक्ष्यं लघुतां गुरुत्वादौष्ण्याच्च शैत्यं पवनस्यहत्वा ।
तैलं ददात्याशु मनः प्रसादं वीर्यं बलं वर्णमथाग्निपुष्टिम् ॥
मूले निषिक्तो हि यथा द्रुमः स्यान्नीलच्छदः कोमलपल्लवाग्रयः ·
काले महान् पुष्पफलप्रदश्च तथा नरः स्यादनुवासनेन ॥

च० सि० १।२९-३१

देह इत्यादिनाऽनुवासन गुणमाह । निरूहेण विशुद्धमार्गे इति । वचनान्निरूहशोधित एव मार्गे संसर्जनादनुवासनं यथोक्तगुणकर्तृ भवतीति दर्शयति । न तैलदानादित्यत्र तैलशब्देन स्नेहोपलक्षणेन केचिद्घृतमपि ग्राहयन्ति, किन्तु तैलमेवात्र वातहरप्रधानतया ब्रूत इति युक्तं पश्यामः, तथा ह्यत्र औष्ण्याच्छैत्य मित्युक्तं, औष्ण्यं च न सर्पिषीति, स्नेहामज्जवर्जिता अनुवासनाधिकृता अप्रधानत्वान्नात्र घृतमनुमन्यते । परमस्तीत्यादौ द्रव्यमिति कारणं, तच्च कारणमनिलप्रशमनेनज्ञेयम्, 'नान्वासनात् किञ्चिदिहास्ति कर्म' इति केचित् पठन्ति। तैलकृत्यमेव सकारणं व्याकरोति स्नेहेनेत्यादि । तैलं चानुवासनं पक्वमेवज्ञेयम्, तत्पक्वस्य तु "न चामं प्रणयेत् स्नेहं स ह्यभिष्यन्दयेद्गुदम्"(सि० अ०४)इत्यनेन

निषिद्धत्वात् । अत्र तैलानिलयोर्विपरीतगुणयोर्मेलके द्रव्यप्रभावात्तैलमेव वातं हन्ति न वातस्तैलम्, अणुत्वं गुणो यद्यपि तैले वाते चास्ति, तथाऽपीह प्रभावाद्वातसूक्ष्मवयव सम्बद्धं तैलं स्नेहादिना वातं जयति, तेन सामानमप्यणुत्वमिह विरुद्धार्थकार्येवेति । तैलस्य यथोक्तकार्यकर्तृत्वे दृष्टान्तमाह मूल इत्यादि । मूलदृष्टान्तेन चानुवासनेन साक्षात्तर्पणीयस्य गुदस्य देहमूलत्वं दर्शयति । उक्तं हि पाराशरे—मूल गुदं शरीरस्य सिरास्तत्र प्रतिष्ठिताः सर्वे शरीरं पुष्णन्ति मूर्धानं यावदाश्रिताः''—इति, तथाऽनुवासनादपि नरो बलवीर्ययुपेतोऽपत्यवांश्च स्यादित्यर्थः । चक्रपाणिः ।

निरूहः शोधनो लेखी स्नैहिको बृंहणोमतः ।
निरूहशोधितान्मार्गान् सम्यक् स्नेहोऽनुगच्छति ॥
अपेतसर्वदोषासु नाडीष्विव वहज्जलम् ।
सर्वदोषहरश्चासौ शरीरस्य च जीवनः ॥
तस्माद्विशुद्धदेहस्य स्नेहवस्तिर्विधीयते ।

सु० चि० ३५।१९-२०

शोधनद्रव्यसंयुक्तः शोधनो निरूहः । सर्वनिरूहानुवासनधर्मोऽयं, द्रव्यविशेषसंयोगात्तु क्वचिच्छोधनादीनामुत्कर्षापकर्षौ । जेज्जटाचार्यस्तु 'स्नेहनो बृंहणोमत इति पठित्वा शोधनादिचतुष्कं निरूहस्य कर्मेति वर्णयति निरूहशोधितमार्गेषु सम्यक् स्नेहवीर्यानुसरणं दर्शयन्नाह – निरूहेत्यादि । डल्हणः ।

सुशोधितं निरूहेण नातिपर्युषितं तथा ।
सुखोषितं समाश्वस्तं भोजितं चानुवासयेत् ॥

भे० सि० अ० ६।३०

न च तैलात् परं किञ्चिद्द्रव्यमस्त्यनिशापहम् ।
स्नेहाद्रौक्ष्यं गुरुत्वाच्च लघुत्वं मारुतस्य तु ॥
औष्ण्याच्छैत्यं निहन्त्याशु तैलं पुष्टिं करोति च ।
मनः प्रसादः (द) स्नेह च बलवर्णमथापि च ॥
स्यात् स्निग्धविटपस्कन्धः कोमलाङ्कुरपल्लवः ।
मूले सिक्तो यथा वृक्षः काले पुष्पफलप्रदः ॥
स्नेहवस्तेर्नरस्तद्वद् दृढ़कायो दृढ़प्रजः ।
वातात्मकैर्विकारैश्च पूर्वोक्तैर्नाभिभूयते ॥

का० सं० खि० ८।८५-८८

मूले निषिक्तो हि यथा द्रुमः स्यान्नीलच्छदः कोमलपल्लवश्च ।
कालेबृहत्पुष्पफलानुबन्धस्तथा नरः स्यादनुवासनेन ॥

वंगसेन ।

सुनिरूढं ततो जन्तुं स्नातु भुक्तरसौदनम् ।
यथोक्तेन विधानेन योजयेत् स्नेहबस्तिना ॥

योजयेदल्पमात्रेण तत्क्षणं स्नेहवस्तिना ।
पश्चादग्निबलं ज्ञात्वा पवनस्य विचेष्टितम् ॥
अन्नोपस्तम्भिते कोष्ठे स्नेहबस्तिर्विधीयते ।
द्व्यहे त्र्यहे चाहन्यथ पञ्चमे च दद्यान्निरूहादनुवासनञ्च ॥

वंगसेन।

हि० व्या०—निरूह वस्ति के द्वारा शरीरस्थ स्रोतों के शुद्ध हो जाने के पश्चात् अनुवासन बस्ति का प्रयोग करने पर शरीर में बल और कान्ति की उत्पत्ति होती है। विशेषतया वातजन्य पीड़ा शमन के लिए तेल प्रयोग से बढ़कर कोई अन्य द्रव्य नहीं है। तेल अपने स्नेह गुण के कारण वायु की रूक्षता को, गुरु गुण के कारण वायु की लघुता को, उष्ण वीर्य के कारण वायु की शीतलता को नष्ट करती है। शीघ्र ही मन को प्रसन्न करती है, वीर्य, बल, वर्ण एवं जठराग्नि को पुष्ट करती है, जिस प्रकार वृक्ष के मूल को जल से सिंचित करने पर वृक्ष नीलवर्ण के कोमल किसलय से युक्त होता है, समय पर पुष्प और फल से परिपूर्ण होता है उसी प्रकार अनुवासन बस्ति के प्रयोग से मनुष्य स्वस्थ महान और अनेक सन्तानों से युक्त हो जाता है।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार निरूहबस्ति शोधन द्रव्यों से कल्पित होने के कारण लेखन करता है। स्नैहिक बस्ति बृहण करती है। निरूह से शोधित शरीर में स्नेह बस्ति अच्छी तरह अनुगमन करती है। जिस प्रकार नालियों में कचरा न होने पर जल अबाधगति से बहता है। स्नेह बस्ति त्रिदोषनाशक है। शरीर को जीवनदायक है। अतः स्नेह बस्ति का प्रयोग शुद्ध शरीर में करना चाहिए।

अनुवासन योग्यानां संकेतः।

य एवास्थाप्यास्त एवानुवास्याः, विशेषतस्तु रूक्षतीक्ष्णाग्नयः केवलवातरोगार्ताश्च, एतेषु ह्यनुवासनं प्रधानतममित्युक्तं मूलेद्रुमप्रसेकवत्।

च० सि० २।१६

निरूह प्राधान्यख्यापयन् वनस्पतिमूलोच्छेदनवदित्यनेन महारोगाध्यायोक्त बस्तिप्राधान्यख्यापनग्रन्थोपदर्शनं, "यथा वनस्पतेर्मूलेच्छिन्ने स्कन्धशाखावरोह कुसुमफलपलाशादीनां नियतो विनाशस्तद्वत्" (सु० अ० २०) इति मूले द्रुमप्रसेकवच्चेत्यनेनकल्पनासिध्यूक्तं—"मूले निषिक्तो हि यथा द्रुमः स्यात्" इत्यादि यथोक्तानुवासनप्राधान्यख्यापनग्रन्थग्रहणं करोति।

चक्रपाणिः।

य एवास्थाप्यास्त एवानुवास्याः। रूक्षातिदीप्ताग्नयः केवलानिलार्ताश्च विशेषेण। ते हि परमनुवासनेनाप्यायन्ते मूलसेकेन वृक्षवत्।

अ० सं० सू० २८।१२

आस्थाप्या एव चान्वास्या विशेषादतिवह्नयः। रूक्षाः केवलवातार्ताः।

अ० हृ० सू० १६।५

अन्वासयेत्कटीपृष्ठपार्श्वरोगान् विचक्षणः।
उद्वेष्टनं च गुल्मं च वातव्याधींश्च सर्वशः॥

भे० सु० २१।४

ज्वरादिभिः परिक्लिष्टे हीनवर्णबलौजसि।
जातानुवासनावस्थे बलपुंस्त्वाग्निवर्धना॥
..... शोषमर्म वातप्लीहवातगुल्ममूत्रकृच्छ्रपक्वाशय शूलकुक्षिवातकुण्डल योनिशूलोदावर्तसन्धिग्रहगात्रवेष्टगात्र भेदापतानकादितालुपुष्पानष्टपुष्पानष्टबीजा कर्मण्य बीजपरीता··· ··· ··· अनुवास्य इति।

वातिका वातभूयिष्ठाः शोषणः स्तम्भना गदाः।
हुण्डना भञ्जनाश्चैव तेऽनुवास्या हितैषिणा॥

का० सं० सि० ७।

अनुवास्यस्तु रूक्षः स्यात्तीक्ष्णाग्निः केवलानिली॥

भाव प्र०, शा० सं० उ० ५।५

हि० व्या० अनुवासनवस्ति योग्य—जिन व्यक्तियों में निरूहवस्ति का प्रयोग किया जाता है। उन्हीं व्यक्तियों में अनुवासन बस्ति का भी प्रयोग करना चाहिए। विशेषतः रूक्षशरीर, जठराग्नि तीक्ष्ण हो एवं केवल वात रोग से ग्रस्त हो उन्हें अनुवासन बस्ति देनी चाहिए। इन रोगों में अनुवासन बस्ति की प्रधानता मानी गई है। जिस प्रकार वृक्ष के मूल भाग को जल सिंचित करने से वृक्ष कोमल किसलय से युक्त होता है उसी प्रकार अनुवासन वस्ति से शरीरस्थ धातुएं बलवान हो जाती हैं। आचार्य वाग्भट ने चरक संहिता के पाठ को उद्धृत किया है। आचार्य भेल के अनुसार कमर, पृष्ठ, पार्श्व रोग उद्वेष्टन (ऐंठन), गुल्म और वातव्याधियों में अनुवासन बस्ति का प्रयोग करना चाहिए।

आचार्य काश्यप के अनुसार जो रोगी ज्वर आदि के कारण खिन्न हो तथा वर्ण-बल, ओज रहित हो गया हो उनमें अनुवासनबस्ति का प्रयोग करना चाहिए। ऐसी अवस्था में अनुवासन देने से बल पौरुष जठराग्नि की वृद्धि होती है। आचार्य काश्यप ने शिष्य जीवक के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि—शोष, मर्म, वात, प्लीहा, गुल्म, मूत्रकृच्छ्र, पक्वाशयशूल, कुक्षिशूल, वातकुण्डल योनिशूल, उदावर्त, सन्धिग्रह, गात्रवेष्टन, गात्रभेद, अपतानक, अर्दित, अल्पार्तवा, नष्टार्तवा, नष्टबीज, निष्क्रियबीज, दूषितबीज इन व्यक्तियों में अनुवासन बस्ति वा प्रयोग करना चाहिए।

वातिक, वातप्रधान तथा जिनका शोषण, स्तम्भन, हुण्डन एवं भञ्जन

करना अपेक्षित है उनको अनुवासन बस्ति का प्रयोग करना चाहिए। अन्य आचार्यों के विचार चरक संहिता के समान है।

अननुवास्यानां संकेतः युक्तिश्च

य एवानास्थाप्यास्त एवाननुवास्याः स्युः, विशेषतस्त्वभुक्तनवज्वर पाण्डुरोगकामला प्रमेहार्शः प्रतिश्यायारोचकमन्दाग्नि दुर्बलप्लीह कफोदरोरुस्तम्भवर्चोभेदविषगरपीतपित्तकफाभिष्यन्दगुरुकोष्ठश्लीपदगलगण्डापचिक्रिमि——कोष्ठिनः।

तत्राभुक्तभक्तस्यानावृतमार्गत्वादूर्ध्वमतिवर्तते स्नेहः, नवज्वरपाण्डुरोगकामला प्रमेहिणां दोषानुत्क्लिश्योदरं जनयेत्, अर्शसस्यार्शस्यभिष्यन्द्यामानं कुर्यात्, अरोचकार्तस्यान्तर्गृद्धिं पुनर्हन्यात्, मन्दाग्निदुर्बलयोर्मन्दतरमग्निं कुर्यात्, प्रतिश्यायप्लीहादिमतां भूयसुत्क्लिष्ट दोषाणां भूय एव दोषं वर्धयेत्, तस्मादेते नानुवास्याः।

च० सि० २।१७-१८

अनुवासन विषयोपदर्शने अनास्थाप्येषु भुक्त भक्तः पठितः, तद् व्युदासार्थमभुक्तभक्तोपादनम्; अनुवासनमभुक्तस्यानावृतत्वादूर्ध्वं याति, न तु इति विशेषः, अनुवासनं तु स्नेहस्य सूक्ष्मतया विसरणशीलं सायं दीयते, तेन तावत्कालमभोजनाच्छून्यशरीरस्योर्ध्वं याति। अनुवासनं च "शूले च भक्तानभिनंदने च" (सि० अ० १) इत्यनेन यद्यपि विहितं, तथाऽपीह भक्तानभिनन्दनहेत्वन्तर्भूतायामरुचौ तन्निषेधो न विरुद्धः, अनभिनन्दनं ह्यश्रद्धामात्रं वातकृतम्, अरुचिस्तु सर्वदा अनिच्छा; केवलवातरोगश्चाश्रद्धा; शुद्धवातरोगयुक्तोऽनुवासार्हः। चक्रपाणिः।

उदरी च प्रमेही च कुष्ठी स्थूलश्च मानवः।
अवश्यं स्थापनीयास्ते नानुवास्याः कथञ्चन॥
असाध्यताविकाराणां स्यादेषामनुवासनात्।
असाध्यत्वेऽपि भूयिष्ठं गात्राणां सदनं भवेत्॥

सु० चि० ३५।२२-२३

क्वचिदेवास्थापनस्यावस्थायां प्रतिप्रसवमुद्दिश्यान्नाहउदरी चेत्यादि। सा चावस्था तन्त्रान्तरादनुसर्तव्या। तत्रोदरे वाग्भटः—"सुविरिक्तस्य यस्य स्यादाध्मानं पुनरेव तम्। सुस्निग्धैरम्ललवणैर्निरूहैः समुपाचरेत्"(वा० चि० अ० १५) इतिः एवं प्रमेहादिषु चिकित्सितमालोक्यास्थापनावस्था ज्ञातव्या। निषिद्धाचरणदोषमुद्दिश्यान्नाह असाध्येत्यादि। एषां विकाराणाम् उदरादीनाम्। गात्र सदनम् अङ्गग्लानिः। डल्हणः।

हृदयग्रहपाण्डुत्वश्वयथूदर प्रमेहकुष्ठरोगार्शो भगन्दरराजयक्ष्मावँसपं·····कफरोगार्ताश्च नानुवासयेत्।

का० सं४ सि० ७।

य एवानास्थाप्यास्त एवाननुवास्याः। तथा निरन्नपाण्डुरोग कामला प्रमेह प्रतिश्यायप्लीहकफोदराढ्यवातवर्चो भेदार्त पीतविषगर पित्तकफाभिष्यन्दगुरुकोष्ठातिस्थूलश्लीपदगलगण्डापचीकृमिणकोष्ठाः। तत्रातिस्निग्धादीनां यथास्वमुक्ता पृथग्दोषाः। अ० सं० सू० २८।१२

नानुवास्यास्त एव च।
येऽनास्थाप्यास्तथा पांडुकामलामेहपीनसाः।
निरन्नप्लीह विड्भेदिगुरुकोष्ठकफोदराः॥
अभिष्यंदिकृशस्थूल कृमिकोष्ठाढ्यमारुताः।
पीते विषे गरेऽपच्यां श्लीपदी गलगण्डवान्॥

अ० हृ० सू० १९।६

य एवास्थाप्या गुल्मादयः त एवानुवास्या अपि। तथा निरन्नादयो नानुवास्याः। निरन्नप्लीहादीनामास्थापनविधानादपवादवचनमनुवासने अतिस्निग्धादीनां यथास्वमिति प्रत्येकं पृथगसंकरेणास्थापन प्रतिषेध प्रसङ्गोऽस्मिन्नध्याय एवोक्तः। इन्दुः।

अभुक्ते रिक्तकोष्ठस्य प्रयुक्तमनुवासनम्।
सरदूरगसूक्ष्मत्वैः क्षिप्रमूर्ध्वं प्रपद्यते॥
तेन वातयोर्जयो न स्यात् वातस्थानेह्यतिष्ठता।
कायाग्नेराशु नाशश्च विशेषादनिवर्तनात्॥
स्नेहः सद्योशिताहाररुद्धे त्वामाशये ऽनिलम्।
पक्वस्थं हन्ति पक्वस्थश्च्यवते चान्नपाकतः॥
निरूहश्च समीरश्च तीक्ष्णवेगावुभावपि।
तावन्नमूर्च्छतो तीक्ष्णवधोऽन्नेन सहागतौ॥
ऊर्ध्वं वा शकृता सार्द्धं संस्थितौ कोष्ठ एव वा।
समलाहार विष्टब्धौ हरेतामाशु जीवितम्॥
भुक्तवाननुवास्योऽस्मान्न निरूह्यस्तु भुक्तवान्॥

अ० सं० सू० १८।१५-२०

अभुक्त इत्यादि। अभुक्ते निरन्ने रिक्तकोष्ठस्य सतः पुरुषस्यानुवासनं प्रयुक्तं सरत्वात् दूरगत्वात् सूक्ष्मस्रोतः प्रवेशित्वाच्च शीघ्रमेवोर्ध्वं पूर्वकायं प्रपद्यते। ततः किमित्याह। तेनेत्यादि। तेनानुवासनेनोर्ध्वं प्रवृत्तेन वातधाम्नि पक्वाशये अतिष्ठता वायोर्जयो न स्यात्। स्नेहस्य चानिवर्तनाद्विशेषेणाग्निनाशः स्यात्। यदा तु भुक्तं तदानुवासनं देयमेव। यतः सद्योशितेनाहारेणामाशये रुद्धे पक्वाशयस्थोऽनुवासनस्नेहः पक्वाशयस्थमेवानिलं हन्ति। अन्नपाकतश्च पक्वाशयस्थ एव च्यवते स्नेह पतत्यतोऽग्निनाशं न करोतीति भावः अस्मादन्नं भुक्तवाननुवास्य इति सम्बन्धः। निरूह्यः पुनरभुक्तवानेवान्नम्। यतो भुक्ते निरूहो

जीवितं हन्ति । कथमित्याह निरूहश्चेत्यादि । निरूहस्तावत्तीक्ष्णवेगः । समीरो वायुरपि तीक्ष्ण एव । तावुभौनिरूहसमीरौ तीक्ष्णवेगत्वादन्ने न सहाधो गुदेनागतौ शकृता पुरीष वा सार्धमूर्ध्व मुखेन वागतौ समलेन सपुरीषेण वा आहारेण विष्टब्धौ कोष्ठ एव स्थितौ । सर्वथा सान्ने कोष्ठे निरूहसमीरावाशु जीवितम् हरेताम् । अतोऽस्मान्न निरूह्यस्वन्नं भुक्तवानिति सम्बन्धः । इन्दुः ।

य एवाऽनास्थाप्या अनिरूह्यास्ते चाऽपि नानुवास्याः । तथा पांडवादयो नानुवासनार्हाः । ऐतेषां हि दोषानुत्क्लेश्य स्नेह वस्तिरुदरं जनयेत् । निरन्नस्याऽनुवासनात् स्नेह विपत्तिः । तथा चोक्तं खरनादेन । अभुक्तदत्तश्च तथा स्नेहे बस्तिर्विपद्यत इति । प्लीहादीनां स्तंभजाड्यादीनावहेत् । कृमिकोष्टस्याऽनुवासनात्पूर्वमनिर्हृतैः कृमिभिरिति । बहुत्वादशेषनिःसरणेन हृदयमतिकर्षद्भिश्छर्दयेयुः । आढ्यमारुतस्य सम्यग्दोषनिर्हरणादामवृद्धिः । पीते विषे गरे च नानुवास्या इति योज्यम् । अपच्यां च क्रमेण । श्लीपदीति निर्गलगण्डवानिति ।

अरुणदत्तः ।

नानुवास्यति कुष्ठी स्यान्मेहीस्थूलस्तथोदरी ।

शा० सं० उ० ५।७, भा० पू०

अनास्थाप्या ये ऽभिधेया नानुवास्याश्च ते मताः ।
विशेषतस्त्वमी पाण्डु-कामलामेहपीनसाः ॥
निरन्नप्लीहविड्भेदि-गुरुकोष्ठकफोदराः ।
अभिष्यन्दभृशस्थूल-कृमिकोष्ठाढ्यमारुताः ॥
पीते विषे गरेऽपच्यां श्लीपदी गलगण्डवान् ॥

चक्रदत्तः ।

हि० व्या०—अनुवासन के अयोग्य रोगी—निरूहबस्ति का प्रयोग जिन व्यक्तियों में नहीं करना चाहिए, उन व्यक्तियों में अनुवासनवस्ति का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। विशेषरूप से रिक्त उदर, नये ज्वर, पाण्डुरोग, कामला, प्रमेह, अर्श, प्रतिश्याय अरोचक, मन्दाग्नि, दुर्बल, प्लीहारोग, कफजन्य उदररोग, उरुस्तम्भ, वर्चोभेद (अतिसार),विष, कृत्रिमविष, पित्तज अभिष्यन्द, कफज अभिष्यन्द इन रोगों से आर्त तथा गुरुकोष्ठ, श्लीपद, गलगण्ड, अपची. उदरकृमि इन रोगों में अनुवासन बस्ति नही करनी चाहिए ।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार, उदररोग, प्रमेह, कुष्ठ, स्थौल्य (मेदस्विता), इनके रोगियों को आवश्यकतानुसार आस्थापन (निरूह) बस्ति देनी चाहिए। अनुवासनबस्ति इन रोगों में कदापि नहीं करनी चाहिए । इन रोगों में अनुवासन देने से रोग असाध्य हो जाता है और विशेषरूप से अङ्गमर्द हो जाता है ।

उपरोक्त रोगों में अनुवासन बस्ति न देने का कारण— अभुक्त (रिक्त

कोष्ठ) में अनुवासन बस्ति देने से स्रोतों के अनावृत हो जाने के कारण स्नेह अधिक मात्रा में ऊपर की ओर चला जाता है । नवज्वर, पाण्डुरोग, कामला तथा प्रमेह से पीडित रोगियों में अनुवासनबस्ति दोषों को उभाड़कर उदर रोगों को उत्पन्न करती है ।

अर्श के रोगियों में अनुवासनबस्ति देने से अर्श के अंकुर को गीलाकर आध्मान उत्पन्न करती है । अरोचक में अनुवासन बस्ति देने से अन्न खाने की इच्छा को नष्ट कर देती है । मन्दाग्नि और दुर्बल व्यक्तियों में प्रयुक्त अनुवासन बस्ति अग्नि को अतिशय मन्द कर देती है । प्रतिश्याय प्लीहा आदि रोग से पीड़ित व्यक्तियों में (पहले से ही अधिक दोष उत्क्लेशित रहता है) अनुवासन बस्ति देने से दोष अधिक बढ़ जाते हैं । अतः इन रोगों में अनुवासन बस्ति का प्रयोग नहीं करना चाहिए । आचार्य वाग्भट ने इसी भाव को पद्य बद्ध किया है । अन्य आचार्यों ने चरक के विचार का अनुगमन किया है ।

अनुवासन द्रव्याणि

अतः परमनुवासनद्रव्याण्यनुव्याख्यास्यन्ते अनुवासनं तु स्नेह एव । स्नेहस्तु द्विविधः—स्थावरात्मको जङ्गमात्मकश्च, तत्र स्थावरात्मकः स्नेहः तैलमेव च । तद् द्वयं तैलमेव कृत्स्नोपदिश्यते सर्वतः तैलप्राधान्यात् । जङ्गमात्मकस्तु—वसामज्जा सर्पिरिति । तेषां तु तैलवसामज्जसर्पिषां यथापूर्वं श्रेष्ठं वातश्लेष्मविकारेष्वनुवासनीयेषु यथोत्तरं तु पित्तविकारेषु, सर्व एव वा सर्वं विकारेष्वपि च योगमुपयान्ति संस्कारविधिविशेषादिति । च० वि० ८।१५३

तत्र तैलमिति=तैलभूतं सर्षपस्नेहादि । तैलप्राधान्यादिति—स्थावरस्नेहेषु तिलतैलस्यैव प्राधान्यात् । एतेन तैले यो विधिः, स सर्षपादौ बोद्धव्यः, 'तैलशब्देन' तु सार्षपादीनामिह ग्रहणम् । तिलभवस्नेहस्य प्राधान्यप्ररूपणार्थं ,तैलं' सार्षपादीनामग्रहणं भवत्येव यदुक्तं सुश्रुते—निष्पत्तेस्तदगुणत्वाच्च तैलमितरेष्वपि । (सु० सू० अ० ४५) इति चक्रपाणिः ।

[1]एतेष्वेव च योगेषु स्नेहाः सिद्धाः पृथक्-पृथक् ।
समस्तेष्वथवा सम्यग्विधेयाः स्नेहबस्तयः ॥

सु० चि० ३८।८८

हि० व्या०—अनुवासनद्रव्य—आचार्य चरक के अनुसार स्नेह को ही अनुवासन कहा जाता है । स्नेह के दो भेद होते हैं (१) स्थावर (२) जङ्गम । स्थावर स्नेह दो प्रकार के हैं । तैल और अतैल, इनका ही यहां उपदेश किया गया है क्योंकि इन दोनों में भी तैल ही प्रधान है । जङ्गम स्नेह वसा-मज्जा-और घृत है । तैल-वसा-मज्जा और घृत इन स्नेहों में से अनुवासन योग्य वात

१. एतेष्वेव योगेष्वित्यादि । एतेषु पूर्वोक्तेषु गणेषु । डल्हणः ।

एवं कफ के रोगियों में यथापूर्व श्रेष्ठ माना जाता है। वात और कफ जन्य रोग में तैल का अनुवासन देना लाभकारी है। तैल से वसा कम लाभकारी है, वसा से मज्जा कम लाभकारी है, एवं मज्जा से घृत कम लाभकारी है। पित्त-जन्य रोग में उत्तरोत्तर ये स्नेह श्रेष्ठ होते हैं। अर्थात् पित्तजन्य रोगों में अनुवासन के लिए घृत सबसे श्रेष्ठ है। मज्जा घृत से कम लाभकारी है। चारों स्नेह रोगानुसार विशेष संस्कारित होने पर सभी रोगों में लाभकारी होते हैं।

दशेमान्यनुवासनोपयोगानि।

रास्नासुरदारूबिल्वमदनशतपुष्पावृश्चीरपुनर्नवाश्वदृष्टांग्निमन्थश्योनाका इति। दशेमान्यनुवासनोपयोगानि भवन्ति। च० सू० ४।१४

हि० व्या०—अनुवासनोपयोगी महाकषाय—रास्ना, देवदारू, बिल्व, मदनफल, सौंफ, श्वेतपुनर्नवा, रक्तपुनर्नवा, गोखरू, अरणी, श्योनाक (सोनापाठा), ये दश औषधियां अनुवासन कर्म में उपयोगी हैं।

अनुवासने स्नेह परिणाम निर्देशः।

निरूहपादांशसमेन तैलेनाम्लानिलघ्नौषधसाधितेन। च० सि० ३।२८ (क)

निरूहपादांशसमेनतैलेनेति निरूहपादप्रमाणेन, चतुर्विंशतिपले निरूहे षट्पलेन स्नेहेनेत्यर्थः, इयं चोत्तममात्राऽनुवासनस्य, उक्तं ह्यन्यत्रउत्तमा षट्पलीपोक्ता मध्यमात्रिपली भवेत्। कनीयसीसार्धपला, त्रिधामात्राऽनुवासने" इति। सुश्रुतेऽप्येतावन्मानमेव स्नेहस्यानुवासनमात्रा मात्रावस्तिविभागेनानुवासने उक्तम्। चक्रपाणिः।

यथावयो निरूहाणां या मात्राः परिकीर्तिताः।
पादावकृष्टास्ताः कार्याः स्नेहबस्तिषु देहिनाम्।

सु० चि० ३७।४, अ० हृ० सू० १९।१६, चक्रदत्तः।

वय इह सांवत्सरिकादीनां शरीरावस्थाविशेषः। पादपकृष्टाः चतुर्भागावशिष्टाः। डल्हणः।

प्रकृष्टः कन्यसीमात्रा, ततोऽध्यर्धा तु मध्यमा।
उत्तमा द्विपला मात्रा मात्रावस्तौ तु भार्गव॥
अपस्तनस्यार्धं पलं परिहार्या निरत्यया।
कर्षत्रयं त्रिवर्षस्य, चतुर्वर्षस्य वै पलम्॥
षड्वर्षस्य तु बालस्य स्व एव प्रसृतः स्मृतः।
द्वौ द्वौ द्वादशवर्षाणां चत्वारः प्रसृतास्तथा।
देयाः षोडशकादीनां पूर्वाह्णे वाऽन्तरेषु च।
यावन्मध्यं वयो, वार्धे त्वपकर्षेद्यथाक्रमम्॥
समीक्ष्य देहदोषाग्निबलं प्रकृतिमेव च॥

का० सं० ८।१०४।१०८

यथास्वमास्थापनमात्रा पादहीना माधुतैलिके प्रयोजा अनुवासने त्वेवमेवास्थापनस्य पाद इति। अ० सं० सू० २८।२३

यथास्वमित्यादिना माधुतैलिकमात्रोच्यते। येषु वर्षेषु यावत्या स्थापनमात्रा विहिता तेषु वर्षेषु माधुतैलिकस्य नव प्रसृता देयाः। अनुवासनस्य त्रयः प्रसृताः। एवं सर्वत्रोह्यम्। इन्दुः।

उत्तमा स्यात्पलैः षड्भिर्मध्यमा स्यात्पलैस्त्रिभिः।
तदर्द्धेन च हीना स्यात्त्रिधामात्रानुवासने।

चक्रदत्त, वंगसेन।

उत्तमस्य पलैः षड्भिर्मध्यमस्य पलैस्त्रिभिः।
पलस्यार्धेन हीनस्य युक्ता मात्रानुवासने॥

शा० सं० उ० ५।२०, भावप्र०, वंगसेन

प्राग्देयमाद्ये द्विपलं पलार्द्धवृद्धिर्द्वितीये पलमक्षवृद्धिः।
कर्षद्वयं वा वसुमात्रवृद्धिर्वस्तौतृतीये क्रम एष उक्तः॥

चक्रदत्त।

प्रसृतस्य पलार्द्धेन पलस्य पिचुना तथा।
तदर्द्धस्यार्द्धकर्षेण वृद्धिः कार्या यथाक्रमम्॥
षट् पलं त्रिपलं सार्द्धपलं पूर्णं यथा भवेत्॥ वंगसेन।

एतच्च षटपलादि मात्राविधानं क्रमेणैव विधेयं, न त्वेकदिने एवेत्याह प्रागित्यादि। आद्ये षट्पलस्नेहे गुरु मात्रारूपे प्रथमं पक्वस्नेहस्य द्विपलं, ततो दिनैकं विश्राम्य पलार्द्धेन वृद्धिः एवं क्रमेण नवभिः स्नेहदानदिनैः षट्पलानि स्युः अन्तरालदिवसाश्चाष्टवतो मिलित्वासप्तदश वासराभवन्ति। द्वितीये मध्यमे त्रिपले इति यावत्, तत्पलमादौ देयं, तत एकैकदिनं विश्राम्य अक्षेण कर्षेण वृद्धिः; अत्रापि नवभिः स्नेहदानदिवसैः पलत्रयं पूर्य्यते। तृतीये कनीयसि सार्द्धपले आदौ कर्षद्वयं, तथैव एकैकदिनं विश्राम्य वसुपरिमितैरिति—अष्टाभिर्माषकैर्वृद्धिः कार्या; अत्राहि तावद्भिरेव स्नेहदानदिवसैः सार्द्धपलमानं पूर्य्यते। इयमेव हि कनीयसी मात्रा निरपाया सार्वलौकिकी सार्वकालिकी वृद्धव्यवहारसिद्धा च। शिवदास सेन।

हि० व्या०—आचार्य पुनर्वसु आत्रेय के अनुसार अनुवासन वस्ति में स्नेह की मात्रा निरूहवस्ति से चतुर्थांश प्रयोग करनी चाहिए। अम्ल एवं वातनाशक औषधियों के क्वाथ के साथ तेल (स्नेह) मिलाकर अनुवासन वस्ति देनी चाहिए। आयु के अनुसार निरूहवस्ति की जो मात्रा बताई गई है उसका चतुर्थांश भाग (चौथाई मात्रा) स्नेहवस्ति में प्रयोग करना चाहिए। चरक और सुश्रुत के इस मत को आचार्य वाग्भट एवं अन्य आचार्यों ने भी समर्थन किया है।

आचार्य काश्यप ने जीवक को संबोधित करते हुए कहा है कि मात्रा वस्ति में छोटी मात्रा एक प्रकुञ्च (४ तो०), मध्यम मात्रा डेढ़ प्रकुञ्च (छः तो०) और उत्तम मात्रा २ प्रकुञ्च (८ तो०) की होती है। जो बालक दूध पीना छोड़ चुका हो उसके लिए यह मात्रा २ तो० की होती है। यह मात्रा सभी अवस्थाओं में प्रयोग की जा सकती है एवं निरापद है।

स्नेह बस्ति की मात्रा—आचार्य काश्यप के अनुसार तीन वर्ष तक के बालक के लिए स्नेहवस्ति की मात्रा ३ तो० होती है। चार वर्ष के बालक के लिए एक पल (४ तो०), छः वर्ष के बालकों के लिए दो प्रसृत १६ तोला, सोलह वर्ष के बाद ६० वर्ष तक की आयु या उसके बीच में ४ प्रसृत ३२ तो० मात्रा देनी चाहिए। वृद्धावस्था में रोगी के शरीर, दोष, अग्निबल तथा प्रकृति को देखकर इस मात्रा को क्रमशः कम करना चाहिए।

आचार्य वंगसेन, चक्रपाणिदत्त, शार्ङ्गधर एवं भाव मिश्र जी ने अनुवासन की उत्तम मात्रा छः पल (२४ तो), मध्यम मात्रा तीन पल (१२ तो०), और छोटी मात्रा डेढ़ पल (६ तो०) की मानी है।

त्रिविध मात्रा प्रयोग क्रम - (१) उत्तम मात्रा में अनुवासन बस्ति देने के लिए दो पल (८ तो०) से प्रारम्भ करनी चाहिए। तदनन्तर दो दो तोले बढ़ाकर सम्पूर्ण मात्रा छः पल (२४ तो०) तक देनी चाहिए।

(२) मध्यममात्रा में अनुवासनवस्ति देने के लिए पहले एक पल (४ तो०) से देनी चाहिए तदनन्तर १-१ तो० बढ़ाकर ३ पल (१२ तो०) तक देनी चाहिए।

(३) छोटी मात्रा में अनुवासम वस्ति देनी हो तो पहले दो तोले से अनुवासन प्रारम्भ करानी चाहिए पश्चात् छः-छः माशे बढ़ाकर (प्रतिदिन) सम्पूर्ण मात्रा डेढ़ पल (६ तो०) तक देनी चाहिए।

बालकों में अवस्थानुसार एक तो०, २ तो० ४ तो०, आठ तोला के क्रम से बढ़ाकर डेढ़पल, तीन पल, और छः पल तक देनी चाहिए।

अनुवासनबस्ति काल विशेष विचारः।

शीते वसन्ते च दिवाऽनुवास्यो
रात्रौ शरद्ग्रीष्मघनागमेषु।
तानेव दोषान् परिरक्षता ये
स्नेहस्य पाने परिकीर्तिताः प्राक्।

च० सि० १।२२-२३, वंगसेन

शीतशब्देन शिशिरहेमन्तयोरपि ग्रहणम्। दिवेति निशासमीपे दिवाविभागे, रात्रावपि च दिन समीपायां रात्रौ। दोषान् परिरक्षता दोषान् दृष्ट्वा, अन्तरं च दोष वर्जनेन परिरक्षता; ये स्नेहस्य पाने परिकीर्तिताः स्नेहाध्याये,—"श्लेष्माधिको दिवाशीते" (सू० अ० १३) इत्यादिना ग्रन्थेन, य एवाकालपीतस्नेहदोषा भवन्ति त एव यथोक्तकाल विपर्ययकृतानुवासनेऽपिदोषा भवन्तीत्युक्तं भवति। स्नेहाध्याये यद्वात पित्ताधिकत्वादिविशेषेणापि रात्रौ दिवा च स्नेहपानं विहितं तदिहापिसमानन्यायत्वादेकदेशाभिधानेनापरैकदेशानुमानाच्च ज्ञेयम्।

चक्रपाणिः।

शीते वसन्ते च दिवा ग्रीष्मप्रावृड्घनात्यये।
स्नेह्यो दिनान्ते पानोक्तान् दोषान् [1]परिजिहीर्षता॥

सु० चि० ३७।५१

दिवा शीते वसन्ते च स्नेहबस्तिः प्रदीयते।
ग्रीष्मवर्षा शरत्काले रात्रौ स्यादनुवासनम्॥

शा० उ० ५।१८, भाव प्र०

उष्णकाले क्वचिद्रात्रेऽपि अनुवासनम्।

पित्तेऽधिके कफे क्षीणे रूक्षे वातरुगर्दिते।
नरे रात्रौ तु दातव्यं काले चोष्णेऽनुवासनम्॥
उष्णे पित्ताधिके वाऽपि दिवा दाहादयो गदाः।
संभवन्ति यतस्तस्मात् प्रदोषे योजयेद्भिषक्॥

सु० चि० ३७।४६-५०

रात्रिशब्दोऽत्र प्रथमप्रहरवाचकः। डल्हणः।

हि० व्या० वातरोग से आर्त, रूक्ष शरीर व्यक्ति में कफ के क्षीण होने पर और पित्त की अधिकता में तथा ग्रीष्म ऋतु में रात्रि में अनुवासन देना चाहिए। ग्रीष्मकाल में या पित्त की अधिकता में दिन में अनुवासन देने पर दाह आदि रोग होते हैं। अतः प्रदोषकाल (रात्रि के प्रथम प्रहर) में अनुवासन प्रयोग करना चाहिए।

आत्ययिके रोगे शीघ्रमपि अनुवासने युक्तिः।

अहोरात्रस्य कालेषु सर्वेष्वेवानिलाधिकम्।
तीव्रायां रुजि जीर्णान्नं भोजयित्वाऽनुवासयेत्॥

सु० चि० ३७।५२

विशिष्टावस्थायामस्यापवादमाह—अहोरात्रस्येत्यादि। कालेषु सर्वेष्विति 'तत्तत्कालविरुद्धकृत्रिमगुणोपधानं कृत्वैव' इति शेषः। प्रागशुद्धस्य केवल वातपीडितस्य सर्वेष्वप्यहोरात्रावयवेष्वनुवासनमभिहितम्, इह तु शुद्धस्येति न पौनरुक्त्यम्। डल्हणः।

हि० व्या०—आचार्य सुश्रुत के अनुसार आत्ययिक अवस्था में कभी भी (हमेशा) अनुवासन बस्ति का प्रयोग किया जा सकता है। यदि वात रोगी को

१. परिजिहीर्षता = परिहर्तुमिच्छता। डल्हणः।

अत्यन्त वेदना हो तो अनुवासनवस्ति का प्रयोग दिन में भी या तत्काल किया जा सकता है। रोगी को यदि खाया हुआ आहार पच गया हो तो पुनः खाना खिलाकर अनुवासन वस्ति देनी चाहिए।

पुनः पुनः अनुवासन कालः।

त्र्यहे त्र्यहे वाऽप्यथ पञ्चमे वा
दद्यान्निरूहादनुवासनं च। च० सि० १।२४

अन्वासयेत्तृतीयेऽह्नि पंचमे वा पुनश्च तम्।
यथा वा स्नेह पक्तिः स्यादतोऽत्युल्बणमारुतान्।
व्यायामनित्यान् दीप्ताग्नीन् रूक्षांश्च प्रतिवासरम्।

अ० हृ० सू० १९।२५, चक्रदत्तः।

तमातुरं भूयस्तृतीये दिवसे पंचमे वाऽनुवासयेत्। अथवा यथा स्नेह पाको भवेदित्यग्न्यपेक्षया सप्तरात्रेऽधिके न्यूने वा त्रिरात्रे वा यथायोग्यमनुवासयेत्। अतोऽस्मादेवहेतोरधिकपवनान्व्यायाम्शीलान्त्यग्निदीप्तान् रूक्षांश्च पुरुषान् प्रत्यहमनुवासयेत्।

अरुणदत्तः।

प्रथममनुवासितं तृतीये पञ्चमे वाऽहनि अनुवासयेत्; अत्र अति वृद्ध वाते त्र्यहेऽनुवासन देयं, मन्दाग्नौ वृद्धकफपित्ते तु पञ्चमदिनेऽनुवासनमिति व्यवस्था। यथा वा स्नेहपक्तिः स्यादित्यनेनाग्न्यपेक्षया उक्तकालातिक्रमोऽपि कार्य्य इति बोधयति। उष्णवातादीन् प्रति तु प्रत्यहमेवानुवासनं देयमित्याह, अतोऽपीत्यादि। अतोऽपीति—त्र्यहादिदेयानुवासनापेक्षयाऽपीत्यर्थः।

शिवदास सेनः।

हि० व्या०—तीसरे या पांचवे दिन पुनः अनुवासन बस्ति देनी चाहिए। अथवा जैसे-जैसे स्नेह का पाचन हो उसी प्रकार अनुवासन देना चाहिए।

जिनका बात बढ़ा हुआ हो, जो प्रतिदिन व्यायाम करता हो तथा अग्नि प्रदीप्त हो एवं रूक्षता हो ऐसे व्यक्तियों को प्रतिदिन अनुवासन दिया जा सकता है।

प्रत्यहं अनुवासनबस्ति सेवनयोग्य रोगी निर्देशः।

रूक्षाय बहु वाताय स्नेहबस्तिं दिने दिने।
दद्याद्वैद्यस्तथान्येषांमग्न्याबाध भयात् त्र्यहात्।

सु० चि० ३७।७९, भाव प्र०

अथ वातादितं भूयः सप्त एवाऽनुवासयेत्।

अ० हृ० सू० १९।४०

दीप्ताग्नेर्दृढदेहस्य सोदावर्तं विमार्गगे।
श्रोणिबंक्षणसंस्थे च वाते शस्तं दिने-दिने॥

का० सं० खि० ८।८३

अवस्था विशेषे अशोधितस्यापि अनुवासननिर्देशः।

अशुद्धमपि वातेन केवलेनाभिपीडितम्।
अहोरात्रस्य काले तु सर्वेष्वेवानुवासयेत्॥

सु० चि० ३७।४३, चक्रदत्तः, वंगसेन

हि० व्या०—केवल वात रोग से पीडित अशुद्ध शरीर वाले पुरुष को (दिन या रात) कभी भी अनुवासनबस्ति देना चाहिए।

दोषभेदन अनुवासन वस्तिप्रयोगसंख्या।

एकं तथा त्रिन् कफजे विकारे
पित्तात्मके पञ्च तु सप्त वाऽपि।
वाते नवैकादश वा पुनर्वा—
बस्तीनयुग्मान् कुशलो विदध्यात्॥

च० सि० १।२५, वंगसेन

संप्रति दोषभेदेनानुवासननियममाह—एकं तथा त्रीनित्यादि। एतच्च 'संख्याः कति' इति। प्रश्नस्योत्तरं 'त्रिंशन्मताः कर्मनु' इत्यादिना भविष्यति। कफपित्तविषयतयैतद्बोद्धव्यम्। पुनर्वेत्यनेन वाते नव एकादश वा कुर्यात्। अयुग्मानित्यनेन द्विचतुः षडादि संख्यया युग्मदानं निषेधयति, अयुग्मदानं प्रभावादेवात्रोपकारीति महर्षिवचनाद्बोध्यं, यथा "युग्मेष्वहः सु पुत्रकामौ संवसेताम्" (शा० उ० ८) इति; उपपत्तिश्चात्रातिप्रसङ्गभीत्या न कथिताऽऽचार्येण। यत्तु,—त्रीन् पञ्च वाऽऽहुश्चतुरोऽथ षड् वा' इत्यादिना युग्मबस्तिदानं वक्ष्यति, तन्निरूहाङ्गतया स्नेहनार्थं क्रियमाणानुवासनविषययुग्मबस्तिदानं ज्ञेयम्, इह तु प्रधानतया क्रियमाणानुवासनविषयमयुग्मदानमिति न विरोधः। एतेन, यदुक्तमाषाढवर्मणा "निरूहकार्यकारणमयुग्मदानमस्मिन्नोक्तं निपिद्धपूर्वं च योगस्यान्ते क्रमादेकं तथा त्रीनित्यादीन् स्नेहान् प्राह" इति, तन्निरस्तं ज्ञेयम्। किं च, अयुग्मानित्यनेन पुनर्वेत्यनेन च यत्रानुवृत्त्याऽनुवासनं देयं तत्रायुग्मकं निरूहान्तरितं च कर्तव्यमित्यर्थः। तेन यथोक्तं संख्याकान्निरूहान् दत्त्वा यथोक्तसंख्यया स्नेहो देयः विषमसंख्योपादानं तु मध्यविधयाऽपि द्वयहचतुरहादिग्राहकं भवति, तेनोत्तरत्र वक्ष्यमाणसंख्यानुवासनम् न विरोधीति ब्रूते। जतूकर्णेऽप्युक्तं – "निरूहे व्युदिते भुक्तवातोऽनुवासनं परं द्वितीयेऽहनि पञ्चमे वा तथैकादशाहेऽपकर्षतो द्वि त्रि चतुरादि (?) वातादिषूच्यते" इति। चक्रपाणिः।

एवं कफे स्नेहबस्तिमेकं त्रीन्वा प्रयोजयेत।
पञ्च वा सप्त वा पित्ते नवैकादशवाऽनिले।
पुनस्ततोऽप्य युग्मांस्तु पुनरास्थापनं ततः।

अ० हृ० सू० २८।४८

एकेन त्रिभिर्वा स्नेहबस्तिभिः कफे प्रधाने साम्यग्योगलिङ्गे चानुत्पन्ने पुनरपि बस्तीन् प्रकल्पयेत्। अयुग्मानिति सर्वत्र सम्बध्यते। वाते पित्ते कफे च यथोक्तादधिकानपि एवमेव। तत्र द्वितीय चतुर्थषष्ठाष्टमादयो युग्माः तृतीय पञ्चमसप्तमादयोऽयुग्माः। ततः सम्यक् स्निग्ध आस्थापनम्। इन्दुः।

एक त्रीन् वा बलासे तु स्नेहबस्तीन् प्रकल्पयेत्।
पंच वा सप्त वा पित्ते नवैकादश वाऽनिले।
पुनस्ततोऽप्ययुग्मांस्तु पुनरास्थापनम् ततः॥

अ० हृ० सू० १६।४३

स्नेहबस्तीननुवासनानि एकं त्रीन्वा श्लेष्मविकारे प्रकल्पयेत्। कार्ये कारणोपचारादेवमुक्तम्। एवमग्रेऽपि चिन्त्यम्। पित्ते पंच स्नेहबस्तीनथवासप्तदद्यात्। नव एकादश वा वायौ दद्यात् ततः पुनरयुग्मान् स्नेहबस्तीन् दद्यात्। ततः पुनरास्थापनं दद्यात्। अयुग्मवचनम् स्नेहबाहुल्येनाऽयं व्यवहारो युक्तइति प्रतिपादयितुम्। वातार्तस्य तु युग्मा अपि देया एव। तथा चाऽमुनैवाऽभ्यधायि व्यायामनित्यान्। दीप्ताग्नीन् रूक्षांश्च प्रतिवासरमिति। अरुणदत्तः।

अनेन विधिना षड् वा सप्त चाष्टौ नवापि वा।
विधेया वस्तयस्तेषामन्ते चैव निरूहणम्॥ भावप्र०
इति स्नेहैस्त्रिचतुरैः स्निग्धे स्रोतोविशुद्धये।
निरूहं शोधनं युञ्ज्यादस्निग्धे स्नेहनं तनोः॥ चक्रदत्तः

त्रिचतुरैः स्नेहैरित्यनेन चतुः सङ्ख्यवस्तिदानं विधीयते, तथा च विरोधः; उक्तं हि चरके—"बस्तीन्युग्मान् कुशलो विदध्यात्" (सि० क०) इति। अयुग्मबस्तिदानञ्च प्रभावादेवाग्रोपकारीति महर्षिवचनादुन्नीयते; यथा "युग्मेष्वहःसु पुत्रकामौ संवसेताम्" इति। अयुग्मदानोपपत्तिश्चात्रातिप्रसङ्गभीत्या न कथिता आचार्येण। यत्त अत्र त्रिचतुरैरित्यनेन युग्मवस्तिदानमुक्तं, तन्निरूहाङ्गतया स्नेहनार्थक्रियमाणानुवासनविषयम्, अयुग्मवस्तिदानं तु स्वतंत्रक्रियमाणानुवासनविषयम्, अतो भिन्नविषयतया न विरोधः। किं वा चरके अयुग्मानित्यस्य सान्तरानित्यर्थः; तेन यत्रानुवृत्त्याऽनुवासनं देयं तत्रायुग्मकं निरूहान्तरितं कर्तव्यम्; तेन नवसु एकादशसु वाऽनुवासनेषु दत्तेषु यदि वायुर्न शाम्यति तदा तस्य मार्गावरण निवृत्त्यर्थंनिरूहं दत्त्वा पुनर्यथोक्तसङ्ख्ययाऽनुवासनं देयमित्यर्थः। शिवदाससेनः।

हि० व्या०—कफजन्य रोगों में एक या तीन अनुवासनबस्तियां देनी चाहिए। पित्तजन्य रोगों में पाँच या सात बस्ति देनी चाहिए। वातजन्य रोगों में नौ अथवा ग्यारह अनुवासन वस्तियां देनी चाहिए। इस प्रकार विषम संख्या में अनुवासन वस्ति देनी चाहिए। इस संदर्भ में वाग्भट, वंगसेन तथा भावमिश्र के विचार समान है।

विरेचनानन्तरं अनुवासन प्रयोगात् प्राक् रोगी बलाधानाय सप्तरात्रं यावत् व्यवधाने युक्तिः।

विरेचनात् सप्तरात्रे गते जातबलाय वै।
कृतान्नायानुवास्याय सम्यग्देयोऽनुवासनः॥

सु० चि० ३७।३, शा० उ० ५।२२, वंगसेन, भावप्र०

विरिक्तश्चानुवास्यश्चेत् सप्तरात्रात् परं तदा। चक्रदत्तः।

अनुवास्यः सप्तरात्राद्विरेचित इति यदुक्तं तद्बललाभे एव नान्यथेति दर्शयन्नाह—विरेचनादित्यादि। जातबलायेति जातबलस्यैवानुवासनं देयं, यत उदावृत्तबलस्यैवाग्निर्बलवानुवासन हेतुः। तथा चोक्तं—"पश्चादग्निबलं ज्ञात्वा सम्यग्देयोऽनुवासनः"। "कृताहाराय सायाह्ने" इति केचित् पठन्ति, "कृताहाराय सततम्" इत्यन्ये। डल्हणः।

हि० व्या०—विरेचन के एक सप्ताह पश्चात् अन्न ग्रहण करने से रोगी के बलयुक्त (अनुवासन के योग्य) हो जाने पर विधिवत् अनुवासनवस्ति देनी चाहिए। इस सन्दर्भ में वंगसेन, शार्ङ्गधर, चक्रदत्त एवं भावमिश्र सभी आचार्यों का विचार सुश्रुत के समान है।

स्नेहबस्ति दानात् प्राक् रुग्णस्य उत्सृष्टानिलविण्मूत्रत्वे युक्तिः।

उत्सृष्टानिलविण्मूत्रे नरे बस्तिं विधापयेत्।
एतैर्हि विहतः स्नेहो नैवान्तं प्रतिपद्यते॥

सु० चि० ३७।५, वंगसेनः

बस्तेः पूर्वकर्म निर्दिशन्नाह – उत्सृष्टेत्यादि। यस्मादेतैः कारणैरनुत्सृष्टैरनिलविण्मूत्रैर्नैद्वारावरकैरन्तर्विहतः अवरुद्धो दत्तः स्नेहो नैवान्तं प्रतिपद्यते नैवान्तः प्रविशतीत्यर्थः। 'एतैर्हि विहत' इत्यत्र 'अन्यथा विहत' इति केचित् पठन्ति, तत्रान्यथा अन्येन प्रकारेण, अनुत्सृष्टानिलविण्मूत्रत्वेनाविशुद्धस्य देहिन इत्यर्थः। डल्हण।

हि व्या—वायु, मल एवं मूत्र आदि वेगों को उत्सर्जित करने के पश्चात् बस्ति देनी चाहिए क्योंकि इन वेगों के त्याग नहीं करने पर स्नेह को अन्दर प्रवेश करने में रुकावट होती है। आचार्य वंगसेन ने सुश्रुत का अनुगमन किया है।

स्नेहबस्ति दानात् प्राक् महास्रोत संशोधनस्य आवश्यकतायां युक्तिः

स्नेहबस्तिर्विधेयस्तु नाविशुद्धस्य देहिनः।
स्नेह वीर्यं तथा दत्ते देहं चानु विसर्पति॥

सु० सि० ३७।६, चक्रदत्त

अतो विण्मूत्रनिर्हरणे कृत् स्नेहबस्तिविधीयते इति दर्शयन्नाह—स्नेहेत्यादि।

तथा तेन प्रकारेण शुद्धे शरीरे स्नेहबस्तिः स्नेहवीर्यं दत्तो ददातीत्यर्थः। 'स्नेहो दोषैरपिहितः स्रोतः सु न विसर्पति—" इति केचिदर्धं पठन्तिः। अपिहित आच्छादित इत्यर्थः। डल्हणः।

हि० व्या०—अशोधित व्यक्ति को अनुवासन वस्ति नहीं देनी चाहिए। शुद्ध शरीर में स्नेहवस्ति का प्रयोग करने पर स्नेह का वीर्य सम्पूर्ण शरीर में फैल जाता है।

किञ्चित् भुक्तवत एव अनुवासन दाने युक्तिः।

न चाभुक्तवतः स्नेहः प्रणिधेयः कथञ्चन
शुद्धत्वाच्छून्यकोष्ठस्य स्नेह ऊर्ध्वं समुत्पतेत्।

सु० चि० ३७।५३, चक्रदत्तः।

अभुक्तवतः प्रतिषेधमाह—न चेत्यादि। स्नेह ऊर्ध्वं समुत्पतेत् सम्यगूर्ध्वं गच्छेत्। ततश्चातिपीडितवद् व्यापत् स्यात्। शुद्धत्वादित्यत्र सूक्ष्मत्वादिति पठित्वा गयदासः सूक्ष्ममार्गानुसरणशीलत्वादस्येति व्याख्यानयति। डल्हणः।

हि० व्या०—रिक्तकोष्ठ (खाली पेट) में स्नेह का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि शुद्ध एवं रिक्तकोष्ठ में स्नेह प्रयोग करने से स्नेह के मुख मार्ग से बाहर निकल जाने की शंका रहती है।

अनुवासनात् प्राक् भोजनादि विशेष नियमाः।

सदाऽनुवासयेच्चापि भोजयित्वाऽऽर्द्रपाणिनम्।
ज्वरं विदग्धभुक्तस्य कुर्यात् स्नेहः प्रयोजितः॥
न चाति स्निग्ध शमनं भोजयित्वाऽनुवासयेत्।
मदं मूर्छां च जनयेद् द्विधा स्नेहः प्रयोजितः॥
रूक्षं भुक्तवतो ह्यन्नं बलं वर्णं च हापयेत्।
युक्तस्नेहमतो जन्तुं भोजयित्वाऽनुवासयेत्॥
यूषक्षीररसैस्तस्माद्यथाव्याधि समीक्ष्य वा।
यथोचितात् पादहीनं भोजयित्वाऽनुवासयेत्॥

सु० चि० ३७।५४-५८, वंगसेन

भोजनोत्तर कालमेवानुवासनमविलम्बिताह-सदेत्यादि। भोजनाद्विलम्बितदाने दोषं दर्शयन्नाह ज्वरमित्यादि। कीदृशमन्नं भुक्तवन्तमनुवासयेत्तदाह न चेत्यादि। हापयेदित्यत्र स्नेहः प्रयोजित इति संबध्यते। युक्तस्नेहम् अल्पस्नेहम्। यथाव्याधीति रोगनातिक्रमेण, रोगानुरूपमिति यावत्। अत्रैवानुवक्तमप्यवेक्षमाण आह समीक्ष्य वेति। सम्यगीक्षित्वा 'सात्म्यं दोषं च' इति शेषः। अत्र यूषो मुद्गयूषः स च कृतो ग्राह्यः, क्षीरं गव्यं, रसो मांसरसः, तैर्यथासंख्यं कफपित्तवात प्रत्यनीकैर्भोजयित्वा, यथोचितात् पादहीनमिति प्राक् संशुद्धस्य कृतसंसर्जनस्य उचिताद्भुक्तात्पादहीनमुत्तममध्यममन्दाग्निविशेषेण पादेन पादा-

ध्यां पादैर्वा हीनमिति ज्ञेयं; अर्धहीनं त्रिभागंवा भोजयित्वाऽनुवासयेत्" मुनिना प्रोक्तत्वात्। डल्हण।

न चातिस्निग्धमसनं भोजयित्वानुवासयेत्।
मदं मूर्च्छाञ्च जनयेद् द्विधा स्नेहःप्रयोजितः॥
रूक्षं भुक्तवतोऽत्यन्तं बलं वर्णञ्च हापयेत्।
युक्तस्नेहमतोजन्तुं भोजयित्वाऽनुवासयेत्॥

भा० प्र०

हि० व्या०—भोजन के पश्चात् हाथ धोने के अनन्तर यथाशीघ्र अनुवासन वस्ति देनी चाहिए। अन्न की विदग्धावस्था (पच्यमानावस्था) में अनुवासन (स्नेहवस्ति) देने पर ज्वर उत्पन्न हो जाता है। अति स्निग्ध भोजन के पश्चात् भी अनुवासन नहीं देनी चाहिए। उपरोक्त दो विधियों का पालन नहीं करने पर रोगी में मद और मूर्च्छा हो सकती है। रूक्ष अन्न का भोजन करने पर बल और वर्ण की हानि होती है। अतः अल्पमात्रा में स्नेह का भोजन के साथ प्रयोग करना चाहिए। मूंग आदि का यूष, दूध, मांसरस, रोग के अनुकूल और सात्म्य पदार्थ, भोजन की मात्रा से चतुर्थांश कम खिलाकर अनुवासन (स्नेहबस्ति) देनी चाहिए।

अभुक्त रिक्त कोष्ठस्य प्रयुक्तमनुवासनम्।
सरद्रुगसूक्ष्मत्वैः क्षिप्रमूर्ध्वं प्रपद्यते॥
तेन वायोर्जयो न स्याद्वातधामन्यतिष्ठता।
कायाग्नेरासुनाशश्च विशेषादनिवर्तिना॥
स्नेहः सद्योऽशिताहाररुद्धे त्वामाशयेऽनिलं।
पक्वस्थं हन्ति पक्वस्थश्च्यवते चान्नपाकतः॥
निरूहश्च समीरश्च तीक्ष्णवेगावुभावपि।
तावन्नमूर्छितौ तीक्ष्णवधोऽन्नेन सहागतौ॥
ऊर्ध्वं वा शकृता सार्धं संस्थितौ कोष्ठ एव वा।
समलाहारविष्टब्धौ हरेतामाशु जीवितम्॥
भुक्त एवानुवास्योऽस्मान्न निरूह्योऽत्र भुक्तवान्।
पाण्डुरोगार्तादीनां दोषानुत्क्लेश्य स्नेहबस्तिरुदरं जनयेत्।
प्रतिश्यायादिवतां भूयएव दोष वर्धयेत्।

अ० सं०सू० २८।१३-१८

अभुक्ते निरन्ने रिक्तकोष्ठस्य सतः पुरुषस्यानुवासनं प्रयुक्तं सरत्वात् दूरगत्वात सूक्ष्मस्रोतः प्रवेशित्वाच्च शीघ्रमूर्ध्वं पूर्वकायं प्रपद्यते। तेनानुवासनेनोर्ध्वं प्रवृत्तेन वातधाम्नि पक्वाशये अतिष्ठता वायोर्जयो न स्यात्। स्नेहस्य चानिवर्तनादपतनाद्विशेषेणाग्निनाशः स्यात्। यदा तु भुक्तं तदानुवासनं देयमेव। यतः

सद्योशितेनाहारेणामाशये रुद्धे पक्वाशयस्थोऽनुवासनस्नेहः पक्वाशयस्थमेवानिलं हन्ति। अन्नपाकतश्च पक्वाशयस्थ एव च्यवते। स्नेहः पतत्यतोऽग्निनाशं न करोतीति भावः अस्मादन्नं भुक्तवाननुवास्य इति सम्बन्धः। निरूह्यः पुनरभुक्तवानेवान्नम्। यतो भुक्ते निरूहो जीवितं हन्ति। कथमित्याह निरूहश्चेत्यादि। निरूहस्तावत्तीक्ष्णवेगः समीरो वायुरपि तीक्ष्ण एव। तावुभौ निरूहसमीरौ तीक्ष्णवेगत्वादन्नेन सहाधो गुदेनागतौ शकृता पुरीषेण वा सार्धमूर्ध्वं मुखेन वागतौ समलेन सपुरीषेण वा आहारेण विष्टब्धौ कोष्ठ एव स्थितौ। सर्वथा सान्ने कोष्ठे निरूहसमीरावाशु जीवितं हरेताम्। अतोऽस्मान्न निरूह्यस्त्वन्न भुक्तवानिति सम्बन्धः। इन्दुः।

हि० व्या०—रिक्त कोष्ठ में अनुवासन वस्ति देने से शीघ्र ही ऊपर की ओर पहुंच जाता है क्योंकि अनुवासन सरणशील होता है, दूरगामी होता है तथा सूक्ष्म होता है। पक्वाशय में न ठहरने से वायु की शान्ति नहीं होती। स्नेह वापस न आने से जठराग्निनाश होता है। अतः भोजन कराकर अनुवासन वस्ति देना चाहिए। आहार से आमाशय पूर्ण होने पर पक्वाशय में स्थित स्नेह वायु को शान्त करती है। अन्नपाक के कारण पक्वाशय से ही बाहर आ जाती है। स्नेह पक्वाशय से बाहर आकर अग्नि का नाश नहीं करता अतः अनुवासन भोजन कराकर और निरूह खाली पेट देना चाहिए। निरूह एवं वायु दोनों तीक्ष्ण होते हैं। ये दोनों अन्न के साथ गुदामार्ग में आकर अथवा मल के साथ ऊपर के मार्ग में पहुंचकर मल या आहार से कोष्ठ में ठहर जाने से अन्नयुक्त कोष्ठ में वायु और निरूह प्राण को संकट में डालते हैं। पाण्डु रोगी में स्नेहबस्ति दोषों को कुपित करके उदररोग उत्पन्न करती है। प्रतिश्याय में रोग को और बढ़ा देती है।

अनुवासन प्रक्रिया वर्णनम्।

अथानुवास्यं स्वभ्यक्तमुष्णाम्बुस्वेदितं शनैः।
भोजयित्वा यथा[1] शास्त्रं कृतचङ्क्रमणं ततः॥
विसृज्य च शकृन्मूत्रं योजयेत् स्नेहबस्तिना।

सु० चि० ३७।५८

हि० व्या०—अनुवासन पूर्व कर्म—रोगी को विधिवत् अभ्यंग कराना चाहिए। तदनन्तर धीरे-धीरे सुखोष्ण जल से स्वेदन करना चाहिए। पुनः विधिवत् भोजन कराकर कुछ देर टहलने की अनुमति देनी चाहिए, फिर (मल-मूत्र के वेग से रहित) उस व्यक्ति को अनुवासन बस्ति देनी चाहिए।

---

१. यथा शास्त्रमिति सू० अ० ४६ आहारविधि प्रकृत्योपदिष्टं "भुक्त्वा राजवदासीत्" इत्यादिनोक्तं शास्त्रं स्मारयति। हाराणचन्द्रः।

अथानुवास्यं स्वभ्यक्तमुष्णाम्बुस्वेदितं शनैः।
भोजयित्वा यथाशास्त्रं कृतचङ्क्रमणं ततः॥
उत्सृष्टानिलविण्मूत्रं योजयेत्स्नेहवस्तिना।
सुप्तस्य वामपार्श्वेन वामजंघाप्रसारिणः।
कुञ्चितापरजंघस्य नेत्रं स्निग्धे गुदे न्यसेत्।
बद्ध्वा बस्तिमुखं सूत्रेवामहस्तेनधारयेत्॥
पीडयेद्दक्षिणेनैव मध्यवेगेन धीरधीः।
जृम्भाकासक्षवादींश्च बस्तिकाले च कारयेत्॥
त्रिंशन्मात्रामितः कालः प्रोक्तो बस्तेस्तु पीडने।
ततः प्रणिहितः स्नेह उत्तानो वाक्शतं भवेत्॥
जानुमण्डलमावेष्ट्य कुर्याच्छोटिकया युतम्।
एका मात्रा भवेदेषा सर्वत्रैष विनिश्चयः॥
प्रसारितैः सर्वगात्रैर्यथावीर्यं शनैः शनैः।
स्फिजोश्चैवं ततः श्रोणीं शय्यां चैवोत्क्षितेत्ततः॥
जाते विधाने तु ततः कुर्यान्निद्रां यथासुखम्।

शार्ङ्गधर उ० ५, भा० प्र०, वंगसेन

स्नेह बस्तिना येन प्रकारेण योजयेत् तत्प्रकारमाह—अथानन्तरं अनुवास्यं अनुवासनयोग्यं पुरुषं स्वभ्यक्तं कृतस्नेहाभ्यंग पुनः उष्णाम्बुस्वेदितं स्नापितं भोजयित्वा चंक्रमण इतस्ततश्चलितं पुनः उत्सृष्टानिलविण्मूत्रंनिःसृत वातादयं पुरुषं स्नेहबस्तिना योजयेत्। योजनप्रकारमाह—सुप्तस्येत्यादि। वामपार्श्वेन सुप्तस्य वामजंघाप्रसारिणः कुंचितापरजंघस्य संकोचितापरजंघस्य स्निग्धे गुदे नेत्रं वामहस्तेन धारयेत्। दक्षिणेन दक्षिणहस्तेनपीडयेत् मध्यस्थवेगेन मध्यवेगेनेत्यर्थः।

धीरः धैर्यवान पुनर्बस्तिदानकाले जृम्भादीन्नकारयेत्। कियत्पर्यन्तं बस्तिर्धार्या इति मात्रामाह—बस्तिपीडिते त्रिंशन्मात्रामितः कालः प्रोक्तः ततः प्रणिहितः स्नेहः प्राप्तस्नेह उत्तानः वाक्शतं वचनशतं तिष्ठेत्। मात्रा लक्षणं तु जानिति ज्ञेयं प्रसारितैः सर्वगात्रैर्हस्तपादादिकैर्यथा। वीर्यं विसर्पति तथा एनं श्रोंस्तलयोस्ताडयेत्ततः। स्फिक्प्रदेशे ताडयेत्। तथा श्रोणीनितम्बं ताडयेत्ततः शय्यां क्षिपेत् स्थापयेत्। ततः विधाने जाते निद्रां कारयेत्। काशीराम।

वस्तिकर्म विधानं तु शृणुमे विरुपद्रवम्।
स्नेहितस्य यथान्यायं विरिक्तस्यच कल्पशः॥
संसृष्टभक्तस्य तथा पुनश्च स्नेहितस्य च।
पञ्चरात्रात्परं तस्य कारयेदनुवासनम्॥
नोपर्यस्निग्धकोष्ठस्य कर्तव्यमनुवासनम्।
वातो ह्यूरीकृतस्तस्य हृदये परितिष्ठति॥

उचिताद्भक्तमानादप्यर्धमात्रं तु भोजयेत् ।
तनुना मुद्गयूषेण जाङ्गलेन रसेन वा ॥
भुक्त्वा कृतसमाश्वासः शकृन्मूत्रे विसृज्य च ।
सव्येन पार्श्वेन नरः संविशेच्छयने समे ॥
संकोचयेद्दक्षिणं च सक्थिय वामं प्रसारयेत् ॥
वामोपधानं कुर्वीत शिरस्युपहितं नरः ॥
अथास्य प्रणयेद्वस्तिं पृष्ठवंशानुगं सुखम् ।
यथाकर्मबलं चैव न द्रुतं न विलम्बितम् ॥
निर्व्यलीको मृदुर्बस्तिर्व्यपनीतानिलस्तथा ।
गाढ़ानिलानुबन्धो ऽस्याप्रशस्तो बस्तिकर्मणि ॥
नेत्रं बस्तिमुखे धृत्वा सम्यगेकेन पाणिना ।
प्रपीडयेच्चापरेण हस्तौ चापि न कम्पयेत् ॥
पूर्वं च गुदमभ्यज्य यन्त्रं हस्तौ च मानवः ।
प्रवर्तयेदथोत्तानं पादौ वास्य प्रसारयेत् ॥
मुहूर्तान्न निगृह्णीयाद्दते वस्तौ यथासुखम् ।
ततः परमतो वेगानागतान्न विधारयेत् ॥

भे० सि० ५।

हि० व्या०—बस्ति विधि—रोगी को बाईं करवट लिटाकर बाएं पैर को पूरा फैला देना चाहिए और दाहिने पैर को संकुचित (सिकोड़कर) रखना चाहिए। सुस्निग्ध बस्तिनेत्र गुदा मार्ग में प्रविष्ट करना चाहिए। नेत्र में स्नेहपूरित वस्ति का मुख लगाकर कर्णिका पर सूत्र (धागे) से बांधना चाहिए। बस्ति को बाएं हाथ में (हथेली पर रखकर) धारण कर दाहिने हाथ से मध्यम वेग से दबाना चाहिए। इससे बस्ति का स्नेह पक्वाशय में चला जाता है। इस प्रक्रिया के समय रोगी को जंभाई लेना या खांसना, छींकना नहीं चाहिए। बस्ति को दबाने में तीस 'मात्राकाल' का समय लगाना चाहिए। स्नेह अन्दर प्रविष्ट हो जाने पर चित्त लेटकर एक सौ तक संख्या गिनने तक स्थिर रहना चाहिए। हथेली को घुटने के चारों ओर घुमाकर चुटकी बजाने में जितना समय लगता है उसको एक मात्राकाल कहते हैं। ऐसी तीस मात्राकाल बस्तिपीडन में लगानी चाहिए। चित्त लेटने से स्नेह का वीर्य रसरक्तादि धातुओं में फैल जाता है। लेटे हुए रोगी के कटिप्रदेश पर हथेली से धीरे-धीरे थप-थपाना चाहिए तथा शय्या (चारपाई) को थोड़ा उठा-उठाकर तीन बार नीचे छोड़ देना चाहिए। शय्या को नीचे छोड़ने से रोगी के शरीर में मृदु कम्पन होगा। पश्चात् रोगी को इच्छानुसार आराम करवाना चाहिए। अन्य आचार्यों के विचार भी प्रायः समान ही हैं।

वामपार्श्वं शायिन एव बस्तिदाने युक्तिः ।
वामाश्रये हि ग्रहणी गुदे च
तत् पार्श्वं संस्थस्य सुखोपलब्धिः ।
लीयन्त एवं वलयश्च यस्मात्
सव्यं शयानोऽर्हति बस्तिदानम् ॥

च० सि० ३।२४-२५ वंगसेन

वामपार्श्वं शयनं यदुक्तं तस्य प्रयोजनमाह-वामाश्रये इत्यादि। वामाश्रये यस्माद् ग्रहणी गुदे, तेन वामपार्श्वं सुप्तस्य ग्रहणी गुदे प्रकृतिस्थे च गुदे गुदस्य बस्तिना सम्यगुपश्लेषाद् व्याप्तिर्भवति तथा वलयश्च लीना भवन्ति, तेन सुखं बस्तिर्याति, ग्रहणी गुदयोः प्रकृतिस्थतया च बस्तिव्याप्य सुखं ग्रहणी भावयतीति बोद्धव्यम्। इति चक्रपाणिः।

वामाश्रयोऽग्निग्रहणीगुदे चेति निर्देशादेवंपां वामपार्श्वे स्थितत्वं बीजावक्रान्तौ शारीरेऽभिहितम्। वामे पार्श्वे पित्तं तदस्याः प्रपीडितं विदहति रक्तशुक्ले इति। अपरे पुनराहुः, लेशाभिधानेनोक्तमन्नवहानां स्रोतसामामाशयो मूलं वामं च पार्श्वमिति। तदएवान्नग्रहणेनामयुक्तो भवतीति। एवं तु बहुचिन्तनं कुर्वन्ति तथान्ये आहुः—"भुक्त्वापदशतं गत्वा वामपार्श्वेन सम्विशेत्"॥ इति। वामेऽग्निरुक्तः। तथाऽन्यमधिष्ठानमन्नस्य ग्रहणात् ग्रहणी मता नाभेरुपरीति। अन्यधिष्ठानं ग्रहणी। नाऽग्निः। अत उभयवचनम्। प्रच्युतश्च स्थानात् समाश्रितः तथास्थितस्य च गुदोपलब्धिः सुखेन गुदप्राप्तिः स्नेहस्य। न हि नेत्रं व्यङ्गुलप्रवेशमुत्तरगुदं प्राप्नोति प्रवाहणी वली तदाश्रिता। अारगुदं च विसर्जनीसंवरणीबलीद्वयाश्रयमुक्तम् हि—"त्रिभागान्तरास्तिस्रोगुदवलयो गुदस्यार्धपञ्चाङ्गुलावकाशे गुदद्वयमप्युक्तम्। अपरगुदं च प्राप्तोऽप्यकिञ्चित्करः स्नेहः। न च नेत्र प्रपीडिते तस्मिन् प्राप्तिस्तस्य शक्यते प्रतिपत्तुम। स्थूलान्त्रप्रतिबद्धे गुदे इत्युक्तम्। तदाश्रयत्वात्तासामिति। उक्तं च "वामेन नाभेरुपरिस्थितोऽग्निः स्थूलान्त्रसम्बद्धमतो गुदं च। तद्वामतस्सर्वमतस्तथैव, स्थितस्य कायस्सुखमश्नुते हि॥ स्थानात्तथा न च्यवतेऽत्र यत्तदप्रच्युते कर्म समाचरेत्। (सेवेन्नरः) सव्यगतो हि तस्माच्छय्यासनास्थापन भोजनानि।।" इति।

यद्यपि वामाश्रयोऽग्निस्तथाऽपि कथमङ्गभावं सन्निरूहे गच्छतीति। वलोनां लयगमनं गुदोपलब्धिश्च वामाश्रयत्वे सति भवति, ग्रहणी चान्यधिष्ठानप्रतिबद्धा (प्रसिद्धा) प्रतिविशनबस्तिस्तदुपघातं न करोति। अन्यथा पुनरनियतस्थानबस्तिना प्रतिहन्येत्। स च तथावस्थितो न प्रतिहतस्थानोऽग्निः समानपवनधृतः, स्वकर्मकुर्वाणो बस्तेरुपकरोत्येव न बस्तिनापि चाल्यते छाद्यते

प्लाव्यते वा तदेवम् पक्वाशयप्राप्त्या तदग्न्यधिष्ठानं प्राप्यते इति। तस्मात्तस्यं शयानोहेति बस्तिदानम्" इति। एवं च कृत्वाग्नेरपि कारकत्वान्मांसरसक्षीरयूषभोजनोपदेशो, न पेयादिविधिस्तत्रेति ॥ जज्जटः।

हि० व्या०—बस्ति वामपार्श्व में लिटाकर ही देनी चाहिए। क्योंकि ग्रहणी और गुदा मनुष्य के वाम भाग में अवस्थित है। बायीं करवट से रोगी के शयन करने पर बस्ति की औषध पक्वाशय में आसानी से पहुँचती है। औषध प्रवेश करते समय गुदवलियाँ रुकावट उत्पन्न करती है वाम पार्श्व पर लिटाने से (गुदवलियों से) रुकावट नहीं होती अतः वामपार्श्व पर ही लिटा कर बस्ति देनी चाहिए।

बस्तिप्रयोगकाले रुग्णार्थं प्रयोज्यस्य शयन मञ्चकस्य लक्षणम्।

नात्युच्छ्रितं नाप्यतिनीचपादं
सपादपीठं शयनं प्रशस्तम्।
प्रधानमृद्वास्तरणोपपन्नं
प्राक्शीर्षकं शुक्लपटोत्तरीयम् ॥ च० सि० ३।२३-३४

संप्रति 'शयने विधिः कः' इति प्रश्नस्योत्तरमाहनात्युच्छ्रितमित्यादि। पूर्वं यः शयनविधिरुक्तः स तात्कालिकः, अयं तूत्तरकालिक इति विशेषः। प्रधानं महन्मृदु चास्तरणं प्रधानमृद्वास्तरणं, तेनोपपन्नं युक्तम्। प्राक्शीर्षकमिति "प्राच्यां दिशि स्थिता देवास्तत्पूजार्थं च प्राक्शिराः (मु० सू० अ० १६) इति वचनात्। चक्रपाणिः।


नस्यप्रयोगकाले रुग्णद्वारा वर्जनीयानां चेष्टाना वर्णनं तदुपद्रवाश्च।

स्नेहेऽवसिच्यमाने तु शिरो नैव प्रकम्पयेत्॥
न कुप्येन्न प्रभाषेच्च न क्षुयान्न हसेत्तथा॥
एसंहि विहतः स्नेहो न सम्यक् प्रतिपद्यते॥
ततः कासप्रतिश्यायशिरोऽक्षिगदसंभवः'॥

सु० चि० अ० ४०।२६-२७, वंगसेनः, भावप्रकाशः, शार्ङ्गधरः

हि० व्या०—नासा छिद्रों में स्नेह प्रयोग के समय रोगी को सिर नहीं हिलाना चाहिए। क्रोध नहीं करना चाहिए तथा बोलना, छीकना और हंसना भी नहीं चाहिए।

इन प्रक्रियाओं से प्रयुक्त स्नेह भली प्रकार यथास्थान नहीं पहुंच पाता इसी कारण कास, प्रतिश्याय, शिरोरोग तथा नेत्ररोग उत्पन्न होते हैं।

नस्य कर्मणि वर्जनीय कर्म संकेतः।

स्नानादीन् परिहारांश्च यथोक्तानुपचारयेत्।

हि० व्या०—नस्य के पश्चात् स्नान आदि यथोक्त परिहारों का पालन करना चाहिए।

नस्य प्रयोगे सावधानतावश्यकता संकेतः।

न च हीनाधिकं सकृदेव सर्वमत्युष्णशीतमत्युन्नतावनत शिरशे संकुचितगात्रावयवाय देयम्। तत्र हीनं दोषमुत्क्लिश्य न निर्हरेत्। गौरवारुचिकास प्रसेक पीनसछर्दिकण्ठरोगान्कुर्यात्। अधिकमतियोगदोषान् सकृदेव सर्व दत्त मुत्स्नेहनशिरोरोगप्रतिश्यायघ्राणक्लेदानुच्छ्वासोपरोधं च। अत्युष्णंदाह पाक ज्वर रक्तागमशिरोरुग् दृष्टि दौर्बल्यं मूर्च्छाभ्रमान्। अतिशीतं हीन दोषान्। अत्युन्नतशिरसोऽपि सम्यक्शिरोऽप्रतिपद्यमानं ज्ञानेव। अत्यवनतशिरसोऽतिदूरगमनान्मूर्च्छाजाड्यकण्डुदाहज्वरान् संकुचितगात्रस्य सम्यग्धमनीरव्याप्तुदोषोत्क्लेशं वेदनां स्तम्भं वा। यदि च नस्ये दीयमाने भेषजवेगादसात्म्यतया वा मूर्च्छा स्यात्ततः शिरोवर्जं शीताम्भसासिञ्चेत्। न च नस्ये निषिच्यमाने कोपहास्यव्यवहारस्पन्दनोच्छिङ्ग नान्याचरेत्। तथाहि शिरोरुक् प्रतिश्याय कासतिमिररखलतिपलितव्यंगतिलकालकमुखदूषिकाणां सम्भवः।

अ० सं० सू० अ० ॥२६॥

हि० व्या०—न थोड़ा न अधिक तथा शीघ्रता से भी नहीं, सम्पूर्ण रूप से भी नहीं तथा न अधिक उष्ण और न ही अधिक शीत, शिर को बहुत ऊंचा करके और न अधिक नीचा करके तथा शरीर के अंगों को सिकोड़कर नस्य का प्रयोग नहीं कराना चाहिए। हीनमात्रा में दिया गया नस्य दोषों को कुपित करके बाहर नहीं निकालता। इससे गुरुता, अरुचि कास प्रसेक, पीनस, वमन, कण्ठरोग आदि की उत्पत्ति होती है। अधिक मात्रा में दिया गया नस्य स्नेह के अतियोग जन्य लक्षण उत्पन्न करता है। एक साथ सम्पूर्ण नस्य स्नेह दे दिए जाने पर उत्स्नेहन, शिरोरोग, प्रतिश्याय, घ्राण काक्लेद और उच्छ्वास का अवरोध करता है। अति उष्ण नस्य प्रयोग कराने से दाह, पाक ज्वर और रक्त स्राव शिरः में वेदना, दृष्टि दुर्बलता, मूर्च्छा और भ्रम उत्पन्न करता है। अति शीत नस्य प्रयोग कराने पर हीन मात्रा में उत्पन्न होने वाले दोषों के लक्षणों को प्रकट करता है। शिर को अधिक ऊंचा करके प्रयोग में लाया गया नस्य शिर में भली प्रकार न पहुंच कर हीन जन्य लक्षण उत्पन्न करता है।

शिर को अधिक झुकाकर प्रयोग कराया गया नस्य बहुत दूर तक जाने के कारण मूर्च्छा, जड़ता, कण्डू, दाह तथा ज्वरोत्पत्ति करता है। अंगों को सिकोड़कर दिया गया नस्य धमनियों में ठीक प्रकार से न फैलकर दोषों का उत्क्लेशन, वेदना और जड़ता उत्पन्न करता है। यदि नस्य देने के पश्चात् भेषज के वेग के कारण या नस्य के असात्म्य होने के कारण रोगी मूर्च्छा से युक्त हो जाने की स्थिति में शिर को छोड़कर शेष शरीर पर शीतल पानी का परिषेक कराना चाहिए।

नस्य प्रयोग करते समय क्रोध, हास्य, बोलना, स्पन्दन (हिलना), छीकना, आदि प्रक्रियाओं का परिहार करना चाहिए। इससे शिरोवेदना, प्रतिश्याय कास, तिमिर, गंजापन, बालों का गिरना सफेद, होना व्यंगतिलकालक मुख को विकृत करने वाली (मुखदूषिका) फुंसि आदि की उत्पत्ति हो जाती है।

सम्यक् शिरोविरेचन गुणाः

उरः शिरो लाघवमिन्द्रियाच्छयं[1]।
स्रोतोविशुद्धिश्च भवेद्विशुद्धे ॥

—च० सि० १।५१

लाघवं शिरसो योगे सुखस्वप्न प्रबोधकम्।
विकारोपशमः शुद्धिरिन्द्रियाणां मनः सुखम् ॥

सु० चि० ४०।३२-३३

सम्यक् स्निग्धे सुखोच्छ्वासस्वप्नबोधाक्षपाटवम्।

अ० हृ० सू० २०, चक्रदत्तः।

रोगशान्तिः प्रमोदश्च देहयात्रानुवर्तनम्।
स्मृतिमेधाबलाग्न्याप्तिरिन्द्रियाणां प्रसन्नता ॥
विद्धि सम्यक्कृते नस्ये— — —

—का० सि० २।—

इन्द्रियाणां विमुक्तत्वं प्रसादः स्वरवर्णयोः।
स्रोतसां विमलत्वं च ज्ञेयं संस्निग्धलक्षणम् ॥

—भे० सि० २

शिरसस्तु विरेकेण कर्णजिह्वाक्षिनासिकाः।
विशुद्धयन्ते यथादोषं मुखनासावहेषु च ॥
विवृतिः खेषु विशदा न च श्लेष्मा प्रसिच्यते।
सम्यक् शिरसि संशुद्धे वेदना चोपशाम्यति ॥
व्याधौ च भङ्गचूर्णत्वं स्रोतसां सुविशुद्धता।
लाघवं शिरसः शुद्धि स्रोतसां व्याधिनिर्जयः।
चित्तेन्द्रियप्रसादश्च शिरसः शुद्धिलक्षणम् ॥

—सु० चि० ४०

सुविरिक्तेऽक्षिलघुता स्वरवक्त्रविशुद्धयः।

—अ० हृ० सू० २०।, चक्रदत्तः।

हि० व्या०—नस्य के सम्यक् योग होने पर वक्ष प्रदेश एवं शिरः प्रदेश में लघुता होती है। इन्द्रियां निर्मल होती है। स्रोतस शुद्ध हो जाते हैं।

१. इन्द्रियाच्छयमिति चक्षुरादीनां स्वविषये पाटवम्। चक्रपा०।

वाग्भट ने लिखा है कि श्वासोच्छ्वास का शुद्ध होना, छींक आना, नींद का सुखपूर्वक आना, समय पर जागना, शिरोवेदना का नाश होता है। इसी प्रकार अन्य आचार्यों ने शिरो विरेचन में – शिरः प्रदेश में लघुता, स्रोतों की शुद्धि व्याधि की उपशान्ति तथा इन्द्रियों में प्रतन्नता और शिर की शुद्धि आदि लक्षण बताया गया है। अष्टाङ्ग हृदय, चक्रदत्त, काश्यप आदि ने चरक, सुश्रुत का अनुकरण किया है।

हीन शिरोविरेचनम् (अयोग लक्षणम्)

गलोपलेपः शिरसो गुरुत्वम्।
निष्ठीवनं चाप्यथ दुर्विरिक्ते॥

—च० सि० १।५२ क

अयोगे वात वैगुण्यमिन्द्रियाणां च रुक्षता।
रोगशान्तिश्च तत्रेष्टं भूयो नस्यं प्रयोजयेत्॥

—सु० चि० ४०।३५

रूक्षेऽक्षिस्तब्धता शोषो नासास्ये मूर्धशून्यता।

—अ० हृ० सू० २०।, चक्रदत्तः।

अस्निग्धलिङ्गं रूक्षत्वं स्रोतसां रिक्तता तथा।

—भे० सि० २।२३

हि० व्या०—यदि शिरोविरेचन का प्रयोग उचित रूप से नहीं हुआ हो तो गला कफ से भरा-भरा सा रहता है। शिर में भारीपन पुनः-पुनः थूकने की प्रवृत्ति आदि लक्षण उत्पन्न होते हैं।

नस्य के आयोग होने पर वात वैगुण्य इन्द्रियो में रूक्षता उत्पन्न होती है। रोग की शान्ति के लिए पुनः नस्य प्रयोग कराना चाहिए।

शिरोविरेचन हीनयोगातियोगयोः सामान्य चिकित्सा सूत्रम्

स्यात्तर्पणं तत्र मृदु द्रवं च
स्निग्धस्य तीक्ष्णं तु पुनर्नयोगे।
इत्यातुरस्वस्थसुखः प्रयोगो
बलायुषोर्बृंहिकृदामयघ्नः॥

—च० सि० १।५३

तस्यातियोगायोगयोश्चिकित्सितमनुवक्तव्यतयाऽनुषङ्गतामाह—स्यात्तर्पणमित्यादि। मृदु द्रवं चेत्यनेनातियोगचिकित्सितम्। तीक्ष्णं तु पुनर्न योग इति। अयोग इति—अयोगे शिरोविरेचनस्य पुनस्तीक्ष्णं शिरोविरेचनं देयम् उक्तं पञ्चकर्मप्रयोग संहरति इत्यातुरेत्यादि। आतुरस्वस्थसुख इति वचनेन आतुरे आमयस्यायहन्तृतया स्वस्थे च बलायुर्बृंहिकर्तृतया यथोक्त पञ्चकर्म प्रयोगः

सुखहेतुर्भवतीति ज्ञेयम्। स्वस्थे च पञ्चकर्मप्रवृत्तिः "माधवप्रथमेमासि" (सू० अ० ७) इत्यादिना सूत्रस्थाने प्रोक्तैव ज्ञेया। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—अतियोग होने पर तर्पण करने वाले मृदु द्रव पदार्थों का सेवन कराना चाहिए। स्निग्ध करना चाहिए (मालिस आदि से)। तथा अयोग होने पर स्नेहन के पश्चात् तीक्ष्ण विरेचन देना चाहिए।

शिरोविरेचन हीन योग लक्षणम्

कण्डूपदेहौ गुरुता स्रोतसां कफसंस्रवः।
मूर्ध्नि हीन विशुद्धे तु लक्षणं परिकीर्तितम्॥

सु० चि० अ० ४०।३६, शार्ङ्गधर, वंगसेन, भावप्र०

हि० व्या०—हीन योग होने पर कण्डू उपदेह, (शरीर का गीला सा-प्रतीत होना) गुरुता, आंतों से कफ का स्राव होना आदि लक्षण उत्पन्न होते है।

नस्यातियोग लक्षणम्

कफप्रसेकः शिरसो गुरुतेन्द्रियविभ्रमः।
लक्षणं मूर्ध्न्यतिस्निग्धे रूक्षं तत्रावचारयेत्॥

—सु० चि० ४०।३४, शार्ङ्गधर

स्निग्धेऽति कण्डूर्गुरुता प्रसेकारूचिपीनसाः।

—अ० हृ० सू० २०

शिरसो गुरुत्वं स्रोतसां स्नेहपूर्णता।
कर्णतालूपदेहश्च नस्यातिस्निग्ध लक्षणम्'॥

हि० व्या०—कफ का प्रसेक, शिर का भारीपन, इन्द्रियों में अशान्ति आदि लक्षण अतियोग से उत्पन्न हो जाते हैं। इसमें रूक्षोपचार करना चाहिए।

शिरोविरेचन नस्यातियोग लक्षणम्

मस्तुलुङ्गागमो वातवृद्धिरिन्द्रियविभ्रमः॥
शून्यता शिरसश्चापि मूर्ध्नि गाढविरेचिते॥

—सु० चि० अ० ४०।४०, शार्ङ्गधर
—वंगसेन, भावप्र०

मस्तुलुङ्गः शिरोऽन्तर्धूंताकारः। डल्हणः।

हि० व्या०—शिरोविरेचन के अतियोग होने पर मस्तुलुंग का बाहर निकलने के समान प्रतीत होना, वातवृद्धि इन्द्रियों में विभ्रम, तथा शिर में शून्यता आदि लक्षण उत्पन्न होते है।

तत्र चिकित्सा सूत्रं च

हीनातिशुद्धे शिरसि कफवातघ्नमाचरेत्।
सम्यग्विशुद्धे शिरसि सर्पिर्नस्यं निषेचयेत्॥

(एकान्तरं द्वयन्तरं वा सप्ताहं वा पुनः पुनः।
एकविंशतिरात्रं वा यावद्वा साधु मन्यते ॥
मारुतेनाभिभूतस्य वाऽत्यन्तं यस्य देहिनः।
द्विकालं चापि दातव्यं नस्यं तस्य विजानता) ॥

सु० चि० अ० ४०।४१-४२, बंगसेन, शार्ङ्गधा, भावप्र०

सर्पिर्नस्यं निषेचयेदिति पित्तप्रकृतौ, वातप्रकृतौ, तु पक्वतैलमेव। डल्हणः।

प्रतिकरोति हीनेति। कफवातघ्नमिति यथाक्रममन्वेयम्। मारुतेनेति अन्तं पाणिपादमपि वाति गच्छति वायुरिति शेषः। नस्यमिति प्रकृतत्वात सर्पिषेत्यवगन्तव्यम्। हाराण०।

हि० व्या०—शिरोविरेचन से शिरः प्रदेश के हीन और अति शुद्धि होने पर कफ एवं वायुनाशक चिकित्सा करनी चाहिए। सम्यक् शुद्धि होने पर घृत के नस्य का प्रयोग करना चाहिए। (एक दिन, दो दिन, सात दिन या इक्कीस दिनके बाद अथवा जब तक चिकित्सक उचित समझे पुनः-पुनः नस्य प्रयोग कराना चाहिए। वायु के नाभि प्रदेश में होने पर या अत्यधिक पीड़ाकर होने पर नस्य में कुशल चिकित्सक को दिन में दोबार (प्रातः सायं) नस्य का प्रयोग कराना चाहिए।)

अति शिरोविरेचन दोषाः

शिरोक्षिशङ्खश्रवणार्तितोदा—
वत्यर्थशुद्धे तिमिरं च पश्येत् ॥ —च० सि० १।५२

तथैवाति विशुद्धेषु स्रोतस्वायस्यते शिरः।
भे० सि० १।१३

तिमिरं च पश्येदिति तमोव्याप्तं सर्वं पश्येदित्यर्थः। चक्रपाणिः।

हि० व्या०—शिरोविरेचन के अतियोग हो जाने पर शिरः प्रदेश, नेत्र, शंख प्रदेश एवं कानों में बेदना, तोद, (सूई चुभोने के समान पीड़ा) तथा रोगी नेत्रों के सामने अंधेरा सा अनुभव करता है।

स्नेहन नस्यविधिः

स्नेहं विरेचनस्यांते दद्याद्दोषाद्यपेक्षया।
—अ० हृ० सू० २०, चक्रदत्तः

हि० व्या०—शिरोविरेचन नस्य के पश्चात् दोष देश एवं काल का विचार करके यथोचित स्नेह की नस्य देनी चाहिए।

प्रतिमर्श नस्य प्रयोगः विधिः।

नस्तः स्नेहाञ्जलिं दद्यात् प्रातर्निशि सर्वदा।
न चोच्छिङ्घेदरोगाणां प्रतिमर्शः स दार्ढ्यकृत् ॥
च० सि० ९।११७

ईषदुच्छिङ्घतः स्नेहोक्तं यावद्व प्रपद्यते।
नस्ये निषिक्तं तं विद्यात् प्रतिमर्शं प्रमाणतः ॥
सु० चि० ४०।-, चक्रदत्त, बंगसेन

स्नेहाञ्जलिमिति स्नेहपूरितामञ्जलिम्। सर्वदेति सर्वर्तुषु। दार्ढ्यकृदिति शिरःकपालादि दार्ढ्यकृत्। अयं नासौ सार्वकालिकः। यदुक्तम्—ईषदुच्छिङ्घनात स्नेहो यावान् वक्त्रं प्रपद्यते। नस्तो निषिक्तं तं विद्यात् प्रतिमर्शः प्रमाणतः।" इति। तथा प्रतिमर्शं तु न पिबेत्। कण्ठास्रावभयान्नरः। यावत्स्नेहो व्रजेदास्यं तत्प्रमाणं च तस्य तु"। इति चक्रपाणिः।

वृद्धवाग्भटे चान्यथा प्रतिमर्शप्रमाणम्। तथा च—"प्रमाणं प्रतिमर्शस्य बिन्दुद्वितयमिष्यते। बिन्दुर्वायनचोत्क्लेशो नानुत्विलष्टस्य जायते। निहितो यत्र वा स्नेहो न साक्षादुपलभ्यते" इति। शिरोविरेचन स्नेहवत् प्रतिमर्शस्नेहोऽपि नाभ्यवहरणीयः। तथा हि विदेहः—"उच्छिङ्घेन पिबेत् स्नेहं निष्ठीवेन्मुख-मागतम्" इति नस्यादिषु नरावस्थिककालस्तन्त्रान्तरादनुसर्तव्यः; तथा च कृष्णात्रेय—

"सप्तवर्षमुपादाय नस्यकर्म चतुर्विधम्।
प्रतिमर्शोऽथ वमनं जन्मप्रभृति शस्यते ॥" डल्हणः।

हि० व्या०—प्रतिमर्श नस्य—यह नस्य अंगुली को स्नेह में डुबोकर उसे नासासम्मुख लाकर बिन्दु के रूप में डाला जाता है। स्नेह को नासिका में प्रयोग के बाद उसे खींचते हुए ऊपर नहीं चढ़ाना चाहिए। स्वस्थ व्यक्तियों के लिए प्रतिदिन प्रयोज्य है। इससे शिरः शूल में लाभ होता है। स्नेह नस्य प्रयोग के बाद थोड़ी छींक आने पर भी मुख में आ जाय तो दिये गये प्रतिमर्श नस्य को प्रमाण में ही जानना चाहिए।

प्रतिमर्शनस्यप्रयोगस्य चतुर्दशकालानां वर्णनं तत्र यथा क्रमं प्रत्येकं फल वर्णनञ्च।

प्रतिमर्शश्चतुर्दशसु कालेषूपादेयः;—तद्यथा—

तल्पोत्थितेन,—तत्र तल्पोत्थितेनासेवितः प्रतिमर्शो रात्रावुपचितं नासा-स्रोतोगतं मलमुपहन्ति मनः प्रसादं च करोति,

प्रक्षालितदन्तेन,—प्रक्षालितदन्तेनासेवितो दन्तानां दृढतां बदनसौगन्ध्यं चापादयति,

गृहान्निर्गच्छता,—गृहान्निर्गच्छता सेवितो नासास्रोतसः विलग्नतया रजो-धूमो वा न बाधते,

व्यायामव्यवायाध्वपरिश्रान्तेन,—व्यायाममैथुनाध्वपरिश्रान्तेनासेवितः—श्रममुपहन्ति,

मूत्रोच्चारकवलाञ्जनान्ते,—मूत्रोच्चारान्ते सेवितो दृष्टेर्गुरुत्वमनयति, कवलाञ्जनान्ते सेवितो दृष्टिं प्रसादयति,

भुक्तवता,—भुक्तवता सेवितः स्रोतसां विशुद्धिं लघुतां चापादयति,

छर्दिवता,—वान्तेनासेवितः स्रोतोविलग्नं श्लेष्माणमपोह्य भक्ताकांक्षामापादयति,

दिवास्वप्नोत्थितेन,—दिवास्वप्नोत्थितेनासेवितो निद्राशेषं गुरुत्वं मलंचापोह्य चित्तैकाग्र्यं जनयति,

सायं चति,—सायं चासेवितः सुखनिद्राप्रबोधं चेति ।

सु० चि० अ० ४०।५१-५२, चक्रदत्तः

समयाः प्रतिमर्शस्य बुधैः प्रोक्ताश्चतुर्दश ।
प्रभाते दन्तकाष्ठान्ते गृहान्निर्गमने तथा ।
व्यायामाध्वश्रमव्यवायान्ते विण्मूत्रान्तेऽजने कृते ॥
कवलान्ते भोजनान्ते दिवासुप्तोत्थिते तथा ।
वमनान्ते तथा सायं प्रतिमर्शः प्रयुज्यते ॥
ईषदुच्छिक्तनास्नेहो यदा वक्त्रं प्रपद्यते ।
नस्ये निर्दिष्टं तं विद्यात्प्रतिमर्शं प्रमाणतः ।
उच्छिन्दन्न पिबेच्चैतन्निष्ठीवेन्मुखमागतम् ॥
क्षीणे तृष्णास्यशोषार्ते बाले वृद्धे च युज्यते ।
प्रतिमर्शेन शाम्यन्ति रोगाश्चैवोर्ध्वजत्रुजाः ॥
बलीपलितनाशश्च बलमिन्द्रियजं भवेत् ॥

शा० उ० ८।४१-४५, भावप्र०

निशाहं भुक्तवांताहः स्वप्नाध्वश्रमरेतसाम् ।
शिरोऽभ्यंजनगंडूष प्रस्रावांजनवर्चसाम् ॥
दंतकाष्ठस्य हास्यस्य योज्योंऽतेऽसौ द्विबिंदुकः ।
पंचसुश्रोतसां शुद्धिः बलमनाशस्त्रिषु क्रमात् ।
दृग्बलं पंचसु ततो दंतदार्ढ्यं मरुच्छमः ॥

अ० हृ० सू० २०।३४

अहः स्वप्नो दिवास्वप्नः, श्रमोव्यायामः, प्रस्रावो मूत्रं, द्विबिंदुको बिंदुद्वयमात्रः बिंदुर्वा येन चोत्क्लेशो नानुत्क्लिष्टस्य जायते "निष्ठ्यूतो यत्र वा स्नेहो न साक्षादुपलक्ष्यते" इति । हेमाद्रिः ।

स पञ्चस्वाद्येष्वन्ते प्रयुक्तः स्रोतसां शुद्धिं करोति । निशान्ते दिवसान्ते भुक्तान्ते वान्तान्तेऽहः स्वप्नान्ते स्रोतोविशुद्धिर्जायते । अध्वनः श्रमान्ते शुक्रत्यागान्ते क्लमनाशः स्यात् । दृग्बलं पञ्च स्विति अभ्यङ्गान्तेऽञ्जनान्ते विडन्ते मूत्रान्ते गण्डूषान्ते दृग्बलं दृष्टिप्रसादः । दन्तधावनान्ते दन्तदार्ढ्यम् । हास्यान्ते

मरुच्छमो वातशान्तिः । चंद्रनन्दनः । तस्य पञ्चदशकालास्तेषां च गुणाः । प्रतर्दने भुक्तवतश्चान्ते स्रोतो विशुद्धिः शिरो लाघवं मनः प्रसादश्च भवति । विण्मूत्रशिरोऽभ्यंगांजन कवलान्ते दृष्टि प्रसादः । दन्तधावनान्ते दन्त दृढ़ता सौगन्ध्यं च । अध्व न्यायाम व्यवायान्ते श्रमक्लमस्वेदस्तद्भनाशः । दिवास्वप्नान्ते निद्राशोषगौरवप्रणाशो मनः प्रसादश्च । अतिहसितान्तेऽनिलप्रशमः छर्दितान्ते स्रोतोलीनश्लेष्मव्यपोहः दिनान्ते स्रोतोविशुद्धः सुखनिद्रा प्रबोधश्च भवति । अ० सं० सू० २९।

प्रतिमर्शस्य प्रयोगकालः मात्रा च ।

निशाहभुंक्तवान्ताहः—स्वप्नाध्वश्रमरेतसाम् ।
शिरोऽभ्यञ्जनगण्डूष—प्रस्रावाञ्जनवर्चसाम् ॥
दन्तकाष्ठस्य हास्यस्य योज्योऽन्तेऽसौ द्विबिन्दुकः ॥

चक्रदत्तः (नस्याधिकारः)

सर्वदेत्यस्यार्थमाह, निशेत्यादि वाग्भटस्य । —असौ प्रतिमर्शः बिन्दुद्वयपरिमितो निशादीनामन्ते समाप्तौ वैद्येन योज्यः । निशान्ते इति—प्रातः । अह्नोऽन्ते इति—सायम् । सुश्रुतेऽपि "तल्पोत्थितेन" (चि० ४० अ०) इत्यनेन प्रातःकाल उक्तः । अध्वेति—पथश्रमः । श्रमशब्देनाध्वव्यतिरिक्तो व्यायाम उच्यते । सुश्रुतेऽपि "व्यायामाध्वपरिश्रान्तेन" (चि० ४० अ०) इत्युक्तम् । रेतः शब्देन रेतः सरणोपलक्षितव्यायाम उच्यते । प्रस्राव इति—मूत्रोत्सर्गः । वर्चः पुरीषोत्सर्गः । एषु पञ्चदश कालेषु प्रतिमर्शदानप्रयोजनं वाग्भटेनैवोक्तमनुसर्त्तव्यम्; तद्यथा —"निशाहभुंक्तवान्ताहः—स्वप्नाध्वश्रमरेतसाम् । शिरोऽभ्यञ्जनगण्डूष—प्रस्रावाञ्जनवर्चसाम् ॥ दन्तकाष्ठस्य हास्यस्य योज्योऽन्तेऽसौ द्विबिन्दुकः । पञ्चसु स्रोतसां शुद्धिः बलमनाशस्त्रिषु क्रमात् ॥ दृग्बलं पञ्चसु ततो दन्तदार्ढ्यं मरुच्छमः ॥" (सू० २० अ०) इति । निशाहभुंक्तवान्ताहः स्वप्नेषु पञ्चसु प्रतिमर्शदानात् । स्रोतसां शुद्धिर्भवति । त्रिष्विति—अध्वश्रमरेतः सु बलमनाशः स्यात् । शिरोऽभ्यंजनादिषु वर्चोऽन्तेषु तु पञ्चसु प्रतिमर्शदानात् दृग्बलं स्यात् । ततोऽनन्तरं दन्तकाष्ठस्य हास्यस्य चान्ते योजितः प्रतिमर्शः क्रमात् दन्तदार्ढ्यं मरुतो वायोः प्रशमनं करोतीत्यर्थः । (शिवदास)

हि० व्या० - प्रतिमर्श के प्रयोग का काल – यह नस्य चौदह अवस्थाओं में हितकर होता है—(१) प्रातःकाल शय्या त्यागने पर, (२) दातुन के पश्चात्, (३) घर के बाहर जाने पर, (४) व्यायाम के बाद, (५) मैथुन के बाद, (६) मार्ग चलने से थक जाने पर, (७) मूत्र त्याग के बाद, (८) अपान वायु त्याग के पश्चात्, (९) कवल धारण के बाद, (१०) अंजन लगाने के पश्चात् (११)

भोजन के पश्चात् (१२) छींक के पश्चात्, (१३) दिन में सोकर उठने के बाद, (१४) सायंकाल में !

इस प्रकार काल में सेवित यह प्रतिमर्श उत्तम लाभकारी है। प्रातः सोकर उठने पर सेवन किया गया नस्य रात्रि में स्वाभाविक रूप से एकत्र हुए नासा स्रोतों के जमे, मल को नष्ट करता है। मन में प्रसन्नता लगने वाला है। दन्त धावन के पश्चात् लिया गया नस्य दाँतों को मजबूत करता है। एवं मुख को सुगन्धित करने वाला है। घर से बाहर जाने पर लिया गया नस्य नासा छिद्रों को क्लिन्न करता है इससे धूलि एवं धूम आदि अन्दर प्रवेश नहीं कर पाते, व्यायाम मैथुन तथा मार्ग में चलने पर थकान के पश्चात् लिया गया नस्य थकान दूर करता है, मूत्र तथा अपान वायु त्याग के पश्चात् से प्रतिवितमर्श नस्य दृष्टि की गुरुता को नष्ट करता है। कवल और अंजन के पश्चात् लिया गया नस्य नेत्र निर्मल करता है, शरीर में लघुता की उत्पत्ति करता है। वमन किए हुए व्यक्ति को दिया गया नस्य, आंत्र में चिपके हुए श्लेष्मा को निकालकर भोजन में रुचि उत्पन्न करता है। दिन में सोकर जागने के पश्चात् लिया गया प्रतिमर्श नस्य, शेष निद्रा, गुरुता तथा मल को दूर कर चित्त में एकाग्रता उत्पन्न करता है। सायंकाल में सेवन किया गया प्रतिमर्श सुखपूर्वक निद्रा को उत्पत्ति करता है एवं प्रातःकाल समय से जगाता है।

प्रतिमर्श नस्य फलम्

स्नेहनं शोधनं चैव द्विविधं नावनं मतम्।
प्रतिमर्शस्तु नस्यार्थं करोति न च दोषवान्॥

च० सि० ९।११६

आशुकृच्चिरकारित्वं गुणोत्कर्षापकृष्टता।
मर्शे स प्रतिमर्शे च न विशेषो भवेद्यदिः॥
को मर्शं सपरिहारं सापवं च भजेत्ततः।
अच्छपानविचाराख्यौ कुटीवातातपस्थिती।
अन्वासमात्रावस्ती च तद्वदेव विनिर्दिशेत॥

अ० सं० सू० २०।२९, अ० हृ० सू० २०

आजन्ममरणं शस्तः प्रतिमर्शस्तु बस्तिवत्।
मर्शवच्च गुणान्कुर्यात् स हि नित्योपसेवनात्॥
न चात्र यन्त्रणा नापि व्यापद्भ्यो मर्शवद्भयम्।

अ० सं० सू० २९।, अ० हृ० सू० २०।

अन्ये, सर्वं नस्तः कर्मणामेवैतत् कर्मद्वयमनूद्यते, तत्र च स्नेहनशमनस्य प्रागुक्तस्यावरोधइति वदन्ति। नस्यार्थमिति स्नेहनं शोधनं च। न च दोषवानिति न व्यापत्तिमान्। चक्रपाणिः।

इत्युक्तं सङ्ग्रहे तन्त्रकर्त्रा तदिह कैश्चिदानीतमिति तस्याप्यत्र व्याख्या क्रियते। मर्शप्रतिमर्शयोर्यदि विशेषोऽयं न स्यात् तत्कोऽपूर्वं सपरिहारं सापदं च मर्शमातुरस्य वदेत् न प्रतिमर्शम्। को विशेषोऽनयोरित्याह—आशुकृत्त्वं तथा चिरकारिता गुणानामुत्कर्षापकर्षता यथासंख्येन मर्शप्रतिमर्शयोर्यस्मादस्ति। तत्र मर्शः स्नेहादिकार्यमाशुकरोति। तथा गुणानामुत्कर्षोऽस्यैव प्रतिमर्शः पुनः स्नेहादिकार्यं चिरेण सम्पादयति। तथा गुणानां वास्य न्यूनता। एवं विशेषमाश्रित्य मर्शः सपरिहारोऽपि तथा ह्यापद्युक्तोऽपि निर्दिष्टः। एवं प्रसङ्गेनान्यत्रापुच्यते। अच्छपानः स्नेहो व्यापद्युक्तः। तथा सपरिहारो विचारणाख्यः। पुनः स्नेहो निष्परिहारो निर्व्यापन्नः। न चाप्यपायः पुनरुक्तः। आशु कार्यकरणात् तथा गुणानामुत्कर्षान् तथा कुटीस्थित्या कुटी प्रवेशेन रसायनस्योपसेवा तथा वातातपस्थितिः। वातातप विधानेन रसायनस्य सेवा एवं तयोर्यदि विशेषो न स्यात् को वदेत् कुटीस्थितं सापदं सपरिहारम्। यावता कुटीस्थितेराशुकारित्वं गुणोत्कर्षस्य वातातपस्थितेराशुकारित्वं गुणोत्कर्षस्य वातातपस्थितेश्चिरकारित्वम्। तथा गुणानामपकृष्टता इत्येवं विशेषो अन्वासमात्रावस्ती तेन तुल्यं बहिर्निदिशेत् कथयेत्। येनान्वासनबस्तेर्गुणोत्कर्षोऽस्ति तथाशुकारित्वम्। मात्राबस्तेर्गुणानामपकर्षश्चिरकारिता च। एवमनयोर्विशेषमन्विष्यान्वासनबस्तिः सपरिहारः सापत्कोऽप्युक्तो न मात्रा बस्तिः। एवं भिन्नफलत्वादनयोरिति॥ चंद्रनन्दनः।

आजन्मप्रभृत्यूनवर्षे बाले यावज्जन्मावसानंशस्तो प्रातिमर्शः हितः। बस्तिवत्। यथावस्तिराजन्ममरणं हितः तद्वत्प्रतिमर्शोऽपि। अत्र च प्रतिमर्शाख्ये नस्ये मर्शवन्न यन्त्रणा स्नेहविधानोक्ता आचारसेवा नापि मर्शवत्। प्रतिमर्शदाने व्यापद्भ्यो भयम्। यथा मर्शदानाद्व्यापद्भयो भयं नैव तथा न प्रतिमर्शात्॥ चंद्रनन्दनः।

प्रतिसर्शो नस्यविशेषः क्षतक्षामादिषु प्रयोज्यः। तथाऽकालवर्षेऽकालदुर्दिनेऽपि क्षत उरः क्षत प्रभृतिक्षाम्रो रूक्षान्नप्रायो रिक्तः। काल आषोडशवर्षात्। वृद्धः सप्ततेरुर्ध्वम्। सुखात्मा सुमनाः॥ चंद्रनन्दनः।

हि० व्या०—स्नेहन एवं शोधन दो प्रकार का नस्य बताया जाता है। इनमें प्रतिमर्श नस्य इन दोनों कार्यों को करने वाला है एवं इसके प्रयोग से किसी प्रकार का उपद्रव भी नहीं होता।

मर्श एवं प्रतिमर्श नस्य में कार्य एवं गुण की दृष्टि से भेद बताते हुए लिखा है कि मर्श नस्य शीघ्रकारी तथा अधिक गुण कारी होती है। इसके विपरीत प्रतिमर्श नस्य विलम्ब से गुण करने वाली तथा गुण भी अधिक नहीं करती। यदि इनमें यह भेद नहीं होता तो मर्श का प्रयोग कौन करता जबकि मर्श हेतु अनेक परिहारों का पालन करना पड़ता है एवं थोड़ी सी असावधानी

से व्यापद् हो सकते हैं। स्नेह पान में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है कि जैसे स्नेहपान अच्छपान तथा विचारण में तथा रसायन विधि के कुटी प्रावेशिक एवं वातातपिक प्रयोग में, बस्तिकर्म के अनुवासन तथा मात्रा बस्ति के प्रयोग में इन भेदों का कारण समझना चाहिए।

प्रतिमर्शनस्य प्रयोगस्थलानि।

प्रतिमर्शस्तु क्षामक्षततृष्णामुखशोषबृद्धबालभीरू सुकुमारेष्वप्यकालवर्षदुर्दिनेष्वपि च योज्यः। अ० सं० सू० २६।१६

प्रतिमर्शः क्षतक्षामबालवृद्धसुखात्मसु।
प्रयोज्योऽकालवर्षेऽपि।

अ० हृ० सू० २०।३१

क्षीणे तृष्णास्यशोषान्तु बाले वृद्धे च पूज्यते।
प्रतिमर्शन्नि जायन्ते रोगाश्चैवोर्ध्वजत्रुजाः॥
वलीपलितनाशश्च बलमिन्द्रियजं भवेत्।
विभीतं निम्ब गम्भारी शिवाशेलुश्चकाकिनी
एकैक तैल नस्येन पलितं नश्यति ध्रुवम्।

भाव प्र०

क्षीणे तृष्णास्य शोषार्ते बाले वृद्धे च युज्यते।
तेन रोगाः प्रशाम्यंति नराणामूर्ध्वजत्रुजाः
इन्द्रियाणाञ्च वैमल्यं कुर्यादास्यं सुगन्धि च॥
हनुदन्तशिरोग्रीवात्रिकबाहूरसां बलम्।
वलीपलितखालित्यव्यङ्गानां चाप्यसंभवः॥

वङ्गसेन

हि० व्या०—प्रतिमर्श नस्य का प्रयोग क्षीण-क्षत तृष्णा एवं मुखशोष से पीड़ित व्यक्ति को वृद्ध, बाल, भीरु तथा सुकुमार व्यक्ति को अकाल एवं दुर्दिन (मेघाच्छन्न आकाश) में भी करना चाहिए। आचार्य भावमिश्र ने इस नस्य से सभी प्रकार के ऊर्ध्वजत्रुगत विकार दूर होना लिखा है। मुर्रियाँ एवं अकाल पालित रोग दूर होते है तथा स्रोतः शुद्धि होती है। बहेड़ा, निम्ब, गम्भार, हरड़, सिसोड़ा तथा मालकांगणी में से किसी एक तैल का नस्य लेने से पलित रोग नष्ट होता है। आचार्य वंगसेन ने इससे इन्द्रियों की निर्मलता तथा मुख का शोधन होना, हनु, दन्त शिरोरोग ग्रीवा, त्रिक, बाहु और उरः प्रदेश के रोग बली पलित, इन्द्रलुप्त और झाँई इत्यादि रोग दूर होना लिखा है।

प्रतिमर्शनस्य निषेधस्थलानां संकेतः तत्र युक्तिश्च

न तु दुष्टप्रतिश्यायबहुदोषकृमिण शिरोमद्यपीतदुर्बलश्रोत्रेषु। एषां ह्युदीर्णदोषत्वात्तावता दोषोत्क्लेशो भवति॥

अ० सं० सू० २६

.....न त्विष्टो दुष्टपीनसे।
मद्यपीतेऽबलश्रोत्रे कृमिदूषितमूर्धनि॥
उत्कृष्टोत्क्लिष्टदोषे च हीनमात्रतया हि सः॥

अ० हृ० सू० २०-३३

दुष्ट पीनसे तु न प्रयोज्यः। दुष्टपीनसोनासा रोगेषु वक्ष्यमाणः। तथा मद्य पीते तथाऽबलश्रोत्रे रुद्धश्रवणमार्गे तथा कृमिभिर्दूषितो मूर्धायस्य तस्मिन् कृमिपीड़ितशिरसि तथोत्कृष्टो वृद्धि गतस्तथोत्क्लिष्टः प्रचलो दोषो यस्य तस्मिंश्च प्रतिमर्शो न योज्यः। हि यस्मात् हीनमात्रतया हीना मात्रा यस्य स हीनमात्रस्तस्य भावो हीनमात्रता तया यस्मादसौ प्रयुज्यते। एषां चोदीर्णदोषत्वात् तावता दोषोत्क्लेश एव भवति न शमः॥ अरुणदत्तः।

हि० व्या०—दुष्ट प्रतिश्याय में, शिरोगत दोषों की बहुलता, कृमिजन्य शिरोरोग एवं मद्य सेवी को मद्यपान के बाद श्रोत्रेन्द्रिय की दुर्बलता में प्रतिमर्शनस्य नहीं कराना चाहिए। ऐसी स्थिति में दोषों की प्रबलता के कारण, थोड़ी मात्रा भी प्रयोग कराने पर दोषों का उत्क्लेशन होता है।

अवपीडकनस्य प्रयोग योग्य रुग्णानां रोगाणां च वर्णनम्। अवपीडकनस्य द्रव्याणां संकेतश्च।

अवपीडस्तु शिरोविरेचनवदभिषण्णसर्पदष्टविसंज्ञेभ्यो दद्याच्छिरोविरेचनद्रव्याणामन्यदमवपिष्यापीड्य च,

शर्करेक्षुरसक्षीरघृतमांसरसानामन्यतमं क्षीणजां शोणितपित्ते च विदध्यात्।

कृशदुर्बलभीरुणां सुकुमारस्य योषिताम्।
श्रृताः स्नेहाः शिरः शुद्ध्यै कल्कस्तेभ्यो यथा हितः॥

सु० चि० ४०।४४-४५

अभिष्यन्नो मेदः कफाभिव्याप्तशिरः। पिप्पली विडङ्गादिशिरोविरेचनद्रव्याणामेकतमं प्राप्य, पिष्ट्वा कल्कं, चकारादेतेषां क्वाथेनाक्तं पिचुनक्तमवपीड्य शिरोविरेचनवद्यथाक्रमं चतु पञ्चषष्टविन्दुप्रमाणं हीनादिमात्रास्ववपीडं दद्यात्। तस्य च तन्त्रान्तरे विषार्तादीनां संज्ञाप्रबोधनत्वेन रक्तपित्तादीनां स्तम्भनत्वेन द्वैविध्यम्। तथा च विदेहः।

"विषाभिघातसंन्यासमूर्च्छामोहापतन्त्रके।
मदापस्मारकामार्तिचिन्ताक्रोधभयादिषु।
मानसेषु च रोगेषु मूढ व्याकुलचेतसाम्।
संज्ञाप्रबोधहेत्वर्थमवपीडं प्रयोजयेत्।
शिरोविरेचनस्नेहमुष्काद्यं ? तद्विरेचनम्।
क्षौद्रादिकल्कपिण्डं च स्तम्भनं त्ववपीडनम्॥ डल्हणः
गलरोगे सन्निपाते निद्रायां विषमज्वरे।
मनो विकारे कृमिषु युज्यते चावपीडनम्॥ शा० उ० ८, वंगसेन

हि० व्या०—कफ से व्याप्त शिर, सर्प दंश से संज्ञाहीन पुरुष में, शिरोविरेचन द्रव्यों में से किसी एक द्रव्य को पीसकर अवपीड नस्य का प्रयोग करना चाहिए। क्षीण एवं रक्तपित्त के रोगियों को शर्करा, इक्षुरस, दूध, घृत और मांसरस में से किसी एक द्रव्य का प्रयोग कराना चाहिए।

कृश, दुर्बल, भीरु, सुकुमार और स्त्रियों को शिरः शुद्धि के लिए सिद्ध स्नेह और इन द्रव्यों का कल्क हितकर होता है। शार्ङ्गधर संहिता और वंगसेन के अनुसार गले के रोग, त्रिदोष प्रकोप, निद्रा, विषमज्वर, मनोविकार क्रिमि-रोगों में अवपीडन नस्य हितकर होता है।

विरेचनस्य प्रकारविशेषरूप प्रधमन नस्यप्रयोग प्रकारः

षडङ्गुला द्विवक्त्रा वा नाडी चूर्णं तथा भ्रमेत्।
तीक्ष्णं कोल मितं वक्त्र वातैः प्रधमनं हि तत्॥ शार्ङ्गधर, वंगसेन
ध्मानं विरेचनश्चूर्णो युंज्यात्तं मुखवायुना।
षडंगुलद्विमुखया नाड्या भेषजगर्भया।
स हि भूरितरं दोषं चूर्णत्वादपकर्षति॥
अ० हृ० सू० अ० २० चक्रदत्तः

चूर्णो मरीचादिभिः कृतो विरेचदो बहिर्दोषनिरसनो ध्मानं प्रध्मानाख्यं नस्यं स्यात्। कथं नासया प्रणीयमानः। युंज्यातं चूर्णं मुखवायुना फूत्कारा-ख्येन प्रवेशयेत्। कथम्। नाड्या कारणभूतया। किं भूतया। षडंगुलानि यस्याः सा षडंगुला द्वे मुखे यस्याः सा द्विमुखा। षडंगुला चाऽसौ द्विमुखा च षडंगुल द्विमुखा तया। तथा भेषजगर्भया त्रिकट्वादिचूर्णभरितया। स हि चूर्णो भूरितरं बहुतरं दोष चूर्णत्वादपकर्षति निर्हरति। यथा कल्कक्वाथादयः। ततस्तस्माद्विरेचनाख्योऽयमित्यर्थः। अरुणदत्तः।

हि० व्या० - प्रधमन नस्य—शिरो विरेचन करने वाले द्रव्यों का चूर्ण बनाकर कपड़छान कर लिया जाता है। उसे एक विशेष प्रकार की पोली छः अंगुल की नलिका में औषध भरकर नासापुट में नलिका प्रविष्ट कर दूसरे शिरे से मुख द्वारा फूंक मारकर प्रवेश कराया जाता है। चूर्ण के कारण ही यह दोषों को निकालता है।

प्रधमन नस्य प्रयोग योग्य रोगाणां वर्णनम्

चेतोविकारकृमिविषाभिपन्नानां चूर्णं प्रधमेत्।
सु० चि० अ० ४०।-

प्रधमनप्रयोगविषयावधारणं —चेतोविकारकृमिविषाभिपन्नानामित्यादि। अत्राह विदेहः,—

"नाडी षडङ्गुलायामा द्विमुखी च तया धमेत्।
त्रिश्चूर्णं मुच्चुटीमात्रमेष प्रधमने विधिः॥
शुक्तिप्रमाणं जिघ्रेद्वा बद्धं सूक्ष्मेण वाससा" इति॥

तर्जन्यङ्गुष्ठाग्रमात्रग्राह्यं चूर्णं मुच्चुटीमात्रम्। गयी तु प्रतिमर्शानन्तरमवपीडप्रधमने प्राह॥ डल्हण

हि० व्या०—मानसिक रोग, कृमि रोग, विषविकार में प्रधमन नस्य का प्रयोग करना चाहिए।

मरिचादि नस्यम्

रोहितमत्स्य पित्तेन भावितं सैन्धवं वचा।
मरिचं पिप्पली शुण्ठी कंकोलं लशुनं परम्।
कट्फलं चेति तच्चूर्णं देयं प्रधमनं बुधैः॥
शा० उ० ८।२२-२३

हि० व्या०—सैंधव नमक, वच, काली मिर्च, पीपर, सोंठ, कंकोल, लहसुन, शुद्ध गुग्गुलु तथा कायफल समभाग लेकर, सभी का यवकूट चूर्ण करके रोहू मछली के पित्त की भावना देकर सूखने पर फिर चूर्ण करके रख लेना चाहिए। यह प्रधमन नस्य का उत्तम योग है।

गुडादि प्रधमन नस्यम्

नस्यं स्याद् गुडशुण्ठीभ्यां पिप्पल्याः सैन्धवेन वा
जलपिष्टेन तेनाक्षि कर्णनासाशिरोगदाः।
मन्याहनुगलोद्भूता नश्यन्ति भुजपृष्ठजाः॥
शा० उ० अ० ८, वंगसेन

हि० व्या०—उपर्युक्त सूत्र में दो नस्य योगों की कल्पना की गई है। (१) गुड़ और शुण्ठी (सोंठ) को जल में पीसकर, (२) पिप्पली और सैन्धव लवण को जल में पीसकर नस्य ग्रहण करने से नेत्र, कान, नासा एवं शिरः प्रदेश के समस्त रोग दूर होते हैं साथ ही मन्या नाड़ी, हनु, गल, भुजा तथा पृष्ठगत सभी रोग दूर होते हैं।

विरेचन नस्यम्

अथ विरेचनं नस्यं ग्राह्यं तैलैः सुतीक्ष्णकैः।
तीक्ष्णभेषजसिद्धैर्वा स्नेहैः क्वाथैः रसैस्तथा॥
शा० उ० ८, भावप्र०

हि० व्या०—विरेचन नस्य का प्रयोग किसी तीक्ष्ण औषध से निर्मित तैल द्वारा किया जाता है। अथवा तीक्ष्ण औषधियों के क्वाथ एवं स्वरस से भी प्रयोग कराया जा सकता है।

विरेचनस्य मात्रामाह

नासिकारन्ध्रयोरष्टौ षट् चत्वारश्च बिन्दवः।
प्रत्येकं रेचने योज्या मुख्यमध्यान्त्यमात्रया॥
शा० सं० उ० अ० ६, भावप्रकाशः

नासिकारन्ध्रयोरिति । द्वयोरपि नासापुटयोर्नस्यं योजनीयम् । अष्टावित्यादि । मुख्यमध्यान्त्यमात्रया इति । अष्टौबिन्दवः मुखमात्रा । रेचनस्य षट्बिन्दवः मध्यमा । चत्वारः अन्त्या मात्रा हीनमात्रा इति । उक्तं च—चत्वारो बिन्दवः षट् वा तथाष्टौ वा यथाबलम् । शिरोविरेचने योज्या ऊर्ध्वजत्रुविकारिणां इति । बिन्दु लक्षणं वाग्भटे-प्रदेशिन्यंगुलीपर्वद्वयान्मग्नसमुद्धृतात् यावत्पतत्यसौ बिन्दुर्दशाष्टौ षट् क्रमेण ते । मर्शस्योत्कृष्टमध्योना मात्रास्ता एव च क्रमात् । बिन्दुद्वयोनाः कल्कादेः' इति । आढमल्लः ।

हि० व्या०—विरेचन नस्य की मात्रा आठ बूंद, छः बूंद और चार बूंद की क्रमशः उत्तम, मध्यम और हीन मात्रा है । प्रत्येक नासारन्ध्र में रोगी और रोग का विचार कर मात्रा निर्धारण करना चाहिए ।

नस्यौषध प्रमाणम्

नस्य कर्मणि वातघ्यं शाणैकं तीक्ष्णमौषधम् ।
हिंगु स्याद्यवमात्रन्तु मार्षकं सैन्धवं मतम् ॥
क्षीरं चैवाष्टशाणं स्यात्पानीयश्च त्रिकार्षिकम् ।
कार्षिकं मधुरद्रव्यं नस्यकर्मणि योजयेत् ॥

हि० व्या०—नस्य कर्म हेतु मरिच आदि तीक्ष्ण द्रव्य एक शाण (चार आना भर), हींग एक जो के बराबर, सैंधव लवण एक माशा, दूध दो तो०, जल तीन तोला और मधुर द्रव्य एक तोल मिलाकर खरल कर द्रवरूप नस्य तैयार करना चाहिए ।

विरेचन नस्य प्रयोगस्थलानां निर्देशः

स्तम्भसुप्तिगुरुत्वाद्याः श्लैष्मिकाये शिरोगदाः ।
शिरोविरेचन तेषुनस्तः कर्म प्रशास्यन्ते ।
च० सि० ९।९३

विरेचनं शिरः शूलजाड्यस्यंद गलामये ।
शोफगंडकृमिग्रंथिकुष्ठाऽपस्मारपीनसे ॥
अ० हृ० सू० २०।४

ऊर्ध्वजत्रुगते रोगे कफजे स्वरसंक्षये ।
अरोचके प्रतिश्याये शिरः शूले च पीनसे ॥
शोफाऽपस्मारकुष्ठेषु नस्यं वैरेचनं हितम् ।
शा० उ० ८।, भावप्र०, वंगसेन

शिरोऽभिघाते त्वरुचौ स्वरभङ्गे गलग्रहे ।
कासे नासामयेऽप्यां नस्यं देयं विरेचनम् ॥

शिरः शूलादिषु विरेचनं नस्यमिष्यते । अपस्मारौ यद्यप्यूर्ध्वजत्रुस्थितौ न भवति तथाऽपि विरेचननस्येन शाम्यतीति तदुपादानम् । उपलक्षणं चेदम् । कफप्रकोपास्यवैरस्यगंधाज्ञानादिष्वपि विरेचनमेव हितम् । अरुणदत्तः ।

हि० व्या०—शिर में स्तम्भ (जकड़ाहट) शून्यता, भारीपन आदि उपद्रव (कफजन्यविकार) में विरेचन नस्य का प्रयोग करना चाहिए ।

आचार्य वाग्भट के अनुसार शिरः शूल, अभिष्यन्द, गलरोग, शोथ, स्वरभेद, मुखशोथ, गलगण्ड, कृमि जन्य रोगों में, ग्रन्थि, कुष्ठ, अपस्मार, पीनस में विरेचन नस्य का प्रयोग कराया जाता है । आचार्य शार्ङ्गधर में इनके अतिरिक्त अरुचि, प्रतिश्याय में भी विरेचन नस्य के उपयोग का निर्देश करते हैं । भावप्रकाश वङ्गसेन और चक्रदत्त में वाग्भट के पाठ का अनुसरण किया गया है ।

विरेचननस्य योग्यानां भषजानां संकेतः

यथास्वं यौगिकैः स्नेहैर्यथास्वं च प्रसाधितैः ।
कल्कक्वाथादिभिश्चाद्यं मधुपट्वासवैरपि ॥
अ० हृ० सू० २०।

ये ये स्नेहा यथास्वं तैः । किंभूतैः । यौगिकैर्योगार्हैः । सर्षपतैलादिभिर्न तु घृतादिभिः । तथा यथास्वं मरीचशुण्ठ्यादिभिः प्रसाधितैः संस्कृतैः । तथा कल्कक्वाथस्वरसादिभिश्च यथास्वं कफघ्नैर्गिरिकर्णिकादिजैराद्यं विरेचनाख्यं नस्यं भवति । न केवलमेतैर्यावन्माक्षिकादिभिश्च । पटुः सैंधवादिः । आसवो मद्यविशेषः । अरुणदत्तः ।

हि० व्या०—रोग के अनुसार उपयुक्त रोग नाशक द्रव्यों से बनाई हुई (स्नेहों से सिद्ध की गई) अथवा तीक्ष्ण द्रव्यों के क्वाथ या स्वरस से अथवा मधु, लवण एवं आसव से विरेचन नस्य दिया जाता है ।

आद्यं विरेचनस्यं प्रथमनिर्दिष्टत्वाद्यथास्वं यथात्मीयं यौगिकैर्योगार्हैस्तीक्ष्णैः सर्षपतैलप्रभृतिभिस्तथा यथायथं प्रसाधितैः शिरोविरेचनद्रव्यैस्तथा कल्कक्वाथादिभिः शिरोविरेचनद्रव्याणां सम्बन्धिभिः । चंद्रनन्दनः ।

विरेचनस्य द्रव्याण्याह – यथास्वमिति । यथास्वं यो यस्योचितः स्नेहस्तेन यथास्वं यद्यस्योचितमौषधं तेन साधितैः स्नेहैः कल्कैः क्वाथैश्चूर्णादिभिश्च आद्यं विरेचनं, पटु सैंधवादि । संग्रहे तु तत्र भीरुस्त्रीकृशसुकुमारेषु स्नेहः गलरोगसंनिपातज्वरातिनिद्रामनोविकारकृमिशिरोरोगाक्षिस्पन्दनतिमिरव्हृच्छ्रविषाभियन्नाभिष्यन्दसर्पदष्टविसंज्ञेषु शेषाः तेष्वेव च भूयसि दोषे शीघ्रकारिणि च चूर्णः । स हि नासायामावेगकरतरो भवतीति । हेमाद्रिः ।

तन्द्रा नाशक नस्य योगः

सैन्धवं श्वेतमरिचं सर्षपाः कुष्ठमेव च ।
वस्तमूत्रेण संपिष्टं नस्यं तन्द्रानिवारणम् ॥ भावप्र०

हि० व्या०—सैंधव नमक, श्वेत मरिच, सरसों तथा कूठ को बकरे के मूत्र में पीसकर नस्य तैयार करना चाहिए । यह तन्द्रा नाशक नस्य है ।

शिरो विरेचन भेदाः

अवपीड प्रधमनौ द्वौ भेदावपरौ स्मृतौ।
शिरोविरेचनस्यात्र तौ तु देयं यथाययम् ॥

शा० उ०८।११, वंगसेन

हि० व्या०—विरेचन नस्य के दो भेद बताये गए हैं। अवपीडन और प्रधमन। यथावसर दोनों का प्रयोग करना चाहिए।

अवपीडप्रधमनयोः स्वरूपम्

कल्कीकृतादोषधाद्यः पीडितो निःसृतो रसः।
सोऽवपीडः समुद्दिष्टस्तीक्ष्ण द्रव्यसमुद्भवः ॥

शा० सं६ उ० ८। वंगसेन

हि० व्या०—जिसमें तीक्ष्ण पदार्थ मिला हो इस प्रकार के औषध योग का कल्क बनाकर उसे निचोड़कर जो स्वरस निकाला जाता है उसे अवपीड नस्य कहते हैं। चक्रदत्त में अवपीड नस्य के भी दो भेद माने गए है। शोधन और स्तम्भन।

शोधनः स्तम्भनश्च स्यादवपीडो द्विधा मतः। चक्रदत्तः।

शमन नस्य प्रयोगस्थलानि

रक्तपित्तादिरोगेषु शमनं नस्यमिष्यते। च० सि० ६।६५
शमनमकालवलीपलितखलतिदारुणकराकराजीव्यंगनीलिकारक्तपित्तादिषु।
अ० सं० सू० २६।७
शमनं नीलिकाव्यंगकेशदोषाक्षिराजिषु ॥

हि० व्या०—शमन नस्य का प्रयोग-रक्तपित्त आदि रोगों में शमन हेतु करना चाहिए।

आचार्य वाग्भट के अनुसार असमय में वलीपलित, खल्वाट तथा दारुणक आदि केशजनित रोग, शिर की त्वचा पर रक्तराजी. नीलिका, व्यंग तथा रक्तपित्त जनित रोगों में शमन नस्य का प्रयोग करना चाहिए।

शमननस्य भेषज निर्देशः

शमनं योजयेत्पूर्वैः क्षीरेण च जलेन च।

सु० सू० अ० २०।८

यथास्वमुपदिष्टैः स्नेहैर्भेषजस्वरसादिभिः क्षीरोदकाभ्यां वा समदोषे वाऽणुतैलेनेति। अ० सं० सू० २६।७

हि० व्या०— पूर्वोक्त रोगों की चिकित्सा में वर्णित स्नेहों से शमनकारी औषधियों के स्वरस तथा दूध एवं शीतल जल से तथा दोषों की शमावस्था में अणुतैल से देनी चाहिए।

शिरस्तर्पण नस्य प्रयोगस्थलानि।

ये च वातात्मका रोगाः शिरः कम्पार्दितादयः।
शिरसस्तर्पणं तेषु नस्तः कर्म प्रशस्यते ॥

च० सि० अ० ६।६४

हि० व्या०- शिरस्तर्पण नस्य का प्रयोग शिरो काय, अर्दित, आदि वातज रोगों में शिर के तर्पणार्थ किया जाता है।

बृंहणनस्य प्रयोगयोग्या रोगाः

बृंहणं सूर्यावर्तार्द्धविभेदक कृमिशिरोरोगाक्षिसंकोचस्पन्दनतिमिर कृच्छ्रावबोधदन्तकर्णशूलनादनासामुखशोषवाक्संगस्वरोपघातमन्यास्तम्भापतानकावबाहुक निद्रानाशादिष्वनिलोत्थेषु। अ० सं० सू० २६।६

बृंहणं वातजे शूले सूर्यावर्ते स्वरक्षये।
नासाऽस्यशोषे वाक्संगे कृच्छ्रावबोधबाहुके ॥ अ० हृ० सू० २०।५
भीरुस्त्रीकृशबालानां नस्यं स्नेहेन शस्यते। शा० उ० ८ भावप्र०
बृंहणं वातरुक् प्राये.....। का० सि० अ० २।
शिरोनासाक्षिरोगेषु सूर्यावर्तार्धभेदके।
दन्तरोगे बले हीने मन्या बाह्वंसजे गदे ॥
मुखशोषे कर्णनादे वातपित्त गदे तथा।
अकालपलिते चैव केशश्मश्रुपातने ॥

शा० सं० उ० ८। भाव० प्र०

हि०—बृंहण नस्य का प्रयोग सूर्यावर्त, अर्द्धावभेदक' कृमिज शिरो रोग, नेत्र संकोच, नेत्र फड़कना, तिमिर रोग, दन्त शूल, कर्ण शूल, दन्त शब्द, कर्णनाद, नासा व मुख रोग, वाक्संग, स्वर का अवरोध, मन्यास्तम्भ, अपतानक एवं अपतन्त्रक, अवबाहुक नामक वात रोगों तथा निद्रा नाश में किया जाता है।

बृंहणनस्य द्रव्याणि

स्निग्धमधुर द्रव्यैरद्रव्यैस्तत्सिद्धैर्यथायथं चोपदिष्टैः स्नेहैर्निर्यासैर्धान्यमांस रसरक्तैश्च बृंहणं धन्वमांसोत्थरसासृक् रवपुरैरपि।

अ० सं० सू० २६।६
अ० हृ० सू० २०।८
बृहणं विविधैः स्नेहैर्मधुरौषध संस्कृतैः। का० सं० सि० २।
स्नेहैर्वा मधुरद्रवैः। शा० उ० ८। भाव० प्र०

हि०—घृत, तैल, इक्षुरस तथा मधुर वर्ग की औषधियों से सिद्ध स्नेह द्वारा, स्निग्ध तथा मधुर द्रव्यों के स्वरस, गौड, धान्य, मांसरस एवं रक्त का बृंहण नस्य में उपयोग किया जाता है।

कर्शननस्योदाहरणानि

रूक्षैर्वा कटुसिद्धैर्वा स्नेहैः कर्शनमुच्यते ॥ का० सं० सि० अ० २।

हि०—रूक्ष एवं कटु औषधियों से सिद्ध स्नेहों द्वारा कर्शन नस्य दिया जाता है।

आवश्यकतानुसारं पुनः पुनः नस्य प्रयोग विधानम्

आभेषजक्षयादेवं द्विस्त्रिर्वा नस्यमाचरेत्।

अ० हृ० सू० २०।२१

एवमनेन क्रमेणाऽऽभेषजक्षयाद् द्विस्त्रिर्वा नस्यं कुर्यात्। ननु नस्यमात्रा सकृदेव प्रक्षेप्तव्याहीनमात्रं चौषधं न देयं तद्धि दोषानुत्क्लेश्यानिर्हरद्गौरवारुचिकासप्रसेकपीनसच्छर्दिकण्ठरोगान् कुर्यात्। अधिकमतियोगाद्दोषान् कुर्यात्। सकृदेव सर्वं दत्तमुच्छिद्यमानं शिरोरोगप्रतिश्यायघ्राणक्लेदानुच्छ्वासोपरोधं च कुर्यात्। अत्युष्णं दाहरागज्वररक्तांगमूर्च्छा श्रमान्। अतिशीतं हीनदोषानेव। अत्युन्नतशिरसोऽभ्यक्ष्रतिपद्यमानं तामेव हीनदोषान्। अत्यवनतशिरसो दूरगमनान्मूर्च्छाजाड्यज्वरान्। संकुचितगात्रस्य सम्यग्धमनीरप्राप्नुवद्दोषोत्क्लेशं कुर्यात् ॥ अरुणदत्तः।

हि० व्या०—मर्शनस्य की औषधियों को एक ही बार नासा पुटों में नहीं डालना चाहिए। थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दो या तीन बार डालना चाहिए।

नस्यकर्मणि पथ्यम्

यवान्नं शालयो मुद्गधात्रीदाडिमसैन्धवम्।
हितं नस्यविधौ भोज्यं तदा ह्यार्तस्य विभ्रमे।

का० सं० सि० अ० ४

हि० व्या०—नस्य प्रयोग काल में रोगी को विभ्रम हो जाने पर यवान्न, शालि चावल, मूंग हरड़ अनारदाना तथा सैन्धव का सेवन कराना चाहिए।

नस्यकर्मणिव्यापत्तिकारणानां वर्णनम्

तत्र हीनातिमात्रातिशीतोष्ण सहसाप्रदानादतिप्रविलम्बित शिरस उच्छिङ्घतो विचलतोऽभ्यवहरतो वा प्रतिषिद्ध प्रदानाच्च व्यापदो भवन्ति तृष्णोद्गारादयो दोषनिमित्ताः क्षयजाश्च। सु० चि० ४०।४८

दोषनिमित्ता इति दोषोत्क्लेशनिमित्ताः, क्षयजाश्चेति दोषक्षयजाः। डल्हणः।

हि० व्या०—नस्य का प्रयोग हीन मात्रा में अति मात्रा में, अत्यन्त शीतल, अधिक उष्ण अथवा शीघ्र प्रयोग करने से, शिर को अधिक नीचा करके, छींकने से, हिलने से, भोजन के समय तथा निषिद्ध अवस्थाओं में नस्य प्रयोग से दोषोत्क्लेश और दोषक्षयजन्य, तृष्णा, उद्गार आदि उपद्रवों की उत्पत्ति हो जाती है।

नस्यकर्मणः जायमानानां व्यापदां चिकित्सा

नस्ये शिरोविरेके च व्यापदो द्विविधाः स्मृताः।
दोषोत्क्लेशात् क्षयाच्चैव विज्ञेयास्ता यथाक्रमम् ॥
दोषोत्क्लेशनिमित्तास्तु जयेच्छमनशोधनैः।
अथ क्षय निमित्तासु यथास्वं बृंहणं हितम्।

सु० चि० ४०।४९-५०

यथाक्रममिति स्नैहिक नस्ये दोषोत्क्लेशजाः, शिरोविरेचने क्षयजा व्यापद भवन्तीति। दोषोत्क्लेशनिमित्ता इत्यादि। शमनशोधनैरिति तत्राल्पे शमनं, प्रभूते शोधनम्। डल्हणः।

हि० व्या०—दोषोत्क्लेशजन्य उपद्रवों का उपचार शमन एवं शोधन के द्वारा तथा क्षयज विकारों में दोषानुकूल बृंहण विधि से उपचार करना चाहिए।

नस्य प्रयोगोपद्रव चिकित्सा

कफप्रसेके त्रिफलाचूर्णं ससैन्धवं सक्षौद्रं वा लिह्यात्। चक्षुषोरुक्तं सैन्धवमरीचरसांजनमनःशिला वाऽजाक्षीरपिष्टा वर्त्यः कण्डूतिमिरोपदेहदूषिकाशमन्यो भवन्ति। रसक्रिया वा स ·····शिरोविरेचनधूमपानावपीडवमनविरेचन निरूहपथ्यभोजनानि शस्यन्ते। देवदारुतालीसमांसीमुस्तशिग्रु गन्धर्ववासकपुनर्नवाकल्कैः सक्षौद्रैस्तैलं तक्रमभीक्ष्णमुपचार्यमाणमस्य योऽतिनस्या ····· र्य तृष्णालोः शीततो वेपमानस्य तीक्ष्णं शिरो विरेचनमनिलशङ्खहनुस्तम्भ दिवाकरावर्तातिमोहानुपजनयति ज्वरं वा सोपद्रवं; तेषु कुमारतैलं पुनर्नवातैलं घृतं वा तद्वत्संस्कृतं वा ·····त्रकं प्रशस्यते, जाङ्गलश्च संस्कृतो रसः। निद्रानाशेमत्स्यमांसदधियवगोधूमशालिषष्टिकान्नगुडसंस्कृतानि स्नेहलवणोपदंशयुक्तान्यानयन्ति निद्राम्। रजस्वलायाः स्नाताया गर्भिण्याश्च पुष्पाध्याययू (षाध्याय) ·····येभ्योऽध्यायेभ्यो भेषजं विद्धयात्। क्षीरं वा जीवनीयोपसिद्धमिति परिषत्॥

(का० सं० सि० अ० ४)

हि० व्या०—कफ की प्रसेकावस्था में त्रिफला चूर्ण में नमक या मधु मिलाकर देना चाहिए। अक्षि रोगों में सैन्धव, मरिच, रसौत तथा मनः शिला को बकरी के दूध में पीसकर निर्मित वर्ति का प्रयोग, अक्षि कण्डु, तिमिर, उपदेह आदि दोषों के शमन हेतु करें। इन्हीं द्रव्यों की रस क्रिया का भी प्रयोग किया जाता है।·····इसके बाद शिरोविरेचन, धूम्रपान, अवपीड़न नस्य, वमन गिरेचन निरूह बस्ति तथा पथ्य भोजन का प्रयोग उत्तम होता है। अति योग से उत्पन्न उपद्रवों में देवदारु, तालीशपत्र, जटामांसी, नागरमोथा सहिजन, एरण्ड वासा, पुनर्नवा तथा मधु के साथ तैल को सिद्ध करके उसका निरन्तर सेवन करना चाहिए। प्यासे तथा ठंढ से कम्प वाले व्यक्ति को

तीक्ष्ण शिरो विरेचन का प्रयोग करने से शंख तथा हनु प्रदेश में स्तम्भ सूर्यावर्त, अति मोह तथा उपद्रव युक्त-ज्वर हो जाता हैं। इस अवस्था में सुकुमार तैल, मधुयष्टि तैल पुनर्नवा तैल तथा इन्हीं औषधियों से सिद्ध घृत एवं संस्कारित जांगल मांस रस भी उपयुक्त बतांया गया है। निद्रानाश में संस्कार युक्त एवं स्नेह, लवण त्रिकटु तथा उपदंश (आचार मसाले आदि) से युक्त मच्छली, मांस, दही, जौ, गेहूं शालि, षष्टिक अन्न एवं गुड़ आदि के प्रयोग से निद्रा उत्पन्न हो जाती है। रजस्वला स्नान द्वारा शुद्ध हुई तथा गर्भिणी स्त्री की पूर्व में पुष्याध्याय, यूषाध्याय में कही गई औषधियों से उपचार करें अथवा जीवनीय गण की औषधियों से सिद्ध दूध का सेवन करना चाहिए।

नस्यप्रयोगजन्योपद्रव चिकित्सा

तेषु यथास्वमापतनं दोषोद्रेकं चापेक्ष्य स्नेहस्वेदशिरोवक्त्रलेपसेकतीक्ष्णावपीडधूमगण्डूषादीनाचरेत्। विशेषेण तु गर्भिणी रूक्षे नस्य कर्मणि वर्षाभूकाकोलीकपिकच्छुभिः शृतं पयः पिबेत्। बलाविदार्यंशुमतीमेदाभिर्वा। एभिरेव च शृतं हविः। वातहरसिद्धश्च स्नेह शिरोवस्तौ कर्णपूरणे च योज्यः। एवं च बृंहणमन्नपानम्। भुक्तभक्तादिष्वपि चात्ययिक व्याध्यातुरमपेक्षेत।

अ० सं० सू० २९।

मूर्च्छायां शीततोयेन सिंचेत्परिहरन् शिरः।

अ० हृ० सू० २०।

हि० व्या०—नस्य प्रयोग जन्य उपद्रवों में उक्त कारण तथा दोषों के वृद्धि एवं प्रसार का विचार कर आवश्यकतानुसार स्नेहाभ्यंग, स्वेदन, शिर एवं मुखमण्डल पर लेप एवं जल का सेंक करना (सेचन) चाहिए। स्नेहन नस्य के विकार में तीक्ष्ण अवपीड नस्य देना चाहिए। धूमपान एवं गण्डूष की व्यवस्था करनी चाहिए। विशेषतया यदि गर्भवती स्त्री को रूक्ष विरेचन नस्य दिया गया हो तो पुनर्नवा, काकोली एवं केवाच के बीजों से सिद्ध दूध पीना चाहिए अथवा बला, विदारीकंद, शालपर्णी से सिद्ध दूध पीना चाहिए। इन्हीं द्रव्यों से सिद्ध दूध का प्रयोग भी विहित है। वातनाशक द्रव्यों के संयोग से सिद्ध स्नेह का प्रयोग तथा कर्ण पूरण करना चाहिए। बृंहण अन्न पान का सेवन करना चाहिए। और कोई आत्ययिक उपद्रव हो तो अवस्थानुसार उपचार करना चाहिए।

अष्टाङ्ग हृदय के अनुसार यदि मूर्च्छा उत्पन्न हो जाए तो शिर को छोड़ कर समस्त शरीर पर शीतल जल का सिंचन कराना चाहिए।

मधूकसारादिनस्यम्

मधूकसारकृष्णाभ्यां वचामरिचसैन्धवैः।
नस्यं कोष्णजले पिष्टं दद्यात्संज्ञाप्रबोधनम्।
अपस्मारे तथोन्मादे संनिपातेऽपतन्त्रके।

शा० सं० उ० ८।२०, भा० प्र०, वङ्गसेन

मधूकसारकृष्णाभ्यामेको योगः। मधूकोवृक्षविशेषः, तस्य सारं, मध्यस्थितकाष्ठविशेषं। वचामरिचसैन्धवैः कृत्वा परः सकलद्रव्यकृतो वा एक एव योगो व्यवहारात् शेषं सुगमम्॥ आढमल्लः।

हि० व्या०—गुड़ तथा शुण्ठी को अथवा पिप्पली व सैन्धव को जल में पीसकर नस्य प्रयोज कराने पर कर्ण, नेत्र, नासा तथा शिर के रोग तथा मन्या, हनु, गल, भुजा तथा पीठ के रोग नष्ट हो जाते हैं। महुए का सार, पीपल, बालवच, मरिच तथा सैन्धव को उष्ण जल में पीसकर नस्य प्रयोग से अपस्मार, उन्माद, सन्निपात व अपतन्त्रक में मूर्च्छित रोगी की मूर्च्छा को दूर करने के लिए किया जाता है।

कुंकुमनस्यम्

सशर्करं पयः पिष्टं भृष्टमाज्येन कुंकुमम्।
नस्य प्रयोगतो हन्याद्वातरक्तभवारुजः॥
भ्रूशङ्खाक्षिशिरः कर्ण सूर्यावर्तार्धभेदकान्।

शा० उ० से।३२-३३ भाव प्र०

हि० व्या०—केशर को घी में भूनकर और सम भाग शक्कर मिलाकर एक तोला दूध में पीसकर बृंहण नस्य प्रयोग करने से सिर के वातरक्त जन्य रोग, भौं, शंख, नेत्र सिर तथा कान के रोग सूर्यावर्त एवं अर्धविभेदक रोग दूर होते हैं।

अन्यबृंहणनस्यमाह

नस्यं स्यादणुतैलेन तथा नारायणेन वा।
माषादिना वा सर्पिर्भिस्तत्तभेषजसाधितैः।

शा० उ० ८।३४, भावप्र०

अथाऽपराणि बृंहणनस्यादीन्याह—अणुतैलेनेति। अणुतैलेति। अणुतैलेन नस्यं वातरक्तभवा रूजो हन्यादित्यत्र संबन्धः। गवां शकृत् क्वाथविपक्वमुत्तमं हितं च तैलं तिमिरेषु नस्यतः। घृतं तथा केवलमेव पैत्तिके तथाणुतैलं पयनासृगुच्छयो'रिति। अणुतैलं तु वातव्याधिचित्सोक्तमन्यत्र ज्ञातव्यं। केषांचित् ज्ञापनार्थं यथा तिलपीडनोपकरणकाष्ठान्याहृत्यानल्पकालतैलपरिपीतान्यणूनि काण्डशः परिकल्प्यातिकुट्य महाकटाहे पानीयेनाक्ष्याव्य क्वाथयेत्। ततः स्नेहमस्तुदृषत्सरकपाण्योरन्यतरेणादाय वातघनौषधप्रतीवापं स्नेहपाककल्पेन विपचेत्। एतदणुतेलमुपदिशन्ति वातरोगेष्विति। नारायण तैलेनेति शेषः। माषादिनेति। अत्राऽपि तैलेन सम्बन्धः। नारायणतैलं माषतैलं च वातव्याधिचिकित्सोक्तं ज्ञातव्यं तत्तद्भेषजसाधितैः सर्पिर्भिरिति। यानि यानि द्रव्याणि वातरक्तहृन्नाभिचक्षुः शिरः कर्णरोगाणां विहितानि तैस्तैर्द्रव्यैरेव साधितानि सर्पींषि तत्र तत्र योज्यानित्यभिप्रायः। आढ़मल्ल।

हि० व्या०—अणुतैल, नारायण तैल, माषादि तैल तथा मधुर एवं बृंहण द्रव्यों से सिद्ध किए हुए घृतों से स्नेहन नस्य देना चाहिए।

माषादिनस्यम्

माषाऽस्मगुप्तारास्नाभिर्बलारुबुकरोहिषैः ।
कृतोऽश्वगन्धया क्वाथो हिंगुसैन्धवसंयुतः ॥
कोष्णो नस्यप्रयोगेण पक्षाघातं सकम्पनम् ।
जयेदर्दितवातं च मन्यास्तम्भापबाहुकौ ॥

अथापरमपि योगमाह—आत्मगुप्ता कपिकच्छूः रास्ना सुरभी बला सामशब्दवाच्यारूबूक एरण्डः । रोहिषो गन्धतृणः अश्वगन्धया सह मिलित्वा क्वाथः हिंगुसैधवयोः प्रक्षेपः । तद्व्यवहारतो हिंगु रक्तिकाद्वयं सैंधवं मार्षकं प्रक्षेपः । जयेदर्दितवातं चेति चकारग्रहणात् कर्णनादरुजायां प्रशस्त इति प्रसिद्धिः । यदुक्तं —माषबलाणुकशिम्बीकृष्णरास्नोरूबूकाश्वगन्धानां । क्वाथो नस्यनिपीतो रामठलवणान्वितो कोष्णः । अपहरति पक्षाघातं मन्यास्तम्भं सकर्णरुजम् । दुर्जयमर्दितवातं सप्ताहाज्जयति चावश्य'मिति । इति मर्शविधिः ।

आढ्यमल्लः ।

अथ पक्षवातादितादौ नस्यम् - माषोऽन्नविशेषः, आत्मगुप्ता कपिकच्छूः, बला प्रसिद्धा, रूबुकः एरण्डः, रोहिषः, कत्तृणः, अश्वगन्धा हयगन्धा कोष्णः क्वाथः सकम्पनं कम्पवातं हन्यात् ॥ काशीरामः

हि० व्या०—उड़द, कौंच, रास्ना, खरैंटी रोहिष तृण, अश्वगन्धा सभी को समान भाग लेकर यथोक्त विधि से क्वाथ बनाकर छान लें । इस क्वाथ में से एक कर्ष लेकर एक मासा सैंधव नमक एवं भुनी हुई हींग जौ के प्रमाण में मिलाकर गुनगुना ही नस्य लेवें । यह नस्य, पक्षाघात, कम्परोग आदि वात रोग मन्या स्तम्भ तथा अवबाहुक को नष्ट करता है ।

अथ पलिते नस्यम्

बिभीतनिम्बगम्भारी शिवा शेलुश्च काकिनी ॥
एकैकतैलनस्येन पलितं नश्यति ध्रुवम् । शा० उ० ८।४६

बिभीतं बिभीतकमज्जानं निम्बं निम्बबीजं गम्भारी प्रसिद्धा, तस्या बीजं, शिवा हरीतकी मज्जा, शेलुः शाखोटकमज्जा. काकिनी किकईबीजं एषां एकैकतैलनस्येन पलितं नश्यति । आढमल्लः ।

हि० व्या०—विभीतक मज्जा, नीम (के बीज) गम्भारी एवं हरीतकी, शाखोट, रक्त गुंजा इनमें से किसी एक से तैल प्राप्त करके नस्य लेने से बाल काले हो जाते हैं ।

अणुतैल प्रयोगः

अणुतैल विधानं तु मञ्जिष्ठामधुक प्रपौण्डरीक जीवकर्षभककाकोलीद्वय-प्रयस्यासारिवाऽनन्तानीलोत्पलाञ्जनरास्नाविडंगतण्डुलमधुपर्णीश्रावणीमेदाकाकनासा सरलसालभद्रदारुचन्दनैः सुपिष्टैरष्टगुणं षड्गुणेन पयसा तैलं पचेत् । घृतं वा पित्तोल्वणेषु दोषेषु । अ० सं० सू० २९।९

हि० व्या०—मजीठ, मुलेठी, पुण्डरिया, जीवक, ऋषभक, कालोली, क्षीरकाकोली, पयस्या (क्षीरविदारी), सारिवा, अनन्तमूल, नीलकमल, अञ्जन (काला सुरमा), वायविडंग, गिलोय, गोरखमुण्डी, मेदा, काकनासा, सरल (गन्धविरोजा), राल, तारपीन का तैल तथा श्वेतचन्दन का बुरादा । सभी द्रव्य समान भाग लेकर कल्क तैयार कर, कल्क एक भाग, गोदुग्ध छः भाग, तिलतैल आठ भाग मिलाकर तैल सिद्ध करना चाहिए । सिद्ध हो जाने पर छान कर नस्य में प्रयोग करना चाहिए । इस प्रयोग से तैल और घृत दोनों तैयार किया जा सकता है ।

अणुतैल नस्य प्रयोग विशेष गुणाः

घनोन्नतप्रसन्नत्वक्स्कंधग्रीवाऽऽस्यवक्षसः ।
वृद्धेन्द्रियास्त्वपलिता भवेयुर्नस्यशीलिनः ॥

अ० हृ० सू० २०।४१

हि० व्या०—अणुतैल का नस्य प्रयोग करने से त्वचा, स्कन्ध, ग्रीवा, मुखमण्डल, वक्ष आदि अंग पुष्ट तथा सुन्दर हो जाते हैं । इन्द्रियां दृढ़ हो जाती हैं । केश काले हो जाते हैं ।

वृहद् अणुतैल प्रयोगान्तरम्

चन्दनागुरुपत्रदार्वीत्वङ्मधुक बलाद्वयबिल्वोपल पद्मकेशर प्रपौण्डरीक विडंगोशीर ह्रीबेर वन्यत्वङ्मुस्तसारिवा बृहती द्वयांशुमती द्वय जीवन्ती देवदारूसुरभिशतावरीः—शतगुणे दिव्येऽम्भसि दशभागावशिष्टं क्वाथयेत् ततस्तस्य क्वाथस्य दशमांशेन समांशं तैलं साधयेत् । दशमे चात्र पाके तैलतुल्यमाजमपिपयो दद्यात् । एतदप्यणुतैलं पूर्वस्मादविशेषेणेन्द्रिय दार्ढ्यकरं केश्यं त्वच्यं कण्ड्यं प्रीणनं बृंहणं दोषत्रयघ्नं च ।

च० सू० अ० ५, अ० सं० सू० अ०।२९

अणु तैल योग साधन वर्णनम्

जीवंतीजलदेवदारुजलदत्वक्सेव्यगोपीहिमं
दार्वीत्वङ्मधुकल्पजागुरुवरापुंड्रद्रुबिल्वोत्पलम् ।
धावन्यौ सुरभिः स्थिरे कृमिहरं पत्रं त्रुटिरेणुकम् ।
किंजल्कं कमलाह्वयं शतगुणं दिव्येऽभसि क्वाथयेत् ।
तैलाद्रसं दशगुणं परिशेष्य तेन
तैलं पचेच्च सलिलेन दशेववारान् ।
पाके क्षिपेच्च दशमे सममानदुग्धं
नस्यं महागुणमुशंत्यणुतैलमेतत् ॥

अ० हृ० सू० अ० २०।४७

जीवंतीत्यादि । जीवन्त्यादीनि द्रव्याणि दिव्ये जले क्वाथयेत् । गोपी सारिवा । प्लवं गोपालदमनाख्यम् । पुंड्राह्वं पौण्डरीकम् । धावन्यौ कंटकारिका-महोटिकाख्ये । सुरभिः सल्लकी । स्थिरे शालिपर्णीपृश्निपर्ण्यौ । कृमिहरं विडङ्गम् । अत्र तैलसमानि द्रव्याणि ग्राह्याणीति वैद्यव्यवहारः । आकाशादेः पटादिभिर्गृहीतं जलं दिव्यमुच्यते । तत्तैलाच्छतगुणं गृहीत्वा तावत्क्वाथयेत् । तेन क्वाथेन च तैलं दशवारान्पचेत् । दशमे च पाके तैलसममजाक्षीरं क्षिपेत् । ततः पुनः पचेत् । इति तत्तैलं महागुणमणुतैलम् । अणूनिंद्रियस्रोतांसि प्रविशतीत्यर्थः । अरुणदत्तः ।

अणुतैलं निर्दिदिक्षुमह—जलदं मुस्ता, सेव्यमुशीरं, गोपी सारिवा, हिमं चन्दनम् । दार्वीत्वक् दारुहरिद्रात्वक् । मधुकं मधुयष्टी । पलवं परिपेलवम् । वरा शतावरी । पुण्ड्राह्वं पुण्डरीकम् । उत्पलं नीलोत्पलम् । धावन्यौ द्वे कण्टकारी बृहती च । सुरभिः गन्धसुरा । स्थिरे द्वे शालिपर्णी, पृश्निपर्णी च । कृमिहरं विडङ्गम् । पत्रं गन्धपत्रम् । त्रुटिः सूक्ष्मैला । हरेणुरेणुका किञ्जल्कं कमलात्तत्केशरम् । एतानि द्रव्याणि शतगुणं परिशेष्यानन्तरं तेनसलिलेन क्वाथेन तैलतो दशगुणेनावशिष्टेन तैलं पचेत् । दशवारान् । दशपर्यायान् । न्यूनाधिकान् । तत एवकारोऽवधारणार्थः कृतः । तैलपाकनिवृत्तिस्तथा कर्तव्या यथा तेन क्वाथेन दशपाकं तत्तैलं सम्पद्यते । क्वाथः सलिलपाकैर्दशभिः पृथक् पृथक् तलं विपचेदिति । यावद्दशमे पाके सममाजदुग्धं क्षिपेत्तेन समं तुल्य भागः । जीवन्तीत्यादीनां द्रव्याणां समभागानां पलानि द्वात्रिंशत् । पानीय-पलानां द्वात्रिंशच्छतानां क्वाथानवशिष्टपलानां त्रीणिशतानि त्रिंशत्यधिकानि । तस्य क्वाथस्य दशमांशेन द्वात्रिंशत्पलपरिमाणेन तिलतैलस्य द्वात्रिंशत्पलानि साधयेत् । दशमे जातपाके तैलतुल्यं द्वात्रिंशत्पलानि अजाक्षीरस्य दद्यात् । एतच्च नस्यं तैलं महागुणं भूरिबलांवहं मुनय उशन्ति कथयन्ति । अणूनां स्रोतसां शिरोभागानामन्त, प्रवेशसामर्थ्यात् । एतत्तैलमणुतैलं सिद्धार्थं नाम ।

चंद्रनन्दनः ।

वृहत् अणुतैल—

हि० व्या०—श्वेतचन्दन, अगर, तेजपत्र, दरुहल्दी की छाल, मुलेठी, बला, अतिबला, बेलगिरी, उत्पल, कमलकेसर, पुण्डरिया, वायविडंग, खस, नेत्रवाला, केवटी मोथा, दालचीनी, नागरमोथा, सरिवा, कण्टकारी, वनभण्टा, शालपर्णी, पृष्णिपर्णी, जीवन्ती, देवदारु, रासना तथा शतावर । सभी द्रव्य समान भाग लेकर सौ गुने वर्षा जल में पकाना चाहिए । दशमांश शेष रहने पर छान लें, तत्पश्चात् क्वाथ से दशमांश तिलतैल, दशमांश क्वाथ में डालकर पाक करना चाहिए । सिद्ध होने पर पुनः दशमांश क्वाथ मिलाकर पाक करना चाहिए । इस प्रकार दसवें पाक में तैल के समान भाग बकरी का दूध मिलाकर पाक करना चाहिए । सिद्ध होने पर छानकर नस्य कर्म में प्रयोग करना चाहिए ।

यह अणु तैल का दूसरा योग है । इसके उपयोग से इन्द्रियों में दृढ़ता आती है । केश, त्वचा तथा कण्ठ के लिए हितकारक है । प्रीणन (क्षति पूर्ति कारक), पुष्टिदायक तथा त्रिदोष नाशक है । अष्टाङ्ग हृदयकार ने इसी योग को पद्यबद्ध लिखा है ।

जीवकादिनस्ययोगः—

जीवकर्षभको द्राक्षा पिप्पल्यो मधुकं बला ।
प्रपौण्डरीकं मेदा च शर्करानीलमुत्पलम् ॥
निदिग्धिका चांशुमती नीलिका सैन्धवं वचा ।
रास्ना श्वदंष्ट्रा मञ्जिष्ठा बृहतीं सपुनर्नवा ॥
एभिः पलसमैः सिद्धं तैलं वा यदि वा घृतम् ।
चतुर्गुणेन पयसा नस्यं तत्परमुच्यते ॥
नस्यतः स्नेहपानेन कृष्णरोमा दृढेन्द्रियः ।
अवलीपलितव्यङ्गः चक्षुस्मान्जायते नरः ॥
कर्णाक्षिनासावक्त्राणां स्नेहेनावृत्य तर्पणम् ।

भे० सि० अ० २।

हि० व्या०—जीवक, ऋषभक, मुनक्का, पिप्पली, मुलेठी, बला, कमल, मेदा, शर्करा, नीलकमल, निदिग्धिका, अंशुमती, मलकांगनी), नील, सैंधव नमक, वच, रास्ना, गोखरू, मंजीठ, बड़ी कटेरी, पुनर्नवा प्रत्येक द्रव्य ४-४ तो. या समभाग लेकर, चतुर्गुण दूध से सिद्ध किया गया तैल या घृत का (स्नेह) पान करने या नस्य में उपयोग करने से सिर के बाल काले होते हैं, बाल का झड़ना, पकना रुक जाता है । नेत्र की ज्योति बढ़ती है । तथा कान, नासा, आँख, मुख इन रोगों का तर्पण होता है । मुखमण्डल की झाईं रोग भी दूर हो जाता है ।

नस्य कर्मणि कटु तैल प्रयोगः

नस्य कर्मणि बालानां स्तनपानां विशेषतः ।
कटुतैलं प्रयुञ्जीत घृतं वा सैन्धवान्वितम् ॥
बिन्दूं बिन्दुमथो द्वौ द्वौ त्रींस्त्रीन् वा रोगदर्शनात् ।
अङ्गुल्या नासयोर्दद्यादपिद्ध्यात् क्षणं ततः ॥
तेनास्य पच्यते श्लेष्मा श्लेष्मणा न च बाध्यते ।

(का० सं० सि० अ० ४)

हि० व्या०—नस्यकर्म में विशेष रूप से दूध पीने वाले बालकों को कटु तैल अथवा सैंधवयुक्त घृत का प्रयोग करना चाहिए । जब तक रोग के लक्षण दिखाई दे तब तक अंगुलियों के द्वारा २ या ३ बूंद स्नेह देना (टपकाना) चाहिए । कुछ क्षण नासिका को बन्द रखें इससे श्लेष्मा का पाक हो जाता है ।

द्वादशोऽध्यायः

रक्तमोक्षण प्रकरणम्

आत्रेय मतावलम्बियो ने तीन दोषों की ही गणना की है। उन्हीं के संशोधनार्थ पंच कर्मों का भी उल्लेल किया है। धन्वन्तरि सम्प्रदाय में महर्षियों ने रक्त को भी परोक्ष रूप में स्वीकार करते हुए इसके संशोधन हेतु रक्त मोक्षण का उल्लेख किया है जिसे परवर्ती संग्रहकारों ने भी स्वीकार करते हुए अनुसरण किया है। दूसरे रूप में रक्तज रोगों की चिकित्सा में भी रक्तमोक्षण को स्वीकार किया गया है। इसे चरक ने भी स्वीकार किया है किन्तु पंचकर्म में ग्रहण नहीं किया गया है।

रक्तविस्रावणस्य महत्वं प्रयोजनश्च

१. शाखा दुष्टे तु रुधिरे रक्तमेवादितो हरेत्।

च० चि० अ० १२।६८

२. वेदनोपशमार्थाय तथापाकशमाय च[1]
अचिरोत्पतते शोथे शोणित स्रावणं चरेत्॥

३. एकतस्तु क्रिया सर्वा रक्तमोक्षणमेकतः

भावप्रकाश म० अ० ३ (व्रणशोथाधिकार)

हि० व्या०—धात्वन्तर्गत दूषित रक्त में सर्वप्रथम रक्तावसेचन कराना चाहिए। वेदना एवं पाक के शमन हेतु तथा जहाँ शोथ की अचिरोत्पत्ति हो वहाँ रक्त विस्रावण कराना चाहिए। इसी प्रकार रक्तज रोगों के लिए एक तरफ समस्त चिकित्सा प्रक्रिया द्वारा जो लाभ होता है वही रक्त मोक्षण से प्राप्त किया जा सकता है।

हि० व्या०—रक्त विस्स्रावण करने पर जिस व्यक्ति का रक्त अत्यधिक स्रुत हो जाए उस अवस्था में तत्काल मारे हुए बकरे या एक मृग के रक्त में मधु मिलाकर पिला देना चाहिए अथवा बकरे के ताजा निकाले हुए कच्चे यकृत को पित्त रहित करके खिला देना चाहिए।

अष्टाङ्ग संग्रहकार ने अशुद्ध रक्त निकालने के पश्चात् बिद्ध स्थान से रक्त का प्रवाह बन्द नहीं होने एवं अधिक रक्त स्राव हो जाने से उत्पन्न स्थिति के उपचार का वर्णन करते हुए लिखा है कि– यदि बन्धन करने मात्र से रक्त स्राव नहीं रुके तो सिरा मुख का संधान करने के लिए पूर्व में बताई गई राद्राधि गण की औषधियों के चूर्ण को सिरा मुख पर लगाकर अंगुली के अग्र-भाग से थोड़ी देर दबाकर रखना चाहिए। या शाल्मली के फूल एवं पोई शाक की पिच्छा (लुआब) बनाकर व्रण के मुख पर लगाकर गाढ बन्ध बांध देना चाहिए अथवा मोम में डूबी हुई पट्टी बांध दें अथवा शीतल जल का सिंचन करें अथवा शीतल, मधुर एवं कषाय रस वाले अन्न एवं पानों से अथवा शीतल मधुर एवं कषाय रस वाले द्रव्यों के हिम से सिंचन एवं लेपन से तथा पर्याप्त वायु वाले घर में रखकर रक्त को रोकने एवं जमाने की व्यवस्था करनी चाहिए अथवा पद्मकादि गण का क्वाथ को खांड एवं मधु से मीठा बनाकर अथवा भैंस का दूध खांड एवं मधु मिलाकर अथवा गन्ने का रस अथवा हिरण, बकरा, मेंढा, भैंसा, अथवा सूअर की सिरा वेधकर और रक्त निकालकर कच्चा ही अथवा घृत में छौंककर पीने को देना चाहिए अथवा उपर्युक्त हरिण आदि किसी प्राणी के रक्त को डाभ की जड़ से मथकर बस्ति देनी चाहिए तथा पर्याप्त घृत मिलाकर उड़द, मूंग आदि का यूष तथा मांस रस के साथ शालि चावलों का भात खिलाना चाहिए।

कदाचित् इतने उपायों के पश्चात् भी रक्त का स्राव बन्द नहीं हो तो पूर्व वेध स्थान से कुछ ऊपर फिर उसी सिरा का वेधन कर देना चाहिए ऐसा करने से पूर्व का वेध किया व्रण अवरुद्ध हो जाता है।

यदि इस विधि से भी रक्त नहीं बन्द हो रहा हो तो सिरा का मुख का क्षार के द्वारा पाक करना चाहिए अथवा सिरा मुख को ताम्र या लोह शलाका से दग्ध कर संकुचित कर देना चाहिए।

वैद्य का यह कर्त्तव्य है कि आवश्यकता से अधिक रक्त स्राव होने पर क्षण-भर भी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए क्योंकि वृहद वायु हृदय आदि मर्म स्थानों में व्याप्त होकर मूर्च्छा, संज्ञानाश, शिरः कम्प, भ्रम मन्यास्तम्भ, अपतानक, हनुस्तम्भ, हिक्का, पाण्डुता, बन्धरता, मांस आदि धातुओं का क्षय तथा आक्षपक आदि अनेक रोग उत्पन्न कर देती है अथवा रोगी को मार भी देती है।

रक्तस्रावणोत्तर बृंहणचिकित्सा विधिः

प्राणाः प्राणभृतां रक्तं तत्क्षयात् क्षीयतेऽनलः।
वर्द्धते चानिलस्तस्माद्युक्त्याबृंहणमाचरेत्॥

अ० सं० सू० अ० ३६।२१

शीतोपचारैः कुपिते स्त्रुतरक्तस्य मारुते॥
कोष्णेन सर्पिषा शोथं सव्यथं परिषेचयेत्॥
क्षौणस्यैणशशोरभ्रहरिणच्छागमांसजः।
रसः समुचितः पाने क्षीरं वा षष्ठिकाहिताः।

शारंगधरः, (उ०२) योगरत्नाकर

अथ शोणितावसे के पश्चात् कर्म दर्शयन्नाह शीतोपचाराः सेकाद्याः। एतेन किमुक्तं अनतिशीतादिकं प्रयत्नतः उपाचरणीयमिति सुबोधम् अतएव कोष्णेन सर्पिषेति। ईषदुष्णेन सर्पिषेत्यर्थः। अथ रक्तातिक्रमेण क्षीणस्य पुरुषस्यानन्तरं भेषजमाहक्षीणस्येति। रक्तक्षीणपुरुषस्येत्यर्थः। एण कृष्णमृगः। उरभ्रोः मेषः। हरिणस्ताम्रवर्णो मृगः। एषां मांसैः संस्कृतो रस इति। एके हरिणच्छागसंभवः रक्तः समुचित इति पठन्ति व्याख्यानयन्ति च। क्षीरं वा षष्ठिका हिता इति। क्षीरादिसिक्तमोदनं भुंजीतेत्यभिप्रायः। आढ़मल्लः।

स्त्रुते रक्ते व्रणस्थाने कुपितो दाहदित्वात् शीतोपचारैः उपचरेत्स्त्रुतरक्तस्य मारुते कुपिते सव्यथं शोथं कोष्णेन सर्पिषा सेचयेत्। रक्ते क्षीणे क्रियामाहक्षीणस्य रक्तस्रवणक्षीणस्य पुरुषस्य एणादीनां मांसरसः हितः। षष्ठिकायुक्तं क्षीरं वा हितम्। एणो हरिणः शशः, उरभ्रो मेषः हरिणः कृष्णवर्णो मृगः, एणो रक्तवर्णः छागः। काशीराम।

हि० व्या०—सिद्धान्ततः बात यह है कि प्राणियों का प्राण रक्त माना गया है अथवा रक्त ही प्राणियों के लिए जीवन देने वाला होने से प्राण है अतः रक्त के क्षय से अग्नि का क्षण हो जाता है शरीर में शीतलता आ जाती है इससे वायु बढ़ जाती है। परिणाम स्वरूप पूर्व में बताए गये मूर्च्छा, भ्रम आदि अनेक रोग उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है अतः इन उपद्रवों की उत्पत्ति में ही इसके लिए रक्त क्षय होते ही मांस रस या रक्तपान आदि पुष्टिकारक उपचार तुरन्त कराने चाहिए।

[illegible] के पश्चात् यदि व्रण स्थान पर

पित्त कोप के कारण दाह पाक आदि उत्पन्न होने पर शीतल उपचार से शान्त करना चाहिए यदि वातकुपित होकर शोक एवं वेदना उत्पन्न करें तो गुनगुने गो घृत से सेवन करना चाहिए।

रक्त स्राव के उपरान्त व्यक्ति के दुर्बल हो जाने पर कृष्णसार हरिण, खरगोश, मेढ़ा, ताम्रवर्ण हरिण तथा बकरे के मांस का यथाविधि सिद्ध मांसरस अथवा दूध एवं शालि चावल के खीर आदि खाने-पीने को देना चाहिए। योगरत्नाकर के भी श्लोक समान ही हैं।

अति प्रवृत्त रक्त निरोधाय चत्वारः उपायः तत्फलं च

चतुर्विधं यदेतद्धि रुधिरस्य निवारणम्।
संधानं स्कन्दनं चैव पाचनं दहनं तथा॥
व्रणं कषायः संधत्ते रक्तं स्कन्दयते हिमम्।
तथा संपाचयेद्भस्म दाहःसंकोचयेत् सिराः॥

—सु० सू० १४।३६-४०

चतुर्विधमित्यादि। संधानं शस्त्रपदस्य, स्कन्दनं शोणितस्य स्त्यानीकरण, पाचनं दहनं च शस्त्रपदस्य। कषायः कषायरसद्रव्यं, तच्च लोध्रादिकम्; अन्ये तु हरीतक्यादिकं पंचवल्कलादिकं चाहुः। हिमं शीतम्। भस्म क्षौमादि जनितम्। दहनं शलाकाप्रभृतिभिः। डल्हणः।

पूर्वोक्तरक्तास्थापनयोगानामुत्तरोत्तरं गरीयस्त्वेन पूर्वपूर्वासिद्धौ कर्तव्यतो पदर्शनार्थमाह चतुर्विधमित्यादि। सन्धानं व्रणस्य, स्कन्दनं रक्तस्य, पाचनं तथा दाहश्च व्रणस्यैव। कषाय इति कषायरसद्रव्यं लोध्रादि। शीतमिति शीताच्छादनेत्यादिनोक्तं, स्कन्दयते स्त्यानीकरोति भस्मेति दग्धक्षौमभस्मादिर्यथोक्तव्रणबन्धसिराव्यधावपि सन्धानहेतुतया सन्धानान्तर्भूतावितिन चातुर्विध्याधिक्यम्। शेषे दाहाभिधानं महाविभ्रमकतया ज्ञेयम्।

चक्रपाणिः।

हि० व्या०—जब रक्त मोक्षण में रक्त का अतिस्राव हो तो उसको रोकने के लिए संधान, स्कन्दन, पाचन, एवं दहन ये चार प्रकार के उपाय प्रमुख हैं। इनमें कषाय रस वाले द्रव्यों का अन्य प्रकरण में सुश्रुत ने वर्णन किया है। यथा—वट् गूलर, लोध, हरीतक। इनके प्रयोग से व्रण का संधान करते हैं—शीतल पदार्थों से रक्त को स्कन्दित किया जाता है यथा, खस, कर्पूर चन्दन शीतल जल आदि रेशमी वस्त्र की भस्म से व्रण स्थान का पाचन होता है। सिराओं का संकोच दहन कर्म से होता है यथा शलाका या तार द्वारा इस प्रकार आवश्यकता जिस कर्म की हो उसी का प्रयोग कराना चाहिए।

इनमें से उत्तरोत्तर कर्म विशेष बताये गये हैं। इन कर्मों का प्रयोग भी व्रण के लिए संधान कर्म, एवं रक्त के लिए तथा पाचन एवं दहन कर्म व्रण

तथा रक्त दोनों के लिए कहा जाता है।

अतिरक्तविस्रावणजन्याः उपद्रवाः

अत्युष्णेऽतिस्विन्नेऽतिविज्ञैर्विस्रावितमति प्रवर्तते, तदतिप्रवृत्तं शिरोभितापमान्ध्यमधिमन्थतिमिरं प्रादुर्भावं धातुक्षयमाक्षेपकं दाहं पक्षाघातमेकांग विकारं हिक्कां श्वासकासौ पाण्डुरोगं मरणंचापादयति। सु० सू० १४।३०

अतियोग व्यापदश्चोपदिशन्नाह, अत्युष्ण इत्यादि। अत्युष्णे अत्युष्ण काले। अतिस्विन्ने अतिस्वेदिते। अतिविद्धेऽज्ञैरिति अज्ञा अदृष्टकर्माणः। शिरोऽभितापं शिराः=शूलम्। आन्ध्यम् अन्धताम्। अधिमन्थः चक्षुरोगोऽभिष्यन्दपूर्वकः, तिमिरं लिंगनाशः, प्रादुर्भावशब्दोऽधिमन्थतिमिराभ्यां संबध्यते शिरोभितापादीन् शिरस्यतिहृतंरक्तं करोति, धातुक्षयं सर्वत्रैवातिहृतम्। एकांगविकारमिति एक स्मिन्नंगे य उत्पद्यते स एकांगविकारः, स चात्र वात जनितः। डल्हणः।

अतिस्रुतौ हि मृत्युः स्याद्दारूणा वा चलामयाः।
—अ० हृ० सू० अ० २७

हि० व्या०—सिरावेध करने पर अनेक कारणों से रक्त अतिमात्रा में स्रवित हो जाता। बताई गई ऋतु एवं उपयुक्त काल के विपरीत रक्त स्राव कराने पर, अधिक स्वेदन कराने पर, वेध गहरा या अधिक चौड़ा कर दिए जाने पर, अनुभवहीन चिकित्सकों द्वारा विस्रावण कर्म कराने पर रक्त अधिक मात्रा में प्रवृत होता है (बहने लगता है) इस प्रकार यह रक्तस्राव का अतियोग शिरो रोग, अन्धापन, अधिमंथ तथा तिमिर रोगों को उत्पन्न करता है। साथ ही धातु क्षय, आक्षेपक, पक्षाघात, एकांगघात, तृष्णा दाह, हिक्का, कास, श्वास, पाण्डुरोग तथा मृत्यु का कारण भी बन जाता है। इस विषय में अ० संग्रह का भी यही भाव है।

अतिस्विन्नस्योष्णकाले तथैवातिसिराव्यधात्
अतिप्रवर्तते रक्तं तत्र कुर्यात्प्रतिक्रियाम्॥
अतिप्रवृते रक्ते च लोध्रसर्जरसांजनैः।
यवगोधूमचूर्णैर्वा धवधन्वनगैरिकैः॥
सर्पनिर्मोकचूर्णैर्वा भस्मना क्षौमवस्त्रयोः।
मुखं व्रणस्य बद्ध्वा च शीतैश्चोपचरेद्व्रणम्॥
विध्येदूर्ध्वं सिरा तां च दहेत्क्षारेण वाग्निना।
व्रणं कषायः संधत्ते रक्तं स्कन्दयतेहिमं॥
व्रणास्यं पाचयेत्क्षारो दाहः संकोचयेत्सिराम्।
वामाण्डशोथे दग्धस्य करस्यांगुष्ठमूलजाम्॥
दहेत्सिरां व्यत्यये तु वामांगुष्ठसिरांदहेत्।

सिरादाहप्रभावेन मुष्कशोथः प्रणश्यति॥
विषूच्यां पार्ष्णिदाहेन जायतेऽग्नेःप्रदीपनम्।
संकुचन्ति यतस्तेन रसश्लेष्मवहाः सिराः॥
यदा वृद्धिर्यकृत्प्लीह्नोः शिशोः संजायतेऽसृजः।
तदा तत्स्थानदाहेन संकुचन्त्यसृजः सिराः,
रक्ते दुष्टेऽवशिष्टेऽपि व्याधिर्नैव प्रकुप्यति
अतः स्राव्यं सावशेषं रक्तं नातिक्रमो हितः
आन्ध्यमाक्षेपकं तृष्णां तिमिरं शिरसो रूजम्
पक्षघातं श्वासकासौ हिक्कां दाहं च पाण्डुताम्॥
कुरुतेऽतिसृतं रक्तं मरणं वा करोति च
देहस्योत्पतिरसृजा देहस्तेनैव धार्यते।
विना तेन व्रजेज्जीवो रक्षेद्रक्तमतो बुधाः॥ शार्ङ्गधर

अतिस्विन्नेत्यर्थे स्वेदिते पुरुषे देशे वा। सोष्णकालेग्रीष्मतौ शरदतौं वा। अतिसिरा व्यधादिति अज्ञप्रयुक्तेन शस्त्रेणावगाढ़व्यधनाद्रक्तातिस्रुतिर्भवति। पूर्वमुक्तं तत्र कुर्यात्प्रतिक्रियामित्यतः तां प्रतिक्रियां दर्शयन्नाह-अत्र सर्जरसो रालः। रसांजनं प्रसिद्धं यच्च द्रावीक्वाथसमुद्भवं रसांजनं संज्ञकेचिदिति व्याख्यानयन्ति। सर्जः शालभेदः। रसांजनं तदेव। धवो वृक्षविशेषः प्रसिद्धः। धन्वनो धामन इति प्रसिद्धः लोध्रादिभिश्चूर्णीकृताभिर्व्रणमुखवचूर्ण्यांगुल्येग्रेणावपीडयेदिति प्रचारः। सर्पनिर्मोकः सर्पकंचुलिका। क्षौम वस्त्रयोर्भस्मेति। पटाम्बरदग्धभस्म क्षौमंअतसीभवम्। तद्दष्ट्वा भस्मकार्ये एवं वस्त्रस्य वस्त्र ग्रहणात् कार्पाससंभवं भस्मापि मुखव्रणस्य। बध्वेति यथोक्त व्रणबन्धनद्रव्यैर्गाढं बध्नीयादित्यर्थः। शीतैश्चोपचरेद्व्रणं शस्त्रादिजनितं यद्युपचरेत्। वा पक्षान्तरप्रकारमाह-विध्येदूर्ध्वमित्यादि। प्राक्तनव्यक्तात् परस्थानेतामेव पूर्वं विद्धां सिरां विध्येत्। रक्तगतिच्छेदनार्थम् क्षारेणाग्निना वा दहेदिति वस्त्रादिपदाभिप्रायः। अथ लोध्रादीनां शोणितातिप्रवृतौ प्रयुक्तानां प्रत्येकफलमाह-कषायोऽत्र लोध्रसर्जरसांजनप्रभृतिकः। सचव्रणघर्षणार्थं पूर्वमेवात्र दर्शितः अन्ये तु हरीतक्यादिः पंचवल्कलादिकः। एतेन किमुक्तं, अयंकषायः व्रणं शस्त्राघतजं रुधिरं संधत्ते निवारयेदित्यर्थः व्रणग्रहणेन जलौकामुखक्षतजमपि ग्राह्यम्। हिमं शीतलं। रक्त मित्यतिप्रवर्तितं स्कन्दयेदस्त्यानीभूतं करोतीत्यर्थः। क्षारोऽत्र विहितोऽपामार्गादिजनितः क्षौमादिजनितो वेत्यत्र विहितः सच व्रणास्यं व्रणमुखं पाचयेत्। तेनातिप्रवर्तितरक्तं संस्थाप्यसम्यक् प्ररोहयेदित्यभिप्रायः दाहोऽग्निकृतः शलाकाप्रभृतिभिः सच शिरां रक्त वहां सकोचयेत्। तेनाति प्रवर्तितं सम्यगवतिष्ठते।

इदानीं रक्तातिस्त्रावे उपदेशं दर्शयन्नाह अतःस्राव्यं सावशेषं इति। सावशेषं दोषरक्तं पुनः संशमनादिभिर्जयेदित्यभिप्रायः। यथातियोगनिःसृतस्य रक्तस्य व्यापदं दर्शयन्नाह। आन्ध्यमन्धताम् अत्रोर्ध्वंजत्रुगतरोगं शिरस्यतिप्रवृतं रक्तं-करोति। शेषं सुबोधम्। अथ रक्तस्रावणे भूयोभूयोतिक्रमो न करणीय इत्याह। उत्पत्तिरिति। उपस्थितिप्रलेयेषु शोणितमेव हेतुः शोणितेन। एतेनैव धार्यते स्थाप्यते। शेषं सुगमम्। आढ़मल्लः।

अतिस्विन्नस्येति सुगमम्। अतिप्रवृते क्रियामाह अतिप्रवृते रक्ते एवं कुर्या-तदाह-लोध्रं, सर्जोरालः रसांजनं दार्वीक्वाथोद्भवं, यवः काष्ठ धन्वनः। सर्प-निर्मोकं सर्पकंचुकं वस्त्रं चीरं क्षौमं पदवस्त्रम्। शीतैः शीतोपचारैः तां शिरांबाहु उर्ध्वं विध्येत्। उर्ध्वं तस्मात् शिराबन्धात् उर्ध्वम् तथाच वाग्भटे "तामेव वा शिरां विध्येद्बन्धातस्मादनन्तरम्" इति। क्षारेण दहेत् लिपेत्क्षारेण टंकणादिना क्षारेण वह्निना वा दहेद्दाहं कुर्यात्। कषायः कषायद्रव्यं रोध्रादि व्रणं संधत्ते संहननं संकुरुते। हिमं शीतलं चन्दनादि द्रव्यं रक्तं स्कन्दयते शोषं यदि स्थाप-यति वा, क्षारः व्रणं पाचयति। दाहः शिराः संकोचयेत् दाहो यथा सुगमम्। विसूच्यामिति सुगमम्। दुष्टे रक्ते निः सृते किंचिदवशिष्टेऽपि व्याधिर्न कुष्यति अतः सावशेषं स्राव्यम्। अतिक्रमो न हितः। रक्तस्य निःशेषस्रावे दोषस्रा-वणात्तदाह अतिस्रुतं अतिनिः सृतं रक्तस्य जीवस्य साम्ये। तद्देहस्योत्पातादी-नाह सुगमम्। काशीराम

हि० व्या०—रक्त अतिमात्रा में स्राव होने पर उसे रोकने के यथा सम्भव उपाय करना चाहिए।

(१) पठानी लोध, मुलहठी, प्रियंगु, पतंग गेरू, राल, रसौंत, सेमल के फूल, शंख, सीप, उड़द, जौ और गेहूं इन सभी का चूर्ण बनाकर इस चूर्ण को धीरे-धीरे व्रण मुख पर घर्षण करके अंगुली से दबा देना चाहिए।

(२) शाल, राल अर्जुन, इरिमेद, मेढ़ा सींगी, धव तथा धामन की छालों को पीस कर इस कल्क या चूर्ण से व्रण मुख पर घर्षण करना चाहिए।

(३) रेशमी वस्त्र को जलाकर उसकी भस्म को क्षत पर छिड़कना एवं अंगुली से दवाना चाहिए।

(४) समुद्रफेन या लाक्षा चूर्ण से व्रण मुख पर घर्षण करना चाहिए।

उपर्युक्त प्रयोगों मे से यथा सुलभ एवं सुगम विधि को अपनाने के पश्चात् रेशमी वस्त्र, रुई आदि व्रण बन्धन योग्य द्रव्यों से गाढ़ा बन्धन बांध देना चाहिए। तत्पश्चात् उस स्थान पर शीतल पदार्थ यथा कमल पत्र, कदली पत्र या गीला वस्त्र रख दें। जिसका अतिप्रवृत रक्त रोका गया है उसे शीतल

भोजन यथा, दूध शर्करा, चावल आदि का भोजन कराना चाहिए। शीतल गृह में निवास तथा शीतल औषधियों, खस चन्दनादि, कपूर आदि का लेप तथा उन्हीं के क्वाथ से प्रक्षालन करना चाहिए।

यदि उपर्युक्त उपायों से रक्त का स्राव बन्द नहीं हो तो क्षार अथवा अग्नि से दहन करना चाहिए। अथवा उस वेधित सिरा को दूसरी जगह से पुनर्वेधन करना चाहिए। अथवा काकोल्यादिगण की औषधियों के क्वाथ को शक्कर तथा शहद से मीठा बनाकर पिलाना चाहिए। अथवा एण हरिण, ताम्रहरिण, मेढ़ा, खरगोश, भैंस तथा सूकर इनका ताजा रक्त पिलाना चाहिए। अथवा दुग्ध एवं मूंग के यूष के साथ स्निग्ध आहर कराना लाभदायक होता है। इसके साथ-साथ होने वाले अन्य उपद्रवों का यथावश्यक उपचार करना चाहिए।

विशेष—यहां अतिमात्रा में विस्रावित रक्त को रोकने के लिए प्रमुख ६ उपाय है (१) शीतल प्रयोग (२) उष्णोपचार (३) दहनकर्म (४) रक्तरोधक औषध प्रयोग (५) अवपीडन एवं (६) बन्धन। इनका आगे के श्लोक में विव-रण आया है आजकल उपरोक्त बताई गई विधि औषधियों की गोलियां, कैप-सूल तथा अनेक प्रकार की लोशन रूप कल्पनाएं बनाई गई हैं। आवश्यकता पड़ने पर लगाने खाने के लिए दिया जाता है तथा सिरा द्वारा रक्ताधान भी कराया जाता है। रक्तस्राव में हृदयोत्तेजक औषधियां नहीं देनी चाहिए।

आयुर्वेद में भी बाह्य के साथ आभ्यन्तर औषध प्रयोग का विधान वर्णित है जिनका दोषों की स्थिति के अनुरूप प्रयोग कराना होता है यथा—पित्तदोष में क्षीर, कफदोष में यूष तथा वातदोष की प्रधानता में मांसरसों का प्रयोग कराने का विधान बताया है। सर्वदासर्व भावानां सामान्यं वृद्धि कारणम् के सिद्धान्तानुसार रक्त पिलाने को आयुर्वेद भी उचित समझा है। आज भी इसी सिद्धान्त के आधार पर रक्त का शिरा द्वारा शरीर में प्रवेश कराया जाता है।

सभी प्रकार के उपायों का रक्तरोधन के लिए प्रयोग करना बहुत आवश्यक है। इसके अत्यधिक मात्रा में शरीर से निकल जाने पर अन्य मांस, मेद आदि धातुएं भी क्षीण होने लगती हैं। इस क्षयक्रम से मनुष्य की अग्नि मन्द हो जाती है तथा वात भी अत्यन्त कुपित हो जाती है। इसीलिए प्रयत्न पूर्वक उस मनुष्य को न अधिक तथा सामान्य स्निग्ध, लघु रक्तवर्धक और कुछ खट्टे अथवा अम्लरहित दोनों प्रकार के भोज्य पदार्थों का सेवन कराना चाहिए। इस प्रयोग मे जितनी मात्रा में रक्त का क्षय हुआ है। उससे अन्य धातुओं का क्षय नहीं होगा तथा रक्त की पूर्ति हो जाएगी अष्टांग हृदय एवं संग्रह में भी

संक्षेप में यही भाव लिए हैं। सुश्रुत उत्तर तन्त्र में लिखा है। कि जिस रोगी का रक्त अति मात्रा में स्रवित हो गया हो उसे तत्काल मारे गए बकरे का या एण मृग का रक्त शहद मिलाकर पिला देना चाहिए अथवा यकृत को पित्त सहित खिला देना चाहिए।

क्रमशः पुनः पुनः रक्त स्रावण योग्या रोगाः

क्षीणस्य बहुदोषस्यमूर्च्छायाऽभिहतस्य च।
भूयोऽपराह्णे विस्राव्या साऽपरेद्युस्यहेऽपिवा॥

सु० शा० ८।१४

क्षीणस्यावश्यस्रावणीये शोणिते क्रम स्रावणंदर्शयन्नाह-क्षीणस्येत्यादि। मूर्च्छायाऽभिहितस्येति अक्षीणस्यापीत्यर्थः। डल्हणः।

शस्त्रभयेन विक्लवस्य न पुनर्दुर्बलस्येति वक्तव्यमेव तस्य प्राक् प्रतिषेधात् एवमेव मूर्च्छायाभिद्रुतस्येत्यपि व्याख्येयम् प्रागुक्तानुस्मरणात्। बहुदोषस्येत्यु-भयत्रैवान्वीयते। अत्र बहुदोषस्येति विशेषणात् स्वल्पदोषेष्वेतेषु नैष विधिरि-त्यर्थाक्षिप्तं भवति। अपरदिवसपऽर्यायोऽयमपरेद्युःशब्दोऽव्ययम्। सा शिरेत्यर्थः। अत्र कफलत्रयनिर्द्देशोऽवस्थाविशेणमभिसमीक्ष्य यथाऽवशरं व्यधनार्थम्।

अशुद्ध रक्तया पुनरपि निस्रावणम्

अशुद्धं तु रक्तमपराह्णेऽन्येद्युर्वा पुनः स्रावेयत्। ततोऽपि शेषं सर्वथावाऽप्य विस्राव्यरक्तस्यशीत सेक प्रदेहविरेकोपवासस्निग्धमधुराम्ल पानैः प्रसादयेत्। मास मात्र वा स्नेहादिभिरूपचर्य पुनर्विध्येत्। दुर्व्यधातिव्यधकुट्टित तिर्यग्व्य-धादेर्व्यधदोषाद्व्यापदोयाः स्युस्ता यथास्वं साधयेदिति।

अ० सं० सू० अ० ३६।२२

अन्येद्युर्द्वितीयेऽह्नि। ततोऽपि पुनर्विस्रावितादपि शीतैः सेकादिभिः। प्रसा-दयेत्। अविस्राव्यरक्तस्य गर्भिण्यादेवमेव प्रसादयेत्। अशुद्धे रक्ते मासमात्रेण पुनस्सिरां विध्येत्। व्यधदोषाच्चव्याधीनां स्वं स्वं चिकित्सितं योज्यम्। इन्दुः

अशुद्धं स्रावयेद्भूयः सायमह्नयपरेऽहि वा"'।
स्नेहोपस्कृतदेहस्य पक्षाद्वा भृशदूषितम्॥

अ० हृ० सू० २७।६१ चक्रदत्तः

अथवा स्नेहोपस्कृतो भावितो देहो यस्य तथा विधस्यभृश दूषितमतिशयेन दुष्टं रक्तं पक्षादूर्ध्वं पुनः स्रावयेत्। एवमशुद्धं रक्तं यथायोगं सायमह्नयपरे पक्षादूर्ध्वं वा प्रस्थपरिमाणमेव स्रावयेन्न ततोऽधिकमिति रक्तस्रुतौ क्रमः। प्रस्थपरिमाणं च तंत्रांतरे गदितम्। वमने च विरेके च रक्तातीसारयोरपि। सार्धंत्रयोदशपलं प्रस्थमाहुर्मनीषिण इति॥ अरुणदत्तः

हि० व्या०—जिन व्यक्तियों में रक्त विस्रावण अथवा सिरावेध कराना आवश्यक होता है। यदि वे बहुत दुर्बल, बहुत दोषयुक्त मूर्च्छा रोग वाले या जिन्हें शीघ्र मूर्च्छा आती हो उनका सिरावेध अपराह्नकाल में दूसरे या तीसरे दिन करना चाहिए।

अर्थात एक साथ सिरावेध नहीं करके पुनः पुनः कराना लाभप्रद है। अष्टांग संग्रहकार ने सुश्रुत के समान व्यक्तियों के दुर्बल आदि लक्षणों का उल्लेख तो नहीं किया किंतु सामान्यतः सिरावेध के नियमों में ही पुनः पुनः रक्त विस्रावण का वर्णन करते हुए लिखा है कि—चिकित्सक को चाहिए कि जहां तक हो सके एक बार में थोड़े-थोड़े रक्त को निकालना चाहिए यदि कुछ अशुद्ध रक्त रह जाय तो बृंहण उपचार करके सायंकाल अथवा दूसरे दिन पुनः सिरा-वेध करके रक्त का श्रावण करना चाहिए। यदि फिर भी कुछ अशुद्ध रक्त रह जाय तो उस रोगी के रक्त को शीतवीर्य द्रव्यों के हिम आदि से सेचन, लेपन, या विरेचन एवं उपवास स्नेह युक्त मधुर आहार से शुद्ध करें। अथवा इस प्रकार एक माह तक स्नेहादि उपचार करके पुनः सिरावेध करें। इस प्रकार कई बार सिरावेध कराया जा सकता है। इस कर्म में मिथ्यावेधन हो, अति-व्यध हो, कुण्ठित व्यध हो अथवा लिपिक व्यध हो तो व्यध से होने वाले विविध दोषों से जो जो व्यापद हो जाते हैं उनका समुचित विधि से उपचार करना चाहिए।

अ० हृदय में भी इसी प्रकार पुनः पुनः विस्रावण का संक्षेप में वर्णन किया है। तथा अधिक दुष्ट रक्त को स्नेहित शरीर करके पुनः स्रावित करने का भी उल्लेख है।

सिराव्यधे सिरास्रावावरोधे कारण विचारः

मूच्छितस्यातिभीतस्य श्रान्तस्य तृषितस्य च॥
न वहन्ति सिरा विद्धास्तथाऽनुत्थितयन्त्रिताः॥

सु० शा० ८।१३

सिराणां सम्यग्विद्धामप्यस्रवणे कारणं दर्शयन्नाह-मूच्छितस्येत्यादि। अति-भीतादिष्वतिभयादिजनितवातेन सिरामुखनिरोधात्, अनुत्थित यन्त्रितानां शोणितस्य प्रवृत्तावभिमुखीभावाभावान्न वहन्तीति। यद्यपि "मदमूर्च्छाश्रमा-तानां" (सू० अ० १४) इत्यादिना सूत्रस्थानोदितेनायमर्थ उक्तस्तथाऽपि प्रकर-णान्तरत्वान्न पौनरूक्त्यम्॥ डल्हणः।

सम्यक् सिराव्यधेऽपि रक्तनिः सरणे विघ्नकारणानि

सम्यग्विद्धानामपि च सिराणामवहन कारणानि मूर्च्छा भयं यन्त्र शैथिल्य-मतिगाढत्वमत्याशिताक्षामत्वंकुण्ठशस्त्र व्यधो मूत्रितोच्चारितत्वं दुः स्विन्नता कफावृतव्रणद्वारताचेति। अथा प्रवृत्तिकारणं यथास्वमुपलक्ष्यप्रतिकुर्यात् तगरादि चूर्णेन च तैल लवण प्रगाढेन सिरा मुखमवचूर्णयेत् पृष्ठमध्ये चातुरं पीडयेत्।

एवंसाधुवहति । सम्यक् प्रवृत्ते तु कफानिलोपशमरक्तविच्छेदार्थमुष्ण लवणतैल-बिन्दुभिः सिरामुखं सिचेत् ।। अ० सं० सू० ३६।१५

रक्तस्राव निवारक कारणानां संकेतः

भीमूर्छायंत्रशैथिल्यकुंठशस्त्रातितृप्तयः ।
क्षामत्ववेगितास्वेदा रक्तस्याऽस्रुतिहेतवः ।।

अ० हृ० सू० २७।४५

भीमूर्छादयो रक्तस्याऽस्रावहेतवः । भीःभयम् । मूर्छा मोहस्तमसीव प्रवेशः । यंत्रशैथिल्यमगाढं कृत्वा यंत्रपीडनम् । तथा कुण्ठं भग्नं शस्त्रम् । तथाऽतितृप्तिरतिसौहित्यम् । क्षामत्वं निर्बलता । वेगिता संजातवेगित्वम् । अस्वेदः स्वेदायोगः । यतश्चैते रुधिरस्यास्रुतिहेतवस्ततो रक्तस्रुतावेते परिहार्याः ।। अरुणदत्तः

असम्यगतस्रे स्रवति वेल्लव्योषनिशानतैः । अ० हृ० सु० २७।३६
सागारधूमलवण-तैलैर्दिह्याच्छिरामुखम् ।। भा० सं०

अप्रवृत्तस्य रक्तस्य विस्रावणाय औषधयोगाः

अथ खल्वप्रवर्तमाने एलाशीतशिवकुष्ठतगरपाठाभद्रदारुविडंगचित्रकत्रिकटुकागारधूम हरिद्रार्कांकुरनक्तमालफलैर्यथालाभं त्रिभिश्चतुर्भिः समस्तैर्वाचूर्णीकृतैर्लवणतैलप्रगाढैर्व्रणमुखमवघर्षयेत् "एवं सम्यक् प्रवर्तते ।। सु० सू० १४।३५

इदानीमप्रवृत्तरक्तस्य प्रवर्तनायाह,-अथरक्तेत्यादि । शीतशिव कर्पूरं, नक्तमालो बृहत्करंजः । त्रिभिश्चतुर्भिरिति एतेनैकद्विद्रव्यनिषेधः कृतः । लवणतैलप्रगाढैरिति सैन्धवतिल तैलोत्कटैरित्यर्थः । डल्हण

अथेत्यादि । शीतशिवं सैन्धवम् । यथालाभमित्यनेनैव त्रिचतुः प्रयोग लब्धेऽपि पुनरूपादानं सति तत्सम्भवे द्वयेक प्रयोग परिहारार्थम् ।। हाराणच०

अयोगेनास्रावे चिकित्सामाह-अथाप्रवर्तमान इत्यादि । शीतशिवः कर्पूरम् । यथालाभे नैवात्र त्रिचतुः प्रयोगसिद्धो पुनस्तद्वचनमेकद्विद्रव्य निषेधार्थम् ।।

चक्रपाणिः ।

अतिस्रावे स्तम्भन विधानम् तत्र चिकित्सा सूत्रं च

रक्ते त्वतिष्ठति क्षिप्रं स्तम्भनीमाचरेत्क्रियाम् ।।
रौध्रं प्रियंगुपत्तंगमाषयष्ट्याह्वगैरिकैः ।
मृत्कपालांजनक्षौममषीक्षौरिस्वगंकुरैः ।।
विचूर्णयेद् व्रणमुखं पद्मकादिहिमं पिबेत् ।
तामेव वा सिरां विध्येद्व्रणधात्तस्मादनंतरम् ।
सिरामुखं वा त्वरितं दहेत्तप्तशलाकया ।।

चक्रदत्तः, अ० हृ० सू० अ० २७।४८-५०

रक्ते त्वतिष्ठति स्थितिमलभमाने त्वरितमेव स्तंभनीं क्रियां वक्ष्यमाणां कुर्यात् रक्तस्य प्राणायतनत्वात् ।। रोध्रादिभिः सिराव्रणमुखं विचूर्णयेत् । पद्म-

कादि हिमं शीतकषायं पिबेत् । तामेव । प्राग्विद्धां सिरां तस्मात् प्राग्व्यधादनंतरमन्यवहितं विध्येत् । अथवा सिराद्वारं क्षिप्रं कृत्वाऽग्निनोपतप्तया शलाकया दहेत् ।। अरुणदत्तः

अतिस्रावे स्तम्भनमाह-रक्त इति । स्तम्भनविशेषमाह-रौध्रिप्रयंग्विति । मृत्कपालं खर्परं, क्षौममसी वस्त्रभस्म विचूर्णयेत् चूर्णं विकिरेत् । पद्मकादिहिमं पद्मकादिगणस्य शीतकषायं, संग्रहे तु अतिष्ठति तु रक्ते शिरामुखंसंघातुचूर्णैरक्तचूर्ण्यांगुल्यग्रेण पीडयेत् । शाल्मल्युपोदिकापिण्डं पिच्छां वा व्रणमुखे दत्त्वा गाढं बध्नीयात् । मधुच्छिष्टप्रलिप्तं वा पट्टकं शीताम्बुना वा सिंचेत् । शीतमधुरकषायान्नपानैः सेकप्रदेह प्रवातवेश्मभिर्वा स्कंदनायोपचरेत् । पद्मकादिकवाथं शर्करामधु मधुरं क्षीरमिक्षुरसमेणहरिणाजोरभ्रमहिषवराहाणामन्यतमस्य वा सिरां विद्ध्वा रुधिरमामं घृतभ्रष्टं वा पानंदद्यात् । तेनैव वा दर्भपादमृदितेनानुवासयेत् । स्निग्धैश्च यूषरसैर्भोजयेत् । सर्वथा चानवतिष्ठमाने पाचनायक्षारं दद्यात् । न च क्षणमप्युपेक्षेत् । क्षीणरक्तस्य हि वायुर्मर्माण्युपगृह्य मूर्च्छांसंज्ञानाशशिरः कंपभ्रममन्यास्तंभापतानकहनुभ्रंशहिध्मापाण्डुत्वबाधिर्यंध्मातुक्षयाक्षेपकादीन्करोति मरणं वा । "प्राणाः प्राणभृतां रक्तं तत्क्षयात्क्षीयतेऽनलः ।" वर्द्धते चानिलस्तस्माद्युक्त्या बृंहणमाचरेत् ।।" दुर्व्यधातिव्यधकुट्टितर्तियंग्व्यधादेर्व्यधदोषोद्भवापदो याः स्युस्ता यथास्वं साधयेदिति ।। हेमाद्रिः ।

हि० व्या० –रक्त नहीं बहने के कारण—सुश्रुत में रक्त विस्रावण किए जाने पर सिराओं के नहीं बहने के अनेक कारण बताये हैं । जो व्यक्ति मूच्छित हो या सिरावेध के समय मूच्छित हो गया हो, अत्यन्त भयभीत हो, थका हुआ हो, प्यासा हो, उसकी सिराओं में वेध किए जाने पर रक्त स्रवित ही नहीं होता यदि होता भी है तो बहुत कम, इसी प्रकार—जो सिरा अच्छी प्रकार उत्तुण्डित—(उठी हुई) नहीं हो, भली प्रकार यन्त्रित न की गई हो वह भी रक्त का स्राव नहीं कराती है । वृद्ध वाग्भट में उपयुक्त कारणों को और भी स्पष्ट करते हुए लिखा है कि—यन्त्रणां में बंधन ढीला हो या अधिक कसा हुआ हो अत्यधिक भोजन किए हुए व्यक्ति का सिरावेध करने पर रोगी में सहनशीलता का अभाव होना, कुण्ठित शस्त्र से वेध करना, सिरावेध के समय मल-मूत्र का वेग उत्पन्न होना, भली भांति जिसका स्वेदन नहीं किया गया हो, क्षत किए गये भाग का कफ द्वारा अवरूद्ध होना (कफ दूषित रक्त गाढा होना है)—अतः इन कारणों का भली प्रकार निवारण करना चाहिए । रोगी का सिरावेध से पूर्व पूर्ण परीक्षण कर लेना चाहिए । अष्टांग हृदय में भी इन्हीं कारणों का उल्लेख किया गया है ।

निवारण के उपाय—सामान्य उपायों से रक्त स्रवित न हो तो सिराबिद्ध स्थान पर तगरादि द्रव्यों के चूर्ण को तैल एवं लवण में मिलाकर लगाना

चाहिए। रोगी की पीठ को दबाना चाहिए। इस प्रक्रिया से रक्त भली प्रकार बहने लगता है। जब रक्त की प्रवृति हो रही हो उस समय भी कफ एवं वायु की शान्ति के लिए तथा रक्त में भलीभांति बहने के लिए, अवरोध जन्य वेदना शान्ति के लिए सिरामुख पर सुखोष्ण लवण मिश्रित तैल की बूंदे टपकाते रहना चाहिए। इस प्रकार से सिरा का संकोच नहीं होने के कारण रक्त बहने की निरन्तरता रहती है। शार्ङ्गधर में कूठ, त्रिकटु एवं सैन्धव का मिश्रित चूर्ण मर्दित करने का उल्लेख है।

यदि प्रच्छान करने पर रक्त प्रवर्तितन हो तो एला, कर्पूर, कूठ, तगर, पाठा, देवदारू, विडंग, चित्रक त्रिकटु, गृहधूम, हरिद्रा, आक के अंकुर एवं करंज के फल इनमें से जो जो मिल सके उनमें तीन चार अथवा समस्त औषधियों का चूर्ण में लवण एवं तैल में मिलाकर व्रण मुख का घर्षण करना चाहिए इससे रक्त समुचित रूप से प्रवृत होने लगता है।

रक्तस्रावोत्तरपथ्यपालनेसयुक्तिकं सूत्रम्

नात्युष्णशीतं लघु दीपनीयं रक्तेऽपनीते हितमन्नपानम्।
तदा शरीरं ह्यनवस्थितासृग्निविशेषेण च रक्षितव्यः॥

च० सू० अ० २४।२३, अ० सं० सू० अ० ३६।२४
अ० हृ० सू० अ० २७।-, चक्रदत्तः

नात्युष्णादिभोजने हेतुमाह-तदेत्यादि। अतिशीतमाग्निमान्द्यं करोति, अत्युष्णं च प्रचलस्यासृजो ऽनितरं प्रचलतां करोति, तस्मान्नात्युष्णशीतम्। लघु दीपनीयं चाग्निदीप्त्यर्थमेव॥ चक्रपाणिः

सिराव्यधानन्तरं एथ्यापथ्यविचारः

तत्र स्निग्धस्विन्नवान्तविरिक्तास्थापितानुवासितसिराविद्धः परिहर्तव्यानि-क्रोधायास मैथुनदिवास्वप्नवाग्व्यायामयानाध्ययन स्थानासनचंक्रमणशीतबाता-तपविरूद्धासात्म्याजीर्णन्याबललाभात्, मासमेके मन्यन्ते। एतेषां विस्तर-मुपरिष्टाद्वक्ष्यामः॥

सु० शा० ८।२४

इदानीं स्निग्धादिभिः पुरुषैः क्रोधादीनि सामान्येन परिहर्तव्यानीति दर्शय-न्नाह तत्रेत्यादि। स्थानम् ऊर्ध्वीभवनम्, आसनम् उपवेशनम्। एतेषां क्रोधाया-सादीनां पंचदशानाम्। उपरिष्टात् आतुरोपद्रवचिकित्सिते। डल्हणः।

तत्रेत्यादि। अत्र प्रकृतत्वात् सिराविद्धैरिति वक्तव्ये स्निग्धादीनामुपदेशः प्रासंगिकः। सिराविद्धैरिति "वाहिताग्न्यादिषु" द्रष्टव्यं। वाग्व्यायाम उच्चैः-र्भाषणम् यानमत्राश्वादिद्रुतयानमेव उत्थानं चिरं दण्डवदवस्थानम्, आसनं चिरो-पवेशनम्। उपरिष्टातुरोपद्रव चिकित्सिक इत्येव। हाराणच०।

रक्तमोक्षे निषेधवर्गमाह··· ··· ···
व्यायाममैथुनक्रोधशीतस्नानप्रवातकान्।

एकाशनं दिवास्वप्नं क्षाराम्लकटुभोजनम्,
शोकं वादमजीर्णं च त्यजेदाबलदर्शनात्॥

—शार्ङ्गधर संहिता, यौगरत्नाकर

रक्तस्रावणोतर पथ्यः

उन्मार्गगा यन्त्र निपीडनेन स्वस्थानमायान्ति पुनर्नयावत्।
दोषाः प्रदुष्टा रुधिरं प्रपन्नास्तावद्धितोहारविहार भाक् स्यात्॥

—अ० सं० सू० अ० ३६।३३, अ० हृ० सू० अ० २०

हि० व्या०—रक्त विस्रावण के पश्चात् रोगी को इस प्रकार का आहार विहार कराना आवश्यक है जिससे शरीर में बलाधान हो तथा किसी प्रकार का उपद्रव न हो अतः चरक, अ० सं०, अ० हृ० एवं चक्रदत्त में एक ही श्लोक आया है।

अशुद्ध रक्त निकल जाने के पश्चात् समशीतोष्ण, लघुपाकी, अग्नि वर्धक हितकारक अन्न एवं पेयों की व्यवस्था करनी चाहिए। रक्तस्राव के पश्चात् अवशिष्ट शुद्ध रक्त शरीर में स्थिर नहीं रह पाता अतः उस काल में यत्नपूर्वक पाचकाग्नि की रक्षा करनी चाहिए।

सुश्रुत में पंचकर्म की विविध प्रक्रियाओं के पश्चात् पालनीय आहार विहार के नियमों का एक ही जगह वर्णन करते हुए लिखा है कि वमन विरेचन, स्नेहन, स्वेदन आस्थापन अनुवासन तथा शिरावेध के पश्चात् क्रोध, परिश्रम, मैथुन, दिन में सोना, जोर से बोलना भाषण गीत आदि, गाना घोड़े की सवारी अध्ययन, बहुत देर तक खड़े रहना, एक ही आसन पर अधिक देर तक बैठे रहना, घूमना, शीत का सेवन, प्रवात (आंधी आदि का) सेवन धूप सेवन, विरुद्ध भोजन, आसात्म्यज भोजन तथा अजीर्ण होने का त्याग करना चाहिए। उपर्युक्त बातों का पालन करने से शरीर एवं मन दोनों को बल मिलता है तथा हितकर आहार-विहार सेवन से शरीर को बल मिलने के साथ व्रण स्थान का शीघ्र रोपण भी हो सकता है।

शार्ङ्गधर में सुश्रुत एवं चरक के वचनों को लेकर भी कुछ पृथक से भी स्पष्ट करते हुए लिखा है कि क्षार अम्ल एवं कटु भोजन आदि का पूर्ण बल प्राप्ति तक परिहार करना चाहिए।

अष्टांगसंग्रह में यह भी लिखा है कि रक्त मोक्षण में प्रयुक्त यन्त्र शस्त्रों के द्वारा स्थानीय वातादि दोष कभी-कभी वेदना एवं शोथ रूप में उन्मार्गगामी हो जाते हैं अतः प्रकुपित दोष जब तक अपनी स्वाभाविक स्थिति में न आ जाय तथा रक्त में व्याप्त दोष जब तक शान्त हो जाए तब तक हिताहार का पालन करना चाहिए।

सिराव्यधे जायमानोपद्रवसूचनम् तत्रचिकित्सा च

यस्य तु स्रवति रक्ते मूर्च्छा जायते तस्य विमुच्य यन्त्र शीत सलिलार्द्रपाणि स्पर्शेन व्यजन वायुना श्रोत्र सुखेन वचसा समाश्वासयन्नुपशमय्य मूर्च्छापुनः स्रावयेत् । पुनः पुनर्मूर्च्छतंत्यपरेद्युस्त्रयहे वा । परमं तु रूधिरावसेचनप्रमाणंप्रस्थः अतोऽन्यथा व्याधि देहर्तुबलमपेक्षेत । अ० सं० सू० अ० ३६

यंत्रं विमुच्य मूर्छायां वीजिते व्यजनैं पुनः ।
स्रावयेन्मूर्छति पुनस्त्वपरेद्युस्त्रयहेऽपिवा ।

— अ० हृ० सू० अ० २७

हि० व्या०—रक्त स्राव के पश्चात् जिस रोगी को मूर्च्छा आ जाए उसके बन्धन को तुरन्त खोल देना चाहिए । शरीर पर शीतल जल से भिगोकर हाथ फिराएं, पंखा से वायु करें, मधुर वचन गीतादि सुनाएं तथा आश्वासनों के साथ चिकित्सक को चाहिए कि मूर्च्छा खुल जाने पर पुनः रक्त मोक्षण विधि को अपनायें ।

यदि कदाचित् बार-बार मूर्च्छा आती हो तो दूसरे या तीसरे दिन रक्त स्राव करावें अधिक से अधिक । एक प्रस्थ रक्त निकालना चाहिए । अथवा रोग, शरीर बल एवं ऋतु का विचार करके यथा मात्रा (१ प्रस्थ से न्यूनाधिक) रक्त निकालना चाहिए ।

विंशति विधानां दुष्टव्यधानां नाम निर्देशः

दुष्टव्यधा विंशतिः—दुर्विद्धाऽतिविद्धा कुंचिता पिच्चिता कुट्टिताऽप्रस्रुताऽत्युदीर्घाऽन्ते विद्धा परिशुष्का कूणिता वेपिताऽनुत्थितविद्धा शस्त्रहतातिर्यग्विद्धाऽव्यध्या विद्रुता धेनुका पुनः पुनर्विद्धा सिरा स्नाय्वस्थिसन्धिमर्मसु चेति ।

सु० शा० ८।१८

दुष्टव्याधानां यथास्वं विविधोपद्रवाणां संकेतः

तत्र या सूक्ष्मशस्त्रविद्धाऽव्यक्तमसृक् स्रवति रूजाशोफवती च सा दुर्विद्धा, प्रमाणातिरिक्त विद्धायामन्तः प्रविशति शोणितं शोणितातिं प्रवृत्तिर्वा साऽतिविद्धा, कुंचितायामप्येवं, कुण्ठशस्त्रप्रमथिता पृथुलीभावमापन्ना पिच्चिता, अनासादिता पुनः पुनरन्तयोश्च बहुशः शस्त्राभिहता कुट्टिता, शीतभयमूर्च्छा भिरप्रवृत्तशोणिता अप्रस्रुता, तीक्ष्णमहामुख शस्त्रविद्धाऽत्युदीर्णा, अल्परक्तस्रावित्वेन्ते विद्धा, क्षीणशोणितस्यानिलपूर्णा परिशुष्का, चतुर्भागासादिता किंचित्प्रवृत्तशोणिता कूणिता, दुःस्थानबन्धनाद्वेपमानायाः शोणितसंमोहों भवति सा वेपिता, अनुत्थितविद्धायामप्येवं, छिन्नाऽतिप्रवृत्तशोणिता क्रियासंगकरी शस्त्रहता, तिर्यग्म्प्रणिहितशस्त्रा किंचिच्छेषा तिर्यग्विद्धा, बहुशः क्षताहीनशस्त्रप्रणिधानेनाविद्धा,

अशस्त्रकृत्या अव्यध्या, अनवस्थित विद्धा विद्रुता, प्रदेश्य बहुशोऽवघट्टनादारोहद्व्यधा मुहुः मुहुः शोणितस्रावा धेनुका, सूक्ष्मशस्त्र व्यधनादबहुशो भिन्ना पुनः पुनर्विद्धा, स्नाय्वस्थिसिरासन्धिमर्मसु विद्धा रूजां शोफं वैकल्यं मरणं चापादयति ।

सु० शा० ८।१९

इदानीं दुष्टव्यधानां विवरणमाह-तत्रेत्यादि । अव्यक्तमिति अल्पतया अस्पष्टम् । अन्तः प्रविशतीति शरीराभ्यन्तरं प्रविशतीत्यर्थः । कुंचितायामिति कुटिलीभूतायामित्यर्थः । पृथुलीभावामापन्नेति कुण्ठशस्त्राभिपातेन चिप्पटतया प्रसरं प्राप्ता । अनासादिता अप्राप्ता । चतुर्भागा सादितेति चतुर्भागेन प्राप्ता । वेपमानाया इति कम्पमानायाः । शोणितसंमोहः शोणिता प्रवृत्तिः । छिन्नेति द्विधाभूता । क्रियासंगकरीति गमनादिक्रियाविनाशकरी । प्रदेशस्येति सिराव्यधन प्रदेशस्य, बहुशो घट्टनादिति बहून् वारान् ताडनात् । आरोहद्वयधा उपर्युपर्यारोपितशस्त्रपदा, अत एव तैः शस्त्र पदैर्धेनुस्तनं रिव स्रवणाद् धुना बहुशो भिन्नेति, एकस्थाने एव, इति शेषः । आसु व्यापत्सु प्रागेव व्यापत्कारण प्रतिषेधः, जातासु तत्कारणविपरीतगणाचरणं, तत्कारणजेषु विकारेषु यथास्वं शमनेन प्रशमनमिति ।

डल्हणः ।

कुंचिता स्वतः संकुचिता । एवमतिविद्धोक्तं लिंगमित्यर्थः । धारादिविरहितत्वेनाकर्म्मण्यं शस्त्रं कुण्ठशस्त्रमुच्यते । पृथुलीभावः पृथुभावः लजयमनन्यार्थः अनासादिता सम्यगनुत्थितत्वेनालब्धा । चतुर्थोभागश्चतुर्भागोऽन्तर्गता शोणितधरा कलेति यावत् तत्राऽवसादिता संकुचिततया रक्तं विस्त्रावयितुमक्षमा चतुर्भागावसादिता, न तावदर्थोऽयमनुणयन्नः "कूण संकोचे" धातुस्तस्य कूणितेति संज्ञाकरणात् । दुः स्थानम् अयथास्थापनम् सुदूरमित्येतत् तत्र यन्त्रणादस्थानबन्धनात् वेपनायाः कम्पमानायाः शोणितसम्मोहः शोणितगतिनिरोधों भवति यथावदयन्त्रितत्वादित्याकूतम् । अनुत्थितेत्यादावेवं शब्देन शोणितसम्मोहः परामृश्यते । शोणितसम्मोहोमुहुर्मुहुः शोणितगतिनिरोधः । क्रियासंगकरी वक्ष्येनायोजिता सती क्रियाणां शोणितवर्णनीयोक्तानां शोणितातिप्रवृत्तिनिमित्तानां शिरोऽभितापादीनां करोतीत्यर्थः संङ्गो मेलनं सम्बन्धइत्यनर्थान्तरम् । हीनशस्त्रं कुण्ठशस्त्रम् । अनवस्थितमनवस्थानं चंचलत्वमित्येतत्, तथाभावे विद्धा अनवस्थित विद्धा बहुशोऽवघट्टनात् कर्म्मकर्त्तुरनैपुण्येनान्तः प्रविश्य स्पन्दितस्य शस्त्रस्यानेकश्चलनात् आरोहव्यथा आरोहो दैर्घेण्योपलक्षितो व्यधो यस्यासा तथोक्ता । मांसेत्यादि, मांसादिसमाख्येषुमर्म्मस्वित्यर्थः । अत्रमर्म्मणां मांसादि सन्निपातत्वेनोपदेशान्मर्म्मस्वितसिद्धिमांसादिशब्दः प्रपंचार्थः । परिशिष्टं निगदव्याख्यातम् । हारणच०

दुष्टवेंध के बीस नाम बताए गए हैं:—

(१) दुर्विद्ध (२) अतिविद्ध (३) कुंचित (४) पिच्चित (५) कुट्टित (६) अप्रस्रुत (७) अत्युदीर्ण (८) अन्तेविद्ध (९) परिशुष्क (१०) कूणित (११) वेपित (१२) अनुत्थितविद्ध (१३) शस्त्रहृत (१४) तिर्यग्विद्ध (१५) विद्ध (अपविद्धपा०) (१६) अव्यपय (१७) विद्रति (१८) धेनुक (१९) पुनः पुनविद्ध (२०) मांस, शिरा, स्नायु, अस्थि, संधि।

विविध दुष्टवेधों के पृथक-पृथक लक्षण इस प्रकार दिए हैं—

१. दुर्विद्ध का लक्षण—सूक्ष्म शस्त्र के वेध करने पर थोड़ा रक्त आता हो और जिस में वेदना और सूजन हो उसे दुर्विद्ध समझना चाहिए।

२. अतिविद्धा का लक्षण—प्रमाण से अधिक विद्ध होने के कारण रक्त (शरीर के) भीतर जाता हो अथवा बहुत रक्त निकलता हो तो उन सिराओं को अतिविद्ध जानना चाहिए।

३. कुंचित का लक्षण—कुंचित में अपविद्ध के समान लक्षण होते हैं।

४. पिच्चिता का लक्षण—कुंण्ठित शस्त्र से कुचली जाने के कारण जो शिरा चौड़ी हो जाती है उसे पिचता कहते हैं।

५. कुट्टिता का लक्षण—जो शिरा अनासादित परन्तु अन्त पुनः पुनः उससे विद्ध हों उसको कुट्टिता कहते हैं।

६. अप्रस्रुता का लक्षण—तीक्ष्ण और महामुख शस्त्र से विद्ध होने पर उसे अत्युदीर्णा कहते हैं।

७. अत्युदीर्णा का लक्षण—तीक्ष्ण और महामुख शस्त्र से विद्ध होने पर उसे अत्युदीर्णा कहते हैं।

८. अन्तेऽभिहता का लक्षण—शिरा के अन्त पर वेध करने के कारण थोड़ा रक्त निकलता हो तो उसे अन्तेऽभिहता कहते हैं।

९. परिशुष्का का लक्षण—जिसका रक्त क्षीण हो गया हो और उसमें वायु भर गया हो उसे परिशुष्का कहते हैं।

१०. कूणित का लक्षण—जिस शिरा में शस्त्र चतुर्थ भाग को प्राप्त होता है और उससे थोड़ा सा रक्त निकलता हो उसे कूणिता कहते हैं।

११. वेपिता का लक्षण—स्थान को छोड़कर शिरा को बांधने से कांपने वाली शिरा का रक्त बाहर नहीं आता ऐसी शिरा को वेपिता कहते हैं।

१२. अनुत्थितविद्धा का लक्षण—जो शिरा उठी न हो उसे बेधने से भी वेपिता के तुल्य लक्षण पैदा होते हैं।

१३. शस्त्रहता का लक्षण—शस्त्र से कटने के कारण बहुत परिमाण में रुधिर निकलता हो और वे शिरायें अपना काम न कर सकती हो उनको शस्त्रहता कहते हैं।

१४. तिर्यग्विद्धा का लक्षण—तिरछा शस्त्र चलाने के कारण जो शिरा थोड़ा रह गई हो उसे तिर्यग्विद्धा कहते हैं।

अनुद्रिक्तमप्रवृद्धं दुष्टरुधिरमेवमेव शीतोपचारादिना प्रसादमानयेत् न तद्रक्तनिर्हरणोपायैः शिराव्यधादिभिर्निर्हरेत्।

चंद्रनन्दनः

१५. अपविद्धा का लक्षण—हीन शस्त्र प्रयोग के कारण बहुत जगह चोट लगी हो उसे अपविद्धा कहते हैं।

१६. अव्यध्या का लक्षण—शस्त्र कर्म के अयोग्य शिराओं के व्यध होने को अव्यध्या कहते हैं।

१७. विद्रुता का लक्षण—अनवस्थित शिराओं का यदि वेध हुआ हो तो वे विद्रुता कहलाती हैं।

१८. धेनुका का लक्षण—यदि शिरा प्रदेश को जोर से दवाने के कारण तथा ऊपर शस्त्रों के विद्ध हो जाने के कारण पुनः-पुनः रक्त का स्राव हो जाता हो तो उसे धेनुका कहते हैं। इसमें गौ के स्तन के समान स्राव होता है।

१९. पुनः पुनर्विद्धा का लक्षण—सूक्ष्म शस्त्र होने के कारण पुनः-पुनः वेध करने से कटी हुई शिराओं को पुनः-पुनः विद्धा कहते हैं।

२०. मांस, शिरा, अस्थि, स्नायु और सन्धिमार्गों पर वेध करने से रूजा, शोफ, वैकल्य और मरण प्राप्त हो जाता है।

रक्तस्रावणोत्तरं जातोपद्रव प्रशमोपायः

स्रुतरक्तस्य सेकाद्यैः शीतैः प्रकुपितेऽनिले।
शोफं सतोदं कोष्णेन सर्पिषा परिषेचयेत्॥

—सु० सू० १४।४५

स्रावणोत्तरे रक्तं दोषशेष शंकायां चिकित्सा सूत्रम्

प्रसादमथवा नयेत्।
शीतोपचारपित्तास्रक्रियाशुद्धि विशोषणैः।
दुष्टं रक्तमनुद्रिक्तमेवमेव प्रसादयेत्॥

—अ० हृ० सू० २७।

अथवा शीतोपचारेण पित्तास्रक्रियया शुद्धयावमनविरेचनादिरूपया विशेषणेन लंघनरूपेण तद् दुष्टं रक्तमनुद्रिक्तमेव प्रसादयेत्कलुषतां परित्यज्य तस्य प्रसन्नत्वमभ्युपपादयेन्न तु केवलं स्रुतशेषं रूधिरं शीतोपचारेण प्रसादयेत्। यावदनुद्रिक्तमप्रवृद्धं दुष्टं रुधिरमेवमनेनैव शीतोपचारादिना प्रसादं नयेन्न तु तन्निर्हरणे सिराव्यधादिना यतनीयमनुद्रिक्तरक्तानिर्हरणस्य सापायत्वात्।

अरुणदत्तः

अथवा शीतोपचारेण शीतप्रसेक प्रदेहादिना पित्तास्रक्रियया रक्तपित्तचिकित्सया स्निग्धमधुरानुपानेन भेषजादिकया शुद्धयो वमनविरेकरूपया विशोषणैरुपवासैः प्रसादं नयेत् प्रस्कन्नत्वमापादयेत। दुष्टरक्तमनुद्रिक्तमेव प्रसादयेत्।

रक्तमोक्षणोपरान्त विधिः

शीतोपचारैः कुपिते ऋतरक्तस्य मारुते ॥
कोष्णेन सर्पिषा शोथं शनकैः परिषेचयेत् । —योगरत्नाकर

रक्त विस्रावण के पश्चात् यथा समय रक्त रोकने के लिए शीतोपचार करना चाहिए, इससे यदि वायु कुपित होकर सुई चुभने के समान पीड़ा करती हुई शोथ को भी उत्पन्न कर दे तो इस उपद्रव शमन के लिए मन्दोष्ण घृत से परिषेक करना चाहिए।

अष्टांग हृदय में बचे हुए दूषित रक्त के शोधन हेतु शीतल आहार-विहारों रक्तपित्त की चिकित्सा वमन विरेचन एवं शोधन से लंघन एवं अपतर्पण से शुद्ध करने का विधान बताया है। योग रत्नाकर में भी सुश्रुत के भाव को ही लिया है, मात्र श्लोक भिन्नता है।

अतिस्रावणनिषेधः उपायान्तरेण शोधनविधिश्च

सशेषमप्यसृगधार्यं न चातिस्रुतिमाचरेत् ।
हरेच्छृंगादिभिः शेषं प्रसादमथवा नयेत्,
मर्महीने यथाऽऽसन्ने देशेऽन्यां व्यधयेच्छिराम् ॥ चक्रदत्तः

दुष्टमपि रक्तं न निः शेषं स्रावयेदित्याह, सशेषमपीत्यादि । सशेषमिति दुष्टशोणितशेषम् । प्रसादमथवा नयेदिति प्रसादनलेपनादिना । शिरा हि दृष्टा एव वेध्याः, न त्वदृष्टाः, उक्तं हि-'व्यध्याश्चादृष्टा न विध्येत्' (सु० शा० ८ अ०) इति । ननु यत्र प्रदेशे तु वेध्यशिरा न दृश्यते, कथं तत्र शिराव्यधः कार्यः इत्याह मर्महीने इत्यादि वाग्भटस्य । अत्र व्यध्यशिराणामदर्शने इति शेषः । अत एवैतस्मात् पूर्वं वाग्भटे-"यथोक्ता नामदर्शने" (सू० २९ अ०) इत्युक्तम् । मर्महीने इति-मर्मवर्जिते । यथाऽऽसन्ने देशे इति-यत्र देशे व्यध्यशिरा न दृश्यते, तत्र तत्समीपदेशे या अन्याः शिरा दृश्यन्ते, ता एव वेध्या इत्यर्थः (शिवदास)

हि० व्या० — शिरावेधों में अधिक रक्तस्राव हो गया हो तो दोष अन्दर रहते हुए भी रक्त को रोकना चाहिए। अवशेष विकारों को शृंग आदि के द्वारा अथवा रक्त प्रसादक औषधियों द्वारा शोधन कर देना चाहिए। जिस शिरा का वेधन करना आवश्यक हो उसके प्राप्त न होने पर मर्म स्थान को बचाते हुए उस शिरा के पास की अन्य शिराओं में वेधन कर देना चाहिए।

पंचदशोऽध्यायः

धूमपान प्रकरणम्

दोषों के शमन एवं शोधन दोनों प्रयोगों में धूमपान का निर्देश किया गया है। लौकिक धूम्रपान में मादक द्रव्यों के धूम्र को नशे के लिए, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, हुक्का आदि के रूप में प्रयोग किया जाता है जो इससे भिन्न है। यह धूमपान विशिष्ट औषधियों से निर्मित एक धूमनली द्वारा ग्रहण किया जाता है। इसका प्रयोग शिरोभाग में कफ वात जनित रोगों की उत्पत्ति को रोकने एवं कफवात जनित उत्पन्न रोगों की शान्ति के लिए प्रयोग कराया जाता है। स्वस्थवृत प्रकरण में प्रतिदिन धूमपान करने का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

स्थान, रोग, काल एवं प्रकृति के अनुसार विविध प्रकार के धूमों का विधान शास्त्रों में वर्णित है। यहां धूम के योग्यायोग्य, द्रव्य, धूमवर्ती निर्माण, सम्यक् एवं हीनाति योग के लक्षणों सहित वर्णन किया गया है। कुछ विशिष्ट काल यथा-स्नान, भोजन, सोकर उठने आदि के पश्चात् वात एवं कफ का उत्क्लेश होता है। जिसका धूमपान से उपशमन हो जाता है।

धूमपान प्रयोजनम्

जत्रूर्ध्वं कफवातोत्थ विकाराणामजन्मने ।
उच्छेदाय च जातानां पिबेद्धूमं सदात्मवान् ॥— अ० हृ० २१।१

आत्मवान् सुमतिर्हिताहारविहारो जत्रुण ऊर्ध्वं श्लेष्मवातोद्भवानां विकाराणां रोगाणामजन्मनेऽनुत्पत्यै तथोत्पन्नानामुच्छेदाय विनाशाय सदा धूमं पिबेत। अरुणदत्तः।

अस्यारम्भेऽयं सम्बन्धः। अस्मान्नास्यादनन्तरं धूमं पीत्वा कवलान् धारयेत् इत्युक्तं प्राक्। धूमस्य विधिं विधानमितिकर्तव्यतारूपोऽध्यायस्तं व्याख्यास्यामः। जत्रूर्ध्वं कफोत्थानां विकाराणां वातोत्थानां च तथा कफवातोत्थानामजन्मनेऽनुत्पत्यर्थं तथा जातानामुत्पन्नानां छेदाय विधाताय सदासर्वकालमात्मवान् पुरुषो धूमं पिबेत्। चंद्रनन्दनः।

अथेति। धूमपानविधिमध्यायं व्याख्यातुं प्रतिजानीते। तत्र धूमस्य सामान्यतो विषयमाह-जत्रूर्ध्वमिति। हेमाद्रिः।

हि० व्या०—शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता वाले व्यक्तियों को जत्रु के ऊर्ध्व रोगों में तथा कफवात जनित रोगों के शमन एवं वे उत्पन्न न हो इसके लिए सदैव धूमपान का प्रयोग करावें।

ध्मापनं धूमपानं च तथा योग्येषु शस्यते ।
दोषादिकं समीक्ष्यैव भिषक् सम्यक् च कारयेत् ॥

च० सि० अ० ६।६५

हि० व्या०—ध्मापन और धूम्रपान इन का प्रयोग यथा योग्य करना चाहिए। अर्थात् अवस्थानुसार प्रयोग करना चाहिए एवं दोषादि का उचित रूप से विचार करके इनका प्रयोग कराना चाहिए।

नस्य प्रयोगानन्तरं दोषानुसारं धूमगण्डूषादि विधानम्

... ... धारयेत्ततः ।
धूमं पीत्वा कवोष्णांबुकवलान् कंठशुद्धये ॥

अ० हृ० सू० अ० २०।२५

ततो वाक्शतावस्थानादनंतरमीषदुष्णजलकवलान् धारयेत्। किमर्थम्? कंठशुद्धये उत्क्लिष्टदोषशांतये। किं कृत्वा। धूमं विरेचनाद्यन्यतमं यथायोगं पीत्वा ततोऽस्य स्नेहोक्तविधिमाचारमादिशेत् ॥ अरुणदत्तः।

ततोऽनन्तरं गैरिकधूमं पीत्वा किंचिदुष्णमम्बुकवलान् कण्ठशुद्धयर्थं धारयेत् ॥

चंद्रनन्दनः।

उत्तानशयनानन्तरं धूमगण्डूषावाह—धारयेदिति संग्रहे तु अथ नस्याहं नरमन्याहृतवेगं धौतांतर्बहिर्मुखं नातिक्षुधितं प्रायोगिकधूमपानविशुद्धस्रोतसं ततः कनकरजतताम्राद्यन्यतमभुक्तिस्थितं प्रदेयौषधत्रिभागं वामहस्तांगुष्ठकनिष्ठिकाग्र माकृष्य नयनप्रच्छादनं चतुर्गुणं वासो मध्यमया नासाग्रमुन्नमय्य प्रदेशिन्यनामिकाभ्यां चैकैकं नासापुटं पर्यायेण पिधायेतरस्मिन्नपि दक्षिणहस्तेन प्रनाड्या पिचुना वा अनवछिन्नधारमासिचेत्। न च हीनाधिकं सकृदेव सर्वमत्युष्णशीतमत्युन्नमावनशिरसि संकुचितगात्रीयं वा देशं, तत्र हीनं दोषमुत्क्लेश्यानिर्हरद्गौरवारुचिकासप्रसेकपीनसच्छर्दिकण्ठरोगान् कुर्यात्। अधिकमतियोगदोषान्, सकृदेव सर्वं दत्तमुस्नेहनशिरोरोगप्रतिश्यायघ्राणक्लेदानुच्छ्वासोपरोधं च। अत्युष्ण-दाहपाक ज्वररक्तामशिरोरुग्दृष्टिदौर्बल्य मूर्च्छाभ्रमान्। अतिशीतं-हीनदोषान् अत्युन्नतशिरसोऽपि सम्यक्शिछरोऽप्रतिपद्यमानं तानेव। अत्यवनतशिरसोऽतिदूरगमननान्मूर्छाजाड्यकण्डूदाहज्वरान्। संकुचितगात्रस्य सम्यक्धमनीव्याप्नुवद्दोषोत्क्लेशं वेदनां स्तंभं वा। न च नस्ये निषिच्यमाने कोपहास्यव्याहारस्पन्दनोच्छिन्दनान्याचरेत्। तथाहि शिरोरुक्प्रतिश्यायकासतिमिरखलतिपलितव्यंगतिलकालकमुखदूषकाणां सम्भवः। अनभ्यवहरंश्च वामदक्षिणपार्श्वयोरौषधं निष्ठीवेत्। सकफं हि तदभ्यहृतमग्निमवसादयेद्दोषं च संवर्द्धयेत्। एक-

पार्श्वनिष्ठीवनेन सर्वाः शिराः भेषजेन सम्यग्व्याप्यन्ते। पुनः पुनः पुनश्चैनं स्वेदयेत्। अथास्य स्नेहोक्तमाचारमादिशेदतिद्रवपानं च वर्जयेदिति। हेमाद्रिः।

हि० व्या०—धूम्रपान के पश्चात् कण्ठ शोधन हेतु सुखोष्ण जल से कुल्ले करने चाहिए।

भेषजरूपेण प्रयोज्यानां पेयानां कार्यभेदेन पंचविधानां धूमप्रयोगाणां नाम संकेतः

धूमः पंचविधो भवति, तद्यथा-प्रायोगिकः, स्नैहिको, वैरेचनिकः, कासघ्नो, वामनीयश्चेति।

सु० चि० अ० ४०।३

तेष्वाद्यस्य धूमस्य विषयभेदप्रतिपादनाय पांचविध्यमाह-धूम इत्यादि। कासघ्नवामनीययोरत्रैवान्तर्भावात्त्रिविध इत्यन्ये। तत्र प्रयोगः स्वस्थस्य सततौपयोगस्तत्र साधुः प्रायोगिकः, स च श्लेष्माणमुत्क्लेशयति, उत्क्लिष्टं चापकर्षति, शमयति वातं, स्नेहनविरेचनाभ्यां तुल्यत्वात्। कासहरत्वात् कासघ्नः, स पुनरुरः कण्ठरोगहरोऽप्यावस्थिक एव अभिष्यण्णशिरसि शिरोविरेचयतीति विरेचनः एवं वैरेचनः, वैरेचनः श्लेष्माणमुत्क्लेश्यापकर्षयति, रौक्ष्यात्तैक्ष्ण्यादौष्ण्याद्वैशद्याच्च रूक्षस्य स्नेहाय प्रभवतीति स्नैहिकः, स च वातं शमयति, स्नेहनादुपलेपनाच्च। वामयतीति वामनीयः, स पुनरुत्कृष्ट कफाभिपन्नकण्ठोरसः। डल्हणः।

प्रायोगिकः स्नैहिकश्च धूमो वैरेचनस्तथा।
कासहरो वामनश्च धूमः पंचविधो मतः ॥

चक्रदतः (धूमपानाधिकार)

नस्यबन्नासाप्रयोज्यत्वसाधर्म्यत्वात् पंचसङ्ख्यासामान्याच्च नस्यानन्तरविधेयत्वाच्च नस्यानन्तरं धूमविधिमाह, प्रायोगिक इत्यादि। प्रायोगिक इति नित्यपेयधूमस्य संज्ञा। प्रयोगः सततोऽभ्यासः, तद्विषयको धूमः प्रायोगिकः। स्नेहाय प्रभवतीति स्नैहिकः। दोषविरेचनात् वैरेचनिकः कासं हरतीति कासहरः। वामयतीति वामनः। यद्यपि चरकेप्रायोगिकस्नैहिकवैरेचनिकभेदात् त्रिविध एव धूम उक्तस्तथाऽपि प्रायोगिके कासहरं, वैरेचनिके च वामनीयमन्तर्भाव्य चरकसुश्रुतयोर्विरोधः परिहरणीयः॥ शिवदाससेनः

प्रायोगिकः कासहरश्च धूमो वैरेचनः स्नैहिकवामनीयौ।
पंचप्रकारागदिताश्च धूमाः सिद्धान्तविद्भिर्मुनिभिश्च वैद्यैः।

वंगसेने (धूमपानाधिकारः)

हि० व्या०—धूम चार प्रकार का है—१. प्रायोगिक, २. स्नैहिक, ३. कासघ्न, ४. वामनीया।

पंचविधानां धूमपानानां सोपपत्तिकं फलादेश वर्णनम्

तत्र स्नैहिको वातं शमयति, स्नेहादुपलेपाच्च, वैरेचनः श्लेष्माणमुत्क्ले-

श्यापकर्षति, रौक्ष्यात्तैक्ष्यादौष्ण्याद्वैशद्याच्च, प्रायोगिकः श्लेष्माणमुत्क्लेशयत्युक्लिष्टं चापकर्षति शमयति वातं साधारणत्वात् पूर्वाभ्यामिति ॥

सु० चि० अ० ४०।१४

तेषां प्रत्येकं कार्यमाह-तत्र स्नैहिको वातमित्यादि । कुतः पुनरयं कफोत्क्लेशापकर्षणवातशमनानि करोतीत्याह-साधारणत्वादिति,साधारणत्वात् पूर्वाभ्यां स्नेह विरेचनाभ्यां तुल्यत्वादित्यर्थः ॥ डल्हणः

हि० व्या०—स्नैहिक धूम से वात का शमन होता है। क्योंकि स्नेह से उपलेप होता है। वैरेचनिक धूम रूक्ष, तीक्ष्ण, उष्ण व विशद होने से श्लेष्मा को उत्क्लेशित कर बाहर निकाल देता है। (यहां कासघ्न एवं वामनीय का भी अन्तभावि हो गया है) प्रायोगिक धूम श्लेष्मा का उत्क्लेशन भी करता है तथा बाहर भी निकालता है। वात का शमन भी करता है अतः साधारण रूप से दोनों कार्य करने वाला होता है।

स्नैहिकं धूमकं दोषे वायौ पित्तानुगे यदि।
शीतन्तु रक्तपित्ते स्याच्छ्लेष्मपित्ते विरूक्षणम् ॥ १२

वंगसेने (धूमपानाधिकारः)

हि० व्या०—स्नेहिक धूमपान के दोष में यदि वायु पित्त के अनुकूल हो तो रक्तपित्त में शीत एवं कफपित्त में विरुक्षण प्रक्रिया करे।

दोषानुसारं धूममेदाः

स्निग्धो मध्यः स तीक्ष्णश्च वाते वातकफे कफे।
योज्यः ... ...॥

धूमस्तु षड्विधः प्रोक्तः शमनो बृंहणस्तथा।
रेचनः कासहा चैव वामनो घ्राणधूपनः॥
शमनस्य तु पर्यायो मध्यः प्रायोगिकस्तथा।
बृंहणस्यापि पर्यायौ स्नैहिको मृदुरेव च॥
रेचनस्यापि पर्यायौ शोधनस्तीक्ष्ण एव च।

शार्ङ्गधर उ० अ० ६, (भावप्रकाश धूमपान विधि,)

तत्राऽयं सम्बन्धः-यथा नस्येन चोर्ध्वजत्रुरोगनाशस्तथा धूमेनाऽपि। उक्तंच वाग्भटे-ऊर्ध्वंजत्रुविकारेषु विशेषान्नस्यमिष्यते। जत्रुर्ध्वं कफवतोत्यविकाराणामजन्मने॥ उच्छेदाय च वातानां पिबेद्धूमं सदात्मवान् इति। तेन नस्याध्यायानन्तरं धूमपानाध्यायः॥ अथ एवं कर्मपरिशेषात् शुद्धिकरत्वेन नस्यान्ते धूमपानविधिरारभ्यते। तत्र तावत्पूर्वं धूमसंख्यामाह-षोढा धूमपानप्रकारः। तत्रशमन

इति। दुष्टदोषस्यानिर्हरणपूर्वकं शमनम् अनुक्लिष्टस्यानुदीरणं च। व्याधिशमनेन प्रस्तुतव्याधिशमनं अप्रस्तुतव्याधेरनुदीरणं। तदुक्तं वाग्भटे—न शोधयति यद्दोषान् शमान्नोदीरयत्यपि। शमीकरोति च क्रुद्धान् तत्संशमनमुच्यत' इति। दोषशब्दोऽत्र दोषेषु दोषकार्यव्याधिष्वपि वर्तते कार्ये कारणोपचारात्। बृंहण इति। बृंहणो बलकरः। धातुवृद्धिकर इत्यन्ये। तदाश्रयत्वाद्दोषो बलं रेचनं इति। शिरो विरेचयतीति रेचनः। कासहेति कासनिवारणाय यो दीयते स कासहा कथितः। वामन इति। वामयतीति वामनः। अथ घ्राणधूपनइति। नासिकया पीतो धूमो घ्राणधूपनसंज्ञः। एके घ्राणधूपनस्थाने व्रणधूपन इति पठन्ति व्याख्यानयन्ति च। एतत्संगतम्। अथ तेषां केषांचित्संज्ञान्तराणि दर्शयन्नाह—एकार्थवाचकाः शब्दाः परस्परं पर्याया उच्यन्ते। प्रयोगः स्वस्थस्य सततोपयोगः। तत्र साधुप्रायोगिकाः स्नेहा यत्र भवन्तीति स्नैहिकः॥ आढ़मल्लः।

तस्य षड्विधत्वमाह-शमनादिभेदेन षड्विधो धूमः प्रोक्तः कथितः। शमनबृंहणरेचन-पर्यायानाह-शमनो दोषशमनस्तस्य पर्यायौ द्वौ एकः मध्यः मध्यनामा अपरः प्रायोगिकः प्रायोगिकनामा। बृंहणस्य द्वौ पर्यायौ एकः स्नेहनः एको मृदुः, रेचनस्याऽपि द्वौ पर्यायौ एकः शोधनः अपरस्तीक्ष्णः॥ काशीरामः।

हि०व्या—शमन —जो दुष्ट दोषों को बाहर न निकाल अन्दर ही शान्त कर देवे। २. बृंहण—जो न्यून धातुओं की पुष्टि करे, ३. रेचन—जो दुष्ट दोषों को शरीर के बाहर निकाल देवे, ४. कासहा—जो खांसी को दूर करता है। ५. वमन—जो वमन लाता है। ६. व्रणधूपन जो व्रण को रक्षोगण से रक्षा करके तथा शीघ्र भरने के लिए प्रयुक्त होता है।

शमन १—धूम का पर्याय मध्य तथा प्रायोगिक है। बृंहणधूम का पर्याय स्नैहिक तथा मृदु है एवं रेचनधूम का पर्याय शोधन और तीक्ष्ण है।

विरेचन धूमपान प्रयोगस्थलानि

निद्रानस्यांजनस्नानच्छर्दितांते विरेचनम्॥

अ० हृ० सू० अ० २१।६

विरेचनाख्यं धूमं निद्रादीनामंते पिबेत्। नावननस्ययोरेकार्थयोरिहोपादानान्नस्य क्रमेण धूमं पिबेदिति ग्रंथकृता प्रतिपादितम्। तेन स्निग्धनस्यांते स्निग्धं पर्यायं धूमं पिबेत्। आचार्योपदेशाच्च क्षुताद्यांतेषु च स्निग्धं धूमं पिबेत् मध्याह्नस्यांते मध्यमं धूमं पिबेत्।

अरुणदत्तः।

हि० व्या०—निद्रा के पश्चात् स्नेह नस्य प्रयोग अंजन, स्नान तथा वमन के अन्त में भी विरेचन का प्रयोग कराना चाहिए।

धूमपान प्रयोग स्थलानि

दत्तवस्तिस्विरिक्तश्च, रात्रौ जागरितस्तथा ।
पिपासितश्च दाहार्तस्तालुशोषी तथोदरी ॥
शिरोऽभितापी तिमिरी, छर्द्याध्मानप्रपीडितः ।
क्षतोरस्कः प्रमेहार्त्तः, पाण्डुरोगी च गर्भिणी ॥
रूक्षः क्षीणोऽभ्यवहृत, क्षीरक्षौद्रघृतासवः ।
भुक्तान्नदधिमत्स्यश्च, बालो वृद्धःकृशस्तथा ॥
अकाले चातिपीतश्च, धूमः कुर्याद्रुपद्रवान् ।
तत्रेष्टं सर्पिषः पानं, नावनांजनतर्पणम् ॥
सर्पिरिक्षुरसै द्राक्षां, पयो वा शर्करांम्बु वा ।
मधुराम्लौरसौ वापि, वमनाय प्रदापयेत् ॥
धूमस्तु द्वादशाद्वर्षाद्, गृह्यतेऽशीतिकान्त वा ।
कासश्वासप्रतिश्यार्दितान्मन्याहनुशिरोरुजः ॥

धूमपानस्य फलम्

वातश्लेष्मविकारांश्च, हन्याद् धूमः सुयोजित, ।
धूमोपयोगात्पुरुषः प्रसन्नेन्द्रियवाङ्मनः ॥
दृढ़केशद्विजश्मश्रुः, सुगन्धिवदनो भवेत् ॥

भा० प्र० पू० खं० २ भा० (धूमपानविधि ४-१०)

शमनधूम द्रव्याणां वर्णनम्

शमने शल्लकी लाक्षा पृथ्वीका कमलोत्पलम् ।
न्यग्रोधोदुंबराश्वत्थप्लक्षरोध्रत्वचः सिता ॥
यष्टीमधुःसुवर्णत्वक् पद्मकं रक्तयष्टिका ।
गन्धाश्चाकुष्ठतगराः ··· ··· ··· ॥

अ० हृ० सू० २१।१५

शमने धूमे शल्लक्यादीनि गंधद्रव्याणि कुष्ठ तगरवर्ज्यानि ॥

अरुणदत्तः ।

शमने धूपने शल्लकी लाक्षादीनि द्रव्याणि । शल्लकी सुरभी, कमलमुत्पलं नीलोत्पलम् । न्यग्रोधादीनां पंचानां वृक्षाणांत्वक् । सिता शर्करा । यष्टी मधुयष्टी । सुवर्णं नागकेशरम् । पद्मकं हेमपद्मकम् रक्तयष्टिका मंजिष्ठा कुष्ठतगरवर्जिता गन्धाः न विद्यन्ते कुष्ठतगरा येषां गन्धानां तेऽकुष्ठतगरास्तद्रहिताः सर्वे गन्धाः । चंद्रनन्दनः ।

मध्यमधूमस्य द्रव्याण्याहशमन इति । सिता, शर्करा, सुवर्णत्वक् आरग्वधः, रक्तयष्टिका मंजिष्ठा । हेमाद्रिः ।

हि० व्या०—शमन धूम में शल्लकी, लाक्षा, कलौंजी, कमल, श्वेतकमल, तथा वट, गूलर, पीपल, पाकर एवं लोध्र नामक, वृक्षों की छाल मिश्री, मुलहठी, अमलतास, पद्मकाष्ठ, मंजीठ, कूठ, तथा तगरादिगण के द्रव्य डालें ।

तीक्ष्ण धूमद्रव्याणां वर्णनम्

·····तीक्ष्णं ज्योतिष्मती निशा ।
दशमूल मनोह्वालं लाक्षाश्वेताफलत्रयम् ।
गंधद्रव्याणि तीक्ष्णानि गणो मूर्धविरेचनः ॥

अ० हृ० सू० अ० २१।१६

तीक्ष्णे धूमे द्रव्याणि ज्योतिष्मती प्रभृतीनि ज्योतिष्मती कङ्गुनिका परावताऽपरपर्याया । निशा पिण्डहिरद्रा । दशमूलं पंचमूलेद्वे । मनोह्वा मनःशिला । आलं हरितालम् । श्वेता कटभी । फलत्रयं त्रिफला । सर्वाणि गन्धद्रव्याणि तीक्ष्णानि कुष्ठादीनि । तथा गणो मूर्धविरेचनो वेल्लापामार्ग व्योषादिगणः संग्रहोक्तः । चंद्रनन्दनः ।

तीक्ष्णधूमस्य द्रव्याण्याह तीक्ष्ण इति । अलं हरितालं, श्वेता किणिही, तीक्ष्णानि गन्धद्रव्याणि कंकोलादीनि मूर्धविरेचनोगणः वेल्लापामार्गेत्यादि ।

हेमाद्रिः ।

